ऐतिहासिक स्थानावली

लेखक

विजयेन्द्र कुमार माथुर

वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी,
वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग,
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर

प्रथम सस्करण 1969
द्वितीय सस्करण : 1990
मुद्रित प्रतियाँ 3300

मूल्य 80.00 रु०

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, मानव ससाधन विकास मत्रालय की अनुमति से राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, ए-26/2, विद्यालय मार्ग, तिलक नगर, जयपुर द्वारा पुनर्मुद्रित।

मुद्रक :
कोटावाला ऑफसेट
जयपुर

मानव ससाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार की विश्वविद्यालय स्तरीय ग्रन्थ-निर्माण योजना के अन्तर्गत, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी द्वारा पुनर्मुद्रित।

प्रकाशकीय भूमिका

राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे करके 15 जुलाई, 1989 को 21वें वर्ष मे प्रवेश कर चुकी है। इस अवधि मे विश्व साहित्य के विभिन्न विषयो के उत्कृष्ट ग्रंथों के हिन्दी अनुवाद तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्तर के मौलिक ग्रन्थों को हिन्दी मे प्रकाशित कर अकादमी ने हिन्दी-जगत् के शिक्षकों, छात्रों एवम् अन्य पाठकों की सेवा करने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया है और इस प्रकार विश्वविद्यालय स्तर पर हिन्दी मे शिक्षण के मार्ग को सुगम बनाया है।

अकादमी की नीति हिन्दी मे ऐसे ग्रन्थो का प्रकाशन करने की रही है जो विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमो के अनुकूल हो। विश्वविद्यालय स्तर के ऐसे उत्कृष्ट मानक ग्रन्थ जो उपयोगी होते हुए भी पुस्तक प्रकाशन की व्यावसायिकता की दौड मे अपना समुचित स्थान नही पा सकते हो और ऐसे ग्रन्थ भी जो अंग्रेजी की प्रतियोगिता के सामने टिक नही पाते हो, अकादमी प्रकाशित करती है। इस प्रकार अकादमी ज्ञान-विज्ञान के हर विषय मे उन दुर्लभ मानक ग्रन्थो को प्रकाशित करती रही है और करेगी जिनको पाकर हिन्दी के पाठक लाभान्वित ही नही, गौरवान्वित भी हो सकें। हमें यह कहते हुए हर्ष होता है कि अकादमी ने 350 से भी अधिक ऐसे दुर्लभ और महत्त्वपूर्ण ग्रन्थो का प्रकाशन किया है जिनमे से एकाधिक केन्द्र, राज्यो के बोर्डों एव अन्य सस्थाओ द्वारा पुरस्कृत किये गये हैं तथा अनेक विभिन्न विश्वविद्यालयो द्वारा अनुशसित।

राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी को अपने स्थापना काल से ही भारत सरकार के शिक्षा मन्त्रालय से प्रेरणा और सहयोग प्राप्त होता रहा है तथा राजस्थान सरकार ने इसके पल्लवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, अत अकादमी अपने लक्ष्यो की प्राप्ति मे उक्त सरकारो की भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है।

प्रस्तुत पुस्तक 'ऐतिहासिक स्थानावली' वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, दिल्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक का पुनर्मुद्रण है। इसे पुनर्मुद्रित करने की अनुमति देने के लिए हम आयोग के आभारी हैं। पुस्तक इतिहास के शोधार्थियों के लिए एक उपयोगी सन्दर्भ ग्रन्थ सिद्ध होगा, ऐसी हमारी प्रत्याशा है।

(श्रीमती सुमित्रासिंह)
अध्यक्ष, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी एवं
शिक्षा मन्त्री (उच्च शिक्षा) राजस्थान सरकार,
जयपुर

प्रस्तावना
(द्वितीय संस्करण)

भारतीय भाषाओं को स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने के लिए आवश्यक है कि इन भाषाओं में न केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाले शब्दों के पर्याय ही उपलब्ध हों बल्कि उच्च कोटि के प्रामाणिक ग्रन्थ पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हों। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए भारत सरकार के आदेश पर सन् 1961 में "वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग" की स्थापना हुई। आयोग अब तक विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी, वानिकी, रक्षा विज्ञान, इंजीनियरी, कृषि एवं आयुर्विज्ञान के लगभग 6 लाख शब्द पारिभाषिक शब्द संग्रहों (अंग्रेजी-हिन्दी) के रूप में प्रकाशित कर चुका है। हिन्दी-अंग्रेजी क्रम में भी शब्द-संग्रह प्रकाशित किए गए हैं।

आयोग ने हिन्दी माध्यम से पठन-पाठन करने वाले छात्र-शिक्षकों के उपयोग के लिए अब तक विभिन्न विषयों के 34 परिभाषा कोश और पूरक सामग्री के रूप में लगभग 20 पाठमालाएं, चयनिकाएं, पत्रिकाएं, पाठ-संग्रह आदि भी प्रकाशित किए हैं।

आयोग ने अखिल भारतीय शब्दावली परियोजना का कार्य भी हाथ में लिया है, जिसमें अखिल भारतीय शब्दों की पहचान की जाती है। अब तक विभिन्न विषयों के लगभग 15,000 ऐसे शब्दों की पहचान की जा चुकी है जो कि देश की सभी या अधिकांश भाषाओं में प्रचलित हैं अथवा उन्हें स्वीकार्य हो सकते हैं। इन विषयवार शब्दावलियों को प्रकाशित करके निःशुल्क वितरित किया जा रहा है।

भारतीय भाषाओं में ज्ञान-विज्ञान की सभी शाखाओं में पर्याप्त ग्रन्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केन्द्रीय सरकार के अनुदान से सभी राज्यों में अकादमियाँ अथवा राज्य-पाठ्य पुस्तक मण्डल स्थापित किये गए। इनके कार्य-कलापों के बीच तालमेल रखने और इनकी प्रगति का जायजा लेते रहने का उत्तरदायित्व आयोग को सौंपा गया है।

ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न विषयों में हिन्दी माध्यम से अध्ययन-अध्यापन के कार्य को सुगम बनाने के लिए आयोग विश्वविद्यालय के अध्यापकों के लिए शब्दा-

वली कार्यशालाए/प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सचालित करता है इस प्रक्रिया मे प्राध्यापको तथा प्रयोक्ताओ से आयोग द्वारा विकसित शब्दावली के सम्बन्ध मे फीडबैक (प्रतिसूचना) प्राप्त होता है।

आयोग हिन्दी एव अन्य भारतीय भाषाओ मे उपलब्ध समस्त वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के प्रचार-प्रसार हेतु कम्प्यूटर आधारित डाटाबेस तैयार कर रहा है जिसका उपयोग प्रस्तावित "राष्ट्रीय शब्दावली बैंक" की धारणा को मूर्तरूप देने के लिए किया जाएगा। इससे आयोग प्रयोक्ताओ को उक्त शब्दावली के बारे मे अधिकृत जानकारी सुगमता से उपलब्ध करा सकेगा।

आयोग हिन्दी माध्यम की विश्वविद्यालय स्तरीय पाठ्य-पुस्तके तथा तकनीकी साहित्य विभिन्न राज्यो मे स्थित हिन्दी ग्रन्थ अकादमियो के माध्यम से प्रस्तुत करता है। स्वर्गीय श्री विजयेन्द्र कुमार माथुर द्वारा लिखित प्रस्तुत ग्रन्थ उसी शृंखला की एक कडी है तथा ऐतिहासिक एव भौगोलिक दृष्टि से विशेष महत्त्वपूर्ण है। यह पुस्तक अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुई है। इसका पहला सस्करण समाप्त हो गया है। इस ग्रन्थ का पुनर्मुद्रण कराने की आवश्यकता को ध्यान मे रखते हुए राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी ने इसके प्रकाशन का भार अपने ऊपर लिया है। हमे आशा है कि अकादमी इसी कोटि के ग्रन्थो का प्रकाशन कर हिन्दी साहित्य की श्रीवृद्धि करती रहेगी।

(प्रो० सूरजभान सिह)
अध्यक्ष,
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
नई दिल्ली।

नई दिल्ली, 1990

प्रस्तावना

(प्रथम संस्करण)

भारत सरकार की निश्चित और दृढ़ नीति है कि शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाओं को होना चाहिए। यह निश्चय भारतीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों द्वारा तथा संघ की संसद् द्वारा अनुमोदित है और यह प्रयत्न है कि शीघ्रातिशीघ्र अंग्रेजी के स्थान पर भारतीय भाषाएँ माध्यम का रूप ग्रहण कर लें। इस अभिप्राय को कार्यरूप देने के लिए यह आवश्यक है कि भारतीय भाषाओं में पारिभाषिक शब्दावली निश्चित हो जाय और तब आवश्यक साहित्य उपस्थित किया जाय। इस आयोग की स्थापना इसी अभिप्राय से 1961 में हुई थी और तब से प्रथमतः पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण इस आयोग का मुख्य ध्येय रहा है। यह शब्दावली अब प्रायः सर्वांश में तैयार है और इसका उपयोग ग्रन्थों के निर्माण में किया जा रहा है। विश्वविद्यालय स्तर के उच्च कोटि के प्रामाणिक ग्रन्थों को उपस्थित करना भी इस आयोग का उद्देश्य है। इस निमित्त आयोग ने विविध साधनों के द्वारा अंग्रेजी आदि भाषाओं से ग्रन्थों का अनुवाद कराया है और कुछ मौलिक ग्रन्थ भी उपस्थित किये हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ इतिहास और भूगोल की दृष्टि से बहुत महत्त्व रखता है। इसके पूर्व अंग्रेज विद्वानों ने इस दिशा में काम किया था। अब हिन्दी में भी यह सामग्री श्री विजयेन्द्र कुमार माथुर द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। श्री माथुर इस आयोग में वरिष्ठ अनुसन्धान अधिकारी हैं और इन्होंने इस विषय का बड़े परिश्रम से अध्ययन किया है। हमें विश्वास है कि इस ग्रन्थ से हिन्दी साहित्य की श्रीवृद्धि होगी और इसका सभी क्षेत्रों में स्वागत किया जायेगा।

बाबूराम सक्सेना
अध्यक्ष
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

26-2-69
नई दिल्ली

दो शब्द

(प्रथम संस्करण)

प्राचीन भारतीय साहित्य की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि उसमे प्रतिबिम्बित जनजीवन मे भौगोलिक चेतना का पूर्ण रूप म सन्निवेश है। इसका एकमात्र कारण यही हो सकता है कि हमारे पूर्वपुरुष अपने विशाल देश के प्रत्येक भाग से भली प्रकार परिचित थे तथा उनको भारत के बाहर के ससार का भी विस्तृत ज्ञान था। वाल्मीकि रामायण, महाभारत, पुराणादि ग्रन्थो तथा कालिदास आदि महाकवियों की रचनाओ म प्राप्त भौगोलिक सामग्री की विपुलता इस बात की साक्षी है। वास्तव मे प्राचीन भारतीय सभ्यता और सस्कृति एकता के जिन सुदृढ सूत्रो मे निबद्ध थी उनमे से एक सूत्र भारतीयो की व्यापक भौगोलिक भावना भी थी जिसके द्वारा सारे भारत के विभिन्न स्थान—पर्वत, वन, नदी-नद, सरोवर, नगर और ग्राम उनके सास्कृतिक एव धार्मिक जीवन का अभिन्न अग ही बन गए थे। वाल्मीकि, व्यास और कालिदास के लिए हिमालय से कन्याकुमारी और सिंधु से कामरूप तक भारत का कोई कोना अपरिचित या अजनबी नही था। प्रत्येक भूभाग के निवासी, उनका रहन-सहन, वहा के जीव-जन्तु या वनस्पतियाँ और विशिष्ट दृश्यावली—ये सभी तथ्य इन महाकवियो और मनीषियो के लिए अपने ही और अपने घर के समान ही प्रिय एव परिचित हैं। वाल्मीकि रामायण के किष्किधाकाण्ड, महाभारत के वनपर्व और कालिदास के मेघदूत और रघुवश के चतुर्थ एव त्रयोदश सर्गों के अध्ययन से उपर्युक्त धारणा की पुष्टि होती है। इतने प्राचीन काल मे जब भारत मे यातायात की सुविधाए अपेक्षाकृत बहुत कम थी, भारतीयो की स्वदेश विषयक भौगोलिक एकता की भावना को जगाए रखने मे इन राष्ट्रीय एव लोकप्रिय कविगणो ने जो महत्त्वपूर्ण योग दिया था उसका मूल्य आकना भी हमारे लिए आज सम्भव नही है।

बौद्ध-साहित्य म, विशेषकर जातको मे, तथा जैन साहित्य के तीर्थग्रन्थो मे भी हमे इसी भौगोलिक चेतना के दर्शन होते हैं।

हमारे प्राचीन साहित्य तथा इतिहास मे वर्णित स्थानो का अध्ययन उपर्युक्त सास्कृतिक विशेषताओ का द्योतक होने के साथ ही अपने आप मे भी कुछ कम महत्त्व का नही क्योकि इन स्थानो से स्वाभाविक रूप से ही साहित्य अथवा इतिहास के परिवेश एव परिस्थितियो का निकटतम सम्बन्ध है। वास्तव मे साहित्यिक कल्पनाओ एव ऐतिहासिक घटनाओ को तत्सम्बन्धित स्थान-नामो द्वारा एक प्रकार का भौतिक आधार प्राप्त होता है जिसके बिना साहित्य या इतिहास का परिप्रेक्ष्य नही बनता और उसके उपयुक्त अवबोधन मे भी कठिनाई होती है। इस प्रकार साहित्यिक अथवा ऐतिहासिक स्थानो के अध्ययन का सास्कृतिक और शैक्षिक दोनो ही प्रकार का महत्त्व है। इसी दृष्टि से मैंने इस कोश की रचना का कार्य अनेक वर्ष पूर्व प्रारम्भ किया था। हिन्दी और अग्रेजी मे इस दिशा मे कई प्रयास हुए है किन्तु बृहद् अनुमाप पर इस प्रकार के कार्य की अपेक्षा अभी तक बनी हुई है। प्रस्तुत कोश म लगभग चार सहस्र प्राचीन एव मध्ययुगीन स्थान नामो का परिचय एव विवेचन है जिसमे से अनेक प्रसिद्ध नामो पर विश्वकोशीय स्तर के विस्तृत लेख दिए है। प्रत्येक प्रविष्टि को ऐतिहासिक एव साहित्यिक विवेचन की दृष्टि स पूर्ण बनाने का प्रयत्न किया गया है। वर्णन क्रम सामान्यत इस प्रकार है—स्थिति, अभिज्ञान, नाम की व्युत्पत्ति, साहित्य या इतिहास से कालक्रमानुरूप उद्धरण, लोक-श्रुतियो या किवदतियो का उल्लेख, स्थान की विशेषता तथा पुरातत्व विषयक तथ्य और वर्तमान रूप। ग्रन्थ के प्रणयन तथा कोशविधि से उसके सकलन मे मुझे प्राय बारह वर्षों का दीर्घ समय लगा है और अनेक वर्षों तक लगातार कठोर परिश्रम के फलस्वरूप ही इतनी सामग्री का चयन तथा उसका निबन्धन सम्भव हो सका है। अनेक स्थलो पर मैंने अपनी उद्भावनाओ का प्रतिपादन किया है, कई स्थानो के नये अभिज्ञान सुझाए है तथा कई के विषय मे अब तक अज्ञात साहित्यिक उद्धरणों का उल्लेख किया है। अधिकाश स्थलो पर मेरा यह प्रयत्न रहा है कि प्राचीन साहित्य का साक्ष्य देते समय केवल सन्दर्भ का निर्देश ही न करके उसमे आए हुए पूरे पद्याश को ही उद्धृत कर। ऐसे उद्धरण मैंने वाल्मीकि-रामायण, महाभारत, पुराणो तथा कालिदास के ग्रन्थो से प्रचुरता से लिए है क्योकि ये ग्रन्थ हमारे सास्कृतिक जीवन के आधार-स्तम्भ है। सस्कृत, पाली, अपभ्रश तथा हिन्दी एव अन्य भाषाओ के साहित्य मे वर्णित सास्कृतिक स्थलो की इतिहास के रथ द्वारा यह यात्रा बहुत भव्य और हमारे राष्ट्र की एकता की परिचायक है। भारतीय सस्कृति के परिवेश मे परिपालित बृहत्तर भारत की सस्कृतियो मे सम्बन्धित अनक स्थाननामो को भी इस कोश मे सम्मिलित कर लिया गया है। ग्रन्थ के नामकरण मे मैंने 'ऐतिहासिक' शब्द मे इतिहास के अतिरिक्त प्राचीन साहित्य, परम्परा और अनुश्रुति

का भी सन्निवेश किया है। मध्ययुगीन स्थान-नामों को भी इस कोश में रखा गया है क्योंकि भारतीय इतिहास की परम्परा के निरन्तर प्रवाह ने उसकी अविच्छिन्न सांस्कृतिक एकता को सभी कालों में अनुप्राणित किया है और इस दृष्टि से सारे इतिहास की मूलधारा को कालों में विभाजित नहीं किया जा सकता। केवल आधुनिक समय (ब्रिटिशकाल के पश्चात्) को ही मैंने प्राचीन इतिहास के घेरे से बाहर समझा है।

ग्रन्थ की रचना में मूल स्रोतों के अतिरिक्त वर्तमान समय में हिन्दी, अंग्रेजी या अन्य भाषाओं में लिखे गए अनेक ग्रन्थों, कोशों और पत्र-पत्रिकाओं से सहायता ली है (देखें, सहायक ग्रन्थ-सूची), जिनके लेखकों के प्रति मैं धन्यवाद प्रकट करता हूँ।

इस पुस्तक के लिखने की प्रेरणा अनेक वर्ष हुए 1946 में, प्रसिद्ध भाषाविज्ञ डा० सिद्धेश्वर वर्मा से मुझे मिली थी। उन्होंने इसकी प्रगति में भी सदा ही अपनी गहरी अभिरुचि रखी है और भांति भांति से, विशेषकर स्थान-नामों की व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में, सुझाव देकर मुझे अनुगृहीत किया है। पूज्य गुरुवर डा० बाबूराम सक्सेना (भूतपूर्व उपाध्यक्ष तथा वर्तमान अध्यक्ष वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग) ने इस पुस्तक को देखकर इसकी सराहना की तथा उस आयोग की मानक ग्रन्थ प्रकाशन-योजना के अंतर्गत लिये जाने के लिए आदेश दिया। इस कृपा के लिए मैं आभारी रहूँगा। मेरे सुपुत्र विनयकुमार, एम० ए० ने अनेक स्थानों के विषय में ऐतिहासिक एवं अनुसंधानात्मक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण सूचना दी है। ग्रन्थ की सामग्री के विषय में कई उपयोगी सुझावों के लिए डा० कृष्णदत्त वाजपेयी, प्राध्यापक, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, सागर विश्वविद्यालय तथा डा० रामकुमार दीक्षित, प्राध्यापक प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, लखनऊ विश्वविद्यालय, को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ।

मेरी धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गेशनंदिनी बी० ए० और सुपुत्री कु० विनीता एम० ए० (फाइनल) ने ग्रन्थ की पांडुलिपि तैयार करने में जो सहयोग दिया और तत्परता दिखाई उसके बिना पुस्तक का समय पर प्रकाशनार्थ तैयार किया जाना सम्भव नहीं था।

श्री महेन्द्रकुमार अग्रवाल, एम० ए० ने पुस्तक के प्रूफ आदि देखने में मेरी जो सहायता की है उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ।

अपनी मातृभाषा हिन्दी के विशाल मदिर मे अपनी इस अकिंचन भेंट को भक्तिपूर्वक चढाते हुए मुझे जो गर्व-मिश्रित हर्ष तथा आत्मपरितोष की अनुभूति हो रही है उसे मैं कैसे व्यक्त करू ?

अत मे, मैं अपने पूज्य माता-पिता की पुण्यस्मृति मे इस ग्रन्थ को सादर समर्पित करता हूँ ।

—विजयेंद्र कुमार माथुर

महाशिवरात्रि, 15-2-69

ऐतिहासिक स्थानावली

अंकलेश्वर (गुजरात)

भड़ौच से पांच मील है। प्राचीन समय में नर्मदा यहीं बहती थी, अब तीन मील दूर हट गई है। कहा जाता है कि मांडव्य ऋषि और शांडिली जिनकी कथा महाभारत मे है, इसी स्थान के निवासी थे। यह कथा महा० आदि० 106-107 में वर्णित है जहां मांडव्याश्रम का उल्लेख इस प्रकार है—'बभूव ब्राह्मण: कश्चिन्माण्डव्य इति विश्रुत, धृतिमान् सर्वधर्मज्ञ सत्ये तपसि च स्थित: । स आश्रमपदद्वारिवृक्षमूले महातपा.।' 'ऊर्ध्वं बाहुर्महायोगी तस्थौ मौनव्रतान्वित ।' अंकलेश्वर मे माडव्येश्वर नामक प्राचीन शिवमंदिर है।

अकाईतकाई=अर्काईटअर्की

अकोटक (जिला बड़ौदा, गुजरात)

गुप्तकाल मे अकोटक की गणना लाट देश के मुख्य नगरों म की जाती थी। खुदाई में अनेक प्राचीन जैन धातु-प्रतिमाए यहां से प्राप्त हुई थीं जिनमें से कुछ का परिचय जरनल ऑव ओरियंटल इंस्टीट्यूट, बड़ौदा, जिल्द 1, पृ० 72-79 में दिया गया है। एक जिनाचार्य की प्रतिमा पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है - 'ओ देव धर्मोऽयं निवृत्ति कुले जिनभद्र वाचनाचार्यस्य'। गुजरात के पुरातत्त्व के विद्वान् श्री उमाकात प्रेमानद शाह का कथन है कि ये जिनभद्र क्षमाश्रमण-विशेषावश्यक भाष्य के रचयिता ही हैं। वे इस प्रतिमा का निर्माणकाल, अभिलेख की लिपि के आधार पर, 550-600 ई० मानते हैं।

अंग (उत्तर बिहार)

अंग देश का सर्वप्रथम नामोल्लेख अथर्ववेद 5,22,14 मे है—'गधारिभ्य: मूजवद्भ्योऽङ्गेभ्यो मगधेभ्य: प्रैष्यन् जनमिव शेवधि तक्मानं परिदद्मसि।' इस

अप्रशंसात्मक कथन से सूचित होता है कि अथर्ववेद के रचनाकाल (अथवा उत्तर-वैदिक काल) तक अंग, मगध की भांति ही, आर्य-सभ्यता के प्रसार के बाहर था जिसकी सीमा तब तक पंजाब से लेकर उत्तर प्रदेश तक ही थी। महाभारतकाल में अंग और मगध एक ही राज्य के दो भाग थे। शांति० 29, 35 ('अंग बृहद्रथं चैव मृतं सृंजय शुश्रुम') में मगधराज जरासंध के पिता बृहद्रथ को ही अंग का शासक बताया गया है। शांति० 5, 6–7 ('प्रीत्या ददौ स कर्णाय मालिनीं नगरमथ, अंगेषु नरशार्दूल स राजासीत सपत्नजित्। पालयामास चंपा च कर्णं परबलार्दन, दुर्योधनस्यानुमते तवापि विदितं तथा') से स्पष्ट है कि जरासंध ने कर्ण को अंगस्थित मालिनी या चंपापुरी देकर वहां का राजा मान लिया था। तत्पश्चात् दुर्योधन ने कर्ण को अंगराज घोषित कर दिया था। वैदिक काल की स्थिति के प्रतिकूल, महाभारत के समय, अंग आर्य-सभ्यता के प्रभाव में पूर्णरूप से आ गया था और पंजाब का ही एक भाग—मद्र—इस समय आर्य-संस्कृति से बहिष्कृत समझा जाता था (दे० कर्ण-शल्य संवाद, कर्ण०)। महाभारत के अनुसार अंगदेश की नींव राजा अंग ने डाली थी। संभवतः ऐतरेय ब्राह्मण 8, 22 में उल्लिखित अंग-वैरोचन ही अंगराज्य का संस्थापक था। जातक-कथाओं तथा बौद्धसाहित्य के अन्य ग्रन्थों से ज्ञात होता है कि गौतमबुद्ध से पूर्व, अंग की गणना उत्तरभारत के षोडश जनपदों में थी। इस काल में अंग की राजधानी चंपानगरी थी। अंगनगर या चंपा का उल्लेख बुद्धचरित 27, 11 में भी है। पूर्वबुद्धकाल में अंग तथा मगध में राज्यसत्ता के लिए सदा शत्रुता रही। जैनसूत्र—उपासकदशा में अंग तथा उसके पड़ोसी देशों की मगध के साथ होने वाली शत्रुता का आभास मिलता है। प्रज्ञापणा-सूत्र में अन्य जनपदों के साथ अंग का भी उल्लेख है तथा अंग और बंग को आर्यजनों का महत्त्वपूर्ण स्थान बताया गया है। अपने ऐश्वर्यकाल में अंग के राजाओं का मगध पर भी अधिकार था जैसा कि विधुरपंडितजातक (कॉवेल 6, 133) के उस उल्लेख से प्रकट होता है जिसमें मगध की राजधानी राजगृह को अंगदेश का ही एक नगर बताया गया है। किंतु इस स्थिति का विपर्यय होने में अधिक समय न लगा और मगध के राजकुमार बिंबिसार ने अंगराज ब्रह्मदत्त को मारकर उसका राज्य मगध में मिला लिया। बिंबिसार अपने पिता की मृत्यु तक अंग का शासक भी रहा था। जैन ग्रंथों में बिंबिसार के पुत्र कुणिक अजातशत्रु को अंग और चंपा का राजा बताया गया है। मौर्यकाल में अंग अवश्य ही मगध के महान् साम्राज्य में अंतर्गत था। कालिदास ने रघु० 6, 27 में अंगराज का उल्लेख इंदुमती-स्वयंवर के प्रसंग में मगध-नरेश के ठीक

पश्चात् किया है जिससे प्रतीत होता है कि अंग की प्रतिष्ठा पूर्वगुप्तकाल में मगध से कुछ ही कम रही होगी। रघु० 6, 27 में ही अंगराज्य के प्रशिक्षित हाथियों का मनोहर वर्णन है—'अगाद चंनामयमगनाप सुरांगनाप्रार्थित यौवनश्रीः विनीतनाग किलमूत्रकारैरेन्द्र पद भूमिगतोऽपि भुक्ते'। विष्णु० अंश 4, अध्याय 18 मे अंगवंशीय राजाओं का उल्लेख है। कथासरित्सागर 44, 9 से सूचित होता है कि ग्यारहवीं शती ई० में अंगदेश का विस्तार समुद्रतट (बंगाल की खाड़ी) तक था क्योंकि अंग का एक नगर विटंकपुर समुद्र के किनारे ही बसा था।

अंगकोरथोम

प्राचीन कंबुज (कंबोडिया) का सबसे अधिक प्रसिद्ध नगर जहां बारहवें शती ई० के बने अनेक विख्यात स्मारक हैं जिन्हें कंबोडिया के हिंदू-नरेशों ने बनवाया था। अंगथोम की अधिकांश महान् शिल्पकृतियों के निर्माण का श्रेय राजा जयवर्मन् सप्तम (राज्याभिषेक 1181 ई०) को दिया जाता है।

अंगकोरवाट

यह प्राचीन कंबुज (कंबोडिया) में स्थित संसार-प्रसिद्ध विशाल विष्णुमंदिर है। इसका निर्माण कंबुजनरेश सूर्यवर्मन् ने बारहवीं शती ई० के प्रथम चरण में करवाया था। सूर्यवर्मन् विष्णुभक्त था और उसने अपने गुरु दिवाकर पंडित की प्रेरणा से अनेक यज्ञ किए थे। वास्तुकला के आश्चर्य, इस देवालय के चारों ओर एक गहरी खाई है जिसकी लंबाई ढाई मील और चौड़ाई 650 फुट है। खाई पर पश्चिम की ओर एक पत्थर का पुल है। मंदिर के पश्चिमी द्वार के समीप से पहली वीथि तक बना हुआ मार्ग 1560 फुट लंबा है और भूमितल से सात फुट ऊंचा। पहली वीथि पूर्व से पश्चिम 800 फुट और उत्तर से दक्षिण 675 फुट लंबी है। मंदिर के मध्यवर्ती शिखर की ऊंचाई भूमितल से 210 फुट से भी अधिक है। अंगकोरवाट की भव्यता तो उल्लेखनीय है ही, इसके शिल्प की सूक्ष्म विदग्धता, नक्शे की सममिति, यथार्थ अनुपात तथा सुंदर अलंकृत मूर्तिकारी भी उत्कृष्ट कला की दृष्टि से कम प्रशंसनीय नहीं है।

अंगदीया

वाल्मीकि रामायण के अनुसार कारुपथ की राजधानी—'अंगदीयापुरी रम्या-प्यंगदस्य निवेशिता, रमणीया सुगुप्ता च रामेणाक्लिष्टकर्मणा' उत्तर० 102, 8। यह नगरी लक्ष्मण के पुत्र अंगद के नाम पर कारुपथ नामक देश में बसाई गई थी। आनंदराम बरुआ के मत मे वर्तमान शाहाबाद (उ० प्र०) अंगदीय नगरी के स्थान पर बसा है।

अंगनगर

संभवतः चंपा। बुद्धचरित 21,11 के अनुसार बुद्ध ने अंगनगर में पूर्णभद्र यक्ष तथा कई नागों को प्रव्रजित किया था।

अंगारस्तूप दे० पिप्पलिवाहन

अंजनपर्वत

वराहपुराण 80 में उल्लिखित संभवतः पंजाब की सुलेमान-गिरिशृंखला।

अंजनवन

साकेत के निकट एक घना वन जिसमें हरिणों का निवास था। यहां गौतमबुद्ध और कौंडलिय नामक परिव्राजक में दार्शनिक वार्ता हुई थी (संयुत्त० 1,54,5,73)।

अंजनी (म० प्र०)

नर्मदा की सहायक नदी। नर्मदा और अंजनी का संगम गौरीतीर्थ नामक स्थान के निकट हुआ है जहां विपरिया होकर मार्ग जाता है।

अंडोल (जिला मेदक, आं० प्र०)

यह स्थान प्राचीन मंदिरों के अवशेषों के लिए उल्लेखनीय है।

अंतर्गिरि

हिमालय पर्वत-श्रेणी का सर्वोच्च भाग जिसमें गौरीशंकर, नंदादेवी, केदारनाथ, बदरीनाथ, त्रिशूल, धवलगिरि आदि चोटियां अवस्थित हैं जो समुद्रतल से *20 सहस्र फुट से अधिक ऊंची हैं। महा० सभा० 27,3 में अंतर्गिरि का उल्लेख* इस प्रकार है—'अंतर्गिरि च कौंतेयस्तथैव च बहिर्गिरिम् तथैवोपगिरिं चैव विजिग्ये पुरुषर्षभ'। इस प्रदेश को अर्जुन ने दिग्विजययात्रा के प्रसंग में जीता था। पाली साहित्य में अंतर्गिरि को महाहिमवत भी कहा गया है। अंग्रेजी में इसी को 'दि ग्रेट सेंट्रल हिमालया' कहा जाता है। जैन सूत्र-ग्रंथ जंबुद्वीप-प्रज्ञप्ति में भी इसका महाहिमवन नाम से उल्लेख है।

अंतर्वेदी (उ० प्र०)

गंगा-यमुना के बीच का प्रदेश अथवा दोआबा। अंतर्वेदी नाम प्राचीन संस्कृत अभिलेखों में प्राप्त है। स्कंदगुप्त के इंदौर से प्राप्त अभिलेख में अंतर्वेदि-विषय के शासक सर्वनाग का उल्लेख है।

अंताखी

सिरिया या शाम देश में स्थित ऐंटिओक्स नामक स्थान का प्राचीन संस्कृत रूप जिसका उल्लेख महाभारत में है—'अंताखी चैव रोमां च यवनानां पुरं तथा,

दूतैरेव वशचक्रे कर चैनानदापयत्' सभा० 31,72, अर्थात् सहदेव ने अपनी दिग्विजय-यात्रा में अताखी, रोम और यवनपुर के शासकों को केवल दूत भेज कर ही वश में कर लिया और उन पर कर लगाया (टि० इस श्लोक का पाठांतर—'अटवीं च पुरीं रम्यां यवनानां पुरतथा' है)।

अंतूर (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

यहां एक पहाड़ी पर निजामशाहीकाल का एक दुर्ग अवस्थित है। इसके भीतर मसजिद पर और स्तंभों पर 1591,1598,1616 और 1625 ई० के फ़ारसी अभिलेख उत्कीर्ण हैं।

अंध

श्रीमद्भागवत में उल्लिखित एक नदी ''नर्मदा चर्मण्वती सिंधुरंधशोणश्च' 5,19,18। सिंधु, यमुना की सहायक सिंध है और शोण वर्तमान सोन। इन्हीं के समीप बहने वाली किसी नदी का नाम अंध हो सकता है। संभव है, यह वर्तमान केन या शुक्तिमती हो का नाम हो। इसका संबंध अंधक से भी हो सकता है जो श्री दे के अनुसार भागलपुर के निकट गंगा में गिरने वाली चंदन नदी है।

अंधउ (कच्छ, गुजरात)

इस स्थान से प्राप्त एक अभिलेख में शकनरेश चष्टन और क्षत्रप रुद्रदामन् का उल्लेख है। द्वितीय शती ई० में इन नरेशों का राज्य महाराष्ट्र तथा गुजरात के अनेक भागों में था। रुद्रदामन् का एक प्रसिद्ध अभिलेख गिरनार से प्राप्त हुआ है।

अंधक

(1) महाभारतकालीन गणराज्य जिसकी स्थिति यमुनातट पर थी। यह मथुरा के परवर्ती प्रदेश में सम्मिलित था। श्रीकृष्ण का जन्म इसी प्रदेश के निवासी अंधकों के वश में हुआ था। महाभारत अनुशासन-पर्व के अंतर्गत तीर्थ-वर्णन में अंधक नामक तीर्थ का नैमिषारण्य के साथ उल्लेख है—'नैमिषवाप्यां यः स्नानादेकरात्रेण सिद्ध्यति, विगाहति ह्यनालवमधक वै सनातनम्'। शांति० 81, 29 में अंधकों एवं वृष्णियों को कृष्ण से संबंधित बताया गया है—'यादवाः कुकुरा भोजा सर्वे चांधकवृष्णय, त्वय्यासक्ता महाबाहो लोका लोकेश्वराश्च ये।' कृष्ण को इस प्रसंग में संघमुख्य भी कहा गया है—'भेदाद् विनाश संघानां संघ मुख्योसिकेशव (शांति० 81, 25) जिससे सूचित होता है कि अंधक तथा वृष्णि गणराज्य थे।

(2) दे० अंध

अंधकारक

विष्णुपुराण 2,4,48 के अनुसार क्रौंचद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस

द्वीप के राजा द्युतिमान् के पुत्र के नाम पर है। क्रौंच द्वीप के एक पर्वत का नाम भी अंधकारक कहा गया है—'क्रौंचश्चवामनश्चैव तृतीयश्चांधकारक'—विष्णु० 2,4,50।

अंधपुर

सेरीवनिजजातक में, पूर्वबुद्धकालीन इस नगर की स्थिति तैलवाह नदी के तट पर बताई गई है। सेरी नगर से व्यापारी लोग अंधपुर आते-जाते रहते थे जिससे स्पष्ट है कि यह उस समय का प्रमुख व्यापारिक स्थान रहा होगा। रायचौधरी का मत है कि अंधपुर वर्तमान बेजवाडा है और तैलवाह, तुगभद्रा-कृष्णा नदी ही का प्राचीन नाम है (दे० पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव एंशेंट इंडिया, चतुर्थ सस्करण, पृ० 78), किंतु भडारकर के मत में तैलवाह-नदी आंध्र की तैल या तैलगिरि नदी है और अंधपुर इसी के तट पर रहा होगा।

अंधवन

श्रावस्ती के निकट एक वन जिसका बौद्धसाहित्य में उल्लेख है (संयुत्त० 5,302)।

अंबट्ठकोल (लंका)

महावंश 28,20 में अंबट्ठकोलगुहा नामक बौद्ध विहार का उल्लेख है जिसका अभिज्ञान अनुराधपुर से 55 मील दूर रिदिविहार से किया गया है। यहां चांदी की खानें थीं (सिंहाली 'रिदि'=चांदी)।

अंबतीर्थ (लंका)

महावंश 25,7 में उल्लिखित महावेलिगगा का एक घाट।

अंबर दे० आमेर

अंबरनाथ (महाराष्ट्र)

बंबई नगर से 38 मील पर अंबरनाथ स्टेशन के निकट है। यहां शिलाहार-नरेश मांवणि द्वारा निर्मित अंबरनाथ शिव का मंदिर है जिसे कोंकण का सर्वप्राचीन देवालय माना जाता है। इसकी वास्तुकला उच्चकोटि की है।

अंबरीषपुर दे० आमेर

अंबलट्ठिका

राजगृह-नालंदा मार्ग पर स्थित उद्यान। दे० अंबवन।

अंबलौद दे० भुमरा

अंबवन

राजगृह के निकट स्थित एक आम्रोद्यान। दीघनिकाय, 1,47,49 के अनुसार गौतमबुद्ध यहां कुछ समय के लिए ठहरे थे। यह उद्यान राजवैद्य जीवक का था।

अबष्ठ

पंजाब का प्राचीन जनपद। महाभारत मे इसका उल्लेख इस प्रकार है—'वसातय. शाल्वका' केकयाश्च तथा अबष्ठा ये त्रिगर्ताश्च मुख्या' उद्योग० 30, 23। विष्णुपुराण में भी अबष्ठों का मद्र और आराम-जनपदवासियो के साथ वर्णन है—'माद्रारामास्तथाम्बष्ठा पारसीकादयस्तथा' 2,3,17। बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र (टॉमस, पृ० 21) में अबष्ठों के राष्ट्र का वर्णन कश्मीर, हूणदेश और सिंध के साथ है। अलक्षेंद्र के आक्रमण के समय अबष्ठनिवासियों के पास शक्तिशाली सेना थी। टॉलमी ने इनको अबुटाई (Ambutai) कहा है।

अबाजी (राजस्थान)

आबूरोड स्टेशन से 12 मील दूर राजस्थान का प्रसिद्ध तीर्थ है। यहां सरस्वती नदी, कोटेश्वर महादेव और अबाजी का मन्दिर है। स्थानीय किंवदंती है कि बालकृष्ण का मुडन सस्कार यहीं हुआ था। एक अन्य जनश्रुति के आधार पर यह भी कहा जाता है कि रुक्मिणीहरण इसी अबाजी के मन्दिर से हुआ था। यह पिछली जनश्रुति अवश्य ही सारहीन है क्योंकि महाभारत के अनुसार रुक्मिणी विदर्भ की राजकुमारी थी।

अबाजोगई (जिला बीड, महाराष्ट्र)

यह नगर जीवती नदी के तट पर बसा है। नदी के दूसरे तट पर मोमिनाबाद नामक कस्बा है। अबा के पचम-जैनों के पूर्वज चालुक्यों के सामंत थे। नगर में एक प्राचीन मदिर है जिसका निर्माण देवगिरि-नरेश सिंहन के शासनकाल में हुआ था। इस पर 1240 ई० का एक अभिलेख है। नगर के आसपास हिंदू तथा जैन मदिरों के खण्डहर हैं। जीवंती के तट पर ही अबाजोगई का प्रसिद्ध मदिर है जो चट्टान में से काट कर बनाया गया है। इसका मडप 90 फुट × 45 फुट है। यह मदिर स्तभों की चार पंक्तियों पर आधारित है। मराठी कवि मुकुंदराम की समाधि भी यहां स्थित है। दे० मोह।

अबिकानगर दे० अमरोल

अबु (जिला शिमोगा, मैसूर)

धारावती नदी इस स्थान से उद्भूत हुई है। किंवदंती है कि यहां श्रीरामचन्द्र के बाण मारने से धारावती प्रकट हुई थी। अबु की तीर्थ के रूप में मान्यता है।

अभा

विष्णुपुराण 2,8,45 मे उल्लिखित कुशद्वीप की एक नदी—'विद्युदभा मही चान्या सर्वपापहरास्त्विमा'।

अंशुधान

वाल्मीकि-रामायण 2,71,9 के अनुसार, भरत ने केकय-देश से अयोध्या आते समय, इस स्थान के पास, गंगा को दुस्तर पाया था और इस कारण उसे प्राग्वट के निकट पार किया था—'भागीरथीं दुष्प्रतरां सोऽंशुधाने महानदीम्'। अंशुधान गंगा के पश्चिमी तट पर कोई स्थान था जिसका अभिज्ञान अनिश्चित है।

अंशुपा (उड़ीसा)

वर्तमान सुवर्णपुर ग्राम के निकट एक झील है जिसके तट पर रह कर उड़ीसा के प्रसिद्ध केसरीवंश के अंतिम नरेश सुवर्णकेसरी ने (12 वीं शती का मध्यकाल) अपने आखरी दिन बिताए थे (हिस्ट्री ऑव उड़ीसा, पृ० 67)।

अंशुमती

ऋग्वेद 8,96, 13-14 में वर्णित एक नदी—'अव द्रप्सो अंशुमती मतिष्ट-दियानः कृष्णो दशभिः सहस्रैः आवत्तमिन्द्रः शच्याधमन्तमप स्नेहितीर्नृमणा अधत्त। द्रप्समपश्यं विषुणे चरन्तमुपह्वरे नद्यो अंशुमत्या। नभो न कृष्णम वतस्थिवांसमिष्यामि वो वृषणो युध्यताजौ।' भावार्थ यह है कि अंशुमती के तट पर इंद्र ने किसी कृष्ण नामक व्यक्ति को दस सहस्र योद्धाओं के साथ लड़ाई में हराया था। डा० भंडारकर के मत में अंशुमती यहां यमुना को ही कहा गया है और कृष्ण महाभारत के कृष्ण ही हैं। संभव है, वैष्णव-धर्म के उत्कर्षकाल में इसी वैदिक कथा के विपर्यय-रूप में श्रीमद्भागवत, विष्णुपुराण तथा अन्यत्र वर्णित यह कथा प्रचलित हुई जिसके अनुसार कृष्ण ने गोवर्धन-पर्वत धारण करके इन्द्र को पराजित किया था।

अकतेश्वर

नर्मदा के उत्तर तट पर अवस्थित है। कहा जाता है कि यह वही स्थान है जहां दक्षिण दिशा की ओर जाते हुए महर्षि अगस्त्य ने, विन्ध्याचल को बढ़ने से रोक दिया था। महाभारत वन० 104 तथा अनेक पुराणों में इस कथा का उल्लेख है। महर्षि अगस्त्य के नाम से एक प्राचीन शिवमंदिर भी यहां स्थित है (दे० विंध्य)।

अकेश दे० ऑक्सिस

अकोना (जिला हमीरपुर, उ० प्र०)

यह स्थान मध्ययुगीन, विशेषतः चंदेलकालीन, इमारतों के अवशेषों के लिए उल्लेखनीय है।

अक्षसमा

प्लक्षद्वीप की सात मुख्य नदियों में है—'अनुतप्ता शिखी चैव विपाशा

त्रिदिवाखलमा । अमृता सुकृता चैव सप्तैतास्तत्र निम्नगा, विष्णु॰ 2 4,11 सम्भवत यह नदी काल्पनिक है ।

अग्रतग्राम (जिला देहरादून, उ॰ प्र॰)

1953 में इस स्थान से तीसरी शती ई॰ के गोद्रुम वंशी राजा शीलवर्मन् द्वारा किए गए अश्वमेधयज्ञ के चिह्न प्राप्त हुए थे। शीलवर्मन् ऐतिहासिक काल के उन थोड़े से राजाओं में से हैं जिन्हें महान् अश्वमेधयज्ञ करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। प्रथम शती ई॰ पू॰ में इतिहास प्रसिद्ध शुगनरेश पुष्यमित्र ने भी अश्वमेधयज्ञ किया था। यह वह समय था जब प्राचीन वैदिक धर्म बौद्ध-धर्म के सर्वग्रास से धीरे-धीरे मुक्त हो रहा था। संभव है शीलवर्मन् ने भी प्राचीन परंपरा का निर्वाह करते हुए ही इस स्थान पर अश्वमेधयज्ञ का अनुष्ठान किया था। अग्रतग्राम से शीलवर्मन् के संस्कृत अभिलेख के अतिरिक्त अश्वमेध के यूपादि के भी अवशेष प्राप्त हुए हैं।

अगस्त्यतीर्थ

'अगस्त्यतीर्थं सौभद्रं पौलोमं च सुपावनम्, कारंधमं प्रसन्नं च हयमेधफलं च तत्' । महा॰ 1,215,3 । अगस्त्यतीर्थ दक्षिण-समुद्र तट पर स्थित था—'तत समुद्रे तीर्थानि दक्षिणे भरतर्षभ'—महा॰ 1,215,1 । इसकी गणना दक्षिण-सागर के पंचतीर्थों (अगस्त्य, सौभद्र, पौलोम, कारंधम और भारद्वाज) में की जाती थी—'दक्षिणे सागरानूपे पंचतीर्थानि सन्ति वै'—महा॰ 1,216,17 । महाभारत के अनुसार अर्जुन ने इस तीर्थ की यात्रा की थी। वन॰ 118,4 में अगस्त्यतीर्थ का नारीतीर्थ के साथ द्रविड़ देश में वर्णन है—'ततो विपाप्मा द्रविडेषु राजन् समुद्रमासाद्य च लोकपुण्यं, अगस्त्यतीर्थं च महापवित्रं नारीतीर्थान्यथ वीरो ददर्श ।' अगस्त्यतीर्थ को अगस्त्येश्वर भी कहते थे। अगस्त्याश्रम इससे भिन्न था और इसकी स्थिति गया (बिहार) के पूर्व में थी।

अगस्त्यवट

महाभारत आदि॰ 214,2 में अगस्त्यवट का उल्लेख इस प्रकार है—'अगस्त्यवटमासाद्य वशिष्ठस्य च पर्वत, भृगुतुंगे च कौंतेय कृतवाञ्छौचमात्मन' । अपने द्वादशवर्षीय वनवासकाल में अर्जुन ने इस तीर्थ की यात्रा, गंगा-द्वार—हरद्वार से आगे चलकर की थी। यह स्थान हिमालयपर्वत पर था—'प्रययौ हिमवत्पार्श्वं ततो वज्रधरात्मज ।' आदि॰ 214,1 ।

अगस्त्याश्रम

(1) तत सम्प्रस्थितो राजा कौंतेयो भूरिदक्षिण अगस्त्याश्रममासाद्य दुर्जयायामुवास ह—महा॰ वन॰ 96,1 । पांडव अपनी तीर्थयात्रा के प्रसंग में गया

(बिहार) से आगे चलकर अगस्त्याश्रम पहुचे थे। यही मणिमती नगरी की स्थिति थी। शायद यह राजगृह के निकट स्थित था। अगस्त्यतीर्थ जो दक्षिण समुद्रतट पर स्थित था इससे भिन्न था। जान पडता है कि प्राचीनकाल मे अगस्त्य के आश्रमो की परपरा, बिहार से नासिक एव दक्षिण समुद्रतट तक विस्तृत थी। पौराणिक साहित्य के अनुसार अगस्त्य-ऋषि ने भारत की आर्य-सभ्यता का सुदूर दक्षिण तथा समुद्रपार के देशो तक प्रचार किया था। दे० कुजंदा।

अगस्त्येश्वर दे० अगस्त्यतीर्थ

अग्निपुर=महिष्मती

अग्निमाली

शूर्पारक-जातक मे वर्णित एक सागर—'यथा अग्गीव सुरियो व समुद्दोपति दिस्सति, सुप्पारक त पुच्छाम समुद्दो कतमो अयति। भरुकच्छापयातान वणिजान धनेसिन नावाय विप्पनट्ठाय अग्गिमालीनि वुच्चतीति।' अर्थात् जिस तरह अग्नि या सूर्य दिखाई देता है वैसा ही यह समुद्र है, शूर्पारक, हम तुमसे पूछते हैं कि यह कौन-सा समुद्र है ? भरुकच्छ से जहाज पर निकले हुए धनार्थी वणिको को विदित हो कि यह अग्निमाली नामक समुद्र है। इस प्रसग के वर्णन से यह भी सूचित होता है कि उस समय के नाविको के विचार मे इस समुद्र से स्वर्ण की उत्पत्ति होती थी। अग्निमाली समुद्र कौन-सा था, यह कहना कठिन है। डा० मोतीचद के अनुसार यह लालसागर या रेड सी का ही नाम है किंतु वास्तव मे शूर्पारक जातक का यह प्रसग जिसमे क्षुरमाली, नलमाली, दधिमाल आदि अन्य समुद्रो के इसी प्रकार के वर्णन हैं, बहुत कुछ काल्पनिक तथा पूर्व-बुद्धकाल मे देशदेशातर घूमने वाले नाविको की रोमांस-कथाओ पर आधारित प्रतीत होता है। भरुकच्छ या भड़ौंच से चल कर नाविक लोग चार मास तक समुद्र पर घूमने के पश्चात् इन समुद्रो तक पहुचे थे। (दे० क्षुरमाली, बडवा-मुख, दधिमाल, कुशमाल, नलमाली)।

अग्रवन दे० आगरा

अग्राहा (जिला हिसार, हरियाणा)

वर्तमान अग्राहा या अग्रोहा प्राचीन अग्रोदक या अग्रोतक है। स्थानीय किंवदती के अनुसार महाभारतकाल मे यहां राजा उग्रसेन की राजधानी थी और स्थान का नाम उग्रसेन का ही अपभ्रश है। यवन-सम्राट अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण के समय (327 ई० पू०) यहां आग्रेय गणराज्य था। चीनी यात्री युवानच्वाड् ने भी अग्रोदक का उल्लेख किया है। अग्राहा हिसार के निकट है।

अचोरक दे० **अचाहा**

अचोहा दे० **अचाहा**

अचलगढ़ (राजस्थान)

आबू के निकट स्थित है। मालवा के परमार राजपूत मूलरूप से अचलगढ़ और चद्रावती के रहने वाले थे। 810 ई० के लगभग उपेंद्र अथवा कृष्णराज परमार ने इस स्थान को छोड़ कर मालवा में पहली बार अपनी राजधानी स्थापित की थी। इससे पहले बहुत समय तक अचलगढ़ में परमारों का निवासस्थान रहा था।

अचलपुर (बरार, महाराष्ट्र)

मध्यकाल में विशेषत 9वीं शती से 12वीं शती ई० तक अचलपुर जैन-संस्कृति के केन्द्र के रूप में विख्यात था। जैन विद्वान धनपाल ने अचलपुर में ही अपना ग्रन्थ 'धम्म परिक्खा' समाप्त किया था। आचार्य हेमचंद्रसूरि ने भी अपने व्याकरण में (2,118) अचलपुर का उल्लेख किया है—'अचलपुरेचकारल-कार्योर्व्यत्ययो भवति' अर्थात् अचलपुर के निवासियों के उच्चारण में च और ल का व्यत्यय (उलटफेर) हो जाता है। आचार्य जयसिंहसूरि ने 9वीं शती ई० में अपनी धर्मोपदेशमाला में अयलपुर या अचलपुर के अरिकेसरी नामक जैन नरेश का उल्लेख किया है—'अयलपुरे दिगंवर भत्तो अरिकेसरी राजा'। अचलपुर से 7वीं शती ई० का एक ताम्रपट्ट भी प्राप्त हुआ है।

अचित=**अजता**

अचिरवती=**अचिरावती**

अचिरावती=**अजिरावती**

बौद्ध साहित्य में विख्यात नदी है। इस नदी के तट पर बौद्धकाल की प्रसिद्ध नगरी श्रावस्ती बसी हुई थी। इसका अभिज्ञान छोटी राप्ती से किया गया है जो गडक में मिलती है। संगमस्थान नेपाल में स्थित है (दे० विंसेंट स्मिथ—अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया, पृ० 167) बौद्ध-साहित्य में नदी का नाम अचिरवती भी मिलता है। शायद अजितवती भी अचिरवती का ही अपभ्रष्ट रूप है। जैन-ग्रंथ कल्पसूत्र (पृ० 12) में इस नदी को इरावइ या इरावती कहा गया है। श्री बी० सी० लॉ के अनुसार यह सरयू की सहायक राप्ती नदी है (दे० हिस्टॉरिकल ज्यॉग्रेफ़ी ऑव एंशेंट इंडिया, पृ०61)।

अच्छोद-सरोवर

बाणभट्ट-रचित कादंबरी तथा बिल्हण के विक्रमांकचरित 8,53 में उल्लिखित इस सरोवर का अभिज्ञान, कश्मीर में मार्तंड-मंदिर से 6 मील दूर

अच्छावट नामक झील से किया गया है (दे० न० ला० डे) ।

अच्युतस्थल

महाभारत मे उल्लिखित एक स्थान जो समवत यमुना नदी के तट पर स्थित था । महा० वन० 129, 9 से सूचित होता है कि महाभारत काल मे प्रचलित प्राचीन परपरा मे इस स्थान को अपवित्र समझा जाता था—'युगधरे दधिप्राश्य उषित्वा चाच्युतस्थले' आदि । महाभारत के टीकाकारो ने अच्युतस्थल मे वर्णसकर जातियो का निवास बताया है ।

अजता (जिला औरगाबाद, महाराष्ट्र)

जलगाव स्टेशन से 37 मील और औरगाबाद से 55 मील दूर फरदापुर ग्राम के निकट ये ससार प्रसिद्ध गुफाए स्थित है जो अपने भित्तिचित्रो तथा मूर्तिकारी के लिए बेजोड समझी जाती हैं । अजता नाम का एक ग्राम यहा से 2 मील पर बसा है—इसी के नाम पर ये गुफाए भी अजता की गुफाए कहलाती हैं । बाघोरा नदी की उपत्यका मे अवस्थित ऊची शैलमाला के बीच, एक विस्तृत पहाडी के पार्श्व म, 29 गुफाए काटकर बनाई गई है । इनका समय पहली शती ई० पू० से 7 वी शती ई० तक है । ये गुफाए शिल्पी बौद्ध भिक्षुओ ने बनाई थी । इनमे से कुछ तो चैत्य हैं अर्थात् पूजा के निमित्त इनमे चैत्य की आकृति के छोटे छोटे स्तूप बने हुए हैं और कुछ विहार हैं । ये दोनो प्रकार की गुफाए और इनमे का सारा मूर्ति शिल्प एक ही शैल मे कटा हुआ है किंतु क्या मजाल कि कही पर एक छैनी भी अधिक लगी हो । गुफा स० 1 जो 120 फुट तक पहाडी के भदर कटी हुई है वास्तुकला कौशल का अद्भुत नमूना है । प्राचीनकाल में प्राय सभी गुफाओ मे भित्ति चित्रकारी थी किंतु कालप्रवाह मे अब मुख्यत केवल स० 1,2,16,17 मे ही चित्रो के अवशेष रह गए हैं । किंतु इन्हीं के आधार पर यहां की कला की उत्कृष्टता की रूपरेखा भली भाति जानी जा सकती है । यद्यपि अजता की चित्रकारी मूलत धार्मिक है और सभी चित्रों के विषय किसी न किसी रूप मे गौतमबुद्ध या बोधिसत्वो की जीवन कथाओं से सबधित हैं फिर भी इन कथाओ की अभिव्यजना मे चित्रकारो ने जीवन और समाज के सभी अगो का इस बारीकी, सहृदयता और सहानुभूति से चित्रण किया है कि ये चित्र भारतीय सभ्यता और सस्कृति के उत्कर्षकाल की एक अनोखी परपरा हमारे सामने प्रस्तुत करते हैं । केवल यही नही, विस्तृत दृष्टिकोण से परखने पर इन चित्रो के पीछे कलाकारों के हृदय मे चराचर जगत् के प्रति जो सौहार्द्र की भावना छिपी हुई है उसका भी दर्शन सहज रूप मे ही हो जाता है । यहां अजता के केवल कुछ ही चित्रो का निदर्शन किया जा सकता है । गुफा स० 1 मे दालान की लबी भित्ति पर

अजंता-गुफा नं 17
(भारतीय पुरातत्त्व-विभाग के सौजन्य से)

मारविजय का प्रायः 12 फुट लंबा और 8 फुट चौड़ा चित्र है। इसमें कामदेव के सैनिकों के रूप में मानो मानव-हृदय की दुर्बलताओं के ही मूर्त चित्र उपस्थित किए गए हैं। इनमें विकट-रूप पुरुष तथा मदविह्वला कामिनियों के जीवित चित्रों के समक्ष आत्मनिरत बुद्ध की सौम्य मुखाकृति उत्कृष्ट रूप से उज्ज्वल एवं प्रभावशाली बन पड़ी है।

गुफा सं० 16 में बुद्ध के गृहत्याग का मार्मिक चित्र है। मोहिनी-निद्रा में यशोधरा, शिशु राहुल और परिचारिकाएं सोई हुई हैं। उन पर अंतिम दृष्टि डालते हुए गौतम के मुख पर दृढ़ त्याग और साथ ही सौम्यता से भरपूर जो छाप है उसने इस चित्र को अमर बना दिया है। इसी गुफा में एक अन्य स्थान पर एक म्रियमाण राजकुमारी का दृश्य है जो शायद गौतम के भ्राता परिव्रजितनंद की नवविवाहिता पत्नी सुंदरी की दशा का चित्रण है। चित्रकला के अनेक मर्मज्ञों ने इस चित्र की गणना संसार के उत्कृष्टतम चित्रों में की है।

गुफा सं० 17 में भिक्षुक बुद्ध के मानवाकार चित्र के आगे अपने एकमात्र पुत्र को तथागत के चरणों में भिक्षा के रूप में डालती हुई किसी रमणी— शायद यशोधरा ही—का चित्र है। इस चित्र में निहित भावना का मूर्तस्वरूप इतनी मार्मिकता से दर्शकों के सामने प्रस्फुटित होता है कि वह दो सहस्र वर्षों के व्यवधान को क्षणमात्र में चीर कर इस चित्र के कलाकार की महान् आत्मा से मानो साक्षात्कार कर लेता है और उसकी कला के साथ अपने प्राणों की एकरसता का अनुभव करने लगता है। इस गुफा की अन्य उल्लेखनीय कलाकृतियों में वेस्संतरजातक और छद्दंतजातक की कथाओं पर बने हुए जीवित चित्र हैं। अजंता में तत्कालीन (विशेष कर गुप्तकालीन) भारत के निवासियों, स्त्री व पुरुषों के रहन-सहन, घर-मकान, वेश-भूषा, अलंकरण, मनोविनोद, तथा दैनिक जीवन के साधारण कृत्यों की मनोरम एवं सच्ची तस्वीरें हैं। वस्त्र, आभूषण, केश-प्रसाधन, गृहालंकरण आदि के इतने प्रकार चित्रित हैं कि उन्हें देखकर उस काल के भरे-पूरे भारतीय जीवन की झांकी आंखों के सामने फिर जाती है। गुप्तकालीन अजंता-चित्रों और महाकवि कालिदास के अनेक काव्यवर्णनों में जो तारतम्य और सादृश्य है वह दोनों के अध्ययन से तुरत ही प्रतिभासित हो जाता है।

अजंता में मूर्तिकला के भी उत्कृष्ट उदाहरण मिलते हैं। शैलकृत्त होने के कारण गुफाओं में जो अद्भुत प्रकार की इंजीनियरी और वास्तुकला विद्यमान है वह भी किसी से छिपी नहीं है। अजंता जिस रमणीक और एकांत गिरिप्रांतर में स्थित है उसका रहस्यात्मक प्रभाव भी दर्शक पर पड़े बिना नहीं रहता।

कहा जाता है कि चित्रकारों ने जिन रगो का अपने चित्रो मे प्रयोग किया है वे उन्होंने स्थानीय द्रव्यो से ही तैयार किए थे—जैसे लाल रग उन्होंने यहीं पहाडी पर मिलने वाले लाल रग के पत्थर और नारगी रग इस घाटी मे बहुतायत से होने वाले पारिजात के पुष्प-वृतो से बनाया था। रगो के भरने मे तथा आकृतियो की भाव-भगिमा प्रदर्शित करने मे जिस सूक्ष्म प्राविधिक कुशलता का प्रयोग किया गया है वह सचमुच ही अनिर्वचनीय है। भौंहो की सीधी, वक्र, ऊची-नीची रेखाए, मुख की विविध भगिमाए और हाथ की अगुलियो की अनगिनत मुद्राए, अजता की चित्रकारी की एक विशिष्ट और सजीव शैली की अभिव्यक्ति के अपरिहार्य साधन हैं। और सर्वोपरि, अजता के चित्रो मे भारतीय नारी का जो सौम्य, ललित एव पुष्पदल के समान कोमल तथा साथ ही प्रेम और त्याग एव सांस्कृतिक जीवन की भावनाओ और आदर्शों से अनुप्राणित रूप मिलता है वह हमारी प्राचीन कला-परपरा की अक्षय निधि है। अजंता की गुफाओ का हमारे प्राचीन साहित्य मे निर्देश नही मिलता। शायद चीनी यात्री युवानच्वाग ने अपनी भारत-यात्रा के दौरान (615-630 ई०) इन गुहामदिरों को देखा था। तब से प्राय. 1200 वर्षों तक ये गुफाए अज्ञात रूप से पहाडियों और घने जगलों मे छिपी रहीं। 1819 ई० मे मद्रास सेना के कुछ यूरोपीय सैनिको ने इनकी अकस्मात् ही खोज की थी। 1824 ई० मे जनरल सर जेम्स अलग्जेंडर ने रायल एशियाटिक सोसाइटी की पत्रिका मे पहली बार इनका विवरण छपवा कर इन्हें सभ्य ससार के सामने प्रकट किया था।

अजकूला

वाल्मीकि-रामायण (अयोध्याकाड) मे उल्लिखित नदी जिसका अभिज्ञान स्यालकोट (पाकिस्तान) के पास बहने वाली आजी नदी से किया गया है।

अजमती = अजय

अजमेर (राजस्थान)

ऐतिहासिक परपराओं से ज्ञात होता है कि राजा अजयदेव चौहान ने 1100 ई० मे अजमेर की स्थापना की थी। सभव है कि पुष्कर अथवा अनासागर झील के निकट होने से अजयदेव ने अपनी राजधानी का नाम अजयमेर (मेर या मीर—झील, जैसे कश्यपमीर = काश्मीर) रखा हो। उन्होंने तारागढ़ की पहाडी पर एक किला गढ-बिटली नाम से बनवाया था जिसे कर्नल टाड ने अपने सुप्रसिद्ध ग्रथ मे राजपूताने की कुजी कहा है। अजमेर मे, 1153 मे प्रथम चौहान-नरेश बीसलदेव ने एक मदिर बनवाया था जिसे 1192 ई० मे मुहम्मद गौरी ने नष्ट करके उसके स्थान पर अढ़ाई दिन का झोपडा नामक मसजिद

बनवाई थी (कुछ विद्वानों का मत है कि इसका निर्माता कुतुबुद्दीन एबक था। कहावत है कि यह इमारत अढ़ाई दिन में बनकर तैयार हुई थी किंतु ऐतिहासिकों का मत है कि इस नाम के पड़ने का कारण इस स्थान पर मराठाकाल में होने वाला अढ़ाई दिन का मेला है। इस इमारत की कारीगरी विशेषकर पत्थर की नक्काशी प्रशंसनीय है) इससे पहले सोमनाथ जाते समय (1124 ई०) महमूद गजनवी अजमेर होकर गया था। मुहम्मद गौरी ने जब 1192 ई० में भारत पर आक्रमण किया तो उस समय अजमेर पृथ्वीराज के राज्य का एक बड़ा नगर था। पृथ्वीराज की पराजय के पश्चात दिल्ली पर मुसलमानों का अधिकार होने के साथ अजमेर पर भी उनका कब्ज़ा हो गया, और फिर दिल्ली के भाग्य के साथ-साथ अजमेर के भाग्य का भी निपटारा होता रहा।

मुग़लसम्राट् अकबर को अजमेर से बहुत प्रेम था क्योंकि उसे मुईनउद्दीन चिश्ती की दरगाह की यात्रा में बहुत श्रद्धा थी। एक बार वह आगरे से पैदल ही चलकर दरगाह की ज़ियारत को आया था। मुईनउद्दीन चिश्ती 12वीं शती ई० में ईरान से भारत आए थे। अकबर और जहांगीर ने इस दरगाह के पास ही मसजिदें बनवाई थीं। शाहजहां ने अजमेर को अपने अस्थायी निवास-स्थान के लिए चुना था। निकटवर्ती तारागढ़ की पहाड़ी पर भी उसने एक दुर्ग-प्रासाद का निर्माण करवाया था जिसे बिशप हेबर ने भारत का जिब्राल्टर कहा है। यह निश्चित है कि राजपूतकाल में अजमेर को अपनी महत्त्वपूर्ण स्थिति के कारण राजस्थान का नाका समझा जाता था।

अजमेर के पास ही अनासागर झील है जिसकी सुंदर पर्वतीय दृश्यावली से आकृष्ट होकर शाहजहां ने यहां संगमर्मर के महल बनवाए थे। यह झील अजमेर-पुष्कर मार्ग पर है।

अजमेर में, चौहान राजाओं के समय में संस्कृत साहित्य की भी अच्छी प्रगति हुई थी। पृथ्वीराज के पितृव्य विग्रहराज चतुर्थ के समय के संस्कृत तथा प्राकृत में लिखित दो नाटक, ललित विग्रहराज नाटक और हरकेली नाटक छः काले संगमर्मर के पटलों पर उत्कीर्ण प्राप्त हुए हैं। ये पत्थर अजमेर की मुख्य मसजिद में लगे हुए थे। मूलरूप से ये किसी प्राचीन मंदिर में जड़े गए होंगे।

अजय (प० बंगाल)

गीतगोविंद के विश्रुत कवि जयदेव के निवास स्थान केंदुबिल्व या वनमान केंदुली के निकट बहने वाली नदी।

अजयगढ़ (म० प्र०)

बुंदेलखंड की एक प्राचीन रियासत। कहा जाता है इस नगर को दशरथ

के पिता अज ने बसाया था। अजयगढ़ का प्राचीन नाम अजगढ़ ही है। नगर केन नदी के समीप एक पहाड़ी पर बसा हुआ है। पहाड़ी पर अज ने एक दुर्ग बनवाया था—ऐसी किंवदंती भी यहां प्रचलित है। कुछ लोगों का कहना है कि किला राजा अजयपाल का बनवाया हुआ है पर इस नाम के राजा का उल्लेख इस प्रदेश के इतिहास में नहीं मिलता। यह दुर्ग कालिंजर के किले के समान ही सुदृढ़ समझा जाता है। पर्वत के दक्षिणी भाग में हिन्दू-बौद्ध तथा जैन मंदिरों तथा मूर्तियों के ध्वंसावशेष मिलते हैं। खजुराहो-शैली में बने हुए चार विहार तथा तीन सरोवर भी उल्लेखनीय हैं। अजयगढ़ चंदेल राजाओं के शासनकाल में उन्नति के शिखर पर था। पृथ्वीराज चौहान के समकालीन चंदेलनरेश परमर्दिदेव या परमाल के बनवाए कई मंदिर और सरोवर यहां हैं। पृथ्वीराज ने परमाल को पराजित करने के पश्चात् धसान नदी के पश्चिमी भाग को अपने अधिकार में रखकर अजयगढ़ को उसी के पास छोड़ दिया था। चंदेलों का अजयगढ़ पर कई सौ वर्षों तक राज्य रहा था और यह नगर उनके राज्य के मुख्य स्थानों में से था।

अजितवती=अजिरावती दे० अचिरावती

अजोधन

सतलज नदी से 10 मील पर बसा हुआ प्राचीन नगर है। इसका वर्तमान नाम पाकपाटन है जो अकबर का रखा हुआ कहा जाता है। अकबर से पूर्व इसका नाम पाटनफरीद था क्योंकि यहां प्रसिद्ध मुसलमान संत शेख फरीदुद्दीन शकरगंज का निवासस्थान था। इब्नबतूता ने इस नगर का उल्लेख 14वीं शती में अपनी यात्रा के विवरण में किया है—(दे० दि रेहला ऑव इब्नबतूता, पृ० 20)।

अज्झाहर (गुजरात)

काठियावाड़ में दक्षिण समुद्रतट पर वीरावल के निकट प्राचीन जैनतीर्थ है। इसका नामोल्लेख तीर्थमाला चैत्यवंदन में भी है—'सिंहद्वीप घनेर मगलपुरे धाज्जाहरे श्रीपुरे'।

अटक (प० पाकिस्तान)

इसका प्राचीन नाम हाटक कहा जाता है (दे० हिस्टॉरिकल ज्यॉग्रेफ़ी ऑव एंशेंट इंडिया—बी० सी० लॉ, पृ० 29)। अटक सिंधु नदी के तट पर स्थित है। यहां का सुदृढ़ किला जो नदीतट पर ऊंची पहाड़ी के शिखर पर स्थित है, अकबर ने बनवाया था। मध्य-युग में अटक को भारत की पश्चिमी सीमा पर स्थित माना जाता था। कहा जाता है कि राजा मानसिंह ने अकबर द्वारा अटक के

पार बुगुपजाइयों से लड़ने के लिए भेजे जाते समय वहां अपने जाने की सम्मति देते समय कहा था कि मुझे अन्य लोगों की तरह वहां जाने में आपत्ति नहीं है क्योंकि 'जाके मन में अटक है सो ही अटक रहा।'

अटक बनारस

उड़ीसा का एक नगर जिसे अकबर ने वाराणसी कटक या कटक बनारस के अनुकरण पर बसाया था (दे० हिस्ट्री ऑव उड़ीसा, पृ० 66)।

अटवी

प्राचीन काल में बेतवा नदी के दोनों ओर के प्रदेश का जो विन्ध्याचल की तराई में बसे होने के कारण वनाच्छादित था, इस नाम से अभिधान किया जाता था। महाभारतकाल में यहां पुलिंदों की बस्ती थी। महाभारत सभा० 29, 10 में पुलिंदनगर पर भीम ने अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में अधिकार कर लिया था। वायुपुराण 45, 126 में भी आटवियों का उल्लेख है—'काल्पाश्च सहैयोवाटव्या शबरास्तथा।' गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त ने चौथी शती ई० में अटवी के सब राजाओं पर विजय प्राप्त करके उन्हें 'परिचारक' बना दिया था ('परिचारकीकृतसर्वाटविकराजस्य'—समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति) हर्षचरित में बाणभट्ट ने भी विन्ध्याटवी का सुंदर वर्णन किया है। यहीं राज्यश्री की खोज करते समय हर्ष की भेंट बौद्ध भिक्षु दिवाकरमित्र से हुई थी। इसे आटविक प्रदेश भी कहा गया है (दे० कोटाटवी, बटाटवी)।

अट्टूर (जिला सेलम, मद्रास)

इस स्थान पर एक प्राचीन दुर्ग है जिसके भीतर दरबार-भवन तथा कल्याण-महल नामक प्रासाद कलापूर्ण शैली में निर्मित हैं।

अटेर (म० प्र०)

पुरानी रियासत ग्वालियर का चंबल के दक्षिणी तट पर बसा हुआ प्राचीन नगर। अटेर का किला नदी की शाखाओं के बीच के एक ऊंचे स्थान पर स्थित है। किला मिट्टी, ईंट और चूने का बना है। एक अभिलेख के अनुसार इसको भदौरिया राजा बदनसिंह ने बनवाया था। इस लेख में अटेर का प्राचीन नाम देवगिरि लिखा है।

अड्डांकी (आं० प्र०)

14वीं शती ई० में आंध्र देश के एक भाग की पुरानी राजधानी था जिसे रेड्डी लोगों ने बसाया था (दे० कोंडाविडु)।

अणकिटणकी (वणी तालुका, महाराष्ट्र)

जैनधर्म से संबद्ध सात गुफाएं यहां एक पहाड़ी के भीतर कटी हुई हैं जिनमें

अनेक मूर्तियां बनी हैं। गुफाओं का अधिकांश भाग नष्ट हो चुका है किंतु फिर भी अनेक मूर्तियां शिल्प की दृष्टि से प्रशंसनीय हैं। गुफाओं की अवशिष्ट भित्तियां सर्वत्र मूर्तिकारी से पूर्ण हैं। यह स्थान जो अब मकाईतकाई नाम से प्रसिद्ध है मध्यकालीन जैन संस्कृति का एक केन्द्र था। जैनकवि मेघविजय ने अपने एक विज्ञप्ति पत्र में इस स्थान का वर्णन इस प्रकार किया—'गत्वोत्तुङ्गेऽप्यणविदणकें दुर्गयास्थाय्स्तवपार्श्व स्वामी स इह विहृत पूर्वमुर्वीशसेव्य जाग्रद्र प्रतिमा नगर स्थलोकेऽभिवन्द्यम। अत्यादित्य हुतवहमुखे सभृत तद्विजान।' विज्ञप्ति-पत्रसंग्रह, पृ० 101।

अतरजी खेडा (तहसील कासगंज, जिला एटा, उ० प्र०)

एटा से लगभग दस मील दूर, काली नदी के तट पर बसा हुआ अति प्राचीन नगर है। इस नगर की नींव डालने वाला राजा वेन कहा जाता है जिसके विषय में रुहेलखंड में अनेक लोककथाएं प्रचलित हैं। कहा जाता है कि राजा वेन ने मु० गोरी को उसके कन्नौज आक्रमण के समय परास्त किया था किंतु अंत में बदला लेकर गोरी ने राजा वेन को हराया और उसके नगर को नष्ट कर दिया। एक ढूह के अन्दर से हज़रत हसन का मकबरा निकला था—जो इस लड़ाई में मारा गया था। कुछ लोगों का कहना है कि अतरजी खेडा वही प्राचीन स्थान है जिसका वर्णन चीनी यात्री युवानच्वांग ने पिलोशना या पिलासना नाम से किया है किंतु यह धारणा गलत सिद्ध हो चुकी है। यह दूसरा स्थान बिलसड नामक प्राचीन नगर था जो एटा से 30 मील दूर है। किन्तु फिर भी अतरजी खेडे के पूर्व-मुसलमान काल का नगर होने में कोई संदेह नहीं है क्योंकि यहां के विशाल खंडहरों के उत्खनन में, जो एक विस्तृत टीले के रूप में है (टीला 3960 फुट लम्बा, 1500 फुट चौडा और प्राय 65 फुट ऊंचा है) शुंग, कुषाण और गुप्तकालीन मिट्टी की मूर्तियां, सिक्के, ठप्पे, ईंटों के टुकडे आदि बडी संख्या में प्राप्त हुए है। खंडहर के एक सिरे पर एक शिवमंदिर के अवशेष है जिसमें पांच शिवलिंग हैं। इनमें एक नौ फुट ऊंचा है। टीले की रूपरेखा से जान पडता है कि इसके स्थान पर पहले एक विशाल नगर बसा हुआ था।

अतिवती

बौद्ध साहित्य में उल्लिखित नदी जो कसिया या प्राचीन कुशीनगर के निकट बहती थी। बुद्ध का दाहसंस्कार इसी नदी के तट पर हुआ था। यह गंडक की सहायक नदी है जो अब प्राय सूखी रहती है। बौद्ध साहित्य में इस नदी को हिरण्या भी कहा गया है। संभव है अतिवती और अचिरवती में केवल नाम-भेद हो।

अधिराज

महाभारत सभा० 31,3 के अनुसार सहदेव ने अपनी दिग्विजय यात्रा के प्रसंग में इस देश के राजा दन्तवक्र को पराजित किया था—'अधिराजाधिपं चैव दन्तवक्रं महाबलम्, जिगाय करदं चैव कृत्वा राज्ये न्यवेशयत्'। अधिराज का उल्लेख मत्स्य के पश्चात् होने से सूचित होता है कि यह देश मत्स्य (जयपुर का परवर्ती प्रदेश) के निकट ही रहा होगा। किंतु श्री न० ला० डे का मत है कि यह रीवां का परवर्ती प्रदेश था।

अधोनी (जिला रायचूर, मैसूर)

हिंदूकाल के दुर्ग के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। इस दुर्ग पर 1347 ई० में अलाउद्दीन खिलजी और 1375 ई० में मुजाहिदशाह बहमनी ने अधिकार कर लिया था। तत्पश्चात् कुछ समय तक अधोनी का किला विजयनगर राज्य के अंतर्गत रहा किंतु तालीकोट के युद्ध (1565 ई०) के पश्चात् यहां बीजापुर रियासत का अधिकार हो गया। अधोनी में 13वीं शती का पत्थर चूने का बना एक मंदिर भी है जिसकी दीवारों पर मूर्तियां उकेरी हुई हैं। एक काले पत्थर पर देवनागरी लिपि में एक अभिलेख खुदा हुआ है।

अनंतगिरि (1) (महाराष्ट्र)

मध्यरेल्वे के वाडी बेजवाडा मार्ग पर विकाराबाद स्टेशन से 5 मील दूर यह पहाड़ी स्थित है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में यह मार्कंडेय ऋषि की तपोभूमि थी।

(2) (जिला करीमनगर, आ० प्र०) एक पहाड़ी पर एक प्राचीन दुर्ग अवस्थित है जो अब प्रायः खण्डहर हो गया है।

अनंतनाग

कश्मीर की प्राचीन राजधानी। नगर से 3 मील पूर्व की ओर प्रसिद्ध मार्तंड मंदिर स्थित है। यह मंदिर 725–760 ई० में बना था। इसका प्रांगण 220 फुट × 142 फुट है। इसके चतुर्दिक् लगभग 80 प्रकोष्ठों के अवशेष वर्तमान हैं। पूर्वी किनारे पर मुख्य प्रवेशद्वार का मंडप है। मंदिर 60 फुट लंबा और 38 फुट चौड़ा था। इसके द्वारों पर त्रिपार्श्वित चाप (महराब) थे जो इस मंदिर की वास्तुकला की विशेषता हैं। यह वैचित्र्य संभवतः बौद्ध चैत्यों की रचना के अनुकरण के कारण है किंतु मार्तंड मंदिर में यह त्रिपार्श्व महराब संरचना का भाग न होकर केवल अलंकरण मात्र है। द्वारमंडप तथा मंदिर के स्तंभों की वास्तु शैली रोम की डोरिक शैली से कुछ अंशों में मिलती जुलती है। स्तंभों के शीर्ष तथा आधार अनेक भागों को जोड़ कर बनाए गए हैं। इन पर

अधिकतर सोलह नालियां उत्कीर्ण हैं। दरवाजों के ऊपर त्रिकोण सरचनाए हैं और उनके बाहर निकले हुए भागों पर दुहेरी ढलवां छतों की बनावट प्रदर्शित की गई है जो कश्मीर की आधुनिक लकड़ी की छतों के अनुरूप ही जान पड़ती है। नेपाल के अनेक मंदिरों की छतें भी लगभग इसी सरचना का अतिविकसित रूप हैं। मार्तंड-मंदिर पर बहुत समय से छत नहीं है किंतु ऐसा समझा जाता है कि प्रारंभ में इस पर ढलवा लकड़ी की छत अवश्य रही होगी। मंदिर के प्रागण के छोटे प्रकोष्ठ पत्थर के चौकों से पटे हुए थे। मार्तंड-मंदिर सूर्य की उपासना का मंदिर था। उत्तर-पश्चिम भारत में सूर्यदेव की उपासना प्राय 11वीं शती ई० तक प्रचलित थी। मुसलमानी शासन के समय यहा के शासकों ने अनतनाग के मंदिर को नष्ट करके नगर को इसलामाबाद नाम दिया था किंतु अभी तक प्राचीन नाम ही प्रचलित है।

अनतवरम् (केरल)

केरल की वर्तमान राजधानी त्रिवेंद्रम का प्राचीन पौराणिक नाम जिसका उल्लेख ब्रह्माडपुराण और महाभारत में है। इसे तिरू अनतपुरम् भी कहते थे।

अनधामसी (जिला परभणी, महाराष्ट्र)

यहां एक प्राचीन दुर्ग के अवशेष हैं। यह दुर्ग संभवत देवगिरि के यादव-नरेशों द्वारा 13वीं शती में बनवाया गया था।

अनवतत दे० अनोतत

अनवा (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

सिल्लोद ताल्लुके में स्थित इस छोटे-से ग्राम में 12वीं शती ई० में बना एक सुदर मंदिर स्थित है जिसके महामडप की वर्तुल छत में मनोहर नक्काशी व मूर्तिकारी प्रदर्शित की गई है।

अनालव

महाभारत, अनुशासन पर्व में इस तीर्थ का नैमिषारण्य के साथ उल्लेख है जिससे इसकी स्थिति का कुछ अनुमान किया जा सकता है। 'मतगवाप्यां य स्नानादेकरात्रेण सिद्धयति विगाहति ह्यनालबमधरं वै सनातनम्'—अनुशासन०, 25,32।

अनास्त (जिला कागड़ा, पजाब)

यह प्राचीन तीर्थ धौम्यगगा के तट पर स्थित है। इसका आधुनिक नाम जगतसुख है। पांडवों के पुरोहित धौम्य से, जो देशभ्रमण में उनके साथ रहे थे, इस ग्राम का सबध बताया जाता है।

अनिंदितपुर

8वीं शती ई० में दक्षिण कबोडिया या कबुज का एक छोटा सा भारतीय

औपनिवेशिक राज्य जिसका उल्लेख कंबोडिया के प्राचीन इतिहास में है। अनिन्दितपुर के राजा पुष्कराक्ष द्वारा शंभुपुर नामक पार्श्ववर्ती राज्य को हस्तगत करने का उल्लेख भी मिलता है।

अनिरुद्ध (ज़िला गोरखपुर, उ० प्र०)

कसिया अथवा प्राचीन कुशीनगर के निकट एक छोटा ग्राम है। खुदाई में यहां ईंटों का एक ढूह मिला है जिसका क्षेत्रफल लगभग 500 वर्गफुट है। कहा जाता है कि ये खण्डहर कुशीनगर में स्थित मल्लनरेशों के प्रासाद के हैं। (दे० अनुपिया)।

अनुतप्ता

विष्णुपुराण 2,4,11 के अनुसार प्लक्षद्वीप की सात मुख्य नदियों में से एक—'अनुतप्ता शिखी चैव विपाशा त्रिदिवा क्लमा अमृता सुकृता चैव सप्तैतास्तत्र निम्नगाः'। संभवतः यहां अधिकांश नदियों के नाम काल्पनिक हैं।

अनुप = अनूप (म० प्र०)

नर्मदा-तट पर स्थित माहिष्मती के परवर्ती प्रदेश या निमाड़ का प्राचीन नाम। गौतमीबलश्री के नासिक अभिलेख में अनुपदेश को शातवाहन-नरेश गौतमीपुत्र (द्वितीय शती ई०) के विशाल राज्य का एक अंग बताया गया है। कालिदास ने रघु० 6,37 में, इंदुमती के स्वयंवर के प्रसंग में माहिष्मती-नरेश प्रतीप को अनूप-राज कहा है—'तामग्रतस्तामरसान्तराभामनूपराजस्यगुणैरनूनाम्, विधायसृष्टिं ललितां विधातुर्जगाद भूयः सुदतीं सुनन्दा'। रघु० 6,43 में माहिष्मती का वर्णन है। गिरनार-स्थित रुद्रदामन् के प्रसिद्ध अभिलेख में इस प्रदेश को रुद्रदामन् द्वारा विजित बताया गया है—'स्ववीर्यार्जितानामनुरक्त प्रकृतीनां—आनर्त सुराष्ट्र श्वभ्रभरुकच्छ सिंधुसौवीर कुकुरापरान्त निषादादीनाम्'—अनुप या अनूप का शाब्दिक अर्थ 'जल के समीप' स्थित देश है।

दे० अनूरक

अनुपिया

बुद्धकाल में मल्लक्षत्रियों का एक नगर जो पूर्वी उत्तर-प्रदेश में वर्तमान कसिया या कुशीनगर (ज़िला गोरखपुर) के आसपास ही कहीं स्थित होगा (दे० लॉ,—सम क्षत्रिय ट्राइब्स, पृ० 149)। संभवतः यह नगर वर्तमान अनिरुद्ध के स्थान पर ही बसा था।

अनुमकुंडपट्टन—वारंगल

अनुविंद

महाभारत सभा० 31,10 में अवंतिजनपद के विंद तथा अनुविंद नामक

नगरी की स्थिति नर्मदा के समीप बताई गई है—'ततस्तेनैव सहितो नर्मदामभितो ययौ, विन्दानुविन्दावावन्त्यौ सैन्येनमहतावृतौ'। अभिज्ञान अनिश्चित है।

अनुराधपुर (लंका)

सिहल देश की प्राचीन राजधानी है। महावश 7,43 मे इसका उल्लेख है। इस नगर को राजकुमार विजय (जो भारत से सिंहल मे जाकर बस गया था) के अनुराध नामक एक सामंत ने कदब-नदी—वर्तमान मलवत्तुओय—के तट पर बसाया था। महावंश 10,76 से यह भी विदित होता है कि यह नगर अनुराधा नक्षत्र के मुहूर्त मे बसाया गया था। एक अन्य बौद्ध किंवदंती के अनुसार अनुराधपुर मगध-सम्राट् अजातशत्रु के पुत्र उदायी, उदयन या उदयाश्व (496–480 ई० पू०) के समय मे बसाया गया था। उदायी के पुत्र अनिरुद्ध ने दक्षिण भारत के अनेक देशो को जीत कर लका पर भी आक्रमण किया तथा उसे विजित कर वहा अनिरुद्धपुर नामक नगर बसाया जिसका नाम कालांतर मे अनुराधापुर या अनुराधपुर हो गया।

अनुराधपुर के विस्तृत खडहरो मे बौद्धकालीन अनेक अवशेष प्राप्त हुए हैं। इनमे देवानांप्रिय तिस्सा का बनवाया थूपाराम स्तूप, दुतुजेमुनु द्वारा निर्मित रुआवेलिसिया और सावती स्तूप और तिस्सा के पुत्र वातागामनीक का बनवाया अभयगिरि स्तूप प्रमुख है।

अनूप (1)=अनुप

(2) कच्छ (गुजरात) का एक प्राचीन नाम जिसका उल्लेख महाभारत मे है (दे० अनूपक)।

अनूपक

'अनूपका. किरातारच ग्रीवाया भरतर्षभ, पटच्चरैश्च पौंड्रैश्च राजन् पौरव-कैस्तथा', महा० भीष्म० 50, 48। महाभारत-युद्ध मे इस जनपद के निवासियो का पाडवो की ओर से लड़ने का वर्णन मिलता है। अनूपक या तो कच्छ या माहिष्मती के परवर्ती प्रदेश का नाम हो सकता है (दे० अनुप, अनूप)।

अनूपशहर (जिला बुलंदशहर, उ० प्र०)

अनूपराय बडगूजर ने इस नगर को जहागीर के राज्यकाल मे बसाया था। यह कस्बा गगा के दक्षिण तट पर स्थित है।

अनेगुंडी (जिला रायचूर, मैसूर)

तुगभद्रा के तट पर बसा हुआ अत्यत प्राचीन नगर। नगर के दूसरी ओर हपी के खण्डहर हैं जहा 16वी शती का प्रसिद्ध ऐश्वर्यशाली नगर विजयनगर स्थित था। तालीकोट के निर्णायक युद्ध (1565 ई०) के पश्चात् हपी और

अनेगुडी दोनो ही नगरो को मुसलमान विजेताओं ने लूट कर नष्ट-भ्रष्ट कर दिया था। अनेगुडी शब्द का अर्थ हाथी-घर है। यहीं विजयनगर दरबार के हाथी रखे जाते थे। अब यह जगह बिल्कुल खण्डहर हो गई है। कुछ विद्वानों के मत मे चीनी यात्री युवानच्वांग द्वारा वर्णित 'कोंगकोनपुल' या कुकुनपुर यही अनेगुडी था। विजयनगर के नरेशों द्वारा बनवाए हुए भवनो के चिह्न यहां अब भी वर्तमान हैं। 'ओंचा अप्पमठ' के स्तंभ और गणेश मंदिर की पाषाणजालियां तथा सुन्दर उत्कीर्ण मूर्तियां प्राचीन कला-वैभव के ज्वलंत उदाहरण है। स्तंभ काले पत्थर के बने हुए हैं और उन पर गहरी नक्काशी है। स्तंभो की नक्काशी और उन पर मूर्तियो का उत्किरण बिल्लारी जिले के हुविना हदगट्ट मन्दिर की याद दिलाते हैं। ओंचाअप्प मठ की छत पर प्राचीन चित्रकारी के अंश भी मिले हैं। एक फलक पर हाथी की मुद्रा में स्थित पांच नर्तकियो के ऊपर शिव को आसीन दिखाया गया है। इसी प्रकार घोड़े तथा पालकी की आकृतियो के रूप मे स्त्रियों का अंकन किया गया है। यह चित्रकारी शायद 17 वीं शती की है।

जनश्रुति के अनुसार रामायण मे वर्णित वानरों की राजधानी किष्किंधा अनेगुडी के स्थान पर ही बसी हुई थी।

अनोतत

हिमालय-पर्वत पर स्थित एक सरोवर जिससे गंगा, वक्षु, सिंधु और सीता नदियों का उद्गम माना गया है। बौद्ध एवं जैन साहित्य तथा चीनी ग्रंथो मे इसका उल्लेख है। इसका मूल नाम संभवतः अनवतप्त था। श्री बी० सी० लॉ के मत में यह सरोवर वर्तमान रावणहृद है। यह भी संभव है कि मानसरोवर ही को बौद्ध एवं जैन साहित्य में अनोतत्त-सरोवर कहा गया हो।

अनोमा

बौद्ध साहित्य मे प्रसिद्ध नदी। बुद्ध की जीवन-कथाओं मे वर्णित है कि सिद्धार्थ ने कपिलवस्तु को छोडने के पश्चात् इस नदी को अपने घोडे कथक पर पार किया था और यहीं से अपने परिचारक छंदक को विदा कर दिया था। इस स्थान पर उन्होंने राजसी वस्त्र उतार कर अपने केशो को काट कर फेंक दिया था। किंवदंती के अनुसार जिला बस्ती, उ० प्र० में खलीलाबाद रेलस्टेशन से लगभग 6 मील दक्षिण की ओर जो कुदवा नाम का एक छोटा-सा नाला बहता है वही प्राचीन अनोमा है और क्योंकि सिद्धार्थ के घोडे ने यह नदी कूद कर पार की थी इसलिए कालांतर मे इसका नाम 'कुदवा' हो गया। कुदवा से एक मील दक्षिण-पूर्व की ओर एक मील लम्बे-चौड़े क्षेत्र में खण्डहर हैं

जहां तामेश्वरनाथ का वर्तमान मदिर है। युवानच्वांग के वर्णन के अनुसार इस स्थान के निकट अशोक के तीन स्तूप थे जिनसे बुद्ध के जीवन की इस स्थान पर घटने वाली उपर्युक्त घटनाओ का बोध होता था। इन स्तूपो के अवशेष शायद तामेश्वरनाथ मदिर के तीन मील उत्तर पश्चिम की ओर बसे हुए महायानडीह नामक ग्राम के आसपास तीन डूहो के रूप मे आज भी देखे जा सकते हैं। यह डूह मगहर स्टेशन से दो मील दक्षिण-पश्चिम मे हैं। श्री बी० सी० लॉ के मत मे जिला गोरखपुर की ओमी नदी ही प्राचीन अनोमा है।

अन्हलवाडा (गुजरात)=पाटन

प्राचीन गुजरात की महिमामयी राजधानी पाटन या अन्हलवाडा की स्थापना चावडा वश के वनराज या बदाज द्वारा 746 ई० मे हुई थी। उसे इस कार्य मे जैनाचार्य शीलगुण से विशेष सहायता मिली थी। वनराज के पिता जयकृष्ण का राज्य, कच्छ की रन के निकटस्थ पचसर नामक स्थान पर था। वनराज ने नए नगर को सरस्वतीनदी के तट पर स्थित प्राचीन ग्राम लखराम की जगह बसाया था। यह सूचना हमे जैन पट्टावलियों से मिलती है। धर्मसागरकृत प्रवचनपरीक्षा मे 1304 ई० तक अन्हलवाडा के राजाओ का वर्णन है। एक किवदती के अनुसार जब 770 ई० मे लगभग अरब आक्रमणकारियो ने काठियावाड के प्रसिद्ध नगर वल्लभीपुर को नष्ट कर दिया तो वहां के राजपूतो ने अन्हलवाडा बसाया था। अन्हलवाडा मे चावडावश का शासनकाल 942 ई० तक रहा। इस वर्ष चालुक्य अथवा सोलकी वश के नरेश मूलराज ने गुजरात के इस भाग पर अधिकार कर लिया। चालुक्य-शासनकाल मे गुजरात उन्नति के शिखर पर पहुच गया। मूलराज ने सिद्धपुर मे रुद्रमहालय नामक देवालय निर्मित किया था। इस वश मे सिद्धराज जयसिंह (1094–1143 ई०) सबसे प्रसिद्ध राजा था। यह गुजरात की प्राचीन लोक-कथाओं में मालवा के भोज की तरह ही प्रसिद्ध है। जैनाचार्य हेमचद, सिद्धराज के ही राज्याश्रय मे रहते थे। हेमचद्र और उनके समकालीन सोमेश्वर के ग्रन्थो मे 12वी शती के पाटन के महान् ऐश्वर्य का विवरण मिलता है। सिद्धराज के समय मे इस नगर मे अनेक सत्रालय और मठ स्थापित किए गए थे। इनमे विद्वानो और निर्धनो को नि:शुल्क भोजन तथा निवासस्थान दिया जाता था। इस काल मे पाटन, गुजरात की राजनीति, धर्म तथा सस्कृति का एकमात्र महान केन्द्र था। जैन धर्म की भी यहां 12वी शती मे बहुत उन्नति हुई। सिद्धराज विद्या तथा कलाओं का प्रेमी था और विद्वानो का आश्रयदाता था।

सिद्धराज के पश्चात् मुसलमान आक्रमणकारियों ने इस नगर की सारी

भी समाप्त कर दी। गुजरात में किंवदंती है कि महमूद गजनवी ने इस नगर को लूटा ही था किंतु मु० तुगलक ने इसे पूरी तरह उजाड़ कर हल चलवा दिए थे। मु० तुगलक से पहले अलाउद्दीन खिलजी ने 1304 ई० में पाटन-नरेश कर्णबघेला को परास्त किया था और इस प्रकार यहां के प्राचीन हिंदू राज्य की इतिश्री कर दी थी। 15वीं शती में गुजरात का सुलतान अहमदशाह पाटन से अपनी राजधानी उठा कर नए बसाए हुए नगर अहमदाबाद में ले गया और इसके साथ ही पाटन के गौरव का सूर्य अस्त हो गया।

पाटन या पाटण अब भी एक छोटा-सा कस्बा है जो महसाणा से 25 मील दूर है। स्थानीय जनश्रुति है कि महाभारत में उल्लिखित हिडिंबवन पाटन के निकट ही स्थित था और भीम ने हिडिंब राक्षस को मारकर उसकी बहिन हिडिंबा से यहीं विवाह किया था। पाटन के खण्डहर सहस्रलिंग झील के किनारे स्थित हैं। इसकी खुदाई में अनेक बहुमूल्य स्मारक मिले हैं—इनमें *मुख्य हैं भीमदेव प्रथम की रानी उदयमती की वाव या बावड़ी, रानी महल* और पार्श्वनाथ का मंदिर। ये सभी स्मारक वास्तुकला के सुंदर उदाहरण हैं।

अपक्खर

पाणिनि 4,3,32 में उल्लिखित यह स्थान सिंध नदी (पाकिस्तान) के तट पर स्थित भक्खर जान पड़ता है।

अपग

ब्रह्मांडपुराण *49 में उल्लिखित संभवतः वर्तमान अफगानिस्तान है।* (न० ला० डे)।

अपरकाशि

महाभारत में वर्णित है। गंगा गोमती के बीच का प्रदेश प्राचीन काल में *काशी कहलाता था।* अपरकाशि इस प्रदेश का पश्चिमी भाग था। (दे० वा० *वा० अग्रवाल का कादंबिनी, अक्तूबर 62 में प्रकाशित लेख)।*

अपरताल

वाल्मीकि-रामायण अयोध्याकांड 68,12 में इस स्थान का उल्लेख अयोध्या के दूतों की केकय देश (पंजाब के अंतर्गत) की यात्रा के प्रसंग में है—'न्यन्ते नापरतालस्य प्रलम्बस्योत्तरं प्रति निषेवमाणाजग्मुर्नदीमध्येन मालिनीम्'। इस *देश के संबंध में मालिनी-नदी का उल्लेख होने से यह जान पड़ता है कि इस* देश में जिला बिजनौर और गढ़वाल (उ० प्र०) का कुछ भाग सम्मिलित रहा होगा। मालिनी गढ़वाल के पहाड़ों से निकल कर बिजनौर नगर से 6 मील दूर गंगा में रावलीघाट के निकट मिलती है। इसके आगे दूतों के हस्तिनापुर

मे पहुच कर गगा को पार करने का उल्लेख है (68,13) । इससे भी यह अभिज्ञान ठीक ही जान पडता है । प्रलब बिजनौर जिले का दक्षिण भाग था क्योंकि उपर्युक्त उद्धरण मे उसे मालिनी के दक्षिण मे बताया गया है । मालिनी इस जिले के उत्तरी भाग मे बहती है ।

अपरनदा

'तत प्रयात कौन्तेय क्रमेण भरतर्षभ, नन्दामपरनन्दा च नद्यौ पापभयापहे' महा॰ वन॰ 110,1 पाडवो की तीर्थयात्रा के प्रसग मे नदा और अपरनदा नामक नदियो का उल्लेख है जो सदर्भानुसार पूर्वबिहार या बगाल की नदियां जान पडती हैं । अभिज्ञान अनिश्चित है ।

अपरमत्स्य

'सुकुमार वशे चक्र सुमित्र च नराधिपम्, तथैवापरमत्स्याश्च व्यजयत् स पटच्चरान' महा॰ सभा॰ 31,4 । इस उद्धरण से सूचित होता है कि सहदेव ने अपनी दिग्विजययात्रा मे अपरमत्स्य देश को जीता था । इससे पूर्व उन्होने शूरसेन और मत्स्य-नरेश पर भी विजय प्राप्त की थी (सभा॰ 31,4) । इससे जान पडता है कि अपरमत्स्य देश मत्स्य (जयपुर-अलवर क्षेत्र) के निकट ही, सभवत उससे दक्षिण-पूर्व की ओर था जैसा कि सहदेव के यात्राक्रम से सूचित होता है । उपर्युक्त उद्धरण से यह भी स्पष्ट है कि अपरमत्स्य देश मे पटच्चर या पाटच्चर (यह अपरमत्स्य के पार्श्ववर्ती प्रदेश का नाम हो सकता है) नामक लोगो का निवास था । सभवत ये लोग चोरी करने मे अभ्यस्त थे जिससे 'पाटच्चर' का सस्कृत मे अर्थ ही चोर हो गया है । रायचौधरी के मत मे यह देश चबल-तट के उत्तरी पहाडो मे स्थित था (दि पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव एशेंट इडिया, चतुर्थ सस्करण, पृ॰ 116) दे॰ पटच्चर ।

अपरसेक

'सेकानपरसेकाश्च व्यजयत् सुमहाबल' महा॰ सभा॰ 31,1 । सहदेव ने दक्षिण दिशा की विजययात्रा मे सेक और अपरसेक नामक देशो पर विजय प्राप्त की थी । प्रसग से जान पडता है कि ये देश चबल और नर्मदा के बीच मे स्थित होंगे ।

अपरात

(1) महाराष्ट्र के अतर्गत उत्तर-कोकण (गोआ आदि का इलाका) । अपरात का प्राचीन साहित्य मे अनेक स्थानो पर उल्लेख है—''तत शूर्पारक देश सागरस्तस्य निर्ममे, सहसा जामदग्न्यस्य सोऽपरान्तमहीतलम्' महा॰ शान्ति॰ 49,66-67 । 'तथापरान्ता सौराष्ट्रा शूराभीरास्तथार्बुदा '—विष्णु॰

2,3,16। 'तस्यानीकैर्विसर्पद्भिरपरान्तजयोद्यतैः' रघु० 4,53। कालिदास ने रघु की दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में पश्चिमी देशों के निवासियों को अपरांत नाम से अभिहित किया है और इसी प्रकार कोशकार अमर ने भी 'अपरान्तास्तु पाश्चात्यास्ते' कहा है। रघुवंश 4,58 में भी अपरांत के राजाओं का उल्लेख है। इस प्रकार अपरांत नाम सामान्य रूप से पश्चिमी देशों का द्योतक था किंतु विशेषरूप से (जैसे महाभारत के उपर्युक्त उद्धरण में) इस नाम से उत्तर-कोंकण का बोध होता था। महावंश 2,4 के उल्लेख के अनुसार अशोक के शासनकाल में यवन धर्मरक्षित को अपरांत में बौद्धधर्म के प्रचार के लिए भेजा गया था। इस संदर्भ में भी अपरांत से पश्चिम के देशों का ही अर्थ ग्रहण करना चाहिए। महाभारत शान्ति० 49,66-67 से सूचित होता है कि शूर्पारक नामक देश को जो अपरान्तभूमि में स्थित था, परशुराम के लिए सागर ने छोड़ दिया था ('ततः शूर्पारकं देशं सागरस्तस्य निर्ममे, सहसा जामदग्न्यस्य सोऽपरान्त-महीतलम्')। सभा० 51,28 से सूचित होता है कि अपरांत देश में जो परशुराम की भूमि थी तीक्ष्ण फरसे (परशु) बनाए जाते थे—('अपरान्त समुद्भूतास्तथैव परशून्छितान्') गिरनार-स्थित रुद्रदामन् के प्रसिद्ध अभिलेख में अपरांत का रुद्रदामन् द्वारा जीते जाने का उल्लेख है—'स्ववीर्यार्जितानामनुरक्त सर्वप्रकृतीनां सुराष्ट्रश्वभ्रभरुकच्छसिंधुसौवीरकुकुरापरान्तनिषादादीनां'—यहां अपरांत कोंकण का ही पर्याय जान पड़ता है। विष्णुपुराण में अपरांत का उत्तर के देशों के साथ उल्लेख है। वायुपुराण में अपरांत को अपरित कहा गया है।

(2) ब्रह्मदेश (बर्मा) के एक प्राचीन नगर का नाम जो आज भी भारतीय औपनिवेशिकों का स्मरण दिलाता है।

अपरांतिक

लैटिन भाषा के पेरिप्लस नामक यात्रावृत्त (प्रथम शती ई०) में अपरांतिक या अपरांत को ही शायद एरिआके नाम से अभिहित किया गया है। रायचौधरी के अनुसार एरिआके वराहमिहिर की बृहत्संहिता में उल्लिखित आर्यक भी हो सकता है—(पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव एंशेंट इंडिया—चतुर्थ संस्करण, पृ० 406)।

अपरित दे० **अपरांत**

अपसड़ (ज़िला गया, बिहार)

इस स्थान से मगधवंशीय राजा आदित्यसेन का एक महत्त्वपूर्ण अभिलेख प्राप्त हुआ था। इसमें आदित्यसेन की माता श्रीमती द्वारा एक विहार और उसकी पत्नी कोणदेवी द्वारा एक तड़ाग बनवाए जाने का उल्लेख है। अभिलेख तिथिहीन है। इसमें अंतिम गुप्तनरेशों के बारे में और उनकी मौखरियों से

प्रतिष्ठिता का जिक्र है जो ऐतिहासिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इसमे दी गई वंशावली इस प्रकार है—कृष्णगुप्त, हर्षगुप्त, जीवितगुप्त, कुमारगुप्त (इसने मौखरी-नरेश ईश्वरवर्मन् को पराजित किया), दामोदरगुप्त (इसने हूणो के विजेता मौखरियो को परास्त किया, यह स्वय भी युद्ध मे मारा गया था,) महासेनगुप्त (इसने कामरूप-नरेश सुस्थिवर्मन् को पराजित किया), माधवगुप्त (यह कन्नौजाधिप हर्ष के साहचर्य मे रहा था) और आदित्यसेन।

अपापापुर=पावापुरी (बिहार)

बिहारशरीफ स्टेशन से 9 मील पर स्थित है। अंतिम जैन तीर्थंकर महावीर के मृत्युस्थान के रूप मे यह स्थान इतिहास-प्रसिद्ध है। महावीर की मृत्यु 72 वर्ष की आयु मे अपापापुर मे राजा हस्तिपाल के लेखको के कार्यालय मे हुई थी। उस दिन कार्तिकमास के कृष्णपक्ष की अमावस्या थी। विविध तीर्थकल्प के अनुसार अंतिम जिन या तीर्थंकर महावीर की वाणी इस स्थान के निकट स्थित एक पहाडी की गुफा मे गूजती थी। इस जैन ग्रन्थ के अनुसार महावीर जृंभिका से महासेनवन मे आए थे। यहा उन्होने दो दिन के उपवास के पश्चात् अपना अंतिम उपदेश दिया और राजा हस्तिकाल के करागृह में पहुच कर निर्वाण प्राप्त किया। (दे० पावापुरी)

अफगानिस्तान दे० गधार

अफजलगढ़ (जिला बिजनौर, उ० प्र०)

इसे नवाब अफजलखां पठान (1748-1794 ई०) ने बसाया था।

अबोहर (जिला फिरोजपुर, पजाब)

भट्टी राजपूत राजा जोर का बसाया हुआ नगर। कहा जाता है कि नगर का नाम उबोहर अर्थात उबो (राजपूत रानी का नाम) का ताल है। अलाउद्दीन खिलजी के समय यह नगर राजामल भट्टी के अधिकार मे था। 1328 ई० मे मुहम्मद तुगलक और किशलूखां की सेनाओ मे यहां निर्णायक युद्ध हुआ था। तारीख फीरोजशाही का लेखक शमसुसिराज अफीफ अबोहर निवासी ही था। अबोहर का उल्लेख इब्नबतूता ने अपने यात्रा-विवरण मे किया है।

अभयवापी (लका)

महावंश 10,88 मे उल्लिखित स्थान वर्तमान बसवककुलम्। इसे सिंहल-नरेश पाडुकाभय ने बनवाया था।

अभिकाल

वाल्मीकि-रामायण 2,68,11 मे इस स्थान का उल्लेख अयोध्या के दूतो की केकययात्रा के प्रसग मे है—'अभिकालतत प्राप्य तेजोभिभवनाच्च्युता.'। जान

पड़ता है कि यह स्थान पंजाब में व्यास नदी के पूर्व की ओर स्थित होगा क्योंकि इस नदी का वर्णन 2,68,19 में है जो दूतों को अभिकाल से पश्चिम की ओर चलने पर मिली थी।

अभिसारी

महाभारत सभा० 27,19 में अभिसारी नामक नगरी पर अर्जुन द्वारा विजय प्राप्त करने का उल्लेख है—'अभिसारी ततो रम्या विजिग्ये कुरुनन्दन। उरगावासिन चैव रोचमानं रणेऽजयत्'। प्रसंग से सूचित होता है कि अभिसारी ग्रीक लेखकों का आबिसारिस नामक नगर या राज्य है जो तक्षशिला के उत्तर के पर्वतों में बसा हुआ था। अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण के समय (327 ई० पू०), यहां के राजा तथा तक्षशिलानरेश आंभी ने बिना युद्ध किए ही यवनराज से मित्रता की संधि कर ली थी। यह छोटा-सा राज्य चिनाब नदी के पश्चिम में पुंछ, राजौरी और भिंभर की पहाड़ियों में स्थित था। इस इलाके को छिभाल भी कहा जाता है। महाभारत के उद्धरण में उरगा या उरशा वर्तमान हज़ारा (प० पाकिस्तान) है।

अमरकंटक (म०प्र०)

रीवा से 160 मील और पेंड्रा रेलस्टेशन से 15 मील दूर नर्मदा तथा शोण या सोन के उद्गम-स्थान के रूप में प्रख्यात है। यह पठार समुद्रतट से 2500 फुट से 3500 फुट तक ऊंचा है। नर्मदा का उद्गम एक पर्वतकुंड में बताया जाता है। अमरकंटक में नर्मदा के उद्गम स्थान के पर्वत को सोम भी कहा गया है। (दे० सोमोद्भवा) अमरकंटक ऋक्षपर्वत का एक भाग है जो पुराणों में वर्णित सप्तकुलपर्वतों में से एक है। अमरकंटक में अनेक मंदिर और प्राचीन मूर्तियां हैं जिनका संबंध पांडवों से बताया जाता है किंतु मूर्तियों में से अधिकांश पुरानी नहीं हैं। वास्तव में प्राचीन मंदिर थोड़े ही हैं—इनमें से एक त्रिपुरी के कलचुरि-नरेश कर्णदेव (1041-1073 ई०) का बनवाया हुआ है। इसे कर्णदहरिया का मंदिर कहते हैं। यह तीन विशाल शिखरयुक्त मंदिरों के समूह से मिलकर बना है। ये तीनों पहले एक महामंडप से संयुक्त थे किंतु अब यह नष्ट हो गया है। बेगलर के अनुसार तीन कलश-युक्त भास्कर्य तथा मूर्तियों से अलंकृत शिखर सहित इस मंदिर की अलौकिक सुंदरता केवल देखने से ही अनुभूत की जा सकती है। इस मंदिर के बाद का बना हुआ एक अन्य मंदिर मच्छेंद्र का भी है। इसका शिखर भुवनेश्वर के मंदिर के शिखर की आकृति का है। यह मंदिर कई विशेषताओं में कर्णदहरिया के मंदिर का अनुकरण जान पड़ता है।

नर्मदा का वास्तविक उद्गम उपर्युक्त कुंड से थोड़ी दूर पर है। बाण ने

इसे चद्रपर्वत कहा है (दे० चद्र, सोमोद्भवा) यही से आगे चलकर नर्मदा एक छोटे से नाले के रूप मे बहती दिखाई पडती है। इस स्थान से प्राय ढाई मील पर अरडी सगम तथा एक मील और आगे नर्मदा की कपिलधारा स्थित है। कपिलधारा नर्मदा का प्रथम प्रपात है जहा नदी 100 फुट की ऊचाई से नीचे गहराई म गिरती है। इसके थोडा और आगे दुग्धधारा है जहा नर्मदा का शुभ्रजल दूध के श्वेत फेन के समान दिखाई देता है। शोण या सोन नदी का उद्गम नर्मदा के उद्गम स एक मील दूर सोन-मूढा नामक स्थान से हुआ है। यह भी नर्मदा-स्रोत के समान ही पवित्र समझा जाता है—(दे० अमरकूट, आम्रकूट) महाभारत वन० 85,9 म नर्मदा शोण उद्भव के पास वशगुल्म नामक तीर्थ का उल्लेख है। यह स्थान प्राचीन काल मे विदर्भ देश के अतर्गत था। वशगुल्म का अभिज्ञान वासिम से किया गया है।

अमरकुण्ड

जैन-ग्रन्थ विविध तीर्थकल्प म आध्रप्रदेश के इस नगर को जैनतीर्थ माना गया है। ग्रन्थ के अनुसार इस स्थान के निकट एक पहाड पर एक सुदर मदिर स्थित था जिसमे ऋषभदेव और शातिनाथ की मूर्ति प्रतिष्ठापित थी।

अमरकूट (म० प्र०)

रीवा से 97 मील दूर एक पहाडी है जो अमरकटक का ही एक भाग है। यह गहनवनो से आच्छादित है। कई विद्वानो का मत है कि मेघदूत 1,16 मे वर्णित आम्रकूट यही है।

अमरकोट (सिध, प० पाकिस्तान)

दिल्ली से सिध जाने वाले मार्ग पर जिला थरपारकर का मुख्य स्थान है। 1542 ई० म जब दुर्भाग्यग्रस्त हुमायू और हमीदा बेगम दुश्मनो से बचकर यहा भागते हुए आए थे, तो भावी मुगल सम्राट् अकबर का जन्म इसी स्थान पर हुआ था (रविवार, 15 अक्टूबर, 1542 ई०)। इस घटना का सूचक एक प्रस्तर-स्तभ आज भी अकबर के जन्मस्थान पर गडा हुआ है। कहा जाता है कि पुत्रजन्म का समाचार हुमायू को उस समय मिला जब वह अमरकोट से कुछ दूरी पर ठहरा हुआ था। वह इस समय अकिंचन था और उसने अपने साथियो को इस शुभ समाचार को सुनने के पश्चात् कस्तूरी के कुछ टुकडे बाट दिए और कहा कि कस्तूरी की सुगन्ध की भाति ही बालक का यश सौरभ ससार मे भर जाए। उसका यह आशीर्वाद आगे चलकर भविष्यवाणी सिद्ध हुआ।

अमरगढ (जिला परभणी, महाराष्ट्र)

मध्यकालीन, (सभवत देवगिरि के यादवनरेशो के समय का) एक दुर्ग यहा

स्थित है।

अमरनाथ (कश्मीर)

हिमाच्छादित शैलमालाओं के बीच समुद्रतल से लगभग 12000 फुट की ऊंचाई पर पहलगाव से 27 मील दूर प्राचीन महत्वपूर्ण तीर्थ है। गुफा में ऊपर से जल टपकने के कारण नीचे हिमनिर्मित शिवलिंग की आकृति उच्चस्तम्भ (Stalagmite) बन जाती है जिसके लिए कहा जाता है कि यह शुक्लपक्ष में स्वयं निर्मित होकर कृष्णपक्ष में धीरे-धीरे विगलित हो जाती है। अमरनाथ की यात्रा वर्ष में केवल एक दिन श्रावणपूर्णिमा—रक्षाबंधन दिवस को होती है (दे० अमरपर्वत)।

अमरपर्वत

'कृत्स्नं पञ्चनदं चैव तथैवामरपर्वतम्, उत्तरज्योतिषं चैव तथा दिव्यकटपुरम्-द्वारपालं च तरसा वशेचक्रे महाद्युतिः' महा० सभा 32, 11-12। नकुल ने अपनी पश्चिम दिशा की विजय-यात्रा के प्रसंग में अमरपर्वत को विजित किया था। प्रसंग से यह पंजाब का कोई पर्वत जान पड़ता है। संभव है अमरनाथ का ही इस उद्धरण में अमरपर्वत कहा गया हो।

अमरपुर (जिला कोल्हापुर, महाराष्ट्र)

कोल्हापुर से 33 मील दूर स्थित नृसिंहवाडी का प्राचीन नाम है। यहां अमरेश्वरमहादेव का प्राचीन मंदिर है। अमरपुर पंचगंगा और कृष्णा के संगम पर स्थित है।

अमरवेलि (गुजरात)

गुजरात की एक छोटी नदी जो मेहसाणा ताल्लुके में स्थित परसोडा ग्राम के निकट साबरमती में मिलती है। संगम पर विभाडक के पुत्र शृंगी ऋषि के आश्रम की स्थिति मानी जाती है। इसका उल्लेख वाल्मीकि-रामायण तथा महाभारत में है। इसे ऋषितीर्थ भी कहा जाता है। मंजरी और सुरसरि नामक अन्य दो सरिताएं भी यहां साबरमती में मिलती हैं।

अमराबाद (जिला मेहबूबनगर, आं० प्र०)

इस ताल्लुके में वारंगल के राजा प्रतापरुद्र के समय में बना हुआ प्रतापरुद्र कोट नामक दुर्ग स्थित है जो अब खंडहर हो गया है। अमराबाद के पठार की पहाड़ियों पर प्राचीन मंदिर भी हैं जिनमें महेश्वर का मंदिर एक ऊंचे शिखर पर बना है। इस तक पहुंचने के लिए नौसौ सीढ़ियां हैं।

अमरावती (1)—धान्यकटक (आं० प्र०)

कृष्णा नदी के तट पर अवस्थित, प्राचीन आंध्र की राजधानी है। आंध्र-

वंशीय सातवाहन नरेश शातकर्णी ने संभवत 180 ई० पू० के लगभग इस स्थान पर अपनी राजधानी स्थापित की थी। सातवाहन-नरेश ब्राह्मण होते हुए भी बौद्ध—हीनयान—मत के पोषक थे और उन्हीं के शासन काल मे अमरावती का प्रख्यात बौद्ध स्तूप बना था जो 13वीं शती तक अनेक बौद्ध यात्रियो के आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस स्तूप की वास्तुकला और मूर्तिकारी सांची और भरहुत की कला के समान ही सुदर, सरल और परमोत्कृष्ट है और संसार की धार्मिक मूर्तिकला मे उसका विशिष्ट स्थान माना जाता है। बुद्ध के जीवन की कथाओ के चित्र जो मूर्तियो के रूप में प्रदर्शित हैं, यहां के स्तूप पर सैकड़ो की संख्या मे उत्कीर्ण थे। अब यह स्तूप नष्ट हो गया है किंतु इसकी मूर्तिकारी के अवशेष संग्रहालय मे सुरक्षित हैं। धान्यकटक की निकटवर्ती पहाड़ियों मे श्रीपर्वत या नागार्जुनीकोंड नामक स्थान था जहां बौद्ध दार्शनिक नागार्जुन काफी समय तक रहे थे। आंध्रवंश के पश्चात् अमरावती मे कई शतियों तक इक्ष्वाकु राजाओ का शासन रहा। इन्होने इस नगरी को छोड़कर नागार्जुनीकोंड या विजयपुर को अपनी राजधानी बनाया। अमरावती अपने समृद्धिकाल में प्रसिद्ध व्यापारिक नगरी भी थी। समुद्र से कृष्णा नदी होकर अनेक व्यापारिक जलयान यहां पहुंचते थे। वास्तव मे इसकी समृद्धि तथा कला का एक कारण इसका व्यापार भी था।

(2) उज्जयिनी का एक प्राचीन नाम।

(3) कावेरी की सहायक नदी। अमरावती-कावेरी संगम से 6 मील पर करूर या तिरुआारै नगर बसा है जो अमरावती के वाम तट पर है।

(4) (अनाम) प्राचीन भारतीय उपनिवेश चंपा का उत्तरी भाग। 5वीं शती ई० के प्रारंभ मे यहां चंपा के राजा धर्ममहाराज श्रीभद्रवर्म्मन् का आधिपत्य था। इसकी मृत्यु 493 ई० मे हुई थी। चंपापुर तथा इंद्रपुर यहां के दो प्रसिद्ध नगर थे।

अमरेन्द्रपुर (कंबोडिया)

प्राचीन कंबुज का एक नगर जहां 9वीं शती ई० के हिन्दू राजा जयवर्म्मन् द्वितीय की राजधानी कुछ कालपर्यंत रही थी। यह नगर वर्तमान अंगकोरथोम के उत्तर-पश्चिम मे 100 मील की दूरी पर स्थित था।

अमरेश्वर दे० ओंकारेश्वर

अमरोल (म० प्र०)

इस स्थान से 7वीं शती ई० से 9वीं शती ई० तक के मंदिरो के अवशेष मिले हैं।

अमरोहा (जिला मुरादाबाद, उ० प्र०

प्राचीन नाम अंबिकानगर कहा जाता है। यह पहले बड़ा नगर था।

अमित तोसल

गरुड़व्यूह नामक ग्रन्थ में इस जनपद का उल्लेख है। यह संभवतः तोसल या तोसलि का प्रदेश था जो उड़ीसा में भुवनेश्वर के निकट स्थित वर्तमान धौली नामक स्थान है।

अमीन (पंजाब)

थानेसर से लगभग 5 मील देहली-अम्बाला रेलमार्ग पर कुरुक्षेत्र के प्रदेश मे स्थित है। कहा जाता है कि महाभारतयुद्ध के समय द्रोणाचार्य ने चक्रव्यूह की रचना इसी स्थान पर की थी और अभिमन्यु ने इसीको तोड़ते समय वीर-गति प्राप्त की थी। अभिमन्यु-वध का वर्णन महा० द्रोण० 49 में इस प्रकार है—उत्तिष्ठमानं सौभद्रं गदया मूर्ध्न्यताडयत्। गदावेगेन महता व्यायामेन च मोहितः। विचेता न्यपतद् भूमौ सौभद्रः परवीरहा। एवं विनिहतो राजन्नेको बहुभिराहवे—(द्रोण० 49,13–14)। अमीन शब्द को अभिमन्यु के नाम से संबंधित कहा जाता है। अमीन ग्राम के निकट ही कर्णवेध नामक एक खाई है। जनश्रुति है कि इसी स्थान पर कर्ण को अर्जुन ने मारा था। जयद्रथ के मारे जाने का स्थान जयधर भी अमीन गांव के निकट ही है।

अमृतसर (पंजाब)

यह सिखों का महान् तीर्थ है। किंवदंती है कि रामायणकाल में अमृतसर के स्थान पर एक घना वन था जहां एक सरोवर भी स्थित था। श्रीरामचन्द्र के पुत्र लव और कुश आखेट के लिए एक बार यहां आकर सरोवर के तीर पर कुछ समय के लिए ठहरे थे। ऐतिहासिक समय में सिखों के आदिगुरु नानक ने भी इस स्थान के प्राकृतिक सौन्दर्य से आकृष्ट होकर यहां कुछ देर के लिए एक वृक्ष के नीचे विश्राम तथा ध्यान किया था। यह वृक्ष वर्तमान सरोवर के निकट आज भी दिखाया जाता है। तीसरे गुरु अमरदास ने नानकदेव का इस स्थान से संबंध होने के कारण यहां एक मंदिर बनवाने का विचार किया। 1564 ई० मे चौथे गुरु रामदास ने वर्तमान अमृतसर नगर की नींव डाली और स्वयं भी यहां आकर रहने लगे। इस समय इस नगर को रामदासपुर या चक-रामदास कहते थे। 1577 मे मुगलसम्राट् अकबर ने रामदास को 500 बीघा भूमि नगर को बसाने के लिए दी जो उन्होंने तुंग के जमींदारों को 700 अकबरी रुपए देकर खरीदी। कहा जाता है कि सरोवर के पवित्र जल मे स्नान करने से एक कौवे के पर श्वेत हो गए थे और एक कोढ़ी का रोग जाता रहा था।

इस दंतकथा से आकृष्ट होकर सहस्रों लोग यहां आने-जाने लगे और नगर की आबादी बढ़ने लगी। 1589 में गुरु अर्जुनदेव के एक शिष्य शेखमियां मीर ने सरोवर के बीच में स्थित वर्तमान स्वर्णमंदिर की नींव डाली। मंदिर के चारों ओर चार दरवाजों का प्रबंध किया गया था। यह गुरु नानक के उदार धार्मिक विचारों का प्रतीक समझा गया। मंदिर में गुरुग्रन्थसाहब की जिसका संग्रह गुरु अर्जुनदेव ने किया था, स्थापना की गई थी। सरोवर को गहरा करवाने और परिवर्धित करने का कार्य बाबू बूढ़ा नामक व्यक्ति को सौंपा गया था और इन्हें ही ग्रन्थसाहब का प्रथम ग्रन्थी बनाया गया।

1757 ई० में वीर सरदार बाबा दीपसिंह जी ने मुसलमानों के अधिकार से इस मंदिर को छुड़ाया किंतु वे उनके साथ लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने अपने अधकटे सिर को सम्हालते हुए अनेक शत्रुओं को तलवार के घाट उतारा। उनकी दुधारी तलवार मंदिर के संग्रहालय में सुरक्षित है। स्वर्ण मंदिर के निकट बाबा अटलराय का गुरुद्वारा है। ये छठे गुरु हरगोविंद के पुत्र थे और नौ वर्ष की आयु में ही संत समझे जाने लगे थे। उन्होंने इतनी छोटी-सी उम्र में एक मृत शिष्य को जीवन-दान देने में अपने प्राण होम दिए थे। कहा जाता है कि गुरुद्वारे की नौ मंजिलें इस बालक संत की आयु की प्रतीक हैं। पंजाबकेसरी महाराज रणजीतसिंह ने स्वर्णमंदिर को एक बहुमूल्य पटमंडप दान में दिया था जो संग्रहालय में है। वास्तव में रणजीतसिंह की सहायता से ही मंदिर अपने वर्तमान रूप को प्राप्त कर सका। इसके शिखर पर सुवर्ण-पत्र चढ़वाने का श्रेय भी उन्हें ही दिया जाता है। 1919 की जलियांवाला बाग की घटना के कारण अमृतसर का नाम भारत की स्वतंत्रता के इतिहास में भी चिरस्थायी हो गया है।

अमृता

विष्णुपुराण 2,4,11 के अनुसार प्लक्षद्वीप की एक नदी—'अनुतप्ता शिखी चैव विपाशा त्रिदिवा क्लमा, अमृता सुकृता चैव सप्तैतास्तत्रनिम्नगा'।

अयक

स्यालकोट (प० पाकिस्तान) के निकट बहने वाली छोटी नदी जिसका अभिज्ञान प्राचीन साहित्य की आपगा नामक नदी से किया गया है।

दे० आपगा

अयोध्या (जिला फैजाबाद, उ० प्र०)

यह पुण्यनगरी श्रीरामचन्द्रजी की जन्मभूमि होने के नाते भारत के प्राचीन साहित्य व इतिहास में सदा से प्रसिद्ध रही है। इसकी गणना भारत की

प्राचीन सप्तपुरियों में प्रथम स्थान पर की गई है—'अयोध्या मथुरा माया काशी कांचिरवन्तिका, पुरी द्वारावती चैव सप्तैते मोक्षदायिकाः'। पूर्वी उत्तरप्रदेश के जनसाधारण मे अयोध्या की महत्ता के बारे में निम्न कहावत प्रचलित है—'गंगा बड़ी गोदावरी, तीरथ बड़ो प्रयाग, सबसे बड़ी अयोध्यानगरी जहँ राम लियो अवतार'। रामायण-काल में अयोध्या कोशल-देश की राजधानी थी। कोशल या कोसल सरयू के तीर पर बसा हुआ एक धनधान्यपूर्ण राज्य था—'कोसलो नाम मुदितः स्फीतो जनपदो महान् निविष्ट सरयूतीरे प्रभूतधनधान्यवान्, । अयोध्यानाम नगरी तत्रासीत्लोकविश्रुता। मनुना मानवेन्द्रेण या पुरी निर्मिता स्वयम्। रामा० बाल० 5,5-6 के अनुसार इसका विस्तार लंबाई में बारह योजन, और चौड़ाई में तीन योजन था,—'आयता दश च द्वे च योजनानि महापुरी, श्रीमती त्रीणिविस्तीर्णा सुविभक्तमहापथा'—बाल० 5,7। यह अनेक राजमार्गों से सुशोभित थी। उसकी प्रधान सड़कों पर जो बड़ी सुन्दर व चौड़ी थीं प्रतिदिन फूल बखेरे जाते थे और उनका जल से सिंचन होता था—'राजमार्गेण महता सुविभक्तेन शोभिता, मुक्तपुष्पावकीर्णेन जलसिक्तेन नित्यशः' बाल० 5,8। सूत और मागध उस नगरी मे बहुत थे। अयोध्या बहुत ही सुन्दर नगरी थी। उसमें ऊंची अटारियो पर ध्वजाएं शोभायमान थीं और सैंकडों शतघ्नियां उसकी रक्षा के लिए लगी हुई थीं—'सूतमागधसंबाधा श्रीमतीमतुलप्रभाम्, उच्चाट्टालध्वजवती शतघ्नीशतसंकुलाम्' बाल० 5,11।

अयोध्या रघुवंशी राजाओं की बहुत पुरानी राजधानी थी। बाल० 5,6 के अनुसार स्वयं मनु ने इसका निर्माण किया था। वाल्मीकि० उत्तर० 108,4 से विदित होता है कि स्वर्गारोहण से पूर्व रामचंद्रजी ने कुश को कुशावती नामक नगरी का राजा बनाया था। श्रीराम के पश्चात् अयोध्या उजाड़ हो गई थी क्योंकि उनके उत्तराधिकारी कुश ने अपनी राजधानी कुशावती मे बना ली थी। रघु० सर्ग 16 से विदित होता है कि अयोध्या की दीन-हीन दशा देखकर कुश ने अपनी राजधानी पुनः अयोध्या में बनाई थी। महाभारत में अयोध्या के दीर्घयज्ञ नामक राजा का उल्लेख है जिसे भीमसेन ने पूर्वदेश की दिग्विजय में जीता था—अयोध्या तु धर्मज्ञ दीर्घयज्ञ महाबलम्, अजयत् पाडवश्रेष्ठो नातितीव्रेणकर्मणा—सभा० 30-2। घटजातक मे अयोध्या (अयोज्झा) के कालसेन नामक राजा का उल्लेख है (जातक सं० 454)। गौतमबुद्ध के समय कोसल के दो भाग हो गए थे—उत्तरकोसल और दक्षिणकोसल जिनके बीच मे सरयू नदी बहती थी। अयोध्या या साकेत उत्तरी भाग की और श्रावस्ती दक्षिणी भाग की राजधानी थी। इस समय श्रावस्ती का महत्त्व अधिक बढ़ा हुआ था। शायद

बौद्धकाल मे ही अयोध्या के निकट एक नई बस्ती बन गई थी जिसका नाम साकेत था। बौद्ध साहित्य मे साकेत और अयोध्या दोनो का नाम साथ-साथ भी मिलता है (दे० रायसडेवीज बुद्धिस्ट इडिया, पृ० 39) जिससे दोनो के भिन्न अस्तित्व की सूचना मिलती है।

शुग वश के प्रथम शासक पुष्यमित्र (द्वितीय शती ई० पू०) का एक शिलालेख अयोध्या से प्राप्त हुआ था जिसमे उसे सेनापति कहा गया है तथा उसके द्वारा दो अश्वमेध यज्ञो के किए जाने का वर्णन है। अनेक अभिलेखो से ज्ञात होता है कि गुप्तवशीय चद्रगुप्त द्वितीय के समय (चतुर्थ शती ई० का मध्यकाल) और तत्पश्चात् काफी समय तक अयोध्या गुप्त साम्राज्य की राजधानी थी। गुप्तकालीन महाकवि कालिदास ने अयोध्या का रघुवश मे कई बार उल्लेख किया है—'जलानि या तीरनिखातयूपा वहत्ययोध्यामनुराजधानीम्' रघु० 13,61; 'आलोकयिष्यन्मुदितामयोध्या प्रासादमभ्र लिहमारुरोह'—रघु० 14,29। कालिदास ने उत्तरकोसल की राजधानी साकेत (रघु० 5,31,13,62) और अयोध्या दोनो ही का नामोल्लेख किया है, इससे जान पडता है कि कालिदास के समय मे दोनो ही नाम प्रचलित रहे होगे। मध्यकाल मे अयोध्या का नाम अधिक सुनने मे नही आता। युवानच्वांग के वर्णनो से ज्ञात होता है कि उत्तर बुद्धकाल मे अयोध्या का महत्व घट चुका था। जैन ग्रन्थ विविधतीर्थकल्प मे अयोध्या को ऋषभ, अजित, अभिनदन, सुमति, अनन्त और अचलभानु—इन जैन मुनियो का जन्मस्थान माना गया है। नगरी का विस्तार लम्बाई मे 12 योजन और चौडाई मे 9 योजन कहा गया है। इस ग्रन्थ मे वर्णित है कि चक्रेश्वरी और गोमुख यक्ष अयोध्या के निवासी थे। घर्घर-दाह और सरयू का अयोध्या के पास सगम बताया है और सयुक्त नदी को स्वर्गद्वारा नाम से अभिहित किया गया है। नगरी से 12 योजन पर अप्टावट या अप्टापद पहाड पर आदिगुरु का कैवल्यस्थान माना गया है। इस ग्रन्थ मे यह भी वर्णित है कि अयोध्या के चारो द्वारो पर 24 जैन तीर्थकरो की मूर्तिया प्रतिष्ठापित थी। एक मूर्ति की चालुक्य नरेश कुमारपाल ने प्रतिष्ठापना की थी। इस ग्रन्थ मे अयोध्या को दशरथ, राम और भरत की राजधानी बताया गया है। जैनग्रन्थो मे अयोध्या को विनीता भी कहा गया है।

मध्यकाल मे मुसलमानो के उत्कर्ष के समय, अयोध्या बेचारी उपेक्षिता ही बनी रही, यहा तक कि मुगल साम्राज्य के सस्थापक बाबर के एक सेनापति ने बिहार अभियान के समय अयोध्या मे श्रीराम के जन्मस्थान पर स्थित प्राचीन मदिर को तोडकर एक मसजिद बनवाई जो आज भी विद्यमान है।

मसजिद में लगे हुए अनेक स्तंभ और शिलापट्ट इसी प्राचीन मंदिर के हैं। अयोध्या के वर्तमान मंदिर कनकभवन आदि अधिक प्राचीन नहीं हैं और वहां यह कहावत प्रचलित है कि सरयू को छोड़कर रामचंद्रजी के समय की कोई निशानी नहीं है। कहते हैं कि अवध के नवाबों ने जब फ़ैज़ाबाद में राजधानी बनाई थी तो वहां के अनेक महलों में अयोध्या के पुराने मंदिरों की सामग्री उपयोग में लाई गई थी।

(2) (स्याम या थाइलैंड) सुखोदय राज्य की अवनति के पश्चात् 1350 ई० में स्याम में अयोध्याराज्य की स्थापना की गई थी। इसका श्रेय उटोंग के शासक को दिया जाता है जिसने रामाधिपति की उपाधि ग्रहण की थी। अपने राज्य की राजधानी उसने अयुठिया या अयोध्या में बनाई। इस राज्य का प्रभुत्व धीरे-धीरे लाओस और कंबोडिया तक स्थापित हो गया था किंतु बर्मा के राजाओं ने अयोध्या के विस्तार को रोक दिया। 1767 ई० में बर्मा के *स्याम पर आक्रमण के समय अयोध्या-नगरी को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया गया* और तत्पश्चात् स्याम की राजधानी बैंकाक में बनी।

अयोमुख

चीनी यात्री युवानच्वांग ने जो 630 ई० से 645 ई० तक भारत में रहा, *इस स्थान को अयोध्या से लगभग 300 मील पूर्व की ओर बताया है।* उसके वृत्त के अनुसार यह स्थान अयोध्या और प्रयाग के मार्ग पर अवस्थित था। युवान की जीवनी से विदित होता है कि अयोमुख के मार्ग में ठगों ने युवान को पकड़ कर अपनी देवी पर उसकी बलि देने का प्रयत्न किया किंतु एक तूफ़ान आ जाने से वह बच गया। जान पड़ता है कि इस समय इस प्रदेश में शाक्तों का विशेष ज़ोर था। कनिंघम के अनुसार यह स्थान प्रतापगढ़ (उ० प्र०) से 30 मील दक्षिण-पश्चिम की ओर था—(दे० हुयारन-विहार)।

अरंग (ज़िला रायपुर, म० प्र०)

इस स्थान से गुप्तकालीन ताम्रदानपट्ट प्राप्त हुआ था। दानपट्ट में महाराज जयराज द्वारा पूर्वराष्ट्र में स्थित एक ग्राम को किसी ब्राह्मण के लिए दान में दिए जाने का *उल्लेख है। यह दानपट सरभपुर नामक नगर से प्रचलित किया* गया था। इसमें संवत् 5 का उल्लेख है जो अनुमानतः जयराज के शासन-काल का अज्ञात संवत् जान पड़ता है।

अरगढ़ाबीन दे० हारहून।

अरगांव (ज़िला अकोला, महाराष्ट्र)

यह एक छोटा-सा ग्राम है जहां 1803 ई० में अंग्रेज़ों ने मराठों को हराया

था। इस विजय से गाविलगढ़ का किला अंग्रेजो के हाथ आ गया था।

अरब दे० आरब; वनायु।

अरवास

इस सरोवर का उल्लेख महावंश 12-9-11 मे है। इसका अभिज्ञान जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) मे स्थित रवालसर के साथ किया गया है। महावंश के वर्णन के अनुसार मुज्झन्तिक स्थविर ने इस सरोवर के निकट रहने वाले एक क्रूर नागराज का गर्व चूर किया था। सरोवर की स्थिति कश्मीर-गधार देश में बताई गई है।

अराकान दे० ताम्रपट्टन

अराड़

डा० होए (Dr. Hoye) के अनुसार यह वर्तमान आरा (जिला शाहबाद, बिहार) का प्राचीन नाम है। उनके अनुसार गौतमबुद्ध का समकालीन दार्शनिक अराड़कलाम यहीं का निवासी था (दे० आर्कियोलाजिकल सर्वे रिपोर्ट जिल्द 3, पृ० 70)।

अरिगेंव

अलक्षेंद्र के भारत-आक्रमण के समय (327 ई० पू०) सिंध नदी के पश्चिम की ओर बजोर की घाटी मे बसा हुआ एक नगर। यवनराज के आक्रमण की सूचना मिलने पर नगरवासी नगर को जलाकर छोड गए थे। इसकी स्थिति संभवत: बजोर के वर्तमान मुख्य नगर नवगई के निकट थी (दे० स्मिथ—अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया, चतुर्थ संस्करण, पृ० 55)।

अरिट्ठपर्वत (लंका)

उम्मदन्तिजातक में शिविजाति के क्षत्रियो के इस नगर का उल्लेख है। शिविराष्ट्र की स्थिति संभवत: जिला झग (प० पाकिस्तान) के अतर्गत शोरकोट के प्रदेश मे थी। इस उपकल्पना के आधार पर इस नगर की स्थिति इसी स्थान के आसपास मानी जा सकती है। दीपवंश 3, 14 मे यहां के राजा सिट्ठी का उल्लेख है। (दे० शिवि)।

अरिमर्दनपुर (बर्मा)

वर्तमान पगन नगर का प्राचीन भारतीय नाम। इसकी स्थापना 849 ई० मे हुई थी। यह नगर ताम्रद्वीप की राजधानी था। यहां का सबसे अधिक प्रसिद्ध राजा अनिरुद्ध महान् था जिसने पगन के छोटे-से राज्य को बढ़ाकर एक महान् साम्राज्य मे परिवर्तित कर दिया था। इस साम्राज्य मे ब्रह्मदेश का अधिकांश भाग सम्मिलित था। अनिरुद्ध कट्टर बौद्ध था और उसने सिंहल-

नरेश से बुद्ध का एक धातुचिह्न मँगवा कर श्वेजिगोन पैगोडा में सुरक्षित किया था। अनिरुद्ध की मृत्यु 1077 ई० में हुई थी।

अरिष्ट

वाल्मीकि-रामायण सुंदर० 56, 26 के अनुसार लंका में समुद्रतट पर स्थित एक पर्वत, जिस पर चढ़कर हनुमान ने लंका से लौटते समय, समुद्र को कूद कर पार किया था—'आरुरोह गिरिश्रेष्ठमरिष्टमरिमर्दन, तुगपद्मकजुष्टाभिर्नीलाभिर्वनराजिभिः'। इसी के सामने भारत में समुद्र के दूसरे तट पर महेंद्र पर्वत की स्थिति थी (दे० सुन्दर० 27, 29)। हनुमान के अरिष्ट पर आरूढ़ होने के पश्चात् इस पर्वत की दशा का अद्भुत वर्णन वाल्मीकि ने किया है।

अरिष्टपुर

पाणिनि अष्टाध्यायी 6, 2, 100 में उल्लिखित है। बौद्ध साहित्य में इसे शिवि राज्य के अंतर्गत माना है।

अरुणा

(1) गोदावरी की सहायक नदी। यह नासिक-पंचवटी के निकट गोदावरी में मिलती है।

(2) पंजाब की सरस्वती की सहायक नदी। इसका और सरस्वती का संगम पृथूदक के निकट था।

(3) ताम्र के साथ सुनकोसी में मिलने वाली नदी। इसके संगम पर कौशमुख तीर्थ था।

अरुणाचल (मद्रास)

विल्लुपुरम्-गुडूर रेल-मार्ग पर तिरुवण्णमलै स्टेशन के निकट एक पर्वत है। इसके निकट ही अरुणाचलेश्वर शिव का अति विशाल मंदिर है। इसके चतुर्दिक् दस खंडों वाले चार गोपुर हैं। अरुणाचल का वर्णन स्कंदपुराण में है—'अस्ति दक्षिणदिग्भागे द्राविडेषु तपोधन, अरुणाख्य महाक्षेत्र तरुणेन्दु शिखामणे,—उत्तरार्द्ध 3, 10।

अरुणोद

गढ़वाल का वह भाग जिसमें अलकनंदा बहती है। श्रीनगर इसकी राजधानी है।

अरोर=अलोर

अर्कक्षेत्र=पद्मक्षेत्र=कोणार्क

अर्धपुर (जिला नांदेड़, महाराष्ट्र)

प्राचीन जैन मंदिरों के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

अर्नाकुलम (केरल)

प्राचीन कोचीन नरेशों की राजधानी। इन्होंने पूर्णनूर अथवा वर्तमान त्रिपुणितुरे नामक स्थान पर राजप्रासाद बनवाए थे। यह अर्नाकुलम् नगर से 6 मील दूर है।

अर्बुद=आबू (राजस्थान)

महाभारत में, अर्बुद की गणना तीर्थस्थानों में की गई है। अर्बुद निवासियों का उल्लेख विष्णु० 2, 13, 16 में है—'पुड्राः कलिंगमागधा दक्षिणाधाश्च सर्वशः तथापरान्ताः सौराष्ट्राः शूराभीरास्तथार्बुदाः'। चदबरदाई लिखित पृथ्वीराजरासो में वर्णित है कि अग्निकुल के चार राजपूतवंश—पवार, परिहार, चौहान, और चालुक्य आबू पहाड़ पर किए गए एक यज्ञ द्वारा उत्पन्न हुए थे। क्रुक (Crook) के मत में यह यज्ञ विदेशी जातियों को क्षत्रियवर्ण में सम्मिलित करने के लिए किया गया होगा (दे० टॉड रचित राजस्थान)।

अर्बुदावली=अरावली पर्वतश्रेणी (राजस्थान)=दे० अर्वली

अर्यक

बृहत्संहिता में उल्लिखित इस स्थान का अभिज्ञान पेरिप्लस नामक लैटिन यात्रा-वृत्त के 'एरिआके' से किया गया है—(रायचौधरी—पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव एंशेंट इंडिया, पृ० 406)।

अर्वली

राजस्थान की मुख्य पर्वत-श्रेणी जिसकी छोटी-छोटी शाखाएं दिल्ली तक फैली हैं। अर्वली शब्द अर्बुदावली का अपभ्रंश कहा जाता है। अर्बुद या आबू पर्वत इस गिरि-शृंखला का महत्त्वपूर्ण भाग होने के कारण ही इसका यह नामकरण हुआ जान पड़ता है।

अर्सीकेर (मैसूर)

यहां का प्राचीन मंदिर चालुक्यवास्तुकला का सुंदर उदाहरण है।

अलंदी (जिला पूना, महाराष्ट्र)

पूना से 13 मील दूर महाराष्ट्र का प्राचीन नगर है। यहां इंद्राणी नदी के तट पर ज्ञानेश्वर का प्राचीन मंदिर है। अलंदी का संबंध महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संतकवि तुकाराम से बताया जाता है।

अलकनंदा

कैलास और बद्रीनाथ के निकट बहने वाली गंगा की एक शाखा। कालिदास ने मेघदूत में जिस अलकापुरी का वर्णन किया है वह कैलास

पर्वत के निकट अलकनदा के तट पर ही बसी होगी जैसा कि नाम-साम्य से प्रकट भी होता है। कालिदास ने अलका की स्थिति गंगा की गोदी में मानी है और गंगा से यहां अलकनंदा का ही निर्देश माना जा सकता है। संभवतः प्राचीन काल में पौराणिक परंपरा में अलकनंदा को ही गंगा का मूलस्रोत माना जाता था क्योंकि गंगा को स्वर्ग से गिरने के पश्चात् सर्वप्रथम शिव ने अपनी अलकों अर्थात् जटाजूट में बांध लिया था जिसके कारण नदी को शायद अलकनंदा कहा गया। अलकनंदा का वर्णन महाभारत वन० के अंतर्गत तीर्थयात्रा प्रसंग में है जहां इसे भागीरथी नाम से भी अभिहित किया गया है और इसका उद्गम बदरिकाश्रम के निकट ही बताया गया है—'नर नारायणस्थानं भागीरथ्योपशोभितम्'—वन० 145,41। यह भागीरथी अलकनंदा ही है क्योंकि नर नारायण-आश्रम अलकनंदा के तट पर ही है। वास्तव में महाभारत ने इस स्थान पर गंगा की दोनों शाखाओं—भागीरथी जो गंगोत्री से सीधी देवप्रयाग आती है और अलकनंदा जो कैलास और बदरिकाश्रम होती हुई देवप्रयाग में आकर भागीरथी से मिल जाती है—को अभिन्न ही माना है। विष्णु० 2,2,35 में भी अलकनंदा का उल्लेख है—'तथैवालकनंदापि दक्षिणेनैत्य भारतम्'। अलकनंदा और नंदा के संगम पर नंदप्रयाग स्थित है।

अलका

कालिदास ने मेघदूत में इस नगरी को यक्षों के राजा कुबेर की राजधानी माना है—'गंतव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणाम्'—पूर्वमेघ, 7। कवि के अनुसार अलका की स्थिति कैलासपर्वत पर थी और गंगा इसके निकट प्रवाहित होती थी—'तस्योत्संगे प्रणयिन इव स्रस्तगंगादुकूलां, न त्वं दृष्ट्वा न पुनरलकां ज्ञास्यसे कामचारिन्। या वः काले वहति सलिलोद्गारमुच्चैर्विमानैर्मुक्ताजालग्रथितमलकं कामिनीवाभ्रवृन्दम्' पूर्वमेघ, 65। यहां तस्योत्संगे का अर्थ है उस पर्वत अर्थात् कैलास (पूर्वमेघ, 60-64) की गोदी में स्थित। कैलास के निकट ही कालिदास ने मानसरोवर का वर्णन भी किया है—'हेमाम्भोजप्रसविसलिलं मानसस्याददानः' पूर्वमेघ, 64। संभव है कालिदास के समय में या उससे पूर्व कैलास के क्रोड़ में (वर्तमान तिब्बत में) किसी पार्वतीय जाति अथवा यक्षों की नगरी वास्तव में ही बसी हो। कालिदास का अलका-वर्णन (उत्तरमेघ के प्रारंभ में) बहुत कुछ काल्पनिक होते हुए भी किन्हीं अंशों में तथ्य पर आधारित है—यह अनुमान असंगत नहीं कहा जा सकता। उपर्युक्त पद्य में कालिदास ने गंगानदी का उल्लेख अलका के निकट ही किया है। वर्तमान भौगोलिक स्थिति के अनुसार गंगा ही का एक स्रोत—अलकनंदा—कैलास के

पास प्रवाहित होता है और अलका की स्थिति अलकनंदा के तट पर ही रही होगी जैसा संभवत नाम-साम्य से इंगित होता है। अलकनंदा गंगा ही की सहायक नदी है (दे० अलकनंदा)। दूसरे, यह भी संभव है कि कालिदास ने क्रौंचरंध्र के उस पार भी हिमालयश्रेणियों को सामान्यरूप से कैलास कहा हो (दे० पूर्वमेघ 64) न कि केवल मानसरोवर के निकटस्थ पर्वत को जैसा कि आजकल कहा जाता है। यह उपकल्पना उत्तरमेघ, 10 से भी पुष्ट होती है जिसमे वर्णित है कि अलका में स्थित यक्ष के घर की वापी मे रहने वाले हंस बरसात मे भी मानसरोवर नहीं जाते। हंसो के लिए अलका से मानसरोवर पर्याप्त दूर होगा नही तो इन पक्षियो के प्रव्रजन की बात कवि न कहता। इसलिए अलका की पहाडी के नीचे गंगा की स्थिति इस प्रकार स्पष्ट हो जाती है कि कालिदास के अनुसार कैलास हिमाचल को पार करने के पश्चात् अर्थात् गंगोत्री के उत्तर मे मिलने वाली पर्वतश्रेणी का सामान्य नाम है, न कि आजकल की भांति केवल मानसरोवर के निकट स्थित पहाड़ों का, जैसा कि भूगोलविद् जानते हैं। गंगा का मूलस्रोत गंगोत्री से काफी उत्तर मे, दुर्गम हिमालय की पहाड़ियो से प्रवाहित होता है। यह संभव है कि ये ही पर्वतश्रेणियां कालिदास के समय मे कैलास के नाम से प्रसिद्ध हो। पौराणिक कथाओ मे यह भी वर्णन है कि कैलास स्थित शिव की जटाजूट मे ही प्रथम गंगा अवतरित हुई थी। अलकावती नामक यक्षो की नगरी का उल्लेख बुद्धचरित 21,63 मे भी है जिसका भावार्थ यह है कि 'तब अलकावती नामक नगरी मे तथागत ने भद्र नाम के एक सदाशय यक्ष को अपने धर्म मे प्रव्रजित किया'।

अलकावती = अलका

अलप्पा

संभवत यह नगर गंडक नदी के तट पर बिहार मे स्थित था। बौद्धकाल मे यहां वृज्जियो की राजधानी थी। जिला चंपारण मे स्थित लौरियानन्दनगढ़ नामक ग्राम के पास ही अलप्पा की स्थिति रही होगी (दे० अलसकप्प)।

अलवर (राजस्थान)

प्राचीन नाम शाल्वपुर। किंवदंती के अनुसार महाभारतकालीन राजा शाल्व ने इसे बसाया था। अलवर शायद शाल्वपुर का अपभ्रंश है। महाभारत के अनुसार शाल्व ने जो मार्तिकावतक का राजा था तथा सौभ नामक अद्भुत विमान का स्वामी था, द्वारका पर आक्रमण किया था। मार्तिकावतक नगर की स्थिति अलवर के निकट ही मानी जा सकती है।

अलवाई (आलवाय) (केरल)

परियार नदी के तट पर एक छोटा-सा कस्बा और रेलस्टेशन है जो अद्वैतवाद के प्रचारक और महान् दार्शनिक शंकराचार्य (9 वीं शती ई०) का जन्मस्थान माना जाता है।

अलसद

अलक्षेंद्र द्वारा काबुल के निकट बसाए हुए नगर अलेक्जेंड्रिया का भारतीय नाम। दे० महावंश (गेगर Geiger का अनुवाद) पृ० 194। मिलिंदपन्हो में अलसद को द्वीप कहा गया है और इसमें स्थित कालसीग्राम नामक स्थान को मिलिन्द अथवा यवनराज मिनेन्डर (दूसरी शती ई० पू०) का जन्मस्थान बताया गया है। पर्शुस्थान की राजधानी हूपियन या वर्तमान ओपियन इसी स्थान पर थी (न० ला० डे)।

अलाविराष्ट्र

दक्षिण-पूर्व एशिया का प्राचीन भारतीय औपनिवेशिक राज्य जिसकी स्थिति युन्नान (प्राचीन गंधार) के पूर्व और स्याम के पश्चिम में थी। इस राष्ट्र का उल्लेख इस देश के प्राचीन पाली इतिहास-ग्रन्थों में है। अलावि के दक्षिण में खेमराष्ट्र की स्थिति थी।

अलिना (गुजरात)

वलभिराज ध्रुवभट्टशीलादित्य सप्तम का एक ताम्रदान-पट्ट इस स्थान से प्राप्त हुआ था जिसमें उनके द्वारा खेटक-अहार—वर्तमान खेरा में स्थित महिलाभिग्राम का ब्राह्मणों को पंचयज्ञ के प्रयोजनार्थ दान में दिए जाने का उल्लेख है

अलीगंज (ज़िला एटा, उ० प्र०)

1747 से याकूत खां ने बसाया था। यहां बहुत बड़ा मिट्टी का किला है।

अलीगढ़ (उ० प्र०)

प्राचीन नाम कोल है। कोल नाम की तहसील अब भी अलीगढ़ ज़िले में है। अलीगढ़ नाम नजफ़ खां का दिया हुआ है। 1717 ई० में साबितखां ने इसका नाम साबितगढ़ और 1757 में जाटों ने रामगढ़ रखा था। उत्तर मुगलकाल में यहां सिंधिया का कब्ज़ा था। उनके फ्रांसीसी सेनापति पेरन का किला आज भी खण्डहरों के रूप में नगर से तीन मील दूर है। इसे 1802 ई० में लार्ड लेक ने जीता था। यह क़िला पहले रामगढ़ कहलाता था।

अलोर (सिंध, प० पाकिस्तान)=अरोर=रोरी

सक्खर से छः मील पूर्व एक छोटा-सा क़स्बा है। यह हकरा नदी के

पश्चिमी तट पर बसा हुआ था। प्राचीन नगर के खण्डहर रोरी से पाच मील दक्षिण-पूर्व की ओर स्थित हैं। यह नगर अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण करने के समय मुषुकर्ण या मूषिको की राजधानी था (दे० कैंब्रिज हिस्ट्री ऑव इडिया, पृ० 377) यूनानी लेखकों ने इन्हें मौसीकानोज लिखा है। इनके वर्णन के अनुसार मूषिको की आयु 130 वर्ष होती थी (दे० मूषिक)। 712 ई० मे अरब सेनापति मुहम्मद बिनकासिम ने इस नगर को राजा दाहिर से युद्ध करने के पश्चात् जीत लिया था। यहा ब्राह्मण राजा दाहिर की राजधानी थी। दाहिर इस युद्ध मे मारा गया और सतीत्व की रक्षा के लिए नगर की कुलवधुए चिताओ मे जलकर भस्म हो गई। एक प्राचीन दतकथा के अनुसार 800 ई० के लग-भग यह नगर सिंध नदी की बाढ़ मे नष्ट हो गया था। कहा जाता है कि सेफुलमुल्क नामक व्यापारी ने एक सुन्दर युवती की एक क्रूर सरदार से रक्षा करने के लिए नदी का पानी नगर की ओर प्रवाहित कर दिया था जिससे नगर तबाह हो गया (स्मिथ—अर्ली हिस्ट्री ऑव इडिया, चतुर्थ सस्करण, पृ० 369)।

अल्मोड़ा (उ० प्र०)

कुमायू की पहाड़ियो में बसा हुआ पहाड़ी नगर। 1563 ई० तक यह अज्ञात स्थान था। इस वर्ष एक स्थानीय पहाड़ी सरदार चदराजा बालो कल्याणचद ने इसे अपनी राजधानी बनाया। उस समय इसे राजापुर कहते थे। ऐतिहासिक आधार पर कहा जा सकता है कि कुमायू का सर्वप्राचीन राज-वश कत्यूरी नामक था। हेनरी इलियट ने कत्यूरी शासको को खसजातीय सिद्ध करने का प्रयत्न किया है किंतु स्थानीय परपरा के अनुसार वे अयोध्या के सूर्य-वशी नरेशो के वशज थे। 7वीं शती मे कुमायू मे चदराजाओ का शासन प्रारभ हुआ था। 1797 ई० मे अल्मोड़े को गोरखो ने कत्यूरियो से छीन लिया और नेपाल मे मिला लिया। 1896 ई० मे अग्रेजो और गोरखो की लड़ाई के पश्चात् सिगौली की सधि के अनुसार अन्य अनेक पहाड़ी स्थानों के साथ ही अल्मोड़े पर भी अग्रेजो का अधिकार हो गया।

अल्लकप्प

बौद्ध-साहित्य के अनुसार यह स्थान उन आठ स्थानो मे है जहां के नरेश भगवान् बुद्ध के अस्थि अवशेषों को लेने के लिए कुशीनगर आए थे। सभव है यह अलप्पा का ही रूपातर हो। अल्लकप्प में बुलिय (वृजियो की एक शाखा) क्षत्रियो की राजधानी थी। यह राज्य वेठद्वीप या बेतिया (जिला चपारन, बिहार) के सन्निकट ही रहा होगा क्योंकि धम्मपदटीका (दे० हार्वर्ड ओरियटल सिरीज

28 पृष्ठ 24) मे अल्लकप्प के राजा और वेठदीपक नाम के 'वेठदीप' के राजाओ मे परस्पर घनिष्ठ सबंध का उल्लेख है। अल्लकप्प की स्थिति लौरियानदनगढ के पास स्थित विस्तृत खण्डहरो के स्थान पर मानी जाती है।

अवंतिपुर (कश्मीर)

कश्मीर का प्राचीन नगर। यहा का मन्दिर कश्मीर के प्रसिद्ध मार्तंड मदिर की वास्तुपरपरा मे बनाया गया था।

अवंती=उज्जयिनी (म० प्र०)

प्राचीन सस्कृत तथा पाली साहित्य मे अवती या उज्जयिनी का सैकडो बार उल्लेख हुआ है। महाभारत सभा० 31,10 मे सहदेव द्वारा अवती को विजित करने का वर्णन है। बौद्धकाल मे अवती उत्तरभारत के षोडश महाजनपदो मे से थी जिनकी सूची अगुत्तरनिकाय मे है। जैन ग्रथ भगवतीसूत्र में इसी जनपद को मालव कहा गया है। इस जनपद में स्थूल रूप से वर्तमान मालवा, निमाड, और मध्यप्रदेश का बीच का भाग सम्मिलित था। पुराणो के अनुसार अवती की स्थापना यदुवशी क्षत्रियों द्वारा की गई थी। बुद्ध के समय अवती का राजा चडप्रद्योत था। इसकी पुत्री वासवदत्ता से वत्सनरेश उदयन ने विवाह किया था जिसका उल्लेख भासरचित 'स्वप्नवासवदत्ता' नामक नाटक मे है। वासवदत्ता को अवन्ती ने सबधित मानते हुए एक स्थान पर इस नाटक में कहा गया है—'हम्! अतिसदृशी खल्वियमार्याय अवतिकाया' अक 6। चतुर्थ शती ई० पू० मे अवन्ती का जनपद मौर्य-साम्राज्य मे सम्मिलित था और उज्जयिनी मगध-साम्राज्य के पश्चिम प्रान्त की राजधानी थी। इससे पूर्व मगध और अवन्ती का सघर्ष पर्याप्त समय तक चलता रहा था जिसकी सूचना हमे परिशिष्टपर्वन् (पृ० 42) से मिलती है। कथासरित्सागर (टॉनी का अनुवाद जिल्द 2, पृ० 484) से यह भी ज्ञात होता है कि अवन्तीराज चडप्रद्योत के पुत्र पालक ने कौशाबी को अपने राज्य मे मिला लिया था। विष्णुपुराण 4,24,68 से विदित होता है कि सभवत गुप्तकाल से पूर्व अवती पर आभीर इत्यादि शूद्रो या विजातियो का आधिपत्य था—'सौराष्ट्रावन्ति विषयाश्च—आभीर शूद्राद्या भोक्ष्यन्ते'। ऐतिहासिक परपरा से हमे यह भी विदित होता है कि प्रथम शती ई० पू० म (57 ई० पू० के लगभग) विक्रम सवत् के सस्थापक किसी अज्ञात राजा ने शकों को हराकर उज्जयिनी को अपन राजधानी बनाया था। गुप्तकाल मे चद्रगुप्त विक्रमादित्य ने अवती को पुन विजय किया और वहा से विदेशी सत्ता को उखाड फैंका। कुछ विद्वानो के मत मे 57 ई० पू० मे विक्रमादित्य नाम का कोई राजा नही था और चद्रगुप्त द्वितीय ही ने अवती विजय

के पश्चात् मालव संवत् को जो 57 ई० पू० में प्रारम्भ हुआ था, विक्रम संवत् का नाम दे दिया।

चीनी यात्री युवानच्वांग के यात्रावृत्त से ज्ञात होता है कि अवन्ती या उज्जयिनी का राज्य उस समय (615–630 ई०) मालवराज्य से अलग था और वहां एक स्वतन्त्र राजा का शासन था। कहा जाता है शंकराचार्य के समकालीन अवन्तीनरेश सुधन्वा ने जैन धर्म का उत्कर्ष सूचित करने के लिए प्राचीन अवन्तिका का नाम उज्जयिनी (=विजयकारिणी) कर दिया था किंतु यह केवल कपोलकल्पना मात्र है क्योंकि गुप्तकालीन कालिदास को भी उज्जयिनी नाम ज्ञात था, 'वक्र पथा यदपि भवत प्रस्थितस्योत्तराशां, सौधोत्संगप्रणय-विमुखोमास्म भूरुज्जयिन्या' पूर्वमेघ० 29। इसके साथ ही कवि ने अवन्ती का भी उल्लेख किया है—'प्राप्यावन्तीमुदयनकथाकोविदग्रामवृद्धान्' पूर्वमेघ 32। इससे संभवत यह जान पड़ता है कि कालिदास के समय में अवन्ती उस जनपद का नाम था जिसकी मुख्य नगरी उज्जयिनी थी। 9 वीं व 10 वीं शतियों में उज्जयिनी में परमार राजाओं का शासन रहा। तत्पश्चात उन्होंने धारानगरी में अपनी राजधानी बनाई। मध्यकाल में इस नगरी को मुख्यत उज्जैन ही कहा जाता था और इसका मालवा के सूबे के एक मुख्य स्थान के रूप में वर्णन मिलता है। दिल्ली के सुलतान इल्तुतमिश ने उज्जैन को बुरी तरह से लूटा और यहां के महाकाल के अतिप्राचीन मन्दिर को नष्ट कर दिया। (यह मंदिर संभवत गुप्तकाल से भी पूर्व का था। मेघदूत, पूर्वमेघ 36 में इसका वर्णन है—'अप्यन्यस्मिन् जलधर महाकालमासाद्यकाले') अगले प्राय पांचसौ वर्षों तक उज्जैन पर मुसलमानों का आधिपत्य रहा। 1750 ई० में सिंधियानरेशों का शासन यहां स्थापित हुआ और 1810 ई० तक उज्जैन में उनकी राजधानी रही। इस वर्ष सिंधिया ने उज्जैन से हटाकर राजधानी ग्वालियर में बनाई। मराठों के राज्यकाल में उज्जैन के कुछ प्राचीन मन्दिरों का जीर्णोद्धार किया गया था। इनमें महाकाल का मंदिर भी है।

जैन-ग्रंथ विविध तीर्थ कल्प में मालवा प्रदेश का ही नाम अवंति या अवंती है। राजा संबर के पुत्र अभिनंदनदेव का चैत्य अवन्ति के मेद नामक ग्राम में स्थित था। इस चैत्य को मुसलमान सेना ने नष्ट कर दिया था किंतु इस ग्रंथ के अनुसार जैज नामक व्यापारी की तपस्या से खण्डित मूर्ति फिर से जुड़ गई थी।

उज्जयिनी के वर्तमान स्मारकों में मुख्य, महाकाल का मंदिर शिप्रा नदी के तट पर भूमि के नीचे बना है। इसका निर्माण प्राचीन मंदिर के स्थान पर रणोजी सिंधिया के मन्त्री रामचन्द्र बाबा ने 19वीं शती के उत्तरार्ध में करवाया

था। महाकाल की शिव के द्वादश ज्योतिर्लिगों में गणना की जाती है। इसी कारण इस नगरी को शिवपुरी भी कहा गया है। हरसिद्धि का मन्दिर, कहा जाता है उसी प्राचीन मन्दिर का प्रतिरूप है जहां विक्रमादित्य इस देवी की पूजा किया करते थे। राजा भर्तृहरि की गुफा समवत: 11वीं शती का अवशेष है। चौबीस खभा दरवाजा शायद प्राचीन महाकाल मदिर के प्रांगण का मुख्य द्वार था। कालीदह-महल 1500 ई० में बना था। यहां की प्रसिद्ध वेधशाला जयपुरनरेश जयसिंह द्वितीय ने 1733 ई० मे बनवाई थी। वेधशाला का जीर्णोद्धार 1925 ई० में किया गया था।

प्राचीन अवती वर्तमान उज्जैन के स्थान पर ही बसी थी, यह तथ्य इस बात से सिद्ध होता है कि शिप्रा नदी जो आजकल भी उज्जैन के निकट बहती है, प्राचीन साहित्य में भी अवती के निकट ही वर्णित है—'यत्र स्त्रीणां हरति सुरतग्लानिमगानुकूल: शिप्रावात. प्रियतम इव प्रार्थनाचाटुकार' पूर्वमेघ 33। उज्जैन से एक मील उत्तर की ओर भैरोगढ मे दूसरी-तीसरी शती ई० पू० की उज्जयिनी के खडहर पाए गए हैं। यहां वैश्या टेकरी और कुम्हार-टेकरी नाम के टीले हैं जिनका सम्बन्ध प्राचीन किंवदंतियों से है।

(2) (बर्मा) ब्रह्मदेश की प्राचीन भारतीय नगरी जिसे समवत उज्जयिनी से ब्रह्मदेश मे आकर बस जाने वाले हिंदू औपनिवेशिकों ने बसाया था।

अवद (बिलोचिस्तान, प० पाकिस्तान)

चीनी यात्री युवानच्वांग की जीवनी में इस स्थान का उल्लेख है। युवान सिंधप्रदेश से होकर अवद पहुचा था। वाटर्स के अनुसार अवद की स्थिति क्वेटा के निकट थी। युवान के वृत्त से ज्ञात होता है कि अवद मे भेड़ों और घोड़ों की बहुतायत थी। उसने लिखा है कि यहा के विहारों में 2000 भिक्षु निवास करते थे। सियुकी से सूचित होता है कि युवान अवद से लौटकर दुबारा नालंदा गया था।

अवटोदा

श्रीमद्भागवत 5, 19, 8 मे नदियों की लबी सूची के अतर्गत इस नदी का उल्लेख है—'चन्द्रवसा ताम्रपर्णी अवटोदा कृतमाला वैहायसी कावेरी वेणी'—सदर्भ से यह दक्षिण भारत की कोई नदी जान पड़ती है।

अवमुक्त, अवमुक्तक

ब्रह्मपुराण 113, 22 मे इस तीर्थ को गोमती (गोदावरी) के तट पर स्थित बताया गया है। शायद महाराजाधिराज समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति म इसका अवमुक्तक रूप में उल्लेख है। समुद्रगुप्त ने अवमुक्तक के शासक नीलराज

को विजित किया था—'काचेयक विष्णुगोप, अवमुक्तक नीलराज, वेंगीयक हस्तिवर्मा'—अवमुक्तक कांची या कांजीवरम् के पास कोई नगर था।

अवष्ठ=अवष्ठ

अवष्ठ अबष्ठ का पाठांतर है। महा० सभा० 32, 8 में इसका उल्लेख है।

अवाकीर्ण

'जुहाव धृतराष्ट्रस्य राष्ट्र नरपते पुरा, अवाकीर्णे सरस्वत्यास्तीर्थे प्रज्वाल्य पावकम्' महा० शल्य, 41, 12। इस उद्धरण से ज्ञात होता है कि अवाकीर्ण, सरस्वती नदी के तटवर्ती तीर्थों में गिना जाता था। इसकी यात्रा बलराम ने की थी। प्रसगक्रम से जान पडता है कि अवाकीर्ण पजाब में कही स्थित होगा।

अविमुक्त

सभवत वाराणसी का एक नाम—(दे० शिवपुराण 41, मत्स्यपुराण 182-184)।

अविस्थल

महाभारत उद्योग० 31-19 में उल्लिखित पाच स्थानो मे से एक जिन्हे युधिष्ठिर ने दुर्योधन से पाडवो के लिए मांगा था। उन्होंने यह सदेश दुर्योधन के पास सजय द्वारा भिजवाया था—'अविस्थलवृकस्थल माकन्दी वारणावतम्, अवसान भवत्वत्र किंचिदेक च पचमम्' अर्थात् हमें केवल अविस्थल, वृकस्थल, माकदी, वारणावत तथा पाचवा कोई भी ग्राम दे दें। वृकस्थल या वृकप्रस्थ (वर्तमान बागपत, जिला मेरठ, उ० प्र०), माकन्दी और वारणावत (वर्तमान बरनावा, जिला मेरठ) हस्तिनापुर के निकट ही स्थित थे। अविस्थल भी इनके निकट ही होगा यद्यपि इसका ठीक-ठीक अभिज्ञान सदिग्ध है। कुछ विद्वानो के अनुसार अविस्थल का शुद्ध पाठ कपिस्थल या कपिष्ठल होना चाहिए। कपिस्थल वर्तमान कैथल (जिला करनाल पजाब) है।

अशोक मालव (दे० मालमाल)

अशोकवनिका

वाल्मीकि-रामायण के अनुसार लका में स्थित एक सुदर उद्यान या जिसमें रावण ने सीता को बदी बनाकर रखा था—'अशोकवनिकामध्ये मैथिली नीयता-मिति, तत्रेय रक्ष्यता गूढ युष्माभि परिवारिता' अरण्य० 56, 30। अरण्य० 55 से ज्ञात होता है कि रावण पहले सीता को अपने राजप्रासाद में लाया था और वही रखना चाहता था। किंतु सीता की अडिगता तथा अपने प्रति उसका तिरस्कार-भाव देखकर उसे धीरे-धीरे मना लेने के लिए प्रासाद से कुछ दूर अशोकवनिका में कैद कर दिया था। सुदर० 18 में अशोकवनिका का सुदर वर्णन है—'तां

नगर्विविधैर्जुष्टां सर्वपुष्पफलोपगैः, वृतां पुष्करिणीभिश्च नानापुष्पोपशोभिताम्। सदा मदैश्च विहंगैर्विचित्रां परमांद्भुतैः ईहामृगैश्च विविधैर्वृतां दृष्टिमनोहरैः। वीथीः संप्रेक्षमाणश्च मणिकांचनतोरणाः नानामृगगणाकीर्णां फलैः प्रपतितैर्वृताम्, अशोकवनिकामेव प्राविशत्संततद्रुमाम्, सुंदर०, 18, 6-9। अध्यात्मरामायण में भी सीता को अशोकवाटिका या अशोकविपिन में रखे जाने का उल्लेख है—'स्वान्तःपुरे रहस्ये तामशोकविपिने क्षिपत्, राक्षसीभिः परिवृता मातृबुद्ध्यान्वपालयत्' अरण्य०, 7, 65। वाल्मीकि ने सुंदर० 3,71 में हनुमान् द्वारा अशोकवनिका के उजाड़े जाने का वर्णन है—'इतिनिश्चित्य मनसा वृक्षखण्डान्महाबल, उत्पाटयाशोकवनिका निवृक्षामकरोत् क्षणात्' सुंदर० 3, 71। अशोकवनिका में हनुमान् ने साल, अशोक, चंपक, उद्दालक, नाग, आम्र तथा कपिमुख नामक वृक्षों को देखा था। उन्होंने एक शीशम के वृक्ष पर चढ़ कर प्रथम बार सीता को देखा था—'सुपुष्पिताग्रान्रुचिरांस्तरुणांकुरपल्लवान्, तामारुह्य महावेग शिंशपापर्णसंवृताम्'—सुंदर० 14, 41। इसी वृक्ष के नीचे उन्होंने सीता से भेंट की थी—(दे० अध्यात्म० सुंदर० 3, 14—'शनैरशोक वनिका विचिन्वञ् शिंशपातरुम्, अद्राक्ष जानकीमत्र शोचयन्तीं दु खसम्प्लुताम्')

अशोक वाटिका दे० अशोकवनिका

अशोकाराम

महावंश 5, 80 के अनुसार पाटलीपुत्र में अशोक द्वारा निर्मित विहार। इस विहार का निरीक्षण इन्द्रगुप्त नामक थेर भिक्षु के निरीक्षण में हुआ था। यहीं तीसरी बौद्ध संगीति (सभा) अशोक के समय में हुई थी।

अश्मक, अस्सक, अश्मत

बौद्ध साहित्य में इस प्रदेश का, जो गोदावरी तट पर स्थित था, कई स्थानों पर उल्लेख मिलता है। 'महागोविन्दसुत्तन्त' के अनुसार यह प्रदेश रेणु और धृतराष्ट्र के समय में विद्यमान था। इस ग्रन्थ में अस्सक के राजा ब्रह्मदत्त का उल्लेख है। सुत्तनिपात, 977 में अस्सक को गोदावरी-तट पर बताया गया है। इसकी राजधानी पोतन, पोदन्य, या पैठान (प्रतिष्ठान) में थी। पाणिनि ने अष्टाध्यायी (4, 1, 173) में भी अश्मकों का उल्लेख किया है। सोननंदजातक में अस्सक को अवंती से संबंधित कहा गया है। अश्मक नामक राजा का उल्लेख वायुपुराण, 88, 177-178 और महाभारत में है—'अश्मको नाम राजर्षिः पौदन्यं योन्यवेशयत्'। संभवतः इसी राजा के नाम से यह जनपद अश्मक कहलाया। ग्रीक लेखकों ने अस्मकेनोई (Assukenoi) लोगों का उत्तर-पश्चिमी भारत में उल्लेख किया है। इनका दाक्षिणी अश्वकों से ऐतिहासिक सम्बन्ध रहा

होगा या यह अश्वकों का रूपान्तर हो सकता है (दे० अश्वक)।

अश्व

महाभारत में अश्व नामक नदी का उल्लेख चर्मण्वती की सहायक नदी के रूप में है। नवजात शिशु कर्ण को कुंती ने जिस मंजूषा में रखकर अश्व नदी में प्रवाहित कर दिया था वह अश्व से चंबल, यमुना और फिर गंगा में बहती हुई चंपापुरी (जिला भागलपुर-बिहार) जा पहुंची थी—'मंजूषा त्वश्वनद्याः सायया चर्मण्वतीं नदीम् चर्मण्वत्याश्च यमुनां ततो गंगां जगाम ह। गंगायाः सूतविषयं चम्पामनुययौ पुरीम्' वन० 308, 25-26। अश्व नदी का नाम शायद इसके तट पर किए जाने वाले अश्वमेध-यज्ञों के कारण हुआ था। अश्वमेधनगर इसी नदी के किनारे बसा हुआ था, इसका उल्लेख महाभारत सभा० 29 में है। यह नदी वर्तमान कालिंदी हो सकती है जो कन्नौज के पास गंगा में मिलती है।

(2) अश्वतीर्थ का वर्णन महाभारत, वन० के तीर्थपर्व के अंतर्गत है—'तत्रदेवान् पितॄन विप्रास्तर्पयित्वा पुनः पुनः, कन्यातीर्थेऽश्वतीर्थे च गवां तीर्थे च भारत' वन० 95,3। यह स्थान कान्यकुब्ज या कन्नौज (उ० प्र०) के निकट गंगा-कालिंदी संगम पर स्थित था। कान्यकुब्ज को इस उल्लेख में कन्यातीर्थ कहा गया है। यहां गाधि का तपोवन था। स्कंदपुराण, नगरखण्ड 165,37 के अनुसार ऋचीक मुनि को वरुण ने एक सहस्र अश्व दिए थे जिनको लेकर उन्होंने गाधि की पुत्री सत्यवती से विवाह किया था। इसी कारण इसे अश्वतीर्थ कहा जाता था—'ततः प्रभृति विख्यातमश्वतीर्थं धरातले, गंगातीरे शुभे पुण्ये कान्यकुब्जसमीपगम्'। महाभारत, अनुशासन 4,17 में भी इसी कथा के प्रसंग में यह उल्लेख है—'अदूरे कान्यकुब्जस्य गंगायास्तीरमुत्तमम्, अश्वतीर्थं तदद्यापि मानवैः परिचक्ष्यते'। पीछे कान्यकुब्ज का ही एक नाम अश्वतीर्थ पड़ गया था। वास्तव में यह दोनों स्थान सन्निकट रहे होंगे।

अश्वक

यह गणराज्य अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण के समय (327 ई० पूर्व) सिंध और पंजकौरा नदियों के बीच के प्रदेश में बजौरघाटी के अंतर्गत बसा हुआ था। ग्रीक लेखकों के अनुसार यहां की राजधानी मसागा नाम के सुदृढ़ एवं सुरक्षित नगर में थी। कैंब्रिज हिस्ट्री ऑव इंडिया के अनुसार अश्व या फारसी अस्प से ही इस जाति का नाम अश्वक हुआ था। अलक्षेंद्र मसागा की लड़ाई में तीर लगने से घायल हो गया था और वह वीरों की इस नगरी को केवल धोखे से ही जीत सका था।

अश्वत्थामा (उड़ीसा)

भुवनेश्वर से 2 मील पर स्थित धवलागिरि की पहाड़ी को ही अश्वत्थामा-पर्वत कहा जाता है। यहां मौर्यसम्राट् अशोक का एक अभिलेख उत्कीर्ण है। कहते हैं कि इतिहास-प्रसिद्ध कलिंग युद्ध जिसने अशोक के हृदय को बदल दिया था, इसी स्थान पर हुआ था। पर्वत पर पहले अश्वत्थामा विहार स्थित था।

अश्वत्थामागिरि=असीरगढ़

अश्वत्थामापुर=असोथर

अश्वबोधतीर्थ (भड़ौच, गुजरात)

भृगुकच्छ के निकट एक जैनतीर्थ जिसका उल्लेख विविधतीर्थ-कल्प में है। जिन सुव्रत यहां प्रतिष्ठानपुर से आए थे और इस स्थान के निकट वन में उन्होंने राजा जितशत्रु को उपदेश दिया था। जितशत्रु उस समय अश्वमेध-यज्ञ करने जा रहे थे। जैनधर्म में दीक्षित होने के उपरांत उन्होंने यहां एक चैत्य बनवाया जो अश्वबोधतीर्थ कहलाया। जैनग्रंथ प्रभावकचरित में अश्वबोध मंदिर का इतिहास वर्णित है। इसमें इसका अशोक के पौत्र संप्रति द्वारा जीर्णोद्धार कराए जाने का उल्लेख है। 1184 ई० के लगभग रचे गए सोमप्रभ-सूरि के ग्रंथ कुमारपाल प्रतिबोध में भी इस तीर्थ में हेमचंद्रसूरि द्वारा प्राचीन मंदिर का पुनर्निर्माण करवाने का उल्लेख है। इस तीर्थ को शकुनिकाविहार भी कहते थे।

अश्वमेधेश्वर

'सोऽश्वमेधेश्वरं राजन् रोचमानं सहानुगम्, जिगाय समरे वीरो बलेन बलिनांवर.' महा० सभा० 29,8। संभवतः यह तीर्थ अश्व नदी के तट पर स्थित था। अश्व चंबल की सहायक नदी है।

अश्विनी, अश्विनीकुमार क्षेत्र

महाभारत, अनुशासन पर्व में इस तीर्थ का वर्णन है। प्रसंग से, वेदिकाकुण्ड के निकट इसकी स्थिति मानी जा सकती है। देविका नदी संभवतः पंजाब की देह है। 'देविकायामुपस्पृश्य तथा सुंदरिकाहृदे, अश्विन्या रूपवर्चस्कं प्रेत्य वै लभते नरः' अनुशासन०, 25,21।

अष्टनगर=हश्तनगर

प्राचीन पुष्कलावती के स्थान पर बसा हुआ वर्तमान कस्बा।

अष्टभुजा (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

मध्यकालीन मूर्तियों के अवशेष यहां प्राप्त हुए हैं। यह देवी का स्थान है।

अष्टापद

जैन-साहित्य के सबसे प्राचीन आगमग्रन्थ एकादशअंगादि में उल्लिखित

तीर्थ जिसको हिमालय मे स्थित बताया गया है। संभवतः कैलास को ही जैन-साहित्य मे अष्टापद कहा गया है। इस स्थान पर प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभदेव का निर्वाण हुआ था।

असनी (जिला फतहपुर, उ० प्र०)

फतहपुर से 10 मील पर है। किंवदंती के अनुसार असनी का नामकरण अश्विनीकुमारो के नाम पर हुआ है। इनका मंदिर भी यहां है। कहा जाता है कि मु० गौरी से कन्नौज पर आक्रमण के समय जयचंद ने राजधानी छोड़ने से पूर्व अपना राजकोष यहा छिपा दिया था। यहा का पुराना किला अकबर के समकालीन हरनाथ ने बनवाया था।

असम दे० कामरूप; प्राग्ज्योतिषपुर

असम शब्द अहोम शब्द का रूपांतर है। यह असम मे प्रारंभिककाल मे राज्य करने वाली जाति का नाम था।

असाई (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

1803 ई० मे अंग्रेजो ने मराठो को असाई के युद्ध मे पराजित किया था। इस विजय से अंग्रेजो का दक्षिण मे काफी प्रभुत्व बढ गया था। असाई के युद्ध मे मराठो की सेना मे फ्रांसीसी सैनिक भी थे और सेना फ्रांसीसी ढग पर प्रशिक्षित थी।

असाई खेड़ा (जिला इटावा, उ० प्र०)

महमूद गजनी 1018 ई० मे यहा आया था। उस समय इस स्थान को महानगरी कन्नौज का एक द्वार माना जाता था।

असावल (गुजरात)

अहमदाबाद का प्राचीन नाम। यह नगर साबरमती—प्राचीन साभ्रमती के तट पर बसा हुआ था। 1411 ई० मे अहमदशाह प्रथम बहमनी ने अहमदाबाद की नीव डाली थी। इससे पूर्व गुजरात के हिंदू नरेशो की राजधानी वलभि, पाटन, अन्हलवाडा और असावल मे रही थी। असावल आशापल्ली का अपभ्रंश माना जाता है।

असिक=**आर्षिक**

इस स्थान को, महारानी गौतमीबलश्री के नासिक अभिलेख (द्वितीय शती ई०) मे उसके पुत्र शातवाहननरेश गौतमीपुत्र के राज्य के अतर्गत बताया गया है। आर्षिक का उल्लेख पतंजलि के महाभाष्य 14, 22 मे भी है। यह असिक यदि महाभारत मे तीर्थरूप मे वर्णित आर्षिक का ही अपभ्रंश रूप है तो इसकी स्थिति पुष्कर के पार्श्ववर्ती प्रदेश मे रही होगी।

असिक्नी

वर्तमान चिनाब नदी (पाकिस्तान) का वैदिक नाम। ऋग्वेद 10, 75, 5-6 में नदीसूक्त के अंतर्गत इसका उल्लेख इस प्रकार है—'इमं मे गंगे यमुने सरस्वति शतुद्रि स्तोम सचता परुष्ण्या। असिक्न्या मरुद्वृधे वितिस्तयार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया'। यह नदी अथर्ववेद में वर्णित त्रिककुद् (त्रिकूट)-पर्वत की घाटी में बहती है। ऋग्वेद से ज्ञात होता है कि पूर्व-वैदिक काल में सिंधु और असिक्नी नदियों के निकट क्रिवि लोगों का निवास था जो कालांतर में वर्तमान पश्चिमी पंजाब और मध्यउत्तरप्रदेश में पहुंच कर पांचाल कहलाए। परवर्ती साहित्य में असिक्नी को चन्द्रभागा कहा गया है किंतु कई स्थानों पर असिक्नी नाम भी उपलब्ध है, यथा—श्रीमद्भागवत, 5, 19, 18 में—'मरुद्वृधा वितस्ता असिक्नी विश्वेति महानद्य' दे० चंद्रभागा।

असितांजन

घटजातक (कॉवेल सं० 454) में वर्णित एक नगर जिसकी स्थिति उत्तरापथ में मानी गई है। इसे कंस (वासुदेव कृष्ण का शत्रु) की राजधानी माना गया है। कृष्ण ने कंस को मारकर असितांजन पर अधिकार कर लिया था। इसे उत्तर-मथुरा मथुरा से भिन्न माना गया है। असितांजन नामक नगर का अस्तित्व वास्तविक जान पड़ता है।

(2) यह (बर्मा) ब्रह्मदेश का प्राचीन नगर है। इस स्थान पर अतिप्राचीन काल से मध्ययुग तक भारतीय औपनिवेशिकों का शासन रहा। भारतीय संस्कृति का प्रसार भी इस प्रदेश में दूर दूर तक हुआ। असितांजन बर्मा में प्राचीन भारतीयों का एक प्रमुख स्मारक है।

असी

वाराणसी के निकट गंगा नदी में मिलने वाली एक प्रसिद्ध छोटी शाखानदी। कहते हैं इस नगरी का नाम असी और वरणा नदियों के बीच में स्थित होने के कारण ही वाराणसी हुआ था। असी को असीगंगा भी कहते हैं—'संवत् सोलह सौ असी असी गंग के तीर, सावन शुक्ला सप्तमी तुलसी तज्यो शरीर'—इस प्रचलित दोहे से यह भी ज्ञात होता है कि महाकवि तुलसी ने इसी नदी के तट पर संभवतः वर्तमान अस्सी घाट के पास अपनी इहलीला समाप्त की थी।

असीरगढ़

प्राचीन नाम अश्वत्थामागिरि कहा जाता है। यहां का किला मुगलों के समय में बहुत प्रसिद्ध था। अकबर इसे बड़ी कठिनाई से जीत सका था। किले के अंदर शिवमंदिर है जिसका संबंध अश्वत्थामा से बताया जाता है। यह बुरहान-

पुर (महाराष्ट्र) के निकट स्थित है। बुरहानपुर मुगलकाल मे दक्षिण भारत पहुचने का नाका समझा जाता था। किला 850 फुट ऊची पहाडी पर है। आसा अहीर के नाम पर इस किले को पहले आसा अहीरगढ़ कहा जाता था। 1370 ई० से 1600 ई० तक यहां का शासन बुरहानपुर के फारुखी वंश के हाथ में था।

असोथर (जिला फतहपुर, उ० प्र०)

प्राचीन नाम अश्वत्थामापुर है। 18वीं शती मे महाराष्ट्र-केसरी शिवाजी के समकालीन भगवतराय-खींची यहा के महाराज थे। इन्होने कुछ दिन तक शिवाजी के राजकवि भूषण और उनके भ्राता मतिराम को आश्रय दिया था जिसके कारण हिंदी रीतिकालीन काव्य की बहुत उन्नति हुई थी। यहा अरार्लसिह का 17वीं शती के प्रारभ मे बना किला है।

अस्तगिरि

'पूर्वस्तत्रोदय गिरिर्जेला धारस्तथापर, तथा रैवतक श्यामस्तथैवास्त गिरिर्द्विज' विष्णु० 2, 4, 61। इस उद्धरण के प्रसग के अनुसार अस्तगिरि शाकद्वीप के सात पर्वतों मे से एक था।

अस्थि=हड्डी=हिद्दा (अफगानिस्तान)

वर्तमान जलालाबाद या प्राचीन नगरहार से 5 मील दक्षिण मे है। बौद्ध-काल मे यह प्रसिद्ध तीर्थ था। फाह्यान तथा युवानच्वाग दोनों ने ही यहा के स्तूपो तथा गगनचुबी विहारों का वर्णन किया है। यहा कई स्तूप थे जिनमें बुद्ध का दात तथा शरीर की अस्थियो के कई अश निहित थे। जिस स्तूप मे बुद्ध के सिर की अस्थि रखी थी उसके दर्शन करने वालो से एक स्वर्णमुद्रा ली जाती थी फिर भी यहा यात्रियो का मेला-सा लगा रहता था। नगर 3-4 मील के घेरे मे एक पहाडी के ऊपर स्थित था। पहाड़ी पर एक सुंदर उद्यान के भीतर एक दुमजिला धातुभवन था जिसमे किवदती के अनुसार बुद्ध की उष्णीष-अस्थि, शिरकपाल, एक नेत्र, क्षत्र-दड और सघटी निहित थी। धातुभवन के उत्तर मे एक पत्थर का स्तूप था। जनश्रुति के अनुसार यह स्तूप ऐसे अद्भुत पाषाण का बना था कि उगली से छूने से ही हिलने लगता था। हिद्दा मे फ्रांसीसी पुरातत्वज्ञो ने एक प्राचीन स्तूप को खोज निकाला है जिसे पश्तो मे थायस्ता या विशाल स्तूप कहते हैं। यह अभी तक अच्छी दशा में है।

अस्थि-ग्राम

जैन ग्रन्थ कल्पसूत्र के अनुसार तीर्थंकर महावीर जी ने इस स्थान पर रह कर प्रथम वर्षाकाल बिताया था। यह स्थान वैशाली के निकट था।

मसक=मश्मक

मस्तपुर

चेतिय-जातक के अनुसार चेदि-प्रदेश का एक नगर जिसकी स्थापना उप-चर नरेश के पुत्र ने की थी।

अहमदाबाद (गुजरात)

साबरमती या प्राचीन साभ्रमती के तट पर बसा हुआ नगर। 1411 ई० में अहमदशाह बहमनी ने इस नगर की नींव प्राचीन हिंदू नगर असावल या आशापल्ली के स्थान पर रखी थी। इससे पहले गुजरात की राजधानी अन्हलवाडा या पाटन और उससे भी पहले वलभि में थी। जैन स्तोत्र तीर्थ-मालाचैत्य वदन म सभवत अहमदाबाद को करणावती कहा गया है—'वेदे श्रीकर्णावती शिवपुरे नागद्रहे नाणके'। 1273 ई० से 1700 ई० तक अहमदाबाद की समृद्धि गुजरात की राजधानी के रूप में बढी-चढी रही। 1615 ई० में सर टामस रो ने अहमदाबाद को तत्कालीन लदन के बराबर बडा नगर बताया था। 1638 ई० में एक यूरोपीय पर्यटक ने अहमदाबाद के विषय मे लिखा था कि ससार की कोई जाति या एशिया की कोई वस्तु ऐसी नहीं है जो अहमदाबाद मे न दिखाई पडे—There is scarce any nation in the world or any commodity in Asia but may not be seen in this city' आश्चर्य नहीं कि शाहजहा ने मुमताजमहल से विवाह के पश्चात् अपने जीवन के कई सुखद वर्ष यहीं बिताए थे। अहमदाबाद की तत्कालीन समृद्धि का कारण इसका सूरत आदि बडे बदरगाहो के पृष्ठ-प्रदेश मे स्थित होना था। इसीलिए इसे गुजरात की राजधानी बनाया गया था। गुजरात के सुल्तानों के बनवाए हुए यहाँ अनेक भवन आज भी वर्तमान हैं जो हिंदू-मुसलिम वास्तुकला के सगम के सुदर उदाहरण हैं। गुजरात में इस मिश्र-शैली की नींव डालने वाला सुल्तान अहमदशाह ही था। इन भवनों मे पत्थर की जाली और नक्काशी का काम सराहनीय है। यहां के स्मारकों मे जामा मसजिद (1424 ई०) मुख्य है। इसमें 260 स्तभ हैं। अहमदशाह की बेगमों के मकबरों को रानी की हजरा कहा जाता है। रानी सिप्री की मसजिद 50×20 फुट के परिमाण मे बनी है। सीदी-सैयद की मसजिद पत्थर की जालिया से सज्जित खिडकियों के लिए प्रख्यात है। नगर के दक्षिण फाटक—राजपुर से पौन मील पर काकरिया झील है जिसे 1451 मे सुलतान कुतुबुद्दीन ने बनवाया था। झील के मध्य म एक टापू है। यहा एक दुर्ग का निर्माण भी किया गया था। अहमदाबाद म समृद्धि की विपुलता होते हुए भी एक बडा

दोष यह था कि यहां धूल बहुत उड़ती थी जिसके कारण जहांगीर ने नगर का नाम ही गर्दाबाद रख दिया था।

अहल्याश्रम

वाल्मीकि रामायण, बाल० 48 में वर्णित गौतम और अहल्या का आश्रम मिथिला या जनकपुर (उत्तरी बिहार या नेपाल) के निकट ही था—'मिथिलोपवने तत्र आश्रम दृश्य राघव पुराण निर्जन रम्य पप्रच्छ मुनिपुंगवम्' बाल० 48,11। रामायण के वर्णन से ज्ञात होता है कि गौतम के शाप के कारण अहल्या इसी निर्जन स्थान में रह कर तपस्या के रूप में अपने पाप का प्रायश्चित कर रही थी। तपस्या पूर्ण होने पर रामचन्द्रजी ने उसका अभिनन्दन किया और उसको गौतम के शाप से निवृत्ति दिलाई: रघुवंश 11,33 में कालिदास ने भी मिथिला के निकट ही इस आश्रम का उल्लेख किया है—'तं शिवेषु वसतिर्गताध्वभि सायमाश्रमतरुष्व गृहीत येषु दीर्घतपस परिग्रहोवासव क्षणकलत्रता ययौ।' कालिदास ने अहल्या को शिलामयी कहा है—(रघु० 11,34) यद्यपि ऐसा कोई उल्लेख वाल्मीकि-रामायण में नहीं है। जानकीहरण में कुमारदास ने भी इस आश्रम का वर्णन किया है (6,14–15) अध्यात्म-रामायण में विस्तारपूर्वक अहल्याश्रम की प्राचीन कथा दी हुई है (बाल० सर्ग 51)। एक किंवदंती के अनुसार उत्तर-पूर्व-रेलवे के कमतौल स्टेशन के निकट अहियारी ग्राम अहल्या के स्थान का बोध कराता है। इसे सिंहेश्वरी भी कहते हैं।

अहार (उदयपुर, राजस्थान)

1954–55 में भारतीय पुरातत्त्व विभाग द्वारा की गई खुदाई में यहां से काले और लाल रंग के मिट्टी के बर्तनों के अवशेष प्राप्त हुए थे। इस प्रकार के मृद्भांड दक्षिण भारत के महापाषाण (Megalithic) मृद्भांडों के सदृश है और ये प्रागैतिहासिक और ऐतिहासिक काल के अंतर्वर्ती युग से संबंधित माने जाते है। यह स्थल उदयपुर के स्टेशन के निकट है।

अहिक्षेत्र=अहिच्छत्र (जिला बरेली, उ० प्र०)

आंवला नामक स्थान के निकट इस महाभारतकालीन नगर के विस्तीर्ण खण्डहर अवस्थित हैं। यह नगर महाभारतकाल में तथा उसके पश्चात् पूर्व-बौद्धकाल में भी काफी प्रसिद्ध था। यहां उत्तरी पांचाल की राजधानी थी। 'सोऽध्यावसद्दीनमना काम्पिल्यं च पुरोत्तमम्। दक्षिणांश्चापि पंचालान् यावच्चर्मण्वती नदी। द्रोणेन चैव द्रुपद परिभूयाय पातितः। पुत्रजन्म परीप्सन् वै पृथिवीमन्वसचरत्, अहिच्छत्र च विषय द्रोणः समभिपद्यत' महा० आदि०, 137,73–74–76। इस उद्धरण से सूचित होता है कि द्रोणाचार्य ने पांचाल-

नरेश द्रुपद को हरा कर दक्षिण पांचाल का राज्य उसके पास छोड दिया था और *अहिच्छत्र नामक राज्य अपने अधिकार मे कर लिया था।* अहिच्छत्र कुरुप्रदेश के पार्श्व में ही स्थित था—यह उद्योग० 29,30 से भी सिद्ध होता है—'अहिच्छत्र कालकूट गगाकूल च भारत'। सम्राट् अशोक ने यहा अहिच्छत्र नामक विशाल *स्तूप बनवाया था। जैनसूत्र प्रज्ञापणा में अहिच्छत्र का कई अन्य जन*-पदो के साथ उल्लेख है।

चीनी यात्री युवानच्वांग जो यहा 640 ई० के लगभग आया था, नगर के *नाम के बारे मे लिखता है कि किले के बाहर नागहृद नामक एक ताल है* जिसके निकट नागराज ने बौद्ध धर्म स्वीकार करने के पश्चात् इस सरोवर पर एक छत्र बनवाया था। अहिच्छत्र के खण्डहरो मे सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण दूह एक स्तूप है *जिसकी आकृति चक्की के समान होने से इसे स्थानीय लोग* 'पिस-*नहारी का छत्र' कहते हैं।* यह स्तूप उसी स्थान पर बना है जहां किंवदती के अनुसार बुद्ध ने स्थानीय नाग राजाओ को बौद्धधर्म की दीक्षा दी थी। यहां से *मिली हुई मूर्तिया तथा अन्य वस्तुए लखनऊ के संग्रहालय मे सुरक्षित हैं।* वेबर ने शतपथ ब्राह्मण (13,5,4,7) मे उल्लिखित परिवक्रा या परिचक्रा नगरी का अभिज्ञान महाभारत की एकचक्रा (सभवत अहिच्छत्र) के साथ किया है (दे० वैदिक इडेक्स I 494)। महाभारत मे इसे *अहिक्षेत्र तथा छत्रवती* नामो से भी अभिहित किया गया है। जैन-ग्रन्थ विविधतीर्थकल्प मे इसका एक अन्य नाम सख्यावती भी मिलता है (दे० सख्यावती)। एक अन्य प्राचीन जैन ग्रन्थ तीर्थमाला-चैत्यवदन मे *अहिक्षेत्र का शिवपुर नाम भी बताया गया है*—'वदे श्री करणावती शिवपुरे नागद्रह नाणके'। जैन-ग्रन्थो मे इसका *एक अन्य नाम शिवनयरी* भी मिलता है (दे० एशेंट जैन हिम्स पृ० 56)।

टॉल्मी ने अहिच्छत्र का अदिसद्रा नाम से उल्लेख किया है (दे० एक्लासिकल डिक्शनरी आव हिंदू माइथोलोजी एण्ड रिलीजन, ज्योग्रेफी, हिस्ट्री, एण्ड लिटरे-चर—सप्तम सस्करण)।

(2) सपादलक्ष या शिवालिक पहाडियो (पश्चिमी उ० प्र०) मे बसे हुए देश की राजधानी। डा० भडारकर के अनुसार दक्षिण के चालुक्य मूलत यहीं के निवासी थे।

अहियारी दे० अहल्याश्रम

अहिवरण दे० बुलदशहर

अहिस्थल दे० शासवीवत्

अहीरवाडा

झासी और ग्वालियर के बीच का प्रदेश जहा गुप्तकाल मे आभीरो का

निवास था।

अहोगग

महावंश 4 18 में उल्लिखित हिमाचल श्रेणी। संभवत यह हरिद्वार की पर्वत-माला का नाम है।

अहोबिल (मद्रास)

मसलीपट्टम—हुबली रेलमार्ग पर नदयाल स्टेशन से लगभग 34 मील दूर है। इस प्राचीन तीर्थ का सबध श्रीराम तथा अर्जुन से बताया जाता है। किंवदती के अनुसार नृसिंह भगवान् का अवतार इसी स्थान पर हुआ था।

आंजनग्राम (बिहार)

राची-लोहरदगा रेलमार्ग पर लोहरदगा स्टेशन से गुमला जाने वाली सडक पर स्थित टोटो ग्राम से 3 मील दूर है। इसे स्थानीय जनश्रुति मे श्रीराम के भक्त'अजनापुत्र हनुमान् का जन्मस्थान बताया जाता है। अजना के नाम पर यहा एक अजनी-गुफा भी है। वाल्मीकि रामायण किष्किंधा० 66 में अजना की कथा वर्णित है—'अजनेति परिख्याता पत्नी केसरिणो हरे'। 66,20 के अनुसार अजना ने हनुमान् को पर्वतगुहा मे जन्म दिया था—'एवमुक्ता ततस्तुष्टा जननी ते महाकपे, गुहायां त्वां महाबाहो प्रजज्ञे प्लवगर्षभ'।

आंध्र

दक्षिण भारत का तेलुगुभाषी प्रदेश। ऐतरेय ब्राह्मण, 7,18 मे आध्र, शबर पुलिंद आदि दक्षिणात्य-जातियो का उल्लेख है जो मूलत विंध्यपर्वत की उपत्यकाओ मे रहती थी। महाभारत सभा० 31,71 मे आध्रों का उल्लेख है—पाड्याश्च द्रविडाश्चैव सहिताश्चोण्ड्रकेरलै आंध्रस्तालवनाश्चैव कलिगानुष्ट्रकर्णिकान्'। वन० 51,22 मे आध्रो का चोलो और द्राविडों के साथ उल्लेख है—'सवगांगान् सपौड्रोड्रान् सचोलद्राविडान्ध्रकान्'। अशोक के शिला-अभिलेख 13 मे भी आध्रो को मगध-साम्राज्य के अन्तर्गत बताया गया है। विष्णुपुराण 4,24,64 मे आध्र देश का इस प्रकार उल्लेख है—'कोसलान्ध्रपुड्रताम्रलिप्त समुद्रतट पुरी च देवरक्षितो रक्षित'। 240 ई० पू० के लगभग आध्रों ने दक्षिण मे एक स्वतत्र राज्य स्थापित किया था जो धीरे धीरे भारत प्रायद्वीप भर मे विस्तृत हो गया। इन्होने विजातीय क्षत्रपो को हरा कर गोदावरी, बरार, मालवा, काठियावाड और गुजरात तक आध्र सत्ता का विकास किया। आध्रनरेशो मे गौतमीपुत्र शातकर्णी बहुत प्रसिद्ध हुआ जो 119 ई० के लगभग राज करता था। आध्र राज्य की प्रभुसत्ता 225 ई० के लगभग तक रही। इस समय दक्षिण भारत के समुद्रतट पर कई बडे बदरगाह थे जिनके द्वारा रोम साम्राज्य

से भारत का व्यापार चलता था। आंध्र-देश का आंतरिक शासन प्रबंध भी बहुत सुव्यवस्थित और लोकतंत्रीय सिद्धांतों पर आधारित था जिसका प्रमाण इस प्रदेश के अनेक अभिलेखों से मिलता है।

आंविकेय

विष्णुपुराण 2,4,62 के अनुसार शाकद्वीप का एक पर्वत—'आंविकेयस्त-थारम्य' केसरी पर्वतोत्तमः'।

आंवला (जिला बरेली, उ० प्र०)

आंवला तहसील का मुख्य स्थान। महाभारत के समय तथा अनुवर्ती काल में आंवला का निकटवर्ती प्रदेश उत्तर-पांचाल का एक भाग था। महाभारत कालीन राजधानी अहिच्छत्र के खण्डहर आंवले के निकट रामनगर में स्थित हैं। आंवले में स्थित बेगम की मसजिद मुसलमानी शासनकाल का स्मारक है।

आऊवा (जिला जोधपुर, राजस्थान)

यहां उत्तरमध्य-काल में निर्मित काले पत्थर के एक बृहत्फलक पर देवी की विशाल प्रतिमा है। मूर्ति के दस हाथ तथा चौवन मुख प्रदर्शित किए गए हैं। हाथों में अनेक प्रकार के आयुध हैं। कहा जाता है देवी की इतनी भव्य मूर्ति अन्यत्र नहीं है।

आकरावंति

यह पूर्व तथा पश्चिम मालवा का संयुक्त नाम है। इसका उल्लेख आंध्र-नरेश गौतमीबलश्री के नासिक अभिलेख में मिलता है जिसमें इस प्रदेश को शातवाहन गौतमीपुत्र (द्वितीय शती ई०) के विशाल राज्य का एक भाग बताया गया है।

आकर्ष

'आकर्षा कुन्तलाश्चैव मालवाश्चाध्रकास्तथा' महा० 2,32,11। प्रसंग से जान पड़ता है कि आकर्ष महाभारतकाल में दक्षिणापथ का कोई देश था।

आकाशगंगा

'आकाशगंगा प्रयता पाडवास्तेऽभ्यवादयन्' महा०, वन० 142,11। इस नदी का बदरिकाश्रम के निकट उल्लेख है जिससे यह गंगा की अलकनंदा नाम की शाखा जान पड़ती है। पौराणिक किंवदंती में गंगा को आकाश मार्ग से जाने वाली नदी माना जाता था (दे० त्रिपथगा)। बदरिकाश्रम के निकट, महाभारत में, जिस वैहायसह्रद का उल्लेख है वह आकाशगंगा या अलकनंदा का ही स्रोत जान पड़ता है—'यत्र सा बदरी रम्या ह्रदोवैहायसस्तथा' शांति०, 127,2।

आकाशनगर (मद्रास)

कुभकोणम् से चार मील दूर विष्णु की उपासना का प्राचीन केंद्र है। इसे तुलसीवन भी कहते हैं।

ऑक्सस देः० वक्षु, वक्षु, चक्षु)

आगर (जिला उज्जैन, म० प्र०)

उज्जैन से कुछ दूर उत्तर की ओर छोटा-सा कस्बा है। यहा से ईशानकोण मे महादेव का एक मदिर है जिसे 1883 ई० मे अग्रेज सैनिक कर्नल मार्टिन ने बनवाया था। मदिर की मूर्ति बहुत पुरानी है। कहा जाता है कि इस स्थान पर पहले एक अतिप्राचीन मदिर स्थित था।

आगरा (उ० प्र०)

मुगलकाल के इस प्रसिद्ध नगर की नीव दिल्ली के सुलतान सिकदरशाह लोदी ने 1504 ई० मे डाली थी। इसने अपने शासनकाल में होने वाले विद्रोहो को भली भाति दबाने के लिए वर्तमान आगरे के स्थान पर एक सैनिक छावनी बनाई थी जिसके द्वारा उसे इटावा, बयाना, कोल, ग्वालियर और धौलपुर के विद्रोहियो को दबाने मे सहायता मिली। मखजन-ए-अफ़गान के लेखक के अनुसार सुलतान सिकदर ने कुछ चतुर आयुक्तो को दिल्ली, इटावा और चादवर के आस-पास के इलाके में किसी उपयुक्त स्थान पर सैनिक छावनी बनाने का काम सौंपा था और उन्होंने काफी छानबीन के पश्चात् इस स्थान (आगरा) को चुना था। अब तक आगरा या अग्रवन केवल एक छोटा-सा गाव था जिसे ब्रजमडल के चौरासी वनो मे अग्रणी माना जाता था। शीघ्र ही इसके स्थान पर एक भव्य नगर खडा हो गया। कुछ दिन बाद सिकदर भी यहा आकर रहने लगा। तारीखदाऊदी के लेखक के अनुसार सिकदर प्रायः आगरे ही मे रहा करता था।

1505 ई० मे रविवार, जुलाई 7 को आगरे मे एक विकट भूकप आया जिसने एक वर्ष पहले ही बसे हुए नगर के अनेक सुदर भवनो को धराशायी कर दिया। मखजन के लेखक के अनुसार भूकप इतना भयानक था कि उसके धक्के से इमारतो का तो कहना ही क्या, पहाड तक गिर गए थे और प्रलय का सा दृश्य दिखाई देने लगा था। इसके पश्चात् आगरे की उन्नति अकबर के समय मे प्रारभ हुई। 1565 ई० मे उसने यहा लाल पत्थर का किला बनवाना शुरू किया जो आठ वर्षों मे तैयार हुआ। अब तक इसके स्थान पर ईंटो का बना हुआ एक छोटा-सा किला था जो खडहर हो चला था। अकबर के किले को बनाने वाला तीनहजारी मनसबदार कासिम खा था और इसके निर्माण का का व्यय 35 लाख रुपया था। किले की नीव भूमिगत पानी तक गहरी है। इसके

पत्थरों को मसाले के साथ-साथ लोहे के छल्लों से भी जोड कर सुदृढ़ बनाया गया है। अकबर ने अपने शासन के प्रारंभ मे ही फतहपुर सीकरी को अपनी राजधानी बनाया था किंतु 1586 ई० मे अकबर पुन अपनी राजधानी आगरे ले आया था। जहांगीर के राज्यकाल मे और शाहजहा के शासन के प्रारंभिक वर्षों में आगरे मे ही राजधानी रही। इस जमाने मे यहा किले की अदर की सुंदर इमारतें—मोती मसजिद और ऐतमाद्दौला का मकबरा (जिसका निर्माण नूरजहां ने करवाया था) बना। शाहजहां ने आगरे को छोड़कर दिल्ली मे अपनी राजधानी बनाई। इसी समय आगरे में विश्वविश्रुत ताजमहल का निर्माण हुआ।

आगरे मे मुगल वास्तुकला के पूर्व और उत्तरकालीन दोनों रूपों के उदाहरण मिलते हैं। अकबर के समय तक जो इमारतें मुगलों ने बनवाई वे विशाल, भव्य और विस्तीर्ण हैं, जैसे फतहपुर सीकरी के भवन या दिल्ली मे हुमायू का मकबरा। नूरजहां के बनवाए हुए ऐतमाद्दौला के मकबरे म पहली बार पत्थर पर बारीक नक्काशी और पच्चीकारी का काम किया गया और उस कला का जन्म हुआ जो विकसित होते हुए ताजमहल के अभूतपूर्व वास्तुशिल्प मे प्रस्फुटित हुई। ताजमहल मे भव्य तथा सूक्ष्म दोनों कलापक्षो का अद्‌भुत मेल है जो उसे ससार की सर्वश्रेष्ठ इमारतो मे प्रमुख स्थान दिलाता है।

शाहजहा के दिल्ली चले जाने के पश्चात् आगरा फिर कभी मुगलो की राजधानी न बन सका यद्यपि यह नगर मुगलकाल का एक प्रमुख नगर तो अत तक बना ही रहा।

आग्नेय

वाल्मीकि रामायण, 2,71,3 मे इस ग्राम का उल्लेख है, 'एलधाने नदी तीर्त्वा प्राप्य चापरपर्वतान, शिलामाकुर्वन्तीं तीर्त्वा आग्नेय शल्यकर्षणम्'—जो सभवत शिलावहा नदी के पूर्वी तट पर रहा होगा।

आग्रेय

यह गणराज्य अलक्षेंद्र के समय मे पजाब मे स्थित था। सभव है यह अग्राहा का ही पाठातर हो।

आजमगढ़ (उ० प्र०)

1665 ई० मे फुलवारिया नामक प्राचीन ग्राम के स्थान पर आजम खा द्वारा इस नगर की स्थापना की गई थी। यहा गौरीशकर का मदिर 1760 ई० मे स्थानीय राजा के पुरोहित ने बनवाया था।

आजमाबाद=तरायन

आझी दे० अजकला

आटविक

वर्तमान मध्यप्रदेश का पूर्वोत्तर तथा उत्तरप्रदेश का दक्षिण-पूर्वी भाग जो

वनो के आधिक्य के कारण अटवी कहलाता था। इसके कोटाटवी तथा वटाटवी नामक भाग थे।

आद्यपुर

प्राचीन कबोडिया या कबुज का एक नगर। कबुज मे भारतीय हिंदू औपनिवेशको ने लगभग तेरह सौ वर्ष राज्य किया था।

आत्रेयी

(1) 'करतोया तथात्रेयी लोहित्यश्च महानदी,' महा० 2,9,221। इस उल्लेख के अनुसार आत्रेयी गोदावरी की एक छोटी शाखा का नाम है। यह पचवटी के निकट गोदावरी मे मिलती है। गोदावरी की सात शाखाएं मानी गई हैं। दे० गोदावरी।

(2) जिला राजशाही—बगाल—की एक नदी जो गगा में मिलती है।

आदर्शावली

अर्वली पर्वत श्रेणी का नाम कहा जाता है।

आदित्य

महाभारतकाल मे सरस्वती नदी के तट पर स्थित एक तीर्थ, जिसकी यात्रा बलराम जी ने अन्य तीर्थों के साथ की थी—'वनमाली ततो हृष्ट स्तूयमानो महर्षिभि॰, तस्मादादित्यतीर्थं च जगाम कमलेक्षण ' शल्य० 49,17

आदिबदरी (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

परगना चादपुर मे कर्णप्रयाग से लगभग 11 मील दक्षिण मे स्थित है। यहां सोलह प्राचीन मंदिर हैं जिन्हे किंवदती के अनुसार शकराचार्य ने बनवाया था किंतु ये वास्तव मे चांदपुरी गढी के प्राचीन राजाओ द्वारा निर्मित हैं।

आदिलाबाद (आं० प्र०)

नगर मे एक पुराना मदिर और उत्तर मुसलमान काल की एक मसजिद है। नगर का नाम बीजापुर के बहमनी सुल्तान आदिलशाह के नाम पर है। यह आदिलशाह शिवाजी का समकालीन था।

आनद

विष्णुपुराण 2, 4, 5 के अनुसार प्लक्ष द्वीप का एक भाग जो इस द्वीप के राजा मेधातिथि के पुत्र आनद के नाम से प्रसिद्ध है।

आनदपुर (गुजरात)

(1) गुर्जरनरेश शीलादित्य सप्तम के अलिया ताम्रदानपट्ट (767 ई०) में आनदपुर का उल्लेख है। इस नगर मे राजा का शिविर था जहां से यह शासन प्रचलित किया गया है। किंवदती के अनुसार आनदपुर सारस्वत (नागर)

ब्राह्मणों का मूल स्थान है। उनका कहना है कि उन्होंने ही देवनागरी लिपि का आविष्कार किया था। 7वीं शती ई० (630-645 ई०) में जब युवानच्वांग भारत आया था तो आनंदपुर का प्रांत मालवा के उत्तर पश्चिम की ओर साबरमती के पश्चिम में स्थित था। यह मालवा राज्य के ही अधीन था। इसका दूसरा नाम वरनगर भी था। ऋग्वेद प्रातिशाख्य के रचयिता उव्वट ने अपने ग्रन्थ के प्रत्येक अध्याय के अंत में 'इति आनन्दपुर वास्तव्य' लिखा है। बहुत संभव है कि वह इसी नगर का निवासी रहा हो। नागर ब्राह्मण वरनगर के निवासी होने से ही नागर कहलाए।

(2) (पंजाब) आनंदपुर की विशेष ख्याति इसके सिख खालसा पंथ का जन्मस्थान होने के नाते है। सिखों के दसवें गुरु गोविंदसिंह ने औरंगजेब की हिंदू विद्वेषी नीति से हिंदुओं की रक्षा करने के लिए ही खालसा पंथ की स्थापना करके सिख-संप्रदाय को सुदृढ एवं संगठित रूप प्रदान किया था। उन्होंने ही इस ग्राम का नामकरण भी किया था।

आनर्त

उत्तरपश्चिमी गुजरात का प्राचीन नाम। *'आनर्तान् कालकूटाश्च कुलिन्दाश्च विजित्य स.'* महा०, सभा० 26, 4। इस उल्लेख के अनुसार अर्जुन ने पश्चिम दिशा की विजय-यात्रा में आनर्तों को जीता था। सभापर्व के एक अन्य वर्णन से ज्ञात होता है कि *आनर्त का राजा शाल्व था जिसकी राजधानी सौभनगर* में थी। श्रीकृष्ण ने इस देश को शाल्व से जीत लिया था (किंतु दे० शाल्वपुर, मार्तिकावत) विष्णुपुराण में आनर्त की राजधानी कुशस्थली—द्वारका का प्राचीन *नाम—बताई गई है—'आनर्तस्यापि रेवतनामा पुत्रो जज्ञे, योऽसावानर्तविषय* बुभुजे पुरीं च कुशस्थलीमध्युवास—' विष्णु० 4, 1, 64। इस उद्धरण से यह भी सूचित होता है कि आनर्त के राजा रेवत के पिता का नाम आनर्त था। इसी के नाम से इस देश *का नाम आनर्त हुआ होगा। रेवत बलराम की पत्नी* रेवती के पिता थे। महाभारत, उद्योग० 7, 6 से भी विदित होता है कि आनर्त-नगरी, द्वारका का नाम था—'तमेव दिवस चापि कौन्तेय पाडुनदन., आनर्त-*नगरीं रम्यां जगामाशु धनजयः'। गिरनार के प्रसिद्ध अभिलेख के अनुसार* रुद्रदामन् ने 150 ई० के लगभग अपने पह्लव अमात्य सुविशाख को आनर्त और सुराष्ट्र आदि जनपदों का शासक नियुक्त किया था—'कृत्स्नानामानर्त सुराष्ट्राणां पालनार्थं नियुक्तेन पह्लवे कुलैप पुत्रेणामात्येन सुविशाखेन—'। रुद्रदामन् ने आनर्त को सिंधु सौवीर आदि जनपदों के साथ विजित किया था—'स्ववीर्यार्जितानामनुरक्तसर्वप्रकृतीनापूर्वापराकरावन्त्यनुपनाद्‌द्व...

सुराष्ट्रश्वभ्रमरुकच्छसिंधुसौवीरकुकुरापरान्तनिषादादीनाम्—'।

आपगा

(1) पंजाब की एक नदी—'शाकल नाम नगरमापगा नाम निम्नगा, जर्तिकानाम वाहीकास्तेषां वृत्तं सुनिन्दितम्' महा० कर्ण० 44, 10 अर्थात् वाहीक या आरट्ट देश मे शाकल—वर्तमान स्यालकोट—नाम का नगर और आपगा नाम की नदी है जहां जर्तिक नाम के वाहीक रहते हैं, उनका चरित्र अत्यंत निंदित है। इससे स्पष्ट है कि आपगा स्यालकोट (पाकिस्तान) के पास बहने वाली नदी थी। इसका अभिज्ञान स्यालकोट की 'ऐक' नाम की छोटी-सी नदी से किया गया है। यह चिनाब की सहायक नदी है।

(2) वामन-पुराण मे (39, 6-8) आपगा नदी का उल्लेख है जो कुरुक्षेत्र की सात पुण्य नदियों मे से है—'सरस्वती नदी पुण्या तथा वैतरणी नदी, आपगा च महापुण्या गंगा मंदाकिनी नदी। मधुस्रुवा अम्लुनदी कौशिकी पापनाशिनी, दृशद्वती महापुण्या तथा हिरण्यवती नदी'। कहा जाता है यह नदी जो अब अधिकांश मे विलुप्त हो गई है कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसर से एक मील दूर आपगा-सरोवर के रूप मे आज भी दृश्यमान है।

संभव है, महाभारत और वामनपुराण की नदियां एक ही हों, यदि ऐसा है तो नदी के गुणों मे जो दोनों ग्रन्थों मे वैषम्य वर्णित है वह आश्चर्यजनक है। नदियां भिन्न भी हो सकती है।

आपण

बुद्धचरित्र के अनुसार अंग और सुह्म के बीच मे स्थित नगर जहां गौतम-बुद्ध ने सेन्य व शैल नामक ब्राह्मणों को दीक्षित किया था।

आप्तनेत्रवन दे० इकौना

आबानेरी (राजस्थान)

आठवीं शती ई० मे निर्मित शिवमंदिर मध्ययुगीन राजस्थानी वास्तुकला का सुंदर उदाहरण है।

आबू दे० अर्बुद (राजस्थान)

जैन वास्तुकला के सर्वोत्कृष्ट उदाहरण-स्वरूप दो प्रसिद्ध संगमरमर के बने मंदिर जो दिल्वाड़ा या देवलवाड़ा मंदिर कहलाते हैं इस पर्वतीय नगर के जगत् प्रसिद्ध स्मारक हैं। विमलसाह के मंदिर की एक अभिलेख के अनुसार राजा भीमदेव प्रथम के मंत्री विमलसाह ने बनवाया था। इस मंदिर पर 18 करोड़ रुपया व्यय हुआ था। कहा जाता है कि विमलसाह ने पहले कुंभेरिया में पार्श्वनाथ के 360 मंदिर बनवाए थे किंतु उनकी इष्टदेवी अंबा जी ने किसी

घात पर रुष्ट होकर पांच मंदिरों को छोड़ अवशिष्ट सारे मंदिर नष्ट कर दिए और स्वप्न में उन्हें दिलवाड़ा में आदिनाथ का मंदिर बनाने का आदेश दिया। किंतु आबूपर्वत के परमार नरेश ने विमलशाह को मंदिर के लिए भूमि देना तभी स्वीकार किया जब उन्होंने संपूर्ण भूमि को रजतखंडों से ढक दिया। इस इस प्रकार 56 लाख रुपए में यह जमीन खरीदी गई थी। इस मंदिर में आदिनाथ की मूर्ति की आंखें असली हीरक की बनी हुई हैं और उसके गले में बहुमूल्य रत्नों का हार है। इस मंदिर का प्रवेशद्वार गुंबद वाले मंडप से होकर है जिसके सामने एक वर्गाकृति भवन है। इसमें छ: स्तंभ और दस हाथियों की प्रतिमाएं हैं। इसके पीछे मध्य में मुख्य पूजागृह है जिसमें एक प्रकोष्ठ में ध्यानमुद्रा में अवस्थित जिन की मूर्ति है। इस प्रकोष्ठ की छत शिखर रूप में बनी है यद्यपि वह अधिक ऊंची नहीं है। इसके साथ एक दूसरा प्रकोष्ठ बना है जिसके आगे एक मंडप स्थित है। इस मंडप के गुंबद के आठ स्तंभ हैं। संपूर्ण मंदिर एक प्रांगण के अंदर घिरा हुआ है जिसकी लंबाई 128 फुट और चौड़ाई 75 फुट है। इसके चतुर्दिक् छोटे स्तंभों की दुहरी पंक्तियां हैं जिनसे प्रांगण की लगभग 52 कोठरियों के आगे बरामदा-सा बन जाता है। बाहर से मंदिर नितांत सामान्य दिखाई देता है और इससे भीतर के अद्भुत कला-वैभव का तनिक भी आभास नहीं होता। किंतु श्वेत संगमरमर के गुंबद का भीतरी भाग, दीवारें, छतें तथा स्तंभ अपनी महीन नक्काशी और अभूतपूर्व मूर्तिकारी के लिए संसार-प्रसिद्ध हैं। इस मूर्तिकारी में तरह-तरह के फूल-पत्ते, पशु-पक्षी तथा मानवों की आकृतियां इतनी बारीकी से चित्रित हैं मानो यहां के शिल्पियों की छेनी के सामने कठोर संगमरमर मोम बन गया हो। पत्थर की शिल्पकला का इतना महान् वैभव भारत में अन्यत्र नहीं है। दूसरा मंदिर जो तेजपाल का कहलाता है, निकट ही है और पहले की अपेक्षा प्रत्येक बात में अधिक भव्य और शानदार दिखाई देता है। इसी शैली में बने तीन अन्य जैन-मन्दिर भी यहां आसपास ही हैं। किंवदंती है कि वसिष्ठ का आश्रम देलवाड़ा के निकट ही स्थित था। अर्बुदा-देवी का मन्दिर यहीं पहाड़ के ऊपर है।

जैन ग्रन्थ विविधतीर्थकल्प के अनुसार आबूपर्वत की तलहटी में अर्बुद नामक नाग का निवास था, इसी के कारण यह पहाड़ आबू कहलाया। इसका पुराना नाम नंदिवर्धन था। पहाड़ के पास मन्दाकिनी नदी बहती है और श्रीमाता अचलेश्वर और वसिष्ठाश्रम तीर्थ हैं। अर्बुद-गिरि पर परमार नरेशों ने राज्य किया था जिनकी राजधानी चंद्रावती में थी। इस जैन ग्रन्थ के अनुसार विमल नामक सेनापति ने ऋषभदेव की पीतल की मूर्ति सहित यहां एक चैत्य

बनवाया था और 1088 वि० सं० में उसने विमल वसति नामक एक मंदिर बनवाया। 1288 वि० सं० में राजा के मुख्य मंत्री ने नेमि का मंदिर—लूणिगवसति बनवाया। 1243 वि० सं० में चंडसिंह के पुत्र पीठपद और महनसिंह के पुत्र लल्ल ने तेजपाल द्वारा निर्मित मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया। इसी मूर्ति के लिए चालुक्यवंशी कुमारपाल भूपति ने श्रीवीर का मन्दिर बनवाया था। अर्बुद का उल्लेख एक अन्य जैन ग्रन्थ तीर्थमाला चैत्यवन्दन में भी मिलता है— 'कोडीनारकमन्दिदाहडपुरेश्रीमंडप चार्बुदे'।

आभीर

गुजरात का दक्षिण पूर्वी भाग। यूनानियों ने इसे अबेरिया कहा है। टॉलमी ने इस देश को सिंध नदी के मुहाने के निकट स्थित बताया है—(दे० मैक्क्रिंडल-टॉलमी, पृ० 140)। ब्रह्मांडपुराण, 6 में भी इसी तथ्य का उल्लेख है और सिंधु को आभीर देश में बहने वाली नदी कहा गया है। महाभारत, सभा० 31 में आभीरों को सरस्वती-नदी (सोमनाथ के निकट) के तीर तथा समुद्र तट के निवासी बताया गया है।

आमू

दक्षिण-पश्चिमी एशिया में अफगानिस्तान तथा दक्षिणी रूस की सीमा पर बहने वाली नदी जिसे प्राचीन भारतीय साहित्य में वक्षु और विष्णुपुराण में चक्षु कहा गया है। ग्रीक लोग इसे आक्सस कहते थे।

आमेर (जिला जयपुर, राजस्थान)

जयपुर से छः मील दूर जयपुर राज्य की प्राचीन राजधानी। कहा जाता है कि 1129 ई० के लगभग कछवाहा राजपूतों को ग्वालियर से परिहारों ने निकाल दिया था। कछवाहा राजकुमार तेजकरो अपनी नवोढा पत्नी सुन्दरी मरोनी के प्रेमपाश में बंध कर राजकाज भूल बैठा था जिसके फलस्वरूप उसके भतीजे परिहार ने उसे राज्यच्युत कर दिया। कछवाहों ने निष्कासित होने के पश्चात् जंगली मीणाओं की सहायता से दुढार की रियासत स्थापित की। आमेर दुढार ही की राजधानी थी. जयसिंह द्वितीय के समय तक (1730 ई० के कुछ पूर्व) कछवाहों की राजधानी आमेर नगर में ही रही। जयसिंह द्वितीय ने ही जयपुर बसाया और अपनी राजधानी नए नगर में बनाई। आमेर में, अकबर के दरबार के रत्न महाराजा मानसिंह द्वारा निर्मित दुर्ग और प्रासाद पहाड़ी के ऊपर स्थित हैं। इनके भीतर दरबार, दीवाने-आम, गणेशपोल, रंगमहल, यशमंदिर, सुहागमंदिर इत्यादि उल्लेखनीय हैं। कहते हैं कि आमेर के महलों की रचना से मुगल-सम्राटों ने इतनी भारी कि उसी का अनुकरण उन्होंने दिल्ली और आगरा के

भवनों में किया। आमेर के दुर्ग का शीशमहल भारत में प्रसिद्ध है, इसी के लिए जयसिंह प्रथम के राजकवि बिहारीलाल ने लिखा था—'प्रतिबिंबित जयसाह दुति दीपत दरपन धाम, सब जग जीतन को कियो कामव्यूह मनु काम'। आमेर का कालीमंदिर बहुत प्राचीन है। संभवतः कछवाहों के आमेर में बसने के पूर्व-काली यहां रहने वाली मीना जाति की इष्टदेवी थी। आमेर नाम की व्युत्पत्ति भी प्रमाणगत से जान पड़ती है। श्री न० ला० डे के अनुसार आमेर का असली नाम अंबरीषपुर था और इसे पौराणिक नरेश अंबरीष ने बसाया था।

आम्रकूट

'त्वामासारप्रशमितवनोपप्लवं साधु मूर्ध्ना, वक्ष्यत्यध्वश्रमपरिगतं सानुमानाम्रकूट' मेघ०, पूर्वमेघ 17। उपर्युक्त पद्य में कालिदास ने आम्रकूट नामक पर्वत का वर्णन मेघ की रामगिरि से अलका तक की यात्रा के प्रसंग में नर्मदा से पहले ही अर्थात् उससे पूर्व की ओर किया है। जान पड़ता है कि यह वर्तमान पचमढ़ी अथवा महादेव की पहाड़ियों (सतपुड़ा पर्वत) का कोई भाग है। कई विद्वानों के मत में रीवां से 86 मील दूर स्थित अमरकूट ही आम्रकूट है। किंतु यह स्पष्ट ही है कि इस पहाड़ का वास्तविक नाम अमरकूट न होकर आम्रकूट ही है क्योंकि कालिदास ने अगले (पूर्वमेघ 18) छंद में इस पर्वत को आम्रवृक्षों से आच्छादित बताया है—'छन्नोपान्तः परिणतफलद्योतिभिः काननाम्रैः त्वय्यारूढे शिखरमचलः स्निग्धवेणी सवर्णे, नूनं यास्यत्यमरमिथुनप्रेक्षणीयामवस्था मध्येश्यामः स्तन इव भुवश्शेषविस्तारपाण्डुः'। संभव है नर्मदा के उद्गम अमरकंटक, अमरकूट और आम्रकूट नामों में परस्पर संबंध हो और एक ही पर्वत शिखर के ये नाम हो। निश्चय ही चित्रकूट आम्रकूट से भिन्न है क्योंकि चित्रकूट का वर्णन कालिदास ने पूर्वमेघ, 19 में पृथक् रूप से किया है।

आम्रद्वीप

लंका का एक प्राचीन भारतीय नाम जो इस देश की भौगोलिक आकृति के अनुरूप है। इस नाम का उल्लेख बोधिगया से प्राप्त किसी महानामन द्वितीय के एक अभिलेख में किया गया है। यह अभिलेख गुप्तसंवत् 269=584 ई० का है। यह महाराज महानामन् सिंहल के पाली इतिहास का रचयिता हो सकता है। संभवतः यह अभिलेख इसी ने अपनी इस स्थान की यात्रा के संस्मारक रूप में उत्कीर्ण करवाया था।

आरा (प० पाकिस्तान)

इस स्थान में एक अभिलेख प्राप्त हुआ था जिससे सूचित होता है कि शक संवत् 41 या 118 ई० में इस स्थान पर कनिष्क द्वितीय का राज था (यह

अभिलेख लाहौर संग्रहालय मे है)। इस कनिष्क को प्रो० लूडर्स ने कनिष्क प्रथम का पौत्र माना है। अभिलेख मे कनिष्क (द्वितीय) की उपाधि कैसरस (कैसर या सीजर) लिखी है।

आरंग (जिला रायपुर, म० प्र०)

आरग नामक वृक्ष के नाम पर ही इस स्थान का नामकरण हुआ जान पडता है क्योकि इस भूभाग मे इस प्रकार के स्थाननाम अनेक हैं। आरग मे एक भव्य जैन मदिर और महामाया का एक प्राचीन महत्त्वपूर्ण मन्दिर स्थित है। इसका सभामण्डप नष्ट हो चुका है। मन्दिर की छत सपाट है। जिला रायपुर के आसपास के प्रदेश मे 11वी-12वी शती मे शाक्त और तान्त्रिक सप्रदायो का बाहुल्य था। यह मन्दिर इसी समय का प्रतीत होता है। इसकी वास्तुकला से भी यही सिद्ध होता है। आरग के मूर्ति-अवशेषो मे भी शिव के तान्त्रिक रूपो की अनेक कृतिया उपलब्ध हुई हैं। योगमाया के मन्दिर के सामने ही सैकडो वर्ष प्राचीन एक महान् वृक्ष है जिसके बारे मे अनेक किंवदतियां प्रचलित हैं। यहां कई अभिलेख भी प्राप्त हुए हैं जिनमे से एक 601 ई० का है और इसमे राजर्षि तुल्यकुल नामक राजवश का उल्लेख है (दे० मध्यप्रदेश का इतिहास, पृ० 22)। यदि इस वश की राजधानी आरग मे ही थी तो इस स्थान का इतिहास उत्तरगुप्तकाल तक जा पहुचता है।

आरट्ट=आरट्ठ

'पचनद्यो वहन्त्येता यत्र पीलुवनान्युत, शतद्रुश्च विपाशा च तृतीयैरावती तथा। चन्द्रभागा वितस्ता च सिंधु षष्ठा बहिर्गिरे', आरट्टा नाम ते देशा नष्ट-धर्मा न तान् व्रजेत' महा० कर्ण०, 44,31-32-33। अर्थात् जहा पांच नदियां शतद्रु, विपाशा, इरावती, चन्द्रभागा और वितस्ता और छठी सिंधु बहती हैं, जहां पीलु वृक्षो के वन हैं, वे हिमालय की सीमा के बाहर के प्रदेश आरट्ट नाम से विख्यात हैं—इन धर्मरहित प्रदेशो मे कभी न जाए। इसी के आगे फिर कहा गया है—'पचनद्यो वहन्त्येता यत्र नि सृत्य पर्वतात् आरट्टा नाम बाहीका न तेष्वार्यो द्वयह वसेत्'—कर्ण० 44,40-41 अर्थात् जहा पर्वत से निकल कर पाच नदिया बहती हैं वे आरट्ट नाम से प्रसिद्ध बाहीक प्रदेश है—उनमे श्रेष्ठ पुरुष दो दिन भी निवास न करे। महाभारतकाल मे आरट्ट, या आरट्ठ या वाहीक प्रदेश पश्चिमी पजाब के ही नाम थे। मद्र इसी प्रदेश का एक भाग था। यहां का राजा शल्य था जिसके देशवासियो के दोष कर्ण ने उपर्युक्त उद्धरण मे बताए हैं। इस वर्णन के अनुसार यहा के निवासी आर्य-सस्कृति से बहिष्कृत व भ्रष्ट-आचरण वाले थे। आरट्ट गणराज्य लगभग 327 ई० पू० मे अलक्षेंद्र के भारत

पर आक्रमण के समय पंजाब में स्थित था। इसका उल्लेख ग्रीक लेखकों ने किया है। महाकवि माघ ने शिशुपालवध 5,10 में आरट्ट देश के घोड़ों का उल्लेख इस प्रकार किया है—'तेजोनिरोधसमतावहितेन यन्त्रा, सम्यक्कशात्रयविचारवता नियुक्त, आरट्टजश्चटुलनिष्ठुरपातमुच्चैश्चित्रं चकार पदमर्धपुलायितेन' अर्थात् वेग को रोकने वाली लगाम को थामने में सावधान और तीनों प्रकार के चाबुकों का प्रयोग जानने वाले घुड़सवारों से भली-भांति हांका गया आरट्ट देश में उत्पन्न घोड़ा अपने विचित्र पादप्रक्षेप द्वारा कभी चपल और कभी कठोर भाव से मण्डलाकार गति-विशेष से चल रहा था।

आरण्यक

महाभारत सभा० 31 में वर्णित है। देवीपुराण अध्याय 46 में इसे आरण्य कहा गया है। यह परीप्लस का एरियका (Ariyaka) है। यह वर्तमान औरंगाबाद (महाराष्ट्र) का परवर्ती प्रदेश था जिसकी राजधानी तगर (दौलताबाद) थी।

आरब=अरब देश

वराहमिहिर की बृहत्संहिता 14,17 में अरब का आरब नाम से उल्लेख है। बहिस्ता अभिलेख (जर्नल ऑव रॉयल सोसायटी, जिल्द 15) में अरब के प्राचीन नाम 'अरबय' का उल्लेख है। दे० बबापु।

आराम

(1) 'माद्रारामास्तथाम्बष्ठा पारसीकादयस्तथा' विष्णु०, 2,3,17। इस उद्धरण में आराम-जनपद के निवासियों का उल्लेख मद्रों और अवष्ठों के साथ है जिससे सूचित होता है कि आराम जनपद पंजाब में इन्हीं जनपदों के निकट स्थित होगा।

(2) *उड़ीसा का एक वैभवशाली नगर जिसका तत्स्थानीय अभिलेखों में* उल्लेख है। यह शायद सोनपुर के निकट स्थित था (दे० हिस्टॉरिकल ज्योग्रेफी ऑव एंशेंट इंडिया)

आरामनगर

आरा (ज़िला शाहाबाद, बिहार) का प्राचीन नाम कहा जाता है (दे० न० ला० डे)।

आरासण (मारवाड़, राजस्थान)

आबू के निकट दिल्वाड़ा मंदिरों की भांति ही यहां भी उच्चकोटि की शिल्प-कला के उदाहरण रूप कई जैन-मंदिर स्थित हैं। इनकी पत्थर की नक्काशी सराहनीय है। इसका नाम कुंभारिया भी है। इस स्थान का तीर्थमाला चैत्यवंदन नामक

जैन स्तोत्र मे इस प्रकार उल्लेख है—'कुतिपस्लविहारतारण हि सोपारकारासरो।

आर्यकुल्या

विष्णुपुराण 2,3,13 मे वर्णित एक नदी जो महेंद्रपर्वत (उडीसा) से उद्भूत मानी गई है—'त्रिसामा चार्यकुल्याद्यामहेंद्रप्रभवा स्मृता'। यह नदी पास ही बहने वाली दूसरी नदी ऋषिकुल्या से भिन्न है क्योकि ऋषिकुल्या का उल्लेख विष्णु० 2,3,14 मे पृथक् रूप से है।

आर्यपुर=एहोड़

यहां 7वी-8वी शती ई० मे चालुक्यो की राजधानी थी। यह स्थान जिला बीजापुर महाराष्ट्र मे स्थित है। प्राचीन अभिलेखो मे इसे अय्यावोल कहा गया है (दे० आर्कियोलोजिकल सर्वे रिपोर्ट 1907-8, पृ० 189)।

आर्यावर्त

प्राचीन सस्कृत साहित्य मे आर्यावर्त नाम से उत्तर भारत के उस भाग को अभिहित किया जाता था जो पूर्वसमुद्र से पश्चिम समुद्र तक और हिमालय से विंध्याचल तक विस्तृत है—'आसमुद्रात्तु वै पूर्वादासमुद्राच्च पश्चिमात् तयोरेवान्तरगिर्यो (हिमवतविन्ध्यो) आर्यावर्तं विदुर्बुधा'—मनुस्मृति 2,22।

आर्षिक

इस स्थान को महारानी गौतमी बलश्री के नासिक अभिलेख (द्वितीय शती ई०) मे उसके पुत्र शातवाहन नरेश गौतमीपुत्र के राज्य मे सम्मिलित बताया गया है। अभिलेख मे आर्षिक का प्राकृत नाम असिक दिया हुआ है। आर्षिक का पतजलि के महाभाष्य, 14,22 मे भी उल्लेख है। सभवत महाभारत मे भी इसी आर्षिक का तीर्थ के रूप मे नामोल्लेख है। यह शायद पुष्कर के पार्श्ववर्ती प्रदेश मे स्थित था।

आलद (जिला गुलबर्गा, मैसूर)

इस स्थान पर गुलबर्गा के प्रसिद्ध मुसलिम सत ख्वाजा बदानवाज के गुरु शेख अलाउद्दीन असारी की दरगाह है।

आलदी (जिला पूना, महाराष्ट्र)

पूना से 13 मील दूर है। यह स्थान महाराष्ट्र के प्रसिद्ध सत ज्ञानेश्वर की समाधि-स्थलि के रूप मे प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि ज्ञानेश्वर ने जीवित समाधि ली थी। आलदी इद्रायणी के तट पर है।

आलभिका=आलभिया=आलवी=आलवक (दे० आलवक)।

आलमपुर (दे० वाल ब्रह्मेश्वर)।

आलवक

गौतमबुद्ध के समय (पांचवीं-छठी शती ई० पू०) पूर्व-पांचाल में स्थित एक राज्य था। यह कान्यकुब्ज से पूर्व की ओर संभवतः गाजीपुर के निकटवर्ती प्रदेश का नाम था (दे० वाटर्स—युवानच्वांग, जिल्द० 2,61,340)। चीनी पर्यटक युवानच्वांग ने इसी देश को शायद चन्नु कहा है। इसकी राजधानी सुत्तनिपात में आल्वी बताई गई है (दे० सुत्तनिपात, दि बुक ऑव किंडरेड सेइंग्ज पृ० 275) जो उवासगदसाओ नामक ग्रंथ (भाग 2,पृष्ठ 103) की आलभिया या आलभिका जान पड़ती है। होर्नेल के अनुसार आलवी की गणना अभिधानप्पदीपिका में बीस उत्तर-भारतीय नगरों के अंतर्गत की गई है। जैन-ग्रंथ कल्पसूत्र में उल्लेख है कि तीर्थंकर महावीर ने आलभिका में एक वर्षाकाल व्यतीत किया था। सुत्तनिपात (10,2,45) में आलवक को यक्ष-देश माना है और वहां का देवता एक यक्ष को बतलाया गया है जो आलवक पंचाल नाम से प्रसिद्ध था। यक्ष बड़ा क्रोधी था किंतु तथागत के शांत स्वभाव के सामने उसे पराजित होना पड़ा था। यक्ष उत्तरी भारत की कोई अनार्यजाति थी जिसका उल्लेख महाभारत में अनेक स्थलों पर है। शिखंडी की मनोरंजक कथा (भीष्म-पर्व) में एक यक्ष को पांचाल-देश के अंतर्गत (कांपिल्य के निकट) वन में निवास करते हुए वर्णित किया गया है। चुल्लवग्ग (6,17) में आलवी में अग्गालव नामक बौद्धमंदिर का उल्लेख है। संभव है कि इस देश और इसकी राजधानी का नाम संस्कृत अटवी का प्राकृत रूप हो। जान पड़ता है कि यक्षों का निवास उस काल में पंचाल-देश की वनस्थलियों में रहा होगा।

आलविका=आलवी (दे० आलवक)

आलीपुरा (बुंदेलखंड, म० प्र०)

अंग्रेजी शासनकाल में एक छोटी-सी रियासत थी। पन्नानरेश हिंदूपत ने 1757 ई० में अचलसिंह को जो उनके यहां सेवा में था, आलीपुर की जागीर दी थी। अचलसिंह के पितामह महाराज छत्रसाल की सेना में 1608 ई० में भरती हुए थे और उन्होंने महाराज को अपने कार्य से प्रसन्न कर लिया था। अचलसिंह पीछे स्वतंत्र हो गया और इस प्रकार आलीपुर रियासत की नींव पड़ी।

आशापल्ली दे० असावल

आशापुर (जिला भोपाल, म० प्र०)

इस स्थान पर प्राचीनकाल की अनेक शिल्पकृतियां खंडहरों के रूप में पड़ी हुई हैं। आसपास घना निर्जन वन है। जान पड़ता है राजा भोज के राज्यकाल (लगभग 1010 ई०) तथा परवर्ती काल के अनेक ध्वंसावशेष यहां बिखरे पड़े हैं।

आम्रमक (म० प्र०)

इस ग्राम का उल्लेख महाराज सर्वनाथ के खोह अभिलेख 512 ई० मे है। यह तमसा नदी के तट पर स्थित था (दे० तमसा 2)। इस ग्राम को विष्णु तथा सूर्य के मंदिरो के लिए महाराज सर्वनाथ ने दान में दिया था।

आसंदीवत्

पांडवो के वंशज तथा परीक्षित के पुत्र जनमेजय की राजधानी। ऐतरेय ब्राह्मण की एक गाथा 8,21 मे इसका उल्लेख इस प्रकार है—'आसन्दीवति-धान्याद रुक्मिण हरितस्रजम्। अश्व बबन्धसारग देवभ्यो जनमेजय इति'। अर्थात् देवो के लिए यज्ञार्थ जनमेजय ने आसंदीवत् मे एक स्वर्णालंकृत पीली माला धारण किए हुए श्याम रंग का अश्व बांधा। परीक्षित की राजधानी हस्तिनापुर मे थी और इसी से जान पड़ता है कि आसन्दीवत् हस्तिनापुर ही का दूसरा नाम था। किंतु यह अभिज्ञान पूर्णतः निश्चित नही कहा जा सकता क्योंकि महाभारत (13,5,34) मे जनमेजय को राज्यसभा को तक्षशिला मे बताया गया है। पाणिनि ने अष्टाध्यायी 4,2,12 और 4,2,86 मे इसका नामोल्लेख किया है। काशिका 24,226 के अनुसार (कुरुक्षेत्रे परेणाहि स्थले) यह कुरुक्षेत्र के परिवर्ती प्रदेश का अभिधान था। इसे अहिस्थल भी कहते थे।

आसाम दे० असम

आसिका

पाणिनि की अष्टाध्यायी मे इसका उल्लेख है। यह शायद वर्तमान हांसी (हरियाणा) है।

आसिफाबाद (आं० प्र०)

यहां 16वीं शती का शुद्ध भारतीय शैली मे बना हुआ एक मंदिर है। उत्खननद्वारा प्रागैतिहासिक काल के अनेक काष्ठ जीवाश्म (फॉसिल) भी प्राप्त हुए है।

आसी

अलीगढ़ के इलाके का प्राचीन नाम।

आहार (बुंदेलखंड म० प्र०)

मध्ययुगीन बुंदेलखंड की वास्तुकला के भग्नावशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

इंदरगढ़ (राजस्थान)

चौहान राजपूतो के बनवाए हुए दुर्गों के लिए उल्लेखनीय है।

इंदु=हिंदु

चीनी पर्यटक युवानच्वांग ने अपनी भारत यात्रा (630 645 ई०)

के विवरण मे भारत का तत्कालीन प्रचलित नाम यिंतु लिखा है। यह इदु या हिंदू शब्द का ही चीनी उच्चारण है जिससे सिंधु (सिंधनदी जिसे विदेशियों को भारत में प्रवेश करते समय पार करना पड़ता था) शब्द का सीधा सबंध हो सकता है। इससे यह जान पड़ता है कि भारत का नामार्थक सिंधु शब्द (जिसका रूपांतर हिंदू, 'स' और 'ह' के उच्चारण का भारत के पश्चिम में स्थित देशों में एक-सा होने के कारण वहां प्रचलित था) भारत मे मुसलमानों के आगमन (8वीं शती ई०) से पूर्व का है। यह तथ्य इस विषय की सामान्य धारणा के विपरीत है।

'यिंतु' शब्द का संस्कृत 'इंदु' या चन्द्रमा से कुछ सबंध है या नहीं यह बात संदिग्ध है।

इंदूर=इंद्रपुरी=निजामाबाद (आ० प्र०)

किंवदंती के अनुसार यह नगर प्राचीन समय मे त्रिकूटकवंशीय इंद्रदत्त द्वारा लगभग 388 ई० में बसाया गया था। इस का राज नर्मदा और ताप्ती के निचले प्रदेशों मे था। यह भी संभव जान पड़ता है कि नगर का नाम विष्णुकुंडिन इंद्रवर्मन् प्रथम (500 ई०) के नाम पर हुआ था। 1311 ई० मे इंदूर पर अलाउद्दीन खिलजी ने आक्रमण किया। तत्पश्चात् यह नगर क्रमश बहमनी, कुतुबशाही, और मुगल राज्यों मे सम्मिलित रहा। अंत मे निजाम हैदराबाद का यहां आधिपत्य हो गया।

इंदूर जिले का नाम 1905 मे निजामाबाद कर दिया गया था। इस जिले के प्राचीन मदिरों की वास्तुकला अतीव सुंदर है। नगर में 12वीं शती ई० की जैन-मूर्तियों के अवशेष मिले हैं जिन का कुतुबशाही काल मे बने दुर्ग में उपयोग किया गया था। कटेश्वर का अपेक्षाकृत नवीन मंदिर अत्यंत सुंदर है। नगर से छ मील पर हनुमान्मंदिर है जहां जनश्रुति के अनुसार महाराज शिवाजी के गुरु श्री समर्थ रामदास कुछ समय तक रहे थे। इंदूर का प्राचीन नाम इंद्रपुरी था, इंदूर इसी का अपभ्रंश रूप है।

इंदोर (जिला बुलंदशहर, उ० प्र०)

अनूपशहर के निकट बहुत पुराना स्थान है। गुप्तनरेश महाराज स्कंदगुप्त के समय (फाल्गुन, गुप्तसंवत् 146 465 ई०) का एक ताम्रपट्टलेख यहां से प्राप्त हुआ था। इस अभिलेख में उल्लेख है कि देवविष्णु नामक ब्राह्मण ने अंतर्वेदिविषय-पति सर्वनाग के शासन काल मे इंद्रपुर या इंदोर मे स्थित सूर्य मंदिर के लिए दीपदान दिया था। यह दान इंद्रपुर की एक तैलिक श्रेणी (जिसका प्रबंधक जीवांत नामक व्यक्ति था) के पास सुरक्षित निधि के रूप मे दिया गया था। तैलिक श्रेणी का काम सदा के लिए (जब तक सूर्य चंद्र आकाश

में स्थित हैं) दो पल तैल प्रतिदिन मंदिर में दीप के लिए देना था। अंतर्वेदि गंगा-यमुना के दो-आबे का संस्कृत नाम था। स्पष्ट हो है कि इंद्रपुर ही वर्तमान इंदौर है और इस प्रकार ताम्रपट्ट के प्राप्तिस्थान का संबंध संतोषजनक रीति से अभिलेख में उल्लिखित स्थान के साथ हो जाता है।

इंदौर (म० प्र०)

होलकर-नरेशों की भूतपूर्व रियासत तथा उसकी राजधानी। इस नगर को अहल्याबाई ने 18वीं शती में बसाया था। इसका नाम यहाँ स्थित इन्द्रेश्वर के प्राचीन मंदिर के कारण इंद्रपुर या इंदौर हुआ था। इंदौर के होल्कर नरेशों ने विशेषतः जसवंतराव ने अंग्रेजों के भारत में अपने साम्राज्य की जड़ें जमाने के समय उनका काफी विरोध किया था किंतु इन्होंने पार्श्ववर्ती राजपूत नरेशों के राज्य में काफी लूटमार मचाई थी जिसके कारण उनको सहानुभूति इन्हें न मिल सकी। इंदौर में होलकर नरेशों के प्राचीन प्रासाद उल्लेखनीय हैं।

इंद्रकील

हिमालय के उत्तर में स्थित पर्वत। यहां अर्जुन ने उग्र तपस्या की थी जिसके फलस्वरूप उन्हें इंद्र का दर्शन हुआ था। 'हिमवन्तमतिक्रम्य गंधमादनमेव च, अत्यक्रामत् स दुर्गाणि दिवारात्रमतन्द्रित। इंद्रकील समासाद्यततोऽतिष्ठद् धनंजय'। महा०, वन० 37,41-42। इंद्रकील के निकट ही किरातवेशधारी शिव और अर्जुन का युद्ध हुआ था (वन० 38)।

इंद्रद्युम्न

(1) हिमालय के उत्तर में स्थित हंसकूट के निकट एक सरोवर (दे० हंसकूट 2)।

(2) द्वारका के निकट हंसकूट पर स्थित एक सरोवर (दे० हंसकूट 1)।

इंद्रद्वीप

'इन्द्रद्वीप कशेरु च ताम्रद्वीप गभस्तिमत् गांधर्व वारुण द्वीप सौम्याक्षमिति च प्रभु' महा० सभा०, 38—दक्षिणात्य पाठ। इस द्वीप को जो संभवतः सुमात्रा (दे० इंद्रपुर) का एक भाग था, सहस्रबाहु ने जीता था।

इंद्रपर्वत

'वैदेहस्थस्तु कौन्तेय इन्द्रपर्वतमन्तिकात्, किरातानामधिपतीनजयत् सप्त पांडव' महा० सभा०, 30,15। इन्द्रपर्वत के समीप सात किरात-नरेशों को भीम ने अपनी दिग्विजय यात्रा में विजित किया था। इन्द्रपर्वत संभवतः नेपाल का वह पहाड़ी भाग था जो गंडकी और कोसी नदियों के बीच में स्थित है। इन्द्रपर्वत के प्रदेश की विजय भीम ने विदेह (बिहार) में ठहर कर की थी जिससे इन दोनों देशों का प्रातिवेश्य सूचित होता है।

इंद्रपुर (मद्रास)

(1) मायावरम् रेलजंक्शन से तीन मील दूर तिरुविद्रपुर ही प्राचीन इंद्रपुर है जो प्राचीन काल में दक्षिण भारत में विष्णु की उपासना का प्रख्यात केंद्र था। कावेरी नदी ग्राम के निकट ही बहती है।

(2) (सुमात्रा, इण्डोनेशिया) सुमात्रा द्वीप म प्राचीन भारतीय औपनिवेशिक नगर जहा हिंदू नरेशो का राज्य मध्यकाल तक रहा।

(3) प्राचीन कबुज या कबोडिया का एक नगर जहा 9वी शती के हिंदू राजा जयवर्मन् द्वितीय की राजधानी कुछ समय तक रही थी। नगर कबुज क उत्तर-पूर्वीय भाग में स्थित था।

इंद्रपुरी (दे० इंदूर)

इंद्रप्रयाग (जिला गढवाल, उ०प्र०)

ऋषिकेश से देवप्रयाग जाने वाले मार्ग पर नवालिका गगा सगम पर स्थित प्राचीन तीर्थ। पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि जब देवराज इंद्र वृत्रासुर से सग्राम में पराजित होकर भागे तो उन्होने यहीं आकर शिव की आराधना की थी। शिव से वरदान प्राप्त होने पर ही वे वृत्रासुर को मार सके थे।

इंद्रप्रस्थ

वर्तमान नई दिल्ली के निकट पाडवो की बसाई हुई राजधानी। महाभारत आदि० में वर्णित कथा के अनुसार प्रारभ में धृतराष्ट्र से आधा राज्य प्राप्त करने के पश्चात् पाडवो ने इंद्रप्रस्थ में अपनी राजधानी बनाई थी। दुर्योधन की राजधानी लगभग 45 मील दूर हस्तिनापुर म ही रही। इंद्रप्रस्थ नगर कौरवों की प्राचीन राजधानी खाडवप्रस्थ के स्थान पर बसाया गया था—'तस्मात्त्व खाडवप्रस्थ पुर राष्ट्र च वर्धय, ब्राह्मणा क्षत्रिया वैश्या शूद्राश्च कृत निश्चया। त्वद्भक्त्या जन्तवश्चान्ये भजन्त्वेव पुर शुभम्' महा० आदि० 206। अर्थात् धृतराष्ट्र ने पाडवों को आधा राज्य देते समय उन्हे कौरवो के प्राचीन नगर व राष्ट्र खाडवप्रस्थ को विवर्धित करके चारो वर्णों के सहयोग से नई राजधानी बनाने का आदेश दिया। तब पाडवों ने श्रीकृष्ण सहित खाडवप्रस्थ पहुच कर इंद्र की सहायता से इंद्रप्रस्थ नामक नगर विश्वकर्मा द्वारा निर्मित करवाया—'विश्वकर्मन् महाप्राज्ञ अद्यप्रभृति तत् पुरम्, इन्द्रप्रस्थमिति ख्यात दिव्य रम्य भविष्यति' आदि० 206। इस नगर के चारो ओर समुद्र की भाति जल से पूर्ण खाइया बनी हुई थीं जो उस नगर की शोभा बढ़ाती थीं। श्वेत बादलो तथा चद्रमा के समान उज्ज्वल परकोटा नगर के चारो ओर खिचा हुआ था। इसकी ऊचाई आकाश को छूती मालूम होती थी—

'सागर प्रतिरूपाभि: परिखाभिरलंकृताम् प्राकारेण च सम्पन्न दिवमावृत्य तिष्ठता, पांडुराभ्र प्रकाशेन हिमरश्मिनिभेन च शुशुभेतत् पुरश्रेष्ठनागैर्भोगव-तीयथा' आदि० 206,30-3। इस नगर को सुंदर और रमणीक बनाने के साथ ही साथ इसकी सुरक्षा का भी पूरा प्रबंध किया गया था—

'तल्पैश्चाभ्यासिकैर्युक्त शुशुभे योधरक्षितम्, तीक्ष्णांकुश शतघ्नीभिर्यन्त्रजालैश्च शोभितम्,' 'सर्वशिल्पविदस्तत्र वासायाभ्यागमस्तदा, उद्यानानि च रम्याणि नगरस्य समन्तत', 'मनोहरैश्चित्र गृहैस्तथा जगतिपर्वतै, वापीभिर्विवधाभिश्च पूर्णाभि: परमाम्भसा, रम्याश्च विविधास्तत्र पुष्करिण्यो वनावृता.' आदि 206, 34-40-46-48। अर्थात् जिनमे अस्त्रशस्त्रो का अभ्यास किया जाता था ऐसी अनेक अटारियो से युक्त और योद्धाओ से सुरक्षित यह नगर शोभा से संयुक्त था। तीखे अंकुश और शतघ्नियो और अन्यान्य शस्त्रो से वह नगर सुशोभित था। सब प्रकार की शिल्पकलाओ को जानने वाले लोग भी वहां आकर बस गए थे। नगर के चारो ओर रमणीय उद्यान थे। मनोहर चित्रशालाओ तथा कृत्रिम पर्वतो से तथा जल से भरी-पूरी नदियो और रमणीय झीलो से वह नगर शोभित था। युधिष्ठिर ने राजसूय यज्ञ इन्द्रप्रस्थ मे ही किया था। महाभारत युद्ध के पश्चात् इन्द्रप्रस्थ और हस्तिनापुर दोनो ही नगरो पर युधिष्ठिर का शासन स्थापित हो गया। हस्तिनापुर के गंगा की बाढ़ से बह जाने के बाद 900 ई० पू० के लगभग जब पांडवो के वंशज कौशांबी चले गए तो इन्द्रप्रस्थ का महत्त्व भी प्राय समाप्त हो गया। विधुर पंडित जातक मे इन्द्रप्रस्थ को केवल 7 कोस के अंदर घिरा हुआ बताया गया है जबकि बनारस का विस्तार 12 कोस तक था। धूमकारी-जातक के अनुसार इन्द्रप्रस्थ या कुरप्रदेश मे युधिष्ठिर-गोत्र के राजाओ का राज्य था। महाभारत, उद्योग मे इन्द्रप्रस्थ को शक्रपुरी भी कहा गया है। विष्णुपुराण मे भी इन्द्रप्रस्थ का उल्लेख है—'इत्य वदन्ययौ जिष्णुरिन्द्रप्रस्थ पुरोत्तमम्' 5, 38,34।

आजकल नई दिल्ली मे जहा पाडवो का पुराना किला स्थित है उसी स्थान के परवर्ती प्रदेश मे इन्द्रप्रस्थ नगर की स्थिति मानी जाती है। पुराने किले के भीतर कई स्थानो का संबंध पांडवो से बताया जाता है। दिल्ली का सर्वप्राचीन भाग यही है। दिल्ली के निकट इन्द्रपत नामक ग्राम अभी तक इन्द्रप्रस्थ की स्मृति के अवशेष रूप मे स्थित है।

इन्द्राणी

पूना के निकट बहने वाली महाराष्ट्र की प्रसिद्ध नदी। अलंदी आदि कई प्राचीन तीर्थ इस नदी के तट पर बसे हैं।

इन्द्रशिला गुहा

राजगृह के निकट गिरिव्रज की एक पहाड़ी है।

इन्द्रावती (जिला बस्तर, म० प्र०)

जगदलपुर के निकट बहने वाली नदी जो उड़ीसा के कालाहंडी पहाड़ से निकल कर भूपालपटनम् के पास गोदावरी में गिरती है। चित्रकोट नाम का 94 फुट ऊंचा जलप्रपात जगदलपुर के पास स्थित है। इसे पहले चक्रकूट क्षेत्र कहते थे।

इकौना (जिला गोंडा, उ० प्र०)

सहेटमहेट (प्राचीन श्रावस्ती के खंडहर) से चार मील उत्तर-पश्चिम की ओर एक ग्राम है। चीनी पर्यटकों के अनुसार यह उसी स्थान के समीप है जहां पांच-सौ जन्मांध व्यक्तियों ने बुद्ध की आत्मिक शक्ति से नेत्र-ज्योति प्राप्त की थी। इन व्यक्तियों की इस स्थान पर गाड़ी हुई लकड़ियों से आप्त-नेत्रवन नामक एक विशाल वन ही उत्पन्न हो गया था।

इक्षु

विष्णुपुराण के अनुसार शाकद्वीप की एक नदी—'नद्यश्चात्र महापुण्या सर्वपापभयापहा, सुकुमारी कुमारी च नलिनी धेनुका च या। इक्षुश्च वेणुका चैव गभस्ती सप्तमी तथा अन्याश्च शतशस्तत्र क्षुद्रनद्यो महामुने' विष्णु० 2,4,65-66. श्री नन्दलाल डे के अनुसार इक्षु वक्षु, या ऑक्सस नदी है।

इक्षुमती

(1) वाल्मीकि-रामायण में इस नदी का उल्लेख अयोध्या के दूतों की केकय देश की यात्रा के प्रसंग में हुआ है—'अभिकाल ततः प्राप्य तेजोऽभिभवनाच्च्युताः, पितृपैतामहीं पुण्यां तेरुरिक्षुमतीं नदीम्' 2,68,11। इस नदी को दूतों ने, जैसा कि संदर्भ से सूचित होता है—सतलज और बियास के बीच के प्रदेश में पार किया था। इसका ठीक ठीक अभिज्ञान अनिश्चित है। संभव है यह सरस्वती नदी ही हो क्योंकि उपर्युक्त उद्धरण में इसे 'पितृ पैतामही पुण्या' कहा है। चक्षुष्मती भी इक्षुमती का ही एक नाम जान पड़ता है—दे० वराहपुराण 85, मत्स्यपुराण 113।

(2) पाणिनि ने, अष्टाध्यायी 4,2,80 में सांकाश्य-नगर की स्थिति इस नदी के तट पर बताई है। महाभारत, भीष्म० में इसे इक्षुमालिनी कहा गया है। यह वर्तमान ईखन है जो संकिसा (जिला फर्रुखाबाद, उ० प्र०) के निकट बहती है।

इक्षुमालिनी दे० इक्षुमती, 2

इक्षुला

'वेत्रवती वेदवती सिन्धुरिक्षुला कुमिम्, करीषिणी चित्रवाहा च चित्रसेना

च निम्नगाम्' महा० भीष्म० 9,17। महाभारत के इस उद्धरण मे अन्य नदियो के साथ ही इक्षुला का भी उल्लेख है। यह इक्षु या इक्षुमती हो सकती है।

इक्षुसागर

पौराणिक भूगोल के अनुसार पृथ्वी के सप्त-सागरो मे से एक जो प्लक्षद्वीप के चतुर्दिक् स्थित है—'एते द्वीपा समुद्रैस्तु सप्तसप्तभिरावृता, लवणेषु सुरासर्पिदधि दुग्ध-जलै समम्'। विष्णु० 2-2-6।

इच्छावर (जिला बादा, उ० प्र०)

इस स्थान से प्राप्त बुद्ध की मूर्ति पर एक ब्राह्मी-लेख उत्कीर्ण है जिसमे 'गप्त वशोदित' श्री हरिदास की रानी महादेवी के दान का उल्लेख है। लिपि से यह अभिलेख ई० सन् के पूव का जान पडता है। इससे यह भी सूचित होता है कि गुप्तवशीय छोटे-मोटे राजा उस समय भी वर्तमान थे। वैसे प्रसिद्ध गुप्त वश के शासनकाल का प्रारभ 320 ई० के लगभग हुआ था।

इटावा (उ० प्र०)

पुराना नाम इष्टिकापुर कहा जाता है। हिंदी के प्रसिद्ध कवि देव इटावा-निवासी थे। उन्होने स्वय ही लिखा है—'द्यौसरिया कविदेव को नगर इटावौ-वास'। देव का जन्म 1674 ई० के लगभग हुआ था। इटावा की जामा मसजिद प्राचीन बौद्ध या हिंदू मदिर के खडहरो पर बनाई गई मालूम होती है।

इट्टूर (सूरियापेट तालुका, जिला नलगोडा, आ० प्र०)

गजुलीबडा के निकट इट्टूर ग्राम मे एक पचास फुट ऊची विशाल चट्टान पर आध्रकाल के महत्वपूर्ण अवशेष स्थित है। मिट्टी के बर्तनो के खड तथा टूटी फूटी प्राचीन ईंटे इस स्थान से बडी सख्या मे मिली हैं। खडहरो मे सीसे का आध्रकालीन एक सिक्का भी मिला है। यहा पर एक मृद्भाड के टुकडे पर प्रथम या द्वितीय शती ई० की ब्राह्मीलिपि मे तीन अक्षरो का एक लेख है। सातवाहनो के कई सिक्के भी मिले है। चट्टान के दक्षिणी भाग मे एक स्तूप के अवशेष हैं। इसका आकार अरे तथा नाभि सहित एक विशाल-चक्र के समान है। इसका व्यास 60 फुट के लगभग है। पश्चिमी भाग मे एक बौद्ध चैत्यशाला के चिह्न है। इसकी लबाई 24 फुट और चौडाई 12 फुट है। उत्तर-पश्चिमी किनारे पर एक अन्य स्तूप के अवशेष स्थित हैं। अन्य भवनो के भी खडहर हैं किंतु उनका अभिज्ञान अनिश्चित है। अन्य सबधित बौद्ध-स्थानो के समान ही यहा भी बडी बडी ईंटो का प्रयोग किया गया है। कुछ तो 2 फुट 1 इच × 3 फुट के परिमाण की हैं। गजुलीबडा मे मिट्टी की मूर्तियो के शिर भी मिले है। इनमे से एक का शिरावरण अनोखा दिखाई पडता है क्योंकि वह

आजकल प्रयोग में नहीं है।

इट्टागी (ज़िला रायचूर, मैसूर)

बेनी-कोपुपा स्टेशन से चार मील दक्षिण इस ग्राम में एक चालुक्यकालीन सुंदर मंदिर है जिसे कल्याणीनरेश त्रिभुवनमल विक्रमादित्य षष्ठ के सेनापति महादेव ने 1112 ई० में बनवाया था। यह सूचना एक कन्नड़-लेख से मिलती है जो मंदिर के समीप एक प्रकोष्ठ पर उत्कीर्ण है। मंदिर को इसके निर्माता ने देवालय-चक्रवर्ती नाम दिया है। मंदिर में, देवालय तथा पार्श्वकोष्ठक, एक संवृत प्रकोष्ठ जिसके उत्तर और दक्षिण में मंडप है तथा एक स्तंभ-सहित प्रकोष्ठ सम्मिलित हैं। मंदिर का मुख्यद्वार पूर्व की ओर है जहां पहले एक विशाल खुला प्रकोष्ठ था जिसमें 68 स्तंभ थे। प्रकोष्ठ के मध्यवर्ती भाग की छत के फलकों पर बारीक, मनोरम नक्काशी है। नीचे दीवार पर भी इसी प्रकार की नक्काशी में मालाओं का अलंकरण उत्कीर्ण है। वास्तुकला, मूर्तिकारी तथा तक्षण-शिल्प की दृष्टि से यह मंदिर इस प्रदेश में सर्वोत्कृष्ट माना जाता है और इसका देवालय-चक्रवर्ती अभिधान सार्थक ही जान पड़ता है।

इडर (गुजरात)

प्राचीन जैन तीर्थ। तीर्थमालाचैत्यवंदन में इसका उल्लेख है—'धारापद्रपुरे च वाविहपुरे कासद्रहे चेडरे'।

इरावती

(1) पंजाब की प्रसिद्ध नदी रावी। 'रावी' इरावती का ही अपभ्रंश है। इसका वैदिक नाम परुष्णी था। 'इरा' का अर्थ मदिरा या स्वादिष्ट पेय है। महाभाष्य 2, 1, 2 में इसका उल्लेख है। महाभारत भीष्म० 9,16 में इसको वितस्ता और अन्य नदियों के साथ परिगणित किया गया है—'इरावती वितस्तां च पयोष्णी देविकामपि'। सभा० 9,19 में भी इसी प्रकार उल्लेख है—'इरावती वितस्ता च सिंधुर्देवनदी तथा।' ग्रीक लेखकों ने इरावती को हियारावटीज (Hyaraotis) लिखा है।

(2) पूर्व-उत्तर प्रदेश की राप्ती का भी प्राचीन नाम इरावती था। यह नदी कुशीनगर के निकट बहती थी जैसा कि बुद्धचरित 25,53 के उल्लेख से सूचित होता है—'इस तरह कुशीनगर आते समय बुद्ध के साथ तथागत ने इरावती नदी पार की और स्वयं उस नगर के एक उपवन में ठहरे जहां कमलों से सुशोभित एक प्रशान्त सरोवर स्थित था'। अचिरावती या अजिरावती इरावती के वैकल्पिक रूप हो सकते हैं। बुद्धचरित के चीनी-अनुवाद में इस नदी के लिए कुकु शब्द है जो पाली के कुकुत्था का चीनी रूप है। बुद्धचरित

25,54 मे वर्णन है कि निर्वाण से पूर्व गौतम बुद्ध ने हिरण्यवती नदी मे स्नान किया था जो कुशीनगर के उपवन के समीप बहती थी। यह इरावती या राप्ती की ही एक शाखा जान पडती है। स्मिथ के विचार मे यह गडक है जो ठीक नही जान पडता। बुद्धचरित 27,70 के अनुसार बुद्ध की मृत्यु के पश्चात् मल्लों ने उनके शरीर के दाहसस्कार के लिए हिरण्यवती नदी को पार करके मुकुटचैत्य (दे० मुकुटबंधनचैत्य) के नीचे चिता बनाई थी। सभव है महाभारत सभा० 9,22 का वारवत्या भी राप्ती ही हो।

(3) ब्रह्मदेश की इरावदी। यह नाम प्राचीन भारतीय औपनिवेशिको का दिया हुआ है।

इरेनियल (केरल)

त्रिवेंद्रम-कन्याकुमारी मार्ग पर मूलगुमुद से सात मील दूर है। तिरुवाकुर-नरेशो के पुराने राजप्रासाद के भीतर वसत-मडपम् मे एक पत्थर की शैया दिखाई देती है जहां से किंवदती के अनुसार प्राचीन केरल का प्रसिद्ध राजा भास्कर वर्मा सदेह स्वर्ग सिधारा था। यह स्थान जिसे रर्तिगनुपुर भी कहते हैं केरल के पेरुमल नरेशो के समय विख्यात था।

इलापुर

इलोरा का प्राचीन नाम। यहां प्राचीन घुश्मेश्वर शिवतीर्थ है जिसका उल्लेख आद्य शकराचार्य ने इस श्लोक मे किया है—'इलापुरे रम्य विशालकेऽस्मिन् समुल्लसन्त च जगद्वरेण्यम् वन्दे महोदारतरस्वभाव घुश्मेश्वराख्य शरण प्रपद्ये'।

इलावास

इलाहाबाद का एक प्राचीन नाम है (दे० प्रयाग)

इलावृत

पौराणिक भूगोल के अनुसार इलावृत, जबुद्वीप का एक भाग है। इसकी स्थिति जबुद्वीप के मध्य मे मानी गई है। इसके नाभिस्थान में मेरु पर्वत है तथा इसके उपास्यदेव शकर हैं—'पुनश्च परिवृत्याथ मध्य देशमिलावृतम्' महा० सभा० 28। विष्णुपुराण मे इसका उल्लेख इस प्रकार है—'मेरोश्चतुर्दिश तत्तु नव साहस्रविस्तृतम्, इलावृत महाभाग चत्वारश्चात्र पर्वता.' विष्णु० 2,2,15। विष्णु पुराण के अनुसार इलावृत के चार पर्वत हैं, मंदर, गंधमादन, विमल और सुपार्श्व। इस देश में सभवतः हिमालय के उत्तर मे चीन, मगोलिया और साइबेरिया के कुछ भाग सम्मिलित रहे होगे। वर्णन कल्पनारजित होने के कारण ठीक-ठीक अभिज्ञान सम्भव नही जान पडता। इलावृत के दक्षिण

इलोरा-गुफा स 10
(भारतीय पुरातत्त्व-विभाग के सौजन्य से)

में हरिवर्ष की स्थिति थी।

इलाहाबाद (उ० प्र०) दे० प्रयाग।

एक प्राचीन किंवदंती के अनुसार प्रयाग का एक नाम इलावास भी था जो मनु की पुत्री इला के नाम पर था। प्रयाग के निकट झूंसी या प्रतिष्ठानपुर में चन्द्रवंशी राजाओं की राजधानी थी। इसका पहला राजा इला और बुध का पुत्र पुरुरवा एल हुआ। उसी ने अपनी राजधानी का इलावास की संज्ञा दी जिसका रूपांतर अकबर के समय में इलाहाबाद हो गया।

इलौरा (जिला औरंगाबाद महाराष्ट्र)

औरंगाबाद से 14 मील दूर गिरिकृत्त गुफा मंदिरों के लिए संसार प्रसिद्ध स्थान है। विभिन्न काल में बनी अनेक गुफाएं बौद्ध हिन्दू तथा जैन सम्प्रदायों से संबंधित हैं। ये गुफाएं अजंता के समान ही गिरिकृत हैं और इनकी समग्र रचना तथा मूर्तिकारी पहाड़ी के भीतरी भाग को काट कर ही निर्मित की गई है। बौद्ध गुफाएं संभवतः 550 ई० से 750 ई० तक की हैं। इनमें से विश्वकर्मा महामंदिर (सं० 10) सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। यह विशाल चैत्य के रूप में बना है। इसके उच्च स्तम्भों पर तक्षण-कला का सुन्दर काम है। इनमें बौद्धों की अनेक प्रतिमाएं हैं जिनके शरीर का ऊपरी भाग वस्त्र-युक्त है। भिक्षुओं के निवास के लिए बनी हुई गुफाओं में सं० 2, 5, 11 और 12 मुख्य हैं। सं० 12 में तीन मंजिलें हैं जो लगभग 50 फुट ऊंची हैं। इनके भीतरी भाग में बुद्ध की सुन्दर मूर्तियां हैं। अजंता के विपरीत यहां की बौद्ध गुफाओं में चैत्यवातायन नहीं है। बौद्ध गुफाओं की संख्या 12 है। ये पहाड़ी के दक्षिणी पार्श्व में अवस्थित हैं। इनके आगे सत्रह हिन्दू गुफा मंदिर हैं जिनमें से अधिकांश दक्षिण के राष्ट्रकूट नरेशों के समय (7वीं 8वीं शती ई०) का है। इनमें कैलाश मंदिर प्राचीन भारतीय वास्तु एवं तक्षण-कला का भारत भर में शायद सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है। यह समूचा मंदिर गिरिपार्श्व में से तराशा गया है। इसके भीमकाय स्तंभ विस्तीर्ण प्रांगण विशाल वीथियां तथा दालान मूर्तिकारी से भरी छतें, और मानवों और विविध जीवजंतुओं की मूर्तियां—सारा वास्तु और तक्षण का स्थूल और सूक्ष्म काम आश्चर्यजनक जान पड़ता है। यहां के शिल्पियों ने विशालकाय पहाड़ों को तोड़ उसके विभिन्न भागों को तराश कर मूर्तियों की आकृतियां उनके अंग प्रत्यंगों के सूक्ष्मातिसूक्ष्म विवरण यहां तक कि हाथियों की आंखों की बारीक पलकें तक इतने अद्भुत कौशल से गढ़ा है कि दर्शक आत्मविभोर होकर उन महान कलाकारों के सामने श्रद्धा से नतमस्तक हो जाता है। कैलाश मन्दिर अथवा रंग महल के प्रांगण की लम्बाई 276 फुट

और चौड़ाई 154 फुट है। मन्दिर के चार खण्ड और कई प्रकोष्ठ हैं और इसका शिखर भी कई तलो से मिल कर बना है। जैसा अभी कहा गया है, सम्पूर्ण मन्दिर पहाडी के क्रोड मे से तराश कर बना है, जिससे शिल्पकला के इस अद्भुत कृत्य की महत्ता सिद्ध होती है। सिर्फ छेनी और हथौड़े की सहायता से यहा के कर्मठ और श्रद्धावान् शिल्पियो ने देव, देवी, यक्ष, गधर्व, स्त्रीपुरुष, पशुपक्षी, पुष्पपत्र आदि को वज्रकठोर पहाडी के भीमकाय अतराल मे से काट कर सुकुमारता एव सौन्दर्य की जो अनोखी सृष्टि की है वह शिल्प के इतिहास मे अभूतपूर्व है। उदाहरण के लिए, एक लम्बी पक्ति मे अनेक हाथियो की मूर्तिया हैं जो चट्टान मे से काटकर बनाई गई हैं। इनकी आखो की बारीक पलकें तक भी छैनी से काट कर बनाई गई हैं। यह सूक्ष्मता और सुकुमारता की दृष्टि से असम्भव-सा जान पडता है।

यहां के अन्य हिन्दू मदिरों मे रावण की खाई, देववाडा, दशावतार, लम्बेश्वर, रामेश्वर, नीलकठ, धुमार-लेण या सीता चावडी विशेष उल्लेखनीय हैं। आठवीं शती ई० मे दतिदुर्ग राष्ट्रकूट ने दशावतार मन्दिर का निर्माण किया था। इसमे विष्णु के दशावतारो की कथा मूर्तियो के रूप मे अकित है। इनमे गोवर्धनधारी कृष्ण, शेषशायी नारायण, गरुडाधिष्ठित विष्णु, पृथ्वी को धारण करने वाले वराह, बलि से याचना करते हुए वामन और हिरण्यकशिपु का सहार करते हुए नृसिंह कला की दृष्टि से श्रेष्ठ हैं।

९वीं शती मे राष्ट्रकूटो की सत्ता के क्षीण होने पर इलौरा पर जैन-शासको का आधिपत्य स्थापित हुआ। यहां के पांच जैन-मन्दिर इन्ही के द्वारा बनवाए गए थे। इनमे इन्द्रसभा नामक भवन विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसे छोटा कैलास मन्दिर भी कहा जाता है। इसके प्रागण, छतो व स्तम्भो की सुन्दर कारीगरी और सजीव देवप्रतिमाए सभी अनुपम हैं। चौबीस तीर्थंकरो की अनेक मूर्तियो से यह मन्दिर सुसज्जित है। समाधिस्थ पार्श्वनाथ की प्रतिमा के ऊपर शेषनाग के फनो की छाया है और कई दैत्य उनकी तपस्या भग करने का विफल प्रयास कर रहे हैं। कहा जाता है कि इलौरा को इलिचपुर के राजा यदु ने 8वी शती मे बसाया था। किंतु महाभारत तथा पुराणो की गाथाओ के आधार पर प्राचीन इल्वलपुर को जहां अगस्त्य ऋषि ने इल्वलदैत्य को मारा था (महा० वन० ९६) वर्तमान इलौरा माना जाता है। कुछ बौद्धगुफाए तो अवश्य 8वीं शती से पहले की हैं। यह जान पडता है कि राष्ट्रकूटो का सम्बन्ध इस स्थान से 8वी शती मे प्रथम बार हुआ होगा।

ऐतिहासिक जनश्रुति मे प्रचलित है कि जब अलाउद्दीन खिलजी ने

गुजरात पर 1297 ई० मे आक्रमण किया तो वहाँ के राजा कर्ण की कन्या देवलदेवी ने भाग कर देवगिरि-नरेश रामचन्द्र के यहा शरण ली और तब वह इलोरा की गुफाओं मे जा छिपी थी। किंतु दुर्भाग्यवश अलाउद्दीन के दुष्ट गुलाम सेनापति काफ़ूर ने उसे वहा से पकड़कर दिल्ली भिजवा दिया था।

इलौरा से थोड़ी दूर पर अहल्याबाई का बनवाया ज्योतिर्लिंग का मन्दिर है। इलौरा के कई प्राचीन नाम मिलते हैं, जिनमे इल्वलपुर, एलागिरि और इलापुर मुख्य हैं। इलापुर में घुश्मेश्वर तीर्थ का उल्लेख आदि शंकराचार्य ने किया है—दे० इलापुर। प्राकृत साहित्य मे एलउर नाम भी प्राप्त होता है। धर्मोपदेशमाला नामक जैन ग्रंथ (858 ई०) मे उल्लिखित समयन्न मुनि की कथा से ज्ञात होता है कि उस समय एलउर काफी प्रसिद्ध नगर था—'तओ नदणाहिहाणो साहू कारणान्तरेण पट्ठविओ गुरुणा दक्खिणावह। एगागी वच्चतो अप ओसे पत्तो एलउर' (पृ० 161)। इलौरा की ख्याति 17वीं शती तक भी थी। जैन कवि मेघविजय ने मेघदूत की छाया पर जो ग्रन्थ रचा था उसमे इलौरा के तत्कालीन वैभव का वर्णन है। एक अन्य जैन विद्वान् विबुध विमलसूर ने इलोरा की यात्रा की थी। जैन मुनि शीलविजय ने 18वीं शती मे इलौरा की यात्रा की थी—'इलोरि अति कौतक वस्यू जोता हीयडुं अति उल्हस्यू विश्वकरमा कीधु मडाण त्रिभुवन मातवण् सहिनाण' (प्राचीन तीर्थमाला संग्रह पृ० 121) इससे 18वीं शती मे भी इलौर की अद्भुत कला को विश्वकर्मा द्वारा निर्मित माना जाता था—यह तथ्य प्रमाणित होता है। अजता के विपरीत इलौरा के गुफा-मन्दिर इतिहास के सभी युगो मे विश्रुत तथा विख्यात रहे हैं।

इल्वलपुर दे० इलौरा

इश्तनगर=अष्टनगर (प० पाकिस्तान)

प्राचीन पुष्कलावती के स्थान पर बसा हुआ वर्तमान कस्बा।

इषुकार

जैन उत्तराध्ययन सूत्र (14,1) के अनुसार इषुकार कुरु जनपद मे एक नगर था जहा इस नाम के राजा का शासन था। जान पड़ता है कि यहा कुरु के राजवंश की मुख्य शाखा के हस्तिनापुर से कौशांबी चले जाने के पश्चात् इसी वंश के किसी छोटे मोटे राजा ने राज्य स्थापित कर लिया होगा (दे० पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव एशेंट इंडिया, चतुर्थ संस्करण, पृ० 113)।

इष्टिकापुर दे० इटावा

हिंदी के प्रसिद्ध कवि देव की लिखी शृंगार-विलासिनी नामक पुस्तक (खड्गविलास प्रेस, बांकीपुर) के अनुसार वे इष्टिकापुर-वासी

थे—'देवदत्त कविरिष्टिकापुर वानी सचवार। इष्टकापुर' इटावा का संस्कृत रूपांतर जान पड़ता है। किंवदंती है कि ब्रजभाषा के एक अन्य प्रसिद्ध कवि घनानन्द भी जो दिल्ली के मुगल बादशाह मुहम्मदशाह रंगीले के समकालीन थे—इटावे के ही निवासी थे।

इसलापुर (जिला आदिलाबाद, आ० प्र०)

नवपाषाणयुगीन अवशेष, जैसे पत्थर के उपकरण और हथियार आदि यहां से पर्याप्त संख्या में प्राप्त हुए हैं।

इसलामाबाद दे० अनंतनाग

इसरिया (जिला चंपारन, बिहार)

वर्तमान केसरिया। प्राचीन बौद्ध स्तूप के खण्डहर आजकल राजा 'बेन का देवरा' नाम से प्रसिद्ध हैं। फाह्यान ने इस स्थान को देखा था। बौद्ध किंवदन्ती के अनुसार यहां पूर्वजन्म में बुद्ध चक्रवर्ती राजा के रूप में जन्मे थे। इसी स्थान पर बुद्ध ने लिच्छवियों से विदा लेते समय अपना कमण्डल उन्हें दे दिया था। स्तूप इसी घटना का स्मारक था।

इसिगिलि=ऋषिगिरि (राजगृह, बिहार) को पाली साहित्य में इसिगिलि कहा गया है।

इसिला

मौर्य सम्राट् अशोक (273-232 ई० पू०) ने लघुशिलालेख सं० 1 में इस नगर का उल्लेख है। यह लेख दक्षिणापथ के मुख्य नगर सुवर्णगिरि के शासक् आर्यपुत्र और महामात्राओं के नाम प्रेषित किया था। इसमें उन्हें इसिला नगरी के शासक महामात्र के नाम कुछ विशेष आदेश पहुंचाने को कहा गया है। डा० भण्डारकर (दे० अशोक—द्वितीय संस्करण, पृ० 59) के मत में इसिला का जिला दक्षिणापथ की दक्षिणी सीमा अर्थात् चोल और पाण्ड्यराज्यों की सीमा पर स्थित रहा होगा। इस अभिज्ञान के अनुसार इसिला की स्थिति वर्तमान मैसूर राज्य के दक्षिणी भाग में थी। रायचौधरी (पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव एशेंट इण्डिया, पृ० 257) इसिला को मैसूर में स्थित वर्तमान सिद्धापुर मानते हैं।

इसोपतन=ऋषिपतन (दे० सारनाथ)

ईखन (नदी) दे० इक्षुमती 2।

ईशानपुर

प्राचीन कम्बोडिया—कम्बुज—का एक नगर जिसे यहां के हिन्दू राजा

ईशानवर्मन् (राज्याभिषेक 616 ई०) ने बसाया था। इसका अभिज्ञान वर्तमान *सम्बोर प्रेयी कूक से किया गया है।*

ईशानाध्युषित

महाभारत वन० 84,9 म इस तीर्थ को सौगंधिक-वन कहा गया है और इसे सरस्वती नदी के उद्गम से 6 शम्यानिपात (प्राय आधा मील) पर बताया गया है—'ईशानाध्युषिता नाम तत्र तीर्थं सुदुर्लभम् षट्सुशम्यानिपातेषु वल्मीकादिति निश्चय'। यह तीर्थ पजाब के उत्तरी पर्वतो मे स्थित रहा होगा।

ईसापुरी दे० भाजा

ईशापुर (जिला मथुरा)

यह ग्राम मथुरा मे यमुना के पार और विश्राम-घाट के सामने है। 1910 ई० मे यहाँ से एक ही पत्थर का बना एक सुन्दर 24 फुट ऊचा यूपस्तभ मिला था। *स्तभ के निचले चौकोर भाग पर कुषाण-काल (द्वितीय शती ई०) की ब्राह्मी* लिपि मे निम्न लेख खुदा है—'सिद्धम्-महाराजस्य राजातिराजस्य देवपुत्रस्यषाहेर्वासिष्कस्य राज्य सवत्सरे (च) तुर्विशे 24 ग्रिष्मा(-म) मासे चतुर्थे 4 दिवसे त्रिशे 30 अस्यापुर्व्वायां रुद्रिलपुत्रेण द्रोणलेन ब्राह्मणेन भारद्वाज सगोत्रेण माणच्छन्दोगेन इष्ट्वा सत्रेन द्वादशरात्रेण यूप प्रतिष्ठापित. प्रीयनामग्नय'। अर्थात् 'कल्याण हो, महाराजाधिराज देवपुत्र शाहिवासिष्क के चौबीसवें राज्यवर्ष मे, ग्रीष्म ऋतु के चौथे मास मे, 30वें दिन, रुद्रिल के पुत्र भारद्वाज-*गोत्रीय ब्राह्मण द्रोणल ने जो माणछन्द का अनुयायी है, द्वादश रात्रियज्ञ को* करके इस स्थान पर यह यूप प्रतिष्ठापित किया। अग्नि देवता प्रसन्न हो'।

उड दे० मडु

उडवल्ली (जिला बेजवाडा, आ० प्र०)

उडवल्ली के निकट एक पहाडी मे स्थित गुफाए ऐतिहासिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं।

उड्ड=उड्ड

उक्ला दे० कुरुक्षेत्र

उकेश=ओसिया

उक्कचेल

पाली साहित्य मे उल्लिखित है। यह वेरजा वाराणसी मार्ग पर स्थित था। इसका अभिज्ञान सोनपुर (बिहार) से किया गया है।

उक्कठ

अवट्ठमुन मे उल्लिखित कोशल-जनपद का एक नगर। अभिधानप्पदीपिका

मे इसका उत्तरी भारत के बीस नगरो की सूची में नाम है। साकेत तथा श्रावस्ती के अतिरिक्त यह नगर भी बौद्धकाल में कोसलदेश का ख्यातिप्राप्त नगर रहा होगा। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है।

उक्कल=उत्कल

उखीमठ (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

केदारनाथ के निकट समुद्रतल से 4300 फुट ऊंचा एक छोटा कस्बा है। स्थानीय किंवदंती है कि ऊषा-अनिरुद्ध की प्रसिद्ध पौराणिक प्रणयकथा की घटना-स्थली यही है। एक विशाल मंदिर मे अनिरुद्ध और ऊषा की प्रतिमाएं प्रतिष्ठापित हैं। इनके साथ ही मांधाता की भी मूर्ति है। कहा जाता है कि केदार-मंदिर मे जो सम्मुख शिवलिंग है वह कत्यूरी शासन के समय का है। मंदिर का वर्तमान भवन अधिक प्राचीन नही है। कहा जाता है कि स्थान का मूल नाम ऊषा या उषा मठ था जो बिगड़कर उखी मठ हो गया। ऊषा बाणासुर की कन्या थी। ऊषा-अनिरुद्ध की सुंदर कथा का श्रीमद्भागवत 10,62 मे सविस्तार वर्णन है जिसमे बाणासुर की राजधानी शोणितपुर मे कही गई है। शोणितपुर का अभिज्ञान गोहाटी से किया गया है। उखीमठ से ऊषा की कहानी का संबंध तथ्य पर आधारित नही जान पड़ता। उखीमठ मे पहले लकुलीश शैवो की प्रधानता थी। मंदिर की वास्तुकला पर दक्षिणी स्थापत्य का प्रभाव है जो इस ओर शंकराचार्य तथा उनके अनुवर्ती दक्षिणात्यो के साथ आया था।

उगमहल (संथाल परगना, बिहार)

राजमहल का मध्ययुगीन नाम। अकबर के मुख्य सेनापति राजा मानसिंह ने 1592 ई० मे उगमहल के स्थान पर राजमहल को बसा कर उसे बंगाल-प्रांत की राजधानी बनाया था। इसका प्राचीन नाम कजंगल था। उगमहल का नाम अकबर के वित्त मंत्री टोडरमल के रिकार्डों मे भी मिलता है। 1639 से 1660 ई० तक राजमहल मे बंगाल के शासन की राजधानी रही थी। प्राचीन नगर के खंडहर चार मील पश्चिम की ओर हैं जिनमे कई मुगलकालीन प्रासाद और मसजिदें हैं।

उग्र केरल (दे० देवीपुराण 93 व हेमचन्द्र का अभिधान कोश)

उग्रपुर

प्राचीन कंबोडिया—कंबुज का एक नगर जिसे भारत के औपनिवेशिको ने बसाया था। कंबुज में हिन्दू-नरेशो ने लगभग 13 सौ वर्षों तक राज्य किया था।

उच्छकल्प दे० खोह

खोह दानपट्टों के उल्लेख से जान पड़ता है कि महाराज जयनाथ तथा

सर्वनाग की राजधानी उच्छकल्प नामक स्थान पर छठी शती ई० में थी क्योंकि उनके कई दानपट्ट इसी स्थान से निकाले गए थे। उच्छकल्प खोह (भूतपूर्व रियासत नागदा, म० प्र०) का अथवा उसके पास किसी स्थान का नाम रहा होगा। दानपट्ट खोह में प्राप्त हुए थे।

उच्छनगर दे० बरन

उचठ (बिहार)

मधुबनी से पन्द्रह मील दूर एक छोटा-सा कस्बा है। स्थानीय लोककथा के अनुसार महाकवि कालिदास को सरस्वती का वरदान इसी स्थान पर प्राप्त हुआ था तथा वे कवि बनने से पूर्व इसी ग्राम के निकट रहते थे। दुर्गा का एक प्राचीन मंदिर जिसे *कालिदास की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है, यहां आज* भी है।

उमासिक नगर = जायस।

उजैन (जिला नैनीताल)

काशीपुर के निकट है। कनिंघम ने इसका अभिज्ञान गोविषाण से किया है जिसका उल्लेख युवानच्वांग के यात्रावृत्त में है। उजैन में एक विशाल प्राचीन दुर्ग के ध्वंसावशेष हैं।

उज्जयंत

महाभारत वन-पर्व के अंतर्गत सुराष्ट्र के जिन तीर्थों का वर्णन धौम्य मुनि ने *किया है उसमें उज्जयंत पर्वत भी है—'तत्र पिंडारकं नाम तापसाचरितं शिवम्।* उज्जयन्तश्च शिखरः क्षिप्रं सिद्धकरो महान्' वन० 88,21। जान पड़ता है कि उज्जयंत रैवतक पर्वत का ही नाम था। वर्तमान गिरनार (जिला जूनागढ़, काठियावाड़) आदि इसी पर्वत पर स्थित हैं। महाभारत के समय द्वारका के निकट होने से इस पर्वत की महत्ता बढ़ गई थी। *मंडलीक काव्य में कहा गया* है—'शिखरत्रय भेदेन नाम भेदमगादसौ, उज्जयन्तो रैवतक-कुमुदश्चेति भूधर'। रुद्रदामन् के गिरनार अभिलेख में इसे ऊर्जयत् कहा गया है। दे० गिरनार।

उज्जयिनी दे० अवंती

महाभारत अनुशासन० में विश्वामित्र के एक पुत्र उज्जयन का नाम मिलता है। *संभव है उज्जयिनी का नाम* इसी के नाम पर हो। भास के नाटक स्वप्न-वासवदत्ता में अवंति तथा उज्जयिनी—इन दोनों ही नामों का उल्लेख है—'एष उज्जयिनीयो ब्राह्मण.', जिससे नाम की अतिप्राचीनता सिद्ध होती है। उज्जयिनी

के कई नाम संस्कृत साहित्य में मिलते हैं जिनमें मुख्य हैं—अवंती, विशाला, भोगवती, हिरण्यवती और पद्मावती।

उज्जानक

महाभारत वन० के अन्तर्गत पांडवों की तीर्थयात्रा के प्रसंग में इस तीर्थ का काश्मीर-मंडल में मानसरोवर के द्वार के पश्चात् वर्णन आता है। इसी के पास कुशवान् सरोवर और वितस्ता (झेलम नदी) का उल्लेख है—'एष उज्जानको नाम पावकिर्यत्र शान्तवान्' वन० 130,17। उज्जानक में एक सरोवर भी था।

उज्जिहाना

वाल्मीकि-रामायण में वर्णित है कि भरत केकय देश से अयोध्या आते समय गंगा को पार करने के पश्चात् पर्याप्त दूर चलने पर इस नगरी में पहुंचे थे—'तत्र रम्ये वने वासं कृत्वासौ प्राङमुखो ययौ, उद्यानमुज्जिहानायाः प्रियका यत्र पादपाः, अयोध्या० 71,12। उज्जिहाना नगरी वर्तमान रुहेलखंड (उ० प्र०) में कहीं हो सकती है। यह जिला बदायूं की उझैनी भी हो सकती है यद्यपि यह अभिज्ञान सर्वथा अनिश्चित है।

उज्जेनी (लंका)

सिंहल के बौद्ध इतिहास महावंश 7,45 के अनुसार इस नगर की स्थापना राजकुमार विजय के एक सामंत ने की थी। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है।

उडुपा=उडुपि (मैसूर)

उडुपि (जिला मंगलूर, मैसूर)

दक्षिण भारत के प्रसिद्ध दार्शनिक और द्वैतमत के प्रतिपादक मनीषी मध्वाचार्य की जन्मभूमि है। यह स्थान पपा नदी के तट पर अवस्थित है। कहा जाता है कि मध्वाचार्य ने अपना प्रसिद्ध गीताभाष्य इसी स्थान पर लिखा था। यह भी किंवदंती है कि आचार्य का जन्म वास्तव में उडुपि से सात मील दक्षिण पूर्व वेल्ले नामक ग्राम (पजक क्षेत्र) में हुआ था। उडुपि का प्राचीन नाम उडुपा था जिसको प्राचीन काल में रजतपीठपुर, रौप्यपीठपुर एवं शिवाली भी कहते थे। उदीपी में मध्वाचार्य के समय का एक प्राचीन मंदिर भी है। पौराणिक किंवदंती है कि चंद्रमा (=उडुप) ने इस स्थान पर तप किया था।

उड्डियानपीठ

शाक्तों के अनुसार जगन्नाथपुरी (उड़ीसा) के क्षेत्र का नाम। इसी को शंखक्षेत्र भी कहते थे।

उड्र

उड़ीसा का प्राचीन नाम—'पाड्यांश्च द्रविडांश्चैव सहितांश्चोड्रकेरलैं, आन्ध्रांस्तालवनांश्चैव कलिंगानुष्ट्रकर्णिकान्' महा० सभा० 31, 71। इस उद्धरण में उड्र का पाठांतर उड्र भी है। दे० कलिंग, उत्कल। कुछ विद्वानों का मत है कि द्रविड भाषाओं में उड्रि शब्द का अर्थ किसान है और शायद उड्र देश का नाम इसी शब्द से सम्बन्धित है।

उत्कल

(1) उत्तरी उड़ीसा का प्राचीन नाम जिसे उत् (उत्तर) कलिंग का संक्षिप्त रूप माना जाता है। कुछ विद्वानों के मत में द्रविड भाषाओं में 'ओक्कल' किसान का पर्याय है और उत्कल इसी का रूपांतर है—(दे० दि हिस्ट्री ऑव उड़ीसा; ह० कृ० महताब, पृ० 1)। उत्कल का प्रथम उल्लेख सम्भवतः सूत्रकाल (पूर्वबुद्धकाल) में मिलता है। कालिदास ने रघुवंश 4, 38 में उत्कलनिवासियों का उल्लेख रघु की दिग्विजय के प्रसंग में कलिंग-विजय के पूर्व किया है—'स तीर्त्वा कपिशां सैन्यैर्बद्धद्विरदसेतुभिः, उत्कलादर्शितपथः कलिंगाभिमुखो ययौ'। इससे स्पष्ट है कि कालिदास के समय में अथवा गुप्तकाल में, पूर्व गुप्तकाल में उत्कल उत्तरी उड़ीसा और कलिंग दक्षिणी उड़ीसा को कहते थे। उड्र, उड़ीसा के समग्र देश का सामान्य नाम था जो महाभारत में सभा० 31, 71 में उल्लिखित है। मध्यकाल में भी उत्कल नाम प्रचलित था। दिग्विजय दानपत्र (एपिग्राफिका इंडिका—जिल्द 5, 108) से सूचित होता है कि उत्कल नरेश जयत्सेन ने मत्स्यवंशीय राजा सत्यमार्तंड के साथ अपनी पुत्री प्रभावती का विवाह किया था और उसे ओड्डवाडी का शासक नियुक्त किया था। इसकी 23 पीढ़ियों के पश्चात् 1269 ई० में उत्कल का राजा अर्जुन हुआ था जिसने यह दानपत्र प्रचलित किया था।

(2) ब्रह्मदेश (बर्मा) में रंगून से लेकर पीगू तक के औपनिवेशिक प्रदेश को उत्कल कहते थे। यहां भारत के उत्कल देश के निवासियों ने आकर अनेक बस्तियां बसाई थीं। कहा जाता है कि तपुस और भल्लुक नामक दो व्यापारी, जिन्होंने भारत जाकर गौतम बुद्ध से भेंट की थी तथा जो उनके शिष्य बनकर तथागत के आठ केशों को लेकर ब्रह्मदेश आए थे, इसी प्रदेश के निवासी थे।

उत्तरऋषिक

'लोहान् परमकाम्बोजानृषिकानुत्तरानपि, सहितांस्तान् महाराज व्यजयत् पाकशासनि' महा० सभा० 27, 25। अर्जुन ने अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में उत्तर ऋषिकों से घोर युद्ध करने के पश्चात् उन पर विजय प्राप्त की थी।

संदर्भ से अनुमेय है कि उत्तर-ऋषिकों का देश वर्तमान सिन्क्यांग (चीनी तुर्किस्तान) में रहा होगा। कुछ विद्वान् 'ऋषिक' को 'यूची' का ही संस्कृत रूप समझते हैं। चीनी इतिहास में ई० सन् से पूर्व दूसरी शती में यूची जाति का अपने स्थान या आदि यूची प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम की ओर प्रव्रजन करने का उल्लेख मिलता है। कुशान इसी जाति से सम्बद्ध थे। ऋषिकों की भाषा को आर्षी कहा जाता था। सम्भव है रूसी और ऋषिक शब्दों में भी परस्पर सम्बन्ध हो ('ऋ' का वैदिक उच्चारण 'रु' था जो मराठी आदि भाषाओं में आज भी प्रचलित है।)

उत्तरकाशी (गढ़वाल, उ० प्र०)

धरासू से 18 मील दूर गंगोत्री के मार्ग पर स्थित प्राचीन तीर्थ। विश्वनाथ के मंदिर के कारण ही इसका नाम उत्तरकाशी हुआ है।

उत्तरकुरु

वाल्मीकि-रामायण किष्किंधा० 43 में इस प्रदेश का सुन्दर वर्णन है। कुछ विद्वानों के मत में उत्तरी ध्रुव के निकटवर्ती प्रदेश को ही प्राचीन साहित्य में विशेषतः रामायण और महाभारत में उत्तरकुरु कहा गया है और यही आर्यों की आदि भूमि थी। यह मत लोकमान्य तिलक ने अपने 'ओरियन' नामक अंग्रेजी ग्रन्थ में प्रतिपादित किया था। वाल्मीकि ने जो वर्णन किष्किन्धा० में उत्तरकुरु प्रदेश का किया है उसके अनुसार उत्तरकुरु में शैलोदा नदी बहती थी और वहाँ मूल्यवान् रत्न और मणि उत्पन्न होते थे—'तमतिक्रम्य शैलेन्द्रमुत्तरः पयसां निधिः, तत्र सोमगिरिर्नाम मध्ये हेममयो महान्। सतुदेशो विसूर्योऽपि तस्य भासा प्रकाशते, सूर्यलक्ष्म्याभिविज्ञेयस्तपतेव विवस्वता'—किष्किन्धा० 43,53–54। अर्थात (सुग्रीव वानरों की सेना को उत्तरदिशा में भेजते हुए कहता है कि) 'वहां से आगे जाने पर उत्तम समुद्र मिलेगा जिसके बीच में सुवर्णमय सोमगिरि नामक पर्वत है। वह देश सूर्यहीन है किंतु सूर्य के न रहने पर भी उस पर्वत के प्रकाश से सूर्य के प्रकाश के समान ही वहां उजाला रहता है।' सोमगिरि की प्रभा से प्रकाशित इस सूर्यहीन उत्तरदिशा में स्थित प्रदेश के वर्णन में उत्तरी नार्वे तथा अन्य उत्तरध्रुवीय देशों में दृश्यमान मेरुप्रभा या अरोरा बोरियालिस (Aurora Borealis) नामक अद्भुत दृश्य का काव्यमय उल्लेख हो सकता है जो वर्ष में छः मास के लगभग सूर्य के क्षितिज के नीचे रहने के समय दिखाई देता है। इसी सर्ग के 56वें श्लोक में सुग्रीव ने वानरों से यह भी कहा कि उत्तरकुरु के आगे तुम लोग किसी प्रकार नहीं जा सकते और न अन्य प्राणियों की ही वहां गति है—'न कथंचन गन्तव्यं कुरूणामुत्तरेण वः, अन्येषामपि भूतानां नानुक्रा-

मति वै गतिः ।' महाभारत सभा० 31 मे भी उत्तरकुरु को अगम्य देश माना है। अर्जुन उत्तरदिशा की विजय-यात्रा में उत्तरकुरु पहुँच कर उसे भी जीतने का प्रयास करने लगे—'उत्तरंकुरुवर्षं तु स समासाद्य पाडव', इयेष जेतु त देश पाकशासननन्दन ' सभा० 31,7। इस पर अर्जुन के पास आकर बहुत से विशालकाय द्वारपालो ने कहा कि 'पार्थ, तुम इस स्थान को नहीं जीत सकते। यहा कोई जीतने योग्य वस्तु दिखाई नहीं पडती। यह उत्तरकुरु देश है। यहा युद्ध नहीं होता। कुतीकुमार, इसके भीतर प्रवेश करके भी तुम यहा कुछ नहीं देख सकते क्योंकि मानव-शरीर से यहा की कोई वस्तु नहीं देखी जा सकती'—'न चात्र किंचिज्जेतव्यमर्जुनात्र प्रदृश्यते, उत्तरा कुरवो ह्येते नात्र युद्ध प्रवर्तते। प्रविष्टोपि हि कौन्तेय नेह द्रक्ष्यसि किंचन, न हि मानुषदेहेन शक्यमत्राभिवीक्षितुम्' सभा० 31,11–12। यह बात भी उल्लेखनीय है कि ऐतरेय ब्राह्मण मे उत्तरकुरु को हिमालय के पार माना गया है और उसे राज्य हीन देश बनाया गया है—'उत्तरकुरव उत्तरमद्राइति वैराज्या यैव ते'—ऐतरेय० 8,14। हर्षचरित, तृतीय उच्छ्वास, मे बाण ने उत्तरकुरु की कलकलनिनादिनी विशाल नदियों का वर्णन किया है। रामायण तथा महाभारत आदि ग्रन्थो के वर्णन से वह अवश्य ज्ञात होता है कि अतीतकाल मे कुछ लोग अवश्य ही उत्तरकुरु—अर्थात् उत्तरध्रुवीय प्रदेश मे पहुचे होंगे और इन वर्णनों मे उन्हीं की कही कुछ सत्य और कुछ कल्पनारजित रोचक कथाओ की छाया विद्यमान है। यदि तिलक का प्रतिपादित मत हमें ग्राह्य हो तो यह भी कहा जा सकता है कि इन वर्णनो मे भारतीय आर्यों की उनके अपने आदि निवासस्थान की सुप्त जातीय स्मृतिया (racial memories) मुखरित हो उठी हैं। (दे० उत्तरमद्र)।

उत्तरकुलूत दे० कुलूत

उत्तरकोसल

वर्तमान अवध (उ० प्र०) का प्राचीन नाम। मूलत कोसल (=कोशल) का विस्तार सरयू नदी से विंध्याचल तक रहा होगा किंतु कालातर मे यह उत्तर और दक्षिण कोसल नामक दो भागो मे विभक्त हो गया था। रामायणकाल मे भी ये दो भाग रहे होंगे। कौसल्या दक्षिण कोसल की राजकुमारी थी और उत्तरकोसल के राजा दशरथ को ब्याही थी। दक्षिणकोसल विंध्याचल के निकट वह भूभाग था जिसमे वर्तमान मध्यप्रदेश के रायपुर और बिलासपुर ज़िले तथा उनका परवर्ती प्रदेश सम्मिलित है। उत्तरकोसल स्थूलरूप से गगा और सरयू का मध्यवर्ती प्रदेश था। महाभारत सभा० 30,3 मे उत्तरकोसल पर भीम की विजय का वर्णन है—'ततो गोपालकक्ष च सोत्तरानपि कोसलान्मल्लानामधिप चैव पार्थिव

चाजयत् प्रभु'। कालिदास ने उत्तर कोसल की राजधानी अयोध्या मे बनाई है—'सामान्यधात्रीमिव मानस मे सभावयत्युत्तरकोसलानाम्' रघुवश 13,62। उत्तरकोसल का रघुवश 18,27 मे भी उल्लेख है, 'कौसल्यइत्युत्तर कोसलानां पत्यु पतगान्वयभूषणस्य, तस्यौरस सोमसुत सुतोऽभून्नेत्रोत्सव सोम इव द्वितीय।' दे० कोसल, दक्षिण कोसल।

उत्तरगगा

कश्मीर मे, सिंध का एक प्राचीन नाम।

उत्तरगा

रामायण अयो० 71,14 मे उल्लिखित नदी—'वास कृत्वा सर्वतीर्थे तीर्त्वा चोत्तरगा नदीम, अन्यानदीश्च विविधै पार्वतीयैस्तुरगमै'। सभवत यह रामगगा (उ० प्र०) है जो कन्नौज के पास गगा मे गिरती है।

उत्तरज्योतिष

'कृत्स्न पचनद चैव तथैवामरपर्वतम्, उत्तरज्योतिष चैव तथा दिव्यकट पुरम्' महा० सभा० 32,11। नकुल ने अपनी पश्चिम-दिशा की दिग्विजययात्रा मे इस स्थान को जीता था। प्रसगानुसार इस की स्थिति पजाब और कश्मीर की सीमा के निकट जान पडती है। जिस प्रकार प्राग्ज्योतिष (कामरूप-आसाम की राजधानी) की स्थिति पूर्व मे थी, इसी प्रकार उत्तरज्योतिष की स्थिति उत्तरपश्चिम मे थी। इसका पाठातर जोतिक भी है जो उत्तर पश्चिम हिमालय म स्थित जोता नामक स्थान है।

उत्तरपचाल

चेतिय जातक (कॉवेल स० 422) के अनुसार चेदि प्रदेश का एक नगर जिसकी स्थापना चेदिनरेश उपचर के पुत्र ने की थी।

उत्तर मथुरा=उत्तर मधुरा

बौद्धकालीन भारत मे मथुरा या मधुरा नाम की दो नगरिया थी। एक उत्तर की प्रसिद्ध मथुरा, दूसरी वर्तमान मदुरा (मद्रास) जो पाड्य देश की राजधानी थी। हरिषेण ने बृहत्कथा कोश-कथानक, 21 मे उत्तर मथुरा को भरत-क्षेत्र या उत्तरी भारत मे माना है। घटजातक (स० 454) मे उत्तर-मधुरा के राजा महासागर और उसके पुत्र सागर का उल्लेख है। सागर श्रीकृष्ण का समकालीन था।

उत्तरमद्र

ऐतरेय ब्राह्मण मे उत्तरमद्र के निवासियो का हिमवान् के पार के प्रदेश मे वर्णन है और उन्हे उत्तर-कुरु के पार्श्व मे बसा हुआ बताया गया है।

जिमर और मेक्डॉनेल्ड के अनुसार उत्तर-मद्र का देश वर्तमान कश्मीर मे सम्मिलित था। दक्षिण-मद्र रावी और चिनाब के बीच का प्रदेश था। ऐतरेय ब्राह्मण का उल्लेख इस प्रकार है—'एतस्यामुदीच्या दिशि ये के च परेण हिमवन्त जनपदा उत्तरकुरव उत्तरमद्रा इति वैराज्यायैव तेऽभिषिच्यन्ते' ऐतरेय 8,14। इस उद्धरण से यह भी सूचित होता है कि उत्तर-मद्र देश मे वैराज्यप्रथा थी जिसका अर्थ बिना राज्य की शासन-पद्धति अथवा गणराज्य का कोई प्रकार हो सकता है। (दे० उत्तरकुरु) न० ला० डे के अनुसार फारस का मीडिया प्रान्त ही उत्तर-मद्र है।

उत्तराखण्ड

उत्तरपश्चिमी उत्तरप्रदेश का पार्वतीय प्रदेश जिसमे बदरीनाथ और केदारनाथ का क्षेत्र सम्मिलित है। मुख्य रूप से गढवाल का उत्तरी भाग इस प्रदेश के अतर्गत है।

उत्तरापथ

विन्ध्याचल के उत्तर मे स्थित प्रदेश का सामान्य नाम। घटजातक मे उत्तरापथ तथा यहा की असिताजना नामक नगरी का उल्लेख है। यह नगरी वर्तमान मथुरा के निकट थी। हर्षचरित मे बाण ने उत्तरापथ को विन्ध्य के उत्तर मे स्थित देश का पर्याय माना है। (दे० दक्षिणापथ)।

उत्पलावन=उत्पलारण्य (जिला कानपुर)

बिठूर का प्राचीन नाम—महाभारत वन० 87, 15 मे इसका उल्लेख इस प्रकार है—'पचालेषु च कौरव्य कथयन्त्युत्पलावनम् विश्वामित्रोऽयजद् यत्र पुत्रेण सह कौशिकः'।

उत्पलावती=सुत्पलावती

महाभारत भीष्म० 9, मे इसका उल्लेख है। हरिवश 168 मे इसको उत्पल भी कहा गया है। इसका नाम वामन-पुराण 13 मे भी है। यह कावेरी की सहायक नदी है और मलय-पर्वत से निकलती है।

उत्पलेश्वर

मध्यप्रदेश मे महानदी का पेमरी नदी से सगम होने से पूर्व का भाग (न० ला० डे)।

उत्सवसंकेत

वर्तमान हिमाचल प्रदेश और पजाब की पहाडियो मे बसे हुए सप्तगणराज्यो का सामूहिक नाम जिनका उल्लेख महाभारत मे है—इन्हे अर्जुन ने जीता था—'पौरव युधि निर्जित्य दस्यून् पर्वतवासिन., गणानुत्सव सकेतानजयत् सप्त

पाडव.' सभा० 27, 16। कुछ विद्वानो का मत है कि प्राचीन साहित्य मे वर्णित किन्नरदेश शायद इसी प्रदेश मे स्थित था। इन गणराज्यो के नामकरण का कारण सभवतः यह था कि इनके निवासियो मे सामान्य विवाहोत्सव की रीति प्रचलित नही थी, वरन् भावी वरवधू सकेत या पूर्व-निश्चित एकात स्थान पर मिलकर गधर्व रीति से विवाह करते थे (आदिवासी गोंडो की विशिष्ट प्रथा जिसे घोटुल कहते हैं इससे मिलती-जुलती है। मत्स्यपुराण 154, 406 मे भी इसका निर्देश है)। वर्तमान लाहुल के इलाके मे जो किन्नर-देश मे शामिल था इस प्रकार के रीतिरिवाज आज भी प्रचलित है, विशेषत यहा की कनौडी नामक जाति मे। कनौडी शायद किन्नर का ही अपभ्रश है। कालिदास ने भी उत्सव-सकेतो का वर्णन रघु की दिग्विजय-यात्रा के प्रसग मे देश के इसी भाग मे किया है और इन्हे किन्नरो से सम्बद्ध बताया है—'शरैरुत्सवसकेतान्स कृत्वा विरतोत्सवान्, जयोदाहरण बाहुवोर्गापयामास किन्नरान्'—रघु० 4, 78 अर्थात् रघु ने उत्सवसकेतो को बाणो से पराजित करके उनकी सारी प्रसन्नता हर ली और वहा के किन्नरो को अपनी भुजाओ के बल के गीत गाने पर विवश कर दिया। रघु० 4, 77 मे कालिदास ने उत्सवसकेतो को पर्वतीयगण कहा है—'तत्र जन्य रघोर्घोर पर्वतीयगणैरभूत'।

उथुकाडु (जिला तजौर, मद्रास)

तजौर नगर के निकट एक ग्राम जो प्राचीनकाल मे दक्षिण भारत की प्रसिद्ध नृत्यशैली भरत-नाट्यम् के लिए प्रसिद्ध था। यह ग्राम इस नृत्य का केन्द्र समझा जाता था। अन्य केन्द्र मेलात्तूर और शूलमगलम् थे।

उदकमंडल दे० ऊटकमड

उदपान

महाभारतकाल मे सरस्वती नदी के तट पर बसा एक तीर्थ। यहा सरस्वती अदृश्य थी किंतु आर्द्रता तथा वनस्पति के कारण इस नदी का पूर्वकाल मे वहा होना सूचित होता था, दे० महा० शल्य० 35,90।

उदयगिरि (म० प्र०)

बेसनगर या प्राचीन विदिशा (भूतपूर्व ग्वालियर रियासत) के निकट उदयगिरि विदिशा नगरी ही का उपनगर था। पहाड़ियो से अन्दर बीस गुफाए हैं जो हिंदू और जैन-मूर्तिकारी के लिए प्रख्यात हैं। मूर्तिया विभिन्न पौराणिक कथाओ से सम्बद्ध हैं और अधिकाश गुप्तकालीन (चौथी-पांचवी शती ई०) है। गुफा स० 4 मे शिवलिंग की प्रतिमा है। इसके प्रवेशद्वार पर एक मनुष्य वीणावादक [illegible] और उन्हें [illegible]खाया गया है जिसके कारण इस गुफा को बीन की गुफा

कहते हैं। गुफा सं० 5 में वराहावतार की सुन्दर झांकी है। इसमें वराह भगवान् को नर और वराह के रूप में अंकित किया गया है। उनका बाया पाव नागराजा के सिर पर दिखलाया गया है जो संभवतः गुप्तकाल में गुप्त-सम्राटों द्वारा किए गए *नागशक्ति के परिहास का प्रतीक है। एक अन्य गुफा में गुप्तसंवत् 106=* 425-426 ई० में उत्कीर्ण कुमारगुप्त प्रथम के शासनकाल का एक अभिलेख है। इसमें शंकर नामक किसी व्यक्ति द्वारा गुफा के प्रवेश द्वार पर जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ की मूर्ति के प्रतिष्ठापित किए जाने का उल्लेख है—यह लेख इस प्रकार है—'नमः सिद्धेभ्यः श्री संयुताना गुणतोयधीना गुप्तान्वयाना नृपसत्तमाना *राज्ये कुलस्याभिविवर्धमाने षड्भिर्युते वर्षशतेथ मासे सुकार्तिके बहुल दिनेथ* पंचमे गुहामुखे स्फटविकटोत्कटामिमा जितोद्विषो जिनवर पार्श्व संज्ञिका जिनाकृति शमदमवानचीकरत् आचार्य भद्रान्वय भूषणस्य शिष्योह्यसावार्य कुलोद्गतस्य आचार्य गोशर्म्ममुनेस्सुतस्तु पद्मावतावश्वपतेर्भटस्य परैरजयस्य रिपुघ्न मानिनस्य सघिल स्येत्यभि विश्रुतोभुवि स्वसंज्ञया शंकरनाम शब्दितो विधानयुक्त *यतिमार्गमास्थित स उत्तराणां सदृशे कुरूणां उदग्दिशादेशवरे प्रसूत क्षयाय* कर्मारिगणस्य धीमान् यदत्र पुण्यं तदपाससर्ज्ज'।

(2) (भुवनेश्वर उड़ीसा)

भुवनेश्वर के समीप नीलगिरि, उदयगिरि तथा खंडगिरि नामक गुहा समूह में 66 गुफाएं हैं जो पहाड़ियों पर अवस्थित हैं। इनमें से अधिकांश का *समय तीसरी शती ई० पू० है और उनका सम्बन्ध जैन-सम्प्रदाय से है।* इन गुफाओं में से एक में कलिंगराज खारवेल का प्रसिद्ध अभिलेख है जिसका विस्तृत अध्ययन श्री का० प्र० जायसवाल बहुत समय तक करते रहे थे। अभिलेख में पहाड़ी को कुमारगिरि कहा गया है। यह स्थान उड़ीसा की प्राचीन राजधानी शिशुपालगढ़ से 6 मील दूर है। इसी स्थान के पास अशोक के समय में *तोसलि नाम की नगरी (वर्तमान धौली)* बसी हुई थी। वास्तव में उड़ीसा के इसी भाग में इस प्रदेश की मुख्य राजधानियां बसाई गई थीं।

(3) विष्णुपुराण के अनुसार उदयगिरि शाकद्वीप के सप्तपर्वतों में से है—'पूर्वस्तत्रोदयगिरिर्जलधारस्तथापर, तथा रैवतकश्यामस्तथैवास्त गिरिर्द्विज। आम्बिकेयस्तथारम्य केसरी पर्वतोत्तम शाकस्तत्र महावृक्ष सिद्धगंधर्वसेवित' विष्णु० 2, 4, 62, 63।

(4) राजगृह के सप्तपर्वतों में से एक का वर्तमान नाम।

उदयपुर (म० प्र०)

बीना भीलसा रेलमार्ग पर बरेठ से चार मील पूर्व की ओर बसा हुआ

यह छोटा-सा ग्राम मध्ययुग में काफी महत्त्वपूर्ण स्थान था। यहां से उस समय के अनेक अवशेष उत्खनन द्वारा प्रकाश में आए हैं जिनमें मुख्य ये हैं—उदयेश्वर का मंदिर जो मालव नरेश उदयेश्वर के नाम पर है, बीजमंडल, बड़ाखंभी, पिसनहारी का मंदिर, शाही मसजिद और महल तथा शेरखां की मसजिद। शायद मालव-नरेश उदयेश्वर के नाम पर ही इस नगर का नामकरण हुआ था।

(2) (राजस्थान) मेवाड़ के सूर्यवंशी नरेश महाराणा उदयसिंह (महाराणा प्रताप के पिता) द्वारा 16वीं शती में बसाया गया था। मेवाड़ की प्राचीन राजधानी चित्तौड़गढ़ में थी। मेवाड़ के नरेशों ने मुगलों का आधिपत्य कभी स्वीकार न किया था। महाराणा राजसिंह जो औरंगजेब से निरंतर युद्ध करते रहे थे महाराणा प्रताप के पश्चात् मेवाड़ के राणाओं में सर्वप्रमुख माने जाते हैं। उदयपुर से पहले ही चित्तौड़ का नाम भारतीय शौर्य के इतिहास में अमर हो चुका था। उदयपुर में पिछोला झील में बने राजप्रासाद तथा सहेलियों का बाग नामक स्थान उल्लेखनीय हैं। दे० चित्तौड़।

उदवाड़ा (महाराष्ट्र)

बम्बई से 111 मील, उदवाड़ा स्टेशन से चार मील दूर छोटी-सी बस्ती है। कहा जाता है कि अरबों द्वारा ईरान पर आक्रमण के समय (7-8 वीं शती ई०) जो अनेक पारसी ईरान छोड़कर भारत आ गए थे उन्होंने सर्वप्रथम इसी स्थान पर अपनी बस्ती बसाई थी और अपने साथ लाई हुई अग्नि की उन्होंने यहीं स्थापना की थी। पारसियों का प्राचीन अग्नि-मंदिर भी यहां है।

उदुंबर

मूल-सर्वास्तिवादी-विनय में पठानकोट के इलाके का नाम।

उद्दंडपुर दे० ओदंतपुरी

उद्भांडपुर

वर्तमान ओहिंद (पाकिस्तान)। यह स्थान सिंध नदी पर स्थित अटक से 16 मील उत्तर की ओर है। अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण के समय 327 ई० पू० में तक्षशिला-नरेश आंभी ने यवनराज के पास संधिवार्ता करने के लिए जो दूत भेजा था वह इसी स्थान पर उससे मिला था। इस नगर का जो सिंध नदी के तट पर ही स्थित था, अलक्षेंद्र के समय के इतिहास-लेखकों ने उल्लेख किया है। पाणिनि का जन्मस्थान शलातुर—वर्तमान लाहुर—यहां से छः-सात मील उत्तर-पश्चिम की ओर है। राजतरंगिणी 2, पृ० 337 (डा० स्टाइन द्वारा संपादित) में उल्लिखित उदखंड, उद्भांड का ही रूपांतरण जान पड़ता है।

उद्भिद्

विष्णुपुराण 2, 4, 46 के अनुसार कुशद्वीप का एक भाग या 'वर्ष' जो इस द्वीप के राजा ज्योतिष्मान् के पुत्र के नाम पर उद्भिद् कहलाता है।

उद्यत पर्वत

महाभारत वन० 84 में उल्लिखित, गया (बिहार) के निकट ब्रह्मयोनिपर्वत (न० ला० डे)।

उद्यान

प्राचीन गंधार देश का एक भाग जो आजकल स्वात या चितराल (प० पाकिस्तान के उत्तर-पूर्व में स्थित) के नाम से प्रसिद्ध है। बौद्धकाल में यहां अनेक विहार स्थित थे। चीनी पर्यटक सुंगयुन (520 ई०) के वर्णन के अनुसार बौद्ध साहित्य तथा कला में प्रसिद्ध वस्सन्तर जातक की कथा की घटनास्थली यह नगर था (दे० सुंगयुन का यात्रा विवरण, ना० प्र० सभा, काशी, उपक्रम पृ० 23)। उद्यान का वर्णन युवानच्वांग ने भी किया है। उद्यान-देश में बसने वाले लोगों को अस्सक (ग्रीक अस्सकनोज) कहते थे। मार्कंडेय पुराण तथा बृहत्संहिता में इन्हें उत्तर-पश्चिम की ओर स्थित बताया गया है। मंगलपुर में उद्यान की राजधानी थी। कुछ विद्वानों का मत है कि अफगानिस्तान का वह भाग जो आजकल चमन कहलाता है प्राचीन 'उद्यान' है। दोनों नाम समानार्थक हैं। चमन का इलाका सदा से फलों के बागों के लिए प्रसिद्ध रहा है।

उधुवानाला (संथाल परगना, बिहार)

राजमहल से 5 मील दूर इस स्थान पर 1763 ई० में अंग्रेजों और बंगाल के नवाब मीरकासिम की सेनाओं में युद्ध हुआ था। अंग्रेजी फौज का नायक मेजर एडम्स था। मीरकासिम को इस युद्ध में पराजय हुई थी।

उन (ज़िला इंदौर, म० प्र०)

नीमाड़ के मैदान में सतपुड़ा की पहाड़ियों के उत्तरी छोर पर बसा हुआ कस्बा है। मालवा के परमार-नरेशों के समय के लगभग बारह मंदिरों के खण्डहर यहां स्थित हैं। ये मंदिर मध्ययुगीन हिंदू तथा जैन वास्तुकला के अच्छे उदाहरण हैं। इनमें चौबारा डेरा नाम का मंदिर प्रमुख है। ग्राम के उत्तर की ओर कालेश्वर का मंदिर है और ग्राम के भीतर नीलकंठेश्वर शिव का।

उन्मार्गशील (स्याम या थाईलैंड)

प्राचीन गंधार या यूनान के पूर्व और स्याम के पश्चिम में स्थित भारतीय औपनिवेशिक राज्य। इसके उत्तर में सुवर्णग्राम की स्थिति थी।

उपकेश=ग्रोसियां।

उपगिरि

प्राचीन साहित्य मे हिमालय-पर्वत श्रेणी के निचले शृंगो का सामूहिक नाम। इसमे समुद्रतल से 6 से 8 सहस्र फुट ऊंची श्रेणियां सम्मिलित हैं। नैनीताल, शिमला, मसूरी आदि इसी के अतर्गत हैं। सर्वोच्च शिखरो को अर्तगिरि का अभिधान दिया गया था। उपगिरि को पाली साहित्य मे चुल्ल (=लघु) हिमवत कहा गया है। इसे अग्रेजी मे लेसर हिमालयाज (Lesser Himalayas) कहते हैं जो चुल्लहिमवन्त का अनुवाद है। महाभारत मे उपगिरि का उल्लेख इस प्रकार है—'अन्तर्गिरि च कौन्तेयस्तथैव च बहिर्गिरिम्, तथैवोपगिरि चैव विजिग्ये पुरुषर्षभ' सभा० 27, 3 ; अर्थात् अर्जुन ने अपनी दिग्विजय-यात्रा मे, अतर्गिरि, बहिर्गिरि और उपगिरि नामक प्रदेशो को विजित किया। बहिर्गिरि तराई प्रदेश की पहाड़ियो का नाम था।

उपजला

'जलाचोपजलां चैव, यमुनामभितो नदीम्, उशीनरो वै यजेष्ट्वा वासवादत्यरिच्यत' महा० वन० 130, 21 इस उद्धरण मे जला तथा उपजला नदियो को यमुना के दोनो ओर स्थित बताया गया है। इन नदियो के प्रदेश मे राजा उशीनर के राज्य का उल्लेख है। उशीनर कनखल या हरद्वार के परिवर्ती प्रदेश का नाम था। इन नदियो की स्थिति इस प्रकार सहारनपुर या देहरादून जिले मे यमुना के निकट कहीं रही होगी। (दे० जला)

उपतिष्य (लंका)

महावंश 7,44 मे उल्लिखित इस ग्राम की स्थिति गंभीर नदी के तट पर थी। इसे राजकुमार विजय के सामन्त बौद्ध उपतिष्य ने बसाया था। यह ग्राम शायद अनुराधपुर से सात-आठ मील उत्तर की ओर स्थित वर्तमान योदिएल है।

उपधौली (उ० प्र०)

पूर्वी उत्तर प्रदेश मे कुसुम्ही रेलस्टेशन से ग्यारह मील पर एक ग्राम है जहां बौद्धकालीन खडहर पाए गए हैं। उपधौली तथा इसके निकट राजधानी नामक ग्राम में फैले हुए ये खडहर शायद उस स्तूप के हैं जिसका निर्माण युवानच्वांग के अनुसार सम्राट् अशोक ने करवाया था। स्तूप में बुद्ध की शरीरधातु सन्निहित थी। ग्राम के निकट 30 फुट ऊंचा ईंटो का एक छोटा स्तूप आज भी है।

उपप्लव्य

महाभारत-काल मे मत्स्य देश मे स्थित नगर जो विराट या बैराट (जिला

जयपुर, राजस्थान) के निकट ही था, 'उपप्लव्यं स गत्वा तु स्कधावारं प्रविश्य च, पाडवानथतान् सर्वान् शल्यस्तत्रददर्श ह' । महा० उद्योग० 8,25. तथा 'ततस्त्रयोदशे वर्षे निवृत्ते पचपाडवाः, उपप्लव्यं विराटस्य समपद्यन्त सर्वश.' महा० विराट 72,14 । पाडव इस नगर मे अपने वनवासकाल के बारह वर्ष और अज्ञातवास के तेरह वर्ष समाप्त होने पर आकर रहने लगे थे । यहीं उन्होंने युद्ध की तैयारियां की थीं । महाभारत के प्रसिद्ध टीकाकार नीलकंठ ने विराट 72,14 की टीका करते हुए उपप्लव्य के लिए लिखा है—'विराटनगरसमीपस्थनगरान्तरम्' अर्थात् यह नगर मत्स्य की राजधानी विराटनगर के पास ही दूसरा नगर था । इसका ठीक-ठीक अभिज्ञान अनिश्चित है । किन्तु यह वर्तमान जयपुर के निकट ही कहीं होगा । विराटनगर की स्थिति वर्तमान बैराट के पास थी । पाजिटर के अनुसार मत्स्य की राजधानी उपप्लव्य मे ही थी ।

उपवग (प० बगाल)

बृहत्संहिता 14, मे उल्लिखित, भागीरथी के पूर्व में स्थित भूभाग जिसमें जैसोर सम्मिलित है ।

उपरकोट (*जिला जूनागढ़, काठियावाड, गुजरात*)

उपरकोट मे सभवत गुप्तकालीन कई गुफाएं है जो दोमजिली हैं । गुफाओं के स्तभो पर उभरी हुई धारियां अंकित हैं जो गुप्तकालीन गुहास्तभो की विशिष्ट अलकरण शैली थी । गुर्जरनरेश सिद्धराज के शासनकाल मे यहा सगार राजपूतों का एक दुर्ग या और दुर्ग के निकट अडीचडी बाव नाम की एक बावडी थी जो आज भी विद्यमान है । इस बावडी के सबध में यहां एक गुजराती कहावत भी प्रचलित है—'अडीचडी बाव अने नौगुण कुआ जेणो न जोयो तो जीवितो मुयो', अर्थात् अडीचडी बाव और नौगुण कुआ जिसने नहीं देखा वह जीवित ही मृत है ।

उमगा (जिला गया, बिहार)

ग्राडट्रक रोड के 307 वें मील से एक मील दक्षिण की ओर एक पर्वत, जहां प्राचीनकाल का कलापूर्ण सूर्य-मदिर स्थित है । यह साठ फुट ऊंचा है । इस मुख्य मदिर के निकट 52 मदिर और हैं जो पहाड़ियों पर बने हुए हैं ।

उमावन

ब्रह्माडपुराण के अनुसार इस स्थान पर उमा ने शिव को पाने के लिए तपस्या की थी । स्थानीय जनश्रुति मे यह स्थान कुमायूं (उ० प्र०) का कोटलगढ़ है ।

उरंजिर—विपाशा नदी ।

उरई (उ० प्र०) आल्हा काव्य के प्रमुख वीर माहिल की नगरी मानी जाती है ।

उरग=उरगपुर

उरगपुर

सुदूर दक्षिण मे स्थित पाड्य देश की प्राचीन राजधानी। कालिदास ने उरग का रघु० 6,59 मे उल्लेख किया है—'अथोरगाख्यपुरस्य नाथ दौवारिकी देवसरूपमेत्य, इतश्चकोराक्षि विलोकयेति पूर्वानुशिष्टां निजगाद भोज्याम्'। मल्लिनाथ ने इसकी टीका करते हुए लिखा है, 'उरगाख्यस्य पुरस्यपाड्यदेशे कान्यकुब्जतीरवर्ति नागपुरस्य'। इससे ज्ञात होता है कि यह नगर कान्यकुब्ज नदी के तट पर बसा हुआ था। एपिग्राफिका इडिका 10,103 मे उरगपुर को अशोककालीन चोल देश की राजधानी बताया है जिसे उरयियूर भी कहते थे। यह त्रिशिरापल्ली=त्रिचिनापल्ली का ही प्राचीन नाम था। मल्लिनाथ का नागपुर वर्तमान नेगापटम् (जिला राजमहेन्द्री—मद्रास) है।

उरगम (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

प्राचीन गढ़वाली नरेशों के बनवाए प्राचीन मदिर ध्वसावशेषो के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

उरगा

'अभिसारीं ततो रम्यां विजिग्ये कुरुनदनः, उरगावासिन चैव रोचमानं रणेऽजयत्' महा० सभा० 27,19। इस देश की स्थिति जिला हजारा, प० पाकिस्तान मे मानी गई है। इस देश के राजा रोचमान् को अर्जुन ने पराजित किया था। प्रसग से स्पष्ट है कि उरगा, अभिसारी (कश्मीर मे) के निकट था। उरगा का पाठातर उरशा है।

उरयियुर (दे० उरगपुर)

प्राचीन त्रिशिरापल्ली=त्रिचिनापल्ली।

उरशा=उरसा

शायद उरगा का पाठांतर है। इस देश का अभिज्ञान जिला हजारा (प० पाकिस्तान) से किया गया है। इस नाम के नगर की स्थिति (उरगा या उरशा का उल्लेख महा० सभा० 27,19 मे है—दे० उरगा) पेशावर से लगभग चालीस मील पूर्व की ओर होगी। यवनराज अलक्षेंद्र ने 327 ई० पू० मे पजाब पर आक्रमण करने समय अभिसार-नरेश को अधीन करने के पश्चात् अपना आधिपत्य उरशा पर भी स्थापित कर लिया था। ग्रीक लेखक एरियन ने यहा के राजा का नाम अरसाकिस लिखा है। भूगोलविद् टॉलमी के अनुसार तक्षशिला इसी देश मे थी। चीनीयात्री युवानच्वाग के अनुसार उसके समय (सातवीं शती ई० का मध्यकाल) मे नगर के उत्तर की ओर एक स्तूप बना हुआ था जहां भगवान्

तथागत अपने पूर्वजन्म मे सुदान (वैस्वन्तर) के रूप मे जन्मे थे। स्तूप के पास एक विहार भी था जहा बौद्ध आचार्य ईश्वर ने अपने ग्रन्थो की रचना की थी। नगर के दक्षिणी द्वार पर एक अशोक-स्तंभ था जो उस स्थान का परिचायक था जहा वैस्वन्तर के पुत्र और पुत्री को एक निष्ठुर ब्राह्मण ने बेचा था (वैस्सन्तर जातक)। वैस्वन्तर ने जिस दतालोक पर्वत पर अपने बच्चों को दान में दे दिया था वहा भी अशोक का बनवाया हुआ एक स्तूप था। बौद्ध कथा है कि जिस स्थान पर निष्ठुर ब्राह्मण इन बच्चों को पीटता था वहा की वनस्पति भी रक्तरंजित हो गई थी और बहुत दिनो तक वैसी ही रही थी। इसी स्थान पर ऋष्यश्रृंग का आश्रम था जिन्हें एक गणिका ने मोह लिया था।

उरी=एरडो नदी।

उरुबिल्व=उरुवेला।

उरुवेल्लकल्प=उरुवेलकल्प।

बुद्धकाल में मल्लक्षत्रियो का नगर जो पूर्वी उत्तरप्रदेश या पश्चिमी बिहार मे स्थित रहा होगा (लॉ—'सम क्षत्रिय ट्राइब्ज', पृ० 149)।

उरुवेलपतन (लका)

महावश 28,36 अनुराधपुर से चालीस मील कलओय नदी के निकट स्थित है। इसका नाम गया के निकट अवस्थित उरुवेला के नाम पर रखा गया था।

उरुवेला

(1) (बुद्धगया, बिहार) प्राचीन बौद्धग्रन्थों में इस स्थान का उल्लेख बुद्ध की जीवन कथा के संबध में है। यह वही स्थान है जहा गौतम संबुद्धि प्राप्त करने के पूर्व ध्यानस्थ होकर बैठे थे। इसी स्थान पर ग्राम-वधू सुजाता या अश्वघोष के अनुसार नदबाला (दे० बुद्धचरित 12, 109) से भोजन प्राप्त कर उन्होंने अपना कई दिन का उपवास भग किया था और शारीरिक कष्ट द्वारा सिद्धि प्राप्त करने के मार्ग की सारहीनता उनकी समझ म आई थी। स्थान का उल्लेख महावश में भी है (1,12, 1, 16, आदि) जिस पीपल के पेड के नीचे गौतम को संबुद्धि प्राप्त हुई थी उसको अग्निपुराण, 115, 37 मे महाबोधि वृक्ष कहा गया है। इस ग्राम का शुद्ध नाम शायद उरुबिल्व था। नैरंजना नदी उरुवेला के निकट बहती थी (दे० बुद्धचरित 12,108)।

(2) (लका) महावश 7,45 इस नगर की स्थापना राजकुमार विजय के एक सामत ने की थी। संभवत यह नगर मदरगम अरुनदी के मुहाने के पास स्थित मरिच्चुकट्टि है।

उलूक

'मोदापुर वामदेवं सुदामान सुसंकुलम्, उमूकानुत्तरांश्चैव तांश्च राज्ञ समानयत्' महा० सभा० 27, 11। अर्जुन ने दिग्विजययात्रा में उलूक देश पर भी विजय प्राप्त की थी। यह पचगणराज्यों में से था—'ततस्य पुरुषैरेव धर्मराजस्य शासनात्, किरीटी जितवान् राजन् देशान् पचगणास्तत.' सभा० 27,12। ये राज्य पजाब की पहाड़ियों में बसे हुए थे और वर्तमान कुलू के आसपास स्थित थे। संभवतः उल्लूक कुलूक या कुलू का ही पाठांतर है।

उल्लोल

कश्मीर की प्रसिद्ध झील वुलर का प्राचीन संस्कृत नाम (दे० हिस्टॉरिकल ज्याग्रेफी ऑव एंशेंट इंडिया, पृ० 39)।

उशीनर

ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार (8, 14) यह जनपद मध्यदेश में स्थित था—'अस्यांध्रुवायां मध्यमायां प्रतिष्ठायां दिशि'। यहीं कुरुपांचाल और वश जनपदों की स्थिति बताई गई है। कौशीतकी उपनिषद् में भी उशीनर-वासियों का नाम मत्स्य, कुरुपांचाल और वशदेशीयों के साथ है। कथासरित्सागर (दुर्गाप्रसाद और काशीनाथ पांडुरंग द्वारा संपादित, तृतीय संस्करण=पृ० 5) में उशीनरगिरि का उल्लेख कनखल-हरद्वार के प्रदेश के अंतर्गत किया गया है। यह स्थान दिव्यावदान (पृ० 22) में वर्णित उसिरगिरि और विनयपिटक (भाग 2, पृष्ठ 39) का उसिरध्वज जान पड़ता है। पाणिनि ने अष्टाध्यायी 2, 4, 20 और 4, 2, 118 में उशीनर का उल्लेख किया है। कौशीतकी-उपनिषद् से ज्ञात होता है कि पूर्वबुद्धकाल में गार्ग्य बालाकि जो काशी नरेश अजातशत्रु का समकालीन था उशीनर देश में रहता था। महाभारत में उशीनर-नरेश की राजधानी भोजनगर में बताई है—'गाल्वो विमृशन्नेव स्वकार्यगतमानसः, जगाम भोजनगरं द्रष्टुमौशीनरं नृपम्'—उद्योग० 118, 2. शांति० 29, 39 में उशीनर के शिबि नामक राजा का उल्लेख है—'शिबिमौशीनरं चैव मृतं सृंजय शुश्रुम'। ऋग्वेद 10, 59, 10 में उशीनराणी नामक रानी का उल्लेख है—'समिन्द्रेरय गामनड्वाहं य आवहदुशीनराण्या अनः, भरतामप यद्रपो द्यौः पृथिवि क्षमारपो मोषुते किंचनाममत्' या जैसा कि उपर्युक्त उद्धरणों से सूचित होता है उशीनरदेश वर्तमान हरद्वार के निकटवर्ती प्रदेश का नाम था। इसमें जिला देहरादून का यमुनातटवर्ती प्रदेश भी सम्मिलित था क्योंकि महाभारत वन 130,21 में यमुना के पार्श्ववर्ती प्रदेश में उशीनर नरेश द्वारा यज्ञ किए जाने का उल्लेख है—'जलां चोपजलां चैव, यमुनामभितो नदीम्,

उशीनरो वै यत्रेष्ट्वा वासवादत्यरिच्यत।'

उशीरगिरि=उसिरगिरि

उशीरध्वज=उसिरध्वज

उशीरबीज

'उशीरबीज मैनाक गिरिश्वेत च भारत, समतीतोऽसि कौन्तेय कालशैल च पार्थिव' महा० वन० *139, 1* पांडवों की तीर्थयात्रा के प्रसंग में उशीरबीज नामक पर्वत का उल्लेख है। वन० 139,2 में ('एषा गंगा सप्तविधा राजते भारतर्षभ) गंगा का वर्णन है— इससे जान पड़ता है कि उशीरबीज तथा इसके साथ उल्लिखित अन्य पहाड़ गंगा के उद्गम से लेकर हरद्वार तक की हिमालय-पर्वत श्रेणियों के नाम हैं। वाल्मीकि-रामायण उत्तर० 18,2 में भी इसका उल्लेख है, 'ततो मरुत्तं नृपतिं यजन्तं सहदैवतं उशीरबीजमासाद्य ददर्श सतु रावण'। *यहां मरुत्त नामक नरेश के तप का वर्णन है* जो उन्होंने उशीरबीज में देवताओं के साथ किया था, दे० उसिरगिरि, उसिरध्वज।

उष्कूर=हुष्कपुर

कनिष्क के उत्तराधिकारी हुविष्क का कश्मीरघाटी में बसाया हुआ नगर —दे० हुष्कपुर।

उष्ट्रकर्णिक

'पाड्यांश्च द्रविडांश्चैव सहितांश्चोड्रकेरलैः, आंध्रांस्तालवनांश्चैव *कलिंगानुष्ट्रकर्णिकान्' महा० सभा० 31,71* । सहदेव ने अपनी *दिग्विजययात्रा* के प्रसंग में इस देश को विजित किया था। संदर्भ से जान पड़ता है कि यह स्थान कलिंग या दक्षिण उड़ीसा अथवा आंध्र के निकट स्थित होगा।

उष्ण

विष्णुपुराण 2, 4, 48 के अनुसार क्रौंचद्वीप का एक भाग या वर्ष जो द्वीप के राजा द्युतिमान् के इसी नाम के पुत्र के कारण उष्ण कहलाता है।

उसभ दे० ऋषभ (2)

उसमा

जयनगर (जिला तिरहुत, बिहार) के निकट एक प्राचीन ग्राम जहां पचीस *गज लम्बा एक धनुष है जिसे स्थानीय दंतकथाओं के आधार पर उसी धनुष* का प्रतिरूप माना जाता है जिसे सीता स्वयंवर में भगवान् राम ने तोड़ा था।

उसमानाबाद

गुप्तकालीन गुहाओं के लिए उल्लेखनीय है। दे० धराशिव।

उसिरगिरि

इस पर्वत का उल्लेख दिव्यावदान पृ० 22 मे है। यह वर्तमान सिवालिक पर्वत-माला है। उशीनर और उशीरगिरि या उसिरगिरि नामो म काफी समानता है और इनकी स्थिति मे भी साम्य है। दे० उशीरगिरि।

उसिरध्वज

विनयपिटक भाग 2, पृ० 39 मे इस पर्वत का उल्लेख है। यह वर्तमान सिवालिक-पर्वतमाला का ही नाम जान पडता है। उसिरगिरि और उसिरध्वज (=उशीरध्वज) समानार्थक नाम जान पडत है।

उहा=उवा

मिलिंदपन्हो (पृ० 70) मे उल्लिखित हिमालय की एक नदी।

उहु (अफगानिस्तान)

काबुल या कुभा नदी। प्राचीन काल मे इसके तट के निवासियो को उहुक कहा जाता था (वा० श० अग्रवाल)

ऊचनगर दे० बुलदशहर।

ऊजठ (जिला सीतापुर, उ० प्र०)

9वी शती ई० के एक मदिर के अवशेष यहा से उत्खनन द्वारा प्राप्त हुए हैं। उत्तरप्रदेश शासन ने यहा विस्तृत रूप से खुदाई की थी।

ऊटकमण्ड (मद्रास)

एक रमणीक पर्वतीय नगर है। इस नगर का प्राचीन रूप उदकमडल कहा जाता है। इसे ऊटी भी कहते हैं।

ऊनकेश्वर (जिला यवतमाल, महाराष्ट्र)

आदिलाबाद के निकट अतिप्राचीन स्थान है। इसे ओनकदेव भी कहत हैं। जनश्रुति है कि इस स्थान पर रामायण काल मे शरभग ऋषि का आश्रम था। भगवान् राम वनवासकाल मे इस स्थान पर कुछ समय के लिए आए थे। वाल्मीकि रामायण अरण्य० 5, 3 मे शरभगाश्रम का यह उल्लेख है—'अभिगच्छामहे शीघ्र शरभग तपोधनम्, आश्रम शरभगस्य राघवोऽभिजगाम ह'। कालिदास ने शरभगाश्रम का सुन्दर वर्णन रामसीता की लका से अयोध्या तक की विमान यात्रा के प्रसग मे इस प्रकार किया है—'अद शरण्य शरभग नाम्नस्तपोवन पावनमाहिताग्ने, चिराय सतर्प्य समिद्भिरग्नि यो मत्रपूतां तनुमप्यहौषीत्' रघु० 13, 45। दे० शरभगाश्रम। ऊनकेश्वर मे गरम पानी का एक कुड है जिसे, कहा जाता है कि, श्रीराम ने बाण से पृथ्वी भेद कर शरभग के लिए प्रकट किया था।

ऊर्जयत दे० उज्जयंत

ऊर्णावती

ऋग्वेद 10, 75, 8 में वर्णित नदी जो या तो सिंधु की सहायक कोई नदी है अथवा सिंधु ही है। सिंधु के प्रदेश म ऊर्णा या ऊन वाली भेड़ों की बहुतायत सदा से रही है।

ऋक्ष

विष्णुपुराण 2, 3, के अनुसार सात कुलपर्वतों में ऋक्ष की भी गणना है—'महेन्द्रो मलय सह्य शुक्तिमानृक्षपर्वत विंध्यश्च पारियात्रश्च सप्तैते कुलपर्वता' ऋक्षपर्वत विंध्याचल की पूर्वी श्रेणियों का नाम है जिनमे नर्मदा, ताप्ती और शोण आदि के स्रोत स्थित हैं। अमरकटक इसी का भाग है। 'पुरश्च परचाच्च तथा महानदी तमृक्षवन्त गिरिमेत्य नर्मदा', महा०, शान्ति 52, 32। स्कदपुराण म भी नर्मदा का उद्भव ऋक्षपर्वत से माना गया है (दे० रेवा-खड)। कालिदास ने ऋक्ष या ऋक्षवान् का नर्मदा के प्रसग मे उल्लेख किया है—'नि शेष विक्षालित धातुनापि वप्रक्रिया मृक्षवतस्तटेषु, नीलोर्ध्व रेखा शबलेन शसन् दतद्वयेनाश्मविकुठितेन' रघु० 5, 44 विष्णुपुराण 2, 3, 11 मे तापी, पयोष्णी और निर्विन्ध्या को ऋक्ष-पर्वत से निस्सृत माना है—'तापी पयोष्णी निर्विन्ध्या प्रमुखा ऋक्षसभवा'। श्रीमद्भागवत पुराण 5, 19, 16, मे भी ऋक्ष का उल्लेख है—'विन्ध्य शुक्तिमानृक्षगिरि पारियात्रो द्रोणश्चित्रकूटो गोवर्धनो रैवतक'। ऋक्ष का महाभारतकालीन जनश्रुति मे ऋक्षो या रीछों से भी सम्बध जोडा गया था जो यहा के जगलो मे पाए जाने वाले रीछो के कारण ही सभव हुआ होगा—'ऋक्षे सवर्धितो विप्र ऋक्षवत्यथ पर्वते'—महा० ४६, ७६। सभव है श्रीराम का जिन ऋक्षो ने रावण के विरुद्ध युद्ध में साथ दिया था वे ऋक्ष पर्वत के ही निवासी थे।

ऋक्षवान=ऋक्ष

ऋक्षबिल

'विचिन्वन्तस्ततस्तत्र ददृशुर्विवृत बिलम्, दुर्गमृक्षबिलं नाम दानवेनाभि रक्षितम्, क्षुत्पिपासापरीतासु श्रान्तास्तु सलिलार्थिन' वाल्मीकि० किष्किन्धा 50, 6 7 8 सीतान्वेषण करते समय वानरो ने भूख प्यास से खिन्न होकर एक गुहा या बिल मे से जलपक्षियो का निकलते देखकर वहा पानी का अनुमान किया था। इसी गुहा को वाल्मीकि ने ऋक्षबिल कहकर वर्णन किया है। यहीं वानरों को स्वयप्रभा नामक तपस्विनी से भेंट हुई थी। ऋक्षबिल अथवा स्वय-प्रभागुहा का अभिज्ञान दक्षिण रेल के कल्यनल्लूर स्टेशन से आधा मील पर

स्थित पर्वत की 30 फुट गहरी गुफा से किया गया है। तुलसीरामायण में भी इस गुहा का सुंदर वर्णन है—'चढ़िगिरि शिखर चहूदिशि देखा, भूमिविवर इक कौतुक पेखा। चक्रवाक बक हंस उड़ाही, बहुतक खग प्रविशहिं तेहि माहीं।' किष्किंधाकांड। दे० स्वयंप्रभा गुहा।

ऋजुपालिका = ऋजुकूल (बिहार)

इस नदी के तट पर बसे हुए जिम्भिक नामक ग्राम में वैशाख शुक्लादशमी के दिन जैन तीर्थंकर महावीर को अंतर्ज्ञान अथवा कैवल्य की प्राप्ति हुई थी। दे० जिम्भक।

ऋतुमाला

कूर्मपुराण में कृतमाला का नाम है। यह कावेरी की सहायक नदी है।

ऋषभ

(1) श्रीमद्भागवत 5, 19, 16 में उल्लिखित एक पर्वत जिसका नामोल्लेख मैनाक, चित्रकूट और कूटक पर्वतों के साथ है—'मंगलप्रस्थो मैनाकस्त्रिकूट ऋषभ कूटक विंध्य शुक्तिमानृक्षगिरि'। यह विंध्याचल के ही किसी पहाड़ का नाम जान पड़ता है। ऋक्ष से यह भिन्न है क्योंकि उपर्युक्त उद्धरण में दोनों के नाम अलग-अलग हैं। संभव है यह दक्षिण-कोसल अथवा पूर्वविंध्य की श्रेणियों का कोई पर्वत हो क्योंकि ऋषभ नामक तीर्थ संभवतः इसी प्रदेश में था। ऋक्ष और ऋषभ भिन्न होते हुए भी एक ही भूभाग में स्थित थे—यह भी अनुमानसिद्ध जान पड़ता है।

(2) दक्षिण कोसल का एक तीर्थ—'ऋषभतीर्थमासाद्य कोसलायां नराधिप' महा० वन 85, 10। इससे पूर्व के श्लोक में नर्मदा और शोण के उद्‌भव पर वंशगुल्म तीर्थ का उल्लेख है। इससे स्पष्ट है कि ऋषभ महाभारत के अनुसार अमरकंटक की पहाड़ियों में ही स्थित होगा। यह तथ्य रायगढ़ (म० प्र०) से तीस मील दूर स्थित उसभ नामक स्थान से प्राप्त एक शिलालेख से भी प्रमाणित होता है जिसमें उसभ का प्राचीन नाम ऋषभ दिया हुआ है। संभव है ऋषभपर्वत उसभ की निकटवर्ती पहाड़ियों में ही स्थित होगा।

(3) वाल्मीकि रामायण युद्धकांड 74, 30 में उल्लिखित कैलास के निकट एक पर्वत—'ततः कांचनमत्युग्रमृषभं पर्वतोत्तमम्'। विष्णु-पुराण 2, 2, 29 के अनुसार इसकी स्थिति मेरु के उत्तर की ओर है—'शंखकूटोऽथ ऋषभो हंसो नागस्तथापरः'।

ऋषिक

चीनी तुर्किस्तान—सीक्यांग—में ऋषिकों या यूचियों का देश जिस पर

अर्जुन ने अपनी दिग्विजय यात्रा में विजय प्राप्त की थी—'ऋषिकेष्वपि संग्रामो बभूवातिभयंकरः' महा० सभा० 27, 26 दे० उत्तर ऋषिक।

ऋषिकुण्ड (बिहार)

भागलपुर से 28 मील पश्चिम की ओर स्थित है। कहा जाता है कि ऋष्यशृंग का आश्रम इसी स्थान पर था। यहां प्रति तीसरे वर्ष इनके नाम से मेला लगता है। शृंग ऋषि की कथा का उल्लेख, रामायण, महाभारत, पुराणों तथा बौद्ध जातकों में है—दे० शृंगऋषि, ऋषितीर्थ, शृंगेरी।

ऋषिकुल्या

(1) 'ऋषिकुल्या समासाद्य वासिष्ठं चैव भारत', 'ऋषिकुल्यां समासाद्य नरः स्नात्वा विकल्मषः' महा० वन. 84,48-49। महाभारत के इस प्रसंग में हिमालय के तीर्थों का वर्णन है। ऋषिकुल्या नदी को यहां भृगुतुंग के निकट प्रवाहित होने वाली सरिता बताया गया है (वन० 84,50)। भृगुतुंग केदारनाथ के निकट तुंगनाथ है। अनुमान है कि ऋषिकुल्या गढ़वाल के पहाड़ों में बहने वाली ऋषिगंगा है। भीष्म० 9,36 में भी ऋषिकुल्या का उल्लेख है—'कुमारी मृषिकुल्यां च मारिषां च सरस्वतीम्'।

(2) दक्षिणी उड़ीसा—कलिंग की एक नदी जो विंध्याचल के पूर्वी भाग की पहाड़ियों से निकल कर बंगाल की खाड़ी में गिरती है। श्रीमद्भागवत में इसका उल्लेख है—'महानदी वेदस्मृतिऋषिकुल्या त्रिसामा कौशिकी' 5,19, 18। विष्णुपुराण 2,3,14 में ऋषिकुल्या। शुक्तिमान् पर्वत से निकलने वाली नदी कहा गया है—'ऋषिकुल्या कुमाराद्या शुक्तिमत्पादसंभवा'।

ऋषिगंगा (गढ़वाल, उ० प्र०)

गढ़वाल की पहाड़ियों में बहने वाली एक नदी जो संभवतः महाभारत वन० 84,48-49 में उल्लिखित ऋषिकुल्या है।

ऋषिगिरि

'वैहारो विपुलः शैलो वराहो वृषभस्तथा, तथा ऋषिगिरिस्तात शुभाश्चैत्यक पंचमाः, एते पंच महाशृंगाः पर्वताः शीतलद्रुमाः, रक्षन्तीवाभिसंहत्य संहतांगा गिरिव्रजम्' महा० सभा० 21,2-3। महाभारत के अनुसार ऋषिगिरि गिरिव्रज या राजगृह-वर्तमान राजगीर (बिहार) की पांच पहाड़ियों में से एक है (दे० गिरिव्रज)। वाल्मीकि रामायण में भी गिरिव्रज के पंचशैलों का वर्णन है—'एते शैलवराः पंच प्रकाशन्ते. समन्ततः' बाल० 32,80। यहां इनके नाम नहीं दिए गए हैं। पालीसाहित्य में ऋषिगिरि को इसगिलि कहा गया है।

ऋषितीर्थ (गुजरात)

महसाणा तालुके मे स्थित परसोडा ग्राम का प्राचीन नाम है। यह सुरसरि, शर्करी, अमरवेलि और साबरमती नदियों का संगम है। कहते हैं कि विभाड के पुत्र शृंगी ऋषि, रोमपाद की पुत्री शांता से विवाह करने के पश्चात् यही आश्रम बनाकर रहते थे। किंतु शृंगी का आश्रम ऋषिकुंड नामक स्थान पर भी माना जाता है जो बिहार मे है—दे० शृंगऋषि, शृंगेरी।

ऋषितोया (काठियावाड, बबई)

पश्चिम रेल के देलवाडा स्टेशन प्राचीन देवलपुर के निकट ऋषितोया नदी बहती है। यह स्थान तीर्थ रूप मे ख्यातिप्राप्त है। ऋषितोया को स्थानीय रूप से मच्छुदी भी कहते हैं।

ऋषिपट्टन=इसीपतन (दे० सारनाथ)।

ऋषिभ्रमगण (लंका)

महावंश, 20,46 मे उल्लिखित अनुराधपुर के पास एक स्थान जहाँ सम्राट् अशोक के पुत्र महेंद्र का देह-संस्कार किया गया था। पाली मे इसे 'इसि-भूमगन' कहा गया है।

ऋष्यमूक

वाल्मीकि-रामायण मे वर्णित वानरो की राजधानी किष्किंधा के निकट यह पर्वत स्थित था। यही सुग्रीव और राम की मैत्री हुई थी। सुग्रीव किष्किधा से निष्कासित होने पर अपने भाई बालि के डर से इसी पर्वत पर छिप कर रहता था। उसने सीता-हरण के पश्चात् राम और लक्ष्मण को इसी पर्वत पर पहली बार देखा था—'तावृष्यमूकस्य समीपचारी चरन् ददर्शाद्भुत दर्शनीयौ, शाखामृगाणामधिपस्तरस्वी वितत्रसे नैव विचेष्टचेष्टाम्' किष्किधा०, 1,128। अर्थात् ऋष्यमूकपर्वत के समीप भ्रमण करने वाले अतीव सुन्दर राम-लक्ष्मण को वानरराज सुग्रीव ने देखा। वह डर गया और उनके प्रति क्या करना चाहिए, इस बात का निश्चय न कर सका। श्रीमद्भागवत 5,19,16 मे भी ऋष्यमूक का उल्लेख है—'सह्योदेवगिरिऋष्यमूक श्रीशैलो वेंकटो महेन्द्रो वारिधारो विंध्य'। तुलसीरामायण, किष्किधाकांड मे ऋष्यमूक पर्वत पर रामलक्ष्मण के पहुचने का इस प्रकार उल्लेख है—'आगे चले बहुरि रघुराया, ऋष्यमूक पर्वत नियराया'। दक्षिण भारत म प्राचीन विजयनगर के खडहरो अथवा हपी मे विरूपाक्ष-मंदिर से कुछ ही दूर पर स्थित एक पर्वत को ऋष्य-मूक कहा जाता है। जनश्रुति के अनुसार यही रामायण का ऋष्यमूक है। मंदिर को घेरे हुए तुगभद्रा नदी बहती है। ऋष्यमूक तथा तुगभद्रा के घेरे को चक्रतीर्थ

कहा जाता है। चक्रतीर्थ के उत्तर में ऋष्यमूक और दक्षिण में श्रीराम का मंदिर है। मंदिर के निकट सूर्य, सुग्रीव आदि की मूर्तियां हैं। प्राचीन किष्किंधा-नगरी की स्थिति यहां से दो मील दूर, तुंगभद्रा के वामतट पर, अनागुंदी नामक ग्राम में मानी जाती है।

एकचक्षु

एकचक्खु एवं चक्षु या एकचक्रा का तद्भव रूप है। सिंहल के बौद्ध इतिहास ग्रंथ (3,14) में दी हुई वंशावली के अनुसार यहां का अंतिम राजा पुरिंदद था।

एकचक्रा

महाभारत में एकचक्रा को पंचालदेश में स्थित बताया गया है। द्रौपदी-स्वयंवर के लिए जाते समय पांडव एकचक्रा-नगरी में पहुंचे थे—'एवं स तान् समाश्वास्य व्यासः सत्यवती सुत, एकचक्रामभिगत कुंतीमाश्वासयत् प्रभु' आदि० 155,11। बकासुर का वध भीम ने इसी नगरी में रहते हुए किया था—दे० आदि० 156। संभव है एकचक्रा, अहिच्छत्र का ही दूसरा नाम हो। परिचक्रा या परिचक्रा जिसे शतपथ ब्राह्मण (13,5,4,7) में पंचाल की एक नगरी कहा गया है, एकचक्रा ही जान पड़ती है—दे० वैदिक इंडेक्स 1,494।

एकनाल

राजगृह की पहाड़ियों के दक्षिण में बसा हुआ ब्राह्मणों का ग्राम (संयुत्त-निकाय, I, पृ० 172)। यहां बौद्ध-विहार बनवाया गया था।

एकपर्वतक

'गडकीं च महाशोण सदानीरां तथैव च, एकपर्वतके नद्यः क्रमेणैत्याव्रजन्तते' महा० सभा० 20,27। अर्थात् कृष्ण, अर्जुन और भीम इंद्रप्रस्थ से गिरिव्रज (मगध, बिहार) जाते समय गडकी, महाशोण, सदानीरा एवं एकपर्वतक की सब नदियों को पार करते हुए आगे बढ़े। इससे, एकपर्वतक उस प्रदेश का नाम जान पड़ता है जिसमें उपर्युक्त नदियां बहती थीं, अर्थात् बिहार-उत्तरप्रदेश का सीमावर्ती भाग (गडकी=गंडक, महाशोण=सोन, सदानीरा=राप्ती)।

एकलिंग (जिला उदयपुर, राजस्थान)

उदयपुर से बारह मील पर स्थित है। मेवाड़ के राणाओं के आराध्यदेव एकलिंग महादेव का मेवाड़ के इतिहास में बहुत महत्व है। मेवाड़ के संस्थापक बप्पारावल ने एकलिंग की मूर्ति की प्रतिष्ठापना की थी। कहा जाता है कि डूंगरपुरराज्य की ओर से मूल बाणलिंग के इंद्रसागर में प्रवाहित किए जाने पर वर्तमान चतुर्मुखी लिंग की स्थापना की गई थी। एकलिंग भगवान् को

साक्षी मानकर मेवाड के राणाओं ने अनेक बार ऐतिहासिक महत्व के प्रण किए थे। जब विपत्तियों के थपेडों से महाराणा प्रताप का धैर्य टूटने जा रहा था तब उन्होंने अकबर के दरबार में रहकर भी राजपूती गौरव की रक्षा करने वाले बीकानेर के राजा पृथ्वीराज को, उनके उद्बोधन और वीरोचित प्रेरणा से भरे हुए पत्र के उत्तर में जो शब्द लिखे थे वे आज भी अमर हैं—'तुरक कहासी मुखपतो, इणतण सू इकलिंग, ऊगै जाही ऊगसी प्राची बीच पतग' (प्रताप के शरीर रहते एकलिंग की सौगंध है, बादशाह अकबर मेरे मुख से तुर्क ही कहलाएगा। आप निश्चित रहें, सूर्य पूर्व में ही उगेगा')।

एकशालिनगर दे० वारंगल

एकशिलानगर का अपभ्रश है। यह वारंगल का प्राचीन संस्कृत नाम है जिसका उल्लेख रघुनाथ भास्कर के कोश में है।

एकशिला=एकशिला नगर=एकशिलापाटन दे० वारंगल

वारंगल के संस्कृत नाम हैं जिनका उल्लेख रघुनाथ भास्कर के कोश में है।

एकसाल

वाल्मीकि-रामायण के अनुसार भरत ने केकय-देश से अयोध्या आते समय अयोध्या के पश्चिम की ओर इस स्थान पर स्थाणुमती नदी को पार किया था, 'एकसाले स्थाणुमतीं विनते गोमती नदीं, कलिंगनगरे चापि प्राप्य सालवन तदा' —अयोध्या० 71,16। बौद्धसाहित्य (सयुत्त० 1, पृ० 111) में इसे कोसल-देश का एक ब्राह्मणों का ग्राम बताया गया है, जहां बुद्ध ने मार को विजित किया था।

एकाम्रकानन=भुवनेश्वर

मूलत: उत्कल का एक वन था जो प्राचीन काल में शिव की उपासना का केंद्र था।

एकोपन=एकोपलपुरम्=एकोपलपुरी दे० वारंगल

वारंगल के प्राचीन संस्कृत नाम हैं।

एटा (उ० प्र०)

इसे पृथ्वीराज चौहान के सरदार राजा सग्रामसिंह ने बसाया था। इसने एटा में एक सुदृढ मिट्टी का दुर्ग बनवाया था जिसके खडहर आज भी मौजूद हैं।

एरण्डपल्ली

गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में एरडपल्ली के राजा दमन के समुद्रगुप्त द्वारा पराजित होने का उल्लेख है—'कौसलक महेन्द्र, महाकान्तार,

-व्याघ्रराज, कौसलक मटराज, पैष्ठपुरक महेन्द्र, गिरिकोट्टूरक स्वामिदत्त, एरंड-पल्लक दमन-प्रभृति सर्वदक्षिणपथराजाग्रहणमोक्षानुग्रहजनितप्रतापोन्मिश्र महाभाग्यस्य ...'। इस नगर का अभिज्ञान जिला विजिगापट्टम् (आ० प्र०) में स्थित इसी नाम के स्थान के साथ किया गया है। पहले कुछ विद्वानों ने पूर्व खानदेश में स्थित एरंडोल को ही एरंडपल्ली मान लिया था। यह मत अब ग्राह्य नहीं है।

एरण्डी

नर्मदा की सहायक नदी जो बड़ोदा के क्षेत्र में बहती है। दे० पद्मपुराण, स्वर्गखण्ड, 9।

एरकिण=एरण।

एरछ (बुंदेलखण्ड, म० प्र०)

मुगलकाल में इस स्थान पर एक दुर्ग था यहाँ वीरछत्रसाल के पिता चपतराय ने औरंगजेब के जमाने में मुगल सेनाओं से युद्ध करते हुए अपने ठहरने के लिए स्थान बनाया था। (दे० बुंदेलखण्ड का संक्षिप्त इतिहास—गोरेलाल पुरोहित—पृ० 160)

एरण (जिला सागर, म० प्र०)

मही-बामौरा स्टेशन से छ मील दूर है। इसका प्राचीन नाम एरकिण था। मौर्यकाल के पश्चात् एरकिण में एक गणराज्य स्थापित हो गया था जैसा कि इस स्थान पर मिले कई सिक्कों से प्रमाणित होता है। इन सिक्कों पर बोधिवृक्ष व धर्मचक्र आदि के चिह्न हैं किंतु राजा का नाम अंकित नहीं है। गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त का एक प्रस्तर लेख (गुप्त संवत् 82=402 ई०) इस स्थान से प्राप्त हुआ है। इसमें इसे एरकिण कहा गया है। इसमें समुद्रगुप्त की वीरता, उसकी रानी के पातिव्रत्य, धनसम्पत्ति, पुत्र-पौत्रों सहित यात्राओं तथा शत्रुओं पर उसकी वीरोचित धाक का विशद वर्णन है। यह भी उल्लेख है कि समुद्रगुप्त ने यह लेख अपनी यशोवृद्धि के लिए अंकित किया था। इस अभिलेख के अतिरिक्त गुप्तवंशीय महाराजाधिराज बुधगुप्त के शासनकाल का भी एक प्रस्तरलेख (195 गुप्त संवत् =485 ई०) एरण से प्राप्त हुआ है। अभिलेख के अनुसार महाराज सुररश्मिचंद्र का शासन इस समय कालिंदी और नर्मदा के मध्यवर्ती प्रदेश में था। लेख एक स्तंभ पर खुदा है जिसे विष्णु का ध्वजास्तंभ कहा गया है। इसका निर्माण महाराज मातृविष्णु तथा उसके छोटे भाई धन्यविष्णु ने करवाया था। एरण से एक और स्तंभलेख प्राप्त हुआ है। इसकी तिथि गुप्तसंवत् 191=510 ई० है। यह महाराज भानुगुप्त के अमात्य गोपराज के विषय में है जो इस स्थान पर भानुगुप्त के साथ किसी शायद किसी युद्ध

मे आया था और वीरगति को प्राप्त हुआ था। उसकी पत्नी यहीं सती हो गई थी। एरण से हूण महाराजाधिराज तोरमाण के समय का एक अन्य अभिलेख भी प्राप्त हुआ है। यह वराह की मूर्ति के ऊपर उत्कीर्ण है। इसमे महाराज मातृविष्णु के छोटे भाई धन्यविष्णु द्वारा वराह भगवान का मंदिर बनवाए जाने का उल्लेख है। एरकिण गुप्तकाल मे अवश्य ही महत्वपूर्ण नगर रहा होगा। इसको एक लेख मे स्वभोगनगर भी कहा गया है। यह नाम शायद समुद्रगुप्त ने एरण को दिया था। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार इस स्थान पर महाभारत-काल मे विराटनगर की स्थिति थी। आज भी अनेक प्राचीन खडहर यहा बिखरे पड़े हैं। पिछले वर्षों मे सागरविश्वविद्यालय ने यहा उत्खनन द्वारा अनेक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्यो का उदघाटन किया है।

एरिआके

लेटिन भाषा के भौगोलिक ग्रथ 'पेरिप्लस' मे उल्लिखित स्थान जो कुछ विद्वानो के मत मे 'अपरातिक' का लेटिन रूपातर है। रायचौधरी (पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ एंशेट इडिया—पृ० 406) के अनुसार यह वराहमिहिर की बृहतसहिता मे उल्लिखित अर्यक भी हो सकता है।

एरिकामेड (मद्रास)

पुरातत्वसबधी अनेक प्राचीन अवशेष इस स्थान से उत्खनन द्वारा प्रकाश मे आए हैं। मृदभाडो के खडो से सूचित होता है कि प्रथम-द्वितीय शती ई० में इस स्थान का रोम से काफी बढाचढा व्यापार था। रोम मे बनी गई वस्तुए यहा के अवशेषो मे मिली हैं।

एलगदाल (जिला करीम नगर, आं० प्र०)

जफरुद्दौला ने 1754 ई० मे यहा एक किले का निर्माण किया था। इसके भीतर मसजिद की एक मीनार हिलाने से डोलने सी लगती है।

एलजिपुर दे० एलिचपुर।

जैन ग्रथो मे एलिचपुर को एलजिपुर कहा है—'एलजिपुर कारजा नयर धनवत लोक वसति' प्राचीन तीर्थमालासग्रह 1, 114।

एलागिरि

इलौरा का एक सस्कृत नाम।

एलिचपुर (बरार, महाराष्ट्र)

अमरावती के उत्तर मे स्थित मध्यकाल का प्रसिद्ध नगर। दिल्ली के सुलतान अलाउद्दीन खिलजी ने 1294 ई० मे देवगिरि पर आक्रमण करते समय 8000 घुडसवारो के साथ एलिचपुर को घेर लिया था। एलिचपुर उस समय

देवगिरि के राजा रामचंद्र के राज्य में था और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित था। देवगिरि के विश्वासघातियों की सहायता से जीतने के पश्चात देवगिरि नरेश से जो अलाउद्दीन ने संधि की उसमें एलचपुर का उसने अपनी वहां रखे जाने वाली सेना के व्यय के लिए मांग लिया था। दे० एलजिपुर।

एलिफेंटा (महाराष्ट्र)

घोपोली बंदर बंबई से समुद्र में सात मील उत्तरपूर्व की ओर एक छोटा सा द्वीप है। इसका व्यास लगभग साढ़े चार मील है। यहां दो पहाड़ियां हैं जिनके बीच में एक संकीर्ण घाटी है। द्वीप का प्राचीन नाम धारापुरी है। एहोल अभिलेख में पुलकेशिन द्वितीय द्वारा विजित जिस पुरी का उल्लेख है वह हीरानंद शास्त्री के मत में यही स्थान है (दे० ए गाइड टु एलिफंटा—पृ० 8)। पुर्तगाल के यात्री गार्सिया द ओर्टा के डिस्कास आव बायजन्ड नामक ग्रंथ से सूचित होता है कि 16वीं शती में (1579 ई० के लगभग) यह द्वीप पोरी अथवा पुरी नाम से प्रसिद्ध था। द्वीप की पहाड़ियों में 5वीं 6ठी शती ई० में बनी हुई और पहाड़ियों के पार्श्व में तराशी हुई पांच गुफाएं हैं। इनमें हिंदू धर्म से संबंधित अनेक मूर्तियां विशेषकर शिव की मूर्तियां गुप्तकालीन कला के उत्तम उदाहरण हैं। एलिफेंटा में भगवान शंकर के कई लीलारूपों की मूर्तिकारी एलोरा और अजंता की मूर्तिकला के समकक्ष ही है। महायोगी नटेश्वर भैरव पार्वती-परिणय अर्धनारीश्वर पार्वतीमान कैलासधारी रावण महेशमूर्ति शिव तथा त्रिमूर्ति यहां के प्रमुख मूर्तिचित्र हैं। त्रिमूर्ति जिसका चिह्न भारत के डाक टिकट पर है—वास्तव में शिव के ही तीन विविधरूपों का मूर्तन है न कि त्रिदेवों की। नटराज शिव के मुख पर परिवर्तनशील संसार की उपस्थिति में जिस संतुलित शांत तथा संयत भावना की छाप है वह गुप्तकालीन मूर्तिकला की प्रख्यात विशिष्टता है। यहां की मुख्य गुफा तथा पार्श्ववर्ती कक्षों में अजंता के अनुरूप भित्ति चित्रकारी भी थी किंतु अब वह नष्ट हो गई है। पुर्तगालियों ने इसका उल्लेख भी किया है। एलिफेंटा पर 16वीं शती में बंबई तट पर बसने वाले पुर्तगालियों का अधिकार था। इन कलाशून्य व्यापारियों ने इस द्वीप की सुंदर गुफाओं को गोला-बारूद आदि रखने के गोदामों यहां तक कि चांदमारी के लिए प्रयोग करके इनका कलावैभव नष्टप्राय कर दिया। 16वीं शती ई० तक राजघाट नामक स्थान पर हाथी की एक विशाल मूर्ति अवस्थित थी। इसी कारण पुर्तगालियों ने द्वीप को एलिफेंटा का नाम दिया था (दे० काराद्वीप)।

एलोरा दे० इलोरा

एलप कुटा (जिला करीमनगर, आ० प्र०)

इस स्थान पर श्री रामचंद्रजी के कई प्राचीन मंदिर हैं जो किंवदंती के अनुसार उनके दंडकारण्य के निवासकाल के स्मारक हैं।

एषुकारिभक्त

पाणिनि अष्टाध्यायी 4,2,54। यह शायद वर्तमान हिसार (पंजाब) है।

एहोड (जिला बीजापुर, मैसूर)

बादामी (वातापी) के निकट बहुत प्राचीन स्थान है। 634 ई० में चालुक्य नरेश पुलकेशिन् द्वितीय के समय में अंकित एक अभिलेख एहोड से प्राप्त हुआ है। यह प्रशस्ति के रूप में है और संस्कृत-काव्य परंपरा में लिखित है। इसका रचयिता रविकीर्ति है। इसमें कवि ने कालिदास और भारवि के नामों का भी उल्लेख किया है—'येनायोजि नवेश्म स्थिरमर्थविधौ विवेकिना जिनवेश्म स विजयतां रविकीर्तिः कविताश्रित कालिदासभारवि कीर्तिः'। इस अभिलेख में तिथि इस प्रकार दी हुई है—'पंचाशत्सुकलौ काले षट्सु पंचशती सु च, समासु समतीतासु शकानामपि भूभुजाम्',। इससे 556 शकसंवत् =634 ई० प्राप्त होता है। इस प्रकार महाकवि कालिदास और भारवि का समय, 634 ई० के पूर्व सिद्ध हो जाता है। इस अभिलेख में पुलकेशिन् द्वारा अभिभूत लाट, मालव, और गुर्जर देश के राजाओं का उल्लेख है। एहोड में गुप्तकालीन कई मंदिरों के भग्नावशेष हैं। दुर्गा के मन्दिर में पांचवीं शती ई० की नटराज शिव की मूर्ति है। 450 ई० के चार मंदिरों के अवशेष भारत के सर्वप्राचीन मंदिरों के अवशेषों में से हैं। इनपर शिखर नहीं हैं। इनमें से लाडखान नामक मंदिर वर्गाकार है। इसकी छत स्तंभों पर टिकी हुई है। ये स्तंभ तीन वर्गों में, जो एक-दूसरे के भीतर बने है, विन्यस्त हैं। केंद्रीय चार स्तंभों के ऊपर आधृत सपाट छत अपने चतुर्दिक् ढालू छत के ऊपर शिखर की भांति उठी हुई दिखाई देती है और यह निचली छत स्वयं एक दूसरी ढालू छत के ऊपर निकली हुई है जो सबसे बाहर के वर्ग पर छायी हुई है। मंदिर के एक किनारे पर एक मंडप है और इससे दूसरे किनारे पर मूर्ति स्थान है। श्री हेनरी कजिन्स आर्कियालॉजिकल रिपोर्ट 1907–8 में लिखते हैं, 'यह मंदिर अपनी विशालता, रचना की सरलता, नक्शे और वास्तुकला के विवरण, इन सब बातों में गुफा मंदिरों से बहुत मिलता-जुलता है'। इस मंदिर की दीवारें साधारण दीवारों के समान नहीं हैं। वे स्तंभों और उनकी योजक जालीदार खिड़कियों सहित पतली भित्तियों से बनी हैं। सपाट छत और उस पर उत्सेध (elevation) का अभाव गुफाओं की कल्पना से ही संबंधित है। किंतु इससे भी अधिक समानता

वो भारी वर्गाकार स्तभों और उनके शीर्षों के कारण दिखाई देती है। उपर्युक्त दुर्गा के मन्दिर का नक्शा बौद्ध-चैत्य मदिरों की ही भांति है, केवल धातुगर्भ के बजाय इसमें मूर्तिस्थान बना हुआ है। बौद्ध चैत्यो की भांति ही इसमे भी स्तभों की दो पक्तियोंद्वारा मदिर के भीतर का स्थान मध्यवर्ती शाला तथा दो पार्श्ववर्ती वीथियों द्वारा विभक्त किया गया है। मदिर पत्थर का बना हुआ है इस लिए मेहराबों के लिए छतो में स्थान नहीं है किंतु शिखर का आभास चैत्य-मरचना की भांति ही बीच की छत ऊँची तथा पार्श्व की छतें नीची तथा कुछ ढलवा होने से होता है। स्तभो के ऊपर छत के भराव पर अनेक मूर्तियां तथा पर्णावलि आदि अंकित हैं जो गुफा मंदिरो के स्तभो के ऊपरी भाग पर की गई रचना से बहुत मिलती-जुलती हैं (उदाहरणार्थ अजता गुफा स० 26)।

ऐरावतवर्ष

'उत्तरेण तु शृगस्य समुद्रान्ते जनाधिप, वर्षमैरावत नाम तस्माच्छृगमत परम्, न तत्र सूर्यस्तपति न जीर्यन्ते च मानवा' महा० भीष्म 8,10–11, दे० शृगवान्।

ऐलधान

वाल्मीकिरामायण मे इस स्थान का उल्लेख भरत की केकय देश से अयोध्या की यात्रा के प्रसग में है—'एलधाने नदीं तीर्त्वा प्राप्य चापरपर्वतान् शिलामाकुर्वन्तीं तीर्त्वाऽग्नेय शल्यकर्षणम्' अयोध्या०, 71,3। इससे ठीक पूर्व 71,2 मे उल्लिखित शतद्रु या सतलज ही उपर्युक्त उद्धरण मे वर्णित नदी जान पड़ती है। ऐलधान इसी के तट पर स्थित कोई ग्राम होगा।

ओंकार मांधाता (जिला खडवा, म० प्र०)

खडवा के निकट नर्मदा नदी मे एक पहाडी द्वीप है। यह स्थान प्राचीन काल से ही तीर्थ के रूप मे प्रख्यात है। इसे ओंकारेश्वर और मांधाता भी कहते हैं। जनश्रुति है कि राजा मांधाता ने इस द्वीप मे शिव की आराधना की थी। द्वीप नर्मदा और उसकी एक उपधारा—कावेरी—से घिरा है। इसका आकार ओंकार (प्रणव) के समान है जो सभवत इसके नामकरण का कारण है। इसके आस-पास अनेक छोटे-मोटे तीर्थस्थल हैं। मांधाता को अमरेश्वर भी कहते हैं। स्कदपुराण रेवाखड 28,133 मे इसका वर्णन है। अमरेश्वर की शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों मे गणना है। यह स्थान पश्चिम रेलवे के अजमेर-खडवा मार्ग पर ओंकारेश्वर स्टेशन से सात मील दूर है।

ओंगोल (जिला गतूर, मद्रास)

इस स्थान के आसपास प्रागैतिहासिक काल के विशेषकर पाषाणयुगीन पत्थर के उपकरण तथा हथियार प्राप्त हुए हैं जिनकी खोज अनेक वर्ष पूर्व ब्रूसफूट नामक विद्वान् ने की थी।

ओघवती

कुरुक्षेत्र की एक नदी जिसका उल्लेख महाभारत मे है। दुर्योधन को भीम ने ओघवती के तट पर गदायुद्ध मे आहत किया था। पृथूदक इसी नदी के तट पर स्थित था। महाभारत अनुशासन० 2 मे वर्णित पौराणिक कथा के अनुसार अग्निपुत्र सुदर्शन की सती पत्नी ही ओघवती के रूप मे परिणत हो गई थी—'एषा हि तपसा स्वेन संयुक्ता ब्रह्मवादिनी, पावनार्थं लोकस्य सरिच्छ्रेष्ठा भविष्यति, अर्धेनौघवती नाम त्वामर्धेनानुयास्यति' अनुशासन 2,83-84।

ओजद्वीप

महावंश 15,64,65। लंका का प्राचीन पौराणिक नाम।

ओड्र=उड्र

'चीनान्ड्रकांस्तथा चौड्रान् बर्बरान् वनवासिन' महा० सभा० 52,53।

ओडगांव (उड़ीसा)

खुर्दा रोड स्टेशन से पचास मील पर स्थित है। यहा नयागढ नरेश कृष्णचद्र देव ने श्री रघुनाथ जी का भव्य मंदिर बनवाया था। कहा जाता है कि वनवासकाल मे राम-लक्ष्मण यहा आए थे और एक चदन के वृक्ष के नीचे उन्होंने रात्रि व्यतीत की थी। यहा शबर लोगो का निवास है।

ओड़छा (बुदेलखड, म० प्र०)

किवदती के अनुसार मध्यकाल मे यहा पड़िहार राजपूतो का राज्य था और उन्होंने अपनी राजधानी यही बनाई थी। चदेलो के परास्त होने पर ओड़छा भी श्रीहत हो गया किंतु बुदेलो का प्रभुत्व स्थापित होने पर राजा रुद्रप्रताप ने पुनः एक बार ओड़छा को राजधानी बनाकर उसकी श्रीवृद्धि की। वे ही वर्तमान ओड़छा के बसाने वाले माने जाते हैं। उन्होंने सोमवार 3 अप्रैल 1531 ई० मे इस नगर को पुनः बसाया था। यहा के किले को बनने मे आठ वर्ष लग गए थे। इनके पुत्र और उत्तराधिकारी भारतीचद्र के समय ही मे ओड़छा के महल बनकर तैयार हुए थे (1539 ई०)। इसी वर्ष राजधानी भी गढ़कुडार से पूरी तरह से ओड़छा मे ले आई गई थी। अकबर के समय यहा के राजा मधुकर शाह थे जिनके साथ मुगलसम्राट् ने कई युद्ध किए थे। जहांगीर ने वीरसिंहदेव बुदेला को जो ओड़छा राज्य की बड़ौनी जागीर के स्वामी थे पूरे ओड़छा राज्य की गद्दी दी थी। वीरसिंहदेव ने ही अकबर के शासनकाल

में जहांगीर के कहने से अकबर के विद्वान् दरबारी अबुल्फ़ज़ल की हत्या करवा दी थी। शाहजहां ने बुंदेलों से कई असफल लड़ाइयां लड़ीं किंतु अंत में जुझारसिंह को ओड़छा का राजा स्वीकार कर लिया गया। बुन्देलखण्ड की लोक-कथाओं का नायक हरदौल वीरसिंहदेव का छोटा पुत्र एवं जुझारसिंह का छोटा भाई था। औरंगज़ेब के राज्यकाल में छत्रसाल की शक्ति बुंदेलखंड में बढ़ी हुई थी। ओड़छा की रियासत वर्तमानकाल तक बुंदेलखंड में अपना विशेष महत्त्व रखती आई है। यहां के राजाओं ने हिंदी के कवियों को सदा प्रश्रय दिया है। महाकवि केशवदास वीरसिंहदेव के राजकवि थे।

ओड़छे में जिन पुरानी इमारतों के खंडहर हैं, उनमें मुख्य हैं—जहांगीर-महल जिसे वीरसिंहदेव ने जहांगीर के लिए बनवाया था यद्यपि जहांगीर इस महल में वीरसिंहदेव के जीवनकाल में कभी न ठहर सका, केशवदास का भवन, प्रवीण राय का भवन (प्रवीण राय, वीरसिंह देव के दरबार की प्रसिद्ध गायिका थी जिसकी केशवदास ने अपने ग्रंथों में बहुत प्रशंसा की है)।

ओदन्तपुरी = ओदन्तपुरी

ओदंतपुरी (ज़िला पटना, बिहार)

वर्तमान बिहार नामक नगर का प्राचीन नाम। इसे उद्दंडपुर भी कहते थे। इसकी प्रसिद्धि का कारण था यहां का बौद्धविहार और तत्संबद्ध महाविद्यालय। ओदंतपुरी के विहार और विद्यालय की स्थापना बंगाल के प्रथम पालनरेश गोपाल (730-740 ई०) ने की थी। अनुवर्ती पालराजाओं ने इस विहार तथा महाविद्यालय को अनेक दान दिए थे। इसके समृद्धिकाल में यहां एक सहस्र विद्यार्थी शिक्षा पाते थे। यहां दूर दूर से विद्यार्थीगण शिक्षा पाने के लिए आते थे। यहां का सर्वप्रमुख विद्यार्थी दीपंकर था जो बाद में विक्रमशिला महाविद्यालय का प्रधान आचार्य बना और जिसने तिब्बत जाकर वहां लामा-संस्था की स्थापना की। 13वीं शती के प्रारंभ में मुसलमानों के बिहार पर आक्रमण के समय यहां का विहार और विद्यालय नष्ट हो गए। बिहार-बंगाल में ओदंतपुरी के लगभग समकालीन अन्य महाविद्यालय नालन्दा, विक्रमपुर, विक्रमशिला, जगद्दल और ताम्रलिप्ति में थे।

ओनकदेव दे० ऊलकेश्वर

ओपानी

209 गुप्तसंवत् = 528 ई० के एक अभिलेख में जो खोह (म० प्र०) से प्राप्त हुआ है, इस ग्राम का उल्लेख है (दे० खोह)।

ओफीर (केरल)

प्राचीन यहूदी साहित्य मे सम्राट् सुलेमान (प्रायः 1000 ई० पू०) के भेजे हुए व्यापारिक जलयानों का दक्षिण भारत के इस बंदरगाह मे आने-जाने का वर्णन मिलता है। इसका अभिज्ञान त्रिवेंद्रम के दक्षिण मे स्थित पुवार नामक ग्राम से किया गया है।

ओराझार (जिला गोंडा, उ० प्र०)

श्रावस्ती मे गौतमबुद्ध के समय मे एक धनी व्यापारी की स्त्री विशाखा ने अपार धनराशि खर्च करके पूर्वरमा नामक विहार बनवाया था। जेतवन के खंडहर से एक मील दक्षिण की ओर एक दूह है जिसे आजकल ओराझार कहते हैं जो संभवत: पूर्वरमा विहार के ही स्थान पर है।

ओषधिप्रस्थ

कुमारसंभव मे वर्णित हिमालय का नगर जहां पार्वती के पिता की राजधानी थी। शिव के कहने से सप्तर्षि पार्वती की मंगनी के समय ओषधिप्रस्थ आए थे—'तत्प्रयातौषधिप्रस्थ सिद्धये हिमवत्पुरम्, महाकोशीप्रपातेऽस्मिन् संगम पुनरेव नः', ते चाकाश मसिश्यामभुत्पत्य परमर्षयः, आसेदुरोषधिप्रस्थमनसासमरंहस । अलकामतिवाह्यैव वसतिं वसुसम्पदाम्, स्वर्गाभिष्यन्दवमनं कृत्वेवोपनिवेशितम् । गंगास्रोत परिक्षिप्त वप्रान्तर्ज्वलितौषधि, बृहन् मणिशिलासाल गुप्तावपिमनोहरम् । जितसिंह भयानागा यत्राश्वा बिलयोनयः, यक्षाः किंपुरुषाः पौरा योषितो वनदेवता । यत्र स्फटिक हर्म्येषु नक्तमापान भूमिषु, ज्योतिषा प्रतिबिंबानि प्राप्नुवन्त्युपहारताम् । यत्रौषधि प्रकाशेन नक्त दर्शित संचराः, अनभिज्ञास्तमिस्राणां दुर्दिनेष्वभिसारिकाः । सतानकतरुच्छाया सुप्तविद्याधराध्वगम, यस्य चोपवन बाह्य गंधवद् गंधमादनम्'—कुमारसंभव 6,33-36 37-38-39 12-13 46। कालिदास के वर्णन से ज्ञात पड़ता है कि यह नगर हिमालय के क्रोड मे स्थित तथा गंगा की धारा से परिवेष्टित था तथा गंधमादन पर्वत इस नगर के बाहर उपवन के रूप मे स्थित था। इस नगर मे ओषधियों के प्रकाश से रात मे भी उजाला रहता था। संभव है यह नगर वर्तमान बदरीनाथ के निकट स्थित हो। कालिदास के वर्णन मे कविकल्पना का वैचित्र्य होने से नगर का वर्णन कुछ अद्भुत जान पड़ता है। यह नगर अलका से भिन्न था जैसा कि ऊपर उद्धृत 6,37 से स्पष्ट है। बदरीनाथ के निकटस्थ पहाड़ो मे आज भी ओषधियां प्रचुरता से पाई जाती हैं। गंगा की निकटता जिसका उल्लेख कवि ने किया है इस नगर की स्थिति की सूचक है।

ओसर्गा (जिला उस्मानाबाद, महाराष्ट्र)

एक प्राचीन किला जिसे शायद बीजापुर के सुल्तानों ने बनाया था, यहां का उल्लेखनीय स्मारक है। यह वर्गाकार बना हुआ है। इसके चारों ओर दो परकोटे और एक खाई है। किले में एक विशाल तोप रखी है जिस पर निज़ामशाह का नाम अंकित है। यहां के प्राचीन भवन अधिकांश मे खंडहर हो गए हैं। एक अनोखे भूमिगत भवन के विस्तीर्ण खंडहर भी मिले हैं जिसकी लंबाई 76 फुट और चौड़ाई 50 फुट है। इसकी छत एक विशाल हौज की तली है। औरंगजेब की दक्षिण की सूबेदारी के समय बनी हुई एक मसजिद भी यहां है। इस आशय का एक लेख इस पर उत्कीर्ण है। जामामसजिद बीजापुर की वास्तुशैली मे निर्मित है।

ओसियां (जिला जोधपुर, राजस्थान)

जोधपुर नगर से 32 मील उत्तर-पश्चिम की ओर स्थित है। ओसियां में 9वीं शती से 12वीं शती ई० तक के स्थापत्य की सुन्दर कृतियां मिलती हैं। प्राचीन देवालयों म शिव, विष्णु, सूर्य, ब्रह्मा, अर्धनारीश्वर, हरिहर, नवग्रह, कृष्ण, तथा महिषमर्दिनी देवी आदि के मन्दिर उल्लेखनीय हैं। ओसियां की कला पर गुप्तकालीन शिल्प का पर्याप्त प्रभाव दिखाई देता है। ग्राम के अंदर जैन तीर्थंकर महावीर का एक सुन्दर मन्दिर है जिसे वत्सराज (770–800) ने बनवाया था। यह परकोटे के भीतर स्थित है। इसके तोरण अतीव भव्य हैं तथा स्तंभों पर तीर्थंकरों की प्रतिमाएं हैं। यहीं एक स्थान पर 'सं० 1075 आषाढ़ सुदि 10 आदित्यवार स्वातिनक्षत्रे' यह लेख उत्कीर्ण है और सामने विक्रमसंवत् 1013 की एक प्रशस्ति भी एक शिला पर खुदी है जिससे ज्ञात होता है कि यह मंदिर प्रतिहार नरेश वत्सराज के समय मे बना था तथा 1013 वि० सं० 956 ई० म इसके मंडप का निर्माण हुआ था। निकटवर्ती पहाड़ी पर एक और मंदिर विशाल परकोटे से घिरा हुआ दिखलाई पड़ता है। यह सचियादेवी या शिलालेखों की सच्चिकादेवी से संबंधित है जो महिषमर्दिनी देवी का ही एक रूप है। यह भी जैन मंदिर है। मूर्ति पर एक लेख 1234 वि० सं० का भी है जिससे इसका जैन धर्म से संबंध स्पष्ट हो जाता है। इस काल म इस देवी की पूजा राजस्थान के जैन सम्प्रदाय मे अन्यत्र भी प्रचलित थी। इस विषय का ओसिया नगर से संबंधित एक वादविवाद, जैन ग्रंथ उपकेश गच्छ पट्टावलि म वर्णित है (उपकेश–ओसिया का संस्कृत रूप है)। इसी मंदिर के निकट कई छोटे बड़े देवालय हैं। इसके दाईं ओर सूर्यमंदिर के बाहर अर्धनारीश्वर शिव की मूर्ति, सभा मंडप की छत में दशावतार तथा गोवर्धन कृष्ण

की मूर्तियां उकेरी हुई हैं। गोवर्धन-लीला की यह मूर्ति राजस्थानी कला की अनुपम कृति मानी जा सकती है। ओसिया से जोधपुर जाने वाली सड़क पर दोनों ओर अनेक प्राचीन मंदिर हैं। इनमें त्रिविक्रमरूपी विष्णु, नृसिंह तथा हरिहर की प्रतिमाएं विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। कृष्ण लीला से संबंधित भी अनेक मूर्तियां हैं। स्थानीय प्राचीन अभिलेखों से सूचित होता है कि ओसिया के कई नाम मध्ययुग तक प्रचलित थे, जो ये हैं—उकेश, उपकेश, अकेश आदि। किंवदंती है कि इसको प्राचीन काल में मेलपुरपत्तन तथा नवनेरी भी कहते थे। ओसवाल जैनों का मूल स्थान ओसियां ही है।

औहिद दे० उदभाण्डपुरी

औंधा (ज़िला परभनी, महाराष्ट्र)

पूर्ना-हिंगोली रेल मार्ग के चोंडी स्टेशन से आठ मील पर स्थित है। नागनाथ के मंदिर के कारण यह स्थान प्रख्यात है। कहा जाता कि मंदिर को किसी पांडवनरेश ने अपार धन लगाकर बनवाया था। मंदिर भारत के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से है। इसका नक्शा चालुक्य मंदिरों की भांति ही है अर्थात् आधार ताराकृति है और बीच में एक बड़ा वर्गाकार मंडप है जिसके आगे उत्तर, दक्षिण, और पश्चिम की ओर द्वारमंडप बने हुए हैं। देवगृह या पूजा स्थान पूर्व की ओर है। द्वारमंडप की छत के आधार अतीव सुन्दर नक्काशीदार अष्टकोण स्तंभ हैं। देवगृह के द्वारों पर तथा उनके मंडपों पर भी बारीक नक्काशी है। भवन के बाहरी की ओर भी चालुक्यशैली में अत्यन्त कलापूर्ण तक्षण शिल्प दिखाई देता है। इसमें उत्कीर्ण मूर्तियों की अनुप्रस्थ तथा उदग्रपट्टियां हैं जिनके बीच-बीच में सादी नक्काशी रहित पट्टियां हैं। हेलेबिड के मंदिर की मूर्तिकला से इस मंदिर की मूर्तिकारी की समानता स्पष्ट दिखाई देती है।

औमो दे० अनोमा

औरंगाबाद (महाराष्ट्र)

इस नगर की स्थापना मलिक अंबर ने 1610 ई० में की थी। नगर के लिए जल की व्यवस्था इसी बुद्धिमान् मंत्री ने की थी। इसके अवशेष आज भी द्रष्टव्य हैं। तत्कालीन पवनचक्की और सम्बद्ध जलप्रणालियों में से अभी तक कई काम में आती हैं। पास ही औरंगजेब के गुरु बाबाशाह मुसाफिर की दरगाह, एक मसजिद और सराय स्थित है। मलिक अंबर के समय का नौखंडा महल और काली मसजिद अन्य ऐतिहासिक स्मारक हैं। लालमसजिद जिसका निर्माण उत्तर मुगल काल में हुआ था, लाल पत्थर की बनी है। औरंगजेब की बेगम रबिया दुर्रानी का मकबरा या बीबी का मकबरा ताजमहल की असफल अनुकृति है। यह 1650

और 1657 ई० के बीच बना था। गबद के कुछ भाग शुद्ध श्वेत संगमर्मर के बने हैं। बीबी के मकबरे से एक मील उत्तर-पश्चिम की ओर द्वितीय शती ई० से सातवी शती ई० के बीच बनी हुई कई गुफाए है। इनका वास्तुशिल्प तथा मूर्तिकला अजता की भाति ही है किंतु चित्रकारी अब नष्ट हो गई है। गुफा स० 3 मे एक नक्काशीदार भित्तिलेख पर सुतसोम जातक की कथा मूर्तिकारी के रूप मे अकित है जो अजता की गुफा स० 17 के चित्र मे अधिक स्पष्ट है। इसी प्रकार गुफा स० 3 म गौतमबुद्ध के सम्मुख स्थित भक्तो का अकन बहुत ही भावपूर्ण और स्वाभाविक ढग से किया गया है। मूर्तिया मानवाकार हैं और जीवित प्रतीत होती हैं। उनके वस्त्र थोडे हैं किंतु कलात्मक ढग से पहनाए गए हैं। स्त्रियो का केशकलाप तथा अग विन्यास मोहक तथा कलात्मक है। *इसी प्रकार भिक्षुओ की जटाओ के जूडे भी स्वाभाविक ढग से अकित किए गए* हैं। पद्मपाणि की मूर्ति अपने कलापूर्ण सौंदर्य मे अजता या इलोरा या भारत मे अन्यत्र पाई जाने वाली मूर्तियो मे श्रेष्ठ कही जा सकती है। इसी गुफा मे नृत्य का वह दृश्य जिसमे बीच मे बौद्ध देवी तारा तथा उसके चतुर्दिक तीन अन्य स्त्रिया अकित हैं इलोरा की गुफा स० 16 के नटराज की तुलना मे अधिक फीका नही जान पडता।

कक

विष्णुपुराण के अनुसार शाल्मली द्वीप का एक पर्वत—'कक स्तु पचम षष्ठो महिष सप्तमस्तथा' विष्णु० 2,4,47।

ककावती

काठियावाड (गुजरात) के उत्तर-पश्चिमी भाग—हालार मे बहने वाली एक नदी।

कक्कोट=कनखवती

कचनपल्ली=कचन पारा (जिला नदिया, बगाल)

कल्याणी से कई मील दूर चैतन्य महाप्रभु के भक्त तथा उनके समकालीन सत शिवानद (जिन्हे चैतन्य ने कविकर्णपूर की उपाधि दी थी) का निवास स्थान है। कहते हैं चैतन्य इस स्थान पर शिवानद से मिलने आए थे। शिवानद तीन प्रसिद्ध ग्रथो के लेखक थे—चैतन्यचरितामृतकाव्य, चैतन्य चद्रोदय नाटक और गौरागोद्देश्य दीपिका। इन्ही के प्रभाव से 15वी शती मे कचनपल्ली मे वैष्णव साहित्य का प्रसिद्ध केंद्र बन गया था। जनश्रुति के अनुसार कचनपल्ली का मूलनाम नरहट्टग्राम था। कचनपल्ली बगाल के ख्यातनामा विद्वान् नीमचद शिरोमणि और तुलसी रामायण के बगाली अनुवादक हरिमोहन गुप्त *का भी जन्मस्थान है।*

कचनपारा=कचनपल्ली।

कंचनपुर

प्राचीन जैनलेखकों ने कलिंग (दक्षिण उड़ीसा) के कचनपुर नामक नगर का उल्लेख किया है (दे० इंडियन एंटिक्वेरी 1891, पृ० 375)। जैन सूत्रप्रज्ञापणा में कचनपुर का नाम कई उपनगरों के नाम के साथ दिया गया है (दे० कलिंग)।

कडनसेरी (जिला त्रिचूर, केरल)

छत्राकार प्रस्तरों (umbrella stones) के प्राचीन अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। इन पाषाणों का अभिज्ञान अभी तक अनिश्चित है।

कतनगर (जिला दीनाजपुर, बगाल)

नौविमानों वाले एक भव्य मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। यह मंदिर मध्ययुगीन है।

करवा (जिला वाराणसी, उ० प्र०)

काशी से लगभग छ. मील उत्तर-पश्चिम स्थित इस ग्राम में कर्दमेश्वर का मध्यकालीन सुंदर मंदिर है। इसकी शिल्पकला अत्युत्कृष्ट है। मंदिर के बाहरी भाग पर अनेक देव-मूर्तियां हैं।

कदहार (जिला नांदेड, महाराष्ट्र)

इस स्थान पर कंदहार नरेश सोमदेव का बनाया हुआ अतिप्राचीन दुर्ग है। मालखेड के राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण तृतीय ने इस दुर्ग का विस्तार करवाया था और कदहारपुर के स्वामी की उपाधि ग्रहण की थी। दुर्ग में मुहम्मद तुगलक, इब्राहीम आदिलशाह और औरंगजेब के समय के अभिलेख हैं। इसके भीतर कई तुर्की तोपें भी रखी हैं जिन पर उनके निर्माताओं के नाम खुदे हैं। जामा-मसजिद पर इब्राहीम आदिलशाह और निजामशाह के अभिलेख हैं। कदहार में प्राचीन जैन-बौद्ध या जैन मंदिर भी है।

कंधार (अफगानिस्तान)

कधार प्राचीन संस्कृत गधार का ही रूपांतरण है।

कपिलरट्ठ=कांपिल्य राष्ट्र दे० कांपिल्य

कंपिला दे० कांपिल्य

कपिलनगर दे० कांपिल्य

कंबुज (1) दे० कांबोज।

(2) हिंदचीन का प्राचीन हिंदू उपनिवेश जिसे कंबोडिया कहा जाता है। इसकी स्थापना 7वीं शती के पश्चात् हुई थी और तत्पश्चात् 700 वर्षों तक कंबुज के वैभव तथा ऐश्वर्य का युग रहा। कंबोडिया की एक प्राचीन लोककथा

मे आर्यदेश या भारत से राजा स्वायंभुव द्वारा कबुज राज्य की स्थापना का वर्णन है। यहा का सर्वप्रथम ऐतिहासिक राजा श्रुतवर्मन् था जिसने इस देश को फूनान के शासन से मुक्त करके एक स्वतत्र राज्य स्थापित किया। यहाँ की तत्कालीन राजधानी श्रेष्ठपुर मे थी जिसका नामकरण कबुज के द्वितीय राजा श्रेष्ठवर्मन् के नाम पर हुआ था। इसकी स्थिति वर्तमान लाओस मे वाटफू पहाडी (बसाक के निकट) के परिवर्ती प्रदेश मे थी। इस पहाडी पर, जिसका प्राचीन नाम लिंगपर्वत था, भद्रेश्वर-शिव का मदिर स्थित था। ये कबुज नरेशो के इष्टदेव थे।

कबुपुरी

कबुज या कबोडिया (दक्षिण पूर्व एशिया) की एक नगरी जो 889 ई० म अभिषिक्त हिन्दू राजा यशोवर्मन् की राजधानी थी। यशोवर्मन ने इस नगरी का नाम बदलकर यशोधरपुर कर दिया था। नगरी के निकट यशोधरगिरि — वर्तमान फनोमबाखेन—के शिखर पर राजप्रासाद बनवाया गया था। यह नगरी अगकोर सभ्यता के पूरे उत्कर्षकाल मे कबुजदेश की राजधानी बनी रही।

कबोज

प्राचीन सस्कृत साहित्य म कबोज देश या यहाँ क निवासी काबोजो के विषय मे अनेक उल्लेख हैं जिनसे जान पडता है कि कबोज देश का विस्तार स्थूलरूप मे कश्मीर से हिंदूकुश तक था। वशब्राह्मण म कबोज औपमन्यव नामक आचार्य का उल्लेख है। वाल्मीकि रामायण बाल० 6,22 मे कबोज, बाल्हीक और वनायु देशो के श्रेष्ठ घोडो का अयोध्या मे होना वर्णित है—'काबोज विषये जातैर्बाल्हीकैश्च हयोत्तमै वनायुजैर्नदीजैश्च पूर्णाहरिहयोत्तमै'। महाभारत सभा० के अनुसार अर्जुन ने अपनी उत्तर दिशा की दिग्विजय यात्रा के प्रसग मे दर्दरो या दर्दिस्तान के निवासियों के साथ ही काबोजों को भी परास्त किया था—'गृहीत्वा तु बल सार फाल्गुन पाडुनन्दन, दरदान् सह काम्बोजैरजयत् पाकशासनि' सभा० 27,23। शाति० 207,43, अगुत्तरनिकाय 1,213, 4,252, 256 261 और अशोक के पाचवे शिलालेख मे कबोज का गधार के साथ उल्लेख है। महाभारत शाति० 207,43 और राजतरगिणी 4,163-165 मे कबोज की स्थिति उत्तरापथ मे बताई गई है। महाभारत द्रोण० 4,5 मे कहा गया है कि कर्ण ने राजपुर पहुचकर काबोजो को जीता, जिससे राजपुर कबोज का एक नगर सिद्ध होता है—'कर्ण राजपुर गत्वा काम्बोजानिर्जितास्त्वया'। कनिंघम के अनुसार राजपुर कश्मीर म स्थित राजौरी है (एशेंट ज्योग्रेफी ऑफ इंडिया, पृ० 148) कालिदास न रघुवश मे रघु के द्वारा काबोजों की पराजय का उल्लेख किया है

—'काम्बोजा समरे सोढुं तस्य वीर्यमनीश्वरा, गजालान् परिक्लिष्टैरक्षोटैः सार्धमानता' रघु० 4,69। इस उद्धरण में कालिदास ने कंबोजदेश में अखरोट वृक्षों का जो वर्णन किया है वह बहुत समीचीन है। इससे भी इस देश की स्थिति कश्मीर में सिद्ध होती है। युवानच्वाग ने भी राजपुर का उल्लेख किया है (दे० युवानच्वाग, भाग 1, पृ० 284)। वैदिककाल में कंबोज आर्य-संस्कृति का केंद्र था जैसा कि वंश-ब्राह्मण के उल्लेख से सूचित होता है, किन्तु कालांतर में जब आर्यसभ्यता पूर्व की ओर बढ़ती गई तो कंबोज आर्य-संस्कृति से बाहर समझा जाने लगा। यास्क और भूरिदत्तजातक (कॉवेल 6,110) में कंबोजों के प्रति अवमान्यता के विचार स्पष्ट किए गए हैं। युवानच्वांग ने भी कांबोजों को असंस्कृत तथा हिंसात्मक प्रवृत्तियों वाला बताया है। कंबोज के राजपुर, नंदिनगर (दे० लूडर्स, इसक्रिप्शन्स, 176, 472) और राइसडेवीज़ के अनुसार द्वारका नामक नगरों का उल्लेख साहित्य में मिलता है। महाभारत में कंबोज के कई राजाओं का वर्णन है जिनमें सुदर्शन और चंद्रवर्मन मुख्य हैं। कौटिल्य अर्थशास्त्र में कंबोज के 'वार्ताशस्त्रोपजीवी' (खेती और शस्त्रों से जीविका चलाने वाले) संघ का उल्लेख है जिससे ज्ञात होता है कि मौर्यकाल से पूर्व यहां गणराज्य स्थापित था। मौर्यकाल में चंद्रगुप्त के साम्राज्य में यह गणराज्य विलीन हो गया होगा।

ककुत्था दे० इरावती (2)

ककुद्मती=कोयन (महाराष्ट्र)

इस नदी का उद्गम महाबलेश्वर की पहाड़ियों में है। पुराणों के अनुसार ककुद्मती ब्रह्मा के अंश से संभूत है। ककुद्मती कृष्णा संगम पर करहाड या प्राचीन करहाटक बसा हुआ है।

ककुद्मान

विष्णुपुराण के अनुसार शाल्मलद्वीप का एक पर्वत—'कंकस्तु पंचमः षष्ठो महिषः सप्तमस्तथा, ककुद्मानपर्वतवरः सरिन्नामानि मे शृणु' विष्णु० 2,4,27।

ककुभग्राम=कहौम (कहांव) (जिला देवरिया, उ० प्र०)

इस ग्राम में गुप्तवंशीय महाराजाधिराज स्कंदगुप्त के समय (गुप्तसंवत् 141=460 ई०) का एक स्तंभ लेख प्राप्त हुआ था। यह जैन अभिलेख है जिसे भद्र नामक व्यक्ति ने जैन तीर्थंकरों की मूर्तियों की प्रतिष्ठापना के लिए ककुभग्राम—वर्तमान कहौम—में अंकित करवाया था। ये आदिकर्तृ अथवा तीर्थंकरों की प्रतिमाएं अभिलेख वाले स्तंभ पर उकेरी हुई हैं। स्तंभ के निकट एक ताल है जहां सात फुट ऊंची बुद्ध की मूर्ति स्थित थी। (टि०—ककुभ का पाठ अभिलेख में कुकुभ भी हो सकता है।)

कच्छ

महाभारत में उल्लिखित है। यह कच्छ की खाड़ी का तटवर्ती प्रदेश है जिसका दूसरा नाम अनूप भी था। शिशुपालवध काव्य 3,80 में कच्छ-भूमि का उल्लेख है—'आसेदिरे लावणसैन्धवीना चमूचरै कच्छ भुवा प्रदेशा'। आगे 3, 81 में यहा श्रीकृष्ण के सैनिकों का लवगपुष्पों की माला से विभूषित होने, नारियल का पानी पीने और कच्ची सुपारियाँ खाने का ललित वर्णन है— 'लवगमालाकलितावतसास्ते नारिकेलान्तरप पिबन्त, आस्वादितार्द्रक्रमुका समुद्रादभ्यागतस्य प्रतिपत्तिमीयु'।

कच्छकघाट (लका)

महावश 10, 58। यह वर्तमान महागनोट है।

कच्छेश्वर दे० कोटेश्वर

कछवा (जिला हमीरपुर, उ० प्र०)

यह ग्राम चंदेलकालीन वास्तु-अवशेषों के लिए उल्लेखनीय है।

कजगल

राजमहल (बगाल) का प्राचीन नाम। युवानच्वाग के यात्रावृत्त के अनुसार हर्षकाल में (६३० ई० के लगभग) यहा एक स्वतत्र राज्य था किंतु यह महाराज हर्ष के प्रभाव के अतर्गत था क्योंकि चीनी यात्री के वर्णन में इस बात का भी उल्लेख है कि अपनी पूर्वी देशों की विजय के लिए की गई यात्रा में हर्ष ने कजगल में राजसभा की थी। कजगल के कजुगिरि, काकजोल आदि नाम भी उपलब्ध हैं। मध्ययुग में इसे अगमहल भी कहा जाता था।

कजुगिरि दे० कजगल

कटक

उड़ीसा की मध्ययुगीन राजधानी जिसे पद्मावती भी कहते थे। यह नगर महानदी और उसकी शाखा काठजूड़ी के *सगम पर बसा हुआ है। इसे 941 ई०* में केशरीवशीय नरेश नृपति केशरी ने बसाया था। कालक्रम में मुसलमानों और मराठों के शासन के अतर्गत रहकर 1803 ई० में कटक अंग्रेजों के अधिकार में आगया। कटक के पास विरूपा नदी भी है जिस पर प्राचीन बाध निर्मित है। कटक का दुर्ग बहुत पुराना है किंतु अब यह मिट्टी का ढूह मात्र रह गया है। नगर में एक भील पर काठजूड़ी के तट पर अनग भीमदेव के बनाए हुए बारह बाटी नामक दुर्ग के खडहर है। यह राजा गगवशीय था। इसने अपने शासनकाल में, 1180 ई० में इस किले को बनवाया था। जगन्नाथपुरी के वर्तमान मदिर का निर्माता भी यही कहा जाता है। १८३५ ई० तक कटक के

आदिमवासियों में नरबलि की प्रथा प्रचलित थी। 1871 ई० तक जुआंगजाति के आदिम निवासी यहां रहते थे।

कटकबनारस=वाराणसी कटक

कटचपुर (ज़िला वारंगल, आं० प्र०)

कटचपुर झील के दक्षिणी तट पर 13वीं शती के दो मंदिर हैं जो ककातीय-नरेशों के शासनकाल में निर्मित हुए थे। इनका निर्माण कणाश्म या ग्रेनाइट पत्थर से हुआ है। कलाशैली की दृष्टि से ये मंदिर पालपुर, हनुमकोंडा और रामप्पा के मंदिरों के अनुरूप हैं।

कटनीनाला=निर्मल नदी (ज़िला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश) दे० बिसालपुर

कटाक्ष=कटास, कटासराज

कटारमल (ज़िला अल्मोड़ा, उ० प्र०)

अल्मोड़े से 10 मील दूर है। यहां सूर्य का प्राचीन मंदिर है जो पहाड़ की चोटी पर है। सूर्य की मूर्ति पत्थर की है और बारहवीं शती ई० की कलाकृति मानी जाती है। सूर्य को पद्मासीन अंकित किया गया है। उसके सिर पर मुकुट तथा पीछे प्रभामंडल है। मंदिर के विशालमंडप में अनेक मूर्तियां हैं। मंदिर वास्तुकला की दृष्टि से तो महत्त्वपूर्ण है ही, साथ ही उत्तरभारत का शायद यह अकेला ही सूर्यमंदिर है जहां सूर्य की पूजा आज भी प्रचलित है।

कटास, कटासराज (पंजाब, पाकिस्तान)

सेवड़ा से तेरह मील दूर है। किंवदंती है कि यहां पांडवों ने अपने अज्ञातवास में कुछ दिन निवास किया था। यहां एक अथाह कुंड है जो तीर्थ रूप में मान्य था। कहा जाता है गुरुगोरखनाथ ने भी कुछ दिन रहकर यहां आराधना की थी। इसका संस्कृत नाम कटाक्ष कहा जाता है। यहां के कुंड को पृथ्वी का नेत्र अथवा कटाक्ष माना जाता है।

कटाह=कडार=केडा (मलाया)

मलयप्रायद्वीप में स्थित। सुवर्णद्वीप के शैलेंद्र राजाओं की राजनैतिक शक्ति का केंद्र ग्यारहवीं शती ई० में इसी स्थान पर था। यहीं से वे श्रीविजय (सुमात्रा) की कई छोटी रियासतों तथा मलयद्वीप पर राज करते थे। 11वीं शती के प्रारंभिक वर्षों (लगभग 1025 ई०) में दक्षिण-भारत के प्रतापी राजा राजेंद्रचोल ने शैलेंद्र नरेश पर आक्रमण करके उसके प्राय समस्त राज्य को हस्तगत कर लिया। इस समय कटाह या कडार पर भी चोलों का आधिपत्य हो गया था। राजेंद्र चोल की मृत्यु के पश्चात् शैलेंद्र राजाओं ने अपने राज्य को पुन प्राप्त करने के लिए प्रयत्न किया किंतु वीर राजेंद्र चोल (1063-1070

ई०) ने दुबारा कडार को जीत लिया किंतु शैलेंद्रराज के आधिपत्य स्वीकार करने पर इस नगर को उसे ही वापस कर दिया। कटाह प्राचीन हिंदू नाम था, कडार और केड्डा इसके विकृत रूप हैं।

कटेहर

रुहेलखंड (उ० प्र०) का मध्ययुगीन नाम जो इस इलाके में 11वीं शती में राज्य करने वाले कटेहरिया राजपूतों के कारण पड़ा था।

कठगणराज्य

प्राचीन पंजाब का प्रसिद्ध गणराज्य। कठ लोग वैदिक आर्यों के वंशज थे। कहा जाता है कि कठोपनिषद् के रचयिता तत्वदर्शी विद्वान् इसी जाति के रत्न थे। अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण के समय (327 ई० पू०) कठगणराज्य रावी और व्यास नदियों के बीच के प्रदेश या माझा में बसा हुआ था। कठ-लोगों के शारीरिक सौंदर्य और अलौकिक शौर्य की ग्रीक इतिहास लेखकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है। अलक्षेंद्र के सैनिकों के साथ ये बहुत ही वीरतापूर्वक लड़े थे और सहस्रों शत्रुयोद्धाओं को इन्होंने धराशायी कर दिया था जिसके परिणामस्वरूप ग्रीक सैनिकों ने घबरा कर अलक्षेंद्र के बहुत कहने-सुनने पर भी व्यास नदी के पार पूर्व की ओर बढ़ने से साफ इनकार कर दिया था। ग्रीक लेखकों के अनुसार कठों के यहां यह जातिप्रथा प्रचलित थी कि वे केवल स्वस्थ एवं बलिष्ठ संतान को ही जीवित रहने देते थे। ओने सीक्रीटोस लिखता है कि वे सुंदरतम एवं बलिष्ठतम व्यक्ति को ही अपना शासक चुनते थे। पाणिनि ने भी कठों का कठ या कथ नाम से उल्लेख किया है (2,4, 20) *(टि०—कथ शब्द कालांतर में संस्कृत में 'मूर्ख' के अर्थ में प्रयुक्त होने लगा)। महाभारत में जिस क्राथ नरेश को कौरवों की ओर से युद्ध में लड़ता हुआ बताया गया है वह शायद कठजाति का ही राजा था—'रथोद्विपस्थेन हतोऽपतच्छरैः क्राथाधिपः पर्वतजेन दुर्जयः।'* (दे० राय चौधरी—'पोलिटिकल हिस्ट्री *ऑव एंशेंट इंडिया'—पृ० 202)।*

कडार—कटाह

वर्तमान केड्डा (मलाया) दे० कटाह।

कड़वाहा (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

प्राचीन नाम कदंबगुहा। मध्यकाल (10वीं शती के पश्चात् तथा 16वीं से पूर्व) में बने हुए लगभग बारह मंदिरों के लिए यह स्थान प्रसिद्ध है। ये ग्राम के चारों ओर एक मील के घेरे में स्थित हैं। इनमें से एक शिवालय आज भी अच्छी अवस्था में है और मध्ययुगीन कला का श्रेष्ठ उदाहरण है। कड़वाहा

म एक प्राचीन विहार के खडहर प्राप्त हुए हैं और यहा के एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि यह विहार या मठ मत्तमयूर न मक शैव साधुओं के लिए बनवाया गया था। इस सप्रदाय का मध्यकाल म काफी लोकप्रियता प्राप्त थी जैसा कि मध्यप्रदेश म प्राप्त इनके बहुसख्यक मठो और अभिलेखो स सूचित होता है।

कडा (जिला इलाहाबाद, उ० प्र०)

प्रयाग स चालीस मील पर स्थित है। कहा जाता कि इस स्थान पर जह्नु ऋषि का आश्रम था जैसा कि यहा स आधी मील पर स्थित जाह्नवीकुड स सूचित होता है। मुसल्मानो के शासन काल म कडा एक सूबे का मुख्य स्थान था। दिल्ली के सुल्तान जलालुद्दीन खिल्जी क समय मे उसका भतीजा एव दामाद अलाउद्दीन कड का हाकिम था। कडा के ही निकट गगा की नाव स पार करते वक्त बूढे जलालुद्दीन को राज्यलोलुप अलाउद्दीन ने धोखे से मार दिया और उसका सिर यहीं पास किसी स्थान पर दफना दिया जिससे वह स्थान गुमसिरा कहलाया। दिल्ली के सुल्तान मुहम्मद तुगलक न कडा क पास एक नया नगर स्वर्गद्वार नामक बसाया था। दोआब म भयकर अकाल पडने पर वह वहा जाकर रहने लगा। यहीं वह अनेक भूखे लोगो को खाना के लिए ले गया और उन्हे अयोध्या स अन्न मगवाकर बाटा। मुगलो के शासनकाल म भी कडे म सूबेदार रहता था। सलीम (जहागीर) ने जब अकबर क विरुद्ध बगावत की थी तब वह कडा ही म रहता था। कडे का प्राचीन किला उल्लेखनीय है। यह स्थान सत मलूकदास की जन्मभूमि के रूप म भी प्रसिद्ध है। (टि०—'अजगर करै न चाकरी पछी करै न काम दास मलूका कह गए सबके दाता राम'—यह दोहा इन्हीं मलूकदास का है।)

कडिया (जिला दरभगा, बिहार)

मिथिला के 9वी 10वी शती के प्रसिद्ध दार्शनिक उदयनाचार्य का जन्म स्थान। इन्होंने बौद्धदर्शन की आलोचना करके प्राचीन वैदिक शास्त्र के तथ्यो का प्रतिपादन किया था।

कणसव (जिला कोटा राजस्थान)

इस स्थान म 738 ई० का एक महत्वपूर्ण अभिलेख प्राप्त हुआ था जिसका सबध मौर्यवशीय राजा धवल से है (इडियन एटिक्वेरी, 13,163, बबई गजटियर, भाग 2, पृ० 284)। डाक्टर दे० रा० भडारकर क मत म यह राजा धवलप्पदेव ही है जिसका उल्लेख दबोक (मेवाड) क अभिलेख (लगभग 725 ई०) म हुआ है। कणसव अभिलेख स सिद्ध होता है कि मध्य के प्रसिद्ध मौर्यवश क

कुछ छोटे-मोटे राजा, मौर्यवंश के पतन के पश्चात् भी पश्चिमी भारत में कई स्थानों पर राज्य करते रहे थे।

कण्णनूर (केरल)

इस स्थान का उल्लेखनीय स्मारक सेंट एंजिलो का दुर्ग अंग्रेजी राज्य के प्रारंभिक काल का अवशेष है। यहाँ उसी समय की बनी बारकें तथा बारूद भरने के कोष्ठ अभी तक विद्यमान हैं।

कण्वाश्रम

(1) दे० मडावर।

(2) *महाभारत के अनुसार धर्मारण्य (गुजरात) में स्थित था।* दे० धर्मारण्य।

कत्यूर

कुमायूं (उ० प्र०) का एक भाग जिसे कतूरिया भी कहते हैं। इसमें जिला अल्मोड़ा और निकटवर्ती प्रदेश शामिल हैं। कत्यूर मूलतः एक वंश का नाम था जिसका अल्मोड़े के प्रदेश पर बहुत दिनों तक राज्य रहा था (दे० अल्मोड़ा)। कत्यूर संभवतः कर्तृपुर का बिगड़ा हुआ रूप है। पाणिनि ने कत्रि नामक स्थान का *अष्टाध्यायी 4,2,95 में उल्लेख किया है जो शायद कत्यूर या कर्तृपुर ही* है। दे० कर्तृपुर।

कत्रि दे० कत्यूर

कदंब

महावंश 7,43। यहाँ लंका की वर्तमान मलवत्तुओय नामक नदी है। इसी नदी के तट पर भारत से लंका जाने वाले राजकुमार विजय के सामंत अनुराध ने अनुराधपुर नामक प्रसिद्ध नगर बसाया था जिसके खंडहर आज भी लंका के पर्यटकों का मुख्य आकर्षण हैं।

कदंबगुहा दे० कड़वाहा।

कदंबपुर=करंबनूर (मद्रास)

त्रिशिरापल्ली या त्रिचनापल्ली से लगभग छ: और श्रीरंगम् से तीन मील दूर यह प्राचीन वैष्णव तीर्थ है।

कदौरह (दे० बावनी)।

कनकगिरि (मैसूर)

मासकी के दक्षिण में स्थित है। हुल्ट्ज के मत में यह अशोक के लघु-*शिला लेख सं० 1 में उल्लिखित सुवर्णगिरि है। मौर्यशासनकाल में दक्षिणी* प्रांत का शासन केंद्र सुवर्णगिरि ही में था।

कनकवती (जिला इलाहाबाद, उ० प्र०) = ककोट

कोसम–प्राचीन कौशांबी–से सोलह मील पश्चिम मे है। यहां यमुना और पैशुनी नदी का सगम है।

कनखल (जिला सहारनपुर, उ० प्र०)

हरद्वार के निकट अति प्राचीन स्थान है। पुराणो के अनुसार दक्षप्रजापति ने अपनी राजधानी कनखल मे ही वह यज्ञ किया था जिसमे अपने पति शिव का अपमान सहन न करने के कारण, दक्षकन्या सती जल कर भस्म हो गई थी। कनखल मे दक्ष का मदिर तथा यज्ञ स्थान आज भी बने हैं। महाभारत मे कनखल का तीर्थरूप मे वर्णन है—'कुरुक्षेत्रसमागगा यत्र तत्रावगाहिता, विशेषो वैकनखले प्रयागे परम महत्' वन० 85,88। 'एते कनखला राजनृषीणादयिता नगा, एषा प्रकाशते गगा युधिष्ठिर महानदी' वन० 135,5। मेघदूत मे कालिदास ने कनखल का उल्लेख मेघ की अलका-यात्रा के प्रसग मे किया—'तस्माद् गच्छेरनुकनखल शैलराजावतीर्णां जह्नो कन्या सगरतनयस्वर्गसोपान-पक्तिम्' पूर्वमेघ, 52। हरिवशपुराण मे कनखल को पुण्यस्थान माना है, 'गगाद्वार कनखल सोमो वै तत्र सस्थितः', तथा 'हरिद्वारे कुशावर्ते नीलके भिल्लपर्वते, स्नात्वा कनखले तीर्थे पुनर्जन्म न विद्यते'। मोनियर विलियम्स के सस्कृत-अग्रेजी कोश के अनुसार कनखल का अर्थ छोटा खला या गर्त है। कनखल के पहाड़ो के बीच के एक छोटे-से स्थान मे बसा होने के कारण यह व्युत्पत्ति सार्थक भी मानी जा सकती है। स्कदपुराण मे कनखल शब्द का अर्थ इस प्रकार दर्शाया गया है—'खल. को नाम मुक्ति वै भजते तत्र मज्जनात्, अत. कनखल तीर्थं नाम्ना चक्रुर्मुनीश्वराः' अर्थात् खल या दुष्ट मनुष्य की भी यहा स्नान से मुक्ति हो जाती है इसीलिए इसे कनखल कहते है।

कनगोर दे० कान्यकुब्ज।

कनडेलावोलु (आ० प्र०)

कुरनूल का प्राचीन नाम। कनडेलावोलु का अर्थ है, गाडी के पहिये मे तेल डालने का स्थान। किंवदती है कि कुरनूल से आठ मील दूर एक विशाल मदिर बनाया जा रहा था, पत्थर ढोने वाली गाडियों के पहियो मे तुगभद्रा के इस पार ठहर कर गाडी वाले तेल डालते थे जिससे इस स्थान का नाम कनडेलावोलु पड गया। कालातर म यहा बस्ती बन गई जिसका कनडेलावोलु का अपभ्रश-रूप कुरनूल नाम पड गया।

कन्वा = खनवा

भरतपुर (राजस्थान) से 13 मील दक्षिण तथा फतहपुर-सीकरी से लगभग

एक मील दूर वह प्रसिद्ध युद्ध-स्थली है जहां 1527 ई० में मेवाड़ के महाराणा संग्रामसिंह से बाबर का युद्ध हुआ था जिसमें राजपूतों की पराजय हुई थी। राजपूतों की हार का एक कारण पवार राजपूतों की सेना का ठीक युद्ध के समय महाराणा को छोड़कर बाबर से जा मिलना था। इस युद्ध के पश्चात् बाबर के कदम भारत में पूरी तरह से जम गए जिससे भावी महान् मुगल-साम्राज्य की नींव पड़ी। कनवा के युद्ध के पूर्व बाबर ने अपने घबराए हुए सैनिकों को प्रोत्साहन देने के लिए एक जोशीला भाषण दिया था जो इतिहास में प्रसिद्ध है। कनवा की रणस्थली फतहपुर सीकरी के भवनों से दूर पर दिखाई देती है।

कनार=कर्णावती दे० जगमनपुर।

कनिष्कपुर (कश्मीर)

सम्राट् कनिष्क (120 ई०) का बसाया नगर जो स्टाइन और स्मिथ के अनुसार झेलम और बारामूला से श्रीनगर जाने वाली सड़क पर श्रीनगर से दस मील दक्षिण की ओर स्थित कानिसपुर है। कनिंघम के मत में यह नगर श्रीनगर के निकट था। रायचौधरी का कहना है कि यह नगर आरा-अभिलेख में उल्लिखित कनिष्क द्वारा बसाया गया था। बौद्ध अनुश्रुति के अनुसार पाटलिपुत्र से आए हुए प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान और कवि अश्वघोष को कनिष्क ने इसी नगर में ठहराया था।

कनैली (ज़िला इलाहाबाद, उ० प्र०)

प्रयाग के दक्षिण में गंगा पार कर एक छोटा-सा ग्राम है जहां स्थानीय किंवदंती के अनुसार श्रीरामचन्द्र जी ने अपनी वनवासयात्रा के मार्ग में कुछ समय विश्राम किया था। यह ग्राम सराय-आकिल के निकट है।

कनोगिजा दे० कान्यकुब्ज।

कनौज=कान्यकुब्ज।

कनौजा (ज़िला रायपुर, म० प्र०)

बिल्हरी के निकट। इस स्थान को गढ़मंडला नरेश संग्रामसिंह (रानी दुर्गावती के श्वसुर, मृत्यु 1541 ई०) के बावनगढ़ों में गणना थी जिनके कारण यह प्रदेश गढ़मंडला कहलाता था।

कन्नागर दे० कलिंगनगर।

कन्नौज दे० कान्यकुब्ज।

कन्यातीर्थ

(1) कान्यकुब्ज—'कन्यातीर्थेऽश्वतीर्थे च गवातीर्थे च भारत, कालकोट्यां

वृषपृष्ठे गिरावुष्य च पाडवाः' महा० वन० 95, 3 ।

(2) कन्याकुमारी—'ततस्तीरे समुद्रस्य कन्यातीर्थमुपस्पृशेत् तत्रोपस्पृश्य राजेन्द्र सर्वपापै प्रमुच्यते' महा० वन० 85,23 । कन्यातीर्थ सुदूर दक्षिण मे समुद्र तट पर स्थित कन्याकुमारी का ही नाम है । पद्मपुराण 38,23 मे भी कन्यातीर्थ का उल्लेख है। यहां का प्राचीन कुमारीदेवी का मदिर उल्लेखनीय है । पौराणिक कथा के अनुसार कुमारी-देवी ने शिव की आराधना इस स्थान पर की थी। बाणासुर दैत्य को भी कुमारी ने इसी स्थान पर मारा था । कन्याकुमारी दक्षिण भारत के प्रायद्वीप की नोक पर स्थित है, यहां एक ओर से बगाल की खाडी का और दूसरी ओर से अरब सागर का जल हिंद-महासागर से मिलता है ।

कन्यापुर=कान्यकुब्ज

कन्याह्रद

महाभारत अनुशासन० के अन्तर्गत तीर्थो के प्रसग मे कन्याह्रद का उल्लेख है । यह कन्यातीर्थ (1) का ही नाम है ।

कन्हेरी (उत्तरकोकण, महाराष्ट्र)

पश्चिमरेलवे के बोरीवली स्टेशन से एक मील पर कृष्णगिरि पहाडी मे तीन प्राचीन गुहामदिर हैं जिनका सबध शिवोपासना से जान पडता है । एक गुफा में अनेक मूर्तियां आज भी देखी जा सकती हैं । बोरीवली स्टेशन से पाच मील पर कन्हेरी है जो कृष्णगिरि पहाडी का एक भाग है । कन्हेरी शब्द कृष्णगिरि का अपभ्रंश है । यहा 9वी शती ई० की बनी हुई लगभग एक सौ नौ गुफाए हैं पर उल्लेखनीय केवल एक ही है जो कार्ली के चैत्य के अनुरूप बनाई गई है। इस चैत्यशाला मे बौद्ध महायान सप्रदाय की सुन्दर मूर्तिकारी है । गुफा की भित्तियो पर अजंता के समान ही चित्रकारी भी थी जो अब प्रायनष्ट हो चुकी है ।

कपित्थ

चीनी यात्री युवानच्वांग ने अपनी भारत-यात्रा के वृत्तांत मे सकिसा या सांकाश्य (जिला फर्रुखाबाद, उ० प्र०) का एक नाम कपित्थ भी बताया है । हर्षकालीन मधुवन-ताम्रपट्टलेख मे भी कपित्थिका (=कपित्था, कपित्थ) का उल्लेख है । यह दानपट्ट इसी नगरी से प्रचलित किया गया था। इससे हर्षकालीन (606–636 ई०) शासन-व्यवस्था पर अच्छा प्रकाश पडता है ।

कपित्था=कपित्थिका=कपित्थ

कपिनी (मैसूर)

कावेरी की सहायक नदी । प्राचीन समय मे दक्षिण भारत के पुन्नाड राज्य

(5वीं या 6ठी शती ई०) की राजधानी कीर्तिपुर—वर्तमान कित्तूर—इसी नदी के तट पर स्थित थी।

कपिल

(1) विष्णुपुराण में उल्लिखित एक पर्वत जिसकी स्थिति मेरु के पश्चिम में कही गई है—'शिखिवासा सवैडूर्यं कपिलो गंधमादन जारुधि प्रमुखास्तद्वत्पश्चिमे केसराचल' विष्णु० 2,2,28।

(2) विष्णुपुराण *2,4,36 के अनुसार कुशद्वीप का एक भाग या वर्ष जो* इस द्वीप के राजा ज्योतिष्मान के पुत्र के नाम पर कपिल कहलाता है।

कपिलवस्तु (नेपाल भारत सीमा के निकट)

जिला बस्ती (उ० प्र०) के उत्तरी भाग में पिपरावा नामक स्थान से नौ मील उत्तर-पश्चिम तथा रुमिनीदेई या प्राचीन लुंबिनी से पन्द्रह मील पश्चिम की ओर मेमिराकोट के पास प्राचीन कपिलवस्तु की स्थिति बताई जाती है। इसी क्षेत्र में स्थित तिलौरा या तिरौराकोट को भी कुछ लोग कपिलवस्तु मानते हैं किंतु इन स्थानों पर अभी तक उत्खनन न होने के कारण इस विषय में निश्चित रूप से कुछ कहना कठिन है। किंतु *लुंबिनी का अभिज्ञान जिला बस्ती में नेपाल-*भारत सीमा पर स्थित बकराहा ग्राम से 13 मील उत्तर में वर्तमान रुमिनीदेई के साथ निश्चित होने के कारण कपिलवस्तु की स्थिति भी इसी के आसपास कुछ मील के भीतर रही होगी यह भी निश्चित समझना चाहिए।

गौतमबुद्ध के पिता शाक्यवंशी शुद्धोदन की राजधानी कपिलवस्तु में थी। सौंदरानंद-काव्य में महाकवि अश्वघोष ने कपिलवस्तु के बसाए जाने का विस्तृत वर्णन किया है जिसके अनुसार यह नगर कपिल मुनि के आश्रम के स्थान पर बसाया गया था। यह आश्रम हिमाचल के अंचल में स्थित था—*'तस्य विस्तीर्णतपसः पार्श्वे हिमवतः शुभे, क्षेत्रं चायतनं चैव तपसामाश्रमोऽभवत'* सौन्दरानंद 1,5। तपस्वियों के निवासस्थान और तपस्या के क्षेत्र उस आश्रम में कुछ इक्ष्वाकु राजकुमार बसने की इच्छा से गए। 'तेजस्विसदनं तपः क्षेत्रं तमाश्रमम्, केचिदिक्ष्वाकवो जग्मु राजपुत्रा विवत्सवः' सौंदरानंद 1,18। उन्होंने जिस स्थान पर निवास किया वह शाक या सागौन वृक्षों से ढका था इसलिए वे इक्ष्वाकु राजकुमार शाक्य कहलाए। *एक दिन उनकी समृद्धि करने की इच्छा* से जल का घड़ा लेकर मुनि आकाश में उड गए और राजपुत्रों से कहा—अक्षय जल के इस कलश से जो जलधारा पृथ्वी पर गिरे उसका अतिक्रमण न करके क्रम से मेरा अनुसरण करो। मुनि कपिल ने उस आश्रम की भूमि के चारों ओर जल की धारा गिराई और चौपड़ की तख्ती की तरह नक्शा बनाया और

उसे सीमाचिह्नों से सुशोभित किया। तब वास्तु-विशारदों ने उस स्थान पर कपिल के आदेशानुसार एक नगर बनाया। उसकी परिखा नदी के समान चौड़ी थी और राजपथ भव्य और सीधा था। प्राचीर पहाड़ों की तरह विशाल थी—जैसे वह दूसरा गिरिव्रज ही हो। श्वेत अट्टालिकाओं से उसका मुख सुन्दर लगता था। उसके भीतर बाजार अच्छी तरह से विभाजित थे। वह नगर प्रसाद माला से घिरा हुआ ऐसा जान पड़ता था मानो हिमालय की कुक्षि हो। धनी, दांत, विद्वान् और अनुद्धत लोगों से भरा हुआ वह नगर किन्नरों से मंदराचल की भांति शोभायमान था। वहां पुरवासियों को प्रसन्न करने की इच्छा से राजकुमारों ने प्रसन्नचित्त होकर उद्यान नामक यश के सुन्दर स्थान बनवाए। सब दिशाओं में सुंदर झीलें निर्मित की जो स्वच्छ जल से पूर्ण थीं। मार्गों और उपवनों में चारों ओर मनोरम, सुंदर, ठहरने के स्थान बनवाए गए जिनके साथ कूप भी थे (दे० सौंदरानंद, 1,24–28–29–32–33–41–42–43–48–49 50–51)। क्योंकि कपिल मुनि के आश्रम के स्थान पर वह नगर बसाया गया था अत यह कपिलवस्तु कहलाया—'कपिलस्य च तस्यर्षेस्तस्मिन्नाश्रमवास्तुनि, यस्मात्तत्पुर चक्रुस्तस्मात् कपिलवास्तु तत्' सौदरानंद 1,57। सिद्धार्थ ने कपिलवस्तु मे ही अपना बचपन बिताया था और सच्चे ज्ञान और सुख की प्राप्ति की लालसा से वे अपने परिवार और राजधानी को छोड़ कर चले गये थे। बुद्धत्व को प्राप्त करने पर वे अंतिम बार कपिलवस्तु आए थे और तब उन्होंने अपने पिता शुद्धोदन और पत्नी यशोधरा को अपने धर्म मे दीक्षित किया था।

कपिलवस्तु अशोक (मृत्यु 232 ई० पू०) के समय मे तीर्थ के समान समझा जाता था। अपने गुरु उपगुप्त के साथ सम्राट् ने कपिलवस्तु की यात्रा की और यहां स्तूप आदि स्मारक बनवाए। किंतु शीघ्र ही इस नगर की अवनति का युग प्रारंभ हो गया और इसका प्राचीन गौरव घटता चला गया। इस अवनति का कारण अनिश्चित है। संभवत कालप्रवाह मे नेपाल की तराई के क्षेत्र मे होने के कारण कपिलवस्तु के स्थान को घने वनों ने आच्छादित कर लिया था और इसी कारण यहां पहुचना दुष्कर हो गया होगा। चीनी यात्री फाह्यान (405–411 ई०) के समय तक कपिलवस्तु नगरी उजाड़ हो चुकी थी। केवल थोड़े-से बौद्ध भिक्षु यहां निवास करते थे जो अपनी जीविका कभी-कभी आ जाने वाले यात्रियों के दान मे दिए गए धन से चलाते थे। यह भी उल्लेखनीय है कि फाह्यान के समय तक बौद्ध धर्म से घनिष्ठ रूप से संबंधित अन्य प्रमुख स्थान जैसे बोधिगया और कुशीनगर भी उजाड़ हो चले थे। वास्तव मे बौद्धधर्म का अवनतिकाल इस समय प्रारंभ हो गया था। हर्ष के शासनकाल मे प्रसिद्ध चीनी

पर्यटक युवानच्वांग ने कपिलवस्तु की यात्रा की थी (630 ई० के लगभग)। उसके वर्णन के अनुसार कपिलवस्तु में पहले एक सहस्र संघाराम थे किंतु अब केवल एक ही बचा था जिसमें तीस भिक्षु रह रहे थे। स्मिथ के अनुसार युवानच्वांग द्वारा उल्लिखित कपिलवस्तु पिपरावा से दस मील उत्तर-पश्चिम की ओर नेपाल की तराई में स्थित तिलौराकोट नामक स्थान रहा होगा (दे० अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया, चतुर्थ संस्करण, पृ० 167)।

कपिला

(1) (काठियावाड़, गुजरात) सौराष्ट्र के पश्चिमी भाग सोरठ की एक नदी जो गिरनार पर्वत श्रेणी से निकल कर, हिरण्या के साथ प्राची-सरस्वती से मिल कर पश्चिम समुद्र में गिरती है। यह प्रभासपाटन के पूर्व की ओर बहती है।

(2) नर्मदा की प्रारंभिक धारा। यह अमरकंटक से निसृत होती है।

(3) गोदावरी की सहायक नदी जो पंचवटी (नासिक के निकट) से डेढ़ मील दूर गोदावरी में मिल जाती है। संगम पर महर्षि गौतम की तपस्थली बताई जाती है। यहीं महर्षि कपिल का आश्रम भी था। किंवदंती है कि शूर्पणखा से राम-लक्ष्मण और सीता की भेंट इसी स्थान पर हुई थी।

(4) (मैसूर) कावेरी की सहायक नदी। कपिला-कावेरी संगम पर तिरुमकुल नरसीपुर नामक तीर्थ है। यहां गुंजानृसिंह का मंदिर है।

कपिलायतन=कौलायत (जिला बीकानेर, राजस्थान)

रेलस्टेशन कौलायत के निकट कपिल मुनि का मंदिर है। कहा जाता है कि यहां प्राचीनकाल में कपिल का आश्रम था। कपिलायतन का उल्लेख तीर्थ के रूप में पुराणों में भी है। इस स्थान पर महाराष्ट्र के संत ज्ञानेश्वर और नामदेव भी आए थे।

कपिली (असम)

खसिया पहाड़ियों पर बहने वाली नदी। ए० विल्सन के अनुसार इस नदी के पश्चिम में स्थित देश को कपिली देश कहते थे जिसका उल्लेख एक चीनी लेखक ने इस देश के राजा द्वारा चीन को भेजे गए दूत के संबंध में किया है (दे० जर्नल ऑव रॉयल एसियाटिक सोसाइटी, पृ० 540)।

कपिलेश्वर

मधुबनी (बिहार) से पांच मील उत्तर-पश्चिम हुसैनपुर ग्राम में यह स्थान है जिसे कपिल का आश्रम कहा जाता है। यहां एक प्राचीन शिवमंदिर है जिसे कपिल जी का स्थापित किया हुआ बताया जाता है।

कपिश=कपिशा

काफिरस्तान। यह हिंदूकुश पर्वत से काबुल नदी (अफगानिस्तान) तक के प्रदेश का प्राचीन नाम है। युवानच्वांग के समय मे (630–645 ई०) कपिश का विस्तृत राज्य था और इसके अधीन दस से अधिक रियासतें थी जिनमे गंधार भी सम्मिलित था। कपिशा इस प्रदेश की राजधानी थी जहा कनिष्क ग्रीष्मकाल मे रहा करता था। कपिशा का अभिज्ञान बेग्राम (अफगानिस्तान) नामक नगर से किया गया है।

कपिशा

(1) कालिदास ने रघुवंश 4,38 में इस नदी का उल्लेख किया है—'स तीर्त्वा कपिशां सैन्यैर्बद्धद्विरदसेतुभि, उत्कलादर्शितपथः कलिंगाभिमुखोययौ'। यह वर्णन रघु की दिग्विजय यात्रा के प्रसंग मे वंगविजय के ठीक पश्चात् और और कलिंग विजय के पूर्व है जिससे जान पडता है कि यह नदी वर्तमान कोस्या है जिसके दक्षिण तट पर ताम्रलिप्ति (=तामलुक, जिला मिदनापुर, प० बंगाल) बसा हुआ था। यह भी प्राय निश्चित जान पडता है कि महाभारत विराट० 30,32 मे उल्लिखित कौशिकी कोस्या या कालिदास की कपिशा है—'तत पुंड्राधिपवीर वासुदेव महाबलम्। कौशिकीकच्छनिलय राजान च महौजसम्'।

(2) दे० कपिश

कपिष्ठस=कपिस्थल

वर्तमान कैथल (जिला करनाल, हरियाणा)। किंवदंती मे इस स्थान का संबंध महावीर हनुमान् से जोडा गया है। पाणिनि 8,2,91 में इसका उल्लेख है। महाभारत मे वनपर्व के अंतर्गत उल्लिखित तीर्थों मे इसकी गणना की गई है। महाभारत उद्योग० 31,19 के एक पाठ के अनुसार कपिस्थल उन पाचो ग्रामो मे था जिन्हे पाडवो ने कौरवों से युद्ध रोकने का प्रस्ताव करते हुए मागा था—'कपिस्थल वृकस्थल माकन्दी वारणावतम्, अवसान भवत्वत्र किंचिदेक च पंचमम्'। अन्य पाठ मे कपिस्थल के स्थान पर अविस्थल है जिसका अभिज्ञान अनिश्चित है। अलबेरूनी ने कपिस्थल को कवितल लिखा है (दे० अलबेरूनी 1,206)। एरियन ने इसे कबिस्थलोई कहा है।

कपीवती दे० सोहित्य

कबर (रुहेलखड, उ० प्र०)

एक ग्राम जो प्राचीन नगर शेरगढ का एक भाग है। यह देवरानियां स्टेशन (उत्तरपूर्व रेलवे) से सात मील है। यहां पहले हिंदुओं का राज्य था। जलालुद्दीन खिलजी ने 1290 ई० मे इसे पहली बार हिंदुओ से छीन लिया था। 1540 ई०

में शेरशाह सूरी ने यहा शेरगढ का किला बनवाया। नगर के दक्षिण मे एक सुंदर ताल है जिसे ख्वास ताल कहते हैं। इसे शेरशाह के सेनापति ख्वास खा मसनद अली ने बनवाया था। यहा से उत्तर-पश्चिम की ओर रानीताल है जिसे किंवदंती के अनुसार राजा बेन की रानी केतकी ने बनवाया था। राजा बेन या वेणु के विषय में रुहेलखंड मे अनेक लोककथाए प्रचलित हैं। दे० शेरगढ़ (2)।

कबरइया (जिला हमीरपुर, उ० प्र०)

चंदेलकालीन अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

कबेरिस दे० कावेरी।

कपिवनी=कपिनी नदी।

कमता (पूर्वबंगाल, पाकि०)

वर्तमान कमता कोमिल्ला से बारह मील पर स्थित है। यहा पालवंशीय नरेशों के शासन काल (10वीं-11वीं शती) के अनेक बौद्ध अवशेष—मूर्तियां आदि प्राप्त हुए हैं। उस समय कमता या कर्मान्त में समतट प्रदेश की राजधानी थी।

कमतोल

बीदर (मैसूर) से छः मील दक्षिण पश्चिम मे स्थित है। यहां 1 मील लंबा मिट्टी का बांध है जिससे बनी झील से वारंगल के काकतीय राजाओं के समय में सिंचाई होती थी। बांध पर एक मराठी लेख खुदा है जिसमे इब्राहीम बरीदशाही द्वारा 1579 ई० मे इस बांध की मरम्मत किए जाने का उल्लेख है। इस लेख में जनसाधारण को सावधान किया गया है कि वे पानी को बांध के ऊपर न चढ़ने दें।

कमर

लेटिन भाषा के भूगोल ग्रंथ पेरिप्लस मे दक्षिण भारत के काकंदी नगर को ही संभवतः कमर कहा गया है। यह ई० सन् की प्रारंभिक शतियों में प्रसिद्ध बंदरगाह था। (दे० काकंदी।)

कमलनाथ (जिला झालावाड, राजस्थान)

कहा जाता है कि मेवाडपति महाराणा प्रताप ने हल्दीघाटी की लड़ाई के पश्चात् अपने अरण्यवास का कुछ समय इस स्थान पर व्यतीत किया था। पर्वत पर कमलनाथ महादेव का मंदिर है।

कमलमीर=कमलमेर (जिला उदयपुर, राजस्थान)

उदयपुर के निकट 3568 फुट ऊंची पहाड़ी पर बसा हुआ है। यहा मेवाडपति महाराणा प्रताप ने हल्दीघाटी के युद्ध के पश्चात् अपनी राजधानी बनाई थी। चित्तौड के विध्वंस (1567 ई०) के पश्चात् इनके पिता उदयसिंह ने

उदयपुर को अपनी राजधानी बनाना था किंतु प्रताप ने कुंभलमेर में रहना ही ठीक समझा क्योंकि यह स्थान पहाड़ों से घिरा होने के कारण अधिक सुरक्षित था। कुंभलमेर की स्थिति को उन्होंने और भी अधिक सुरक्षित करने के लिए पहाड़ी पर कई दुर्ग बनवाए। अकबर के प्रधान सेनापति आमेर-नरेश मानसिंह और प्रताप की प्रसिद्ध भेंट यहीं हुई थी जिसके बाद मानसिंह रुष्ट होकर चला गया था और मुगल सेना ने मेवाड़ पर चढ़ाई की थी। कुंभलमेर का प्राचीन नाम कुंभलगढ़ था।

कमलालय (मद्रास)

तिरुवारूर का प्राचीन पौराणिक नाम। यहां दक्षिण भारत के प्रसिद्ध संत एवं संगीताचार्य त्यागराज का मंदिर है जिसका गोपुर दक्षिण भारत में सबसे अधिक चौड़ा माना जाता है। यहीं त्यागराज का जन्म हुआ था। निम्न पौराणिक श्लोक में कमलालय के महत्त्व का वर्णन है—'दर्शनादभ्रसदसि जननात् कमलालये, काश्यांहि मरणान्मुक्तिः स्मरणादरुणाचले'।

कमलाक=कोमला।

कमला

गंगा की सहायक नदी। इसे घुगरी भी कहते हैं। यह नेपाल के महाभारत पहाड़ से निकलकर करगोला (जिला पूर्णिया, बिहार) के पास गंगा में मिलती है।

कमीनछपरा (जिला मुजफ्फरपुर, बिहार)

बसाढ़ या प्राचीन वैशाली के निकट एक ग्राम है जहां से शिव की बहुत प्राचीन, संभवतः गुप्तकालीन, चतुर्मुखी मूर्ति प्राप्त हुई है।

कमोधा (हरियाणा)

महाभारत, वनपर्व में वर्णित काम्यकवन की स्थिति इस ग्राम के निकट बताई जाती है। कमोधा, कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर से तीन मील दूर पहेवा (=पृथूदक) जाने वाले मार्ग पर स्थित है। वामन पुराण में काम्यक वन को कुरुक्षेत्र के सप्त-वनों में माना गया है—'काम्यक च वन पुण्यं तथा दितिवनं महत्, व्यासस्य च वन पुण्यं फलकीवनमेव च' (अध्याय 39)। कमोधा शब्द को काम्यक का ही अपभ्रंश कहा जाता है (दे॰ काम्यकवन)।

कमोली (जिला वाराणसी, उ॰ प्र॰)

इस स्थान से मध्यकालीन गहरवार शासकों के अनेक ताम्रपट प्राप्त हुए हैं जिससे काशी पर उनका उस काल में आधिपत्य सिद्ध होता है।

करंज (जिला अमरावती, महाराष्ट्र)

विदर्भ क्षेत्र का प्राचीन ग्राम। विदर्भ की किंवदंती में करंज ऋषि का तपः

क्षेत्र माना जाता है।

करंबनूर=कंबपुर (मद्रास)

त्रिचिनापल्ली से प्राय छ मील और श्रीरंगम् से तीन मील दूर प्राचीन विष्णु तीर्थ है।

करक्ल=कर्करपुर (दक्षिण कर्नाटक, मैसूर)

गोमतेश्वर तथा अनंत पद्मनाभ स्वामी के प्राचीन मंदिर यहां के प्राचीन स्मारक हैं। चतुर्मुख विष्णु का मंदिर भी कला की दृष्टि से सुंदर है।

करकोंडा (ज़िला वारंगल, आ० प्र०)

प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय शती के बौद्ध तथा आंध्रकालीन अवशेष यहां से प्राप्त हुए हैं। करकोंडा की पहाड़ी में दो धातुगर्भों तथा दो शिलावेश्मों (गुफा मंदिरों) के अवशेष हैं। चट्टानें बलुआ पत्थर की हैं। ये अवशेष महायान बौद्ध-धर्म से संबंधित हैं। भित्तियों पर भी मूर्तियां उत्कीर्ण हैं।

करणावती

संभवत वर्तमान अहमदाबाद (दे० एशेंट जैन हिम्स, पृ० 56)। प्राचीन जैन तीर्थ के रूप में इसका नामोल्लेख तीर्थमाला चैत्यवंदन में इस प्रकार है—'वंदे श्री करणावती शिवपुरे नागद्रहे नाणके'।

करतारपुर (ज़िला जालंधर, पंजाब)

इस कसबे का नाम प्राचीन कर्तृपुर का अपभ्रंश जान पड़ता है।

करतोया

ज़िला बोगरा, बंगाल की एक नदी—वर्तमान करत्वा जो गंगा और ब्रह्मपुत्र की मिली-जुली धारा पद्मा में मिलती है। इसका उल्लेख महाभारत में है—'*करतोयां समासाद्य त्रिरात्रोपोषितो नर, अश्वमेधमवाप्नोति प्रजापतिकृतोविधि*' वन० 85,3। करतोया का नाम अमरकोश 1,10,33 में भी है—'*करतोया सदानीरा बाहुदा सैतवाहिनी*' जिससे संभवत सदानीरा एवं करतोया एक ही प्रतीत होती हैं। कालांतर में करतोया को अपवित्र माना जाने लगा था और इसे कर्मनाशा के समान ही दूषित समझा जाता था यथा, 'कर्मनाशा नदी स्पर्शात् करतोया विलंघनात्, गंडकी बाहुतरणाद्धर्म स्खलति कीर्तनात्' आनंद-रामायण यात्राकांड 9,3-1 जान पड़ता है कि बिहार और बंगाल में बौद्धमतावलंबियों का आधिक्य होने के कारण इन प्रदेशों तथा इनकी नदियों को, पौराणिक काल में अपवित्र माना जाने लगा था (दे० कुरंग)।

करत्वा=करतोया।

करनपुर (जिला देहरादून, उ० प्र०)

कत्यूरी शासकों के स्मारकों के अवशेषों के लिए उल्लेखनीय है।

करनाल (हरियाणा)

किंवदंती के अनुसार नगर का नाम महाभारत के प्रसिद्ध योद्धा कर्ण के नाम पर पड़ा है। कहते हैं कि इस स्थान पर कर्ण का शिविर था इसलिए इसे कर्णालय का नाम दिया गया था। इस स्थान पर 1739 ई० में नादिरशाह ने दिल्ली के मुगल बादशाह मुहम्मदशाह रंगीले की सेनाओं को हरा कर दिल्ली पर अधिकार कर लिया था। कुरुक्षेत्र तथा पानीपत की इतिहास प्रसिद्ध रण-स्थली करनाल के निकट ही स्थित है।

करमदंड (जिला गोंडा, उ० प्र०)

इस स्थान से गुप्तसंवत् 117=437 ई० अर्थात् कुमारगुप्त के शासन-काल का एक अभिलेख प्राप्त हुआ था जो एक सुडौल ठोस पाषाण लिंग-प्रतिमा पर उत्कीर्ण है।

करवान (जिला बड़ौदा, गुजरात)

हाल ही में इस स्थान से उत्खनन द्वारा पूर्वसोलंकीकालीन (10वीं शती ई०) मंदिर के अवशेष प्रकाश में लाए गए हैं। इसका श्रेय श्री निर्मलकुमार बोस तथा श्री अमृत पांड्या को है।

करवीर

(1) एक वन जो द्वारका के निकट सुकक्ष नामक पर्वत के एक ओर स्थित था 'सुकक्ष परिवार्यैन चित्रपुष्प महावनम्, शतपत्रवनं चैव करवीर कुसुम्भि च' महा० सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ।

(2) कोल्हापुर (महाराष्ट्र) का प्राचीन पौराणिक नाम। इसे काराष्ट्र के अंतर्गत माना गया है। करवीर क्षेत्र को पुराणों तथा महाभारत में पुण्यस्थली कहा है—'क्षेत्रं वै करवीराख्यं क्षेत्रं लक्ष्मीविनिर्मितम्' स्कंदपुराण, सह्याद्रि० उत्तरार्ध 2,25। 'करवीरपुरे स्नात्वा विशालायां कृतोदकः देवह्रदमुपस्पृश्य ब्रह्मभूतो विराजते' महा० अनुशासन० 25,44।

करहाटक

बंगलौर-पूना रेल मार्ग पर पूना से 124 मील दूर करहाड ही प्राचीन करहाटक है। यहां कृष्णा और ककुद्मती नदियों का संगम होता है। करहाड से 10 मील पर कोल नृसिंह ग्राम में महर्षि पराशर द्वारा स्थापित नृसिंह-मूर्ति है। महाभारत सभा० 31,70 में करहाटक पर सहदेव की विजय का उल्लेख है —'नगरीं संजयन्तीं च पाखंडं करहाटकं दूतैरेवशे चक्रे कर चैनानदापयत्'।

करहाट=करहाटक ।

कराचल, कराजल

संभवत: कूर्माचल जिस पर मुहम्मद तुगलक ने 1335 ई० के लगभग आक्रमण किया था । यह नाम तत्कालीन मुसलमान इतिहासकारों ने लिखा है ।

कराची (पाकि०)

संभवत: प्राचीन क्रोकल जिसका मेगस्थनीज ने सिंध प्रदेश में उल्लेख किया है।

करिंद (लंका)

महावंश 32,15 में उल्लिखित नदी जो वर्तमान किरिंदुआय है ।

करीषिणी

महाभारत भीष्म० 9,17 में उल्लिखित एक नदी जिसका अभिज्ञान अनिश्चित है—'करीषिणीं चित्रवाहां च चित्रसेनां च निम्नगाम्' ।

करमंत (पूर्व बंगाल, पाकि०)

करमंत प्राचीन समतट की राजधानी था । समतट में पूर्वी बंगाल अर्थात् तिपरा, नोआखली, बारिसाल, फरीदपुर और ढाका जिले सम्मिलित थे—दे० भट्टसाली—ए फारगाटन किंगडम आव ईस्टर्न बंगाल, पृ० 85-91 । 10वीं शती में इस प्रदेश में अराकान के चंद्रवंशीय नरेशों का राज्य था ।

करूर

(1)=वंजि । केरल की प्राचीनतम राजधानी जो परियार नदी पर स्थित थी । इसका अभिज्ञान वर्तमान तिरुक्करूर ग्राम से किया गया है जो कोचीन से 28 मील पूर्वोत्तर में है । अमरावती-कावेरी संगम यहां से 6 मील है । केरल या चेरवंशीय नरेशों के पश्चात् चोलों ने भी यहां राज्य किया । ये अपने को सूर्यवंशीय मानते थे और इसी कारण करूर को भास्करपुरम् या भास्करक्षेत्र भी कहा जाता था । करूर में पशुपतीश्वर शिव का कलापूर्ण मंदिर है ।

(2) (जिला मुलतान, पाकि०) मुलतान और लोनी के बीच में स्थित है । इस स्थान पर भारतीय नरेश विक्रमादित्य ने शकों को हराया था । स्मिथ ने इस राजा को चंद्रगुप्त द्वितीय माना है । अन्य इतिहासज्ञों की राय में यह यशोवर्मन् था ।

करूष=कारूष

(1) महाभारत उद्योग० 22, 25 में करूष और चेदि देशों का एकत्र उल्लेख है जिससे इंगित होता है कि ये पार्श्ववर्ती देश रहे होंगे—'उपाश्रितश्चेदि करूषकाश्चे सर्वोद्योगैर्भूमिपालाः समेताः' । इसके आगे उद्योग० 22, 27 में भी चेदिनरेश शिशुपाल और करूषराज का एकसाथ ही नाम आया है—

'यशोमानो वर्धयन् पाडवानापुराभिनच्छिशुपाल समीक्ष्ययस्य सर्ववर्धयन्ति स्ममान करूषराज प्रमुखा नरेन्द्रा'। चेदि वर्तमान जबलपुर (म० प्र०) के परिवर्ती देश का नाम था। करूष इसके दक्षिण मे स्थित रहा होगा। बघेलखड का एक भाग करूष के अतर्गत था। यह तथ्य वायुपुराण के निम्न उद्धरण से भी पुष्ट होता है—कारूषाश्च सहैषीकाटव्या शबरास्तथा, पुलिंदाविंध्यपुषिका वैदर्भादडकै सह'—वायु० 45, 126। यहां करूषो का उल्लेख शबरो, पुलिंदो वैदर्भो, दडकवनवासियो, आटवियो और विध्यपुषिको के साथ मे किया गया है। ये सब जातियां विंध्याचल के अचल मे निवास करती थी। महाभारत, सभा० 52, 8 मे भी कारूषो का उल्लेख है। विष्णुपुराण मे कारूषो को मालवदेश के आसपास देश मे निवसित माना गया है—'कारूषा मालवाश्चैव पारियात्रनिवासिनः, सौवीरा सैंधवा हूणा, साल्वा कोसलवासिन' 2, 3, 17। पौराणिक उल्लेखो से ज्ञात होता है कि श्रीकृष्ण के समय कारूष का राजा दतवक्र था। इसने मगधराज्य जरासघ को मथुरानगरी पर चढाई करने मे सहायता दी थी।

(2) जिला शाहाबाद (बिहार) का एक भाग; वाल्मीकि-रामायण 1, 24, दे० कारूष।

कर्कखड

'अगान् वगान् कलिंगाश्च शुडिकान् मिथिलानथ, मागधान् कर्कखडाश्च निवेश्य विषयेऽऽत्मन.' महा० वन 254, 8। इस श्लोक मे कर्ण की दिग्विजय-यात्रा के प्रसग मे पूर्व भारत के उन प्रदेशो का वर्णन है जिन्हे कर्ण ने विजित किया था। कर्कखड, जैसा कि प्रसग से सूचित होता है, बिहार या बगाल के किसी प्रदेश का नाम होगा।

कर्करपुर=करकस

प्राचीन जैन तीर्थ। जैनस्तोत्र तीर्थमालाचैत्यवदन मे इसका उल्लेख इस प्रकार है—'मोढेरे दधिपद्रकर्करपुरे ग्रामादिचैत्यालये'।

कर्कोटक

'कारस्करान् माहिष्कान् कुरडान् केरलास्तथा कर्कोटकान् वीरकाश्च दुर्धर्माश्च विवर्जयेत्' महा० कर्ण 44, 43 अर्थात् कारस्कर, माहिषक, कुरड, केरल, कर्कोटक और वीरा दूषितधर्म वाले है, इसलिए इनसे दूर रहना चाहिए। कर्कोटक नामक नागजाति का उल्लेख महाभारत की नलदमयती की कथा मे है। यह जाति सभवत विंध्याचल के घने जगलो मे रहती थी। उन्ही के निवास स्थान के प्रदेश का नाम कर्कोटक माना जा सकता है।

कर्णगढ़ (जिला भागलपुर, बिहार)

भागलपुर (अंग देश की राजधानी, प्राचीन चंपा) के निकट एक पहाड़ी है। इसका नाम महाभारत के कर्ण से संबंधित है। कर्ण अंगदेश का राजा था। यह स्थान पूर्व-बौद्धकालीन है। महाभारत में भीम की पूर्वदिशा की दिग्विजय के प्रसंग में मगध के नगर गिरिव्रज के पश्चात् मोदागिरि या मुंगेर के पूर्व जिस स्थान पर भीम और कर्ण के युद्ध का वर्णन है वह निश्चयपूर्वक यही जान पड़ता है—'स कर्णं युधि निर्जित्य वशेकृत्वा च भारत, ततो विजिग्ये बलवान् राज्ञः पर्वतवासिन.' सभा० 31, 20।

कर्णकुब्ज

स्कंदपुराण प्रभासखंड में वर्णित तीर्थ जो वर्तमान जूनागढ़ है।

कर्णगोच्छ

सिंहल के प्राचीन इतिहास दीपवंश 3, 14 में दी गई वंशावली में यहां के अंतिम राजा नरदेव का उल्लेख है। इस स्थान का अभिज्ञान अनिश्चित है किंतु प्रसंग से सूचित होता है कि यह स्थान भारत में स्थित था न कि लंका में।

कर्णपूर

मुंगेर (बिहार) के निकट एक पहाड़ी जो महाभारत के कर्ण (जो अंग का राजा था) के नाम से विख्यात है।

कर्णदा

बृहद्धर्मपुराण में वर्णित कीकट देश (मगध) की एक नदी जिसे पवित्र माना गया है—'तत्र देशे गया नाम पुण्यदेशोऽस्ति विश्रुत, नदी च कर्णदा नाम पितृणा स्वर्ग-दायिनी'। जान पड़ता है यह गया के निकट बहने वाली फल्गु नदी है जहां पितरों का श्राद्ध किया जाता है। नदी का नाम महाभारत के कर्ण से संबंधित जान पड़ता है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि कीकट देश को प्राचीन पुराणों की परंपरा में अपवित्र देश बताया गया है जिसका कारण इस देश में बौद्ध मत का आधिपत्य रहा होगा, किंतु कालांतर में गया में पुनः हिंदूधर्म की सत्ता स्थापित होने पर इसे तथा यहां बहने वाली नदी को पवित्र समझा जाने लगा। दे० कीकट।

कर्णपुर=कर्णगढ़।

कर्णप्रयाग (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

महाभारत में वर्णित भद्रकर्णेश्वर तीर्थ (वन 84, 39) शायद यही है।

कर्णवास (जिला बुलंदशहर, उ० प्र०)

गंगा तट पर स्थित इस तीर्थ का प्राचीन नाम भृगुक्षेत्र भी है। महाभारत के प्रसिद्ध कर्ण का इस स्थान से संबंध बताया जाता है। कहा जाता है कि कर्णवास के निकट बुधोही नामक स्थान पर बुद्ध ने कुछ दिन तपस्या की थी। एक अन्य किंवदंती के अनुसार कर्णवास को उज्जयिनी के विक्रमादित्य के समकालीन किसी राजा कर्ण ने बसाया था।

कर्णवेध दे० **प्रमीन**

कर्णवेल=कर्णावती (जिला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर के निकट स्थित है। 11वीं शती में कलचुरिवंश के शासकों की यहां राजधानी थी। कर्णावती को मूलतः कलचुरिनरेश कर्णदेव (1041–1073 ई०) ने अपने पुत्र का राज्याभिषेक करने के पश्चात् स्वयं अपने निवास के लिए बसाया था, बाद में कलचुरियों ने कर्णवेल में अपनी राजधानी ही बना ली। कलचुरिनरेशों के आराध्य देव शिव थे, और इसी कारण इस नगर में उन्होंने शिव के विशाल मंदिर बनवाए थे। आज भी कर्णवेल के प्राचीन ध्वस्त किले के चिह्न दो वर्गमील के क्षेत्र में दिखाई देते हैं।

कर्णसुवर्ण (बंगाल)

प्राचीन काल में बंगाल का यह भाग वंग (गंगा की मुख्य धारा पद्मा के दक्षिण का भाग) के पश्चिम में माना जाता था। इसमें वर्तमान बर्दवान, मुर्शिदाबाद और बीरभूम के जिले सम्मिलित थे। चीनी यात्री युवानच्वांग के वर्णन से ज्ञात होता है कि हर्ष के राजत्वकाल में यह प्रदेश पर्याप्त धनी एवं उन्नतिशील था। यहां की तत्कालीन राजधानी का अभिधान ठीक-ठीक निश्चित नहीं है। यह लगभग चार मील के घेरे में बसी हुई थी। महाराज हर्षवर्धन के ज्येष्ठभ्राता राज्यवर्धन की हत्या करने वाला नरेश शशांक इसी प्रदेश का राजा था (619–637 ई०)। तत्पश्चात् कामरूपनरेश भास्करवर्मन् का आधिपत्य यहां स्थापित हो गया जैसा कि निधानपुर ताम्रपट्ट लेखों से सूचित होता है। मध्यकाल में सेनवंशीय नरेशों ने कर्णसुवर्ण नगर में ही बंगाल की राजधानी बनाई थी। नगर का तद्भव नाम कानसोना था। आधुनिक मुर्शिदाबाद प्राचीन कर्णसुवर्ण के स्थान पर ही बसा है।

कर्णाट

प्राचीन बुंदेलखंड का एक भाग जहां हैहयवंशीय क्षत्रियों का राज्य था।

कर्णालय दे० **करनाल**

कर्णावती

(1)=कर्णदेव कलचुरिनरेश राजकर्ण देव (1041–1073) ने इस नगरी की नींव डाली थी—प्रहास्तमोयेन कर्णावतीति प्रत्यष्ठापिश्मानल्प्रह्मलोक, (एपिग्राफिका इंडिका, जिल्द 2, पृ० 4, श्लोकांक 14) यह स्थान अब पूर्णत खंडहर हो गया है और घने कटीले जगलो से ढका है। केवल दो-एक खभे प्राचीन मंदिरों की कारीगरी के प्रतीक रूप मे वर्तमान हैं। वैसे यहां के प्राचीन दुर्ग के खडहर दो मील तक फैले हुए हैं।

(2)=कनार दे० जगमनपुर

(3)=केन नदी।

कर्णिका

बृहत् शिवपुराण मे (1, 75) मे उल्लिखित है। सभवत यह उरी और नर्मदा के सगम पर स्थित कर्नाली है (न० ला० डे)।

कर्तृपुर

गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति मे इस स्थान का गुप्त साम्राज्य के (उत्तरपश्चिमी) प्रत्यत या सीमा प्रदेश के रूप मे उल्लेख है—'समतटडावक-कामरूपनेपाल—कर्तृपुरादि प्रत्यतनृपतिभि मालवार्जुननायन यौधेयमद्रक आभीरप्रार्जुनसनकानिककाकखरपरिक···।' कर्तृपुर का अभिज्ञान हिमाचल प्रदेश की कागडा घाटी से किया गया है। कुछ विद्वानो का मत है कि कर्तृपुर में करतारपुर (जिला जालधर, पजाब) तथा उत्तर प्रदेश का गढवाल और कुमायू का इलाका—कत्यूर—भी सम्मिलित रहा होगा। यदि यह अभिज्ञान ठीक है तो करतारपुर और कत्यूर को कर्तृपुर का ही बिगडा हुआ रूप समझना चाहिए।

कर्दमिल-क्षेत्र

महाभारत, वनपर्व के अतर्गत पाडवो की तीर्थ यात्रा के प्रसग मे मधुविला या समगा नदी के तटवर्ती क्षेत्र का नाम 'एषा मधुविला राजन् समगा सप्रकाशते, एतत् कर्दमिल नाम भरतस्याभिषेचनम्' वन० 135। इसकी स्थिति हरद्वार से उत्तर मे रही होगी। इसके नामकरण का कारण मूलत इस पर्वतीय प्रदेश में जल और वनस्पति की विपुलता हो सकती है (कर्दम=कीचड़)। कर्दमिल कर्दम-ऋषि के नाम पर भी हो सकता है। उपयुक्त उद्धरण से सूचित होता है कि इस स्थान पर राजा भरत का अभिषेक हुआ था।

कर्दमेश्वर दे० कदवा

कर्णाटक, कर्नाटक (मैसूर)

कर्णाटक मैसूर का कन्नड-भाषा भाषी प्रदेश है। इसका प्राचीन नाम कुतल भी था।

कर्मनाशा

वाराणसी (उ० प्र०) और आरा (बिहार) जिलों की सीमा पर बहने वाली नदी जिसे अपवित्र माना जाता था—'कर्मनाशा नदी स्पर्शात् करतोया विलंघनात्, गंडकी बाहुतरणाद् धर्मस्खलति कीर्तनात्' आनंदरामायण- यात्राकांड 9,3। इसका कारण यह जान पड़ता है कि बौद्धधर्म के उत्कर्षकाल में बिहार-बंगाल में विशेष रूप से बौद्धों की संख्या का आधिक्य हो गया था और प्राचीन धर्मावलंबियों के लिए ये प्रदेश अपूजित माने जाने लगे थे। कर्मनाशा को पार करने के पश्चात् बौद्धों का प्रदेश प्रारंभ हो जाता था इसलिए कर्मनाशा को पार करना या स्पर्श भी करना अपवित्र माना जाने लगा। इसी प्रकार अंग, वंग, कलिंग और मगध बौद्धों के तथा सौराष्ट्र जैनों के कारण अगम्य समझे जाते थे—'अंगवंगकलिंगेषु सौराष्ट्रमागधेषु च, तीर्थयात्रां विना गच्छन् पुनः संस्कारमर्हति'—तीर्थप्रकाश।

कर्मरंग

मलयप्रायद्वीप या मलाया का एक प्राचीन हिंदू औपनिवेशिक राज्य। ई० सन् से बहुत पहले ही मलय तथा भारत में व्यापारिक संबंध स्थापित हो चुके थे। कर्मरंग से प्रथम बार भारत में आने के कारण फलविशेष—कमरख—को कर्मरंग कहा जाता है। कर्मरंग राज्य का दूसरा नाम कामलंका भी था।

कर्मांत=बडकंत (जिला कोमिल्ला, पूर्व बंगाल, पाकि०)

गुप्तकाल में संभवतः समतट प्रदेश की राजधानी कर्मांत (वर्तमान बडकंत) नामक नगर में थी। समतट का उल्लेख समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में है।

करीं (जिला झेलम, पंजाब, पाकि०)

झेलम से प्रायः दस मील उत्तरपूर्व। यह वही रणस्थल है जहां अलक्षेंद्र (सिकंदर) और पुरु या पोरस की सेनाओं के बीच 326 ई० पू० में इतिहास-प्रसिद्ध युद्ध हुआ था। ग्रीक लेखकों ने युद्ध को झेलम का युद्ध कहा है और घटना-स्थली का नाम निकाइया लिखा है। यह मैदान लगभग पांच मील चौड़ा था। पुरु के पास तीस सहस्र पैदल सेना के अतिरिक्त दो सौ हाथी भी थे जिनको उसने हरावल में खड़ा किया था। सेना के पार्श्वों की रक्षा के लिए तीन सौ रथ थे। प्रत्येक रथ में चार घोड़े और छः रथारोही थे। इनके पीछे चार सहस्र अश्वारोही सैनिक थे। पैदल सेना चौड़ी तलवारों, ढालों, भालों और धनुषबाणों से सुसज्जित थी। अलक्षेंद्र ने पुरु की सेना के सम्मुखीन भाग को अजेय समझ कर उसके वामपार्श्व पर आक्रमण किया। इसमें उसने अपनी अश्वारोही सेना का प्रयोग किया था। सायंकाल तक युद्ध समाप्त हो गया।

अपनी सेना के पैर उखड़ जाने पर भी पुरु अंत तक अविजित तथा अडिग बना रहा और उसके वीरता और दर्पपूर्ण व्यवहार ने कुटिल अलक्षेंद्र को भी मोह लिया और उसने भारतीय वीर को उसका देश लौटा कर अपना मित्र बना लिया।

कर्वट

'समुद्रसेन निर्जित्य चंद्रसेन च पार्थिवम् ताम्रलिप्ति च राजान कर्वटाधिपतिं तथा' महा० सभा० 30,24। भीम ने कर्वटनरेश को अपनी दिग्विजय-यात्रा में पराजित किया था। प्रसंगानुसार कर्वट की स्थिति दक्षिण बंगाल या ताम्रलिप्ति के निकट जान पड़ती है।

कलगा (जिला देहरादून, उ० प्र०)

प्राचीनकाल मे इस स्थान पर एक सुदृढ़ दुर्ग स्थित था। 1814 ई० में जब देहरादून पर गोरखों का राज था उन्होंने अंग्रेजों से युद्ध छिड़ने पर उनका डट कर सामना किया था। अंग्रेजी सेना का नायक जनरल मार्टिन डेल था जिसने जनरल जिलेस्पी के मारे जाने पर फौज की कमान सम्हाली थी। उसने कलगा के किले को तोपों की मार से भूमिसात् कर दिया था। अब इस स्थान पर दुर्ग के खंडहरों के सिवा कुछ नहीं बचा है।

कलकत्ता (प० बंगाल)

अंग्रेजों की हुगली की व्यापारिक कोठी के अध्यक्ष जॉब चारनाक ने अगस्त 1690 ई० मे कलकत्ते की नींव एक व्यापारिक स्थान के रूप में डाली थी। इससे पहले इसके स्थान पर कालीघाट नामक एक ग्राम स्थित था जो काली के मंदिर के कारण ही कालीघाट कहलाता था। यह प्राचीन मंदिर आज भी वर्तमान है। कलकत्ता, कालीघाट का ही रूपांतर कहा जाता है। दे० कालीघाट।

कलबप्पू (मैसूर)

चंद्रगिरि पहाड़ी का वर्तमान नाम है। यहां 900 ई० के दो जैन अभिलेख पाए गए हैं (दे० चंद्रगिरि)।

कलबुर्गी

गुलबर्गा (आ० प्र०) का प्राचीन नाम, दे० गुलबर्गा।

कलशपुर=कलसपुर

कथासरित्सागर में कलशपुर नामक एक राज्य का उल्लेख है जो श्री मजुमदार के अनुसार उत्तर मलय प्रायद्वीप या दक्षिण ब्रह्मदेश मे सित्तग नदी के मुहाने पर तथा प्रोम के दक्षिण पूर्व में स्थित था (दे० हिंदू कालोनीज इन दि फार ईस्ट—पृ० 197)। प्राचीन काल मे कलसपुर या कलशपुर भारतीय उपनिवेश था। इसके बसाए जाने का काल अनिश्चित है किंतु मलयप्रायद्वीप

तथा भारत के परस्पर व्यापारिक सबध ई० सन् से कई सौ वर्ष पूर्व ही स्थापित हो गए थे। मलाया भारतीय उपनिवेशों के बसाए जाने का क्रम चौथी, पाचवी शती ई० तक चलता रहा।

कलसीग्राम

मिलिंदपन्हो के अनुसार ग्रीक राजा मिनेंडर (पाली मे 'मिलिंद' जो दूसरी शती ई० पू० मे भारत मे आकर बौद्ध हो गया था) का जन्मस्थान (दे० मिलिंदपन्हो, ट्रेंकनर द्वारा सपादित, पृ० 83)। यह मिस्र के प्रसिद्ध नगर (द्वीप) अलेग्जेंड्रिया (पाली—'अलसद') मे स्थित बताया गया है, दे० अलसदा।

कलहनगर (लंका)

महावश 10,41–43। मिन्नेरी झील (=मणिहीर) के दक्षिण अबन-गगा के वामतट पर स्थित वर्तमान कलहगल से इस नगर का अभिज्ञान किया गया है। कलहनगर, सिंहल राजकुमार पाडुकामय के द्वारा सुवर्णपाली नामक कन्या के हरण करने पर उसके पिता और कुमार की सेनाओ मे जिस स्थान पर कलह या युद्ध हुआ था, वही बसा था।

कलिंग

(1) स्थूल रूप से दक्षिण उडीसा का नाम था। उत्तरी उडीसा को प्राचीन समय मे उत्कल या उत्कलिंग (उत्तर कलिंग) कहते थे। कुछ विद्वान—सिलवन लेवी, जीन प्रेजीलुस्की आदि के मत मे कलिंग, तोसल, कोसल आदि नाम आस्ट्रिक भाषा के है। आस्ट्रिक लोग भारत मे द्रविडो से भी पूर्व बसे हुए थे। महाभारत, वन० 114,4 ('एते कलिंगा कौन्तेय यत्र वैतरणी नदी') से सूचित होता है कि उडीसा की वैतरणी नदी से कलिंग प्रारभ होता था। इसकी दक्षिणी सीमा पर गोदावरी बहती थी जो इसे आध्र-देश से अलग करती थी। कलिंग का उल्लेख उत्तराध्ययन सूत्र, महागोविंद सूत्र, पाणिनि 4,1,170 तथा बौधायन 1,1,30–31 मे है। महाभारत शाति० 4,2 से सूचित होता है कि महाभारत के समय वहा का राजा चित्रागद था—'कलिंग विषये राजन् राज्ञश्चित्रांगदस्य च'। जातको मे कलिंग की राजधानी दतपुर नामक नगर मे बताई गई है किंतु महाभारत मे यह पद राजपुर को प्राप्त है—'श्रीमद्राजपुर नाम नगर तत्र भारत'—शाति० 4,3। महावस्तु (सेनार्ट—पृ० 432) म कलिंग के एक अन्य नगर सिंहल का उल्लेख है। रोम के प्राचीन इतिहास लेखक प्लिनी (प्रथम शती ई०) ने कलिंग की राजधानी परथालिस नामक स्थान को बताया है। जैन लेखकों ने कलिंग के कचनपुर नामक एक नगर का उल्लेख किया है (इडियन एटिक्वेरी, 1891, पृ० 375)। कलिंग नगर का उल्लेख

खारवेल के प्रसिद्ध अभिलेख में है जो प्रथम शती ई० में कलिंग का राजा था। इसका अभिज्ञान वंशधारा नदी के तट पर बसे हुए मुखलिंगम् नामक नगर (शिशुपालगढ़ के निकट) से किया गया है। विष्णुपुराण में भी कलिंग का कई बार उल्लेख है—'कलिंगदेशादभ्येत्य प्रीतेन सुमहात्मना' 3,7,36, 'कलिंग माहिष महेन्द्र भौमान् गुहा भोक्ष्यन्ति'—4,24,65 से सूचित होता है कि कलिंग में संभवतः गुप्तशासनकाल से पूर्व गुहा-लोगों का राज्य था। कालिदास ने रघुवंश 4,38 में उत्कल के दक्षिण में कलिंग का वर्णन किया है—'उत्कला-दर्शित पथः कलिंगाभिमुखोययौ' (दे० उत्कल) रघु की विजय यात्रा में कलिंग के वीरों ने रघु का डटकर सामना किया था। इनके पास विशाल गज-सेना थी। कलिंग नरेश हेमांगद का उल्लेख रघु० 6,53 में ('अथांगदाश्लिष्टभुज-भुजिष्या हेमांगद नाम कलिंगनाथम्') तथा उसकी गजसेना का सुंदर वर्णन 6 54 में है। कौटिल्य-अर्थशास्त्र में भी कलिंग के हाथियों को श्रेष्ठ माना गया है—'कलिंगागगजा श्रेष्ठा प्राच्याश्चेदिकरूषजा, दशार्णाश्चापरान्ताश्च द्विपाना मध्यमामता। सौराष्ट्रिका पाचनदास्तेषां प्रत्यवरा स्मृता सर्वेषां कर्मणा वीर्यं जवस्तेजश्चवर्धते'। अशोकमौर्य ने 261 ई० पू० में कलिंग को जीता था। इस अभियान में एक लाख मनुष्य मारे गए थे। इस भयानक हत्या-कांड को देख कर ही अशोक ने बौद्ध धर्म ग्रहण कर के शेष जीवन धर्म-प्रचार में बिताने का संकल्प किया था।

(2) वाल्मीकि रामायण, अयोध्या० 71,16 में वर्णित एक नगर—, 'एकसाले स्थाणुमतीं विनते गोमतीनदीं, कलिंगनगरे चापि प्राप्य सालवनं तदा'। इसका उल्लेख भरत के केकयदेश से अयोध्या की यात्रा के प्रसंग में है। इसके पश्चात् एक रात बिता कर वे अयोध्या पहुंच गये थे। जान पड़ता है कि कलिंग नगर की स्थिति गोमती और सरयू नदी के बीच (पूर्वी उ० प्र०) में रही होगी। इसके पास शालवनों का उल्लेख है।

(3) ई० सन् की प्रारंभिक शतियों में मध्य जावाद्वीप में बसाया गया एक हिंदू उपनिवेश जहां भारत के कलिंग देश के निवासियों की बस्ती थी। चीनी लोग इसे होलिंग नाम से जानते थे।

कलिंगनगर (उड़ीसा)

प्राचीन कलिंग का मुख्य नगर। इसका उल्लेख खारवेल के अभिलेख (प्रथम शती ई०) में है। इस नगर के प्रवेशद्वारों तथा परकोटे की मरम्मत खारवेल ने अपने शासन काल के प्रथम वर्ष में करवाई थी। कलिंगनगर का अभिज्ञान मुखलिंगम् से किया गया है जो वंशधारा नदी के तट पर बसा है।

भुवनेश्वर के निकट स्थित शिशुपालगढ़ को भी प्राचीन कलिंगनगर कहा जाता है (दे० कलिंग , शिशुपालगढ़) । प्राचीन रोम के भौगोलिक टॉलमी ने शायद कलिंग नगर को ही कन्नागर लिखा है (दे० हिस्ट्री ऑव उड़ीसा, महताब, पृ० 24)। कलिंगनगर को चोड़ गगदेव (1077-1147 ई०) ने अपनी राजधानी बनाया था और यह नगर 1135 ई० तक इसी रूप मे रहा ।

कलिंद

यमुना का उद्‌गम स्थान । यामुन या यमुनोत्री, हिमालय पर्वत् श्रेणी मे स्थित इसी पर्वत को माना जाता है। महाभारत वन० 84,85 मे इसी को यमुना-प्रभव कहा है—'यमुना प्रभवगत्वा समुपस्पृश्ययामुनम्'—दे० यामुन ।

कलिंदकन्या

यमुनानदी । 'यस्यावरोधस्तनचदनानां प्रक्षालनाद्वारिविहारकाले, कलिंद-कन्या मथुरां गतापि गगोर्मि ससक्त जलेवभाति' रघु० 6,48; दे० कलिंद ।

कलिंजर दे० कालिंजर

कल्पेश्वर (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

प्राचीन गढ़वाल नरेशो के बनवाए हुए मदिरो के लिए उल्लेखनीय है ।

कल्माषदम्य

बुद्धचरित 21,27 मे उल्लिखित अनभिज्ञात स्थान ।

कल्याण (महाराष्ट्र)

महाराष्ट्रकेसरी शिवाजी के समय इस नाम का सूबा कोकण के उत्तर मे स्थित था। पहले यह अहमदनगर के निजामशाही सुलतानो के अधिकार मे था । 1636 ई० मे शिवाजी ने इसे बीजापुर के सुलतान अली आदिलशाह से छीन लिया था ।

कल्याणपुर (दक्षिण कनारा, मैसूर)

शृंगेरी से 40 मील पश्चिम मे स्थित है। कहा जाता है मध्वाचार्य का जन्मस्थान यही है । याज्ञवल्क्य स्मृति के प्रसिद्ध टीकाकार विज्ञानेश्वर यही के निवासी थे । इनकी टीका मिताक्षरा भारत भर मे प्रसिद्ध है (किंतु दे० कल्याणी) ।

कल्याणी

(1) (जिला बीदर, मैसूर) चालुक्यो की प्रसिद्ध राजधानी । तुलजापुर से हैदराबाद जाने वाली सड़क पर अवस्थित है । प्रारभ मे यहा उत्तर चालुक्य-काल मे राज्य के पश्चिमी भाग की राजधानी थी। मैसूर राज्य के भारगी नामक स्थान से प्राप्त पुलकेशिन् चालुक्य के एक अभिलेख मे कल्याणी का उल्लेख है।

पूर्व और उत्तर-चालुक्यकाल के बीच में राष्ट्रकूट नरेशों ने मलखेड नामक स्थान पर अपने राज्य की राजधानी बनाई थी किंतु चालुक्य राज्य के पुनरुद्धारक तैलप (973-997 ई०) ने कल्याणी को पुनः राजधानी बनने का गौरव प्रदान किया। 11वीं शती मे चालुक्यराज सोमेश्वर प्रथम के राजत्वकाल में कल्याणी की गणना परम समृद्धिशाली नगरों में की जाती थी। धर्मशास्त्र के प्रसिद्ध ग्रंथ मिताक्षरा का रचयिता विज्ञानेश्वर कल्याणी-नरेश विक्रमादित्य चालुक्य की राज-सभा का रत्न था (किंतु दे० कल्याण)। 12वीं शती के मध्य में चालुक्यों का राज्य कलचुरीनरेशों द्वारा समाप्त कर दिया गया। इसके बाद से कल्याणी से राजधानी भी हटा ली गई। कल्याणी के किले में मुहम्मद तुग़लक के दो अभिलेख हैं जिनमें कल्याणी को दिल्ली की सल्तनत का अंग बताया गया है। तत्पश्चात् कल्याणी बहमनीराज्य मे सम्मिलित कर ली गई। बहमनी नरेशों ने कल्याणी के प्राचीन हिंदू दुर्ग का युद्ध में गोलाबारी से रक्षा की दृष्टि से समुचित रूप में सुधार किया। बहमनी राज्य के विघटन के पश्चात् कल्याणी बरीदी सल्तनत के अंदर कुछ समय तक रही किंतु थोड़े ही समय के उपरांत यहां बीजापुर के आदिल-शाही सुल्तानों का अधिकार हो गया। औरंगज़ेब का बीजापुर पर कब्ज़ा होने पर कल्याणी को मुग़ल सैनिकों ने खूब लूटा। तत्पश्चात् कल्याणी को मुग़ल साम्राज्य के बीदर नाम के सूबे मे शामिल कर लिया गया।

(2) (लंका) महावंश 1,63; कोलंबो के समीप समुद्र में गिरने वाली एक नदी तथा इसका तटवर्ती प्रदेश। सिंहाली किंवदंती के अनुसार गौतम बुद्ध ने इस स्थान पर राजायतनचैत्य स्थापित किया था।

कल्लूर (ज़िला रायचूर, मैसूर)

13वीं शती के कई मंदिरों के अवशेष इस ग्राम मे स्थित हैं। ग्राम से पश्चिम की ओर मुकुंदेश्वर का मंदिर है जो संभवत. यहां का प्राचीनतम स्मारक है। इसके स्तंभों पर उत्कृष्ट नक्काशी है। इनके आधारों पर पुष्पों तथा पशुओं के मूर्तिचित्र अंकित हैं। शैली के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मंदिर का ऊपरी भाग शिखर को छोड़कर बहमनीकालीन है। मुकुंदेश्वर मंदिर के पास ही उत्तर की ओर एक छोटा सा मंदिर है जिसमें करम्मा या काली की मूर्ति प्रतिष्ठित है। ग्राम के अन्य मंदिर हैं—पेलोम्मल गुडी और वेंकटेश्वर गुडी। ग्राम के बाहर प्राचीन हनुमान-मंदिर है जिसमें गणेश तथा सप्तमातृकाओं की मूर्तियां भी हैं। कल्लूर से तीन प्राचीन अभिलेख भी प्राप्त हुए हैं—पहला करम्मा मंदिर के सामने, दूसरा एक हाथी की प्रतिमा पर और तीसरा एक कुएं के पास। इनसे ग्राम के अवशेषों का समय जानने में सहायता मिलती है।

कवर्धा (छत्तीसगढ, म० प्र०)

कहा जाता है कि कवर्धा शब्द कबीरधाम का रूपातर है। यह स्थान छत्तीसगढ मे कबीर से सबधित अनेक स्थानो मे से है। कबीर पथियो की सख्या यहां पर्याप्त है। कबीर साहब का असगृहीत साहित्य भी यहां से प्राप्त हो सकता है।

कवलेश्वर (ज़िला कोटा, राजस्थान)

प्राचीन कृतमालेश्वर। इद्रगढ से आठ मील पूर्व मे है। यह त्रिवेणी नदी के तट पर स्थित है। बूदी नरेश महाराज अजीतसिंह का बनवाया हुआ शिव-मदिर तथा एक कुड यहां स्थित हैं।

कशेरु

'इद्रद्वीप कशेरु च ताम्रद्वीप गभस्तिमत, गाधर्ववारुण द्वीप सौम्याक्षमिति च प्रभु' महा० सभा० 38, दक्षिणात्य पाठ। अर्थात शक्तिशाली सहस्रबाहु ने इद्रद्वीप, कशेरु, ताम्रद्वीप, गभस्तिमान्, गधर्व वरुण और सौम्याक्षद्वीप को जीत लिया था। प्रसग से यह द्वीप इडोनीसिया का कोई द्वीप जान पडता है क्योकि ताम्रद्वीप=लका, वारुण=बोर्नियो, इद्रद्वीप=सुमात्रा का एक भाग।

कश्मीर=काश्मीर

प्राचीन नाम कश्यपमेरु या कश्यपमीर (कश्यप का झील)। किंवदती है कि महर्षि कश्यप श्रीनगर से तीन मील दूर हरि-पर्वत पर रहते थे। जहां आजकल कश्मीर की घाटी है वहां अति प्राचीन प्रागैतिहासिक काल मे एक बहुत बडी झील थी जिसके पानी को निकाल कर महर्षि कश्यप ने इस स्थान को मनुष्यो के बसने योग्य बनाया था। भूविद्या-विशारदो के विचारो से भी इस तथ्य की पुष्टि होती है कि काश्मीर तथा हिमालय के एक विस्तृत भूभाग मे अब से सहस्रो वर्ष पूर्व समुद्र स्थित था। काश्मीर का इतिहास अतिप्राचीन है। वैदिक काल में यहा आर्यों की बस्तिया थी। महाभारत वन० 130, 10 मे काश्मीरमडल का उल्लेख है—'काश्मीरमडल चैतत् सर्वपुण्यमरिदम, महर्षिभिश्चाध्युषित पश्येद भ्रातृभि सह।' कश्मीर के लिए कश्मीरमडल शब्द के प्रयोग से सूचित होता है कि महाभारत काल मे भी वर्तमान कश्मीर के विशाल समूचे प्रदेश को ही कश्मीर समझा जाता था। उस काल में महर्षियो के रहने के अनेक स्थान थे, यह भी इस उद्धरण से ज्ञात होता है। महाभारत, सभा० 34, 12 ('द्राविडा-सिहलाश्चैव राजा काश्मीरकस्तथा') से सूचित होता है कि कश्मीर का राजा भी युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ मे आया था। उसने भेंट मे अन्य वस्तुओ के अतिरिक्त अगूर के गुच्छे भी युधिष्ठिर को दिए थे,

'काश्मीरराजोमाद्वींव शुद्ध च रसवन्मधु बलिं च कृत्स्नमादाय पाडवाया-म्युपाहरत'—सभा० 51, दक्षिणात्य पाठ। कल्हण की राजतरंगिणी मे जो कश्मीर का बृहत् इतिहास है, इस देश के इतिहास को अति प्राचीनकाल से प्रारम किया गया है। कश्मीर में अशोक के समय मे बौद्धधर्म ने पहली बार प्रवेश किया। श्रीनगर की स्थापना इस मौर्य सम्राट् ने ही की थी। दूसरी शती ई० में कुशाननरेशों ने कश्मीर को अपने विशाल, मध्य एशिया तक फैले हुए साम्राज्य का अग बनाया। कश्मीर से हाल में प्राप्त भारत बैक्ट्रिआई और भारत-पार्थिआयी नरेशों के सिक्कों से प्रमाणित होता है कि गुप्तकाल के पूर्व, कश्मीर का सबध उत्तरपश्चिम मे स्थापित ग्रीक राज्यो से था। विष्णु-पुराण के एक उल्लेख से भी इस तथ्य की पुष्टि होती है—'सिंधु तटदाविको-र्वीचन्द्रभागा काश्मीरविषयाश्चव्रात्यम्लेच्छशूद्रादयो भोक्ष्यन्ति' 4, 24, 69। इससे कश्मीर आदि देशों में सभवत गुप्तपूर्वकाल मे अनार्य जातियो के राज्य का होना सूचित होता है। गुप्तकाल मे ही बौद्ध धर्म की अवनति अन्य प्रदेशों की भांति कश्मीर मे भी प्रारभ हो गई थी और शैवधर्म का उत्कर्ष धीरे-धीरे बढ रहा था। शैवमत के तथा पुनरुज्जीवित हिंदूधर्म के प्रचार में अभिनवगुप्त तथा शकराचार्य जैसे दार्शनिको का बडा हाथ था। श्रीनगर के पास शकराचार्य की पहाडी, दक्षिण के महान् आचार्य की सुदूर उत्तर के इस देश की दार्शनिक दिग्विजय-यात्रा का स्मारक है। हिंदूधर्म के उत्कर्ष के साथ ही साथ कश्मीर की राजनैतिक शक्ति का भी तेजी से विकास हुआ। राजतरंगिणी के अनुसार कश्मीर-नरेश मुक्तापीड ललितादित्य ने 8वीं शती मे सपूर्ण उत्तर भारत मे कान्यकुब्ज तथा पार्श्ववर्ती प्रदेश तक, अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया था। 13वीं शती में कश्मीर मुसलमानो के प्रभाव मे आया। ईरान के हजरत सैयद अली हमदान नामक सत ने अपने धर्म का यहा जोरों से प्रचार किया और धीरे-धीरे राज्यसत्ता भी मुसलमानो के हाथ मे पहुच गई। कश्मीर के मुसल्मानों का राज्य 1338 ई० से 1587 ई० तक रहा और जैनुलअब्दीन के शासनकाल में कश्मीर भारत ईरानी सस्कृति का प्रख्यात केंद्र बन गया। इस शासक को उसके उदार विचारों और सस्कृति प्रेम के कारण कश्मीर का अकबर कहा जाता है। 1587 से 1739 ई० तक कश्मीर मुगल साम्राज्य का अभिन्न अग बना रहा। जहांगीर और शाहजहा के समय के अनेक स्मारक आज भी कश्मीर के सर्वोत्कृष्ट स्मारक माने जाते हैं। इनमें निशात बाग, शालामार उद्यान आदि प्रमुख हैं। 1739 से 1819 ई० तक काबुल के राजाओ ने कश्मीर पर राज्य किया। 1819 ई० में पजाब केसरी रणजीतसिंह ने कश्मीर को काबुल के अमीर

दोस्त मुहम्मद से छीन लिया किंतु शीघ्र ही पजाब कश्मीर के सहित अग्रेजो के हाथ मे आ गया। 1846 ई० मे ईस्ट इडिया कपनी ने कश्मीर को डोगरा सरदार गुलाबसिंह के हाथों बेच दिया। इस वश का 1947 तक वहा शासन रहा।

कश्यपनगर (जिला अहमदाबाद, गुजरात)

वर्तमान कासद्रा। यह अहमदाबाद से चौदह मील दूर है। कहा जाता है कि प्राचीन काल मे यहा साबरमती नदी के तट पर कश्यप ऋषि का आश्रम था। इस स्थान के निकट भद्रेश्वर और कोटेश्वर नामक शिवमदिर बहुत प्राचीन जान पडते हैं। ये दोनो साबरमती के तट पर है।

कश्यपमेरु

कश्मीर का प्राचीन नाम अर्थात् कश्यप का पर्वत। कश्मीर शब्द को कश्यपमेरु का ही रूपातर कहा जाता है। दूसरा मत यह भी है कि कश्मीर, (कश्यप की झील) का अपभ्रश है (दे० कश्मीर)।

कसरावाड (म० प्र०)

महेश्वर के निकट स्थित है। यहा ई० पू० शतियो के अनेक स्मारको के भग्नावशेष हैं।

कसिया दे० कुशीनगर

कसिपारी=काशीपुरी (उडीसा)

कहांव दे० ककुभग्राम

कहोम दे० ककुभग्राम

कांकजोल=कजगल

कांगडा (हि० प्र०)

कागडा घाटी का प्राचीन नाम त्रिगर्त था। गुप्त काल मे यह प्रदेश कर्तृपुर मे सम्मिलित था। महाभारत के समय मे कागडाप्रदेश का राजा सुशर्मचद्र था। यह कौरवो का मित्र था। कागडा का ज्वालामुखी का मदिर तीर्थरूप में दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। कांगडा कोट या नगरकोट जहा यह मदिर है, समुद्रतल से 2500 फुट ऊचा है। यहा बान गगा और पातालगगा का सगम होता है। नगरकोट के दुर्ग के भीतर कई प्राचीन मदिर है। इनमे लक्ष्मी नारायण, अबिका और आदिनाथ तीर्थंकर के मदिर प्रसिद्ध है। दुर्ग के भीतर की अपार सपत्ति की खबर सुन कर ही महमूद गजनी ने 1009 ई० मे नगरकोट पर आक्रमण किया और नगर को बुरी तरह लूटा। तत्कालीन इतिहास लेखक अलउतबी ने तारीखे-यामिनी मे लिखा है कि 'नगरकोट की धन-राशि इतनी अधिक थी कि उसको ढोने के लिए अनेक ऊटो के काफले भी अपर्याप्त थे और न उसे जलयानो से ले

जाना संभव था। लेखक उसका वर्णन करने मे असमर्थ थे और गणितज्ञ उसके मूल्य का अनुमान भी न लगा सकते थे।' 18वीं शती म फीरोज तुग़लक ने नगर कोट पर आक्रमण किया तथा यहा के ज्वालामुखी मदिर को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया किंतु लगभग नौ मास तक दुर्ग के घिरे रहने के पश्चात ही वहा के राजा रूपचद्र ने सुल्तान से सधि की वार्ता प्रारभ की। 14वीं शती के प्रारभ म कागडा नरेश हरिश्चद्र गुलेर के जगलो मे आखेट करता हुआ एक कुए मे गिर गया। उसके राजधानी में न लौटने पर उसके छोटे भाई को कागडा की गद्दी पर बिठा दिया गया किंतु हरिश्चद्र को पास से गुजरते हुए एक व्यापारी ने कुए से निकाल लिया और वह कांगडा लौट आया। हरिश्चद्र का अपने भाई के साथ झगडा स्वाभाविक रूप से हो सकता था किंतु उसने उदारता और बुद्धिमानी से काम लिया और एक नए राज्य की नींव डाली और कागडा पर छोटे भाई को ही राज्य करने दिया। मुग़ल सम्राट अकबर के समय मे कागडा नरेश ने उसकी अधीनता स्वीकार कर ली। 1619 ई० मे जहागीर ने एक वर्ष के घेरे के उपरात दुर्ग को हस्तगत कर लिया। वह नूरजहां के साथ दो वर्ष पश्चात कागडा आया जिसका स्मारक दुर्ग का जहागीर दरवाजा है। इसमे तीन मेहराबो को मिला कर एक मुख्य मेहराब बनाया गया है। कांगडा म काफी समय तक मुग़ल फौजदार रहते रहे। मुग़ल-राज्य के अतिम समय म कागडा नरेश ससार चद्र हुए जिन्होंने चित्रकला को बहुत प्रश्रय दिया जिसके कारण कागडा नाम से एक नई चित्रकला शैली का जन्म हुआ। इस शैली म मुगल तथा कागडा की स्थानीय शैलियो का सगम है। इसी प्रकार मुग़ल राज्य के सपर्क के फलस्वरूप कागडा के राजकीय रहन-सहन पर भी काफी प्रभाव पडा था। नगरकोट के किले म जहागीर ने एक मसजिद बनवाई थी जिसकी अब केवल दीवारें शेष हैं। रणजीतसिंह द्वार के निकट ही एक सुदर स्नानगृह (मुग़ल शैली का हम्माम) है जो शीत या ग्रीष्मकाल दोनों ऋतुओ म काम आता था।

कांचना (जिला अजमेर, राजस्थान)

पुष्कर के निकट बहने वाली नदी। कहते हैं कि पुष्कर की मुख्य नदी सरस्वती का ही एक रूप कांचना है।

कांची = कांचीपुरम = कांजीवरम

कांची की गणना सप्त मोक्षदायिका पुरियो मे है—दे० सप्तपुरी। यह दक्षिण भारत का सर्वप्रसिद्ध तीर्थ है। यहा एक सहस्र मदिर तथा दस सहस्र शिवलिंग प्रतिमाए स्थित मानी जाती है। कांची के विष्णुकांची और शिव कांची नामक दो भाग हैं। यहा के मदिर मुख्यत विजयनगर के शासको

तथा पल्लवनरेशों के समय के हैं। 16वी शती मे विजयनगर-नरेशों के बनवाए हुए कई विशाल मदिर यहां की शोभा बढाते हैं। कृष्णदेवराय द्वारा निर्मित एकाम्रेश्वर-शिव के मदिर का गोपुर 184 फुट ऊचा है और इसमे आठ खडे हैं। शिवप्रतिमा मिट्टी की है। पास ही एक विशाल आम्रवृक्ष है जो कहा जाता है कि एक हजार वर्ष पुराना है। कहते हैं इसमे चार प्रकार के फल लगते हैं। इसके नीचे शिव पार्वती की सुदर मूर्तिया हैं जिन पर दोनो का परस्पर प्रणयभाव अकित है। मदिर के 600 फुट लबे बरामदे मे भित्ति के पास 108 शिवलिंग हैं। सुब्रह्मण्य गणेश, पार्वती, विष्णु तथा अन्य देवो की मूर्तियो के भी अनेक स्थान हैं। एक शिवालय मे एक विशाल शिवलिंग है जिसके अदर 1008 लघु लिंगो का अकन किया गया है। यहीं एक सहस्र खभो वाला ऊची वेदी पर बना एक भव्य मडप है जो अब जीर्णशीर्ण हो चला है। इस मदिर का अधिकाश भाग विजय-नरेशो के समय का है। पौराणिक गाथा है कि महेश्वर शिव जिस समय ससार के सर्जन, पालन तथा विनाश मे सलग्न थे उस समय पार्वती ने शृगारिक भावावेश मे उनकी आखें मूद ली जिससे सारी सृष्टि मे अधकार छा गया। रुष्ट होकर शिव ने पार्वती को कैलास से चला जाने को कहा और काची मे इस मदिर के स्थान पर रहने की आज्ञा दी। विष्णुकाची या छोटी काची मे वरदराज स्वामी का विष्णु मदिर है। इसका सौ स्तभों का मडप विशेषरूप से उल्लेखनीय है। इसके स्तभ अश्वारोहियों के रूप में शिल्पित हैं और कणाश्म या ग्रेनाइट से निर्मित है। इनमे विष्णु-विषयक अनेक पौराणिक कथाओ का निदर्शन है। इनका सा कल्पनापूर्ण शिल्प सारे भारत मे दुर्लभ है। मदिर की छत के चारो कोनो पर दस फुट लबी उसी पत्थर मे से काटी हुई शृखलाए, विजयनगरकालीन शिल्पियो की आश्चर्यजनक कला की परिचायक है। मदिर मे इसके मूल्यवान् रत्न सुरक्षित हैं जिन्हे लार्ड क्लाइव तथा प्लेस (Place) और गैरो (Garrow) नामक अग्रेजो ने दान मे दिया था। एक ब्राह्मण ने भी इस मदिर के लिए प्रतिदिन दस रुपए के हिसाब से 24 हजार रुपया जमा करने का व्रत लिया था। उसने इस मदिर को रत्नो का विशाल भडार उपहार-रूप मे दिया। कामाक्षी का मदिर अपेक्षाकृत छोटा है और गर्भगृह अधेरा है। इनके अतिरिक्त पल्लवकालीन दो मदिर भी यहां स्थित हैं। कैलासनाथ का मदिर लगभग 1200 वर्ष प्राचीन है। यह पल्लव नरेश नदिवर्मन् द्वितीय द्वारा निर्मित है। यह और बैकुठ पेरुमल का मदिर दोनो कांची के अन्य मदिरो से सजावट मे भिन्न हैं। इनकी समानता महाबलीपुरम् के मदिरो मे की जाती है। कैलासनाथ के मदिर के गर्भगृह मे एक

विमान मासेविक (prismatic) लिंग है। मंदिर के प्रकोष्ठों में सुंदर भित्ति चित्र हैं और दीवारों पर शिवसबंधी पौराणिक गाथाएं मूर्तिकारी के रूप में अंकित हैं। वैकुंठ पेरुमल मंदिर भी इसी नक्शे पर बना है। इसके बरामदे में पल्लवनरेशों का इतिहास अंकित है। विमान शिखर तीन तल्ला का है और इसकी भित्तियों पर अंकित मूर्तियों का जमघट-सा दिखाई देता है। कांची में सात प्रसिद्ध ताल भी हैं। इस नगरी की सड़कें जिन्हें प्रारंभ में पल्लवशासक ने बनवाया था, लंबी, सीधी और चौड़ी हैं और भारत के किसी भी प्राचीन नगर की सड़कों से श्रेष्ठ हैं। कांची चौदह सौ वर्षों तक अनेक राजाओं की राजधानी रही। गुप्त-सम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति में कांची के राजा विष्णुगोप (पल्लव) का उल्लेख है। 7वीं शती ई० में चीनी यात्री युवानच्वांग कांची आया था। उस समय नगर की परिधि छ मील थी। 11वीं शती में चोलनरेशों का यहां अधिकार था। 1310 ई० में अलाउद्दीन खिल्जी के दक्षिण भारत पर आक्रमण के समय यहां के भी मंदिरों का विध्वंस किया गया किंतु शीघ्र ही विजयनगर के नरेशों ने इसे अपने राज्य में सम्मिलित कर लिया। विजयनगर के पतन के पश्चात् कांची की प्राचीन गरिमा को ग्रहण-सा लग गया। 1677 ई० में मराठों और तत्पश्चात् औरंगज़ेब का यहां कब्ज़ा रहा। 1752 ई० में क्लाइव ने इसे छीन लिया और मद्रास प्रांत में शामिल कर लिया।

कांची का संबंध कई प्रसिद्ध विद्वानों से बताया जाता है जिनमें संस्कृत के यशस्वी कवि भारवि और दंडी मुख्य हैं। तामिल कवि अप्पार और सुंदरस्वामी भी कांची के निवासी थे। नालंदा के कुलपति धर्मपाल जो अपने समय के प्रसिद्ध दार्शनिक विद्वान् थे कांची में पर्याप्त समय तक रहे थे। मालती-माधव नाटक के प्रसिद्ध टीकाकार त्रिपुरारिसूर भी कांची निवासी थे। उन्होंने अपनी टीका में एकाम्रेश्वर की प्रशंसा में लिखा है, 'एकाम्रमूलनिलयः करि-भूधरनायकौ, कांचीपुरीश्वरौवन्दे कामितार्थ प्रसिद्धये'। कांची 7वीं शती ई० में जैनधर्म का विशाल केंद्र था। चीनी यात्री युवानच्वांग ने लिखा है कि उसने कांची में अनेक दिगंबर जैन मंदिर देखे थे। कांची नरेश महेंद्रवर्मन् प्रथम (600–630 ई०) प्रारंभ में जैन ही था यद्यपि बाद में वह शैव हो गया था।

कांचीपुरम्=कांची।

कांजीवरम्=कांची।

कांडी (ज़िला मेदक, आ० प्र०)

प्राचीन मंदिरों के अवशेषों के लिए उल्लेखनीय है।

कांतनगर (जिला दीनाजपुर, बंगाल)

1704–22 ई० में निर्मित कांत का मंदिर उल्लेखनीय है। यह मंदिर गौड की मध्ययुगीन (14वीं-15वीं शती) वास्तु शैली में बना हुआ है।

कांतारक

महाभारत, सभा० 31, 13 में सहदेव की दिग्विजययात्रा के प्रसंग में इस प्रदेश का उल्लेख है—'कान्तारकाश्चसमरे तथा प्राक्कोसलान् नृपान् नाटकेयाश्च समरे तथा हैरंबकान् युधि'। कांतारक अवश्य ही गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में वर्णित महाकांतार है जहां के अधिपति व्याघ्रराज को समुद्रगुप्त ने परास्त किया था। महाकांतार मध्यप्रदेश के पूर्वोत्तर भाग में स्थित जंगली भूखंड का प्राचीन नाम था (कांतार=घना जंगल)। इसमें भूतपूर्व बस्तर रियासत सम्मिलित थी।

कांतित (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

विंध्याचल स्टेशन से प्रायः डेढ़ मील गंगा के दक्षिण की ओर स्थित है। कई विद्वानों ने पुराणों में वर्णित नागवंशीय राजाओं की राजधानी त्रिपुरी का अभिज्ञान कांतित से किया है जो संदिग्ध जान पड़ता है। कांतित में एक प्राचीन दुर्ग के अवशेष मिले हैं। कांतित के समीप शिवपुर नामक कस्बे में भी प्राचीन मूर्तियां मिली हैं जिससे इस क्षेत्र की प्राचीनता सिद्ध होती है।

कांतिपुर

नेपाल के प्राचीन राजाओं की राजधानी। यहां के राजा जयप्रकाश मल्ल को 1769 ई० में पृथ्वीनारायण शाह गोरखा ने हराकर नेपाल को राजनैतिक एकता के सूत्र में बांधा था। ये ही वर्तमान राजवंश के पूर्वज थे। पृथ्वीनारायण ने ही पहले पहल काठमंडू में नेपाल की राजधानी बनाई थी।

कांतिपुरी (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

वर्तमान कोतवार जो डभोरा स्टेशन से बारह मील दूर है। यह अहसन नदी के तट पर स्थित है और ग्वालियर से बीस मील है। कांतिपुरी जो प्राचीन पद्मावती के निकट ही स्थित थी गुप्तकाल में नागराजाओं के अधिकार में थी। विष्णुपुराण 4,24,64 में पद्मावती में नागराजाओं का उल्लेख है। कांतिपुरी के कुंतिपुरी, कुंतिपद और कुंतल्पुरी आदि नाम भी मिलते हैं। पांडवों की माता कुंती संभवतः इसी नगरी के राजा कुंतिभोज की पुत्री थी। दे० कुंतिभोज।

कांपिल्य=कंपिला (जिला फरुखाबाद, उ० प्र०)

कांपिल्य की गणना भारत के प्राचीनतम नगरों में है। सर्वप्रथम इसका

नाम यजुर्वेद तैत्तिरीय संहिता 7,4,19,1 में 'काम्पील' रूप में प्राप्य है। संभव है कि पुराणों में उल्लिखित पंचालनरेश भृम्यश्व के पुत्र कपिल या कांपिल्य के नाम पर ही इस नगरी का नामकरण हुआ हो। महाभारतकाल से पहले पंचालजनपद गंगा के दोनों ओर विस्तृत था। उत्तरपंचाल की राजधानी अहिच्छत्र (ज़िला बरेली, उ० प्र०) और दक्षिण पंचाल की कांपिल्य थी। दक्षिण पंचाल के सर्वप्रथम राजा अजमीढ़ का पुराणों में उल्लेख है। इसी वंश में राजा नीप और ब्रह्मदत्त हुए थे। महाभारत के समय द्रोणाचार्य ने पंचालनरेश द्रुपद को हराकर उससे उत्तरपंचाल का प्रदेश छीन लिया था। इस प्रसंग के वर्णन में महाभारत आदि० 137,73–74 में कांपिल्य को दक्षिण पंचाल की राजधानी बताया गया है—'माकंदीमथ गंगायास्तीरे जनपदायुताम्, सोऽध्यावसद् दीनमनाः कांपिल्यं च पुरोत्तमम्। दक्षिणांश्चापि पंचालान् यावच्चर्मण्वती नदी, द्रोणेन चैव द्रुपदः परिभूयाथ पालितः'। इस समय दक्षिण पंचाल का विस्तार गंगा के दक्षिण तट से चंबल तक था। ब्रह्मदत्त-जातक में भी दक्षिण पंचाल का नाम कपिलरट्ठ अर्थात् कांपिल्यराष्ट्र है। बौद्धसाहित्य में कांपिल्य का वर्णन बुद्ध के जीवनचरित्र के संबंध में है। किंवदंती के अनुसार इसी स्थान पर उन्होंने कुछ आश्चर्यजनक चमत्कार दिखाए थे जैसे स्वर्ग में जाकर अपनी माता को उपदेश देना। जैनसूत्रप्रज्ञापणा में कंपिला या कांपिल्य का उल्लेख अन्य कई नगरों के साथ किया गया है। विविधतीर्थकल्प (जैनसूत्रग्रंथ) के लेखक ने कांपिल्य को गंगातट पर स्थित बताया है और उसे तेरहवें तीर्थंकर विमलनाथ के जीवन की पांच घटनाओं से सम्बद्ध माना है। इसी कारण इस नगरी को पंचकल्याणक नाम से भी अभिहित किया गया है। कांपिल्य को जैन साहित्य में कौंडिन्य और गर्दभालि के शिष्य आर्यमित्र से भी संबंधित माना गया है।

चीनी यात्री युवानच्वांग ने इस नगरी को अपने पर्यटन के दौरान देखा था। वर्तमान कंपिला में एक अतिप्राचीन टीला आज भी द्रुपद का कोट कहलाता है। बूढ़ीगंगा के तट पर द्रौपदी-कुंड है जिससे महाभारत की कथा के अनुसार द्रौपदी और धृष्टद्युम्न का जन्म हुआ था। कुंड से बड़े परिमाण की, संभवतः मौर्यकालीन, ईंटें निकली हैं। कंपिला के मंदिरों से अनेक मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। कंपिला बौद्धधर्म के समान ही जैनधर्म का भी बड़ा केंद्र था जैसा कि उपर्युक्त उद्धरणों से तथा यहां से प्राप्त अवशेषों से प्रमाणित होता है। कांपिल्य को कंपिल्लनगर और कंपिला भी कहा जाता था। साहित्य में इसका अपभ्रंश रूप कांपील भी मिलता है। कांपिल्यनगरी प्राचीनकाल में काशी, उज्जयिनी आदि की भांति ही बहुत प्रसिद्ध थी और प्राचीन साहित्य में इसे

अनेक कथा कहानियों की घटनास्थली माना गया है, जैसे महाभारत, शांति० 139,5 में राजा ब्रह्मदत्त और पूजनी चिड़िया की कथा को कांपिल्य में ही घटित माना गया है, 'कांपिल्ये ब्रह्मदत्तस्य त्वन्त पुरवासिनी, पूजनी नाम शकुनि दीर्घ काल सहोपिता'। लोकश्रुति के अनुसार ज्योतिषाचार्य वराह-मिहिर का जन्म कांपिल्य में ही हुआ था।

कांपिल्यराष्ट्र=दे० कांपिल्य

कांपील=दे० कांपिल्य

कांबोज=दे० कंबोज

कांतारी (महाराष्ट्र)

दे० पचगगा। पचगगा कृष्णा की सहायक नदी है।

काकदी

(1)=पुहार (मद्रास)। भरहुत अभिलेख (स० 101, इडियन ऐटिक्वेरी 21, 235) में उल्लिखित दक्षिण भारत का एक बदरगाह जो ई० सन् की प्रारंभिक शतियों तक दूर-दूर तक प्रसिद्ध था। इस काल में दक्षिण भारत का रोम-साम्राज्य के साथ व्यापार इस बदरगाह द्वारा होता था। विद्वानों का मत है कि पेरिप्लस, अध्याय 60 में इसी को कमर और टॉलमी के भूगोल (7,1,13) में कबेरिस कहा गया है। काकदी कावेरी की उत्तरी शाखा के मुहाने पर बसा हुआ था। जैन ग्रथ अतकृतदशाग में काकदी नगर के धनी गृहस्थ क्षेमक और धृतिहर का उल्लेख है। तमिल अनुश्रुति के अनुसार काकदी का बदरगाह समुद्र में डूब कर विलुप्त हो गया था (दे० एशेट इडिया, अयगर, पृ० 352)। सभवत यह घटना तीसरी शती ई० के प्रारंभिक वर्षों से पहले ही हुई होगी। काकदी को पुहार नामक वर्तमान कसबे से अभिज्ञात किया जाता है (दे० कावेरीपत्तन)।

(2) (जिला गोरखपुर, उ० प्र०) वर्तमान खुखदो ग्राम। इसका प्राचीन नाम किष्किधापुर भी है। यह प्राचीन जैन तीर्थ है जिसका सबध पुष्पदतस्वामी से बताया जाता है।

काक

गुप्तसम्राट् महाराजाधिराज समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति में समुद्रगुप्त के साम्राज्य की पश्चिमी व पश्चिम दक्षिणी सीमा पर स्थित कुछ अधीन प्रजातियों की सूची में 'काक' भी है—'मालवार्जुनायनयौधेय मद्रकआभीरप्रार्जुन सनकानिक काक खरपरिक'। इनका प्रदेश सभवत काकूपुर (जिला कानपुर, उ० प्र०) के निकट रहा होगा। विंसेंट स्मिथ के अनुसार यह काकनाद अथवा साँची का परिवर्ती प्रदेश है। काक का पाठातर काक है।

काकनादबोट

सांची (म० प्र०) का प्राचीन नाम जो यहां से प्राप्त अभिलेखों से ज्ञात होता है (दे० गुप्त-संवत् 93=412–413 ई० का प्रस्तर-लेख—फ्लीट गुप्त इंसक्रिप्शंस)।

काकरवाड़

प्राचीन काकुम्कर (आ० प्र०)। यह कृष्णानदी के तट पर स्थित है। यह महाप्रभु वल्लभाचार्य के माता-पिता का निवासस्थान था। वल्लभाचार्य का जन्म चंपारन (बिहार) के समीप चतुर्भुजपुर में हुआ था।

कांकरोली (जिला उदयपुर, राजस्थान)

उदयपुर से 40 मील उत्तर में स्थित है। यहां का उल्लेखनीय स्थान राजसमद (राजसमुद्र) नामक एक सुंदर झील है जिसे मेवाड़ नरेश राजसिंह ने 1662 ई० में *बनवाया था।* इसकी लंबाई 4 मील, चौड़ाई 1½ मील और गहराई लगभग 55 फुट है। कहा जाता है यह झील जो अकाल पीड़ितों की सहायता के लिए बनवाई गई थी, 24 वर्षों में बन कर तैयार हुई थी और उसके बनवाने में 10,50,76,09 रुपए व्यय हुए थे। झील पर तीन मील लंबा एक बांध है जो राजनगर के संगमर्मर का बना है। इस पर तीन बारहदरियां और अनेक चौकियां व तोरण निर्मित हैं जिनका शिल्प और मूर्तिकारी विशेष रूप से सराहनीय है। तोरणों के बीच पच्चीस काले पत्थर के पटलों पर 1017 श्लोकों का एक संस्कृत महाकाव्य उत्कीर्ण है जो 1675 ई० में अंकित किया गया था। यह शिलालेख अपने ढंग का अनुपम है। इससे अधिक विस्तृत प्रस्तरलेख भारत में संभवतः अन्यत्र नहीं है।

काकुंभपुर (आ० प्र०)

वर्तमान काकरवाड। यह भक्तिकाल के प्रसिद्ध संत महाप्रभुवल्लभाचार्य का पैतृक निवास स्थान है जो कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। पास ही व्योम-स्तंभ नामक पर्वत है। वल्लभाचार्य का जन्म चतुर्भुजपुर (चोडनगर, बिहार) में हुआ था। उस समय इनके माता-पिता काशी की तीर्थयात्रा के दौरान यहां आए हुए थे।

काकूपुर दे० काक

कागपुर (म० प्र०)

पूर्वमध्यकालीन इमारतों के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

कावरफल्लिक दे० कोह

काजरग्राम (लंका)

दे० महावंश 19,54,61 । दक्षिण लंका में मैनक गंगा के तट पर वर्तमान कतरगाम । संघमित्रा द्वारा लंका मे बोधिवृक्ष की एक शाखा (महाबोधि) लाई जाने पर इस ग्राम के क्षत्रिय तथा ब्राह्मण अन्य लोगों के साथ उसे देखने के लिए आए थे । बोधिवृक्ष की उस शाखा के एक अंकुर को इस ग्राम में लगाया गया था ।

काठमंडू (नेपाल)=काष्ठमंडप

नेपाल की राजधानी । यहां के अधिकांश पुराने मंदिर तथा भवन काष्ठद्वारा निर्मित होने के कारण ही यह नगर काठमंडू कहलाया । इसका प्राचीन नाम मंजुपाटन था । काठमंडू के पशुपतिनाथ के मंदिर की दूर-दूर तक ख्याति है । दे० नेपाल ।

काडगू दे० कुर्ग

काज़ीपेट (ज़िला वारंगल, आ० प्र०)

19वीं शती के पूर्वभाग मे एक काज़ी का बनवाया हुआ एक गुंबददार मकबरा यहां स्थित है । पास ही सुंदर चट्टानें हैं जिनमे से एक पर शृंगाकार पर्वतों के ढोंके दिखलाई देते हैं । इन चट्टानों के शिखर पर तीन अतिप्राचीन मंदिर हैं जिन पर प्रारंभिक हिंदू काल की सुंदर नक्काशी के नमूने मिलते हैं । काज़ीपेट से एक मील दक्षिण मुड्डीकोंडा नामक स्थान है जहां एक विशाल चट्टान पर कई प्राचीन मंदिर हैं । द्रविड शैली मे बने हुए शिव और विष्णु के मंदिरों में स्तूपाकार शिखर हैं । पास ही ग्राम मे भी एक सुंदर शिवमंदिर है ।

काठियावाड़ (गुजरात)

प्राचीन किंवदंती है कि इस प्रदेश का नाम कठजाति के यहां निवास करने के कारण ही काठियावाड हुआ था । यह जाति जिससे अलक्षेंद्र (सिकंदर) की पश्चिमी पंजाब पर आक्रमण के समय (326 ई० पू०) मुठभेड हुई थी तथा जिसकी वीरता का गुणगान तत्कालीन ग्रीक लेखकों ने किया था मूलत. पंजाब मे रहती थी । अलक्षेंद्र के आक्रमण के पश्चात् ये लोग काठियावाड प्रदेश में आकर बस गए और तत्पश्चात् घूमते फिरते राजपूताना और मालवा तक जा पहुंचे । कठ लोग-सूर्य के उपासक थे । प्राचीन साहित्य मे काठियावाड के सुराष्ट्र और आनर्त आदि नाम मिलते हैं (कठगणराज्य, सुराष्ट्र, आनर्त) ।

कादंबरी

विविध-तीर्थ-कल्प (जैन ग्रंथ) मे चंपा के निकट एक वन का नाम । इसके निकट कुंड नामक एक विशाल सरोवर और काली नाम की एक पहाड़ी

का भी उल्लेख है। इस स्थान पर चार मास तक प्रथम तीर्थंकर पार्श्वनाथ भ्रमण करते रहे थे। महीधर नामक एक हाथी ने इस वन में पार्श्वनाथ की कमल पुष्पों से पूजा की थी। इसी स्थान पर महाराज करकंडु ने पार्श्वनाथ का एक मंदिर बनवाया था। इस तीर्थ को कार्कालिकुंड तीर्थ भी कहते थे।

कनसोना दे० कर्णसुवर्ण

कानिसपुर दे० कनिष्कपुर

कान्यकुब्ज

(1)=कन्नौज (जिला फरुखाबाद, उ० प्र०)। कान्यकुब्ज की गणना भारत के प्राचीनतम ख्यातिप्राप्त नगरों में की जाती है। वाल्मीकि-रामायण के अनुसार इस नगर का नामकरण कुशनाभ की कुब्जा कन्याओं के नाम पर हुआ था। पुराणों में कथा है कि पुरुरवा के कनिष्ठ पुत्र अमावसु ने कान्यकुब्ज राज्य की स्थापना की थी। कुशनाभ इन्हीं का वंशज था। कान्यकुब्ज का पहला नाम महोदय बताया गया है। महोदय का उल्लेख विष्णुधर्मोत्तर पुराण में भी है, 'पचालाख्योस्ति विषयो मध्यदेशेमहोदयपुर तत्र', 1,20,2–3। महाभारत में कान्यकुब्ज का विश्वामित्र के पिता राजा गाधि की राजधानी के रूप में उल्लेख है (दे० गाधिपुर)। उस समय कान्यकुब्ज की स्थिति दक्षिण-पंचाल में रही होगी किंतु उसका अधिक महत्त्व नहीं था क्योंकि दक्षिण-पंचाल की राजधानी कांपिल्य में थी। दूसरी शती ई० पू० में कान्यकुब्ज का उल्लेख पतंजलि ने महाभाष्य में किया है। प्राचीन ग्रीक लेखकों को भी इस नगर के विषय में जानकारी थी। चंद्रगुप्त और अशोक-मौर्य के शासन काल में यह नगर मौर्य-साम्राज्य का अंग जरूर ही रहा होगा। इसके पश्चात् शुंग और कुषाण और गुप्त नरेशों का क्रमश कान्यकुब्ज पर अधिकार रहा। 140 ई० के लगभग लिखे हुए टॉलमी के भूगोल में कन्नौज को कनगोर या कनोगिजा लिखा गया है। 405 ई० में चीनी यात्री फाह्यान कन्नौज आया था और उसने यहां केवल दो हीनयान विहार और एक स्तूप देखा था जिससे सूचित होता है कि 5वीं शती ई० तक यह नगर अधिक महत्त्वपूर्ण नहीं था। कान्यकुब्ज के विशेष ऐश्वर्य का युग 7वीं शती से प्रारंभ हुआ जब महाराजा हर्ष ने इसे अपनी राजधानी बनाया। इससे पहले यहां मौखरी-वंश की राजधानी थी। इस समय कान्यकुब्ज को कुशस्थल भी कहते थे। हर्षचरित के अनुसार हर्ष के भाई राज्यवर्धन की मृत्यु के पश्चात गुप्त नामक व्यक्ति ने कुशस्थल को छीन लिया था जिसके परिणाम-स्वरूप हर्ष की बहिन राज्यश्री को विंध्याचल की ओर चला जाना पड़ा था। कुशस्थल में राज्यश्री के पति गृहवर्मा मौखरी की राजधानी थी।

चीनी यात्री युवानच्वांग के अनुसार कान्यकुब्ज प्रदेश की परिधि 400 ली या 670 मील थी। वास्तव में हर्षवर्धन (606–647 ई०) के समय में कान्यकुब्ज की अभूतपूर्व उन्नति हुई थी और उस समय शायद यह भारत का सबसे बड़ा एवं समृद्धिशाली नगर था। युवानच्वांग लिखता है कि नगर के पश्चिमोत्तर में अशोक का बनवाया हुआ एक स्तूप था जहां पूर्वकथा के अनुसार गौतम-बुद्ध ने सात दिन ठहरकर प्रवचन किया था। इस विशाल स्तूप के पास ही अन्य छोटे स्तूप भी थे और एक विहार मे बुद्ध का दांत भी सुरक्षित था जिसके दर्शन को सैकड़ो यात्री आते थे। युवानच्वांग ने नगर के दक्षिणपूर्व में अशोक द्वारा निर्मित एक अन्य स्तूप का वर्णन भी किया है जो दो सौ फुट ऊंचा था। किंवदंती है कि गौतम बुद्ध इस स्थान पर छ मास तक ठहरे थे। युवानच्वांग ने कान्यकुब्ज के सौ बौद्धविहारो और दो सौ देव-मंदिरो का उल्लेख किया है। वह लिखता है कि 'नगर लगभग पांच मील लंबा और डेढ़ मील चौड़ा है और चतुर्दिक् से सुरक्षित है। नगर के सौंदर्य और उसकी संपन्नता का अनुमान उसके विशाल प्रासादो, रमणीय उद्यानो, स्वच्छ जल से पूर्ण तड़ागो और सुदूर देशो से प्राप्त वस्तुओ से सजे हुए संग्रहालयो से किया जा सकता है'। उसके निवासियो की भद्र वेशभूषा, उनके सुंदर रेशमी वस्त्र, उनका विद्या प्रेम तथा शास्त्रानुराग और कुलीन तथा धनवान् कुटुंबो की अपार संख्या ये सभी बातें कन्नौज को तत्कालीन नगरो की रानी सिद्ध करने के लिए पर्याप्त थे। युवानच्वांग ने नगर के देवालयों मे महेश्वर शिव और सूर्य के मंदिरो का भी जिक्र किया है। ये दोनो कीमती नीले पत्थर के बने थे और उनमे अनेक सुंदर मूर्तियां उत्खचित थी। युवानच्वांग के अनुसार कन्नौज के देवालय, बौद्धविहारो के समान ही भव्य और विशाल थे। प्रत्येक देवालय में एक सहस्र व्यक्ति पूजा के लिए नियुक्त थे और मंदिर दिन-रात नगाड़ो तथा संगीत के घोष से गूंजते रहते थे। युवानच्वांग ने कान्यकुब्ज के भद्रविहार नामक बौद्ध महाविद्यालय का भी उल्लेख किया है, जहां वह 635 ई० मे तीन मास तक रहा था। यहीं रहकर उसने आर्य वीरसेन से बौद्ध ग्रंथों का अध्ययन किया था।

अपने उत्कर्षकाल मे कान्यकुब्ज-जनपद की सीमाएं कितनी विस्तृत थीं, इसका अनुमान स्कंदपुराण से और प्रबंधचिंतामणि के उस उल्लेख से होता है जिसमे इस प्रदेश के अंतर्गत छत्तीस लाख गांव बताए गए हैं। शायद इसी काल मे कान्यकुब्ज के कुलीन ब्राह्मणो की कई जातियां बंगाल मे जाकर बसी थी। आज के संभ्रांत बंगाली-ब्राह्मण इन्हीं जातियों के वंशज बताए जाते हैं।

हर्ष के पश्चात् कन्नौज का राज्य तत्कालीन अव्यवस्था के कारण छिन्न-

भिन्न हो गया। आठवीं शती में यशोवर्मन् कन्नौज का प्रतापी राजा हुआ। गौडवहो नामक काव्य के अनुसार उसने मगध के गौड राजा को पराजित किया। कल्हण के अनुसार कश्मीर के प्रसिद्ध नरेश ललितादित्य मुक्तापीड ने यशोवर्मन के राज्य का मूलोच्छेद कर दिया ('समूलमुत्पाटयत्') और कान्यकुब्ज को जीतकर उसे ललितपुर (=लाटपौर) के सूर्यमंदिर को अर्पित कर दिया। कल्हण लिखता है कि ललितादित्य का कान्यकुब्ज-प्रदेश पर उसी प्रकार अधिकार था जैसे अपने राजप्रासाद के प्रांगण पर। राजतरंगिणी में, इस समय के कान्यकुब्ज के जनपद का विस्तार यमुनातट में कालिका नदी (=काली नदी) तक कहा गया है। यशोवर्मन् के पश्चात् उसके कई वंशजो के नाम हमे जैन ग्रन्थों तथा अन्य सूत्रों से ज्ञात होते हैं—इनमे वज्रायुध, इंद्रायुध और चक्रायुध नामक राजाओं ने यहां राज्य किया था। वज्रायुध का नाम केवल राजशेखर की कर्पूरमंजरी मे है। जैन हरिवंश के अनुसार 783–784 ई० मे इंद्रायुध कान्यकुब्ज मे राज्य कर रहा था। कल्हण ने कश्मीर नरेश जयापीड विनयादित्य (राज्यकाल, 779–810 ई०) द्वारा कन्नौज पर आक्रमण का उल्लेख किया है। इसके पश्चात् ही राष्ट्रकूटवंशीय ध्रुव ने भी कन्नौज के इस राजा को पराजित किया। इन निरंतर आक्रमणों से कन्नौज का राज्य नष्टभ्रष्ट हो गया। राष्ट्रकूटों की शक्ति क्षीण होने पर राजपूताना-मालवा प्रदेश के प्रतिहार शासक नागभट द्वितीय ने चक्रायुध को हराकर कन्नौज पर अधिकार कर लिया। इस वंश मे मिहिर भोज, महेंद्रपाल और महीपाल प्रसिद्ध राजा हुए। इनके समय मे कन्नौज के फिर एक बार दिन फिरे। प्रतिहारकाल मे कन्नौज हिंदूधर्म का प्रमुख केंद्र था। 8वी शती से 10वीं शती तक हिंदू देवताओं के अनेक कलापूर्ण मंदिर बने जिनके सैकडो अवशेष आज भी कन्नौज के आसपास विद्यमान हैं। इन मंदिरों मे विष्णु, शिव, सूर्य, गणेश, दुर्गा और महिषमर्दिनी की मूर्तियां हैं। कुछ समय पूर्व शिवपार्वती परिणय की एक सुंदर विशाल मूर्ति यहां से प्राप्त हुई थी जो 8वी शती की है। बौद्ध-धर्म का इस समय पूर्णतः ह्रास हो गया था। प्रतिहारवंश की अवनति के साथ ही साथ कन्नौज का गौरव भी लुप्त होने लगा। 10वी शती के अन्त मे राज्यपाल कन्नौज का शासक था। यह भी उस महासंघ का सदस्य था जिसने सम्मिलित रूप से महमूद गजनवी से पेशावर और लमगान के युद्धो में लोहा लिया था। 1018 ई० मे महमूद ने कन्नौज पर ही हमला कर दिया। मुसलमान नगर का वैभव देख कर चकित रह गए। अलउतबी के अनुसार राज्यपाल को किसी पडोसी राज्य से सहायता न प्राप्त हो सकी। उसके पास सेना थोडी ही थी और इसी कारण वह नगर

छोड कर गगा पार बारी की ओर चला गया। मुसलमान सैनिको ने नगर को लूटा, मदिरो को ध्वस्त किया और अनेक निर्दोष लोगो का सहार किया। अलबरूनी लिखता है कि इस आक्रमण के पश्चात् यह विशाल नगर बिलकुल उजड गया। 1019 ई० मे महमूद ने दुबारा कन्नौज पर आक्रमण किया और त्रिलोचनपाल से लडाई ठानी। त्रिलोचनपाल 1027 ई० तक जीवित था। इस वर्ष का उसका एक दानपत्र प्रयाग के निकट झूसी मे पाया गया है। इसके पश्चात् प्रतिहारो का कन्नौज पर शासन समाप्त हो गया। 1085 ई० में फिर एक बार कन्नौज पर चद्रदेव गहडवाल ने सुव्यवस्थित शासन प्रबन्ध स्थापित किया। उसके समय के अभिलेखो मे उसे कुशिक (कन्नौज), काशी, उत्तर-कोसल और इद्रस्थान या इद्रप्रस्थ का शासक कहा गया है। इस वश का सबसे प्रतापी राजा गोविंद चद्र हुआ। उसने मुसलमानों के आक्रमणो को विफल किया जैसा कि उसके प्रशस्तिकारो ने लिखा है—'हम्मीर (=अमीर) न्यस्तवैर मुहुरसमरणक्रीडया यो विधत्ते'। गोविंदचद्र बडा दानी तथा विद्याप्रेमी था। उसकी रानी कुमारदेवी बौद्ध थी और उसने सारनाथ मे धर्मचक्रजिनविहार बनवाया था। गोविंदचद्र का पुत्र विजयचद्र था। उसने भी मुसलमानो के आक्रमण से मध्यदेश की रक्षा की जैसा कि उसकी प्रशस्ति से सूचित होता है—'भुवनदलनहेलाहर्म्यं हम्मीर (=अमीर) नारीनयनजलदधारा धौत भूलोकताप'। विजयचद्र का पुत्र जयचद्र (जयचद) 1170 ई० के लगभग कनौज की गद्दी पर बैठा। पृथ्वीराज रासो के अनुसार उसकी पुत्री सयोगिता का पृथ्वीराज ने हरण किया था। जयचद का मुहम्मद गोरी के साथ 1163 ई० मे, इटावा के निकट घोर युद्ध हुआ जिसके पश्चात् कन्नौज से गहडवाल सत्ता समाप्त हो गई। जयचद्र ने इस युद्ध के पहले कई बार मुहम्मद गोरी को बुरी तरह से हराया था, जैसा कि पुरुषपरीक्षा के, 'वारवार यवनेश्वर पराजयी पलायते' और रभामजरीनाटक के 'निखिल यवन क्षयकर' इत्यादि उल्लेखो से सूचित होता है। यह स्वाभाविक ही है कि मुसलमान इतिहास-लेखको ने गोरी की पराजयो का वर्णन नहीं किया है किंतु उन्होंने जयचद्र की उत्तरभारत के तत्कालीन श्रेष्ठ शासको मे गणना की है (दे० कामिलउत्तवारीख)। गहडवालो की अवनति के पश्चात् कन्नौज पर मुसलमानो का आधिपत्य स्थापित हो गया किंतु इस प्रदेश मे शासको को निरन्तर विद्रोहो का सामना करना पडा। 1540 ई० मे कन्नौज शेरशाह के हाथ मे आया। उस समय यहां का हाकिम बैरक नियाजी था जिसके कठोर शासन के विषय मे प्रसिद्ध था कि उसने लोगो के पास हल के अतिरिक्त लोहे की कोई दूसरी वस्तु न छोडी थी। अकबर के

समय कन्नौज नगर आगरे के सूबे के अंतर्गत था और इसे एक सरकार बना दिया गया था जिसमे 30 महाल थे। जहांगीर के समय में कन्नौज को रहीम खानखाना को जागीर के रूप मे दिया गया था। 18वीं शती मे कन्नौज में बंगश नवाबों का अधिकार रहा किंतु अवध के नवाब और रुहेलो से उनकी सदा लड़ाई होती रही जिसके कारण कन्नौज मे बराबर अव्यवस्था बनी रही। 1775 ई० मे यह प्रदेश ईस्टइंडिया कंपनी के अधिकार में चला गया। 1857 ई० के स्वतन्त्रता युद्ध मे बंगश-नवाब तफ़ज्जुल हुसैन ने यहां स्वतंत्रता की घोषणा की किंतु शीघ्र ही अंग्रेजों का यहां पुनः अधिकार हो गया। इस समय कन्नौज अपने आंचल मे सैकड़ों वर्षों का इतिहास समेटे हुए और कई बार उत्तरी भारत के विशाल राज्यों की राजधानी बनने की गौरवपूर्ण स्मृतियों को अपने अंतस् मे संजोए एक छोटा-सा क़स्बा मात्र है। कन्नौज के निम्न नाम प्राचीन साहित्य में उपलब्ध हैं—कन्यापुर (वराहपुराण), महोदय, कुशिक, कोश, गाधिपुर, कुसुमपुर (युवानच्वांग), कण्णकुज्ज (पाली) आदि।

(2) कान्यकुब्ज नदी का उल्लेख मल्लिनाथ ने रघुवंश 6,59 में उल्लिखित 'उरगाख्यपुर' की टीका करते हुए कहा है—'उरगाख्यपुरस्य पाड्य देशे कान्यकुब्जतीरवर्ति नागपुरस्य'। मल्लिनाथ के नागपुर का अभिज्ञान नेगापटम (आ० प्र०) से किया गया है।

कापरडा (मारवाड, राजस्थान)

17वीं शती के एक सुंदर एवं भव्य जैन मंदिर के लिए उल्लेखनीय है।

काफिरिस्तान=प्राचीन कपिश।

काबुल दे० कुभा।

काम दे० काम्यकवन।

कामकोष्णपुरी

पुराणो मे प्रसिद्ध कामकोष्णपुरी वर्तमान कुंभकोणम् (मद्रास) है। यह नगरी कावेरी के तट पर बसी हुई है और कुंभेश्वर, शार्ङ्गपाणि और रामास्वामी के मंदिर, जिनमे श्रीराम की विविध लीलाएं भित्तिचित्रों मे आलेखित हैं, के लिए प्रख्यात है। दे० कुंभकोणम्।

कामगिरि

श्रीमद्भागवत 5,19,16 मे पर्वतो की सूची में कामगिरि का उल्लेख है—'ककुभो नीलो गोकामुख इन्द्रकील. कामगिरि:··' संभवत. कामगिरि, चित्रकूट (जिला बांदा उ० प्र०) मे स्थित कामदगिरि (कामता) है।

कामठा (जिला भंडारा, म० प्र०)

गोंदिया-बालाघाट मार्ग पर स्थित चंगेरी टीले के निकट है। 300 वर्ष प्राचीन शिवमंदिर जो तांत्रिक शैली से प्रभावित है यहां का उल्लेखनीय स्मारक है। अनेक प्राचीन मूर्तियां भी यहां से प्राप्त हुई हैं।

कामदगिरि

चित्रकूट (जिला बांदा, उ० प्र०) का मुख्य पर्वत।

कामन (जिला भरतपुर, राजस्थान)

इस स्थान से खंडित पाषाण पर उत्कीर्ण, विष्णु के विविध अवतारों की कई गुप्तकालीन मूर्तियां प्राप्त हुई है। यह पाषाण किसी मंदिर का भग्नांश जान पड़ता है। कामन मे प्राचीन शिवमूर्तिया भी मिली हैं जिनमे एक चतुर्मुखी लिंगप्रतिमा भी है। इसके चार मुख विष्णु, ब्रह्मा, शिव और सूर्य के परिचायक हैं। एक पाषाण-फलक पर शिवपार्वती के परिणय का सुन्दर चित्र मूर्तिकारी मे अंकित है। ये सब कलावशेष अब अजमेर संग्रहालय मे है।

कामनूर (जिला उदयपुर, राजस्थान)

महाराणा प्रताप तथा अकबर की सेनाओ के बीच हल्दीघाटी की विकराल लड़ाई 1576 ई० मे इसी ग्राम के मैदान मे हुई थी (दे० हल्दीघाटी)।

कामपुरी

आंध्र का प्राचीन नगर कल्याण जिसकी चोलनरेश कामराज ने संस्थापना की थी।

कामरूप

प्राचीन असम का नाम विष्णु० 2, 3, 15 मे कामरूप निवासियों को पूर्वदेशीय बताया है—'पूर्वदेशादिकाश्चैव कामरूप निवासिन.'। कालिकापुराण मे लौहित्या ब्रह्मपुत्र को कामरूप मे प्रवाहित होने वाली नदी बताया गया है—'स कामरूपमखिल पीठमाप्लाव्य वारिणा, गोपयन् सर्वतीर्थाणि दक्षिण याति सागरम्'। कालिदास ने रघुवंश 4, 83-84 मे रघु द्वारा कामरूपनरेश की पराजय का वर्णन किया है—'तमीश. कामरूपाणामत्याखडलविक्रमम्, भेजे *भिन्न कटैर्नागैरन्यानुपरुरोध यैः। कामरूपेश्वरस्तस्य हेमपीठाधिदेवताम् रत्न-* पुष्पोपहारेणछायामानर्च पादयोः'।

कामलंका=कर्मरंग

कामवन (जिला भरतपुर, राजस्थान)

यह स्थान जिसे जनश्रुति मे प्राचीन काम्यकवन बताया जाता है, अब एक छोटा सा कस्बा है। यहां से प्राप्त प्राचीन अवशेषो के आधार पर कामवन

अवश्य ही बहुत पुराना स्थान जान पड़ता है। कहा जाता है कि 12वी शती मे रचित वराहपुराण मे इस वन का तीर्थरूप मे वर्णन है—'चतुर्थंकाम्यकवन वनाना वनमुत्तमम्, तत्रगत्वा नरोदेवि ममलोके महीयते' (मथुराखड, 2)। यहा इस वन की मथुरा के परिवर्ती वनो मे गणना की गई है। कामवन को वैष्णव सप्रदाय मे आदि वृन्दावन भी कहा जाता है। वृन्दादेवी का मदिर यहा आज भी है। कामवन से छ मील दूर घाटा नामक स्थान से एक शिलालेख प्राप्त हुआ था जिससे सूचित होता है कि 905 ई० मे गुर्जर प्रतिहार वश के शासक राजा भोजदेव ने कामेश्वर-महादेव के मदिर के लिए भूमि दान की थी। इससे इस स्थान का नाम कामेश्वर-शिव के नाम पर ही पडा मालूम होता है। चौरासी-खभा नामक स्थान से भी, जो कामवन के निकट ही है, 9वी शती ई० का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है जिसमे गुर्जर प्रतिहार वश के राजाओ का उल्लेख है। इस वश की रानी बच्छालिका ने यहा विशाल विष्णुमदिर बनवाया था जिसे बाद मे आक्रमणकारी मुसलमानो ने मसजिद के रूप मे परिवर्तित कर दिया था। इस मदिर को अब चौरासी खभा कहा जाता है। इसके खभो मे रूपवास और फतहपुर-सीकरी का पत्थर लगा हुआ है। प्राचीन समय मे इन स्तभो की सख्या बहुत अधिक थी और इन पर गणेश, काली, विष्णु आदि की मनोहर मूर्तिया अकित थी जिन्हें मुसलमानों ने नष्ट कर दिया। स्थानीय जन श्रुति के अनुसार इस मदिर को जिसमे अनगिनत स्तभ थे, विश्वकर्मा ने एक ही रात मे बनाया था। 1882 ई० मे सर एलेग्जेंडर नाम के एक पर्यटक ने इस मदिर के 200 स्तभो को देखा था। 13 वी शती मे दिल्ली के सुलतान इल्तुतमिश ने इस मदिर पर आक्रमण करके नष्ट कर दिया था जैसा कि प्रवेशद्वार पर अकित फारसी अभिलेख से सूचित होता है—'दिनुससुलतान उल आलम उल आदिल उल आजमुल मुल्क अबुल मुजफ्फर इल्तीतमिश उससुलतान' ने इसके पश्चात् 1353 ई० मे धर्मांध फीरोज तुगलक ने कामवन पर आक्रमण किया और नगर के विनाश और कत्लेआम के साथ मदिर का भी विध्वस कर दिया। उसने प्रवेशद्वार के एक स्तभ पर अपना नाम खुदवा कर पश्चिम की ओर विष्णु प्रतिमा के स्थान पर सात फुट ऊचा और चार फुट चौडा एव मेहराबदार दरवाजा बनवा कर उसकी मेहराब पर कुरान की आयतें खुदवाईं। पास ही नमाज का चबूतरा बनवाया जो आज भी है। इस समय चौरासी खभो के बीच के चौक की लबाई 52 फुट 8 इच और चौडाई 49 फुट 9 इच है। मदिर के चारो ओर विस्तीर्ण खडहर पडे हुए हैं। यहा की कुछ मूर्तिया मथुरा के सग्रहालय मे सुरक्षित हैं।

कामाक्षा = कामाख्या

गोहाटी (असम) के निकट पर्वत पर कामाक्षा देवी का मंदिर है। मूर्ति अष्टधातु से निर्मित है। यह स्थान सिद्ध-पीठों मे है। वर्तमान मंदिर कूचविहार के राजा विश्वसिंह ने बनवाया था। प्राचीन मंदिर 1564 मे बगाल के कुख्यात विध्वसक कालापहाड ने तोड डाला था। पहले इस मंदिर का नाम आनंदाख्य था। अब वह यहां से कुछ दूर पर स्थित है।

कामातिपुर

अकबर के दरबार के प्रसिद्ध विद्वान अबुलफजल ने आईने अकबरी मे कामातिपुर को तत्कालीन असम के सूबे की राजधानी लिखा है। जान पडता है कि कामातिपुर असम के प्राचीन संस्कृत नाम कामरूप का ही अपभ्रंश है।

कामारपुकुर (जिला हुगली, बंगाल)

स्वामी रामकृष्ण परमहंस का जन्म स्थान। इसी ग्राम मे 18 फर्वरी 1836 ई० मे गदाधर का जन्म हुआ था जो पीछे रामकृष्ण परमहंस के नाम से विख्यात हुए।

काम्यकवन

महाभारत मे वर्णित एक वन जहा पांडवो ने अपने वनवासकाल का कुछ समय बिताया था। यह सरस्वती नदी के तट पर स्थित था— 'स व्यासवाक्य-मुदितो वनाद्द्वैतवनात् ततः ययौसरस्वतीकूले काम्यकनाम काननम्'। काम्य-कवन का अभिज्ञान कामवन (जिला भरतपुर, राजस्थान) से किया गया है। एक अन्य जनश्रुति के आधार पर काम्यकवन कुरक्षेत्र के निकट स्थित सप्तवनो मे था और इसका अभिज्ञान कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर से तीन मील दूर पहेवा के मार्ग पर स्थित कमोधा स्थान से किया गया है। महाभारत वन० 1 के अनुसार द्यूत मे पराजित होकर पांडव जिस समय हस्तिनापुर से चले थे तो उनके पीछे नगरनिवासी भी कुछ दूर तक गए थे। उनको लौटा कर पहली रात उन्होने प्रमाणकोटि नामक स्थान पर व्यतीत की थी। दूसरे दिन वह विप्रो के साथ काम्यकवन की ओर चले गए, 'ततः सरस्वतीकूले समेषु मरुधन्वसु, काम्यकनाम ददृशुर्वनंमुनिजनप्रियम्' वन० 5. 30। यहां इस वन को मरुभूमि के निकट बताया गया है। यह मरुभूमि राजस्थान का मरुस्थल जान पडता है जहा पहुच कर सरस्वती लुप्त हो जाती थी (दे० विनशन)। इसी वन मे भीम ने किर्मीर नामक राक्षस का वध किया था (वन 11)। इसी वन मे मैत्रेय की पांडवो से भेंट हुई थी जिसका वर्णन उन्होने धृतराष्ट्र को सुनाया था—'तीर्थयात्रा-मनुक्रामन् प्राप्तोऽस्मि कुरुजांगलान् यदृच्छया धर्मराजं दृष्टवान् काम्यके वने'—

वन० 10, 11'। काम्यकवन से पाडव द्वैतवन गए थे (वन० 28)।

काम्यकसर

महाभारत, सभा० 52, 20 मे उल्लिखित सरोवर जो शायद उड़ीसा की चिलका-झील है—'शैलमान् नित्य मत्ताश्चाप्यभितः काम्यक सरः'। इसमें इस प्रदेश के हाथियों का वर्णन है।

कायमगंज (जिला फर्रुखाबाद, उ० प्र०)

मुगल-सम्राट् फर्रुखसियर ने कन्नौज का प्रदेश मुहम्मदशाह बंगश को जागीर मे दिया था। 1720 ई० मे उसके पुत्र कायमखां को उसका उत्तराधिकार प्राप्त हुआ। उसी ने अपने नाम पर इस नगर को बसाया था।

कायल (जिला तिन्नेवली, केरल)

ताम्रपर्णीनदी के तट पर स्थित है। यह प्राचीन समय मे दक्षिण-भारत का प्रसिद्ध बदरगाह था जिसका यूरोपीय देशो से अच्छा व्यापार था। 13वीं शती के अंतिम चरण मे मार्कोपोलो (इटली का पर्यटक) यहा आया था और वह इस स्थान के निवासियो की समृद्धि देखकर चकित रह गया था। कालांतर में धीरे धीरे नदी के प्रवाह के साथ आने वाली मिट्टी से यह बदरगाह अट गया और बेकार हो गया अत. पुर्तगालियो ने अपनी व्यापारिक कोठिया कायल को छोड़कर तूनीकोरन मे बनाईं। कायल को आजकल पुराना कायल कहते हैं। यहा अब केवल थोड़े-से मछियारो की झोपड़िया हैं।

कायु

महाभारत सभा० 2 में इस देश के निवासियो को कायव्य कहा गया है। इसका अभिज्ञान सँवर दर्रे के प्रदेश के साथ किया गया है (दे० उपायन पर्व, ए स्टडी, डा० मोतीचद्र)।

कारंजा (जिला अकोला, महाराष्ट्र)

श्वेतांबर जैन तीर्थमालाओ मे इस नगर का उल्लेख है—'एलजपुरिकारंजा नयरधनवन्त लोक वसितिहो समरजिनमदिर ज्योति जागता देव दिगम्बर करी राजता'—प्राचीन तीर्थ माला सग्रह, भाग 1, पृ० 114। यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि कारंजा, करंज का ही रूपांतर है।

कारंधम

'तानि सर्वाणि तीर्थानि ततः प्रभृति चैवह, नारी तीर्थानि नाम्नेह ख्याति यास्यन्ति सर्वशः' महा० आदि० 216, 11। उपर्युक्त श्लोक मे जिन तीर्थों का निर्देश है वे ये हैं—अगस्त्य, सौभद्र, पौलोम, कारंधम और भारद्वाज (महा० आदि० 216, 3-4)। ये पांचों तीर्थ दक्षिण समुद्र के तट पर स्थित थे—'दक्षिणे

सागरानूपे पंचतीर्थानि सन्ति वै, पुण्यानि रमणीयानि तानि गच्छत माचिरम्' (आदि० 216-17)। अर्जुन ने इन तीर्थों की यात्रा की थी।

कारकल (मैसूर)

मूडबद्री से दस मील दूर यह जैनों का तीर्थ है। चौरासा पर्वत पर ऋषभ तथा अन्य तीर्थंकरों का मंदिर है जिसमें दस हाथ ऊंची प्रतिमाएं हैं। दक्षिण की ओर पहाड़ पर बाहुबली की मूर्ति है जो बयालीस फुट ऊंची है। इस मूर्ति का निर्माण 1432 ई० में कारकल के महाराज वीर पांड्य ने करवाया था। यह मूर्ति पहाड़ी पर कहीं और से लाकर प्रतिष्ठापित की गई थी। कन्नडकाव्य 'कारकल गोम्मटेश्वर चरित्र' में वर्णन है कि इस मूर्ति को लाने के लिए 20 पहियों की गाड़ी बनवाई गई थी और इसे पहाड़ी पर पहुंचाने में एक मास लगा था। दे० कारस्कर।

कारपवन

'संप्राप्त कारपवनं प्रवरं तीर्थमुत्तमम्, हलायुधस्तत्रचापि दत्त्वा दानं महाबल'—महा० शल्य० 54, 12। यह स्थान सरस्वतीनदी के तटवर्ती तीर्थों में था। इसकी यात्रा बलराम ने सरस्वती के अन्य तीर्थों के साथ की थी। प्रसंग से जान पड़ता है कि यह स्थान कुरुक्षेत्र से उत्तर की ओर प्लक्षप्रस्रवण या सरस्वती के उद्गम के निकट पर्वताचल में रहा होगा।

कारस्कर

कारस्करों का वर्णन महाभारत कर्ण० 44, 43 में इस प्रकार है—'कारस्करान्माहिष्कान् कुरण्डान् केरलांस्तथा, कर्कोटकान् वीरकांश्च दुर्धर्मांश्च विवर्जयेत्'। यहां कारस्कर निवासियों का नामोल्लेख विंध्य तथा दक्षिणभारत की—महाभारत कालीन कई अनार्य जातियों के साथ किया गया है। श्री न० ला० डे के मत में दक्षिण कनारा का कारकल ही कारस्कर है (दे० कारकल)। महाभारत के समय कारस्करों को अनार्य आचरण वाली जातियों में अंतर्गत गिना जाता रहा होगा। बौधायन स्मृति 1, 1, 2 और मत्स्यपुराण 113 में भी कारस्करों का उल्लेख है।

काराद्वीप

आर्यशूर की जातकमाला के अगस्त्य जातक में काराद्वीप का उल्लेख है। इस द्वीप की स्थिति दक्षिण समुद्र में बताई गई है—'दक्षिणसमुद्रमध्यावगाढमिन्द्रनीलवर्णैरनिलबलाकलितैर्हर्मिमालाविलासैराच्छुरितपर्यंतं सितसिकतास्तीर्णभूमिभागं पुष्पफलपल्लवालंकृत विटपैर्नानातरुभिरुपशोभितं विमलसलिलाशय प्रतीरं काराद्वीपं मध्यासनादाश्रम पदश्रियामयोजयामास'। काराद्वीप का अभिज्ञान

संदेहास्पद है। संभव है यह धारापुरी या वर्तमान एलिफेंटा द्वीप हो। धारापुरी नाम प्राचीन है और यह अनुमेय है कि कालांतर में मूलशब्द 'कारा' का रूपांतर 'धारा' हो गया हो। पर एलिफेंटा दक्षिण समुद्र में न होकर पश्चिम समुद्र में स्थित है किंतु प्राचीनकाल में उत्तर भारतीयों की दृष्टि में दक्षिण और पश्चिम समुद्र में अधिक भेद संभाव्य नहीं जान पड़ता (दे० एलिफेंटा।)

कारापथ

'अंगदं चन्द्रकेतुं च लक्ष्मणोऽप्यात्मसम्भवौ, शासनाद्रघुनाथस्य चक्रे कारापथेश्वरौ' रघु० 15,90 अर्थात् रामचंद्र जी के आदेश से लक्ष्मण ने अपने (अंगद और चंद्रकेतु नाम के) पुत्रों को कारापथ का अधीश्वर बना दिया। वाल्मीकि, उत्तर० 102, 5 के अनुसार लक्ष्मण के पुत्र अंगद को श्रीराम ने कारुपथ नामक देश का राजा बनाया था। इस प्रकार कारुपथ और कारापथ एक ही जान पड़ते हैं। वाल्मीकि० उत्तर 102,8 में कारुपथ की राजधानी अंगदीया कही गई है जो पश्चिम की ओर रही होगी क्योंकि अंगद को पश्चिम की ओर भेजा गया था, 'अंगदं पश्चिमां भूमिं चन्द्रकेतुमुदङ्मुखम्' उत्तर० 102,11। श्री न० ला० डे के अनुसार सिंध-नदी के पश्चिमी तट पर (जिला बन्नू, पाकि०) स्थित कारावाग ही कारापथ है। मुगलकालीन पर्यटक टेवर्नियर ने इसे कारावद कहा है।

कारावाग्र दे० कारापथ

काराष्ट्र (महाराष्ट्र)

कोल्हापुर जनपद का प्राचीन पौराणिक नाम। यह सह्याद्रि के अंचल में बसा है 'योजनं दश हे पुत्र काराष्ट्रो देश दुर्भर' स्कंदपुराण, सह्याद्रिखंड 2,24। इसके अंतर्गत करवीर क्षेत्र की स्थिति मानी गई है-'तन्मध्ये पंच क्रोशंच काश्याद्यादधिकं भुवि क्षेत्रं वै करवीराख्यं क्षेत्रं लक्ष्मी विनिर्मितम्' (सह्याद्रि०, उत्तरार्ध 2,24-25।) काराष्ट्र का विस्तार दस योजन और करवीर का पांच योजन कहा गया है।

कारीतलाई (जिला जबलपुर, म० प्र०)

कटनी के निकटवर्ती इस स्थान से महाराज जयनाथ का एक गुप्तकालीन ताम्रदानपट्ट प्राप्त हुआ था जिसमें उनके द्वारा छदोपल्लिक नामक ग्राम का कुछ ब्राह्मणों को दान में दिए जाने का उल्लेख है। यह दानपट्ट उच्छकल्प से प्रचलित किया गया था। 1879 ई० में जनरल कनिंघम ने इस स्थान के प्राचीन अवशेषों का उल्लेख किया था। उन्होंने यहां श्वेत पत्थर की नृसिंह भगवान् की एक विशालकाय मूर्ति देखी थी जिसका अब पता नहीं है। यहां से प्राप्त मूर्तियों में दशावतार, सूर्य, महावीर, गणेश तथा कुछ जैन संप्रदाय की मूर्तियां

हैं जो अधिकाश मे कलचुरिकालीन हैं।

कारुद्वीप

दीपवश (पृ० 16) मे वर्णित प्रदेश जो सभवतः उत्तरकुरु का नाम है।

कारुपथ

वाल्मीकि० उत्तर० 102,5 के अनुसार लक्ष्मण के पुत्र अगद को रामचंद्र जी ने कारुपथ नामक देश का राजा बनाया था 'अगदकारुपथो देशो रमणीयो निरामय.'। इस देश की राजधानी वाल्मीकि० उत्तर० 102,8 मे अगदीया बताई गई है—'अगदीया पुरी रम्याप्यगदस्य निवेशिता, रमणीया सुगुप्ता च रामेणाक्लिष्टकर्मणा'। यह देश कोसल के पश्चिम मे था क्योकि रामचद्र जी ने अगद को पश्चिम की ओर भेजा था—'अगद पश्चिमा भूमि चन्द्रकेतुमुदङ्मुखम्' उत्तर० 102,11 (दे० अगदीया)। कालिदास ने कारुपथ को कारापथ लिखा है। आनदराम बरुआ के मत मे अगदीया वर्तमान शाहाबाद है। श्री न० ला० डे० के अनुसार कारुपथ या कारापथ वर्तमान काराबाग (जिला बन्नू, पाकि०) है। दे० कारापथ।

कारुष

(1)=करूष।

(2) बक्सर (बिहार) का परिवर्ती क्षेत्र—वर्तमान जिला शाहाबाद—जहा विश्वामित्र का सिद्धाश्रम या चरित्रवन स्थित था। 'मलदाश्च करूषाश्च ताटका दुष्टचारिणी, सेय पथानमावृत्यवसत्यर्धयोजने' वाल्मीकि० बाल 24, 29। महाभारत के अनुसार कारूष के मिथ्या-वासुदेव पौंड्रक को श्रीकृष्ण ने मारा था। यह कारूष, करूष (1) भी हो सकता है। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार करूष वैवस्वत मनु का एक पुत्र था जिसने सर्वप्रथम बिहार के इस क्षेत्र पर राज्य किया था।

कार्पासिक

'शत दासी सहस्राणा कार्पासिक निवासिनाम्' महा० सभा० 51,8। कार्पासिकदेश की दासियाँ जिन की सख्या एक लाख बताई गई है, युधिष्ठिर के राजसूययज्ञ मे सेवा के लिए भेजी गई थी। इस उल्लेख से ठीक पूर्व दक्षिणात्य पाठ मे वसा, त्रिगर्त और मालवा आदि पजाब के जनपदो का उल्लेख है। प्रसगानुसार कार्पासिक भी सभवत पजाब (पहाडी प्रदेश) का कोई भूभाग जान पड़ता है। कुछ विद्वानो के अनुसार कार्पासिक मध्य एशिया का पारापथ है किंतु यह अभिज्ञान नितात सदिग्ध है क्योकि महाभारत मे इस स्थान पर पश्चिमी व उत्तरी भारत के ही तत्कालीन जनपदो का उल्लेख है।

कार्ली (महाराष्ट्र)

पूना के समीप लानवी स्टेशन से छ मील दूर। यहां पहाड में कटी हुई गुफा के भीतर शती ई० पू० में बनी हुई भारत प्रसिद्ध बौद्ध चैत्यशाला स्थित है जो बौद्ध चैत्यो मे सर्वाधिक विशाल तथा भव्य है। इस शैलकृत्त गुफा के स्तभ धरातल पर पूर्णरूपेण लब हैं और इस विशेषता में ये अन्य गुफा-स्तभो से श्रेष्ठ समझे जाते हैं। फ़र्ग्युसन के मत मे चैत्य निर्माण कला की दृष्टि से कार्ली का चैत्य सभी चैत्यों से अधिक सुदर है। भीतरी शाला की लबाई *124 फुट 3 इच, चौडाई 45 फुट 6 इच और ऊचाई 45 फुट है।* लबाई, चौडाई और ऊचाई का यही परिमाण पाच सौ वर्षों के पश्चात् बनने वाले ईसाई गिरजाघरों मे भी दिखाई पडता है (दे० याकूबहसन—'टेम्पल्स चर्चेज, एड मॉस्क्स, पृ० 48) चैत्यशाला की भीतरी बनावट का विन्यास इस प्रकार है—एक मध्यवर्ती शाला जिसके दोनो ओर पार्श्ववीथिया हैं, इनके अत मे एक अर्धगुबद-सा बनता है जिसके चारों ओर वीथि घूम जाती है। मध्यवर्ती शाला से वीथिया पद्रह स्तभो द्वारा अलग की हुई हैं। प्रत्येक स्तभ का आधार काफी ऊचा है और स्तभ का दड आठकोना है और शीर्ष मूर्तिकारी से समलकृत है। शीर्ष के पीछे के भाग में दो अवनत हाथी हैं जिनमे से प्रत्येक पर एक पुरुष और स्त्री की मूर्ति है। पीछे अश्व और व्याघ्र की मूर्तिया अकित हैं। इनमे से प्रत्येक पर केवल एक ही व्यक्ति आसीन है। अर्धगुबद के ठीक नीचे स्तूप अथवा धातुगर्भ स्थित है। यह एक वर्तुल भेरी के आकार की सरचना के ऊपर बना है जिसमे दो तल हैं। इनके ऊपरी किनारों पर जगले के आकार की आलकारिक रचना अकित है। इस भेरी के ऊपर एक शीर्ष को आच्छादित करता हुआ एक काष्ठ-छत्र है। चैत्य के बाहरी भाग मे मध्यवर्ती शाला तथा वीथियो के लिए तीन दरवाजे हैं। इन दरवाजों के ऊपर अश्वनालाकार एक विशाल खिडकी है जिससे प्रकाश अदर प्रविष्ट होता है। गुफा के बाहर एक सुदर प्रस्तर स्तभ है। इस गुफा मे कई अभिलेख अकित हैं जिनसे ज्ञात होता है कि दूसरी शती ई० पू० के लगभग वशवदत्त ने इस गुहामदिर को बनवाया था तथा अजामित्र ने गुफा के बाहर के स्तभ की स्थापना की थी। यह गुफा महाराष्ट्र मे आध्र नरेशों के शासन-काल मे बनी थी। *गुफा पहाड के बीच में सडक से लगभग दो फर्लांग ऊचे स्थान पर बनी है। चैत्य के पार्श्व में कई छोटे-छोटे विहार भी* हैं। चैत्य के बाहर उन राजाओ तथा रानियो की मूर्तिया भी निर्मित हैं जिनके समय मे यह बना था। चैत्य की छत मे पहले काठ की एक बडी शहतीर लगी थी जो अब नष्ट हो गई है। कार्ली का एक प्राचीन नाम विहार-गाव भी है।

कालंज

विष्णुपुराण 2, 2, 29 के अनुसार भारत के उत्तर में, स्थित एक पर्वत है —'कालंजाद्यास्चतथा उत्तरेकेसराचलाः।

कालजर=कालिंजर।

कालकवन

राजमहल (बिहार) की पहाड़ियां—दे० पातंजलमहाभाष्य 2, 4, 10; बौधायन 1, 1, 2।

कालकाराम

साकेत में स्थित बौद्धविहार जिसका निर्माण गौतम बुद्ध के समकालीन कालक नामक व्यापारी ने करवाया था।

कालकूट

'कुरुभ्यः प्रस्थितास्ते तु मध्येन कुरुजांगलम् रम्य पद्मसरो गत्वा कालकूट-मतीत्य च। गंडकी च महाशोणां सदानीरां तथैव च, एकपर्वतके नद्यः क्रमेणैत्या व्रजन्त ते।' महा० सभा० 20, 26–27। यह उल्लेख श्रीकृष्ण, अर्जुन और भीम की इंद्रप्रस्थ से (जरासंध के वध के प्रयोजन से की गई) मगध तक की यात्रा के प्रसंग में है। कालकूट का उल्लेख कुरुप्रदेश के पश्चात् और बिहार की गंडकी नदी के पूर्व है जिससे इसकी स्थिति उत्तरप्रदेश के दक्षिण-पूर्वी भाग में जान पड़ती है। शायद यह कालिंजर की पहाड़ी ही का नाम है। वैसे अनुशासनपर्व में भी कालंजरगिरि का उल्लेख है। कालकूट का उद्योग० 29, 30 में भी ज़िक्र है, 'अहिच्छत्र कालकूट गंगाकूल च भारत'। इस स्थान पर दुर्योधन की सहायता के लिए आई हुई सेनाओं से परिवृत स्थानों में गणना की गई है जिस के अनुसार कालकूट की स्थिति कुरुप्रदेश से अधिक दूर न होनी चाहिए। कुछ विद्वानों के मत में कालकूट वर्तमान हिमाचल-प्रदेश में स्थित था और इसकी गणना पंजाब या हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाके के सात गणराज्यों (सप्त-द्वीप) या सप्तकगण में थी जिन्हें अर्जुन ने महाभारत के युद्ध में हराया था। किंतु महाभारत के उपर्युक्त (सभा० 20, 26-27) उल्लेख से यह अभिज्ञान संदिग्ध जान पड़ता है। आदिपर्व 118-48 में कालकूट को चैत्ररथ के निकट और गंधमादन के दक्षिण में बताया गया है—'स चैत्ररथमासाद्य कालकूट-मतीत्यच हिमवन्तमतिक्रम्य प्रययौ गंधमादनम्'। गंधमादन, बद्रीनाथ के उत्तर की ओर है। कालकूट का पाठांतर तालकूट भी है।

सभा० 264 में कालकूटों का आनर्त और कुलिंदों के साथ भी उल्लेख है—'आनर्तान्कालकूटांश्च कुलिंदाश्च विजित्य सः'।

कालकोटि (पाठांतर बालकोटि)

इस तीर्थ का उल्लेख महाभारत वन० *95, 3* में है—'कन्यातीर्थेऽश्वतीर्थे च गवां तीर्थे च भारत,कालकोट्यां वृषप्रस्थे गिरावुष्य च पांडवा.'। यहां कालकोटि का वर्णन कान्यकुब्ज, अश्वतीर्थ तथा गोतीर्थ के निकट किया गया है। अतः ऐसा जान पड़ता है कि संभवतः कालंजर को ही यहां कालकोटि कहा गया है।

कालकोश

विष्णुपुराण 4, 24, 66 के अनुसार कालकोश जनपद में संभवत. गुप्त-काल के पूर्व मणिधान्यकों का राज्य था, 'नैषध नैमिषक कालकोशकाज जान-पदान् *मणिधान्यकवंशा भोक्ष्यन्ति*'। *निषध (पूर्व मध्यप्रदेश) तथा निमिषारण्य* (मध्य उत्तरप्रदेश) के साथ उल्लेख होने से कालकोश की स्थिति उत्तरप्रदेश के दक्षिणी या मध्यप्रदेश के पूर्वोत्तर भाग में अनुमेय है।

कालचंपा

जातककथाओं में चंपानगरी का नाम कालचंपा भी है। दे० चंपा।

कालडि (केरल)

दक्षिण के प्रसिद्ध दार्शनिक आदि शंकराचार्य की जन्मभूमि। शंकर का *जन्म आठवीं या नवीं शती ई० में हुआ था।*

कालपी (जिला जालौन, उ० प्र०)

यमुना तट पर बसी अतिप्राचीन नगरी है। जनश्रुति में कल्प या कालप नामक ऋषि के नाम का संबंध कालपी से जोड़ा जाता है। महर्षि व्यास का भी यहां एक आश्रम था, ऐसी भी स्थानीय किंवदंती है। इसके प्रमाणस्वरूप नगरी के सन्निकट यमुना के तट पर व्यासटीला या व्यासक्षेत्र नामक स्थान का निर्देश किया जाता है। अकबर का समकालीन इतिहासलेखक फरिश्ता लिखता है कि कालपी का संस्थापक कन्नौजाधिप वासुदेव था किंतु इसका अभिज्ञान अनिश्चित है। कालपी का मुख्य इतिहास चंदेलकालीन है। इससे *पहले का वृतांत प्रायः अज्ञात ही है। 10वीं शती के मध्य में कालपी में चंदेलों* ने अपना राज्य स्थापित किया था। उसी समय यहां एक किला बनवाया गया था। चंदेलनरेश मदनवर्मा और परमर्दिदेव (परमाल, पृथ्वीराज चौहान का समकालीन) के समय में कालपी बहुत समृद्धिशाली नगरी थी और चंदेलों के आठ प्रमुख नगरों में इसकी गिनती थी। राज्य का एक मुख्य राजपथ कालपी होकर जाता था। उस समय से मुगलकाल के अंत तक कालपी एक व्यस्त व्यापारिक स्थान के रूप में प्रसिद्ध रही। यहां का व्यापार मुख्यतः यमुना द्वारा होता था। कालपी की प्राचीन इमारतों में उपर्युक्त दुर्ग के अतिरिक्त बीरबल

का रंगमहल, प्रभावतीमडी, मुगलो का टकसाल, चौरासी मदिर और गोपाल मदिर हैं। दुर्ग के खंडहर यमुनातट पर स्थित है। प्रथम स्वतत्रता सग्राम (1857 ई०) के समय के प्रसिद्ध नेता तांतिया टोपे व वीरांगना लक्ष्मीबाई इस किले मे कुछ समय तक रहे थे, झांसी पर अग्रेजों का अधिकार हो जाने के पश्चात् रानी लक्ष्मीबाई घोड़े पर बिना रुके यात्रा करके यहां पहुची थीं।

अकबर के दरबार के रत्न प्रसिद्ध राजा बीरबल जिनका वास्तविक नाम महेशदास था कालपी के ही रहने वाले थे।

कालमत्तिय

घटजातक (स० 454) मे वर्णित एक वन। जहां वासुदेव कृष्ण ने कंस के कई राक्षसो का वध किया था। यह वन मथुरा के प्रदेश मे स्थित रहा होगा।

कालमही

'महीकालमही चापि शैलकानन सेविताम्, ब्रह्ममालान्विदेहांश्च मालवान्काशिकोसलान्'—वाल्मीकि० किष्किधा० 40, 22। सुग्रीव ने वानरो की सेना को सीता की खोज मे पूर्व-दिशा की ओर भेजते हुए यहां के स्थानों के वर्णन के प्रसग मे मही और कालमही का उल्लेख किया है। मही बिहार की गडक नदी का एक नाम है। कालमही इसी की कोई उपशाखा या निकटवर्ती कोई नदी हो सकती है। इसके साथ विदेह का उल्लेख होने से भी इस अनुमान की पुष्टि होती है।

कालशिला

राजगृह मे गृध्रकूट के निकट एक श्याम शिला जहां जैनश्रमणो ने कठोर तपस्या की थी (मज्झिमनिकाय 1, 92)। जैन ग्रथ उवासगदसाओ मे इसे गुण-सिलचैत्य कहा गया है।

कालशैल

'एतद्रक्षसि देवनामाक्रीडं चरणांकितम्, अतिक्रान्तोऽसि कौन्तेय कालशैलं च पर्वतम्'—महा० वन० 139, 4। इस पर्वत का उल्लेख हिमालय पर्वत-श्रेणी तथा गंगा के स्रोतों के निकटवर्ती प्रदेश मे है। इसके पास ही उशीरबीज, मैनाक और श्वेतपर्वत का उल्लेख है जो सब हरद्वार के उत्तर मे स्थित हिमालय की श्रेणियो के नाम जान पडते हैं— 'उशीरबीजं मैनाकं गिरिंश्वेतं च भारत, समतीतोऽसि कौन्तेय कालशैलं च पार्थिव' वन०, 13, 1।

कालसिग्राम

बौद्ध ग्रंथ मिलिंदपन्हो के अनुसार यवनराज मिलिंद—यूनानी मिनेंडर—

का जन्मस्थान है (ट्रेंक्नर—मिलिंदपन्हो—पृ० 83)। कालसिग्राम अलसदा द्वीप (अलेग्जेंड्रिया, मिस्र) में स्थित बताया गया है। मिनेंडर दूसरी शती ई० पू० में भारत में आक्रमणकारी के रूप में आया था किंतु बाद में बौद्ध हो गया था।

कालसी (तहसील चकरौता, जिला देहरादून, उ० प्र०)

अशोक की चौदह धर्मलिपियां यहां एक चट्टान पर अंकित हैं। यह प्राचीन स्थान यमुना तट पर है और अशोक के समय में अवश्य ही महत्वपूर्ण रहा होगा। जान पड़ता है कि यह स्थान अशोक के साम्राज्य की उत्तरी सीमा पर था जो उसे हिमालय के पहाड़ी प्रदेश से अलग करती थी। ये चौदह धर्मलिपियां अशोक के सीमाप्रांतों में ही अभिलिखित पाई गई हैं।

कालहस्ती (आं० प्र०)

कालहस्तीश्वर शिव के भव्य मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर पत्थर का बना है और इसके चारों द्वारों पर चार विशाल गोपुर हैं। इसके पूर्वोत्तर में पार्वती का मंदिर है। भित्तियों पर तेलुगु भाषा में कई अभिलेख अंकित हैं। स्थानीय अनुश्रुति है कि आंध्र के संत कणप्पा ने मंदिर के लिए अपने नेत्र दान कर दिए थे। कालहस्ती के निकट सुवर्णमुखी नदी प्रवाहित होती है।

कालाबाग दे० कारापथ।

कालावगूर (जिला मेदक, आं० प्र०)

प्राचीन मंदिरों के अवशेषों के लिए उल्लेखनीय है।

कालिंजर—कालंजर (तहसील नरैनी, जिला बांदा, उ० प्र०)

अतरा नामक स्थान से यह ग्राम चौबीस मील दूर है। इसके निकट ही कालिंजर का इतिहासप्रसिद्ध दुर्ग है। पहाड़ी पर बना हुआ यह प्रसिद्ध दुर्ग भारत के प्राचीनतम स्मारकों में से एक है। महाभारतकाल में पांडवों ने अपने वनवास का कुछ समय यहां बिताया था। इसके नामकरण के विषय में शिवपुराण की कथा है कि इसी पर्वत पर काल को जीर्ण किया गया था इसी कारण यह कालंजर कहलाया। पुराणों के मत में सतयुग में इस दुर्ग का नाम कीर्ति, त्रेता में महतगिरि और द्वापर में पिंगलागढ़ था। पर्वत पर कई स्थानों पर श्रीराम के वनवासकाल में यहां ठहरने के कुछ चिह्नों का निर्देश किया जाता है किंतु ये इतने प्राचीन नहीं जान पड़ते। अकबर का समकालीन इतिहास लेखक फरिश्ता लिखता है कि इस किले की बुनियाद केदार ब्रह्म नामक ब्राह्मण ने डाली थी जो हिंद का राजा था और कालिंजर में रहता था। इसने उन्नीस वर्ष राज्य किया। राजा केदार कुछ समय तक ईरान के शाह कैकाऊस और समरों के अधीन रहा। अंत में उसे कालिंजर का किला राजा शंकर को दे देना

पड़ा। थककर अपने पुत्र पुर्त को राज्य सौंप कर तूरान चला गया। फरिश्ता के इस वर्णन में कितनी सचाई है यह कहना कठिन है किंतु इससे दुर्ग की प्राचीनता अवश्य सिद्ध होती है। दूसरी या तीसरी शती ई० पू० में कालिंजर पर मौर्यों का शासन रहा। कालांतर में कनिष्क (दूसरी शती ई०) और तत्पश्चात् गुप्त नरेशों और हर्ष का क्रम से यहां राज्य रहा। हर्ष के पश्चात् मध्ययुग में राजपूतों की अनेक रियासतों ने अपना आधिपत्य कालिंजर पर स्थापित किया। एक किंवदंती के अनुसार यहां के दुर्ग का निर्माण चंदेलनरेश चंद्रवर्मन् ने किया था। राजा कीर्तिवर्मन् के समय में इस दुर्ग की ख्याति दूर-दूर तक पहुंच गई थी। महमूद गजनवी ने 1022 ई० में यहां आक्रमण किया और उसे तत्कालीन नरेश गंगदेव चंदेल से करारी हार खानी पड़ी। 1203 ई० में राजा परमाल को कुतुबुद्दीन एबक की सेनाओं के आगे झुकना पड़ा जिसके फलस्वरूप कालिंजर के सब मंदिरों को मुसलमानों ने तोड़ कर वहां की भूमि को सहस्रों हिंदुओं के रक्त से रंग दिया। यह वृत्तांत तत्कालीन इतिहास ताजुलमासिर के लेखक ने लिखा है। सुल्तान इल्तुतमिश के दिल्ली में राज्य करने के समय कालिंजर पर खंगार राजपूतों का अधिकार था। सोहनपाल बुंदेला ने 1266 ई० में खंगारों को समाप्त कर उनसे यह किला छीन लिया। शेरशाह सूरी ने 1545 ई० में कालिंजर पर आक्रमण किया तब यह किला बुंदेलों के हाथ में ही था। यहां बारूदखाने में आग लग जाने से शेरशाह बुरी तरह जल गया और थोड़े ही दिन बाद परलोक सिधार गया। कालिंजर की पहाड़ी पर शेरशाह की कब्र बनी है (शेरशाह का मकबरा सहसराम बिहार में है)। शेरशाह ने दुर्ग को लेने के पश्चात् अपने दामाद अलीखां को यहां का सूबेदार बनाया था। 1550 ई० में रीवा नरेश महाराज रामचंद्र ने अलीखां से यह दुर्ग खरीद लिया। तत्पश्चात् अकबर और फिर भटराजपूतों ने यहां राज्य किया। 1666 ई० में औरंगजेब ने भटराजाओं से इसे छीन लिया। उसने दुर्ग के सात दरवाजों में से एक का नाम आलम दरवाजा रखा। 1673 ई० में इसका जीर्णोद्धार करवाया गया। इस पर फारसी में 'साद अजीम' तिथिलेख खुदा है जिससे 1084 हिजरी सन् निकलता है। एक पत्थर पर औरंगजेब ने निम्न शेरें भी अंकित करवाई थी : 'शाह औरंगजेब दी परवर शुद मरम्मत चू किला कालिंजर, चूं मुहम्मद मुराद बाज हुक्मश शाक्त दर हाम्₹कनो सुनत आज सिरद माल जुस्त मरामी गुफ्त सद अजीम चू सद असकन्दर'। 1677 ई० में बुंदेला-नरेश छत्रसाल ने औरंगजेब के सूबेदार करमइलाही से यह दुर्ग छीन लिया और उसके स्थान में मांधाता चौबे को किलेदार बनाया और पांच सौ सैनिक यहां नियुक्त किए। मांधाता

के वंशजों का अधिकार यहां 1812 ई० तक रहा। इस वर्ष अंगरेजों ने कालिंजर को जीत लिया और चौबों को कुछ जागीर देकर संतुष्ट कर दिया। इस लड़ाई में अंग्रेजों के काफ़ी सैनिक मार गए थे जिनकी कब्रें दुर्ग के पास मनीपुर में बनी हैं। कालिंजर में आलमगीरी दरवाज़े के अतिरिक्त छः अन्य प्रवेशद्वार हैं। *गणेशद्वार*, जिसे मुसलमान काफ़िर-घाटी दरवाज़ा कहते थे क्योंकि यहां की चढ़ाई बहुत कठिन है, चंडी द्वार जहां शिवोपासना संबंधी 1199, 1570,1380 और 1600 ई० के अभिलेख अंकित हैं और समीप ही एक सुंदर भवन (राजमहल) है, 1580 विक्रमसंवत् के अभिलेख वाला द्वार, हनुमान द्वार जो हनुमानकुंड के पास है जहां 1560 और 1580 वि० सं० के कई अभिलेख हैं, *लालद्वार*, और अंतिम शिवपार्वती की मूर्तियों वाला द्वार जिस के समीप पहाड़ी में सीताकुंड नामक झरना है जहां दिन में भी अंधेरा रहता है। पास ही सीता-सेज है। इन स्थानों का संबंध वनवासकाल में रामचंद्र जी के यहां कुछ समय तक निवास करने से बताया जाता है। हनुमानद्वार और लालद्वार के बीच सिद्धगुफा नामक स्थान है जहां से भैरवकुंड को मार्ग जाता है। कालिंजर दुर्ग के अन्य उल्लेखनीय स्थल ये हैं—पातालगंगा, पांडुकुंड, कोटितीर्थ, नीलकंठ-मंदिर, और भगवान् सेज। पातालगंगा के समीप हुमायूं के नाम का एक अभिलेख 936 हि० = 1558 ई० का है। कोटितीर्थ में कई प्राचीन भवन तथा तडागादि हैं। नीलकंठ मंदिर पवित्र तीर्थ है। यहां 1194,1200,1400,1579 विक्रम-संवत् के कई लेख और अनेक खंडित मूर्तियां विद्यमान हैं। भगवान् सेज में पत्थर की शैया है। बुद्धक सेज का संबंध चंदेलराजा कीर्तिब्रह्म से बताया जाता है। पांडुकुंड पातालगंगा के समीप एक झरने से बना हुआ कुंड है जिसका संबंध पांडवों से बताया जाता है। महाभारत वन० 85,46 53 और पद्मपुराण आदि० 39,52-53 के अनुसार कालंजर पर्वत तुंगारण्य या तुंगकारण्य में स्थित था। इस पर्वत पर स्थित देवहृदतीर्थ का वर्णन वनपर्व 85,56-57 में इस प्रकार है—'अत्र कालंजरनाम पर्वतं लोक विश्रुतम् तत्र देवहृदे स्नात्वा गोसहस्र फल लभेत्, यो स्नात्र साधयत् तत्र गिरौ कालंजरे नृप, स्वर्गलोके महीयेत नरो नास्त्यत्र संशय'।

कालिंदी

(1) यमुना नदी को कलिंद पर्वत से निस्सृत होने के कारण कालिंदी कहते हैं। कलिंदकन्या या कलिंदनंदिनी ('धुनोतु नो मनामल कलिंदनंदिनी सा'—गीत-गोविंद) भी इसी कारण यमुना ही के नाम हैं। 'गंगायमुनयो संधिमादाय मनु-जर्षभ, कालिंदीमनुगच्छेतां नदीं पश्चान्मुखाश्रिताम्' वाल्मीकि० 55,4।

(2) गंगा की एक छोटी सहायक नदी—कालीनदी जो गंगा में कान्यकुब्ज के पास मिलती है। शायद महाभारत में वर्णित अश्वनदी यही है। इसके तथा गंगा के संगम पर अश्वतीर्थ स्थित था। वाल्मीकि रामायण 40,21 में संभवतः इसी नदी का उल्लेख है क्योंकि यमुना का अन्यत्र से नामोल्लेख भी इसी स्थान पर है—'कालिन्दीं यमुनां रम्यां यामुनं च महागिरिं, सरस्वतीं च सिंधुं च शोणं मणिनिभोदकम्'। किंतु कालिंदी को इस स्थान पर यमुना का पर्याय भी माना जा सकता है।

(3) पूर्वबंगाल(पाकि०)तथा पश्चिमबंगाल की सीमा पर बहने वाली नदी।

कालिका

महाभारत में उल्लिखित संभवतः पंजाब की कोई नदी। इसको कौशिकी और अरुणा में मिलने वाली नदी बताया गया है—'कालिका संगमे स्नात्वा कौशिक्यरुणयोर्गत'—महा० वन० 84,156।

कालीकट (मद्रास)

पूर्वी समुद्रतट पर प्राचीन बंदरगाह। 1498 ई० में पुर्तगालियों के जहाज का कप्तान वास्कोडिगामा पहले पहल इसी नगर में पहुंचा था। किंवदंती है कि कालीकट नाम कोल्लीकोडे शब्द का रूपान्तर है, जिसका अर्थ है कुक्कुट-दुर्ग। यहां के राजा ने अपने एक सरदार को उतनी दूर तक भूमि जागीर में दी थी जिसमें कुक्कुट का शब्द सुनाई दे सके। इसी भूमि पर जो किला बना उसे कोल्लीकोडे नाम दिया गया।

कालीगंगा

ज़िला गढ़वाल (उ० प्र०) की एक नदी जिसे मंदाकिनी भी कहते हैं। इसका जल श्यामवर्ण होने के कारण ही इसे कालीगंगा कहते हैं। यह केदारनाथ के पहाड़ों से निकल कर रुद्रप्रयाग में अलकनंदा से मिल जाती है। दे० मंदाकिनी।

कालीघाट (बंगाल)

कलकत्ता नाम का आदिरूप कालीघाटा था। यह नाम इस स्थान पर एक प्राचीन काली-मंदिर के होने के कारण पड़ा था। जहां कलकत्ते का समुद्रतट आज स्थित है, वहां प्राचीन काल में ऊंचे-ऊंचे कगार थे जो समुद्र के थपेड़ों से धरकर नष्ट हो गए और एक दलदल में रूप में रह गए। इस कारण गंगा का प्राचीन मार्ग भी बदल गया और इस स्थान पर एक त्रिकोणद्वीप बन गया। कालांतर में इस द्वीप पर काली का एक मंदिर बन गया जो प्रारंभ में आदि-वासियों का पूजास्थान था क्योंकि काली उनकी आराध्य देवी थी। इन्हीं के

द्वारा यह देवी पार्वती देवी के रूप में बहुत दिनों तक सम्मानित रही और बांसो के झुरमुटों से घिरे हुए इस मदिर मे धीवर, मल्लाह और आदिवासी लोग बहुत दिनो तक पूजार्थ आते-जाते रहे। कहा जाता है कि बगाल के सेन-वशीय नरेश बल्लालसेन ने कालीक्षेत्र का दान तात्रिक ब्राह्मण लक्ष्मीकात को दिया था। तब से लेकर अब तक लक्ष्मीकात के परिवार के हलदार ब्राह्मण ही काली मदिर के पुजारी होते चले आए हैं। काली की मूर्ति इन्ही की बताई जाती है। देवी के रौद्ररूप काली की पूजा इन्हीं तात्रिको ने पहली बार द्विजों में प्रचलित की, नही तो उनकी आराध्या तो उमा, शिवा, दुर्गा या धात्री थी। तात्रिको ने स्वय काली की मूर्ति का भाव आदिवासियो से ग्रहण किया होगा—यह भी उपर्युक्त तथ्यो की पृष्ठभूमि मे समव जान पड़ता है। कहा जाता है कि 1530 ई० तक सरस्वती और यमुना नामक दो नदियाँ कालीघाट के पास ही समुद्र मे गिरती थीं और इस सगम को त्रिवेणी का रूप माना जाता था। कालातर मे ये दोनों नदिया सूख गईं किंतु कालीघाट या कालीबाड़ी का तीर्थ-रूप मे महत्त्व बढ़ता ही गया। 17वी शती के अत और 18वी के प्रारभकाल मे यह मदिर इतना प्रसिद्ध था कि वार्ड नामक अग्रेजी लेखक के अनुसार वर्तमान कलकत्ते की नीव डालने वाले जॉबचार्नाक की भारतीय पत्नी के साथ अनेक अग्रेज महिलाए भी काली मदिर मे मनौती मनाने आती थी। वार्ड के उल्लेखानुसार ईस्ट इंडिया कपनी के अफसरो ने एक बार पाच सहस्र रुपया इस मदिर में चढाया था। पौराणिक कथा है कि पूर्वजन्म में शिव की पत्नी दक्षपुत्री सती के मृत शरीर के दक्षिण चरण की अगुलियां यहा कट कर गिरी थीं और वे ही मूर्ति रूप मे यहा प्रतिष्ठित हुईं। कालीमदिर को इसलिए काली-पीठ भी माना जाता है।

काली नदी

(1) केरल की एक नदी जो समवत प्राचीन मुरला है। इसके तट पर सदाशिवगढ बसा है।

(2) दे० कालिंदी (2)।

काली सिंध

चबल की सहायक नदी जो इसकी दूसरी सहायक नदी सिंधु से भिन्न है। दे० सिंधु।

कालेगांव (महाराष्ट्र)

नवासा से बीस मील उत्तर-पूर्व की ओर एक गांव है जो गोदावरी के तट पर स्थित है। हाल ही मे यादवनरेश महादेव के ताम्रपट्ट यहां से कुछ दूर पर

प्राप्त हुए थे। ये विशेष रूप से तैयार किए गए पत्थर के सन्दूक मे बद थे। प्राप्तिस्थान के निकट पत्थर और मिट्टी के बने दो स्तभ हैं। प्राचीन मूर्तियां भी आसपास बिखरी हुई पाई गई हैं। कालेगाव मे एक प्राचीन मंदिर है जो यादवकालीन जान पड़ता है। यहा प्रस्तरयुगीन कुछ उपकरण भी मिले हैं।

कालेश्वर (जिला करीमनगर, आ० प्र०)

यहां गोदावरी के तट पर स्थित कालेश्वर शिव का प्राचीन मदिर है। यह उन शिव मदिरों मे है जो त्रिलिंग या तेलगाना की उत्तरी सीमा निर्धारित करते थे।

कावेरी

दक्षिण भारत की प्रसिद्ध नदी। इसका उद्गम कुर्ग मे ताल कावेरी या ब्रह्मगिरि नामक स्थान है। कावेरी का शाब्दिक अर्थ हरिद्रा के रंगवाली नदी है (दे० मोनियर विलियम्स · संस्कृत-अंग्रेजी कोश)। रामायण किष्किंधाकांड 41,21,25 मे इसका उल्लेख है। महाभारत सभा० 9,20 मे कावेरी का इस प्रकार वर्णन है—'गोदावरी कृष्णवेणा कावेरी च सरिद्वरा विपुला च विशल्या च तथा वैतरणी नदी'। भीष्म० 9,20 मे नदियो की विशाल सूची में कावेरी का नाम आया है—'शरावती पयोष्णी चवेणा भीमरथीमपि, कावेरीं चुलुका चापिवाणीं शतबलामपि'। श्रीमद्भागवत 5,19,18 मे भी कावेरी का नाम नदियो के प्रसग मे है—'चन्द्रवसा ताम्रपर्णी अवटोदा कृतमाला वैहायसी कावेरी वेणी···'। कालिदास ने रघु की दिग्विजय यात्रा मे कावेरी का शृगारिक वर्णन इस प्रकार किया है—'स सैन्य परिभोगेन गजदान सुगंधिना, कावेरीं सरितां पत्युः शकनीयामिवाकरोत्' रघु० 4,45। दक्षिण भारत के इतिहास मे कावेरी का पल्लवनरेशो को प्रिय नदी के रूप मे उल्लेख है। कावेरी पाडिचेरी के दक्षिण मे बगाल की खाडी मे गिरती है।

(2) नर्मदा की उपधारा का नाम। मांधाता नामक तीर्थ नर्मदा और कावेरी से घिरे हुए एक द्वीप पर बसा है। कावेरी वास्तव मे नर्मदा की एक धारा है जो मांधाता के अंत मे पहुच कर पुन. मुख्य धारा मे मिल जाती है।

कावेरीपत्तन (मद्रास)

कावेरी नदी के मुहाने पर बसा हुआ प्राचीन काल का प्रसिद्ध बदरगाह। कांची के पल्लव नरेशो के शासनकाल मे ताम्रलिप्ति के समान ही कावेरीपतन भी एक बडा व्यापारिक केंद्र था। द्वीपद्वीपान्तरो विशेषत रोम साम्राज्य से भारत आने वाले पोत इस बदरगाह पर ठहरते थे। गुप्तकाल मे यहा के बौद्ध-विहारो मे 'महाविहार निकाय' के भिक्षु रहते थे। यह बदरगाह अब कावेरी के

मुहाने के अट जाने से विलुप्त हो गया है। दे० काकदी, पुहार।

काशी (=वाराणसी, उ० प्र०)

प्राचीन विश्वास के अनुसार काशी अमर नगरी है। विद्वानों का विचार है कि शिवोपासना का यह सर्वप्राचीन केंद्र आर्य सभ्यता के भी पूर्व विद्यमान था क्योंकि शिव (तथा मातृदेवी) की पूजा पूर्ववैदिक काल में भी प्रचलित मानी जाती है किंतु यह प्रश्न पर्याप्त विवादपूर्ण है। पुराणों के अनुसार इस नगरी का नाम सभवत: मनुवश के सप्तम नरेश 'काश' के नाम पर ही काशी हुआ था। काशीजानपदीयों का सर्वप्रथम उल्लेख अथर्ववेद की पैप्पलाद-संहिता में कोसल तथा विदेह-वासियों के साथ मिलता है। वाल्मीकि रामायण, किष्किधा-काड 40 22 में काशी, कोसल जनपदों का एकत्र उल्लेख—'महीकालमही चापि शैलकाननशोभिताम्, ब्रह्ममालान्विदेहाश्च मालवान् काशिकोसलान्'। इन देशों में सुग्रीव ने वानर-सेना को सीता के अन्वेषणार्थ भेजा था। वायुपुराण 2,21, 74 तथा विष्णु 4,8,2-10 ('काश्यस्य काशेय. काशिराज', 'काशिराज गोत्रे-ऽवतीर्य त्वमष्टधा सम्यगायुर्वेद करिष्यसि' आदि) में काशी नरेशों की तालिका है। ये भरत के पूर्वज राजाओं के नाम हैं। किंतु इनमें केवल दिवोदास और प्रतर्दन के नाम ही वैदिक साहित्य में प्राप्त हैं। पुरुवशी नरेशों के पश्चात् काशी में ब्रह्मदत्तवशीय राजाओं का राज्य हुआ और बौद्ध साहित्य—विशेष-कर जातक कथाओं में इस वश के सभी राजाओं का सामान्य नाम ब्रह्मदत्त मिलता है। ये शायद मूलरूप से मिथिला के विदेहों से सबधित थे। महाभारत से विदित होता है कि मगधराज जरासध के समय काशी का राज्य मगध में सम्मिलित था किंतु जरासध के पश्चात् स्वतन्त्र हो गया था। भीष्म ने काशिराज की कन्याओं, अबा और अबालिका का हरण करके विचित्रवीर्य का उनसे विवाह किया था। अनुशासन-पर्व से सूचित होता है कि काशी के राजा दिवोदास ने जो सुदेव का पुत्र था वाराणसी नगरी बसाई थी। इस राज्य का घेरा गगा के उत्तरी तट से लेकर गोमती के दक्षिण तट तक विस्तृत था। इस वर्णन से जान पड़ता है कि काशी वाराणसी से प्राचीन थी। विष्णुपुराण 5,34,41 में काशी का श्रीकृष्ण के सुदर्शन चक्र द्वारा भस्म किए जाने का वर्णन है। मिथ्या वसुदेव पौंड्रक को सहायता देने के कारण काशीनरेश से श्रीकृष्ण रुष्ट हो गए थे इसलिए उन्होंने उसे परास्त कर काशी को नष्ट कर देना चाहा था—'शस्त्रास्त्रमोक्षचतुर दग्ध्वात बल्मौजसा कृत्या गर्मविशेषाता -तदा वाराणसीं पुरीम्'। बुद्ध के समय के पूर्व काशी का राज्य भारत-भर में प्रसिद्ध था और इसकी गणना अगुत्तरनिकाय के अनुसार तत्कालीन षोडशमहा-

जनपदो मे थी। जातक कथाएं काशीनरेश ब्रह्मदत्त के नाम से भरी पडी हैं। काशी के राजकुमारो का तक्षशिला जाकर विद्या पढने का भी उल्लेख जातको मे है। इस समय काशी तथा पार्श्ववर्ती विदेह और कोसल जनपदों मे बहुत शत्रुता थी। विदेह की सत्ता को समाप्त करने मे काशी का भी बडा हाथ था। कई जातककथाओ मे काशीनरेशो की महत्वाकाक्षाओ तथा काशीजनपद की महानता का स्पष्ट उल्लेख है। गुत्तिलजातक मे उल्लेख है कि काशी सारे भारतवर्ष मे सर्वप्रमुख नगरी थी। इसका विस्तार बारह कोस था जबकि इन्द्रप्रस्थ तथा मिथिला का घेरा केवल सात कोस ही का था। तडुलनालिजातक मे उल्लेख है कि नगर की दीवारो का घेरा बारह कोस और मुख्यनगर तथा उपनगरो का घेरा लगभग तीन सौ कोस था। अन्य जातको मे उल्लेख है कि बनारस के आसपास साठ कोस का जगल था। काशी के कई नरेशो को जातको मे 'सब्ब राजानम अग्गराजा' (सर्वराजानाम् अग्रराजा) कहा गया है। महावग्ग मे भी उल्लेख है कि प्राचीन काल मे काशी राज्य बहुत समृद्धिशाली था। भोजजानीय-जातक मे वर्णन है कि काशी के वैभव के कारण आसपास के सभी राजाओ का दांत काशी पर रहता था और एक बार तो सात पडोसी राजाओ ने काशी को घेर लिया था। बुद्ध के समय, मगध का राजा बिंबिसार बहुत शक्तिशाली हो गया था क्योकि उसने पडोस के विदेह आदि राज्यों को जीत कर मगध मे मिला लिया था। उसने कोसल देश के राजा प्रसेनजित् की कन्या वासवी (वासवदत्ता) से विवाह किया और काशी का राज्य जो इस समय कोसल के अतर्गत था दहेज के रूप मे ले लिया। कथाओ मे कहा गया है कि काशी को वासवदत्ता की शृगार-प्रसाधन की सामग्री के व्यय के लिए दिया गया था। बौद्ध साहित्य मे काशी के, वाराणसी के अतिरिक्त केतुमती, सुरुधन, सुदस्सन (सुदर्शन), ब्रह्मवद्धन (ब्रह्मवर्धन), पुप्फवती (पुष्पवती), रम्मानगरी (रामानगरी, वर्तमान रामनगर) तथा मोलिनी आदि नाम मिलते हैं। बुद्ध के पश्चात् काशी और निकटवर्ती सारनाथ का गौरव काफी दिनो तक बढ़ा चढ़ा रहा। मौर्यसम्राट अशोक ने सारनाथ को महत्वपूर्ण समझते हुए यहा अपना जगत्प्रसिद्ध सिंहस्तभ प्रतिष्ठापित किया (तीसरी शती ई० पू०)। तत्पश्चात् भारत के इतिहास के प्रमुख राजवशो मे से कुषाण, भारशिवनाग, गुप्त, मौखरी, प्रतीहार, चेदि तथा गहड्वारों ने क्रम से यहां राज्य किया। इन सभी के राज्यकाल के सिक्के तथा अन्य पुरातत्वविषयक अवशेष यहा से प्राप्त हुए हैं। सातवीं शती में हर्ष के समय चीनी यात्री युवानच्वांग ने काशी तथा सारनाथ की यात्रा की थी। मुसलमानो के आधिपत्य का उत्तरभारत में विस्तार

होने के साथ ही साथ काशी के बुरे दिन आ गए। 1033 ई० में नियाल्तगीन नामक मुसलमान सेनाध्यक्ष ने सर्वप्रथम बनारस पर आक्रमण करके उसे लूटा। 1194 ई० में बनारस को गुलामवंश के सुल्तानों ने अपने राज्य में शामिल कर लिया। 1575 ई० में अकबर के वित्तमंत्री टोडरमल ने विश्वनाथ का एक विशाल मंदिर प्राचीन विश्वनाथ के देवालय के स्थान पर बनवाया। 1659 ई० में धर्मांध औरंगजेब ने इस मंदिर को तुड़वाकर इसकी सामग्री से उसी स्थान पर वर्तमान ममजिद बनवायी। तत्पश्चात् मराठों के उत्कर्षकाल में अहल्याबाई-होलकर ने अनेक घाट और मंदिर गंगा तट पर बनवाए। पंजाब-केसरी रणजीतसिंह ने भी विश्वनाथ के दुबारा बने हुए वर्तमान मंदिर पर सोने का पत्र चढ़वाया। काशी के अनेक घाटों में दशाश्वमेध, मणिकर्णिका, हरिश्चंद्र तथा तुलसी घाट अधिक प्रसिद्ध हैं। इन सब के साथ पौराणिक तथा ऐतिहासिक गाथाएं जुड़ी हुई हैं। अकबर-जहांगीर के समय महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जिस घाट के निकट रहते थे वह तुलसी घाट के नाम से प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि रामचरितमानस के उत्तरार्ध, किष्किंधा कांड से उत्तरकांड तक, की रचना तुलसीदास ने इसी पुण्य-स्थान पर की थी। काशी का प्रसिद्ध नाम वाराणसी काशी नाम से अपेक्षाकृत नवीन है किंतु इसका भी उल्लेख महाभारत में है—'समेत पार्थिव क्षत्र वाराणस्या नदीसुत, कन्यार्थमाह्वयद् *वीरो रथेनैकेन संयुगे' शान्ति० 27,9। 'ततो वाराणसीं गत्वार्चयित्वा वृषध्वजम्,* कपिलाह्रदे नर स्नात्वा राजसूयमवाप्नुयात्'—वन० 84,78। पांडवों ने तीर्थ यात्रा के प्रसंग में काशी की यात्रा नहीं की थी किंतु भीम का अपनी दिग्विजय यात्रा में काशिराज सुबाहु पर विजय प्राप्त करने का उल्लेख है—'स काशिराज समरे सुबाहुमनिवर्तिन वशे चक्रे महाबाहुर्भीमो भीमपराक्रम' वन० 30,6-7।

काशीपुरी (जिला मयूरभंज, उड़ीसा)

सुवर्णरेखा नदी के तट पर स्थित यह नगरी बंगाल के सेन राजाओं की प्रारंभिक राजधानी थी (मध्य 11वीं शती ई०)। इसका अभिज्ञान मयूरभंज जिले में स्थित कसियारी नामक स्थान से किया गया है (नगेंद्रनाथ वसु—आर्कियोलॉजिकल सर्वे रिपोर्ट)। राजधानी का संस्थापक सामंतदेव या उसका पुत्र हेमंतसेन था।

काश्मीर दे० कश्मीर

महाभारत आदि कई प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में अधिकतर काश्मीर नाम का प्रयोग है।

काष्ठमडप दे० काठमडू
कार्तंद्रा दे० कश्यपनगर
कासद्रह (राजस्थान)

आबूरोड स्टेशन से आठ मील उत्तर। यह प्राचीन जैनतीर्थ है जिसका उल्लेख तीर्थमाला चैत्यवदन नामक जैन स्तोत्र मे है—'धारापद्रपुरे पु वाविह-पुरे कासद्रहे चेदरे'।

किंपुरुषवर्ष

पौराणिक भूगोल के अनुसार किंपुरुष, जबुद्वीप का एक विभाग है—'भारत प्रथम वर्षं तत किंपुरुष स्मृतम्' विष्णु० 2, 2, 12। इसका नाम जबुद्वीप के आग्नधि नामक राजा के पुत्र किंपुरुष के नाम पर पडा था। 'नाभिः किंपुरुष-श्चैव हरिवर्ष इलावृत'। किंपुरुष आदि आठ 'वर्षों' के निवासियो को जरा-मृत्यु के भय से रहित माना गया है—'विपर्ययो न तेष्वस्तिजरामृत्यु भय न च' विष्णु 2, 1, 25। धर्माधम, उत्तम, मध्यम, अधम तथा युग व्यवस्था वहाँ नही है—'धर्माधर्मो न तेष्वास्ता नोत्तमाधममध्यमा', न तेष्वस्ति युगावस्था क्षेत्रेष्वष्टसु सर्वदा' विष्णु 2, 1, 26। उपर्युक्त 2, 2, 12 के उल्लेख से यह भी इगित होता है कि किंपुरुषदेश भारत के पार्श्व मे ही स्थित माना जाता था। सभवत यह तिब्बत या नेपाल का प्रदेश होगा जहा किंपुरुष या किन्नरो का निवास था। आज भी हिमाचलप्रदेश मे स्थित तिब्बत की सीमा के निकट के इलाके मे रहने वाली कुछ जातिया किन्नर कहलाती हैं। ये अनार्य-जातिया आर्यों के रीतिरिवाजो तथा सस्कृति से अनभिज्ञ अवश्य ही रही होगी। महाभारत सभा० 28, 1 मे अर्जुन की किंपुरुषदेश पर विजय का वर्णन है—'स श्वेतपर्वत वीरः समतिक्रम्य वीर्यवान् देश कि पुरुषावास द्रुमपुत्रेण रक्षितम्'। इसके पश्चात् किंपुरुष देश मे स्थित हेमकूट का उल्लेख है—'हेमकूटमथासाद्य न्यविशत् फाल्गुनस्तथा'। विष्णु० 2, 1, 19 मे भी हेमकूट का सबध किंपुरुषो से बताया गया है—'हेमकूट तथा वर्षं ददौ किंपुरुषाय स.'। महाभारत, सभा० 28, 3 किंपुरुष के हाटक नामक नगर को गुह्यको या यक्षो द्वारा रक्षित बताया गया है—'त जित्वा हाटके नाम देश गुह्य रक्षितम्'। कालिदास ने भी यक्षो की स्थिति मानसरोवर के निकट अलका मे मानी है जो निश्चय ही तिब्बत की सीमा के अतर्गत थी।

किएनिफाली दे० कोटीश्वर
किंतूर (जिला बाराबकी, उ० प्र०)

(1) पूर्वोत्तर रेल के बुढ़वल स्टेशन से प्राय. सात मील पर किंतूर ग्राम है

जिसका प्राचीन नाम कुंतीनगर बताया जाता है। स्थानीय किंवदंती है कि प्रथम वनवास के समय कुंती के साथ पांडव यहां आकर कुछ दिन रहे थे। यह भी कथा है कि श्रीकृष्ण के परमधाम चले जाने के पश्चात् अर्जुन ने द्वारका से लाकर एक पारिजात वृक्ष यहां लगाया था। पारिजात का एक बड़ा प्राचीन एवं अनोखा वृक्ष यहां अभी तक है।

(2) (मैसूर) प्राचीन पुन्नाडु की राजधानी कीर्तिपुर का वर्तमान नाम। यह कपिनी (कावेरी की सहायक नदी) के तट पर मैसूर के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है।

कित्थीपुर=कीर्तिपुर

किन्नर-देश

तिब्बत और हिमालय प्रदेश के पश्चिमी भागों में इस देश की स्थिति रही होगी। आजकल भी हिमाचलप्रदेश के पहाड़ी इलाकों तथा लाहूल प्रदेश में बसी कुछ जातियां कनौडिया या किन्नर कहलाती हैं। दे० **किंपुरुषवर्ष, उत्सवसंकेत**। कुबेर, जिसकी राजधानी अलका में थी किन्नरों का अधिपति कहलाता था। अमरकोश (1, 69) में कुबेर को 'किन्नरेश' कहा गया है जिससे सूचित होता है कि किन्नरों का निवास कैलाशपर्वत के परवर्ती प्रदेश में था।

किपिन

चीन के प्राचीन इतिहास-लेखकों ने भारत के इस प्रदेश का कई बार उल्लेख किया है। चीनी इतिहास सीन हानशू (Thien Han Schu) के अनुसार साइवांग या शक नामक जाति यूचियों (यूची=ऋषीक) द्वारा अपने निवासस्थान से निकाल दिए जाने पर दक्षिण में आकर किपिन देश में राज्य करने लगी (दे० जर्नल आफ रायल एशियाटिक सोसायटी 1903, पृ० 22)। सिल्वनलेवी के मत में किपिन कश्मीर ही का चीनी नाम है किंतु स्टेनकोनो के अनुसार कपिश या पूर्वी गंधार को चीनी लेखकों ने किपिन कहा है (दे० एपिग्राफिका इंडिका 16, पृ० 291)। चीनी यात्री सुगसुन ने भी किपिन का उल्लेख किया है। किपिन कुभा (=काबुल) का रूपांतर भी हो सकता है।

किरकी (बबई)

पूना से तीन मील। 1817 ई० में महाराष्ट्र-नायक पेशवा को अंग्रेजों ने इस स्थान पर पराजित करके मराठों की राजशक्ति को सदा के लिए समाप्त कर दिया था।

किरतपुर (जिला बिजनौर, उ० प्र०)

यह कस्बा बहलोल लोदी के जमाने (15वी शती का अंत) का है। नजीबाबाद के नवाब नजीबखां रुहेले की गद्दी किरतपुर मे अब भी है।

किरारी (जिला बिलासपुर, म० प्र०)

एक काष्ठ-स्तंभ पर उत्कीर्ण गुप्तकालीन अभिलेख के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। इस अभिलेख से तत्कालीन शासन प्रणाली के बारे मे अनेक तथ्य ज्ञात होते हैं, जैसे इसमे 'कुलपुत्रक गृहनिर्माणक' नामक के गृहनिर्माण के अधिकारी का उल्लेख है जिससे मध्य प्रदेश मे गुप्तकालीन शासन-व्यवस्था मे गृहनिर्माण का एक स्वतंत्र विभाग होना प्रमाणित होता है।

किरात देश

'स किरातैश्च चीनैश्च वृतः प्राग्ज्योतिषोऽभवत् अन्यैश्च बहुभिर्योधैः सागरानूपवासिभिः' महा० सभा० 26-9, 'वंग पुंड्र किरातेषु राजा बलसमन्वितः, पौंड्रको वासुदेवेति योऽसौ लोकेऽभिविश्रुतः' महा० सभा० 14,20, 'पूर्वे किराता यस्यान्ते पश्चिमे यवनाः स्थिताः' विष्णु० 2,3,8। उपर्युक्त उद्धरणो से किरात देश की स्थिति पूर्व बंगाल या आसाम के जंगली और पहाड़ी भागो मे सिद्ध होती है। सभा० 14,20 मे किरात देश को वासुदेव पौंड्रक के अधीन बताया गया है। किरात का संभवतः सर्वप्रथम निर्देश अथर्ववेद म है जिससे यह सूचना मिलती है कि इस जाति का निवास हिमालय के (पूर्वी क्षेत्र) की उपत्यकाओं मे था।

किष्किंधा (होस्पेटतालुका, मैसूर)

होसपेट स्टेशन से ढाई मील की दूरी पर और बिल्लारी से 60 मील उत्तर की ओर रामायण मे प्रसिद्ध, वानरों की राजधानी, किष्किंधा स्थित है। होसपेट स्टेशन से दो मील पर अजनी (हनुमान् की माता) के नाम से एक पर्वत है और इसके कुछ ही दूर पर ऋष्यमूक स्थित है जिसे घेर कर तुंगभद्रा बहती है। नदी के दूसरी ओर हंपी—16वी शती ई० के ऐश्वर्यशाली नगर विजयनगर के विस्तृत खंडहर हैं। रामायण के अनुसार किष्किंधा मे वाली और तदुपरांत सुग्रीव ने राज्य किया था। श्रीरामचंद्र जी ने वाली को मारकर सुग्रीव का अभिषेक लक्ष्मण द्वारा इसी नगरी मे करवाया था। तदुपरांत माल्यवान तथा प्रस्रवणगिरि पर जा किष्किंधा मे विरूपाक्ष के मंदिर से चार मील दूर है, उन्होने प्रथम वर्षाऋतु बिताई थी—'तथा स वालिनं हत्वा सुग्रीवमभिषिच्य च, वसन् माल्यवतः पृष्ठे रामो लक्ष्मणमब्रवीत' वाल्मीकि० किष्किंधा 27,1. 'एतद् गिरेर्माल्यवतः पुरस्तादाविर्भवत्यम्बर लेखिशृंगम्, नवं पयो यत्र घनैर्मया

च त्वद्विप्रयोगाश्रु सम विसृष्टम्' रघु० 13,26 माल्यवान-पर्वत के ही एक भाग का नाम प्रवर्षण (या प्रस्रवण) गिरि है। इसी स्थान पर श्रीराम ने वर्षा के चार मास व्यतीत किए थे—'अभिषिक्ते तु सुग्रीवे प्रविष्टे वानरे गुहाम्, आजगाम सहभ्रात्रा राम प्रस्रवण गिरिम्' वाल्मीकि० किष्किंधा 27 1। पास ही स्फटिक शिला है जहा अनेक मदिर हैं। ऋष्यमूक-पर्वत तथा तुगभद्रा के घेरे को चक्रतीर्थ कहते हैं। चक्रतीर्थ के उत्तर मे ऋष्यमूक और दक्षिण म श्री रामचद्र जी का मदिर है। मदिर के पास ही सूर्य, सुग्रीव आदि की मूर्तियाँ हैं। विरूपाक्ष मदिर से प्राय दो मील पर तुगभद्रा नदी के वामतट पर एक ग्राम अनेगुडी है जिसका अभिज्ञान किष्किंधानगरी से किया गया है। इस परम ऐश्वर्यशालिनी नगरी का वर्णन वाल्मीकि रामायण म पर्याप्त विस्तार से है। इसका एक अश इस प्रकार है—'स ता रत्नमयी दिव्यां श्रीमान् पुष्पितकाननां, रम्यां रत्न-समाकीर्णां ददर्श महतीं गुहाम्। हर्म्यप्रासादसबाधा नानारत्नोपशोभिताम्, सर्वकामफलैर्वृक्षैं पुष्पितैं रुपशोभिताम्। देवगधर्वपुत्रैश्च वानरै कामरूपिभि, दिव्यमाल्याम्बरधरै शोभितां प्रियदर्शनै। चन्दनागरुपद्मानां गधै सुरभिगधिता, मैरयाणा मधूना च सम्मोदितमहापथां। विध्यमेरु गिरिप्रख्यैं प्रासादैर्नैकभूमिभि, ददर्श गिरिनद्यश्च विमलास्तत्र राघव' किष्किंधा० 33,4-8. अर्थात् लक्ष्मण ने उस विशाल गुहा को देखा जो रत्नों से भरी थी और अलौकिक दीख पडती थी, और जिसके वनों म सुदर फूल खिल हुए थे, हर्म्य प्रासादो से सघन, विविध रत्नो से शोभित और सदाबहार वृक्षों से वह नगरी सम्पन्न थी। दिव्यमाला और वस्त्र धारण करने वाले सुदर देवताओं, गधर्व पुत्रो और इच्छानुसार रूप धारण करने वाले वानरों से वह नगरी बडी भली दीख पडती थी। चदन, अगरु और कमल की गध से वह गुहा सुवासित थी। मैरेय और मधु से वहा की चौडी सडकें सुगधित थीं। इस वर्णन स यह स्पष्ट है कि किष्किधा पर्वत की एक विशाल गुहा या दरी के भीतर बसी हुई थी जिससे यह पूर्णरूपेण सुरक्षित थी। किष्किधा० 14,6 के अनुसार ('प्राप्ताः स्मध्वजयत्राढ्या किष्किधावालिन पुरीम्') इस नगरी मे सुरक्षार्थ यत्र आदि भी लगे थे।

किष्किधा से प्राय एक मील पश्चिम मे पपासर नामक ताल है जिसके तट पर राम-लक्ष्मण कुछ समय तक ठहरे थे। पास ही स्थित सुरोवन नामक स्थान को शबरी का आश्रम माना जाता है। महाभारत सभा० 31,17 मे भी किष्किधा का उल्लेख है—'त जित्वा स महाबाहु प्रययौ दक्षिणापथम्, गुहामासादयामास किष्किधा लोकविश्रुतम्'। यहाँ भी किष्किधा को पर्वत-गुहा

मे स्थित कहा गया है और वहां वानरराज मैन्द और द्विविद का निवास बताया गया है। ऋष्यमूक का श्रीमद्भागवत मे भी उल्लेख है— 'सह्यो देवगिरि-ऋर्ष्यमूकः श्री शैलो वेंकटो महेन्द्रो वारिधारो विन्ध्यः' श्रीमद्भागवत 5, 19, 16 (दे० अनेगुंडी, कंकुनपुर, ऋष्यमूक, माल्यवान्, पंपासर)।

किष्किंधापुर (ज़िला गोरखपुर, उ० प्र०)

वर्तमान खखूंदो। प्राचीन जैन तीर्थ जिसका संबंध पुष्पदंतस्वामी से बताया जाता है।

किसोरा (ज़िला कानपुर, म० प्र०)

13वीं शती मे, वर्तमान कानपुर के निकट एक छोटा सा हिंदू राज्य था। दिल्ली के सुल्तान कुतुबुद्दीन एबक के समय मे यहा के शासक सज्जनसिंह थे। इनकी पुत्री सुंदरी ताजकुंवरि, एबक के सैनिको से जो उसे पकड़ कर सुल्तान के पास ले जाना चाहते थे, वीरतापूर्वक लड़ती हुई स्वयं अपने हाथो ही मर-कर अमर हो गई। उसकी वीरगाथा के गीत आज तक किसोरा के आसपास गूंजते हैं।

क्विलन (केरल)

प्राचीन नाम कोलम। यह प्राचीन नगर और बंदरगाह है। यह पुराने ज़माने मे दक्षिण भारत के इस क्षेत्र और समुद्रपार के पश्चिमी देशो के बीच होने वाले व्यापार का प्रमुख केंद्र था।

कीकट

गया (बिहार) का परिवर्ती प्रदेश। पुराणो के अनुसार बुद्धावतार कीकट देश मे ही हुआ था। कीकट का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद मे है—'किते कृण्वति कीकटेषु गावो नाशिरं दुहे न तपन्ति धर्मं आनोभरप्रमगदस्य वेदो नैचाशाख मघवन्नन्धयान.' 3, 53, 14। इस उद्धरण मे कीकट के शासक प्रमगंद का उल्लेख है। यास्क के अनुसार (निरुक्त 6, 32) कीकट अनार्य देश था। पुराण-काल में कीकट मगध ही का एक नाम था तथा इसे सामान्यतः अपवित्र समझा जाता था; केवल गया और राजगृह तीर्थरूप मे पूजित थे—'कीकटेषु गया पुण्या पुण्यं राजगृह वनम्' वायुपुराण 108, 73। बृहद्धर्मपुराण में भी कीकट को अनिष्ट देश माना गया है किंतु फल्गु और गया को अपवाद कहा गया है— 'तत्र देशे गया नाम पुण्यदेशोस्ति विश्रुतः, नदी च फल्गु नाम पितृणा स्वर्गदायिनी' 26, 47। श्रीमद्भागवत मे कतिपय अपवित्र अथवा अनार्य लोगो के देशो में कीकट या मगध की गणना की गई है। महाभारतकाल मे भी ऐसी ही मान्यता थी। पांडवो की तीर्थ-यात्रा के प्रसग मे वर्णन है कि वे जब मगध की

सीमा के अंदर प्रवेश करने जा रहे थे तो उनके सहयात्री ब्राह्मण वहां से लौट आए। संभव है कि इस मान्यता का आधार वैदिक सभ्यता का मगध या पूर्वोत्तर भारत में देर से पहुंचना हो। अथर्ववेद 5, 22, 14 से भी अंग और मगध का वैदिक सभ्यता के प्रसार के बाहर होना सिद्ध होता है। पुराणकाल में शायद बौद्ध धर्म का केंद्र होने के कारण ही मगध को अपुण्य देश समझा जाता था।

कीटगिरि

विनय 2, 170—175 में वर्णित स्थान जिसका अभिज्ञान केराकत (जिला जौनपुर, उ० प्र०) से किया गया है।

कीर

वर्तमान कांगड़ा (पूर्व पंजाब) के आसपास का प्रदेश। कलचुरिनरेश कर्णदेव (1041—1073 ई०) ने इस देश को जीता था जैसा कि अल्हणदेवी के अभिलेख से ज्ञात होता है—'कीर कीरवदासपंजरगृहे हूण प्रहर्षं जहौ' (एपिग्राफ़िका इंडिया, जिल्द 2, पृ० 11) अर्थात् कर्ण के प्रताप के सामने कीर, पंजरगत शुक के समान हो गए तथा हूणों (या हूण नरेश) का सारा सुख समाप्त हो गया।

कीर्तिनाशा

पद्मा (गंगा) का एक नाम। राजनगर जिला फ़रीदपुर—बंगाल में स्थित राजा राजवल्लभ के प्राचीन भवनों और स्मारकों को बहा ले जाने के कारण इसका यह नाम पड़ गया है।

कीर्तिपुर (मैसूर)

कपिनी के तट पर बसा हुआ नगर (वर्तमान कितूर) जहां प्राचीन (पांचवीं-दसवीं शती ई०) पुन्नाड़ देश की राजधानी थी। इसका प्राकृतनाम कित्थीपुर है दे० पुन्नाड़।

कुकनपुर

चीनी यात्री युवानच्वांग के यात्रावृत्त में वर्णित दक्षिण भारत का नगर। चीनी उच्चारण में इसे 'कोंगकीनयापुले' लिखा गया है। कुछ विद्वानों के मत में कुकुनपुर वर्तमान अनेगुंडी (मैसूर) है जहां रामायण-काल में सुग्रीव की नगरी किष्किंधा बसी हुई थी। यदि यह अभिज्ञान ठीक है तो किष्किंधापुर का ही रूपांतर कुकुनपुर को माना जा सकता है। अनेगुंदी के निकट हंपी नामक स्थान पर मध्यकाल का प्रसिद्ध शहर विजयनगर बसा हुआ था।

कुग

मद्रास राज्य में स्थित नीलगिरि के उत्तर का भाग जिसमें आजकल

सालेम और कोयमबटूर जिले शामिल हैं। इस राज्य को मध्यप्रदेश के कलचुरि-वंश के राजा कर्णदेव (1041–1073 ई०) ने जीता था—जैसा कि अल्हणदेवी के अभिलेख से सूचित होता है—'पाड्य चडिमता मुमोच मुरलस्तत्याज गर्वग्रह, कुग सदगतिमाजगाम चकपे वग कलिगैं सह'—(एपिग्राफिका इंडिया जिल्द 2, पृ० 11)।

कुडधानी

कन्नौजाधिप महाराज हर्ष (606-647 ई०) के मधुवन अभिलेख से ज्ञात होता है कि उनके शासनकाल मे कुडधानी नामक विषय श्रावस्ती जनपद के अतर्गत था। इसी विषय मे सोमकुदका ग्राम स्थित था जिसका सबध इस अभिलेख से है।

कुडलपुर (म० प्र०)

(1) दमोह से 22 मील कुडलाकार पर्वत शिखर पर तथा नीचे 59 जैन मदिर स्थित हैं। पर्वत के ऊपर एक मदिर मे महावीर की विशाल शैलकृत्त मूर्ति है। कहा जाता है कि इस मदिर का जीर्णोद्धार महाराज छत्रसाल ने 17वीं शती में करवाया था।

(2) दे० कुडिन।

कुडलवन

कनिष्क के समय में (लगभग 120 ई०) तीसरी धर्म-सगीति (बौद्ध सम्मेलन) इस स्थान पर हुई थी। यह बौद्ध-विहार कश्मीर मे सभवत श्रीनगर के निकट ही था। इस सम्मेलन का प्रधान वसुमित्र और उपप्रधान पाटलिपुत्र निवासी 'बुद्ध चरित' का ख्यातनामा लेखक अश्वघोष था। इसके 500 सदस्य थे। इस सम्मेलन के पश्चात् महाविभाषा नामक ग्रथ सगृहीत किया गया था। अब यह ग्रथ केवल चीनी भाषा में ही प्राप्त है। तिब्बती लेखक तारानाथ लिखता है कि कुडलवन की स्थिति कुछ लोग कश्मीर मे तथा अन्यलोग जालधर के निकट कुवन में मानते हैं। वर्तमान अन्वेषणों के आधार पर प्रथम मत ही ग्राह्य जान पडता है। कुछ विद्वानों के मत मे तृतीय धर्म-सगीति पुरुषपुर या पेशावर म हुई थी।

कुडमल (जिला करीमनगर, आ० प्र०)

यहां के प्राचीन मदिर म जो अब प्राय खडहर हो गया है काले पत्थर के एक कलापूर्ण स्तभ पर सुदर मूर्तिकारी अकित है। मदिर मूलरूप मे विशालकाय-प्रस्तरखडों को जोड कर बनाया गया था।

कुडिन—कुडिनपुर=कौडिण्यपुर (चादूर तालुका, जिला अमरावती,

महाराष्ट्र)

यह उत्तर वैदिक तथा महाभारत के समय का नगर है। बृहदारण्यकोपनिषद् में विदर्भी कौंडिन्य नामक एक ऋषि का उल्लेख है। कौंडिन्य, कुंडिन-निवासी के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। महाभारत मे विदर्भ देश के राजा भीम का उल्लेख है जिसकी राजधानी कुंडिनपुर में ही थी—'स भीमवचनाद् राजा कुंडिन प्राविशत् पुरम्, नादयन् रथघोषेण सर्वा. स विदिशोदिश' महा० वन० 73,2 (नलोपाख्यान)। रुक्मिणी विदर्भराज की कन्या थी और कुंडिनपुर से ही कृष्ण उसे उसकी प्रणययाचना के परिणामस्वरूप अपने साथ द्वारका ले गए थे—'आरुह्य स्यन्दनं शौरिर्द्विजमारोप्य तूर्णगैः, आनर्तादेक-रात्रेण विदर्भानगमद्धयैः.' श्रीमद्भागवत् 10,53,6. अर्थात् रथ मे चढ कर श्रीकृष्ण तेज घोडों के द्वारा आनर्त (द्वारका) मे विदर्भ देश एक ही रात में जा पहुँचे। 'राजा स कुंडिनपति पुत्र-स्नेह वशगत शिशुपालाय स्वांकन्या दास्यन् कर्माण्यकारयत्' श्रीमद्भागवत् 10,53 7 अर्थात् कुंडिनपति भीम ने अपने पुत्र रुक्मि के प्रेम के वश मे होने के कारण उसके कहने के अनुसार रुक्मिणी के शिशुपाल के साथ विवाह की तैयारियां कर ली थीं। आगे (10,53,21) भी कुंडिन का उल्लेख है। कालिदास ने रघुवंश, सर्ग 6 मे इंदुमती के स्वयंवर का विदर्भ देश की राजधानी कुंडिन ही मे होना बताया है। इंदुमती को कालिदास ने विदर्भराज भोज की बहन और विदर्भ-राज को कुंडिनेश कहा है—'तिस्त्रस्त्रिलोकप्रथितेन सार्धमजेन मार्गे वसतीरुषित्वा तस्मादपावर्तत कुंडिनेश पर्वात्यये सोमइवोष्ण रश्मे' रघुवंश 7,33. अर्थात् कुंडिनेश भोज, इंदुमती के विवाह के पश्चात् अपने देश को लौटते हुए त्रिलोक-प्रसिद्ध राजकुमार अज के साथ मार्ग में तीन रात्रि बिता कर अपनी राजधानी—कुंडिनपुर—लौट आए जैसे अमावस्या के पश्चात् चंद्रमा सूर्य के पास से लौट आता है। कुंडिनपुर वर्धा नदी के तट पर स्थित है (दे० अमरावती का गजेटियर, जिल्द ए०, पृ० ४०६)। इसका वर्तमान नाम कुंडलपुर है। यह स्थान आर्वी (महाराष्ट्र) से छः मील दूर है। कुंडलपुर के पास ही भगवती अंबिका का प्राचीन मंदिर एक टीले पर अवस्थित है। किंवदंती है कि यह मंदिर उसी प्राचीन मंदिर के स्थान पर है जहां से देवी रुक्मिणी श्रीकृष्ण के साथ छिप कर चली गई थीं। इस स्थान को जो वर्धा—प्राचीन वरदा—के तट पर स्थित है आज भी तीर्थरूप में मान्यताप्राप्त है। नगर के बाहर प्राचीन दुर्ग के ध्वसावशेष हैं जिनमे अनेक मंदिरों के खंडहर भी अवस्थित हैं। दशावतार की एक प्रतिमा पर विक्रम-संवत् 1496 (1439 ई०) का एक लेख है जिससे ज्ञात होता है कि इस मूर्ति का निर्माण किसी व्यापारी ने विद्यापुर में करवाया था। कौंडिन्यपुर म

और भी अनेक मूर्तियां, विशेषकर कृष्णलीला से संबंधित, प्राप्त हुई हैं। इनकी आकृतियां तथा वेशभूषा की शैली अधिकांश में महाराष्ट्रीय है। रुक्मिणी के पिता भीष्मक के समय ही में भोजकट नामक एक नया नगर कुंडिनपुर के निकट ही बस गया था। दे० भोजकट।

कुंडीविष

द्रौपदेयाभिमन्युश्च सात्यकिश्च महारथ, पिशाचादारदाश्चैवपुंड्रा कुंडीविषैः सह' महा० भीष्म०, 50,51. कुंडीविष का उल्लेख महा पुंड्रों तथा कुछ अनार्य जातियों के साथ है जिससे इन लोगों के प्रदेश की स्थिति पूर्वी बंगाल या असम के किसी भूभाग में समझनी चाहिए। कुंडीविष के निवासी पांडवों की ओर से महाभारत के युद्ध में लड़े थे।

कुंडेश्वर (जिला टीकमगढ़, म० प्र०)

टीकमगढ़ से चार मील दूर है। यहां जमडार नदी बहती है जिसमें एक अगाध कुंड है। नदी तट पर कुंडेश्वर शिव का प्राचीन मंदिर है। कहा जाता है कि इस स्थान का नामकरण 15वीं शती के भक्तिसंप्रदाय के प्रसिद्ध संत वल्लभाचार्य ने किया था।

कुंत=कुंतल

कनारा या करहाड देश का नाम जिसका प्राचीन साहित्य में पर्याप्त वर्णन मिलता है। 7वीं शती के पूर्वार्ध में हर्ष को पराजित करने वाले चालुक्य नरेश पुलकेशिन् के राज्य में कुंत या कुंतलदेश सम्मिलित था। एक परिभाषा के अनुसार कुंतल देश उत्तर में नर्मदा से लेकर दक्षिण में तुंगभद्रा तक विस्तृत था। पश्चिम में इसकी सीमा अरब सागर तक और उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व में गोदावरी तक थी। महाभारत में कुंतल का उल्लेख है। 'शृंगार प्रकाशिका' के लेखक भोज के वर्णन के अनुसार विक्रमादित्य ने महाकवि कालिदास को कुंतल-नरेश के यहां दूत बना कर भेजा था। 'औचित्य विचार चर्चा' में क्षेमेंद्र ने भी कालिदास के कुंतलेश्वर-दौत्य का उल्लेख किया है। कई अभिलेखों से सूचित होता है कि गुप्त-सम्राटों ने कुंतल देश से निकट संबंध स्थापित किया था। तालगुंड अभिलेख में वैजयंती (कुंतल की राजधानी) के कदंबराज द्वारा अपनी कन्याओं का गुप्त राजाओं तथा अन्य नरेशों के साथ विवाह कराने का उल्लेख है। प्रसिद्ध कवि राजशेखर ने कनौजाधिप महीपाल (नवीं शती ई०) द्वारा विजित देशों में कुंतल की गणना की है। विंसेंट स्मिथ (अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया, पृ० 156) के अनुसार कुंतल देश वेदवती और भीमा नदियों के बीच में स्थित था।

कुंतलपुरी दे० कांतिपुरी

कुंतला (जिला आदिलाबाद, आ० प्र०)

इस स्थान से नवपाषाणयुगीन पत्थर के हथियार और उपकरण प्राप्त हुए हैं।

कुंतिनगर दे० कित्तूर

कुंतिपद

(1) 'नरराष्ट्रं च निर्जित्य कुंतिभोजमुपाद्रवत्' महा सभा० 31,6। सहदेव ने अपनी दिग्विजय यात्रा के प्रसंग में कुंतिभोज या कुंतिपद नामक जनपद को विजित किया था। इसका अभिज्ञान ग्वालियर (म० प्र०) के निकट कोतवार के प्रदेश से किया गया है। सभा० 31,7 में चर्मण्वती या चंबल का उल्लेख होने से यह अभिज्ञान ठीक जान पड़ता है। कुंतिपद का रूपांतरित नाम कांतिपुरी भी प्रचलित है। पांडवों की माता कुंती इसी प्रदेश के राजा की पुत्री थी। इसका नाम कुंतिभोज था। नवजात शिशु कर्ण को उसकी कुमारी माता कुंती ने अश्व नदी में बहा दिया था (वन० 308, 25–26, दे० अश्व)। अश्वनदी का चंबल की सहायक नदी के रूप में वर्णन है और इस प्रकार कुंतिपद की स्थिति ग्वालियर प्रदेश के निकट ही प्रमाणित होती है।

कुंतिभोज (दे० कुंतिपद)

महाभारत सभा० 31,6 में उल्लिखित कुंतिभोज को कुंतिपद नामक जनपद या इस जनपद के राजा (कुंती के पिता) दोनों ही का नाम माना जा सकता है। कुंतिपद, चंबल या चर्मण्वती के दक्षिण की ओर बसा था। इसे आजकल कोतवार या कुतवार कहा जाता है।

कुंतीविहार=नासिक

कुंथलगिरि (महाराष्ट्र)

बार्सी से 22 मील दूर प्राचीन जैन-तीर्थ है। जैनग्रंथ निर्वाण-कांड में निम्न गाथा है—'वंसत्थ लवणगियरे पच्छिम मायभि कुंथुगिरिसिहरे। कुल्देश भूषण मुणीणिब्बाणगयाणमो तेसिं।' पहाड़ी पर मूलनायक का विशाल मंदिर है जिसमें आदिनाथ की प्राचीन प्रतिमा प्रतिष्ठित है।

कुंदग्राम=कुंडग्राम

जैन तीर्थंकर महावीर का जन्मस्थान। ये गौतम बुद्ध के समकालीन थे। कुंदग्राम वैशाली (=बसाढ़, ज़िला मुज़फ्फरपुर, बिहार) का एक उपनगर था। महावीर ज्ञात्रिक गोत्र में उत्पन्न हुए थे। इनकी माता का नाम त्रिशला और पिता का सिद्धार्थ था। महावीर का जन्म 599 ई० पू० में हुआ था (दे० विशाला,

वैशाली)। वैशाली के कई अन्य उपनगरों का नाम पाली साहित्य मे मिलता है जैसे कोल्लाग, नादिक, वाणियगाम, हत्थीगाम—आदि।

कुदुज

कुदुज निवासियों को महाभारत, सभा० 52 मे कुदमान कहा गया है। यह देश सभवत जैसा कि प्रसग से इगित होता है, अफगानिस्तान की उत्तरी सीमा पर रहा होगा (दे० डा० मोतीचद्र ' उपायन पर्व—ए स्टडी)।

कुभकोणम् (मद्रास)

मायावरम् से बीस मील दूर स्थित प्राचीन विष्णु-तीर्थ है। शुद्ध नाम कुभ-घोण है जिसके विषय मे एक पौराणिक अनुश्रुति है—'कुभस्य घोणतो यस्मिन सुधापूर विनिस्सृतम्, तस्मात्तुतत्प्रद लोके कुभघोण वदति ह'। यह स्थान कावेरी-नदी के निकट है और द्रविड शैली मे निर्मित 17वी शती के मदिर के लिए उल्लेखनीय है। यहा का पुण्यस्थल महामाध्य सरोवर है।

कुंभलगढ़ (जिला उदयपुर, राजस्थान)

प्राचीन नगर के खडहर कुभलगढ स्टेशन के समीप एक 3568 फुट ऊची पहाडी पर स्थित हैं। इसे मेवाडपति राणा कुभा (1433–1468 ई०) ने बसाया था और उनके नाम से ही यह नगर प्रसिद्ध हुआ। बालक उदयसिह को जिसके प्राणो की रक्षा पन्ना धाई ने अपने पुत्र का बलिदान देकर की थी—चित्तौड से यहाँ लाया गया था। यही से चडावत सरदारो की सहायता से उदयसिह ने हत्यारे बनवीर को हराया था और उन्हे चित्तौड की गद्दी पुन प्राप्त हुई थी। जिस समय चित्तौड पर अकबर ने आक्रमण किया (1567 ई०) तो उदयसिह को भाग कर पुन कुभलमेर मे शरण लेनी पडी। 1571 ई० तक उन्होंने अपनी राजधानी यही रक्खी (दे० ओझा—राजपूताने का इतिहास, पृ० 733)। हल्दीघाटी के युद्ध के पश्चात् राणाप्रताप ने भी अपनी राजधानी कुछ समय तक यही रक्खी थी किंतु राजा मानसिंह के कुभलगढ पर आक्रमण करने के पश्चात् प्रताप को यहा से भी चला जाना पडा था। कुभलगढ को कमलमीर भी कहा जाता है (दे० कमलमीर)।

कुभवती

सरभग जातक मे दडकी या दडकवन की राजधानी कुभवती बताई गई है (दे० दडक)।

कुंभा=कुभा (काबुल नदी)

कुंभी

पचगगा (महाराष्ट्र) की एक धारा का नाम। दे० पचगगा।

कुकर्री (*जिला मंडला, म० प्र०*)

आठवीं या नवीं शती ई० में निर्मित एक जैन मंदिर यहां का उल्लेखनीय स्मारक है।

कुकुभ

उड़ीसा का एक पहाड़ (देवी भागवत 8,11)

कुकुर = कुक्कुर = कौकुर

प्राचीन साहित्य तथा अभिलेखों में कुकुर निवासियों और कुकुरदेश का अनेक बार उल्लेख आया है—'शौण्डिका कुकुराश्चैव शकाश्चैव विशाम्पते, अगावगाश्च पुड्राश्च शाणवत्यागयास्तथा'—महा० सभा० 52,16 तथा 'जठरा कुक्कुराश्चैव सदशार्णाश्च भारत' महा० भीष्म० 9,42, 'यादवा कुकुरा भोजा सर्वे चान्धकवृष्णय' शान्ति० 81,29। रुद्रदामन् के गिरनार अभिलेख (द्वितीय शती ई०) में इस प्रदेश की गणना रुद्रदामन् द्वारा जीते गए प्रदेशों में की गई है—'स्ववीर्यार्जितानामनुरक्तप्रकृतीना सुराष्ट्रश्वभ्रमरुकच्छ सिंधुसौवीरकुकुरापरांत निषादादीनाम्' इस प्रदेश को गौतमीबलश्री के नासिक अभिलेख (द्वितीय शती ई०) में उसके पुत्र शालवाहन गौतमीपुत्र के राज्य में सम्मिलित बताया गया है। वाराहमिहिर की बृहत्संहिता 14 4 में भी कुकरदेश का उल्लेख है। प्राप्तसाक्ष्य के आधार पर कहा जा सकता है कि संभवत कुकुर लोग शकों से संबंधित थे तथा उनकी गणना अनार्यजातियों में की जाती थी। (बारहवीं शती में सिंध और पश्चिमी पंजाब में खोकर या घक्कर नामक एक जाति का निवास था। इन्होंने मु० गौरी का जब वह भारत से गजनी लौट रहा था, वध कर दिया था। संभव है खोखर और कुकुर एक ही हों।) प्राचीन काल में कुकर देश की स्थिति पारियात्र या विंध्याचल के पश्चिमी भाग तथा राजस्थान या गुजरात के पूर्वी भाग में रही होगी। रुद्रदामन् के समय कुकुर शायद सिंध और अपरांत देश के बीच में बसे हुए थे।

कुकुत्था

यह महापरिनिब्बान सुत्त में उल्लिखित ककोथा या ककुट्ठा है। पावा से कुशीनगर जाते समय बुद्ध ने इस नदी को पार किया था। कनिंघम के अनुसार कसिया से आठ मील दूर बढ़ी नदी ही कुकुत्था है। यह छोटी गंडक में मिलती है।

कुक्कुटपादगिरि दे० गुरुपादगिरि

कुक्कुटाराम

महावंश 5,122। पाटलिपुत्र में स्थित एक विहार जो संभवत वर्तमान

रानीपुर (पटना) के पूर्व की ओर स्थिन टोले के स्थान पर था। बौद्ध साहित्य के अनुसार मौर्य सम्राट अशोक ने इसी विहार मे द्वितीय बौद्ध धर्म संगीति का सम्मेलन किया था।

कुटिका

वाल्मीकि रामायण अयो० 71,15 मे वर्णित एक नदी जिसे भरत ने केकय देश से अयोध्या आते समय सर्वतीर्थ के पूर्व की ओर चलकर हाथी पर सवार होकर पार किया था। इससे जान पड़ता है कि नदी काफी गहरी थी—हस्तिपृष्ठकमास्थाय कुटिकामभ्यवर्तत, ततार च नरव्याघ्रो लौहित्ये च कपीवतीम्।

कुटिकोष्टिका

वाल्मीकि० अयोध्या 71,10 मे उल्लिखित नदी जो गंगा के पूर्व मे थी—'स गंगा प्राग्वटे तीर्त्वा समायात्कुटिकोष्टिकाम्'।

कुटिला=कुटिका

कुटी

(1) बुद्ध चरित 22,13 के अनुसार पाटलिपुत्र के पास एक ग्राम जो गंगा के दूसरी ओर था। अंतिम बार पाटलिपुत्र से लौटते समय बुद्ध इस ग्राम मे आए थे और यहां उन्होंने प्रवचन किया था।

(2) प्राचीन कंबुज देश (कंबोडिया—दक्षिण-पूर्व एशिया) का एक नगर जहां नवीं शती के हिन्दू राजा जयवर्मन् द्वितीय की राजधानी कुछ समय तक रही थी। इसकी स्थिति अंगकोरथोम के पूर्व मे बाटेकिंडी के निकट थी।

कुड्याल दे० कुशस्थल

कुड्सी (मैसूर)

बिरूर-तालगुप्प रेलमार्ग पर शिमोगा से दस मील ईशानकोण मे यह ग्राम स्थित है। यहां तुंग और भद्रा नदियों का संगम है। नदी की संयुक्त धारा तुंगभद्रा कहलाती है। संगम पर कई प्राचीन मंदिर हैं। यहां शंकराचार्य का स्थान भी है।

कुडाल (महाराष्ट्र)

सावंतवाड़ी से 13 मील उत्तर की ओर काली नदी के तट पर स्थित है। इस स्थान पर 1663 ई० मे महाराष्ट्र-केसरी शिवाजी तथा बीजापुर के सुलतान आदिलशाह की सेना मे, जिसका नायक खवासखां था, घोर युद्ध हुआ था। खवासखां हार कर लौट गया। शिवाजी के समकालीन कविवर भूषण ने 'उमड़ि कुडाल मे खवासखान आए भनि भूषण त्यो धाए शिवराज पूरे मन के'

(शिवराज भूषण, छन्द 330)—इस छद में इस घटना का वर्णन किया है। इस लड़ाई के परचात् बीजापुर के सहायक तथा कुडाल के जागीरदार लक्ष्मण सावत देसाई को भी शिवाजी ने परास्त कर भगा दिया और कुडाल पर उनका पूर्ण अधिकार हो गया।

कुडुमियामलाई (मद्रास)

यह स्थान अनेक प्राचीन मदिरो के लिए उल्लेखनीय है। कई मदिरो मे सागौन के किवाड हैं। अम्मन नामक मदिर के जीर्णोद्धार का प्रयत्न 1955-56 मे भारतीय पुरातत्वविभाग द्वारा किया गया था।

कुणाल

जातको (5,419) मे उल्लिखित मध्यप्रदेश मे स्थित एक सरोवर।

कुणिद

'आनर्तान् कालकूटाश्च कुणिन्दाश्च विजित्य स सुमडल च विजित कृतवान् सह सैनिकम्'—महा० सभा० 26,4। कुणिदो के गणराज्य के कुछ सिक्के, देहरादून से जगाधरी तक के क्षेत्र मे यमुना के उत्तर-पश्चिम की ओर पाए गए हैं। सभवत महाभारत मे वर्णित कुणिद-जनपद की स्थिति इसी प्रदेश मे थी। कुणिद का पाठातर कुविंद और कुलिद भी है। दे० कुलिंद।

कुताप्र दे० वैशाली

कुदवा दे० अनोमा

कुनडर कोइल (मद्रास)

प्राचीन शैलकृत शिव मदिर के लिए प्रख्यात है। मूर्ति नटराज के रूप मे शिव की है।

कुनावरम् (जिला वारगल, आ० प्र०)

भद्राचलम् के निकट यह स्थान 14वीं शती मे बहमनी राज्य के विघटन के पश्चात् पूर्वी आध्र राज्य की राजधानी रहा था। 1335–36 ई० के शीघ्र ही पश्चात् प्रोल्यनायक ने स्वतन्त्र राज्य स्थापित कर इस स्थान को अपनी राजधानी बनाया था। यह नगर गोदावरी के तट पर बसा हुआ था। प्रोल्यनायक की मृत्यु के पश्चात् उसके उत्तराधिकारी के न होने के कारण वारगल-नरेश कपयनायक ने उसकी रियासत को तिलगाना मे मिला लिया।

कुवट्टूर (मैसूर)

चालुक्य-शैली मे निर्मित चालुक्यकालीन मदिर के कारण यह स्थान उल्लेखनीय है।

कुब्जा (म० प्र०)

नर्मदा की सहायक नदी। इसका संगम नर्मदा के दक्षिण तट पर रामघाट या प्राचीन बिल्वाम्रक नामक स्थान (माढा) के पास है। किंवदंती है कि बिल्वाम्रक में राजा रंतिदेव ने एक महायज्ञ किया था।

कुब्जाम्रक

कूर्मपुराण, उपरि० 34, 34 के अनुसार कनखल।

कुभा

अफगानिस्तान का वैदिक नाम—'त्वं सिंधो कुभयागोमतीं क्रुमुं मेहत्न्वा सरथयाभिरीयसे'—ऋग्वेद, 10,75–76 (नदी-सूक्त)। कुभा में उत्तर की ओर सुवास्तु (=स्वात) तथा दक्षिण की ओर क्रुमु (=कुरम) और गोमती (=गोमल) मिलती है। काबुल नगर काबुल या कुभा के तट पर ही बसा है। काबुल का नाम संभवतः कुभाकूल (यथा गोमत=गोमती कूल) से बिगड़ कर बना है। चीनी यात्री सुगयुन (520 ई० के लगभग) ने भारत-यात्रा के वृत्तांत में काबुल के देश का नाम किविन लिखा है। यह नाम संभवतः कुभा का ही रूपांतर है। कुभा का पाठांतर कुभा भी मिलता है। यह नदी काबुल नगर से 37 मील दूर सीरे चश्मा के सोते से निकलती है जो कोहीबाबा पर्वत के नीचे है।

कुभाकूल=काबुल दे० कुभा०

कुमरार

पटना (बिहार) के निकट एक ग्राम जो स्टेशन से आठ मील पश्चिम में है। अब यह पटने का ही एक भाग बन गया है। डा० स्पूनर के मत में चंद्रगुप्त मौर्य (320 ई० पू०) का प्रसिद्ध राजप्रासाद जिसके भव्य सौंदर्य का वर्णन मेगेस्थनीज ने किया है—वर्तमान कुमरार के स्थान पर ही था। इस स्थान से उत्खनन द्वारा इस राजप्रासाद के कुछ अवशेष प्रकाश में लाए गए हैं। दे० पाटलिपुत्र। कुमरार प्राचीन कुसुमपुर का अपभ्रंश जान पड़ता है।

कुमायूं (उ० प्र०)

प्राचीन पौराणिक नाम कूर्माचल। कुमायूं में सातवीं शती में चन्द्रवंशीय नरेशों का शासन प्रारंभ हुआ था। इनके समय में कुमायूं ने पर्याप्त उन्नति की थी। तत्पश्चात् कत्यूरी शासकों के समय में अल्मोड़ा, नैनीताल आदि कुमायूं में सम्मिलित थे। हेनरी इलियट ने कत्यूरी शासकों को खसजातीय सिद्ध करने का प्रयत्न किया है पर कत्यूरी लोग स्वयं को अयोध्या के सूर्यवंशी राजाओं का वंशज मानते थे। कहा जाता है कि मुहम्मद तुगलक ने जिस कराचल नामक पहाड़ी राज्य पर विफल आक्रमण किया था वह कूर्माचल ही था। परवर्ती काल

में उत्तर प्रदेश के रुहेलों ने भी कुमायू पर आक्रमण करके भीमताल, कटारमल, लखनपुर आदि के मंदिरों को तोड़ा-फोड़ा था। 1768 ई० में यहां गोरखों का शासन स्थापित हुआ और नेपाल युद्ध के पश्चात् 1816 ई० में हिमालय के अन्य पर्वतीय प्रदेशों के साथ कुमायू भी अंग्रेजी राज्य का अंग बन गया।

कुमार

विष्णुपुराण 2, 4, 60 के अनुसार शाकद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा भव्य के पुत्र के नाम पर कुमार कहलाता था।

कुमारग्राम

वैशाली (बिहार) के निकट एक ग्राम जहां जैन तीर्थंकर महावीर ने तपस्या की थी। जैन कथाओं के अनुसार महावीर को इस स्थान पर एक कृषक ने धोखे से अपने बैलों का चोर समझ कर पीटा था किंतु वे फिर भी शांत तथा अक्षुब्ध रहे और कृषक उनसे प्रभावित होकर उनका अनुयायी बन गया।

कुमारवन दे० कूर्माचल

कुमारदेव

जंबुद्वीप प्रज्ञप्ति (जैन सूत्र ग्रंथ) (4,35) में वर्णित चुल्लहिमवत पर्वत का एक शिखर।

कुमारविषय

'तत कुमारविषये श्रेणिमन्तमथाजयत्' महा० सभा० 30, 1। यहां के राजा श्रेणिमान को भीम ने अपनी दिग्विजययात्रा के प्रसंग में परास्त किया था। कुछ विद्वानों ने इसका अभिज्ञान गाजीपुर से किया है जहां प्राचीन काल में कार्तिकेय (कुमार) की पूजा प्रचलित थी। यह तथ्य इस क्षेत्र से प्राप्त सिक्कों से प्रमाणित होता है जिन पर कार्तिकेय या स्कंद की मूर्ति अंकित है।

कुमारहट्टा दे० हलीशहर

कुमारिका क्षेत्र (राजस्थान)

कोटा से चवालीस मील पर इंद्रगढ के निकट एक झील को कुमारिका क्षेत्र नाम से अभिहित किया जाता है।

कुमारी

(1)=कन्याकुमारी

(2) महाभारत भीष्म० 9, 36 में उल्लिखित नदी—'कुमारीमृषिकुल्यां च मारिषां च सरस्वतीम्'। निश्चय ही इसी नदी का उल्लेख विष्णु 2, 3, 13 में है जहां इसे शुक्तिमान् पर्वत से उद्भूत माना है तथा इसका नाम महाभारत के उल्लेख के समान ही ऋषिकुल्या के साथ है—'ऋषिकुल्या कुमार्याद्या

शुक्तिमत्पादसंभवा'। ऋषिकुल्या उडीसा की नदी है जो पूर्व विंध्य की पर्वत श्रेणियों से निकल कर बगाल की खाडी मे गिरती है। कुमारी भी ऋषिकुल्या के निकट बहने वाली कोई नदी जान पडती है। सभव है यह उडीसा के उदयाचल या कुमारीगिरि से निकलने वाली कोई नदी है। श्री न० ला० डे के अनुसार यह वर्तमान कुमारी है जो ज़िला मनभूम मे बहती है।

(3) क्वारी नामक नदी जो मालवा के पठार मे चंबल के निकट बहती हुई यमुना मे गिरती है। यह विंध्याचल से निकलती है।

(4) विष्णु पुराण के अनुसार शाकद्वीप की एक नदी—'सुकुमारी कुमारी च नलिनी धेनुका च या' विष्णु० 2, 4, 65।

कुमारीगिरि (उडीसा)

उदयगिरि का एक भाग जिसका उल्लेख खारवेल के प्रसिद्ध अभिलेख मे है। खारवेल ने अपने शासन के तेरहवें वर्ष मे इस स्थान पर जो अर्हतो के निवासस्थान के निकट था, कुछ स्तभो का निर्माण करवाया था। कुमारीगिरि भुवनेश्वर से सात मील पश्चिम मे है और जैनो का प्राचीन तीर्थ है। कहते हैं कि तीर्थंकर महावीर कुछ दिन यहा रहे थे। इसे कुमारीपर्वत भी कहते हैं। कुमारी नदी सभवत इसी पर्वत से उद्भूत होती है।

कुमुद

विष्णु० 2, २, 26 के अनुसार मेरुपर्वत के पश्चिम में स्थित एक पर्वत—'शीताभश्च कुमुन्दश्च कुररी माल्यवास्तथा वैकंकप्रमुखा मेरो पूर्वत केसराचला'।

कुमुद

(1) विष्णु० 2, 4, 26 के अनुसार शाल्मलद्वीप के सात पर्वतो मे से एक—'कुमुदश्चोन्नतश्चैव तृतीयश्च बलाहक'।

(2) गिरनार पवत माला का एक शृग जिसका उल्लेख मडलीक काव्य (1,2) म उज्जयत तथा रैवतक के साथ इस प्रकार है—'शिखरत्रयभेदेन नाम भेदमगादसौ, उज्जयन्तो रैवतक कुमुदश्चेति भूधर।

कुमुद्वती

विष्णु० 2, 4, 55 के अनुसार क्रौंच-द्वीप की एक नदी—'गौरी कुमुद्वती चैव सध्या रात्रि मंनोजवा'।

कुरग

महाभारत, अनुशासन पर्व मे कुरग क्षेत्र को करतोया नदी का तटवर्ती प्रदेश बताया गया है। करतोया बगाल के जिला बोगरा मे बहने वाली नदी है।

कुरड

'कारस्करान्माहिष्कान् कुरडान् केरलास्तथा, कर्कोटकान् वीरकाश्च दुधर्मादिंच विवर्जयेत् ।' महा० कर्ण० 44, 33 । प्रसंग से ज्ञात पड़ता है कि कुरड-लोगों के देश की स्थिति दक्षिण भारत मे केरल के निकट थी । ये अनार्य-जातीय रहे होगे क्योंकि इन्हें विवर्जनीय बताया गया है । संभव है कि कुरड और मुरड एक ही हों । मुरड लोग शकजातीय थे और इनका निवास महाराष्ट्र के प्रदेश मे था । समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति मे शकमुरडों का उल्लेख है ।

कुरई (जिला इलाहाबाद, उ० प्र०)

सिंगरौर के निकट गंगातट पर एक ग्राम है । किंवदंती है कि शृंगवेरपुर में गंगा पार करने के पश्चात् श्रीरामचंद्र जी इसी स्थान पर उतरे थे । यहां एक छोटा-सा मंदिर भी है जो स्थानीय लोकश्रुति के अनुसार उसी स्थान पर है जहां गंगा को पार करने के पश्चात् राम लक्ष्मण सीता ने कुछ देर विश्राम किया था । यहां से आगे चलकर वे प्रयाग पहुंचे थे (दे० शृंगवेरपुर) ।

कुरगमा (जिला झांसी, उ० प्र०)

जैनों का प्राचीन अतिशय-क्षेत्र माना जाता है ।

कुरनूल (आं० प्र०)

यह नगर 11वीं शती मे बसाया गया था । प्राचीन नाम कनडेलावोलू है । सोलहवीं शती के पूर्वार्ध मे विजयनगर-राज्य के अंतर्गत रहने के पश्चात् उसका पतन होने पर रामराय के प्रपौत्र गोपालराय का यहां कुछ दिन तक अधिकार रहा था । किंतु बीजापुर के सुलतान ने उसे हराने के लिए अब्दुल वहाब नामक सेनापति को भेजा जिसने कुरनूल पर अधिकार करके अपनी धार्मिक कट्टरता का परिचय दिया और यहां के अनेक मंदिर तुड़वा कर मस-जिदें बनवाईं । उसकी क़बर हंदल के मकबरे मे है जो कुरनूल के पास ही है । बीजापुर के सुलतान के शासनकाल मे शिवाजी ने इस इलाके से चौथ वसूल की । औरंगजेब के जमाने मे बीजापुर राज्य की समाप्ति पर कुरनूल पर मुगलों का अधिकार हो गया और मुग़लराज्य के शिथिल होने पर जब हैदरा-बाद की नई रियासत दक्षिण में बनी तो निज़ाम हैदराबाद ने कुरनूल को अपने राज्य मे सम्मिलत कर लिया (मध्य 18वीं शती) । कुरनूल, तुंगभद्रा और हांद्री नदियों के तट पर स्थित है । नगर के चारों ओर प्राचीन परकोटा है ।

कुररी

विष्णु पुराण के अनुसार मेरुपर्वत के पश्चिम मे स्थित एक पर्वत—'शीताम्भश्च कुमुन्दश्च कुररी माल्यवास्तथा' 2, 2, 26 ।

कुरिया (रुहेलखंड, उ० प्र०)

लखनऊ-काठगोदाम रेलमार्ग पर इस स्टेशन के दो मील पूर्व माली नामक ग्राम के पास एक प्राचीन बड़े नगर के खंडहर पाए जाते हैं। किंवदंती के अनुसार यह राजा वेणु का बसाया हुआ था। यहां के खंडहरों में अतिप्राचीन पूर्व-मौर्य या मौर्यकालीन आहत सिक्के, अहिच्छत्र के मित्र राजाओं और कुषाण-काल तथा प्रारंभिक मुसलिमकाल के सिक्के मिलते हैं। खंडहर 2 मील×1 मील है। (टि० पाणिनि के सूत्र 'रूपादाहतप्रशंसयोर्यप्' में आहत शब्द प्राचीन punch marked सिक्कों के लिए है।)

कुरियाकुंड (जिला बांदा, उ० प्र०)

यह स्थान प्रागैतिहासिक शिलाचित्रकारी के अवशेषों के लिए उल्लेखनीय है।

कुरु

प्राचीन भारत का प्रसिद्ध जनपद जिसकी स्थिति वर्तमान दिल्ली-मेरठ प्रदेश में थी। महाभारत-काल में हस्तिनापुर में कुरु-जनपद की राजधानी थी। महाभारत से ज्ञात होता है कि कुरु की प्राचीन राजधानी खांडवप्रस्थ थी। कुरु-श्रवण नामक व्यक्ति का नाम ऋग्वेद में है—'कुरु श्रवणमावृणि राजानं त्रासदस्यवम्। मंहिष्ठवाघता ऋषिः'। अथर्ववेद संहिता 20,127,8 में कौरव्य या कुरु देश के राजा का उल्लेख है—'कुलायन कृण्वन कौरव्य पतिरवदति जायया।' महाभारत के अनेक वर्णनों से विदित होता है कि कुरुजांगल, कुरु और कुरुक्षेत्र इस विशाल जनपद के तीन मुख्य भाग थे। कुरुजांगल इस प्रदेश के वन्यभाग का नाम था जिसका विस्तार सरस्वती तट पर स्थित काम्यकवन तक था। खांडववन भी जिसे पांडवों ने जला कर उसके स्थान पर इंद्रप्रस्थ नगर बसाया था इसी जंगली भाग में सम्मिलित था और यह वर्तमान नई दिल्ली के पुराने किले और कुतुब के आसपास रहा होगा। मुख्य कुरु जनपद हस्तिनापुर (जिला मेरठ, उ० प्र०) के निकट था। कुरुक्षेत्र की सीमा तैत्तरीय आरण्यक में इस प्रकार है—इसके दक्षिण में खांडव, उत्तर में तूर्घ्न और पश्चिम में परिणाह स्थित था। संभव है ये सब विभिन्न वनों के नाम थे। कुरु जनपद में वर्तमान थानेसर, दिल्ली और उत्तरी गंगा द्वाबा (मेरठ-बिजनौर जिलों के भाग) शामिल थे। पपंचसूदनी नामक ग्रंथ में वर्णित अनुश्रुति के अनुसार इलावंशीय कौरव, मूल रूप से हिमालय के उत्तर में स्थित प्रदेश (या उत्तरकुरु) के रहने वाले थे। कालांतर में उनके भारत में आकर बस जाने के कारण उनका नया निवासस्थान भी कुरु देश ही कहलाने लगा। इसे उनके मूल निवास से

भिन्न नाम न देकर कुरु ही कहा गया। केवल उत्तर और दक्षिण शब्द कुरु के पहले जोड कर उनकी भिन्नता का निर्देश किया गया (दे० लॉ—ऐंशंट मिड-इण्डियन क्षत्रिय ट्राइब्स, पृ० 16)। महाभारत मे भारतीय कुरु-जनपदीयो को दक्षिण कुरु कहा गया है और उत्तर-कुरुओ के साथ ही उनका उल्लेख भी है। —'उत्तरैं कुरुभि: सार्धं दक्षिणा कुरवस्तथा। विस्पधमाना व्यचरस्तथा देवर्षिचारणै' आदि० 108,10। अगुत्तर-निकाय मे 'सोलस महाजनपदो' की सूची में कुरु का भी नाम है जिससे इस जनपद की महत्ता का काल बुद्ध तथा उसके पूर्ववर्ती समय तक प्रमाणित होता है। महासुत-सोम जातक के अनुसार कुरु जनपद का विस्तार तीन सौ कोस था। जातको मे कुरु की राजधानी इद्रप्रस्थ मे बताई गई है। हस्तिनापुर या हस्तिनापुर का उल्लेख भी जातको में हैं। ऐसा जान पडता है कि इस काल के पश्चात् और मगध क बढती हुई शक्ति के फलस्वरूप जिसका पूर्ण विकास मौर्य साम्राज्य की स्थापना के साथ हुआ, कुरु, जिसकी राजधानी हस्तिनापुर राजा निचक्षु के समय मे गगा में बह गई थी और जिसे छोड कर इस राजा ने वत्स जनपद मे जाकर अपनी राजधानी कौशाबी मे बनाई थी, धीरे-धीरे विस्मृति के गर्त मे विलीन हो गया। इस तथ्य का आभास हमे जैन उत्तराध्यायन सूत्र से होता है जिससे बुद्धकाल में कुरुप्रदेश में कई छोटे-छोटे राज्यो का अस्तित्व ज्ञात होता है।

कुरुक्षेत्र (जिला करनाल, पजाब)

महाभारत के युद्ध की प्रसिद्ध रणस्थली। महाभारत मे वर्णित अनेक स्थल यहा आज भी वर्तमान हैं। यहा का प्राचीनतम स्थान ब्रह्मसर सरोवर है। शतपथ-ब्राह्मण के एक कथानक के अनुसार राजा पुरु को अपनी खोई हुई प्रेयसी अप्सरा उर्वशी इसी सरोवर के कमलों पर क्रीडा करती हुई मिली थी। वायुपुराण में वर्णित है कि कुरुक्षेत्र के सरोवर के तट पर सृष्टि के आदि मे ब्रह्मा ने एक यज्ञ किया था जिससे इसका नाम ब्रह्मसर हुआ। इसके बीच मे 'चद्रकूप' नामक कूप स्थित है। ब्रह्मसर मे एक प्राचीन मदिर है जहाँ पहुचने के लिए अकबर ने एक पुल बनवाया था जो अब जीर्णशीर्ण हो गया है। ब्रह्मसर के स्नानार्थी यात्रियो पर औरगजेब ने कर लगा दिया था और उसके कर्मचारी यहा पास ही स्थित गढी मे रहते थे। ब्रह्मसर को द्वैपायनह्रद और रामह्रद भी कहते हैं। कुरुक्षेत्र का दूसरा प्रसिद्ध सरोवर ज्योतिसर है। कहा जाता है कि यह वही पुण्यस्थान है जहा भगवान् कृष्ण ने अर्जुन को गीता सुनाई थी। एक छोटा तडाग सैन्यहृत या सन्निहित कहलाता है। सन्निहिती सरोवर का उल्लेख महाभारत वन० 83,195 मे है। वह सरोवर भी है जहा

दुर्योधन अंत समय में छिप गया था और भीम ने गदायुद्ध में उसे मारा था। यह तालाब अब मिट्टी और वनस्पतियों से ढक गया है। कुरुक्षेत्र से थोड़ी दूर पर बाणगंगा है जहां भीष्मपितामह के आहत होने पर उनके लिए अर्जुन ने भूमि से बाण द्वारा जलधारा प्रकट की थी। वामनपुराण 39,6–7–8 में कुरुक्षेत्र की सात नदियां बताई गई हैं—'सरस्वती नदी पुण्या तथा वैतरणी नदी, आपगा च महापुण्या गंगा मंदाकिनी नदी। मधुस्रवा-अम्लुनदी कौशिकी पापनाशिनी, दृषद्वती महापुण्या तथा हिरण्वती नदी'।

कुरम (दे० क्रुमु)

सिंध की सहायक नदी जो पश्चिम की ओर से आकर इसमें मिलती है।

कुरुवत्ती (जिला बिलारी, मैसूर)

यहां का प्राचीन मंदिर चालुक्य वास्तुकला का सुंदर उदाहरण है।

कुर्किहार (जिला गया, बिहार)

बोध-गया के निकट इस स्थान से कांसे की अनेक सुंदर बौद्ध और हिंदू मूर्तियां प्राप्त हुई हैं जो पाल और सेन काल की हैं। कुछ पर संवत् भी अंकित हैं। ये मूर्तियां ताम्र, सीसा, टीन और लोहे की मिश्रित धातु से बनाई गई हैं। इनके निर्माण में धातुविज्ञान का उच्चकोटि का ज्ञान प्रदर्शित है। इनमें बलराम और लोकनाथ की मूर्तियां विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। ये मूर्तियां पटना संग्रहालय में सुरक्षित कर दी गई हैं। कुछ विद्वानों के मत में कुर्किहार की कांस्य-मूर्तियों की सहायता से बृहत्तर-भारत में बौद्ध-धर्म के प्रचार का अध्ययन किया जा सकता है।

कुर्ग (केरल)

सुदूर दक्षिण में पश्चिमी तट पर अवस्थित है। इसका प्राचीन नाम काडगू कहा जाता है, जो कन्नड़ शब्द कुडू (ढलवा पहाड़ी) का अपभ्रंश है। कोड देश भी कुर्ग का ही एक अन्य प्राचीन नाम है।

कुलपर्वत

विष्णु पुराण 2,3,3 के अनुसार भारत के सात मुख्य पर्वत—'महेन्द्रो, मलय सह्य शुक्तिमानृक्षपर्वत, विन्ध्यश्च पारियात्रश्च सप्तैते कुलपर्वता।' अर्थात् महेन्द्र, मलय, सह्य, शुक्तिमान, ऋक्ष, विंध्य, पारियात्र ये सात कुलपर्वत हैं। कालिदास ने भी सात कुलभूभृत माने हैं—'भूतानां महता षष्ठमष्टमं कुलभूभृताम्' रघु० 17,78।

कुलपहाड़ (जिला हमीरपुर, उ० प्र०)

इस नाम की तहसील का मुख्य स्थान है। यहां चंदेले नरेशों के समय

की इमारतों के अनेक अवशेष हैं। यह स्थान बुंदेलखंड का एक भाग है।

कुलपाक (जिला नलगोंडा, आ० प्र०)

भोनगिरि से 20 मील दूर सिद्दी पेट सड़क पर स्थित है। यहां के प्राचीन मंदिर के निकट उत्खनन द्वारा अनेक सुंदर मूर्तियां प्राप्त हुई हैं जिनमें नौ तीर्थंकरों की मूर्तियां भी हैं। संगमर्मर की बनी महाविष्णु की मूर्ति, मूर्तिकला का उत्कृष्ट उदाहरण है। कुलपाक जैनों का तीर्थस्थल है। यहां जैन कलचुरि-नरेश शंकरगण ने बारह ग्रामों का दान दिया था। इसका समय सातवीं शती ई० में माना गया है।

कुलिंग

वाल्मीकि रामायण अयोध्या० 68,16 में इस नगरी का उल्लेख अयोध्या के दूतों की केकय-यात्रा के प्रसंग में है—'निकूलवृक्षमासाद्य दिव्य सत्योपयाचनम्, अभिगम्याभिवाद्य तं कुलिंगां प्राविशन्पुरीम्'। इस वर्णन में कुलिंगा का उल्लेख शरदंडा नदी के पश्चात् है। ऐसा जान पड़ता है कि सतलज तथा बियास नदियों के बीच के प्रदेश में इस नगरी की स्थिति होगी। अयोध्या 68,19 में विपाशा या बियास का उल्लेख है। संभव है नगरी का संबंध कुलिंदों या कुणिंदों से रहा हो जिनका उल्लेख महाभारत सभा० 26,4 में है। रामायण में वर्णित नदी कुलिंगा, कुलिंग प्रदेश की ही कोई नदी जान पड़ती है।

कुलिंगा

'वेगिनीं च कुलिंगाख्यां ह्लादिनीं पर्वतावृताम्, यमुना प्राप्य संतीर्णं बलमाश्वासयत्तदा' वाल्मीकि० अयोध्या 71,6। प्रसंगानुसार इस नदी की स्थिति यमुना से पश्चिम की ओर जान पड़ती है। संभवतः इसका संबंध लगभग उसी प्रदेश में बसे हुए कुलिंग नामक स्थान से रहा हो।

कुलिंद

महाभारत कर्ण० 85,4 में कुलिंददेशीय योद्धाओं का उल्लेख है। ये पांडवों की ओर से महाभारत के युद्ध में सम्मिलित हुए थे—'नवजलदसवर्णैर्हस्तिभिस्तानुदीयुर्गिरिशिखरनिकाशैर्भीमवेगैः कुलिन्दाः।' अर्थात् तत्पश्चात् कुलिंद के योद्धा नए मेघ के समान काले और गिरिशिखर के समान विशाल और भयंकर वेग वाले हाथियों को लेकर (कौरवों पर) चढ़ आए। इससे आगे के श्लोक में, 'सुकल्पितहैमवता मदोत्कटा' ये शब्द कुलिंद देश के हाथियों के लिए प्रयोग में आए हैं जिससे इंगित होता है कि ये हाथी हिमालय प्रदेश के थे और इस प्रकार कुलिंद की स्थिति भी हिमालय के सन्निकट प्रमाणित होती है। यह संभव है कि वाल्मीकि रामायण अयोध्या० 68,16 में वर्णित कुलिंग-नगरी का

कुलिंद से संबंध हो। कुलिंग की स्थिति शायद बियास और सतलज नदियों के बीच के प्रदेश मे थी। कुलिंद की स्थिति भी शायद वर्तमान हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी भागों मे रही होगी। महाभारत सभा० 26,4 मे भी कुलिंदों या कुणिंदों (दे० कुणिंद) का उल्लेख है। कुणिंदों के सिक्के देहरादून से जगाधरी तक यमुना के उत्तर-पश्चिम की ओर पाए गए हैं। कुलिंगा नदी (दे० कुलिंगा) भी शायद इसी प्रदेश मे बहती थी।

कुलिय (जिला नदिया, प० बंगाल)

नवद्वीप या नदिया-ग्राम का चैतन्य महाप्रभु के समय—15वीं शती—मे प्रचलित नाम। दे० नवद्वीप।

कुलियारपत (प० बंगाल)

कल्याणी से चार मील। गौरांग महाप्रभु चैतन्य तथा नित्यानंद के मंदिर यहां अवस्थित हैं। किंवदंती है कि इसी स्थान पर चैतन्य ने पंडित देवानंद को उनके द्वारा वैष्णव संप्रदाय के प्रतिकूल किए गए कार्यों के लिए क्षमा कर दिया था। चैतन्य से संबंध होने के कारण यह स्थान वैष्णवों के तीर्थ के रूप मे माना जाता है।

कुलू=कुलूत

कांगड़ा घाटी का पहाड़ी स्थान जिसकी प्रसिद्धि महाभारतकाल से चली आती है (दे० कुलूत)।

कुलूत

'तैरवै सहितः सर्वैरनुरज्य च तान् नृपान्, कुलूतवासिनं राजन् बृहन्तमुपजग्मिवान्'; 'कुलूतानुत्तरांश्चैव तांश्च राज्ञः समानयत्'—महा० सभा० 27,5; सभा० 27,11। कुलूत को यहां उत्तरकुलूत भी कहा गया है। महाभारत के समय यहां का राजा बृहन्त था जिसे अर्जुन ने अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग मे जीता था। कुलूत वर्तमान कुलू है जो कांगड़ा (पंजाब) घाटी का प्रसिद्ध पहाड़ी स्थान है। (टि०—महाभारत मे उपर्युक्त उद्धरणों मे कुलूत का पाठान्तर उलूक भी है)। संस्कृत कवि राजशेखर ने कन्नौजाधिप महीपाल (10वीं शती) के विजित प्रदेशों मे कुलूत का उल्लेख किया है।

कुल्लूर (मैसूर)

सौपर्णिका नदी के तट पर आद्यशंकराचार्य द्वारा स्थापित सिद्ध पीठ है।

कुवन

तिब्बत के इतिहास लेखक तारानाथ ने कुवन या कुंडल-वन की स्थिति जलंधर के पास बताई है। कुंडलवन में कनिष्क के समय मे तीसरी (कुछ

विद्वानों के मत में चौथी) धर्म-संगीति हुई थी। दे० कुंडलवन।

कुविंद दे० कुणिंद

कुशद्वीप

पुराणों की भौगोलिक कल्पना के अनुसार पृथ्वी के सप्तमहाद्वीपों में से एक (दे० विष्णु० 2,2-5—'कुशः क्रौंचस्तथा शाक पुष्करश्चैव सप्तमः) यह घृतसागर से परिवृत है। कुशद्वीप का उपास्यदेव अग्नि माना गया है। कुशद्वीप में विद्रुम, हेमशैल, द्युतिमान, पुष्पवान्, कुशेशय हरि और मंदराचल नामक सात पर्वत हैं।

कुशपुर दे० कुसूर

कुशप्लव

'कुशप्लव समासाद्यवसतैर्व मुदान्वितम्'—वाल्मीकि रामायण, बाल० 86,8। यह विशाला (=वैशाली) के पास एक तपोवन था।

कुशभवनपुर=सुल्तानपुर (उ० प्र०)

रामचन्द्र जी के पुत्र कुश की राजधानी यहां रही थी। युवानच्वांग ने इस स्थान को देखा था। श्री० न० ला० डे के अनुसार वायुपुराण, उत्तर 26 की कुशस्थली यही थी। प्राचीन नगर गोमती के तट पर था। सुल्तान अलाउद्दीन ने भार राजा को हरा कर यहां मसजिद बनवाई और नगर को वर्तमान नाम दिया।

कुशमाल

सुप्पारक जातक में वर्णित एक समुद्र जहां भृगुकच्छ के व्यापारी एक बार जा पहुंचे थे। इसका वर्णन इस प्रकार है—'यथा कुसो व सस्सो व समुद्दोपति दिस्सति' अर्थात् यह समुद्र कुश या अनाज के तृणों की भांति हरा दिखाई देता है। इस समुद्र में नीलमणि उत्पन्न होती थी। (दे० क्षुरमाली, अग्निमाली, वडवामुख, दधिमाल, नलमाली)।

कुशल

विष्णु-पुराण 2,4,60 के अनुसार शाकद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा भव्य के पुत्र के नाम पर कुशल कहलाता है।

कुशस्थल

(1) कान्यकुब्ज का एक नाम जिसका उल्लेख युवानच्वांग ने मौखरियों की राजधानी के रूप में किया है। हर्षचरित, उच्छ्वास 6 में, राज्यवर्धन के गौडाधिप द्वारा वध किए जाने पर गृहवर्मा मौखरी—राज्यश्री के दिवंगत पति की राजधानी कुशस्थल (कान्यकुब्ज) का गुप्त नामक राजा द्वारा ले लिए जाने का वर्णन है—'देव देवभूय गते देवे राज्यवर्धनगुप्तनाम्ना च गृहीते कुशस्थले,

देवी राज्यश्री परिभ्रम्य बधनाद्विन्ध्याटवी सपरिवारा प्रविष्टेति '।

(2) (गोआ) प्राचीन ग्राम है जहां शिवोपासना का केंद्र था। पहले यहां मंगेश शिव का प्राचीन मंदिर था। पुर्तगालियों द्वारा गोआ में उपद्रव मचाने पर यहां की मूर्ति प्रियोल ग्राम में भेज दी गई और वहीं मंदिर बनाया गया।

कुशस्थली

(1) द्वारका का प्राचीन नाम। पौराणिक कथाओं के अनुसार महाराजा रैवतक के समुद्र में कुश बिछाकर यज्ञ करने के कारण ही इस नगरी का नाम कुशस्थली हुआ था। पीछे त्रिविक्रम भगवान् ने कुश नामक दानव का वध भी यहीं किया था। त्रिविक्रम का मंदिर द्वारका में रणछोड़जी के मंदिर के निकट है। ऐसा जान पड़ता है कि महाराज रैवतक (बलराम की पत्नी रेवती के पिता) ने प्रथम बार, समुद्र में से कुछ भूमि बाहर निकाल कर यह नगरी बसाई होगी। हरिवंश पुराण 1,11,4 के अनुसार कुशस्थली उस प्रदेश का नाम था जहां यादवों ने द्वारका बसाई थी। विष्णुपुराण के अनुसार, 'आनर्तस्यापि रेवतनामा पुत्रोजज्ञे योऽसावानर्तविषय बुभुजे पुरीं च कुशस्थलीमध्युवास विष्णु० 4,1,64' अर्थात् आनर्त के रेवत नामक पुत्र हुआ जिसने कुशस्थली नामक पुरी में रह कर आनर्त विषय पर राज्य किया। विष्णु० 4,1,91 से सूचित होता है कि प्राचीन कुशावती के स्थान पर ही श्रीकृष्ण ने द्वारका बसाई थी—'कुशस्थली या तव भूप रम्या पुरी पुराभूदमरावतीव, *सा द्वारका संप्रति तत्र चास्ते स केशवांशो बलदेवनामा*'। कुशावती का अन्य नाम कुशावर्त भी है। एक प्राचीन किंवदंती में द्वारका का संबंध 'पुण्यजनों' से बताया गया है। ये 'पुण्यजन' वैदिक 'पणिक' या 'पणि' हो सकते हैं। अनेक विद्वानों का मत है कि पणिक या पणि प्राचीन ग्रीस के फिनीशियनों का ही भारतीय नाम था। ये लोग अपने को कुश की संतान मानते थे (दे० वेडल—मेकर्स ऑव सिविलीजेशन, पृ० 80)। इस प्रकार कुशस्थली या कुशावर्त नाम बहुत प्राचीन सिद्ध होता है। पुराणों के वंशवृत्त में शार्यातों के मूल पुरुष शर्याति की राजधानी भी कुशस्थली बताई गई है। महाभारत, सभा० 14,50 के अनुसार कुशस्थली रैवतक पर्वत से घिरी हुई थी—'कुशस्थली पुरीं रम्यां रैवतेनोपशोभितम्'। जरासंध के आक्रमण से बचने के लिए श्रीकृष्ण मथुरा से कुशस्थली आ गए थे और यहीं उन्होंने नई नगरी द्वारका बसाई थी। पुरी की रक्षा के लिए उन्होंने अभेद्य दुर्ग की रचना की थी जहां रह कर स्त्रियां भी युद्ध कर सकती थीं—'तथैव दुर्गसंस्कारं देवैरपि दुरासदम्, स्त्रियोऽपियस्यां युध्येयु किमु वृष्णिमहारथा'। महा० सभा० 14,51,

(2) दे० कुशभवनपुर

(3)=कुशावती

कुशाग्रपुर

राजगृह (बिहार) का प्राचीन नाम, जिसका उल्लेख चीनीयात्री युवानच्वांग (7वीं शती ई०) ने किया है। उसके लेख के अनुसार मगध की प्राचीन राजधानी कुशाग्रपुर में ही थी। वहां भारी अग्निकांड हो जाने के कारण मगध नरेश बिंबिसार ने इसी स्थान पर नवीन नगर राजगृह बसाया था (फाह्यान के अनुसार राजगृह का संस्थापक बिंबिसार का पुत्र अजातशत्रु था)। युवानच्वांग यह भी लिखता है कि इस स्थान पर श्रेष्ठ कुश या घास होने के कारण ही इसे कुशाग्रपुर कहते थे। राजगृह के पास आज भी सुगंधित उशीर या खस बहुलायत से उत्पन्न होती है। शायद कुश या घास से युवानच्वांग का तात्पर्य खस से ही था।

कुशावती

(1) वाल्मीकि०, उत्तर० 108,4 से विदित होता है कि स्वर्गारोहण के पूर्व रामचंद्र जी ने अपने ज्येष्ठ पुत्र कुश को कुशावती नगरी का राजा बनाया था—'कुशस्य नगरी रम्या विंध्यपर्वत रोधसि, कुशावतीति नाम्ना साकृता रामेण धीमता'। उत्तरकांड 107,17 से यह भी सूचित होता है कि, 'कोसलेषु कुशं वीरमुत्तरेषु तथा लवम्' अर्थात् रामचंद्र जी ने दक्षिण कोसल में कुश और उत्तर कोसल में लव का राज्याभिषेक किया था। कुशावती विंध्यपर्वत के अंचल में बसी हुई थी, और दक्षिण-कोसल या वर्तमान रायपुर (बिलासपुर क्षेत्र, म० प्र०) में स्थित होगी। जैसा कि उपर्युक्त उत्तर० 108, 4 से सूचित होता है स्वयं रामचंद्र जी ने यह नगरी कुश के लिए बनाई थी। कालिदास ने भी रघु० 15, 97 में कुश का, कुशावती का राजा बनाए जाने का उल्लेख किया है—'स निवेश कुशावत्यां रिपुनागांकुशं कुशम्'। रघुवंश सर्ग १६ से ज्ञात होता है कि कुश ने कुशावती में कुछ समय पर्यंत राज करने के पश्चात् अयोध्या की इष्टदेवी के स्वप्न में आदेश देने के फलस्वरूप उजाड़ अयोध्या को पुन. बसा कर वहां अपनी राजधानी बनाई थी। कुशावती से ससैन्य अयोध्या आते समय कुश को विंध्याचल पार करना पड़ा था—'व्यलङ्घयद्विन्ध्यमुपायनानि पश्यन्पुलिंदैरुपपादितानि' रघु० 16,32 . विंध्य के पश्चात् कुश की सेना ने गंगा को भी हाथियों के सेतु द्वारा पार किया था, 'तीर्थे तदीये गजसेतुबंधात्प्रतीपगामुत्तरतोऽस्य गंगाम्, अयत्नबालव्यजनीबभूवुर्हंसानभोलंघनलोलपक्षाः' रघु० 16, 33। अर्थात् जिस समय कुश, पश्चिम वाहिनी गंगा को गजसेतु द्वारा पार कर रहे थे, आकाश में उड़ते हुए चंचल पक्षों वाले हंसों की श्रेणियां उन (कुश) के

ऊपर डालती हुई चवर के समान जान पड़ती थी। यह स्थान जहां कुश ने गंगा को पार किया था चुनार (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०) के निकट हो सकता है क्योंकि इस स्थान पर वास्तव में गंगा एकाएक उत्तर-पश्चिम की ओर मुड़ कर बहती है और काशी में पहुंच कर फिर से सीधी बहने लगती है।

(2) महावंश 2,6 में कुशीनगर (कसिया) का प्राचीन नाम। अनुश्रुति के अनुसार इसे कुश ने बसाया था। कुशावती का उल्लेख कुस-जातक में भी है।

कुशावर्त

(1)=कुशस्थली

(2) महाभारत में वर्णित हरद्वार और कनखल के निकट एक तीर्थ—'गंगाद्वारे कुशावर्ते बिल्वके नीलपर्वते तथा कनखले स्नात्वा धूतपाप्मा दिवंव्रजेत्' अनुशासन० 25,13। यह हरद्वार में गंगा का वर्तमान कुशाघाट हो सकता है।

कुशिक

कान्यकुब्ज का प्राचीन नाम (दे० कान्यकुब्ज)।

कुशीनगर=कसिया (जिला गोरखपुर, उ० प्र०)

बुद्ध के महापरिनिर्वाण का स्थान है। किंवदंती के अनुसार यह नगर श्रीरामचन्द्र जी के ज्येष्ठ पुत्र कुश द्वारा बसाया गया था। महावंश 2,6 में कुशीनगर का नाम इसी कारण कुशावती भी कहा गया है। बौद्धकाल में यही नाम कुशीनगर, या पाली में, कुसीनारा हो गया। एक अन्य बौद्ध किंवदंती के अनुसार तक्षशिला के इक्ष्वाकुवंशी राजा तालेश्वर का पुत्र तक्षशिला से अपनी राजधानी हटाकर कुशीनगर ले आया था। उसकी वंश परम्परा में बारहवें राजा सुदिन्न के समय तक यहां राजधानी रही। इनके बीच में कुश और महादर्शन नामक दो प्रतापी राजा हुए जिनका उल्लेख गौतम बुद्ध ने (महादर्शन-सुत्त के अनुसार) किया था। महादर्शनसुत्त में कुसीनारा के वैभव का वर्णन है—'राजा महासुदर्शन के समय में, कुशावती पूर्व से पश्चिम तक बारह योजन और उत्तर से दक्षिण तक सात योजन थी। कुशावती राजधानी समृद्ध और सब प्रकार से सुख-शांति से भरपूर थी। जैसे देवताओं की अलकनंदा नामक राजधानी समृद्ध है, वैसे ही कुशावती थी। *यहां दिन रात हाथी, घोड़े, रथ*, भेरी, मृदंग, गीत, शंख, ताल, शम्म, और खाओ-पिओ—के दस शब्द गूंजते रहते थे। नगरी सात परकोटों से घिरी थी। इनमें चार रंगों के बड़े-बड़े द्वार थे। चारों ओर ताल वृक्षों की सात पंक्तियां नगरी को घेरे हुई थी। इस पूर्व-बुद्धकालीन वैभव की झलक हमें कसिया में खोदे गये कुओं के अंदर से प्रायः बीस फुट की गहराई पर प्राप्त होने वाली भित्तियों के अवशेषों से मिलती

है। महापरिनिर्वाणसुत्त से ज्ञात होता है कि कुशीनगर में बहुत समय तक समस्त जंबुद्वीप की राजधानी भी रही थी। बुद्ध के समय (छठी शती ई० पू०) में कुशीनगर में मल्लजनपद की राजधानी थी। नगर के चतुर्दिक् सिंहद्वार थे जिन पर सदा पहरा रहता था। बस्ती के उत्तर की ओर मल्लों का एक उद्यान था जिसे शालवन उद्यान कहते थे। नगर के उत्तरी द्वार से शालवन तक एक राजमार्ग जाता था जिसके दोनों ओर शालवृक्षों की पंक्तियां थीं। शालवन से नगर में प्रवेश करने के लिए पूर्व की ओर जाकर दक्षिण की ओर मुड़ना पड़ता था। शालवन से नगर के दक्षिण द्वार तक बिना नगर में प्रवेश किए ही एक सीधे मार्ग से पहुंचा जा सकता था। पूर्व की ओर हिरण्यवती नदी (=राप्ती) बहती थी जिसके तट पर मल्लों की अभिषेकशाला थी। इसे मुकुटबंधनचैत्य कहते थे। नगर के दक्षिण की ओर भी एक नदी थी जहां कुशीनगर का श्मशान था। बुद्ध ने कुशीनगर आते समय इरावती (अचिरावती, अजिरावती या राप्ती नदी) पार की थी (बुद्धचरित 25,53)। नगर में अनेक सुंदर सड़कें थीं। चारों दिशाओं के मुख्य द्वारों से आने वाले राजपथ नगर के मध्य में मिलते थे। इस चौराहे पर मल्ल गणराज्य का प्रसिद्ध संथागार था जिसकी विशालता इसी से जानी जा सकती है कि इसमें गणराज्य के सभी सदस्य एकसाथ बैठ सकते थे। संथागार के सभी सदस्य राजा कहलाते थे और बारी-बारी से शासन करते थे। शेष, व्यापार आदि कार्यों में व्यस्त रहते थे। कुशीनगर में मल्लों की एक सुसज्जित सेना रहती थी। इस सेना पर मल्लों को गर्व था। इसी के बल पर वे बुद्ध के अस्थि-अवशेषों को लेने के लिए अन्य लोगों से लड़ने के लिए तैयार हो गए थे। भगवान् बुद्ध अपने जीवनकाल में कई बार कुशीनगर आए थे। वे शालवन विहार में ही प्रायः ठहरते थे। उनके समय में ही यहां के निवासी बौद्ध हो गए थे। इनमें से अनेक भिक्षु भी बन गए थे। दब्बमल्ल स्थविर, आयुष्मान् सिंह, यशदत्त स्थविर, इन में प्रसिद्ध थे। कोसलराज प्रसेनजित् का सेनापति बंधुलमल्ल, दीर्घनारायण, राजमल्ल, वज्रपाणिमल्ल और वीरांगना मल्लिका यहीं के निवासी थे। भगवान् बुद्ध की मृत्यु 483 ई० में कुसीनारा में ही हुई थी—दे० बुद्ध चरित 25,52—'नव शिष्य मल्लों के साथ चुंद के यहां भोजन करने के पश्चात् उसे उपदेश देकर वे कुशीनगर आए।' उन्होंने शालवन के उपवन में युग्मशाल वृक्षों के नीचे चिर समाधि ली थी (बुद्ध चरित 25,55)। निर्माण के पूर्व कुशीनगर पहुंचने पर तथागत कुशीनगर में कमलों से सुशोभित एक तड़ाग के पास उपवन में ठहरे थे—बुद्ध चरित, 25,53। अंतिम समय में बुद्ध ने कुसीनारा को बौद्धों का महातीर्थ बताया था।

उन्होंने यह भी कहा था कि पिछले जन्मों में छः बार वे चक्रवर्ती राजा होकर कुशीनगर में रहे थे। बुद्ध के शरीर का दाहकर्म मुकुटबंधन चैत्य (वर्तमान रामाधार) में किया गया था और उनकी अस्थियां नगर के सथागार में रखी गई थी। (मुकुटबंधन चैत्य में मल्लराजाओं का राज्याभिषेक होता था। बुद्ध चरित 27,70 के अनुसार बुद्ध की मृत्यु के पश्चात् 'नागद्वार के बाहर आकर मल्लों ने तथागत के शरीर को लिए हुए हिरण्यवती नदी पार की और मुकुट चैत्य के नीचे चिता बनाई')। बाद में उत्तरभारत के आठ राजाओं ने इन्हें आपस में बांट लिया था। मल्लों ने मुकुटबंधनचैत्य के स्थान पर एक महान् स्तूप बनवाया था। बुद्ध के पश्चात् कुशीनगर को मगधनरेश अजातशत्रु ने जीतकर मगध में सम्मिलित कर लिया और यहां का गणराज्य सदा के लिए समाप्त हो गया। किंतु बहुत दिनों तक यहां अनेक स्तूप और विहार आदि बने रहे और दूर दूर से बौद्ध यात्रियों को आकर्षित करते रहे। बौद्ध अनुश्रुति के अनुसार मौर्यसम्राट अशोक (मृत्यु 232 ई० पू०) ने कुशीनगर की यात्रा की थी और एक लक्ष मुद्रा व्यय करके यहां के चैत्य का पुनर्निर्माण करवाया था। युवानच्वांग के अनुसार अशोक ने यहां तीन स्तूप और दो स्तंभ बनवाए थे। तत्पश्चात कनिष्क (120 ई०) ने कुशीनगर में कई विहारों का निर्माण करवाया। गुप्त काल में यहां अनेक बौद्ध विहारों का निर्माण हुआ तथा पुराने भवनों का जीर्णोद्धार भी किया गया। गुप्त-राजाओं की धार्मिक उदारता के कारण बौद्ध संघ को कोई कष्ट न हुआ। कुमारगुप्त (5वीं शती ई० का प्रारंभ काल) के समय में हरिबल नामक एक श्रेष्ठी ने परिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की बीस फुट ऊंची प्रतिमा की प्रतिष्ठापना की। छठी व सातवीं ई० से कुशीनगर उजाड़ होना प्रारंभ हो गया। हर्ष के शासनकाल में (606-647 ई०) कुशीनगर नष्टप्राय हो गया था यद्यपि यहां भिक्षुओं की संख्या पर्याप्त थी। युवानच्वांग के यात्रा-वृत्त से सूचित होता है कि कुशीनारा, सारनाथ से उत्तर-पूर्व 116 मील दूर था। युवान् के परवर्ती दूसरे चीनी यात्री इत्सिंग के वर्णन से ज्ञात होता है कि उसके समय में कुशीनगर में सर्वास्तिवादी भिक्षुओं का आधिपत्य था। हैहयवंशीय राजाओं के समय उनका स्थान महायान के अनुयायी भिक्षुओं ने ले लिया जो तांत्रिक थे। 16वीं शती में मुसलमानों के आक्रमण के साथ ही कुशीनगर का इतिहास अंधकार के गर्त में लुप्त-सा हो जाता है। संभवतः 13वीं शती में मुसलमानों ने यहां के सभी विहारों तथा अन्यान्य भवनों को तोड़-फोड़ डाला था। 1876 ई० की खुदाई में यहां प्राचीन काल में होने वाले एक भयानक अग्निकांड के चिह्न मिले हैं जिससे स्पष्ट है

कि मुसलमानों के आक्रमण के समय यहां के सब विहारों आदि को भस्म कर दिया गया था। तिब्बत का इतिहास लेखक तारानाथ लिखता है कि इस आक्रमण के समय मारे जाने से बचे हुए भिक्षु भाग कर नेपाल, तिब्बत तथा अन्य देशों में चले गए थे। परिवर्ती काल में कुशीनगर के अस्तित्व तक का पता नहीं मिलता। 1861 ई० में जब जनरल कनिंघम ने खोज द्वारा इस नगर का पता लगाया तो यहां जंगल ही-जंगल थे। उस समय इस स्थान का नाम माथा कुंवर का कोट था। कनिंघम ने इसी स्थान को परिनिर्वाण-भूमिसिद्ध किया। उन्होंने अनरुधवा ग्राम को प्राचीन कुसीनारा और रामाधार को मुकुट-बंधनचैत्य बताया। 1876 ई० में इस स्थान को स्वच्छ किया गया। पुराने टीलों की खुदाई में महापरिनिर्वाण स्तूप के अवशेष भी प्राप्त हुए। तत्पश्चात् कई गुप्तकालीन विहार तथा मंदिर भी प्रकाश में लाए गए। कलचुरिनरेशों के समय — 12वीं शती—का एक विहार भी यहां से प्राप्त हुआ था। कुशीनगर का सबसे अधिक प्रसिद्ध स्मारक बुद्ध की विशाल प्रतिमा है जो शयनावस्था में प्रदर्शित है। (बुद्ध का निर्वाण दाहनी करवट पर लेटे हुए हुआ था)। इसके ऊपर धातु की चादर जड़ी है। यहीं बुद्ध की साढ़े दस फुट ऊंची दूसरी मूर्ति है जिसे मायाकुंवर कहते हैं। इसकी चौकी पर एक ब्राह्मी-लेख अंकित है। महा-परिनिर्वाण स्तूप में से एक ताम्रपट्ट निकला था जिस पर ब्राह्मी लेख अंकित है—'(परिनि) र्वाण चैत्ये ताम्रपट्ट इति'। इस लेख से तथा हरिबल द्वारा प्रतिष्ठापित मूर्ति पर के अभिलेख ('देयधर्मोयं महाविहारे स्वामिनो हरिबलस्य प्रतिमा चेयं घटिता दीनेन माथुरेण') से कसिया का कुशीनगर से अभिज्ञान प्रमाणित होता है। पहले विंसेंट स्मिथ का मत था कि कुशीनगर नेपाल में अचिरवती (राप्ती) और हिरण्यवती (गंडक ?) के तट पर बसा हुआ था। मजूमदार-शास्त्री कसिया को वेठदीप मानते हैं जिसका वर्णन बौद्ध साहित्य में है (दे० एशेंट ज्याग्रेफी आव इंडिया, पृ० 714), किंतु अब कसिया का कुशी-नगर से अभिज्ञान पूर्णरूपेण सिद्ध हो चुका है।

कुशेशय

विष्णुपुराण में उल्लिखित कुशद्वीप का एक पर्वत—'विद्रुमो हेमशैलश्च द्युतिमान् पुष्पवांस्तथा, कुशेशयं हरिश्चैव सप्तमो मन्दराचलः' 2-4-41।

कुसीनारा दे० कुशीनगर

कुसीम नगर=कुसीम मंडल

दक्षिण ब्रह्मदेश (बर्मा) में प्राचीन भारतीय बस्ती जो वर्तमान बेसीन के स्थान पर थी।

कुसुभि

महाभारत के अनुसार द्वारका के निकट सुकक्ष पर्वत के चतुर्दिक् स्थित वनों में से एक—'सुकक्ष परिवार्यैनं चित्रपुष्प महावनम् शतपत्रवनं चैव करवीर कुसुभि च ।' सभा० 38, दाक्षिणात्यपाठ ।

कुसुमध्वज

गार्गी संहिता के अंतर्गत युगपुराण में कुसुमध्वज पर यवनों (ग्रीकों) के आक्रमण का उल्लेख है—'ततः साकेतमाक्रम्य पांचालान् मथुरास्तथा, यवना दुष्टविक्रान्ता प्राप्स्यन्ति कुसुमध्वजम् । ततः पुष्पपुरे प्राप्ते कर्दमे प्रथिते हिते, आकुला विषया सर्वे भविष्यन्ति न संशयः' (दे० कर्न-बृहत्संहिता, पृ० 37) । कुसुमध्वज या पुष्पपुर का अभिज्ञान पाटलिपुत्र से किया गया है । उपर्युक्त उद्धरण में संभवतः भारत पर दूसरी शती ई० पू० में होने वाले मिनेण्डर के आक्रमण का उल्लेख है ।

कुसुमपुर

(1) =पुष्पपुर=पाटलिपुत्र (दे० पुष्पपुर, पाटलिपुत्र, कुमरार) ।

(2) =कान्यकुब्ज । युवानच्वांग ने कान्यकुब्ज का नाम कुसुमपुर भी लिखा है ।

(3) (बर्मा) ब्रह्मदेश का प्राचीन भारतीय नगर जिसका नाम संभवतः मगध के प्रसिद्ध नगर कुसुमपुर या पाटलिपुत्र के नाम पर ही रखा गया था । ब्रह्मदेश में भारतीयों ने अति प्राचीनकाल ही में अनेक औपनिवेशिक बस्तियां बसाई थी ।

कुसुमोद

विष्णु पुराण 2,4,60 के अनुसार शाकद्वीप का भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा के पुत्र के नाम पर कुसुमोद कहलाता है ।

कुसुर (पंजाब, प० पाकिस्तान)

लाहौर के निकट एक प्राचीन बस्ती । किंवदंती है कि श्री रामचन्द्र जी के कनिष्ठ पुत्र लव ने लवपुर अथवा लाहौर तथा ज्येष्ठ पुत्र कुश ने कुशपुर अथवा कुसुर की संस्थापना की । किंतु वाल्मीकि० उत्तर० 108,4 में वर्णित है कि लव को उत्तरकोसल और कुश को दक्षिणकोसल या कुशावती का राज्य श्रीरामचन्द्र जी द्वारा दिया गया था ।

कुस्थलपुर

गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में कुस्थलपुर के शासक धनंजय के समुद्रगुप्त द्वारा जीते जाने का उल्लेख है—'कांचेयक विष्णुगोप, अवमुक्तक

नीलराज, वैंगेयक हस्तिवर्मा, पालक्‍क उग्रसेन, दैवराष्ट्रक कुबेरकौस्थलपुरक धनंजय प्रभृति सर्वं दक्षिणापथ राजा गृहणमोक्षानुग्रहजनित प्रतापोन्मिश्रमहा भाग्यस्य' इस स्थान का अभिज्ञान निश्चित रूप से नहीं हो सका है। प्रसंग से इसकी स्थिति जिला विजगापटम (आ० प्र०) के अन्तर्गत होनी चाहिए।

कुहमीर (जिला भरतपुर, राजस्थान)

डीग और भरतपुर के बीच में स्थित है। यहां भरतपुर के जाट नरेशों का एक सुदृढ दुर्ग था जिसके द्वारा अपने राज्य की रक्षा करने में उन्हें बहुत सहायता मिलती थी। 17>4 ई० मे पांच मास तक मराठों की सेनाओं ने कुहमीर का घेरा डाला था। इसके पश्चात 1778 ई० में मुगल सरदार नजफखां ने भी कुहमीर को घेर लिया था। उस समय भरतपुर की गद्दी पर राजा रणजीतसिंह आसीन थे। काफी दिनों के घेरे के पश्चात् सूरजमल की विधवा रानी किशोरी के चातुर्य से कुहमीर का किला रानी को रहने के लिए दे दिया गया और भरतपुर का इलाका रणजीतसिंह का वापस दे दिया गया।

कूचनार

पाणिनि 4,3,94 में उल्लिखित, वर्तमान कूचा (चीनी तुर्किस्तान या सिंक्यांग)।

कूटक

श्रीमद्भागवत 5,19,16 में भारत के पर्वतों की सूची में कुटक का ऋषभ और कोल्लक नामक पर्वतों के साथ उल्लेख है—'भारतेप्यस्मिन् वर्षे सरिच्छैला सन्ति बहवो मलयो मंगलप्रस्थो मैनाकस्त्रिकूटऋषभ कूटककोल्लक सह्यो देव गिरिऋष्यमूक श्रीशैला वेंकटा महेन्द्रोवारिधारो विन्ध्य'। संदर्भ से यह ऋषभ के निकट विंध्य की पूर्व श्रेणियां में स्थित दक्षिण भारत का कोई पर्वत जान पड़ता है।

कूपक दे० सतियपुत्रदेश

कूर्माचल

कुमायूं (उ० प्र०) क्षेत्र का प्राचीन पौराणिक नाम (अन्य नाम कुमारवन)। वर्तमान अल्मोड़ा तथा नैनीताल के जिले कुमायूं में स्थित हैं। संभवतः दिल्ली के सुल्तान मु० तुगलक ने 1335 ई० के लगभग कूर्माचल के प्रदेश पर आक्रमण किया था जिससे उसकी सेना का अधिकांश नष्ट हो गया था। तारीखे फिरोज-शाही के लेखक ज़ियाउद्दीन बर्नी ने इसका नाम कराचल' लिखा है और इब्नबतूता ने कराजल पहाड़ और उसे दिल्ली से दस मंजिल दूर बताया है। बर्नी के अनुसार कराचल हिंद और चीन के बीच में स्थित था। दे० कुमायूं।

कृतमाला

'ताम्रपर्णी नदी यत्र कृतमाला पयस्विनी, कावेरी च महापुण्या प्रतीची च महानदी'—श्रीमद्भागवत 11,5, 39–40। विष्णु 2,3,12 मे कृतमाला नदी को मलय पर्वत से उद्भूत माना गया है—'कृतमाला ताम्रपर्णी प्रमुखा मलयोद्भवा'। कुछ विद्वानो के मत मे कृतमाला वर्तमान वैगा या वेगवती है जो दक्षिण के प्रसिद्ध नगर मदुरा के निकट बहती है। प्राचीन समय मे कृतमाला और ताम्रपर्णी नदियो से सिंचित प्रदेश का नाम मालकूट था।

कृतमालेश्वर=कवलेश्वर (जिला कोटा, राजस्थान)

इदुगढ रेलस्टेशन से आठ मील पूर्व मे है। यह स्थान त्रिवेणी नदी के तट पर है। बूदी नरेश महाराज अजीतसिंह के बनवाये शिव मदिर और कुड यहा स्थित हैं।

कृतवती=साबरमती (नदी)

कृमि

'वेदस्मृतां वेदवती त्रिदिवामिक्षुला कृमिम्' महा० भीष्म० 9,17। इस स्थल पर उल्लिखित नदियो की सूची मे कृमि का उल्लेख है किंतु इसका अभिज्ञान अनिश्चित जान पडता है। प्रसग से यह इक्षुला के निकट बहने वाली कोई नदी जान पडती है।

कृष्णगडकी

नेपाल की एक नदी। इसका उद्भव मुक्तिनाथ-पर्वत (ऊचाई समुद्रतल से 12000 फुट) मे है। यह नदी धवलगिरि और अन्नपूर्णा नामक हिमालय-शृगमालाओ के बीच से होकर बहती है और मुक्तिनाथ के निकट धवा-देविका नदियो मे मिल जाती है।

कृष्णपुर दे० क्लोसोबोरा

कृष्णगिरि (उत्तरकोकण, महाराष्ट्र)

बोरीवली स्टेशन से एक मील पर कृष्णगिरि पहाडी है। इसमे शिवोपासना से सबधित तीन प्राचीन गुहामदिर हैं। कन्हेरी की प्रसिद्ध गुफाए यहा से छ: मील दूर हैं। कन्हेरी, कृष्णगिरि का ही अपभ्रश है।

(2) हिन्दूकुश से लगा हुआ काराकोरम पहाड। कृष्णगिरि का वायु-पुराण 36 मे वर्णन है।

कृष्णवेणा

महाभारत, सभा० 9,20 मे उल्लिखित कृष्णवेणा ('गोदावरी कृष्णवेणा कावेरी च सरिद्वरा, विपुना च विशल्या च तथा वैतरणी नदी') दक्षिण भारत

की कृष्णा ही जान पड़ती है। श्री चि० वि० वैद्य का मत है कि यह नदी कृष्णा से भिन्न है। किंतु इस विशिष्ट स्थल पर इसका गोदावरी और कावेरी के बीच उल्लेख होने के कारण तथा कृष्णा का पृथक् नामोल्लेख न होने से पहला मत ही ग्राह्य जान पड़ता है। (किंतु दे० कृष्णवेणी)।

कृष्णवेणी (ज़िला गुलबर्गा, आ० प्र०)

यह नदी गुलबर्गा के ज़िले में बहती है। इसके तट पर कई प्राचीन पुण्य-क्षेत्र हैं जिनमें छाया भगवती क्षेत्र प्रसिद्ध है। यह नारायणपुर ग्राम के सन्निकट है। महाभारत, सभा० 9,20 में उल्लिखित कृष्णवेणा, वर्तमान कृष्णा है। वास्तव में कृष्णा और वेणा की संयुक्त धारा का ही नाम कृष्णवेणी है।

कृष्णा

महाबलेश्वर (महाराष्ट्र) की पहाड़ियों से उद्भूत दक्षिण भारत की प्रसिद्ध नदी। भीमा और तुंगभद्रा इसकी सहायक नदियां हैं। श्रीमद्भागवत 5,19, 18 में इसका उल्लेख है—'कावेरी वेणी पयस्विनी शर्करावती तुंगभद्रा कृष्णा वेण्या भीमरथी'। कृष्णा बंगाल की खाड़ी में मसुलीपटम् के निकट गिरती है। कृष्णा और वेणी के संगम पर माहुली नामक प्राचीन तीर्थ है। पुराणों में कृष्णा को विष्णु के अंश से संभूत माना गया है। महाभारत, सभा० 9,20 में कृष्णा को कृष्णवेणा कहा गया है और गोदावरी और कावेरी के बीच में इसका उल्लेख है जिससे इसकी वास्तविक स्थिति का बोध होता है—'गोदावरी कृष्णवेणा कावेरी च सरिद्वारा'।

कॅंदुबिल्व=कॅंदुली (प० बंगाल)

ओंडल-सैंथिया रेलमार्ग पर सिहुली स्टेशन से 18 मील दूर अजय नदी के उत्तर की ओर केंदुली या प्राचीन केंदुबिल्व ग्राम स्थित है, जिसे परंपरा से संस्कृत काव्य गीतगोविंद के रचयिता महाकवि जयदेव का जन्मस्थान माना जाता है।

कॅंदुली दे० कॅंदुबिल्व

केकय

रामायण तथा परवर्ती काल में पंजाब का एक जनपद। यह गंधार और विपाशा या बियास नदी के बीच का प्रदेश था। वाल्मीकि० से विदित होता है कि केकय जनपद की राजधानी राजगृह या गिरिव्रज में थी। राजा दशरथ की रानी कैकेयी, केकयराज की पुत्री थीं और राम के राज्याभिषेक के पहले भरत-शत्रुघ्न राजगृह या गिरिव्रज में ही थे—'उभयोभरतशत्रुघ्नौ केकयेषु परंतपौ, पुरे राजगृहे रम्येमातामहनिवेशने' अयो० 67,7 तथा 'गिरिव्रजपुरवर

गोध्रमासेदुरजसा' अयो० 68,21। अयोध्या के दूतों की केकयदेश की यात्रा के वर्णन में उनके द्वारा विपाशा नदी का पार करके पश्चिम की ओर जाने का उल्लेख है—'विष्णो पद प्रेक्षमाणा विपाशा चापि शाल्मलीम्' अयो० 68, 19। कनिंघम ने गिरिव्रज का अभिज्ञान झेलम नदी (पाकि०) के तट पर बसे गिरिजाक नामक स्थान (वर्तमान जलालाबाद, प्राचीन नगरहार) से किया है। अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण के समय पुरु या पौरस केकय देश का राजा था। उस समय इसकी पूर्वी सीमा रामायणकाल केकय के जनपद की अपेक्षा सकुचित थी और इसका विस्तार झेलम और गुजरात के जिलो तक हो या। जैन लेखकों के अनुसार केकय देश का आधा भाग आर्य था (इडियन ऐंटिक्वेरी 1891, पृ० 375)। परवर्ती काल मे केकय के लोग शायद विहार में जाकर बसे होगे और वहा के प्रसिद्ध बौद्धकालीन नगर गिरिव्रज या राजगृह का नामकरण उन्होने अपने देश की राजधानी के नाम पर ही किया होगा। केकय राजवंश की एक शाखा मैसूर म जाकर बस गई थी (एर्शेंट हिस्ट्री आव दक्कन, पृ० 88,101)। पुराणो मे केकयो को अनु का वशज बताया है। ऋग्वेद 1,108, 8, 7, 18,14, 8,10,5 म अनु के वंश का निवास परुष्णी नदी (रावी) के निकट या मध्य-पजाव मे बताया गया है। जैन ग्रंथो म केकय के 'सेयविया' नामक नगर का भी उल्लेख है (इडियन ऐंटिक्वेरी 1891, पृ० 375)। रामायण से ज्ञात होता है कि कैकयी के पिता का नाम अश्वपति और भाई का युधाजित् था।

केड्डा=कटाह

केतुमती

काशी का एक नाम जिसका बौद्ध-साहित्य मे उल्लेख है।

केतुमाल

पौराणिक भूगोल के अनुसार जबुद्वीप का एक विभाग। विष्णुपुराण 2,2, 37 के अनुसार चक्षु नदी (वक्षु या आक्सस या आमू दरया) केतुमाल मे प्रवाहित है—'चक्षुश्च पश्चिमगिरीनतीत्य सकलान्तत पश्चिम केतुमालाख्य वर्ष गत्वैति सागरम्'। आमू या वक्षु नदी रूस के दक्षिणी भाग मे कैस्पियन सागर के पूर्व की ओर के प्रदेश म बहती है और इस प्रकार केतुमाल की स्थिति कैस्पियन और अफगानिस्तान के बीच के भूभाग म मानी जा सकती है। विष्णु 2,2,35 मे चक्षु का पश्चिम की ओर, और सीता या तरिम नदी का पूर्व की ओर माना है जो भौगोलिक तथ्य है।

केदारखंड

टिहरी गढ़वाल (उ० प्र०) का प्राचीन पौराणिक नाम। केदारनाथ यहीं स्थित है।

केदारनाथ (ज़िला गढ़वाल, उ० प्र०)

उत्तराखंड का प्रसिद्ध तीर्थ। शिव का भारत-प्रसिद्ध मंदिर 11850 फुट की (समुद्र तल से) ऊंचाई पर स्थित है। इस घाटी के अन्य मंदिरों की भांति केदारनाथ के मंदिर पर भी दक्षिण की वास्तुशैली का स्पष्ट प्रभाव है। कुछ लोगों के मत में मंदिर के अग्रभाग के छाजन पर यूनानी कला का प्रभाव दिखाई पड़ता है किंतु यह मत असंगत है क्योंकि इस की शैली इस प्रदेश में प्रचलित, विशेषकर नेपाली वास्तु शैली से ही प्रभावित है। मंदिर के दो खंड हैं—पहले खंड में, जिसके ऊपर शिखर स्थित है, शिव की मूर्ति है। बाहर सभामंडप है जहां कई शिलालेख अंकित है। मंदिर कत्यूरी शासन के समय में बना जान पड़ता है जैसा कि शिखर की उपरली काष्ठवेष्टनी से सूचित होता है। कुछ विद्वानों का मत है कि कत्यूरीकाल से पहले यहां कोई मंदिर अवश्य था क्योंकि कई शिल्प-लेख और मूर्तियां बहुत प्राचीन हैं। मंदिर के चारों कोनों पर चार प्रस्तर-स्तंभ हैं। भित्तियां बहुत स्थूल हैं। गर्भगृह के द्वार पर चौखट के चारों ओर अनेक मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। सभामंडप में भी चार विशाल प्रस्तर-स्तंभ हैं। दीवारों के गोखों में भी मूर्तियां हैं जिन्हें पांडवों की प्रतिमाएं कहा जाता है। मंदिर के बाहर नंदी की विशाल मूर्ति है। केदारनाथ की शिवमूर्ति की गणना शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में है। मंदिर के पास आदि शंकराचार्य की समाधि है। कहते हैं कि मंदिर का निर्माण उन्होंने ही करवाया था और यहीं उनका शरीरांत हुआ था। समाधि के पास में उसके निर्माताओं का नाम-पट्ट लगा है।

केन

केन या कियाना यमुना की सहायक नदी है। यह विंध्याचल से निकलती है। इसका प्राचीन नाम कर्णावती, श्येनी और शुक्तिमति है। केन सागर ज़िले के निकट विंध्याचल से निकलती है और छतरपुर और पन्ना की सीमा बनाती हुई ज़िला बांदा (उ० प्र०) के चीलतारा नामक स्थान पर यमुना में गिरती है। इसकी लंबाई 230 मील है।

केरल

मलयपर्वत की क्रोड में बसा हुआ प्रदेश जिसमें भूतपूर्व त्रावणकोर और कोचिन रियासतें सम्मिलित है। केरल का उल्लेख महाभारत सभा० 31,71

मे इस प्रकार है—'पाड्यांश्च द्रविडाश्चैव सहितांश्चोड्र केरलैं, आंध्रास्ताल-वनाश्चैव कलिंगानुष्ट्रकर्णिकान्'। सभा० 51 मे केरल और चोल नरेशों द्वारा युधिष्ठिर को दी गई चदन, अगुरु, मोती, वैदूर्य तथा चित्रविचित्र रत्नो की भेंट का उल्लेख है—'चदनागरु चानन्त मुक्तावैदूर्यचित्रका, चोलश्च केरलश्चोभौ ददतु पांडवाय वै'। केरल तथा दक्षिण के अन्य प्रदेशो को सहदेव ने अपनी दिग्विजययात्रा के दौरान जीता था। रघुवश 4,54 मे कालिदास ने केरल का उल्लेख किया है—'भयोत्सृष्टविभूषाणां तेन केरलयोषिताम्, अलकेषु चमूरेणश्चूर्ण-प्रतिनिधी कृत' अर्थात् दिग्विजय के लिए निकली हुई रघु की सेनाओं के केरल पहुँचने पर केरल युवतियो—जिन्होंने भय से सारे विभूषण त्याग दिए थे—की अलको मे सेना की उडाई हुई धूलि ने प्रसाधन के चूर्ण का काम किया। अशोक के शिलालेख 2 मे पाड्य, सातियपुत्र और केरल राज्यो का उल्लेख है। ताम्रपर्णी नदी तक इसका विस्तार माना गया है। परवर्ती काल मे केरल को चेर भी कहा जाता था, जो केरल का रूपातर मात्र है। केरल की मुख्य नदियां मुरला, ताम्रपर्णी, नेत्रवती और सरस्वती आदि हैं। श्री रायचौधरी के अनुसार उडीसा मे महानदी के तट पर स्थित वर्तमान सोनपुर के पास के प्रदेश को भी केरल कहते थे क्योंकि यहा स्थित ययाति-नगरी से केरल युवतियों का सबध धोई कवि ने अपने पवनदूत नामक काव्य मे बताया है किंतु यह तथ्य सदेहास्पद है।

केरारकोट (जौनपुर, उ० प्र०)

यह स्थान जौनपुर मे है जो बहुत प्राचीन माना जाता है। फिरोजशाह तुगलक का किला केरारकोट के स्थान पर ही बना है। किंवदती है कि केरारकोट का प्राचीन दुर्ग केरारवीर नामक राक्षस ने बनाया था। इसे रामचद्र जी ने मारा था। राक्षस का स्मृतिस्थान गोमती नदी पर बताया जाता है। केरारकोट के स्थान पर अताला मसजिद इब्राहीमशाह शर्की सुल्तान ने 1408 ई० मे बनवाई थी। पहले यहाँ अतलादवी का मदिर था।

केरांगुडी (जिला कुरनूल, आं० प्र०)

गूटी के निकट एक चट्टान पर अशोक की चौदह मुख्य धर्मलिपियां तथा एक लघुधर्मलिपि अंकित हैं।

केलझर (म० प्र०)

प्राचीन नाम चक्रपुर या चक्रनगर है। यहा एक प्राचीन दुर्ग है जो अब खडहर हो गया है। दुर्ग के भीतर नागपुर के भोसलानरेश के इष्टदेव गणपति का मदिर है। वापिका के निकट कई जैन मूर्तियां भी दिखलाई देती हैं जो कला

की दृष्टि से उत्कृष्ट नही हैं। एक दरवाज़े के अवशेष पर भी विभिन्न देवी-देवताओ की मूर्तिया अंकित हैं। एक स्तंभ पर तीर्थंकर महावीर का समवशरण बहुत ही सुंदर ढंग से उत्कीर्ण है।

केलस = कैलास (बर्मा)

ब्रह्मदेश मे प्राचीन भारतीय नगर जिसका नाम हिंदू औपनिवेशिको ने *प्राचीन भारतीय साहित्य में प्रसिद्ध कैलास पर्वत के नाम पर रक्खा था।*

केशपुत्र = केसपुत्र

बुद्धकाल मे कालामवंशीयों की राजधानी। अराड नामक बुद्ध का समकालीन दार्शनिक इन्ही से संबंधित था—दे० बुद्ध चरित—12, 2—'स कालामसगोत्रेणतेनालोक्यैव दूरत., उच्चै स्वागतमित्युक्त समीपमुपजग्मिवान्')। अराड के पास गौतम 'जरामरण रोग' का उपचार जानने के लिए गए थे (बुद्ध चरित 12, 14)। केशपुत्र नगर संभवत बुद्ध चरित 12,1 '(अराडस्याश्रम भेजे वपुषा पूरयन्निव') मे वर्णित आश्रम के निकट ही होगा। संभवत यह स्थान गोमती नदी के तट पर कोसलजनपद (उ० प्र०) मे स्थित था। शतपथ ब्राह्मण (वैदिक इंडेक्स 1, पृ० 186) तथा पाणिनि 6, 4, 165 मे उल्लिखित केशीलोग शायद इसी स्थान के निवासी थे। अंगुत्तरनिकाय I, 188 के अनुसार केसपुत्त की स्थिति कोसल जनपद में थी। वाल्मीकि० उत्तर० 52, 1–2 मे उल्लिखित केशिनी नदी संभवत इसी जनपद की नदी थी।

केशवती

नेपाल की विष्णुमती नदी—स्वयभू पुराण 4 मे उल्लिखित।

केशवप्रयाग (जिला गढवाल, उ० प्र०)

बद्रीनाथ से वसुधारा जाने वाले मार्ग पर सरस्वती तथा अलकनंदा के संगम पर प्राचीन पुण्य स्थान है। यहा से तिब्बत-भारत सीमा पास ही है।

केशिनी

अयोध्या के निकट एक नदी—'तत्र ता रजनीमुष्य केशिन्या रघुनंदन, प्रभाते पुनरुत्थाय लक्ष्मण प्रययौ तदा। ततोऽर्धं दिवस प्राप्त प्रविवेश महारथ', अयोध्या रत्नसपूर्णां हृष्टपुष्टजनावृताम्' वाल्मीकि० उत्तर० 52, 1–2।

केसपुत्त = केशपुत्र

केसरिया (जिला मोतीहारी, बिहार)

मोतीहारी से 22 मील है। इस ग्राम से 1 मील दक्षिण, 62 फुट ऊंचा ढूह है, जिस पर ईंटो का 52 फुट ऊचा स्तूप है जिसे ग्रामनिवासी राजा बेन का देवरा कहते हैं। युवानच्वांग के वर्णन के अनुसार वैशाली (वर्तमान बसाढ़,

जिला मुज़फ्फरपुर, बिहार) से 200 ली या 30 मील पर एक प्राचीन नगर था जिसके ये ध्वंसावशेष जान पड़ते हैं। यह स्तूप बौद्ध अनुश्रुति के अनुसार उस स्थान पर है जहां बुद्ध ने एक बड़े जनसमूह के सम्मुख घोषणा की थी कि पूर्वजन्म मे भिक्षुक बनने के लिए ही उन्होंने राज्यत्याग किया था। एक अवसर पर बुद्ध ने अपने प्रिय शिष्य आनंद से कहा था कि इस स्तूप को लोगों ने चक्रवर्ती राज्य के लिए ऐसे स्थान पर बनाया था जहां चार मुख्य मार्ग मिलते हैं। यह बात ध्यान देने योग्य है कि केसरिया के स्तूप से चौथाई मील दूर दो मुख्य प्राचीन सड़के मिलती हैं—एक अशोक की राजकीय सड़क जो पाटलिपुत्र के दूसरी ओर गंगा के उत्तरी तट से नेपाल की घाटी तक और दूसरी छपरा से मोतीहारी होते हुए नेपाल जाती है—(दे० इसलिया)।

केसरी

विष्णुपुराण के अनुसार शाकद्वीप का एक पर्वत-'आंबिकेयस्तथारम्य केसरी पर्वतोत्तम'।

केसलापुर दे० मानिकगढ़

कैथल=कपिष्ठल

कैरा (गुजरात)

प्राचीन खेटक आहार जो वलभिनरेशों के समय (छठी-सातवीं ई०) में गुजरात का प्रसिद्ध आहार (जिला) था। वलभिराज ध्रुवभट्ट शीलादित्य सप्तम के आलिना ताम्रपट्ट लेख में खेटक आहार के महिलाभिग्राम के दान में दिए जाने का उल्लेख है।

कैलवाड़ा (ज़िला उदयपुर, राजस्थान)

मेवाड़ का एक प्राचीन स्थान। अकबर के समकालीन मेवाड़पति उदयसिंह का सरदार वीर पत्ता कैलवाड़ा का शासक था। 1567 ई० में अकबर के चित्तौड़ पर आक्रमण करने के समय जयमल और पत्ता ने चित्तौड़ की रक्षा का भार अपने ऊपर लिया था।

कैलास (तिब्बत)

(1) मानसरोवर के निकट, प्राचीन भारतीय साहित्य में प्रसिद्ध पर्वत जिस पर महादेव शिव और पार्वती का निवास माना जाता है। कैलास पर्वत के विषय में अति प्राचीन काल से ही हमारे साहित्य में उल्लेख मिलते हैं। वाल्मीकि० किष्किंधा० 43 में सुग्रीव ने शतबल वानर की सेना को उत्तरदिशा की ओर भेजते हुए उस दिशा के स्थानों में कैलास का भी उल्लेख किया है—'तत्तु शीघ्रमतिक्रम्य कान्तारं रोमहर्षणम्‌-कैलासं पांडुरं प्राप्य हृष्टा यूयं भविष्यथ'

किष्किंधा० 43, 20, अर्थात् उस भयानक वन को पार करने के पश्चात् श्वेत (हिममंडित) कैलास पर्वत को देखकर तुम प्रसन्न हो जाओगे। इससे आगे के श्लोकों में कैलास में कुबेर के स्वर्ण निर्मित घर ('तत्र पांडुर मेघाभं जाबूनद-परिष्कृतम् कुबेरभवन रम्यं निर्मितं विश्वकर्मणा' 43, 21), विशाल नील—मानसरोवर ('विशाला नलिनी यत्र प्रभूतकमलोत्पला हंसकारंडवाकीर्णाप्सरो गण सेविता' 43, 22) तथा यक्षराज वैश्रवण या कुबेर और यक्षों ('तत्र वैश्रवणो राजा सर्वलोकनमस्कृत, धनदो रम्यते श्रीमान गुह्यकैं सह यक्षराट्' 43, 23) का वर्णन है। महाभारत वन० के अंतर्गत कैलास का उल्लेख पांडवों की गंधमादन की यात्रा के प्रसंग में है जहां कैलास को लांघने के पश्चात् उसके परवर्ती प्रदेश में केवल देवर्षियों की गति ही संभव है—'अस्यातिक्रम्य शिखरं कैलासस्य युधिष्ठिर, गतिः परमसिद्धाना देवर्षीणा प्रकाशते'—वन० 159, 24। वन० 139, 11 में विशाला या बद्रीनाथ को कैलास के निकट बताया गया है—"कैलास पर्वतो राजन् षड्योजनसमुच्छ्रित यत्र देवा समायान्ति विशाला यत्र भारत।" भीष्म० 6, 41 में कैलास का दूसरा नाम हेमकूट भी कहा गया है तथा वहां गुह्यकों (यक्षों) का निवास माना गया है—'हेमकूटस्तु सुमहान् कैलासो *नाम पर्वत यत्र वैश्रवणो राजन् गुह्यकैं सह मोदते'*। मेघदूत (पूर्वार्ध, 60) में क्रौंच रंध्र के आगे कैलास का वर्णन है—'गत्वा चोर्ध्वं दशमुखभुजोच्छ्वासितप्रस्थ सन्ध कैलासस्य त्रिदशवनिता दर्पणस्यातिथि स्या तुगोच्छ्रायैं कुमुदविशदैर्योवितत्य स्थितः ख, राशीभूत प्रतिदिशमिवत्र्यम्बकस्याट्टहास'। यह द्रष्टव्य है कि वाल्मीकि० किष्किंधा० 43, 20 और मेघदूत के उपयुक्त वर्णन, दोनों ही में कैलास के धवल हिममंडित सौंदर्य को सराहा गया है। *आज भी कैलास के यात्री* इस पर्वत को, जिसके शिखर सदा हिम से ढके रहते हैं—श्वेत आभा को देखकर मुग्ध हो जाते हैं *तथा कालिदास की सुन्दर उपमाओं (देववधुओं के दर्पण के समान* स्वच्छ, कुमुदपुष्पों के समान विशद और शिव के अट्टहास का माना राशीभूत रूप) की सार्थकता उनकी समझ में आती है। मेघदूत की अलकापुरी कैलास पर ही बसी थी। कालिदास ने पूर्वमेघ, *65* में गंगा को कैलास की गोद में अवस्थित बताया है (दे० अलका)। यहां गंगा से अलकनंदा का निर्देश समझना चाहिए क्योंकि अलकनंदा कैलास के निकट बहती हुई बद्रीनाथ आती है और नीचे गंगा के गंगोत्री वाले स्रोत में मिल जाती है। संभवत यह गंगा का मूल स्रोत ही हो। बुद्ध चरित 28, 57 में बौद्ध स्तूपों की भव्यता की तुलना कैलास के हिमाच्छादित शिखरों से की गई है।

(2) इलौरा में स्थित कैलास मंदिर। इस मंदिर में कैलास पर्वत की

अनुकृति निर्मित की गई है ।

(3)=कोलास (जिला नदेड, महाराष्ट्र)

(4)=केलस (बर्मा)

कैवस्या (मद्रास)

कालहस्ती से प्रायः 15 मील दूर वेंकटतीर्थ के निकट यह नदी प्रवाहित होती है । इसके तट पर प्राचीन शिव मंदिर है ।

कोंकण (महाराष्ट्र)

प्राचीन साहित्य में इसे अपरांत का उत्तरी भाग माना गया है । महाभारत शान्ति० 49, 66–67 में अपरान्त भूमि का सागर द्वारा परशुराम के लिए उत्सर्जित किए जाने का उल्लेख है (दे० अपरांत) । कोंकण का उल्लेख दशकुमारचरित' के आठवें उच्छ्‌वास में है ।

कोंगू=कुग

इस देश का (वर्तमान मैसूर का इलाका) प्रथम शती ई० से आगे का इतिहास कोंगू-देश-राजाक्कल नामक तामिल ग्रंथ में है । इसका टेलर (Taylor) ने अनुवाद किया है ।

कोंगोद

चीनी यात्री युवानच्वांग ने इस देश का उल्लेख महाराजा हर्ष की विजय-यात्राओं के प्रसंग में करते हुए लिखा है कि कोंगोद पर आक्रमण के पश्चात् हर्ष बंगाल की ओर चला गया । हर्ष का शासनकाल 606–647 ई० है । कोंगोद का अभिज्ञान गंजम (उड़ीसा) से किया गया है (दे० डा० रा० कु० मुकर्जी—हर्ष, पृ० 85) । श्री ह० इ० महताब (हिस्ट्री ऑफ उड़ीसा, पृ० 29) के अनुसार महानदी से ऋषिकुल्या नदी तक का विस्तृत भूभाग कोंगोद कहलाता था । चौथी शती ई० में यहां शैलोद्भव-वंश के राज्य की स्थापना हुई थी ।

कोंडाणा

महाराष्ट्र के प्रख्यात दुर्ग सिंहगढ़ का प्राचीन नाम । दे० सिंहगढ़ ।

कोंडापुर (जिला मेदक, आ० प्र०)

हैदराबाद से 43 मील है । यहां कई प्राचीन खंडहरों के टीले हैं । उत्खनन द्वारा बौद्ध स्तूप, चैत्यशालाएं और भूमिगत कोष्ठ तथा भट्टियां प्रकाश में आई हैं । ये अवशेष आंध्रकालीन हैं । रोम सम्राट् आगस्टस (37 ई० पू०–16 ई०) की एक स्वर्णमुद्रा, एक दर्जन के लगभग चांदी के, 50 तांबे के, 100 टीन के और सैंकड़ों सीसे के सिक्के भी खंडहरों से प्राप्त हुए हैं । तरह-

नरह् के मिट्टी के बर्तन भी जिन पर सुंदर चित्रकारी की हुई है, खुदाई में मिले हैं। चित्रों म धर्मचक्र, त्रिरत्न तथा कमल के चिह्न उल्लेखनीय हैं। इनके अतिरिक्त मूल्यवान् पत्थर, सीप, हाथीदांत, शीशे, लोहे, तांबे के आभूषण, माला का गुरिया तथा हथियार आदि भी मिले हैं। कुबेर तथा बोधिसत्व की मिट्टी की सुंदर प्रतिमाएं भी प्राप्त हुई हैं। पुरातत्त्वविदों का विचार है कि यहां से प्राप्त माला की गुरिया लगभग तीन सहस्र वर्ष प्राचीन हैं। कोंडापुर को उसकी पुरातत्व विषयक मूल्यवान् तथा प्रचुर सामग्री के कारण दक्षिण की तक्षशिला कहते हैं।

कोंडाविडु *(जिला गंतूर, आ० प्र०)*

1335–36 म बहमनी राज्य के विघटन के पश्चात आंध्रदेश की कई रियासतें स्थापित हो गई थीं। इनमे से एक रेड्डि लोगों ने बसाई थी जिसकी राजधानी पहले अड्डांकी और फिर कोंडाविडु में बनाई गई थी। इस रियासत की नींव प्रोल्यवेम रेड्डी ने डाली थी।

कोंईलकुंडा *(जिला महबूबनगर, आ० प्र०)*

इस स्थान का प्राचीन किला गोलकुंडा के सुल्तान इब्राहीम कुतुबशाह ने बनवाया था। इसके भीतर सुंदर भवन थे जो अब खंडहर बन गए हैं। कोइल-कुंडा शब्द गोलकुंडा का ही रूपांतर है।

कोकनद

'ततस्त्रिगर्तान् कौन्तेयदार्वान् कोकनदास्तथा, क्षत्रिया बहवो राजननुपावर्तन्त सर्वशः' महा० सभा० 27, 18। अर्जुन ने कोकनद जनपद को त्रिगर्त और दार्वप्रदेशों के साथ ही जीता था। कोकनद की स्थिति इस प्रकार जालंधर द्वाब (पंजाब) के निकट होनी चाहिए।

कोकरा

मुगलकाल में छोटा नागपुर (बिहार) का नाम। इसका नामोल्लेख अबुल-फ़जल तथा तुजुके-जहांगीरी में है।

कोकामुख

'कोकामुखमुपस्पृश्य ब्रह्मचारी यतव्रत, जातिस्मरत्वमाप्नोति दृष्टमेतत् पुरातनं' महा० वन० 84, 158। अर्थात् संयम-सम्पन्न ब्रह्मचारी कोकामुख *तीर्थ में जाने से पूर्वजन्मों का वृत्तान्त जान लेता है—यह बात प्राचीन* लोगों की अनुभूत है। वनपर्व के अंतर्गत तीर्थों के वर्णन में इसका उल्लेख है। प्रसंग से इसकी स्थिति पंजाब में जान पड़ती है क्योंकि आगे 84, 160 में सरस्वती नदी के तीर्थों का वर्णन है। कोकामुख का उल्लेख उर्वशीतीर्थ और कुमारधाराश्रम

(84, 157) के आगे है किंतु इन स्थानो का अभिज्ञान अनिश्चित है। श्री न० ला० डे के अनुसार कोकामुख जिला पूर्णिया मे स्थित वराह क्षेत्र है। श्री वा० श० अग्रवाल के मत मे यह गगा की उत्तरपूर्वी सहायक नदी सुनकोसी और ताम्रारुणा नदियो के सगम पर स्थित था (दे० कादबिनी, सितम्बर 1962)।

कोटपेट्टु (जिला करीमनगर, आ० प्र०)

चालुक्यकालीन वास्तुकला के उदाहरण के रूप मे एक सुदर मदिर के अवशेष यहां स्थित हैं।

कोटबान=कोटमान (जिला मथुरा, उ० प्र०)

दिल्ली आगरा सडक पर स्थित है। 18वी शती मे जाटो का एक मुख्य दुर्ग यहा था। इस दुर्ग की बाहरी दीवार मिट्टी की थी और मुख्य किला ईंटो का बना था। अब यह खडहर हो गया है और भीतरी सरचना का केवल एक द्वार ही अवशिष्ट है। भरतपुर के प्रसिद्ध जाट राजा सूरजमल ने कोटमान के एक जाट सरदार सीताराम की पुत्री के साथ अपने पुत्र नवलसिंह का विवाह किया था। सीताराम ने सूरजमल की कई युद्धो मे सहायता की।

कोटलगढ़ दे० उमावन।

कोटला

दिल्ली के पास फीरोजशाह कोटला—जहां तुगलक-सुलतानो ने 14वी शती मे अपनी नई राजधानी बसाई थी। यहां फीरोजशाह तुगलक का मकबरा व अशोक का स्तभ है। (दे० दिल्ली)।

कोटा (जिला शिवपुरी, म० प्र०)

7वी शती से 9वी शती ई० तक के पुरातत्त्व-सबधी अवशेषो के लिए उल्लेखनीय है।

(राजस्थान) कोटाबूदी की रियासत का जन्म मध्यकाल मे हुआ था। यहा के क्षत्रिय हाडा कहलाते थे। बूदी नरेश छत्रसाल हाडा दारा की ओर से औरगजेब के साथ 1658 ई० के उत्तराधिकार युद्ध मे लडा था। इसी युद्ध मे वह वीरतापूर्वक लडता हुआ मारा गया था।

कोटाटवी

आटविक प्रदेश (म० प्र० का पूर्वोत्तर तथा उ० प्र० का दक्षिण पूर्व भाग जो वनो की प्रचुरता के कारण आटविक या अटवी कहलाता था) का एक भाग जिसका उल्लेख सध्याकरनदिरचित रामचरित (पृ० 36) की टीका म है।

कोटिकापुर

जैन ग्रंथ राजवलीकथा के अनुसार कोटिकापुर में अंतिम केवली श्री जंबुस्वामी का स्तूप स्थित था (दे० मुनि कांतिसागर—खंडहरों का वैभव, पृ० 44)। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है।

कोटिगाम=कोटिग्राम

बौद्धग्रंथ महापरिनिर्वाण सुत्तांत में वर्णित स्थान, जो संभवतः कुंदग्राम का पर्याय है। कुंदग्राम जैन-तीर्थंकर महावीर का जन्मस्थान था—दे० कुंदग्राम।

कोटितीर्थ

कोटितीर्थ नाम से महाभारत तथा पुराणों में अनेक स्थानों का अभिधान किया गया—'स्वर्गद्वारेणयत्तुल्य गंगाद्वार न संशय, तत्राभिषेकं कुर्वीत कोटितीर्थे समाहित' वन० 84, 27। इस स्थल पर गंगाद्वार या हरद्वार को ही कोटितीर्थ कहा गया है। इसके अतिरिक्त कालिंजर, नर्मदा के उद्भव-स्थान अमरकंटक और प्रयाग के निकट शिवकोटि आदि स्थानों पर भी कोटि-तीर्थ माने गए हैं। महाभारत वन० 84, 77 में (कोटितीर्थे नर स्नात्वा अर्चयित्वा गुह नृप, गोसहस्रफलं विद्यात् तेजस्वी च भवेन्नर') वाराणसी और गोमती के बीच के प्रदेश में भी एक कोटितीर्थ का वर्णन है जहां गुह या कार्तिकेय (स्कंद) की पूजा होती थी। वन० 82, 49 में धर्मारण्य (गुजरात) के निकट भी कोटितीर्थ का उल्लेख है—'कोटितीर्थमुपस्पृश्य हयमेधफलंलभेत्'। वास्तव में कोटितीर्थ का अर्थ है करोड़ों तीर्थ जिस स्थान पर हों और इस प्रकार यह नाम प्रायः सामान्य विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है।

कोटिनार—कोडिनार

कोटिपल्ली=कोटिवल्ली

कोटिवर्ष

दामोदरपुर (जिला दीनाजपुर, बंगाल) से प्राप्त होने वाले ताम्रपट्ट-लेखों के अनुसार पांचवी-छठी शती ई० में कोटिवर्ष, पुंड्रवर्धन नामक भुक्ति का एक विषय या जिला था। कोटिवर्ष से ही ये दानपट्ट प्रचलित किए गए थे— कोटिवर्षअधिष्ठानाधिकरणस्य '। अभिलेखों से सूचित होता है कि कोटिवर्ष-विषय की स्थिति आधुनिक राजशाही, दीनाजपुर मालदा, और बोगरा के जिलों में रही होगी। कोटिवर्ष विषय का मुख्य स्थान शायद फरीदपुर के पास होगा जहां से एक दानपट्ट प्राप्त हुआ है।

कोटिवल्ली (आ० प्र०)

गोदावरी सागर संगम पर प्राचीन स्थान है जिसका पुराणों में भी उल्लेख

है। इसका वर्तमान नाम कोटिपल्ली है।

कोटिशिला

जैन ग्रंथ विविधतीर्थकल्प में मगध के एक तीर्थ का नाम। इस स्थान का अनेक जैन साधुओं से संबंध बताया गया है जिनमें चक्रायुद्ध मुख्य हैं।

कोटीश्वर = कोटेश्वर (कच्छ, गुजरात)

समुद्रतट पर छोटा-सा बंदरगाह है। कच्छ की प्राचीन राजधानी इसी स्थान पर थी। संभव है कि चीनी यात्री युवानच्वांग ने जिस नगर किए-शिफाली का कच्छ की राजधानी के रूप में अपने यात्रावृत्त में वर्णन किया है वह कोटीश्वर ही हो। प्रो० लासन के मत में किए-शिफाली का संस्कृत रूप कच्छेश्वर होना चाहिए। कोटेश्वर में इसी नाम का एक शिवमंदिर है। यहां से दो मील पर कच्छ-प्रदेश का अतिप्राचीन तीर्थ नारायणसर है जहां महाप्रभु वल्लभाचार्य सोलहवीं शती में आए थे।

कोट्टनर

प्राचीन रोम के इतिहासलेखक प्लिनी ने भारत के सुदूर-दक्षिण के इस प्रदेश का उल्लेख करते हुए इसे कालीमिर्च का समुद्रतट कहा है क्योंकि रोमसाम्राज्य से जो व्यापार भारत के साथ ई० सन् के प्रारंभिक काल में होता था उसमें कालीमिर्च प्रमुख पण्यवस्तु थी। यह कोट्टनर के प्रदेश में प्रचुरता से उत्पन्न होती थी। विंसेंट स्मिथ के मत में कोट्टनर केरल राज्य में स्थित वर्तमान कोट्टायम और क्विलन का इलाका रहा होगा (अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया, पृ० 476)।

कोट्टूरगिरि (वर्तमान कोठूर, जिला गंजम, उड़ीसा)

इस स्थान को समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति में गिरिकोट्टूर कहा गया है (दे० गिरिकोट्टूर)।

कोडिनार = कोडिनारक (सौराष्ट्र, बम्बई)

कहा जाता है कि प्राचीन द्वारका वर्तमान कोडिनार नामक स्थान पर थी। आजकल कोडिनार काठियावाड़ के समुद्रतट पर स्थित एक छोटा-सा बंदरगाह है। इसका जैन ग्रंथ विविधतीर्थकल्प में उल्लेख है। इस नगर के सोम नामक विद्वान् एवं तपस्वी ब्राह्मण की कथा इस प्रसंग में वर्णित है। कोडिनारक या कोडिनार गिरनारपर्वत के निकट स्थित है (दे० मुनि चरितविजय रचित विहार दर्शन—पृ० 229)। कोडिनारक का उल्लेख जैनस्तोत्र तीर्थमाला-चैत्यवंदन में इस प्रकार है—'कोडीनारक मन्दिदाहडपुरे श्री मडपेधार्बुदे'।

कोणार्क (उड़ीसा)

उड़ीसा की प्राचीन राजधानी। किंवदंती के अनुसार चक्रक्षेत्र (जगन्नाथपुरी) के उत्तरपूर्वी कोण में यहां अर्क या सूर्य का मंदिर स्थित होने के कारण इस स्थान को कोणार्क कहा जाता था। पुराणों म कोणार्क को मैत्रेयवन और पद्मक्षेत्र भी कहा गया है। एक कथा मे वर्णित है कि इस क्षेत्र में सूर्योपासना के फलस्वरूप श्रीकृष्ण के पुत्र साब का कुष्ठ रोग दूर हो गया था और यहीं चद्रभागा मे बहते हुए कमलपत्र पर उसे सूर्य की प्रतिमा मिली थी। आईने-अकबरी मे अबुलफ़जल लिखता है कि यह मंदिर अकबर के समय से लगभग सात सौ तीस वर्ष पुराना था किंतु मडलापजी नामक उड़ीसा के प्राचीन इतिहास-ग्रंथों के आधार पर यह कहना अधिक समीचीन होगा कि इस मंदिर को गगावशीय लागुल नरसिंह देव ने बगाल के नवाब तुग़ानखा पर अपनी विजय के स्मारक के रूप मे बनवाया था। इसका शासन काल 1238-1264 ई० माना जाता है। एक ऐतिहासिक अनुश्रुति मे मंदिर के निर्माण की तिथि शकसंवत् 1204 (= 1126 ई०) मानी गई है। जान पड़ता है कि मूलरूप मे इससे भी पहले इस स्थान पर प्राचीन सूर्य मंदिर था। सातवी शती ई० में चीनी यात्री युवानच्वांग कोणार्क आया था। उसने इस नगर का नाम चेलितालो लिखते हुए उसका घेरा 20 ली बताया है। उस समय यह नगर एक राजमार्ग पर स्थित था और समुद्रयात्रा पर जाने वाले पथिकों या व्यापारियों का विश्राम स्थान भी था। मंदिर का शिखर बहुत ऊंचा था और उसमें अनेक मूर्तियां प्रतिष्ठित थीं। जगन्नाथपुरी के मंदिर में सुरक्षित उड़ीसा के प्राचीन इतिहास-ग्रंथों से पता चलता है कि सूर्य और चद्र की मूर्तियों को भयवशीय, नरेश नृसिंहदेव के समय (1628-1652) मे पुरी ले जाया गया। 1824 ई० मे स्टर्लिंग नामक अंग्रेज ने इस मंदिर को देखा था। उस समय यह नष्टप्राय अवस्था मे था। वह लिखता है कि 'मंदिर के ध्वस्त होने का कारण स्थानीय लोग यह बताते हैं कि प्राचीन-काल मे इस मंदिर के उच्चशिखर पर एक विशाल चुंबक लगा हुआ था जिसके कारण निकटवर्ती समुद्र मे चलने वाले जलयान खिंच कर रेतीले किनारे पर लग जाया करते थे। मुगलकाल मे एक जहाज के मल्लाहों ने इस आपत्ति से बचने के लिए मंदिर के शिखर का चुंबक उतार दिया और शिखर को भी तोड़फोड़ डाला। मंदिर के पुजारियों ने इस घटना को अपशकुन मानते हुए मूर्तियों को भी मंदिर से हटा कर पुरी भेज दिया।' स्टर्लिंग ने अपने समय की बचीखुची मूर्तियों की सुंदर कला की सराहा है। वह लिखता है कि कोणार्क की मूर्तिकारी की तुलना गोथिक मूर्तिकला की अलकरण-रचनाओं के सर्वोत्कृष्ट

उदाहरणो से सरलता से की जा सकती है। कोणार्क के सूर्यमदिर को कृष्ण-मदिर या ब्लेक पेगोडा भी कहते हैं। इसकी आकृति सूर्य के रथ के अनुरूप है। इसके विशाल एव भव्य-चक्रो पर जो मनोरम मूर्तिकारी अकित है वह सर्वथा अभूतपूर्व एव अनोखी है। मदिर का शिखर 'आमलक' प्रकार का है जिसके ऊपर अमृतकलश आधृत है। मदिर मे उडीसा की प्राचीन मदिर निर्माण-शैली के अनुरूप ही स्तभो का अभाव है। कोणार्क का मदिर भारत के सुदरतम प्राचीन स्मारको मे से है। इसका विशेष वर्णन नीचे दिया जाता है।

प्राचीन जनश्रुतियो के अनुसार बारह सौ उडिया कलाकारो ने इस मदिर का निर्माण किया था। उन्होने रातदिन परिश्रम करके इसे बनाया था किंतु इसके निर्माण का कार्य इतना विराट् था कि मदिर फिर भी पूरा न बन सका। मदिर को बनाने के समय चद्रभागा और चित्रोत्पला नदियो का प्रवाह रोकना पडा था। कहा जाता है कि इस मदिर पर कुल बारह सौ करोड रुपया व्यय हुआ था। शायद ससार के इतिहास मे किसी एक भवन के निर्माण मे इतना धन व्यय नही हुआ। मदिर की सरचना सूर्यदेव के विराट् रथ या विमान के रूप मे की गई है। बारह राशियो के प्रतीक इस मदिर के आधारभूत बारह महाचक्र हैं और सूर्य (सप्तसप्ति) के सात अश्वो के परिचायक रूप मे यहा भी सात विशाल घोडो की मूर्तिया थी। वास्तव मे सूर्य के सात घोडे उसकी किरणो के सात रगो के प्रतीक हैं। एक किवदती है कि कोणार्क का प्राचीन नाम कोन-कोन था। सूर्य (अर्क) के मदिर बन जाने से यह नाम कोनार्क या कोणार्क हो गया। सूर्य-मदिर के दो भाग हैं—रेखा अथवा शिखर और भद्र अथवा जगमोहन, जिसके ऊपर शिखर निर्मित है। तान्त्रिक मत के अनुसार (तान्त्रिको का प्रभाव उडीसा मे काफी समय तक रहा है) मदिर के दोनो भाग पुरुष और स्त्रीत्व के वास्तु प्रतीक है जो अभिन्न रूप मे जुडे हैं। रेखा भाग 180 फुट और भद्र 140 फुट ऊचा है। मदिर के चतुर्दिक् परकोटा खिचा हुआ है और पूर्व, दक्षिण और उत्तर की ओर इसके प्रवेशद्वार हैं। मुख्य द्वार पूर्व की ओर है जहा हाथी की पीठ पर आसीन सिंहो की मूर्तिया निर्मित हैं। दक्षिणी प्रवेशद्वार पर दो अश्वमूर्तिया और उत्तरी द्वार पर मनुष्यो को सूड पर उठाए हुए दो हाथी प्रदर्शित हैं। पहले सभी द्वारो पर मूर्तिया उत्कीर्ण थीं किंतु अब केवल पूर्वी द्वार ही की नक्काशी शेष है। द्वार के ऊपर नवग्रहो का अकन था (यह मूर्तिखड कोणार्क के सग्रहालय मे है)। इसके ऊपर, सूर्यदेव की पद्मासनस्थ मूर्ति गोखे मे स्थित थी। मदिर के सामने एक मडप था जिसे 18वी शती मे मराठो ने पुरी भेज दिया था। जगमोहन के आगे एक नाटय मदिर है जिसकी तक्षणकला

सराहनीय है। मंदिर के आधार के निम्नतम भाग मे वन्य पशुओं तथा हाथियों के आखेट के जीवत मूर्तिचित्र हैं। इसके ऊपर अनेक मूर्तियां विभिन्न प्रणयमुद्राओं में अंकित हैं जिससे मंदिर पर तांत्रिक प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। मंदिर मध्ययुगीन होते हुए भी गुप्तकालीन वास्तुपरंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण है। अबुलफ़ज़ल ने इसके लिए ठीक ही लिखा है कि कला के आलोचक इस मंदिर को देखकर आश्चर्यचकित रह जाते हैं। वास्तव में यह अद्भुत कलाकृति अपने महान् निर्माता के स्वप्न की साकार अभिव्यक्ति ही जान पड़ती है।

कोतवार दे० कांतिपुरी तथा कुंतिभोज

कोनकोन दे० कोणार्क

कोपन (मैसूर)

यह प्राचीन पौराणिक तीर्थ राइस के अनुसार वर्तमान कोपल या कोप्पल है जो तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित है—(दे० कुर्ग इसक्रिपशंस—1914, पृ० 15)। राइस ने कोप्पम को जिसका एक अभिलेख (फ्लीट—एपिग्राफिका इंडिका 12, 299) में उल्लेख है कोपन तीर्थ ही माना है। विंसेंट स्मिथ के अनुसार यह अभिज्ञान ठीक नहीं है और कोप्पम कोल्हापुर (महाराष्ट्र) से तीस मील पर स्थित वर्तमान खिदरापुर है (दे० स्मिथ, अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया—पृ० 448)।

कोपबल (मैसूर)

इस स्थान के निकट गावीमठ में अशोक की एक लघुधर्म-लिपि चट्टान पर उत्कीर्ण, कुछ ही वर्ष पूर्व, प्राप्त हुई थी।

कोपरगांव (महाराष्ट्र)

दौंड-मनमाड रेलपथ पर, गोदावरी के निकट प्राचीन स्थान है जिसे किंवदंती में दैत्य-गुरु शुक्राचार्य का आश्रम कहा जाता है। यह भी लोगों का विश्वास है कि कच-देवयानी के प्रसिद्ध पौराणिक उपाख्यान की घटनास्थली यही है। यहां देवयानी का स्थान तथा कचेश्वर शिव मंदिर है। (टि०-देवयानी का पितृगृह अर्थात् शुक्राचार्य का आश्रम एक दूसरी जनश्रुति में देवयानी नामक स्थान (राजस्थान) में भी माना जाता है।)

कोपल दे० कोपन

कोप्पम दे० कोपन, खिदरापुर

कोप्पल (ज़िला रायचूर, मैसूर)

दे० कोपन। यहां पहाड़ी पर स्थित दुर्ग अतिप्राचीन है। इसकी निचली क़िलाबंदियों की मरम्मत टीपू सुलतान के फ्रांसीसी इंजीनियरों ने की थी।

1857 ई० में भीमराव ने इसी गढ़ को अपना आश्रय बनाया था। क़िले के दो भाग हैं, ऊपरी क़िला 400 फुट ऊंची पहाड़ी के शिखर पर अवस्थित है। सर जॉन मालकम ने लिखा है कि उन्होंने इस दुर्ग से अधिक सुदृढ़ रचना भारत में अन्यत्र नहीं देखी थी।

कोमबेंग (बोर्नियो द्वीप, इंडोनेसिया)

कोमबेंग में एक प्राचीन गुहा में अनेक हिंदू तथा बौद्ध मूर्तियां मिली हैं जो शत्रुओं के आक्रमण के समय शायद महाकाम नदी की घाटी में स्थित किसी मंदिर में से लाकर यहां छिपा दी गई थीं। बोर्नियो में ई० सन् की प्रारंभिक शतियों में हिंदू उपनिवेशों तथा सभ्यता का विकास हुआ था।

कोमिला

वायुपुराण—2, 37, 369 में वर्णित नगर—संभवत: वर्तमान कोमिल्ला (पू० पाकि०) छठी शती ई० में यहां टिपारा प्रदेश की राजधानी थी। यह युवानच्वांग का ।क्यामोलोगकिया है। इसका एक अन्य नाम कमलांक भी है।

कोयन

प्राचीन कृष्णवेणी (नदी)।

कोयल

सोन नदी की एक शाखा। इसमें छोटा नागपुर की पलाशिनी या परोस नदी मिलती है।

कोरकई (ज़िला तिन्नावेली, केरल)

ताम्रपर्णी नदी के तट पर प्राचीन काल का प्रसिद्ध नगर जो ई० सन् के पूर्व और पश्चात् कुछ शतियों तक बड़ा समृद्धिशाली बंदरगाह था। इसके द्वारा दक्षिण भारत का रोम साम्राज्य से भारी व्यापार होता था। यूनानियों ने भी इस स्थान का उल्लेख कोरकोई (Korkoi) नाम से किया है। पांड्य शासनकाल में मोतियों और शंखों के व्यापार का केन्द्र भी इस नगर में था। इनसे पांड्यनरेशों को विशेष आय होती थी। दक्षिण भारत की अनुश्रुतियों के अनुसार पांड्य, चेर और चोल राज्यों के संस्थापक तीन भाई यहीं के निवासी थे। पांड्यकाल में राजधानी मदुरा में थी फिर भी राज्य का उत्तराधिकारी राजकुमार कोरकई में ही रहता था क्योंकि इस नगर का व्यापारिक महत्त्व बहुत था। पांड्यनरेशों का राज्य-चिह्न परशु और हाथी था। आजकल कोरकई ताम्रपर्णी-नदी पर एक छोटा-सा ग्राम मात्र है। यह बंदरगाह मुहाने में रेत से भर जाने के कारण बेकार हो गया और धीरे-धीरे सुदूर दक्षिण का व्यापार नए बंदरगाह कायल में केंद्रित हो गया।

कोरवंगला (मैसूर)

चालुक्यकालीन वास्तुशैली में निर्मित प्राचीन मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

कोरनकुला (दे० वारंगल)

कोर्पारिक

163 गुप्त संवत्=482 ई० के गुप्तकालीन दानपट्ट-लेख में जो खोह नामक स्थान—नगदा (म० प्र०) से प्राप्त हुआ था, कोर्पारिक नामक ग्राम का कुछ ब्राह्मणों को दान में दिए जाने का उल्लेख है। ग्राम खोह के निकट ही रहा होगा (दे० खोह)।

कोल

वर्तमान अलीगढ़ (उ० प्र०) के स्थान पर बसा हुआ प्राचीन नगर। संभवतः यहां वराह(कोल) भगवान् की उपासना का केन्द्र था जैसा कि यहां के वाराही के प्राचीन मंदिर से भी प्रमाणित होता है। यह भी किंवदंती है कि इस स्थान पर बलराम ने कोल नामक राक्षस को मारा था।

कोलगिरि

'कृत्स्नं कोलगिरिं चैव सुरभीपत्तनं तथा, द्वीपं ताम्राह्वयं चैव पर्वतं रामकं तथा'—महा० सभा० 31, 68। सहदेव ने अपनी दिग्विजय यात्रा में इस स्थान पर विजय प्राप्त की थी। श्रीमद्भागवत 5, 19, 16 में कोल्लक नामक एक पर्वत का उल्लेख है। कोलगिरि संभवतः भारत के पश्चिम समुद्र-तट के निकट स्थित कोल्लक है। इस नाम का नगर भी शायद यहां स्थित था और कोलाचल और कोलगिरि शायद एक ही स्थान के पर्यायवाची नाम थे।

कोलम

क्विलन (केरल) का प्राचीन नाम। प्राचीन समय में यह इस प्रदेश का प्रसिद्ध बंदरगाह था। दे० क्विलन।

कोलर (मैसूर)

बंगलौर से 60 मील। मैसूर के प्रसिद्ध गंगवंशीय राजाओं की राजधानी लगभग 700 वर्षों तक यहां रही और 1004 ई० में उनका राज्य समाप्त होने पर कोलर से भी राजश्री विदा हुई। कोलर अपनी सोने की खानों के लिए प्रसिद्ध है। शायद यही प्रदेश प्राचीनकाल में सुवर्णगिरि कहलाता था।

कोलाचल (केरल)

प्रथम-द्वितीय शती ई० में प्रसिद्ध व्यापारिक स्थान तथा पश्चिम समुद्र तट

पर स्थित बदरगाह था। इस स्थान का नाम कोलाचल या कोलगिरि पर्वत के नाम पर हुआ होगा। 18वी शती मे हालैंड निवासियो ने यहा व्यापारिक कोठिया बनाई थी। 1741 ई० मे उन्हे तिरुवाकुर नरेश मार्तंड वर्मा ने पराजित कर निकाल दिया था। इस घटना के सस्मारक के रूप मे एक प्रस्तर-स्तभ यहा अवस्थित है। कालिदास के काव्यो के प्रसिद्ध टीकाकार मल्लिनाथ शायद इसी कोलाचल के निवासी थे। दे० **कोसम, विवसन।**

कोलापुर (बरार, महाराष्ट्र)

एलिचपुर से 21 मील दक्षिण मे है। फ्लीट के मत मे यह ग्राम प्राचीन कोल्लट्टपुरक है जिसका उल्लेख वाकाटकनरेश प्रवरसेन द्वितीय के सिउनी से प्राप्त ताम्र दानपट्ट मे है।

कोलाबा

महानगरी बबई का एक भाग। इतिहास मे वर्णित है कि बबई के सात द्वीपो मे 16वी शती तक आदिम जातियो का निवास था जिनमे कोली नामक लोग भी थे। सभवत कोलाबा का नाम इन्ही कोलियो के नाम पर पडा था।

कोलाहलगिरि

'सापि द्वितीये सप्राप्ते वीक्ष्य दिव्येन चक्षुषा, ज्ञात्वा शृगाल तद्दृष्टु ययौ कोलाहल गिरिम्' विष्णु 3, 18, 72। कोलाहलगिरि का उपर्युक्त उल्लेख एक आख्यान के प्रसग मे है। वायुपुराण 1, 45 मे भी इसका उल्लेख है। यह कोलाचल या कोलगिरि का रूपातरित नाम हो सकता है। श्री न० ला० डे के अनुसार इसका अभिज्ञान ब्रह्मयोनि पहाडी, गया (बिहार) मे किया गया है।

कोलिय गणराज्य

पूर्वी उत्तरप्रदेश तथा नेपाल की सीमा पर स्थित बुद्धकालीन गणराज्य। गौतम बुद्ध की माता मायादेवी इसी राज्य के गणप्रमुख सुप्रबुद्ध की कन्या थी। स्थानीय किंवदती के अनुसार जिला बस्ती (उ० प्र०) मे टिनिच रेलस्टेशन से दो मील पूर्व और कुमानो नदी के दक्षिणी किनारे पर रेल के पुल से आधा मील दूर बडा चत्रा—वराह क्षेत्र—नामक एक ग्राम है जो पुराणो मे वर्णित व्याघ्रपुर के प्राचीन नगर के स्थान पर बसा हुआ है। इसे ही बौद्ध-साहित्य का कोलियनगर कहा जाता है जहा सुप्रबुद्ध की राजधानी थी। बौद्ध साहित्य मे मायादेवी का पितृगृह देवदह नामक स्थान पर बताया गया है। कोल शब्द का अर्थ वराह भी है और इसी कारण से शायद इस स्थान का परपरागत नाम वराहक्षेत्र या अपभ्रश रूप मे बडा चत्रा चला आ रहा है। कुछ लोगो का

यह भी मत है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश की एक जाति कोली प्राचीन कोलियों से सबद्ध है।

कोलुग्रा (जिला मुजफ्फरपुर, बिहार)

बसाढ या प्राचीन वैशाली से दो मील उत्तर-पश्चिम की ओर स्थित एक ग्राम जिसका अभिज्ञान महावग्ग 4, 12 में उल्लिखित महावन नामक स्थान से किया गया है। यह बौद्धकाल में वैशाली का एक उपनगर या उद्यान था। यहा अशोक का एक स्तभ अवस्थित है।

कोल्लक

श्रीमद्भागवत 5,19,16 मे उल्लिखित एक पर्वत—'मगलप्रस्थो मैनाक-स्त्रिकूट ऋषभः कूटक कोल्लकः सह्यो देवगिरि'—कोल्लक सह्याद्रि की ही किसी पर्वत-श्रेणी का नाम जान पडता है। सभवत यह कोलगिरि का ही रूपातरित नाम है जिसका उल्लेख महाभारत 2,31,68 मे है (दे० कोलगिरि)।

कोल्लहपुर=कोलापुर

कोल्लाग

वैशाली का उपनगर, जहा जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी के ज्ञातिजनो का निवास स्थान था। उनके पिता सिद्धार्थ ज्ञात्रिक गोत्र से सबधित थे तथा उनके आस्थान कुदग्राम तथा कोल्लाग मे थे। ये दोनो वैशाली के उपनगर थे। कुदग्राम महावीर का जन्मस्थान था। जैन सूत्र-ग्रथ कल्पसूत्र (खड 114-116) मे कोल्लाग को महावीर जी का जन्मस्थान बताया गया है। यहा स्थित द्विपलाश नामक चैत्य का भी उल्लेख कल्पसूत्र मे है।

कोल्लूर (मद्रास)

कृष्णा नदी के दक्षिण मे स्थित है। इस स्थान पर प्राचीन समय मे हीरे की खानें थीं। एक किंवदती के अनुसार ससार-प्रसिद्ध कोहनूर यहीं की खान से 1656-57 ई० मे प्राप्त हुआ था और मीरजुमला ने इसे मुगल सम्राट् शाहजहा को भेंट मे दिया था। अन्य किंवदन्तियां ऐसी भी हैं जिनके अनुसार कोहनूर का इतिहास कहीं अधिक प्राचीन है। कहा जाता है कि पहली बार इस हीरे ने महाराज युधिष्ठिर के मुकुट की शोभा बढाई थी और कालक्रम से यह रत्न भारत के बडे महाराजाओ तथा सम्राटो के पास रहा। अब यह हीरा, जो प्रारभ मे 787½ कैरेट का था, कट-छट कर बहुत हलका रह गया है और इग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ के ताज मे जडा हुआ है। यह भी सभव है कि जो हीरा मीरजुमला ने शाहजहा को भेंट किया था वह मुगलेआजम नामक हीरा था यद्यपि कुछ लोग कोहनूर और मुगलेआजम को एक ही मानते हैं। कोल्लूर की खान से दूसरा

जगतप्रसिद्ध हीरा 'होप' नामक भी प्राप्त हुआ था किंतु कोहनूर के विपरीत इसे बहुत ही भाग्यहीन समझा जाता है। 1642 ई० में यह हीरा फ्रांसीसी यात्री टर्वानियर के हाथ में पहुंचा। तब इसका भार 67 कैरेट था। टेवर्नियर ने भारत से लौटने पर इसे फ्रांस के सम्राट् चौदहवें लुई को भेंट में दिया। इसके पश्चात् यह फ्रांस की रानी मेरी एनतिनोते के पास पहुंचा जिसका फ्रांसकी राज्यक्रांति (1789 ई०) के काल में वध कर दिया। इसके पश्चात् यह होप-परिवार के पास आया। तीन पीढ़ियों के बाद यह अन्य हाथों में जा चुका था। लार्ड फ्रांसिस होप जिनके पास यह था अपनी सारी संपत्ति खो बैठे और उनकी पत्नी की भी अचानक मृत्यु हो गई। उन्होंने इसे एक तुर्की व्यापारी के हाथ बेच दिया जो बेचारा डूबकर मर गया। उसने पहले ही इसे तुर्की के सुलतान अब्दुल हमीद को बेच दिया था। वे राज्य-च्युत हुए और कारागार में मरे। तत्पश्चात् यह अभागा हीरा एक अमरीकी परिवार में श्रीमती मेक्लीन के यहां पहुंचा। उनका पुत्र एक मोटर दुर्घटना में मारा गया। श्रीमती मेक्लीन ने इसे फिर भी न छोड़ा और एक ईसाई पुजारी से इसे अभिमन्त्रित करवाया। किंतु उनके पास भी यह न रह सका और थोड़े समय से आजकल एक अन्य अमरीकी परिवार के पास है। इस प्रकार भारत की कोल्लूर खान से उत्पन्न यह नीली कांति वाला दीप्तिमान किंतु अभिशप्त रत्न संसार में दूर-दूर जाकर अनेक हाथों में रहा है किंतु दुर्भाग्यवश जहां भी यह गया वहां दुर्घटनाएँ इसकी सहेलियां रही है।

कोल्हापुर दे० करवीर

कोनल दे० कोसल

कोसम (जिला इलाहाबाद, उ० प्र०)

यमुना-तट पर स्थित एक ग्राम जिसका अभिज्ञान बौद्धकाल की प्रसिद्ध नगरी कौशांबी से किया गया है।

दे० कौशांबी।

कोसल

उत्तरी भारत का प्रसिद्ध जनपद जिसकी राजधानी विश्वविश्रुत नगरी अयोध्या थी। यह जनपद सरयू (गंगा की सहायक नदी) के तटवर्ती प्रदेश में बसा हुआ था। सरयू के किनारे बसी हुई बस्ती का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद में है—'उतत्या सद्य आर्या सरयोरिन्द्रपारत अर्णाचित्ररथा वधी.'—4,30,18. हो सकता है यही बस्ती आगे चलकर अयोध्या के रूप में विकसित हो गयी। इस उद्धरण में चित्ररथ को इस बस्ती का प्रमुख बताया गया है। शायद

इसी व्यक्ति का उल्लेख वाल्मीकि रामायण मे भी है (अयो० 32,17)—'मुनरचित्ररयश्चार्यः सचिव सुचिरोषितः तोषयैन महार्हश्च रत्नैर्वस्त्रैर्धनैस्तथा'। रामायण-काल मे कोसल राज्य की दक्षिणी सीमा पर वेदश्रुति नदी बहती थी। श्रीरामचंद्रजी ने अयोध्या मे वन के लिए जाते समय गोमती नदी को पार करने के पहले ही कोसल को सीमा को पार कर लिया था—'एतावाचो मनुष्याणा ग्रामसवासवस्तिनाम्, शृण्वन्नतिययौवीरः कोसलान्कोसलेश्वर.' अयोध्या० 49,8। वेदश्रुति तथा गोमती पार करने का उल्लेख क्रमश अयोध्या० 49,9 और 49,10 मे है और तत्पश्चात् स्यदिका या सई नदी को पार करने के पश्चात्—'स महीं मनुना राजा दत्तामिक्ष्वाकवे पुरा, स्फीता राष्ट्रवता रामो वैदेहीमन्वदर्शयत्'—अयोध्या० 49,12, अर्थात् श्री राम ने पीछे छूटे हुए, अनेक जनपदों वाले तथा मनु द्वारा इक्ष्वाकु को दिए गए समृद्धिशाली (कोसल) राज्य की भूमि सीता को दिखाई। जान पडता है कि रामायणकाल मे ही यह देश उत्तर कोसल और दक्षिण कोसल नामक दो जनपदो मे विभक्त था। राजा दशरथ की रानी कौशल्या समवत दक्षिण कोसल (रायपुर-बिलासपुर के ज़िले, म० प्र०) की राजकन्या थीं। कालिदास ने रघुवश 13,62 मे अयोध्या को उत्तर कोसल की राजधानी कहा है—'सामान्य धात्रीमिव मानस मे सभावयत्युत्तर-कोसलानाम्'। दे० उत्तरकोसल। रामायणकाल में अयोध्या बहुत ही समृद्धिशाली नगरी थी। महाभारत सभा० 30,1 मे भीमसेन की दिग्विजय-यात्रा मे कोसल-नरेश बृहद्बल की पराजय का उल्लेख है—'तत कुमारविषये श्रेणिमन्तम-थाजयत् कोसलाधिपतिं चैव बृहद्बलमरिंदम'। अगुत्तरनिकाय के अनुसार बुद्धकाल से पहले कोसल की गणना उत्तरभारत के सोलह जनपदो मे थी। इस समय विदेह और कोसल की सीमा पर सदानीरा (=गडकी) नदी बहती थी। बुद्ध के समय कोसल का राजा प्रसेनजित् था जिसने अपनी पुत्री कोसला का विवाह मगधनरेश बिंबिसार के साथ किया था। काशी का राज्य जो इस समय कोसल के अतर्गत था, राजकुमारी को दहेज मे उसकी प्रसाधन सामग्री के व्यय के लिए दिया गया था। इस समय कोसल की राजधानी श्रावस्ती में थी। अयोध्या का निकटवर्ती उपनगर साकेत बौद्धकाल का प्रसिद्ध नगर था। जातकों मे कोसल के एक अन्य नगर सेतव्या का भी उल्लेख है। छठी और पाचवीं शती, ई० पू० मे कोसल मगध के समान ही शक्तिशाली राज्य था किंतु धीरे-धीरे मगध का महत्त्व बढता गया और मौर्य-साम्राज्य की स्थापना के साथ कोसल मगध-साम्राज्य ही का एक भाग बन गया। इसके पश्चात् इतिहास मे कोसल की जनपद के रूप में अधिक महत्ता नहीं दिखाई देती यद्यपि इसका नाम

गुप्तकाल तक साहित्य मे प्रचलित था। विष्णु पुराण 4,24,64 के—'कोसलाध्र-पुंड्रताम्रलिप्तसमुद्रतटपुरी च देवरक्षितो रक्षिता'—इस उद्धरण मे संभवत: गुप्तकाल के पूर्ववर्ती काल मे कोसल का अन्य जनपदो के साथ ही देवरक्षित नामक राजा द्वारा शासित होने का वर्णन है। यह दक्षिण कोसल भी हो सकता है। गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति मे 'कोसलक महेंद्र' या कोसल (दक्षिण कोसल) के महेंद्र का उल्लेख है जिस पर समुद्रगुप्त ने विजय प्राप्त की थी। कुछ विदेशी विद्वानो (सिलवेन लेवी, जीन प्रेज़ीलुस्की) के मत मे कोसल आस्ट्रिक भाषा का शब्द है। आस्ट्रिक लोग भारत मे द्रविडो से भी पूर्व आकर बसे थे। दे० अयोध्या, साकेत, श्रावस्ती, सरयू।

कोसी

कौशिकी (नदी) का अपभ्रश हो सकता है। इस नाम की भारत मे कई नदियां हैं। दे० कौशिकी

कोहका (जिला जबलपुर, म० प्र०)

वर्तमान स्लीमनाबाद, जिसे 1832 मे कर्नल स्लीमैन ने बसाया था, प्राचीन कोहका ग्राम के स्थान पर बसा हुआ है। इस ग्राम मे प्राचीन शिवमदिर है। यह स्थान जबलपुर-कटनी मार्ग पर 39वें मील पर स्थित है।

कोहदामन=बेग्राम (अफगानिस्तान)

यह नगर प्राचीन कपिशा की राजधानी था। श्वेत-हूणों के आक्रमण के पूर्व (दूसरी-तीसरी शती ई०) यह नगर बहुत समृद्धिशाली था और बौद्ध धर्म का यहा काफी प्रचार था किंतु हूणो के आक्रमण के कारण नगर विध्वस्त हो गया। लगभग 520 ई० मे हूणनरेश मिहिरकुल का शासन यहा स्थापित हो गया था।

कोहबर (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

यह स्थान सोन नदी की घाटी के अन्तर्गत है। यहा प्रागैतिहासिक गुहा-चित्रकारी के कई उदाहरण मिले हैं जिनमे नृत्य करते हुए पुरुष तथा वन्य पशुओ का आलेखन पाया जाता है।

कोहाला

धोर (म० प्र०) के निकट इस स्थान से पूर्वमध्यकालीन इमारतो के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

कौंडिन्यपुर दे० कुडिन, कुडिनपुर

कौकुर=कुकुर या कुक्कुर

कौडियाली

सरयू का एक नाम। यह नदी मानसरोवर से उद्भूत होती है, तिब्बत के पहाडो मे इसे कौडियाली कहते हैं, मैदान मे पहुंच कर इसका नाम

सरयू और अंत मे घाघरा हो जाता है।

कौराल

गुप्त-सम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में वर्णित एक प्रदेश, 'कौसलक महेंद्र महाकांतार व्याघ्रराज, कौराल(ड)क मंटराज पैष्टपुरक महेंद्र गिरि '। रायचौधरी के मत मे इस नाम से केरल (जिसकी राजधानी महानदी पर स्थित ययातिनगर म थी) का बोध होता है। डा० बारनेट के अनुसार यह दक्षिण का कोराड नामक ग्राम है (कलकत्ता रिव्यू, फर्वरी 1924) और डा० कीलहार्न के मत में कोलेयर झील का तटवर्ती क्षेत्र (दे० कीलहार्न, एपिग्राफिका इंडिका, जिल्द 6, पृ० 3)।

कौलायत=कपिलायतन

कौलास (देगदर तालुका, जिला नादेड, महाराष्ट्र)

मध्यकालीन तथा परवर्तीकाल के अनेक प्राचीन स्मारक यहा स्थित हैं जिनमे 13वीं या 14वीं शती का शिवमंदिर, 16वी या 17वीं शती की सूनी मसजिद, 17वी शती का संत बहलोल का मकबरा तथा शाह जियाउलहक की दरगाह उल्लेखनीय हैं। यहा एक प्राचीन दुर्ग भी है जिसे 1323 ई० में मुसलमानो ने वारंगल नरेश से छीन लिया था। इस स्थान का प्राचीन नाम कैलास है। वारंगल-नरेशो क समय यह स्थान शिवोपासना का केंद्र था।

कौशांबी

(1) बुद्धकाल की परमप्रसिद्ध नगरी जो वत्स देश की राजधानी थी। इसका अभिज्ञान, तहसील मझनपुर जिला इलाहाबाद म प्रयाग से 24 मील पर स्थित कोसम नाम के ग्राम से किया गया है। यह नगरी यमुना नदी पर बसी हुई थी। पुराणों के अनुसार (दे० विष्णु० 4, 21, 7–8) हस्तिनापुर-नरेश निचक्षु ने, जो परीक्षित का वंशज (*युधिष्ठिर से सातवी पीढ़ी में*) था, हस्तिनापुर के गंगा द्वारा बहा दिए जाने पर अपनी राजधानी वत्स देश की कौशांबी नगरी म बनाई थी—'अधिसीमकृष्णपुत्रो निचक्षुर्भविता नृप यो गंगयापहृते हस्तिनापुरे कौशाम्ब्यां निवत्स्यति'। इसी वंश की 26वीं पीढ़ी में बुद्ध के समय म कौशांबी का राजा उदयन था। इस नगरी का उल्लेख महाभारत म नहीं है फिर भी इसका अस्तित्व ईसा से कई शतियों पूर्व था। गौतम बुद्ध के समय म कौशांबी अपने ऐश्वर्य के मध्याह्नकाल मे थी। जातक कथाओं तथा बौद्ध साहित्य मे कौशांबी का वर्णन अनेक बार आया है। कालिदास, भास और क्षेमेंद्र को कौशांबी-नरेश उदयन से संबंधित अनेक लोककथाओं की पूरी तरह से जानकारी थी।

उदयन के समय में गौतमबुद्ध कौशाबी मे अक्सर आते-जाते रहते थे। उनके सबध के कारण कौशाबी के अनेक स्थान सैकडो वर्षों तक प्रसिद्ध रहे। बुद्धचरित 21, 33 के अनुसार कौशांबी मे, बुद्ध ने धनवान् घोषिल, कुब्जोत्तरा तथा अन्य महिलाओ तथा पुरुषो को दीक्षित किया था। यहां के विख्यात श्रेष्ठी घोषित (सभवत बुद्धचरित्र का घोषिल) ने घोषिताराम नाम का एक सुदर उद्यान बुद्ध के निवास के लिए बनवाया था। घोषित का भवन नगर के दक्षिण-पूर्वी कोने में था। घोषिताराम के निकट ही अशोक का बनवाया हुआ 150 हाथ ऊंचा स्तूप था। इसी विहारवन के दक्षिण-पूर्व मे एक भवन था जिसके एक भाग मे आचार्य वसुबधु रहते थे। इन्होंने 'विज्ञप्ति मात्रता सिद्धि' नामक ग्रथ की रचना की थी। इसी वन के पूर्व मे वह मकान था जहाँ आर्य असग ने अपने ग्रथ योगाचारभूमि की रचना की थी। कौशाबी से एक कोस उत्तर-पश्चिम मे एक छोटी पहाडी थी जिसकी प्लक्ष नामक गुहा मे बुद्ध कई बार आए थे। यहीं श्वभ्र नामक प्राकृतिक कुड था। जैन ग्रथों में भी कौशाबी का उल्लेख है। आवश्यक-सूत्र की एक कथा मे जैन-भिक्षुणी चदना का उल्लेख है जो भिक्षुणी बनने से पूर्व कौशांबी के एक व्यापारी धनावह के हाथों बेच दी गई थी। इसी सूत्र मे कौशाबी-नरेश शतानीक का भी उल्लेख है। इसकी रानी मृगावती विदेह की राजकुमारी थी। मौर्यकाल मे पाटलिपुत्र का गौरव अधिक बढ़ जाने से कौशाबी समृद्धिहीन हो गई। फिर भी अशोक ने यहां प्रस्तरस्तभ पर अपनी धर्मलिपियां—स० 1 मे 6 तक उत्कीर्ण करवायीं। इसी स्तभ पर एक अन्य धर्मलिपि भी अकित है जिसमे बौद्ध सघ के प्रति अनास्था दिखाने वाले भिक्षुओ के लिए दड नियत किया गया है। इसी स्तभ पर अशोक की रानी और तीवर की माता कारुवाकी का भी एक लेख है। गुप्तकाल मे अन्य बौद्ध केंद्रों की भांति ही कौशाबी का महत्व भी बहुत कम हो गया। गुप्तसवत् 139=459 ई० का एक लेख प्रस्तर-मूर्ति पर अकित है जो स्कदगुप्त के समय का है और महाराज भीमवर्मन् से सबधित है। चीनी यात्री युवानच्वांग की भारत यात्रा के समय (630-645 ई०) कौशांबी खडहरों की नगरी बन चुकी थी। कन्नौजाधिप हर्ष के प्रसिद्ध नाटक रत्नावली की मुख्य घटनास्थली कौशांबी ही है जैन ग्रथ विविधतीर्थकल्प में भी शतानीक के पुत्र उदयन का उल्लेख है और उसे वत्सनरेश कहा गया है। कालिंदी के तट पर स्थित कौशांबी में अनेक वनो का भी उल्लेख है। चदनबाला ने महावीर के सम्मानार्थ छ मास का उपवास कौशांबी मे किया था। भगवान् पद्मप्रभु ने यहीं जैनधर्म में दीक्षा ली थी। नगरी में अनेक विशाल शीतल छाया वाले कौशाब

स्थित थे—'यस्य सिनिद्धछाया कोसबतरवोमहापभागा दीसति'। हाल ही में प्रयाग विश्वविद्यालय की पुरातत्त्व परिषद् ने कोसम की खुदाई द्वारा अनेक प्राचीन स्थलों को प्रकाश में लाकर उनका अभिज्ञान किया है। इस संबंध में सबसे अधिक महत्वपूर्ण कार्य घोषिताराम की खोज है। जैसा ऊपर लिखा जा चुका है घोषिताराम, कौशांबी में बुद्ध का सर्वप्रिय निवासस्थान था। इसका अभिज्ञान कुछ अभिलेखों की सहायता से किया गया है। इन अभिलेखों से कौशांबी का कोसम से अभिज्ञान भी, जिसके विषय में पहले विद्वानों में काफी मतभेद था, निश्चित रूप से प्रमाणित हो गया है। जिला इलाहाबाद के कड़ा नामक स्थान से एक अभिलेख प्राप्त हुआ था जिसमें इस स्थान को कौशांबी-मंडल के अंतर्गत बताया गया है।

(2) (बर्मा)

ब्रह्मदेश में इरावदी और सालवीन नदियों के बीच का प्रदेश। इसका प्राचीन भारतीय नाम कौशांबी यहां के हिंदू औपनिवेशिकों ने रखा था। शायद ये लोग कौशांबी-निवासी थे।

कौशिकी

(1) बंगाल की कौस्या, जो मिदनापुर तालुके में बहती हुई समुद्र में गिरती है। 'तत पुंड्राधिपवीर वासुदेव महाबलम्, कौशिकीकच्छनिलय राजानं च महौजसम्'—महा० विराट० 30, 22। इसी नदी के किनारे ताम्रलिप्ति नगरी बसी हुई थी। कालिदास ने रघुवंश 4, 38 में शायद कौशिकी को ही 'कपिशा' कहा है। इसी कौशिकी का श्रीमद्भागवत 5, 19, 18 में भी उल्लेख है—'ऋषिकुल्या त्रिसामा कौशिकी मदाकिनी यमुना …'।

(2) कुरुक्षेत्र की एक नदी। वामनपुराण 39, 6–8 के अनुसार कुरुक्षेत्र में अनेक नदियां प्रवाहित होती हैं—'सरस्वती नदी पुण्या तथा वैतरणी नदी, आपगा च महापुण्या गगा मदाकिनी नदी, मधुस्रवा अम्लु नदी कौशिकी पापनाशिनी दृषद्वती महापुण्या तथा हिरण्यवती नदी'। कौशिकी और दृषद्वती के संगम का महाभारत 83, 95–96 में उल्लेख है—'कौशिक्या सगमे यस्तु दृषद्वत्याश्च भारत, स्नाति वै नियताहारः सर्वपापैः प्रमुच्यते'।

(3) गोदावरी की सात शाखा-नदियों में से एक। ये हैं—गौतमी, वशिष्ठा, कौशिकी, आत्रेयी, वृद्धगौतमी, तुल्या और भारद्वाजी। सप्तगोदावरी का महाभारत वन० 85, 43 में उल्लेख है—'सप्तगोदावरीं स्नात्वा नियतो-नियताशन.'।

(4) महाभारत भीष्म० 9, 18 में उल्लिखित नदी जिसका अभिज्ञान संदिग्ध है—'कौशिकी त्रिदिवा कृत्यां निचिता लोहतारिणीम्'।

(5) गंगा की सहायक नदी कोसी, जो नेपाल के पहाड़ों से निकल कर नेपाल और बिहार में बहती हुई राजमहल (बिहार) के निकट गंगा में मिल जाती है।

(6) रामगंगा (उ० प्र०) की सहायक नदी। यह अल्मोड़ा के उत्तर के पहाड़ों से निकलती है और रामपुर के पास बहती हुई रामगंगा में मिल जाती है।

कोस्या दे० कौशिकी (1)

कन्नोर (केरल)

परियार-नदी के तट पर बसा हुआ प्राचीन बंदरगाह जिसे रोम के लेखकों ने मुजीरिस कहा है। ई० सन् के प्रारंभिक काल में यह समुद्रपत्तन दक्षिण भारत और रोम-साम्राज्य के बीच होने वाले व्यापार का केन्द्र था। इसका एक नाम मरिचीपत्तन या मुरचीपत्तन भी था जिसका अर्थ है 'काली मिर्च का बंदरगाह'। 'मुजीरिस' शब्द इसी का रोमीय रूपांतर जान पड़ता है। मुरची-पत्तन का उल्लेख महाभारत 2, 31, 68 में है। इस बंदरगाह से काली मिर्च का प्रचुर मात्रा में निर्यात होता था। दे० तिरुवांकुलम्।

क्रथकैशिक

प्राचीन विदर्भ (महाराष्ट्र) का एक भाग। महाभारत 2, 14, 21–22 में क्रथकैशिकों पर विदर्भराज भीष्मक की विजय का उल्लेख है। संभवतः भीष्मक ने पहली बार क्रथकैशिक देश को अपने राज्य में मिलाया था—'विद्याबलाद् यो व्यजयत् सपाड्यक्रथकैशिकान् स भक्तो मागध राजा भीष्मकः परवीरहा'—इस उल्लेख में भीष्मक को जरासंध का मित्र बताया गया है। ये रुक्मिणी के पिता थे। कालिदास ने रघुवंश 5, 39 में इंदुमती के विवाह के प्रसंग में विदर्भराज भोज को क्रथकैशिक नरेश कहा है—'अथेश्वरेण क्रथकैशिकानां स्वयंवरार्थंस्वसुरिन्दुमत्याः आप्तः कुमारानयनोत्सुकेन भोजेनदूतो रघवेविसृष्टः'।

क्वारी दे० कुमारी

क्रुमु=कुर्रम

यह सिंध की सहायक नदी है। दोनों का संगम जलालाबाद के पास है। इसका उल्लेख ऋग्वेद 10, 75 के प्रसिद्ध नदी सूक्त में है—'त्वं सिंधो कुभया गोमती क्रुमु मेहत्न्वा सरथ याभिरीयसे'। नदी सूक्त में गंधार और पंचनद की सभी प्रसिद्ध नदियों तथा गंगा और यमुना का भी उल्लेख है।

क्रोक्त=कराची

क्रोड देश=कुर्ग

क्रौंच

(1) क्रौंच द्वीप। पौराणिक भूगोल की उपकल्पना के अनुसार पृथ्वी के सप्त महाद्वीपों में से एक। इस द्वीप में क्रौंच नामक पर्वत स्थित है। यहां के निवासियों को जलदेवता या वरुण का पूजक बताया गया है। इसके चतुर्दिक क्षीर-समुद्र है—'जंबूप्लक्षाह्वयौ द्वीपौ शाल्मल श्चापरो द्विज, कुश क्रौंच स्तथाशाक. पुष्करश्चैव सप्तम' विष्णु० 2,2,5। क्रौंचपर्वत की स्थिति के अनुसार क्रौंच द्वीप को तिब्बत का एक भाग समझना चाहिए। देखिए क्रौंच (2)।

(2) विष्णुपुराण 2, 4, 50-51 में उल्लिखित क्रौंच द्वीप के सप्तपर्वतों में से एक—'क्रौंचश्चवामनश्चैवतृतीयश्चान्धकारक चतुर्थो रत्नशैलश्च स्वाहिनीहयसन्निभ'। यह पर्वत हिमालय का एक भाग है। पौराणिक कथा से ज्ञात होता है कि परशुराम ने धनुर्विद्या समाप्त करने के पश्चात् हिमालय में बाण मारकर आरपार एक मार्ग बना दिया था। इस मार्ग से ही मानसरोवर से दक्षिण की ओर आने वाले हंस गुजरते थे। इस मार्ग को क्रौंच रंध्र कहते थे। वाल्मीकि-रामायण, किष्किंधा० 43,20 में सुग्रीव ने सीता के अन्वेषणार्थ वानर-सेना को उत्तर की ओर भेजते हुए तत्स्थानीय अनेक प्रदेशों का वर्णन करते हुए कैलाश से कुछ दूर उत्तर की ओर स्थित क्रौंचगिरि का उल्लेख किया है—'क्रौंच तु गिरिमासाद्य बिल तस्य सुदुर्गमम्, अप्रमत्तै प्रवेष्टव्य दुष्प्रवेश हि तत्स्मृतम्' अर्थात् क्रौंच पर्वत पर जाकर उसके दुर्गम बिल पर पहुच कर उसमें बड़ी सावधानी से प्रवेश करना, क्योंकि यह मार्ग बड़ा दुस्तर है—'पुन. क्रौंचस्य तु गुहाश्चान्या. सानूनि शिखराणि च, दर्दराश्च नितबाश्च विचेतव्यास्ततस्तत' किष्किंधा० 43, 27 अर्थात् क्रौंच पर्वत की दूसरी गुहाओं की तथा शिखरों और उपत्यकाओं को भी अच्छी तरह खोजना। क्रौंचगिरि के आगे मैनाक का उल्लेख है—'क्रौंच गिरिमतिक्रम्य मैनाको नाम पर्वत.' किष्किंधा० 43, 29। मेघदूत (उत्तर मेघ 59) में भी क्रौंच-रंध्र का सुंदर वर्णन है—'प्रालेयाद्रेरुपतटमतिक्रम्य तांस्तान् विशेषान् हंसद्वारं भृगुपति यशोवर्त्म यत्क्रौंचरन्ध्रम्'। अर्थात् हिमालय के तट में क्रौंच-रंध्र नामक घाटी है जिसमें होकर हंस आते-जाते हैं, यहीं परशुराम के यश का मार्ग है। इसके अगले छन्द 30 में कैलास का वर्णन है। इस प्रकार वाल्मीकि और कालिदास दोनों ने ही क्रौंचपर्वत तथा क्रौंच-रंध्र का उल्लेख कैलास के निकट किया है। अन्यत्र भी 'कैलासे धनदावासे क्रौंच. क्रौचोऽभिधीयते' कहा गया है। कालि-

दास ने क्रौंच रध्र से संबंधित कथा का रघु० 11, 74 में भी निर्देश किया है—'विभ्रतोस्त्रमचलेऽप्यकुंठितम्' अर्थात् मेरे (परशुराम के) अस्त्र या बाण को पर्वत (क्रौंच) भी न रोक सका था। वास्तव में क्रौंच रध्र दुस्तर हिमालय पर्वत के मध्य और मानसरोवर-कैलास के पास कोई गिरिद्वार है जिसका वर्णन हमारे प्राचीन साहित्य में काव्यात्मक ढंग से किया गया है। हंस और क्रौंच या कुंज आदि हिमालय के पक्षी जाड़ों में हिमालय की निचली घाटियों को पार करके ही आगे दक्षिण की ओर आते हैं। श्री वा० श० अग्रवाल के अनुसार यह अल्मोड़ा के आगे लीपूलेक का दर्रा है (दि० कादंबिनी, अक्टूबर '62)।

(3) पंचवटी के निकट एक पहाड़, 'गुंजत्कुंजकुटीरकौशिकघटाघुत्कारवत् कीचकस्तंबाडंबरमूकमौकुलिकुल: क्रौंचाभिधोऽयं गिरि:' उत्तररामचरित 2,19। इसके निकट ही क्रौंचारण्य स्थित था।

क्रौंचरध्र दे० क्रौंच (2)

क्रौंचारण्य

वाल्मीकि रामायण के अनुसार राम-लक्ष्मण सीता की खोज में पंचवटी से चलकर यहां पहुंचे थे—'तत: परं जनस्थानात्त्रिक्रोशं गम्य राघवौ, क्रौंचारण्यं विविशतु: गहनं तौ महौजसौ'—अरण्य० 69, 5। अर्थात् उसके बाद जनस्थान से तीन कोस चलकर तेजस्वी राम और लक्ष्मण ने घने क्रौंच वन में प्रवेश किया—'तत: पूर्वेण तौ गत्वा त्रिक्रोशं भ्रातरौ तदा, क्रौंचारण्यमतिक्रम्य मतंगाश्रममंतरे' अरण्य० 69, 8। अर्थात् क्रौंचारण्य को पार करके तीन कोस चलने पर वे मतंगाश्रम पहुंचे। इससे सूचित होता है कि क्रौंचारण्य जनस्थान और मतंगाश्रम के बीच में स्थित था। क्रौंचारण्य के निकट क्रौंच नामक पहाड़ी की स्थिति थी (दे० क्रौंच 3)। वर्तमान बल्लारी (मैसूर) से छ मील पूर्व की ओर लोहाचल पर्वत को क्रौंच कहा जाता है। संभव है रामायणकाल में इसके निकटवर्ती वन को क्रौंचारण्य नाम से अभिहित किया जाता हो।

क्लीसोबोरा

चंद्रगुप्त मौर्य के समय में भारत में आए हुए यूनानी राजदूत मेगेस्थनीज ने अपने इंडिका नामक ग्रंथ में इस स्थान का शूरसेन लोगों के एक बड़े नगर के रूप में उल्लेख किया है। एरियन नामक एक अन्य यूनानी लेखक ने मेगेस्थनीज के लेख का उद्धरण देते हुए लिखा है कि शौरसेनाई लोग हेराक्लीज (=श्रीकृष्ण) को बहुत आदर की दृष्टि से देखते हैं। इनके दो बड़े नगर हैं—मेथोरा (मथुरा) और क्लीसोबोरा। उनके राज्य में जोबरेस या जोमनेस (यमुना) नदी बहती है जिसमें नावें चलती हैं। प्राचीन राम के इतिहास लेखक

प्लिनी ने मेगस्थनीज के लेख का निर्देश करते हुए लिखा है कि जोमनस या यमुना, मेथोरा और क्लीसोबोरा के बीच से बहती है। प्लिनी के लेख से इंगित होता है कि यूनानियों ने शायद गोकुल को ही क्लीसोबोरा कहा है क्योंकि यमुना के आमने-सामने गोकुल और मथुरा—ये दो महत्वपूर्ण नगर सदा से प्रसिद्ध रहे हैं। किंतु गोकुल का यूनानी उच्चारण क्लीसोबोरा किस प्रकार हुआ यह तथ्य संदेहास्पद है। मेक्किंडल (एशेंट इंडिया एज डेस्क्राइब्ड बाई मेगेस्थनीज, पृ० 140) के अनुसार क्लीसोबोरा का संस्कृत रूपांतर 'कृष्णपुर' होना चाहिए। यह शायद उस समय गोकुल को जनसामान्य का दिया हुआ नाम हो।

क्विलन (केरल)

त्रिवेंद्रम से 44 मील पर स्थित है। बहुत प्राचीन समय में ही इस नगर का व्यापार पश्चिमी देशों के साथ प्रारंभ हो गया था जिनमें फ़िनीशिया, ईरान, अरब, यूनान, रोम और चीन मुख्य हैं। तांग राज्यकाल में चीनियों ने क्विलन में अनेक व्यापारिक बस्तियां स्थापित की थीं। इसका प्राचीन नाम कोल्लम था। शायद कोल्लम के प्राचीन नाम कोलगिरि, कोलाचल, कोल्लक आदि हैं जिनका उल्लेख महाभारत में है।

क्षत्रिय (=क्षतु) गणराज्य

300 ई० पू० के लगभग पंजाब (वाहीक) का एक गणराज्य, जिसका उल्लेख अलक्षेंद्र के इतिहास लेखकों ने किया है। इसका नाम क्षत्रिय नामक जाति के यहां बसने के कारण हुआ था। मेक्किंडल के अनुसार इस जाति का नाम क्षत्र था। इसे मनुस्मृति में हीन जाति माना गया है (इन्वेज़न ऑव अलेग्जेंडर, पृ० 156)। रायचौधरी के मत में इस जाति का मूलस्थान चिनाब रावी के संगम के पास रहा होगा (पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव ऐंशेंट इंडिया—पृ० 207)। यूनानी लेखकों ने इस जाति के नाम का उच्चारण क्षथरोई (Xathroi) लिखा है। पाणिनि ने भी क्षत्रिय गणराज्य का उल्लेख किया है। महाभारत भीष्म० 51, 14 और 106, 8 में उल्लिखित वशाति शायद इसी गण से संबद्ध थे।

क्षांति

विष्णुपुराण 2, 4, 55 के अनुसार क्रौंच द्वीप की एक नदी, 'गौरी कुमुद्वती चैव सध्या रात्रिर्मनोजवा, क्षातिश्च पुंडरीका च सप्तैता वर्षनिम्नगाः'।

क्षीरगंगा

केदारनाथ (ज़िला गढ़वाल, उ० प्र०) के निकट बहने वाली एक नदी।

क्षीरपुर=खेड़ (जिला जोधपुर, राजस्थान)

लूनी नदी के तट पर बालातोरा स्टेशन से पांच मील दूर प्राचीन काल का प्रसिद्ध तीर्थ। यहां के विस्तृत खंडहरों तथा अनेक नष्टभ्रष्ट मूर्तियों तथा अन्य अवशेषों से प्रमाणित होता है कि इस स्थान पर पहले एक बड़ा नगर बसा हुआ था। परवर्ती काल के कई मंदिर यहां आज भी हैं।

क्षीरसमुद्र

पुराणों की भौगोलिक कल्पना के अनुसार पृथ्वी के सप्तसागरों में से एक है। यह क्रौंचमहाद्वीप के चतुर्दिक् स्थित है। विष्णु० 2, 2, 6 में इसे दुग्ध-सागर कहा है। क्षीरसागर को पुराणों में भगवान् विष्णु का शयनागार कहा गया है।

क्षीरोदा=खिरोई नदी (बिहार)

मिथिला में गौतमाश्रम के समीप बहने वाली नदी जिसका जल दुग्ध की भांति श्वेत और स्वादु कहा जाता है।

क्षुद्रक गणराज्य

अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण के समय तथा उससे पूर्व अर्थात् 320 ई० पू० के लगभग, क्षुद्रक गणराज्य की स्थिति रावी और बियास नदियों के मध्य-वर्ती-प्रदेश में (जिला माटगोमरी, प० पाकि० के अंतर्गत) थी। यूनानी लेखक एरियन ने क्षुद्रकों (Oxydrakai) की शासन-व्यवस्था में उनके नगरमुख्यों तथा प्रांतीय शासकों का उल्लेख किया है। क्षुद्रकगण पंजाब के सभी गणों से अधिक सामर्थ्यवान् था तथा इसके सैनिक वीरता में किसी से कम न थे। पाणिनि ने भी क्षुद्रकों का उल्लेख किया है।

क्षुरमाली

शूर्पारक जातक में इस समुद्र का वर्णन जो अधिकांश में कल्पना रंजित है, इस प्रकार है—'भरकच्छापयातानं वणिजानंधनेसिनं, नावाय विप्पनट्ठाय खुरमालीति वुच्चतीति' ('भरुकच्छात् प्रयातानां वणिजां धनैषिणाम्, नावा विप्रणष्टया क्षुरमालीति उच्यते') अर्थात् भरुकच्छ (भड़ौच) से जहाज पर निकले हुए धनार्थी वणिकों को विदित हो कि इस (समुद्र) का नाम क्षुरमाली है। इससे पूर्व इसी संदर्भ में वणिकपोत का भृगुकच्छ से चलकर चार मास तक समुद्र में यात्रा करने के पश्चात् क्षुरमाली समुद्र में पहुंचने का वर्णन है। इस संदर्भ में मनुष्य के समान नासिका वाली तथा छुरे के समान नासिका वाली मछलियों का पानी में डूबने-उतराने का वर्णन है। इस समुद्र में हीरे की उत्पत्ति भी कही गई है। डॉ० मोतीचंद के मत में फारस की खाड़ी के

समुद्र को पाली जातकों में क्षुरमाल (या क्षुरमाली) कहा गया है। किंतु जातक का यह वर्णन काल्पनिक तथा अतिरंजित जान पड़ता है तथा प्राचीनकाल में देश-देशांतर घूमने वाले नाविकों की रोमांचकथाओं पर आधृत प्रतीत होता है। जातक-कथाओं के काल में (पांचवीं शती ई०) भृगुकच्छ अथवा भडौच के व्यापारीगण प्राय यवद्वीप—जावा—तथा उसके निकटवर्ती द्वीपों में आते-जाते रहते थे। शूर्पारक-जातक में इसी मार्ग में पड़ने वाले समुद्रों का काल्पनिक एवं अतिरंजित वर्णन है। क्षुरमाली के अतिरिक्त इस संदर्भ में अग्निमाली, कुशमाल, नलमाल आदि समुद्रों का भी रोमांचकारी वृत्तांत है।

क्षेमक

विष्णुपुराण 2, 4, 5 के अनुसार प्लक्षद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा मेधातिथि के पुत्र के नाम पर क्षेमक कहलाता था।

खंडगिरि (उड़ीसा)

भुवनेश्वर से सात मील तथा शिशुपालगढ़ के खंडहरों से छः मील पश्चिम की ओर उदयगिरि के निकट एक पहाड़ी है जिसकी गुहाओं में प्राचीन अभिलेख हैं। ये जैन संप्रदाय से संबंधित हैं। जैन तीर्थंकर महावीर यहां कुछ कालपर्यंत रहे थे, ऐसी किंवदंती है। यह देश प्राचीनकाल में कलिंग के अंतर्गत था। कलिंगराज खारवेल का प्रसिद्ध अभिलेख हाथीगुंफा में है जो यहां से कुछ ही दूर है।

खडहर

महाराष्ट्र केसरी शिवाजी के समय में खडहर चंबल तथा नर्मदा के मध्यवर्ती प्रदेश में सुल्तानपुर के निकट स्थित एक कस्बे का नाम था। हिंदी के प्रसिद्ध कवि भूषण ने इसका उल्लेख किया है—'उत्तपहार विधनोल खडहर झारखंडहू प्रचार चारु केली है विरद की'।

खडु

पाणिनि 4, 2, 77। सिल्वेन लेवी के अनुसार यह वर्तमान खुड (जिला अटक) है।

खंभात=स्तंभतीर्थ (जिला कैरा, गुजरात)

जैन अनुश्रुति के अनुसार, इस स्थान का नामकरण स्तंभन-पार्श्वनाथ के नाम पर हुआ है। यहां इनकी रत्न निर्मित मूर्ति भी प्राप्त हुई है। इस स्थान से हाल ही में पूर्व-सोलंकीकालीन (10वीं शती ई०) के मंदिर के अवशेष उत्खनन द्वारा प्रकाश में लाए गए हैं, जिसका श्रेय कलकत्ता विश्वविद्यालय के श्री निर्मल कुमार बोस तथा वल्लभ विद्यानगर के श्री अमृत पाड्या को है। स्तंभतीर्थ

का महाभारत मे उल्लेख है—दे० रतव (—भ)—तीर्थ और प्रभावती।

खखूव (जिला गोरखपुर)

नूनखार स्टेशन से तीन मील पर यह ग्राम जैन तीर्थंकर पुष्पदंत का जन्म-स्थान माना जाता है।

खजुराहो (जिला छतरपुर, म०प्र०)

प्राचीनकाल मे खजुराहो जुझौति या बुंदेलखड का मुख्य नगर था। चदेल राजपूतो ने मध्यकाल मे इस नगर को सुन्दर मदिरो से अलकृत किया था। चदेलो के राज्य की नीव आठवी शती ई० मे महोबा के चदेल-नरेश चद्रवर्मा ने डाली थी। तब से लगभग पाच शतियो तक चदेलो की राज्यसत्ता जुझौति मे स्थापित रही। इनका मुख्य दुर्ग कालिजर तथा मुख्य अधिष्ठान महोबा मे था। खजुराहो मे जो मन्दिर इन्होने बनवाए उनमे से तीस आज भी स्थित हैं। इनमे आठ जैन मन्दिर भी हैं। जैन मन्दिरो की वास्तुकला अन्य मन्दिरो के शिल्प से मिलती-जुलती है। सबसे बडा मन्दिर पार्श्वनाथ का है जिसका निर्मिति-काल 950-1050 ई० है। यह 62 फुट लबा और 31 फुट चौडा है। इसकी बाहरी भित्तियो पर तीन पक्तियों मे जैन मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। कनिघम के मत मे गठाई नामक मदिर बौद्धधर्म से सम्बन्धित है किंतु यह तथ्य ठीक नहीं जान पडता। अधिकांश मन्दिरो का निर्माणकाल स्थूल रूप से 10 वी-11वी शती ई० है। खजुराहो के मन्दिरो मे सर्वश्रेष्ठ कडरिया महादेव का मन्दिर है। यह 109 फुट लबा, 60 फुट चौडा और 116 फुट ऊचा है। इसके सभी भाग—अर्धमण्डप, मण्डप, महामण्डप, अतराल तथा गर्भगृह आदि, वास्तुकला के बेजोड नमूने हैं। मन्दिर के प्रत्येक भाग मे परमोत्कृष्ट मूर्तिकारी अकित है और प्रत्येक स्थान पर मूर्तियो का जमघट सा जान पडता है, यहा तक कि कनिघम की गणना के अनुसार इस मन्दिर मे केवल दो और तीन फुट ऊची मूर्तियो की सख्या ही 872 है। छोटी मूर्तियां तो असख्य हैं। मुख्य मन्दिर तथा मण्डपों के शिखरो पर आमलक स्थित हैं। ये शिखर उत्तरोत्तर ऊचे होते गए हैं और इस-लिए बडे प्रभावोत्पादक तथा आकर्षक दिखाई देते हैं। मन्दिरो की मूर्तिकला की सराहना सभी पर्यवेक्षको ने की है। मन्दिर का 'अपूर्व सौन्दर्य, सुडौल आकार-प्रकार, काफी विस्तार और चित्रकार को यूची को लज्जित करनेवाला बारीक नक्काशी का काम' देख कर चकित होना पडता है—(गोरेलाल तिवारी—बुन्देलखण्ड का सक्षिप्त इतिहास, पृ० 67)। खजुराहो के मन्दिर मे तीन बडे शिलालेख हैं जो चदेल-नरेश गड और यशोवर्मन् के समय के हैं। ७वीं शती मे चीनी यात्री युवानच्वांग ने खजुराहो की यात्रा की थी। उसने उस

खजुराहो-कंडरिया महादेव का मंदिर
(भारतीय पुरातत्त्व-विभाग के सौजन्य से)

समय भी अनेक मन्दिरों को यहा देखा था। चौसठ योगिनियों का मन्दिर शायद 7वीं शती का ही है। पिछली शती तक खजुराहो मे अबसे अधिक सख्या में मदिर स्थित थे किन्तु इस बीच मे वे नष्ट हो गए हैं। वास्तु और मूर्तिकला की दृष्टि से खजुराहो के मन्दिरों को भारत की सर्वोत्कृष्ट कलाकृतियो में स्थान दिया जाता है। यहा की शृगारिक मुद्राओं मे अकित मिथुन-मूर्तियो की कला पर *समवत तात्रिक प्रभाव है, किंतु कला का जो निरावृत और अछूता सौंदर्य* इनके अकन मे निहित है उसकी उपमा नहीं मिलती। इन मदिरो के अलकरण और मनोहर आकार-प्रकार की तुलना में केवल भुवनेश्वर के मन्दिर की कला टिक सकती है।

खजुवा (जिला फतहपुर, उ०प्र०)

बिदकी के पास एक ग्राम जहा औरगजेब और उसके भाई शाहशुजा में मुगल-गद्दी के उत्तराधिकार के लिए युद्ध हुआ था (1658 ई०)। शाहशुजा पराजित होकर बगाल-असम की ओर भाग गया। यहा का 'बागे-बादशाही' उसी काल का स्मारक है। शिवाजी के राजकवि भूषण ने खजुवा के युद्ध का उल्लेख किया है—'दारा की न दौर यह रारि नहीं खजुवे की, बाधिबो नहीं है किधौं मीर सहबाल को'—शिवा बावनी 24।

खज्जर (हिमाचल प्रदेश)

यह स्थान समुद्रतल से 6400 फुट ऊचा बसा है और चबा-डलहौजी मार्ग पर, *चबा से 9 मील है। यहा देवदार वृक्षों से घिरी हुई एक सुन्दर छोटी-सी* रमणीय झील है जिसके बीच मे एक द्वीप है। स्थान का नाम अतिप्राचीन खाजी-नाग के मन्दिर के नाम पर पडा है। यहाँ नागपचमी को मेला लगता है। *यह स्थान प्राचीन नाग-जाति से सम्बन्धित है।* कुछ विद्वानों का मत है कि आर्यों के भारत मे आगमन से पूर्व कश्मीर और पजाब के पर्वतीय इलाको मे नागजाति के लोगों का निवास था। खज्जर का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत है। लॉर्ड कर्जन ने 1900 ई० मे खज्जर को नैसर्गिक छटा पर मुग्ध होकर इसे भारत का सुन्दरतम स्थान बताया था।

खड्डबलि (जिला गोदावरी, आ० प्र०)

इस स्थान का उल्लेख दक्षिण भारत के शातकर्णी शातवाहन नरेशों के अभिलेखों (द्वितीय शती ई०) में अमात्य के मुख्य स्थान या अधिष्ठान के रूप मे है।

खनि-यारा

धर्मशाला (पंजाब) से 3 मील पर स्थित है। किंवदंती है कि अर्जुन और किरात रूपी शिव में इसी स्थान पर युद्ध हुआ था। इस युद्ध का स्मारक कजर महादेव का मन्दिर बताया जाता है। इस युद्ध का उपाख्यान महाकवि भारवि के किरातार्जुनीयम् नामक महाकाव्य का मुख्य विषय है। (किंतु दे० विश्नाखयूप)

खपराखोड़िया (जूनागढ़, गुजरात)

इस स्थान पर कई प्राचीन गुहा मन्दिर हैं जो पूर्वकाल में मठों के रूप में काम में आते थे। इनके भीतर सपक्ष दारभो का अंकन अपूर्व है। ऊपरकोट नामक स्थान में एक दो खंडी गुहा है जिसके नीचे का द्वार ग्यारह फुट ऊंचा है। उपरले खंड में एक ताल है जिसके चतुर्दिक् एक संकीर्ण मार्ग है। डा० बर्जेस के अनुसार इन गुहा-मन्दिरों के स्तम्भ बड़ी कलात्मक और अनोखी शैली में निर्मित हैं।

खम्म=खम्ममेट (जिला वारंगल, आ० प्र०)

11वीं शती में हिन्दू राजाओं का बनवाया हुआ एक किला यहां का मुख्य आकर्षण है। इसकी फ्रांसीसी शिल्पशास्त्रियों ने मरम्मत करवाई थी। इसमें कई तोपें भी हैं। इस स्थान के निकट प्रागैतिहासिक अवशेष भी प्राप्त हुए हैं।

खरौद (जिला बिलासपुर, म० प्र०)

बिलासपुर से 42 मील दूर है। किंवदंती में इसे खर दूषण का निवास-स्थान बताया जाता है।

खलतिक पर्वत=बराबरपहाड़ी (जिला गया, बिहार)

खलतिक पर्वत (पाली नाम) का अशोक के बराबर-गुहा-अभिलेख में उल्लेख है। यहां की गुफाओं को इस मौर्य सम्राट् ने अपने शासनकाल के 12वें और 19वें वर्ष में आजीवक सम्प्रदाय के साधुओं के लिए दान में दिया था जिससे उसकी उदार धार्मिक नीति का ज्ञान होता है।

खलारी (छत्तीसगढ़, म० प्र०)

14वीं शती में रतनपुर के कल्चुरि-नरेशों की एक शाखा खलारी में राज्य करती थी। इसी वंश के नायक सिंह ने 14वीं शती में अपनी राजधानी रायपुर में बनाई थी। सिंह के पौत्र ब्रह्मदेव का एक शिलालेख खलारी से प्राप्त हुआ था जिसकी तिथि 1401 ई० है। यह अभिलेख नागपुर के संग्रहालय में है।

खलीलाबाद (जिला बस्ती, उ० प्र०)

खलीलाबाद स्टेशन से 6 मील दूर कुदवा नाला बहता है जिसे गौतम बुद्ध के जीवन चरित से सम्बन्धित अनोमा नदी कहा जाता है। तामेश्वरनाथ का

मन्दिर यहां से थोड़ी दूर पर है। इससे तीन मील पर सम्भवतः अशोक के तीन स्तूपों के खंडहर स्थित हैं।

खसमंडल

कुमायूं (उ० प्र०) का एक भाग। खस-जाति के लोग मध्यहिमालय प्रदेश के प्राचीन निवासी हैं। नेपाल में भी इनकी संख्या काफी है। 10वीं शती से 13वीं शती ई० तक भारत के कई राजपूत-वंशों ने इस प्रदेश में आकर शरण ली थी और छोटी-छोटी रियासतें स्थापित कर ली थीं। पुराणों में खसजाति की अनार्य या असंस्कृत जातियों में गणना की गई है। बरनौफ (Burnouf) के अनुसार, दिव्यावदान (पृ० 372) में खसराज्य का उल्लेख है। तिब्बत के इतिहास लेखक तारानाथ ने भी खसप्रदेश का उल्लेख किया है (इण्डियन हिस्टॉरिकल क्वार्टरली, 1930, पृ० 334)।

खाण्डवप्रस्थ

यह हस्तिनापुर के पास एक प्राचीन नगर था जहां महाभारतकाल से पूर्व पुरुरवा, आयु, नहुष तथा ययाति की राजधानी थी। कुरु की यह प्राचीन राजधानी बुधपुत्र के लोभ के कारण मुनियों द्वारा नष्ट कर दी गई। युधिष्ठिर को, जब प्रारम्भ में, द्यूत-क्रीडा से पूर्व, आधा राज्य मिला था तो धृतराष्ट्र ने पाण्डवों से खांडवप्रस्थ में अपनी राजधानी बनाने तथा फिर से उस प्राचीन नगर को बसाने के लिए कहा था—'आयु पुरुरवा राजन् नहुषश्च ययातिना, तत्रैव निवसन्ति स्म खाण्डवाह्वेनृपोत्तम। राजधानी तु सर्वेषां पौरवाणां महाभुज, विनाशितं मुनिगणैर्लोभाद् बुधसुतस्य च। तस्मात्त्वं खांडवप्रस्थं पुरं राष्ट्रं च वर्धय'—महा० आदि० 206 दक्षिणात्य पाठ। तत्पश्चात् पाण्डवों ने खांडवप्रस्थ पहुंच कर उस प्राचीन नगर के स्थान पर एक घोर वन देखा—'प्रतस्थिरे ततो घोरं वनं तन्मनुजर्षभा. अर्धंराज्यस्य संप्राप्य खांडवप्रस्थमाविशन्' आदि० 206, 26-27। खांडवप्रस्थ के स्थान पर ही इन्द्रप्रस्थ नामक नया नगर बसाया गया जो भावी दिल्ली का केंद्र बना—'विश्वकर्मन् महाप्राज्ञ अद्यप्रभृतितत्पुरम्, इन्द्रप्रस्थमितिख्यातं दिव्यं रम्यं भविष्यति'। खांडवप्रस्थ के निकट ही खांडववन स्थित था जिसे श्रीकृष्ण और अर्जुन ने अग्निदेव की प्रेरणा से भस्म कर दिया। खांडवप्रस्थ का उल्लेख अन्यत्र भी है। पंचविंशब्राह्मण 25,3,6 में राजा अभिप्रतारिन् के पुरोहित दृति द्वारा खांडवप्रस्थ में किए गए यज्ञ का उल्लेख है। अभिप्रतारिन् जनमेजय का वंशज था। जैसा पूर्व उद्धरणों से स्पष्ट है, खांडवप्रस्थ की स्थिति वर्तमान नई दिल्ली के निकट रही होगी। प्राचीन इन्द्रप्रस्थ पांडवों के पुराने किले के निकट

बसा हुआ था। (दे० इन्द्रप्रस्थ, हस्तिनापुर)।

खांडववन दे० **खांडवप्रस्थ**

खांडवप्रस्थ के स्थान पर पांडवो की इंद्रप्रस्थ नामक नई राजधानी बनने के पश्चात् अग्नि ने कृष्ण और अर्जुन की सहायता से खांडववन को भस्म कर दिया था। निश्चय ही इस वन मे कुछ अनार्य जातियो—जैसे नाग और दानव लोगो का निवास था जो पांडवो की नई राजधानी के लिए भय उपस्थित कर सकते थे। तक्षकनाग इसी वन मे रहता था और यही मयदानव नामक महान् यांत्रिक का निवास था जो बाद मे पांडवो का मित्र बन गया और जिसने इन्द्रप्रस्थ मे युधिष्ठिर का अद्‌भुत सभाभवन बनाया। खांडववन दाह का प्रसग महाभारत आदि० 221-226 मे सविस्तर वर्णित है। कहा जाता है कि मयदानव का घर वर्तमान मेरठ (मयराष्ट्र) के निकट था और खांडववन का विस्तार मेरठ से दिल्ली तक, 45 मील के लगभग था। महाभारत मे जलते हुए खांडववन का बडा ही रोमांचकारी वर्णन है—'सर्वत. परिवार्याथ सप्तार्चिर्ज्वलनस्तदा ददाह खांडव दाव युगान्तमिव दर्शयन्, प्रतिगृह्य समाविश्य तद्वन भरतर्षभ मेघस्तनित निर्घोषः सर्वभूतान्यकम्पयत्। दह्यतस्तस्य च बभौ रूपदावस्य भारत, मेरोरिव नगेंद्रस्य कीर्णस्यांशुमतोऽशुभि.' आदि० 224, 35-36-37। खांडव के जलते समय इंद्र ने उसकी रक्षा के लिए घोर वृष्टि की किंतु अर्जुन और कृष्ण ने अपने शस्त्रास्त्रो की सहायता से उसे विफल कर दिया।

खाक

उत्तर बौद्धकालीन गणतंत्र राज्य, जो वर्तमान ग्वालियर-इंदौर क्षेत्र मे था —दे० काक।

खादातपार

गुप्तसाम्राज्य का एक विषय या प्रदेश जिसका उल्लेख गुप्त-अभिलेखो मे है (रायचौधरी, पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव ऐंशेंट इंडिया, पृ० 472)।

खानदेश

नर्मदा के दक्षिण मे स्थित मुगलकालीन सूबा। खानदेश प्राचीनकाल मे महिष्मंडल मे सम्मिलित था।

खारी (हिंगोली तालुक, जिला परभणी, महाराष्ट्र)

पहाडी की चोटी पर रमजानशाह का मंदिर है जिसकी यात्रा हिंदू मुसलमान दोनों ही करते हैं। इसके चारो ओर 30 फुट ऊंचा और 1200 फुट लंबा परकोटा है।

खिजराबाद (जिला सहारनपुर)

तोपरा जहां पहले वह अशोक स्तंभ था जिसे फिरोजशाह तुगलक दिल्ली ले गया था, इस स्थान के निकट ही है।

खिदरापुर (महाराष्ट्र)

कोल्हापुर से तीस मील पूर्व-दक्षिण की ओर बसा हुआ एक ग्राम है जो विंसेंट स्मिथ के अनुसार प्राचीन कोप्पम है। यहां कोपेश्वर महादेव का मंदिर नदी तट पर अवस्थित है। कोप्पम के निकट 1052 ई० में चालुक्य नरेश सोमेश्वर प्रथम या आहवमल्ल ने राजाधिराज चोल को युद्ध में पराजित किया था। राजाधिराज इस लड़ाई में मारा गया था।

खिमलासा (जिला सागर, म० प्र०)

गढमंडला की रानी दुर्गावती के श्वसुर संग्रामसिंह के 52 गढ़ों में से एक यहां स्थित था। इन्हीं गढ़ों के कारण दुर्गावती का राज्य गढ़मंडला कहलाता था। संग्रामसिंह की मृत्यु 1541 ई० में हुई थी।

खिरोई—क्षीरोदा

खिलचीपुर (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

यह स्थान गुप्तकालीन मंदिरों के अवशेषों के लिए उल्लेखनीय है। एक मंदिर के भग्नावशेष से मथुरा की कुषाण कलाशैली में निर्मित एक स्तंभ प्राप्त हुआ था जिस पर मौर्यकालीन विकसित कमल का चिह्न अंकित है (आर्कियालॉजीकल रिपोर्ट, 1925 26)।

खुइ दे० खड्

खुर्जा (जिला मेरठ, उ० प्र०)

खुर्जा में मुसलिम संत मखदूम का मकबरा प्रायः चार सौ वर्ष प्राचीन है। यह यहां की ऐतिहासिक इमारत है।

खुर्दा (उड़ीसा)

कटक के 25 मील दूर है। यहां एक प्राचीन दुर्ग के अवशेष हैं और जगन्नाथपुरी के प्राचीन राजाओं के भवन भी अभी तक स्थित हैं। खुर्दा में हाटकेश्वर का मंदिर है।

खुल्दाबाद (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

दौलताबाद से चार मील पश्चिम में है। यह नगर अनेक बादशाहों, दरवारियों एवं संतों का समाधिस्थल है। यहां की समाधियों में चिरनिद्रा में सोने वालों में ये मुख्य हैं मुगल सम्राट् औरंगजेब, गोलकुंडा का अंतिम सुल्तान अबुलहसन तानाशाह, अहमदशाह और बुरहान शाह (निजामशाही सुल्तान),

मलिक-अंबर, मुगल शाहज़ादा आज़मशाह, ख़ानजहाँ, मुनीम खाँ, जानी बेगम (औरंगज़ेब की प्रपौत्री), आसफजाह (प्रथम निज़ाम), नासिर जंगशहीद, संत ज़ैनुल्हक, बुरहानुद्दीन और राजू कत्ताल। इस तालुके में औरंगज़ेब के बनवाए हुए फरदपुर तथा अजंता-सराय (अजंता के निकट) और निज़ामप्रथम की बनवाई जामए-मसजिद और सालारजंग प्रथम की बारादरी स्थित है।

खुसरो (मकरान, पाकि०)

संभवतः ईरान के सम्राट् कैख़ुसरो के नाम पर बसाया हुआ नगर। फिरदौसी ने शाहनामा में कैख़ुसरो के आधिपत्य का उल्लेख किया है (दे० मकरान)

खूखंदो दे० काकंदी (2)

खोजदिग्गा भोप (म० प्र०)

पूर्व-मध्यकालीन इमारतों के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। बौद्ध मंदिर के अवशेषों से 7वीं-9वीं शती में बौद्धधर्म के ह्रास की स्पष्ट सूचना मिलती है।

खेटक आहार

कैरा (गुजरात) का प्राचीन नाम।

खेड़=क्षीरपुर

खेड ब्रह्मा (ज़िला सबरकंठ, गुजरात)

इस स्थान से उत्खनन द्वारा हाल ही में दसवीं शती ई० के एक मंदिर के अवशेष प्राप्त हुए हैं। उत्खनन कलकत्ता विश्वविद्यालय के श्री निर्मल कुमार बोस और वल्लभ विद्यानगर के श्री अमृत पाड्या ने किया था।

खेम=खेमवती नगर

खेम का दीपवंश में उल्लेख है (जर्नल ऑफ ऐशियाटिक सोसायटी बंगाल 1838, पृ० 793)।

खेमराष्ट्र

प्राचीन गंधार (=युन्नान) के पूर्व और स्याम देश के पश्चिम में स्थित हिंदू उपनिवेश जिसका उल्लेख स्थानीय पाली के प्राचीन इतिहास-ग्रंथों में है। इसके उत्तर में अलाविराष्ट्र नामक दूसरा हिंदू राज्य था।

खेमवती नगर=खेम

स्वयंभूपुराण 4 में उल्लिखित ककुचंद्र बुद्ध का जन्मस्थान। यह नेपाल में निलौरा से चार मील दक्षिण की ओर गुटीव नाम का स्थान है।

खेरहार (ज़िला ग्वालियर, म० प्र०)

पूर्व-मध्यकालीन (7वीं-9वीं शती ई०) की इमारतों के भग्नावशेषों के लिए

उल्लेखनीय है।

खैबर (प० पाकिस्तान)

भारतीय इतिहास में अंग्रेजों से पूर्व आने वाले अनेक विजातीयों ने खैबर के प्रसिद्ध दर्रे से होकर ही भारत में प्रवेश किया था। यह दर्रा पेशावर के उत्तर-पश्चिम में स्थित है और अफ्गानिस्तान और प० पाकिस्तान के बीच का द्वार है। होल्डिश (दि इंडियन बॉर्डरलैंड—पृ० 38) के अनुसार मुसलमानों के पहले भारत में पश्चिमोत्तर से आने वाली सड़क खैबर से होकर नहीं आती थी। अलक्षेंद्र की सेनाएं भी काबुल नदी की घाटी में होकर भारत में प्रविष्ट हुई थीं न कि खैबर के मार्ग से। इतिहास से सूचित होता है कि महमूद गजनी ने खैबर-दर्रे से होकर केवल एक बार भारत में प्रवेश किया था। बाबर और हुमायूं कई बार खैबर से होकर आए और गए। 18वीं शती में नादिरशाह, अहमदशाह अब्दाली और उसका पौत्र शाह जमान इसी मार्ग से भारत में आए थे। (दे० वायु)

खोतन

मध्य एशिया की एक नदी तथा उसका तटवर्ती प्रदेश। खोतन नदी को महाभारत में शैलोदा कहा गया है। (दे० शैलोदा)। महाभारत सभा० 52,2 में शैलोदा तथा सभा० 52,3 में इस नदी के तट पर स्थित खस, पुलिंद, तगण आदि जातियों का उल्लेख है।

खोतान दे० भद्राश्व

खोर (जिला मंदसौर म० प्र०)

कई मंदिरों के खंडहर इस स्थान से प्राप्त हुए हैं जिनमें सबसे विशाल-मंदिर *11वीं शती का है। इसे स्थानीय लोग* नौतोरन कहते हैं। इसके दस तोरण हैं जो लंबाई में दो पंक्तियों में सजे हैं। दोनों पंक्तियां परस्पर व्यत्यस्त हैं। छः तोरण लंबाई में उत्तर से दक्षिण और शेष चार चौड़ाई में उत्तर से दक्षिण की ओर बने हैं। इनके आधाररूप स्तंभों के शीर्ष मकराकार हैं। तोरणों के सिरे मकरों के खुले हुए मुखों से निकलते हुए जान पड़ते हैं। मकरों के सिर स्तंभों में बने हुए सिंहों पर टिके हैं। तोरणों पर दो पत्राकार किनारियां और बीच में मालावाहिनियों के अलंकरण सहित पट्टी अंकित है। ये तोरण गिनती में दस हैं न कि नौ, यद्यपि जनसाधारण में मंदिर को नौतोरन कहा जाता है।

खोलडियाद (सौराष्ट्र, गुजरात)

सुरेंद्रनगर से आठ मील पर स्थित है। यहां पर हाल ही में एक कुएं से

वराह भगवान् (विष्णु) तथा भूदेवी की सुदर मूर्ति प्राप्त हुई है। यह मूर्ति लगभग बारह सौ वर्ष प्राचीन है। इसे पूरे शिलाखड मे से तराश कर बनाया गया है। मूर्ति 17 इच ऊची तथा 19 इच लबी है। इस पर छोटी-छोटी अन्य मूर्तियो का अकन भी किया गया है। इस मूर्ति से इस प्रदेश मे 7वीं 8वी शती ई० मे वराह भगवान् की उपासना का प्रचलन सूचित होता है। 6ठी-7वीं शतियो मे मध्यप्रदेश तथा दक्षिणी उत्तरप्रदेश मे भी वराहदेव की पूजा प्रचलित थी।

खोलवी (राजस्थान)

700-900 ई० में बनी हुई बौद्ध गुफाओं के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। यह बौद्ध धर्म की अवनति का समय था जैसा कि गुफाओ की वास्तुकला से सूचित होता है।

खोह (म० प्र०)

नागदा के निकट इस स्थान से गुप्तकाल के कई महाराजाओ के अभिलेख (मुख्यत ताम्रदानपट्टो पर अकित) प्राप्त हुए हैं। प्रथम अभिलेख मे महाराज हस्तिवर्मन् द्वारा वसुतरशाडिक नामक ग्राम का गोपस्वामिन् तथा अन्य ब्राह्मणो को दान मे दिए जाने का उल्लेख है। इसकी तिथि 156 गुप्त सवत्=475 ई० है। दूसरे दानपट्ट (163 गुप्त सवत्=482 ई०) मे महाराज हस्तिन् द्वारा कोर्परिक नामक ग्राम के दान का उल्लेख है। तीसरे दानपट्ट (209 गु० स०= 528 ई०) मे सक्षोभ द्वारा ओवानी ग्राम को पिष्ठपुरी देवी (लक्ष्मी) के मदिर के लिए दान मे दिए जाने का उल्लेख है। इसी लेख मे महाराज हस्तिन् को डाभाल प्रदेश का शासक बताया गया है। फ्लीट के मत मे यह प्रदेश बुदेलखड का इलाका है जिसे डाहल भी कहते थे। खोह से ही महाराज जयनाथ तथा उनके पुत्र महाराज सर्वनाथ के भी कई दानपट्ट प्राप्त हुए हैं। प्रथम पट्ट (177 गु० स०=496 ई०) उच्छकल्प से प्रचलित किया गया था। इसमे धवशाडिक ग्राम का भागवत (विष्णु) के मदिर के लिए दान मे दिए जाने का उल्लेख है। मदिर की स्थापना ब्राह्मणो ने इस ग्राम मे की थी। दूसरा दानपट्ट 193 गु० स०=512 ई० मे लिखा गया था। इसमे महाराज सर्वनाथ द्वारा तमसा तटवर्ती आश्रमक नामक ग्राम का विष्णु तथा सूर्य के मदिरो के लिए दान मे दिए जाने का उल्लेख है (तमसा नदी मैहर की पहाडियो से निकलती है)। तीसरा दानपट्ट (तिथि रहित) भी उच्छकल्प से प्रचलित किया गया था। इसमे महाराज सर्वनाथ द्वारा धवशाडिक ग्राम के अर्धभाग को पिष्ठपुरिका देवी के मदिर के लिए दान में दिए जाने का उल्लेख है। चौथा व पाँचवा दानपट्ट भी महाराज सर्वनाथ

पे ही सबधित हैं । चौथे का विवरण नष्ट हो गया है। पाचवें मे सर्वनाथ द्वारा मागिक पेठ मे स्थित व्याघ्रपल्लिक तथा काचरपल्लिक नामक ग्रामों का पिष्ठ-पुरिका दवी क मदिर के लिए दान मे दिए जाने का उल्लेख है । इसकी तिथि गु० स 214=533 ई० है । इसमे जिस मानपुर का उल्लेख है वह स्थान फ्लीट के मत मे, सोन नदी के पास स्थित ग्राम मानपुर है । खोह के दान पट्टों से गुप्त-कालीन शासन-व्यवस्था के अतिरिक्त उस समय की धार्मिक पद्धतियो तथा देवी-देवताओ के विषय मे भी काफी जानकारी प्राप्त होती है ।

गगईकोंडचोलपुरम् (उदयारपलयम् तालुका, ज़िला त्रिचिरापल्ली, मद्रास)

चोलवश के प्रतापी राजा राजेंद्रचोल (1101-1144 ई०) की राजधानी । 1955-56 के उत्खनन मे पुरातत्वविभाग को इस स्थान पर एक प्राचीन दुर्ग की भित्ति के अवशेष प्राप्त हुए हैं । इसकी लबाई 6000 फुट उत्तर-दक्षिण और 4500 फुट पूर्व-पश्चिम की ओर है । दुर्ग के अदर 1700 फुट लबा और 1300 फुट चौडा राजप्रासाद था । दुर्ग के बाहर उत्तरपूर्व के कोने मे बृहदीश्वर का प्रसिद्ध मदिर था । दुर्ग और मदिर के बीच मे कावट्ट नामक नदी बहती थी। वर्तमान मदिर का शिखर भूमि से 174 फुट ऊचा है । यह तजोर के प्रसिद्ध मदिर की शैली के अनुरूप बना है । मदिर के पास सिहतीर्थ नामक कूप है जिसे राजेन्द्र चोल ने बनवाया था। यह नगर चोल राजाओं के शासनकाल मे बहुत उन्नत तथा समृद्ध था । नगर का नाम सभवत राजेन्द्र चोल ने गगा के तटवर्ती प्रदेश की विजय के स्मारक के रूप मे गगईकोंडचोलपुरम् रखा था ।

गगवती

महाभारत में उल्लिखित (एक पाठ के अनुसार) गोकर्णतीर्थ (वन० 88,15) के पास बहने वाली नदी । गगवती और समुद्र के सगम पर यह तीर्थ स्थित था । अन्य पाठों में गगवती के स्थान पर ताम्रपर्णी नदी का उल्लेख है ।

गगवाडी

मैसूर का प्राचीन नाम । यह नाम गगवशी नरेशो का मैसूर प्रदेश मे राज्य होने के कारण पडा था । मैसूर मे इनका शासनकाल 5वीं शती ई० से 10वीं शती तक रहा था । गगनरेशों का राज्य उडीसा तक विस्तृत था । इनके समय के अनेक अभिलेख इस क्षेत्र से प्राप्त हुए हैं ।

गगा

उत्तरी भारत की सर्वप्रसिद्ध नदी जो गगोत्री पहाड से निकल कर उत्तर प्रदेश, बिहार और बगाल मे बहती हुई गगासागर नामक स्थान पर समुद्र मे मिल जाती है । कालिदास ने पूर्वमेघ (मेघदूत) 65 मे गगा का कैलासपर्वत (मान-

सरोवर के पास, तिब्बत) की गोद मे अवस्थित बतलाया है जिससे पौराणिक परपरा मे गगा का, भारत की कई अन्य नदियो (सिंधु, पजाब की पाचो नदिया, सरयू, तथा ब्रह्मपुत्र आदि) के समान मानसरोवर से उद्गम होना सूचित होता है। गगा का एक मूल स्रोत वास्तव मे मानसरोवर ही है। कालिदास ने अलका की स्थिति गगा के निकट ही मानी है। तथ्य यह है कि हिमालय मे गगा की कई शाखाए हैं। सीधी धारा तो गगोत्री से देवप्रयाग होती हुई हरद्वार आती है और अन्य कई धाराए जैसे भागीरथी, अलकनदा, मदाकिनी, नदाकिनी आदि विभिन्न पर्वत-शृगो से निकल कर पहाडो में ही मुख्य धारा से मिल जाती हैं। गगा की जो धारा कैलाश और बदरिकाश्रम मार्ग से बहती आई है उसे अलकनदा कहते हैं। कालिदास की अलका इसी अलकनदा गगा के किनारे स्थित रही होगी जैसा कि नाम साम्य से भी सूचित होता है।

गगा का सर्वप्राचीन साहित्यिक उल्लेख ऋग्वेद के नदी-सूक्त 10,75 मे है। 'इमे मे गगे यमुने सरस्वती शुतुद्रिस्तोम सचता परुष्ण्या असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया।' गगा का नाम किसी अन्य वेद मे नहीं मिलता। वैदिक काल में गगा की महिमा इतनी नहीं थी जितनी सरस्वती या पजाब की अन्य नदियों की, क्योकि वैदिक सभ्यता का मुख्य केन्द्र उस समय तक पजाब ही में था।

रामायण के समय गगा का महत्व पूरी तरह से स्थापित हो गया था। वाल्मीकि ने राम के वन जाते समय उनके गगा को पार करने के प्रसग मे गगा का सुदर वर्णन किया है जिसका एक अश निम्नलिखित है—

'तत्र त्रिपथगा दिव्या शीततोयामशैवलाम्, ददर्श राघवो गगा रम्यामृषिनिषेविताम्। देवदानवगधर्वै किन्नरैरुपशोभिता नागगधर्वपत्नीभि सेविता सतत शिवाम्। जलाघाताट्टहासोग्रा फेननिर्मलहासिनी क्वचिद्वेणीकृतजला क्वचिदावर्तशोभिताम्'—अयोध्या 50, 12–14–16। 'शिशुमारैश्चनक्रैश्च भुजगैश्च समन्विता शकरस्य जटाजूटाद्भ्रष्टासागरतेजसा। समुद्रमहिषी गगा सारसक्रौंच नादिताम् आससाद महाबाहु शृगवेरपुर प्रति'—अयोध्या॰ 50, 25–26। इस वर्णन से स्पष्ट है कि गगा को रामायण के समय में ही शिव के जटाजूट से निसृत, देवताओं और ऋषियो से सेवित, तीनो लोको में प्रवाहित होने वाली (त्रिपथगा) पवित्र नदी माना जाने लगा था। अयोध्या॰ 52, 86–87–88–89–90 मे कुशलपूर्वक वन से लौट आने के लिए सीता ने गगा की जो प्रार्थना की है उससे भी स्पष्ट है कि गगा को उसी काल मे पवित्र तथा फलप्रदायिनी नदी समझा जाने लगा था। उपर्युक्त 52, 80

मे गगा के तट पर तीर्थों का भी उल्लेख है—'यानित्वत्तीरवासीनि दैवतानि च सन्ति हि, तानि सर्वाणि प्रयामि तीर्थान्यायतनानि च'। बाल० अध्याय 35 में गगा की उत्पत्ति की कथा भी वर्णित है। महाभारतकाल मे गगा सभी नदियो मे प्रमुख समझी जाती थी। भीष्म० 9, 14 तथा अनुवर्ती श्लोको मे भारत की लगभग सभी प्रसिद्ध नदियों की नामावली है—इनमे गगा का नाम सर्वप्रथम है—'नदी पिबन्ति विपुला गगा सिंधु सरस्वतीम्, गोदावरीं नर्मदा च बाहुदा च महानदीम्'—'एषा शिवजला पुण्या याति सौम्य महानदी, बदरीप्रभवाराजन् देवर्षिगणसेविता'। महा० वन० 142–4 मे गगा को बदरीनाथ के पास से उद्भूत माना गया है। पुराणो मे तो गगा की महिमा भरी पडी है और असख्य बार इस पवित्र नदी का उल्लेख है—विष्णुपुराण 2, 2, 32 मे गगा को विष्णुपादोद्भवा कहा है—'विष्णु-पाद विनिष्क्रान्ता प्लावयित्वेन्दु-मडलम्, समन्ताद् ब्रह्मण' पुर्या गगा पतति वै-दिव'। श्रीमद्भागवत 5, 19, 18 मे गगा को मदाकिनी कहा गया है—'कौशिकी मदाकिनी यमुना सरस्वती दृषद्वती—'। स्कदपुराण का तो एक अग ही गगा तथा उसके तटवर्ती तीर्थों के वर्णन से भरा हुआ है। बौद्ध तथा जैनग्रथों मे भी गगा के अनेक उल्लेख हैं—बुद्ध चरित 10, 1 मे गौतम बुद्ध के गगा को पार करके राजगृह जाने का उल्लेख है—'उत्तीर्य गगा प्रचलत्तरगा श्रीमद्गृह राजगृह जगाम'। जैन ग्रथ जबूद्वीपप्रज्ञप्ति मे गगा को, चुल्लहिमवत् के एक विशाल सरोवर के पूर्व की ओर मे और सिधु को पश्चिम की ओर से निस्सृत माना गया है। यह सरोवर अवश्य ही मानसरोवर है। परवर्तीकाल मे (शाहजहा के समय) पडितराज जगन्नाथ ने गगालहरी लिखकर गगा की महिमा गाई है। गगा यमुना के सगम का उल्लेख रामायण अयोध्या० 54, 8 तथा रघुवश 13, 54–55–56–57 मे है—(दे० प्रयाग) गगा के भागीरथी, जाह्नवी, त्रिपथगा, मदाकिनी, सुरनदी, सुरसरि आदि अनेक नाम साहित्य मे आए हैं। वाल्मीकि-रामायण तथा परवर्ती काव्यो तथा पुराणो मे चक्षु या वक्षु और सीता (तरिम) को गगा की ही शाखाए माना गया है।

गगाद्वार

गगा के पहाडों से नीचे आकर मैदान मे प्रवाहित होने का स्थान या हरद्वार। इसका उल्लेख महाभारत मे अनेक बार आया है। आदि० 213, 6 मे अर्जुन का अपने द्वादशवर्षीय वनवासकाल मे यहा कुछ समय तक ठहरने का वर्णन है—'सगगाद्वारमाश्रित्य निवेशमकरोत् प्रभु'। गगाद्वार से ही अर्जुन ने पाताल मे प्रवेश कर उस देश की राज्यकन्या उलूपी से विवाह किया था। 'एतस्या

सलिल मूर्ध्नि वृषाक पर्यधारयत् गगाद्वारे महाभाग येन लोकस्थितिर्भवेत्'—महा० वन० 142,9 अर्थात् शिव ने गगाद्वार मे इसी नदी का पावन जल लोकरक्षणार्थं अपने शिर पर धारण किया था। महाभारत वन० 97, 11 मे गगाद्वार मे अगस्त्य की तपस्या का उल्लेख है—'गगाद्वारमथागम्य भगवानृषिसत्तम, उग्रमातिष्ठन तप सह पत्न्यानुकूलया'।

गगाधर (पश्चिमी मालवा, म० प्र०)

इस स्थान से 480 मालवसवत् 423–24 ई० का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है जिसमे इस प्रदेश के तत्कालीन राजा विश्ववर्मन् के मत्री मयूराक्षक द्वारा एक विष्णुमदिर, एक मातृका या देवी का मदिर तथा एक विशाल कूप के बनवाए जाने का उल्लेख है। यहा उल्लिखित नामरहित सवत मालवसवत ही जान पड़ता है क्योकि विश्ववर्मन् के पुत्र बधुवर्मन् के प्रख्यात मदसौर अभिलेख मे 493 मालव सवत् का उल्लेख है। इस अभिलेख से सूचित होता है कि तात्रिक उपासना भारत के इस भाग मे 5वीं शती ई० मे ही प्रचलित हो गई थी।

गगापुर (जिला गुलबर्गा, मैसूर)

दक्षिण मे दत्तात्रेय सप्रदाय का मुख्य स्थान है। गुरुचरितनामक ग्रथ मे जो 15वी या 16वी शती मे लिखा गया था, दत्तात्रेय सप्रदाय के गुरुओ का विवरण है। इस सप्रदाय के दर्शन मे हिंदू-मुसलिम सस्कृति का सगम दिखाई देता है। दत्तात्रेय या सूफी सतो के समान ही रहस्यवादी तथा तत्वदर्शी माना जाता था। उनकी मूर्ति के स्थान मे पदचिह्नो की पूजा की जाती है। यहां 15वी शती मे बना हुआ एक विष्णुमदिर भी है।

गगावली (मैसूर)

कुदापुर-गोकर्ण मार्ग पर गगोली या गगावती नामक स्थान है जो पांच नदियो के सगम के पास स्थित है। कहा जाता है कि यह सगम प्राचीन पचाप्सरस् है किंतु अब इसकी तीर्थ-रूप मे मान्यता है (दे० पचाप्सरस्)।

गगासागर (प० बगाल)

गगा और सागर के सगम पर स्थित प्राचीन तीर्थ। कपिल मुनि का, जिनके शाप से सगर के साठ सहस्र पुत्र भस्म हो गए थे, आश्रम इसी स्थान पर था—'तत पूर्वोत्तरेदशे समुद्रस्य महीपते, विदार्य पातालमथ सक्रुद्धा सगरात्मजा, अपश्यन्त हय तत्र विचरन्त महीतले, कपिल च महात्मान तेजोराशिमनुत्तमम्' महा० वन० 107, 28–29। इसका पुन. उल्लेख इस प्रकार है—'समासाद्य समुद्र च गगया सहितो नृप, पूरयामास वेगेन समुद्र वरुणालयम्'—वन० 109, 17–18

अर्थात् भगीरथ ने गंगा के साथ समुद्र तक पहुंचकर वरुणालय समुद्र को गंगा के पानी से भर दिया। इस तरह सगर के पुत्रों के भस्मावशेष गंगा के जल से पवित्र हुए।

गंगोत्तरी

बदरीनाथ (ज़िला गढ़वाल, उ० प्र०) के उत्तर में गंगा का उद्‌गम स्थान। महाभारत वन० 142, 4 में गंगा को बदरीनाथ से उत्पन्न माना है—'एषा शिवजलापुण्या याति सौम्य महानदी, बदरीप्रभवा राजन् देवर्षिगणसेविता'। किंतु कालिदास ने गंगा को कैलासपर्वत के क्रोड में स्थित माना है—पूर्वमेघ मेघदूत—65। दे० गंगा, अलका, कैलास।

गंगोली

गंगावली का रूपांतरित नाम।

गंगोलीहाट (ज़िला अल्मोड़ा)

कत्यूरी-शासन काल के कई मंदिरों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

गंगोह (ज़िला सहारनपुर, उ० प्र०)

यहां 1537 ई० में हुमायूं ने शेख कुद्‌दूस का मकबरा बनवाया था और 1586 ई० में अकबर ने जामा-मसजिद बनवायी थी।

गजम दे० कोंगोद

गडक दे० गंडकी

गंडकी

बिहार की गंडक नदी जो दक्षिण तिब्बत के पहाड़ों से निकलती है और सोनपुर और हाजीपुर के बीच में गंगा में मिलती है। महाभारत सभा० 29, 4-5 में इसे *गंडक कहा गया है—'तत स गंडकाञ्छूरोविदेहान् भरतर्षभ*, विजित्याल्पेन कालेनदशार्णानजयत प्रभु'। यहां प्रसंगानुसार गंडक देश को विदेह या वर्तमान मिथिला (तिरहुत) के निकट बताया गया प्रतीत होता है। *गंगा*-गंडक के संगम के समीप हाजीपुर बसा है। सदानीरा जिसका उल्लेख प्राचीन साहित्य में अनेक बार आया है संभवतः गंडकी ही है (वैदिक इंडेक्स-*2*, पृ० *299*) किंतु महाभारत सभा० 20, 27 में सदानीरा और गंडकी दोनों का एकत्र नामोल्लेख है जिसमें सदानीरा भिन्न नदी होनी चाहिए—'गंडकींच महाशोणा सदानीरां तथैव च, एकपर्वतके नद्यः क्रमेणैत्या व्रजत ते'। *वन० 84, 113* में गंडकी का तीर्थरूप में वर्णन किया गया है—'गंडकीं तु समासाद्य सर्वतीर्थं जलोद्‌भवाम् वाजपेयमवाप्नोति सूर्यलोकं च गच्छति'। पार्जिटर के अनुसार सदानीरा राप्ती है। सदानीरा कोसल और विदेह की सीमा पर

बहती थी। गडकी का एक नाम मही भी कहा गया है। यूनानी भूगोलवेत्ताओं ने इसे कोंडोचाटिज (Kondochates) कहा है। विंसेंट स्मिथ ने महापरिनिब्बान सुत्त मे उल्लिखित हिरण्यवती का अभिज्ञान गडक से किया है। यह नदी मल्लों की राजधानी (कुशीनगर) मे उद्यान शालवन के पास बहती थी। बुद्धचरित 25,54 के अनुसार कुशीनगर मे निर्वाण से पूर्व तथागत ने हिरण्यवती नदी मे स्नान किया था। इससे पूर्व कुशीनगर आते समय बुद्ध ने इरावती या अचिरवती नदी को पार किया था। इरावती राप्ती का ही नाम है। विंसेंट स्मिथ ने कुशीनगर की स्थिति नेपाल मे राप्ती और गडक (हिरण्यवती) के सगम पर मानी थी (अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया, पृ० 167) किंतु कुशीनगर का अभिज्ञान अब कसिया से निश्चित हो जाने पर हिरण्यवती को गोरखपुर जिले की राप्ती या उसकी कोई उपशाखा मानना पड़ेगा न कि गडकी। दे० सदानीरा।

गधमादन

(1) हिमालय की एक पर्वतमाला का नाम – 'गधमादनमासाद्य तत्स्थानमजयत् प्रभु, त गधमादन राजन्नतिक्रम्य ततोऽर्जुन, केतुमाल विवेशाथवर्षं रत्नसमन्वितम्'—महा० 2,28 दक्षिणात्य पाठ। बदरीनाथ के पास हिमालय की एक चोटी अभी तक इस नाम से विख्यात है। इसका उल्लेख महाभारत वन० 134-2 तथा अनुवर्ती श्लोकों मे सविस्तर है—'परिगृह्य द्विजश्रेष्ठाऽज्येष्ठा सर्वधनुष्मताम्, पाचाली-सहिता राजन् प्रययु' गधमादनम्' आदि। विष्णुपुराण मे गधमादन को सुमेरुपर्वत के दक्षिण मे माना है—'पूर्वेण मदरो नाम दक्षिणे गधमादन.'—2,2,16। विष्णु 2,2,28 मे गधमादन को मेरु के पश्चिम का 'केसराचल' माना है – 'जारधिप्रमुखास्तद्वत् पश्चिमे केसराचला.' किंतु विष्णुपुराण मे बदरीनाथ या बदरिकाश्रम को गधमादन पर स्थित बताया गया है— 'यद्बदर्याश्रम पुण्य गधमादनपर्वते।' इससे जान पड़ता है कि एक गधमादनपर्वत तो हिमालय के उत्तर मे था और दूसरा बदरीनाथ (जिला गढ़वाल, उ० प्र०) के निकट। पहला अवश्य ही हिमालय को पार करने के पश्चात् मिलता था जैसा कि निम्नश्लोक से स्पष्ट है जहाँ इसका उल्लेख पांडु के वानप्रस्थ आश्रम मे प्रवेश करने के पश्चात् उनकी हिमालय तथा परवर्ती प्रदेशों की यात्रा के वर्णन के प्रसग मे है—'स चैत्ररथमासाद्य कालकूटमतीत्य च, हिमवन्तमतिक्रम्य प्रययौ गधमादनम्' अर्थात् पांडु चैत्ररथ-वन, कालकूट और हिमाचल को पार करने के पश्चात् गधमादन जा पहुचे। विष्णुपुराण 2, मे गधमादन को इलावृत का पर्वत माना है। इस पर्वत को गधर्वों और अप्सराओं की प्रिय भूमि, किन्नरों की क्रीडास्थली और ऋषियों तथा सिद्धों का आवासस्थल बताया

गया है—'ऋषिसिद्धामरयुत गंधर्वाप्सरसा प्रियम् विविशुस्ते महात्मानः किन्नराचरितंगिरिम्' वन० 143, 6।

(2) (मद्रास) श्रीरामेश्वरम् के संपूर्ण क्षेत्र का नाम गंधमादन है। महर्षि अगस्त्य का आश्रम इसी स्थान पर बताया जाता है। विशिष्ट रूप से, गंधमादन रामझरोखा नामक स्थान को कहते हैं। यह रामेश्वर-मंदिर से डेढ़ मील दूर है। मार्ग में सुग्रीव, अंगद तथा जाम्बवान् के नाम से प्रसिद्ध सरोवर मिलते हैं। कहते हैं कि गंधमादन में, हनुमान ने लंका जाने के लिए समुद्र की दूरी का अनुमान किया था तथा सुग्रीवादि के साथ, लंका पहुंचने के बारे में मंत्रणा की थी। कहा जाता है कि रामेश्वरम् प्राचीन गंधमादन पर ही स्थित है।

(3) धौलपुर (राजस्थान) के निकट एक पहाड़ी है। इस की एक गुहा का संबंध पुराणों में वर्णित राजा मुचुकुंद से बताया जाता है। दे० धौलपुर।

गंधराडी (उड़ीसा)

इस स्थान पर दो अतिप्राचीन मंदिर हैं जिनके शिखर देवगढ़ के गुप्तकालीन मंदिर के शिखरों की भांति ही नीचे और सम्मगोलाई युक्त हैं। शिखर का यह प्रकार शिखर के विकास की प्रारंभिक अवस्था का द्योतक है।

गंधर्वतीर्थ

'गंधर्वाणां ततस्तीर्थमागच्छद् रोहिणी सुत, विश्वावसुमुखास्तत्र गंधर्वास्तपसान्विता:' महा० शल्य० 37,10। महाभारतकाल में गंधर्व तीर्थ सरस्वती नदी के तट पर स्थित था। इसकी यात्रा बलराम ने सरस्वती के अन्य तीर्थों के साथ की थी।

गंधर्वदेश

(1) वाल्मीकि रामायण, उत्तरकांड में गंधर्वदेश को गांधार-विषय के अंतर्गत बताया और इसे सिंधुदेश का पर्याय माना गया है। गंधर्वदेश पर भरत ने अपने मामा केकयराज युधाजित् के कहने से चढ़ाई करके गंधर्वों को हराया और इसके पूर्वी तथा पश्चिमी भाग में तक्षशिला और पुष्कलावत या पुष्कलावती नामक नगरियों को बसाकर वहाँ का राज्य क्रमश: अपने पुत्र तक्ष और पुष्कल को बनाया। 'तक्षतक्षशिलाया तु पुष्कलं पुष्कलावते, गंधर्वदेशे रुचिरे गांधारविषये च स' उत्तर० 101,11। रघुवंश 15,87 88 में भी गंधर्वों के देश को सिंधुदेश कहा है—युधाजितश्च संदेशात्सदेशं सिंधुनामकम्, ददौ दत्तप्रभावाय भरताय भृतप्रजः। भरतस्तत्र गंधर्वान्युधि निर्जित्य केवलम् आतोद्य ग्राहयामास समत्याजयदायुधम्'। वाल्मीकि रामायण 101,16 में वर्णित है कि पांच वर्षों तक

वहां ठहरकर भरत ने गधर्वदेश की इन नगरियो को अच्छी तरह बसाया और फिर वे अयोध्या लौट आए। इन दोनो नगरियो की समृद्धि और शोभा का वर्णन उत्तर० 101, 12 15 मे किया गया है—'धनरत्नौघ सकीर्णे काननैरुपशोभिते, अन्योन्य सघर्ष कृते स्पर्धया गुणविस्तरै, उभे सुरुचिरप्रख्ये व्यवहारैरकिल्विषै, उद्यानयान सपूर्णसुविभक्तान्तरापणे, उभेपुरवरेरम्ये विस्तरैरुपशोभिते, गृहमुख्यै सुरुचिरै विमानैर्बहु शोभिते'। तक्षशिला वर्तमान तकसिला (जिला रावलपिंडी, प० पाकि०) और पुष्कलावती वर्तमान चरसड्डा (जिला पेशावर, प० पाकि०) है। रामायण काल म गधर्वों के यहा रहने के कारण ही यह गधर्वदेश कहलाता था। गधर्वों के उत्पात के कारण पडोसी देश केकय के राजा ने श्री रामचद्र जी की सहायता से उनके देश को जीत लिया था। जान पडता है पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम म बसे हुए लडाकू कबीले, रामायण के गधर्वों के ही वशज हैं।

(2) महाभारत-काल मे मानसरोवर या कैलास पर्वत का प्रदेश (तिब्बत) भी जिसे हाटक कहा गया है, गधर्व देश के नाम मे प्रसिद्ध था। सभा० 28,5 मे अर्जुन की दिग्विजय के सबध मे गधर्वों का उनके द्वारा पराजित होना वर्णित है—'सरोमानसमासाद्य हाटकानभित प्रभु, गधर्वरक्षित देशमजयत् पाडवर्षभ'। प्राचीन सस्कृत साहित्य मे गधर्वों का विमानो द्वारा यात्रा करते हुए वर्णन है। गधर्वों की जल-क्रीडा के वर्णन भी अनेक स्थलो पर हैं। चित्ररथ गधर्व को अर्जुन ने हराकर उसके द्वारा कैद किए हुए दुर्योधन को छुडाया था। गधर्व देश के नीचे, किंपुरुष या किन्नर देश—सभवत वर्तमान हिमाचल प्रदेश और तिब्बत की सीमा के निकटवर्ती इलाके की स्थिति थी।

गधर्वद्वीप

महाभारत सभा० अध्याय 38, दाक्षिणात्य पाठ के अनुसार एक द्वीप का नाम जिसका अभिज्ञान सदिग्ध है—'इन्द्रद्वीप कशेरु च ताम्रद्वीप गभस्तिमत्, गाधर्व वारुण द्वीप सौम्याख्यमिति च प्रभु'। इन द्वीपो को शक्तिशाली सहस्रबाहु ने जीता था। सभव है गधर्वद्वीप गधर्व देश (1) या (2) से सबधित हो।

गधर्व-नगर

गधर्वनगर का सस्कृत-साहित्य मे अनेक स्थानो पर उल्लेख मिलता है। वाल्मीकि रामायण सुदर० 2, 49 मे लका के सुदर स्वर्ण प्रासादो की तुलना गधर्व-नगर से की गई है—'प्रासादमालाविततां स्तभकाचनसनिभें, शातकुभनिभैर्जालैर्गधर्वनगरोपमाम्'। महाभारत आदि० 126, 25 मे शतश्रृग पर्वत पर पांडु की मृत्यु के पश्चात् कुती तथा पांडवो को हस्तिनापुर तक पहुचाकर एकाएक अतर्धान हो जाने वाले ऋषियो की उपमा गधर्वनगर से इस प्रकार दी

गई है—'गधर्वनगराकारं तथैवातर्हितंपुन:' अर्थात् वे ऋषि फिर गधर्वनगर के समान वहीं एकाएक तिरोहित हो गए। इसी महाकाव्य मे वर्णित है कि उत्तरी हिमालय के प्रदेश मे अर्जुन ने गधर्वनगर को देखा था जो कभी तो भूमि के नीचे गिरता था, कभी पुन: वायु मे स्थित हो जाता था, कभी वक्रगति से चलता हुआ प्रतीत होता था, तो कभी पानी मे डूब सा जाता था—'अन्तर्भूमौ निपतति पुनरूर्ध्वं प्रतिष्ठते, पुनस्तिर्यक् प्रयात्याशु पुनरप्सु निमज्जति' (वन० 173, 27)। पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी के 4, 13 सूत्र मे 'गधर्वनगर यथा' यह वाक्यांश लिखा है जिसकी व्याख्या मे महाभाष्यकार पतजलि कहते हैं—'यथा गधर्वनगराणि दूरतो दृश्यन्ते उपसृत्य च नोपलभ्यन्ते' अर्थात् जिस प्रकार गधर्वनगर दूर से दिखलाई देते हैं किंतु पास जाने पर नहीं मिलते '।' इसी प्रकार श्रीमद्भागवत मे भी कहा गया है कि ससार की गहन अटवी मे मोक्षमार्ग से भटके हुए मनुष्य को क्षणिक सुखो के मिलने की भ्राति इसी प्रकार होती है, जैसे गधर्व नगर को देखकर पथिक समझता है कि वह नगर के पास तक पहुच गया है किंतु तत्काल ही उसका यह भ्रम दूर हो जाता है—'नरलोक गधर्वनगरमुपपन्नमिति मिथ्यादृष्टिरनुपश्यति'—(श्रीमद्भागवत 5, 14, 5) वराहमिहिर ने अपने प्रसिद्ध ज्योतिषग्रथ बृहत्सहिता में तो गधर्व-नगर के दर्शन के फलादेश पर गधर्व-नगर लक्षणाध्याय नामक (36वां) अध्याय ही लिखा है जिसका कुछ अश इस प्रकार है—आकाश में उत्तर की ओर दीखने वाला नगर पुरोहित, राजा, सेनापति, युवराज आदि के लिए अशुभ होता है। इसी प्रकार यदि यह दृश्य श्वेत, पीत, या कृष्ण-वर्ण का हो तो ब्राह्मणों आदि के लिए अशुभ सूचक होता है। यदि आकाश में पताका, ध्वजा, तोरण आदि से सयुक्त बहुरगी नगर दिखाई दे तो पृथ्वी भयानक युद्ध मे हाथियो, घोड़ों और मनुष्यों के रक्त से प्लावित हो जाएगी। इसी प्रकार 30वें अध्याय मे भी शकुन-विचार के विषयो मे गधर्व-नगर को भी सम्मिलित किया गया है—'मृग यथा शकुनिपवन परिवेष परिधि परिघ्राम वृक्षसुरचापै: गधर्वनगर रविकर दड रज. स्नेह वर्णश्च' (बृहत्सहिता 30, 2)। वास्तव मे गधर्व नगर वास्तविक नगर नहीं है। यह तो एक प्रकार की मरीचिका (mirage) है जो गर्म या ठडे मरुस्थलो मे, चौड़ी झीलो के किनारो पर, बर्फीले मैदानो में या समुद्र तट पर कभी-कभी दिखाई देती है। इसकी विशेषता यह है कि मकान, वृक्ष या कभी-कभी संपूर्ण नगर ही, वायु की विभिन्न घनताओं की परिस्थिति उत्पन्न होने पर अपने स्थान से कहीं दूर हटकर वायु मे अधर तैरता हुआ नजर आता है; जितना उसके पास जाएं वह

पीछे हटता हुआ कुछ दूर जाकर लुप्त हो जाता है। अंग्रेजी मे इस मरीचिका को Fata Morgana कहते हैं। यह कितने अचरज की बात है कि यद्यपि भारत मे इस मरीचिका के दर्शन दुर्लभ ही हैं, फिर भी संस्कृत साहित्य मे इसका वर्णन अनेक स्थानो पर है। यह तथ्य इस बात का सूचक है कि प्राचीन भारत के पर्यटको ने इस दृश्य को उत्तरी हिमालय के हिममडित प्रदेशो मे कहीं देखा होगा, नही तो हमारे साहित्य म इसका वर्णन क्योकर होता।

गधवती

मेघदूत (पूर्व मेघ 35) के अनुसार यह नदी उज्जयिनी के चंडेश्वर नामक स्थान के निकट बहती थी, 'धूतोद्यान कुवलयरजो गधिभि गधवत्या'। जान पडता है कि कालिदास के समय मे प्रसिद्ध नदी शिप्रा की ही एक शाखा का नाम गधवती था। सभव है शिव की पूजा मे अर्पित पुष्पादि सुगधित द्रव्यों के कारण शिप्रा का पानी सुवासित जान पडता हो और इसीलिए इसका नाम गधवती हुआ हो।

गधार

(1) सिंधुनदी के पूर्व और उत्तरपश्चिम की ओर स्थित प्रदेश। वर्तमान अफगानिस्तान का पूर्वी भाग भी इसमे सम्मिलित था। ऋग्वेद में गधार के निवासियो को गधारी कहा गया है तथा उनकी भेडो के ऊन को सराहा गया है और अथर्ववेद मे गधारियो का मूजवतो के साथ उल्लेख है—'उपोप मे परामृश मा मे दभ्राणिमन्यथा, सर्वाहमस्मि रोमशा गधारीणामिवाविका' ऋग्वेद 1, 126, 18, 'गधारिभ्यो मूजवद्भ्योऽङ्गेभ्यो मगधेभ्यः प्रैष्यन् जनमिव शेवधिं तक्मानं परिदद्मसि' अथर्ववेद 5, 22, 14। अथर्ववेद में गधारियो की गणना अवमानित जातियो मे की गई है किंतु परवर्ती काल में गधारवासियो के प्रति मध्यदेशीयो का दृष्टिकोण बदल गया और गधार मे बडे विद्वान् पडितो ने अपना निवास-स्थान बनाया। तक्षशिला गधार की लोकविश्रुत राजधानी थी। छांदोग्योपनिषद् मे उद्दालक-आरुणि ने गधार का, सद्गुरु वाले शिष्य के अपने अंतिम लक्ष्य पर पहुचने के उदाहरण के रूप मे उल्लेख किया है। जान पडता है कि छादोग्य के रचयिता का गधार से विशेष रूप से परिचय था। शतपथ ब्राह्मण 12, 4, 1 तथा अनुगामी वाक्यो मे उद्दालक आरुणि का उदीच्यो या उत्तरी देश (गधार) के निवासियों के साथ सबध बताया गया है। पाणिनि ने जो स्वय गधार के निवासी थे, तक्षशिला का 4, 3, 93 मे उल्लेख किया है। ऐतिहासिक अनुश्रुति में कौटिल्य-चाणक्य को तक्षशिला महाविद्यालय का ही रत्न बताया गया है। वाल्मीकि-

रामायण उत्तर० 101, 11 मे गधर्वदेश की स्थिति गाधार विषय के अतर्गत बताई गई है। कैकय देश इस के पूर्व म स्थित था। कैकय नरेश युधाजित् के कहने से अयोध्यापति रामचद्र जी के भाई भरत ने गधर्व देश को जीतकर यहा तक्षशिला और पुष्कलावती नगरियो को बसाया था—(दे० गधर्वदेश)। महाभारत काल मे गधार देश का मध्यदेश से निकट सबध था। धृतराष्ट्र की पत्नी गधारी, गधार ही की राजकन्या थी। शकुनि इसका भाई था। जातको म कश्मीर और तक्षशिला—दोनो की स्थिति गधार म मानी गई है। जातको म तक्षशिला का अनेक बार उल्लेख है। जातककाल म यह नगरी महाविद्यालय के रूप मे भारत भर मे प्रसिद्ध थी। पुराणो मे (मत्स्य, 48, 6 वायु, 99, 9) गधार नरेशो को द्रुह्यु का वशज माना। वायुपुराण म गधार क श्रेष्ठ घोडो का उल्लेख है। अगुत्तर निकाय के अनुसार बुद्ध तथा पूर्व बुद्धकाल मे गधार उत्तरी भारत के सोलह जनपदो मे परिगणित था। अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण के समय गधार मे कई छोटी-छोटी रियासतें थी, जैसे अभिसार, तक्षशिला आदि। मौर्यसाम्राज्य मे सपूर्ण गधार देश सम्मिलित था। कुशान साम्राज्य का भी वह एक अग था। कुशान काल ही मे यहा की नई राजधानी पुरुषपुर या पशावर मे बनाई गई। इस काल मे तक्षशिला का पूर्व गौरव समाप्त हो गया था। गुप्तकाल मे गधार शायद गुप्तो के साम्राज्य के बाहर था क्योंकि उस समय यहा हूणों, शकों आदि बाह्यदेशीयों का आधिपत्य था। 7वी शती ई० में गधार के अनेक भागो में बौद्धधर्म काफी उन्नत था। 8वी–9वी शती मे मुसलमानो के उत्कर्ष के समय धीरे-धीरे यह देश उन्हीं के राजनैतिक तथा सास्कृतिक प्रभाव मे आ गया। 870 ई० में अरब सेनापति याकूब एलेस न अफगानिस्तान को अपने अधिकार में कर लिया लेकिन इसके बाद काफी समय तक यहां हिंदू तथा बौद्ध अनेक क्षेत्रो मे रहते रहे। अलप्तगीन और सुबुक्तगीन के हमलो का भी उन्होने सामना किया। 990 ई० मे लमगान (प्राचीन लपाक) का क़िला उनके हाथो से निकल गया और इसके बाद काफिरिस्तान को छोडकर सारा अफगानिस्तान मुसल्मानो के धर्म मे दीक्षित हो गया।

(2) (थाइलैंड) थाइलैंड या स्याम के उत्तरी भाग मे स्थित युन्नान का प्राचीन भारतीय नाम। चीनी इतिहास ग्रथो से सूचित होता है कि द्वितीय शती ई० पू० ही मे इस प्रदेश मे भारतीयो ने उपनिवेश बसा लिए थे और ये लोग बगाल-असम तथा ब्रह्मदेश के व्यापारिक स्थलमार्ग से यहा पहुचे थे। 13वी शती तक युन्नान का भारतीय नाम गधार ही प्रचलित था, जैसा कि तत्कालीन

मुसलमान लेखक रशीदुद्दीन के वर्णन से सूचित होता है। इस प्रदेश का चीनी नाम नानचाओ था। 1253 ई० म चीन के सम्राट् कुबलाखा ने गधार को जीतकर यहा के हिंदू राज्य की समाप्ति कर दी।

गधावल (म० प्र०)

पूर्वमध्यकालीन इमारतो के अवशेषो के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

गभीर

(1)=गभीरा नदी

(2) (लका) महावश 7, 44। उपतिष्य ग्राम इसी नदी के तट पर स्थित था। यह नदी अनुराधपुर से सात आठ मील उत्तर की ओर बहती है।

गभीरा

चर्मण्वती या चबल की सहायक नदी, जो अर्वली पहाड के जनपव नामक स्थान से निकलकर राजस्थान और मध्यप्रदेश के ग्वालियर के इलाके मे बहती है। चबल का उद्भव भी इसी स्थान पर है। गभीरा नदी का वर्णन कालिदास ने मेघदूत मे मेघ के रामगिरि से अलका जाने के मार्ग मे, उज्जयिनी के पश्चात् तथा चर्मण्वती के पूर्व किया है—'गभीराया पयसि सरितश्चेतसीव प्रसन्ने छायात्मापि प्रकृतिसुभगो लप्स्यते ते प्रवेशम' पूर्वमेघ 42। यहा कालिदास ने गभीरा के जल को प्रसन्न अथवा निर्मल एव हर्ष प्रदान करने वाला बताया है। अगले छन्द 33 मे 'हृत्वा नील सलिल वसनम्' द्वारा गभीरा के जल को नीला कहा गया है ('तस्या किंचित् करधृतमिव प्राप्तवानीरशाख, हृत्वा नील सलिलवसन मुक्तरोधो नितम्बम्')। गभीरा को आजकल गभीर भी कहते हैं। चित्तौड नगरी इसी के तट पर बसी है। धरमत नामक कस्बा भी इसी नदी के तट पर है। यहां 1658 ई० मे दारा की सेना को जिसमे जोधपुर नरेश जसवत सिंह भी सम्मिलित था औरगजेब ने बुरी तरह हराकर दिल्ली के राज्य-सिंहासन का मार्ग प्रशस्त बना लिया था। गभीरा का नाम महाभारत भीष्म० 9 की नदियो की सूची मे नही है।

गजनी (दे० रमठ)

गजपद

प्राचीन जैनतीर्थ जिसका उल्लेख तीर्थमाला चैत्यवदन मे है—'वदेऽष्टापद गडरेगजपदे सम्मेतशैलाभिधे' (दे० एशेंट जैन हिम्ज—पृ० 57)।

गजपुर=हस्तिनापुर

गजपुर को जैन सूत्र 'प्रज्ञापणा' ने कुरुक्षेत्र के अतर्गत माना है।

गजसाह्वय (हस्तिनापुर का पर्याय)। दे० हस्तिनापुर।

गजाप्रपद

गजाप्रपद की गणना जैन साहित्य के अतिप्राचीन आगम ग्रंथ एकादशअंगादि में उल्लिखित जैन तीर्थों में है। इसकी स्थिति दशार्ण कूट में बताई गई है जो संस्कृत साहित्य में प्रसिद्ध दशार्ण देश (बुंदेलखंड का भाग) हो सकता है। दे० दशार्ण।

गजाधरपुर

दरभंगा (बिहार) से चार मील दक्षिण की ओर स्थित है। यहां मैथिल-कोकिल विद्यापति के संरक्षक-राजा शिवसिंह की राजधानी थी। इसको शिवसिंहपुर भी कहा जाता है। शिवसिंह मिथिला की गद्दी पर 1402 ई० के लगभग बैठे थे।

गजूली बड़ा दे० इट्टर

गडवाल (जिला रायचूर मैसूर)

इस प्राचीन ऐतिहासिक नगर में हिंदूकालीन (वारंगल नरेशों के समय में बने हुए) दुर्ग, विशाल मंदिर और गरुडस्तंभ स्थित हैं। वारंगल के ककातीय-नरेश प्रतापरुद्र ने गडवाल के शासक बुक्का पोलावी रेड्डी को छ: परगनों का सरनागौड या शासक बनाया था। इस स्थान के विषय में यही सर्वप्राचीन उल्लेख मिलता है।

गढ़कुंडार (जिला झांसी, उ० प्र०)

गढकुंडार में चंदेल, खंगार और बुंदेला नरेशों के समय का दुर्ग तथा नगर के ध्वंसावशेष, अनेक प्राचीन ऐतिहासिक कथाओं तथा लोकगाथाओं को अपने अंतस् में छिपाए हुए बीहड पहाड़ों और वनों के बीच बिखरे पड़े हैं। प्राचीन काल में कुंडार के प्रदेश में गोंडों का राज्य था जिनके मंडलेश्वर पाटलिपुत्र के मौर्यसम्राट् थे। कालांतर में मध्ययुग के प्रारंभ में पड़िहारों ने इस स्थान पर आधिपत्य स्थापित किया और तत्पश्चात् 8वीं शती के अंत में चंदेलों ने। चंदेल राजा परमाल (दिल्ली के पृथ्वीराज चौहान का समकालीन) के *समय में यहां के दुर्ग में शिवा नामक क्षत्रिय किलेदार रहता था जो परमाल* के अधीन था। 1182 ई० में पृथ्वीराज चौहान और परमाल के बीच होने वाले युद्ध में शिवा मारा गया और पृथ्वीराज के एक सैनिक खूबसिंह या खेतसिंह खंगार का कब्जा कुंडार पर हो गया। इसने खंगार राज्य की स्थापना की, जो झांसी के परिवर्ती इलाके में पर्याप्त समय तक बना रहा। खंगारों से बुंदेला-वंशीय क्षत्रियों को ईर्ष्या थी और वे खंगारों को अपने से छोटा समझते थे। दिल्ली के गुलाम-वंश के प्रसिद्ध सुलतान बलबन के

राज्यकाल में बुंदेलों ने गढ़कुंडार पर, जहां खंगारों की राजधानी थी, अधिकार कर लिया (1257 ई०) और युद्ध में खंगार शक्ति का पूर्ण रूप से विनाश कर दिया। खंगार इस समय शक्ति के मद में चूर रहकर मत्यधिक मदिरापान करने लगे थे। इस युद्ध में खंगारों के सभी सरदार और सामंत मारे गये। बुंदेलों का नायक इस समय सोहनपाल था जिसकी सुंदरी कन्या रूपकुमारी और खंगार नरेश हुरमत सिंह के कुमार की दुख्यात प्रणय-कथा बुंदेलखंड के चारणों के गीतों का प्रिय विषय है। बुंदेलों की राजधानी कुंडार में 1507 ई० तक रही। इस वर्ष या संभवत 1531 में बुंदेला नरेश रुद्रप्रताप ने ओड़छा बसाकर वहीं नई राजधानी बनाई। खंगारों और बुंदेलों में जो युद्ध हुआ था उसका घटनास्थल कुंडार का दुर्ग ही था। दुर्ग के खंडहर झांसी नगर से तीस मील दूर है।

गढ़गजना (जिला पीलीभीत उ० प्र०)

विशालपुर से दस मील उत्तर पूर्व गढ़गजना और देवल के प्राचीन खंडहर हैं। दे० देवल।

गढ़पहरा (जिला सागर, म० प्र०)

गढ़मंडला की रानी वीरांगना दुर्गावती के श्वसुर संग्रामसिंह के बावन गढ़ों में इसकी भी गणना थी। संग्रामसिंह की मृत्यु 1541 ई० में हुई थी। औरंगजेब के समय में ओड़छानरेश छत्रसाल ने गढ़पहरा पर अधिकार कर लिया जिसके फलस्वरूप यहां के निवासी सागर में जाकर बस गए। औरंगजेब के सेनाध्यक्ष राजा जयसिंह ने गढ़पहरा को बुंदेलों से छीन लिया किंतु तत्पश्चात पृथ्वीपति को यहां का राजा मान लिया गया।

गढ़मुक्तेश्वर (जिला मेरठ उ० प्र०)

गंगा के तट पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ जो कार्तिकस्नान के मेले के लिए दूर दूर तक प्रसिद्ध है। स्कंदपुराण में इस तीर्थ का विस्तृत वर्णन है। इसका प्राचीन नाम शिववल्लभपुर कहा गया है। पौराणिक कथा है कि इस स्थान पर महादेव के गण दुर्वासा के शाप से मुक्त हुए थे और इसी कारण इसे मुक्तेश्वर कहा जाता है। पुराणों की एक अन्य कथा के अनुसार राजयक्ष्मा से पीड़ित चंद्र ने यहीं तप करके रोगमुक्ति प्राप्त की थी। यह भी आख्यायिका है कि महाराज नृग गिरगिट की योनि से यहां मुक्त हुए थे जिसका स्मारक नृगकूप या नृग का कुआं आज भी गढ़मुक्तेश्वर में है। यह तो निश्चित ही है कि प्राचीन काल से ही गढ़मुक्तेश्वर में साधुसंतों का निवास रहा है। ऐतिहासिक काल में भी यह तीर्थ महत्त्वपूर्ण रहा है। कहा जाता है कि बर्बर-

शासकों को भारत की सीमा के परे खदेड़ कर सम्राट् विक्रमादित्य (चंद्रगुप्त द्वितीय) ने यहीं गंगा तट पर शांति प्राप्त की थी। महाराज भोज परमार भी गढ़मुक्तेश्वर आए थे। 11वीं शती में महमूद गजनी ने इस तीर्थ पर आक्रमण किया। मुगल साम्राज्य के अंतिम काल में मराठों के उत्कर्ष के समय गढ़मुक्तेश्वर में हिंदूधर्म का पुनरुद्धार हुआ। मराठों (सिंधिया) ने यहां एक दुर्ग का निर्माण भी किया जिसे सिंधिया-दुर्ग कहते थे। इसके खंडहर अब भी हैं। संभवतः इसी दुर्ग के कारण इस स्थान को गढ़मुक्तेश्वर कहा जाने लगा। यहां के पंडों की पुरानी बहियों से सूचित होता है कि 17वीं शती में अलवर का नवाब जीवनखां अपने पुत्र सहित यहां आया करता था और गंगा-स्नान करके ब्राह्मणों को दान देता था। अब से प्रायः दो सौ वर्ष पूर्व स्थानीय गंगा मंदिर को झज्जर के नवाब के एक हिंदू मंत्री ने बनवाया था। इसका उल्लेख झज्झर के नवाब की वसीयत में किया गया है।

गढ़वा (जिला इलाहाबाद, उ० प्र०)

प्राचीन नाम भट्टग्राम। यहां से कई गुप्तकालीन महत्त्वपूर्ण अभिलेख प्राप्त हुए हैं। पहला अभिलेख चंद्रगुप्त द्वितीय के समय का है। इसका आरंभिक भाग खंडित है और इसलिए राजा का नाम अप्राप्य है किंतु इसके अंतिम भाग में (गुप्त, संवत् 88 (=407 ई०) दिया हुआ है। दसवीं पंक्ति में राजा के लिए परम भागवत शब्द प्रयुक्त है और इसके पश्चात् ही महाराजाधिराज पद आरंभ होता है। अतः यह अभिलेख गुप्तवंश के महाराजाधिराज चंद्रगुप्त द्वितीय के समय का जान पड़ता है। अभिलेख में एक सत्र की स्थापना के लिए दस स्वर्ण दीनारों के दान का उल्लेख है। 12वीं पंक्ति में, जो खंडित तथा अस्पष्ट है, पाटलिपुत्र का, संभवतः गुप्त नरेशों की राजधानी के रूप में, उल्लेख है। इसी प्रस्तर खंड पर चंद्रगुप्त द्वितीय के पुत्र कुमारगुप्त प्रथम के काल का भी एक अभिलेख अंकित है। इसकी तिथि नष्ट हो गई है। इस में भी सत्र के लिए दिए गए दानों का उल्लेख है। पहला दान दस दीनारों के रूप में वर्णित है, दूसरे की संख्या अस्पष्ट है। गढ़वा से कुमारगुप्त प्रथम के समय (गुप्तसंवत् 98=418 ई०) का एक अन्य प्रस्तर अभिलेख प्राप्त हुआ है। इसमें भी सत्र की स्थापना के लिए बारह दीनारों के दान का उल्लेख है। एक अन्य अभिलेख भी, जो स्कंदगुप्त के शासनकाल का जान पड़ता है (गुप्त संवत 148=468 ई०), गढ़वा से मिला है। इसमें अनंतस्वामी (विष्णु) की एक प्रस्तरमूर्ति की प्रतिष्ठापना तथा गंध आदि सुगंधित द्रव्यों के लिए दिए दान का उल्लेख है।

गढ़वाल (उ० प्र०)

पश्चिमी उत्तरप्रदेश का पहाड़ी इलाका जिसमे देहरादून, बदरीनाथ, श्रीनगर, पौड़ी आदि स्थान हैं। इसकी लबाई उत्तर मे नीती दर्रे से दक्षिण मे कोटद्वार तक 170 मील और चौड़ाई रुद्रप्रयाग से समोया तक 70 मील के लगभग है। क्षेत्रफल प्राय 11900 वर्ग मील है। पुराणो तथा अन्य प्राचीन साहित्य मे इस प्रदेश का नाम उत्तराखड मिलता है। गढवाल नया नाम है जो परवर्ती काल मे शायद यहा के बावन गढो के कारण हुआ। कहा जाता है कि आर्य सभ्यता के इस प्रदेश मे प्रसार होने से पूर्व यहा खस, किरात, तगण, किन्नर आदि जातियो का निवास था। ऊचे पर्वतो से घिरे रहने के कारण यह प्रदेश सदा सुरक्षित रहा है और प्राचीन काल में यहां के शात मनोरम वातावरण मे अनेक ऋषियो ने अपने आश्रम बनाए थे। महाभारत से सूचित होता है कि गढवाल पर पांडवो का राज्य था और महाभारत-युद्ध के पश्चात् वे अपने अतिम समय मे बदरीनाथ के मार्ग से ही हिमालय पर गए थे। यहा के अनेक स्थानो की यात्रा अर्जुन तथा अन्य पाडवों ने की थी। बदरीनाथ मे व्यास का आश्रम भी था। पाडवो से सबध के स्मारक के रूप मे आज भी गढवाल के देवताओ मे पाडव नामक नृत्य प्रचलित है। बौद्ध-धर्म के उत्कर्षकाल मे गढवाल मे अनेक विहार तथा मदिर स्थापित हुए। उत्तरकाशी तथा बाधन के क्षेत्र मे बौद्धधर्म का सबसे अधिक प्रचार था और कुछ विद्वानो का मत है कि बदरीनाथ का वर्तमान मदिर पहले बौद्ध मदिर या विहार था जिसे हिंदूधर्म के पुनरुत्थान के समय आदि शकराचार्य ने बदरीनारायण के मदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया। बाधन का वास्तविक नाम बाधायन कहा जाता है। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि जगद्गुरु आदि-शकर ने बदरीनाथ मे आकर हिंदूधर्म के पुनर्जागरण का शख-नाद किया था। उनके स्मृतिस्थल यहा आज भी हैं। कालातर मे गढ-वाल की राजनैतिक दशा बिगड गई और खसो ने यहा छोटे-छोटे रजवाड़े कायम कर लिए। ये लोग परस्पर लडते-भिडते रहते थे। तिब्बत से भी इनके झगड़े चलते रहे। खसो के पश्चात् गढवाल मे नागजाति का प्रभुत्व हुआ। तत्पश्चात् मालवा के पवार राजाओ ने उत्तरी गढ़वाल मे अपना राज्य स्थापित कर लिया। पँवारो मे सबसे प्रसिद्ध राजा अजयपाल था। इसके राज्य मे हरद्वार और कनखल भी शामिल थे। मुसल्मानो के भारत पर आक्रमण के समय जब देश मे सर्वत्र अशाति तथा अराजकता छाई हुई थी, राजपूताना, पजाब, गुजरात, महाराष्ट्र तथा अन्य स्थानों से भागकर बहुत से राजपूत

सरदारो तथा अनेक ब्राह्मण परिवारो ने गढवाल मे शरण ली। इसी कारण गढवाल के जनजीवन पर राजस्थान, गुजरात, पंजाब, महाराष्ट्र तथा अन्य प्रदेशों की विशिष्ट संस्कृतियों का प्रभाव देखने में आता है। 1800 ई० के लगभग गढवाल पर नेपाल के गोरखो ने अधिकार कर लिया और बारह वर्ष तक यहा राज्य किया। उनके कठोर तथा अत्याचारपूर्ण शासन की याद मे अब तक गढवाली लोग उसे गोर्खाणी नाम से पुकारते हैं। त्रस्त होकर गढ-वालियो ने अंग्रेजों की सहायता से गोरखो को गढवाल से निकाल दिया। नेपाल युद्ध (1814 ई०) के पश्चात् अंग्रेजो ने गढवाल के दो टुकडे कर दिए, टिहरी, जहा गढवालियो की रियासत बनाई गई और गढवाल, जिसे अंग्रेजों ने ब्रिटिश भारत मे मिला लिया।

गढ़ा (ज़िला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर से चार मील पश्चिम की ओर गौंड राजाओ का बसाया हुआ नगर। गौंड नरेश सग्रामसिंह (१६वीं शती) मदनमहल नामक स्थान पर रहते थे जो गढा से एक मील पर है। इनके सिक्को से सूचित होता है कि उस काल म यहा टकसाल भी थी। मदनमहल के निकट शारदादेवी का मंदिर है। एक प्राचीन तान्त्रिक मंदिर भी है जिसका निर्माण किंवदंती के अनुसार केवल पुष्यनक्षत्र मे ही किया जा सकता था। आज भी गढा मे तांत्रिक मत का पर्याप्त प्रभाव है।

गढ़ाकोटा (ज़िला सागर, म० प्र०)

इस स्थान की गणना गढ़मडला के राजा सग्रामशाह (मृत्यु 1541 ई०) के बावन गढ़ों मे की जाती थी। औरंगजेब के शासन काल मे, मुग़लो की सेनाओ और ओडछानरेश छत्रसाल मे पहला बडा युद्ध गढाकोटा मे ही हुआ था। मुगलो का सेनापति रनदूलह खा था। युद्ध में मुग़लों की भारी हार हुई। रणदूलह के दस सरदार और सात सौ सैनिक काम आए। दस तोपें भी छत्रसाल के हाथ लगी। इस युद्ध का सुदर वर्णन लाल कवि ने छत्रप्रकाश नामक हिंदी काव्य में किया है।

गणनाथ (ज़िला अल्मोडा, उ० प्र०)

अल्मोडे से लगभग चौदह मील दूर है। यहां एक प्राचीन शिव मदिर है जिसकी मूर्ति बहुत सुघड तथा दिव्य मानी जाती है।

गणेश गुफा (ज़िला गढवाल, उ० प्र०)

यह स्थान बदरीनाथ से वसुधरा जाने वाले मार्ग पर व्यास गुफा के सन्निकट स्थित है। किंवदती है कि व्यास गुफ़ा में रहते हुए व्यास ने महाभारत तथा पुराणों

की रचना की थी। महाभारत की प्रसिद्ध कथा, जिसके अनुसार इस महाकाव्य को लिखने के लिए व्यास ने गणेश को चुना था, गणेश गुफा से संबंधित है। व्यास का बदरीनाथ से संबंध भी जनश्रुति में प्रसिद्ध है।

(2) (उड़ीसा) भुवनेश्वर से पांच मील पर स्थित यह जैन गुफा तीसरी शती ई० पू० में निर्मित की गई थी। जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ के जीवन से संबद्ध कई घटनाएँ गणेश गुफा में अंकित हैं। गणेश गुफा, हाथी गुफा और रानी गुफा नामक गुहासमूह का ही एक भाग है।

गणेशरा (जिला मथुरा, उ० प्र०)

क्षहरात वंश के क्षत्रप घाटक का एक अभिलेख इस स्थान से वोगल (Vogel) को 1912 ई० में प्राप्त हुआ था (दे० जर्नल ऑव रायल एशियाटिक सोसायटी, 1912, पृ०121) जिससे प्रथम शती ई० के लगभग मथुरा तथा निकटवर्ती प्रदेश पर शक (सिथियन) क्षत्रपों का आधिपत्य सूचित होता है।

गदावसान

'दृष्ट्वा पौरैस्तया सम्यग् गदा चैव निवेशिता, गदावसान तत्ख्यात मथुरायाः समीपतः.' महा० सभा० 19, 25। महाभारत के इस उल्लेख से सूचित होता है कि गदावसान मथुरा के समीप वह स्थान था जहां—किंवदंती के अनुसार—गिरिव्रज (मगध) से जरासंध द्वारा फेंकी हुई गदा 99 योजन दूर आकर गिरी थी। संभव है यह गदा उस समय का कोई दूरगामी अस्त्र रहा हो।

गनौर (भूपाल, म० प्र०)

गढ़मंडलानरेश संग्रामशाह के बावन गढ़ों में से एक यहां स्थित था। संग्रामशाह इतिहास-प्रसिद्ध वीरांगना दुर्गावती के श्वसुर थे। इनकी मृत्यु 1541 ई० में हुई थी।

गब्बूर (देवदुर्ग तालुका, जिला रायचूर, मैसूर)

प्राचीन काल के कई मंदिर यहां हैं जिनमें मुख्य निम्न हैं—भगरबासप्पा, विश्वेश्वर, ईश्वर (गन्नीगुडी मठ), वेंकटेश्वर, बड़ी हनुमान्, और शंकर।

गभस्तिमान् द्वीप

महाभारत सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ में वर्णित सप्त महाद्वीपों में से है—इनको सहस्रबाहु ने जीता था—'इन्द्रद्वीपकशेरुच ताम्रद्वीप गभस्तिमत्, गांधर्ववारुण द्वीप सौम्याख्यमिति च प्रभु'। यह इंडोनीसिया का कोई द्वीप जान पड़ता है।

गभस्ती

विष्णु पुराण 2,4,66 में वर्णित शाकद्वीप की एक नदी—'इक्षुश्चैव वेणुका

चैव समस्ती सप्तमी तथा, अन्याश्च शतशस्तत्र क्षुद्रनद्यो महाभुने'।

गयशिर

गया के निकट एक पहाड़ी—'नगो गयशिरो यत्र पुण्या चैव महानदी, वानीर मालिनी रम्या नदी पुलिनशोभिता'। महा० वन० 95,9। पांडवों ने अपने वनवासकाल में गया की यात्रा की थी। यह गया की विष्णुपद नामक पहाड़ी हो सकती है।

गया

यह गौतम बुद्ध के सबोधि-स्थल तथा हिंदुओं के प्राचीन तीर्थ के रूप मे सदा से प्रसिद्ध रहा है। महाभारत वन० 84, 82 मे गया का तीर्थ रूप म वर्णन है—'ततो गया समासाद्य ब्रह्मचारी समाहित, अश्वमेधमवाप्नोति कुल चैव समुद्धरेत्'। वन० 95, 9 मे पाडवों की तीर्थ-यात्रा के प्रसग मे भी गया का उल्लेख है—'ततो महीधर जग्मुर्धर्मज्ञेनाभिसस्कृतम्, राजर्षिणा पुण्यकृता गयेनानुपपद्यते'। इससे यह भी सूचित होता है कि राजर्षि गय के नाम पर ही गया का नामकरण हुआ था। गयशिर की पहाड़ी का उल्लेख इससे अगले श्लोक में है जो विष्णुपद पर्वत है। पुराणों की एक कथा के अनुसार गया, गयासुर नामक राक्षस का निवासस्थान था। विष्णु ने इसे यहा से निकाल दिया था (दे० विहार थ्रू दि एजेज, पृ० 114)। सभव है इस क्षेत्र मे अनार्य लोगों का निवास रहा हो (दे० वही पृ० 114)। बुद्ध के समय यह स्थान नगर के रूप में विख्यात नहीं था। तब उरुवेला नामक ग्राम यहाँ स्थित था जिसके निकट बुद्ध ने पीपल वृक्ष के नीचे समाधिस्थ होकर संबुद्धि प्राप्त की थी। उरुवेला में ही वहा के ग्रामणी की पत्नी सुजाता (या नदबाला) की दी हुई पायस खाकर बुद्ध ने अपना कई दिनो का उपवास भग किया था और वे इस परिणाम पर पहुचे थे कि काया को उपवास आदि से क्लेश देकर मनुष्य सर्वोच्च सिद्धि नहीं प्राप्त कर सकता। अश्वघोष (प्रथम या द्वितीय शती ई०) ने बुद्ध-चरित में गया का उल्लेख किया है जिससे सूचित होता है कि कवि के समय मे गया को राजर्षि गय की नगरी माना जाता था—'ततो हित्वाश्रम तस्य, श्रेयोऽर्थी कृतनिश्चय भेजे गयस्य राजर्षेर्नगरीसज्ञमाश्रमम्' सर्ग० 12,89। बुद्ध के पश्चात् गया का नाम सबोधि भी पड गया था जैसा कि अशोक के एक अभिलेख से सूचित होता है। मौर्यसम्राट् ने इस स्थान की पावन-यात्रा अपने शासनकाल के दसवें वर्ष में की थी। चीनी यात्री फ़ाह्यान चौथी शती ई० तथा युवानच्वांग सातवीं शती ई० में गया आए थे। इन यात्रियों ने इस स्थान पर अशोक के बनवाए हुए विशाल-मंदिर का उल्लेख किया है। जनरल

कनिंघम तथा परवर्ती पुरातत्त्वविदो ने गया मे विस्तृत उत्खनन किया था। इस खुदाई मे अशोक के मदिर के चिह्न नही मिल सके। कहा जाता है कि यह मदिर सातवी शती तक स्थित था। वर्तमान मदिर बाद का है यद्यपि उसका आस्थान अवश्य ही प्राचीन है। यह मदिर नौ तलो मे स्तूपाकार बना हुआ है। इसकी ऊंचाई 160 फुट और चौडाई 60 फुट है। फार्यूसन का विचार है कि नौतला मदिर बनवाने की प्रथा जो चीन या अन्य बौद्धधर्म से प्रभावित देशो मे प्रचलित थी वह मूलरूप से इसी मदिर की परपरा की अनुकृति थी (दे० हिस्ट्री ऑव इडियन एड ईस्टर्न आर्किटेक्चर, जिल्द, 79)। बिहार पर जब मुसलमानो का आक्रमण हुआ तब अवश्य ही गया के मदिर का भी विध्वस किया गया होगा। इससे पूर्व ही हिंदूधर्म के पुनरुत्थान के समय बौद्ध मदिर का महत्त्व समाप्तप्राय हो चला था और हिंदू मदिर ने उसका स्थान ले लिया था। महावश मे वर्णित है कि सभवत छठी शती ई० मे सिंहलनरेश महानामन् ने गया के बुद्धमदिर का जीर्णोद्धार करवाया। विष्णुपुराण मे गया को गुप्त नरेशो के राज्य के अतर्गत बताया गया है—'अनुगगा प्रयाग गयायाश्च मागधा गुप्ताश्च भोक्ष्यन्ति' 4, 24, 63। कहा जाता है कि मूलबोधिद्रुम अथवा पीपलवृक्ष को गौडनरेश शशांक ने, जो महाराज हर्ष का समकालीन था (7वी शती ई०), अधिकाश मे विनष्ट कर दिया था किंतु यह भी सभव है कि वर्तमान वृक्ष मूलवृक्ष का ही वशज हो। इसी वृक्ष की एक शाखा अशोक की पुत्री सघमित्रा ने सिंहलदेश मे ले जाकर (अनुराधापुर मे) लगाई थी। यह वृक्ष वहां अभी तक स्थित बताया जाता है। इसी सिंहलदेशीय वृक्ष की एक शाखा वर्तमान सारनाथ के जीर्णोद्धार के समय—कुछ वर्षों पूर्व वहा विरोपित की गई थी। यह भी मनोरजक तथ्य है कि महाभारत वन० 84, 83 मे गया मे अक्षयवट का उल्लेख है और उसे पितरो के लिए किए गए सभी पुण्यकर्मों को अक्षय करने वाला वृक्ष बताया गया है—'तत्राक्षयवटो नाम त्रिषुलोकेषु विश्रुत. तत्र दत्त पितृभ्यस्तु भवत्यक्षयमुच्यते' तथा 'महानदी तत्रैव तथा गयशिरोनृप, यत्रासौ कीर्त्यते विप्रैरक्षय्यकरणो वट' वन० 87, 11। अवश्य ही यह अक्षय वट (वट=बरगद या पीपल) बौद्धो का सबोधि वृक्ष ही है जिसे हिंदूधर्म के पुनर्जागरण काल मे हिंदुओ ने अपनाकर अपनी पौराणिक परपरा मे सम्मिलित कर लिया था। गया आजकल भी हिंदुओ का पवित्र स्थल है तथा यहां हुए पिंडदान का महत्व माना जाता है। फल्गु गया की प्रसिद्ध पुण्यनदी है जिसका निर्देश महाभारत वन० 95, 9 मे गयशिर की पहाडी के निकट बहने वाली 'महानदी' के रूप में है (दे० गयशिर)। बौद्धसाहित्य में

फल्गु की सहायक नदी वर्तमान नीलाजना को नैरजना कहा गया है—'स्नातो नैराजनातीरादुत्ततार शनैः कृश.' (बुद्धचरित 12, 108) अर्थात् गौतम (बोधिद्रुम के नीचे समाधिस्थ होने के पहले) नैरजना-नदी मे स्नान करके धीरे-धीरे तट से चढकर ऊपर आए। यह गया से दक्षिण तीन मील दूर महाना अथवा फल्गु में मिलती है। वर्तमान महाना अवश्य ही महाभारत की 'महानदी' है जिसका ऊपर उद्धत श्लोक वन॰ 87, 11 मे उल्लेख है।

गरुग्रासमुद्रम् (जिला निजामाबाद, आ॰ प्र॰)

निजामाबाद नगर से दस मील दक्षिण मे छोटा-सा ग्राम है जहा 17वीं शती के तीन आर्मीनिया निवासियो के मक़बरे स्थित हैं।

गरुड़ (जिला अलमोड़ा, उ॰ प्र॰)

कौसानी से नौ मील। कत्यूरी नरेशों के समय मे बना हुआ प्रायः बारह सौ वर्ष प्राचीन मदिर यहा स्थित है जिसकी नक्काशी शिल्प की दृष्टि से प्रशसनीय है।

गर्गस्रोत

महाभारतकाल मे सरस्वती नदी के तट पर स्थित एक तीर्थ जो गधर्वतीर्थ के उत्तर मे था। इसकी यात्रा बलराम ने की थी—'तस्माद् गधर्वतीर्थाच्च महाबाहुररिदम, गर्गस्रोतो महातीर्थमाजगामैककुडली'—शल्य॰ 37, 13–14। यह स्थान सभवतः दक्षिण-पजाब मे था।

गर्जपतिपुर, गर्जपुर=गाजीपुर (उ॰ प्र॰)

गलता (जिला जयपुर, राज॰)

जयपुर के निकट, सूरजपोल के बाहर, पहाडी की घाटी मे रमणीक स्थान है जहा किवदती के अनुसार प्राचीन समय मे गालवऋषि का आश्रम था जिनके नाम पर यह स्थान गलता कहलाता है। पहाडी के ऊपर गालवी गगा का झरना है।

गलतेश्वर (जिला कैरा, गुजरात)

10वी शती ई॰ के एक मदिर के अवशेप हाल ही मे इस स्थान से मिले थे जो पूर्व-सोलकीकालीन हैं। चालुक्यकालीन अन्य मदिर भी यहा स्थित हैं।

गवालियर, ग्वालियर (म॰ प्र॰)

प्राचीन नाम गोपाद्रि या गोपगिरि है। जनश्रुति है कि राजपूत नरेश सूरजसेन ने ग्वालिप नाम के साधु के कहने से यह नगर बसाया था। महाभारत सभा॰ 30,3 मे गोपालकक्ष नामक स्थान पर भीम की विजय का उल्लेख है—सभवतः यह गोपाद्रि ही है।

ग्वालियर का दुर्ग बहुत प्राचीन है और इसका प्रारंभिक इतिहास तिमिराच्छन्न है। हूण महाराजाधिराज तोरमाण के पुत्र मिहिरकुल के शासनकाल के 15वें वर्ष (525 ई०) का एक शिलालेख ग्वालियर दुर्ग से प्राप्त हुआ था जिसमें मातृचेत नामक व्यक्ति द्वारा गोपाद्रि या गोप नाम की पहाड़ी (जिस पर दुर्ग स्थित है) पर एक सूर्य मंदिर बनवाए जाने का उल्लेख है। इससे स्पष्ट है कि इस पहाड़ी का प्राचीन नाम गोपाद्रि (रूपांतर गोपाचल, गोपगिरि) है तथा इस पर किसी न किसी प्रकार की बस्ती गुप्तकाल में भी थी। इतिहास से सूचित होता है कि ग्वालियर में 875 ई० में कन्नौज के गुर्जर प्रतिहारों का राज्य था। मुसलमानों के आक्रमण के समय भी यहां कछवाहा, प्रतिहार आदि राजपूत वंश राज्य करते थे। 1232 ई० में दिल्ली के गुलामवंश के सुलतान इल्तुतमिश ने ग्वालियर के किले को हस्तगत किया और राजपूत रानियों ने जौहर की प्रथा के अनुसार अग्नि में कूदकर प्राण त्याग दिए। 1399 से 1516 ई० तक यह किला तोमर-नरेशों के अधीन रहा जिनमें प्रमुख मानसिंह था। इसकी रानी गूजरी या मृगनैनी के विषय में अनेक किंवदंतियां प्रचलित हैं। किले का गूजरी महल मृगनयनी का ही अमिट स्मारक है। 1526 ई० में बाबर ने यह किला जीता। मुगलों ने इसका उपयोग एक सुदृढ़ कारागार के रूप में किया। इसमें राजनैतिक बंदी रक्खे जाते थे। औरंगजेब ने अपने भाई और गद्दी के हकदार मुराद और तत्पश्चात् दारा के पुत्र सुलेमानशिकोह को कैद करके इसी किले में बंद रखा। मुगलों के अपकर्ष के समय जब महाराष्ट्र के प्रमुख सरदार सिंधिया का दिल्ली आगरा के पार्श्ववर्ती प्रदेश में आधिपत्य स्थापित हुआ तो उसी समय ग्वालियर भी उसके हाथ में आ गया। इस प्रकार वर्तमान काल तक सिंधिया के राज्य की राजधानी ग्वालियर में रही। दुर्ग के स्मारकों में ग्वालियर का लंबा इतिहास प्रतिबिंबित होता है। यहां का सर्वप्राचीन स्मारक मातृचेत का बनवाया हुआ सूर्य मंदिर ही था जिसका कोई चिह्न अब नहीं है किंतु जिसकी स्थिति सूरज तालाब के निकट रही होगी। दूसरा स्मारक चतुर्भुज विष्णु का मंदिर है जो पहाड़ी के पार्श्व में काटा गया है। इसमें एक चौकोर देवालय के ऊपर एक शिखर है और पूर्व-मध्यकालीन शैली में बना हुआ सभामंडप। इस मंदिर को 875 ई० में अल्ल नामक व्यक्ति ने गुर्जर प्रतिहार नरेश रामदेव के समय में बनवाया था। इसके पश्चात् 1093 ई० में बना हुआ सास-बहू (सहस्रबाहु ?) का मंदिर ग्वालियर-दुर्ग का एक विशेष ऐतिहासिक स्मारक है। इसे कछवाहा नरेश महीपाल ने निर्मित किया था। यह भी विष्णु का मंदिर है। वहां

जाता है कि पहले इसका शिखर सौ फुट ऊंचा था। अब इसका गर्भगृह तथा शिखर दोनों ही सरचनाए विनष्ट हो गई हैं किंतु इसकी कला का वैभव, सभा-मडप की छत की अद्भुत नक्काशी और मंदिर के बाहरी और भीतरी भागों पर निर्मित विशद मूर्तिकारी से प्रकट होता है। इसी प्रकार मंदिर के द्वारों के सिरदलों की सूक्ष्म तथा प्रभावोत्पादक मूर्तिकारी भी परम प्रशसनीय है। द्वार की पत्थर की चौखटों पर गगा-यमुना की मूर्तियां और पुष्पालकरण खचित हैं जो गुप्तकालीन परपरा में है। सभामडप की छत पर भी कीर्तिमुखों के सहित पुष्पालकरण का अकन बड़ी विदग्धता और सुदरता के साथ किया गया है। सास-बहू मंदिर से कुछ दूर पर दुर्ग का सर्वोच्च स्मारक 'तेली का मंदिर' स्थित है। इसकी ऊंचाई सौ फुट से भी अधिक है। इसके शिखर की विशेषता इसकी द्रविड शैली है। इसका निर्माण काल 8वीं शती से लेकर 10वी शती ई० तक माना जाता है। इस मंदिर के ऊपर की नक्काशी सास-बहू के मंदिर की नक्काशी की अपेक्षा सादी किंतु अधिक प्रभावशाली है। कालक्रम में इस मंदिर के पश्चात् दुर्ग की पहाड़ी में चारों ओर उत्कीर्ण जैन तीर्थंकरों की विशाल नग्न-मूर्तियां आती हैं जिनमें एक तो ५७ फुट ऊंची है। ये सब 15वीं शती में बनी थी। 15वीं शती के तोमर राजाओं के जमाने के अन्य विख्यात स्मारक भी इस दुर्ग में हैं जिनमें मान मंदिर और गूजरी-महल मुख्य हैं। मानमंदिर की ख्याति का कारण इसकी शुद्ध भारतीय या हिंदू वास्तु शैली है। यह 300 फुट ऊँची पहाड़ी की चोटी पर बना हुआ है। इस विस्तृत भवन पर छ वर्तुल छतरियां बनी हैं। 1528 ई० में जब बाबर ने ग्वालियर का किला देखा था तब इन छत-रियों पर सुनहरी काम था जिससे ये दूर से सूर्य के प्रकाश में चमकती थी। इस भवन के पूर्वाभिमुख भाग से बीहड़ पहाड़ी प्रदेश की मनोरम झांकी मिलती है। इसके अदर मानसिंह का प्रासाद है जिसकी वास्तुशैली सर्वथा भारतीय है। इस शैली का प्रभाव अकबर के फतहपुर सीकरी के भवनों में देखा जा सकता है। गूजरी महल दुमजिला भवन है जिसका बाहरी भाग सादा और भव्य है। इस पर गुबद बने हैं और अदर एक प्रागण के चारों ओर प्रकोष्ठों की पक्ति है। दुर्ग के अन्य भवनों में करन मंदिर, विक्रम-मंदिर (तोमरों द्वारा निर्मित) तथा मुगलों के प्रासाद—जहांगीरी महल, शाहजहानी-महल आदि हैं। दुर्ग के बाहर औरगजेब के समय की एक मसजिद और अकबर के गुरु मु० गौस का मक़बरा स्थित है। पास ही अकबर के नवरत्नों में से एक तथा भारत के प्रसिद्ध सगीतज्ञ तानसेन की समाधि है। यहां से एक मील की दूरी पर रानी लक्ष्मीबाई की प्रसिद्ध समाधि है जो भारत के प्रथम स्वतन्त्रता

संग्राम में अंग्रेजों से वीरतापूर्वक लड़ती हुई मारी गई थी।

गहरवारपुरा=गौर (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

किंवदंती के अनुसार गहरवारपुरा को बुंदेला राजपूतों के पूर्वपुरुष हेमकरन या पंचम बुंदेला ने बसाया था। पंचम की मृत्यु 1071 ई० के लगभग हुई थी। बुंदेले गहरवार (ग्रहनिवार) क्षत्रिय थे।

गांगाणी (जिला जोधपुर, राजस्थान)

यह जैन तीर्थ है। यहां जैनों के प्राचीन मंदिर हैं।

गांधर्व द्वीप=पंचम द्वीप

गागरोण (राजस्थान)

चौहान-नरेशों के बनवाए हुए दुर्ग के लिए राजस्थान में यह स्थान प्रसिद्ध है।

गाजीपुर (उ० प्र०)

स्थानीय जनश्रुति के अनुसार इस नगर को राजा गाधिपुर ने बसाया था और इसका मूल नाम गाधिपुर था जो मुसलमानों के शासनकाल में—1352 ई० के लगभग मसूद गाजी के नाम पर गाजीपुर बन गया। बंगाल के गवर्नर जनरल लार्ड कार्नवालिस की मृत्यु इसी स्थान पर हुई थी (1805 ई०) और उसका संगमर्मर का मकबरा यहां का प्रसिद्ध स्मारक है। स्थानीय किंवदंती में गाजीपुर का प्राचीन नाम गर्जपतिपुर या गर्जपुर कहा जाता है।

गाधिपुर

कान्यकुब्ज या कन्नौज का एक प्राचीन नाम। सहेतमहेत या प्राचीन श्रावस्ती के एक अभिलेख से सूचित होता है कि गाधिपुराधिप गोपाल के पुत्र मदन के सचिव विद्याधर ने 1118 ई० में श्रावस्ती में एक बौद्ध-विहार का निर्माण करवाया था। इससे सूचित होता है कि गाधिपुर नाम वास्तव में मध्यकाल तक प्रचलित था—दे० कान्यकुब्ज।

गालव आश्रम (दे० गलता)

गांधीमठ=कोपबल

गिज्झकूट=गृध्रकूट

गिरजाक=गिरिव्रज।

रामायणकाल में केकय देश की राजधानी जिसका अभिज्ञान (जनरल कनिंघम द्वारा) झेलम नदी के तट पर स्थित जलालपुर नामक ग्राम से किया गया है (दे० गिरिव्रज)। जलालपुर का प्राचीन नाम गिरजाक कहा जाता है जो गिरिव्रज का अपभ्रंश हो सकता है। प्राचीन काल में इसे नगरहार भी कहते थे।

गिरधरपुर (जिला मथुरा, उ० प्र०)

इस ग्राम से 1929 म एक छोटा प्रस्तर स्तम प्राप्त हुआ था जिस पर कुशान नरेश महाराज हुविष्क क शासन के 28 वें वर्ष का एक सस्कृत अभिलेख उत्कीर्ण है जो इस प्रकार है —'सिद्ध सवत्सरे 208 गुर्प्पिय दिवसे अय पुण्यशाला प्राचिनीकनसरुकमान पुत्रेण खरासलेर पतिना वकनपतिना अक्षयनीवि दिन्नाततो वृद्धितोमासानुमास शुद्धस्य चतुर्दिशि पुण्यशालाय ब्राह्मणशत परिविपितव्य दिवसे दिवसे च पुण्यशालाय द्वारमूले धारिय साद्य सक्तुना आढका 3 लवणप्रस्थो 1, शकुप्रस्थो 1, हरित कलापकघटका3, मल्लका 5 एन अनाधान कृतेन दातव्य बुभुक्षितान पिबसितान यत्रात्र पुण्य त देवपुत्रस्य षाहिस्य हुविष्कस्य येषा च देवपुत्रो प्रिय तषामपि पुण्य भवतु सर्वापि च पृथिवीय पुण्य भवतु अक्षयनीविदिन्नाशकश्रेणीये पुराण शत 500,50 समितकरश्रेणी (ये च) पुराणशत 500,50' अर्थात् 'सिद्धि हो। 28वें वर्ष मे पौष मास के प्रथम दिन पूर्वदिशा की इस पुण्यशाला के लिए कनसरकमान के पुत्र खरासलेर तथा वकन के अधीश्वर के द्वारा अक्षयनीवि प्रदत्त की गई। इस अक्षयनीवि से प्रतिमास जितना ब्याज प्राप्त होगा उससे प्रत्यक मास की शुक्ल चतुर्दशी को पुण्यशाला मे सौ ब्राह्मणा को भोजन करवाया जाएगा तथा उसी ब्याज से प्रत्येक दिन पुण्यशाला के द्वार पर 3 आढक सत्तू, 1 प्रस्थ नमक, 1 प्रस्थ शकु, 3 घटक और 5 मल्लक हरी शाकभाजी—ये वस्तुएँ भूखे प्यासे तथा अनाथ लोगों म बाटी जाएगी। इसका जो पुण्य होगा वह देवपुत्र षाहिहुविष्क तथा उसके प्रशसको और सारे ससार के लोगो को होगा। अक्षयनीवि मे से 550 पुराण शक श्रेणी मे तथा 550 पुराण आटा पीसने वालो की श्रेणी मे जमा किए गए'। इस लेख से कुषाण-कालीन उत्तरी भारत की सामाजिक, आर्थिक तथा नैतिक अवस्था पर अच्छा प्रकाश पड़ता है। इससे सूचित होता है कि उस समय श्रमिको तथा व्यावसायिको के सघ बैंकों का भी काम करते थे। इस अभिलेख मे तत्कालीन लोगो की नैतिक या धार्मिक प्रवृत्ति की भी झलक मिलती है।

गिरनार (जिला जूनागढ, काठियावाड, गुजरात)

प्राचीन नाम गिरिनगर। महाभारत मे उल्लिखित रैवतक पर्वत की क्रोड में बसा हुआ प्राचीन तीर्थस्थल। पहाडी की ऊची चोटी पर कई जैन मदिर हैं। यहा की चढाई बडी कठिन है। गिरिशिखर तक पहुचने के लिए सात हजार सीढिया हैं। इन मदिरो म सर्व प्राचीन, गुजरात-नरेश कुमारपाल के समय का बना हुआ है। दूसरा वस्तुपाल और तेजपाल नामक भाइयों ने बनवाया था। इसे तीर्थंकर मल्लिनाथ का मदिर कहते हैं। यह विक्रम सवत् 1288=1237

ई० में बना था। तीसरा मंदिर नेमिनाथ का है जो 1277 ई० के लगभग तैयार हुआ था। यह सबसे अधिक विशाल और भव्य है। प्राचीन काल में इन मंदिरों की शोभा बहुत अधिक थी क्योंकि इनमें सभामंडप, स्तंभ, शिखर, गर्भगृह आदि स्वच्छ संगमर्मर से निर्मित होने के कारण बहुत चमकदार और सुंदर दीखते थे। अब अनेकों बार मरम्मत होने से इनका स्वाभाविक सौंदर्य कुछ फीका पड़ गया है। पर्वत पर दत्तात्रेय का मंदिर और गोमुखी गंगा है जो हिंदुओं का तीर्थ है। जैनों का तीर्थ गजेंद्र पदकुंड भी पर्वत शिखर पर अवस्थित है। गिरनार में कई इतिहास प्रसिद्ध अभिलेख मिले हैं। पहाड़ी की तलहटी में एक बृहत् चट्टान पर अशोक की मुख्य धर्मलिपियां 1-14 उत्कीर्ण हैं जो ब्राह्मीलिपि और पाली भाषा में हैं। इसी चट्टान पर क्षत्रप रुद्रदामन का, लगभग 120 ई० में उत्कीर्ण, प्रसिद्ध संस्कृत अभिलेख है। इसमें पाटलिपुत्र के चंद्रगुप्तमौर्य तथा परवर्ती राजाओं द्वारा निर्मित तथा जीर्णोद्धारित सुदर्शन झील और विष्णु मंदिर का सुंदर वर्णन है। यह लेख संस्कृत काव्यशैली के विकास के अध्ययन के लिए महत्त्वपूर्ण समझा जाता है। यह अभिलेख इस प्रकार है—'सिद्धम्। इदं तडाकं सुदर्शनं गिरिनगरादपि दूर—मृत्तिकोपलविस्तारायामोच्छ्रयनिःसंधिबद्धदृढसर्व-पालीकत्वात् पर्वतपादप्रतिस्पर्धि सुश्लिष्टबंध—मवजातेनाकृत्रिमेण सेतुबन्धेनोप-पन्नं सुप्रतिविहित प्रणालीपरीवाहमीढविधानं च त्रिस्कंध नादिभिरनुग्रहै र्महत्युपचये वर्तते। तदिदं राज्ञो महाक्षत्रपस्य सुगृहीतनाम्नः स्वामिचष्टनपौत्रस्य राज्ञः क्षत्रपस्य जयदाम्नः पुत्रस्य राज्ञो महाक्षत्रपस्य गुरुभिरभ्यस्तनाम्नो रुद्रदाम्नो वर्षे द्विसप्ततितमे 702 मार्गशीर्ष बहुल प्रतिपदायां सृष्टवृष्टिना पर्जन्येनैका-र्णवभूतायामिव पृथिव्यां कृतायां गिरेरूर्जयतः सुवर्णसिकतापलाशिनीप्रभृतीनां नदीनामतिमात्रोद्वृत्तैर्वेगैः सेतुम—यमाणा—नुरूप प्रतिकारमपि—गिरिशिखर तरु-तटाट्टाल कोपतल्प द्वारशरणोच्छ्रय विध्वंसिना युगनिधनसदृशपरमघोरवेगेन वायुना प्रमथित सलिल विक्षिप्त जर्जरी कृताव क्षिप्ताश्म वृक्षगुल्म लताप्रतान मानदी तलादित्युद्घाटित मासीत्। चत्वारि हस्तशतानि विंशदुत्तराण्यायतेनैता-वन्त्येव विस्तीर्णेन पंच सप्तहस्तानवगाढेन भेदेन नि सृत सर्व तोयं मरुधन्वकल्प मतिभृश दुर्दर्शनं—स्यार्थे मौर्यस्य राज्ञः चन्द्रगुप्तस्य राष्ट्रियेण वैश्येन पुष्यगुप्तेन कारितमशोकस्य मौर्यस्य कृते यवनराजेन तुषास्फेनाधिष्ठाय प्रणाली भिरलंकृत तत्कारितया च राजानुरूप कृतविधानया तस्मिन् भेदे दृष्टया प्रणाड्या विस्तृत सेतुणा गर्भात प्रभृत्यविहित समुदित राजलक्ष्मी धारणागुणत सर्ववर्णैरभिगम्य रक्षणार्थं पतित्वे वृतेना प्राणोच्छ्वासात् पुरुषवध निवृत्ति कृतसत्यप्रतिज्ञेनान्यत्र संग्रामेष्वभिमुखागत सदृश शत्रु प्रहरण वितरण त्वाविगुण रिपु—घृतकारुण्येन

गिरिकड पर्वत (लका)

महावश 10,27-28 । यह पर्वत अनुराधापुर से 15 मील दक्षिण मे कहगल नामक पहाडी के पास स्थित था । कहगल प्राचीन कास पर्वत है ।

गिरिकर्णिका

गुजरात की साबरमती नदी, दे० पद्मपुराण—उत्तर० 52 । साबरमती का यह नाम सौंदर्य-बोध की दृष्टि से बहुत ही सुदर है । पर्वत की कर्णिका या कान मे पहनने की बाली के समान—यह नदी का विशेषण हमारे प्राचीन साहित्यकारो एव भौगोलिको की सौंदर्यमयी दृष्टि का अच्छा परिचायक है ।

गिरिकोट्टूर=कोट्टूरगिरि

गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति के अनुसार गिरिकोट्टूर के राजा स्वामिदत्त को समुद्रगुप्त ने अपने दक्षिण भारत के अभियान के प्रसग मे परास्त किया था—'कौसलक महेद्र गिरिकोट्टूरक स्वामीदत्त—प्रभृति सर्वदक्षिणा पथ राजा ग्रहणमोक्षानुग्रहजनित प्रतापोन्मिश्र महाभाग्यस्य—' । इसका अभिज्ञान वर्तमान कोठूर, जिला गजम उडीसा से किया गया है ।

गिरिधन (महाराष्ट्र)

बेसीन से $4\frac{1}{2}$ मील दूर गिरिधन नामक पहाडी है जो प्राचीन गुहा मदिर के लिए उल्लेखनीय है । यह सोपारा या प्राचीन शूर्परिक के निकट स्थित है ।

गिरिनगर (जिला जूनागढ)

वर्तमान गिरनार का ही प्राचीन नाम है । इसका उल्लेख रुद्रदामन् के प्रसिद्ध अभिलेख मे है—'इद तडाक सुदर्शन गिरिनगरादपि—(दे० गिरनार) ।

गिरिव्रज

(1) रामायणकाल मे कैकय देश की राजधानी (गिरिव्रज का शाब्दिक अर्थ पहाडियो का समूह है) । इसे राजगृह भी कहते थे—'उभयौ भरतशत्रुघ्नौ केकयेषु परतपौ, पुरे राजगृहे रम्य मातामहनिवेशने' वाल्मीकि० अयो० 67,7 । 'गिरिव्रज पुरवर शीघ्रमासेदुरजसा'—अयो० 68, 22 । गिरिव्रज का अभिज्ञान जनरल-कनिंघम ने झेलम नदी के तट पर बसे हुए गिरजाक अथवा जलालपुर कस्बे (प० पाकि०) से किया है । जलालपुर का प्राचीन नाम नगरहार भी था ।

(2) मगध की प्राचीन राजधानी जिसे राजगृह भी कहते थे । कैकय के गिरिव्रज से इस गिरिव्रज को भिन्न करने के लिए इसे मगध का गिरिव्रज कहते थे (दे० सेक्रेड बुक्स ऑव दी ईस्ट-13, पृ० 150) । वाल्मीकि बाल० 1,38-39 म गिरिव्रज की पाच पहाडियों का उल्लेख है—'चक्रेपुरवरराजा

वसुर्नाम गिरिव्रजम् । एषा वसुमती तात वसोस्तस्य महात्मनः, एते शैलवरा पंच प्रकाशन्ते समन्ततः'।—इस उल्लेख के अनुसार इस नगर को वसु नामक राजा ने बसाया था। महाभारत काल में गिरिव्रज में मगधनरेश जरासंध की राजधानी थी—'तेने रुद्धा हि राजानः सर्वे जित्वा गिरिव्रजे'—महा० सभा० 14,63 अर्थात् जरासंध ने सब राजाओं को जीतकर गिरिव्रज में क़ैद कर लिया है। 'भ्रामयित्वा शतगुणमेकोन येन भारत, गदाक्षिप्ता बलवता मागधेन गिरिव्रजात्'—महा० सभा० 19,23 अर्थात् श्रीकृष्ण के ऊपर आक्रमण करने के लिए बलवान् मगधराज जरासंध ने अपनी गदा निन्यानवे बार घुमाकर गिरिव्रज से (99 योजन दूर मथुरा की ओर) फेंकी (दे० गदावसान)। संभवत मगध का गिरिव्रज, केकय के इसी नाम के नगर के निवासियों द्वारा रामायणकाल के पश्चात् बसाया गया होगा। सौंदरनंद 1,42 में कपिलवस्तु की तुलना अश्वघोष ने गिरिव्रज से की है—'सरिद्विस्तीर्णपरिखं स्पष्टाचितमहापथम्, शैलकल्पमहावप्रं गिरिव्रजमिवापरम्'। इसके अन्य नाम राजगृह, मगधपुर, बार्हद्रथपुर, बिंबिसारपुरी, वसुमती आदि प्राचीन साहित्य मे प्राप्त हैं—(दे० राजगृह)।

गिरी

यमुना की सहायक नदी जिसका पुराणों मे वर्णन है। यह हिमालय के चूर पर्वत से निकल कर राजघाट में यमुना में मिलती है (जर्नल ऑव एशियाटिक सोसायटी, बंगाल, जिल्द 11,1842 पृ० 364)।

गिर्णा

सह्याद्रि से निस्सृत एक नदी जो खानदेश में चोपडा के पास ताप्ती म मिलती है।

गिहलौट (उदयपुर, राज०)

मध्यकाल मे, चित्तौड के निकट अर्वली-पर्वत की घाटी में बसा हुआ एक अतिप्राचीन स्थान जो बाद में उदयपुर कहलाया। मेवाड की प्राचीन जनश्रुतियों के अनुसार मेवाड-नरेशो के पूर्वज बप्पारावल ने चित्तौड को विजय करने के पूर्व इसी स्थान के निकट कुछ समय तक अज्ञातवास किया था। गहलौट राजपूतों का आदि निवासस्थान भी यहीं था। इस स्थान का नामकरण गुहिल जाति के यहा मूलरूप से निवास करने के कारण हुआ था। बप्पा का संबंध बचपन में इन्हीं लोगो से रहा था (गुहिल=गुह)। 1567 ई० मे जब अकबर ने चित्तौड पर आक्रमण किया तो महाराणा उदयसिंह राजधानी छोड कर गिहलौट में जाकर रहे थे। उन्होंने प्रारंभ में यहां एक

पहाडी पर सुंदर प्रासाद का निर्माण करवाया था। धीरे-धीरे कई और महल भी यहा बनवाए गए और यहा के निवासियो की सख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी और इस जगली ग्राम ने शीघ्र ही एक सुदर नगर का रूप धारण कर लिया। इसी का नाम कुछ समय के पश्चात् उदयसिंह के नाम पर उदयपुर हुआ और मेवाड राज्य की राजधानी चित्तौड से हटा कर नए नगर मे बनाई गई।

गुड (गुजरात)

क्षत्रप रुद्रसिंह (क्षत्रप रुद्रदामन् का वंशज) के शासनकाल (181 ई०) का एक अभिलेख इस स्थान से प्राप्त हुआ है। इसमे आभीर सेनापति रुद्र-भूति द्वारा एक तडाग के निर्मित किए जाने का उल्लेख है।

गुंडगिरि

सिंध, (प० पाकि०) मे स्थित प्राचीन जैन तीर्थ (दे० एशेंट जैन हिम्स, पृ० 56)।

गुजरांवाला (प० पाकि०)

पजाब-केसरी महाराज रणजीतसिंह के जन्मस्थान के रूप मे इस नगर की ख्याति है। इनका जन्म 1780 ई० मे हुआ था।

गुजर्रा (जिला दतिया, म० प्र०)

1924 मे इस स्थान से अशोक का एक शिलाभिलेख प्राप्त हुआ था जो बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। अशोक के तब तक प्राप्त अभिलेखो या धर्मलिपियो मे केवल मासकी के अभिलेख मे ही अशोक का नाम देवाना प्रिय की उपाधि के साथ मिला था। शेष मे सर्वत्र केवल देवानांप्रियदर्शी की उपाधि का ही उल्लेख है, नाम का नही। गुजर्रा मे प्राप्त नए अभिलेख मे, जो बैराट, सहसराम, रूपनाथ, यरागुडी, राजुलमडगिरि और ब्रह्मगिरि तथा मासकी के अभिलेख की ही एक प्रति है, अशोक का नाम उपाधि सहित दिया हुआ है—'देवानां पियसपियदसिनो असोक राजस'। इस प्रति के प्राप्त होने से इस अभिलेख के कई सशयग्रस्त पाठ स्पष्ट हो गए हैं। इसका मुख्य विषय है—अशोक के 256 दिन की धर्मयात्रा तथा बौद्धधर्म के प्रचार के लिए उसका अनथक प्रयास। जिस चट्टान पर यह लेख अकित है वह गुजर्रा के निकट एक वन मे अवस्थित है।

गुडीव दे० सेम

गुड़गांव (हरियाणा)

कहा जाता है कि कौरव-पाडवो के गुरु द्रोणाचार्य के नाम पर यह स्थान गुरग्राम या गुडगाव कहलाता है। ऐसी जनश्रुति है कि यहा उनका आश्रम था। द्रोणाचार्य का मदिर भी गुड़गांव मे है।

गुह देश

11वीं शती के अरब लेखक अलबरूनी के भारत-यात्रा-वृत्त में इस देश का उल्लेख है। यह संभवतः थानेसर (स्थानेश्वर) का ही एक नाम था।

गुरीहट्नूर (जिला आदिलाबाद, आ० प्र०)

यहां 17वीं शती का एक मंदिर अवस्थित है जो हेमाडपंथी शैली में बना हुआ है। एक प्रागैतिहासिक श्मशान के चिन्ह भी यहां मिले हैं।

गुणमती (बिहार)

जिला गया (बिहार) की जहानाबाद तहसील में स्थित प्राचीन बौद्ध विहार। इसका युवानच्वांग ने उल्लेख किया है। यहां एक मंदिर में अवलोकितेश्वर की मूर्ति स्थित है। इसे अब भैरव की मूर्ति कहा जाता है (प्रियर्सननोट्स ऑन दि डिस्ट्रिक्ट ऑव गया)।

गुणीर (जिला फतहपुर, उ० प्र०)

गंगा के किनारे एक टीले पर बसा हुआ छोटा सा ग्राम है किंतु आसपास के विस्तृत खंडहरों से विदित होता है कि यह स्थान प्राचीन काल में बहुत संपन्न रहा होगा। हाल ही में, तुलसीदास के समकालीन सत्कवि लक्षदास की पुरानी जीर्ण शीर्ण कुटी का यहां पता लगा है। लोक-वार्ता के अनुसार *गोस्वामी तुलसीदास लक्षदास से मिलने गुणीर आए थे। लक्षदास कृष्णायन* नामक काव्य के रचयिता थे। यह ग्रंथ अभी हाल में प्रकाश में आया है।

गुत्तहाल (लंका)

महावंश 24, 17। महागाम से 34 मील उत्तर की ओर वर्तमान बुत्तल।

गुरदासपुर (पंजाब, उ० प्र०)

यहां के किले में रहते हुए सिखों के वीर नेता बंदा वैरागी ने मुगल-सम्राट् फर्रुखसियर की सेनाओं का डटकर सामना किया था। फर्रुखसियर ने बंदा को दबाने के लिए कश्मीर से तूरमानी सूबेदार अब्दुलसमद को भेजा था जिसने गुरदासपुर के किले को नौ मास तक घेर रक्खा था। बंदा और उसके वीर साथी किले के भीतर से मुगलों का मुकाबला करते रहे किंतु रसद चुक जाने पर विवश हो गए और अंत में उन्हें आत्मसमर्पण करना पड़ा। *बंदा को पकड़ कर दिल्ली ले जाया गया जहां इस वीर का पैशाचिक क्रूरता* के साथ वध कर दिया गया।

गुराबली घाट (जिला इलाहाबाद, उ०प्र०)

प्रयाग से दक्षिण की ओर यमुना का एक घाट। स्थानीय लोक श्रुति के अनुसार श्रीरामचन्द्रजी ने वनवास-यात्रा के लिए प्रयाग से चित्रकूट जाते समय

यमुना को इसी स्थान पर पार किया था।

गुरीला गिरि (म० प्र०)

चंदेरी से नौ मील पूर्वोत्तर। यहां अनेक प्राचीन जैन मंदिरों के खंडहर विस्तृत क्षेत्र को घेरे हुए हैं।

गुरग्राम=गुड़गांव

गुरपादगिरि (ज़िला गया, बिहार)

बौद्ध गया से 100 मील दूर है। यहां काश्यप बुद्ध महाकाश्यप ने निर्वाण प्राप्त किया था। इसे आजकल गुरपा पहाड़ी कहते हैं। इसका दूसरा नाम कुक्कुटपादगिरि था।

गुरेज (दे० बरद)

गुर्गे (ज़िला आदिलाबाद, आं० प्र०)

यहां प्रागैतिहासिक काल के श्मशान के चिह्न (पत्थरों के घेरे के रूप में) विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इसी प्रकार के प्रागैतिहासिक पत्थरों के घेरे (Stonehenge) अन्य देशों—ब्रिटेन आदि में भी मिले हैं।

गुर्गी (ज़िला रीवा, म० प्र०)

रीवा से प्राय बारह मील पर्व की ओर स्थित है। एक ऊंचे टीले पर कलचुरि नरेशों के समय के भग्नावशेष प्राप्त हुए हैं। यहां से प्राप्त एक प्राचीन कलापूर्ण तोरण, रीवा के राजमहल में ले जाया गया था। इसके स्त ो तथा शीर्ष पाषाणों (सिरदलों) पर अनेक सुन्दर मूर्तियां खुदी हुई हैं। इनमें से एक पर शिव की बारात का मनोहर दृश्य मूर्तिकारी के रूप में अंकित है। युवराजदेव प्रथम के काल में बने हुए एक विशाल मंदिर के खंडहरों से 12 फुट×5 फुट परिमाप के प्रस्तर खंड पर शयनमुद्रा में अंकित शिवपार्वती की एक सुन्दर मूर्ति प्राप्त हुई है।

गुलबर्गा (मैसूर)

प्राचीन नाम कलबुर्गी है। यह नगर दक्षिण के बहमनी नरेशों के समय में प्रसिद्ध हुआ। यहां एक प्राचीन सुदृढ दुर्ग स्थित है जिसके अन्दर एक विशाल मसजिद है जो 1347 ई० में बनी थी। यह 216 फुट लम्बी और 176 फुट चौड़ी है। इसके अन्दर कोई आंगन नहीं है वरन् पूरी मसजिद एक ही छत के नीचे है। कहा जाता है कि यह भारत की सबसे बड़ी मसजिद है। इसकी बनावट में स्पेन नगर के कोरडावा की मसजिद की अनुकृति दिखलाई पड़ती है। अन्दर से यह प्राचीन गिरजाघरों से मिलती-जुलती है। इसका एक सुदीर्घ गुंबद है जिसके चारों तरफ छोटे-छोटे गुंबद हैं। मुसलिम संत ख्वाजा बदा-

नवाज की दरगाह (निर्माण 1640 ई०) भी गुलबर्गा का प्रसिद्ध स्मारक है। इसका गुम्बद प्राय. अस्सी फुट ऊंचा है। दरगाह के अन्दर नक्कारखाना, सराय, मदरसा और औरगजेब की मसजिद है। बहमनी सुलतानों के मकबरे भी यहा स्थित हैं। गुलबर्गा के ऐतिहासिक मन्दिरो मे वासवेश्वर का मदिर 19वीं शती की वास्तुकला का सुन्दर उदाहरण है। श्री वासवेश्वर (शरन बसप्पा) का जन्म आज से प्राय. सवा सौ वर्ष पूर्व गुलबर्गा जिले मे स्थित अरलगुन्दागी नामक ग्राम मे हुआ था। यह बचपन ही से सन्त स्वभाव के व्यक्ति थे। 35 वर्ष की आयु मे इन्होने सन्यास ले लिया किन्तु बाद मे वे गुलबर्गा मे रहकर जीवन भर जनता-जनार्दन की सेवा में लगे रहे और उन्होंने मानवमात्र की सेवा को ही अपने धार्मिक विचारों का केन्द्र बना लिया। मार्च मास मे इनके समाधि-मन्दिर पर दूर दूर से लोग आकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। गुलबर्गा के अन्य ऐतिहासिक स्मारक ये हैं—हसनगगू का मकबरा (हसनगगू ने ही बहमनी वश की नींव डाली थी), महमूदशाह का मक़बरा, अफजलखा की मसजिद, लगर की मसजिद, चादबीबी का मक़बरा, सिद्दी मबर का मक़बरा, चोर गुबद, कलन्दरखा की मसजिद व इन्हीं का मक़बरा। *चादबीबी का मकबरा बीजापुर की शैली मे बना हुआ है और स्वय उसी का* बनवाया हुआ है किन्तु चादबीबी की कब्र उसमे नहीं है। चोर गुबद की भूमिगत भूलभुलैया में पिछले जमाने मे चोर-डाकुओ ने अड्डा बना लिया था। इसी भवन मे कन्फेशन्स ऑफ-ए-ठग का प्रसिद्ध लेखक मीडोज टेलर भी ठहरा था। लगर की मसजिद की छत हाथी की पीठ की भांति दिखाई देती है और बौद्ध चैत्यों की अनुकृति जान पडती है।

गुलमर्ग (कश्मीर)

कश्मीर का प्रसिद्ध पर्वतीय स्थान। रानी का मन्दिर चीनी-बौद्ध शैली में निर्मित है। मन्दिर अपेक्षाकृत नवीन होते हुए भी कश्मीर की पुरानी वास्तुकला का उदाहरण है। गुलमर्ग मुग़ल बादशाहों, विशेषकर जहाँगीर का, प्रिय क्रीडा-स्थल था।

गुलशनाबाद

(1) सादापुर वेद्क (आन्ध्र प्रदेश) का नाम गोलकुण्डा के सुलतानों के समय में गुलशनाबाद कर दिया गया था।

(2)=नासिक (महाराष्ट्र)। कहा जाता है कि जब मुसलमानों ने नासिक पर आक्रमण किया तो इस प्राचीन तीर्थ का नाम बदलकर उन्होंने गुलशनाबाद कर दिया किन्तु नया नाम अधिक समय तक नही चला और प्राचीन

नाम नासिक बराबर प्रचलित रहा ।

गुलेर (कांगड़ा, हि० प्र०)

कांगड़ा स्कूल की चित्रकला में गुलेर का विशेष महत्व है । वास्तव में इस शैली का जन्म 18वीं शती में गुलेर तथा निकटवर्ती स्थानों में हुआ था । बसौली के प्रसिद्ध चित्रकला-प्रेमी नरेश कृपालसिंह की मृत्यु के पश्चात् उनके दरबार के अनेक कलावंत अन्य स्थानों में चले गये थे । गुलेर में कृपालसिंह के समान ही राजा गोवर्धनसिंह ने अनेक चित्रकारों को प्रश्रय तथा प्रोत्साहन दिया । बसौली शैली की परंपरा गुलेर में पहुंचकर कोमल हो गई और कांगड़ा शैली के विशिष्ट गुण—मृदुसौन्दर्य का धीरे-धीरे गुलेर के वातावरण में विकास होने लगा किन्तु अब भी रंगों की चमक-दमक पर कलाकार अधिक ध्यान देते थे । किन्तु इस शैली का पूर्ण विकास गुलेर के मुगल चित्रकारों ने किया जो इस नगर में दिल्ली से नादिरशाह के आक्रमण (1739) के पश्चात् आकर बस गए थे । गुलेर की एक राजकुमारी का विवाह गढ़वाल में होने के कारण कांगड़ा शैली की चित्रकला गढ़वाल भी जा पहुंची ।

गुहारण्य (मैसूर)

हरिहर (बंगलौर-पूना मार्ग पर) ही प्राचीन पौराणिक गुहारण्य है । इसी स्थान पर भगवान् विष्णु ने गुह नामक राक्षस का वध किया था ।

गूजडू गढ़ (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

गढ़वाल की एक प्राचीन गढ़ी जहां पुराने महलों के खंडहर आज भी देखे जा सकते हैं ।

गूजरवाड़ा

उन्नीसवीं शती ई० में उ०प्र० के मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और बिजनौर जिलों के कुछ भागों को गूजरवाड़ा कहते थे क्योंकि इनमें गूजरों की अनेक बस्तियां थी । ये लोग सैनिक होते हुए भी लूटमार करते थे ।

गृध्रकूट

राजगृह (बिहार) के निकट एक पर्वत जिसकी गुफा में गौतमबुद्ध वर्षाकाल व्यतीत किया करते थे । पहाड़ी पर अनेक रहने के स्थान आज भी बने हैं । गृध्रकूट, राजगृह की पांच पहाड़ियों में से है जिनका नामोल्लेख पाली ग्रंथों में है । इसे पाली में गिज्झकूट कहा गया है । एक पाली ग्रन्थ में बुद्ध ने राजगृह के जिन स्थानों को सुन्दर तथा सुखदायक बताया है उनमें गृध्रकूट भी है । महाभारत में राजगृह की जिन पांच पहाड़ियों के नाम हैं उनमें गृध्रकूट का नाम नहीं है । दे० राजगृह ।

गेटोर (राजस्थान)

प्राचीन राजाओं की समाधि छतरियाँ यहाँ के उल्लेखनीय स्मारक हैं। ये राजस्थान की प्राचीन वास्तुकला के सुन्दर उदाहरण हैं।

गेड्रोशिया

मकरान (प० पाकिस्तान) का यूनानी नाम। रोम के इतिहास के प्रसिद्ध विद्वान लेखक गिबन ने भी गेड्रोशिया का मकरान से अभिज्ञान किया है। संभवतः यह नाम मकरान के प्राचीन बंदरगाह ग्वादूर (मत्स्य—बन्दर) का रूपांतर है। ग्वादूर अलक्षेंद्र के आक्रमण के समय तथा उसके पूर्व से ही इस प्रदेश का बंदरगाह था। अलक्षेंद्र पंजाब से यूनान वापस जाते समय मकरान के मार्ग *से ही गया था। यूनानी लेखकों के वृत्तांत से सूचित होता है कि गेड्रोशिया* निवासी मत्स्यभक्षक (ichthyophagoi) थे तथा इस समुद्रतट पर ह्वेल मछलियाँ बहुतायत से मिलती थीं। इनकी हड्डियों से यहाँ के निवासी घर बनाते थे और इसके विशाल जबड़ों से दरवाजों का काम लेते थे।

गोआ

पश्चिमी समुद्र तट पर स्थित भूतपूर्व पुर्तगाली बस्ती जो 1961 से भारत का अभिन्न अंग बन गई है। गोआ अतिप्राचीन नगर है। इसका उल्लेख पुराणों तथा अन्य प्राचीन ग्रंथों में प्राप्त है जहाँ इसके कई नाम मिलते हैं—जैसे गोव, गोपपुरी, गोराष्ट्र, गोपकपत्तन और गोमंतक। गोआ के इतिहास से विदित होता है कि यहाँ दक्षिण के प्रसिद्ध कदंब नामक राजवंश का अधिकार द्वितीय शती ई० से 1312 ई० तक था। तत्पश्चात् उत्तरी भारत से आने वाले *मुसलमान आक्रमणकारियों ने इस पर आधिपत्य स्थापित* कर लिया। उनका राज्य यहाँ 1370 ई० तक रहा जब गोआ विजयनगर साम्राज्य के अंतर्गत कर लिया गया। 1402 ई० में बहमनी राज्य के विघटित हो जाने पर यूसुफ आदिलशाह ने गोआ को बीजापुर रियासत में मिला लिया। इस समय गोआ की गणना पश्चिमी समुद्र तट के प्रसिद्ध व्यापारिक केंद्रों में होती थी। विशेष *कर हुरमुज (ईरान) से भारत आने वाले इरानी घोड़े गोआ के बंदरगाह पर* ही उतरते थे। हज यात्रियों के अरब जाने के लिए भी यही बंदरगाह था। इस समय व्यापारिक महत्त्व की दृष्टि से केवल कालीकट को ही गोआ के समकक्ष समझा जाता था। अरब भौगोलिकों ने गोआ को सिंदबूर या सन्दाबूर नाम से लिखा है। पुर्तगाली इसे गोवा ही कहते थे। 1498 ई० में पुर्तगाली नाविक वास्कोडिगामा के कालीकट पर उतरने के पश्चात् पुर्तगालियों ने भारत के पश्चिम तटवर्ती अनेक स्थानों पर अधिकार कर लिया। 1510 ई० में पुर्तगालों

गवर्नर अलबुकर्क ने इस नगर पर आक्रमण करके उसे हस्तगत कर लिया। यूसुफ आदिलशाह के बारबार पुर्तगालियो से मोर्चा लेते रहने पर भी अत मे गोआ पुर्तगालियो के कब्जे मे आ गया। इसी काल में इन लोगो का भारत के पश्चिमी-तट के अनेक स्थानों पर अधिकार हो गया किंतु उन्हे डच, अंग्रेजो तथा मराठो का सामना करना था। पुर्तगाली बस्तियो पर 1603 ई० मे डचो ने हमला किया। 1683 ई० मे शिवाजी के पुत्र शभाजी ने सालसट इत्यादि स्थानो पर आक्रमण करके पुर्तगालियो को बहुत हानि पहुचाई। 1739 ई० मे मराठा सरदार चिमनाजी आपा ने पुर्तगाली राज्य पर जोर का आक्रमण किया और उसका अधिकांश जीत लिया। इसका एक भाग तत्पश्चात् अंग्रेजो के हाथ मे चला गया। गोआ पुर्तगाल की अवशिष्ट बस्तियो मे से था और यह स्थिति 1961 तक रही जब भारत ने अपने इस अभिन्न अग को साढे चार सौ वर्ष के विजातीय शासन के पश्चात् पुन: अपना लिया।

गोकर्ण (मैसूर)

गगवती-समुद्र सगम पर, हुबली से सौ मील दूर, उत्तर कनारा क्षेत्र मे स्थित एक प्राचीन शैव तीर्थ है। महाभारत आदि० 216,34-35 में इसका उल्लेख अर्जुन की वनवास-यात्रा के प्रसग मे इस प्रकार है—'आद्य पशुपते स्थान दर्शनादेव मुक्तिदम्, यत्र पापोऽपि मनुज: प्राप्नोत्यभय पदम्'। पांडवो की तीर्थयात्रा के प्रसग मे पुन: गोकर्ण का वर्णन वन० 85,24-29 मे है—'अथ गोकर्णमासाद्य त्रिषु लोकेषु विश्रुतम्, समुद्र मध्ये राजेन्द्र सर्वलोक नमस्कृतम्'—। वन० 88,14-15 मे गोकर्ण का पुन: उल्लेख है और इसे ताम्रपर्णी नदी के पास माना है—'ताम्रपर्णी तु कौन्तेय कीर्तयिष्यामि तां शृणु यत्र देवैस्तपस्तप्त महदिच्छद्भिराश्रमे गोकर्ण इति विख्यातस्त्रिषु लोकेषु भारत'। यहा अगस्त्य के शिष्य तृणसोमाग्नि का आश्रम था (वन० 88,17)। कालिदास ने रघुवंश 8,33 मे भी गोकर्ण को दक्षिण समुद्र तट पर स्थित लिखा है—'अथरोधसि दक्षिणोदधे: श्रितगोकर्ण निकेतमीश्वरम्, उपवीणयितु ययौ रवेरुदयावृत्तिपथेन नारद'। इस उल्लेख में गोकर्ण को शिव का निकेत अथवा गृह बताया गया है।

गोकर्णेश्वर (जिला मथुरा, उ० प्र०)

मथुरा से दो मील उत्तर में यमुना किनारे एक प्राचीन स्थान है जहां कुषाणकाल मे एक देवकुल था। यहा से कई कुषाण-सम्राटो की मूर्तियां प्राप्त हुई हैं जिनका अभिज्ञान अभी तक संदिग्ध है।

गोकामुख

श्रीमद्भागवत 5,19,16 में पर्वतो की सूची मे गोकामुख का भी उल्लेख

है—'रैवतक: ककुभोनीलोगोकामुख इन्द्रकील· कामगिरिरिति—'। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है किंतु प्रसंगानुसार यह दक्षिण भारत का कोई पर्वत शिखर जान पड़ता है।

गोकुल (जिला मथुरा, उ० प्र०)

मथुरा के सामने यमुना के दूसरे तट पर बसा हुआ है। वसुदेव ने कृष्ण को, मथुरा में उनके जन्म के तुरन्त पश्चात, कंस से उनकी रक्षा करने के लिए, गोकुल में नंद-यशोदा के घर पहुंचा दिया था। गोकुल में कृष्ण का प्रारंभिक बाल्यपन बीता। तत्पश्चात् कंस के उत्पातों से बचने के लिए नंद उनको लेकर वृंदावन में जाकर बस गए। गोकुल का प्राचीन संस्कृत साहित्य में अनेक स्थानों पर वर्णन है। हरिवंशपुराण में श्रीकृष्ण की कथा में इसका उल्लेख है। श्रीमद्भागवत के दशमस्कंध में गोकुल का अनेकों बार नंद के ग्राम के रूप में उल्लेख है—'नन्दो वैवाधिको दत्तो राज्ञे दृष्ट्वा वय च व, नेह स्थेय बहुतिय सन्त्युत्पानाश्च गोकुले। इति नदादयो गोपा प्रोक्तास्ते शौरिणा ययु, अनोभिरनडुद्युक्तैस्तमनुज्ञाप्य गोकुलम्' 10,6,31-32। विष्णुपुराण में भी कृष्ण के बचपन के निवास-स्थान के रूप में गोकुल का वर्णन है—'विवेश गोकुल गोपीनेत्रपानैक भाजनम्'—5,16,28। 'अक्रूरोगोकुल प्राप्त. किंचित् सूर्ये विराजति' 5,17,18। गोकुल के मथुरा के सन्निकट बसा होने के कारण इसका इतिहास बहुत कुछ मथुरा के इतिहास से शृंखलाबद्ध रहा है (दे० मथुरा), किंतु फिर भी इतिहास की लंबी अवधि में गोकुल का पृथक् रूप से नामोल्लेख या निर्देश भी कभी-कभी मिलता है। कहा जाता है कि क्लीसोबोरा नामक जिस स्थान का वर्णन मेगेस्थनीज ने किया है वह कृष्णपुर या केशवपुर का ही ग्रीक रूपांतर है और यह शायद गोकुल का ही अभिधान हो। गुप्तकाल में मथुरा की भांति गोकुल में भी बौद्धधर्म का काफी प्रभाव था। चीनी यात्री फाह्यान (लगभग 400 ई०) ने लिखा है कि यूना (—यमुना) नदी के दोनों ओर बीस संघाराम हैं जिनमें तीन सौ भिक्षु निवास करते हैं। युवानच्वांग ने सातवीं शती में मथुरा का वर्णन किया है और उसने यहां के निवासियों को विद्याप्रेमी और कोमल स्वभाव का बताया है। गोकुल का अलग से उल्लेख उसने नहीं किया है किंतु उसके मथुरा के वर्णन से जान पड़ता है कि गोकुल में भी इस समय बौद्धधर्म का जोर रहा होगा। फिर भी गुप्तकाल में हिन्दूधर्म का पुनरुत्थान प्रारम्भ हो गया था और धीरे-धीरे मथुरा, गोकुल आदि नवीन हिन्दूधर्म के प्रभावशाली केन्द्र बनते जा रहे थे। 1017 ई० में, जब महमूद गजनवी ने मथुरा पर आक्रमण किया, गोकुल भी मथुरा

की ही भांति वैष्णवतीर्थ था किन्तु शायद यहां बड़े विशाल मंदिर न होने के कारण यह आक्रमणकारी की दृष्टि से बाहर रहा और उसके बर्बर कृत्यों का शिकार होने से बच गया। सिकन्दरलोदी के समय में होने वाले मथुरा के घोर विध्वंस के समय भी गोकुल शायद अपनी अप्रसिद्धि के कारण ही बचा रहा। औरंगजेब के जमाने में भी जब मथुरा के शासक अब्दुल नबी ने यहां के प्रसिद्ध मंदिर को तोड़ा तो गोकुल उसकी वक्र दृष्टि से बचा रहा। 1757 ई० में अहमदशाह अब्दाली ने मथुरा पर आक्रमण किया और महाबन में अपना शिविर बनाया। उसका विचार गोकुल को भी विध्वस्त करने का था किन्तु वहां के चार सहस्र नागा आक्रांता अब्दाली की सेना से सामना करने को निकल पड़े। उन्होंने बड़ी वीरता से अब्दाली के दो हजार सैनिकों को यमपुर भेज दिया यद्यपि स्वयं भी उनके अनेक व्यक्ति आहत हुए। उनकी वीरता के कारण ही गोकुल अब्दाली की भयंकर आग से बच गया यद्यपि इस बर्बर अफगान आक्रांता ने मथुरा और वृन्दावन को सुन्दर भस्मसात कर दिया और हजारों निर्दोष व्यक्तियों को तलवार के घाट उतार दिया। 1786 ई० से 1803 ई० तक गोकुल और मथुरा पर मराठों का अधिकार रहा और तत्पश्चात अंग्रेजों का। यह काल अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण था और इन स्थानों का प्राचीन गौरव पुनः एक बार भारतीय जनता के हृदयों में जागृत हुआ। वर्तमान गोकुल में यद्यपि अनेक स्थान कृष्ण के बाल्यपन से संबंधित हैं किंतु यहां कोई भव्य या अधिक प्राचीन मन्दिर नहीं है। वास्तव में मथुरा और वृंदावन के मंदिरों के विशाल वैभव और सौंदर्य के सामने आज का गोकुल ग्रामीण और फीका जचता है। शायद यही स्थिति इसकी प्राचीन इतिहास के पूरे दौर में रही है। कृष्ण के समय में भी तो गोकुल छोटी सी ग्रामीण बस्ती ही थी।

गोगदा=गोगुंदा (जिला उदयपुर, राज०)

राणाप्रताप तथा अकबर की सेनाओं में हल्दीघाटी की प्रसिद्ध लड़ाई इसी स्थान के निकट हुई थी। यहीं राणाप्रताप के पिता उदयसिंह की मृत्यु हुई थी। यह स्थान चित्तौड़ के निकट है।

गोगी (जिला गुलबर्गा, मैसूर)

गुलबर्गा के निकट कई प्राचीन स्मारकों के लिए प्रख्यात है। यहां चार आदिलशाही सुल्तानों के मकबरे हैं—यूसुफ, इस्माईल, इब्राहीम और मल्लू। ये मकबरे एक छतदार दालान में हैं। यहीं अलीआदिल की बहिन फातिमा सुल्ताना का मकबरा भी है। ये कब्रें और मकबरे चंदाशाह की दरगाह के

भीतर स्थित है। दरगाह के दक्षिण की ओर फातिमा सुलताना की बनवाई हुई काली मसजिद भी है जो काले पत्थर की बनी है दूसरी दुमंजिला अरबा मसजिद पर मु० तुगलक का फारसी अभिलेख अंकित है।

गोतीर्थ

इस स्थान का उल्लेख महाभारत के वनपर्व के अंतर्गत पांडवों की तीर्थयात्रा के प्रसंग में है—'कन्यातीर्थेऽश्वतीर्थे च गवां तीर्थे च भारत, कालकोट्यां वृषप्रस्थे गिरावुष्य च पांडवाः' वन० 95,3। अश्वतीर्थ (कन्नौज के निकट) के पश्चात् इसका उल्लेख है। अतः यह तीर्थ संभवतः इसी स्थान के निकट था।

गोदा—गोदावरी

गोदावरी

दक्षिण भारत की प्रसिद्ध नदी जो त्र्यंबक पर्वत (पश्चिमीघाट) से निकल कर 900 मील दूर दक्षिण का भाग बहती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है। गोदावरी की सात शाखाएं मानी गई हैं—गौतमी, वसिष्ठ, कौशिकी, आत्रेयी, वृद्धगौतमी, तुल्या और भारद्वाजी। महाभारत वन० 85,43 में सप्तगोदावरी का उल्लेख है—'सप्तगोदावरीं स्नात्वा नियतो नियताशनः'। ब्रह्मपुराण के 133वें अध्याय में तथा अन्यत्र भी गोदावरी (गौतमी) का उल्लेख है। श्रीमद्भागवत 5,19,18 में गोदावरी का अन्य नदियों के साथ उल्लेख है—'कृष्णावेण्या भीमरथी गोदावरी निर्विन्ध्या'। विष्णुपुराण 2,3,12 में गोदावरी को सह्य पर्वत से निस्सृत माना है—'गोदावरी भीमरथी कृष्णवेण्यादिकास्तथा। सह्यपादोद्भवा नद्यः स्मृताः पापभयापहाः'। महाभारत भीष्म० 9,14 में गोदावरी का भारत की कई मुख्य नदियों के साथ उल्लेख है—'गोदावरी नर्मदा च बाहुदां च महानदीम्'। गोदावरी नदी का पांडवों ने तीर्थयात्रा के प्रसंग में देखा था—'द्विजातिमुख्यप्रवरैर्विसृष्टः गोदावरीं सागरगामगच्छत्'—महा० वन० 118,3। कालिदास ने रघुवंश 13,33,13,35 में गोदावरी का सुंदर वर्णन किया है—'अमूर्विमानान्तरलम्बिनीनां श्रुत्वा स्वनं काञ्चनकिंकिणीनाम्, प्रत्युद्व्रजन्तीव खमुत्पतन्त्यो गोदावरीसारसपंक्तयस्त्वाम्। अत्रानुगोदं मृगया निवृत्तस्तरंगवातेन विनीतखेदः, रहस्त्वदुत्संगनिषण्णमूर्धा स्मरामि वानीरगृहेषु सुप्तः'। कालिदास ने इस उल्लेख में गोदावरी का गोदा कहा है। मेघदूत नामक काव्य में भी गोदावरी का ध्यानतः वर्णन किया हुआ है। भवभूति ने उत्तररामचरित में अनेक बार गोदावरी का उल्लेख किया है—'गोदावर्याः पयसि विततानोकहश्यामलश्रीः' 2,25; 'एतानि तानि बहुकंदरनिर्झराणि गोदावरीपरिसरस्य गिरेस्तटानि' 3,8

गोनर्द

पाली ग्रंथ सुत्तनिपात के अनुसार इस नगर की स्थिति विदिशा तथा उज्जयिनी के मार्ग के बीच मे थी। गोनर्द को शुगकाल के उद्भट विद्वान् पतजलि का जन्म स्थान माना जाता है। पतजलि की माता का नाम गोणिका था। ये योगदर्शन तथा पाणिनि के व्याकरण के महाभाष्य के विख्यात रचयिता थे। कई विद्वानो के मत मे चरक-सहिता के निर्माता भी पतजलि ही थे। जान पडता है कि गोनर्द की स्थिति भूपाल के निकट थी।

गोप (सौराष्ट्र, गुजरात)

सोरठ मे बहने वाली नेत्रवती की एक शाखा पर बसा हुआ प्राचीन नगर है जहा गुप्तकालीन सूर्यमदिर के खडहर हैं। कहा जाता है कि इस प्रदेश मे सूर्य की पूजा ईरानी सस्कृति से प्रभावित शकक्षत्रपो के समय (द्वितीय, तृतीय शती ई०) मे प्रचलित थी।

गोपकवन=गोआ।

गोपराष्ट्र

महाभारत मे वर्णित एक जनपद जिसकी स्थिति श्री चि० वि० वैद्य के अनुसार महाराष्ट्र मे थी।

गोपाचल (दे० ग्वालियर)

गोपाद्रि या ग्वालियर दुर्ग की पहाडी का नाम।

गोपाद्रि (दे० ग्वालियर)

ग्वालियर दुर्ग की पहाडी का प्राचीन नाम है।

गोपामऊ (जिला हरदोई, उ० प्र०)

इसे 10वी शती के अत मे राजा गोप ने बसाया था। गोपीनाथ का वर्तमान मदिर नौनिधराय ने 1699 ई० मे बनवाया था।

गोपालकक्ष

'ततो गोपालकक्ष च सोत्तरानपि कोसलान् मल्लानामधिप चैव पार्थिव चाजयत् प्रभु' महा० 30, 3। कुछ विद्वानो के मत मे गोपालकक्ष ग्वालियर का ही नाम है।

गोपाल गज (जिला दीनाजपुर, बगाल)

यहा रासमोहन के मदिर के, जो 1754 ई० मे बना था, खडहर स्थित हैं। यह मदिर गौड की 14वीं-15वीं शती की वास्तुशैली मे बना है। इसके बारह पार्श्व हैं किंतु अत्यधिक अलकरण के कारण इसका नक्शा कुछ सकुचित सा दिखाई देता है।

गोपालपुर (जिला जबलपुर, म० प्र०)

(1) त्रिपुरी या वर्तमान तेवर के समीप इस स्थान पर कलचुरिकालीन विस्तृत खंडहर हैं। इनमे अनेक बौद्ध प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं जिनमे अवलोकितेश्वर, बोधिसत्व और तारा की मूर्तियां उल्लेखनीय हैं। अवलोकितेश्वर की मूर्ति मागध शैली मे निर्मित है और इस पर 11वीं शती की मागधी लिपि मे बौद्धों का मूलमंत्र 'ये धर्मं हेतु प्रभवा हेतु स्तेषा तथागतो' अंकित है। ऐसा जान पडता है कि इस स्थान पर मध्यकाल मे वज्रयानी बौद्धो का केन्द्र था।

(2) (जिला गंजम, उड़ीसा) बंगाल की खाडी पर एक प्राचीन समुद्रपत्तन है जहां से पूर्व मध्यकाल तक मलय प्रायद्वीप तथा जावा को नियमित रूप से जलयान जाया करते थे।

गोपिका

नागार्जुनी पर्वत की गुफाओं मे सबसे बडी गुफा का नाम है।

गोपेश्वर (जिला गढवाल, उ० प्र०)

केदारनाथ के निकट एक प्राचीन पुण्यस्थान है। यह बद्रीनाथ से केदारनाथ जाने वाले मार्ग पर चमोली के निकट है। यहां से विष्णु का प्रभाव क्षेत्र समाप्त होकर शिव का क्षेत्र प्रारंभ होता है। गोपेश्वर का शिव मंदिर केदारनाथ के मंदिर को छोड़कर इस प्रदेश का सर्वमान्य तथा सर्व प्राचीन देवालय माना जाता है। इसकी मूर्तियां भी बहुत प्राचीन हैं। गोपेश्वर-शिव की मूर्ति कत्यूरीकालीन है। यहां की मूर्तियों मे ऊंचे जूते पहने हुए सूर्य की मूर्ति और चतुर्मुखा शिवलिंग भी हैं जो कत्यूरी नरेशों तथा लकुलीश शैवों के स्मारक हैं। राजा अनगपाल का कीर्ति स्तंभ, जो त्रिशूल रूप मे अष्टधातु का बना है मंदिर के प्रांगण मे स्थित है। इस पर 13वीं शती के दो अस्पष्ट नेपाली अभिलेख हैं। स्कंदपुराण के अनुसार शिव ने कामदेव को गोपेश्वर के स्थान पर ही भस्म किया था। कुमार संभव 3, 72 मे मदन दहन का सुंदर वर्णन है—'क्रोध प्रभो संहर संहरेति यावद्गिरः खे मरुतां चरन्ति, तावत् स वह्निर्भवनेत्रजन्मा भस्मावशेषं मदनं चकार'।

गोमल = गोमती

गोमती

(1) ऋग्वेद मे वर्णित नदी—'त्वं सिन्धो कुभया गोमतीं क्रुमुं मेहत्न्वा सरथं याभिरीयसे' 10, 75, 6। इस नदी का अभिज्ञान वर्तमान गोमल नदी से किया गया है जो सिंधु नदी मे पश्चिम की ओर से आकर मिलती है (मेकडानेल्ड—ए हिस्ट्री ऑव संस्कृत लिटरेचर–1929, पृ० 140)। कुभा (काबुल) तथा

कुम्र् (=कुरुम) गोमती के समान ही सिंध की पश्चिमी शाखाएं हैं।

(2) उत्तरप्रदेश की प्रसिद्ध नदी जो बीसलपुर (जिला पीलीभीत) की झील से निकल कर पूर्वी उत्तर प्रदेश मे गगा मे मिल जाती है। यह अवध की प्रसिद्ध नदी है। रामायणकाल मे गोमती कोसलदेश की सीमा के बाहर बहती थी क्योंकि वाल्मीकि अयो० 49, 8 मे वर्णित है कि वनवास के लिए जाते समय श्रीराम ने गोमती को पार करने से पहले ही कोसल की सीमा को पार कर लिया था। 'गत्वा तु सुचिरकाल तत शीतवहा नदीम्, गोमती गोयुतानूपामतरत्सागरगमाम्'—इस वर्णन मे गोमती को शीतल जल वाली नदी बताया गया है तथा इसके तट पर गौवो के समूहो का उल्लेख है। वाल्मीकि ने गोमती को सागरगामिनी कहा है क्योंकि गगा मे मिलकर नदी अतत सागर मे ही गिरती है। राम ने वन की यात्रा के समय प्रथम रात्रि तमसा तीर पर बिताकर अगले दिन गोमती और स्यदिका (=सई) को पार किया था—'गोमती चाप्यतिक्रम्य राघव शीघ्रगै हंये, मयूरहसाभिरुतांततार स्यदिका नदीम्' अयो० 49, 11। रामचरितमानस मे गो० तुलसीदास ने भी बन जाते समय भारत को गोमती पार करते बताया है—'तमसा प्रथम दिवस करिवासू, दूसर गोमतितीर निवासू'—अयोध्याकाड। महाभारत मे भी गोमती का उल्लेख है—'तधतो गोमती चैव सध्या त्रिस्रोतसी तथा, एताश्चान्याश्च राजन्द्र सुतीर्था लोक विश्रुता' सभा० 9, 23। 'ततस्तीर्थेषु पुण्येषु गोमत्या पाडवान्नृप, कृताभिषेका प्रददुर्गाश्च वित्त च भारत'—वन 94, 2। इस उल्लेख म नैमिषारण्य (=नीमसार, जिला सीतापुर, उ० प्र०) को गोमती नदी के तट पर बताया है, जो वस्तुत ठीक है। नैमिषारण्य का वन० 94, 1 मे उल्लेख है। भीष्म 9, 18 मे अन्यान्य नदियो मे गोमती का उल्लेख है—'गोमती धूतपापा च वदना च महानदीम्'। श्रीमद्भागवत 5, 19, 18 मे गोमती का वर्णन है—'दृषद्वती गोमती सरयू'—। विष्णुपुराण मे गोमती तट को पवित्र कहा गया है तथा उस तप स्थली माना है—'सुरम्ये गोमती तीरे स तपे परम तप' 1, 15, 11।

(3) (काठियावाड, गुजरात) द्वारका के निकट एक नदी। रणछोडजी का प्रसिद्ध मदिर इसी के तट पर है। गोमती समुद्र सगम पर नारायण का मदिर है जो नदी के दूसर तट पर स्थित है। कहते हैं कि यह नदी वास्तव मे समुद्र के जल के तट के अदर प्रविष्ट होने से बनी है। यहीं भगवान् कृष्ण की राजधानी द्वारका बसी हुई थी। यह अब गोमती द्वारका कहलाती है। दूसरी द्वारका का, जो द्वीप पर स्थित है, बेट द्वारका कहत है।

गोमल

(1) दे० गोमती नदी

(2) गोमल नगर का नाम जो शायद गोमती-कूल से बिगड़ कर बना है।

गोमान्

रैवतक पर्वत का एक नाम जिसके क्रोड में द्वारका बसी हुई थी। मगध-राज जरासंघ के आक्रमण से बचने के लिए श्रीकृष्ण मथुरा से द्वारका चले आए थे। उन्होंने रैवतक पर्वत पर अपनी नई नगरी को बसाया था (दे० महा० सभा० 14)। रैवतक का ही एक नाम गोमान भी था। 'एवं वयं जरासंधाद-भितः कृतकिल्बिषा: सामर्थ्यवन्त: सम्बधाद्गोमत समुपाश्रिता'—महा० सभा० 14, 53।

गोमेद

विष्णुपुराण 2, 4, 7 के अनुसार प्लक्षद्वीप के सात मर्यादा पर्वतों में से एक है—'गोमेदश्चैव चन्द्रश्चनारदो दुंदुभिस्तथा, सोमक सुमनाश्चैव वैभ्राजश्चैव सप्तमः'।

गोरखपुर (उ० प्र०)

मध्ययुगीन सिद्ध संत गोरखनाथ के नाम से प्रसिद्ध है। यहां स्थित गोरखनाथ की समाधि तथा मंदिर उल्लेखनीय हैं। कुशीनगर (कुसिया), जो बुद्ध का निर्वाणस्थल है, गोरखपुर से 34 मील उत्तरपूर्व में है।

गोरथ

'गोरथं गिरिमासाद्य ददृशुर्मागधं पुरम्'—महा० 20, 30। महाभारत के इस उल्लेख से स्पष्ट है कि गोरथ, मगध की राजधानी गिरिव्रज या राजगृह की पहाड़ी का नाम था। श्रीकृष्ण, अर्जुन और भीम जरासंध के वधार्थ गिरिव्रज जाते समय पहले इसी पर्वत पर पहुंचे थे। कलिंग-नरेश खारवेल के अभिलेख से सूचित होता है कि उसने अपने राज्याभिषेक के आठवें वर्ष में गोरथगिरि पर आक्रमण करके राजगृह नरेश को बहुत व्यथित किया था (प्रथम शती ई० पू०)।

गोराष्ट्र=गोआ

गोलकुंडा (आं० प्र०)

हैदराबाद से सात मील पश्चिम की ओर बहमनीवंश के सुल्तानों की राजधानी गोलकुंडा के विस्तृत खंडहर स्थित हैं। गोलकुंडा का प्राचीन दुर्ग वारंगल के हिंदू राजाओं ने बनवाया था। यह देवगिरि के यादव तथा वारंगल के काकतीय नरेशों के अधिकार में रहा था। इन राजवंशों के शासन के चिह्न तथा कई खंडित अभिलेख दुर्ग की दीवारों तथा द्वारों पर अंकित मिलते हैं।

1364 ई० मे वारंगल नरेश ने इस किले को बहमनी सुलतान महमूद शाह के हवाले कर दिया था। इतिहासकार फरिश्ता लिखता है कि बहमनी वंश की अवनति के पश्चात् 1511 ई० मे गोलकुंडे के प्रथम सुलतान ने अपना स्वतंत्र राज्य स्थापित कर लिया था किंतु किले के अंदर स्थित जामा मसजिद के एक फारसी अभिलेख से ज्ञात होता है कि 1518 ई० मे भी गोलकुंडे का संस्थापक सुलतान कुली कुतुब, महमूद शाह बहमनी का सामन्त, था। गोलकुंडे का किला 400 फुट ऊंची कणाश्म (ग्रेनाइट) की पहाडी पर स्थित है। इसके तीन परकोटे है और इसका परिमाप सात मील के लगभग है। इस पर 87 बुर्ज बने हैं। दुर्ग के अंदर कुतुबशाही बेगमो के भवन उल्लेखनीय हैं। इनमे तारामती, पेमामती, हयात बख्शी बेगम और भागमती (जो हैदराबाद या भागनगर के संस्थापक कुली कुतुब शाह की प्रेयसी थी) के महलो से अनेक मधुर आख्यायिको का संबंध बताया जाता है। किले के अंदर नौमहल्ला नामक अन्य इमारतें भी हैं जिन्हे हैदराबाद के निजामो ने बनवाया था। इनकी मनोहारी वाटिकाएं तथा सुंदर जलाशय इनके सौंदर्य को द्विगुणित कर देते हैं। किले से तीन फर्लांग पर इब्राहीम बाग मे सात कुतुबशाही सुलतानों के मकबरे हैं जिनके नाम ये हैं—कुली कुतुब, सुभान कुतुब, जमशेदकुली, इब्राहीम, मु० कुलीकुतुब, मु० कुतुब और अब्दुल्ला कुतुबशाह। पेमावती व हयात बख्शी बेगमो के मकबरे भी इसी उद्यान के अंदर हैं। इन मकबरो के आधार वर्गाकार हैं तथा इन पर गुंबदों की छतें हैं। चारों ओर वीथीकाएं बनी हैं जिनके महराब नुकीले हैं। ये वीथिकाएं कई स्थानो पर दुमंजिली भी है। मकबरो पर हिंदू वास्तुकला के विशिष्ट चिह्न कमल पुष्प तथा पत्र और कलियां, शृंखलाएं, प्रक्षिप्त छज्जे, स्वस्तिकाकार स्तंभशीर्ष आदि बने हुए हैं। गोलकुंडा दुर्ग के मुख्य प्रवेश द्वार मे यदि जोर से करतल ध्वनि की जाए तो उसकी गूंज दुर्ग के सर्वोच्च भवन या सभाकक्ष मे पहुंचती है। एक प्रकार से यह ध्वनि आह्वान पटी के समान थी। दुर्ग से डेढ़ मील पर तारामती की छतरी है। यह एक पहाडी पर स्थित है। देखने मे यह वर्गाकार है और इसकी दो मंजिले है। किंवदंती है कि तारामती, जो कुतुबशाही सुलतानो की प्रेयसी तथा प्रसिद्ध नर्तकी थी, किले तथा छतरी के बीच बंधी हुई एक रस्सी पर चांदनी मे नृत्य किया करती थी। सड़क के दूसरी ओर पेमावती की छतरी है। यह भी कुतुबशाही नरेशो की प्रेमपात्री थी। हिमायतसागर सरोवर के पास ही प्रथम निजाम के पितामह किलिचखां का मकबरा है। 28 जनवरी 1687 ई० को औरंगजेब ने गोलकुंडे के किले पर आक्रमण किया और तभी मुगल सेना के एक नायक के रूप में किलिच खां ने भी इस

आक्रमण में भाग लिया था। युद्ध मे इसका एक हाथ तोप के गोले से उड गया था जो मकबरे से आधा मील दूर किस्मतपुर मे गडा हुआ है। इसी घाव से इसका कुछ दिन बाद देहात हो गया। कहा जाता है कि मरते वक्त भी किलिचखा जरा भी विचलित न हुआ था और औरगजेब के प्रधान मत्री जमदातुल मुल्क असद ने, जो उससे मिलने आया था, उसे चुपचाप कॉफी पीते देखा था। शिवाजी ने बीजापुर और गोलकुडा के सुलतानो को बहुत सत्रस्त किया था तथा उनके अनेक किलों को जीत लिया था। उनका आतक बीजापुर और गोलकुडा पर बहुत समय पर्यंत छाया रहा जिसका वर्णन हिंदी के प्रसिद्ध कवि भूपण ने किया है —'बीजापुर गोलकुडा आगरा दिल्ली के कोट बाजे बाजे रोज दरवाजे उघरत हैं'। गोलकुडा मे पहले हीरा निकलता था। (दे० हैदराबाद)

गोलमृत्तिका नगर (बर्मा)

यह नगर, जिसका अभिज्ञान थाटन से 20 मील दूर अयत्येमा नामक स्थान से किया गया है, (1476 ई० क कल्याणी अभिलेख के अनुसार) अशोक के समय मे ब्रह्मदेश की राजधानी था। यहा गोल या गौड लोगो के अनेक मिट्टी के घर होने के कारण इस नगर का यह विचित्र नाम हुआ था। ये लोग गौड या बगाल के मूल निवासी रहे होंगे।

गोलाकोट (बुदेलखड)

मध्ययुगीन बुदेलखड की वास्तुकला के अनेक भग्नावशेष गोलाकोट मे स्थित हैं।

गोसागोकरननाथ (जिला सीतापुर, उ० प्र०)

यह स्थान प्राचीन काल में बौद्ध धर्म का एक केंद्र था। तत्कालीन खडहर यहा आज भी पडे हुए हैं। अब यहा केवल छोटे छोटे मदिर व मठ हैं।

गोसारायपुर (जिला शाहजहानपुर, उ० प्र०)

यह शायद फ़ाह्यान द्वारा उल्लिखित हारा-हो-लो है। यहा प्राचीन क़िला है जो मिट्टी का बना है।

गोवर्धन

(1) जिला नासिक (महाराष्ट्र) का प्रदेश। इसका उल्लेख शातवाहन नरेश गौतमीपुत्र शातकर्णी तथा पुलोमयी (प्रथम—द्वितीय शती ई०) के अभिलेखो मे है। इनमे 'गोवर्धन अहार' पर विष्णुपालित, श्यामक तथा शिवस्कद-दत्त का शासन बताया गया है। महावस्तु (सेनार्ट द्वारा सपादित—पृ० 363) मे दडकारण्य की राजधानी गोवर्धन कही गई है।

(2) मथुरा (उ० प्र०) से 14 मील दक्षिण-पश्चिम की ओर प्रसिद्ध पर्वत है जिसे पौराणिक कथाओं के अनुसार श्रीकृष्ण ने उंगली पर उठा कर व्रज को इंद्र के कोप से रक्षा की थी। गोवर्धन में अरावली पहाड़ की कुछ निचली श्रेणियां फैली हुई हैं। हरिवंश, विष्णुपर्व अध्याय 37 में उल्लेख है कि इक्ष्वाकुवंश के राजा हर्यश्व ने जिनका राज्य महाभारत-काल से भी बहुत पहले मथुरा में था, अपनी राजधानी के समीप पहाड़ी पर एक नगर बसाया था जो संभवत: गोवर्धन ही था। श्रीमद्भागवत में गोवर्धनलीला दशम स्कंध के 25वें अध्याय में सविस्तार वर्णित है—('इत्युक्त्वैकेन हस्तेन कृत्वा गोवर्धनाचलम् दधार लीलया कृष्ण-श्छत्राकमिव बालक' आदि)। श्रीमद्भागवत 5,19,16 में भी गोवर्धन पर्वत का उल्लेख है—'द्रोणश्चित्रकूटो गोवर्धनो रैवतक, ककुभोनीलो गोकामुख इंद्र कील'। विष्णु० 5,13,1 तथा 5,10,38 ('तस्माद् गोवर्धनश्शैलो भवद्भिर्विविधार्हणै, अर्च्यतां पूज्यतां मेध्यान् पशून् हत्वा विधानत') में कृष्ण की गोवर्धन पूजा का वर्णन है। महाकवि कालिदास ने गोवर्धन को शूरसेनप्रदेश में बताया है—'अध्यास्य चाम्भ पृषतोक्षितानि शैलेयगंधीनि—शिलातलानि, कलापिना प्रावृषि पश्य नृत्य कान्तासु गोवर्धनकंदरासु' रघु० 6,51 —शूरसेन के राजा सुषेण का परिचय इंदुमती को उसके स्वयंवर के समय देती हुई उसकी सखी सुनंदा कहती है—'शूरसेननरेश से विवाह करने के पश्चात् तू गोवर्धन पर्वत की सुंदर कंदराओं में शैलेयगंध से सुवासित और वर्षा के जल से धुली हुई शिलाओं पर आसीन होकर प्रावृट् काल में मयूरों का नृत्य देखना'। गोवर्धन को घटजातक में गोवद्धमान कहा गया है। गोवर्धन में श्री हरिदेव (कृष्ण) का एक प्राचीन मंदिर है जिसे अकबर के मित्र एवं संबंधी आमेर-नरेश भगवानदास का बनवाया हुआ कहा जाता है। मानसीगंगा (पौराणिक किंवदंतियों के अनुसार) श्रीकृष्ण के मानस से प्रसूत हुई थी। इसके घाट अर्वाचीन हैं। (टि० ऐसा जान पड़ता है कि गोवर्धन की शृंखला वास्तव में पर्वत नहीं है वरन् एक लंबा चौड़ा बांध है जिसे संभवत: श्रीकृष्ण ने वर्षा की बाढ़ से व्रज की रक्षा करने के लिए बनाया था। यह अधिक ऊंचा नहीं है और इसे पर्वत किसी प्रकार भी नहीं कहा जा सकता। इसके पत्थरों को देखने से भी यही प्रतीत होता है कि यह कृत्रिम रूप से बनाई गई कोई संरचना है। आज भी गोवर्धन के पत्थरों को उठाना या हटाना पाप समझा जाता है। इस बात से भी इसका कृत्रिम रूप से जनसाधारण के हितार्थ बनाया जाना प्रमाणित होता है। इस विषय में अनुसंधान अपेक्षित है।)

गोवड्ढमान

इस नगर का, जो गोवर्धन का रूपांतर जान पड़ता है, घटजातक (स० 454) में उल्लेख है। इसे वासुदेव कृष्ण की माता देवगब्भा (=देवकी) तथा उपसागर (=वसुदेव) का निवासस्थान बताया गया है। वासुदेव कृष्ण का जन्म, इस जातक के अनुसार, इसी स्थान पर हुआ था।

गोवास

'गोवास दासमीयाना वसातीना च भारत, प्राच्याना वाटधानाना भोजाना चाभिमानिनाम्'—महा० कर्ण० 73,17। गोवास संभवतः शिवि देश का ही दूसरा नाम था। यह देश गोधन के लिए प्रसिद्ध था। इस देश की सेनाएं महाभारत के युद्ध में दुर्योधन की ओर से शामिल हुई थीं जैसा कि उपर्युक्त श्लोक के प्रसंग में वर्णित है। सभा० 51,5 में भी गोवास निवासियों का उल्लेख है—'गोवासना ब्राह्मणाश्च दासमीयाश्च सर्वश'। ये युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में सम्मिलित हुए थे।

गोविषाण

चीनी यात्री युवानच्वांग ने 7वीं शती में इस देश का वर्णन करते हुए यहां तीस मंदिरों की स्थिति बताई है। उसने लिखा है कि यहां की जनसंख्या उत्तरोत्तर बढ़ रही थी। इस देश का अभिज्ञान रामपुर-पीलीभीत के जिलों (उ० प्र०) से किया गया है—(दे० रा० कु० मुकर्जी—हर्ष पृ० 167) संभवतः उज्जैन नाम का वर्तमान गांव प्राचीन गोविषाण का प्रतिनिधान करता है। इसमें एक प्राचीन किले के खंडहर आज तक मौजूद हैं।

गोशृंग

'निषाद भूमि गोशृंग पर्वतप्रवर तथा तरसैवाजयद् धीमान्, श्रेणिमन्तं च पार्थिवम्' महा० सभा० 31,5। गोश्टंग को सहदेव ने दक्षिण दिशा की विजय के प्रसंग में जीता था। गोश्टंग पर्वत, प्रसंग से, अर्वली पहाड़ की श्रेणी का कोई भाग जान पड़ता है। यह निषाद भूमि के निकट था। संभव है यह आबू या अर्बुद के किसी शिखर का नाम हो।

गोहद (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

ग्वालियर से उत्तर पूर्व की ओर है। 18वीं शती में यह जाट-रियासत थी। इसके पूर्व की ओर ग्वालियर रियासत, पश्चिम में काली सिंध, उत्तर में यमुना और दक्षिण में सिरमूर की पहाड़ियां हैं। गोहद नरेशों तथा मराठों में बराबर लड़ाई-झगड़ा बना रहता था। 1765 ई० में गोहद नरेश छत्रसाल ने होलकर का डट कर सामना किया था। गोहद में उत्तरमध्यकालीन इमारतों

के ध्वसावशेष स्थित है।

गोहाटी (असम)

इस नगर का प्राचीन नाम शोणितपुर कहा जाता है। महाभारत के समय यहां प्रागज्योतिष की राजधानी थी। इसका अन्य नाम प्रागज्योतिषपुर भी था।

गोहिरादिकिरी (जिला बालासोर उडीसा)

1567 ई० मे इस स्थान पर उडीसा नरेश मुकुददेव और उसके विश्वासघाती भाई रामचद्रभज मे युद्ध हुआ था जिसके पश्चात् उडीसा का स्वतत्र हिंदू राज्य सदा के लिए समाप्त हो गया। 1568 ई० मे उडीसा पर बगाल के अफगानो का राज्य स्थापित हुआ था।

गोहिलवाड

सौराष्ट्र (काठियावाड, महाराष्ट्र) का दक्षिणी पूर्वी भाग गोहिलवाड कहलाता है।

गौड

(1) (बंगाल) प्राचीन लक्ष्मणावती या लखनौती का मध्ययुगीन नाम। सेन वश के शासनकाल (13वी शती) मे बगाल की राजधानी क्रमश विक्रमपुरी, वरेंद्र और लक्ष्मणावती मे रही थी। मुसलमानो का बगाल पर आधिपत्य होने के बाद इस सूबे की राजधानी कभी गौड और कभी पांडुआ मे रही। पांडुआ गौड से 20 मील दूर है। आज इस मध्ययुगीन भव्य नगर के केवल खडहर ही शेष हैं। इनमे अनेक हिंदू मदिरो तथा मूर्तियो के अवशेष हैं जिनका मसजिदो के निर्माण मे प्रयोग किया गया था। 1575 ई० मे अकबर के सूबेदार ने गौड के सौंदर्य से आकृष्ट होकर पाडुआ से हटाकर अपनी राजधानी गौड मे बनाई जिससे फलस्वरूप गौड में एक बारगी बहुत भीडभाड हो गई। थोडे ही दिनो बाद महामारी का भी प्रकोप हुआ जिससे गौड की जनसख्या को भारी क्षति पहुची। बहुत से निवासी गौड छोडकर भाग गए। पांडुआ में भी महामारी का प्रकोप फैला और बगाल के ये दोनो प्रमुख नगर जहां भव्य इमारतें खडी हुई थी तथा चारो ओर व्यस्त नर-नारियो का कोलाहल रहता था, इस महामारी के पश्चात श्मशानवत् दिखलाई पडने लगे और उनकी सडको पर अब घास उग आई और दिन दहाडे हिंसक पशु घूमने लगे। पाडुआ से गौड जाने वाली सडक पर अब घने जगल बन गए थे। तत्पश्चात् प्राय 300 वर्षों तक बगाल की

शानदार नगरी गौड खडहरो के रूप में घने जगलों के बीच छिपी रही। अब कुछ ही वर्ष पहले वहा के प्राचीन वैभव को खुदाई द्वारा प्रकाश में लाने का प्रयत्न किया गया है। लखनौती में 9वी-10वी शती ई० मे पाल राजाओ का आधिपत्य था तथा 12वी शती तक सेन नरेशो का। इस काल मे यहा अनेक हिंदू मदिर बने जिन्हे गौड के परवर्ती मुसलमान बादशाहों ने नष्ट-भ्रष्ट कर दिया। गौड की मुसलमान कालीन इमारतो के बहुत से अवशेष अब भी यहा हैं। इनकी मुख्य विशेषता इनकी ठोस बनावट तथा विशालता है। सोना मसजिद प्राचीन मदिरो की सामग्री से बनी है। यह यहा के जीर्ण क़िले के अदर स्थित है। इसकी निर्माण तिथि 1526 ई० है। इसके अतिरिक्त 1530 ई० म बनी नुसरतशाह की मसजिद भी कला की दृष्टि से उल्लेखनीय है।

(2) बगाल का एक प्राचीन सामान्य नाम। गौड या गौडपुर का उल्लेख पाणिनि ने 6,2,200 म किया है। कहा जाता है कि गुड़ या पौंड्र (पौंड्र=पौंडा या गन्ना) देश से गुड का प्रचुर माना मे निर्यात इस प्रदेश द्वारा होने के कारण ही इसे गौड कहा जाता था। गौडपुर को गौडभृत्यपुर भी कहा गया है। बाण के हर्ष-चरित मे गौड (बगाल) के नरेश शशाक का उल्लेख है। सस्कृत काव्य की एक वृत्ति का नाम भी गौडी है जो गौड देश से ही सबधित है। इसके अतिरिक्त कई जातियो को भी गौड नाम से अभिहित किया जाता था (दे० पचगौड)।

गौडपुर=गौडभृत्यपुर (दे० गौड)

गौतमाश्रम (जिला देहरादून)

(1) देहरादून के निकटस्थ बावडी या ढकरानी को स्थानीय जनश्रुति में न्यायदर्शनकार महर्षि गौतम की तपोभूमि कहा जाता है। यहा स्फटिक श्वेत जल की बावडी है जिसके तट पर इस आश्रम की स्थिति बताई जाती है।

(2) दे० अहल्याश्रम

गौतमी

दक्षिणी भारत की प्रसिद्ध नदी गोदावरी का एक प्राचीन पौराणिक नाम है (दे० शिवपुराण 1,54)। ब्रह्मपुराण के 133वें अध्याय मे तथा अन्यत्र भी इस नदी का उल्लेख है। कहा जाता है कि इस नदी को गौतम ने तप द्वारा पृथ्वी पर अवतरित किया था। पुराणो में गौतमी को गोदावरी की एक शाखा भी माना गया है (दे० गोदावरी)। अध्यात्मरामायण अरण्य० 48 में पचवटी को गौतमी के तट पर अवस्थित बताया गया है जो वास्तव मे गोदावरी

ही है—'अस्ति पचवटी नाम्ना आश्रमो गौतमीतटे'।

गौर=गहरवारपुर

गौरझामर (जिला सागर, म० प्र०)

गढमडला-नरेश सग्रामसिंह (मृत्यु 1541 ई०) के बावन गढो मे से एक। यही प्रसिद्ध वीरागना दुर्गावती के श्वसुर थे।

गौरी

(1) विष्णु पुराण 2,4,55 के अनुसार क्रौंचद्वीप की एक नदी—'गौरी कुमुद्वती चैव सध्या रात्रिर्मनोजवा, क्षान्तिश्च पुडरीका च सप्तैता वर्ष निम्नगा'।

(2) अफगानिस्तान की वर्तमान पजकौरा नदी। यह (1) भी हो सकती है।

गौरीतीर्थ

मध्य रेलवे के पिपरिया स्टेशन से गौरीतीर्थ के लिए मार्ग जाता है। इस प्राचीन तीर्थ की स्थिति अजना और नर्मदा के सगम पर है।

गौरीशकर (दे० गौरीशिखर)

गौरीशिखर

महाभारत वनपर्व के अतर्गत तीर्थयात्रा प्रसग मे हिमालय के गौरी नामक शिखर का उल्लेख है—'ततो गच्छेत धर्मज्ञ तीर्थसेवनतत्पर' शिखर वै महादेव्या गौर्या स्त्रैलोक्यविश्रुतम्' वन० 84,151। इसका उल्लेख हिमालय पर स्थित 'पितामह सर' (शायद मानसरोवर, यहां से ब्रह्मपुत्र निकलती है। पितामह=ब्रह्मा) के पश्चात् है। गौरीशिखर को इस उल्लेख मे महादेव-पार्वती के नाम से प्रसिद्ध बताया गया है। इस शिखर पर (वन० 84,151 मे) स्तनकुड नामक सरोवर का भी उल्लेख है—'समासाद्य नरश्रेष्ठ स्तनकुडेषु सविशेत्'। गौरीशिखर प्रसिद्ध गौरीशकर की चोटी जान पडती है।

ग्यारसपुर (जिला भीलसा, म० प्र०)

मध्ययुगीन वास्तु-अवशेषो से यह स्थान भरा पूरा है। ग्राम के चतुर्दिक् विस्तृत खडहर फैले पडे हैं। हिंदू, बौद्ध तथा जैन—तीनों ही सप्रदायो से सबध रखने वाले प्राचीन अवशेष यहां मिलते हैं जिनमे से प्रमुख ये हैं—अटखभा मदिर, वज्रमठ, मालदेवी, बौद्धस्तूप आदि। हिडोला नामक ग्राम के निकट 8वीं तथा 10वीं शती ई० के मदिरो के चिह्न हैं। मानसरोवर तडाग भी प्राचीनकाल का अवशेष है।

ग्वादूर (मकरान, प० पाकि०)

अरबसागर (फारस की खाडी) के तट पर छोटा सा बंदरगाह है जिसका प्राचीन नाम बदर कहा जाता है। इसका उल्लेख टॉलमी, आर्थोगोरस और एरियन (90 ई०-170 ई०) आदि प्राचीन विदेशी लेखकों ने किया है। यूनानी लेखको ने ग्वादूर के समीप समुद्र में अनेक प्रकार की विचित्र मछलियों का वर्णन किया है। 1581 ई० मे पुर्तगालियों ने इस नगर को जलाकर नष्ट कर दिया था। 17वीं शती मे कलात के खान ने इस बंदरगाह पर अधिकार कर लिया। उसने इसे ओमान के शासक सैयद सुल्तानबिन अहमद को सौंप दिया और इस प्रकार 1871 ई० तक इस पर मस्कट के सुलतान का कब्जा रहा। इस वर्ष से ब्रिटेन का एक राजदूत यहा रहने लगा। (दे० मकरान)

ग्वारीघाट (जिला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर के निकटस्थ इस ग्राम में प्राचीन खडहरो में पुरातत्व की प्रचुर एव महत्वपूर्ण सामग्री बिखरी पडी है जिसको अभी तक प्रकाश में नहीं लाया गया है।

ग्वालियर दे० गवालियर

घघाणी (मारवाड, राजस्थान)

बीकानेर-जोधपुर रेलमार्ग पर आसरनाडा स्टेशन के निकट प्राचीन जैन तीर्थ। जैन कवि समयसुंदर के अनुसार यहा की प्राचीन मूर्तियों पर मौर्य-सम्राट् अशोक के पौत्र सप्रति (दशरथ के पुत्र) के अभिलेख थे जिनसे ज्ञात होता है कि उसने इस स्थान पर पद्मप्रभु जिनालय नामक विशाल मंदिर बनवाया था।

घटसाल (आं० प्र०)

कृष्णानदी के तट पर स्थित है। प्रथम-द्वितीय शती ई० मे बना हुआ बौद्धस्तूप यहा का उल्लेखनीय स्मारक है। यह स्तूप आंध्रदेश की अमरावती नामक नगरी के प्रख्यात स्तूप का प्राय समकालीन है। कुछ विद्वानो के मत मे जावा के सुप्रसिद्ध बारोबुदूर मंदिर की विशिष्ट कला के अकुर घटसाल के स्तूप में प्राप्त होते हैं।

घटोत्कच (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

इस स्थान पर छठी-सातवीं शती की बौद्ध गुफाएं हैं जो देश की इसी भाग की अजता व इलौरा गुफाओं की भांति ही पहाडी के पार्श्व मे काटकर बनाई गई हैं।

घनपुर (मुलुग तालुक, जिला वारंगल, आ० प्र०)

इस स्थान पर 22 मंदिरो के समूह हैं जो कला और शैली की दृष्टि से पालमपेट के रामप्पा के मंदिर के प्रतिरूप जान पड़ते हैं। ये मंदिर मुख्य देवालय के चतुर्दिक अवस्थित हैं। केंद्रीय मंदिर के पूर्व, उत्तर और दक्षिण की ओर द्वारमंडप बने हुए हैं और पश्चिम की ओर एक छोटा शिवालय है। मंदिर का महामंडप नष्ट हो गया है किंतु मानवो तथा पशुओ की आकृतियो मे बने हुए आठ द्वाराधार अभी वर्तमान हैं। ये रामप्पा मंदिर के द्वाराधारो के अनुरूप ही है। घनपुर का मंदिर रामप्पा मंदिर का समकालीन है।

घर्घरा=घाघरा (दे० सरयू)

घारापुरी

एलिफेंटा द्वीप (बंबई के निकट) का प्राचीन नाम (दे० एलिफेंटा तथा काराद्वीप)।

घुनसोर (जिला सिवनी, म० प्र०)

गढमंडला नरेश संग्रामसिंह (मृत्यु 1541 ई०) के बावन दुर्गों मे से एक। गढमंडला की रानी वीरांगना दुर्गावती संग्रामसिंह या संग्रामशाह की पुत्रवधू थी।

घुमली (जिला जामनगर, काठियावाड, गुजरात)

सौराष्ट्र के जाठव राजवंश की राजधानी। इसके खंडहर जामनगर के निकट अवस्थित हैं। किंवदंती है कि जाठव नरेश महाभारत के सिंधुराज जयद्रथ के वंशज थे। 7वी शती ई० के मध्यकाल मे ये लोग सिंध से कच्छ होते हुए आए और सौराष्ट्र मे बस गए। शालकुमार नामक राजा ने इस नए राजवंश की नींव डाली थी। घुमली का प्राचीन नाम भूभृतपल्ली या भूताबिलिका था जो कालांतर मे बिगड़कर भुमली और फिर घुमली बन गया। घुमली मे मध्ययुगीन इमारतो तथा मंदिरो के भग्नावशेष स्थित हैं। इनमे नौलखा मंदिर प्रसिद्ध है। किंवदंती के अनुसार चौदहवीं शती ई० मे घुमली का पतन हुआ जिसका कारण सोना नामक लोहकार कन्या का शाप था। इसके पश्चात् इस राजवंश की राजधानी पोरबन्दर मे बनी, जहा 1947 तक इस प्राचीन राजकुल का राज्य रहा। यह नगर वेत्रवती नदी (वर्तमान वर्तोई) के तट पर बसा था। इसके प्राचीन नाम का उल्लेख यहा से प्राप्त ताम्रपट्ट लेखो मे है।

घृतमती

काठियावाड या सौराष्ट्र (गुजरात) के उत्तरपश्चिम भाग की एक छोटी

नदी जिसे अब 'घी' कहा जाता है।

घृतसागर

पौराणिक भूगोल के अनुसार पृथ्वी के सप्त सागरों में से एक है। इसकी स्थिति कुशद्वीप के चतुर्दिक् मानी गई है। विष्णुपुराण 2, 2, 6 में सर्पि (घृत) समुद्र का उल्लेख अन्य काल्पनिक समुद्रों के नाम के साथ है—'एते द्वीपा समुद्रैस्तु सप्त सप्तभिरावृता, लवणेक्षु सुरासर्पि दधि दुग्ध जलैः समम्'।

घोघा (काठियावाड़, गुजरात)

काठियावाड़ के समुद्रतट पर एक छोटा सा बंदरगाह है। घोघा भावनगर के निकट है और प्राचीनकाल में जैनों के तीर्थ रूप में इसकी मान्यता थी। यह नगरी सौराष्ट्र और गुजरात की पुरानी लोक कथाओं में सुंदर नारियों के लिए प्रख्यात थी। गुजरात के अनेक युवक घोघा की कुमारियों से विवाह करके अपने को भाग्यशाली समझते थे।

घोषपारा (प० बंगाल)

कल्याणी से छ मील। यह स्थान कर्तभाज नामक धार्मिक संप्रदाय का केंद्र था। इस संप्रदाय के संस्थापक औलचंद थे। उनके अनुयायियों के मतानुसार वे चैतन्य देव के ही अवतार थे। उनके अनुयायी घोषपारा के निकट आज भी पाए जाते हैं।

घोषितराम

कौशाबी का विहार, जिसे घोषितराम के एक व्यापारी ने बनवाया था।

घोसामंडल (राजस्थान)

प्राचीन दुर्भेद्य गढ़ के लिए विख्यात है। इस दुर्ग के निर्माता चौहान नरेश थे।

घोसुंडी (म० प्र०)

इस स्थान से प्राप्त शुंगकालीन अभिलेखों से ज्ञात होता है कि द्वितीय शती ई० पू० के लगभग ही देश के इस भाग में भागवतधर्म (वासुदेव-कृष्ण की पूजा) का प्रचलन प्रारंभ हो गया था और बौद्ध धर्म अवनति के मार्ग पर बढ़ रहा था। एक अभिलेख में संकर्षण या बलराम की उपासना का भी उल्लेख है।

चकौगढ़ (बिहार)

नरकटियागंज से 2 मील उत्तर-पश्चिम में चकी गांव के निकट एक प्राचीन दुर्ग है। यहाँ जानकीकोट दुर्ग के खंडहर 90 फुट ऊंचाई पर अवस्थित हैं। इस दुर्ग को वृज्जिगोत्रीय बुलियों ने बनवाया था। ये क्षत्रिय बुद्ध के समकालीन

थे। चकीगढ़ को जानकीगढ भी कहते हैं। इसका संबंध चाणक्य से बताया जाता है।

चचु

चीनी यात्री युवानच्वांग ने चचु देश को सारनाथ और वैशाली के बीच मे स्थित बताया है। शायद आलवक, जिसका अभिज्ञान कनिंघम ने गाजीपुर के निकटवर्ती क्षेत्र से किया है, यही था।

चडहारो (पजाब)

सिंधुघाटी सभ्यता के अवशेष इस स्थान से भी प्राप्त हुए हैं।

चडीस्थान (दे० मुगेर)

चडेश्वर

मेघदूत के अनुसार उज्जयिनी के अतर्गत शिव का एक धाम, जहा गधवती नदी बहती थी— 'पुण्य यायास्त्रिभुवनगुरोर्धाम चडेश्वरस्य, धूतोद्यानकुवलयरजो गधिभिर्गधवत्या' पूर्वमेघ० 35। यह वही स्थान जान पडता है जहा महाकाल शिव का मदिर था (पूर्वमेघ० 36)। यह मदिर आज भी उज्जैन मे है।

चदन (नदी)

अग व मगध की सीमा (जिला सथाल परगना, बिहार) पर बहने वाली नदी। यह गगा की सहायक नदी है। वाल्मीकि० किष्किधा 40, 20 मे इसी का उल्लेख जान पडता है।

चदनग्राम (लका)

महावश 19, 61 के अनुसार इस ग्राम मे अशोक की पुत्री सघमित्रा द्वारा लका मे लाए हुए बोधिवृक्ष (पीपल) की एक शाखा का अकुर रोपित किया गया था। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है।

चदना

(1)=साबरमती नदी।

(2)=चदन नदी

चदनावती

बड़ौदा का प्राचीन नाम।

चदावर (जिला इटावा, उ० प्र०)

(1) यमुना के तट पर मध्ययुगीन कस्बा है। पृथ्वीराज चौहान को हराने के पश्चात् मु० गौरी ने 1194 ई० मे भारत पर पुनः आक्रमण करके इस बार पृथ्वीराज के प्रतिद्वद्वी जयचद राठौर को इस स्थान पर पराजित किया था। जयचद कन्नौज का राजा था और कहा जाता है कि इसने पृथ्वीराज के ऊपर

चढ़ाई करने के लिए गौरी को निमंत्रण दिया था। चदावर के युद्ध में जयचंद मारा गया था।

(2) (जिला झांसी, उ० प्र०) जगलौन स्टेशन से 5 मील पर जैन मुनि शांतिनाथ स्वामी का निवासस्थान। इसे चांदपुर भी कहते हैं।

चंदूर

(1) (जिला आदिलाबाद, आ० प्र०) यादव नरेशों के समय के मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

(2)=चंद्र (1)

चंदेरी (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

प्राचीन नाम चंद्रगिरि। चंदेरी महाभारत काल में श्रीकृष्ण के प्रतिद्वंद्वी शिशुपाल की राजधानी थी। शिशुपाल चेदि देश का राजा था। महाभारत में चेदि की राजधानी का नाम नहीं है। चंदेरी में प्राचीनकाल के अनेक ध्वंसावशेष बिखरे पड़े हैं। यहां से आठ मील उत्तर की ओर बूढ़ीचंदेर (या चंदेरी) नाम का एक उजाड़ ग्राम है जो 10वीं—12वीं शती ई० का जान पड़ता है। चंदेरी से प्राप्त 11वीं—12वीं शती ई० के प्रतिहार राजा कीर्तिपाल के अभिलेख से सूचित होता है कि यहां उसके समय में कीर्तिदुर्ग नामक क़िले का निर्माण हुआ था। इस अभिलेख में चंदेरी का नाम चंद्रपुर है। 1528 ई० में चंदेरी के राजा मेदिनीराय को हराकर प्रथम मुग़ल सम्राट् बाबर ने इस नगर पर अधिकार कर लिया। 18वीं शती के अंतिम चरण में, मुग़ल-साम्राज्य की अवनति और मराठों के उत्कर्ष के समय, सिंधिया का ग्वालियर के इलाके में आधिपत्य स्थापित होने पर चंदेरी भी ग्वालियर रियासत में सम्मिलित हो गई। एक जनश्रुति के आधार पर कहा जाता है कि चंदेरी की स्थापना संभवतः आठवीं शती ई० में चंदेल राजपूतों ने की थी जो चंद्रवंशीय क्षत्रिय माने जाते थे। इन्होंने इसका नाम चंद्रपुरी रखा था। यह भी संभव है कि महाभारत-कालीन चेदि देश की राजधानी होने से इस नगरी को चेदिपुरी या चेदिगिरि कहा जाता था, जिसका अपभ्रंश कालांतर में चंदेरी हो गया। चंदेरी के ऐतिहासिक स्मारकों में यहां का किला, फतेहाबाद का कौशक-महल (15वीं शती ई०), पंचमनगर और सिंगपुर के महल (18वीं शती) उल्लेखनीय हैं।

चंदेलगढ़=चुनार

चंद्र

(1) वर्तमान चंदूर, राधनपुर (गुजरात) के निकट प्राचीन जैन तीर्थ।

इसका उल्लेख तीर्थ-माला-चैत्य-वंदन में इस प्रकार है—'श्री तेजपल्लविहार निबतटके चद्रे च दव्भ'वते'।

(2) हर्षचरित में प्रथमोच्छ्वास में महाकवि बाणभट्ट ने शोण नदी का उद्गम चद्र नामक पर्वत से माना है। भौगोलिक तथ्य यह है कि नर्मदा और शोण (या सोन) दोनों ही नदियां विध्याचल के अमरकटक पर्वत से निकली हैं। इसी को चद्र या सोमपर्वत कहते थे क्योंकि नर्मदा का एक नाम सोमोद्भवा भी है।

(3) विष्णुपुराण के अनुसार प्लक्ष-द्वीप का एक मर्यादा पर्वत, 'गोमेदश्चैव चद्रश्च नारदो दुदभिस्तथा, सोमक सुमनाश्चैव वैभ्राजश्चेव सप्तम' 2, 4, 7।

चद्रकान्ता

वाल्मीकि-रामायण उत्तर० 102,9 के अनुसार श्री रामचद्रजी ने लक्ष्मण के पुत्र चद्रकेतु को मल्लदेश म स्थित चद्रकांता नामक नगरी का राज दिया था—'चद्रकेतोश्च मल्लस्य मल्लभूम्यां निवेशिता, चद्रकान्तेति विख्याता दिव्या स्वर्गपुरीयथा'। यहां पहुचने के लिए चद्रकेतु को अयोध्या के उत्तर की ओर जाना पड़ा था—'अभिषिच्य कुमारौ द्वौ प्रस्थाप्य सुसमाहितो, अगद पश्चिमां भूमि चद्रकेतमुदड मुखम्' उत्तर० 102,11। जातक कथाओं तथा बौद्ध साहित्य से ज्ञात होता है कि वर्तमान गोरखपुर (उ० प्र०) का परिवर्ती प्रदेश ही प्राचीन समय में मल्लदेश कहलाता था। यदि रामायण मे वर्णित चद्रकांता नगरी इसी मल्लदेश में थी तो इसकी स्थिति गोरखपुर या कुशीनगर (कसिया) के आस-पास के क्षेत्र में होनी सभव है। अयोध्या से उत्तर दिशा में इस नगरी का होना भी इस अभिज्ञान के प्रतिकूल नहीं है।

चद्रकेतुगढ़ (प० बगाल)

कलकत्ता से 24 मील। आशुतोष संग्रहालय, कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा की गई हाल की खुदाई में इस स्थान से मौर्य-शुगकाल से लेकर उत्तरगुप्तकाल तक की सभ्यताओं के चिन्ह प्राप्त हुए हैं। सबसे प्राचीन युगों के कच्चे मकानों के अवशेष सबसे निचले स्तरों में मिले हैं। ये लकड़ी बांस आदि के बने हुए हैं। इन मकानों का अग्निकांड द्वारा नष्ट होने का अनुमान किया जाता है। परवर्तीकाल के बने हुए ईंटो के पक्के मकानों के चिह्न उपरले स्तरों में मिले हैं। मौर्यकालीन बस्तियों मे पानी के लिए खपरों की बनी नालियों का प्रबंध था। प्राचीन नगर के चारों ओर कच्ची मिट्टी की मोटी दीवार के अवशेष भी प्रकाश में आए हैं।

चद्रगिरि

(1) चदेरी

(2) (मैसूर) कावेरी के उत्तरी तट पर कलबप्पू नामक पहाड़ी को 900 ई० के दो अभिलेखों म चद्रगिरि कहा गया है। इनके अनुसार चद्रगुप्त मुनिपति तथा भद्रबाहु के चरणचिह्न इस पहाड़ी पर अकित थे। ये अभिलेख जैन धर्म से सबधित हैं और यदि इनसे प्राप्त सूचना को सत्य माना जाए तो चद्रगुप्त मौर्य का अतिम दिनो मे दक्षिण भारत म आना और जैन धर्म म दीक्षित होना सिद्ध होता है। स्मिथ ने इस परपरा को सत्य माना है (अर्ली हिस्ट्री ऑव इडिया पृ० 76)। मैसूर मे स्थित श्रवणबेलगोला नामक प्रसिद्ध जैन तीर्थ इसी चद्रगिरि और इद्रगिरि नामक पहाड़ियो के बीच स्थित है।

(3) (मद्रास) तालीकोट क प्रसिद्ध युद्ध (1564 ई०) क पश्चात विजय नगर के राज्यवश के लोगो ने चद्रगिरि क क़िल म शरण ली थी। क़िले के परकोटे क अदर अनेक सुदर मदिर हैं।

(4) प्राचीन केरल की उत्तरी सीमा पर बहन वाली नदी। (अर्ली हिस्ट्री ऑव एन्शेंट इडिया पृ० 466)

चद्रगुप्तपटनम् (जिला महबूबनगर, आ० प्र०)

कृष्णा नदी क वाम तट पर अमराबाद स 32 मील दक्षिण की ओर स्थित है। वारंगल नरेश प्रतापरुद्र के शासनकाल मे यह नगर समृद्ध एव सम्पन्न था। प्राचीन मदिरों क अवशेष आज भी यहा देखे जा सकते हैं। सभव है इस नगर का नामकरण सम्राट चद्रगुप्त मौर्य के नाम पर हुआ हो। जैन किंवदतियों के अनुसार चद्रगुप्त वृद्धावस्था म जैन धर्म मे दीक्षित होकर दक्षिण भारत मे जाकर रहने लगे थे। मैसूर की चद्रगिरि पहाड़ी (श्रवणबेलगोला के निकट) चद्रगुप्त के नाम ही मे प्रसिद्ध कही जाती है। शायद चद्रगुप्तपट्टनम का भी कुछ सबध मौर्य सम्राट क दक्षिण भारत मे आवास काल से हो।

चद्रगुफा (काठियावाड़, गुजरात)

इस गुफा स क्षत्रपनरेशो के शासनकाल का एक मूल्यवान अभिलेख प्राप्त हुआ था जिसस सूचित होता है कि दिगबर जैन साहित्य के व्यवस्थापक श्रीधर सेनाचार्य इस गुफा मे रहा करते थे। जैन विद्वान पुष्पदत और भूत बलि ने भी यहा रहकर अध्ययन किया था। इस गुफा की आकृति अर्ध चद्राकार है।

चद्रनगर

छठी शती ई० म यमुना नदी पर स्थित एक छोटा व्यापारिक नगर था जिसकी स्थिति कौशाबी और कान्यकुब्ज के मार्ग म थी। यह का व्यापार

मुख्य रूप से यमुना नदी द्वारा होता था और नगर में धनी श्रेष्ठियों का निवास था।

चंद्रपुर

(1) (दे० चंदेरी)

(2)=चंद्रपुरी

(3) मध्यप्रदेश में स्थित वर्तमान चांदा जहां कनिंघम के अनुसार सातवीं शती में दक्षिण कोसल की राजधानी थी। (एंशेंट ज्यॉग्रेफी ऑव इंडिया पृ० 595)

चंद्रपुरी (ज़िला बनारस, उ० प्र०)

(1) सारनाथ से नौ मील पर स्थित जैनों का प्राचीन अतिशयतीर्थ है। इसे जैनाचार्य चंद्रप्रभ का जन्मस्थान माना जाता है। ये आठवें तीर्थंकर थे। चंद्रपुरी गंगातट पर बसी है जहां कई प्राचीन जैन मंदिर स्थित हैं। इसे चंद्रावती या चंद्रवटी भी कहते हैं।

(2)=चंदेरी

(3)=श्रावस्ती (जैनसाहित्य)

चंद्रभागा

(1) पंजाब की प्रसिद्ध नदी चिनाब। इसको वैदिक साहित्य में असिक्नी कहा गया है। महाभारतकाल में इसका नाम चंद्रभागा भी प्रचलित हो गया था—'शतद्रू चंद्रभागा च यमुना च महानदीम्, दृषद्वती विपाशा च विपापा स्थूलवालुकाम्'—भीष्म० 9, 15। श्रीमद्भागवत 5, 19, 18 में चन्द्रभागा और असिक्नी दोनों का नाम एक ही स्थान में है—'शतद्रूश्चन्द्रभागा मरुद्वृधा वितस्ता-असिक्नी-विश्वेति महानद्य'। यहां चन्द्रभागा के ही दूसरे नाम असिक्नी का उल्लेख है। ग्रीक लेखकों ने इस नदी को अकेसिनिज़ (Akesines) लिखा है जो असिक्नी का ही स्पष्ट रूपांतर है। चंद्रभागा नदी मानसरोवर (तिब्बत) के निकट चंद्रभाग नामक पर्वत से निस्सृत होती है और सिंधु नदी में गिर जाती है। श्रीमद्भागवत में शायद इसी नदी की ऊपरी धारा को चंद्रभागा कहकर, पुनः शेष नदी का प्राचीन वैदिक नाम असिक्नी कहा गया है। यह भी संभव है कि प्रस्तुत उल्लेख में चंद्रभागा से दक्षिण भारत की भीमा का अभिप्राय हो किंतु यहां दिए गए अन्य नामों के कारण यह संभावना कम जान पड़ती है। विष्णु-पुराण 2, 3, 10 में भी चंद्रभागा का उल्लेख है—'शतद्रू चंद्रभागाद्या हिमवत् पादनिर्गता', यहां इस नदी को हिमालय से उद्भूत माना है। विष्णुपुराण 4, 24 69 (सिंधु दार्विकार्वी चंद्रभागाकाश्मीरविषयांश्चव्रात्यम्लेच्छशूद्रादयो

मोक्ष्यन्ति') से ज्ञात होता है कि चंद्रभागा नदी का तटवर्ती प्रदेश पूर्वगुप्तकाल मे म्लेच्छों तथा यवन-शकादि द्वारा शासित था।

(2)=भीमा। चंद्रभागा के तट पर महाराष्ट्र का प्रसिद्ध तीर्थ पंढरीपुर बसा है। यह नदी भीमशंकर नामक पर्वत (पश्चिमी घाट मे स्थित) से निकलकर लगभग 200 मील बहने के पश्चात् कृष्णा नदी मे (ज़िला रायचूर में) मिल जाती है। भीमा इसका दूसरा प्रसिद्ध नाम है।

(3) (उड़ीसा) कोणार्क के समीप बहने वाली एक नदी। कोणार्क का पौराणिक नाम पद्मक्षेत्र है। (दे० मैत्रेयवन)

(4) सौराष्ट्र (काठियावाड़, गुजरात) के उत्तर-पश्चिमी भाग—हालार—मे बहने वाली नदी।

(5) चन्द्रभागा नदी (1) का तटवर्ती प्रदेश जिसका उल्लेख विष्णुपुराण 4, 24, 69 मे है।

चंद्रवट (गुजरात)

मनमाड स्टेशन के निकट चांदवड प्राचीन तीर्थ है जिसका संबंध परशुराम तथा उनकी माता रेणुका से बताया जाता है। इसका प्राचीन नाम चंद्रादित्य-पुरी भी कहा गया है। (दे० चांदवड)। रेणुका के नाम पर अन्य प्रसिद्ध तीर्थ रुनकता (ज़िला आगरा, उ० प्र०) है।

चंद्रवटी=चंद्रपुरी

चंद्रवती चंद्रावती (राजस्थान)

आबू पर्वत के निकट है। यह नगरी प्राचीनकाल मे पवार राजपूतों की राजधानी थी। आबू के उग्रसेन पवार ने पवार राज्य की नींव डाली थी। राजा भोज (1010–1050 ई०) इस वंश का प्रसिद्ध राजा था जिसके समय में पवारों की राजधानी धारानगरी में थी। 12वीं शती मे सोलंकियों ने पवार राज्य का अन्त कर दिया था। चंद्रवती के खंडहर आबू के निकट हैं। चंद्रवती को चंद्रावती भी कहते हैं।

(2)=चंद्रपुरी (1)

(3) (काठियावाड़, गुजरात) सौराष्ट्र का प्राचीन नगर। इस स्थान से प्राप्त पुरातत्व विषयक सामग्री राजकोट के संग्रहालय मे सुरक्षित है।

चंद्रवल्ली (मैसूर)

चीतलदुर्ग से एक मील पश्चिम। ई० सन् के प्रारंभिक काल मे यह स्थान व्यापारिक दृष्टि से काफ़ी महत्त्वपूर्ण रहा होगा क्योंकि यहां तत्कालीन रोम-साम्राज्य में प्रचलित अनेक सिक्के मिले हैं जिनमे ऑगस्टस सीज़र तथा

टाइबेरियस नामक रोम सम्राटों के सिक्के भी हैं।

चंद्रवसा

श्री मद्भागवत 5,19,18 में इस नदी का अन्य नदियों के साथ उल्लेख है—'चन्द्रवसा ताम्रपर्णी अवटोदा कृतमाला वैहायसी कावेरी वेणी'— प्रसंग से यह नदी दक्षिण भारत की जान पड़ती है। संभव है यह चंद्रभागा या भीमा हो।

चंद्रा

विष्णुपुराण 2, 4, 28 में उल्लिखित शाल्मलद्वीप की एक नदी—'योनिस्तोयावितृष्णा च चंद्रमुक्ताविमोचनी, निवृत्ति सप्तमी तासास्मृतास्ता पापशान्तिदा'।

चन्द्रादित्यपुरी=घोडवड

चंद्रावती=चन्द्रवती

चंद्रिकापुरी=श्रावस्ती (जैन साहित्य)

चंदेही (जिला रीवा, म० प्र०)

प्राचीन शैव विहार या मठ के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। मंदिर छोटे वर्गाकार पत्थरों से बनाया गया था। ऊपरी सतह के प्रस्तरखंड कोनों पर से तड़क गए हैं क्योंकि निर्माताओं ने पत्थरों को जोड़ते समय चिनाई में स्वाभाविक विस्तरण के लिए कोई स्थान नहीं छोड़ा (दे० प्रोग्रेस रिपोर्ट आर्क्योलॉजिकल सर्वे, वेस्टर्न सर्किल, 31 मार्च 1921, पृ० 83-84-85)।

चंपकारण्य=चंपारण्य

चंपमालिनी=चंपा

चंपा (जिला भागलपुर, बिहार)

अंग देश की राजधानी। विष्णुपुराण 4,18, 20 में इंगित होता है कि पृथुलाक्ष के पुत्र चंप ने इस नगरी को बसाया था—'ततश्चंपो यश्चम्पां निवेशयामास'। जनरल कनिंघम के अनुसार भागलपुर के समीपस्थ ग्राम चंपानगर और चंपापुर प्राचीन चंपा के स्थान पर ही बसे हैं। महाभारत शान्ति० 5, 6-7 के अनुसार जरासंध ने कर्ण को चंपा या मालिनी का राजा मान लिया था, 'प्रीत्या ददौ स कर्णाय मालिनी नगरमथ, अंगेषु नरशार्दूल स राजाऽऽसीत् सपत्नजित्। पालयामास चंपां च कर्ण: परबलार्दन:'। वायुपुराण 99,105-106, हरिवंशपुराण 31,49 और मत्स्यपुराण 48,97 के अनुसार भी चंपा का दूसरा नाम मालिनी था। चंपा को चंपपुरी भी कहा गया है—'चंपस्य तु पुरी चंपा या मालिन्यभवत् पुरा'। इससे यह भी सूचित होता है कि चंपा का पहला नाम मालिनी था और चंप नामक राजा ने उसे चंपा नाम दिया था। दिग्घनिकाय 1,111; 2,235

के वर्णन के अनुसार चपा अगदेश में स्थित थी। महाभारत वन० 308,26 से सूचित होता है कि चपा गगा के तट पर बसी थी—'चर्मण्वत्याश्च यमुना ततो गगा जगाम ह, गगाया सूत विषय चपामनुययौ पुरीम्'। प्राचीन कथाओ से सूचित होता है कि इस नगरी के चतुर्दिक् चपक वृक्षो की मालाकार पक्तिया थी। इस कारण इसे चपमालिनी या केवलमालिनी कहते थे। जातककथाओ म इस नगरी का नाम कालचपा भी मिलता है। महाजनक जातक के अनुसार चपा मिथिला से साठ कोस दूर थी। इस जातक मे चपा के नगर-द्वार तथा प्राचीर का वर्णन है जिसकी जैन ग्रथो से भी पुष्टि होती है। औपपातिक सूत्र में नगर के परकोटे, अनेक द्वारो, उद्यानों, प्रासादो आदि के बारे मे निश्चित निर्देश मिलते हैं। जातक-कथाओ मे चपा की श्री, समृद्धि तथा यहा के सपन्न व्यापारियो का अनेक स्थानो पर उल्लेख है। चपा मे कौशेय या रेशम का सुदर कपडा बुना जाता था जिसका दूर दूर तक, भारत से बाहर दक्षिणपूर्व एशिया के अनेक देशो तक, व्यापार होता था। (रेशमी कपडे की बुनाई की यह परपरा वर्तमान भागलपुर मे अभी तक चल रही है) चपा के व्यापारियो ने हिंद-चीन पहुँचकर वर्तमान अनाम के प्रदेश मे चपा नामक भारतीय उपनिवेश स्थापित किया था। साहित्य में चपा का कुणिक अजातशत्रु की राजधानी के रूप मे वर्णन है। औपपातिक-सूत्र मे इस नगरी का सुदर वर्णन है और नगरी मे पुण्यभद्र की विश्रामशाला, वहा के उद्यान मे अशोक वृक्षो की विद्यमानता और कुणिक और उसकी महारानी धारिणी का चपा से सबध आदि बातो का उल्लेख है। इसी ग्रथ मे तीर्थंकर महावीर का चपा म समवशरण करने और कुणिक की चपा की यात्रा का भी वर्णन है। चपा के कुछ शासनाधिकारियों जैसे गणनायक, दडनायक, और तालवर के नाम भी इस सूत्र मे दिए गए हैं। जैन उत्तराध्ययनसूत्र मे चपा के धनी व्यापारी पालित की कथा है जो महावीर का शिष्य था। जैन ग्रथ विविधतीर्थकल्प मे इस नगरी की जैनतीर्थों मे गणना की गई है। इस ग्रथ के अनुसार बारहवें तीर्थंकर वासुपूज्य का जन्म चपा मे हुआ था। इस नगरी के शासक करकडु ने कुड नामक सरोवर मे पार्श्वनाथ की मूर्ति की प्रतिष्ठापना की थी। वीरस्वामी ने वर्षाकाल मे यहा तीन रातें बिताई थी। कुणिक (अजातशत्रु) ने अपने पिता बिबसार की मृत्यु क पश्चात् राजगृह छोडकर यहा अपनी राजधानी बनाई थी। युवानच्वाग (वाटर्स 2,181) ने चपा का वर्णन अपने यात्रावृत्त मे किया है। दशकुमार चरित्र 2,2 मे भी चपा का उल्लेख है जिससे ज्ञात होता है कि यह नगरी 7वी शती ई० या उसके बाद तक भी प्रसिद्ध थी।

चंपापुर के पास कर्णगढ की पहाड़ी (भागलपुर के निकट) है जिससे महाभारत के प्रसिद्ध योद्धा अंगराज कर्ण से चंपा का संबंध प्रकट होता है। यहां का समीपतम रेल स्टेशन नाथनगर, भागलपुर से 2 मील है। चंपा इसी नाम की नदी और गंगा के संगम पर स्थित थी।

(2)=चंपापुर (हिंद-चीन)। प्राचीन भारतीय उपनिवेश चंपा में वर्तमान अनाम का अधिकांश भाग सम्मिलित था। अनाम के उत्तरी जिले 'थान-हो-आ', 'नगे आन' और 'हातिन्ह' केवल इसके बाहर थे। इस प्रकार चंपापुरी का विस्तार 14° से 10° उत्तरी देशांतर के बीच में था। दूसरी शती ई० में यहां पहली बार भारतीयों ने औपनिवेशिक बस्ती बनाई थी। ये लोग संभवत भारत की चंपानगरी के निवासी थे। 15वीं शती तक यहां के निवासी पूर्ण रूप से भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के प्रभाव में थे। इस शती में अनामियों ने चंपा को जीतकर यहां अपना राज्य स्थापित कर लिया और भारतीय उपनिवेश की प्राचीन परंपरा को समाप्त कर दिया। चंपा का सर्वप्रथम भारतीय राजा श्रीमान् था जिसका चीन के इतिहास में भी उल्लेख मिलता है। चंपापुरी के वर्तमान अवशेषों में यहां के प्राचीन भारतीय धर्म तथा संस्कृति की सुंदर झलक मिलती है।

(3) चंपा (1) के निकट बहने वाली नदी। चंपा नगरी इसी नदी और गंगा के संगम पर स्थित थी।

चंपानगर

(1)=चंपापुर=चंपा (1)

(2)=चांपानेर

चंपारण्य

(1) (बिहार) प्राचीन काल में बड़ी गंडक के तट के समीप चंपारण्य या चंपकारण्य नामक विस्तीर्ण वन था। महाभारत वनपर्व में तीर्थ यात्रानुपर्व के अंतर्गत कौशिकी नदी (वर्तमान कोसी, बिहार) के पश्चात् चंपारण्य का उल्लेख है—'ततो गच्छेत राजेन्द्र चंपकारण्यमुत्तमम्, तत्रोष्य रजनीमेकां गोसहस्रफलं लभेत्'—वन० 84, 133। चंपारण्य के क्षेत्र में गंडकी के तट पर बगहा नगर बसा है—इसे लोग नारायणी तथा शालिग्रामी भी कहते हैं। बगहा से 25 मील पर दरबाबारी में गंडक, पचनद तथा सोनहा नदियों का संगम है। निकट ही बावनगढ़ी में खंडहर हैं जहां पांडवों ने अपने वनवास का कुछ समय व्यतीत किया था। पौराणिक किंवदंतियों के अनुसार यह वही स्थान है जहां श्रीमद्भागवत में वर्णित गज ग्राह युद्ध हुआ था किंतु श्रीमद्भागवत के अनुसार

इस आख्यायिका की घटनास्थली त्रिकूट पर्वत के निकट थी। दे० त्रिकूट (1)। गंडक की घाटी में गज और ग्राह के पैरों के चिह्न भी, श्रद्धालु लोगों की कल्पना के अनुसार, पाए जाते हैं। संगम के निकट वह स्थान है जहां से सीता ने राम की सेना तथा लवकुश में होने वाला युद्ध देखा था। यहीं संग्रामपुर का ग्राम है जहां वाल्मीकि का आश्रम बताया जाता है। चंपारन का जिला प्राचीन चंपारण्य के क्षेत्र में ही बसा हुआ है। (दे० बगहा)

(2) (जिला रायपुर, म० प्र०) 16वीं शती के प्रसिद्ध महात्मा तथा भक्ति-मार्ग के प्रमुख प्रचारक वल्लभाचार्य का जन्मस्थान। इनके पिता का नाम लक्ष्मणभट्ट तथा माता का इलम्मा था। ये आंध्र के कांकरवाड ग्राम के रहने वाले तैलंग ब्राह्मण थे। कहा जाता है कि लक्ष्मणभट्ट सस्त्रीक काशी की यात्रा पर गए हुए थे और मार्ग में ही चंपारण्य के स्थान पर वल्लभ का जन्म हुआ था (1478 ई०)। वल्लभाचार्य की सोलहवीं शती के महापुरुषों में गणना की जाती है। ये भक्तिवाद के प्रतिपादक थे। महाकवि सूरदास इन्हीं के शिष्य थे। कुछ लोगों के मत में वल्लभाचार्य का जन्मस्थान चंपारन (बिहार) के निकट चतुर्भुजपुर है।

चंपारन (दे० चंपारण्य)

चंपावती

(1) कुमायूं की प्राचीन राजधानी।

(2) बंबई से 25 मील दक्षिण में स्थित वर्तमान चौल। यह परशुराम क्षेत्र के अंतर्गत है। संभवतः स्कंदपुराण (ब्रह्मोत्तर खंड—16) की चंपावती यही है।

चंपावतीनगर

बीड का प्राचीन नाम। कहा जाता है कि विक्रमादित्य की बहन चंपावती ने इस स्थान का नाम, जिसे पहले बल्नी कहते थे, विक्रमादित्य का अधिकार हो जाने पर बदलकर चंपावतीनगर कर दिया था।

(दे० बीड)

चंबल दे० चर्मण्वती

चंबा (हि० प्र०)

इस पहाड़ी नगर को 920 ई० में राजा साहिल्ल वर्मा ने बसाया था जो सूर्यवंशी क्षत्रिय थे। नगर दो भागों में बंटा हुआ है। निचले भाग के निकट रावी नदी बहती है। शाह-मदार पहाड़ी के बीच में महाराजा रणजीतसिंह की रानी शारदा का बनवाया स्मारक है जो रानी नैनादेवी की स्मृति में निर्मित

हुआ था। नैनादेवी ने नगरवासियों के लिए जल की पर्याप्त मात्रा प्राप्त करने के लिए अपने प्राण उत्सर्ग कर दिए थे। कहानी यह है कि राजा साहिलवर्मा ने सरोथा नामक सरिता का जल चंबा तक पहुंचाने के लिए एक रजबहा बनवाया था। किसी अज्ञात कारण से नदी का पानी इस नहर में न चढ़ता था। राजा को स्वप्न में आदेश हुआ कि पानी लाने के लिए उसे अपने ज्येष्ठ पुत्र या रानी का बलिदान करना पड़ेगा। रानी को जब यह ज्ञात हुआ तो वह अपने प्राण देने के लिए तैयार हो गई। कहा जाता है कि जैसे ही नैनादेवी ने जल-समाधि ली वैसे ही नहर में पानी फूट पड़ा। इस महान् आत्मा की स्मृति में चैत्र-वैसाख में चंबा में एक बड़ा मेला लगता है जिसमें केवल स्त्रियां ही आती हैं। चंबा की मुख्य इमारत अखंड चंडीमहल है जिसके उत्तर-पश्चिम की ओर छः मंदिर स्थित हैं। इनमें तीन शिव और तीन विष्णु के मंदिर हैं। ये मंदिर शिल्प के सुंदर उदाहरण हैं। ये लगभग एक सहस्र वर्ष प्राचीन हैं। चंबा जिले में सर्वप्रसिद्ध मंदिर लक्ष्मीनारायण का है जो साहिलवर्मा का ही बनवाया हुआ है। कहते हैं कि इस मंदिर को बनवाने के लिए राजा साहिल-वर्मा ने अपने नौ राजकुमारों को संगमर्मर लाने के लिए विंध्याचल भेजा था। इस काम में अपना ज्येष्ठ पुत्र युगकार वर्मा सबसे अधिक सफल रहा था। चंबा आज भी पुरानी हिंदू संस्कृति का केंद्र है और अपने प्राचीन परंपरागत लोक-संगीत तथा नृत्य के लिए भारत भर में प्रख्यात है। यहां के अनेक प्राचीन अभिलेख स्थानीय संग्रहालय में सुरक्षित हैं।

चकवाल (दे० चक्रवास)

चक्रकूट

यह प्रदेश प्राचीनकाल में वर्तमान मध्यप्रदेश के पूर्वी और उड़ीसा के पश्चिमी भाग के अंतर्गत था। गोदावरी इसकी पश्चिमी सीमा पर बहती थी। इंद्रावती नदी इसी प्रदेश की मुख्य नदी है जो वर्तमान जगदलपुर (जिला बस्तर) के पास बहती है। आज भी जगदलपुर के निकट इंद्रावती के प्रपात को चित्रकोट कहते हैं जो चक्रकूट या चक्रकोट का रूपांतर हो सकता है।

चक्रक्षेत्र

जगन्नाथपुरी के क्षेत्र का प्राचीन पौराणिक नाम।

चक्रतीर्थ

(1) नासिक (महाराष्ट्र) के पास गोदावरी का तीर्थ। गोदावरी के स्रोत, ब्रह्मगिरि के पश्चात् इस स्थान पर नदी का जल पहली बार प्रकट होता है। यह ब्रह्मगिरि से छः मील दूर है।

(2) (जिला गढ़वाल उ० प्र०) बदरीनाथ से कुछ दूर उत्तर की ओर स्थित है। इसके विषय में पौराणिक किंवदंती है कि यहां रहकर अर्जुन ने तप किया था और वरदान स्वरूप दैवी अस्त्र प्राप्त करके उन्होंने शत्रुओं पर विजय प्राप्त की थी—'चक्रतीर्थस्य माहात्मादर्जुन परमास्त्रवित् भूत्वा स नाशयामास शत्रून् दुर्योधनादिकान्' स्कंदपुराण, केदार खंड, 58, 57।

(3) किष्किंधा के निकट ऋष्यमूकपर्वत और तुंगभद्रा नदी के घेरे को चक्रतीर्थ कहा जाता है।

चक्रनगर

(1) (म० प्र०) केल्झर का प्राचीन नाम। यहां के पुराने दुर्ग के ध्वंसावशेषों में एक दरवाज़ा अभी तक दिखाई देता है जिसके पत्थरों पर विभिन्न देवी-देवताओं की सुंदर मूर्तियां उत्कीर्ण हैं।

(2) (जिला इटावा, उ० प्र०) इस स्थान पर एक प्राचीन दुर्ग के खंडहर तथा विस्तृत ढूह स्थित हैं किंतु नियमित रूप से उत्खनन न होने के कारण प्राचीनकाल की मूल्यवान् सामग्री प्रकाश में न आ सकी है। कहा जाता है कि यह वही स्थान है जहां भीम ने पांडवों के वनवास के दिनों में यहां रहते हुए, एक राक्षस का वध करके एक ब्राह्मण परिवार की, जिसके यहां पांडव अतिथि थे, रक्षा की थी।

चक्रपुर (दे० केल्झर)

चक्रनदी

श्रीमद्भागवत में (10, 79, 11) वर्णित नदी, जो संभवत गंडकी या उसकी सहायक चक्रा है। (दे० चक्रा)

चक्रा

नेपाल की एक नदी जो देविका नदी के साथ ही, गंडकी में, मुक्तिनाथ नामक स्थान पर मिलती है। मुक्तिनाथ का त्रिवेणी-संगम काठमांडू से 140 मील दूर है। संभवत यह श्रीमद्भागवत पुराण की चक्र नदी है।

चक्षु

विष्णुपुराण 2, 2, 36 में चक्षु को केतुमाल वर्ष की नदी बताया गया है—'चक्षुश्च पश्चिमगिरीनतीत्य सकलांस्तथा पश्चिमकेतुमालाख्यं वर्षं गत्वैति सागरम्'। कोलब्रुक (दे० सिद्धान्त शिरोमणि की टीका) तथा विलसन (दे० संस्कृतकोश) के अनुसार चक्षु, ऑक्सस (Oxus) नदी का एक प्राचीन संस्कृत नाम है। किंतु प्रो० पाठक ने यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया है कि चक्षु का शुद्ध रूप वक्षु (या वंक्षु) है और वक्षु का चक्षु संस्कृत साहित्य व परवर्ती काल

मे प्रतिलिपिकार की भूल से बन गया है। वक्षु या वक्षु संस्कृत में प्राचीन साहित्य मे सर्वत्र ऑक्सस नदी के लिए प्रयुक्त हुआ है (दे० वक्षु)। वाल्मीकि रामायण बाल० 43, 13 मे जिस सुचक्षु नदी का वर्णन गंगा की पश्चिमी धारा के रूप मे है वह यही चक्षु या वक्षु जान पड़ती है—'सुचक्षुश्चैव सीता च सिंधुश्चैव महानदी, तिस्रश्चैतादिश जग्मु प्रतीचीं तु दिश शुभा'। सीता तरिम नदी है जो वक्षु मे पश्चिम की ओर से आकर मिलती है। चक्षु को सीता के साथ गंगा की एक धारा माना गया है।

चक्षुष्मती=इक्षुमती

चजरला (जिला गंतूर, आं० प्र०)

चजरला या चेजरला मे प्राचीनकाल मे एक बौद्धचैत्य स्थित था जो दक्षिण भारत मे बौद्धधर्म की अवनति के पश्चात्, पल्लवों के शासनकाल मे, शिवमंदिर के रूप मे परिणत हो गया था। इस स्तूप की, जो संरचनात्मक है न कि शैलकृत, खोज श्री री ने की थी। जान पड़ता है इसकी रूपरेखा व आकृति भी, जो पहले बौद्ध चैत्यों की भाति ही थी, बाद मे शिव मंदिरो के अनुकूल ही बना ली गई।

चटकूट (जिला मेदक, आं० प्र०)

प्राचीन मंदिरो के मूल्यवान् अवशेषो के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

चटगाँव=चाटगाँव (पूर्व बंगाल, पाकि०)

एक स्थानीय किंवदंती के अनुसार इस नगर का प्राचीन नाम टिस्टागोंग था जो बिगड़कर चिट्टागोंग या चटगाव हो गया। कहा जाता है बर्मा के बौद्ध राजा ने जब इस स्थान को जीता तो उसने टिस्टागोंग शब्द कहे थे जिनका अर्थ है कि लड़ाई करना बुरा है। चटगाव मे पुराना बंदरगाह तो है ही, कई प्राचीन मंदिर व मसजिदें भी हैं।

चणक

जैन ग्रंथ आवश्यकसूत्र के अनुसार चन्द्रगुप्त का मंत्री चाणक्य, चणक ग्राम का निवासी था। यह ग्राम गोल्ल (?) मे स्थित था।

चतुर्भुजपुर (जिला चंपारन, बिहार)

चम्पारन के समीप घोड़ासगर। इसे किंवदंती मे महाप्रभु वल्लभाचार्य का जन्मस्थान माना जाता है। इनका जन्म 1478 ई० मे हुआ था [किंतु दे० चम्पारण्य (2)]

चमकौर (हि० प्र०)

शिवालिक पहाड़ियों की तराई मे बसा हुआ एक छोटा कस्बा। पुरातत्व

विभाग के अधीक्षक डॉ० वाई० डी० शर्मा के अनुसार उत्खनन से इस स्थान पर अति प्राचीन नगर के अवशेष प्राप्त हुए हैं। यह नगर आजकल सिक्खों का पवित्र स्थान है जहां गुरु गोविंदसिंह ने मुग़लों के विरुद्ध अंतिम युद्ध किया था। इसी के फलस्वरूप उनके दो ज्येष्ठ पुत्र मारे गए थे और दो कनिष्ठ पुत्र सरहिंद के सूबेदार की आज्ञा से दीवार में चुनवा दिए गए थे। डॉ० शर्मा के मत में इस नगर की नींव रामायणकाल में पड़ी थी। नगर के आसपास विस्तृत बालू के मैदान हैं जिससे यह जान पड़ता है कि किसी समय सतलज नदी यहां होकर बहती थी। ई० सन् के दो सहस्र वर्ष पूर्व के हरप्पा-सभ्यता से प्रभावित अनेक अवशेष यहां मिले हैं। चमकौर की घनी बस्ती के कारण यहां विस्तृत खुदाई संभव न हो सकी है किंतु उत्तर-मध्यकालीन अवशेष काफ़ी प्रचुरता से मिले हैं जिनके उदाहरण चमकीले मृत्भांड एवं लाल ढक्कन और चपटी तली तथा चौड़े मुँह और तेज़ धार के किनारे वाले प्याले हैं।

चमत्कारपुर (दे० बड़नगर, हाटकेश्वर)

चमन (दे० उद्यान)

चमनाक (पूर्व बरार, महाराष्ट्र)

इस स्थान से वाकाटक नरेश प्रवरसेन द्वितीय का एक ताम्रदान-पट्ट प्राप्त हुआ है जो इसके शासनकाल के 18वें वर्ष में जारी किया गया था। इसमें प्रवरसेन द्वारा चर्मांक नामक ग्राम (वर्तमान चमनाक) का एक सहस्र ब्राह्मणों को दान में दिए जाने का उल्लेख है। इस अभिलेख में वाकाटक महाराजाओं की निम्न वंशावली दी हुई है जिससे इस वंश के इतिहास पर प्रकाश पड़ता है—महाराजा प्रवरसेन, म० गौतमीपुत्र, म० रुद्रसेन (स्वामी महाभैरव का भक्त था और भारशिव महाराज भवनाग का दौहित्र था। भारशिव महाराजाओं ने भागीरथी गंगा को अपनी वीरता द्वारा प्राप्त किया था), म० पृथ्वीसेन (महेश्वर का भक्त था), म० रुद्रसेन (चक्रपाणि विष्णु का भक्त था, देवगुप्त की कन्या प्रभावती गुप्त इसकी रानी थी), म० प्रवर सेन (भगवान् शंभु का भक्त था)। वाकाटक नरेश गुप्त सम्राटों के समकालीन थे।

चमरलेण (ज़िला उसमानाबाद, महाराष्ट्र)

धरसेव या उसमानाबाद के निकट चमरलेण में 500–600 ई० के वैष्णव और जैन गुहा मंदिर स्थित हैं। निकट ही डावरलेण और लचन्दरलेण नामक शैलकृत गुफाएं हैं जो इसी काल की हैं।

चमरोत्पात

जैन साहित्य के सर्वप्राचीन आगम ग्रंथ एकादश अंगादि में उल्लिखित तीर्थ,

जिसका पता अब नही है। अन्य अज्ञात तीर्थ, जिनका उल्लेख इस ग्रंथ मे है—गजाग्रपद, रथावर्त आदि हैं।

चमसोद्भेद

महाभारत वन० 82, 112 मे चमसोद्भेद का उल्लेख सरस्वती नदी के विनशन तीर्थ के पश्चात् है—'चमसेऽथ शिवोद्भेदे नागोद्भेदे च दृश्यते, स्नात्वा तु चमसोद्भेदे अग्निष्टोमफल लभेत्'। इस प्रसग के वर्णन से सूचित होता है कि सरस्वती नदी विनशन मे नष्ट या लुप्त होने के पश्चात् चमसोद्भेद मे फिर प्रकट होती थी। यही अगस्त्य और लोपामुद्रा का विवाह हुआ था। शल्य० 35, 87 मे भी चमसोद्भेद का सरस्वती के तटवर्ती तीर्थों मे वर्णन है—'ततस्तु चमसोद्भेदमच्युतस्त्वगमद् बली, चमसोद्भेद इत्येव य जनाः कथयन्त्युत'।

चरखारी (जिला हमीरपुर, उ० प्र०)

अंग्रेजी राज्य के समय मे बुदेलखड की एक रियासत थी। महाराजा छत्रसाल के पुत्र राजा जगतराज ने अपने तीसरे पुत्र कुमार कीरतसिंह को अपनी जैतपुर की रियासत का उत्तराधिकारी बनाया था पर इसकी मृत्यु अपने पिता के जीवनकाल मे ही हो गई। जगतराज के मरने पर 1759 ई० मे कीरतसिंह के पुत्र गुमानसिंह ने गद्दी लेनी चाही किंतु उसके चाचा पहाड़सिंह ने विरोध किया। फलस्वरूप गुमानसिंह और उसका भाई खुमानसिंह भागकर चरखारी पहुचे और वहा के किले मे रहने लगे। इसके पीछे 1764 ई० मे पहाड़सिंह ने खुमानसिंह को चरखारी का प्रदेश दे दिया और इस प्रकार इस रियासत की नीव पड़ी।

चरणाद्रि (दे० चुनार)

चरना (जिला हमीरपुर, उ० प्र०)

यहा बुदेलखड के चन्देल-नरेशो के जमाने की इमारतो के अवशेष स्थित हैं। चन्देलो का शासन इस इलाके मे 8वी-9वीं शती ई० मे था।

चरित्र (उड़ीसा)

महानदी के मुहाने पर अवस्थित प्राचीन नगर।

चरित्रवन

चरित्रवन मे महर्षि विश्वामित्र का तपोवन था। इसकी स्थिति बक्सर (बिहार) के निकट थी। कहा जाता है कि यह आश्रम कारूप देश मे स्थित था।

चरूप=चारूप

चर्मण्वती=चंबल

महाभारत के अनुसार राजा रतिदेव के यज्ञो मे जो आर्द्र चर्मराशि

इकट्ठी हो गई थी उससे यह नदी उद्भूत हुई थी—'महानदी चर्मराशेरुत्क्लेदात् समृजेयत ततश्चर्मण्वतीत्येव विख्याता स महानदी' शान्ति० 29,123। कालिदास ने भी मेघदूत-पूर्वमेघ 47 में चर्मण्वती को रतिदेव की कीर्ति का मूर्तस्वरूप कहा है—'आराध्यैनं शरवनभवं देवमुल्लंघिताध्वा, सिद्धद्वन्द्वैर्जलकण-भयाद्वीणिभिर्दत्त मार्गः व्यालम्बेथास्सुरभितनयालम्भजां मानयिष्यन्, स्रोतोमूर्त्याभुवि परिणतां रतिदेवस्य कीर्तिं'। इन उल्लेखों से यह जान पड़ता है कि रतिदेव ने चर्मण्वती के तट पर अनेक यज्ञ किए थे। महाभारत 2, 31,7 में भी चर्मण्वती का उल्लेख है—'ततश्चर्मण्वती कूले जम्भकस्यात्मजं नृपं ददर्श वासुदेवेन शेषितं पूर्ववैरिणा'—अर्थात् इसके पश्चात् सहदेव ने (दक्षिण दिशा की विजय यात्रा के प्रसंग में) चर्मण्वती के तट पर जम्भक के पुत्र को देखा जिसे उसके पूर्व शत्रु वासुदेव ने जीवित छोड़ दिया था। सहदेव इसे युद्ध में हराकर दक्षिण की ओर अग्रसर हुए थे। चर्मण्वती नदी को वनपर्व के तीर्थ यात्रा अनुपर्व में पुण्य नदी माना गया है—'चर्मण्वतीं समासाद्य नियतो नियताशन रन्तिदेवाभ्यनुज्ञातमग्निष्टोमफलं लभेत्'। श्रीमद्भागवत 5,19,18 में चर्मण्वती का नर्मदा के साथ उल्लेख है—'सुरसानर्मदा चर्मण्वती सिंधुरंध'—इस नदी का उद्भव जनपद की पहाड़ियों से हुआ है—यहीं से गंभीरा नदी भी निकलती है। यह यमुना की सहायक नदी है। महाभारत वन० 308,25 26 में अश्वनदी का चर्मण्वती में, चर्मण्वती का यमुना में और यमुना का गंगा में मिलने का उल्लेख है—'मंजूषात्वश्वनद्याः सा ययौ चर्मण्वतीं नदीम्, चर्मण्वत्याश्च यमुनां ततो गंगा जगाम ह। गंगायाः सूतविषये चंपामनुययौपुरीम्'।

चर्मकि=चमनाक

चांदनगांव (ज़िला हिंडौन राजस्थान)

पश्चिम रेल की मथुरा-नागदा शाखा पर चांदनगांव या वर्तमान महावीरजी जैनों का प्रसिद्ध तीर्थ है। *यह गंभीरा नदी के तट पर अवस्थित है*। इस तीर्थ का महत्त्व मुख्य रूप से एक लाल पत्थर की प्रतिमा के कारण है जो *1600 ई० के लगभग एक प्राचीन टीले के अंदर से प्राप्त हुई थी*। राजस्थान के ख्यातों से ज्ञात होता है कि यह स्थान प्राचीन समय में चांदनगांव *कहलाता था। यहां उस समय बड़े-बड़े व्यापारियों की बस्ती थी*। एक स्थानीय किंवदंती के अनुसार यहां के एक बड़े व्यापारी के पास घृत का इतना *विशाल संग्रह था कि इस स्थान से नाली में डालकर घृत दिल्ली तक पहुंचाया* जा सकता था। चांदनगांव के नीचे की ओर गंभीरा पर एक बांध बना हुआ था। इस स्थान का बटवारा तीन भाइयों में हुआ था और नए दो गांवों के

नाम क्रमश तत्कालीन शासकों के नाम पर अकबरपुर और औरंगाबाद हुए वर्तमान महावीरजी औरंगाबाद का ही परिवर्तित नाम है। मुगलकाल में निकटवर्ती कैमला ग्राम के निवासियों की यहां के निवासियों से शत्रुता होने के कारण यह बस्ती उजड़ गई। कैमलावासियों ने चांदनगांव का बांध तोड़कर नगर को नष्ट भ्रष्ट कर दिया था जिसके स्मारक रूप अनेक खंडहर आज भी देखे जा सकते हैं। महावीरजी के मंदिर की मूर्ति 1500 ई० से पूर्व की जान पड़ती है। यह संभव है कि शत्रुओं के आक्रमण के समय किसी ने इस मूर्ति को भूमि में गाड़ दिया हो और कालांतर में मंदिर के बनने के समय यह बाहर निकाली गई हो। यह निश्चित है कि मंदिर का निर्माण बसवा (जयपुर) के सेठ अमरचंद बिलाला ने 1688 ई० के कुछ पूर्व करवाया था। जयपुर के प्राचीन राजस्व के कागजों में इस सन् में मंदिर के विद्यमान होने का उल्लेख है। जयपुर सरकार की ओर से 1688 ई० में मंदिर में पूजा के लिए कुछ निश्चित धन दिया गया था। कहा जाता है कि 1830 ई० में जयपुर के दीवान जोधराज को तत्कालीन महाराजा ने किसी बात से रुष्ट होकर गोली से उड़ा देने का आदेश दिया था किंतु चांदनगांव के महावीर स्वामी की मनौती के कारण वे तीन गोलियां दागी जाने के बाद भी बच गए। इसी चमत्कार से प्रभावित होकर महाराजा तथा दीवान दोनों ने ही यहां के मंदिर को विस्तृत करवाया था। इस मंदिर में मुगल वास्तुकला की पूरी-पूरी छाप दिखाई देती है जिसके उदाहरण इसके गुंबद, गोलछत्रियां और आले हैं। मंदिर के तैयार होने पर सरकार द्वारा एक मेला यहां लगवाया गया था जो आज भी प्रतिवर्ष वैसाख में लगता है।

चांदपुर

(1) (जिला झांसी, उ० प्र०) मध्ययुगीन बुंदेलखंड की वास्तुकला की सुंदर कृतियां व खंडहर यहां के उल्लेखनीय स्मारक हैं। (दे० चचावर)

(2) (जिला गढ़वाल उ० प्र०) गढ़वाल की अनेक गढ़ियों में से (जिनके कारण यह प्रदेश गढ़वाल कहलाता है) सर्वप्रसिद्ध गढ़ी, जहां पुराने महलों के खंडहर देखे जा सकते हैं। कहा जाता है कि चांदपुर के राजाओं ने ही आदि बदरी (बदरीनाथ) में मंदिर बनवाए थे।

चांदवड़ = चंद्रादित्यपुरी (महाराष्ट्र)

अहल्याबाई होलकर का जन्म स्थान। किंवदंती है कि चांदवड़ या चंद्रपटनगर की नींव यादववंशीय राजा दीर्घ पत्नार ने डाली थी। 801 ई० से 1073 ई० तक यहां यादवों का राज्य रहा। नगर 4000 फुट ऊंची पहाड़ी के नीचे बसा है। पहाड़ी पर जाने के मार्ग में रेणुका देवी का मंदिर है जो संभवतः प्राचीनकाल से

जैन गुहा मंदिर रहा होगा क्योंकि दीवार मे तीन और तीर्थंकरों की मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। जैनसाहित्य मे चादवड का प्राचीन नाम चंद्रादित्यपुरी मिलता है।

चांपानेर=चपानेर (गुजरात)

बड़ौदा से 21 मील और गोधरा से 25 मील दूर, गुजरात की मध्ययुगीन राजधानी चांपानेर (मूल नाम चंपानगर या चंपानेर) के स्थान पर वर्तमान समय मे पावागढ़ नामक नगर बसा हुआ है। यहां से चांपानेर रोड स्टेशन 12 मील है। इस नगर को जैन धर्मग्रंथों मे तीर्थ माना गया है। श्री तीर्थ माला चैत्य वदन मे चांपानेर का नामोल्लेख है—'चंपानेरक धर्मचक्र मथुराऽयोध्या प्रतिष्ठानके—'। प्राचीन चांपानेर नगरी 12 वर्ग मील के घेरे में बसी हुई थी। पावागढ की पहाडी पर उस समय एक दुर्ग था जिसे पवनगढ या पावागढ कहते थे। यह दुर्ग अब नष्टभ्रष्ट हो गया है पर प्राचीन महाकाली का मंदिर आज भी विद्यमान है। चांपानेर की पहाडी समुद्रतल से 2800 फुट ऊंची है। इसका संबंध ऋषि विक्रमादित्य से बताया जाता है। चांपानेर का संस्थापक, गुजरात-नरेश वनराज का चंपा नामक मंत्री था। चादवरीत नामक गुजराती लेखक के अनुसार 11वीं शती मे गुजरात के शासक भीमदेव के समय मे चांपानेर का राजा रामगौर तुअर था। 1300 ई० मे चौहानों ने चांपानेर पर अधिकार कर लिया। 1484 ई० मे महमूद बेगडा ने इस नगरी पर आक्रमण किया और वीर राजपूतो ने विवश होकर अपने प्राण शत्रु से लडते लडते गवा दिए। रावल पतई जयसिंह और उसका मंत्री डूगरसी पकड़े गए और इस्लाम स्वीकार न करने पर मुसलमानों ने उनका वध कर दिया (17 नवंबर, 1484 ई०)। इस प्रकार चांपानेर के 184 वर्ष प्राचीन राजपूत राज्य की समाप्ति हुई। 1535 ई० मे हुमायू ने चांपानेर दुर्ग पर अधिकार कर लिया पर यह आधिपत्य धीरे धीरे शिथिल होने लगा और 1573 ई० में अकबर को नगर का घेरा डालना पडा और उसने फिर से इसे हस्तगत कर लिया। इस प्रकार संघर्षमय अस्तित्व के साथ चांपानेर मुगलो के कब्जे में प्राय 150 वर्षों तक रहा। 1729 ई० मे सिंधिया का यहां अधिकार हो गया और 1853 ई० मे अंग्रेजो ने सिंधिया से इसे लेकर बंबई प्रांत मे मिला दिया। वर्तमान चांपानेर मुसलमानों द्वारा बसाई गई बस्ती है। राजपूतों के समय का चांपानेर यहां से कुछ दूर है। गुजरात के सुल्तानों ने चांपानेर में अनेक सुंदर प्रासाद बनवाए थे। ये अब खंडहर हो गए हैं। हलोल नामक नगर जो बहुत दिनो तक संपन्न और समृद्ध दशा म रहा, चांपानेर का ही उपनगर था। इसका महत्त्व गुजरात के सुलतान बहादुरशाह की मृत्यु के पश्चात् (16वीं शती) समाप्त हो गया। पहाडी पर

जो काली-मंदिर है वह बहुत प्राचीन है। कहा जाता है कि विश्वामित्र ने उसकी स्थापना की थी। इन्हीं ऋषि के नाम से इस पहाड़ी से निकलने वाली नदी विश्वामित्री कहलाती है। महादाजी सिंधिया ने पहाड़ी की चोटी पर पहुचने के लिए पौलकृत सीढ़िया बनवाई थी। चापानेर तक पहुचने के लिए सात दरवाजों में से होकर जाना पड़ता है।

चाकन (महाराष्ट्र)

चाकन का दुर्ग, महाराष्ट्र केसरी शिवाजी को पितृपरपरागत जागीर मे था। उनके पितामह मालोजी को शिवनेरि तथा चाकन के किले अहमदनगर के सुल्तान ने जागीर मे प्रदान किए थे।

चाकसू (राजस्थान)

एक मध्ययुगीन जैन मंदिर इस स्थान का मुख्य आकर्षण है। शिल्पसौष्ठव की दृष्टि से यह मंदिर राजस्थान की एक सुंदर कलाकृति है।

चाटगाव=चटगाव

चाफल

महाराष्ट्र का प्राचीन तीर्थ। इस स्थान पर छत्रपति शिवाजी ने समर्थ रामदास से प्रथम भेंट की थी और यही वे उनके शिष्य बने थे। चाफल मे समर्थ ने अपना एक मठ भी स्थापित किया था।

चामरसेण (दे० चमरसेन)

चारसद्दा (जिला पेशावर, प० पाकि०)

यह कस्बा प्राचीन पुष्कलावती (पाली पुक्खलाओति) के स्थान पर बसा हुआ है। इसकी स्थिति पेशावर से 17 मील उत्तर पूर्व मे है। (दे० पुष्कलावती)

चारित्र

चीनी यात्री युवानच्वांग (7वी शती ई०) द्वारा उल्लिखित उड़ीसा का एक बंदरगाह जिसका अभिज्ञान सामान्यत पुरी से किया जाता है। (दे० महताब, हिस्ट्री ऑव उड़ीसा, पृ० 35)

चारी (कच्छ, गुजरात)

इस स्थान पर प्राचीन काल के बंदरगाह के चिह्न पाए गए है, जो भारत पर अरबो के आक्रमण के समय (712 ई०) और उसमे पूर्व समृद्ध अवस्था मे था। (दे० ट्रेवल्स इट्र बुखारा 1835 जिल्द 1, अध्याय 17)

चारूप (गुजरात)

पाटन के निकट प्राचीन जैन तीर्थ, जिसका उल्लेख जैन स्तोत्र ग्रंथ तीर्थ-

माला चंपवदन मे है—'हस्ताडी पुरपाडला दसपुरे चारुप पचासरे । इसे अब चरूप कहते है ।

चिंगलपट (मद्रास)

समुद्रतट पर स्थित दुर्गनगर है । यहा के किले के एक पार्श्व म दोहरी क़िलाबदी है और तीन ओर झील तथा दलदलें हैं । यहा से पाँच मील पर पहाडी के ऊपर दक्षिण का प्रसिद्ध पक्षी-तीर्थ है । पहाडी पर शिव मदिर है और जटायुकुड है । जटायुकुड का सबध रामायण के गृध्रराज जटायु से बताया जाता है । पहाडी के नीचे शख तीर्थ है ।

चिचेलम

मूसी नदी के तट पर छोटा-सा ग्राम है जिसके चारो ओर भागनगर या हैदराबाद का निर्माण हुआ था । मूल रूप मे हैदराबाद को बसाने वाले गोलकुडा नरेश कुतुबशाह की प्रेयसी सुदरी भागवती का यह निवास स्थान था । इसी के नाम पर भागनगर बसाया गया था जो बाद मे हैदराबाद नाम से प्रसिद्ध हुआ । कहा जाता है कि हैदराबाद का केंद्रीय स्थान चारमीनार चिचेलम ग्राम मे ही बनाया गया था ।

चितवर

राजस्थान का एक अनभिज्ञात नगर । इसका उल्लेख तिब्बत के इतिहास लेखक तारानाथ ने मारवाड के किसी राजा हर्ष के सबध मे किया है । हर्ष ने चितवर म एक बौद्धविहार बनवाया था जिसमे एक सहस्र बौद्ध भिक्षुओ का निवास था । सभवत इडियन एटिक्वेरी 1910 पृ० 187 मे उल्लिखित हर्षपुर भी इसी हर्ष के नाम पर बसा हुआ नगर था । इस हर्ष का समय 7वीं शती ई० माना जाता है ।

चिताभूमि=वैद्यनाथधाम

यह स्थान सती के बावन पीठो म है । लोक प्रवाद है कि रावण ने यहा शिवोपासना की थी ।

चित्तौड (ज़िला उदयपुर, राज०)

मेवाड का प्रसिद्ध नगर जो भारत के इतिहास मे सिसौदिया राजपूतो की वीरगाथाओ के लिए अमर है । प्राचीन नगर चित्तौडगढ स्टेशन से 2½ मील दूर है । मार्ग मे गभीर नदी पडती है । भूमितल से 508 फुट ऊँची पहाडी पर इतिहास-प्रसिद्ध चित्तौडगढ स्थित है । दुर्ग के भीतर ही चित्तौडनगर बसा है जिसकी लम्बाई 3½ मील और चौडाई 1 मील है । परकोटे के क़िले की परिधि 12 मील है । कहा जाता है कि चित्तौड से 8 मील उत्तर की ओर नगरी

नामक प्राचीन बस्ती ही महाभारतकालीन माध्यमिका है। चित्तौड का निर्माण इसी के खंडहरों से प्राप्त सामग्री से किया गया था। किंवदंती है कि प्राचीन गढ को महाभारत के भीम ने बनवाया था। भीम के नाम पर भीमगोडी, भीमसत आदि कई स्थान आज भी किले के भीतर हैं। पीछे मौर्य वंश के राजा मानसिंह ने उदयपुर के महाराजाओं के पूर्वज बप्पा रावल को जो उनका भानजा था, यह किला सौंप दिया। यही बप्पारावल ने मेवाड के नरेशों की राजधानी बनाई, जो 16वी शती मे उदयपुर के बसने तक इसी रूप मे रही। 1303 ई० मे सुलतान अलाउद्दीन खिल्जी ने चित्तौड पर आक्रमण किया। इस अवसर पर महारानी पद्मिनी तथा अन्य वीरांगनाएं अपने कुल के सम्मान तथा भारतीय नारीत्व की लाज रखने के लिए अग्नि मे कूदकर भस्म हो गईं और राजपूत वीरों ने युद्ध मे प्राण उत्सर्ग कर दिए। जिस स्थान पर पद्मिनी सती हुई थी वह समाधीश्वर नाम से विख्यात है। स्थानीय जनश्रुति के आधार पर कहा जाता है कि अलाउद्दीन ने चित्तौड पर दो आक्रमण किए थे किंतु आधुनिक खोजो से एक ही आक्रमण सिद्ध होता है। पद्मिनी के रानीमहल नामक प्रासाद के खंडहर भी किले के अदर अवस्थित हैं। इस भवन को 1535 ई० मे गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह ने नष्ट कर दिया था। चित्तौड का दूसरा 'साका' या जौहर गुजरात के सुलतान बहादुरशाह के मेवाड पर आक्रमण के समय हुआ था। इस अवसर पर महारानी कर्णावती ने हुमायूँ को राखी भेजकर उसे अपना राखीबंद भाई बनाया था। तीसरा 'साका' अकबर के समय मे हुआ जिसमे वीर जयमल और पत्ता ने मेवाड की रक्षा के लिए हँसते हँसते प्राणदान किया था। अकबर के समय मे ही महाराणा उदयसिंह ने उदयपुर नामक नगर को बसाकर मेवाड की नई राजधानी वहां बनाई। चित्तौड के किले के अदर आठ विशाल सरोवर हैं। प्रसिद्ध भक्त कवियित्री मीराबाई (जन्म 1498 ई०) का भी यहा मंदिर है जिसे बहादुरशाह ने तोड डाला था। महाराणा कुंभा का कीर्तिस्तंभ, जो उन्होंने गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह को परास्त करने की स्मृति मे बनवाया था, चित्तौड का सर्वप्रसिद्ध स्मारक है। 122 फुट ऊंचे इस स्तंभ के निर्माण मे 10 लाख रुपया लगा था। यह नौ मंजिला है और इसके शिखर तक पहुँचने के लिए 157 सीढ़ियां बनी हैं। 12वी-13वी शती मे जीजा नामक एक धनाढ्य जैन ने आदिनाथ की स्मृति मे सात मंजिला कीर्तिस्तंभ बनवाया था जो 80 फुट ऊँचा है। इसमे 49 सीढ़ियां हैं। नीचे से ऊपर तक इस स्तंभ मे सुंदर शिल्पकारी दिखाई देती है। चित्तौड-द्वार के पास राणा सांगा (बाबर का समकालीन) का निर्मित करवाया हुआ सूरज

मदिर स्थित है। यहां के सात दरवाजो के नाम हैं—पद्यपोल, भैरवपोल, हनुमानपोल, गणेशपोल, जोडलापोल, लक्ष्मणपोल और रामपोल। भैरवपोल के पास जयमल और कल्ला राठौर के स्मारक हैं। पत्ता का स्मारक भी पास ही है। रामपोल के ही निकट पत्तलेश्वर है जहा राणा सागा की कई तोपें रक्खी हैं। निकटस्थ शातिनाथ के जैन मदिर को बहादुरशाह ने विध्वस कर दिया था। वीरागना पन्ना धायी का महल रानीमहल के निकट ही है। पन्नामहल ही मे पन्ना के अपूर्व बलिदान की प्रसिद्ध कथा घटित हुई थी। राणा कुभा का बनवाया हुआ जटाशकर नामक मदिर भी पास ही स्थित है। भैरवपोल, रामपोल और हनुमानपोल द्वारों की रचना महाराणा कुभा ने ही की थी। चित्तौड के अन्य उल्लेखनीय स्थान हैं—शृगार चवरी, कालिका मदिर, तुलजा भवानी, अन्न पूर्णा, नील्कठ, शान्विश देवरा, मुकुटेश्वर, सूर्यकुड, चित्रागद-तडाग तथा पद्मिनी, जयमल, पत्ता और हिंगलू के महल। प्राचीन सस्कृत साहित्य मे चित्तौड का चित्रकोट नाम मिलता है। चित्तौड इसी का अपभ्रश हो सकता है।

चित्रकूट (जिला बादा, उ० प्र०)

वाल्मीकि रामायण तथा अन्य रामायणों मे वर्णित प्रसिद्ध स्थान जहा श्रीराम, लक्ष्मण और सीता वनवास के समय कुछ दिनो तक रहे थे। अयो० 84 4 6 से प्रतीत होता है कि अनक रग की धातुओं से भूषित होने के कारण ही इस पहाड को चित्रकूट कहते थे— 'पश्येममचल भद्रे नाना द्विजगणायुतम् शिखरैं खमिवोद्विद्धैर्धातुमद्‌भिर्विभूषितम्। केचिद् रजतसकाशा केचित् क्षतज सनिभा, पीतमाञ्जिष्ठ वर्णाश्च केचिन् मणिवरप्रभा। पुष्पार्क केतकाभाश्च केचिज्ज्योतिरस प्रभा, विराजन्तेऽचलेन्द्रस्य देशा धातुविभूषिता'। निम्न वर्णन से यह स्पष्ट है कि चित्रकूट रामायण काल मे प्रयागस्थ भारद्वाजाश्रम से केवल दसकोस पर स्थित था—'दशक्रोशइतस्तात गिरिर्यस्मिन्निवत्स्यसि, महर्षि सेवित पुण्य पर्वत शुभदर्शन' अयो० 54, 28। आजकल प्रयाग से चित्रकूट इससे लगभग चौगुनी दूरी पर स्थित है। इस समस्या का समाधान यह मानने से ही सकता है कि वाल्मीकि के समय का प्रयाग अथवा गगा-यमुना का सगम स्थान आज के सगम से बहुत दक्षिण मे था। उस समय प्रयाग मे केवल मुनियो के आश्रम थे और इस स्थान ने तब तक जनाकीर्ण नगर का रूप धारण न किया था। चित्रकूट की पहाडी के अतिरिक्त इस क्षेत्र के अतर्गत कई ग्राम हैं जिनमे सीतापुरी प्रमुख है। पहाडी पर बांके सिद्ध, देवागना, हनुमान-धारा, सीता रसोई और अनसूया आदि पुण्य स्थान हैं। दक्षिण पश्चिम मे गुप्त गोदावरी नामक सरिता एक गहरी गुहा से निस्सृत होती है। सीतापुरी पयस्विनी

नदी के तट पर सुदर स्थान है और वही स्थित है जहा श्रीराम-सीता की पर्ण कुटी थी। इसे पुरी भी कहते हैं। पहले इसका नाम जयसिंहपुर था और यहा कोलो का निवास था। पन्ना के राजा अमानसिंह ने जयसिंहपुर को महत चरणदास को दान मे दिया था। इन्होंने ही इसका सीतापुरी नाम रखा था। राघवप्रयाग, सीतापुरी का बडा तीर्थ है। इसके सामने मदाकिनी नदी का घाट है। चित्रकूट के पास हो कामदगिरि है। इसकी परिक्रमा 3 मील की है। परिक्रमा पथ को 1725 ई० में छत्रसाल की रानी चांदकुवरि ने पक्का करवाया था। कामता से 6 मील पश्चिमोत्तर मे भरत कूप नामक विशाल कूप है। तुलसी रामायण के अनुसार इस कूप मे भरत ने सब तीर्थों का वह जल डाल दिया था जो वह श्रीराम के अभिषेक के लिए चित्रकूट लाए थे। महाभारत अनुशासन० 25, 29 मे चित्रकूट और मदाकिनी का तीर्थ रूप मे वर्णन किया गया है—'चित्रकूट जनस्थाने तथा मदाकिनी जले, विगाह्य वै निराहारो राजलक्ष्म्या निषेव्यते'। कालिदास ने रघुवश 12, 15 और 13, 47 मे चित्रकूट का वर्णन किया है—'चित्रकूटवनस्थ च कथित स्वर्गतिर्गुरो लक्ष्म्या निमत्रयाचक्रे तमनुच्छिष्ट सपदा'। 'धारास्वनोद्गारिदरी मुखाऽसौ शृगाग्रलग्नाम्बुदवप्रपक, बध्नाति मे बधुरगात्रि चक्षुर्दृप्त ककुद्मानिवचित्रकूट'। श्रीमद्भागवत 5, 19, 16 मे भी इसका उल्लेख है—'पारियात्रो द्रोणश्चित्रकूटो गोवर्धनो रैवतक'। अध्यात्मरामायण, अयो० 9, 77 मे चित्रकूट मे राम के निवास करने का उल्लेख इस प्रकार है—'नागराश्च सदा यान्ति रामदर्शनलालसा, चित्रकूटस्थित ज्ञात्वा सीतया लक्ष्मणेन च'। महाकवि तुलसीदास ने रामचरितमानस (अयोध्याकांड) मे चित्रकूट का बडा मनोहारी वर्णन किया है। तुलसीदास चित्रकूट मे बहुत समय तक रहे थे और उन्होंने जिस प्रेम और तादात्म्य की भावना से चित्रकूट के शब्द-चित्र खीचे हैं वे रामायण के सुदरतम स्थलो मे हैं—'रघुवर कहेउ लखन भल घाटू, करहु कतहुँ अब ठाहर ठाटू। लखन दीख पय उतरकरारा, चहुँ दिसि फिरेउ धनुष जिमिनारा। नदीपनच सर सम दम दाना, सकल कलुष कलि साउज नाना। चित्रकूट जिम अचल अहेरी, चुकई न घात मार मुठभेरी'—आदि। जैन साहित्य म भी चित्रकूट का वर्णन है। भगवती टीका (7, 6) म चित्रकूट को चित्तकुड कहा गया है। बौद्धग्रथ ललितविस्तर (पृ०391) म भी चित्रकूट की पहाडी का उल्लेख है।

2 मेघदूत-पूर्वमेघ 19 मे वर्णित एक पर्वत—'अध्वक्लांत प्रतिमुख गत सानुमांश्चित्रकूटस्तुगेनत्वांजलद शिरसा वक्ष्यति श्लाघमान'—इस उल्लेख के प्रसग के अनुसार इस चित्रकूट नामक पर्वत की स्थिति रेवा या नर्मदा के दक्षिण-पूर्व

म जान पड़ती है क्योंकि मेघ के यात्राक्रम मे नर्मदा का चित्रकूट के पश्चात् (पद्य 20) उल्लेख है। जान पड़ता है आम्रकूट की भांति ही यह भी वर्तमान पचमढ़ी या महादेव की पहाड़ियो का कोई भाग है। मेघदूत का चित्रकूट जिला बांदा के चित्रकूट (1) से अवश्य ही भिन्न है। चित्रकूट (1) नर्मदा के बहुत उत्तर में है।

चित्रकोट=चित्तोड़

चित्रपुष्प

द्वारका के निकटस्थ सुकक्ष पर्वत के चतुर्दिक वनों में चित्रपुष्प नामक वन भी था जिसका उल्लेख महाभारत सभा० 38, दाक्षिणात्य पाठ में है—'सुकक्ष पार्श्वार्येन चित्रपुष्प महावनम् शतपत्रवन चैव करवीर कुसुमिच'।

चित्रसेना

महाभारत भीष्मपर्व 9, 77 मे उल्लिखित नदी जिसका अभिज्ञान अनिश्चित है—'करीषिणी चित्रवाहा च चित्रसेनाच निम्नगाम्'।

चित्रवाहा

महाभारत भीष्म० 9, 17 मे उल्लिखित एक नदी—'करीषिणी चित्रवाहा च चित्रसेना च निम्नगाम्'। अभिज्ञान अनिश्चित है।

चित्रोत्पला (उड़ीसा)

कोणार्क के निकट बहने वाली महानदी का ही नाम चित्रोत्पला भी है। कहा जाता है कि कोणार्क के मंदिर के निर्माण के समय चंद्रभागा और चित्रोत्पला नदियों का प्रवाह रोकना पड़ा था। (दे० कोणार्क)। चित्रोत्पला का उल्लेख महाभारत भीष्म० 9, 34 मे है—'चित्रोत्पला चित्ररथा मंजुला वाहिनी तथा, मदाकिनीं वैतरणी कोषा चापि महानदीम्'।

चिदम्बरम् (मद्रास)

दक्षिण का प्रसिद्ध तीर्थ है। नगर के उत्तर में 11 बीघा भूमि पर नटेश शिव का विशाल मंदिर है। बीस फुट ऊँची दो दीवारों के घेरे में मुख्य मंदिर के अतिरिक्त पार्वती तथा अन्य देवी-देवताओं के देवालय भी हैं। बाहर की दीवार की लम्बाई उत्तर-दक्षिण लगभग 1800 फुट और चौड़ाई पूर्व-पश्चिम 1500 फुट है। दीवार में चारों ओर एक-एक छोटे गोपुर हैं। दीवार के अंदर भीतर की भूमि प्राय 1200 फुट लंबी और 725 फुट चौड़ी है। चारों पार्श्वों पर 110 फुट लंबे, 75 फुट चौड़े और 122 फुट ऊंचे नौ मंजिले गोपुर हैं। चारों गोपुरों पर मूर्तियों तथा अनेक प्रकार की चित्रकारी का अंकन है। इनके नीचे 40 फुट लंबे, 5 फुट मोटे तांबे की पत्ती से जड़े हुए पत्थर के

चौखटे हैं। दीवार के भीतर चारों ओर दो मंजिले मकान और दालान हैं और मध्य में नटेश शिव के मुख्य मंदिर का घेरा और अन्य मंदिर व सरोवर हैं। मंदिर के शिखर के कलश सोने के हैं। दो स्तंभ वृन्दावन के रंगजी के मंदिर के स्तंभों के समान स्वर्णिम हैं। ज्योतिर्लिंग मणिनिर्मित है।

चिनाब=चनाब

पंजाब की प्रसिद्ध नदी। [दे० चंद्रभागा (1)]

चिंगलपुट्टूर (मद्रास)

यह स्थान वरदराज स्वामी के मंदिर तथा प्राचीन दुर्ग के लिए प्रख्यात है।

चिलका (उड़ीसा) दे० काम्यकसर

चीतंग (हरियाणा)

स्थानेश्वर (=थानेसर) या कुरुक्षेत्र के दक्षिण-पूर्व की ओर बहने वाली एक नदी। संभव है यह प्राचीन दृषद्वती हो क्योंकि कुरुक्षेत्र की सीमा का वर्णन इस प्रकार है—'सरस्वती दक्षिणेन दृषद्वत्युत्तरेण च, ये वसंति कुरुक्षेत्रे ते वसंति त्रिविष्टपे' अर्थात् सरस्वती के दक्षिण और दृषद्वती के उत्तर में जो लोग कुरुक्षेत्र में रहते हैं, वे स्वर्ग में ही बसते हैं।

चीतलदुर्ग (मैसूर)

यह नगर छोटी छोटी पहाड़ियों की तलहटी में बसा हुआ है। इन पहाड़ियों पर अनेक दुर्ग तथा अन्य प्राचीन इमारतें हैं जो अधिकांश में हैदर अली और टीपू द्वारा 18वीं शती में बनवाई गई थीं।

चीन

चीन तथा भारत के व्यापारिक तथा सांस्कृतिक संबंध अति प्राचीन हैं। प्राचीनकाल में चीन का रेशमी कपड़ा भारत में प्रसिद्ध था। महाभारत सभा० 51,26 में कीटज तथा पट्टज कपड़े का चीन के संबंध में उल्लेख है। इस प्रकार का वस्त्र पश्चिमोत्तर प्रदेशों के अनेक निवासी (शक, तुषार, कंक, रोमश आदि) युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में भेंट स्वरूप लाए थे—'प्रमाणरागस्पर्शाढ्यं बाल्हीचीनसमुद्भवम् और्णं च रांकवचैव कीटजं पट्टजं तथा'। तत्कालीन भारतीयों को इस बात का ज्ञान था कि रेशम कीट से उत्पन्न होता है। सभा० 51,23 में चीनियों का शकों के साथ उल्लेख है। ये युधिष्ठिर की राज्यसभा में भेंट लेकर उपस्थित हुए थे—'चीनाञ्छकांस्तथा चोड्रान् बर्बरान् वनवासिन, वार्ष्णेयान् हारहूणांश्च कृष्णान् हैमवतांस्तथा'। भीष्मपर्व में विजातीयों की नामसूची में चीन के निवासियों का भी उल्लेख है—'उत्तराश्चापरेम्लेच्छा क्रूरा

भरतमत्तम यवनश्चीनकाम्बोजा दारुणाम्लेच्छजातय.। सकृद्ग्रहा कुलत्थाश्च-हूणा पारसिकैः सह, तथैव रमणाश्चीनास्तथैवदशमालिका' भीष्म० 9,65-66। कौटिल्य-अर्थशास्त्र मे भी चीन देश का उल्लेख है जिससे मौर्यकालीन भारत और चीन के व्यापारिक सबधो का पता लगता है। कालिदास ने अभिज्ञान शाकुन्तल 1,32 म चीनाशुक (चीन का रेशमी वस्त्र) का वर्णन बडे काव्या मक प्रसग मे किया है—'गच्छति पुर शरीर धावति पश्चादसस्थितश्चेत चीनाशुकमिवकेतो प्रतिवात नीयमानस्य'। हर्षचरितके प्रथमाच्छ्वास मे बाणभट्ट ने शोण के पवित्र और तरगित बालुकामयतट को चीन के बने रेशमी कपडे के समान कोमल बताया है।

चीन मे बौद्धधर्म का प्रचार चीन के हान-वश के सम्राट् मिङती के समय मे (65 ई०) हुआ था। उसने स्वप्न मे सुवर्ण पुरुष बुद्ध को देखा और तदुपरात अपने दूतो को भारत से बौद्ध सूत्रग्रन्थो और भिक्षुओ को लाने के लिए भेजा। परिणामस्वरूप, भारत से धर्मरक्ष और काश्यपमातग अनेक धर्मग्रन्थों तथा मूर्तियो को साथ लेकर चीन पहुँचे और वहा उन्होंने बौद्ध धर्म की स्थापना की। धर्मग्रन्थ श्वेत अश्व पर रख कर चीन ले जाए गए थे, इसलिए चीन के प्रथम बौद्धविहार को श्वेताश्वविहार की सज्ञा दी गई। भारत चीन के सास्कृतिक सबधो की जो परपरा इस समय स्थापित की गई उसका पूर्ण विकास आगे चल कर फाह्यान (चौथी शती ई०) और युवानच्वाग (सातवी शती ई०) के समय मे हुआ जब चीन के बौद्धों की सबसे बडी आकाक्षा यह रहती थी कि किसी प्रकार भारत जाकर वहा के बौद्ध तीर्थो का दर्शन करें और भारत के प्राचीन ज्ञान और दर्शन का अध्ययन कर अपना जीवन समुन्नत बनाए। उस काल मे चीन के बौद्ध, भारत को अपनी पुण्यभूमि और ससार का महानतम् सास्कृतिक केंद्र मानते थे।

चीनभुक्ति

प्रसिद्ध चीनी यात्री युवानच्वाग अपनी भारत-यात्रा के समय 633 ई० मे इस स्थान पर आया था और यहा चौदह मास के लगभग ठहरा था। यहा से वह जाल्धर गया था। नगर के नाम से ज्ञात होता है कि यहा चीनी लोगो की कोई बस्ती उस समय रही होगी। ऐतिहासिक अनुश्रुति से विदित होता है कि कुशान-नरेश कनिष्क के समय (द्वितीय शती ई० का प्रारभ) इस स्थान पर कुछ समय के लिए चीन से बधक के रूप मे आए हुए दूत रहे थे और इसी कारण इस स्थान का नाम चीनभुक्ति पड गया था। कहा जाता है कि इन दूतों के साथ पहली बार चीन से नासपाती और आडू भारत में आए थे।

चीनभुक्ति की ठीक ठीक स्थिति का पता नहीं है किंतु प्राप्त साक्ष्य के आधार पर इस स्थान का पश्चिमी पंजाब या कश्मीर की पहाड़ियों में होना संभव प्रतीत होता है। कुछ विद्वानों का मत है कि यह स्थान शायद कुसूर (प० पाकि०) से 27 मील उत्तर में स्थित 'पत्ती' है। इसे पहले चीनपत्ती (चीनभुक्ति का अपभ्रंश?) भी कहते थे।

चुक्ष

तक्षशिला के एक अभिलेख में उल्लिखित स्थान, जिसका अभिज्ञान अटक (प० पाकि०) के उत्तर में स्थित 'चच' से किया गया है।

चुनार (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

बनारस से 39 मील और प्रयाग से 75 मील दूर विन्ध्याचल की पहाड़ियों में स्थित है। चुनार का प्राचीन नाम चरणाद्रि है। कहते हैं यह नाम वहां की पहाड़ी की मानवचरण के समान आकृति होने के कारण ही पड़ा है (चरण+अद्रि=पहाड़ी)। संभवतः धानसारव जातक में वर्णित भग्गों की राजधानी सुंसुमारगिरि भी इसी पहाड़ी पर बसी हुई थी। चुनार गंगा के किनारे बसा है। जनश्रुति है कि चुनार में गंगा उलटी बहती है। यहां गंगा में एक घुमाव है, नदी उत्तर पश्चिम की ओर घूमकर और फिर पूर्व से मुड़कर काशी की ओर बहती है। घुमाव का कारण चुनार की पहाड़ी की स्थिति है। इसी विशेष स्थिति के कारण चुनार को प्राचीनकाल में नदी मार्ग का नाका समझा जाता था। रघुवंश 16, 33 के अनुसार कुशावती से अयोध्या लौटते समय कुश की सेना ने जिस स्थान पर गंगा को पार किया था वहां गंगा प्रतीपगा या पश्चिम-वाहिनी थी—'तीर्थे तदीये गजसेतुबंधात्प्रतीपगामुत्तरतोऽस्यगंगाम्, अयत्नबालव्यजनीबभूवुर्हंसानभोलंघनलोलपक्षा.'। संभवतः यह स्थान चुनार के निकट ही था। कुशावती से अयोध्या जाने वाले मार्ग में चुनार की स्थिति स्वाभाविक ही जान पड़ती है (दे० कुशावती)। कालिदास ने जो इस विशिष्ट स्थान के वर्णन में गंगा की प्रतीप गति बताई है, उससे यह संभव दीखता है कि कवि के ध्यान में चुनार की स्थिति ही रही होगी क्योंकि किसी अन्य स्थान पर गंगा का उलटी ओर बहना प्रसिद्ध नहीं है। संभव है कि हिंदी के मुहावरे—'उलटी गंगा बहाना' का संबंध भी चुनार में गंगा के उलटे प्रवाह से हो। चुनार का विख्यात दुर्ग राजा भर्तृहरि के समय का कहा जाता है। इनकी मृत्यु 651 ई० में हुई थी (श्री न० ला० डे के अनुसार पालराजाओं ने इस दुर्ग का निर्माण करवाया था)। किंवदंती है कि संन्यास लेने के उपरान्त जब भर्तृहरि विक्रमादित्य के मनाने पर भी घर न लौटे तो उनकी रक्षार्थ विक्रमादित्य ने

यह क़िला बनवा दिया था। उस समय यहां घना जंगल था। क़िले का संबंध आल्हा ऊदल की कथा से भी बताया जाता है। वह स्थान जहां आल्हा की पत्नी सुनवा का महल था अब सुनवा बुर्ज के नाम से प्रसिद्ध है। इसके पास ही माडो नामक स्थान है जहां आल्हा का विवाह हुआ था। चुनार का दुर्ग प्रयाग के दुर्ग की अपेक्षा अधिक दृढ़ तथा विशाल है। क़िले के नीचे सैकड़ों वर्षों से गंगा की तीक्ष्ण धारा बहती रही है किंतु दुर्ग की भित्तियों को कोई हानि नहीं पहुंच सकी है। इसके दो ओर गंगा बहती है तथा एक ओर गहरी खाई है। दुर्ग, चुनार के प्रसिद्ध बलुआ पत्थर का बना है और भूमितल से काफ़ी ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। मुख्य द्वार लाल पत्थर का है और उस पर सुंदर नक्काशी है। क़िले का परकोटा प्राय दो गज चौड़ा है। उपर्युक्त माडो तथा सुनवा बुर्ज दुर्ग के भीतर अवस्थित हैं। यहीं राजा भर्तृहरि का मंदिर है जहां उन्होंने अपना संन्यासकाल बिताया था। क़िले के निकट ही सवा सौ या डेढ सौ फुट गहरी बावडी है। क़िले में कई गहरे तहखाने भी है जिनमें सुरंगें बनी हैं। 1333 ई० के एक संस्कृत अभिलेख से सूचित होता है कि उस समय यह दुर्ग स्वामीराजा चंदेल के अधिकार में था। चंदेलों के समय में चुनार का नाम चंदेलगढ़ भी था। इसके पश्चात् यहां मुसलमानों का आधिपत्य हो गया। चुनारगढ़ का उल्लेख शेरशाह व हुमायूं की लड़ाइयों के संबंध में भी आता है। इस काल में चुनार को, बिहार तथा बंगाल को जीतने तथा अधिकार में रखने के लिए, पहला बड़ा नाका समझा जाता था। शेरशाह ने हुमायूं को चुनार के पास हराया था जिससे हुमायूं को भारी विपत्ति का सामना करना पड़ा था। 1575 ई० में अकबर ने चुनार को जीता और तत्पश्चात् मुगल-साम्राज्य के अंतिम दिनों तक यह मुगलों के अधिकार में रहा। 18वीं शती के द्वितीय चरण में अवध के नवाबों ने चुनार को अवध-राज्य में सम्मिलित कर लिया किंतु तत्पश्चात् 1772 ई० में ईस्टइंडिया कम्पनी का यहां प्रभुत्व स्थापित हुआ। बनारस के राजा चेतसिंह को जब वारेनहेस्टिंग्ज का कोपभाजन बनने के कारण काशी को छोड़ना पड़ा तो काशी की प्रजा की क्रोधाग्नि भड़क उठी और हेस्टिंग्ज को काशी (जहां वह चेतसिंह को गिरफ्तार करने आया था) छोड़ कर भागना पड़ा। उसने इस अवसर पर चुनार के क़िले में शरण ली थी।

चुनार में कई प्रसिद्ध प्राचीन स्मारक हैं। कामाक्षा मंदिर ऊंची पहाड़ी पर है। मंदिर के नीचे दुर्गाकुंड और एक अन्य प्राचीन मंदिर है। दुर्गाकुंड और दुर्गाखोह के आसपास अनेक पुराने मंदिरों के भग्नावशेष पड़े हुए हैं और गुप्तकाल से लेकर 18वी शती के अनेक अभिलेख प्राप्त हुए हैं। यहां की

प्रसिद्ध मसजिद मुअज्जिन नामक है जिसमे मुगलसम्राट् फरुखसियर के समय में मक्का से लाए हुए हसन-हुसैन के पहने हुए वस्त्र सुरक्षित है।

चुर्ली (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

सातवी शती ई० से नवी शती ई० तक की इमारतो के ध्वंसावशेष, जिनमे से अधिकांश मदिर या देवालय हैं, इस स्थान पर मिले है।

चूर्णी

कौटिल्य-अर्थशास्त्र (शामशास्त्री पृ० 75) मे उल्लिखित नदी, जिसके तट पर वंजि नामक नगर (कोचीन के सन्निकट) बसा हुआ था। यहा केरल की प्राचीन राजधानी थी। नदी के मुहाने पर क्रगनूर या रोमन लेखको का 'मुज़ीरिस' बसा हुआ था जिसका प्राचीन नाम मरिचीपतन था। चूर्णी नदी का अभिज्ञान केरल की परियार नदी से किया गया है। (रायचौधरी—पृ० 273)।

चूलनागपर्वत (लका)

हुवाचकण्णिका मे स्थित बौद्धविहार। (दे० महावंश 34, 90)

चेजरला = चजरला

चेट्टीकुलगराई (करल)

मावेलिक्कार क निकट एक प्राचीन मदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। इस मदिर और उसके वार्षिक महोत्सव के विधिविधान मे चीनी प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है जिसका कारण प्राचीनकाल मे इस स्थान का चीन से व्यापारिक संबंध जान पड़ता है।

चेति चेदि

चेदि को पाली साहित्य म चेति कहा गया है।

चेदि

प्राचीनकाल मे बुन्देलखड तथा पार्श्ववर्ती प्रदेश का नाम। ऋग्वेद मे चेदि-नरेश कशुचैद्य का उल्लेख है—'ता मे अश्विना सनिना विद्यात नवानाम्। यथा चिच्चैद्य कशु शतमुष्ट्रानाददत्सहस्रा दशगोनाम्। यो मे हिरण्य सन्दृशो दशराज्ञो अमंहत। अधस्पदाइच्चैद्यस्य कृष्टयश्चर्मम्ना अभितो जना। माकिरेना पथागाद्येनेमे यन्ति चेदय। अन्यानेत्सूरिरोहते भूरिदावत्तरोजन.'—ऋग्वेद 8 5, 37-39। रैपसन के अनुसार कशु या कसु महाभारत आदि० 63 2 म वर्णित चेदिराज वसु है—'स चेदिविषय रम्य वसु पौरवनन्दन इन्द्रोपदेशाज्जग्राह रमणीय महीपति'—अर्थात् इन्द्र के कहने से उपरिचर राजा वसु ने रमणीय चेदि देश का राज्य स्वीकार किया। महाभारत विराट० 1,12 म चेदि देश की

अन्य कई देशों के साथ, कुरु के परिवर्ती देशों में गणना की गई है—'सन्ति रम्या जनपदा बह्वन्ना परितः कुरून्, पांचालाश्चेदिमत्स्याश्च शूरसेना' पटच्चरा.'। कर्णपर्व 45,14-16 में चेदिदेश के निवासियों की प्रशंसा की गई है—'कौरवाः सहपांचाल्याः शाल्वाः मत्स्याः सनैमिषाः चेदयश्च महाभागा धर्मं जानन्ति-शाश्वतम्'। महाभारत के समय (सभा० 29,11-12) कृष्ण का प्रतिद्वंद्वी शिशुपाल चेदि का शासक था। इसकी राजधानी शुक्तिमती बताई गई है। चेतिय जातक (कावेल स 422) मे चेदि की राजधानी सोत्थीवतीनगर कही गई है जो श्री न० ला० डे के मत में शुक्तिमती ही है (दे० ज्याग्रेफिकल डिक्शनरी पृ० 7)। इस जातक मे चेदिनरेश उपचर के पाच पुत्रों द्वारा हत्थिपुर, अस्सपुर, सीहपुर, उत्तर पांचाल और दद्दरपुर नामक नगरों के बसाए जाने का उल्लेख है। महाभारत आश्वमेधिक० 83,2 म शुक्तिमती को शुक्तिसाह्वय भी कहा गया है। अंगुत्तरनिकाय में सहजाति नामक नगर की स्थिति चेदि प्रदेश मे मानी गई है—'आयस्मा महाचुंडो चेतिसुविहरति सहजातियम्' 3,355। सहजाति इलाहाबाद से दस मील पर स्थित भीटा है। चेतियजातक में चेदि-नरेशों की नामावली है जिनमे से अंतिम उपचर या अपचर, महाभारत आदि० 63 मे वर्णित वसु जान पडता है। वेदब्भ जातक (स० 48) मे चेति या चेदि से काशी जाने वाली सड़क पर दस्युओं का उल्लेख है। विष्णुपुराण 4,14,50 मे चेदिराज शिशुपाल का उल्लेख है—'पुनश्चेदिराजस्य दमघोषस्यात्मज-श्शिशुपालनामाभवत्'। मिलिंदपन्हो (राइसडेवीज-पृ० 287) मे चेति या चेदि का चेतनरेशों से सबध सूचित होता है। शायद कलिंगराज खारवेल इसी वंश का राजा था। मध्ययुग मे चेदि प्रदेश की दक्षिणी सीमा अधिक विस्तृत होकर मेकलसुता या नर्मदा तक जा पहुंची थी जैसा कि कर्पूरमंजरी (स्टेनकोनो पृ० 182) से सूचित होता है—'नदीना मेकलसुतान्नृपाणा रणविग्रह, कवीनाच सुरानन्दश्चेदिमण्डलमण्डनम्' —अर्थात् नदियो मे नर्मदा, राजाओ मे रणविग्रह और कवियों मे सुरानन्द चेदिमडल के भूषण हैं।

चेन्नापटम्

प्राचीन समय मे मद्रास नगर के स्थान पर बसा हुआ ग्राम। 1639 ई० मे अंग्रेज व्यापारी फ्रांसिस डे ने चेन्नापटम् के हिंदू राजा से इस स्थान का दानपत्र प्राप्त किया और 1640 म फोर्ट सेंट जॉर्ज नामक किले की स्थापना की। यह ईस्ट इंडिया कम्पनी का भारत मे पहला किला था। 1653 ई० मे फोर्ट सेंट जॉर्ज मे एक प्रेसीडेंसी स्थापित की गई। आगामी वर्षों मे इसी केंद्र के चारों ओर मद्रास नगर का विकास हुआ।

चेर=केरल

चेरान (बिहार)

उत्तरपूर्व रेल के मोल्डनगज स्टेशन से प्राय एक मील पर घाघरा-गगा के सगम पर बसा हुआ बौद्धकालीन स्थान है। इसकी नीव चेरस नामक राजा ने डाली थी। युवानच्वाग के अनुसार इस स्थान पर सत्यप्रवृत्ति नामक ब्राह्मण ने एक घडे पर कुभ-स्तूप बनवाया था। इसके स्थान पर एक ऊचा ढूह आज भी देखा जा सकता है। ढूह के ऊपर हुसैनशाह के नाम से प्रसिद्ध एक मसजिद है। कालिदास ने सरयू जाह्नवी (घाघरा-गगा) के सगमस्थल को तीर्थ बताया है। यहा दशरथ के पिता अज ने वृद्धावस्था मे प्राणत्याग किए थे। (दे० सरयू)

चैत्यक

महाभारत के अनुसार एक पहाडी, जो गिरिव्रज (=राजगृह, बिहार) के निकट है। जरासध के वध के लिए गिरिव्रज आए हुए श्रीकृष्ण, भीम और अर्जुन ने पहले इसी पर आक्रमण करके इसके शिखर को गिरा दिया था—'वैहारो विपुल. शैलो वराहो वृषभस्तथा, तथा ऋषिगिरिस्तात शुभाश्चैत्यक-पचमा। भड्क्त्वा भेरीत्रयतेऽपिचैत्य-प्राकारमाद्रवन्, द्वारतोभिमुखाः सर्वे ययुर्नानाऽऽ युधास्तदा। मागधानां सुरुचिरचैत्यक त समाद्रवन् शिरसीव समाघ्नन्तो जरासध जिघासव स्थिर सुविपुल शृग सुमहत् तत् पुरातनम्, अर्चित गधमाल्यैश्च सतत सुप्रतिष्ठितम्, विपुलैर्बाहुभि वीरास्तेऽभिहत्याभ्यपातयन्, ततस्ते मागध दृष्ट्वा. पुर प्रविविशुस्तदा'—सभा० 21,2-18-19-20-21। सभा० 21 दाक्षिणात्य पाठ मे भी इसका उल्लेख है (दे० राजगृह)। इसका वर्तमान नाम छत्ता है जो चैत्य का ही अपभ्रष्ट रूप है।

चैत्यपर्वत (लका)

महावश 16,17 मे उल्लिखित है। इसका अभिज्ञान मिहिन्ताल-पर्वत से किया गया है।

चैत्ररथवन

(1) वाल्मीकि रामायण अयो० 71,4 मे वर्णित एक वन—'सत्यसधः शुचिर्भूत्वा प्रेक्षमाणः शिलावहाम्, अभ्यगात् स महाशैलान् वन चैत्ररथ प्रति' अर्थात् केकय से अयोध्या आते समय सत्यसध भरत पवित्र होकर शिलावह नदी को देखते हुए उन पर्वतों को पार करके चैत्ररथ वन की ओर चले। प्रसग से ज्ञात पड़ता है कि यह वन सरस्वती नदी के पश्चिम मे, सम्भवत पजाब के पहाडी प्रदेश मे स्थित होगा। इसके आगे सरस्वती का वर्णन है।

(2) द्वारका (काठियावाड) के उत्तर मे स्थित वेणुमान् पर्वत के चतुर्दिक् चार महावनों या उद्यानों में से एक—'भाति चैत्ररथं चैव नन्दनं च महावनं, रमणं भावनं चैव वेणुमन्त समन्ततः'। महा० सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ।

(3) पुराणों के अनुसार धनाधिप कुबेर का उद्यान, जो अलका के निकट मेरुपर्वत के मदार नामक शिखर पर स्थित था—'अलकाया चैत्ररथादिवनेष्वमलपद्मखंडेषु—' विष्णु० 4,4,1। वाल्मीकि रामायण युद्ध० 125,28 में नंदिग्राम के वृक्षों को चैत्ररथ वन के वृक्षों के समान ही कुसुमित बताया गया है—'आससादद्रुमान् फुल्लान् नंदिग्रामसमीपगान् सुराधिपस्योपवने तथा चैत्ररथे द्रुमान्'। कालिदास ने रघुवंश 5,60 में शाप से विमुक्त हुए गंधर्व का चैत्ररथ के प्रदेश की ओर जाना कहा है—'एवं तयोरध्वनि दैवयोगादासेदुषो सख्यमचिन्त्य हेतु एकोययौ चैत्ररथप्रदेशान्सौराज्यरम्यानपरो विदर्भान्'। रघु० 6,50 में इंदुमती स्वयंवर के प्रसंग में शूरसेनाधिप सुषेण के राज्य में स्थित वृंदावन (मथुरा के निकट) को चैत्ररथ के समान बताया गया है—'संभाव्य भर्तारममुं युवानं मृदुप्रवालोत्तर पुष्पशय्ये वृन्दावने चैत्ररथादनूने निर्विश्यतां सुंदरियौवन श्री'। अमरकोश 1,70 में चैत्ररथ को कुबेर का उद्यान कहा गया है—'अस्योद्यानं चैत्ररथम् पुत्रस्तु नलकूबर, कैलास स्थानमलका पूर्विमानं तु पुष्पकम्'।

चोडानगर=चतुर्भुजपुर

चोल

(1) सुदूर दक्षिण का प्रदेश—कोरोमंडल या चोलमंडल। महा० सभा० 31,71 में चोल या चोड प्रदेश का उल्लेख है। इसे सहदेव ने दक्षिण की दिग्विजय यात्रा के प्रसंग मे जीता था—'पाड्यांश्च द्रविडांश्चैव सहितांश्चोडकेरलैः'। चोड का पाठांतर चोड्र भी है। वन० 51,22 में चोलों का द्रविणों और आंध्रों के साथ उल्लेख है—'मदगागान् स पौंड्रोड्रान् सचोलद्राविडान्ध्रकान्'। सभा० 51 में केरल और चोल नरेशों द्वारा युधिष्ठिर को दी गई भेंट का उल्लेख है—'चदनागरुचानन्त मुक्तावैदूर्य चित्रका, चोलश्च केरलश्चोभौ ददतु पाडवायवै'। अशोक के शिलाभिलेख 13 में चोल का प्रत्यंत (पड़ोसी) देश के रूप में वर्णन है। प्राचीन समय में यहां की मुख्य नदी कावेरी थी। चोल प्रदेश की राजधानी उरगपुर या वर्तमान त्रिशिरापल्ली, (त्रिचिनापल्ली, मद्रास) में थी। इस उरयियूर भी कहते थे। किंतु कालिदास ने (रघु० 6,59) 'उरगाख्यपुर' को पाड्य देश की राजधानी बताया है। अवश्य ही यह भेद इतिहास के विभिन्न कालों में इन दोनों पड़ोसी देशों की सीमाएं बदलती रहने के कारण हुआ होगा। चोल नरेशों ने प्राचीन काल और मध्यकाल में

शासन की जनसत्तात्मक पद्धति स्थापित की थी जिसमें ग्रामपंचायतों और ग्राम-समितियों का बहुत महत्त्व था। यह सूचना हमें चोल-नरेशों के अनेक अभिलेखों से मिलती है।

(2) वर्तमान चोलिस्तान, जिसकी स्थिति वक्षु (ऑक्सस) नदी के दक्षिण और वाल्हीक के पूर्व में थी। महाभारत सभा० 27,21 में इस प्रदेश पर अर्जुन की विजय का उल्लेख है—'तत सुह्मश्च चोलाश्च किरीटी पांडवर्षभः सहित सर्वसैन्येन प्रामथत् कुरुनन्दन.'।

चोलवाडी (आं० प्र०)

चोल प्रदेश का एक भाग। प्राचीन समय में, इस भूभाग के उत्तर में मूसी (हैदराबाद के निकट बहने वाली नदी) और दक्षिण में कृष्णा, इसकी स्वाभाविक सीमाएँ बनाती थीं। यह भाग पानगल (वर्तमान महबूबनगर) और नालगोंडा जिलों से मिलकर बनता था। चोलों का उत्कर्षकाल 480 ई० से आरंभ होता है। वारंगल-राज्य की अवनति होने पर 14वीं शती में बहमनी सुलतानों का यहाँ आधिपत्य हुआ। बहमनी राज्य की अवनति के पश्चात् महबूबनगर जिले का एक भाग कुतुबशाही और दूसरा बीजापुर के सुल्तानों ने अपने राज्य में मिला लिया। 1686 ई० के पश्चात् यहाँ औरंगजेब का प्रभुत्व स्थापित हुआ और तत्पश्चात् यह प्रदेश 18वीं शती में निजाम-हैदराबाद के राज्य में मिला लिया गया।

चोलिस्तान [दे० चोल (२)]

चौंधे (जिला बीड, महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र की प्रसिद्ध रानी अहल्याबाई होल्कर का जन्मस्थान। इनके पिता मनकोजी सिंधिया इस ग्राम के पटेल थे।

चौकड़ी (जिला जोधपुर, राजस्थान)

इस स्थान पर 1516 ई० के लगभग प्रसिद्ध भक्त कवयित्री मीराबाई का जन्म हुआ था। इनके पिता मेड़ता के राव रत्नसिंह थे। मीरा का विवाह उदयपुर के राणासांगा के ज्येष्ठ पुत्र कुमार भोजराज के साथ हुआ था।

चौरागढ़ (जिला भूपाल, म० प्र०)

गढ़मंडलानरेश संग्रामसिंह (मृत्यु० 1541 ई०) के 52 गढ़ों में से एक। रानी दुर्गावती इनकी पुत्रवधू थी।

चौपाला

मुरादाबाद (उ० प्र०) का पुराना नाम। पुरानी बस्ती चार भागों में बटी हुई थी जिसके कारण इसे चौपाला कहते थे। मुगल सूबेदार रुस्तम खाँ ने

शाहजहां के पुत्र मुरादबख्श के नाम पर चौपाला का नाम बदलकर मुरादाबाद कर दिया था।

चौमुडी

मैसूर के निकट प्रसिद्ध पहाड़ी, जहां चौमुंडेश्वरी देवी का मंदिर है। कहा जाता है कि देवी ने महिषासुर का वध इसी स्थान पर किया था जिससे इसका नाम महिषासुर हुआ जो बाद में मैसूर बन गया।

चौराई (जिला छिन्दवाड़ा, म० प्र०)

गढमंडला नरेश संग्रामसिंह के बावन गढ़ों में इसकी गणना थी। संग्रामसिंह गढमंडला की वीर रानी दुर्गावती के श्वसुर थे। इनकी मृत्यु 1541 ई० में हुई।

चौरागढ (जिला जबलपुर, म० प्र०)

गढमंडले की प्रसिद्ध रानी दुर्गावती के शासनकाल में यह राज्य का प्रधान नगर था। राज्य का कोष यहीं रहता था। चौरागढ का किला दुर्गावती के श्वसुर संग्रामसिंह का बनवाया हुआ था। संग्रामपुर की लड़ाई के पश्चात् जिसमें दुर्गावती ने वीरगति प्राप्त की, अकबर के सेनापति आसफखां ने चौरागढ को घेर लिया। इस युद्ध में दुर्गावती का पुत्र वीरनारायण मारा गया और गढ की रानियां सती हो गयीं। आसफखां को चौरागढ की लूट में अनन्त धनराशि प्राप्त हुई।

चौरासीखंभा (दे० कामवन)

चौसा (बिहार)

बकसर के निकट कर्मनाशा नदी के किनारे छोटा सा कस्बा है। 1538 ई० में इस स्थान पर मुगल सम्राट् हुमायूं को शेरशाह सूरी ने बुरी तरह से हराया था और उसे अपनी जान बचाकर पश्चिम की ओर भागना पड़ा था। हुमायूं और शेरशाह के बीच भारत के राज्य के लिए होने वाले संघर्ष में चौसा के युद्ध को बहुत महत्व प्राप्त है। किंवदंती है कि चौसा का प्राचीन नाम च्यवनाश्रम था।

च्यवनाश्रम

(1) महाभारत वन० 121-122 में वर्णित च्यवन ऋषि और सुकन्या की कथा में च्यवन के आश्रम की स्थिति नर्मदा नदी पर बताई गई है। इसका उल्लेख वैदूर्यपर्वत (वन० 121,19) के पश्चात् है। वैदूर्यपर्वत संभवतः नर्मदा के तटवर्ती संगमर्मर के पहाड़ों को कहा गया है जिनके निकट वर्तमान भेड़ाघाट नामक स्थान (जिला जबलपुर, म० प्र० से 13 मील) है। जनश्रुति के अनुसार

भेड़ाघाट में भृगु का स्थान था और यहां इनका मंदिर भी है। महाभारत के अनुसार च्यवन भृगु के ही पुत्र थे—'भृगोर्महर्षेः पुत्रोऽभूच्च्यवनो नाम भारत, समीपे सरसस्तस्य तपस्तेपे महाद्युतिः.' वन० 121,1. इस प्रकार महाभारत के इस प्रसंग में वर्णित च्यवन के आश्रम की भेड़ाघाट में स्थिति प्रायः निश्चित समझी जा सकती है। च्यवनाश्रम का उल्लेख वन० 89,12 में भी है, 'आश्रमः कक्षसेनस्य पुण्यस्तत्र युधिष्ठिर, च्यवनस्याश्रम इचैव विख्यातस्तत्र पांडव'।

(2) दे० देवकुंड

(3) चौसा (बिहार)

छंदोपल्लिक

गुप्तकाल में कारीतलाई (जिला जबलपुर, म० प्र०) के निकट एक ग्राम। छठी शती ई० में महाराज जयनाथ द्वारा उच्छकल्प से जारी किए गए एक ताम्रदानपट्ट में इस ग्राम को कुछ ब्राह्मणों के लिए दिए जाने का उल्लेख है।

छड़गांव (जिला मथुरा, उ० प्र०)

इस स्थान से एक विशाल नाग प्रतिमा प्राप्त हुई थी जो अब मथुरा-संग्रहालय में है। यह लगभग आठ फुट ऊंची है। इस पर अंकित एक अभिलेख से सूचित होता है कि महाराजाधिराज हुविष्क के समय में कनिष्क संवत् के चालीसवें वर्ष (118 ई०) में सेनहस्ती तथा उसके मित्र ने इस मूर्ति की प्रतिष्ठापना की थी। इस मूर्ति में नाग की कुंडलियां बड़े वास्तविक रूप में प्रदर्शित हैं। अभिलेख से विदित होता है कि ई० सन् के प्रारंभिक काल में नागपूजा देश के इस भाग में विशेष रूप से प्रचलित थी।

छतरपुर (बुंदेलखंड, म० प्र०)

बुंदेलखंड की भूतपूर्व रियासत तथा उसका मुख्य नगर। यह नगर बुंदेला-नरेश छत्रसाल का बसाया हुआ है। कहा जाता है कि बाबा छतूरदास नामक एक संत के कहने से छत्रसाल ने यह नगर बसाया था। 18वीं शती के अंत में कुंवर सोनेशाह पंवार ने छतरपुर की रियासत स्थापित की थी।

छत्तीसगढ़

रायपुर-बिलासपुर (म० प्र०) जिलों तथा परिवर्ती क्षेत्र में सम्मिलित इलाका। यह प्राचीन दक्षिण कोसल या महाकोसल है। यहां की बोली उत्तरप्रदेश की अवधी (प्राचीन उत्तरकोसल के क्षेत्र की भाषा) से मिलती-जुलती है। उत्तर और दक्षिण कोसल में नामों की समानता के अतिरिक्त सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी सदा से रहा है। यह संभव है कि उत्तरकोसल के जनसमूह प्राचीन और मध्य-काल में दक्षिणकोसल में जाकर बस गए हों।

छत्यागिरि

राजगृह (बिहार) के सात पर्वतों में से एक, जो संभवतः महाभारत में वर्णित चैत्यक है।

छत्रवती = अहिच्छत्र

महाभारत में अहिच्छत्र के विविध नामों में से एक—'पार्षतो द्रुपदोनामच्छत्रवत्या नरेश्वर' महा० आदि० 165,21। (दे० पंचाल, अहिच्छत्र)

छाता (ज़िला मथुरा)

यहाँ संभवतः शेरशाह के समय में बनी एक सराय है जो दुर्ग जैसी मालूम होती है।

छापापुर (राजस्थान)

चौहान राजाओं के बनवाए हुए प्राचीन दुर्ग के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

छिमाल

प्राचीन अभिसारी-राज्य का प्रदेश, जिसमें चिनाब नदी के पश्चिम में स्थित पूंछ, राजौरी और भिमर का क्षेत्र सम्मिलित है।

छोटा नागपुर (बिहार)

इस प्रदेश का नाम, किंवदंती के अनुसार, छोटानाग नामक नागवंशी राजकुमार-सेनापति के नाम पर पड़ा है। छोटानाग ने, जो तत्कालीन नागराजा का छोटा भाई था, मुगलों की सेना को हराकर अपने राज्य की रक्षा की थी। 'सगहुल' की लोककथा छोटानाग से ही संबंधित है। इस नाम की आदिवासी लड़की ने अपने प्राण देकर छोटानाग की जान बचाई थी। सरजॉन फाउल्टन का मत है कि छोटा या छुटिया रांची के निकट एक गांव का नाम है जहां आज भी नागवंशी सरदारों के दुर्ग के खंडहर हैं। इनके इलाके का नाम नागपुर था और छुटिया या छोटा इसका मुख्य स्थान था। इसीलिए इस क्षेत्र को छोटा नागपुर कहा जाने लगा। (दे० सरजॉन फाउल्टन—बिहार दि हार्ट ऑव इंडिया पृ० 127) छोटा नागपुर के पठार में हज़ारीबाग, रांची, पालामऊ, मानभूम और सिंहभूम के ज़िले सम्मिलित हैं।

छोटी गंडक (दे० हिरण्यवती)

जकम पेट (ज़िला निज़ामाबाद, आ० प्र०)

प्राचीन कलापूर्ण शैली में निर्मित एक मंदिर यहां का मुख्य स्मारक है। इसमें केन्द्रीय मंडप, अग्रवेश्म, देवालय और स्तंभों सहित एक अन्य मंडप है जिसे धर्मशाला कहते हैं।

जजीरा (महाराष्ट्र)

यह द्वीप कोंकण के तट पर शिवाजी की राजधानी रायगढ़ से पश्चिम की ओर बीस मील पर स्थित है। शिवाजी के समय यहां अधिकतर अबीसीनिया के हब्शी लोग रहते थे जिन्हें सीदी कहते थे। जजीरा का सूबेदार फतहखां था जो बीजापुर रियासत की ओर से नियुक्त था। शिवाजी ने इस द्वीप पर 1659 ई० तथा उसके पश्चात कई बार आक्रमण किए थे किंतु विशेष सफलता नहीं मिली थी। 1670 ई० में उन्होंने इस पर फिर चढ़ाई की। फतहखां ने तंग होकर शिवाजी से संधि कर ली। यह देखकर हब्शियों ने उसे मार डाला और मुगलों से शिवाजी के विरुद्ध सहायता मांगी। मुगल-सेनाओं के आने के कारण शिवाजी उधर से हटकर सूरत की ओर चले गए और उन्होंने दुबारा सूरत को लूटा। जजीरा फारसी शब्द जजीरा (द्वीप) का रूपांतर है।

जंबुला

बुंदेलखंड की जामनेर नदी। बेतवा और जामनेर के संगम के क्षेत्र का प्राचीन नाम तुगारण्य था।

जंबू अरण्य (जिला कोटा, राजस्थान)

चंबल नदी के तट पर कोटा से लगभग 5 मील दूर वर्तमान केशवराय पाटण ही प्राचीन जंबू-अरण्य है। किंवदंती है कि अज्ञातवास के समय विराट नगर जाते समय पांडव कुछ दिनों तक यहीं ठहरे थे। वर्तमान केशवराय का मंदिर कोटा-नरेश शत्रुशल्य ने बनवाया था। यह भी लोकश्रुति है कि आदि-मंदिर राजा रतिदेव का बनवाया हुआ था। महाभारत तथा विष्णुपुराण में वर्णित जंबूमार्ग (या जंबुमार्ग) यही हो सकता है (दे० जंबूमार्ग)

जंबूकोल (लंका)

महावंश 11,23 में उल्लिखित है। लंकानरेश देवानांप्रिय तिष्य ने *भारत के सम्राट् अशोक के पास अपने भागिनेय महारिष्ठ, पुरोहित, मंत्री और* गणक इन चार जनों को दूत बनाकर बहुमूल्य रत्न, तीन जाति की मणियां, आठ जाति के मोती तथा अन्य वस्तुओं के साथ भेजा था। ये लोग जंबूकोल से नाव पर चढ़कर सात दिन में ताम्रलिप्ति पहुंचे और वहां से एक सप्ताह में पाटलिपुत्र। जंबूकोल, लंका के उत्तरी समुद्रतट पर संबलतुरि नामक बंदरगाह है। महावंश 19,60 के अनुसार बोधिद्रुम की एक शाखा या अंकुर जिसे संघमित्रा लंका ले गई थी, जंबूकोल में आरोपित किया गया था।

जंबुद्वीप

पौराणिक भूगोल के अनुसार भूलोक के सप्त महाद्वीपों में से एक। यह पृथ्वी के केन्द्र में स्थित है। इसके इलावृत, भद्राश्व, किंपुरुष, भारत, हरि, केतुमाल, रम्यक, कुरु और हिरण्मय—ये नवखंड हैं। इनमें भारतवर्ष ही मृत्युलोक है, शेष देवलोक हैं। इसके चतुर्दिक् लवण सागर है। जंबूद्वीप का नामकरण यहां स्थित जंबू-वृक्ष (जामुन) के कारण हुआ है। जंबूद्वीप से क्रमानुसार बड़े द्वीपों के नाम ये हैं—प्लक्ष, शाल्मली, कुश, क्रौंच, शाक और पुष्कर। पौराणिक भूगोल के आधार पर यह कहना उपयुक्त होगा कि जंबूद्वीप में वर्तमान एशिया का अधिकांश भाग सम्मिलित था—दे० विष्णुपुराण अंश 2, अध्याय 2—'जंबूद्वीपः समस्तानामेतेषां मध्य संस्थितः, भारतं प्रथमं वर्षं ततः किंपुरुषं स्मृतम्, हरिवर्षं तथैवान्यन्मेरोर्दक्षिणतो द्विज। रम्यकं चोत्तरं वर्षं तस्यैवानुहिरण्मयम् उत्तराः कुरवश्चैव यथा वै भारतं तथा। नव साहस्त्रमेकैकमेतेषां द्विजसत्तम इलावृतं च तन्मध्ये सौवर्णो मेरुरुच्छ्रितः। भद्राश्वं पूर्वतो मेरोः केतुमालं च पश्चिमे। एकादश शतायामाः पादपागिरिकेतवः जंबूद्वीपस्य सांजंबूर्नाम हेतुर्महामुने'।

जैन ग्रंथ जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति में जंबूद्वीप के सात वर्ष कहे गए हैं। हिमालय को महाहिमवत और क्षुल्लहिमवत दो भागों में विभाजित माना गया है और भारतवर्ष में चक्रवर्ती सम्राट् का राज्य बताया गया है। पुराणों में जंबूद्वीप के छः वर्ष-पर्वत बताए गए हैं—हिमवान्, हेमकूट, निषध, नील, श्वेत और शृंगवान्।

जंबूप्रस्थ

'तोरणं दक्षिणार्धेन जम्बूप्रस्थं समागमत्' वाल्मीकि रामा० अयो० 71,11। इस स्थान को भरत ने केकय से अयोध्या आते समय गंगा के पूर्व की ओर पार किया था। तोरण नामक ग्राम भी इसी के निकट था।

जंबूमार्ग

महाभारत वनपर्व के अंतर्गत पश्चिम दिशा के जिन तीर्थों का वर्णन पांडवों के पुरोहित धौम्य ने किया है उनमें जंबूमार्ग भी है—'जंबूमार्गो महाराज ऋषीणां भावितात्मनाम्। आश्रमः शाम्यतां श्रेष्ठ मृगद्विज निषेवितः'—वन० 89,13-14। श्री वा० श० अग्रवाल के मत में, जंबूमार्ग आबूपर्वत पर स्थित था किंतु इसका जंबूअरण्य से अभिज्ञान अधिक समीचीन जान पड़ता है। विष्णु० में भी जंबूमार्ग का उल्लेख है—'ततश्च तत्कालकृतां भावनां प्राप्य तादृशीं जंबूमार्गे महारण्ये जातो जातिस्मरो मृगः' अर्थात् राजा भरत, मृत्यु-समय की दुर्भावना के कारण जंबूमार्ग के घोरवन में अपने पूर्वजन्म की

स्मृति से युक्त एक मृग हुए। यह तथ्य द्रष्टव्य है कि विष्णुपुराण और महाभारत दोनो मे ही जंबूमार्ग मे मृगो का निवास बताया गया है। विष्णुपुराण मे जंबूमार्ग को स्पष्ट रूप से महारण्य कहा है। इससे भी इस स्थान का जंबू अरण्य से अभिज्ञान उपयुक्त जान पडता है।

जगतग्राम (दे० देहरादून)

जगतसुख=मनास्त

जगतियाल (जिला करीमनगर, आं० प्र०)

1747 ई० मे जगतियाल के दुर्ग का निर्माण फ्रांसीसी शिल्पियो ने जफ़रुद्दौला के लिए किया था। इसी समय की एक मसजिद भी यहा है। जगतियाल भूतपूर्व हैदराबाद रियासत मे सम्मिलित था।

जगद्दल (जिला राजशाही पू० पाकि०)

जगद्दल मे बौद्ध महाविद्यालय की स्थापना पालवंश के बौद्धनरेश रामपाल द्वारा 11वीं शती के उत्तरार्ध मे की गई थी। यह विद्यालय तत्रयान का गढ था और तांत्रिक बौद्धो का केंद्र। भिक्षु दानशील, विभूतिचन्द्र, शुभाकर गुप्त आदि यहा के प्रसिद्ध तांत्रिक विद्वान् थे।

जगन्नाथपुरी (उडीसा)

पूर्वी भारत का प्रसिद्ध तीर्थ। कहा जाता है कि पुरी में पहले एक प्राचीन बौद्ध मदिर था। हिंदूधर्म के पुनरुत्कर्षकाल मे इस मदिर को श्रीकृष्ण के मदिर के रूप मे बनाया गया। मदिर की मुख्य मूर्तिया शायद तीसरी शती ई० की हैं। ययातिकेसरी ने 6ठी शती ई० मे पुराने मदिर का जीर्णोद्धार करवाया और तत्पश्चात् चोड गगदेव ने 12वी शती ई० मे इसका पुन. नवीकरण किया। इस मदिर का आदि निर्माता कौन था, यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। 12वी शती मे मदिर का अतिम जीर्णोद्धार गगवशीय राजा अनग भीमदेव ने करवाया था। इसी रूप मे यह मदिर आज स्थित है। इस मदिर पर मध्यकाल मे मुसलमानों ने कई बार आक्रमण किए थे। कालापहाड नामक मुसलमान सरदार ने जो पहले हिंदू था—इस मदिर को बुरी तरह नष्टभ्रष्ट किया था। मदिर का पुनर्निर्माण कई बार हुआ जान पडता है। 15वीं शती मे चैतन्य महाप्रभु ने इस मदिर की यात्रा की थी। तीन सौ वर्ष पूर्व मराठो ने (भोंसला नरेश ने) भोग मदिर का जीर्णोद्धार करवाया था। यह मदिर दाक्षिणात्य शैली मे निर्मित है। जान पडता है कि पुरी की महाभारत या पूर्वपौराणिक काल तक तीर्थरूप मे मान्यता नहीं थी। चीनी यात्री युवानच्वांग ने संभवत पुरी को ही चरित्रवन नाम से अभिहित

किया है। शास्त्रों के अनुसार जगन्नाथपुरी के क्षेत्र का नाम उड्डियानपीठ है। इसे शखक्षेत्र भी कहा जाता था। दक्षिण के प्रसिद्ध वैष्णव आचार्य रामानुज ने पुरी की यात्रा 1122 ई० और 1137 ई० में की थी। उनकी यात्रा के पश्चात् यह मंदिर उड़ीसा मे हिंदूधर्म का प्रबल एव प्रमुख केंद्र बन गया था।

जगमनपुर (बुदेलखड)

सेंगर राजपूतों की राजधानी। इनकी उत्पत्ति दशरथ की कन्या शाता व शृगीऋषि से मानी जाती है। 1134 ई० में जगमनपुर के राजा वत्सराज सेंगर थे। इसी वर्ष का इनका एक दानपत्र बनारस से प्राप्त हुआ है। इस वश के राजा कर्ण ने यमुनातट पर कर्णावती नामक ग्राम बसाया था जो बाद मे कनार कहलाया। पहले इस वश के राजा कनार मे ही रहते थे। कनार मे प्राचीन किले के ध्वसावशेष अभी तक हैं। इसके दर्शन करने के लिए जगमनपुर के राजा दशहरे के दिन आते थे। (दे० मध्ययुगीन भारत भाग 3, पृ० 443)

जगय्यापेट (आं० प्र०)

इस स्थान से प्रथम तथा द्वितीय शती ई० के पुरातत्त्व सबधी मूल्यवान् अवशेष प्राप्त हुए हैं।

जघेरो

राजगृह (बिहार) के निकट एक नगर, जिसका उल्लेख सभवत इलीसजातक (कॉवेल, स० 78) मे है।

जटातीर्थ

रामेश्वरम् (मद्रास) के निकट जटातीर्थ नामक कुड है। कहा जाता है कि लका के युद्ध के पश्चात् रामचन्द्रजी ने अपने केशों का प्रक्षालन इसी स्थान पर किया था। यहां जटाशकर शिव का भी मंदिर है। यहा से 1 मील दक्षिण की ओर जगल मे काली का अतिप्राचीन मदिर है।

जटापुर

मुरचीपत्तन (केरल) के निकट स्थित है। इसका उल्लेख वाल्मीकि रामायण किष्किंधाकाड 42,13 में इस प्रकार है—'वेलातलनिविष्टेषु पवनपु वनेपु च मुरचीपत्तन चैव रम्य चैव जटापुरम्'। सभव है इसका सबध जटातीर्थ से हो।

जटायु स्थान (जिला नासिक, महाराष्ट्र)

नासिक रोड से 26 मील और घोटी स्टेशन से 10 मील दूर यह स्थान है जहा किंवदती के अनुसार श्रीराम ने रावण द्वारा आहत गृध्रराज जटायु

का अंतिम संस्कार किया था। वाल्मीकि रामा० अरण्य० 68,35 के अनुसार यह स्थान गोदावरी नदी के तट पर स्थित था—'ततो गोदावरीं गत्वा नदीं नरवरात्मजौ उदकं चक्रतुस्तस्मै गृध्रराजाय तावुभौ'।

जटिंग रामेश्वर (जिला चीतलदुर्ग, मैसूर)

अशोक की प्रमुख धर्मलिपि (1) यहां एक चट्टान पर उत्कीर्ण पाई गई है।

जटोदा

ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी (कालिकापुराण, 77)

जठर

'मेरोरनन्तरांगेषु जठरादिष्ववस्थिताः शंखकूटोऽथ ऋषभो हंसो नागस्तथापरः कालजाद्याश्च तथा उत्तरकेसराचलाः' विष्णु० 2,2,29—अर्थात् मेरु के अति समीप और जठर आदि देशों में स्थित शंखकूट, ऋषभ, हंस, नाग और कलज आदि पर्वत उत्तर दिशा के केसराचल हैं। यदि मेरु या सुमेरु को उत्तरी ध्रुव का प्रदेश माना जाए तो जठर को वर्तमान साइबेरिया में स्थित मानना चाहिए। किंतु विष्णुपुराण का यह वर्णन बहुत अंशों में काल्पनिक जान पड़ता है। जठर नामक पर्वत का भी उल्लेख विष्णु० 2,2,40 में है—'जठरो देवकूटश्च मर्यादा पर्वतावुभौ तौ दक्षिणोत्तरायामावानील निषधायतौ'।

जडचेरला (जिला महबूबनगर, आ० प्र०)

इस ताल्लुके में कई प्रागैतिहासिक स्थल, प्राचीन हिंदू तथा बौद्ध अवशेष और मध्यकाल की एक मीनार स्थित हैं।

जनकपुर=जनकपुरी (नेपाल)

यह जयनगर (बिहार) से 17 मील दूर नेपाल रेलवे का स्टेशन है। यह रामायण के समय की जनकपुरी है जिसे सीता का जन्मस्थान तथा मिथिलाधिप जनक की राजधानी माना जाता है। यहां के प्रसिद्ध स्थान जानकी-मंदिर को टीकमगढ़ की महारानी ने बनवाया था। जनक की राजसभा के महापंडित याज्ञवल्क्य का भी इस स्थान से संबंध बताया जाता है। जनकपुर को मिथिला भी कहते थे—'ततः परमसत्कार सुमतेः प्राप्य राघवौ उष्य तत्र निशामेकां जग्मतुः मिथिलां ततः दृष्ट्वा मुनयः सर्वे जनकस्य पुरीं शुभाम्, साधु साध्विति शंसन्तो मिथिलां समपूजयन्' वाल्मीकि० बाल० 48,9-10।

(2) =जलना (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)। किंवदंती है कि इस स्थान पर वनवासकाल में श्रीरामचंद्रजी कुछ दिन ठहरे थे। यहां नवपाषाण-युग की अनेक इमारतों के अवशेष स्थित हैं। अकबर द्वारा शाहजादा दानियाल

गये लिखे गए कुछ पत्रों से सूचित होता है कि इस नगर को मुग़ल सम्राट् ने अबुलफ़ज़ल को जागीर के रूप में दिया था।

जनस्थान

दंडकारण्य का एक भाग, जिसका विस्तार नासिक के परिवर्ती प्रदेश में था। पुराणों के अनुसार नासिक का ही एक नाम जनस्थान है—'कृते तु पद्मनगरंत्रेतायां तु त्रिकटकम्, द्वापरे च जनस्थान कलौ नासिकमुच्यते'। वाल्मीकि रामायण के अनुसार खरदूषणादि राक्षसों का निवास जनस्थान में था, 'नानाप्रहरणाः क्षिप्रमितोगच्छत सत्वरा', जनस्थानं हतस्थान भूतपूर्वं-खरालयम्। तत्रास्यता जनस्थानेशून्ये निहतराक्षसे, पौरुष बलमाश्रित्य त्रासमुत्सृज्य दूरतः'। रामचंद्रजी ने, जैसा कि इस उद्धरण से सूचित होता है, इस प्रदेश के सभी राक्षसों का अंत कर दिया था। कालिदास ने कई स्थलों पर जनस्थान का उल्लेख किया है— 'प्राप्य चाशुजनस्थानं खरादिभ्यस्तथाविधम्' —रघु० 12,42, 'पुराजनस्थानविमर्दशंकी संधाय लंकाधिपतिः प्रतस्थे'—रघु० 6,62, 'अमीजनस्थानमपोढविघ्नं मत्वा समारब्ध नवोटजानि' रघु०13,22। अंतिम उद्धरण से विदित होता है कि मुनियों ने जनस्थान से राक्षसों का भय दूर होने पर अपने परित्यक्त आश्रमों मे पुनः नवीन कुटियां बना ली थीं। भवभूति ने भी जनस्थान और पंचवटी का नासिक के निकट उल्लेख किया है—'पश्यामि च जनस्थान भूतपूर्वखरालयम्, प्रत्यक्षानिव वृत्तान्तान्पूर्वानिनुभवामिच' उत्तररामचरित 2,17। इस श्लोक में वाल्मीकि रामायण के उपर्युक्त उद्धरण की भांति जनस्थान में खर राक्षस का घर कहा गया है। यह संभव है कि उपर्युक्त उद्धरणों में वर्णित जनस्थान की ठीक ठीक स्थिति गोदावरी के पर्वत से अवरोहण करने के स्थान (नासिक के निकट) पर पालवेराम के सन्निकट रही होगी (दे० इंडियन एंटिक्वेरी जिल्द 2, पृ० 283)। किंतु महाभारत अनुशासन० 25,29 में जनस्थान को चित्रकूट और मंदाकिनी के निकट बताया है—'चित्रकूटजनस्थाने तथा मंदाकिनी जले, विगाह्य वै निराहारो राजलक्ष्म्या निषेव्यते'।

जबलपुर (म० प्र०)

इस नगर का प्राचीन नाम जाबालिपुर या जाबालिपत्तन कहा जाता है। जाबालि पुराणों में वर्णित एक ऋषि का नाम है। रानी दुर्गावती के संबंध के कारण जबलपुर इतिहास में प्रसिद्ध है। तत्कालीन बस्ती के खंडहर वर्तमान नगर से पांच मील दूर पुरवा नामक ग्राम के निकट हैं। (दे० पुरवा)

जमली (मालवा, म० प्र०)

यहां पूर्वमध्ययुगीन (परमारकालीन) भव्य मंदिरों के अवशेष स्थित हैं।

जम्मू

महाभारत में वर्णित दार्व को वर्तमान डुग्गर या जम्मू का प्रदेश कहा जाता है—'कैराता दरदादार्वा शूरा वमकास्तथा, औदुम्बरा दुर्विभागाः पारदा बाह्लिकै: सह'—सभा० 52,13।

जयती

पंजाब की भूतपूर्व रियासत जींद का प्राचीन नाम।

जयती क्षेत्र (महाराष्ट्र)

हुबली से प्रायः 70 मील पर बनोशिला ग्राम को प्राचीन जयन्ती क्षेत्र कहा जाता है। यह वरदा (=वर्धा) नदी के तट पर स्थित है। पौराणिक आख्यान के अनुसार मधुकैटभ-दैत्यों ने यहां तप किया था। दोनों के नाम से प्रसिद्ध मंदिर भी ग्राम के निकट है। मधुकैटभ को विष्णु ने मारा था।

जयधर (पंजाब)

कुरुक्षेत्र प्रदेश में अमीन (=अभिमन्यु) ग्राम के निकट वह स्थान है जहां किंवदंती के अनुसार अर्जुन ने सिंधुराज जयद्रथ को मारा था। जयधर शब्द जयद्रथ का रूपांतरण है। महाभारत द्रोण० 146,122 में जयद्रथ के वध का उल्लेख इस प्रकार है—'स तु गांडीव-निर्मुक्तः शरः श्येन इवाशुगः, छित्वा शिरः सिंधुपते-रुत्पपात विहायसम्'।

जयपुर (राजस्थान)

कछवाहा राजा जयसिंह द्वितीय का बसाया हुआ राजस्थान का इतिहास-प्रसिद्ध नगर। कछवाहा राजपूत अपने वंश का आदि पुरुष श्रीरामचंद्रजी के पुत्र कुश को मानते हैं। उनका कहना है कि प्रारंभ में उनके वंश के लोग रोहतासगढ़ (बिहार) में आकर बसे थे। तीसरी शती ई० में वे लोग ग्वालियर चले आए। एक ऐतिहासिक अनुश्रुति के आधार पर यह भी कहा जाता है कि 1068 ई० के लगभग, अयोध्या-नरेश लक्ष्मण ने ग्वालियर में अपना प्रभुत्व स्थापित किया और तत्पश्चात् इनके वंशज ढोला नामक स्थान पर आए और उन्होंने मीणाओं से आमेर का इलाका छीनकर इस स्थान पर अपनी राजधानी बनाई। ऐतिहासिकों का यह भी मत है कि आमेर का किला 967 ई० में ढोलाराय ने बनवाया था और यहीं 1150 ई० के लगभग कछवाहों ने अपनी राजधानी बनाई। 1300 ई० में जब राज्य के प्रसिद्ध दुर्ग रणथंभौर पर अलाउद्दीन खिलजी ने आक्रमण किया तो आमेरनरेश राज्य के भीतरी भाग में

चले गए किंतु शीघ्र ही उन्होंने किले को पुनः हस्तगत कर लिया और अलाउद्दीन से संधि कर ली। 1548-74 ई० में भारमल आमेर का राजा था। उसने हुमायूं और फिर अकबर से मैत्री की और अकबर के साथ अपनी पुत्री जोधाबाई का विवाह भी कर दिया। उसके पुत्र भगवानदास ने भी अकबर के पुत्र सलीम के साथ अपनी पुत्री का विवाह करके पुरान मैत्री संबंध बनाए रखे। भगवानदास को अकबर ने पंजाब का सूबेदार नियुक्त किया था। उसने 16 वर्ष तक आमेर में राज्य किया। उसके पश्चात् उसका पुत्र मानसिंह 1590 ई० से 1614 ई० तक आमेर का राजा रहा। मानसिंह अकबर का विश्वस्त सेनापति था। कहते हैं उसी के कहने से अकबर ने चित्तौड़ नरेश राणा प्रताप पर आक्रमण किया था (1577 ई०) (दे० हल्दीघाटी)। मानसिंह के पश्चात् जयसिंह प्रथम ने आमेर की गद्दी सम्हाली। उसने भी शाहजहां और औरंगज़ेब से मित्रता की नीति जारी रखी। जयसिंह प्रथम शिवाजी को औरंगज़ेब के दरबार में लाने में समर्थ हुआ था। कहा जाता है जयसिंह को औरंगज़ेब ने 1667 ई० में ज़हर देकर मरवा डाला था। 1699 ई० से 1743 ई० तक आमेर पर जयसिंह द्वितीय का राज्य रहा। इसने 'सवाई' की उपाधि ग्रहण की। यह बड़ा ज्योतिषविद् और वास्तुकलाविशारद था। इसी ने 1728 ई० में वर्तमान जयपुर नगर बसाया। आमेर का प्राचीन दुर्ग एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है जो 350 फुट ऊँची है। इस कारण इस नगर के विस्तार के लिए पर्याप्त स्थान नहीं था। सवाई जयसिंह ने नए नगर जयपुर को आमेर से तीन मील की दूरी पर मैदान में बसाया। इसका क्षेत्रफल तीन वर्गमील रखा गया। नगर को परकोटे और सात प्रवेश द्वारों से सुरक्षित बनाया गया। चौरस के नक्शे के अनुसार ही सड़कें बनवायी गई। पूर्व से पश्चिम की ओर जाने वाली मुख्य सड़क 111 फुट चौड़ी रखी गई। यह सड़क, एक दूसरी उतनी ही चौड़ी सड़क को ईश्वर लाट के निकट समकोण पर काटती थी। अन्य सड़कें 55 फुट चौड़ी रखी गईं। ये मुख्य सड़क को कई स्थानों पर समकोणों पर काटती थीं। कई गलियां जो चौड़ाई में इनकी आधी या 27 फुट थीं, नगर के भीतरी भागों से आकर मुख्य सड़क में मिलती थीं। सड़कों के किनारों के सारे मकान लाल बलुवा पत्थर के बनवाए गए थे जिससे सारा नगर गुलाबी रंग का दिखाई देता था। राजमहल नगर के केंद्र में बनाया गया था। यह सात मंज़िला है। इसमें एक दीवानेखास है। इसके समीप ही तत्कालीन सचिवालय—बावन कचहरी—स्थित है। 18वीं शती में राजा माधोसिंह का बनवाया हुआ छः मंज़िला हवामहल भी नगर की मुख्य सड़क पर ही दिखाई देता है। राजा जयसिंह द्वितीय ने जयपुर, दिल्ली,

मथुरा, बनारस और उज्जैन मे वेधशालाएं भी बनाई थीं। जयपुर की वेधशाला इन सबसे बड़ी है। कहा जाता है कि जयसिंह को नगर का नक़्शा बनाने मे दो बंगाली पंडितों से विशेष सहायता प्राप्त हुई थी। (दे० आमेर)

जयप्राकार (वियतनाम)

मीकोंग नदी के दक्षिणी तट पर प्राचीन हिंदू-कालीन नगर, जिसकी स्थापना स्थानीय पालीग्रंथों के अनुसार, 9वीं शती ई० के उत्तरार्ध मे स्याम के एक राजकुमार ने की थी। यह नगर चीगराय नामक जिले मे स्थित था।

जयवापी (लंका)

महावंश 10,83। अनुराधपुर के समीप एक तड़ाग। लंका नरेश पाडुकाभय के राज्याभिषेक के लिए इस वापी के जल का प्रयोग किया गया था। इसी कारण इसे जयवापी कहते थे।

जयसिंहपुर (जिला बांदा, उ० प्र०)

चित्रकूट की मुख्य बस्ती का पुराना नाम है। यह पयोष्णी के तट पर स्थित है। आजकल इसे सीतापुर कहते हैं।

जयस्वामीपुर

कल्हण की राजतरंगिणी (स्टाइन का अनुवाद 1,168-71) से ज्ञात होता है कि इस नगर को हुष्क या हुविष्क नामक राजा ने बसाया था। यह कनिष्क का उत्तराधिकारी था। इसने ही हुष्कपुर बसाया था, जो वर्तमान जुखूर है। जयस्वामीपुर का, जो कश्मीर मे स्थित था, अभिज्ञान संभव नही है।

जरगैमऊ (जिला कानपुर, उ० प्र०)

इस स्थान से 1956 मे प्राचीन मृद्भांडों के अवशेष प्राप्त हुए थे। स्थान की प्राचीनता सिद्ध हो जाने पर यहां विस्तृत रूप से उत्खनन प्रारंभ किया गया था।

जरसोप्पा (मैसूर)

मुडाबदरी की भांति ही इस स्थान पर मध्ययुगीन मंदिरों के अवशेष पाए गए हैं। ये मंदिर पूर्वगुप्तकालीन मंदिरों की भांति वर्गाकार तथा शिखररहित हैं। छतों को पाटने के लिए पत्थरों को ढलाव के साथ रखा गया है, जो देश के इस भाग मे होने वाली वर्षा को देखते हुए आवश्यक जान पड़ता है। कनारा जिले के मध्ययुगीन अर्थात् 16वीं शती तक के मंदिरों में पटे हुए प्रदक्षिणापथ [illegible] अनुरूप हैं। गर्भगृह के सामने एक मंडप की उपस्थिति इन [illegible] पण है।

जलधर (पंजाब)

पंजाब का प्रसिद्ध प्राचीन नगर। कहा जाता है इसका नाम पौराणिक कथाओं—पद्मपुराण आदि मे प्रसिद्ध जलधर नामक दैत्य के नाम पर हुआ था जो इसी प्रदेश का निवासी था और जिसे विष्णु ने मारा था। जलधर का नाम चीनी यात्री युवानच्वांग के यात्रावृत्त में मिलता है। वह 7वीं शती ई० के पूर्वार्ध मे इस स्थान पर आया था। इस समय उत्तरी भारत में महाराज हर्ष का शासन था। जलधर में युवानच्वाग ने नगरधन नामक एक प्रसिद्ध विहार देखा था। यहा चार मास ठहरकर उसने चद्रवर्मा नामक विद्वान् से बौद्ध ग्रंथों का अध्ययन किया था। जलधर-दोआब का प्राचीन नाम त्रिगर्त है। (दे० हेमकोष) इसका योगिनी तंत्र (1,11,2,2,2,9) मे उल्लेख है।

जलद

विष्णुपुराण 2,4 60 के अनुसार शाक द्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा भव्य के पुत्र जलद के नाम से प्रसिद्ध था।

जलदुर्ग (लिंगसुगुर तालुका, जिला रायचूर, मैसूर)

इस स्थान पर कृष्णा की दो उपनदियों के मध्य मे एक विस्तृत चट्टान पर 9वीं शती मे बना हुआ दुर्ग है। इसमे प्राप्त एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि इस क़िले को 12वीं शती के अंत में देवगिरि के किसी यादववशीय नरेश ने बनवाया था।

जलना=जनकपुर (2)

जला

'जला चोपजला चैव यमुनामभितो नदीम्, उशीनरो वै यत्रेष्ट्वा वासवादत्यरिच्यत' महा० वन० 130,21—अर्थात् यमुना नदी के दोनो पार्श्वों में जला और उपजला नामक नदियों को देखो जहाँ उशीनर ने यज्ञ करके इंद्र से भी बढ़कर स्थान प्राप्त किया था। इस उद्धरण में जला और उपजला को यमुना के दोनों ओर स्थित कहा गया है और इस प्रदेश में उशीनर के राज्य का उल्लेख है। उशीनर, कनखल (हरद्वार) के निकटवर्ती प्रदेश का नाम था। इस प्रकार जला और उपजला की स्थिति जिला देहरादून या सहारनपुर में यमुना के निकट रही होगी (दे० उपजला)

जलाधार

विष्णुपुराण् के अनुसार शाकद्वीप का एक पर्वत—'पूर्वस्तत्रोदयगिरिर्जला-धारस्तथापरः, तथा रैवतकः श्यामस्तथैवास्तगिरिर्द्विज'—विष्णु० 2,4,62।

जलालपुर

रामायणकाल में केकय देश की राजधानी गिरिव्रज में थी। इसका अभिज्ञान कनिंघम ने गिरजाक अथवा [illegible] जलालपुर नामक कस्बे (प० पाकि०) से किया है जो झेलम नदी [illegible] पर बसा हुआ है। (दे० केकय, गिरजाक, गिरिव्रज)। युवानच्वांग [illegible] नगरहार भी जलालपुर के स्थान पर ही बसा था।

जलालाबाद

(1) (जिला [illegible] उ० प्र०) नजीबखां रोहेला का बसाया हुआ गौसगढ़ [illegible] है।

(2) [illegible]

जलाली (जिला अलीगढ़, उ० प्र०)

इस स्थान (प्राचीन नीलौती) पर पठानों के बसाये हुए एक नगर के खंडहर हैं।

जलेसर (जिला एटा, उ० प्र०)

मेवाड़ के राजा कटीर ने 1403 ई० में यहां किला बनवाया था।

जलोद्भव देश

पूर्वोत्तर उत्तरप्रदेश के तराई क्षेत्र (नेपाल की तराई) का प्राचीन नाम। महाभारत वन० 30, 89 के अनुसार इस प्रदेश को भीम ने अपनी दिग्विजययात्रा के प्रसंग में जीता था।

जवारि=जौहर (कोंकण, महाराष्ट्र)

शिवाजी के समय महाराष्ट्र का एक छोटा सा राज्य था। सलहेरि के युद्ध के पश्चात 1672 ई० में इसे शिवाजी ने जीत लिया। यह विजय उनके सेनापति मोरोपंत पिंगले ने की थी। कविवर भूषण ने इसका वर्णन इस प्रकार किया है—'भूषण भनत रामनगर जवारि तेरे, बैर परवाह बहे रुधिर नदीन के' शिवराज भूषण 173। रामनगर जवारि के पास दूसरा राज्य था।

जसधन (गुजरात)

205 ई० का एक स्तम्भलेख इस स्थान से प्राप्त हुआ है जो क्षत्रप रुद्रदामन् के वंशज रुद्रसेन के शासनकाल में अंकित किया गया था।

जसनोल=बाराबंकी (उ० प्र०)

जस नाम के भर राजपूत राजा ने इसे 10वीं शती ई० में बसाया था।

जसो (बुंदेलखंड, म० प्र०)

कनिंघम ने इस भूभाग का नाम दरेदा लिखा है जो संभवतः दुरेहा (जसो

के निकट) का ही रूपांतर है। प्राचीन काल में जसो जैन संस्कृति का महत्व पूर्ण केंद्र था क्योंकि आज भी सैंकड़ो जैनमूर्तियां यहां से प्राप्त होती हैं। इनका समय 12वीं शती से 16वीं शती तक है। जसो की रियासत छत्रसाल के वंशजों ने बनाई थी। महाराज छत्रसाल के पुत्र जगतराज को उत्तराधिकार में जैतपुर का राज्य मिला था। जगतराज के वृहत राज्य का एक भाग खुमानसिंह को मिला—इसमें जसो भी सम्मिलित था। बाद में खुमानसिंह ने जसो की जागीर अपने पुत्र हरिसिंह को दे दी जो कालांतर में एक स्वतंत्र रियासत बन गई। ऐतिहासिक स्थान नचना और खोह, जहां गुप्तकालीन अनेक अवशेष तथा अभिलेख प्राप्त हुए हैं, जसो के निकट ही हैं।

जहांगीरपुर

ओड़छानरेश वीरसिंह देव ने जिनकी मुग़ल सम्राट जहांगीर से बहुत मैत्री थी, ओड़छा को फिर से बसाकर उसका नाम जहांगीरपुर रखा था, किंतु यह नाम अधिक दिनों तक न चला। इन्होंने एक नए महल का नाम भी जहांगीरमहल रखा था। वीरसिंह देव ने अकबर के शासनकाल में सलीम (बाद में जहांगीर) के कहने से अकबर के प्रिय मंत्री और मित्र अबुल्फजल की हत्या करवा दी थी। (दे० ओड़छा)

जहांपनाह

वर्तमान दिल्ली के निकट तुग़लककालीन ध्वस्त नगर। मु० तुगलक ने 1350 ई० के लगभग इस शहर की बुनियाद डाली थी। इसे दिल्ली के सात नगरों में से चौथा कहा जाता है। जहांपनाह की सीमा किलोराय और सीरी (अलाउद्दीन खिलजी की दिल्ली)—दोनों के परकोटों को मिलाकर बनाई गई थी। इसके अंदर एक सुंदर प्रासाद बनवाया गया था, जिसे बदीए मंज़िल (आनन्द भवन) कहा जाता था। इसका दूसरा नाम विजय महल था। इस नाम से यह आज भी प्रसिद्ध है। इस नगर के परकोटे के भीतर चिराग़ दिल्ली, बेगमपुरी मसजिद आदि भवन स्थित थे। नगर के तीस प्रवेश द्वार थे।

जहाजपुर (राजस्थान)

यह स्थान उदयपुर से 96 मील उत्तरपूर्व में स्थित है। किंवदंती के अनुसार जहाजपुर के दुर्ग का निर्माण मूलरूप मौर्यसम्राट् अशोक के पौत्र सम्प्रति ने किया था। यह दुर्ग, बूंदी और मेवाड़ के बीच की पहाड़ियों के एक गिरिद्वार की रक्षा करता था। 15वीं शती में राणा कुंभा ने इसका पुनर्निमाण करवाया था। सम्प्रति जैन धर्म का अनुयायी था। जहाजपुर में अनेक प्राचीन जैन मंदिरों के खंडहर भी मिले हैं। (दे० राजपूताना गजटियर 1880, पृ० 52)

जहानाबाद (जिला बिजनौर, उ० प्र०)

गंगा-तट पर बिजनौर नगर से प्राय आठ मील की दूरी पर स्थित है। यहां शाहजहां के सूबेदार शुजातखां का मकबरा है जो अब उपेक्षित अवस्था मे है।

जहाहूति

स्कंदपुराण, कुमारखंड, 39 मे उल्लिखित देश जो जैजाकभुक्ति या बुंदेलखंड है।

जांबू

जंबूद्वीप मे प्रवाहित होने वाली नदी जो विष्णुपुराण के अनुसार जंबूवृक्ष के फलो के रस से बनी है—'रसेन तेषां प्रख्याता तत्र जाम्बूनदीति वै'—विष्णु० 2,2,20। संभवत इस नदी की स्थिति हिमालयोत्तर प्रदेश या मध्य-एशिया मे थी क्योंकि पौराणिक भूगोल मे जंबू वृक्ष को जंबूद्वीप के मध्य मे माना है। (दे० जंबूद्वीप)

जांब (जिला पूना, महाराष्ट्र)

छत्रपति शिवाजी के गुरु तथा महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत समर्थ रामदास का जन्मस्थान। इनका जन्म चैत्रशुक्ल नवमी शाके 1530 मे हुआ था।

जागनेर (जिला आगरा उ० प्र०)

यहा जगमल राव द्वारा निर्मित (1571 ई०) किले के खंडहर हैं।

जागेश्वर (जिला अल्मोड़ा, उ० प्र०)

अल्मोड़ा से प्राय. 19 मील दूर प्राचीन स्थान है। यहां इस प्रदेश के कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनमे महामृत्युंजय, कैलासपति, डिंडेश्वर, पुष्टिदेवी, भैरवनाथ आदि शिव के अनेक रूपों तथा विविध भावों की मूर्तियां विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। जागेश्वर तथा दीपेश्वर महादेव के मंदिर यहां के प्राचीन स्मारक हैं। कुछ लोगों के मत मे नागेश के ज्योतिर्लिंग का स्थान यही है। (दे० नागेश)

जाजऊ (उ० प्र)

आगरे के निकट इस स्थान पर औरंगजेब के उत्तराधिकारी पुत्रों—मुअज्जम और आजम मे 1707 ई० में घोर युद्ध हुआ था जिसमे मुअज्जम विजयी हुआ और बहादुरशाह के नाम से गद्दी पर बैठा। जाजऊ की लड़ाई मे आजम मारा गया था।

जाजनगर=यजपुर

जाजपुर=यजपुर

जाजमऊ (दे० ययातिपुर)

जांडियाला (जिला अमृतसर, पंजाब)

अमृतसर से पूर्व की ओर छोटा कस्बा है जो संभवतः प्राचीनकाल मे सांगल

कहलाता था (केम्ब्रिज हिस्ट्री ऑव इंडिया 1,371)। अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण करने के समय (327 ई० पू०) यहा कठ-जाति के वीर क्षत्रियो की राजधानी थी। सागल का अभिज्ञान कुछ विद्वानों ने शाकल या सियालकोट से भी किया है।

जानकीगढ़ (दे० चकीगढ)

जाफना (लका) ताम्रपर्णी (द्वीप)

जावरा (जिला बुलदशहर, उ० प्र०)

यह ग्राम खुर्जा से 20 मील दक्षिण की ओर यमुना तट पर स्थित है। कहा जाता है कि यहा जाबालि ऋषि का आश्रम था जिनका स्मारक मदिर के रूप मे ग्राम के भीतर आज भी देखा जा सकता है।

जाबालिपत्तन=जबलपुर

जाबालिपुर=जबलपुर

जाफ्रीकुंटा (जिला करीमनगर, आ० प्र०)

इस स्थान पर वजगूर और मलगूर नामक दो किले हैं जो क्रमश सातसौ और एक हजार वर्ष प्राचीन हैं। यहीं गुरशाल और कटकूर के मदिर हैं। गुरशाल का मदिर 1229 ई० मे वारगलनरेश प्रतापरुद्र के शासनकाल मे बना था। यह मदिर अब टूटी फूटी अवस्था मे है किंतु इसके पत्थरो पर की गई नक्काशी आज भी अच्छी दशा में है। मदिर के बाहर एक स्तभ पर उड़िया भाषा मे एक अभिलेख अकित है।

जायस (जिला रायबरेली, उ० प्र०)

उत्तर रेल के जायस स्टेशन के पास प्राचीन कस्बा है जो हिंदी के कवि मलिक मुहम्मद जायसी के सबध के कारण प्रसिद्ध है। यहीं इन्होने अपना सुप्रसिद्ध ग्रथ पद्मावत लिखा था। जायस मे रहने के कारण ही ये जायसी कहलाए। पद्मावत के 23वें दोहे की प्रथम चौपाई मे कवि ने स्वय ही कहा है—'जायस नगर धरम-असथानू तहा आय कवि कीन्ह बखानू'— जिससे ज्ञात होता है कि जायस उस समय सभवत मुसलमानों के लिए पवित्र स्थान माना जाता था और जायसी यहा किसी और स्थान से आकर बसे थे तथा पद्मावत की रचना भी उन्होंने यहीं की थी। पद्मावत मे उसका रचनाकाल 927 हिजरी अर्थात् 1527 ई० दिया हुआ है। उज्जालिकपुर जायस का दूसरा और सभवत अधिक प्राचीन नाम है। (दे० न० ला० डे)

जारुधि

सभवत सरयूतटवर्ती प्रदेश का नाम। महाभारत सभा 38, दाक्षिणात्य

पाठ में भीष्म ने, युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ के अवसर पर, विष्णु के अवतारों की कथा के वर्णन के प्रसंग में कहा है कि श्रीरामचंद्रजी ने दस अश्वमेधों का अनुष्ठान करके जारुधि प्रदेश को निर्विघ्न बना दिया था—'दशाश्वमेधानाजह्रे जारुधिस्थान् निरर्गलान'। रामचंद्रजी के पूर्वज इक्ष्वाकुनरेशों ने अश्वमेध यज्ञ सरयू के तट पर ही किए थे जैसा कि रघु० 13,61 से भी ज्ञात होता है—'जलानि या तीरनिखातयूपा वहत्ययोध्यामनुराजधानीम् तुरगमेधावभृथावतीर्णैरिक्ष्वाकुभि पुण्यतरीकृतानि', और रामचंद्र जी ने भी पूर्व परम्परा के अनुकूल अश्वमेध यज्ञ अपनी राजधानी अयोध्या के निकट सरयूतट पर ही सपादित किया था।

(2) विष्णुपुराण के अनुसार मेरु के उत्तर में एक पर्वत, जो पश्चिम की ओर समुद्र तक विस्तीर्ण था—'त्रिशृंगो जारुधिश्चैव उत्तरौवर्षपर्वतौ, पूर्व पश्चायतावेतावर्णवान्तर्व्यवस्थितौ'—2 2 43। इस वर्णन की वास्तविकता को यदि स्वीकार करें तो यह पर्वत वर्तमान यूराल (रूस) की श्रेणी का कोई भाग हो सकता है जो कश्यप (कैस्पियन) सागर तक फैली हुई है। विष्णु० 2,2,28 में जारुधि को मेरु का पश्चिमी केसराचल भी माना गया है—'शिखिवासा सवैडूर्य. कपिलो गंधमादन, जारुधिप्रमुखास्तद्वत्पश्चिमे केसराचला'। (दे० त्रिशृंग)

जालौन (उ० प्र०)

यह कस्बा बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित है। यह चंदेलकालीन सरोवरों और मराठों के समय की इमारतों के भग्नावशेषों के लिए उल्लेखनीय है।

जालौर (राजस्थान)

12वी शती से 14वी शती ई० तक राजस्थान में जैनधर्म का उत्कर्षकाल रहा है। जालौर के इसी काल में बने हुए दुर्ग में महाराज कुमारपाल द्वारा निर्मित कई जैन मंदिर आज भी देखे जा सकते हैं। यहां 1303 ई० के थोड़े समय पश्चात ही अलाउद्दीन खिल्जी की बनवाई मसजिद राजस्थान की सर्वप्राचीन ममजिद मानी जाती है। इस मसजिद की शिल्पकारी पर भारतीय वास्तुकला का प्रभाव प्राय नगण्य ही है।

जावर (जिला उदयपुर, राजस्थान)

बहुत प्राचीन काल में जावर मेवाड़ का छोटा सा वन्य क्षेत्र था जहां महाराणा लाखा के समय में (14वी शती ई०) भीलों का आधिपत्य था। महाराणा ने जावरा को भीलों से छीन लिया। इस प्रदेश में लोहा, चांदी, सीसा, तथा अन्य धातुओं की खानें थीं जिनका प्राप्त कर लाखा जी का बहुत

लाभ हुआ। मेवाड़ के व्यापार की इससे बहुत उन्नति हुई और राजकोष भी बहुत धनी हो गया। महाराणा लाखा ने अपनी संपत्ति को मेवाड़ के प्राचीन स्मारकों और मंदिरों आदि का, जिन्हें अलाउद्दीन खिलजी ने 1303 ई० के आक्रमण के समय नष्टभ्रष्ट कर दिया था, जीर्णोद्धार करने में लगाया तथा अनेक नये भवन तथा दुर्ग बनवाए।

जावली (महाराष्ट्र)

17वीं शती में जावली की एक छोटी सी रियासत थी जो बीजापुर के सुलतान के अधिकार-क्षेत्र में थी। जावली या जावला का प्रांत कोयना नदी की घाटी में महाबलेश्वर के ठीक नीचे स्थित था। यह तीर्थस्थान भी था। शिवाजी के समय में यहां का राजा चंद्रराव मोरे था। इसने बीजापुर के सुलतान आदिलशाह के षड्यंत्र में सम्मिलित होकर शिवाजी को पकड़ना चाहा था किंतु उसके पहले ही महाराष्ट्र-केसरी शिवाजी ने, 1656 ई० में चन्द्रराव मोरे को मारकर जावली पर अपना अधिकार कर लिया। यहां से शिवाजी को बहुत सा धन मिला जिससे उन्होंने प्रतापगढ़ किले का निर्माण किया। महाकवि भूषण ने शिवाबावनी, 28 में—'चन्द्रावल चूर करि जावली जपत कीन्हो'—लिखकर उपर्युक्त ऐतिहासिक घटना पर प्रकाश डाला है।

जावा=यवद्वीप

जिजला (सिल्लोद तालुका, जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

इस ग्राम में वैशगढ़ नामक एक प्राचीन गढ़ अवस्थित है जिसकी दुर्ग-रचना महत्वपूर्ण मानी जाती है।

जिंजी (जिला आरकट, मद्रास)

मद्रास-धनुष्कोटि रेलमार्ग पर तिंडिवनम् स्टेशन से 20 मील पश्चिम में बसा हुआ यह स्थान एक सुदृढ़ दुर्ग के कारण उल्लेखनीय है। दुर्ग की तीन पहाड़ियां हैं—राजगिरि, श्रीकृष्ण गिरि और चाद्रायण। राजगिरि पर रंगनाथ का सुंदर मंदिर है जिसमें कृष्ण की कलापूर्ण मूर्तियां हैं। वेंकटरमण स्वामी के मंदिर में रामायण के सुंदर चित्र हैं। जनश्रुति के अनुसार इस दुर्ग तथा मंदिरों के निर्माण-कर्ता वासिराज सूरशर्मा थे। ये काशी से यहां यात्रार्थ आए थे। दूसरी लोककथा यह भी है कि जिंजी नगर की स्थापना तुपक्कल कृष्णाप्पा ने की थी जो कांचीपुरी के निवासी थे।

जिंतूर (जिला परभणी, महाराष्ट्र)

इस स्थान पर मुसलमान संत शम्सुद्दीन तथा शाह मस्तान की प्राचीन दरगाहें हैं।

जिगनी (बुंदेलखंड, म० प्र०)

अंग्रेजी शासनकाल तक यह एक छोटी सी रियासत थी। इसके संस्थापक बुंदेल-नरेश महाराज छत्रसाल के पुत्र पदुमसिंह थे। इन्हें अपने पिता की ओर से कोई जागीर न मिली थी किंतु इनके सौभाग्य से इन्हें इनके मामा ने अपने यहां जिगनी की जागीर पर बुला लिया जिसके फलस्वरूप उनकी मृत्यु के पश्चात् पदुमसिंह ही इस जागीर के स्वामी बने। 1703 ई० में इन्होंने बदौरा को जीतकर जिगनी में मिला लिया। इसके पश्चात् अनेक राजनैतिक उलट-फेरों के कारण इस रियासत में काफी कांट-छांट हुई।

जिंभिक (बिहार)

प्राचीन जैन ग्रंथों के अनुसार तीर्थंकर वर्धमान महावीर को अन्तर्ज्ञान अथवा कैवल्य की प्राप्ति इसी स्थान पर हुई थी। आचारांगसूत्र के वर्णन के अनुसार 'तेरहवें वर्ष में ग्रीष्मऋतु के दूसरे मास के चौथे पक्ष में, वैशाख शुक्ल दशमी के दिन जबकि छाया पूर्व की ओर फिर गई थी और पहला जागरण समाप्त हो गया था अर्थात् सुव्रत के दिन, विजय मुहूर्त में, ऋजुपालिका नदी के तट पर जिंभिक ग्राम के बाहर, एक पुराने मंदिर के निकट, एक सामान्य गृहस्थ के खेत में शालवृक्ष के नीचे, जिस समय चन्द्रमा उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र में था, दोनों एड़ियों को मिला कर बैठे हुए, धूप में ढाई दिन तक निर्जल व्रत करके, गंभीर ध्यान में मग्न रहकर, उसने सर्वोच्च ज्ञान अर्थात् कैवल्य को प्राप्त किया, जो अपरिचित, प्रधान, अंकुरित, पूरा और संपूर्ण है'। इस प्रकार त्रिंभिक की महत्ता जैनों के लिए वही है जो बोधगया की बौद्धों के लिए। यह ग्राम वैशाली (जिला मुजफ्फरपुर, बिहार) के निकट स्थित था।

जिननाथपुर

यह स्थान श्रवणबेलगोल (मैसूर) से एक मील उत्तर की ओर स्थित है। तीर्थंकर शांतिनाथ की साढ़े पांच फुट ऊंची मूर्ति यहां की सुंदर कलाकृति है। यह शांतिनाथ नामक बस्ती में स्थित है।

जींद (पंजाब)

पटियाला के निकट भूतपूर्व सिख रियासत। कहा जाता है कि इस नगर का प्राचीन नाम जयंती था जो जयंतीदेवी के मंदिर के कारण हुआ था। प्राचीन भूतेश्वर महादेव का मंदिर सूर्यकुंड नामक सरोवर के मध्य में स्थित है और समीप ही जयंतीदेवी का मंदिर है। भूतेश्वर-मंदिर का जीर्णोद्धार महाराजा रघुबीरसिंह ने करवाया था।

जोडीकल (जिला नलगोंडा, आ० प्र०)

जनगाव से 18 मील दूर इस ग्राम का मुख्य स्मारक एक विस्तीर्ण चट्टान पर बना हुआ नरसिंह स्वामी का मंदिर है। किंवदंती है कि इसी स्थान पर सीता ने श्रीराम को मायामृग मारीच के पीछे भेजा था। जोडीकल का शुद्धरूप जिकाकल या मृगशैल हो सकता है और यह किंवदंती भी शायद इसी नाम के आधार पर बनी है क्योंकि जिस स्थान से राम मारीच के पीछे गए थे वह पंचवटी (नासिक, महाराष्ट्र) के निकट होना चाहिए।

जीमूत

विष्णुपुराण 2,4,29 के अनुसार शाल्मलद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा वपुष्मान् के पुत्र जीमूत के नाम से प्रसिद्ध था।

जीरवल=जीरापल्ली

जीरादेई (जिला छपरा, बिहार)

जीरादेई के नाम पर प्रसिद्ध ग्राम। किंवदंती के अनुसार यह ईरान विजेता राजा रतिबलराय की पुत्री थी। इसका विवाह मकरान नरेश राजा सहसराय के पुत्र सुबलराय से हुआ था (हिस्ट्री ऑव परशिया – स्मिथ)। सुबलराय के मरने पर जीरादेई सती हो गई। जीरादेई के पास सुबलराय ने सुरवल या सुगौल नामक एक गढ़ बनवाया था जो अब भी विद्यमान है। सुबलराय आठवीं शती ई० में थे।

जीरापल्ली(गुजरात)

दीस के निकट यह प्राचीन जैनतीर्थ है। इसे अब जीरवल कहते हैं। यहां पार्श्वनाथ का मंदिर है। इस स्थान का नामोल्लेख तीर्थमाला चैत्यवंदन स्तोत्र में इस प्रकार है—'जीरापल्लि फलद्धिपारक नगे धीरीसशशेश्वरे'।

जीर्णनगर (दे० जूनागढ़)

जीर्णवप्र

यह वर्तमान जूनागढ़ (काठियावाड़, गुजरात) है। इस स्थान का जैन तीर्थ के रूप में उल्लेख तीर्थमाला चैत्य वंदन नामक जैन स्तोत्र में इस प्रकार है—'द्वारावत्यपरे गढमदगिरौ श्रीजीर्णं वप्रे तथा'। गिरनार, जो प्रसिद्ध जैनतीर्थ है, जूनागढ़ के निकट ही स्थित है।

जुफुर=जुष्कपुर

जुझारखंड

बुंदेलखंड का प्राचीन नाम। (दे० गोरेलाल तिवारी—बुंदेलखंड का संक्षिप्त इतिहास—पृ० 1)

जुझौति

बुंदेलखंड का प्राचीन नाम जिसका शुद्ध रूप यजुर्होती कहा जाता है। यह नाम 7वी शती मे भी प्रचलित था क्योकि चीनी यात्री युवानच्वांग, जो भारत मे 630 ई० से 645 ई० तक था, उज्जैन से महेश्वरपुर जाते हुए जुझौति पहुंचा था और उसने इस प्रदेश का इसी नाम से उल्लेख किया है। उसके लेख के अनुसार जुझौति का राजा ब्राह्मण था और वह बौद्धो का आदर करता था। 14वी शती मे बुंदेलो का इस प्रदेश मे राज्य स्थापित होने के कारण इसका नाम बुंदेलखंड हो गया। इससे पूर्व इसे जुझौति ही कहते थे।

जुन्नार (ज़िला पूना, महाराष्ट्र)

प्राचीन नाम जीर्णनगर। इस स्थान से एक गुफा मे क्षहरात नरेश नहपान के मत्री अयम का एक अभिलेख प्राप्त हुआ था जिससे नहपान का महाराष्ट्र के इस भाग पर आधिपत्य सिद्ध होता है। अभिलेख मे नहपान को महाक्षत्रप कहा गया है। इसमे सवत् 46 का उल्लेख है जो शकसवत् ही जान पड़ता है। इस प्रकार यह लेख 124 ई० का है। जुन्नार के शिवनेर दुर्ग मे महाराष्ट्रकेसरी शिवाजी का जन्म हुआ था।

जुष्कपुर (कश्मीर)

श्रीनगर के उत्तर की ओर जुकुर नामक एक बड़ा ग्राम है जिसका अभिज्ञान प्राचीन जुष्कपुर से किया गया है। कल्हण की राजतरगिणी के अनुसार (स्टाइन, 1,169,71) जुष्कपुर को कनिष्क के उत्तराधिकारी जुष्क (या हुविष्क) ने बसाया था। जुष्क ने ही जुष्कपुर का विहार भी बनवाया था। कुछ विद्वानों के मत में कनिष्क का उत्तराधिकारी वशिष्क था जिसका उल्लेख आरा अभिलेख मे 'वाझेष्क' के रूप में हुआ है। कनिष्क की तिथि 78 ई० (रायचौधरी) या 120 ई० (स्मिथ) है।

जूना (ज़िला जोधपुर, राजस्थान)

इस ग्राम मे सच्चिका देवी का मध्ययुगीन मंदिर है जिसमे 1237 वि० स० (1180 ई०) का एक अभिलेख अंकित है। इससे विदित होता है कि मूर्ति की रचना एक गणमुख्य ने करवायी थी तथा श्री बुद्धसूरि ने उसकी प्रतिष्ठापना की थी। इससे तत्कालीन जैनधर्म मे सच्चिकादेवी (महिषमर्दिनी) की उपासना का समावेश होना सिद्ध होता है।

जूनागढ़ (काठियावाड़, गुजरात)

जूनागढ़ का प्राचीन नाम यवननगर कहा जाता है। जूनागढ़ का किला अतिप्राचीन और हिंदूकालीन है। इसे उपरकोट या दुर्ग भी कहते हैं। यह

सौराष्ट्र की सर्वोच्च पर्वतश्रेणी की तलहटी म स्थित है। जूनागढ (जूना=प्राचीन) का नाम शायद इसी क़िले की प्राचीनता के कारण हुआ है। गिरिनार पहाड के नीचे हिंदुओं का प्राचीन मदिर है और पर्वत की चोटी पर जैनों के कई प्रसिद्ध मदिर हैं। गिरिनार महाभारत का रैवतक है। जूनागढ को जैनस्तोत्र तीर्थमालाचैत्यवदन मे जीर्णवप्र कहा गया है।

जेठियान=यष्टिवन

जेतवन

बुद्धकाल में *श्रावस्ती का प्रसिद्ध* विहारोद्यान जहा *गौतम बुद्धत्व प्राप्ति* क पश्चात् प्राय ठहरते थे। अश्वघोष ने बुद्धचरित, सग 18, में इस वन के, अनाथपिंडद सुदत्त द्वारा राजकुमार जेत से खरीदे जाने की कथा का वणन किया है। इस आख्यायिका का पाली बौद्धसाहित्य मे भी वणन है जिसके अनुसार सुदत्त ने इस मनोरम उद्यान को इसकी पूरी भूमि मे स्वर्ण मुद्राए बिछाकर खरीदा था और फिर बुद्ध को सघ के लिए दान म दे दिया था। राजकुमार जेत ने इस धन राशि से सात तलो का एक विशाल प्रासाद बनवाया जो, चीनी यात्री फ़ाह्यान के अनुसार, बाद म जलकर भस्म हो गया था। जेतवन क अवशेष, ढूहों के रूप में, वतमान सहेत-महेत (ज़िला गोंडा, उ० प्र०) के खडहरो मे पडे हुए हैं। (दे० श्रावस्ती)

जेतुतर

बौद्ध ग्रथ अभिधानप्पदीपिका मे दी हुई बीस नगरों की सूची में उल्लिखित एक स्थान जो थी न० ला० डे के मत मे मध्यमिका या चित्तौड के निकट रहा होगा। किंतु रायचौधरी ने इसे शिवि राष्ट्र का नगर माना है। इसका उल्लेख वेस्सतरजातक म भी है। दे० शिबि। अलबेरूनी ने इसे जात्तरौर कहा है और मेवाड की राजधानी बताया है (अलबेरूनी, पृ० 202)

जेनाड (ज़िला आदिलाबाद, आ० प्र०)

17वीं शती म बने विष्णुमदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

जैतपुर (बुदेलखड, ज़िला हमीरपुर, उ० प्र०)

इस स्थान के निकट बुदेलनरेश महाराज छत्रसाल और महाराष्ट्र प्रमुख बाजीराव पेशवा को सयुक्त सेना क साथ इलाहाबाद के सूबेदार मुहम्मद बगश की विशाल फौज का घोर युद्ध हुआ था जिसमें मुसल्मान सना की भारी हार हुई थी। जैतपुर का क़िला पहले बगश ने सर कर लिया। मराठों और बुदेलों ने क़िले का घेरा डाल दिया और जब रसद समाप्त हो गई तो बगश को फ़ौज को आत्मसमर्पण कर देना पडा। इस क़िले को वापस लेने म छत्रसाल

को छ मास लगे थे। इस युद्ध मे बुंदेलो को मराठो की सहायता से बहुत उत्साह मिला। छत्रसाल के पुत्रो ने भी युद्ध मे बहुत वीरता दिखाई। कहा जाता है कि जब बंगश ने भारी फौज के साथ बुंदेलराज्य पर आक्रमण करने की तैयारियां शुरू की तो घबरा कर छत्रसाल ने बाजीराव पेशवा के पास निम्न दोहा लिखकर भेजा और सहायता मांगी—'जो गति गज की ग्राह सो, सो गति भई है आज, बाजी जात बुंदेल की राखो बाजी लाज'। बाजीराव पेशवा ने, जिसकी शक्ति इस समय बहुत बढ़ी-चढ़ी थी तत्काल ही छत्रसाल की सहायता की जिसके कारण छत्रसाल को शत्रु पर भारी विजय प्राप्त हुई। विजय के उपहारस्वरूप छत्रसाल ने झांसी का इलाका पेशवा को दे दिया जहां कालान्तर म मराठा रियासत स्थापित हो गई। झांसी का राज्य रानी लक्ष्मी बाई के समय तक (1858) चलता रहा।

जैसलमेर (राजस्थान)

राजपूताने की प्राचीन रियासत तथा उसका मुख्य नगर। किंवदंती के अनुसार जैसलराव ने जैसलमेर की नीव 1155 ई० (1212 वि० स०) मे डाली थी। कहा जाता है कि जैसलराव के पूर्व-पुरुषो ने ही गजनी बसाई थी और उन्होंने ही राजा शालिवाहन के समय मे स्यालकोट बसाया था। किसी समय जैसलमेर बडा नगर था जो अब इसके अनेक रिक्त भवनों को देखने से सूचित होता है। प्राचीन काल मे यहां पीला मुलायम संगमर्मर तथा अन्य कई प्रकार के पत्थर तथा मिट्टियां पाई जाती थीं जिनका अच्छा व्यापार था। यह सारा नगर ही पीले सुंदर पत्थर का बना हुआ है जो नगर की विशेषता है। यहां के मंदिर व प्राचीन भवन और प्रासाद भी इसी पीले पत्थर के बने हैं और उन पर जाली का बारीक काम किया हुआ है। जैसलमेर के प्राचीन ऐतिहासिक स्मारको मे सर्वप्रमुख यहां का क़िला है। यह 1155 ई० में निर्मित हुआ था। यह स्थापत्य का सुंदर नमूना है। इसमे बारह सौ घर हैं। 15वीं शती में निर्मित जैन मंदिरों के तोरणो, स्तंभो, प्रवेशद्वारों आदि पर जो बारीक नक्काशी व शिल्प प्रदर्शित है उसे देख कर दांतो तले उंगली दबानी पड़ती है। कहा जाता है कि जावा, बाली आदि प्राचीन हिंदू व बौद्ध उपनिवेशों के स्मारको मे जो भारतीय वास्तु व मूर्ति-कला प्रदर्शित है उससे जैसलमेर के जैन-मंदिरों की कला का अनोखा साम्य है। क़िले में लक्ष्मीनाथ जी का मंदिर अपने भव्य सौंदर्य के लिए प्रख्यात है। नगर से चार मील दूर अमरसागर के मंदिर मे मकराना के संगमर्मर की बनी हुई मनोहर जालियां निर्मित हैं। जैसलमेर की पुरानी राजधानी लोद्रवापुर थी। यहां पुराने खंडहरों

के बीच केवल एक प्राचीन जैनमंदिर ही काल-कवलित होने से बचा है। यह प्राय: एक सहस्र वर्ष प्राचीन है। जैसलमेर के शासक महारावल कहलाते थे।

जोगनीपुर

दिल्ली का एक मध्ययुगीन नाम (दे० अदियागढ़)।

जोगलथंबी (जिला नासिक, महाराष्ट्र)

इस स्थान से शकनरेश नहपान तथा शातवाहन राजा गौतमी पुत्र (द्वितीय शती ई०) के सिक्कों की एक महत्त्वपूर्ण राशि प्राप्त हुई थी। गौतमी-पुत्र के सिक्के वास्तव में नहपान की ही रजतमुद्राएं हैं जिन पर गौतमीपुत्र ने अपना नाम अंकित करवा दिया था। इससे महाराष्ट्र में शकवंशीय नहपान के पश्चात्, शातवाहन (ब्राह्मण) राजाओं का शासन सिद्ध होता है।

जोगीमारा (म० प्र०)

भूतपूर्व सरगुजा रियासत में, लक्ष्मणपुर से 12वें मील पर रामगिरि-रामगढ पहाड़ी में जोगीमारा नामक शैलकृत्त गुफा है जिसमें लगभग 300 ई० पू० के रंगीन भित्तिचित्र प्राप्त हुए हैं। चित्रों का निर्माणकाल डा० ब्लाख ने यहां से प्राप्त एक अभिलेख के आधार पर निश्चित किया है। जोगी-मारा के भित्तिचित्र जो भारत के सर्वप्राचीन भित्तिचित्र हैं, गेरू और कालिख से बने हुए जान पड़ते हैं। चित्र धुंधले और भोंडे से हैं किंतु इसका कारण यह है कि किसी ने मूलचित्रों को सुधारने का प्रयत्न करने में उन्हें बिगाड़ दिया है जिससे असली चित्रों की स्पष्ट, सुंदर और पुष्ट रेखाएँ ऊपर की भद्दी लकीरों के नीचे दब सी गई हैं। चित्रों में भवनों, पशुओं और मनुष्यों की आकृतियों का आलेखन किया गया है। चित्रों के किनारों पर मकर आदि जलजंतुओं का चित्रण है। जोगीमारा की चित्रणशैली अर्धविकसित अवस्था में है किंतु उसमें भजंता की भावी उत्कृष्ट कला का क्षीण सा आभास दृष्टिगोचर होता है। जोगीमारा चित्रों में से कुछ जैनधर्म से संबंधित हैं। जोगीमारा गुफा के पार्श्व में ही सीताबोंगा नामक गुफा है जो प्राचीन काल में प्रेक्षागार या नाट्यशाला के रूप में प्रयुक्त होती थी। कुछ विद्वानों का मत है कि जोगीमारा-गुफा प्रेक्षागार की नटियों का प्रसाधन कक्ष थी। किंतु यहां के एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि यह गुफा वरुण के मंदिर के रूप में मान्य समझी जाती थी।

जोगेश्वरी (महाराष्ट्र)

गोरेगांव स्टेशन से 21 मील दक्षिण में अबोली ग्राम के निकट, जोगेश्वरी (=जोगेश्वर या योगेश्वरी) का विशाल गुहामंदिर है जो इलौरा के कैलास-

मंदिर के अतिरिक्त भारत का सबसे विशाल गुहामंदिर माना जाता है। इसका निर्माण काल 7वी-8वी शती ई० (उत्तर गुप्तकाल) है। गुफा का अधिकांश भूगर्भ में बना है। इसका पत्थर भुरभुरा है और इसी कारण अनेक मूर्तियां और गुहास्तंभ आदि समय के प्रवाह में नष्ट-भ्रष्ट हो गए हैं। गुहा में शिव आदि हिंदू देवों की सुंदर मूर्तियां थी जो अब जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं। इनका कलात्मक संबंध एलिफेंटा की मूर्तियों से स्थापित किया जा सकता है। जोगेश्वरी की गुफा में जलनिर्वान का सुंदर प्रबंध किया गया था।

जोता = जोतिक

जोतिक

महाभारत सभा० 32,11 में नकुल की दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में उत्तर-ज्योतिष (या पाठान्तर—ज्योतिक) के नकुल द्वारा जीते जाने का वर्णन है। श्री वा० श० अग्रवाल के मतानुसार यह उत्तरपश्चिम हिमालय में स्थित जोता नामक स्थान हो सकता है—दे० उत्तरज्योतिष।

जोधपुर (राजस्थान)

भूतपूर्व जोधपुर रियासत का मुख्य नगर। रियासत को मारवाड़ भी कहते थे। यहां के राजपूत राजा कन्नौज के राठौड़-नरेश जयचंद के वंशज है। मूलत: ये राष्ट्रकूटों की एक शाखा से संबंधित थे जो कन्नौज में, 946-959 ई० के बीच में, जाकर बस गई थी। 1194 ई० में जयचंद के मु० ग़ोरी द्वारा पराजित होने पर उसका एक भतीजा सालाजी मारवाड़ चला आया और यहां आकर उसने हटवेदी में राजधानी बनाई (1212 ई०)। 1381 ई० में राजधानी मंडोर लाई गई और तत्पश्चात् 1459 ई० में जोधपुर। इसका कारण यह था कि मेवाड़ के नाबालिग शासक के अभिभावक चौंडा ने मंडोरनरेश रनमल को युद्ध में हरा दिया जिससे रनमल के पुत्र जोधा को मंडोर छोड़कर भागना पड़ा। यद्यपि उसने मंडोर पर 1459 ई० में पुन: अधिकार कर लिया किंतु सुरक्षा के विचार से एक वर्ष पहले वह जोधपुर के गिरिदुर्ग में जाकर बस गया था और यहीं अगले वर्ष उसने जोधपुर नगर की नींव डाली। इसका शासनकाल 1459 से 1489 ई० तक था। जोधपुर के राठौर राजा मालदेव ने 1543 ई० में शेरशाह सूरी से युद्ध किया और 1562 ई० में अकबर से। इसके पश्चात् जोधपुर-नरेश मुगलों के सहायक और मित्र बन गए। औरंगज़ेब के समय में राजा जसवंतसिंह यहां के राजा थे। वे पहले दारा के साथ रहे और उसकी पराजय के पश्चात् औरंगजेब के सहायक बने किंतु मुग़ल सम्राट् का उन पर कभी पूर्ण विश्वास न रहा। उनका 1671 ई० में पेशावर के निकट जमरूद में,

वहां वे युद्ध पर गए थे देहांत हो गया। इसके पश्चात् औरंगजेब ने जोधपुर पर आक्रमण करके रियासत पर अधिकार कर लिया और जसवंतसिंह के अवयस्क पुत्रों को कैद कर लिया। ऐसे आड़े समय में उनकी रानी को राज्य के सरदारों, वीर दुर्गादास और गोपीनाथ से बहुत सहायता मिली। ये, अवयस्क अजितसिंह को बड़े कौशल से मुग़लों की कैद से छुड़ाकर मेवाड़ लाए। यहां से इन्होंने 1701 ई० में मंडौर को पुन हस्तगत कर लिया और 1707 ई० तक शेष रियासत को भी ये अपने अधिकार में ले आए। अजित सिंह ने अपनी पुत्री इंद्रकुमारी का मुगल-नरेश फ़रुखसियर से विवाह किया था। राजस्थान के इतिहास में इस प्रकार के दूषित विवाह का यह अंतिम उदाहरण कहा जाता है।

जोधपुर नगर लगभग छः मील के घेरे में बसा हुआ है। बीच-बीच में पहाड़ियां भी हैं। पश्चिम की ओर एक पहाड़ी पर जोधाजी का बनवाया हुआ क़िला है उसी के नीचे से बस्ती आरंभ हो जाती है। किले की नींव ज्येष्ठ शुक्ला 11, वि० स० 1516 (1459 ई०) को रखी गई थी। किला 600 फुट ऊंची पहाड़ी पर स्थित है और इसका विस्तार लगभग 500 गज $\times$ 250 गज है। इसके जयपोल और फतहपोल नामक दो प्रवेशद्वार हैं। परकोटे की ऊंचाई 20 फुट से 120 फुट तक और मोटाई 12 फुट से 70 फुट तक है। दुर्ग के भीतर सिलहखाना (शस्त्रागार) मोतीमहल और जवाहर खाना आदि भवन अवस्थित हैं। सिलहखाने में सैकड़ो प्रकार के शस्त्रास्त्र हैं। उन पर सोने-चांदी की अच्छी कारीगरी है। ये इतने भारी हैं कि साधारण मनुष्य इन्हें उठा भी नहीं सकता। मोतीमहल के प्रकोष्ठों की भित्तियों तथा छतों पर सोने की अनुपम कारीगरी प्रदर्शित है। क़िले के उत्तर की ओर ऊंची पहाड़ी पर थड़ा नामक एक भवन है जो संगमर्मर का बना है। जोधपुर नरेश जसवंतसिंह और अन्य कई राजाओं के समाधिस्थल यहीं बने हैं। थड़ा ऊंचे और चौड़े चबूतरे पर स्थित है। इसके पार्श्व में एक प्राचीन सरोवर भी है। किले के पश्चिमी छोर पर राठौड़ों की कुलदेवी चामुंडा का मंदिर है।

जोसन (जिला टोंक, राजस्थान)

1953 में इस स्थान पर प्राचीन काल के अनेक भग्नावशेषों की खोज की गई थी। इनका अनुसंधान पूर्ण रूप से अभी नहीं किया गया है। टोंक के अन्य स्थान जहां से प्राचीन अवशेष मिले हैं ये हैं—रेढ, शिवपुरी, बगरी, पिराना आदि।

जोशीमठ=ज्योतिर्मठ (जिला गढ़वाल)

बदरीनाथ के 19 मील नीचे प्राचीन तीर्थ जहां शंकराचार्य का मठ है।

इसे ज्योतिर्लिंग का स्थान माना जाता है। जोशीमठ मे मध्यकाल मे गढ़वाल के कत्यूरी-नरेशों की राजधानी थी। क़स्बे मे वासुदेव का अति प्राचीन मंदिर है जिसकी मूर्ति सुघड़ और सुंदर है। दूसरा मंदिर नरसिंह का है। मूर्ति छोटी है किंतु चमत्कारपूर्ण समझी जाती है। पास ही शंकराचार्य के निवासस्थान की गुफा है और वह कौमू (शहतूत) वृक्ष भी जहां किंवदंती के अनुसार बैठकर उन्होंने अपने महान् ग्रंथों की रचना की थी।

जोहिला

शोण (=सोन) की सहायक नदी जो महाभारत वन० 85,8 मे वर्णित ज्योतिरथ्या या सभा० 9,21 मे उल्लिखित ज्येष्ठिला है।

जौगढ़ (बरहमपुर तालुका, जिला गंजम, उड़ीसा)

मौर्यसम्राट् अशोक की 14 मुख्य धर्मलिपियों मे से 1 से 10 तक और दो कलिंगलेख जौगढ़ की एक चट्टान पर अंकित हैं। यह स्थान अशोक के साम्राज्य की पूर्वी सीमा पर रहा होगा क्योंकि मुख्य धर्मलिपियां अशोक ने अधिकतर अपने साम्राज्य की सीमा पर स्थित महत्त्वपूर्ण नगरों या क़स्बों मे ही अंकित करवायी थीं। दे० कालसी, गिरनार, धौली, मानसेहरा, शहबाज़गढ़ी, सोपारा।

जौनपुर (उ० प्र०)

यह नगर गोमती के किनारे बसा है। प्राचीन किंवदंती के अनुसार जमदग्नि-ऋषि के नाम पर इस नगर का नामकरण हुआ था। जमदग्नि का एक मंदिर यहां आज भी स्थित है। यह भी कहा जाता है कि इस नगर की नींव 14वीं शती में जूनाखां ने जो बाद मे मु० तुग़लक के नाम से दिल्ली का सुल्तान हुआ, डाली थी। इसका प्राचीन नाम यवनपुर भी बताया जाता है। 1397 ई० मे जौनपुर के सूबेदार ख्वाजाजहां ने दिल्ली के सुल्तान मु० तुग़लक की अधीनता को ठुकराकर अपनी स्वाधीनता की घोषणा कर दी और शर्की (= पूर्वी) नामक एक नए राजवंश की स्थापना की। इस वंश का यहां प्रायः 80 वर्षों तक राज्य रहा। इस दौरान मे शर्की सुलतानों ने जौनपुर में कई सुन्दर-भवन, एक किला, मक़बरा तथा मसजिदें बनवाईं। सर्वप्रसिद्ध मसजिद अताला 1408 ई० मे बनी थी। कहा जाता है कि इस मसजिद के स्थान पर पहले अतला (या अताला) देवी का मंदिर था जिसकी सामग्री से यह मसजिद बनाई गई। अतला देवी का मंदिर प्राचीनकाल मे केरारकोट नामक दुर्ग के अन्दर स्थित था। जामा मसजिद को इब्राहीमशाह ने 1438 ई० मे बनवाना प्रारंभ किया था और इसे 1442 ई० मे इसकी बेगम राजीबीबी ने पूरा करवाया था।

जामा मसजिद एक ऊंचे चबूतरे पर बनी है जिस तक पहुंचने के लिए 27 सीढ़िया हैं। दक्षिणी फाटक से प्रवेश करने पर 8वीं शती का एक संस्कृत लेख दिखलाई पड़ता है जो उलटा लगा हुआ है। इससे इस स्थान पर प्राचीन हिंदू मंदिर का विद्यमान होना सिद्ध होता है। दूसरा लेख तुगरा अक्षरों में अंकित है। मसजिद के पूर्वी फाटक को सिकंदर लोदी ने नष्ट कर दिया था। 1417 ई० में प्राचीन विजयचंद्रमंदिर के स्थान पर खालिस मुख्लीस मसजिद (या चार उंगली मसजिद) को सुलतान इब्राहीम के अमीर खालिसखां ने बनवाया था। इसके दरवाजों पर कोई सजावट नहीं है। मुख्य दरवाजे के पीछे एक वर्गाकार स्थान चपटी छत से ढका हुआ है। यह छत 114 खंभों पर टिकी हुई है और ये खंभे दस पंक्तियों में विन्यस्त हैं। मुख्य द्वार के बाईं ओर एक छोटा काला पत्थर है जो जनश्रुति के अनुसार किसी भी मनुष्य के नापने से सदा चार अंगुल ही रहता है। नगर के दक्षिणी पूर्वी कोण पर चचकपुर या झंझर मसजिद थी जिसका केवल एक स्तंभ ही अवशिष्ट है। नगर के उत्तर-पश्चिम की ओर बेगमगंज ग्राम में मुहम्मदशाह की पत्नी राजी बीबी की मसजिद लालदरवाजा नाम से प्रसिद्ध है। इसकी बनावट जौनपुर की अन्य मसजिदों के समान ही है किंतु इसकी भित्तियां अपेक्षाकृत पतली हैं और केन्द्रीय गुंबद के दोनों ओर दो तले वाले छोटे कोष्ठ स्त्रियों के लिए बने हुए हैं। (राजी बीबी का देहान्त इटावा में 1477 ई० में हुआ था) इस मसजिद के पास इन्होंने एक खानकाह, एक मदरसा और एक महल भी बनवाया था और सब इमारतों को परकोटे से घेर कर लाल रंग के पत्थर का फाटक लगवाया था। जौनपुर की सभी मसजिदों का नक्शा प्राय: एक सा है। इनके बीच के खुले आंगन के चतुर्दिक् जो कोठरियां बनी हैं वे शुद्ध हिंदू शैली में निर्मित हैं। यही बात भीतर की वीथियों के लिए भी कही जा सकती है। हिंदू प्रभाव छोटे चौकोर स्तंभों और उन पर आधृत अनुप्रस्थ सिरदलों और सपाट पत्थरों से पटी छतों में पूर्ण रूप से परिलक्षित होता है, किंतु मसजिदों के मुख्य दरवाजे पूरी तरह से महराबदार हैं, जो विशिष्ट मुसलिम शैली है। ऐसा जान पड़ता है कि इन मसजिदों को बनाने में प्राचीन हिंदूमंदिरों की सामग्री काम में लाई गई थी और शिल्पी तथा निर्माता भी मुख्यत हिंदू ही थे। इसीलिए हिंदू तथा मुसलिम शैलियों का मेल पूर्णरूपेण एकाकार न हो सका है। जौनपुर में गोमतीनदी के पुल का निर्माण कार्य मुगल सम्राट् अकबर ने 1564 ई० में प्रारंभ करवाया था। यह 1569 ई० में बनकर तैयार हुआ था। यह अकबर के सूबेदार मुनीम खां के निरीक्षण में बना था। जौनपुर के शर्की सुल्तानों के समय के तथा अन्य स्मारकों को लोदी वंश के क्रूर तथा

धर्मांध सुलतान सिकंदर ने 1495 ई० मे बहुत हानि पहुँचाई। इन्हें नष्ट-भ्रष्ट कर उसने अपने दरबारियों के रहने के लिए निवासस्थान बनवाए थे। जौनपुर से ईश्वरवर्मन् मौखरी (सातवीं शती ई०) का एक तिथिहीन अभिलेख प्राप्त हुआ था जो खंडित अवस्था में है। इसमें धारानगरी तथा आंध्रदेश का उल्लेख (शायद ईश्वरवर्मा की विजयों के संबंध में) है किंतु इसका ठीक-ठीक अर्थ अनिश्चित है। इस अभिलेख से मौखरियों के राज्य का विस्तार जौनपुर के प्रदेश तक सूचित होता है। मौखरी-नरेश कन्नौजाधिप महाराज हर्ष के समकालीन थे।

जोहर=बक्षारि

ज्ञातक गणराज्य

पूर्वबौद्ध-कालीन गणराज्य जिसकी स्थिति वैशाली (जिला मुजफ्फरपुर, बिहार) के क्षेत्र में थी। जैनों के तीर्थंकर महावीर जो गौतम बुद्ध के समकालीन थे, इसी राज्य के राजकुमार थे।

ज्येष्ठिल

ज्येष्ठिला नदी के तट पर तीर्थस्थान—'अथज्येष्ठिलमासाद्य तीर्थं परम दुर्लभम्'। इसका चंपकारण्य के पश्चात् उल्लेख है। दे० ज्येष्ठिला, चंपकारण्य।

ज्येष्ठिला

'तृतीया ज्येष्ठिला चैव शोणश्चापि महानदः, चर्मण्वती तथा चैव पर्णाशा च महानदी'—महा० सभा० 9,21. यहां शोण या सोन के साथ इस नदी का वर्णन है जिससे वन० 85,8 में उल्लिखित ज्योतिरथ्या, और ज्येष्ठिला एक ही जान पड़ती हैं। ज्येष्ठिला सोन की सहायक नदी—वर्तमान जोहिला है जैसा नाम-साम्य से भी प्रकट है। वन० 84,134 में उल्लिखित तीर्थ ज्येष्ठिल इसी नदी के तट पर सम्भवतः ज्येष्ठिला-शोण संगम पर अवस्थित रहा होगा।

ज्योतिरथ्या

शोण (=सोन, जो म० प्र० और बिहार में बहती है) की एक उपनदी। इन दोनों के संगम पर प्राचीन काल में एक तीर्थ था जिसका निर्देश महाभारत, वन० 85,8 में है—'शोणस्यज्योतिरथ्यायाः संगमे नियतः शुचिः तर्पयित्वापितृन् देवानग्निष्टोमफलंलभेत्'। बहुत संभव है कि ज्योतिरथ्या सभा० 9,21 में उल्लिखित ज्येष्ठिला है जिसका शोण के साथ ही उल्लेख है। यदि यह अभिज्ञान ठीक है तो ज्योतिरथ्या और ज्येष्ठिला वर्तमान जोहिला के ही प्राचीन नाम होने चाहिए।

ज्योतिर्मठ=जोशीमठ

ज्वाला (नदी)

इस नदी का उद्गम अमरकटक से 4 मील उत्तर की ओर है जहा ज्वालेश्वर महादेव का प्राचीन मदिर स्थित है। इस नदी का स्कदपुराण, रेवाखड मे उल्लेख है।

झर्दा (म० प्र०)

इस स्थान पर पूर्वमध्ययुगीन इमारतो के ध्वसावशेष स्थित है।

झांसी (उ० प्र०)

झासी मध्यकालीन नगर है। यहा का दुर्ग ओडछा-नरेश बीरसिंहदेव बुदेला का बनवाया हुआ है। इसको 1744 ई० मे मराठा सरदार नारूशकर ने परिवर्धित किया था और इसकी प्राचीर शिवराव भाऊ ने बनवाई थी (1796-1814 ई०)। ओडछा के राजा छत्रसाल ने जैतपुर के युद्ध के पश्चात्, झासी का इलाका बाजीराव पेशवा को दे दिया था। इस प्रकार झासी व परिवर्ती प्रदेश मराठो के हाथ में आया और झासी की रानी लक्ष्मीबाई के पति गगाधर राव के पूर्वजों ने यहा स्वतत्र रियासत स्थापित की। 1857 ई० से पहले डलहौजी ने झांसी की रानी के दत्तकपुत्र दामोदर रावको स्वीकृति प्रदान करने से इन्कार कर दिया जिसके कारण रानी झासी से अग्रेजो का विरोध ठन गया और लक्ष्मीबाई की वीरता एव शौर्य और स्वतन्त्रता के लिए बलिदान होने की कहानी भारतीय इतिहास के पन्नों मे अमिट अक्षरों मे लिखी गई। झासी का किला नगर के निकट ही स्थित है। इसमें लक्ष्मीबाई का निवास-स्थान था। इसके भीतर रानी का निजी महादेव-मदिर तथा उसका रमणीक उद्यान स्थित है। वह स्थान भी क़िले के परकोटे पर है जहा से अग्रेजो सेना के किला घेर लेने पर हताश होकर रानी अपने प्रिय घोडे पर सवार होकर नीचे कूद गई थी और फिर बिना रुके रातो रात कालपी जा पहुची थी। क़िले पर जगह-जगह वे झरोखे भी दिखाई देन हैं जहा से रानी की सेना ने, जिसमे उसकी स्त्रीसेना भी थी, बाहर स्थित अग्रेजी सेनाओ पर गोलाबारी की थी। लक्ष्मीबाई का एक अन्य प्रासाद नगर मे था जो अब कोतवाली का भवन कहलाता है। इसमें वह झासी के छाडने के पूर्व रहती थी। उसके पति गगाधर राव की समाधि नगर मे है। इसके अतिरिक्त राजबहादुर की समाधि, मेंहदी बाग़, लक्ष्मी मदिर आदि ऐतिहासिक महत्व के स्थल हैं। लक्ष्मीमदिर के निकट अनेक मध्यकालीन मूर्तिया हैं जिनमे विष्णु, इन्द्र और देवी की प्रतिमाएं कलापूर्ण हैं।

झारखंड

उड़ीसा का एक भाग जिसका उल्लेख मध्ययुगीन साहित्य में मिलता है—'मेवार ढुंढार मारवाड़ औ बुंदेलखंड झारखंड बांधौ धनी चाकरी इलाज को,—शिवराजभूषण-111 यह नाम अब भी प्रचलित है। संभवतः घने जंगलों का इलाका होने से ही यह झारखंड (झाड=वृक्ष+खंड=प्रदेश) कहलाता है।

झूसी (जिला इलाहाबाद)

प्रयाग में गंगा के दूसरे तट पर अतिप्राचीन स्थान है। इसका पूर्व नाम प्रतिष्ठान या प्रतिष्ठानपुर था। प्रतिष्ठान का तीर्थ के रूप में उल्लेख महाभारत में है—'एवमेव महाभाग प्रतिष्ठाने प्रतिष्ठिता'— वन० 85,114 यहां चंद्रवंशी राजाओं की राजधानी थी। पौराणिक कथा के अनुसार चंद्रवंश में पुरूरवा एल प्रथम राजा हुए जो मनु की पुत्री इला के पुत्र थे। (एक किंवदंती है कि इलाहाबाद का प्राचीन नाम इलावास था जिसे अकबर ने इलाहाबाद कर दिया था) इनके वंशज ययाति के पांच पुत्रों में से पुरु ने प्रतिष्ठानपुर और उसके समीपवर्ती प्रदेश पर सर्वप्रथम अपना शासन स्थापित किया था। झूसी में प्रागैतिहासिक काल की कई गुफाएं भी हैं। प्राचीनकाल के खंडहर दो ढूहों के रूप में झूसी रेलवे स्टेशन से एक मील दक्षिण पश्चिम की ओर अवस्थित हैं। एक ढूह के ऊपर समुद्रकूप नामक एक प्रसिद्ध प्राचीन कूप है।

झेलम

पंजाब की प्रसिद्ध नदी झेलम का वैदिक नाम वितस्ता था। इस नाम के कालांतर में कई रूपांतर हुए जैसे पंजाबी में विहत या बीहट, कश्मीरी में व्यथ, ग्रीक भाषा में हायडेसपीज (Hydaspes) आदि। संभवतः, सर्वप्रथम मुसलमान इतिहास लेखकों ने इस नदी को झेलम कहा क्योंकि यह पश्चिमी पाकिस्तान के प्रसिद्ध नगर झेलम के निकट बहती थी और नगर के पास ही नदी को पार करने के लिए शाही घाट या शाह गुजर बना हुआ था। इस प्रकार इस नगर के नाम पर नदी का वर्तमान नाम प्रसिद्ध हो गया। झेलम का जो प्रवाह मार्ग प्राचीन काल में था प्रायः अब भी वही है केवल चिनाब झेलम संगम का निकटवर्ती मार्ग काफी बदल गया है (दे० रेवर्टी दि मिहरान ऑव सिंध एंड इट्स ट्रिब्यूट्रीज—पृ० 329-32, जर्नल एशियाटिक सोसायटी ऑव बंगाल, भाग 1, 1892, पृ० 318)

टंकारा (मोरवी, काठियावाड़, गुजरात)

आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती के जन्मस्थान के रूप में

यह छोटा सा ग्राम प्रसिद्ध है। इनका जन्म 1824 ई० में हुआ था। टकारा डेमी नदी के तट पर बसा हुआ है।

टंडवा (ज़िला गोंडा, उ० प्र०)

यह स्थान सहेतमहेत (श्रावस्ती) से 8 मील पश्चिम की ओर स्थित है जहां किंवदंती के अनुसार अंतिम बुद्ध कश्यप ने जन्म लिया था। यहां एक प्राचीन स्तूप के चिह्न भी दिखाई देते हैं। फ़ाह्यान ने इसी स्थान पर एक बड़े स्तभ का वर्णन किया है संभवतः जिसके खडहर भी यहां मिले हैं। ढूह के उत्तर में एक मील लंबा ताल है जिसे सीता दोहर कहते हैं। दे० सीतादोहर।

टिकरी (ज़िला सुलतानपुर, उ० प्र०)

इस स्थान से बौद्धकालीन अवशेष प्राप्त हुए हैं जिनका अनुसंधान पूर्णरूप से अभी नहीं हुआ है।

टिपारा (बंगाल)

प्राचीन नाम त्रिपुरा। प्राचीन काल में इसकी स्थिति कामरूप में मानी जाती थी—(दे० तारातंत्र)

टीप (ज़िला बिजनौर, उ० प्र०)

यह खेड़ा मंडावर के निकट स्थित है। यहां कुषाणवंशीय शैव नरेश वासुदेव का एक सिक्का मिला था जिससे इस बस्ती की प्राचीनता सिद्ध होती है। मंडावर (=मतिपुर) स्वयं भी बहुत प्राचीन कस्बा है।

टोटाणा दे० तोयायण

टोडामूर (मद्रास)

एक प्राचीन शिवमंदिर यहां का मुख्य स्मारक है। इसमें कणाश्म या ग्रेनाइट का सुंदर फ़र्श है और स्तभ विशेष रूप से कलापूर्ण शैली में बने हैं। मंदिर का जीर्णोद्धार 1955-56 में पुरातत्व विभाग द्वारा किया गया था।

टोडारायसिंह (राजस्थान)

हाडा रानी का कुंड यहां का प्राचीन स्मारक है। यह राजस्थान की मध्ययुगीन शिल्प कला का सुंदर उदाहरण है।

टौंस

तमसा नदी अयोध्या (उ०प्र०) से प्रायः 12 मील दक्षिण की ओर बहती हुई लगभग 36 मील की यात्रा के पश्चात् अकबरपुर के पास बिस्वी नदी में मिल जाती है। इस स्थान के पश्चात् संयुक्त नदी की धारा का नाम टौंस हो जाता है। टौंस तमसा का ही बिगड़ा हुआ रूप है। तमसा का रामायण में उल्लेख है। दे० तमसा।

ट्रावनकोर = तिरुवांकुर

ठट्ठा (सिंध, पाकिस्तान)

यह नगर 1340 ई० में बसाया गया था। उत्तरमध्यकाल तथा मुगलों के शासनकाल में ठट्ठा, सिंध प्रांत का एक प्रमुख नगर था। मुहम्मद तुगलक की मृत्यु 1351 ई० में इसी स्थान के निकट हुई थी।

डभाल = डाभाल

जबलपुर (म० प्र०) का परिवर्ती क्षेत्र। पांचवीं शती ई० के अंतिम तथा छठी शती ई० के प्रारंभिक वर्षों में यहां परिव्राजक महाराजाओं का शासन था। इनके अनेक अभिलेख इस प्रदेश से प्राप्त हुए हैं जिनमें डभाल या डाभाल का नामोल्लेख है। परवर्तीकाल में इसे डाहाल भी कहते थे। त्रिपुरी इसी के अन्तर्गत थी। खोह दानपट्ट से ज्ञात होता है कि परिव्राजक महाराज हस्तिन् को डभाल तथा अन्य अट्ठारह राज्य उत्तराधिकार में प्राप्त हुए थे। राजपूतों के उत्कर्षकाल में डभाल में हैहय अथवा त्रिपुरी के कलचुरियों का राज्य था। दे० डाहल

डलमऊ (जिलारायबरेली, उ० प्र०)

रायबरेली से 44 मील दूर यह छोटी सी अतिप्राचीन बस्ती है। कहा जाता है कि यहां प्राचीनकाल में दालभ्य ऋषि का आश्रम था और इस स्थान का नामकरण इन्हीं के नाम पर हुआ था। यहां एक किले के खंडहर हैं जो वास्तव में दो बौद्ध स्तूपों के ध्वंसावशेष हैं।

डहल = डाहल

डहलमंडल दे० डाहल

डाकोर (जिला खेड़ा, गुजरात)

यह छोटा सा ग्राम गुजरात का एक प्रसिद्ध प्राचीन तीर्थ है। कहा जाता है कि 1235 ई० में कृष्णभक्त बुड़ान नामक ब्राह्मण ने रणछोड़ जी की मूर्ति को यहां प्रतिष्ठापित किया था।

डाभाल दे० डभाल

डामन = दमन

डावक

गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में डावक का उल्लेख साम्राज्य के प्रत्यन्त देशों के प्रसंग में किया गया है—'समतट डावक कामरूप नेपाल कर्तृपुरादि प्रत्यन्त नृपतिभि.'— डावक का अभिज्ञान पूर्व बंगाल (पाकि०) के ढाका तथा उत्तरी-ब्रह्मदेश के टगांग के निकटस्थ प्रदेश से साथ किया गया है।

डावक, समुद्रगुप्त के साम्राज्य की पूर्वी सीमा पर स्थित था।

डाहल = डाहाल

बुंदेलखंड में जिला जबलपुर का निकटवर्ती भाग, जिसका गुप्तकालीन नाम डभाल या डामाल था। परवर्ती काल में जब यहां त्रिपुरी के कलचुरियों का राज्य था, इसे डहल या डाहल कहते थे। मल्कापुर अभिलेख के अनुसार गंगा और नर्मदा के बीच का प्रदेश डहलमंडल कहलाता था—'भागीरथी नर्मदयोर्मध्य डहलमंडलम्।'

डिबाई (जिला बुलंदशहर, उ० प्र०)

यह नगर 1029 ई० में डुडगढ नामक एक प्राचीन बस्ती के खंडहरों पर बसाया गया था। एक किले के अवशेष यहां मिले हैं जो निश्चितरूप से डुडगढ की पुरानी गढ़ी के परिचायक हैं।

डीग (जिला भरतपुर, राजस्थान)

मथुरा-भरतपुर मार्ग पर, आगरे से 44 मील पश्चिमोत्तर में, और भरतपुर से 22 मील उत्तर की ओर स्थित है। यह नगर लगभग सौ वर्षों से उपेक्षित अवस्था में है किंतु आज भी यहां भरतपुर के जाट-नरेशों के पुराने महल तथा अन्य भवन अपने भव्य सौंदर्य के लिए विख्यात है। नगर के चतुर्दिक् मिट्टी की चहारदिवारी है और उसके चारों ओर गहरी खाई है। मुख्य द्वार शाहबुर्ज कहलाता था। यह स्वयं ही एक गढ़ी के रूप में निर्मित था। इसकी लंबाई-चौड़ाई 50 गज है। प्रारंभ में यहां सैनिकों के रहने के लिए स्थान था। मुख्य दुर्ग यहां से एक मील है जिसके चारों ओर एक सुदृढ़ प्राकार है। बाहर किले के चतुर्दिक् मार्गों की सुरक्षा के लिए छोटी-छोटी गढ़ियां बनाई गई थीं जिनमें गोपालगढ जो मिट्टी का बना हुआ किला है सबसे अधिक प्रसिद्ध था। शाहबुर्ज से यह कुछ ही दूर पर है। इन किलों की मोर्चाबंदी के अंदर डीग का सुंदर सुसज्जित नगर था जो अपने वैभवकाल में (18वीं शती में) मुगलों की तत्कालीन अस्तोन्मुख राजधानियों दिल्ली तथा आगरे के मुकाबले में कहीं अधिक शानदार दिखाई देता था। भरतपुर के राजा बदनसिंह ने दुर्ग के अंदर पुराना महल नामक सुंदर भवन बनवाया था। बदनसिंह के उत्तराधिकारी राजा सूरजमल के शासन काल में 7 फर्वरी 1960 ई० को बर्बर आक्रांता अहमदशाह अब्दाली ने डीग पर आक्रमण किया किंतु सौभाग्य से वह यहां अधिक समय तक न टिका और मेवात की ओर चला गया। जवाहरसिंह ने जब अपने पिता सूरजमल के विरुद्ध विद्रोह किया तो उसने डीग में ही स्वयं को स्वतंत्र शासक घोषित किया था। डीग का प्राचीन नाम दीर्घवती कहा जाता है।

डुग्गर

जम्मू (कश्मीर) का इलाका। संभवत महाभारत सभा० 52,13 में इस प्रदेश को दार्व नाम से अभिहित किया गया है—'कैराता दरदा दार्वा शूरा-वैयमकास्तथा, औदुम्बरा दुविभागा पारदा बाह्लिकैं सह'। संभवत डुग्गर (डोगरा राजपूतों का मूल निवासस्थान) दार्व का ही अपभ्रंश है।

डेगलूर (जिला नन्देड, महाराष्ट्र)

गडा महाराज के प्राचीन मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

डेमी

(सौराष्ट्र, गुजरात) प्राचीन दधिमती।

डेमेट्रियोपोलिस दे० दत्तामित्री

डोंगरगढ़ (म० प्र०)

यह गोंदिया-कलकत्ता रेलमार्ग पर स्टेशन है। किंवदंती है कि यहां पहाड़ी पर किसी समय एक दुर्ग था जिसमें माधवानल-कामकन्दला नामक प्रसिद्ध उपाख्यान की नायिका कामकंदला का निवासस्थान था। इसी दुर्ग में कामकंदला की भेंट माधवानल से हुई थी। यह प्रेम-कहानी छत्तीसगढ़ में सर्वत्र प्रचलित है। डोंगरगढ़ की पहाड़ी पर प्राचीन मूर्तियों के अवशेष मिलते हैं। इसकी मूर्तिकला पर गौड़ संस्कृति का पर्याप्त प्रभाव दिखाई देता है। ये मूर्तियां अधिकांश में 15वीं-16वीं शती ई० में बनी थीं। स्टेशन के समीप की पहाड़ी पर विमलाईदेवी का सिद्धपीठ है। पहाड़ी के पीछे तपसी काल नामक एक दुर्ग है जिसके अंदर एक विष्णु मंदिर अवस्थित है। कुछ लोगों के मत में विमलाई देवी गोंडजाति के आदिनिवासियों की कुलदेवी है। धमतरी (जिला रायपुर) में भी इस देवी का थान है। छत्तीसगढ़ में विमलाई गढ़ नामक एक दुर्ग भी है जो इसी देवी के नाम पर प्रसिद्ध है। वास्तव में, छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों के आदिवासियों की इस देवी का स्थानीय संस्कृति में प्रमुख स्थान है।

डोंगरताल (जिला नागपुर, महाराष्ट्र)

गढ़मंडला के राजा संग्रामसिंह के बावन गढ़ों में डोंगरताल की भी गणना थी। इन्हीं गढ़ों के कारण इनका शासित प्रदेश गढ़मंडला कहलाता था। संग्रामसिंह अकबर की समकालीन वीरांगना दुर्गावती के श्वसुर थे।

डोमिनगढ़ (जिला बस्ती, उ० प्र०)

प्राचीन बौद्ध स्मारकों के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। जिला बस्ती तथा नेपाल की सीमा पर बुद्ध के समय में लुंबिनी तथा कपिल-

वग्नु नामक प्रसिद्ध स्थान से।

ड्यू

पश्चिमी समुद्रतट पर भूतपूर्व पुर्तगाली बस्ती। इसका प्राचीन नाम देव या देवबंदर था। इसे दीव भी कहते थे। इसका क्षेत्रफल 20 वर्ग मील है। पुर्तगाल को यह क्षेत्र 16वीं शती ई० में गुजरात के सुल्तान से प्राप्त हुआ था। प्रारम्भ में पुर्तगालियों ने अपनी भारतीय बस्तियों की राजधानी यहीं बनाई थी। उस समय यहां का व्यापार उन्नतिशील था तथा जनसंख्या भी पर्याप्त थी। कालान्तर में राजधानी गोआ में बन जाने से ड्यू उजड़ गया और यहां का व्यापारिक महत्त्व भी जाता रहा। 1961 में यह स्थान भारत गणराज्य का अभिन्न अंग बन गया और पुर्तगालियों को अपनी सभी भारतीय बस्तियों से सदा के लिए विदा लेनी पड़ी।

ढंकगिरि (गुजरात)

शत्रुंजयपर्वत का एक नाम। यह गुजरात के प्रसिद्ध प्राचीन नगर वल्लभीपुर के निकट स्थित है और जैनों का पवित्र स्थल है। सातवाहन के गुरु और पादलिप्त सूरि के शिष्य सिद्ध नागार्जुन ढंकगिरि में रहकर रसविद्या या अलकीमिया की साधना किया करते थे। इस तथ्य का उल्लेख जैन-ग्रंथ विविध तीर्थ कल्प (पृ० 101) में है—'ढंक पव्वए रायसी हराय उत्तस्स भोपाल नामिय धूम रूप लावण्ण सपन्न दटठूण जायाणुरायस्स त सेवमाणस्स वासु गिणोपुत्तोनागाज्जुणो नाम जाओ'।

ढकरानी (दे० बावड़ी)

ढाका (पूर्व पाकि०)

ढाकेश्वरी देवी के मंदिर के कारण इस नगर का नाम ढाका हुआ था—यह किंवदंती प्रसिद्ध है। गुप्त-सम्राट समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में डवाक नामक स्थान का उल्लेख है जिसको साम्राज्य का प्रत्यंत देश कहा गया है। इसका अभिज्ञान ढाका के परिवर्ती प्रदेश के साथ किया गया है। संभव है ढाका डवाक का ही अपभ्रंश हो। ढाका मध्यकाल से उत्तर मुगलकाल तक सूती कपड़े (मलमल) तथा चांदी और सोने के तार की वस्तुओं के लिए संसार-प्रसिद्ध था। मुसलमान बादशाहों के समय में बंगाल की राजधानी भी ढाके में रही थी। पुर्तगाली, फ्रांसीसी और डच व्यापारियों ने 16वीं और 17वीं शतियों में अपनी व्यापारिक कोठियां भी यहां बनाई थीं।

ढिकोला (जिला नैनीताल, उ०प्र०)

प्राचीन इमारतों के विशेष कर कत्यूरीनरेशों के शासनकाल के मंदिरों

तथा भवनों के खडहरों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। कहा जाता है कि प्राचीन गोविषाण देश की राजधानी यहीं थी (किंतु दे० गोविषाण)

ढिल्लिका

दिल्ली का पुराना मध्ययुगीन नाम। 1327 ई० के एक अभिलेख में ढिल्लिका को हरियाना प्रदेश के अतर्गत बताया गया है—'देशोस्ति हरियाणाख्या. पृथिव्या स्वर्गसन्निभ', ढिल्लिकाख्या पुरी यत्र तोमरैरस्ति निर्मिता' अर्थात् पृथिवी पर हरियाणा नामक स्वर्ग के समान देश है, यहा तोमर क्षत्रियो द्वारा निर्मित ढिल्लिका नाम की सुदर नगरी है। (हरियाणा दक्षिणी पजाब, रोहतक, हिसार आदि का इलाका है जो शायद अहीराना का बिगडा रूप है।) बाद मे ढिल्लिका नाम का सबध एक कपोलकल्पित कथा से जोड दिया गया जिसके अनुसार अनगपाल के शासन काल मे लोहे की लाट (=महरौली की चद्र की लाट) के ढीली रह जाने के कारण ही इस नगरी को ढिल्लिका या दिल्ली कहा गया। वास्तव मे दिल्ली नाम की व्युत्पत्ति सर्वथा सदेहास्पद है किंतु जैसा कि उपर्युक्त अभिलेख से प्रमाणित होता है ढिल्लिका (या सभवत' ढिल्ली) नाम वास्तव मे प्राचीन, कम से कम मध्ययुगीन तो है ही। दिल्ली के वास्तविक या मौलिक नाम का अनुसधान करने मे यह तथ्य बहुत सहायक सिद्ध होगा।

ढिल्ली दे० ढिल्लिका

ढुंढार

आमेर (जयपुर, राजस्थान) की रियासत का मध्ययुगीन तथा परवर्ती नाम जिसका उल्लेख तत्कालीन साहित्य तथा लोक कथाओं मे है—उदाहरणार्थ दे० शिवराज भूषण, छद 111—'मेवार ढुढार मारवाड औ बुदेलखड, भारखड बाधौधनी चाकरी इलाज की'। कहा जाता है कि 1129 ई० के लगभग जब ग्वालियर से कछवाहों को परिहारो ने निष्कासित कर दिया तो उन्होने आमेर के इलाके मे मीनाओ की सहायता से ढुढार रियासत की नीव डाली। ढुढार के स्थान पर बाद मे आमेर की प्रसिद्ध रियासत बनी। दे० आमेर, जयपुर।

तंगण

'मारवा धेनुकाश्चैव तगणा परतगणा' बाह्लिकास्तित्तिराश्चैव चोलाः पाड्याश्च भारत' महा० भीष्म 50,51. इस श्लोक मे तगणजाति के उल्लेख से ज्ञात होता है कि तगणदेश भारत की उत्तर-पश्चिम सीमा के परे स्थित होगा। सभा० 52-53 मे भी तगण और परतगण लोगो का उल्लेख है—'पारदाश्च पुलिदाश्च तगणाः परतगणा':। यहा इन्हें मेरु और मदिर पर्वतों के बीच मे बहने वाली शैलोदा नदी के प्रदेश मे बताया गया है। शैलोदा वर्तमान खोतन

नदी है। तगणदेश के पार्श्व मे परतगण देश की स्थित रही होगी। श्री वा० श० अग्रवाल के मत मे कुलु कागडा के पूरब का भोट क्षेत्र ही तगण का इलाका था। (दे० कादबिनी, अक्तूबर, 62)

तजपुर=तजौर

तजौर (मद्रास)

पुराणो के अनुसार तजौर का प्राचीन नाम तजपुर है। तज नामक राक्षस को विष्णु ने पेरुमल का रूप धारण करके मारा था। तजपुर से ही तजावर या तजौर नाम बना है। तजौर पाराशर-क्षेत्र के नाम से भी प्रसिद्ध है। प्राचीन परपरा है कि दक्षिण भारत के लोग काशी की यात्रा के पश्चात तजौर अवश्य जाते हैं। तजौर-नगर कावेरी नदी के दक्षिण की ओर बसा है। तजौर मे दो दुर्ग हैं। बडा दुर्ग नगर के उत्तर की ओर और छोटा जिसम यहा का विख्यात मदिर है, पश्चिम मे है। पश्चिमोत्तर कोण मे दोनों दुर्गों के सिरे मिल गए हैं। बडे दुर्ग के भीतर नगर का प्रधान भाग और प्राचीन राजमहल है। छोटे किले मे बडे मदिर के उत्तर मे शिवगगा नामक सरोवर है जिसके पास एक गिरजा बना हुआ है। इसके प्रवेश द्वार पर 1777 ई० अकित है। राजमहल बडे क़िले मे है जिसका पहला भाग लगभग 1540 ई० का है। महल के आगे उत्तर की ओर बडा चौगान या प्रागण है जिसके चतुर्दिक मकानो की पक्तिया हैं। चौगान के पूर्व और उत्तर मे प्रवेश द्वार हैं। मकानो मे अनेक काशी के मकानो की शैली में बने हैं। राजप्रासाद से आधा मील दूर छोटे क़िले मे, दक्षिण की ओर बृहदेश्वर का शिव मदिर है। मदिर के तीन ओर किले की दीवार और खाई तथा उत्तर की ओर मैदान है। मदिर के बाहर दीवार के भीतर लगभग 13 बीघा भूमि घिरी हुई है। मुख्य मदिर 1025 ई० में बना था किंतु इसका विशाल गोपुर 16वीं० शती का है। स्तूपाकार शिखर में 13 तल हैं। इसका निचला भाग दोमजिला है और 80 फुट ऊचा है। इसके ऊपर के विशाल शिखर मे 11 तल या खन हैं। इसके सहित मदिर की समस्त ऊचाई 190 फुट हो जाती है। मदिर की सरचना अति विशाल पत्थरों से निर्मित है। शिखर पर स्वर्ण कलश चढा हुआ है। कहा जाता है कि वह भीमकाय पत्थर जिस पर कलश आधृत है भार मे 2200 मन है। यह तथ्य भी *अनुमेय है कि मदिर के भारी पत्थरों को पर्याप्त दूर से यहा तक लाने और* ऊपर चढाने मे कितनी कठिनाई हुई होगी क्योंकि मदिर के पास कहीं कोई प्रस्तर-खनि या पहाडी नही है। मदिर का द्वार मडप नीचा ही है और शिखर गोपुरों तथा आस-पास के अन्य स्थानों से इतना अधिक ऊचा है कि इसे देखने

वाले के मन मे मंदिर के प्रति उच्च भावना तथा सम्मान का अनायास ही प्रादुर्भाव होता है। मंदिर में एक ही पत्थर से निर्मित नंदी की 16 फुट लंबी और 7 फुट चौड़ी विशाल मूर्ति है। बड़े मंदिर के पार्श्व मे सुब्रह्मण्यम् या कार्तिकेय का मंदिर है जो 1150 ई० के लगभग बना था। इसके गोपुर की ऊंचाई 218 फुट है। दूसरा मंदिर रामनाथस्वामी का है जो जनश्रुति के अनुसार श्री रामचंद्र जी द्वारा स्थापित किया गया था। मंदिर का विशाल बरामदा 4300 फुट लंबा है। तंजौर को मंदिरों की नगरी समझना चाहिए क्योंकि यहां 75 से अधिक छोटे बड़े देवालय है। पूर्व मध्यकाल में चोलसाम्राज्य की राजधानी के रूप मे यह नगरी बहुत समय तक प्रख्यात रही। चोलों के पश्चात् तंजौर मे नायक और मराठों ने राज्य किया था।

तंबपिट्ठ

(लंका) महावंश 28,16 मे उल्लिखित लंका का एक प्राचीन नगर जिसका नाम इस स्थान से उत्पन्न होने वाले ताम्र के कारण ताम्रपीठ पड़ गया था। तंबपिट्ठ, ताम्रपीठ का अपभ्रंश है।

तंबवती

मध्यमिका (चित्तौड़) के स्थान पर बसी हुई प्राचीन नगरी। (दे० मध्यमिका)

तक्ष=तक्षशिला

तक्षशिला (जिला रावलपिंडी, प० पाकि०)

गंधारदेश की राजधानी। वाल्मीकि रामायण के अनुसार गंधर्वदेश (जो गंधार विषय के अंतर्गत था) पर भरत ने अपने मामा युधाजित् के कहने से चढ़ाई करके गंधर्वों को हराया था और इस देश के पूर्वी और पश्चिम भागों मे तक्षशिला और पुष्कलावत (पुष्कलावती) नामक नगरों को क्रमश: अपने पुत्र तक्ष और पुष्कल के नाम पर बसाया था—'तक्षं तक्षशिलायां तु पुष्कलं पुष्कलावते, गंधर्व देशे रुचिरे गांधार विषये च स:' वाल्मीकि० उत्तर० 101-11। कालिदास ने रघुवंश 15,89 मे भी इसी तथ्य का उल्लेख किया है —'स तक्षपुष्कलौ पुत्रौ राजधान्यो तदाख्ययो, अभिषिच्याभिषेकार्हौ रामान्तिकमगात् पुन:।' तक्षशिला का वर्णन महाभारत मे, परीक्षित के पुत्र जनमेजय द्वारा विजित नगरी के रूप मे है। यहीं जनमेजय ने प्रसिद्ध सर्पयज्ञ किया था। छठी शती ई० पू० मे पूर्व पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी मे भी तक्षशिला का उल्लेख किया है। बौद्धसाहित्य, विशेष कर जातकों में तक्षशिला का अनेक बार उल्लेख है। तेलपत्त और सुसीमजातक मे तक्षशिला को काशी से 2000 कोस

दूर बताया गया है। जातको मे (दे० उद्दालक तथा सेतकेतु जातक) तक्षशिला के महाविद्यालय की भी अनेक बार चर्चा हुई है। यहा अध्ययन करने के लिए दूर-दूर से विद्यार्थी आते थे। भारत के ज्ञात इतिहास का यह सर्वप्राचीन विश्वविद्यालय था। यहा, बुद्धकाल मे कोसल-नरेश प्रसेनजित्, कुशीनगर का बधुलमल्ल, वैशाली का महाली, मगधनरेश बिंबिसार का प्रसिद्ध राजवैद्य जीवक, एक अन्य चिकित्सक कौमारभृत्य तथा परवर्ती काल में चाणक्य तथा वसुबधु इसी जगत्-प्रसिद्ध महाविद्यालय के छात्र रहे थे। इस विश्वविद्यालय में राजा और रक सभी विद्यार्थियो के साथ समान व्यवहार होता था। जातककथाओ से यह भी ज्ञात होता है कि तक्षशिला मे धनुर्वेद तथा वैद्यक तथा अन्य विद्याओ की ऊची शिक्षा दी जाती थी। विद्यार्थी सोलह-सत्रह वर्ष की अवस्था मे यहा शिक्षा के लिए प्रवेश करते थे। एक शिक्षक के नियत्रण मे बीस या पच्चीस विद्यार्थी रहते थे। शिक्षको का निरीक्षक दिशाप्रमुख आचार्य (दिसापामोक्खाचारिया) कहलाता था। काशी के एक राजकुमार का भी तक्षशिला में जाकर अध्ययन करने का उल्लेख एक जातक कथा मे है। कुमकारजातक मे नग्नजित् नामक राजा की राजधानी तक्षशिला मे बताई गई है। अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण करने के समय यहा का राजा आभी (Omphis) था जिसने अलक्षेंद्र को पुरु के विरुद्ध सहायता दी थी। महावशटीका में अर्थशास्त्र के प्रसिद्ध रचयिता चाणक्य को तक्षशिला का निवासी बताया गया है। चाणक्य ने प्राचीन अर्थशास्त्रो की परपरा मे आभीय के अर्थशास्त्र की चर्चा की है, टॉमस के अनुसार आभीय का सबध तक्षशिला ही से रहा होगा (दे० टॉमस—बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र-भूमिका पृ० 15) चाणक्य स्वय भी तक्षशिला विद्यालय मे आचार्य रहे थे। उन्होंने अपने परिष्कृत एव विकसित मस्तिष्क द्वारा भारत की तत्कालीन राजनैतिक दुरवस्था को पहचाना तथा उसके प्रतीकार के लिए महान् प्रयत्न किया जिसके फलस्वरूप विशाल मौर्य-साम्राज्य की स्थापना हुई। बौद्ध साहित्य से ज्ञात होता है कि तक्षशिला विश्वविद्यालय धनुर्विद्या तथा वैद्यक की शिक्षा के लिए तत्कालीन सभ्य ससार मे प्रसिद्ध था। जैसा ऊपर कहा गया है, गौतम बुद्ध के समकालीन मगध सम्राट् बिबसार का राजवैद्य जीवक इसी महाविद्यालय का रत्न था।

तक्षशिला का प्रदेश अतिप्राचीन काल से ही विदेशियो द्वारा आक्रान्त होता रहा है। ईरान के सम्राट् दारा के 520 ई० पू० के अभिलेख मे पजाब के पश्चिमी भाग पर उसकी विजय का वर्णन है। यदि यह तथ्य है तो तक्षशिला भी इस काल में ईरान के अधीन रही होगी। पाणिनि ने 4,3,93 में तक्षशिला का उल्लेख किया है। अलक्षेंद्र के इतिहासलेखकों के अनुसार 327 ई० पू०

में इस देश के निवासी सुखी तथा समृद्ध थे। लगभग 320 ई० पू० में उत्तरी-भारत के अन्य सभी क्षुद्र राज्यों के साथ ही तक्षशिला भी चन्द्रगुप्तमौर्य द्वारा स्थापित साम्राज्य में विलीन हो गयी। बौद्ध ग्रन्थों के अनुसार बिंदुसार के शासनकाल में तक्षशिला के निवासियों ने विद्रोह किया किंतु इस प्रदेश के प्रशासक अशोक ने उस विद्रोह को शांतिपूर्वक दबा दिया। अशोक के राज्य-काल में तक्षशिला उत्तरापथ की राजधानी थी। कुणाल की करुणाजनक कहानी की घटनास्थली तक्षशिला ही थी, जिसका स्मारक कुणालस्तूप आज भी यहाँ विद्यमान है। अशोक के पश्चात् उत्तर-पश्चिमी भारत में बहुत समय तक राजनैतिक अस्थिरता रही। बैक्ट्रिया या बल्ख के यूनानियों (232–100ई० पू०) तथा शक या सिथियनों (प्रथम शती ई०) तथा तत्पश्चात् पार्थियनों और कुषाणों ने तीसरी शती ई० तक तक्षशिला तथा पार्श्ववर्ती प्रदेशों पर राज्य किया। चौथी शती ई० में तक्षशिला गुप्तसम्राटों के प्रभावक्षेत्र में रही किंतु पाँचवीं शती ई० में होने वाले बर्बर हूणों के आक्रमणों ने तक्षशिला की सारी प्राचीन समृद्धि और सभ्यता को नष्ट कर दिया। सातवीं शती ई० के तृतीय दशक में चीनी यात्री युवानच्वांग ने तक्षशिला को उजाड़ पाया था। उसके लेख के अनुसार उस समय तक्षशिला कश्मीर का एक करद राज्य था। इसके पश्चात् तक्षशिला का अगले 1200 वर्षों का इतिहास विस्मृति के अंधकार में विलीन हो जाता है। 1863 ई० में जनरल कनिंघम ने तक्षशिला का यहाँ के खंडहरों की जाँच करके खोज निकाला। तत्पश्चात् 1912 से 1929 तक, सर जॉन मार्शल ने इस स्थान पर विस्तृत खुदाई की और प्रचुर तथा मूल्यवान् सामग्री का उद्घाटन करके इस नगरी के प्राचीन वैभव तथा ऐश्वर्य की क्षीण झलक इतिहासप्रेमियों के समक्ष प्रस्तुत की। उत्खनन से तक्षशिला में तीन प्राचीन नगरों के ध्वंसावशेष प्राप्त हुए हैं, जिनके वर्तमान नाम भीर का टीला, सिरकप तथा सिरसुख हैं। सबसे पुराना नगर भीर के टीले के आस्थान पर था। कहा जाता है कि यह पूर्व बुद्ध-कालीन नगर था जहाँ तक्षशिला का प्रख्यात विश्वविद्यालय स्थित था। सिरकप के चारों ओर परकोटे की दीवार थी। यहाँ के खंडहरों से अनेक बहुमूल्य रत्न तथा आभूषण प्राप्त हुए हैं जिनसे इस नगरी के उस भाग की जो कुषाण राज्यकाल से पूर्व का है, समृद्धि का पता चलता है। सिरसुख जो संभवतः कुषाण राजाओं के समय की तक्षशिला है, एक चौकोर नक्शे पर बना हुआ था। इन तीन नगरों के खंडहरों के अतिरिक्त, तक्षशिला में भग्नावशेषों में अनेक बौद्धविहारों की नष्ट-भ्रष्ट इमारतें और कई स्तूप हैं जिनमें कुणाल, धर्मराजिक और भल्लार मुख्य हैं। इनमें बौद्धकाल में,

इस नगरी का बौद्धधर्म का एक महत्वपूर्ण केंद्र होना प्रमाणित होता है। तक्षशिला प्राचीन काल में जैनों की भी तीर्थस्थली थी। पुरातन प्रबंधसग्रह नामक ग्रंथ (पृ० 107) तक्षशिला के अंतर्गत 105 जैन-तीर्थ बताए गए हैं। इसी नगरी को संभवत तीर्थमाला चैत्यवंदन में धर्मचक्र कहा गया है (दे० एशेंट जैन हिम्स, पृ० 55)

तगारा (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

यूनानी इतिहासकार एरियन के अनुसार तगारा एरियाका नामक ज़िले का मुख्य स्थान था और तगारा और प्लिथान (=पैठान) दक्षिण भारत की मुख्य व्यापारिक मंडियां थीं। दक्षिण के सब भागों का व्यापारिक सामान तगारा में लाया जाता था और फिर वहां से बेरीगाज़ा (=भृगुकच्छ या भडौच) के बंदरगाह को गाड़ियों द्वारा भेजा जाता था। भौगोलिक टॉलमी ने तगारस और प्लियान दोनों का गोदावरी के उत्तर में बताया है। प्लियान तो अवश्य ही पैठान या प्राचीन प्रतिष्ठान है। तगारा का अभिज्ञान ठीक-ठीक नहीं हो सका है। एरियन और टाल्मी ने यह भी लिखा है कि तगारा पैठान से 10 दिन की यात्रा के पश्चात् पूर्व में मिलता था और पेरिप्लस के अनुसार तगारा की मंडी में अन्य वस्तुओं के अतिरिक्त समुद्रतट से अति सुन्दर तथा बारीक कपड़ा मलमल आदि भी आता था। इससे यह जान पड़ता है कि यह स्थान गोदावरी पर स्थित नन्देड़ के समीप होगा और इसका व्यापारिक संबंध कलिंग देश से रहा होगा जहां का बारीक कपड़ा बौद्ध-काल में प्रसिद्ध था। (दे० तेर)

तत्तदेश

(बर्मा) प्राचीन भारतीय उपनिवेश जिसमें अरिमर्दनपुर या वर्तमान पागन नगर स्थित था। यह नगर 849 ई० में स्थापित हुआ था। ताम्रद्वीप या पागन नामक रियासत भी तत्त (तत्व?) देश में सम्मिलित थी।

तपोगिरी

रामटेक (ज़िला नागपुर, महाराष्ट्र) का प्राचीन नाम है। वनवास-काल में श्रीरामचन्द्र सीता और लक्ष्मण के साथ यहां कुछ दिन रहे थे—ऐसी किंवदंती प्रचलित है। यहां प्राचीन काल में अनेक तपस्वियों के आश्रम थे जो इसके नामकरण का कारण है।

तपोदा

राजगृह (=राजगीर, बिहार) के निकट बहने वाली नदी जिसे अब सरस्वती कहते हैं। इस क्षेत्र में गर्म पानी के सोते हैं जिनके कारण ही इस नदी का नाम

तपोदा पड़ा है। गौतम बुद्ध के समय तपोदाराम नामक उद्यान इसी नदी के तट पर स्थित था। बौद्ध ग्रंथों के अनुसार मगध-सम्राट् बिंबिसार प्रायः इस नदी में स्नान करने के लिए जाया करते थे।

तबर्राहिंद

भटिंडा (पंजाब) को कुछ अरब इतिहास लेखकों ने जिनमें अलउतबी भी है—तबर-हिंद नाम से उल्लिखित किया है। पहले सुबुक्तगीन और फिर महमूद गजनवी ने भटिंडा पर आक्रमण किया था। उस समय यहां का राजा जयपाल था जिसने उत्तर भारत के कई प्रमुख राज्यों की सहायता से आक्रमणकारियों का डट कर सामना किया था।

तमसा

(1) अयोध्या (उ० प्र०) के निकट बहने वाली छोटी नदी जिसका उल्लेख रामायण में है। वन को जाते समय श्रीराम, लक्ष्मण और सीता ने प्रथम रात्रि तमसा तीर पर ही बिताई थी—'ततस्तुतमसातीरं रम्यमाश्रित्य राघवः, सीतामुद्वीक्ष्य सौमित्रिमिदवचनमब्रवीत्। इयमद्य निशापूर्वा सौमित्रे प्रहिता वन वनवासस्य भद्रते न चोत्कंठितुमर्हसि'—वाल्मीकि० अयो० 46,1-2। वाल्मीकि० अयो० 45,32-33; 46,16; 46,28 आदि में भी तमसा का उल्लेख है। अयोध्या० 46,28 में वाल्मीकि ने तमसा को '(शीघ्रगामाकुलावर्तां तमसामतरन्नदीम्') शीघ्रप्रवाहिनी तथा भँवरों वाली गहरी नदी कहा है। कालिदास ने रघुवंश 9,72-75 में, तपस्वी श्रवण की मृत्यु तमसा के तट पर वर्णित की है। उन्होंने तमसा के तीर पर तपस्वियों के आश्रमों का भी उल्लेख किया है किंतु वाल्मीकि; अयो० 63,36 में इस दुर्घटना का सरयू के तट पर उल्लेख किया गया है—'अगश्यनिपुणा तीरे सरय्वास्तापस हतम्, अवकीर्णजटाभार प्रविद्धकलशोदकम्'। वास्तव में सरयू और तमसा दोनों ही नदियां अयोध्या के निकट कुछ दूर तक पास पास ही बहती हैं। रघुवंश 14,76 के वर्णन से विदित होता है कि वाल्मीकि का आश्रम, जहां राम द्वारा निर्वासित सीता रही थीं, तमसा के तट पर स्थित था—'अशून्यतीरां मुनिसंनिवेशैस्तमोपहन्त्रीं तमसामवगाह्य,तत्सैकतोत्संगबलिक्रियाभि संपत्स्यते ते मनस प्रसाद'। अयोध्या से इस आश्रम को जाते समय लक्ष्मण ने सीतासहित गंगा को पार किया था; (रघु० 14,52)। रघु० 9,20 में तमसा का उल्लेख सरयू के साथ है—'क्रतुषु तेन विसर्जितमौलिना भुज समाहृत दिग्वसुनाकृता कनकयूपसमुच्छ्रयशोभिनो वितमसातमसा सरयूतटाः'। रघु० 9,72 में भी तमसा को अयोध्या के निकट कहा गया है—'तमसां प्राप नदीं तुरंगमेण'। भवभूति ने उत्तररामचरित में

तमसा का सुन्दर वर्णन किया है और वाल्मीकि का आश्रम, कालिदास की भांति ही, तमसा नदी के तट पर बताया है—'*अथ स ब्रह्मर्षिरेकदा माध्य दिनसवनायनदीं तमसामनुप्रपन्न*'। इस तथ्य की पुष्टि वाल्मीकि० आदि०, 2,3-4 से भी होती है—'*स मुहूर्तंगते तस्मिन् देवलोक मुनिस्तदा जगाम तमसा-तीर जाह्नव्यास्त्वविदूरत । सतु तीर समासाद्य तमसाया मुनिस्तदा, शिष्यमाह स्थित पार्श्वे दृष्ट्वा तीर्थमकर्दमम्*'। तमसा नदी के तट पर ही वाल्मीकि ने निषाद द्वारा मारे जाते हुए क्रौंच को देखकर करुणार्द्र स्वरों में अनजाने में ही सस्कृत लौकिक साहित्य क प्रथम श्लोक की रचना की थी जिससे रामायण की कथा का सूत्रपात हुआ। तुलसीदास ने तमसा का वर्णन राम की वनयात्रा तथा भरत की चित्रकूट-यात्रा के प्रसग मे किया है—'तमसा तीर निवास किय, प्रथम दिवस रघुनाथ' तथा 'तमसा प्रथम दिवस करिवासू, दूसर गोमति तीर निवासू'—। आजकल तमसा नदी अयोध्या (जिला फैजाबाद, उ० प्र०) से प्राय बारह मील दक्षि० में बहती हुई लगभग 36 मील की यात्रा के पश्चात् अकबरपुर के पास बिस्वी नदी में मिल जाती है। इस स्थान के पश्चात् सयुक्त नदी का नाम टौंस हो जाता है जो तमसा का ही अपभ्रंश है। तमसा नदी पर अयोध्या से कुछ दूर पर वह स्थान बताया जाता है जहा श्रवण की मृत्यु हुई थी। अयोध्या से प्राय 12 मील दूर तरडीह नामक ग्राम है जहां स्थानीय किंवदती के अनुसार श्रीराम ने वनवास यात्रा के समय तमसा को पार किया था। वह घाट आज भी रामचौरा नाम से प्रख्यात है। टौंस जिला आजमगढ मे बहती हुई बलिया के पश्चिम में गगा में मिल जाती है।

2—(म० प्र०) मह्यार के पहाड़ों से निकल कर बुदेलखड के इलाके में बहने वाली एक नदी जिसका उल्लेख महाराज सर्वनाथ के खोह अभिलेख (512 ई०) मे है। इस नदी के तट पर *आम्रमक नामक* ग्राम का भी उल्लेख इस अभिलेख में है।

तमसावन

जलधर (पजाब) से लगभग 24 मील पश्चिम की ओर स्थित था। गुप्त-काल में यहा एक बौद्धविहार था जो उस समय काफी प्राचीन हो चुका था। किंवदती के अनुसार कात्यायनीपुत्र ने तथागत के निर्माण के पश्चात् यहीं अपन शास्त्र की रचना की थी। सर्वास्तिवादी भिक्षुओ का यह विशेष केंद्र था। अशोक का बनवाया हुआ एक स्तूप भी यहा स्थित था। 7वीं शती मे युवानच्वाग यहां आया था। उसने यहा के विहार मे 3000 सर्वास्तिवादी भिक्षुओं का निवास बताया है।

तरण दे० तारणगढ़

तरखान

इसका प्राचीन नाम त्र्यक्ष है जिसका वर्णन महा० सभा० 51,17 में है। यह बदख्शा (द्रयक्ष) के निकट था।

तरडीह (जिला फैजाबाद, उ० प्र०)

अयोध्या से 12 मील दूर टौंस या प्राचीन तमसा नदी पर यह ग्राम है जहां रामचौरा घाट पर राम लक्ष्मण सीता ने वन जाते समय इस नदी को पार किया था। दे० तमसा।

तरनतारन (पंजाब)

अमृतसर से 12 मील दूर पर स्थित है। इस स्थान पर बियास और सतलज का संगम है। कहा जाता है कि जहांगीर के शासनकाल में सिखों के गुरु अर्जुन ने इस स्थान का तीर्थरूप में प्रतिष्ठापन किया था।

तरायन=तरावड़ी (जिला करनाल, हरियाणा)

यह स्थान थानेसर से 14 मील दक्षिण में स्थित है। 1009-10 में कुछ दिनों तक यहां महमूदगजनी का अधिकार रहा। तत्पश्चात् यहां मु० गोरी और चौहान नरेश पृथ्वीराज के बीच 1191 ई० में पहला युद्ध हुआ। 1192 ई० में गोरी ने दुबारा भारत पर आक्रमण किया और फिर इसी स्थान पर घोर युद्ध हुआ जिसमें गोरी की कूटनीति और छद्म के कारण पृथ्वीराज मारे गए। इस विजय के पश्चात् मुसलमानों का कदम उत्तरी भारत में जम गया। 1216 ई० (15 फरवरी) को फिर एक बार तरायन के मैदान में इल्तुतमिश तथा उसके प्रतिद्वंदी सरदार इल्दाज में एक निर्णायक युद्ध हुआ जिसमें इल्तुतमिश की विजय हुई और उसका दिल्ली की गद्दी पर अधिकार मजबूत हो गया। तरावड़ी या तरायन को आजमाबाद भी कहते हैं।

तरिम

मध्य एशिया की नदी जिसका प्राचीन संस्कृत नाम सीता कहा जाता है। (दे० सीता)

तलकाड़ दे० सिरोवन

तलवंडी=तलवंडी (जिला गुमूर, पंजाब, पाकि०)

यह स्थान सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक के जन्मस्थान के रूप में प्रसिद्ध है। इनका जन्म 1469 में हुआ था।

तलाजा=तालध्वज (सौराष्ट्र, गुजरात)

भावनगर के निकट प्राचीन बौद्ध स्थान है जिसका प्राचीन नाम तालध्वज

है। तालध्वजा या तलाजा नदी पास ही बहती है। वैसे यह स्थान शत्रुंजयी नदी के तट पर स्थित है। यह जैनों का भी तीर्थ था। यहां से प्राप्त अनेक प्राचीन मूर्तियां वाटसन-संग्रहालय राजकोट में सुरक्षित हैं। तलाजा में तीस प्राचीन शैलकृत गुफाएं हैं जो संभवतः जैन भिक्षुओं के लिए बनाई गई थीं।

तलाजो=तालध्वजा

सौराष्ट्र के भावनगर प्रांत की एक छोटी नदी जो शत्रुंजय की सहायक नदी है। नदी के उत्तर की ओर प्राचीन दन्तभित्तियों के ध्वंसावशेष हैं। इसका प्राचीन नाम तालध्वजा था और इसके तथा शत्रुंजयी के संगम के निकट प्राचीन बौद्ध स्थान तालध्वज या तलाजा बसा हुआ था।

तलवडी=तलवडी

ताडपत्री (मद्रास)

द्रविड़ शैली में निर्मित 16वीं सदी के एक सुंदर मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

ताप्तार दे० तित्तिरदेश

तापी=ताप्ती (नदी)

विष्णुपुराण 2,3,11 में तापी का ऋक्षपर्वत से उद्भूत माना है— तापी पयोष्णीनिर्विन्ध्याप्रमुखा ऋक्षसम्भवा' श्रीमद्भागवत में तापी और उसकी शाखा पयोष्णी का एक साथ उल्लेख है—'कृष्णा वेण्या भीमरथी गोदावरी निर्विन्ध्या पयोष्णी तापी रेवा—'। वास्तव में पयोष्णी ताप्ती में दक्षिण-पूर्व से आकर मिलती है। (दे० ऋक्ष)। ताप्ती सूरत के पास खंभात की खाड़ी (अरब सागर) में गिरती है। महाभारत में तापत या तापी का संभवतः पयोष्णी के रूप में उल्लेख है। इस नदी के तापी, ताप्ती और पयोष्णी (गर्मजल वाली नदी) आदि नाम इसके गर्म जल के पहाड़ी स्रोतों के कारण सार्थक जान पड़ते हैं।

ताप्ती तापी

ताम्र=ताम्र

ताम्रलिप्ति

ताम्रलिप्ति या ताम्रलिप्तिक का पाली रूपांतर जिसका उल्लेख दीपवंश 3,14 में है।

तामेश्वरनाथ (जिला बस्ती, उ० प्र०)

खलीलाबाद स्टेशन से छः मील दक्षिण की ओर कुदवा नाला है जो तत्कालीन बौद्ध साहित्य में प्रसिद्ध अनोमा नदी है। कुदवा से एक मील दक्षिणपूर्व की

और एक मील लंबा प्राचीन खंडहर है जहां तामेश्वरनाथ का वर्तमान मंदिर है। कहा जाता है यही वह स्थान है जहां अनोमा को पार करने के पश्चात् सिद्धार्थ ने अपने राजसी वस्त्र उतार दिए थे तथा राजसी केशों को काट कर फेंक दिया था। यहां से उन्होंने अपने सारथी छंदक को विदा कर दिया था— दे० बुद्धचरित 6,57-65 'निष्कास्य तं चोत्पलपत्रनील चिच्छेद चित्रं मुकुटं सकेशम्, विकीर्यमाणांशुकमंतरीक्षे चिक्षेप चैनं सरसीव हंसम्, 'छन्द तथा साश्रुमुखं विसृज्य' इत्यादि। युवानच्वांग के अनुसार इस स्थान पर इन्हीं तीनों घटनाओं के स्मारक के रूप में अशोक ने तीन स्तूप बनवाए थे जिनके खंडहर तामेश्वरनाथ के मंदिर के निकट हैं।

ताम्रद्वीप

महाभारत, सभा० 31, 68 के अनुसार इस द्वीप को सहदेव ने अपनी दिग्विजय यात्रा में विजित किया था—'कृत्स्नं कोलगिरिं चैव सुरभीपत्तनं तथा, द्वीपं ताम्राह्वयं चैव पर्वतं रामकं तथा'। सभा० 38 के दाक्षिणात्य पाठ में इसका उल्लेख इस प्रकार है—'इन्द्रद्वीपं कशेरुं च ताम्रद्वीपं गभस्तिमत् गांधर्वं वारुणं द्वीपं सौम्याख्यमिति च प्रभु'। ताम्रद्वीप सिंहल या लंका का प्राचीन नाम जान पड़ता है। यह भी संभव है कि यहां लंका और भारत के बीच के टापुओं में से किसी का निर्देश हो।

2—(बर्मा) प्राचीन पागन राज्य का भारतीय नाम। पागन नामक नगर का प्राचीन नाम अरिमर्दनपुर था जहां इस राज्य की राजधानी थी। इस नगर की स्थापना 849 ई० में हुई थी। यह राज्य जिस प्रदेश में था उसका प्राचीन नाम ताम्रदेश था। इस प्रदेश में तांबे की खानें स्थित थीं।

ताम्रपट्टन

(बर्मा) इस नगर में ब्रह्मदेश के प्रथम हिंदू राजवंश, धर्मराजानुवंश, की जिसने इस प्रदेश पर 300 या 400 वर्ष तक राज्य किया था, राजधानी थी। संभव है पूरे अराकान प्रदेश को ही ताम्रपट्टन कहते हों।

ताम्रपर्णी

सिंहलद्वीप या लंका का प्राचीन नाम जिसकी दूर-दूर तक ख्याति थी। 17वीं शती में अंग्रेजी भाषा के कवि मिल्टन ने पैरेडाइज लॉस्ट नामक महाकाव्य में इसे टाप्रोबेन लिखा है—'From India's golden chersonese and utmost Indian isle of Taprobane dusk faces with white silken turbans wreathed—कुछ विद्वानों के मत में लंका-भारत के बीच के समुद्र में स्थित आधुनिक द्वीप ही ताम्रपर्णी है। ताम्रपर्णी के निरीदवस्तु

नामक यक्षनगर का उल्लेख बलाहारस्व जातक में है—'अतीते तंबपण्णि द्वीपे सिरीसवत्थु नाम यक्खनगर अहोसि'।

महावंश 6, 47 के अनुसार भारत के लाटदेश का निवासी कुमार विजय जलयान से सिंहलदेश पहुँचकर वहां ताम्रपर्णी नामक स्थान के पास उतरा था। यह वही दिन था जब कुशीनगर में बुद्ध ने निर्वाण प्राप्त किया था। महावंश 7,39 में राजकुमार विजय द्वारा ताम्रपर्णी नगर के बसाए जाने का उल्लेख है। इस के अनुसार जब विजय और उसके साथी नौका से भूमि पर उतरे तो थकावट के कारण भूमि पर हाथ टेक कर बैठ गए। ताम्र वर्ण की मिट्टी के स्पर्श से उनके हाथ तांबे के पत्र से हो गए इसीलिए उस प्रदेश और द्वीप का नाम ताम्रपर्णी (तंब पण्णी) हुआ।

2— *दक्षिण भारत की नदी जो केरल राज्य में बहती है। जातक-कथाओं* में इसका उल्लेख है। अशोक के मुख्य शिलालेख 2 और 13 में तथा कौटिल्य के अर्थशास्त्र के अध्याय 11 में भी ताम्रपर्णी का नामोल्लेख है। महाभारत वन० 88, 14-15 में ताम्रपर्णी तथा उसके तट पर स्थित गोकर्ण का वर्णन है। 'ताम्रपर्णी तु कौन्तेय कीर्तयिष्यामि तां शृणु यत्र देवैस्तपस्तप्तं महदिच्छद्भिराश्रमे गोकर्ण इति विख्यात स्त्रिपुलोकेषु भारत' श्रीमद्भागवत 5,19,18 में ताम्रपर्णी नदी का अन्य नदियों के साथ उल्लेख है— चंद्रवसा ताम्रपर्णी अवटोदा कृत-माला वैहायसी '। विष्णुपुराण 2 3,13 में ताम्रपर्णी को मलयपर्वत से उद्भूत माना है —'कृतमाला ताम्रपर्णी प्रमुखा मलयोद्भवा'। एपिग्राफिका इंडिका 11 (1914) पृ० 245 के अनुसार ताम्रपर्णी नदी का स्थानीय नाम पोरुंडम और मुडीगोंडशोलाप्पेराछ था। अतिप्राचीन काल में ताम्रपर्णी के तट पर अवस्थित कोरकई और कायल नामक बंदरगाह उस समय के सभ्य संसार में अपने समृद्ध व्यापार के कारण प्रख्यात थे। पाड्य नरेशों के समय मोतियों और *शंखों के व्यापार के लिए कोरकई प्रसिद्ध था।* वर्तमान तिरुनेल्वली या तिन्नेवली और त्रिवेंद्रम से बारह मील पूर्व तिरुवट्टार नामक नगर ताम्रपर्णी के तट पर स्थित है। ताम्रपर्णी वर्तमान पल्मकोटा के निकट बहती हुई मन्नार की खाडी में गिरती है। मन्नार की खाडी सदा से मोतियों के लिए प्रसिद्ध रही है और इसीलिए कालिदास ने ताम्रपर्णी के संबंध में मोतियों का भी वर्णन किया है—*'ताम्रपर्णीसमेतस्य मुक्तासारं महोदधेः* ते निपत्य ददुस्तस्मै यशः स्वमिवसंचितम्' रघु० 4,50; अर्थात् पांड्यवासियों ने विनयपूर्वक रघु को अपने संचित यश के साथ ही ताम्रपर्णी-समुद्र संगम के सुंदर मोती भेंट किए। मल्लिनाथ ने इसकी टीका में यथार्थ ही लिखा है—*'ताम्रपर्णीसंगमे मौक्तिकोत्पत्तिरिति प्रसिद्धम्'*।

संस्कृत के परवर्तीकाल के प्रसिद्ध कवि तथा नाटककार राजशेखर ने भी ताम्रपर्णी नदी का उल्लेख किया है।

ताम्रपीठ दे० तवपिट्ट

ताम्रपुर

प्राचीन कंबोडिया या कंबुज का एक भारतीय औपनिवेशिक नगर। कंबुज में हिंदू राजाओं का प्राय तेरह सौ वर्ष राज्य रहा था।

ताम्रलिप्त—**ताम्रलिप्तक**=**ताम्रलिप्ति**=**दामलिप्त** (जिला मेदिनीपुर, प० बंगाल)

रूपनारायण नदी के पश्चिमी तट पर वर्तमान तामलुक ही प्राचीन ताम्रलिप्ति है। श्री काशीप्रसाद जायसवाल का मत है कि संस्कृत ताम्रलिप्त शब्द का मूल रूप 'द्रमीडदत्ति' या 'तिरमदत्ति' था जो द्रविड शब्द का रूपांतर है। इसी से कालांतर में, प्राकृत में प्रचलित तामलित्ति बना जिसे संस्कृत में 'ताम्रलिप्त' कर लिया गया। (दे० इंडियन एंटिक्वेरी, 1914, पृ० 64) दशकुमारचरित में दामलिप्त अथवा ताम्रलिप्त को सुह्म देश में स्थित माना है। किंतु महा० सभा० 2,24-25 में ताम्रलिप्ति व सुह्म का अलग-अलग उल्लेख है—'समुद्रसेन निर्जित्य चंद्रसेन च पार्थिवम्, ताम्रलिप्त च राजान कर्वटाधिपति तथा। सुह्मानामधिप चैव ये च सागरवासिन. सर्वान् म्लेच्छगणाश्चैव विजिग्ये भरतर्षभ'। पांचवीं शती ई० में फाह्यान ने ताम्रलिप्ति का गुप्त-साम्राज्य के एक महत्त्वपूर्ण बंदरगाह के रूप में उल्लेख किया है। यहां से जलयान जावा, सिंहलद्वीप इत्यादि देशों को जाते थे। दशकुमारचरित में दंडी ने ताम्रलिप्ति के कालीमंदिर का वर्णन किया है जो उस समय प्रसिद्ध था। विष्णुपुराण 4,24, 64 ('कोशलांध्रपुंड्र ताम्रलिप्त समुद्रतटपुरी च देवरक्षितो रक्षिता') के अनुसार ताम्रलिप्ति पर गुप्तकाल से पूर्व देवरक्षित नामक राजा राज्य करता था। ताम्रलिप्ति में पांचवीं शती ई० से पूर्व ही एक प्रसिद्ध महाविद्यालय स्थापित हो चुका था। फाह्यान, युवानच्वांग, इत्सिंग आदि चीनी यात्रियों ने यहां ठहर कर भारतीय ज्ञान-विज्ञान का अध्ययन किया था। फाह्यान के समय यहां चौबीस विहार थे जिनमें दो सहस्र भिक्षु निवास करते थे। 7वीं शती ई० में युवानच्वांग ने यहां केवल दस विहार और एक सहस्र भिक्षुओं का ही उल्लेख किया है। तत्पश्चात् इत्सिंग ने अपनी भारतयात्रा में इस महाविद्यालय का सविस्तर वृत्तान्त दिया है। वह नौ वर्ष तक यहां अध्ययन करता रहा था। उसने ताम्रलिप्ति-विद्यालय के बौद्ध भिक्षु राहुलमित्र की बड़ी प्रशंसा की है। ताम्रलिप्ति नगरी के समुद्रतट पर एक व्यापारिक बंदरगाह होने के कारण,

यहां दूर दूर देशों के विद्यार्थी सरलता से आ सकते थे।

ताम्रा=तामड़

यह नदी सिक्किम के पश्चिमी पहाड़ों से निकलती है। इसकी घाटी पहाड़ों में गहरी कटी हुई है। इसका महाभारत के भीष्मपर्व में उल्लेख है। यह सुनकोसी नदी में मिलती है। इन दोनों के संगमस्थल पर कोकामुख तीर्थ स्थित था।

ताम्रारुण

'ताम्रारुण समासाद्य ब्रह्मचारी समाहित, अश्वमेधमवाप्नोति ब्रह्मलोक च गच्छति' महा० वन० 84,154। प्रसग से यह हिमालय का कोई तीर्थ जान पडता है।

तारगा (राजस्थान)

तारगा हिलस्टेशन से 4 मील दूर दिगबर जैनों का तीर्थ जहां 73 प्राचीन मंदिर हैं। संभवनाथ के मंदिर के निकट श्वेतांबरों का मंदिर भी है जो बहुत कलापूर्ण है।

तारकक्षेत्र (महाराष्ट्र)

हुबली से 80 मील के लगभग हानगल का कस्बा ही प्राचीन तारकक्षेत्र है। तारक क्षेत्र में धर्म नदी प्रवाहित होती है।

तारकेश्वर (प० बगाल)

हावडा से 12 मील दूर यह स्थान एक प्राचीन महादेव-मंदिर के लिए प्रसिद्ध है।

तारणगढ़

महीकठ (गुजरात) में तरग नामक पहाडी का प्राचीन नाम। इसका जैन तीर्थ के रूप में उल्लेख जैन स्तोत्र तीर्थमाला चैत्यवदन में इस प्रकार है—कुंतीपल्लविहार तारणगढे सोपारकारासणे'।

तारागढ़

अजमेर की पहाडी, जहां राजा अज ने गढबिटली नामक क़िला बनवाया था। कर्नल टॉड के अनुसार यह क़िला राजपूताने की कुंजी थी। दे० अजमेर

तारापीठ (प० बंगाल)

द्वारका नदी के तट पर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ जो तांत्रिकों का केंद्र था।

तारुमा

पश्चिम जावा द्वीप का एक नगर जहां प्राय 22 वर्ष तक जावा के हिंदू राजा पूर्णवर्मन् की राजधानी थी। पूर्णवर्मन् के चार संस्कृत अभिलेख जावा में मिले हैं जिनका समय 5वीं या 6वीं शती ई० है।

तालकड (मैसूर)

यह प्राचीन नगर शिवसमुद्रम से 15 मील दूर कावेरी के तट पर बसा हुआ था किंतु अब नदी की लाई हुई बालु में अट गया है। इसके अनेक ध्वंसावशेष आज भी बालु के नीचे दबे पड़े हैं। 1717 ई० में बने हुए कीर्तिनारायण के मंदिर को बालु में से खोद निकाला गया है।

तालकावेरी (कुर्ग मैसूर)

दक्षिण की प्रसिद्ध नदी कावेरी का उद्गम स्थान। कुर्ग के मुख्य नगर मरकरा से यह स्थान 25 मील है। हरे-भरे जंगलों और सुहावनी पहाड़ियों की गोदी में बसा हुआ यह रमणीक स्थान दक्षिण भारतीयों का एक प्राचीन तीर्थ भी है।

तालकुड=तालगुड

तालकूट दे० कालकूट

तालगुड (मैसूर)

तालगुड या तालकुंड का प्रणवेश्वर शिवमंदिर मैसूर राज्य का प्राचीनतम मंदिर माना जाता है। इसमें केवल एक गोपुर है। यह हेलबिड के होयसलेश्वर के मंदिर की शैली में बना हुआ है। यहां एक स्तंभ पर एक महत्त्वपूर्ण लेख उत्कीर्ण है जिससे पश्चिम भारत के कदंब नामक राजवंश के प्रारंभिक इतिहास पर प्रकाश पड़ता है।

तालध्वज=तलाजा

ताल ध्वजा=तलाजो

तालबेहट (जिला झांसी, उ० प्र)

मध्ययुगीन दुर्ग के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

तालबड़ी=तलवंडी

तालवन

(1) व्रज का एक वन जहां श्रीकृष्ण ग्वालों के साथ क्रीडार्थ जाते थे—'भ्रममाणौ वन तस्मिन् रम्ये तालवनं गतौ' विष्णु० 5, 8, 1.

(2) द्वारका के दक्षिण भाग में स्थित लतावेष्ट नामक पर्वत के चतुर्दिक् बने हुए उद्यानों में से एक—'लतावेष्ट समंतात् तु मरुप्रभ न महत्, भाति तालवन चैव पुष्पक पुंडरीकवत्' महा० सभा० 38, दाक्षिणात्य पाठ।

(3) 'पाड्यांश्च द्रविडाश्चैव सहितांश्चोड्र केरलैः आंध्रास्तालवनांश्चैव कलिंगानुष्ट्रकर्णिकान्' महा० सभा० 31, 71। यहां तालवन निवासियों का उल्लेख आंध्र और कलिंग वासियों के बीच में है जिससे जान पड़ता है कि

यह स्थान पूर्वी समुद्र तट पर स्थित रहा होगा।

तालाकट

'ततः स रत्नान्यादाय पुनः प्रायाद् युधाम्पतिः तत शूर्पारक चैव तालाकट-मथापि च, वशेचक्रे महातेजा दण्डकांश्च महाबल'—महा० सभा० 31, 65-66, सहदेव ने इस स्थान को अपनी दिग्विजय यात्रा में विजित किया था। इसकी स्थिति शूर्पारक या वर्तमान सोपारा के निकट रही होगी।

तालीकोट (मैसूर)

1556 ई० में इस स्थान पर दक्षिण भारत की बहमनी रियासतों तथा विजयनगर के हिंदू राज्य में परस्पर भयानक युद्ध हुआ था जिसके परिणाम-स्वरूप विजयनगर साम्राज्य का अंत हो गया। तालीकोट के युद्ध के पश्चात् मुसल्मानों ने तत्कालीन भारत या इतिहास लेखकों के अनुसार एशिया के सर्वश्रेष्ठ नगर विजयनगर में बर्बरतापूर्ण लूट-मार मचाकर उसे खंडहर बना दिया था। सिवेल (Sewell) ने 'ए फारगॉटन एम्पायर' नामक ग्रंथ में इस दुर्घटना का रोमांचकारी वर्णन बड़े प्रभावोत्पादक शब्दों में किया है।

तिकवांपुर = त्रिविक्रमपुर (जिला कानपुर, उ० प्र०)

हिंदी के प्रसिद्ध कवि भूषण इसी ग्राम के निवासी थे। यह ग्राम यमुनातट पर बसा हुआ था जैसा कि भूषण ने स्वयं ही लिखा है—'द्विज कनौज कुल कस्यपी रतनाकर सुतधीर, बसत त्रिविक्रमपुर सदा तरनितनूजा तीर'—शिवराजभूषण, 26। भूषण के कथनानुसार 'वीर बीरवर से जहां उपजे कविवर भूप देव बिहारीश्वर जहां विश्वेश्वर तदरूप' अर्थात् त्रिविक्रमपुर में बीरबल के समान महाबली राजा और कवि हुए तथा वहां काशी के विश्वनाथ महादेव के समान बिहारीश्वर महादेव का मंदिर था। यह बीरबल अकबर के दरबार के प्रसिद्ध कवि और मंत्री बीरबल ही जान पड़ते हैं।

तिक्तबिल्व = बिल्वतिक्त (जावा)

मजपहित नामक नगर का प्राचीन भारतीय नाम। 1294 ई० में इस नगर को जावा की राजधानी बनाया गया और मुसलमानों के जावा पर अधिकार होने तक (15 वीं शती ई० का अन्तिम भाग) यहां हिंदू राजा राज करते रहे। तिक्तबिल्व मजपहित का ही संस्कृत अनुवाद है—मज = बिल्व, पहित = तिक्त।

तिगवां (जिला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर से प्रायः 40 मील दूर छोटा सा ग्राम है जो गुप्तकाल में जैन-सम्प्रदाय का केंद्र था। एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि कन्नौज से आए

हुए एक जैन यात्री उभदेव ने पार्श्वनाथ का एक मंदिर इस स्थान पर बनवाया था, जिसके अवशेष अभी तक यहां विद्यमान हैं। यह मंदिर अब हिंदू मंदिर के समान दिखाई देता है। यहां के खंडहरों में कई जैन मूर्तियां भी प्राप्त हुई हैं। मंदिर का वर्णन करते हुए स्वर्गीय डॉ० हीरालाल ने लिखा है कि यह प्रायः डेढ़ हजार वर्ष प्राचीन है। यह चपटी छतवाला पत्थर का मंदिर है। इसके गर्भगृह में नृसिंह की मूर्ति रखी हुई है। दरवाजे की चौखट के ऊपर गंगा-यमुना की मूर्तियां खुदी हैं। पहले ये ऊपर बनाई जाती थीं किन्तु पीछे से देहरी के निकट बनाई जाने लगीं। मंदिर के मंडप की दीवार में दशभुजी गणेश की मूर्ति खुदी है। उसके नीचे शेषशायी भगवान् विष्णु की प्रतिमा उत्कीर्ण है जिनकी नाभि से निकले हुए कमल पर ब्रह्मा जी विराजमान हैं। (दे० जबलपुर ज्योति, पृ० 140) श्री राखालदास बनर्जी के अनुसार इस मंदिर में एक वर्गाकार केन्द्रीय गर्भगृह है जिसके सामने एक छोटा सा मंडप है। मंडप के स्तंभों के शीर्ष भारत-पर्सिपोलिस शैली में बने हैं जिससे यह मंदिर गुप्त काल से पूर्व का जान पड़ता है—(दे० एज ऑव दि इम्पीरियल गुप्ताज—पृ० 153)।

तिजारा (ज़िला अलवर, राजस्थान)

यहां सुलतान अलाउद्दीन आलमशाह का मकबरा स्थित है जो सहसराम के शेरशाह सूरी के मकबरे से मिलता-जुलता है।

तित्तिरदेश

'मारुता धेनुका श्चैव तंगणाः परतंगणाः, बाह्लीकास्तित्तिराश्चैव चोलाः पांड्याश्च भारत'—महा० भीष्म० 50, 31। तित्तिर-निवासियों का तंगण, परतंगण व बाह्लीक लोगों के साथ वर्णन होने से उनका निवासस्थान इनके निकट ही सूचित होता है। महा० सभा० 52, 2-3 में तंगण-परतंगणों आदि को शैलोदा या खोतन नदी के प्रदेश में निवसित बताया गया है। इसी प्रदेश को तित्तिरों का इलाका समझना चाहिए। बहुत संभव है कि तित्तिर 'तातार' का संस्कृत रूपांतरण हो। तातरों का देश वर्तमान दक्षिणी रूस के इलाके में था। तित्तिर लोग महाभारत युद्ध में पांडवों के साथ थे।

तिव्यत दे० त्रिविष्टप

तिरभी=**तिराही** (ज़िला ग्वालियर, म० प्र०)

यह स्थान कड़वाहा से पांच मील उत्तर-पूर्व में है और रानोद से आठ मील दक्षिण-पूर्व में। रानोद के अभिलेख में तिरभी का उल्लेख है। यहां का सबसे अधिक प्रशंसनीय स्मारक 11वीं शती का मोहजमाता का मंदिर है

जिसका तोरण आज भी मध्यकालीन मूर्तिकला का सुंदर उदाहरण है। इस कला का विशिष्ट गुण इसकी अलंकार-बहुल शैली है। तिरभी का वर्तमान नाम निराही है।

तिरहुत=तीरभुक्ति (उत्तर बिहार)

तीरभुक्ति या विदेह का अनेक गुप्तकालीन अभिलेखों में उल्लेख है। मिथिलानगरी इसी प्रदेश में स्थित थी। तिरहुत तीरभुक्ति का ही अपभ्रंश है।

तिरावडी=तिलावडी (दे० सरायन)

तिराही=तिरभी

तिरुअनंतपुर=त्रिवेंद्रम

तिरुक्कलिकुन्रम=पक्षितीर्थ

मद्रास से 30 मील दूर है। 500 फुट ऊंची पहाड़ी पर बने मंदिर में प्राचीन काल से दो पक्षी (श्मकरी) नित्य भोजनार्थ निश्चित समय पर आते हैं। इनके विषय में अनेक कपोल-कल्पित कथाएं प्रचलित हैं। यह स्थान कम से कम 18वीं शती में भी इसी प्रकार से प्रख्यात था क्योंकि तत्कालीन उल्लेखों से यह बात प्रमाणित होती है।

तिरुकुदूर (मद्रास)

दक्षिण भारत के प्रसिद्ध दार्शनिक आचार्य रामानुज के जन्मस्थान के रूप में विख्यात है। इन्होंने विशिष्टाद्वैत मत का प्रतिपादन तथा प्रचार किया था। 15वीं शती के धर्माचार्यों तथा दार्शनिकों में रामानुज का स्थान बहुत ऊंचा माना जाता है।

तिरुच्चेनगाड (ज़िला सलम मद्रास)

यहां नागाचल पर्वत पर अर्धनारीश्वर शिव का प्रसिद्ध मंदिर है। इस मंदिर पर उच्चकोटि की मूर्तिकारी प्रदर्शित है।

तिरुत्तनी (मद्रास)

मद्रास से 50 मील दूर रेनीगुंटा और आरक्कोनम स्टेशनों के बीच यह छोटा सा कस्बा है। यहां स्कंद या सुब्रह्मण्यम स्वामी का विख्यात प्राचीन मंदिर पहाड़ी की चोटी पर अवस्थित है।

तिरुनेलवली (मद्रास)

वालीश्वर या कृष्णपुर के मंदिर के कारण यह स्थान प्रसिद्ध है। मंदिर में कामदेव की पत्नी रति की मानवाकार मूर्ति के रूप में शृंगारिक भावों का सुकुमार चित्रण है। मंदिर के प्रांगण की भित्ति के नीचे एक छोटी सरिता बहती है।

तिरुपत्तिकुनरम् (मद्रास)

यह स्थान कांजीवरम् या कांची से नौ मील पर स्थित है और कई प्राचीन मंदिरों के लिए प्रख्यात है। जैन मंदिर की भित्तियों पर सुंदर पुष्पालंकरणों का अनोखा चित्रण है। महाविष्णु का वैकुंठ पेरुमल मंदिर और कैलाशनाथ का शिव मंदिर अपने भव्य स्थापत्य के लिए उल्लेखनीय हैं। सहस्र स्तंभों का विशाल मंडप भी वास्तुकला का अद्वितीय उदाहरण है।

तिरुपदी (मद्रास)

तिरुमला पहाड़ी के ऊपर तथा उसके पादमूल में तिरुपदी की बस्ती स्थित है। ऊपर बालाजी का प्रसिद्ध मंदिर है। तिरुपदी के अनेक मंदिरों में गोविंदराज का मंदिर प्रमुख है। रामानुज-संप्रदाय के ग्रंथ प्रपन्नामृत के 51वें अध्याय में उल्लेख है कि रामानुजस्वामी ने वेंकटाचल के पास गोविंदराज की मूर्ति को स्थापित किया था। तिरुमला-पहाड़ी की सातवीं चोटी ही वेंकटाचल कहलाती है। गोविंदराज शेषशायी विष्णु की मूर्ति का नाम है। इसी मंदिर के पास श्री भट्टनाथ दिव्यसूर की कन्या गोदादेवी का मंदिर है जिसकी स्थापना भी श्रीरामानुज ने की थी। रामानुज का समय 15वीं शती ई० है। तिरुपदी स्टेशन से एक मील दक्षिण की ओर सुवर्णमुखी नदी बहती है।

तिरुपरंकुर (जिला मदुराई, मद्रास)

प्राचीन शैलकृत्त गुहाओं के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। गुहाओं में कई अभिलेख उत्कीर्ण पाए गए हैं।

तिरुमकुड्लू (मैसूर)

तालकड से 15 मील दूर कावेरी तट पर स्थित है। यहाँ शिव का प्राचीन मंदिर है जिसकी यात्रा के लिए दूर-दूर से यात्री आते हैं।

तिरुमला (मद्रास)

तिरुपदी के निकट एक पहाड़ी। इसके एक शिखर का प्राचीन नाम वेंकटाचल है जिसका उल्लेख रामानुज संप्रदाय के ग्रंथ प्रपन्नामृत, अध्याय 51 में है: वेंकटाचल के निकट रामानुज ने (15वीं शती ई०) गोविंदराज (विष्णु) की मूर्ति को स्थापित किया था।

तिरुमलाई (मद्रास)

एक प्राचीन जैन मंदिर यहाँ का उल्लेखनीय स्मारक है। इस मंदिर का जीर्णोद्धार 1955-56 में पुरातत्व विभाग द्वारा किया गया था।

तिरुवंजिकलम् (केरल)

चेर या केरल की प्राचीन राजधानी जो सबसे पहली राजधानी वंजि के पश्चात् बसाई गई थी। यह नगर परियार नदी पर स्थित था (स्मिथ—अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया—पृ० 477)

तिरुवन्नमलई (मद्रास)

समुद्रतल से 2668 फुट ऊंची पहाड़ी पर यहां एक प्राचीन मंदिर है जहाँ कार्तिक में शिव की पवित्र ज्वाला प्रज्वलित की जाती है।

तिरुवल्लूर (मद्रास)

आरकोनम स्टेशन से 17 मील दूर है। वरदराज का विशाल मंदिर तीन घेरों के अंतर्गत स्थित है। पहले घेरे की लंबाई 180 फुट और चौडाई 155 फुट, दूसरे की लंबाई 470 फुट और चौडाई 470 फुट, और तीसरे की लंबाई 940 फुट और चौडाई 700 फुट है। पहले घेरे के चारों ओर दालान और मध्य में वरदराज की मूर्ति भुजंग पर शयन करती हुई दिखाई देती है। पास ही शिवमंदिर है। यह भी कई ड्योढ़ियों के भीतर है। दोनों मंदिरों के आगे जगमोहन है और घेरे के आगे गोपुर। दूसरे घेरे में जो पीछे बना था बहुत से छोटे स्थान और दालान और पहले गोपुर से अधिक ऊंचे दो गोपुर हैं। तीसरे घेरे के भीतर जो दूसरे के बाद में बना था 668 स्तंभों का एक मंडप और कई मंदिर तथा पांच गोपुर हैं जिनमें प्रथम और अंतिम बहुत विशाल हैं। जनश्रुति के अनुसार अज्ञातवास के समय पांडवों ने यहां शिव की आराधना के फलस्वरूप भयंकर जल-त्रास से त्राण पाया था। वडागलाई संप्रदाय का केंद्र यहां के अहोबिल्लम मठ में है।

तिरुवांकुर (केरल)

ट्रावनकोर का प्राचीन नाम। इसका अर्थ है लक्ष्मी का घर। तिरुवांकुर का प्रदेश प्राचीन काल में केरल में सम्मिलित था। एक पौराणिक कथा के अनुसार महर्षि परशुराम ने इस भूभाग को अपने परशु द्वारा समुद्र से छीन लिया था। उन्होंने अपना फरसा समुद्र में फेंका और जितनी दूर वह जाकर गिरा उतनी दूर तक समुद्र पीछे हट गया। इस समुद्रनिर्गत भूमि पर उन्होंने बाहर से मनुष्यों को लाकर बसाया था। इस कथा में एक भौगोलिक तथ्य निहित है क्योंकि भूगोलविदों का विचार है कि केरल के प्रदेश पर पहले समुद्र लहराता था जिसके अवशेष लेगूनों (lagoons) के रूप में आज भी विद्यमान हैं।

तिरुवारूर=कमलालय
तिरुविदम्=त्रिवेंद्रम
तिरुविदलूर=इद्रपुर (1)
तिरुवेंकाडु (मद्रास)

यह स्थान चिदंबर से 15 मील आगे वैदीश्वरन् कोइल स्टेशन के निकट है। इसका प्राचीन नाम श्वेतारण्य है। यहां अघोरमूर्ति शिव का मंदिर है जिसके तामिल अभिलेख से विदित होता है कि चोलनरेश राजराज ने कुछ मूल्यवान वस्तुए इस मंदिर को भेंट की थी जिनमे पद्मराज मणि की एक श्रृंखला भी थी।

तिरुवंची (-वांची-) कुलम (कोचीन, केरल)

वर्तमान क्रगनोर। कोचीन के निकट प्राचीन केरल की प्रथम ऐतिहासिक राजधानी के रूप मे यह अति प्राचीन स्थान उल्लेखनीय है। देवीभगवती का मंदिर और एक गिरजा घर (शायद प्रथम शती ई० मे निर्मित) अब यहा के अवशिष्ट स्मारक हैं। तिरुवंचीकुलम् मे पेरुमल सम्राटो की राजधानी थी। इन्ही मे से एक, कुलशेखर पेरुमल ने प्रसिद्ध वैष्णव महाकाव्यप्रबंधम् की रचना की थी। ईसापूर्व कई शतियो तक यह स्थान दक्षिण भारत का बडा व्यापारिक केंद्र था। यहा मिस्र, बाबुल, यूनान, रोम और चीन के व्यापारियो तथा यात्रियो के समूह बराबर आते जाते रहते थे। यही 68 या 69 ई० मे रोमनो द्वारा निष्कासित यहूदियो ने शरण ली थी। इसी स्थान को शायद रोमन लेखको ने मुजिरिस (मुरचीपत्तन या मरिचीपत्तन्) लिखा है। यहा से मरिच या काली मिर्च का रोम साम्राज्य के देशो के साथ भारी व्यापार था (दे० क्रगनोर)। मुरचीपत्तन (पाठान्तर सुरभीपत्तन) का उल्लेख महाभारत सभा० 31,68 मे है। (दे० सुरभीपत्तन)

तिल त

दिल्ली के निकट एक ग्राम जो स्थानीय किंवदती के अनुसार उन पांच ग्रामो मे था जिनकी मांग पांडवो ने दुर्योधन से की थी और जिनके न मिलने पर महाभारत का युद्ध प्रारंभ हुआ था। इस किंवदती के अनुसार पाच ग्राम ये हैं: बागपत, तिलपत, सोनपत, इद्रपत और पानीपत। किंतु इस किंवदंती की पुष्टि महाभारत से नही होती (दे० अविस्थल)।

तिलारनदी=दे० तैल
तिलावडी=दे० (तरायन)
तिलिवल्ली (महाराष्ट्र)

चालुक्यवास्तुशैली मे बने हुए (चालुक्य-कालीन) मंदिर के लिए यह स्थान

उल्लेखनीय है।

तिलोत्तमा (नेपाल)

बुटवल के निकट बहने वाली नदी जिसका संबंध पौराणिक अनुश्रुतियों में तिलोत्तमा नामक अप्सरा से बताया जाता है। कहा जाता है कि तिलोत्तमा में सृष्टि की श्रेष्ठ स्त्रियों के सौंदर्य के सभी गुण वर्तमान थे।

तिलौराकोट (नेपाल)

इस ग्राम को कुछ लोग प्राचीन काल के प्रसिद्ध नगर कपिलवस्तु के स्थान पर बसा हुआ मानते हैं (दे० कपिलवस्तु)।

तिसरुा=तृष्णा

तीरभुक्ति (बिहार)

उत्तरी बिहार का तिरहुत प्रदेश। प्राचीन काल में यह प्रदेश मिथिला या विदेह जनपद में सम्मिलित था। शक्ति संगम-तंत्र म तीरभुक्ति या विदेह का विस्तार गडक से चपारण्य तक माना गया है। तीरभुक्ति का अनेक गुप्तकालीन अभिलेखों में उल्लेख है। बसाढ़ (प्राचीन वैशाली) से प्राप्त मुद्राओं से सूचित होता है कि चद्रगुप्त द्वितीय के समय तीरभुक्ति का अलग प्रांत था, जिसका शासक गोविंदगुप्त था। यह चद्रगुप्त द्वितीय तथा महारानी ध्रुवदेवी का पुत्र था। इसकी राजधानी वैशाली में थी। मुद्राओं में तीरभुक्त्युपरिकाधिकरण अर्थात् तीरभुक्ति के शासक के कार्यालय का भी उल्लेख है। उस समय तीरभुक्ति प्रांत में ही वैशाली की स्थिति थी। गुप्तकाल में भुक्ति एक प्रशासनिक एकक का नाम था।

तीर्थमलय (मद्रास)

यह पर्वत मद्रास मगलौर रेल मार्ग पर मोरप्पूर स्टेशन से 17 मील पर है। यह स्थान प्राचीन शिव मंदिर के लिए उल्लेखनीय है।

तुगकारण्य=तुगारण्य (बुंदेलखंड)

वेत्रवती (वेतवा) और जबुल (जामनेर) के संगम का परवर्ती प्रदेश जिसका क्षेत्रफल लगभग 35 वर्ग मील है, प्राचीनकाल का तुगारण्य है। झांसी से यह स्थल लगभग दस बारह मील दूर है। महाभारत के अनुसार इस वन का विस्तार शायद कालिंजर तक था—'तुगकारण्यमासाद्य ब्रह्मचारी जितेन्द्रिय, वेदानध्यापयत् तत्र ऋषि सारस्वत. पुरा। तदरण्य प्रविष्टस्य तुगक राजसत्तम पाप प्रणश्यत्यखिल स्त्रियो वा पुरुषस्य वा' वन० 85, 46-53। इसके पश्चात् ही (वन 85,56) कालजर (कालिंजर) का उल्लेख है। पद्मपुराण आदि० 39, 52 53 मे भी कालजर की स्थिति तुगकारण्य में बताई गई है। हिंदी के

प्रसिद्ध कवि केशवदास ने ओडछा तथा बेतवा की स्थिति तुगारण्य मे कही है —'नदी बेतवै तीर जह तीरथ तुगारन्य, नगर ओड़छो बहुबसै धरनीतल मे धन्य। केशव तुगारन्य मे नदी बेतवै तीर, नगर ओडछे बहु बसै पडित मडित भीर'।

तुगनाथ (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

केदारनाथ के निकट एक ऊंची पहाडी जहा चोपती चट्टी के पास 12080 फुट की ऊचाई पर एक शिवमदिर स्थित है। यह भारत का सर्वोच्च मदिर है जिसके कारण तुगनाथ का नाम सार्थक ही जान पडता है। इसकी गणना पच-केदारो मे की जाती है और यहा बाहुरूपी शिव की उपासना की जाती है। तुगनाथ को प्राचीन काल मे उत्तराखड का पुण्यस्थल समझा जाता था। महाभारत वनपर्व के अतर्गत तीर्थों मे उल्लिखित भृगुतुग नामक स्थान सभवतः तुगनाथ ही है। इसके पास ऋषिकुल्या नदी बहती हुई बताई गई है—'ऋषि-कुल्यां समासाद्य नरः स्नात्वा विकल्मषः, देवान् पितृंश्चार्चयित्वा ऋषिलोक प्रपद्यते। यदि तत्र वसेन्मास शाकाहारो नराधिप, भृगुतुग समासाद्य वाजिमेध-फल लभेत्'—वन० 84, 49-50। 'भृगुर्यत्र तपस्तेपे महर्षिगण सेविते, राजन् स आश्रमः ख्यातो भृगुतुगो महागिरिः' महा० वन० 90,2,3 यहा इस स्थान को भृगु की तपस्थली बताया गया है। ऋषिकुल्या गढवाल की ऋषिगगा नामक नदी है।

तुंगभद्र (मैसूर)

तुगभद्रा नदी के तट पर बसा हुआ प्राचीन स्थान है। यहां से नौ मील दूर राघवेंद्र स्वामी का मदिर है। जनश्रुति है कि श्री रामचद्र जी वनवासकाल मे यहां कुछ समय तक रहे थे।

तुंगभद्रा

दक्षिण भारत की प्रसिद्ध नदी। मैसूर राज्य मे स्थित तुग और भद्र नामक दो पर्वतो से निसृत दो स्रोतो से मिलकर तुगभद्रा नदी की धारा बनती है। उद्भव का स्थान गगामूल कहलाता है (इडियन एटिक्वेरी, पृ० 212) तुग और भद्र श्रृगेरी, श्रृगगिरि या वराहपर्वत के अतर्गत हैं और ये ही तुगभद्रा के नाम का कारण हैं। श्रीमद्भागवत (5,19,18) मे तुगभद्रा का उल्लेख है '—चद्रवसा ताम्रपर्णी अवटोदा कृतमाला वैहायसी कावेरी वेणी पयस्विनी शर्करावर्ता तुगभद्रा कृष्णा—' महाभारत में सभवतः इसे तुगवेणा कहा है। पद्मपुराण (178,3) में हरिहरपुर को तुगभद्रा के तट पर स्थित बताया गया है।

किला तुगलकाबाद

(भारतीय पुरातत्त्व-विभाग के सौजन्य से)

तुगवेणा=तुंगवेणी

महाभारत भीष्म० 9,27 में वर्णित एक नदी जो संभवतः तुंगभद्रा है—'उपेंद्रा बहुला चैव, कुचीरामम्बुवाहिनीम् विनदींपिंजला वेणां तुंगवेणा महानदीम्'

तुगार (महाराष्ट्र)

बसीन से 3 मील दूर सोपारा नामक ग्राम के निकट एक पहाड़ है जिसके शिखर पर चार सुंदर मंदिर हैं। सोपारा प्राचीन शूर्पारक है।

तुंगारण्य=तुंगकारण्य

तुंबरियगण (लंका)

महावंश 10,53 में वर्णित एक सरोवर जो धूमरक्ख पर्वत पर स्थित है। यह पर्वत महावेलिगंगा के वाम तट पर है। महावंश के अनुसार तुंबरियगण में निवास करने वाली एक यक्षिणी को लंका के राजा पांडुकाभय ने अपने वश में किया था।

तुंबवन (परगना अशोकनगर, जिला गुना, म० प्र०)

अशोक नगर स्टेशन से पांच मील पर स्थित तुमैन गुप्तकाल के अभिलेखों में वर्णित तुंबवन है। गुप्तकाल में यह स्थान एरण प्रदेश में सम्मिलित था। यहां से गुप्त संवत् 116=435 ई० का कुमारगुप्त के काल का, एक अभिलेख प्राप्त हुआ था जिसका संबंध गोविंदगुप्त नामक व्यक्ति से है। इसमें घटोत्कच-गुप्त का भी उल्लेख है। स्थानीय किंवदंती के अनुसार यहां राजा मकरध्वज की राजधानी थी। गुप्तकालीन इमारतों के कई अवशेष यहां आज भी स्थित हैं।

तुखार=तुषार

तुग़लकाबाद

वर्तमान दिल्ली से लगभग 11 मील दक्षिण में और कुतुबमीनार से प्रायः 3 मील दूर, 14वीं शती में बसाई गई तुगलकों की राजधानी के खंडहर हैं जिसे तुगलकाबाद कहा जाता है। इसकी नींव डालने वाला गयासुद्दीन तुगलक था (1320 ई०)। नगर के चारों ओर दृढ़ प्राचीर थी और 7 मील की दूरी तक सुदृढ़ दुर्ग-व्यवस्था का विस्तार था। नगर के अंदर सैंकड़ों मकान, महल, मंदिर और मसजिदें बनी हुई थीं। इस नगर को हजारों शिल्पियों तथा श्रमिकों ने दो वर्ष के कड़े परिश्रम के पश्चात् बनाया था किंतु मु० तुगलक के दिल्ली से राजधानी को देवगिरि ले जाने और दिल्ली वापस लाने के कारण तुगलकाबाद उजाड़ सा हो गया। फिरोजशाह तुगलक के समय (1351-1388 ई०) में तुगलकाबाद तथा उसके उपनगर का विस्तार फ़िरोजशाह कोटला तक हो गया

था जो दिल्ली दरवाजे के निकट है कोटला भी खडहर हो गया है किंतु इस स्थान का खूनी दरवाजा आज भी 1857 के स्वतन्त्रता सग्राम के उस भयानक तथा करुणकांड की याद दिलाता है जिसमे अंतिम मुगल सम्राट् बहादुरशाह के तीन राजकुमारो मिर्जा मुगल अबूबकर और खिज्र खां की निर्मम हत्या अग्रेजो ने की थी। दे० दिल्ली

तुरतुरिया (जिला रायपुर, म० प्र०)

सिरपुर से 15 मील घोर वनप्रदेश के अतर्गत स्थित है। यहा अनेक बौद्धकालीन खडहर हैं जिनका अनुसधान अभी तक नहीं हुआ है। भगवान् बुद्ध की एक प्राचीन भव्य मूर्ति जो यहां स्थित है जनसाधारण द्वारा वाल्मीकि ऋषि के रूप मे पूजित है। पूर्वकाल मे यहां बौद्धभिक्षुणियो का भी निवास था। इस स्थान पर एक झरने का पानी 'तुरतुर' की ध्वनि से बहता है जिससे इस स्थान का नाम ही तुरतुरिया पड गया है। (दे० श्री गोकल प्रसाद—रायपुर रश्मि पृ० 67) इस स्थान का प्राचीन नाम अज्ञात है।

तुलजापुर (जिला उसमानाबाद, महाराष्ट्र)

नालदुग से 20 मील उत्तर पश्चिम मे बसा हुआ प्राचीन स्थान है। यहा तुलजा-भवानी का बहुत पुराना मदिर है। कहा जाता है कि श्रीरामचद्र को स्वप्न मे भवानी ने लका का मार्ग बताया था। दसहरा के बाद की पूर्णमासी को यहां की यात्रा होती है। यह मदिर यमुनाचल नामक पहाडी पर स्थित है। मूलरूप मे यह मदिर आठ सौ वर्ष पुराना कहा जाता है। कोल्हापुर और सतारा नरेशो तथा अहिल्याबाई होलकर ने मदिर के बाहरी भागो को बनवाया था। महाराष्ट्र-वीर शिवाजी को तुलजापुर की भवानी का इष्ट था। उनके चढ़ाए हुए अनेक आभूषण मदिर मे अभी तक सुरक्षित हैं। मदिर के अदर गोमुख से पानी निस्सृत होता हुआ कल्लोल तीर्थ मे जाता है। भवानी-मदिर के पीछे भारतीय मठ है जहां किवदती के अनुसार तुलजा देवी से चौपड खेलने आती थीं।

तुलसी (महाराष्ट्र)

पचगगा (कृष्ण की सहायक नदी) की उपनदी। कासारी, कुभी, तुलसी, भोगवती और सरस्वती की सयुक्त धारा का नाम ही पचगगा है। तुलसी पश्चिमी घाट की पर्वत श्रेणी से निकलने वाली छोटी सरिता है। पचगगा और कृष्णा के सगम पर प्राचीन स्थान अमरपुर बसा हुआ है।

तुलुग=**तुलुव**

दक्षिण कनारा का प्रदेश जिसका विस्तार गोआ के दक्षिण मे पश्चिमीतट

के साथ-साथ है। यहां की भाषा तुलु है।

तुल्या

गोदावरी की सात शाखानदियों में है जिन्हे महाभारत, वन० 85,43 में सप्तगोदावरी कहा गया है। (दे० गोदावरी)

तुषार

तुखार या चीनी तुर्किस्तान (सिक्यांग) का प्राचीन भारतीय नाम। दूसरी शती ई० पू० में यूचियों या ऋषिकों (दे० ऋषिक, उत्तर ऋषिक) ने अपने मूल स्थान चीनी तुर्किस्तान से (जहा उनका वर्णन महाभारत में है) बल्ख या वाह्लीक की ओर प्रव्रजन किया था क्योंकि उनका आक्रमणकारी हूणों ने वहा से आगे खदेड दिया था। कालान्तर में यूचिकों की एक शाखा, कुषाणों ने भारत में आकर यहा राज्य स्थापित किया। कनिष्क इस शाखा का प्रसिद्ध राजा था। महाभारत, सभा० 27,25 26-27 के अनुसार ऋषिकों को अपनी दिग्विजय यात्रा में अर्जुन ने विजित किया था।

तुषारन विहार (जिला प्रतापगढ, उ० प्र०)

गगा की पुरानी धारा के तट पर बसा है। कनिंघम ने इसे तुषारारण्य माना है। यहा एक प्राचीन बौद्ध विहार था। शायद युवानच्वांग द्वारा उल्लिखित प्रयोमुख यही है।

तुषारण्य दे० तुषारनविहार

तुसम (जिला हिसार, पजाब)

चौथी या पाचवी शती ई० का (गुप्तकालीन) एक शिलालेख यहा से प्राप्त हुआ था जिसमे आचार्य सोमत्रात द्वारा भागवत (विष्णु) के मंदिर के लिए दो तडागों तथा एक भवन के निर्माण किए जाने का उल्लेख है। जब प्रथम बार कनिंघम ने इस अभिलेख को प्रकाशित किया था तो यह समझा जाता था कि इसमें प्रथम गुप्त-नरेश महाराज घटोत्कचगुप्त का उल्लेख है किंतु गुप्त-अभिलेखों के विशेषज्ञ फ्लीट के मत में यह शब्द 'दानवागना' है।

तूघ्नं (दे० कुरु)

तृतीया

महाभारत सभा० 9,21 मे उल्लिखित नदी-'तृतीया ज्येष्ठिलाचैव शोणश्चापि महानद, चर्मण्वती तथा चैव पर्णाशाच महानदी'। तृतीया का, ज्येष्ठिला (सोन की सहायक जोहिला) और शोण (सोन) के साथ उल्लेख से, यह बिहार के सोन के निकट बहने वाली कोई नदी जान पडती है। अभिज्ञान अनिश्चित है।

के अनुरूप है। मंदिर ईंटों का बना है। इसके देवगृह के ऊपर नालाकार महराब-वाली छतें हैं। सामने वर्गाकार तथा सपाट छत का मंडप है। मंदिर की ईंटें बहुत बड़ी हैं और उसकी प्राचीनता की सूचक हैं। कुछ विद्वानों का मत है कि टॉलमी ने पैठान के साथ ही दक्षिण भारत के जिस प्रसिद्ध व्यापारिक नगर तगारा का उल्लेख किया है वह इसी स्थान पर बसा होगा। तगारा की मलमल प्रसिद्ध थी। तेर विठोबा भगवान् के भक्त, संत गोरा खम्भर कुम्हार के संबंध के कारण भी प्रसिद्ध है। ये महाराष्ट्र के प्रख्यात संत नामदेव के समकालीन थे। कहा जाता है कि एक बार भक्ति में इतने तल्लीन हो गए कि उन्हें सामने ही अपने शिशु के, बर्तन बनाने की मिट्टी के गढ़े में डूब जाने की खबर तक न हुई।

तेरन्दुर

दक्षिण रेलवे के कुत्तालुम स्टेशन से तीन मील दूर स्थित है। दक्षिण भारत में यह विष्णु-उपासना का केंद्र है। तमिल रामायण के प्रसिद्ध रचयिता कविवर कंब का यह जन्म स्थान भी है। इसे रथपातस्थली भी कहते हैं।

तेलगाना

शायद त्रिकलिंग का रूपांतर है। मैसूर व आंध्र के तेलुगूभाषी प्रदेश को तेलगाना कहा जाता है। (दे० त्रिकलिंग)

तैलगिरि [दे० तैल (1)]

तेवर (दे० त्रिपुरी)

तैल (1)=तैलवाह

सेरीवनिज जातक में उल्लिखित तैलवाह नदी का अभिज्ञान तैलगिरि नामक नदी से किया गया है—दे० डा० भंडारकर-इंडियन एंटिक्वेरी 1918, पृ० 71। इस जातक के अनुसार अंधपुर नामक नगर तैलवाह के तट पर बसा था। डा० भंडारकर के मत में अंधपुर आंध्रप्रदेश का मुख्य नगर था। रायचौधरी के मत में तैलवाह नदी वर्तमान तुंगभद्रा-कृष्णा की संयुक्त धारा का प्राचीन नाम है और अंधपुर की स्थिति बेजवाड़ा के स्थान पर रही होगी—दे०-रायचौधरी-हिस्ट्री ऑव एंशेंट इंडिया, पृ० 78।

2–(बिहार) सोनपुर के निकट बहने वाली एक नदी। सुवर्णमेरु शिवमंदिर इसी नदी के तट पर अवस्थित है।

3–लुंबिनी के निकट एक छोटी नदी जिसका उल्लेख युवानच्वांग ने किया है। यह अब तिलार कहलाती है।

तेलवाह्=तैल (1)

तोन्नूर (मैसूर)

मोतीतालाब के निकट स्थित छोटा सा ग्राम है जिसका प्राचीन नाम यादव गिरि (=मेल्कोटे) है। देवगिरि के यादव-नरेशों के नाम से ही यह स्थान प्रसिद्ध था। यहां प्राचीन समय मे सेनाशिविर था। 1099 ई० मे दक्षिण के प्रसिद्ध दार्शनिक तथा धर्माचार्य रामानुज, चोलराज कारिकल के अत्याचार से बच कर यादवगिरि के राजा विष्णुवर्धन की शरण मे आकर रहे थे।

तोपरा (जिला अंबाला, हरियाणा)

इस ग्राम मे प्राचीनकाल मे अशोक का एक प्रस्तरस्तंभ स्थित था, जिसे फिरोजशाह तुगलक (1351-1388) दिल्ली ले आया था। यह स्तंभ आज भी वहां फिरोजशाह कोटला मे स्थित है। इस स्तंभ पर अशोक की 17 धर्म लिपियां अंकित हैं। इस स्तंभ को दिल्ली-तोपरा स्तंभ कहा जाता है।

तोया

विष्णुपुराण 2,4,28 मे उल्लिखित शाल्मली द्वीप की एक नदी 'योनिस्तोया वितृष्णा च चंद्राशुक्ला विमोचिनी, निवृत्तिः सप्तमी तासां स्मृतास्ता पापशान्तिदा.'।

तोरण

वाल्मीकि रामायण, अयो० 71,11 मे वर्णित एक ग्राम जो भरत को, केकय देश से अयोध्या जाते समय गंगा के पूर्व मे मिला था—'तोरण दक्षिणार्धेन जंबूप्रस्थं समागमत्'

2-(महाराष्ट्र) तोरण का प्रसिद्ध दुर्ग महाराष्ट्रकेसरी शिवाजी ने बीजापुर के सुलतान से छीन लिया था (1646 ई०)। यह उनके पिता शाहजी की जागीर के दक्षिणी सीमांत पर स्थित था। यहां शिवाजी को पूर्व समय का गढ़ा हुआ बहुत सा धन प्राप्त हुआ था जिसकी सहायता से उन्होंने अस्त्रशस्त्र तथा गोला बारूद खरीदा और तोरण के क़िले से छः मील दूर मोरबद के पर्वत-शृंग पर राजगढ़ नामक दुर्ग बनवाया।

तोसल=तोसलि=धौली (उड़ीसा)

भुवनेश्वर के निकट शिशुपालगढ के खंडहरों से 3 मील दूर धौली-नामक प्राचीन स्थान है जहां अशोक की कलिंगधर्मलिपि चट्टान पर अंकित है। इस अभिलेख में इस स्थान का नाम तोसलि है और इसे नवविजित कलिंग देश की राजधानी बताया गया है। यहां का शासन एक कुमारामात्य के हाथ मे था। अशोक ने इस अभिलेख द्वारा तोसलि और समापा के नगर-व्यावहारिकों को

कडी चेतावनी दी है क्योंकि उन्होंने इन नगरों के कुछ व्यक्तियों को अकारण ही कारागार मे डाल दिया था। सिलवनलेवी के अनुसार गंडव्यूह नामक ग्रंथ मे 'अमित तोसल' नामक जनपद का उल्लेख है जिसे दक्षिणापथ मे स्थित बताया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि इस जनपद म तोमल नामक एक नगर है। कुछ मध्यकालीन अभिलेखो म दक्षिण तोसल व उत्तर तोसल का उल्लेख है (एपिग्राफिका इडिया 9,586,15,3)। जिससे जान पडता है कि तोसल एक जनपद का भी नाम था। प्राचीन साहित्य में तोसलिके दक्षिणकोसल के साथ सबध का भी उल्लेख मिलता है। टॉल्मी के भूगोल में भी तोसली (Tosler) का नाम है। कुछ विद्वानों (सिलवनलेवी आदि) के मत में कोसल, तोसल, कलिंग आदि नाम ऑस्ट्रिक भाषा के हैं। ऑस्टिक लोग भारत मे द्रविडो से भी पूर्व आकर बस थे। धौली या तोसलि दया नदी क तट पर स्थित है।

तौषायण

पाणिनि 4,2,80 में उल्लिखित है। श्री वा० श० अग्रवाल के मत मे यह स्थान जिला हिसार का टोटाणा है।

त्रबावती (काठियावाड, गुजरात)

यह प्राचीन नगरी खभात से चार मील दूर बसी थी। इसे स्तब या स्तभ तीर्थ भी कहा जाता था। खभात इसी का विकृत रूप है।

त्रिंगलवाडी (महाराष्ट्र)

इगतपुरी स्टेशन से छ मील दूर यह ग्राम एक पहाडी पर बसा हुआ है। पहाडी के नीचे क भाग म एक शैलकृत्त जैन गुहा है जिसका भीतरी कक्ष 35 फुट चौडा है। द्वार पर तथा अदर कई जिन मूर्तिया है। 1208 ई० का एक अभिलख भी यहा से प्राप्त हुआ है जिससे गुहा मध्यकालीन प्रमाणित हाती है।

त्रिऋषि सरोवर

स्कदपुराण म आधुनिक नैनीताल (उ प्र) की झील का नाम। इसे अत्रि, पुलह और पुलस्त्य क नाम पर त्रिऋषि सरोवर कहा गया है। पौराणिक किवदती क अनुसार इन ऋषियो ने इस झील के तट पर प्राचीन काल मे तप किया था।

त्रिकटक

पौराणिक अनुश्रुति क अनुसार जनस्थान (नासिक का परवर्ती प्रदेश) का एक नाम—'कृत तु पद्मनगर, त्रेतायां तु त्रिकटकम्, द्वापरे जनस्थान कलौ नासिकमुच्यते'।

त्रिककुद्

अथर्ववेद मे वर्णित हिमालय-शृग जो चिनावनदी की घाटी (पजाब) का त्रिकूट (यह नाम परवर्ती साहित्य मे मिलता है) या वर्तमान त्रिकोट है।

त्रिकलिंग

कलचुरिनरेश कर्णदेव के अभिलेखो मे त्रिकलिंग नाम से तेलगाना (आध्र और मैसूर का तेलुगू प्रदेश) देश का अभिधान किया गया है। कुछ ऐतिहासिकों के अनुसार आध्र, अमरावती और कलिंग का सयुक्त नाम त्रिकलिंग था। इसे कर्णदेव ने जीत कर अपने राज्य में मिला लिया था। अन्य विद्वानो के अनुसार यह उडीसा के उत्कल, कोगद और कलिंग का सयुक्त नाम था। कुछ लेखकों का मत यह भी है कि त्रिकलिंग उत्तरी कलिंग का नाम था—(दे० महताब-हिस्ट्री ऑव उडीसा—पृ० 3)

त्रिकूट

(1)=त्रिककुद्। त्रिककुद् अथर्ववेद मे वर्णित है। त्रिकूट नाम परवर्ती साहित्य का है। यह चिनाव नदी की घाटी (पजाब) का वर्तमान त्रिकोट नामक पर्वत है। विष्णुपुराण 2,2,27 मे त्रिकूट को मेरु का केसराचल कहा गया है—'त्रिकूट शिशिरश्चैव पतगोरुचकस्तथा, निषादाद्या दक्षिणतस्तस्य केसरपर्वता'। अथर्ववेद और विष्णुपुराण के त्रिकूट एक ही हैं या भिन्न, इसके बारे मे निश्चित रूप से कुछ नही कहा जा सकता।

(2) कोकण (महाराष्ट्र) मे स्थित पर्वत तथा परिवर्ती प्रदेश। कालिदास ने रघुवश 4,59 मे रघु की दिग्विजययात्रा के प्रसग मे अपरात की विजय के पश्चात् रघु द्वारा त्रिकूट पर चढाई का वर्णन किया है—'मत्तेभरदनोत्कीर्ण व्यक्त विक्रम लक्षणम्, त्रिकूटमेव तत्रोच्चैर्जयस्तम्भ चकार स.'। यहाँ कालिदास ने त्रिकूट पर्वत को ही रघु का विजय स्तभ माना है। त्रिकूट पर्वत का उल्लेख श्रीमद्भागवत 5,19,16 मे भी है—'भारतेऽप्यस्मिन् वर्षे सरिच्छैला. सन्ति बहवो मलयो मगलप्रस्थो मैनाकस्त्रिकूटऋषभ. कूटक—'। वाकाटक-नरेश हरिषेण के अभिलेख मे त्रिकूट पर उसकी विजय का उल्लेख है (525 ई०)। यह अभिलेख अजता की गुफा 13 मे उत्कीर्ण है। त्रिकूट का प्रदेश जिसका नाम त्रिकूट पर्वत के कारण ही हुआ होगा स्थूल रूप से जिला थाना (महाराष्ट्र) के अतर्गत माना जा सकता है।

(3) (बिहार) वैद्यनाथ के निकट एक पर्वत जो प्राचीन तीर्थ समझा जाता है। यहां मयूराक्षी नदी का स्रोत है।

(4) वाल्मीकि रामायण के अनुसार रावण की लका त्रिकूट पर्वत पर बसी

हुई थी—'त्रिकूटस्य तटे लंका स्थित स्वस्थो ददर्श ह्'-सुदर॰ 2,1 तथा, 'कैलासशिखराकारे त्रिकूटशिखरेस्थिता लंकामीक्षस्व वैदेहि निर्मिता विश्वकर्मणा—' युद्ध॰ 123,3। अध्यात्मरामायण 1,40 में भी लका को त्रिकूट के शिखर पर स्थित कहा है—'नाना पक्षिमृगाकीर्णां नाना पुष्पलतावृताम् ततोददर्श नगर त्रिकूटाचलमूर्धनि।' तुलसीदास ने भी इसी पर्वत का निर्देश करते हुए लिखा है 'सहित सहाय रावर्णहि मारी, आनो यहा त्रिकूट उघारी।' किष्किधाकाण्ड।

(5) श्रीमद्भागवत 9,2,1 में उल्लिखित अनभिज्ञात पर्वत—'आसीद् गिरिवरो राजस्त्रिकूट इति विश्रुत, क्षीरोदेनावृतः श्रीमान् योजनायुतमुच्छ्रित'। इसके अनुवर्ती श्लोकों मे इसका विस्तृत वर्णन है तथा इसे गज-ग्राह की प्रसिद्ध आख्यायिका की घटनास्थली माना है। (दे॰ चयारण्य)। इस पर्वत के चतुर्दिक समुद्र का वर्णन है।

(6) जम्मू (कश्मीर) मे स्थित एक पर्वत जिस पर पुराण-प्रसिद्ध वैष्णवदेवी का मदिर है

त्रिगर्त

जलधर दोआबे (पजाब) का प्राचीन नाम है। त्रिगर्त का शाब्दिक अर्थ है —तीन गह्वरों वाला प्रदेश। यह स्थूल रूप से रावी, बियास और सतलज की उद्गम-घाटियों मे स्थित प्रदेश का नाम था। इसमें कागडा और कुलु का प्रदेश भी सम्मिलित था जिसके कारण भुवनकोष मे इस प्रदेश को 'पर्वताश्रयी' भी कहा गया है। महाभारत तथा रघुवश में उल्लिखित उत्सवसंकेत नामक गणराज्यो की स्थिति इसी प्रदेश में थी। महाभारत, विराट॰ 30,31,32,33 मे मत्स्य देश पर त्रिगर्तराज सुशर्मा की चढ़ाई का विस्तृत वर्णन है। इन्होंने मत्स्य-नरेश की गौओं का अपहरण किया था—'एव तैस्तवभिनिर्याय मत्स्यराजस्य गोधने, त्रिगर्तै गृह्यमाणे तु गोपाला. प्रत्यषेधयन्'। इस वर्णन से प्रतीत होता है कि महाभारत-काल मे मत्स्य और त्रिगर्त पड़ोसी देश थे। सभव है उस समय त्रिगर्त का विस्तार उत्तरी राजस्थान (=मत्स्य) तक रहा हो।

त्रिचनापल्ली=त्रिशिरापल्ली

किंवदती के अनुसार त्रिशिर नामक राक्षस का ग्राम (पल्ली) होने के कारण यह नगरी त्रिशिरापल्ली कहलाई। कहा जाता है कि त्रिशिर का वध शिव ने इसी स्थान पर किया था। यह नगरी मद्रास से 250 मील दूर कावेरी तट पर अवस्थित है। त्रिचनापल्ली का दुर्ग पल्लवकालीन है। यह एक मील लबा और ½ मील चौड़ा समकोणाकार बना है और 272 फुट ऊंची पहाड़ी पर है। शिखर पर जाते समय पल्लवनरेशों के समय मे निर्मित सौ स्तभों का एक मडप और कई

गुहामंदिर दिखाई पड़ते हैं। पहले दुर्ग के चारों ओर एक खाई थी और परकोटा खिंचा हुआ था। खाई अब भर दी गई है। भीतर एक विशाल चट्टान पर भूतेश्वर शिव और गणेश के मंदिर स्थित हैं। चट्टान के दक्षिण में नवाब का महल है जिसे 17वीं शती में चोकानायक ने बनवाया था। चट्टान और मुख्य प्रवेशद्वार के बीच में तेप्पकुलम् या नौकासरोवर है। गणपति मंदिर दुर्ग से 2 फर्लांग दूर है। अभिलेखों में त्रिचनापल्ली का एक नाम त्रिशुरपुर भी मिलता है।

त्रिचूर (केरल)

कोचीन का एक बड़ा नगर है। त्रिचूर वेदक्कनाथ के प्रसिद्ध प्राचीन शिव-मंदिर के चतुर्दिक बसा हुआ है।

त्रिजुगीनारायण (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

उत्तराखंड में केदारनाथ से बदरीनाथ जाने वाले मार्ग पर पुराण प्रसिद्ध तीर्थ है। यह समुद्रतल से 9½ सहस्र फुट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां ब्रह्मकुंड, विष्णुकुंड, रुद्रकुंड और सरस्वतीकुंड नामक चार सरोवर हैं। इनके पास ही नारायण का मंदिर है। एक स्थान पर निरंतर अग्नि प्रज्वलित रहती है। किंवदंती है कि यहीं शिव-पार्वती का विवाहसंस्कार सम्पन्न हुआ था। कुमार-संभव 7,83 में शिव-पार्वती के विवाह में अग्नि को साक्षी रूप में माना है—'वधू द्विज प्राह तवैष वत्से वह्निर्विवाह प्रतिकर्मसाक्षी, शिवेन भर्त्रा सह धर्मचर्या कार्या त्वयामुक्तविचारयेति'। संभवतः इसी पुण्य अग्नि के स्मारक के रूप में इस स्थान पर सदा अग्नि-प्रज्वलित रखी जाती है।

त्रिदिवा

(1) 'वेदस्मृतां वेदवतीं त्रिदिवामिक्षुलाकृमिम्' महा० भीष्म० 9,17। भीष्मपर्व में नदियों की लंबी सूची में त्रिदिवा का भी नाम उल्लेख है। यह वेदवती के निकट बहने वाली कोई नदी हो सकती है। वेदवती दक्षिण की नदी है जो भीमा के निकट बहती है।

(2) विष्णुपुराण के अनुसार प्लक्षद्वीप की नदी 'अनुतप्ता शिखीचैव विपाशा त्रिदिवा,क्लमा, अमृता सुकृता चैव सप्तैतास्तत्र निम्नगा'।

त्रिपुरा = टिपारा

त्रिपुरी (जिला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर से 7 मील पश्चिम की ओर तेवर नामक एक छोटा सा ग्राम प्राचीन काल की वैभव शालिनी नगरी त्रिपुरी का वर्तमान स्मारक है। त्रिपुरी का इतिहास महाभारत के समय तक जाता है। महाभारत में त्रिपुरी के राजा

अग्निजौत्रम् पर सहदेव की विजय का वर्णन है—'माद्रीसुतस्ततः प्रायाद् विजयी दक्षिणां दिशम्, त्रैपुरं स वशे कृत्वा राजानममितौजसम्' सभा० 31, 60. पद्म-पुराण और लिंगपुराण (अध्याय 7) में भी त्रिपुरी का उल्लेख है। तीसरी शती ई० की मुद्राओं में त्रिपुरी का नाम मिलता है। परिव्राजकमहाराज संक्षोभ के 518 ई० के ताम्रपट्टलेख में भी त्रिपुरी का नाम है। 9वीं शती ई० में मध्यप्रदेश के कलचुरिनरेश कोकल्लदेव ने त्रिपुरी में अपनी राजधानी बनाई। कलचुरि-नरेशों के शासन काल में—12वीं शती के मध्य तक त्रिपुरी की सर्वांगीण उन्नति हुई। स्थापत्य के अतिरिक्त संस्कृतसाहित्य भी त्रिपुरी के अनुकूल वातावरण में खूब फला फूला। कर्पूरमंजरी के प्रसिद्ध लेखक महाकवि राजशेखर कुछ समय तक त्रिपुरी में रहे थे। कलचुरि-नरेश शैव होते हुए भी अन्य संप्रदायों के प्रति पूर्ण, सहिष्णु थे और इसलिए इनके राजत्वकाल में हिंदू संस्कृति का सुंदर विकास हुआ। युवराजदेव द्वितीय (975-1000) के समय में त्रिपुरी अमरावती के समान सुंदर थी—'तत्रान्वये नयवतां प्रवरो नरेन्द्रः पौरंदरीमिव पुरीं त्रिपुरीं पुनानः' (जबलपुर ताम्रलेख)। कलचुरि-नरेश कर्णदेव (1041-73) ने भी त्रिपुरी के यश को दूर दूर तक फैलाया। त्रिपुरी के खंडहरों से अनेक मूर्तियां उपलब्ध हुई हैं। इनमें त्रिपुरेश्वर महादेव की प्रतिमा उल्लेखनीय है। कुछ लोगों का मत है कि त्रिपुरेश्वर शिव का मंदिर कलचुरिकाल में त्रिपुरी में स्थित था किंतु यह आश्चर्य की बात है कि इस मंदिर का उल्लेख किसी कलचुरि अभिलेख में नहीं है यद्यपि ये नरेश शैव ही थे। बालसागर नामक सरोवर के तट पर कई शैव मंदिरों के अवशेष आज भी हैं। यहीं गजलक्ष्मी की मूर्ति भी मिली थी। त्रिपुरी की कलचुरिकालीन मूर्तियों में आभूषणों का बाहुल्य दिखलाई देता है। त्रिपुरी से प्राप्त बहुत-सी ऐतिहासिक सामग्री भारतीय संग्रहालय कलकत्ता में सुरक्षित है। इसमें प्रवचनमुद्रा में स्थित बुद्ध की मूर्ति विशेष कलापूर्ण है। त्रिपुरी के समीप ही जंगल के भीतर कर्णबेल या कर्णावती नगरी के खंडहर हैं।

त्रिमली (महाराष्ट्र)

कर्णाटक-विजय के लिए जाते समय शिवाजी ने शेरखां लोदी को हराया था जो त्रिमली महाल में बीजापुर के सुल्तान की ओर से वहां के शासक के पद में नियुक्त था। इसने त्रिमली के निकट शिवाजी की सेना के अग्रभाग पर आक्रमण किया पर वह बुरी तरह से हारा और पकड़ा गया। इस घटना का उल्लेख कविवर भूषण ने शिवराज भूषण काव्य में इस प्रकार किया है—'दौरि कर्नाटक में तोरि गढ़ कोट लीन्हें मोदी सों पकरि लोदी शेरखां अचानका'।

त्रियामा=यमुना नदी (डाउसन-क्लासिकेल डिक्शनरी)

त्रिचनमल्लाई (मद्रास)

प्राचीन शिवतीर्थ जहां पांचों ज्योतिर्लिंगों का स्थान माना जाता है। कार्तिक तथा चैत में मंदिरों के निकट बड़े मेले लगते हैं।

त्रिवांकुर (दे० तिरुवांकुर)

त्रिविक्रमपुर (दे० तिरुवांपुर)

त्रिविष्टप

कुछ विद्वानों के मत में तिब्बत का प्राचीन भारतीय नाम त्रिविष्टप है और तिब्बत त्रिविष्टप का अपभ्रंश है। पौराणिक साहित्य में त्रिविष्टप नामक एक स्वर्ग का वर्णन है। संभव है इस कल्पना का प्राचीन तिब्बत देश से कुछ संबंध हो। तिब्बत प्राचीन काल से ही योगियों और सिद्धों का घर माना जाता रहा है तथा अपने पर्वतीय सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है। संसार में सबसे अधिक ऊंचाई (समुद्रतल से 12 सहस्र फुट से भी अधिक) पर बसा हुआ प्रदेश भी तिब्बत ही है। इस देश की उच्चता, दुरूहता एवं उसके शेष संसार से पृथक् रहने के कारण तथा सिद्धों की पुण्यभूमि होने के नाते प्राचीन भारतीयों ने उसकी स्वर्ग के रूप में कल्पना कर ली हो तो कोई आश्चर्य नहीं। वैसे भी शिव का निवास कैलास पर ही माना जाता था जो तिब्बत में ही स्थित है। कालिदास ने कैलास और मानसरोवर के निकट बसी हुई अलकापुरी का मेघदूत में वर्णन किया है। यह वर्णन भी स्वर्ग या किसी काल्पनिक सौंदर्य से मंडित देश के वर्णन के समान ही जान पड़ता है।

त्रिवेंद्रम (केरल)

तिरुवांकुर (=ट्रावनकोर) की भूतपूर्व राजधानी। 18वीं शती में राजा मार्तंड वर्मा ने केरल देश की सीमाएं विस्तृत करने के पश्चात् इस नगर में अपनी राजधानी स्थापित की थी। इस नगर के अधिष्ठातृ देव पद्मनाभ को उन्होंने अपना राज्य समर्पण कर दिया था तथा स्वयं देवता के प्रतिनिधि के रूप में राज्य करते थे। यहां पद्मनाभ विष्णु का विशाल मंदिर स्थित है। उन्हें अनन्तस्वामी भी कहते हैं। जान पड़ता है कि तिरुविदम् या त्रिवेंद्रम तिरुअनतपुर नाम का ही रूपांतर है।

त्रिवेलूर=त्रिवल्लूर

त्रिशिरापल्ली=त्रिचनापल्ली

त्रिशृंग

विष्णुपुराण के अनुसार त्रिशृंग मेरु के उत्तर में स्थित एक पर्वत है जो

पूर्व की ओर समुद्र के अंदर तक चला गया है—'त्रिशृंगोजारुधिश्चैव उत्तरौवर्यपर्वतौ पूर्वपश्चायतावेतावर्णवान्तर्व्यवस्थितौ—विष्णु० 2,2,43 । त्रिशृंग संभवत हिमालय की उत्तरी पूर्वी श्रेणियों में से किसी का नाम हो सकता है । (दे० जारुधि)

त्रिसामा

श्रीमद्भागवत 5,19,18 में उल्लिखित एक नदी—'त्रिसामा कौशिकी मदाकिनी यमुना सरस्वती विश्वेति महानद्य' । यूनानी लेखक स्ट्राबो के उल्लेख के अनुसार, बैक्ट्रिया के यवनराज मिनेंडर (मिलिंदपन्हो नामक ग्रंथ का मिलिंद जो भारत मे आने के पश्चात् बौद्ध हो गया था) ने भारत पर आक्रमण करते समय झेलम और 'इसामस' नामक नदियों को पार किया था । रायचौधरी ने इसामस के त्रिसामा होने की संभावना मानी है (दे० पोलीटिकल हिस्ट्री ऑव एशेंट इंडिया पृ० 319) किंतु यह अनुमान ठीक नहीं जान पड़ता । श्रीमद्भागवत के उल्लेख के अनुसार त्रिसामा कौशिकी के निकट होनी चाहिए । कौशिकी बंगाल उड़ीसा की सीमा के निकट बहने वाली कोस्या है । विष्णुपुराण 2,3,13 से भी त्रिसामा उड़ीसा (कलिंग) की कोई नदी जान पड़ती है ('त्रिसामा चार्यकुल्याद्या महेन्द्रप्रभवा स्मृता') क्योंकि इसका उद्गम आर्यकुल्या के साथ ही महेंद्रपर्वत में माना गया है । आर्यकुल्या उड़ीसा की ऋषिकुल्या जान पड़ती है ।

त्र्यक्ष

'द्व्यक्षांस्त्र्यक्षाल्ललाटाक्षान् नानादिग्भ्य समागतान्, औष्णीकानन्तवासांश्च रोमकान् पुरुषादकान् । एकपादांश्चतत्राहमपश्य द्वारिवारितान्—महा० सभा० 51, 17-18 । यहां दुर्योधन ने युधिष्ठिर के राजसूय-यज्ञ मे विदेशों से उपहार लेकर आने वाले विभिन्न देशवासियों का वर्णन किया है । इनमें द्व्यक्ष तथा त्र्यक्ष देशों से आए हुए लोग भी थे । प्रसंग से ये भारत की उत्तर-पश्चिमी सीमा के परिवर्ती प्रदेशों के निवासी जान पड़ते हैं । कुछ विद्वानों के मत में त्र्यक्ष, तरखान (दक्षिणी रूस में स्थित) का नाम है और द्व्यक्ष बदख्शां का । उपर्युक्त उद्धरण में इन लोगों को औष्णीष या पगड़ी धारण करने वाला बताया गया है जो इन ठंडे देशों के निवासियों के लिए स्वाभाविक बात मानी जा सकती है । (दे० द्व्यक्ष, ललाटाक्ष)

त्र्यंबक

पश्चिमी घाट की गिरिमाला का एक पर्वत । इसके एक भाग ब्रह्मगिरि

से गोदावरी निकलती है। ब्रह्मगिरि मे एक प्राचीन दुर्ग भी है। त्र्यंबकेश्वर नाम की बस्ती नासिक से 18 मील दूर है।

त्र्यंबकेश्वर (जिला नासिक, महाराष्ट्र)

नासिक से 18 मील दूर प्राचीन शिवतीर्थ। यह शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगो में से है और अजनेरी पहाडी पर अवस्थित है। गोदावरी का उद्गम निकट ही है। (दे० त्र्यंबक, ब्रह्मगिरि)

थराद (गुजरात)

पालनपुर-कंडला रेलमार्ग पर देवराज स्टेशन और राधनपुर के निकट प्राचीन जैन तीर्थ है। यहा प्राचीन काल मे विशाल जिनालय था जो मध्यकाल मे मुसलमानो द्वारा नष्ट कर दिया गया। आजकल भी खडहरो से प्राचीन मूर्तिया मिलती हैं। इस नगर का प्राचीन नाम शायद स्थिरपुर था। जैन ग्रंथ तीर्थमालाचैत्यवदन मे इसे 'थारापद्रपुर' कहा गया है।

थानेसर दे० स्थानेश्वर

थारापद्रपुर

प्राचीन जैन तीर्थ जो वर्तमान थराद है। इसका तीर्थमाला चैत्यवदन मे इस प्रकार उल्लेख है—'थारापद्रपुरे च वाविहपुरे कासद्रहे चेडरे'। यह राधनपुर (गुजरात) के पास स्थित है। (दे० थराद)

थूबौन (बुदेलखड, म० प्र०)

बुदेलखड की मध्यकालीन वास्तुकला के अनेक सुदर अवशेषो के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

त्रिक्ककरई (केरल)

यह कोचीन से 6 मील पर तालवृक्षो से आच्छादित छोटा सा ग्राम है किंतु जनश्रुति के अनुसार एक समय प्राचीन केरल की यहां राजधानी थी। कहा जाता है कि पुराणो मे प्रसिद्ध पाताल देश के राजा महाबली यहीं राज्य करते थे और वामन भगवान ने इनसे तीन पग धरती मांगने के बहाने समस्त पृथ्वी का राज्य ले लिया था। त्रिक्ककरई मे वामन का एक अति प्राचीन मदिर है। केरल के जातीय त्योहार ओनम के दिन यहां पर वामनदेव की पूजा की जाती है। ग्राम से थोड़ी दूर पर एक पथरीली गुफा है। लोक कथा के अनुसार यहां महाबली का कारागार था। यह भी कहा जाता है कि यहीं पाडवों को जलाने के लिए कौरवों ने लाक्षागृह बनवाया था। इस दूसरी अनुश्रुति मे कोई तथ्य नहीं जान पडता क्योकि लाक्षागृह जिस स्थान पर बनवाया गया था उसका नाम महाभारत के अनुसार वारणावत था जो जिला मेरठ (उ० प्र०) में स्थित

वरनावा है। महाभारत से ज्ञात होता है कि वारणावत हस्तिनापुर (जिला मेरठ) से अधिक दूर न था।

दंडक=दंडकवन=दंडकारण्य

रामायण-काल मे यह वन विंध्याचल से कृष्णा नदी के काठे तक विस्तृत था। इसकी पश्चिमी सीमा पर विदर्भ और पूर्वी सीमा पर कलिंग की स्थिति थी। वाल्मीकि रामायण अरण्य० 1,1 में श्रीराम का दंडकारण्य में प्रवेश करने का उल्लेख है—'प्रविश्य तु महारण्य दंडकारण्यमात्मवान् रामो ददर्श दुर्धर्षस्तापसाश्रममंडलम्'। लक्ष्मण और सीता के साथ रामचंद्र जी चित्रकूट और अत्रि का आश्रम छोडने के पश्चात् यहां पहुंचे थे। रामायण मे, दंडकारण्य में अनेक तपस्वियों के आश्रमों का वर्णन है। महाभारत मे सहदेव की दिग्विजययात्रा के प्रसंग मे दंडक पर उनकी विजय का उल्लेख है—'तत शूर्पारकं चैव तालाकटमथापि च, वशेचक्रे महातेजा दंडकाश्च महाबल ' महा० सभा० 31,66। सरभंगजातक के अनुसार दंडकी या दंडक जनपद की राजधानी कुंभवती थी। वाल्मीकि रामायण, उत्तर० 92,18 के अनुसार दंडक की राजधानी मधुमंत में थी। महावस्तु (सेनार्ट का संस्करण पृ० 363) मे यह राजधानी गोवर्धन या नासिक मे बताई है। वाल्मीकि अयो० 9,12 मे दंडकारण्य के वैजयंत नामक नगर का उल्लेख है। पौराणिक कथाओं तथा कौटिल्य के अर्थशास्त्र मे दंडक के राजा दांडक्य की कथा है जिनका एक ब्राह्मण कन्या पर कुदृष्टि डालने से सर्वनाश हो गया था। अन्य कथाओं मे कहा गया है कि भार्गव कन्या दंडका के नाम पर ही इस वन का नाम दंडक हुआ था। कालिदास ने रघुवंश 12,9 मे दंडकारण्य का उल्लेख किया है—'स सीतालक्ष्मणसख सत्याद्गुरुमलोपयन्, विवेश दंडकारण्य प्रत्येक च सतामन '। कालिदास ने इसके आगे 12,15 मे श्रीराम के दंडकारण्य प्रवेश के पश्चात् उनकी भरत से चित्रकूट पर होने वाली भेंट का वर्णन किया है जिससे कालिदास के अनुसार चित्रकूट की स्थिति भी दंडकारण्य के ही अंतर्गत माननी होगी। रघुवंश 14,25 में वर्णन है कि अयोध्या-निवर्तन के पश्चात् राम और सीता को दंडकारण्य के कष्टों की स्मृतियां भी बहुत मधुर जान पड़ती थीं—'तयोर्यथाप्रार्थितमिंद्रियार्थानासेदुषो सद्मसु चित्रवत्सु, प्राप्तानि दु खान्यपि दंडकेषु सचिंत्यमानानि सुखान्यभूवन्'। रघुवंश 13 में जनस्थान को राक्षसों के मारे जाने पर 'अपोढ़विघ्न' कहा गया है। जनस्थान को दंडकारण्य का ही एक भाग माना जा सकता है। उत्तररामचरित में भवभूति ने दंडकारण्य का सुंदर वर्णन किया है। भवभूति के अनुसार दंडकारण्य जनस्थान के पश्चिम में था (उत्तररामचरित, अंक 1)

दडकी

सरभगजातक मे दडक या दडकारण्य का नाम है। इसकी राजधानी कुमवती कही गई है।

दडभुक्ति

वर्धमानभुक्ति (=वर्तमान बर्दवान, प० बगाल) का एक प्रदेश जो उद्यानो के लिए प्रसिद्ध था (दे० एशेंट ज्याग्रोफी ऑव इडिया)

दतपुर—दतपुरनगर

दतपुर बगाल की खाडी पर प्राचीन बदरगाह था। मलय प्रायद्वीप के लिगोर नामक प्राचीन भारतीय उपनिवेश को बसाने वाले राजकुमार के विषय मे परपरागत कथा है कि वह मौर्यसम्राट अशोक का वशज था और मगध से भाग कर दतपुर के बदरगाह से एक जलयान द्वारा यात्रा करके मलय देश पहुचा था। श्री न० ला० डे के अनुसार वर्तमान जगन्नाथपुरी ही प्राचीन दतपुर है।

दतालोक

वेस्सन्तर-जातक की कथा मे उल्लिखित एक पर्वत, जहा वेस्वन्तर ने अपने बच्चो को एक निर्दयी ब्राह्मण को दान मे दे दिया था। युवानच्वाग के अनुसार इस कथा की घटनास्थली उरशा (जिला हजारा, प० पाकि०) म थी। दतालोक इस प्रकार पश्चिमी कश्मीर का कोई पर्वत हो सकता है।

दतेवर (जिला बस्तर, म० प्र०)

दतेश्वरीमाता नामक एक प्राचीन, रहस्यपूर्ण मदिर आदिवासियो के इस सुनसान प्रदेश मे स्थित है।

दवल (महाराष्ट्र)

यह स्थान चालुक्यवास्तुशैली मे निर्मित एक प्राचीन मदिर के लिए उल्लेखनीय है।

दक्षिणकाशी

लोकश्रुति मे नासिक का एक नाम है।

दक्षिणकोसल

विन्ध्याचल-पर्वत की उपत्यकाओ का वह भाग जिसमे वर्तमान रायपुर और बिलासपुर (म० प्र०) के जिले तथा उनका परिवर्ती क्षेत्र सम्मिलित है। समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति म कोसलकमहेंद्र का उल्लख है। यह महेंद्र दक्षिण कोसल के किसी भाग का शासक था। महाभारत मे इस भूभाग को प्राककोसल भी कहा गया है। आजकल इसे महाकोसल कहते हैं। यह तथ्य है कि दक्षिण कोसल और उत्तर कोसल परस्पर भाषा और सस्कृति की दृष्टि से सबधित रहे

हैं। दक्षिण कोसल की बोली आज भी अवधी (उ० प्र० के अवध-क्षेत्र की बोली) से बहुत मिलती जुलती है। संभवत: रामचंद्र जी के पश्चात् अयोध्या के शोभाहीन हो जाने पर जब कुश ने दक्षिण कोसल में कुशावती नगरी बसाई तब अयोध्या के अनेक निवासी दक्षिण कोसल में जाकर बस गए थे।

दक्षिणगिरि

महावंश 13,5 में इस स्थान का उल्लेख इस प्रकार है—'इस बीच में उपाध्याय और संघ को वंदना कर तथा राजा (अशोक) से पूछ, स्थविर महेंद्रसेन, चार स्थविरों तथा संघमित्रा के पुत्र महासिद्ध षडभिज्ञ सुमन सामणेर को साथ ले, मबंधियों से मिलने के लिए दक्षिणगिरि गए (आनंद कौसल्यायन, महावंश पृ० 66)। इसी के आगे विदिशागिरि का उल्लेख है। दक्षिणगिरि सांची या भीलसा (म० प्र०) के परिवर्ती पहाड़ी प्रदेश की कोई पहाड़ी हो सकती है। संभवत यह सांची ही है। यह भी संभव है कि कालिदास ने जिस पहाड़ी का मेघदूत में 'नीचै' या 'नीच गिरि' कहा है उसी का दूसरा नाम दक्षिणगिरि हो सकता है। 'दक्षिण' और 'नीच' समानार्थक शब्द भी है। (दे० नीचगिरि)

दक्षिणमथुरा

बौद्धकाल में दक्षिण भारत में स्थित वर्तमान मदुराई या मदुरा (मद्रास) को दक्षिण मथुरा (=मथुरा) कहते थे। यह पांड्यदेश की राजधानी थी। हरिषेण के बृहत्कथाकोश, कथानक 7,1 में इसका उल्लेख इस प्रकार है—'अथ पाड्य महादेशे दक्षिणमथुराऽभवत् धनधान्य समाकीर्णा'। उत्तर भारत की प्रसिद्ध नगरी मथुरा को उत्तर मथुरा की संज्ञा दी जाती थी (अट्टकथा पृ० 118)। मदुरा वास्तव में मथुरा या मधुरा का रूपांतर है।

दक्षिणमल्ल

महाभारत सभा० में भीम की दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में विजित राष्ट्रों में इसका उल्लेख है—'ततो दक्षिणमल्लांश्च भोगवंत च पर्वतम्। तरसैवाजयद् भीमो नातितीव्रेण कर्मणा' सभा० 30,12 इसका उल्लेख वत्सभूमि के पश्चात् तथा विदेह से पूर्व हुआ है। बौद्धकाल में मल्लदेश वर्तमान गोरखपुर ज़िले (उ० प्र०) के परिवर्ती क्षेत्र में बसा हुआ था। जान पड़ता है कि महाभारत में, जैसा कि प्रसंग से सूचित होता है इसी प्रदेश को दक्षिण मल्ल कहा गया है। संभव है उस समय यही प्रदेश उत्तरी और दक्षिणी भागों में विभाजित रहा हो।

दक्षिण सिंधु

मध्यप्रदेश मे बहने वाली नदी सिंधु या सिंध जो यमुना की सहायक नदी है। यह काली सिंध भी हो सकती है जो चंबल की उपनदी है। अवश्य ही पचनदप्रदेश की प्रसिद्ध नदी सिंधु से पृथक् करने के लिए ही मध्यप्रदेश की नदी को साहित्य में कहीं-कहीं दक्षिणसिंधु कहा गया है।

दक्षिणापथ

विंध्याचल के दक्षिण मे स्थित भूभाग का प्राचीन नाम। सहदेव की दक्षिण-भारत की दिग्विजय के प्रसग मे महाभारत सभा० 31,17 मे दक्षिणापथ का उल्लेख है—'त जित्वा स महाबाहुः प्रययौ दक्षिणापथम् गुहामासादयामास किष्किधां लोकविश्रुताम्'। क्षत्रप रुद्रदामन् के गिरनार-अभिलेख (लगभग 120 ई०) मे सातकर्णि-नरेश को दक्षिणापथ का पति कहा गया है—'यौधेयानां प्रसह्योत्सादकेन दक्षिणापथपतेः सातकर्णेर्द्विरपिनिर्व्याजमवजित्यावजित्य—' इत्यादि। (दे० गिरनार) गुप्तसम्राट समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति मे कोसल से लेकर कुस्थलपुर तक के प्रदेश के विजित नरेशों को 'दक्षिणापथ-राजा' कहा गया है—'कोसलक महेंद्रकौस्थल पुरकधनंजयप्रभृति सर्वदक्षिणापथराजा ग्रहणमोक्षानुगृहजनितप्रतापोन्मिश्रमहाभाग्यस्य—' विंध्याचल के उत्तर मे स्थित प्रदेश का सामान्य नाम उत्तरापथ था।

दतिया (बुंदेलखंड, म०)

झांसी से 16 मील दूर है। प्राचीन काल मे दतिया दतवक्त्र की राजधानी मानी जाती थी। दतवक्त्र का मंदिर दतिया का मुख्य मंदिर है। इसे लोग मढ़िया महादेव का मंदिर कहते हैं। यह मंदिर एक पहाड़ी पर है। दतिया का प्राचीन दुर्ग जो एक ऊंची पहाड़ी पर स्थित है ओड़छा नरेश वीरसिंह देव बुंदेला (17वीं शती) का बनवाया हुआ कहा जाता है। किंवदंती है कि इसे बनवाने मे आठ वर्ष, दस मास और छब्बीस दिन लगे थे और बत्तीस लाख नब्बे हजार नौ सौ अस्सी रुपए व्यय हुए थे। दतिया मे बुंदेल राजपूतों की एक शाखा का राज्य आधुनिक समय तक रहा है।

ददरपुर

चेतियजातक के अनुसार चेदिनरेश उपचर के एक पुत्र ने दद्दरपुर नामक नगर चेदि देश में बसाया था। इसके चार अन्य पुत्रों ने भी चार विभिन्न नगरों की स्थापना की थी। रायचौधरी का मत है कि यह राजा महाभारत आदि० 63,30-33 में उल्लिखित चेदि नरेश उपरिचर वसु है जिसके पांच पुत्रों

ने पांच राज्यवंश चलाए थे (पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव एंशेंट इंडिया पृ० 110) (दे० चेदि)

दधिपद्र

तीर्थमाला चैत्यवंदन में उल्लिखित प्राचीन जैन तीर्थ,—'मोढेरे दधिपद्र कर्करपुरे ग्रामादि चैत्यालये'। यह वर्तमान दाहोद (गुजरात) है।

दधिमंडसागर=दधिसमुद्र

पौराणिक भूगोल की उपकल्पना में पृथ्वी के सप्त महासागरों में से एक। यह शाकद्वीप के चतुर्दिक स्थित है—'एते द्वीपाः समुद्रैस्तु सप्तसप्तभिरावृताः लवणेक्षुसुरासर्पिर्दधिदुग्ध जलैःसमम्' विष्णु० 2,2,6

दधिमती

सौराष्ट्र (काठियावाड़, गुजरात) के उत्तरपश्चिमी भाग—हालार—में बहने वाली नदी डेमी का प्राचीन नाम।

दधिमाली

सूर्पारक जातक में वर्णित एक समुद्र जो भृगुकच्छ के वणिकों को समुद्र यात्रा में अग्नि माली समुद्र के पश्चात मिला था—'यथा दधि व खीर व समुद्दोपति दिस्सति' अर्थात् यह समुद्र दधि और दूध के समान दीखता है। इस समुद्र में चांदी का उत्पन्न होना कहा गया है, 'तस्मिंपन समुद्दे रजत उत्पन्नम्'

दनकौर (ज़िला बुलंदशहर, उ० प्र०)

एक प्राचीन मंदिर तथा सरोवर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। किंवदंती है कि इसे द्रोणाचार्य ने बसाया था जिनके नाम से यहां एक प्राचीन मंदिर भी है।

दभोई (ज़िला बड़ौदा, गुजरात)

प्राचीन नाम दर्भावती या दर्भवती। यह भड़ौच से 25 मील है। दबोइ पुरानी व्यापारिक मंडी है। 10वीं शती के एक मंदिर के अवशेष यहां से कुछ वर्ष पूर्व मिले थे। उत्खनन श्री निर्मलकुमार बोस तथा श्री अमृतपाड्या द्वारा किया गया था। दभोई या दर्भावती का जैन तीर्थ के रूप में उल्लेख जैन स्तोत्र ग्रंथ तीर्थमाला चैत्यवंदन में है—'श्री तेजलविहार निवटके चद्रे च दर्भावते।'

दमन=डामन

पश्चिमी समुद्रतट पर भूतपूर्व पुर्तगाली बस्ती जो 1961 में भारत में सम्मिलित कर ली गई। यह बंबई से सौ मील उत्तर में है। 1531 ई० में दमन पर पुर्तगाली बेड़े ने आक्रमण करके नगर को नष्ट कर दिया था। दमन का पुनर्निर्माण होने पर इस पर पुर्तगाल का अधिकार 1559 ई० में हो गया।

दमन के दो भाग हैं—एक भाग समुद्रतट पर है और दूसरा, नगरहवेली थोड़ी दूर पर जंगल में स्थित है। पहले यह भाग दमन के बंदरगाह से भारतीय भूमि द्वारा पृथक् था। दमन का क्षेत्रफल 22 वर्ग मील है।

दया

उड़ीसा की नदी जिसके तट पर धौली (प्राचीन तोसलि) बसी हुई है, (दे० धौली)। इसी नदी के तट पर अशोक मौर्य के समय में होने वाले प्रसिद्ध कलिंग-युद्ध की स्थली थी। कलिंग-युद्ध के पश्चात् अशोक के हृदय में मानव मात्र के प्रति करुणा का संचार हुआ और उसने धर्म के प्रचार के लिए अपना शेष जीवन समर्पित कर दिया।

दरतपुरी दे० दरद

दरद=दर्दिस्तान

महाभारत में दरदनिवासियों के कांबोजों के साथ उल्लेख से ज्ञात होता है कि इनके देश परस्पर सन्निकट होंगे—'गृहीत्वा तु बलं सारं फाल्गुनः पाण्डुनंदनः दरदान् सह काम्बोजैरजयत् पाकशासनिः।'-सभा० 27,23। दरददेश पर अर्जुन ने दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में विजय प्राप्त की थी। दरद का उल्लेख विष्णुपुराण में भी है और टॉलमी तथा स्ट्रैबो ने भी दरदों का वर्णन किया है। दरद का अभिज्ञान दर्दिस्तान के प्रदेश से किया गया है जिसमें गिलगिट और यासीन का इलाका शामिल है। यह प्रदेश उत्तरी कश्मीर और दक्षिणी रूस के सीमांत पर स्थित है। विल्सन के अनुसार दरद लोगों का इलाका आज भी वही है जो विष्णुपुराण, स्ट्रैबो तथा टॉलमी के समय था— अर्थात् सिंध नदी द्वारा सिंचित वह प्रदेश जो हिमालय की उपत्यकाओं में स्थित है। दरतपुरी दरद की राजधानी थी (मार्कंडेय पुराण, 57)। इसका अभिज्ञान डा० स्टाइन ने गुरेज से किया है। संस्कृत साहित्य में दरद और दरत दोनों ही रूप मिलते हैं। कुछ विद्वानों का मत है कि संस्कृत का शब्द 'दरिद्र' दरद से ही व्युत्पन्न है और मौलिक रूप में यह शब्द दरद-वासियों की हीनदशा का द्योतक था।

दरेश (दे० जसो)

दर्दुर

सुदूर दक्षिण की एक पर्वत-श्रेणी जो संभवतः वर्तमान मैसूर राज्य की दक्षिणी पूर्वी सीमा बनाती है। प्राचीन साहित्य में प्रायः मलय और दर्दुर दोनों पर्वतों का एक साथ ही उल्लेख मिलता है—'स निर्विश्य यथाकाम तटेष्वालीन चन्दनौ स्तनाविव दिशस्तस्याः शैलौ मलयदर्दुरौ' रघु० 4,51। मार्कंडेय पुराण,

57 में भी मलय और दर्दुर पर्वतों का नाम साथ-साथ ही है। महाभारत सभा० 51, दाक्षिणात्य पाठ में दर्दुर में उत्पन्न चंदन का वर्णन है—'दार्दुरं चन्दनं मुख्य भारान् षण्णवतिं ध्रुवम्, पांडवाय ददुः पाड्यः शखास्तावत एव च'। ऐसा ही उल्लेख वाल्मीकि रामा०, अयो० 91,24 में है—'मलय दर्दुर चैव ततः स्वेदनुदो 5 निलः उपस्पृश्य ववौ युक्त्यासुप्रियात्मा सुख शिवः'। मलय पूर्वीघाट की वह श्रेणी है जिसमें नीलगिरि की पहाड़ियां सम्मिलित हैं।

दर्भवती=दर्भावती

दभोई का प्राचीन नाम। (दे० दभोई)

दर्भशयनम् (मद्रास)

रामनाद अथवा रामनाथपुरम् से 6 मील दूर है। समुद्र यहां से 3 मील है। कहा जाता है कि समुद्र को पार करने के लिए श्री रामचंद्र ने समुद्र से 3 दिन तक प्रार्थना की थी और इसी स्थान पर कुशासन पर शयन कर उन्होंने व्रत का अनुष्ठान किया था जिसके कारण इस स्थान को दर्भशयन कहते हैं। वाल्मीकि-रामायण में इस घटना का वर्णन इस प्रकार है—'ततः सागरवेलायां दर्भानास्तीर्यराघवः, अजंलि प्राङ्मुखः कृत्वा प्रतिशिश्ये महोदधे,' युद्ध० 21,1 अर्थात् तब समुद्र के तीर पर कुश या दर्भ बिछाकर रामचंद्र पूर्व की ओर समुद्र को हाथ जोड़कर सो गए। 'स त्रिरात्रोषितस्तत्रनयज्ञो धर्मवत्सलः उपासत तदारामः सागर सरितांपतिम्, युद्ध० 27,11 अर्थात् नीतिज्ञ, धर्मपरायण राम ने विधिपूर्वक तीन रात वहां रहकर सरितापति समुद्र की उपासना की।

दशपुर=मंदसौर

गुप्तकालीन भारत का प्रसिद्ध नगर जिसका अभिज्ञान मंदसौर (ज़िला मंदसौर, पश्चिमी मालवा, म० प्र०) से किया गया है। लैटिन के प्राचीन भ्रमणवृत्त पेरिप्लस में मंदसौर को मिन्नगल कहा गया है। (दे० स्मिथ—अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया, पृ० 221) कालिदास ने मेघदूत (पूर्वमेघ 49) में इसकी स्थिति मेघ के यात्राक्रम में उज्जयिनी के पश्चात् और चंबल नदी के पार उत्तर में बताई है जो वर्तमान मंदसौर की स्थिति के अनुकूल ही है—'तामुत्तीर्य व्रज परिचितभ्रूलताविभ्रमाणा, पक्ष्मोत्क्षेपादुपरिविलसत्कृष्णसारप्रभाणा, कुन्दक्षेपानुगमधुकरश्रीजुषामात्मबिम्ब पात्रीकुर्व्वन् दशपुरवधूनेत्रकौतूहलानाम्'। गुप्त-सम्राट् कुमारगुप्त के शासनकाल (472 ई०) का एक प्रसिद्ध अभिलेख मंदसौर से प्राप्त हुआ था जिसमें लाट देश के रेशम के व्यापारियों का दशपुर में आकर बस जाने का वर्णन है। इन्होंने दशपुर में एक सूर्य के मंदिर का निर्माण करवाया था। बाद में इसका जीर्णोद्धार हुआ, और यह अभिलेख उसी समय सुंदर

साहित्यिक संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण करवाया गया। तत्कालीन सामाजिक, धार्मिक तथा सामाजिक अवस्था पर इस अभिलेख से पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। वत्सभट्टि द्वारा प्रणीत इस सुंदर अभिलेख का कुछ भाग इस प्रकार है—'ते देश-पार्थिव गुणापहृता' प्रकाशमध्वादिजान्यविरलान्यसुखान्यपास्य जातादरादशपुर प्रथम मनोभिरन्वागता' ससुतबन्धुजना' समेत्य', 'मत्तेभगण्डतटविच्युतदानबिंदु सिक्तोपलाचलसहस्रविभूषणाया पुष्पावनम्रतरुमण्डवतंसकायाभूमे पर तिलक-भूतमिदम्क्रमेण। तटोत्थवृक्षच्युतनैकपुष्पविचित्रतीरान्तजलानि भान्ति। प्रफुल्लपद्माभरणानि यत्र सरांसि कारण्डवसंकुलानि। विलोलवीचीचलितार-विन्दपतद्रज पिंजरितैश्च हंसे, स्वकेसरोदारभरावभुग्नै क्वचित्सरांस्यम्बुरुहैश्च भान्ति। स्वपुष्पभारावनतैर्नगेन्द्रैर्मदप्रगल्भालिकुलस्वनैश्च, अजस्रगाभिश्च पुराङ्गनाभिर्वनानि यस्मिन्समलङ्कृतानि। चलत्पताकान्यबलासनाथान्यत्यर्थशुक्ला-न्यधिकोन्नतानि, तडिल्लता चित्रसिताभ्रकूटतुल्योपमानानि गृहाणि यत्र।' अर्थात् वे रेशम बुनने वाले शिल्पी (फूलों के भार से झुके सुंदर वृक्षों, देवालयों और सभाविहारों के कारण सुंदर और तरुवराच्छादित पर्वतों से छाए हुए लाट देश से आकर) दशपुर में, वहां के राजा के गुणों से आकृष्ट होकर रास्ते के कष्टों की परवाह न करते हुए, बंधुबांधव सहित बस गए। यह नगर (दशपुर) उस भूमि का तिलक है जो मत्तगजों के दान-बिंदुओं से सिक्त शैलों वाले सहस्रों पहाड़ों से अलंकृत है और फूलों के भार से अवनत वृक्षों से सजी हुई है, जो तट पर के वृक्षों से गिरे हुए अनेक पुष्पों से रंगबिरंगे जलवाले और प्रफुल्ल कमलों से भरे और कारंडव पक्षियों से संकुल सरोवरों से विभूषित है, जो विलोल लहरियों से दोलायमान कमलों से गिरते हुए पराग से पीले रंगे हुए हंसों और अपने केसर के भार से विनम्र पद्मों से सुशोभित है; जहां फूलों के भार से विनत वृक्षों से सपन्न और मदप्रगल्भ भ्रमरों से गुंजित, और निरंतर गतिशील पौरांगनाओं से समलंकृत उद्यान हैं और जहां अत्यधिक श्वेत और तुंग भवनों के ऊपर हिलती हुई पताकाएं और भीतर स्त्रियां इस प्रकार शोभायमान हैं मानो श्वेत बादलों के खंडों में तड़िल्लता जगमगाती हो, इत्यादि।

दशपुर से, 533 ई० का एक अन्य अभिलेख जिसका संबंध मालवाधि-पति यशोवर्मन् से है, सौंधी ग्राम के पास एक कूपशिला पर अंकित पाया गया था। यह अभिलेख भी सुंदर काव्यमयी भाषा में रचा गया है। इसमें राज्यमंत्री अभयदत्त की स्मृति में एक कूप बनाए जाने का उल्लेख है। अभयदत्त को पारियात्र और समुद्र से घिरे हुए राज्य का मंत्री बताया गया है। दशपुर में यशोधर्मन् के काल के विजय-स्तंभों के अवशेष भी हैं जो उसने हूणों पर प्राप्त

विजय की स्मृति मे निर्मित करवाए थे। एक स्तम के अभिलेख में पराजित हूणराज मिहिरकुल द्वारा की गई यशोधर्मन् की सेवा तथा अर्चना का वर्णन है —'चूडापुष्पोपहारैर्मिहिरकुल नृपेणार्चितपादयुग्मम् ।' इनम से प्रत्येक स्तभ का व्यास 3 फुट 3 इच, ऊचाई 40 फुट से अधिक और वजन लगभग 5400 मन था। *मदसौर के आसपास 100 मील तक वह पत्थर उपलब्ध नही है* जिससे ये स्तम बने हैं।

मदसौर से गुप्तकाल के अनेक मदिरो के अवशेष भी प्राप्त हुए हैं जो किले के अदर कचहरी के सामने वाली भूमि मे आज भी सुरक्षित हैं। कहा जाता है कि 14वीं सती के प्रारंभ मे अलाउद्दीन खिलजी ने इस महिमामय नगर को लूट कर विध्वस्त कर दिया और यहा एक किला बनवाया जो खडहर के रूप मे आज भी विद्यमान है। दशपुर की गणना प्राचीन जैनतीर्थों में की गई है। जैन-स्तोत्रगय तीर्थमालाचैत्य वदन मे इसका नामोल्लेख है—'हस्तोडीपुर पाडला-दशपुरे चारूपचासरे'। वाराहमिहिर ने बृहत्सहिता, 14 मे दशपुर का उल्लेख किया है। मदसौर को आसपास के गावो के लोग दसौर कहते हैं जो दशपुर का अपभ्रश है। मदसौर दशौर का ही रूपातरण है।

दशमौलिका=दशोली

दशार्ण

(1) बुदेलखण्ड (म० प्र०) का धसान नदी से सिंचित प्रदेश। यह नदी भूगल क्षेत्र की पर्वतमाला से निकल कर सागर जिले में बहती हुई झासी के निकट बेतवा मे मिल जाती है। दशार्ण का अर्थ दस (या अनेक) नदियों वाला क्षेत्र है। धमान, दशार्ण का ही अपभ्रश है। महाभारत मे दशार्ण का, भीमसेन द्वारा विजित किए जाने का उल्लेख है—"तत स गडकाञ्छूरो विदेहान भरतर्षभ, विजित्याल्पेन कालेन दशार्णानजयत प्रभु। तत्र दशार्णको राजा सुधर्मालोमहर्षणम, कृतवान् भीमसेनेन महद युद्ध निरायुधम्" सभा० 29, 4-5। यहा उस समय सुधर्मा का शासन था। महाभारत मे सुधर्मा के पूर्वगामी दशार्ण-नरेश हिरण्यवर्मा का उल्लेख है। इसकी कन्या का विवाह द्रुपदपुत्र शिखडी के साथ हुआ था। (हिरण्यवर्मेति नृपोऽसौ दाशार्णिक' स्मृत, स च प्रादान्महीपाल कन्या तस्मै शिखडिने—महा०, उद्योग 199,10) महाभारत के पश्चात दशार्ण का उल्लेख बौद्धजातकों तथा कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलता है। उस समय विदिशा यहा की राजधानी थी। कालिदास ने मेघदूत (पूर्वमेघ 25) में दशार्ण का सुदर वर्णन करते हुए इस देश के बरसात में फूलने-फलने वाले जामुन के कुजों तथा इस ऋतु मे कुछ दिन यहा ठहर जाने वाले यायावर हसों का वर्णन

किया है—'त्वय्यासन्ने फलपरिणतिश्यामजम्बूवनान्तास्सपत्स्यन्ते कतिपयदिन स्थायिहंसा दशार्णा ।

2. धसान नदी का प्राचीन नाम ।

दशाश्वमेधिक

महाभारत वन० (तीर्थयात्रा प्रसंग) में गंगा तट पर स्थित दशाश्वमेधिक नामक तीर्थ का उल्लेख है—'दशाश्वमेधिक चैव गंगायां कुरुनन्दन'—वन० 85,87। संभवतः यह काशी का प्रसिद्ध दशाश्वमेध है। कुछ इतिहासज्ञों का मत है कि दशाश्वमेध भारशिवनरेशों का स्मृति-चिन्ह है क्योंकि इन्होंने काशी में दस अश्वमेध यज्ञ किए थे।

दसोली=दशमौलिका (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

उत्तराखंड का प्राचीन शिवतीर्थ। कहा जाता है कि दशानन रावण ने यहां शिवोपासना से दस सिर (मौलि=सिर) वरदान में प्राप्त किए थे।

दात्तामित्री

पतंजलि के महाभाष्य और क्रमदीश्वर के व्याकरण में सुवीर देश में स्थित दात्तामित्री नामक नगर का उल्लेख है जो शायद ग्रीक राजा डेमेट्रियस (द्वितीय शती ई० पू०) के नाम पर प्रसिद्ध हुआ था। चारक्स (Charax) के इसीडोर-ग्रंथ में (प्रथम शती ई० के प्रारंभ में निर्मित) डेमेट्रिओपोलिस नामक नगर की स्थिति अराकोसिया या वर्तमान कंधार (अफगानिस्तान) में बताई गई है। बहुत संभव है कि दात्तामित्री, डेमाट्रिआपोलिस का ही भारतीय रूपांतर हो। यह संभावना महाभारत में दत्तमित्र नामक राजा के नामोल्लेख से और भी पुष्ट हो जाती है। दत्तमित्री बेक्ट्रिया के ग्रीक राजा डेमेट्रियस का ही संस्कृत उच्चारण जान पड़ता है। ग्रीक इतिहास-लेखक स्ट्रैबो के वर्णन के अनुसार अंतिओक्स (Antiochus) के जामातृ डेमेट्रिअस और मिनेंडर (भारतीय नाम मिलिंद) ने भारत तक यूनानी राज्य का विस्तार किया था। दात्तामित्री नगर का ठीक-ठीक अभिज्ञान अनिश्चित है। यह नगर द्वितीय शती ई० पू० में बसाया गया होगा।

दामणि

पाणिनि ने अष्टाध्यायी में इस गणराज्य का उल्लेख किया है। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है। संभव है यह तामिल प्रदेश का कोई गणराज्य हो। तामिल शब्द का प्राचीन उच्चारण दामिल, द्रामिड़ या द्राविड़ है। दामणि द्रामिड़ का रूपांतर हो सकता है।

दामलिप्त

ताम्रलिप्त का रूपान्तर।

दामोदर

भागीरथी गंगा की सहायक नदी जो हजारीबाग (बिहार) की पहाड़ियों से निकल कर बिहार-बंगाल के क्षेत्र में बहती हुई हुगली में गिर जाती है। हुगली भागीरथी की एक शाखा है।

दामोदरपुर (बंगाल)

कुमारगुप्त प्रथम, बुद्धगुप्त तथा भानुगुप्त नामक गुप्तनरेशों के छ: दानपट्ट इस स्थान से प्राप्त हुए थे जिनमें उत्तरकालीन गुप्तनरेशों के इतिहास तथा तत्कालीन शासन व्यवस्था पर अच्छा प्रकाश पड़ता है।

दारानगर (ज़िला बिजनौर, उ०प्र०)

बिजनौर नगर से 7 मील दक्षिण की ओर गंगातट पर स्थित प्राचीन बस्ती है। प्राचीन अनुश्रुति है कि इस स्थान पर श्रीकृष्ण के स्वर्गारोहण के पश्चात् द्वारका से आई हुई यादव स्त्रियां ठहरी थीं। एक दूसरी जनश्रुति के अनुसार महाभारत-युद्ध के पश्चात् मृत क्षत्रियनरेशों की रानियों को इस स्थान पर विदुर जी ने शरण दी थी इसीलिए इस स्थान का नाम दारानगर (दारा=स्त्री) पड़ गया। महामना विदुर का निवासस्थान दारानगर के सन्निकट 'विदुरकुटी' नामक स्थान कहा जाता है। प्राचीन हस्तिनापुर के खंडहर विदुरकुटी से कुछ दूर, गंगा के पार ज़िला मेरठ में स्थित हैं। महाभारत उद्योगपर्व की कथा के अनुसार श्रीकृष्ण ने दुर्योधन द्वारा सम्मानस्तकार के ठुकराए जाने पर उसका राजसी आतिथ्य अस्वीकार कर विदुर के घर आकर भोजन किया था। विदुरकुटी में आज भी बथुवे का साग उगा हुआ है जो किंवदंती के अनुसार विदुर के यहां कृष्ण ने खाया था। विदुर जी की पादुकाएं अब भी इस स्थान पर सुरक्षित हैं। दुर्योधन का राजसी भोजन छोड़कर कृष्ण का विदुर के घर भोजन करने का वर्णन महाभारत में इस प्रकार है—'एवमुक्त्वा महाबाहुर्दुर्योधनममर्षणम् निश्चक्राम ततः शुभ्राद्धार्तराष्ट्र निवेशनात्। निर्याय च महाबाहुर्वासुदेवो महामना:, निवेशाय ययौवेश्म विदुरस्य महात्मनः, ततोऽनुयायिभिः सार्धं मरुद्भिरिव वासवः। विदुरान्नानि बुभुजे शुचीन् गुणवन्ति च' महा० उद्योग० 91,33-34-41। महाभारत में कृष्ण का विदुर के घर रूखा-सूखा शाक खाने का कोई उल्लेख नहीं है। यहां विदुर के भोजन को 'शुचि' और 'गुणवान्' बताया गया है।

दारुकवन

द्वारका (गुजरात) के निकट नागेश्वर नामक स्थान का परिवर्ती प्रदेश। यहां द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक का स्थान माना जाता है। (दे० शिवपुराण 1,56)

दार्व

अर्जुन ने इस देश को अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में जीता था—'ततस्त्रिगर्तान् कौन्तेय दार्वान् कोकनदास्तथा, क्षत्रिया बहवो राजन्नुपावर्तन्त सर्वशः'—महा० सभा० 27,19। दार्वनिवासियों ने युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में उन्हें उपहार भेंट किए थे—'कैराता दरदा दार्वा शूरावैयमका-स्तथा औदुम्बरा दुर्विभागा पारदा बाह्लिकैः सह' महा० सभा० 52,13। दार्व का अभिज्ञान जम्मू (काश्मीर) के डुग्गर के इलाके से किया गया है (दे० डुग्गर) डुग्गर, डोगरा राजपूतों का मूल स्थान है। डुग्गर दार्व का अपभ्रंश हो सकता है।

दार्वाभिसार

झेलम तथा चिनाब नदियों के बीच का पहाड़ी देश (पश्चिमी कश्मीर) जिसमें पुंछ और नौशेरा के जिले सम्मिलित हैं। ग्रीक-लेखकों ने अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण के संबंध में इस देश के राजा अभिसार का उल्लेख किया है।

दार्विकोर्वी

'सिंधुतटदार्विकोर्वी चन्द्रभागाकाश्मीरविषयांश्च व्रात्यम्लेच्छशूद्रादयो भोक्ष्यन्ति' विष्णु० 4,24,69। इस उद्धरण से सूचित होता है कि दार्विकोर्वी नामक प्रदेश में संभवतः गुप्तकाल से कुछ पूर्व शूद्र या म्लेच्छ-विदेशी आदि—जातियों का राज था। प्रसंगानुसार यह सिंध या पंजाब के अंतर्गत कोई क्षेत्र जान पड़ता है। यह बहुत संभव है कि दार्व को ही इस स्थान पर दार्विकोर्वी नाम से अभिहित किया गया है। दार्व जम्मू का डुग्गर नामक इलाका है। विष्णुपुराण के उपर्युक्त उल्लेख में दार्विकोर्वी का नाम कश्मीर और चिनाब (चन्द्रभागा) के साथ होने से भी इस संभावना की पुष्टि होती है।

दाल्भ्य आश्रम दे० बकमक

दाशार्हनगरी

महाभारत में द्वारका का एक नाम—'आपृच्छे त्वां गमिष्यामि दाशार्हनगरीं

प्रति' महा० सभा० 2,32 । दाशार्ह कृष्ण अथवा यादवों के कुल का अभिधान था जिनकी नगरी के रूप में द्वारका विख्यात थी।

दाशेरक

महाभारत में वर्णित एक जन-पद अथवा गणराज्य जिसके योद्धा महाभारतयुद्ध में पांडवों के साथ थे—'कुंतिभोजश्च चैद्यश्च चक्षुष्मौं तौ जनेश्वरौ, दाशार्णका प्रभद्राश्च दाशेरकगणै सह' महा० भीष्म० 50, 47 । इस प्रसंग से दाशेरक गणराज्य की स्थिति मध्यप्रदेश में जान पड़ती है। संभवतः दशार्ण (प० मालवा) के निकट ही यह देश रहा होगा।

दासमीय

'गोवास दाससीयाना वसातीना च भारत, प्राच्याना वाटधानाना भोजाना चाभिमानिनाम्' महा० कर्ण 73,17 । इस उद्धरण में दासमीय-देशीयों को दुर्योधन की ओर से, महाभारत के युद्ध में, लड़ते हुए बताया गया है। गोवास संभवतः शिवि (जिला झंग, प० पाकि०) और वसाति वर्तमान सीबी (हि० प्र०) है। दासमीय जनपद की स्थिति इन्हीं दोनों स्थानों के बीच कहीं रही होगी।

दाहड़पुर (राजस्थान)

आबू के निकट वर्तमान दहिड़ो। तीर्थमाला चैत्यवंदन में इस जैन तीर्थ का नामोल्लेख इस प्रकार है—'कोडीनारकमपि दाहड़पुरे श्री मडपेचार्बुदे'।

दाहपरवतिया (ज़िला दरग, असम)

तेजपुर के निकट एक ग्राम। इस ग्राम से एक गुप्तकालीन मंदिर के अवशेष प्राप्त हुए हैं। यहां के अन्य अवशेषों में गुप्तकालीन शिल्पशैली में निर्मित पत्थर के द्वारपट्टक प्रमुख हैं जिन पर चैत्यवातायन तथा गंगायमुना की प्रतिमाओं का अंकन है जो गुप्तकालीन कला का विशिष्ट अंग है। गंगा यमुना की मूर्तियों का उत्किरण अत्यंत कलात्मक ढंग से किया गया है तथा विशेष रूप से स्वाभाविक है। मंदिर के पार्श्व में खंडितावस्था में मिट्टी के सुंदर पटके भी मिले थे जिन पर मानवाकृतियां बहुत ही आकर्षक और सजीव मुद्रा में अंकित हैं।

दाहोद (दे० दधिपद्र)

दिचपल्ली (ज़िला निज़ामाबाद, आ० प्र०)

निज़ामाबाद से 10 मील पूर्व यह स्थान विष्णु के प्राचीन मंदिर के लिए उल्लेखनीय है। मंदिर एक सरोवर के तट के निकट एक टीले पर बना हुआ है। इसके चतुर्दिक् परकोटा खिंचा है। मंदिर पर सुंदर नक्काशी का काम है। इसके स्तंभ सुंदर हैं और द्राविड़ वास्तुशैली में निर्मित है।

दिल्ली

दिल्ली की ससार के प्राचीनतम नगरो मे गणना की जाती है। महाभारत के अनुसार दिल्ली को पहली बार पाडवो ने, इद्रप्रस्थ नाम से बसाया था (दे० इद्रप्रस्थ), किंतु आधुनिक विद्वानो का मत है कि दिल्ली के आसपास—उदाहरणार्थ रोपड (पजाब) के निकट, सिंधुघाटी सभ्यता के चिन्ह प्राप्त हुए हैं और पुराने किले के निम्नतम खडहरो मे आदिम दिल्ली के अवशेष मिलें तो कोई आश्चर्य नहीं। वास्तव मे, देश मे अपनी मध्यवर्ती स्थिति के कारण तथा उत्तरपश्चिम से भारत के चतुर्दिक भागो को जाने वाले मार्गों के केंद्र पर बसी होने से दिल्ली भारतीय इतिहास मे अनेक साम्राज्यो की राजधानी रही है। महाभारत के युग मे कुरप्रदेश की राजधानी हस्तिनापुर म थी। इसी काल मे पाडवो ने अपनी राजधानी इद्रप्रस्थ मे बनाई। जातको के अनुसार इद्रप्रस्थ सात कोस के घेरे मे बसा हुआ था। पाडवो के वशजो की राजधानी इद्रप्रस्थ म कब तक रही यह निश्चयपूर्वक नही कहा जा सकता किंतु पुराणो के साक्ष्य के अनुसार परीक्षित तथा जनमजय के उत्तराधिकारियो ने हस्तिनापुर मे भी बहुत समय तक अपनी राजधानी रखी था और इन्ही के वशज निचक्षु ने हस्तिनापुर के गगा मे बह जाने पर अपनी नई राजधानी प्रयाग के निकट कौशाम्बी मे बनाई (दे० पार्जिटर, डायनेस्टीज ऑव दि कलि एज—पृ०5)। मौर्यकाल मे दिल्ली या इद्रप्रस्थ का कोई विशेष महत्त्व न था क्योंकि राजनैतिक शक्ति का केंद्र इस समय मगध मे था। बौद्धधर्म का जन्म तथा विकास भी उत्तरी भारत के इसी भाग तथा पार्श्ववर्ती प्रदेश मे हुआ और इसी कारण बौद्ध धर्म की प्रतिष्ठा बढने के साथ ही भारत की राजनीतिक सत्ता भी इसी भाग (पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बिहार) म केंद्रित रही। फलत मौर्यकाल के पश्चात् लगभग 13 सौ वर्ष तक दिल्ली और उसके आसपास का प्रदेश अपेक्षाकृत महत्वहीन बना रहा। हर्ष के साम्राज्य के छिन्न भिन्न होने के पश्चात् उत्तरीभारत मे अनेक छोटी मोटी राजपूत रियासतें बन गईं और इन्ही म 12वी शती मे पृथ्वीराज चौहान की भी एक रियासत थी जिसकी राजधानी दिल्ली बनी। दिल्ली के जिस भाग मे कुतुब मीनार है वह अथवा महरौली का निकटवर्ती भाग ही पृथ्वीराज क समय की दिल्ली है। वर्तमान जोगमाया का मंदिर मूल रूप स इन्ही चौहान नरेश का बनवाया हुआ कहा जाता है। एक प्राचीन जनश्रुति के अनुसार चौहानो ने दिल्ली को तोमरो से लिया था जैसा कि 1327 ई० के एक अभिलेख से सूचित होता है—'देशोस्ति हरियानाख्य पृथिव्या स्वर्गसन्निभ, ढिल्लिकाख्या पुरी तत्र

तोमरैरग्नि निर्मिता । चाहमाना नृपास्तत्र राज्य निहितकटकम्, तोमरातर चक्रु प्रजापालनतत्परा '। यह भी कहा जाता है कि चौथी शती ई० में अनगपाल तोमर ने दिल्ली की स्थापना की थी। इन्होंने इंद्रप्रस्थ के क़िले के खडहरो पर ही अपना क़िला बनवाया। इसके पश्चात् इसी वश के सूरजपाल ने सूरजकुड बनवाया जिसके खडहर तुगलकाबाद के निकट आज भी वर्तमान हैं। तोमरवंशीय अनगपाल द्वितीय ने 12वीं शती के प्रारभ में लालकोट का किला [illegible]तुब [illegible] पास बनवाया। तत्पश्चात दिल्ली बीसलदेव चौहान तथा उनके वशज पृथ्वीराज के हाथो मे पहुची। जनश्रुति के अनुसार कुतुबमीनार और कुव्वतुल्इस्लाम मसजिद पृथ्वीराज के इस स्थान पर बने हुए सत्ताईस [illegible]दरो के म[illegible]ो से बनवाई गई थीं। कुछ विद्वानों का मत है कि महरौली—जहा [illegible]तुबमीनार स्थित है—पहले एक बृहद् वेधशाला के लिए विख्यात थी। [illegible]ताईस मदिर सत्ताईस नक्षत्रो के प्रतीक थे और कुतुबमीनार चाद-ता[illegible] आदि की गति-विधि देखने के लिए वेधशाला की मीनार थी। इन सभी [illegible]मारतो को कुतुबद्दीन तथा परवर्ती सुल्तानो ने इसलामी इमारतों के रूप म बदल दिया। पृथ्वीराज के तरायन के युद्ध मे (1192 ई०) मारे जाने पर दिल्ली पर मु० गौरी का अधिकार हो गया। इस घटना के पश्चात लगभग साढे छ सौ वर्षों तक दिल्ली पर मुसलमान बादशाहो का अधिकार रहा और यह नगरी [illegible] साम्राज्यो की राजधानी के रूप मे बसती और उजडती रही। मु० गौरी के पश्चात् 1236 ई० में गुलाम वश की राजधानी दिल्ली मे बनी। इसी काल मे कुतुबमीनार का निर्माण हुआ। गुलामवश के पश्चात् अलाउद्दीन ने सीरी मे अपनी राजधानी बनाई। तुग़लककालीन दिल्ली वर्तमान तुगलकाबाद मे थी किंतु फीरोजशाह तुग़लक (1351-1388 ई०) के जमाने मे इसका विस्तार दिल्ली दरवाजे के [illegible] फिरोजशाह कोटला तक हो गया। तुगलकाबाद मे मु० तुगलक का मकबरा है। तुगलको के पश्चात् लोदियों का कुछ समय तक दिल्ली पर कब्ज़ा रहा। 1526 ई० में पानीपत के युद्ध के पश्चात् बाबर ने दिल्ली पर अधिकार कर लिया। बाबर और हुमायू की राजधानी दिल्ली ही मे रही। शेरशाह सूरी ने भी पाच वर्ष दिल्ली में राज्य किया। अकबर तथा जहांगीर के समय में दिल्ली का गौरव फतहपुर सीकरी तथा आगरे ने कुछ समय तक के लिए छीन लिया किंतु शाहजहां ने पुन दिल्ली में अपनी राजधानी बनाई। वही शाहजहाबाद या चहारदिवारी के अदर के शहर का निर्माता था। औरंगजेब ने भी दिल्ली मे ही अपने विशाल साम्राज्य की राजधानी क़ायम रखी। 1857 ई० तक मुगलों का राज्य किसी न किसी

रूप में दिल्ली में चलता रहा। 1857 ई० की राज्य क्रांति के पश्चात् अंग्रेजों ने दिल्ली से राजधानी उठाकर कलकत्ते को यह गौरव प्रदान किया किंतु 1910 में पुन. एक बार दिल्ली को भारत की राजधानी बनने की प्रतिष्ठा प्रदान की गई। 1947 में दिल्ली स्वतंत्र भारत की राजधानी के रूप में अपनी पूर्वप्रतिष्ठा पर आसीन हुई। इस प्रकार आज भी भारत की राजधानी के रूप में दिल्ली की प्राचीन प्रतिष्ठा कायम है। दिल्ली के प्राचीनतम स्मारकों में महरौली में स्थित चंद्र नाम के किसी यशस्वी नरेश का विष्णुध्वज लौहस्तंभ सबसे अधिक प्रसिद्ध है। इस पर निम्न अभिलेख उत्कीर्ण है—'यस्योद्वर्तयत. प्रतीपमुरसा शत्रून् समेत्यागतान्, वंगेष्वाहववर्तिनोऽभिलिखिता खड्गेन कीर्तिभुजे, तीर्त्वा सप्तमुखानि येन समरे सिंधोर्जिता वाह्लिका यस्याद्याप्यधिवास्यते जलनिधिर्वीर्यानिलैर्दक्षिण:'। चंद्र का अभिज्ञान चंद्रगुप्त द्वितीय से किया जाता है किंतु यह तथ्य विवादास्पद है। कहा जाता है कि पृथ्वीराज के नाना अनंगपाल ने यह लौह स्तंभ मथुरा से लाकर यहां स्थापित किया था। यह स्तंभ सैकड़ों वर्षों से खुले हुए स्थान में बिना जंग खाए हुए खड़ा हुआ है। यह एक ही लोहे के खंड का बना है। इतना बड़ा लोह-दंड ढालने की निर्माणिया भारत में चौथी शती ई० में थी यह जान कर प्राचीन भारत के धातु-कर्म-विशारदों के प्रति हमारा मस्तक आदर से झुक जाता है। कहा जाता है कि इस परिमाण का लोह-दंड इंग्लैंड तक में 19वीं शती के प्रारम्भ से पूर्व नहीं ढाला जा सकता था। इस लौह स्तंभ से प्राय. छ सौ वर्ष प्राचीन अशोक के दो प्रस्तर स्तंभ भी दिल्ली में वर्तमान हैं। एक तो सब्जी मंडी के निकट पहाड़ी पर है तथा दूसरा दिल्ली दरवाजे के बाहर फीरोजशाह कोटला में है। दोनों को फीरोजशाह तुगलक ने दिल्ली की शोभा बढ़ाने के लिए क्रमशः मेरठ तथा तोपरा (जिला अंबाला) से मंगवाकर स्थापित किया था। इस तथ्य का उल्लेख इब्नबतूता ने भी किया है। पहले स्तंभ पर अशोक के सात 'स्तंभ अभिलेख' उत्कीर्ण थे किंतु 1715 में इसको काफी क्षति पहुंचने के कारण इस पर का लेख मिट सा गया है। दूसरा स्तंभ 46 फुट 8 इंच ऊंचा है। इस पर भी सात स्तंभ लेख अंकित हैं और स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। दिल्ली का पुराना किला पांडवों के समय का बताया जाता है और जनश्रुति के अनुसार प्राचीन इंद्रप्रस्थ की स्थिति का परिचायक है। अवश्य ही इसका जीर्णोद्धार तथा संवर्धन परिवर्ती युगों में हुआ होगा। शेरशाह का राजप्रासाद पुराने किले के भीतर था और यहीं उसकी बनवाई हुई कुहना (=पुरानी) मसजिद है जो निश्चय रूप से किसी प्राचीन इमारत को परिवर्तित करके बनवाई गई थी। कहा जाता है कि यहां पंच-पांडवों

के समय का सभा-भवन था जैसा कि इस इमारत के दालान मे बने हुए पाच कोष्टकों से प्रमाणित होता है। इस प्रकार के पाच कोष्टक किसी और मसजिद मे नही देखे जाते। पुराने किले के शेरमडल नामक स्थान के अतर्गत बने हुए पुस्तकालय की सीढ़ियों से गिर कर ही हुमायू की मृत्यु हुई थी (1556 ई०)+

कुतुब मीनार 238 फुट ऊची है और भारत मे पत्थर की बनी हुई सब मीनारो मे सर्वोच्च है। इसे कुतुबद्दीन एबक ने 1199 ई० में बनवाया था। तत्पश्चात् इल्तुतमिश और फीरोजशाह तुगलक (1370 ई०) ने इसका सवर्धन तथा जीर्णोद्धार करवाया। इसमे पाच मजिलें हैं। प्रत्येक पर बाहर की ओर निकले हुए अलिंद बने हैं। मीनार के ऊपर अरबी मे अभिलेख उत्कीर्ण हैं। मीनार की निचली सतह का व्यास 47 फुट 3 इच और शीर्ष का केवल 9 फुट है। पहली तीन मजिलें लाल पत्थर की और अतिम दो जो शायद फ़ीरोज तुगलक की बनवायी हुई हैं—सगमरमर की हैं। ये पहली मजिलों से अधिक चिकनी व ऊची हैं। मीनार मे चोटी तक पहुचने के लिए 379 सीढिया हैं। प्राचीन जनश्रुतियों के अनुसार यह मीनार मूल रूप मे पृथ्वीराज चौहान द्वारा अपनी प्रिय रानी सयोगिता के लिए बनवाया हुआ दीप स्तभ था जिसे बाद मे मुसलमान बादशाहों ने मीनार के रूप में बदल दिया। कुतुबमीनार के पास ही अलाउद्दीन खिलजी द्वारा प्रारभ की हुई अलाई मीनार की कुर्सी के अवशेष है। यह मीनार अलाउद्दीन की मृत्यु के कारण आगे न बन सकी थी।

दिल्ली की वास्तुकला का वास्तविक गौरव मुगलकालीन है। हुमायू के मकबरे को 1565 ई० मे उसकी बेगम हमीदा बानू ने बनवाया था। इसमे हमीदा की कब्र भी है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कालो मे बनी दाराशिकोह फर्रुखसियर तथा आलमगीर द्वितीय आदि की भी कबरें यहीं स्थित हैं। कहा जाता है कि मुगल परिवार के तथा उससे सबधित 90 से अधिक व्यक्तियों की क़ब्रें यहा हैं। 1857 की राज्यक्राति मे अतिम मुगल सम्राट् बहादुरशाह को मुगलो ने यही कैद किया था। यह मकबरा मुगल वास्तुकला का प्रथम प्रारंभिक उदाहरण है।

लालकिला जो फर्ग्युसन के अनुसार शायद ससार का सर्वश्रेष्ठ राजप्रासाद है, 1639 और 1648 ई० के बीच शाहजहा द्वारा बनवाया गया था। दीवाने खास मे जगप्रसिद्ध मयूर सिंहासन या तख्तेताउस था जिसे शाहजहा ने, तत्कालीन यूरोपीय लेखकों के अनुसार 20 लाख पौंड की लागत से बनवाया था। लाल-किले के ठीक सामने कुछ दूर पर, चादनी चौक के पास भारत की सबसे बड़ी मसजिद, जामे-मसजिद है। इसे शाहजहा ने 1650-58 में बनवाया था। इसके

तीन पट्टियोदार कदाकृति गुबद और दो 130 फुट ऊची व पतली मीनारें हैं। ये विशेषताए मुगलशैली की परिचायक हैं। बीच मे विशाल प्रागण है जिसके तीन ओर खुले हुए प्रकोष्ठ हैं और तीन ओर विशाल दरवाजे जो भूमितल से काफी ऊचाई पर हैं। इन तक पहुचने के लिए सीढियो की पक्तिया बनी हैं।

कहा जाता है कि विभिन्न कालो में यमुना नदी की धारा के साथ ही साथ दिल्ली नगरी की स्थिति भी बदलती रही है। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है प्राचीनतम दिल्ली महरौली के आसपास तथा पुराने किले के परिवर्ती प्रदेश मे थी। गुलामकालीन राजधानी भी लगभग इसी प्रदेश मे रही। अलाउद्दीन की दिल्ली वर्तमान सीरी (तुग़लकाबाद और कुतुब के बीच) के पास और तुगलको की दिल्ली तुगलकाबाद (दिल्ली मथुरा मार्ग के निकट) मे थी। शाहजहां ने जो दिल्ली बसाई वही आजकल की पुरानी दिल्ली है जिसके चारो ओर परकोटा खिचा हुआ है। चादनी चौक और इसके बीच बहने वाली नहर शाहजहा ने ही बनवाई थी। अग्रेजो ने पुरानी दिल्ली से कुछ दूर हटकर अपनी राजधानी नई दिल्ली बनाई। इसके निर्माता प्रसिद्ध शिल्पी सर एडवर्ड लुट्येंस और सर हर्बर्ट बेकर थे। इस भव्य नगरी का आनुष्ठानिक उद्घाटन 1931 म हुआ था।

दिवावृत

विष्णुपुराण 2,4,51 के अनुसार क्रौंच द्वीप का एक पर्वत 'क्रौंचश्चवामनश्चैव तृतीयश्चांधकारक चतुर्थो रत्नशैलश्च स्वाहिनी हयसंनिभ, दिवावृत्पचमश्चात्र तथान्य पुडरीकवान् दुदभिश्च महाशैलो द्विगुणास्ते परस्परम्'।

दिव्यकट

महाभारत, सभा० मे नकुल की दिग्विजय यात्रा के प्रसग मे इस नगर के नकुल द्वारा जीते जाने का उल्लेख है—'कृत्स्न पचनद चैव तथैवामरपर्वतम्, उत्तर ज्योतिष चैव तथा दिव्यकट पुरम्' सभा० 32,11। प्रसग से जान पडता है कि दिव्यकट की स्थिति कश्मीर या पजाब के पहाडी प्रदेश मे कहीं रही होगी।

दीदारगज (जिला पटना, बिहार)

1917 म पटना के निकट इस स्थान से एक यक्षिणी की सुदर मूर्ति प्राप्त हुई थी जो पटना सग्रहालय म सुरक्षित है। मूर्ति चमर वाहिनी सेविका की जान पडती है। विद्वानो के मत मे यह मूर्ति मौर्य-कालीन है। मूर्ति की रचना बहुत ही सुदर तथा इसकी मुद्रा अतीव स्वाभाविक है। शरीर के ऊपरी भाग के भारी होने के कारण अनम्यता का भाव तो बहुत ही लावण्यपूर्ण बन पडा है। मूर्ति का एक हाथ खडित है। दूसरे मे यह चमर धारण किए हुए है। शरीर का

ऊपरला भाग विवस्त्र है। गले में मुक्तामाल शोभायमान है जो पुष्ट वक्ष के ऊपर लहराती हुई लटक रही है। क्षीण कटि तथा स्थूल नितबों की गुरुता का अंकन भी विदग्धता-पूर्ण है। मूर्ति, कटि से नीचे साड़ी पहने हुए है जिसके मोड़ साफ़ झलकते हैं।

दीनाजपुर (बंगाल)

गुप्तकालीन अभिलेखों में इस स्थान का नाम कोटिवर्ष है।

दीपवती

गोआ के द्वीप के उत्तर में दीवर नामक द्वीप। स्कंदपुराण सह्याद्रिखंड में यहाँ सप्तऋषियों द्वारा शिवमंदिर की स्थापना का उल्लेख है।

दीर्घपुर=डीग

दीव=देव दे० द्यू

दुंदभि

(1) विष्णुपुराण में वर्णित क्रौंच द्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा द्युतिमान् के पुत्र के नाम से प्रसिद्ध है। (दे० विष्णु० 2,4,48)

(2) विष्णुपुराण में उल्लिखित क्रौंचद्वीप का एक पर्वत, 'दिवावृत् पचम श्चात्र तथान्य पुडरीकवान्, दुदुभिश्च महाशैलो द्विगुणास्ते परस्परम्'—विष्णु० 2,4,51

(3) विष्णुपुराण के अनुसार प्लक्षद्वीप के सात मर्यादा पर्वतों में से एक "गोमेदश्चैव चद्रश्च नारदो दुदुभिस्तथा सोमक सुमनाश्चैव वैभ्राजश्चैव सप्तम" विष्णु० 2,4,7

दुर्गा

साबरमती की सहायक नदी—(पद्मपुराण उत्तर० 60; ब्रह्माण्डपुराण पृ० 49)

दुर्गावती

किंवदन्ती के अनुसार महाभारत काल में बीड नगर (जिला बीड, महाराष्ट्र) का नाम। दे० बीड

दुर्जया

'तत स मत्रस्थितो राजा कौन्तेयो भूरिदक्षिणः अगस्त्याश्रममासाद्य दुर्जयायामुवास ह' महा० वन० 96,1 अर्थात् गया से चलकर प्रचुर दक्षिणा दान करने वाले युधिष्ठिर ने अगस्त्याश्रम में पहुच कर दुर्जयापुरी में निवास किया। जान पड़ता है यह नगरी राजगृह के निकट थी। इसे ही महाभारत वन० 96,4 में मणिमतिनगरी कहा है। यह नगरी नागों की उपासना के लिए प्रसिद्ध थी।

दुर्वासा आश्रम

स्थानीय जनश्रुति मे, खल्ली पहाड (जिला भागलपुर, बिहार) पर स्थित कहा जाता है ।

दूधई (जिला झांसी, उ० प्र०)

मध्ययुगीन बुंदेलखंड की वास्तुकला की सुदर मूर्तियां—विशेषकर चंदेल तथा परिवर्ती राज्यवंशो के समय मे बने मदिरो के अनेक अवशेष यहां प्राप्त हुए हैं ।

दूनागिरि (जिला अल्मोडा, उ० प्र०)

रानीखेत के निकट दूनागिरि की पहाडी प्राचीन समय से जडी बूटियो तथा ओषधियो के लिए प्रख्यात है । जनश्रुति मे कहा जाता है कि लका मे लक्ष्मण जी के शक्ति लगने पर हनुमान जी इसी पहाड (द्रोणगिरि) पर से सजीवनी ले गये थे ।

दृषद्वती

(1) उत्तर वैदिककाल की प्रख्यात नदी जो यमुना और सरस्वती के बीच के प्रदेश मे बहती थी । इस प्रदेश को ब्रह्मावर्त कहते थे । इस नदी को अब घग्घर कहते हैं । दृषद्वती का उल्लेख ऋग्वेद मे केवल एक बार सरस्वती नदी के साथ है । महाभारत भीष्म 9,15 मे, नदियो की सूची मे दृषद्वती भी परिगणित है —'शतद्रू चन्द्रभागां च यमुनां च महानदीम्, दृषद्वतीं विपाशां च विपापां स्थूलवालुकाम्' । वनपर्व मे दृषद्वती का सरस्वती के साथ ही उल्लेख है—'सरस्वती नदी सद्भि सतत पार्थ पूजिता, बालखिल्यैर्महाराज यत्रेष्टमृषिभि. पुरा, दृषद्वती महापुण्या यत्र ख्याता युधिष्ठिर,' वन 90,10-11 । दृषद्वती-कौशिकी सगम का वर्णन,वन० 83,95-96 मे हैं । (दे० कौशिकी 2)

(2) श्रीमद्भागवत् 5,19,18 मे भी इसी नदी का उल्लेख है—'यमुना सरस्वती दृषद्वती गोमती सरयू ..' । दृषद्वती का शाब्दिक अर्थ दृषद्वाली, या प्रस्तरों से पूर्ण नदी है । उत्तर-वैदिक काल मे दृषद्वती और सरस्वती ब्रह्मावर्त की पूर्वी सीमा बनाती थीं—(मैकडॉनेल्ड—ए हिस्ट्री ऑव सस्कृत लिटरेचर, 1929, पृ० 141) वामनपुराण 39, 6-8 मे दृषद्वती को कुरुक्षेत्र की एक नदी माना गया है 'दृषद्वती महापुण्या तथा हिरण्वती नदी' ।

देओरिया (जिला इलाहाबाद, उ० प्र०)

5वीं शती ई० का एक गुप्तकालीन मूर्ति-अभिलेख यहां से प्राप्त हुआ है जो लखनऊ के सग्रहालय म सुरक्षित है । इसमें शाक्य भिक्षु बोधिवर्मन् द्वारा एक बौद्ध प्रतिमा की प्रतिष्ठापना का उल्लेख है । लेख मूर्ति के अधस्तल पर अकित है ।

देलवाड़ा (काठियावाड़, गुजरात)

(1) पश्चिम रेल का छोटा सा स्टेशन है। कस्बे का प्राचीन नाम देवलपुर है। यहां कई प्राचीन मंदिर है और ऋषितोया नदी पास ही बहती है। नदी का स्थानीय नाम मच्छुंदी है।

(2) आबू की पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध मंदिर (दे० आबू)

देव

(1)=इयू।

(2) (तहसील औरंगाबाद, जिला गया, बिहार) इस स्थान पर एक प्राचीन सूर्य-मंदिर के अवशेष हैं जिसे किंवदंती के अनुसार मूलरूपत राजा पुरुरवा ऐल ने बनवाया था।

मुसलमानो के आक्रमण के समय इस मंदिर का विध्वंस हुआ था। इसकी मूर्तियां अधिक प्राचीन नहीं जान पड़ती।

देवकीपट्टन

यह वर्तमान प्रभासपट्टन है। इसका जैनतीर्थ के रूप में वर्णन तीर्थमाला-चैत्यवंदन नामक स्तोत्र ग्रंथ में इस प्रकार है—'वंदे स्वर्णगिरौ तथा सुरगिरौ श्रीदेवकीपट्टने'।

देवकुण्ड (जिला गया, बिहार)

(1) पटना-गया रेल मार्ग पर जहानाबाद स्टेशन से 36 मील दूर है। इसे प्राचीन काल में च्यवनाश्रम कहा जाता था। यहां च्यवन-ऋषि का मंदिर भी है। स्थानीय जनश्रुति में राजा शर्याति की पुत्री सुकन्या और च्यवन की मनोरंजक पौराणिक आख्यायिका—इसी स्थान से संबंधित है। कहा जाता है कि देवकुंड सरोवर में स्नान करने के पश्चात् वृद्ध च्यवन सुंदर युवक बन गये थे। महाभारत में च्यवनाश्रम का उल्लेख नर्मदातट पर भी है। (दे० च्यवनाश्रम)

(2) (बुंदेलखंड, म० प्र०) पूर्व-मध्यकाल में देवकुंड में कछवाहा राजपूतों की एक शाखा का राज्य था। इनकी बनवायी इमारतों के अवशेष यहां खंडहरों के रूप में स्थित हैं।

देवकूट

विष्णुपुराण के अनुसार यह एक मर्यादा पर्वत है—'जठरोदेवकूटश्च मर्यादा-पर्वतावुभौ तौ दक्षिणोत्तरायामावानीलनिषधायतौ'। विष्णु 2,2,40। यह उत्तर में निषध तक फैला हुआ था।

देवगढ़ (जिला झांसी, उ० प्र०)

(1) ललितपुर से 22 तथा मध्य-रेलवे के जाखलौन स्टेशन से 9 मील दक्षिण-पश्चिम की ओर स्थित है। यहां के प्राचीन स्मारकों में निम्न उल्लेखनीय हैं —

सैंपुरा ग्राम से तीन मील पश्चिम की ओर पहाड़ी पर एक चतुष्कोण कोट, नीचे मैदान में एक भव्य विष्णु-मंदिर, यहां से एक फर्लांग पर वराह मंदिर, पास ही एक विशाल दुर्ग के खंडहर, इसके पश्चात् दो और दुर्गों के भग्नावशेष, एक दुर्ग के विशाल घेरे में 31 जैन मंदिर और अनेक भवनों के खंडहर। देवगढ़ में सब मिला कर 300 के लगभग अभिलेख मिले हैं जो 8वीं शती से लेकर 18वीं शती तक के हैं। इनमें ऋषभदेव की पुत्री ब्राह्मी द्वारा अंकित अठारह लिपियों का अभिलेख तो अद्वितीय ही है। चंदेल-नरेशों के अभिलेख भी महत्वपूर्ण हैं। देवगढ़ बेतवा के तट पर है। तट के निकट पहाड़ी पर 24 मंदिरों के अवशेष हैं जो 7वीं शती ई० से 12वीं शती ई० तक बने थे। देवगढ़ का शायद सर्वोत्कृष्ट स्मारक दशावतार या विष्णु मंदिर है जो अपनी रमणीय कला के लिए भारत भर के उच्चकोटि के मंदिरों में गिना जाता है। इसका समय छठी शती ई० माना जाता है जब गुप्त वास्तुकला अपने पूर्ण विकास पर थी। मंदिर इस समय भग्नप्राय अवस्था में है किंतु यह निश्चित है कि प्रारंभ में इसमें अन्य गुप्तकालीन देवालयों की भांति ही गर्भगृह के चतुर्दिक पटा हुआ प्रदक्षिणापथ रहा होगा। इस मंदिर के एक के बजाए चार प्रवेश द्वार थे और उन सबके सामने छोटे छोटे मंडप तथा सीढ़ियां थीं। चारों कोनों में चार छोटे मंदिर थे। इनके शिखर आमलकों से अलंकृत थे क्योंकि खंडहरों से अनेक आमलक प्राप्त हुए हैं। प्रत्येक सीढ़ियों की पंक्ति के पास एक गोखा था। मुख्य मंदिर के चतुर्दिक कई छोटे मंदिर थे, जिनकी कुर्सियां मुख्य मंदिर की कुर्सी से नीची हैं। ये मुख्य मंदिर के बाद में बने थे। इनमें से एक पर पुष्पावलियों तथा अधोशीर्ष स्तूप का अलंकरण अंकित है। यह अलंकरण देवगढ़ की पहाड़ी की चोटी पर स्थित मध्ययुगीन जैनमंदिरों में भी प्रचुरता से प्रयुक्त है। दशावतार मंदिर में गुप्त वास्तुकला के प्रारंभिक उदाहरण मिलते हैं, जैसे, विशालस्तंभ जिनके दंड पर अर्ध अथवा तीन चौथाई भाग में अलंकृत गोल पट्ट बने हैं और शीर्ष अथवा आधार भाग में पर्णित पुष्प पात्रों की रचना की गई है। ऐसे एक स्तंभ पर छठी शती के अंतिम भाग की गुप्तलिपि में एक अभिलेख पाया गया है जिससे उपर्युक्त अलंकरण का गुप्तकालीन होना सिद्ध होता है। इस मंदिर की

वास्तुकला की दूसरी विशेषता चैत्य वातायनों के घेरो मे कई प्रकार के उत्कीर्ण चित्र हैं। इन चित्रों मे प्रवेशद्वार या मूर्ति रखने के अवकाश भी प्रदर्शित हैं। इनके अतिरिक्त सारनाथ की मूर्तिकला का विशिष्ट अभिप्राय (*Motif*) स्वस्तिकाकार शीर्ष सहित स्तमयुग्म भी इस मदिर के चैत्यवातायनो के घेरो मे उत्कीर्ण है। दशावतार मदिर का शिखर ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सरचना है। पूर्व गुप्तकालीन मदिरो में शिखरो का अभाव है। देवगढ के मदिर का शिखर भी *अधिक ऊचा नही है वरन इसमे क्रमिक घुमाव बनाए गए हैं।* इस समय शिखर के निचले भाग की गोलाई ही शेष है किंतु इससे पूर्ण शिखर का आभास मिल जाता है। शिखर के आधार के चारो ओर प्रदक्षिणा-पथ की सपाट छत थी जिसके किनारे पर बडी व छोटी चैत्य खिड़-किया थी जैसा कि महाबलीपुरम् के रथो के किनारो पर हैं। द्वार-मडप दो विशाल स्तभो पर आ[illegible] था। प्रवेश-द्वार पर पत्थर की चौखट है जिस पर अनेक देवताओ तथा गगा-यमुना की मूर्तिया उत्कीर्ण हैं। मदिर की बहिर्भित्तियो के अनेक शिलापट्टो पर [illegible]न्द्रमोक्ष, शेषशायी विष्णु आदि के कलात्मक मूर्तिचित्र अकित हैं। मदिर [illegible] [illegible]र्मी के चारो ओर भी गुप्तकालीन मूर्तिकारी का वैभव अव-लोकनीय है। रामायण और कृष्णलीला से सबधित दृश्यो का चित्रण बहुत ही कलापूर्ण शैली मे प्रदर्शित है। देवगढ़ के अन्य मदिरो मे गोमटेश्वर, भरत, चक्रेश्वरी, पद्मावती, ज्वालामालिनी, श्री, ह्री, तथा पच परमेष्ठी आदि जैन तथा [illegible]ांत्रिक मूर्तियो का सुदर प्रदर्शन है। दूसरे दुर्ग से पहाडी मे नदी तक काटकर बनाई हुई सीढियो द्वारा नाहरघाटी व राजघाटी तक पहुचा जा सकता है। मार्ग मे पाच पाडवो की मूर्तियां, जिन प्रतिमाए, शैलकृत्त सिद्ध गुहा तथा गुप्तकालीन अभिलेख मिलते हैं।

(2) (जिला उदयपुर, राजस्थान) कुभलगढ से चार मील दूर है। यहा [illegible] सरदारों की राजधानी थी। इनके पूर्वज मेवाड के उत्तराधिकारी [illegible]र चूडा ने अपने पिता के मारवाड की राजकुमारी के साथ विवाह कर लेने [illegible] अपना राज्याधि[illegible] भीष्म के समान ही त्याग दिया था। उसने अपने सौतने भाई मुकुल [illegible] [illegible] नातामह जोधपुर-नरेश रनमल के मेवाड पर आक्रमण करने के समय [illegible] भी की थी। चूडा ने अपनी प्रथम राजधानी देवगढ मे बनाई थी। बाद [illegible] [illegible]धिकार मडोर पर भी हो गया था।

(3) (जिला छिदवाडा, म०प्र०) मुगलकाल मे यहा राजगोडो का राज्य था। १६७० ई० मे गोंड नरेश कूरमक[illegible] [illegible] पर औरगजेब ने आक्रमण किया। मुगलसेना को छत्रसाल और उन[illegible] [illegible]र अगदराय ने सहायता दी

और देवगढ़ ले लिया गया। इस युद्ध में छत्रसाल ने बड़ी वीरता दिखाई थी और वे घायल भी हो गए थे। युद्ध के पश्चात् छत्रसाल को मुगल सम्राट् औरंगजेब से यथोचित सत्कार न मिला और इस घटना से उनके मन की राष्ट्रीय भावनाएं जागृत हो गई और तब से वे औरंगजेब के कट्टर शत्रु हो गए।

देवगिरि (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

(1) जैन पंडित हेमाद्रि के कथनानुसार देवगिरि की स्थापना यादव नरेश भिल्लमा (प्रथम) ने की थी। यादव नरेश पहले चालुक्य राज्य के अधीन थे। भिल्लमा ने 1187 ई० में स्वतंत्र राज्य स्थापित करके देवगिरि में अपनी राजधानी बनाई। उसके पौत्र सिंहन ने प्रायः संपूर्ण पश्चिमी चालुक्य राज्य अपने अधिकार में कर लिया। देवगिरि के किले पर अलाउद्दीन खिलजी ने पहली बार 1294 ई० में चढ़ाई की थी। पहले तो यादवनरेश ने कर देना स्वीकार कर लिया किन्तु पीछे से उन्होंने दिल्ली के सुलतान को खिराज देना बन्द कर दिया जिसके फलस्वरूप 1307, 1310 और 1318 में मलिक काफूर ने फिर देवगिरि पर आक्रमण किया। यहां का अंतिम राजा हरपालसिंह युद्ध में पराजित हुआ और क्रूर सुल्तान की आज्ञा से उसकी खाल खिंचवा ली गई। 1338 ई० में मु० तुगलक ने देवगिरि को अपनी राजधानी बनाने का निश्चय किया क्योंकि मु० तुगलक के विशाल साम्राज्य की देखरेख दिल्ली की अपेक्षा देवगिरि से अधिक अच्छी तरह की जा सकती थी। सुल्तान ने दिल्ली की प्रजा को देवगिरि जाने के लिए बलात् विवश किया। 17 वर्ष पश्चात् देवगिरि के लोगों को असीम कष्ट भोगते देखकर इस उतावले सुल्तान ने फिर उन्हें दिल्ली वापस आ जाने का आदेश दिया। सैकड़ों मील की यात्रा के पश्चात् दिल्ली के निवासी किसी प्रकार फिर अपने घर पहुंचे। मु० तुगलक ने देवगिरि का नाम दौलताबाद रखा था और वारंगल के राजाओं के विरुद्ध युद्ध करने के लिए इस स्थान को अपना आधार बनाया था। किन्तु उत्तरी भारत में गड़बड़ प्रारम्भ हो जाने के कारण वह अधिक समय तक राजधानी देवगिरि में न रख सका। मु० तुगलक के राज्य काल में प्रसिद्ध अफ्रीकी यात्री इब्नबतूता दौलताबाद आया था। उसने इस नगर की समृद्धि का वर्णन करते हुए उसे दिल्ली के समकक्ष ही बताया है। राजधानी के दिल्ली वापस आ जाने के कुछ ही समय पश्चात् गुलबर्गा के सूबेदार जफरखां ने दौलताबाद पर अधिकार कर लिया और यह नगर इस प्रकार बहमनी सुलतानों के हाथ में आ गया। यह स्थिति 1526 तक रही जब इस पर निजामशाही सुलतानों का अधिकार हो गया। तत्पश्चात् मुगल सम्राट् अकबर का अहमदनगर पर कब्जा हो जाने पर

दौलताबाद भी मुगलसाम्राज्य में सम्मिलित हो गया। किंतु पुनः इसे शीघ्र ही अहमदनगर के सुलतानों ने वापस ले लिया। 1633 ई० में शाहजहां के सेनापति ने दौलताबाद पर कब्जा कर लिया और तब से औरंगजेब के राज्यकाल के अंत तक यह ऐतिहासिक नगर मुगलों के हाथ ही में रहा। औरंगजेब की मृत्यु के कुछ समय पश्चात् मुहम्मदशाह के शासनकाल में हैदराबाद के प्रथम निजाम आसफजाह ने दौलताबाद को अपनी नई रियासत में शामिल कर लिया।

देवगिरि का यादवकालीन दुर्ग एक त्रिकोण पहाड़ी पर स्थित है। क़िले की ऊंचाई आधार से 150 फुट है। पहाड़ी समुद्रतल से 2250 फुट ऊंची है। किले का बाहरी दीवार का घेरा 2¾ मील है और इस दीवार और क़िले के आधार के बीच क़िलाबंदियों की तीन पंक्तियां हैं। प्राचीन देवगिरि नगरी इसी परकोट के भीतर बसी हुई थी। किंतु उसके स्थान पर अब केवल एक गांव नजर आता है। क़िले के कुल आठ फाटक हैं। दीवारों पर कहीं कहीं आज भी पुरानी तोपों के अवशेष पड़े हुए हैं। इस दुर्ग में एक अंधेरा भूमिगत मार्ग भी है जिसे अंधेरी कहते हैं। इस मार्ग में कहीं कहीं गहरे गड्ढे भी हैं जो शत्रु को धोखे में नीचे गहरी खाई में गिराने के लिए बनाये गये थे। मार्ग के प्रवेश-द्वार पर लोहे की बड़ी अंगीठियां बनी हैं जिनमें आक्रमणकारियों को बाहर ही रोकने के लिए आग सुलगा कर धुआं किया जाता था। क़िले की पहाड़ी में कुछ अपूर्ण गुफाएं भी हैं जो एलोरा की गुफाओं की समकालीन हैं। देवगिरि के प्रमुख स्मारक हैं चांदमीनार, चीनीमहल व जामा मसजिद। चांद मीनार 210 फुट ऊंची और आधार के पास 70 फुट चौड़ी है। यह मीनार दक्षिण भारत में मुसलिम वास्तुकला की सुंदरतम कृतियों में से है। इसको अलाउद्दीन बहमनी ने क़िले की विजय के उपलक्ष्य में बनवाया था। मीनार का आधार 15 फुट ऊंचा है जिसमें 24 कोष्ठ हैं। संपूर्ण मीनार पर पहले सुंदर ईरानी पत्थर जड़े हुए थे। इसके दक्षिण की ओर एक छोटी मसजिद है जो जैसा कि एक फारसी अभिलेख से सूचित होता है 849 हिजरी (=1445 ई०) में बनी थी। चीनी महल किले के अष्टम फाटक से 40 फुट दाईं ओर है। यह भवन पहले बहुत सुंदर था। इसी में औरंगजेब ने गोलकुंडा के अंतिम शासक अबुहसन तानाशाह को कैद किया था। यादवकालीन इमारतों के अवशेष अब नहीं के बराबर हैं। केवल कालिकादेवी जिसके मध्य भाग को मलिक काफूर ने मसजिद में परिवर्तित कर दिया था मौजूद है। इसके पास ही जामा मसजिद है जिसमें प्राचीन भारतीय शैली के स्तंभ और सपाट दरवाजे हैं। इसे *1313 ई०*

मे मुबारक खिलजी ने बनवाया था। किंवदती है कि बहमनीवश के संस्थापक हसन गगू का राज्याभिषेक इसी मसजिद मे 1347 ई० मे हुआ था। अकबर के समकालीन इतिहास-लेखक फरिश्ता ने इसका सुदर वर्णन किया है। देवगिरि के अन्य उल्लेखनीय स्थान हैं —बाआरीटका, हाथीहौज, जनार्दन स्वामी की समाधि तथा शाहजहा और निजामशाही सुलतानो के बनवाए कुछ महलो के भग्नावशेष। जैन स्तोत्र तीर्थ माला चैत्यवदन मे देवगिरि को सुरगिरि कहा गया है।

(२) (म० प्र०) एक स्थानीय अभिलेख के अनुसार चबलनदी के तट पर बसे हुए अटेर नामक कस्बे के किले की पहाडी का नाम देवगिरि है। यह अभिलेख भदौरिया राजा बदनसिंह का है।

(3) कालिदास के मेघदूत (पूर्वमेघ 44) मे वर्णित एक पहाडी—'नीचैर्वास्यत्युपजिगमिषोर्देवपूर्वंगिरि ते, शीतोवायु परिणमयिता काननोदुवराणाम्' अर्थात् हे मेघ (गभीरा नदी के आगे जाने के पश्चात्) वन-गूलरो को पकाने वाली शीतल वायु, देवगिरि नामक पहाडी के निकट जाने के इच्छुक तेरा साथ देगी। मेघ के यात्राक्रम के अनुसार देवगिरि की स्थिति, गभीरा (वर्तमान गभीर) नदी और चर्मण्वती (पूर्वमेघ 47 48) के बीच कही होनी चाहिए। चर्मण्वती या चबल को पार करने के पश्चात् मेघ दशपुर पहुँचता है जो पश्चिमी मालवा का मदसोर है। इस प्रकार देवगिरि की स्थिति, उज्जैन से मदसोर के मार्ग पर और चम्बल के दक्षिणी तट पर होनी चाहिए। इस पहाडी का अभिज्ञान अनिश्चित है। पूर्वमेघ, 45 मे इसी पहाडी पर कालिदास ने स्कद का निवास बताया है—'तत्र स्कंद नियतवसितम्'। बिहार उडीसा रिसर्च सोसाइटी जर्नल के दिसबर 1915 के अक मे प्रकाशित (पृ० 203) एक लेख के अनुसार गभीरा के तीर पर अजीर के वृक्षो के वन मे होकर एक मार्ग है जो लगभग एक 200 फुट ऊचे पहाड पर जाकर समाप्त होता है। इस पहाड पर स्कद का एक छोटा सा मदिर है। मदिर की देवमूर्ति की खाडेराव (=स्कदराज) के नाम से पूजा होती है। यह आश्चर्यजनक बात है कि कालिदास ने इस देवमूर्ति का नाम स्कद कहा है। सभव है इसी पहाडी को कालिदास ने देवगिरि नाम से अभिहित किया हो।

(4) श्रीमद्भागवत, 5,19,16 मे उल्लिखित एक पर्वत का नाम—'भारतेऽप्यस्मिन् वर्षे सरिच्छैला. सन्ति बहवोमलयोमगलप्रस्थो मैनाकस्त्रिकूट ऋषभ, कूटक, कोल्लक सह्यो देवगिरिऋष्यमूक: श्रीशैलो वैकटो महेन्द्रो वारिधारो विध्य.'। सदर्भ से यह दक्षिण भारत का कोई पर्वत जान पडता

है। सभव है देवगिरि (1) की ही पहाडी का इस उद्धरण मे उल्लेख हो। यह पहाड़ी समुद्रतल से 2250 फुट ऊची है। उपयुक्त उद्धरण मे जिसमे पवतो के नाम शायद क्रमानुसार हैं देवगिरि ऋष्यमूक पवत के साथ उल्लिखित है जिससे इसे दक्षिण भारत का ही पवत मानना ठीक होगा।

देवटेक (जिला चादा, म० प्र०)

इस स्थान से हाल ही मे एक अशोककालीन ब्राह्मी अभिलेख प्राप्त हुआ है। अशोक मौय का समय 300 232 ई० पू० है।

देवदह

महावश 2 9 मे उल्लिखित शाक्य राजा देवदह की राजधानी। यह नगर गौतम बुद्ध की माता मायादेवी का पितृस्थान था। यह जिला बस्ती (उ०प्र०) के उत्तर म नेपाल की सीमा के अतगत और लुबिनी या वतमान रुमिनीदेई के पास ही स्थित होगा। कपिलवस्तु से देवदह जाते समय माग म ही लुबिनीवन मे माया ने पुत्र को जम दिया था। माया के पितृकुल के शाक्यो की कुल रीति के अनुसार इनकी कयाओ के पहले पुत्र का ज म पितृगृह मे ही होता था और इसीलिए मायादेवी बालक के जम के पूव देवदह जा रही थी। माया के पिता कोलियगणराज्य के मुख्य थे। गोरखपुर विश्वविद्यालय क प्राध्यापक श्री सी० डी० चटर्जी न देवदह का अभिज्ञान जिला गोरखपुर की फरदा तहसील के अतगत बनरसकला नामक स्थान से किया है (दे० हिदुस्तान टाइम्स 17 4-64)

देवदुग (जिला रायचूर मैसूर)

यह स्थान बीदर के सरदारो या पोलीगरो का गढ था। ये इतने शक्तिशाली थे कि प्रथम निजाम आसफजाह ने इनसे सधि करना ठीक समझा था। किले के तीन ओर दीवार हैं और पश्चिम की ओर पहाडिया। किला मध्ययुगीन है।

देवधानी=देवयानी

सांभर या शाकभर (राजस्थान) का एक प्राचीन नाम। (दे० देवयानी)

देवपवत (बुदेलखड म०प्र०)

अजयगढ़ से 4 मील उत्तर की ओर यह पवत स्थित है। महाभारत मे दैत्यगुरु शुक्राचाय की पुत्री देवयानी से इसका सबध बताया जाता है। देवपवत की चोटी पर महाकवि सूरदास के समकालीन भक्तप्रवर वल्लभाचाय की बठक स्थित है।

देवपाटन (नेपाल)

इस नगर की स्थापना मौर्यसम्राट् अशोक की पुत्री चारुमती ने अपने पिता के साथ नेपाल की यात्रा के अवसर पर (250 ई० पू० के लगभग) की थी। उसने अपने पति देवपाल क्षत्रिय की स्मृति में ही इस नगर का नाम देवपाटन रखा था। इसे पाटन भी कहा जाता था। (दे० ललितपाटन, मञ्जुपाटन)

देवपुर दे० राजिम

देवप्रयाग (गढ़वाल, उ० प्र०)

भागीरथी और अलकनंदा के संगम पर स्थित तीर्थ जो बदरीनाथ के मार्ग में है।

देवप्रस्थ

महाभारत के वर्णन के अनुसार अर्जुन ने अपनी दिग्विजय यात्रा के प्रसंग में देवप्रस्थ को जीता था। यहां सेनाबिंदु की राजधानी थी—'सदेवप्रस्थमासाद्य सेनाबिंदोः पुरप्रति, बलेन चतुरंगेण निवेशमकरोत् प्रभु' महा० सभा० 27,13। प्रसंगानुसार इसकी स्थिति हिमाचल प्रदेश में कुमू के अंतर्गत मानी जा सकती है। सभा० 27,14 में पौरवनरेश विश्वगश्व पर अर्जुन के आक्रमण का उल्लेख है जो अलक्षेन्द्र के समय के पुरु या पोरस का पूर्वज हो सकता है। इसका राज्य पश्चिमी पंजाब (पाकि०) में स्थित था।

देवबंद (जिला सहारनपुर, उ०प्र०)

किंवदंती के अनुसार यह महाभारतकालीन द्वैतवन है और देवबंद द्वैतवन का ही अपभ्रंश है। एक अन्य जनश्रुति के आधार पर यह भी कहा जाता है कि देवबंद या देवबन में प्राचीन काल में देवीवन नामक वन की स्थिति थी। देवीदुर्गा का एक स्थान अभी तक यहां वर्तमान है। वल्लभ संप्रदाय के प्रसिद्ध भक्त हितहरिवंश से संबद्ध राधावल्लभ का मंदिर भी उल्लेखनीय है। (दे० द्वैतवन)

देववरर = कुमू

देवबरनार्क (जिला, आरा बिहार)

इस ग्राम में मगध के गुप्तनरेश जीवितगुप्त द्वितीय के समय का एक महत्त्वपूर्ण अभिलेख प्राप्त हुआ है। यह शासनपत्र गोमतीकोट्टक नामक दुर्ग से प्रचलित किया गया था। यह तिथिहीन है। इसमें वर्णित ग्राम(देव बरनार्क का मूल प्राचीन नाम) का वरुणवासिन् अथवा सूर्य मंदिर के लिए दान में दिये जाने का उल्लेख है। अभिलेख में गुप्तनरेशों की वंशावलि दी गई है जिससे कई परवर्ती गुप्त-राजाओं तथा उनसे संबद्ध मौखरीनरेशों के नाम

मिलते हैं जिनमे ये प्रमुख हैं (1) देवगुप्त—जिसके सबध से वाकाटक राजाओं के कालनिर्णय मे सरलता होती है, (2) बालादित्य—जिसका वृत्तात हमें युवानच्वांग के यात्रावर्णन से भी ज्ञात होता है और जिसने हूण राज्य मिहिरकुल से युद्ध किया था और (3) मौखरी नरेश सर्ववर्मन् तथा (4) अवतिवर्मन् । अवंतिवर्मन् का उल्लेख बाण के हर्षचरित में हर्ष की भगिनी राज्यश्री के पति गृहवर्मन् के पिता के रूप में है।

देवयानी (जिला साभर, राजस्थान)

साभर से 2 मील दूर प्राचीन ग्राम है। स्थानीय जनश्रुति के आधार पर कहा जाता है कि यह ग्राम महाभारत तथा श्रीमद्भागवत मे वर्णित देवयानी और शर्मिष्ठा के आख्यान की स्थली है। यहीं दैत्यगुरु शुक्राचार्य का आश्रम था। ग्राम मे वह सरोवर भी बताया जाता है जहा शर्मिष्ठा ने स्नान करने के पश्चात् भूल से देवयानी के कपड़े पहन लिए थे। इस उपाख्यान का महाभारत आदि० 75-82 मे वर्णन है। (दे० कोपरगाँव, देवपर्वत)

देवरकोंडा (जिला नल्गोंडा, आ० प्र०)

यह स्थान बहमनी काल मे वेलमा राजा लिंग के अधिकार मे था। इसने बहमनी सुलतानों से वीरतापूर्वक लड़ाइया लड़ी थीं और उनकी अनेक सेनाओ को नष्ट किया था। यहा का क़िला मात पहाड़ियो से घिरा हुआ है।

देवराष्ट्र (जिला विजिगापटम्, आं० प्र०)

इस स्थान के राजा कुबेर का समुद्रगुप्त की प्रशस्ति में उल्लेख है—इसे गुप्तसम्राट् (समुद्रगुप्त) ने पराजित किया था—'पाल्वक उग्रसेनदेवराष्ट्रक कुबेर, कौस्थलपुरकधनजयप्रभृतिसर्वदक्षिणापथराजग्रहणमोक्षानुग्रहजनितप्रतापोन्मिश्र महाभाग्यस्य'। पहले विद्वानों का विचार था कि देवराष्ट्र महाराष्ट्र का ही पर्याय है और इस प्रकार समुद्रगुप्त की दिग्विजययात्रा में दक्षिणी भारत का लगभग पूरा भाग ही सम्मिलित माना गया था किंतु अब फ्रांसीसी विद्वान् जूवो डुब्रिल के मत के आधार पर यह उपकल्पना गलत कही जाती है। इनका मत है कि समुद्रगुप्त वास्तव मे दक्षिण के केवल पूर्वी समुद्रतट तथा मध्य प्रदेश के पूर्वी भाग तक ही पहुंचा था और मलाबार तथा कोयमबटूर के जिले तथा खानदेश और महाराष्ट्र के प्रात उसकी दिग्विजय यात्रा के मार्ग के बाहर थे। इस मत के मानने वाले देवराष्ट्र का अभिज्ञान विजिगापटम ज़िले (आ० प्र०) के येल्लमंचिली तालुके में स्थित इसी नाम (देवराष्ट्र) के ग्राम से करते हैं।

देवरी (जिला उदयपुर, राजस्थान)

उदयपुर के निकट स्थित है। इस स्थान पर मेवाडपति महाराणा राजसिंह ने मुगल सम्राट् औरंगजेब की सेना का आक्रमण विफल कर दिया था। मुगल-सम्राट् ने महाराणा को मारवाड के राजकुमार अजितसिंह को शरण देने तथा जजिया के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए दोषी ठहराया था। मारवाड के वीर दुर्गादास की कूटनीति के फलस्वरूप देवरी की घाटी मे मुगल सेना फस गई तथा उसका बडा भाग नष्ट हो गया।

2—(जिला सागर, म० प्र०) देवरी की गढ़ी काफी प्राचीन थी। इसकी गिनती गढमडला की वीरांगना रानी दुर्गावती के श्वसुर सग्रामसिंह (मृत्यु 1541-ई०) के 52 गढ़ो मे थी।

देवल (जिला पीलीभीत, उ० प्र०)

बीसलपुर से दस मील पर देवल और गढगजना के खडहर हैं। कहा जाता है कि देवल मे देवल नाम के ऋषि का आश्रम था। देवल ऋषि का उल्लेख श्रीमद्भगवद्गीता 10,13 मे है—'आहुस्त्वामृषय सर्वे देवर्षिर्नारदस्तथा असितो देवलो व्यास. स्वय चैव ब्रवीषि मे'। पाडवो के पुरोहित धौम्य देवल के भाई थे। यहा के खडहरों मे भगवान् वराह की मूर्ति प्राप्त हुई थी जो देवल के मदिर में है। जान पडता है कि यह स्थान प्राचीन समय मे वराह-पूजा का केंद्र था। देवल-ऋषि के मदिर मे 992 ई० का कुटिला लिपि म एक अभिलेख है, जिससे सूचित होता है कि एक स्थानीय राजा और उसकी पत्नी लक्ष्मी ने बहुत से कुज, उद्यान और मदिर बनवाए और ब्राह्मणो को कई ग्राम दान मे दिए जो निर्मल नदी के जल से सिंचित थे। देवल के पास बहने वाला कटनी नाम का नाला ही इस अभिलेख की निर्मला नदी जान पडता है।

देवलगढ़ (जिला गढवाल, उ० प्र०)

श्रीनगर से 4 मील दूर यह स्थान गढ़वाल की प्राचीन राजधानी रह चुका है। यहां राजराजेश्वरी का और नाथ-सप्रदाय के कालभैरव का मदिर स्थित है।

देवलनगर (जिला उदयपुर, राजस्थान)

इस छोटी सी रियासत की नीव डालने वाला राजा सूरजमल था जो चित्तौड नरेश राणा रायमल का भाई था। सूरजमल की रायमल के पुत्रो—सांगा और पृथ्वीराज से अनबन थी और वह चित्तौड का शत्रु हो गया था। इसने पृथ्वीराज से पराजित होकर चित्तौड से दूर देवलनगर राज्य की स्थापना की। किंतु सूरजमल के वशज बाघ जी ने चित्तौड की, गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह के विरुद्ध अपनी सेना भेजकर, रक्षा की।

देवलपुर = दे० देलवाड़ा (1)

देवलार्क = देवलास (जिला आजमगढ़, उ० प्र०)

देवलास का प्राचीन नाम देवलार्क अर्थात् सूर्यमंदिर है। यह कस्बा तमसा (=टौंस) नदी के उत्तरी तट पर मुहम्मदाबाद स्टेशन से 4 मील पर बसा है। यहां के प्राचीन सूर्य मंदिर के अवशेष आज भी हैं। सूर्य की प्राचीन मूर्ति स्वर्ण की थी किंतु अब संगमर्मर की है।

देववन दे० **देवबंद**

देवसखा

हिमालय में कैलास के निकट स्थित पर्वत जिसका उल्लेख वाल्मीकि रामायण में है। इसे अनेक पक्षियों का घर बताया गया है और इसके आगे एक विशाल मैदान का वर्णन है—'ततो देवसखानाम पर्वतः पतगालय', नानापक्षिसमाकीर्णः विविधद्रुमभूषित। तमतिक्रम्य चाकाश सर्वतः शतयोजन, अपर्वतनदीवृक्ष सर्वसत्वविवर्जितम्। तत्तु शीघ्रमतिक्रम्य कातार रोमहर्षण कैलास पाडुर प्राप्य हृष्टा यूय भविष्यथ'। इस उद्धरण से प्रतीत होता है कि यह पर्वत कैलास के मार्ग में स्थित था। यहां से कैलास तक के रास्ते को बीहड़ एवं पर्वत, नदी, वृक्ष और सब प्राणियों से रहित बताया गया है। इसका ठीक ठीक अभिज्ञान अनिश्चित है।

देवह्रद (दे० सिहावा)

यह महाभारत, अनुशासन० 25,44 में उल्लिखित है—'देहह्रद उपस्पृश्य ब्रह्मभूतो विराजते'।

देविका

(1) (नेपाल) गडकी की सहायक नदी। देविका, गडकी और चक्रा नदियों के त्रिवेणी-सगम पर नेपाल का प्राचीन तीर्थ मुक्तिनाथ बसा है। यह स्थान काठमडू से 140 मील दूर है।

(2) स्कदपुराण के अनुसार(प्रभास खड 278) यह नदी मूलस्थान (मुलतान, प० पाकि०) के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर के निकट बहती थी (दे० मुलतान)। अग्निपुराण, 200 में इस नदी को सौवीर देश के अतर्गत बताया गया है—'सौवीरराजस्य पुरा मैत्रेयो भूत पुरोहित तेन चायतन विष्णोः कारित देविका तटे' अर्थात् सौवीर-नरेश के मैत्रेयनामक पुरोहित ने देविका-तट पर विष्णु का देवालय बनवाया था। महाभारत, वनपर्व के अतर्गत तीर्थयात्रा-प्रसग मे इस नदी का उल्लेख है। भीष्मपर्व 9,16 मे इसका अन्य नदियों के साथ उल्लेख है—'नदीं वेत्रवतीं चैव कृष्णवेणां च निम्नगाम्, इरावतीं वितस्ता च पयोष्णीं देवि-

कामपि'। महाभारत, अनुशासन० 25,21 मे इस नदी मे स्नान करने से मरने के बाद, सुदर शरीर की प्राप्ति बताई गई है—'देविकायामुपस्पृश्य तथा सुदरिकाह्रदे अश्विन्यां रूपवर्चस्क प्रेत्य वै लभते नरः'। पाणिनि ने देविका-तट के धानों का उल्लेख किया है (अष्टाध्यायी 7,3,1)। विष्णु० 2,15,6 में देविका के तट पर वीरनगर नामक स्थान का उल्लेख है। कुछ विद्वानों के मत मे देविका पजाब की वर्तमान देह नदी है जो रावी मे मिलती है।

देविकाकुंड

महाभारत, अनुशासन० मे वर्णित तीर्थ जो संभवत: देविका नदी के तट पर अवस्थित था। [दे० देविका (2)]

देवी

महानदी की सहायक नदी जो जिला पुरी (उड़ीसा) में बहती है।

देवीपत्तन दे० भूतसेतु

देवीपाटन (जिला गोंडा, उ० प्र०)

पटेश्वरी देवी के मदिर के लिए यह स्थान दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। देवीपाटन तुलसीपुर रेल-स्टेशन के निकट है। वर्तमान मदिर अधिक प्राचीन नही है किंतु कहा जाता है कि प्राचीन मदिर जो आधुनिक मदिर के स्थान पर ही था विक्रमादित्य के समय में बना था। इसे औरगजेब ने 17 वी शती में तुड़वा दिया था। स्थानीय किंवदती के अनुसार कुती के ज्येष्ठपुत्र कर्ण ने परशुराम से ब्रह्मास्त्र यहीं प्राप्त किया था। (दे० महा० कर्ण० 34, 157-158 'भार्गवो ऽदिददो दिव्य धनुर्वेद महात्मने, कर्णाय पुरुषव्याघ्र सुप्रीते नातरात्मना')

देवीयन दे० देवबद

देह=देविका (२)

देहरादून (उ० प्र०)

देहरा शब्द का अर्थ निवास स्थान या डेरा है और दून का अर्थ द्रोण या पर्वत की घाटी। कहते हैं कि सिखों के गुरु रामराय किरतपुर (पजाब) से आकर यहां बस गये थे। मुगल सम्राट् औरगजेब ने उन्हें कुछ ग्राम टिहरी नरेश से दान मे दिलवा दिए थे। यहा उन्होंने मुगल-मकबरो मे मिलता जुलता मदिर भी बनवाया (1699 ई०) जो आजतक प्रसिद्ध है। शायद गुरु का डेरा यहां इस घाटी मे होने के कारण ही स्थान का नाम देहरादून पड गया। इसके अतिरिक्त एक अति प्राचीन किंवदती के अनुसार देहरादून का नाम पहले द्रोणनगर था और यह कहा जाता है कि पांडव-कौरवों के गुरु द्रोणाचार्य ने इस स्थान पर अपनी तपोभूमि बनाई थी और उन्ही के नाम पर इस नगर का

नामकरण हुआ था। एक अन्य किंवदंती के अनुसार जिस द्रोणपर्वत की औषधियां हनुमान् जी लक्ष्मण के शक्ति लगने पर लंका ले गये थे वह यहीं स्थित था। किंतु वाल्मीकि रामायण में इस पर्वत को महोदय कहा गया है। यह भी कहा जाता है कि महाभारत-काल में विराटराज की सेना कालसी में रहा करती थी जो देहरादून के पास ही है और उनकी गायों की रक्षा छद्मवेशधारी अर्जुन ने की थी (इस पिछली किंवदंती में कुछ भी तथ्य नहीं जान पड़ता क्योंकि विराट का राज्य मत्स्य देश में था जो वर्तमान अलवर-जयपुर का इलाका है)। देहरादून का एक अति प्राचीन मुहल्ला खुरबाड़ा है जिसका संबंध लोक कथा में विराट की गौवों के खुरों के गिरने से जोड़ा जाता है किंतु जैसा अभी कहा गया है देहरादून से विराट के संबंध की किंवदंती केवल कपोलकल्पना मात्र है। देहरादून जिले में कालसी के निकट जगतग्राम नामक स्थान पर तृतीय शती ई० के कुछ अवशेष मिले हैं जिनसे ज्ञात होता है कि राजा शीलवर्मन ने इस स्थान पर अश्वमेधयज्ञ किया था। इससे यह महत्वपूर्ण तथ्य सिद्ध होता है कि देश के इस भाग में तृतीय शती ई० में हिंदूधर्म के पुनर्जागरण के लक्षण निश्चित रूप से दिखायी पड़ने लगे थे।

मुगल-साम्राज्य के छिन्नभिन्न हो जाने पर 1772 ई० में देहरादून पर गूजरों ने आक्रमण किया। तत्पश्चात् अफगान-सरदार गुलाम कादिर ने गुरु रामराय के मंदिर में अनेक हिंदुओं का वध किया और फिर सहारनपुर के सूबेदार नजीबुद्दौला ने दून-घाटी पर हमला करके उस पर अधिकार कर लिया। उसकी मृत्यु के पश्चात् गूजर, राजपूत और गोरखे इन सभी ने बारी-बारी से इस प्रदेश में लूटमार मचाई। 1783 ई० में सिख सरदार बघेल सिंह ने सहारनपुर को लूटने के पश्चात् देहरादून को नष्ट-भ्रष्ट किया। जिन लोगों ने रामराय के मंदिर में शरण ली, केवल वे ही बच सके अन्य सब को तलवार के घाट उतार दिया गया। आस-पास के गावों मे भी बघेलसिंह के सैनिकों ने लूट मार मचाई। 1786 ई० में गुलाम कादिर ने दुबारा देहरादून को लूटा और इस बार उसका सहायक मनियार सिंह भी था। गुलाम कादिर ने रामराय के गुरुद्वारे को लूट कर जला दिया और बिछी हुई गुरु की शैया पर शयन कर उसने सिखों और हिंदुओं के हृदयों को भारी ठेस पहुंचाई। स्थानीय हिंदुओं का विश्वास था कि इन्हीं अत्याचारों के कारण यह दुष्ट आक्राता पागल होकर मृत्यु को प्राप्त हुआ। 1801 ई० में गोरखों ने दून-घाटी को हस्तगत कर लिया। यहां उस समय टिहरी-गढ़वाल नरेश प्रद्युम्नशाह का अधिकार था। इस लड़ाई मे गोरखा-नरेश बहादुरशाह का, वीर सेनानी अमर सिंह ने बड़ी

वीरता से सामना किया। गोरखों का राज्य इस घाटी में तेरह-चौदह वर्ष तक रहा। इस काल में उन्होंने बड़ी नृशंसता से शासन किया। उनका अत्याचार यहाँ तक बढ़ गया था कि वे लगान वसूल करने के लिये किसानों को प्रतिवर्ष हरद्वार के मेले में बेच दिया करते थे। कहा जाता है कि इनका मूल्य दस से एक सौ पचास रुपये तक उठता था। अत्याचार-ग्रस्त किसान सैकड़ों की संख्या में दून-घाटी से भाग कर बाहर चले गये। रामराय गुरुद्वारे के महंत हरसेवक ने बाद मे इन किसानों को वापस बुला लिया था। 1814 ई० में गोरखा-युद्ध के पश्चात् दूनघाटी तथा उत्तरी भारत के अन्य पहाड़ी प्रदेश अंग्रेजों के हाथ में आ गये।

देहली=दिल्ली

उर्दू भाषा में दिल्ली को प्रायः देहली लिखा जाता रहा है

देहू (जिला पूना, महाराष्ट्र)

पूना से 15 मील दूर देहूरोड स्टेशन के निकट महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत तुकाराम का जन्म स्थान है। इनके पिता बोलोजी तथा माता कनकाबाई थीं। तुकाराम का जन्म 1608 ई० मे हुआ था। कहा जाता है कि उन्होंने देहू के निकट भागगिरि पहाडी पर तपस्या करके मोक्ष प्राप्त की थी। तुकाराम द्वारा स्थापित विठोबा का मंदिर देहू का प्रसिद्ध स्मारक है।

देहोत्सर्ग दे० प्रभास

देहक (सौराष्ट्र, गुजरात)

10 शती के प्रसिद्ध अरब पर्यटक तथा विद्वान् लेखक अलबेरुनी के एक उल्लेख के अनुसार रसविद्या के प्रसिद्ध भारतीय आचार्य नागार्जुन, सोमनाथ के निकट देहक नामक स्थान में रहते थे। अलबेरुनी का नागार्जुन-विषयक कथन भ्रामक जान पड़ता है किंतु देहक से तात्पर्य अवश्य ही देहोत्सर्ग या प्रभासपाटन (कृष्ण के देहोत्सर्ग का स्थान) से है।

दोहरताल

प्राचीन श्रावस्ती के खंडहरों (सहेतमहेत, जिला गोंडा, उ० प्र०) से एक मील दूर टंडवा नामक ग्राम में बौद्धकालीन कश्यप बुद्ध के स्तूप के भग्नावशेष हैं। इन्हीं के उत्तर में दोहरताल या सीतादोहर नामक एक मील लंबा ताल है जिसके साथ कई प्राचीन किंवदंतियों का संबंध है।

दौलताबाद दे० देवगिरि

द्युतिपलाश

वैशाली में स्थित ज्ञाति-क्षत्रियों का उद्यान एवं चैत्य। यह कोल्लाग सन्निवेश के निकट था।

द्युतिमान

विष्णुपुराण 2,4,41 में उल्लिखित कुशद्वीप का एक पर्वत—'विद्रुमो हेमशैलश्च द्युतिमान पुष्पवांस्तथा, कुशेशयो हरिश्चैव सप्तमो मन्दराचल ।'

द्रविड

तामिलप्रदेश (मद्रास) का प्राचीन नाम—'पाड्यांश्च द्रविडांश्चैव सहितांश्चोड्र केरलैः आन्ध्रांस्तालवनांश्चैव कलिंगानुष्ट्रकर्णिकान्'—महा० सभा० 31,71 । इस उल्लेख के अनुसार सहदेव ने द्रविड तथा अन्य दाक्षिणात्य राज्यों पर दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में विजय प्राप्त की थी । वन, 51,22 में द्राविड़ों का चोलों और आंध्रों के साथ उल्लेख है—'मद्रगणान् सपौंड्रोड्रान् सचोल द्राविडान्ध्रकान्' । कहा जाता है कि द्रविड और तमिल शब्द मूलतः एक ही हैं, केवल उच्चारण के भेद के कारण अलग अलग हो गए हैं । मनु के अनुसार द्राविड मूलतः क्षत्रिय थे ।

द्रागियाना

बिलोचिस्तान (पाकिस्तान) का प्राचीन यूनानी नाम है । इसका उल्लेख अलक्षेंद्र के जमाने के यूनानी लेखकों ने किया है । यह कहना संभव नहीं है कि द्रागियाना किस भारतीय नाम का यूनानी रूपांतर है ।

द्राक्षाराम (जिला गोदावरी, आ० प्र०)

इस स्थान से अनेक प्राचीन ऐतिहासिक अभिलेख प्राप्त हुए हैं जिनसे जान पड़ता है कि यह स्थान प्राचीन समय में महत्वपूर्ण रहा होगा । दुर्गम वन-प्रदेश में स्थित होने के कारण इसका प्राचीन महत्व प्रकाश में नहीं लाया जा सका है ।

द्रुमकुल्य

भारत-लंका के बीच के समुद्र के उत्तर की ओर एक देश जहां रामायण काल में आभीरों का निवास था । समुद्र की प्रार्थना पर श्रीराम ने अपने चढ़ाए हुए बाण को (जिससे वह समुद्र को दंडित करना चाहते थे) द्रुमकुल्य की ओर फेंक दिया था । जिस स्थान पर बाण गिरा था वहां समुद्र सूख गया और मरुस्थल बन गया किंतु यह स्थान राम के वरदान से पुनः हरा भरा हो गया—'उत्तरेणावकाशोऽस्ति कश्चित् पुण्यतरो मम, द्रुमकुल्य इतिख्यातो लोके ख्यातो यथा भवान । उग्रदर्शनकर्माणो बहवस्तत्र दस्यव, आभीरप्रमुखाः पापाः पिबन्ति सलिलं मम । तैर्न तत्स्पर्शनं पापं सहेयं पापकर्मभिः, अमोघः क्रियतां राम अयं तत्र शरोत्तम । तेन तन्मरुकान्तारं पृथिव्यां किल विश्रुतम्, निपातितः शरो यत्र वज्राशनिसमप्रभः । विख्यातं त्रिषु लोकेषु मरुकान्तारमेव च, शोषयित्वा तु तं कुक्षिं रामो दशरथात्मजः । वरं तस्मै

ददौविद्वान् महेश्मरविक्रम, परार्ध्यस्वाल्परोगश्च फलमूलरसायुत, बहुस्नेहो बहुक्षीरः सुगंधिर्विविधौषधि.—वाल्मीकि० युद्ध० 22, 29-30-31-33-37-38। अध्यात्म-रामायण युद्ध 3, 81 मे भी द्रुमकुल्य का उल्लेख है—'रामोत्तरप्रदेशे तु द्रुमकुल्य इति श्रुत.'

द्रोण=द्रोणगिरि

विष्णुपुराण 2, 4, 26 मे उल्लिखित शाल्मल द्वीप का एक पर्वत, 'कुमुदश्चोन्नतश्चैव तृतीयश्च बलाहक. द्रोणो यत्र महौषध्य. स चतुर्थो महीधरः'। यहां द्रोण-पर्वत पर महौषधियो का उल्लेख किया गया है। पौराणिक किंवदती में कहा जाता है कि लक्ष्मण के लका के युद्ध मे शक्ति लगने पर हनुमान द्रोणाचल-पर्वत से ही औषधियाँ लाए थे। वाल्मीकि०, युद्ध०, 74 मे हनुमान् को जिस पर्वत से औषधियां लानी थी जाम्बवान् ने उसे हिमालय के कैलास और ऋषभ पर्वतो के बीच मे बताया है—'गत्वापरमध्वानमुपर्युपरिसागरम्, हिमवत नगश्रेष्ठ हनुमान् गतुमर्हसि, तत. काचनमत्युग्रमृषभ पर्वतोत्तमम् कैलासशिखर चात्र द्रक्ष्यस्यरिनिषूदन'—युद्ध० 74, 29 30। अध्यात्म-रामायण, युद्ध० 5, 72 मे इसका नाम द्रोणगिरि है—'तत्र द्रोणगिरिर्नामदिव्यौषधि समुद्भव तमानय द्रुत गत्वा सजीवय महामते', अर्थात् रामचन्द्र जी ने वानर-सेना के मूर्छित हो जाने पर कहा—हे हनुमान, क्षीरसागर के निकट द्रोणगिरि नामक दिव्यौषधि-समूह है तुम वहां शीघ्र जाकर उसे ले आओ और वानर सेना को जीवित करो। इससे पहले श्लोक 71 मे इसे क्षीरसागर के निकट बताया गया है। जनश्रुतियो के आधार पर द्रोणपर्वत का अभिज्ञान तहसील रानीखेत जिला अल्मोडा मे स्थित दूना-गिरि से किया जाता है। (देहरादून के पर्वतो को भी द्रोणाचल कहा जाता है।) दूनागिरि पर आजकल भी अनेक औषधियाँ उत्पन्न होती हैं। किंतु वाल्मीकि रामायण के उद्धरण से ज्ञात होता है कि यह पहाड़ कैलास और ऋषभ पर्वतों के बीच मे स्थित था। (वाल्मीकि ने इस पर्वत का नाम महोदय बताया है) बदरीनाथ और तुगनाथ से जो द्रोणाचल दिखाई देता है समवत: वाल्मीकि रामायण मे उसी का निर्देश है।

द्रोणगिरि

(1)=द्रोण

(2) (बुदेलखड, म० प्र०) छतरपुर से सागर जाने वाले मार्ग पर सेंधपा ग्राम के निकट एक पर्वत जिसके शृग पर 24 जैन मदिर हैं। ये मध्यकालीन बुदेलखड की वास्तुशैली मे निर्मित हैं। समवत इसी पर्वत का उल्लेख श्रीमद्भागवत 5,19,16 मे है—'पारियात्रो द्रोणश्चित्रकूटो गोवर्धनो रैवतक'। (यह द्रोण या द्रोणगिरि भी हो सकता है)

द्रोणनगर

देहरादून का एक नाम जो द्रोणाचार्य के नाम पर है। (दे० देहरादून) द्रोणनगर का एक पर्याय द्रोणपुर भी है।

द्रोणपुर=द्रोणनगर

द्रोणस्तूप दे० भगवानगज

द्रोणाश्रम

स्थानीय किंवदती के अनुसार, देहरादून मे द्रोणाचार्य का आश्रम था और इसी कारण इस नगर का नाम द्रोणनगर हुआ था।

द्वादशग्राम

हिमालय के निकट एक प्रदेश जहा प्राचीन काल मे विसी और महाविसी नामक चमडा बनता था।

द्वारका

1 (सौराष्ट्र, गुजरात) पश्चिमी समुद्रतट के निकट द्वीप पर बसी हुई श्रीकृष्ण की प्रसिद्ध राजधानी (दे० कोडिनार)। इस नगरी के स्थान पर श्रीकृष्ण के पूर्व कुशस्थली नामक नगरी थी जहा के राजा रैवतक थे(दे० कुशस्थली)। श्रीकृष्ण ने जरासंध के आक्रमणो से बचने के लिए मथुरा को छोडकर द्वारका मे अपनी सुरक्षित राजधानी बनाई थी। यह नगरी विश्वकर्मा ने निर्मित की थी और इसे सुरक्षा के विचार से समुद्र के बीच मे एक द्वीप पर स्थापित किया था। श्रीकृष्ण ने मथुरा से सब यादवो को लाकर द्वारका मे बसाया था। महाभारत सभा० 38 मे द्वारका का विस्तृत वर्णन है जिसका कुछ अश इस प्रकार है—द्वारका के मुख्य द्वार का नाम वर्धमान था ('वर्धमानपुरद्वारमाससाद पुरोत्तमम्')। नगरी के सब ओर सुन्दर उद्यानों मे रमणीय वृक्ष शोभायमान थे, जिनमें नाना प्रकार के फल-फूल लगे थे। यहा के विशाल भवन सूर्य और चद्रमा के समान प्रकाशवान् तथा मेरु के समान उच्च थे। नगरी के चतुर्दिक चौडी खाइया थीं जो गगा और सिंधु के समान जान पडती थीं और जिनके जल में कमल के पुष्प खिले थे तथा हस आदि पक्षी क्रीडा करते थे ('पद्मषडाकुलाभिश्च हससेवितवारिभि, गगासिंधुप्रकाशाभि परिखाभिरलकृता')। सूर्य के समान प्रकाशित होने वाला एक परकोटा नगरी को सुशोभित करता था जिससे वह श्वेत मेघों से घिरे हुए आकाश के समान दिखाई देती थी ('प्राकारेणार्कवर्णेन पांडरेण विराजिता, वियन् मूर्धिनिविष्टेन द्यौरिवाभ्रपरिच्छदा')। रमणीय द्वारकापुरी की पूर्वदिशा मे महाकाय रैवतक नामक पर्वत (वर्तमान गिरनार) उसके आभूषण के समान अपने शिखरो सहित सुशोभित होता था—('भाति रैवतक. शैलो

रम्यसानुर्महाजिरः, पूर्वस्या दिशिरम्यायां द्वारकायां विभूषणम्')। नगरी के दक्षिण में लतावेष्ट, पश्चिम में सुकक्ष और उत्तर में वेणुमत पर्वत स्थित थे और इन पर्वतों के चतुर्दिक् अनेक उद्यान थे। महानगरी द्वारका के पचास प्रवेश द्वार थे—('महापुरीं द्वारवतीं पंचाशद्भिर्मुखैर्युताम्')। शायद इन्हीं बहुसंख्यक द्वारों के कारण पुरी का नाम द्वारका या द्वारवती था। पुरी चारों ओर गंभीर सागर से घिरी हुई थी। सुन्दर प्रासादों से भरी हुई द्वारका श्वेत अटारियों से सुशोभित थी। तीक्ष्ण यन्त्र, शतघ्नियां, अनेक यन्त्रजाल और लौहचक्र द्वारका की रक्षा करते थे—('तीक्ष्णयन्त्रशतघ्नीभिर्यन्त्रजालैः समन्वितां आयसैश्च महाचक्रैर्ददर्श द्वारकां पुरीम्') द्वारका की लम्बाई बारह योजन तथा चौड़ाई आठ योजन थी तथा उसका उपनिवेश (उपनगर) परिमाण में इसका द्विगुण था ('अष्ट योजन विस्तीर्णामचला द्वादशायताम्, द्विगुणोपनिवेशां च ददर्श द्वारकापुरीम्')। द्वारका के आठ राजमार्ग और सोलह चौराहे थे जिन्हें शुक्राचार्य की नीति के अनुसार बनाया गया था ('अष्टमार्गां महाकक्ष्यां महाषोडशचत्वराम् एवं मार्गपरिक्षिप्तां साक्षादुशनसाकृताम्') द्वारका के भवन मणि, स्वर्ण, वैदूर्य तथा संगमर्मर आदि से निर्मित थे। श्रीकृष्ण का राजप्रासाद चार योजन लंबा-चौड़ा था, वह प्रासादों तथा क्रीडापर्वतों से संपन्न था। उसे साक्षात् विश्वकर्मा ने बनाया था ('साक्षाद् भगवतो वेश्म विहितं विश्वकर्मणा, ददृशुर्देवदेवस्य-चतुर्योजनमायतम्, तावदेव च विस्तीर्णमप्रेमय महाधनैः, प्रासादवरसंपन्नं युक्तं जगति पर्वतैः') श्रीकृष्ण के स्वर्गारोहण के पश्चात् समग्र द्वारका, श्रीकृष्ण का भवन छोड़कर समुद्रसात् हो गयी थी जैसा कि विष्णुपुराण के इस उल्लेख से सिद्ध होता है—'प्लावयामास तां शून्यां द्वारकां च महोदधिः वासुदेवगृहं त्वेकं न प्लावयति सागरः,' विष्णु० 5,38,9। कहा जाता है कृष्ण के भवन के स्थान पर ही वज्रनाभ ने रणछोड़ जी का मूल मंदिर बनवाया था। वर्तमान मंदिर अधिक पुराना नहीं है पर है वज्रनाभ के मूल मंदिर के स्थान पर है। यह परकोटे के भदर घिरा हुआ है और सात-मंजिला है। इसके उच्चशिखर पर संभवतः संसार की सबसे विशाल ध्वजा लहराती है। यह ध्वजा पूरे एक थान कपड़े से बनती है। द्वारकापुरी महाभारत के समय तक तीर्थों में परिगणित नहीं थी। जैन सूत्र अंतकृतदशांग में द्वारवती के 12 योजन लंबे, 9 योजन चौड़े विस्तार का उल्लेख है तथा इसे कुबेर द्वारा निर्मित बताया गया है और इसके वैभव और सौंदर्य के कारण इसकी तुलना अलका से की गई है। रैवतक पर्वत को नगर के उत्तरपूर्व में स्थित बताया गया है। पर्वत के शिखर पर नंदन-वन का उल्लेख है। श्रीमद्भागवत में भी द्वारका

का महाभारत से मिलता जुलता वर्णन है। इसमें भी द्वारका को 12 योजन के परिमाण का कहा गया है तथा इसे वर्गों द्वारा सुरक्षित तथा उद्यानों, विस्तीर्ण मार्गों एवं ऊंची अट्टालिकाओं से विभूषित बताया गया है, 'इति सम्मन्त्र्य भगवान दुर्गं द्वादशयोजनम्, अतः समुद्रेनगर कृत्स्नाद्भुतमचीकरत्। दृश्यते यत्र हि त्वाष्ट्र विज्ञान शिल्प नैपुणम्, रथ्याचत्वरवीथीभिर्यथावास्तु विनिर्मितम्। सुरद्रुमलतोद्यानविचित्रोपवनान्वितम्, हेमशृंगै र्दिविस्पृग्भिः स्फाटिकाट्टालगोपुरैः' श्रीमद्भागवत 10,50, 50-52। माघ के शिशुपाल वध के तृतीय सर्ग में भी द्वारका का रमणीक वर्णन है। वर्तमान बेटद्वारका श्रीकृष्ण की विहार-स्थली कही जाती है।

(2) कंबोज की एक नगरी का नाम जिसका उल्लेख राइस डेवीज़ के अनुसार प्राचीन साहित्य में है।

(3) बंगाल की नदी जिस के तट पर तारापीठ नामक सिद्ध-पीठ स्थित था।

द्वारपाल

'द्वारपालं च तरसा वशे चक्रे महाद्युतिः, रामठान् हारहूणांश्च प्रतीच्याश्चैव ये नृपाः'—महा० सभा० 32,12। नकुल ने अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में उत्तर-पश्चिम दिशा के अनेक स्थानों को जीतते हुए द्वारपाल पर भी प्रभुत्व स्थापित किया था। प्रसंग से द्वारपाल, अफगानिस्तान और भारत के बीच द्वार के रूप में स्थित खैबर दर्रे का प्राचीन भारतीय नाम जान पड़ता है। यह वास्तव में भारत का द्वाररक्षक था। इस उल्लेख से यह बात स्पष्ट है कि प्राचीन काल में भारतीयों को अपनी उत्तर-पश्चिम सीमा के इस दर्रे का महत्व पूरी तरह से ज्ञात था। उपर्युक्त श्लोक में रमठ और हारहूण अफगानिस्तान के ही प्रदेश हैं जिससे द्वारपाल से खैबर दर्रे का अभिज्ञान निश्चित ही जान पड़ता है। इन सब स्थानों को नकुल ने 'शासन' भेजकर ही वश में कर लिया था और वहां सेना भेजने की उन्हें आवश्यकता नहीं पड़ती थी—'तान् सर्वान् स वशे चक्रे शासनादेव पांडव.'। महाभारत वन० 83,15 में भी द्वारपाल का उल्लेख है—'ततो गच्छेत् धर्मज्ञ द्वारपालं तरन्तुकम्'।

द्वारमण्डल (लंका)

महावंश 10,1 में उल्लिखित एक ग्राम जो अनुराधपुर को चैत्यगिरि (मिहिन्ताल) के समीप स्थित था।

द्वारवती

(1) दे० द्वारका। घटजातक (स० 454) में कृष्ण द्वारा द्वारवती की विजय का उल्लेख है।

(2) थाइलैंड या स्याम का एक प्राचीन भारतीय उपनिवेश। यहां के राजा का उल्लेख चीनी यात्री युवानच्वांग (7वीं शती ई०) ने किया है। यह उपनिवेश मिनाम की घाटी मे स्थित था। द्वारवती राज्य की राजधानी शायद लवपुरी थी जहा आठवीं शती ई० के कई अभिलेख प्राप्त हुए हैं। स्याम की पाली इतिहास-कथाओ चामदेवीवश और जिनकाल मालिनी (15वीं 16वीं शती ई०) मे भी द्वारवती का उल्लेख है। इस राज्य का समृद्धिकाल ई० सन् की प्रारंभिक शतियो से प्रारभ होकर 10वीं शती तक था।

द्वारसमुद्र

11वीं शती ई० के मध्य में होयसल नामक राजवश ने शक्ति-सपन्न होकर द्वार-समुद्र का स्वतत्र राज्य स्थापित किया था। 1310 ई० मे अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति मलिक काफ़ूर ने दक्षिण भारत पर आक्रमण किया। उसने द्वारसमुद्र मे खूब लूटमार मचाई और वहा के प्राचीन मंदिर को नष्टभ्रष्ट कर दिया। 1327 ई० मे मु० तुग़लक ने होयसल-नरेशो की बची खुची शक्ति को भी समाप्त कर दिया। विजयनगर राज्य के उत्थान के पश्चात्, द्वारसमुद्र इस महान हिंदू साम्राज्य का अग बन गया और इसकी स्वतत्र सत्ता समाप्त हो गई। दे० हालेबिड

द्वारहाट (तहसील रानीखेत, ज़िला अल्मोड़ा, उ० प्र०)

रानीखेत से 13 मील उत्तर की ओर प्राचीन स्थान है। 8वी से 13वीं शती तक के अनेक मदिरो के अवशेष यहा मिले हैं। इनमे गूजरदेव का मदिर कला की दृष्टि से उत्कृष्ट कहा जा सकता है। इसकी चारो ओर की भित्तियो को कलापूर्ण शिलापट्टो से समलकृत किया गया है। यहां का शीतला-मदिर भी उल्लेखनीय है।

द्वारावती=द्वारवती (द्वारका)

जैन तीर्थमालाचैत्यवदन मे द्वारावती का जैन तीर्थ के रूप मे उल्लेख है —'द्वारावत्य परेय चद्रमदगिरौ श्रीजीर्णवप्रे तथा'। यह स्थान जिन नेमिनाथ से सबधित बताया गया है। जैन पौराणिक कथाओ के अनुसार नेमिनाथ श्री कृष्ण के समकालीन और उनके सबधी भी थे।

द्वैतवन

महाभारत मे वर्णित वन जहां पांडवों ने वनवासकाल का एक अश व्यतीत किया था। यह वन सरस्वती नदी के तट पर स्थित था 'ते यात्वा पांडवास्तत्र ब्राह्मणैर्बहुभि सह, पुण्य द्वैतवन रम्य विविशुर्भरतर्षभा। तमालतालाम्रमधूक-नीप कदम्बसर्जार्जुनकर्णिकारै., तपात्यये पुष्पधरैरुपेत महावन राष्ट्रपति ददर्श।

मनोरमा भोगवतीमुपेत्य पूतात्मनाचीरजटाधराणाम्, तस्मिन् वने धर्मभृता निवासे ददर्श सिद्धर्षिगणाननेकान्' महा० वन० 24,16-17-20। भोगवती नदी सरस्वती ही का एक नाम है। भारवि के किरातार्जुनीयम 1,1 में भी द्वैतवन का उल्लेख है—'स वर्णलिंगी विदित समाययौ युधिष्ठिर द्वैतवने वनेचर'—। महाभारत सभा० 24,13 मे द्वैतवन नाम के सरोवर का भी वर्णन है—'पुण्य द्वैतवन सर'। कुछ विद्वानों के अनुसार जिला सहारनपुर (उ० प्र०) में स्थित देवबद ही महाभारतकालीन द्वैतवन है। सभव है प्राचीन काल में सरस्वती नदी का मार्ग देवबद के पास से ही रहा हो। शतपथ ब्राह्मण 13,54,9 में द्वैतवन नामक राजा को मत्स्य-नरेश कहा गया है। इस ब्राह्मण-ग्रथ की गाथा के अनुसार इसने 12 अश्वों से अश्वमेध-यज्ञ किया था जिससे द्वैतवन नामक सरोवर का यह नाम हुआ था। इस यज्ञ को सरस्वतीतट पर सपन्न हुआ बताया गया है। इस उल्लेख के आधार पर द्वैतवन सरोवर की स्थिति मत्स्य (=अलवर-जयपुर-भरतपुर) के क्षेत्र मे माननी पडेगी। द्वैतवन नामक वन भी सरोवर के निकट ही स्थित होगा। मीमासा के रचयिता जैमिनी का जन्मस्थान द्वैतवन ही बताया जाता है।

द्वैपायनह्रद

कुरुक्षेत्र प्रदेश का एक सरोवर (दे० पाराशर ह्रद)

द्वैलव (जिला कानपुर)

बिठूर से 6 मील दूर द्वैलव या वैला रुद्रपुर नामक ग्राम है जहा वाल्मीकि ऋषि का आश्रम माना जाता है। यहा वाल्मीकि कूप भी स्थित है। स्थानीय जनश्रुति में लवकुश के जन्म और रामायण की रचना का स्थल इसी ग्राम को माना जाता है। ग्राम का नाम लव के नाम पर है।

द्व्यक्ष

महाभारत के उपायन-अनुपर्व में युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ म नाना प्रकार के उपहार लाने वाले विदेशियो मे द्व्यक्ष तथा त्र्यक्ष नाम के लोग भी हैं—'द्व्यक्षास्त्र्यक्षाल्ललाटाक्षान् नानादिग्भ्य समागतान्, औष्णीकान सवासाश्च रोमकान पुरुषादकान'। प्रसगानुसार य भारत की उत्तर पश्चिमी सीमा के परवर्ती प्रदेशों में रहने वाले लोग जान पडते हैं। कुछ विद्वानों के मत म द्व्यक्ष बदख्शा का और त्र्यक्ष तरखान का प्राचीन भारतीय नाम है। य प्रदेश आज कल अफगानिस्तान तथा दक्षिणी रूस मे है। इन्हें उपर्युक्त उल्लेख म सभवत:

औष्णीष या पगड़ी धारण करने वाला कहा गया है। ललाटाक्ष संभवतः लद्दाख का नाम है। (दे० =ष्यक्ष, ललाटाक्ष)

धनुष्कोटि (मद्रास)

रामेश्वरम् से लगभग 12 मील दक्षिण की ओर स्थित है। यहां भारतीय प्रायद्वीप की नोक समुद्र के अंदर तक चली गई प्रतीत होती है। दोनों ओर से दो समुद्र महोदधि और रत्नाकर यहां मिलते हैं। इस स्थान का संबंध श्रीरामचंद्र जी से बताया जाता है। कथा है कि विभीषण की प्रार्थना पर श्रीराम ने धनुष की नोक या कोटि से अपना बनाया सेतु डुबा दिया था (जिससे भारत का कोई आक्रमणकारी लंका न पहुंच सके)। स्कंदसेतु माहात्म्य–33,65 में इस स्थान को पुण्यतीर्थ माना है—'दक्षिणाम्बुनिधौ पुण्ये रामसेतौ विमुक्तिदे, धनुष्कोटिरिति ख्यात तीर्थमस्ति विमुक्तिदम्'।

धनेर

जैनस्तोत्र तीर्थमाला चैत्यवदन में उल्लिखित तीर्थ; 'सिंह द्वीप धनेरमंगलपुरे श्राज्जाहरे श्रीपुरे ···' इसका अभिज्ञान वर्तमान धानेरा (जिला पालनपुर, राजस्थान) से किया गया है—दे० एशेंट जैन हिम्स सिंधिया ओरियंटल सिरीज पृष्ठ 54।

धन्यवती (बर्मा)

प्राचीन अराकान के एक भारतीय राज्य की राजधानी जिसका अभिज्ञान वर्तमान राखेंगम्यू से किया गया है। इस राज्य की स्थापना ब्रह्मदेव के अन्य भारतीय उपनिवेशों से बहुत पहले ही—ई० सन् से कई सौ वर्ष पूर्व—हुई थी। 146 ई० मे धन्यवती के हिंदू राजा चन्द्रसूर्य के शासनकाल में बुद्ध की एक प्रसिद्ध मूर्ति महामुनि नामक गढ़ी गई थी जिसे समस्त ऐतिहासिक काल में अराकान का इष्टदेव माना जाता रहा। 789 ई० मे महातैनचन्द्र ने धन्यवती को छोड़कर वैशाली मे राजधानी बनाई। ऐसा जान पड़ता है कि उसके पिता सूर्यकेतु के राज्यकाल में किसी राजनैतिक क्रांति या युद्ध के कारण धन्यवती की स्थिति बिगड़ गई थी।

धमतरी (जिला रायपुर, म० प्र०)

18वीं शती मे निर्मित रामचन्द्र जी का मंदिर यहां का सुंदर स्मारक है। इसके स्तंभ विशेष रूप से वास्तुकला के श्रेष्ठ उदाहरण हैं।

धमनार (जिला मंदसौर, म० प्र०)

इस ग्राम के निकट 14 शैलकृत्त गुहा-मंदिर हैं। इनमें से दो गुफाएं जिन्हें भीमबाजार और बड़ी कचहरी कहते हैं—मुख्य हैं। निर्माण-कला के विचार से

इनका समय 8 वीं या 9 वीं शती ई० में जान पड़ता है। भीमबाजार एक विशाल गुफा है और सब गुफाओं में बड़ी है। इसमें एक आयताकार आंगन के बीच में एक चैत्य स्थित है। आंगन के तीन ओर छोटे-छोटे कोष्ठ हैं। प्रत्येक पंक्ति के बीच की कोठरी में भी चैत्य बना हुआ है। पश्चिम की ओर की पंक्तियों के बीच की कोठरी में ध्यानीबुद्ध की दो पद्मासन मूर्तियां हैं। पास ही स्थित छोटा बाजार में भी इसी प्रकार की किंतु इनसे छोटी गुफाएं हैं जिसमें बुद्ध की मूर्तियां भी हैं किंतु ये नष्ट-भ्रष्ट दशा में हैं। बड़ी कचहरी वास्तव में एक विशाल वर्गाकार चैत्यशाला है जिसके आगे स्तंभों पर आधृत एक बरामदा है जो सामने की ओर एक पत्थर के जंगले से घिरा है। धमनार के हिंदू स्मारकों में मुख्य धर्मनाथ का मंदिर है जिसके नाम पर ही इस स्थान का नामकरण हुआ है। यह मंदिर भी शैलकृत्त है। यह इस प्रदेश के मध्ययुगीन मंदिरों की भांति ही बना है अर्थात् मुख्य पूजागृह के साथ सस्तंभ सभामंडप और आगे एक छोटा बरामदा है। धर्मनाथ-मंदिर का शिखर भी उत्तरभारतीय मंदिरों की भांति ही है। इस बड़े मंदिर के साथ सात छोटे मंदिर भी थे जो पहाड़ी में से काटकर बनाए गये थे। मुख्य मंदिर के भीतर अथवा बाहरी भाग में तक्षण या नक्काशी नहीं है और इस विशेषता में यह अन्य मध्ययुगीन मंदिरों से भिन्न है। चतुर्भुज विष्णु की मूर्ति इस मंदिर में प्रतिष्ठापित है किंतु ऐसा जान पड़ता है कि यहां शिव की पूजा भी होती रही है। धर्मनाथ वास्तव में यहां स्थित शिवलिंग का ही नाम है।

धरणीधर=वराहपुरी

धरमत (ज़िला उज्जैन, म० प्र०)

उज्जैन के निकट, गंभीर (प्राचीन गभीरा) नदी के तट पर छोटा-सा ग्राम है। 1658 ई० में औरंगजेब ने दारा को उत्तराधिकार के लिए होने वाले युद्धों में इस स्थान पर हराया था। जोधपुर नरेश जसवन्तसिंह दारा की ओर से युद्ध में लड़े थे।

धरसेव (ज़िला उसमानाबाद, महाराष्ट्र)

उसमानाबाद नगर के पास इस स्थान पर डावरलेण, चमरलेण, और लचदरलेण नाम की प्राचीन जैन और वैष्णव गुफाएँ स्थित हैं जिनका समय 500 ई० से 600 ई० तक माना गया है। 14 वीं शती की शमसुद्दीन की दरगाह भी यहां है।

धरूर (ज़िला बीड, महाराष्ट्र)

अहमदनगर के सुल्तानों का बनाया हुआ एक किला और हिंदू शैली में

बनी एक मसजिद यहां की मुख्य इमारतें हैं। मसजिद को मु० तुगलक के सेनापति ने संभवतः किसी प्राचीन मंदिर की सामग्री से निर्मित करवाया था।

धर्म

(1)=धर्मद्वीप महावंश 1,84 में वर्णित सिंहलद्वीप (लंका) का एक नाम। सिंहल की स्थानीय बौद्ध किंवदंती के अनुसार गौतम बुद्ध ने तीन बार लंका में जाकर धर्म प्रचार किया था और इसी कारण इस देश को बौद्ध धर्मद्वीप भी कहते थे।

(2) महाराष्ट्र एक नदी जो प्राचीन पौराणिक तारक-क्षेत्र में प्रवाहित होती है। तारकक्षेत्र हुबली से पस्सो मील दूर हानगल का कस्बा है।

धर्मचक्र

जैन स्तोत्र ग्रंथ तीर्थमालाचैत्यवंदन में इसका नामोल्लेख है 'वपानेरक धर्मचक्रमथुरायोध्याप्रतिष्ठानके'। यह स्थान संभवत तक्षशिला है जिसका प्राचीन जैन ग्रन्थों में तीर्थ के रूप मे उल्लेख किया गया है।

धर्मपुरी

(1) (म० प्र०) इस स्थान से पूर्व मध्यकालीन इमारतों के अवशेष मिले हैं।

(2) (जिला करीमाबाद, आं० प्र०)गोदावरी के दाहिने तट पर प्राचीन तीर्थ है जहां वार्षिक यात्रा होती है। मुख्य स्मारक एक प्राचीन काल का मंदिर है।

धर्मवर्धन

वाल्मीकि रामायण के अनुसार भरत केकय देश से अयोध्या आते समय प्राग-वट के स्थान पर गंगा और फिर कुटि-कोष्टिका पार करने के पश्चात् धर्मवर्धन नामक स्थान पर पहुंचे थे, 'स गंगां प्राग्वटे तीर्त्वा समयात्कुटिकोष्टिकाम्, सबल-स्ता स तीर्त्वाथ समगाद्धर्मवर्धनम्' अयो० 71,10। इस नगर की स्थिति पश्चिमी उ० प्र० में गंगा के पूर्व के इलाके में कहीं होगी। अभिज्ञान अनिश्चित है।

धर्मारण्य

(1) महाभारत वन० 82, 46 में तीर्थरूप में उल्लिखित है—'धर्मारण्य हि तत् पुण्यमाद्य च भरतर्षभ, यत्र प्रविष्टमात्रो वै सर्वपापैः प्रमुच्यते'। धर्मारण्य गुजरात के प्राचीन नगर सिद्धपुर के परिवर्ती क्षेत्र (श्रीस्थल) का नाम है। प्राचीन समय में यह प्रदेश सरस्वती नदी द्वारा सिंचित था। महा० वन 82,45 में धर्मारण्य में कण्वाश्रम की स्थिति बताई गयी है—'कण्वाश्रमं ततो गच्छेच्छ्रीजुष्टं लोक पूजितम्'। इस उल्लेख में धर्मारण्य को श्रीजुष्टम् प्रदेश कहा गया है जिससे इसके नाम 'श्री स्थल' की पुष्टि होती है (दे० सिद्धपुर, श्रीस्थल)

(2) बौद्ध गया (बिहार) से 4 मील पर स्थित है। बौद्ध ग्रन्थों में इस क्षेत्र का, जो गौतम बुद्ध से संबंधित था, नाम धर्मारण्य कहा गया है।

धवलगिरि

(1)=धौलागिरि(दे० श्वेतपर्वत)

(2)—(उड़ीसा) भुवनेश्वर से दो मील पर धवलगिरि या धवलागिरि (=धौली) नामक पहाड़ी स्थित है। इसमें अशोक का प्रसिद्ध 'कलिंगअभिलेख' उत्कीर्ण है जिसमें कलिंग-युद्ध तथा तज्जनित अशोक के हृदय-परिवर्तन का मार्मिक वृत्तांत है। संभवत कलिंग युद्ध की स्थली धौली की पहाड़ी के निकट ही थी। पहाड़ी को अश्वत्थामा पर्वत भी कहते हैं।

धवलेश्वर (जिला राजमहेन्द्री, आ० प्र०)

राजमहेन्द्री से चार मील दूर गोदावरी के तट पर स्थित है। कहा जाता है कि वनवास-काल में श्री रामचन्द्रजी इस स्थान पर कुछ दिन रहे थे। इसका एक अन्य नाम रामपादुलु भी है।

धावशाडिक (म० प्र०)

खोह नामक स्थान से प्राप्त एक गुप्तकालीन अभिलेख (496 ई०) में महाराज जयनाथ द्वारा भागवत मंदिर के प्रयोजनार्थ प्रदत्त इस ग्राम का उल्लेख है। इस विष्णु मंदिर की स्थापना कुछ ब्राह्मणों ने इस स्थान पर की थी।

धसान

बुंदेलखंड की नदी। धसान शब्द दशार्ण का अपभ्रंश है। यह नदी भूपाल की निकटवर्ती पर्वतमाला से निकल कर सागर जिले में बहती हुई जिला झांसी (उ० प्र०) में पहुंच कर बेतवा में मिल जाती है। (दे० दशार्ण।)

धाका (जिला शाहजहांपुर, उ० प्र०)

इस स्थान से कुछ वर्ष पूर्व ताम्रयुग के प्रागैतिहासिक अवशेष—उपकरणादि प्राप्त हुए थे।

धातकी खंड

विष्णुपुराण के अनुसार पुष्कर द्वीप का एक भाग—महावीर सर्ववान्यद्धातकीखंडसंज्ञितम्—2,4,74।

धान्यकटक दे० अमरावती

धामोनी

(जिला सागर, म० प्र०)प्राचीन बुंदेलखंड की एक प्रख्यात गढ़ी। यहां बुंदेलों का राज्य काफी समय तक रहा था। धामोनी के सरदार बुंदेलखंड के महाराजाओं के सामंत थे। गढ़मंडला नरेश संग्रामसिंह (मृत्यु 1541) के प्रसिद्ध

52 गढ़ों में धामौनी की भी गणना थी। संग्रामसिंह गोंडवाना की रानी दुर्गावती के श्वसुर थे।

धार=धारा=धारानगरी (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

संस्कृत के मध्ययुगीन साहित्य में प्रसिद्ध नगरी जो राजा भोज परमार से संबंध के कारण अमर है। राजा भोज रचित भोजप्रबंध में तथा अन्य अनेक प्राचीन कथाओं में धारानगरी का वर्णन है। 11 वीं 12 वीं शतियों में परमारों ने मालवा प्रांत की राजधानी धारा में बनाई थी। इस वंश के राजा भोज ने उज्जयिनी से राजधानी हटा कर धारा को यह प्रतिष्ठा दी। 1305 ई० में अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति ऐनउलमुल्क ने धारा पर अधिकार कर लिया। तत्पश्चात् मालवा के शासक दिलावर खां ने 1401 ई० में दिल्ली की सल्तनत से स्वतंत्र होकर धारा को अपनी राजधानी बनाया। 1405 ई० में मालवा का शासक होशंगशाह धारा से अपनी राजधानी मांडू में गया और धारा की पूर्व कीर्ति नष्ट हो गई। धारा के प्राचीन स्मारकों में निम्न प्रमुख हैं—

भोजशाला—राजा भोज ने जो विद्वानों का प्रख्यात संरक्षक था, इस नाम की एक विशाल पाठशाला बनवायी थी। इसको तोड़कर मुसलमानों ने कमाल-मौला नामक मसजिद बनवाई। इसके फर्श में भोज की पाठशाला के अनेक स्लेटी पत्थर जड़े हैं जिन पर संस्कृत तथा महाराष्ट्री प्राकृत के अनेक अभिलेख अंकित थे। पाठशाला के खंडहरों के अनेक ऐसे पत्थर मिले हैं, जिन पर पारिजात-मंजरी और कर्मस्तोत्र नामक संपूर्ण काव्य उत्कीर्ण थे।

लाट मसजिद—यह मसजिद भी धारा के परमारकालीन मंदिरों को तोड़कर उनकी सामग्री से बनी थी। इसका निर्माता दिलावर खां (मृत्यु 1405 ई०) था।

क़िला—महमूद तुग़लक ने इस किले को 1344 ई० में बनवाया था। 1731 ई० में इस पर पवांर राजपूतों का अधिकार हो गया था।

धारापुरी=धार=धारा

धाराशिव (म० प्र०)

प्राचीन शैलकृत्त जैन गुहामंदिरों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

धुवाधार (जिला जबलपुर, म० प्र०)

भेड़ाघाट (प्राचीन भृगुक्षेत्र) के निकट नर्मदा का प्रसिद्ध जलप्रपात जिसके निकट प्राचीन काल में भृगु ऋषि का आश्रम था। प्रपात के निकट द्वितीय शती ई० के पुरातत्व संबंधी अवशेष प्राप्त हुए हैं जिनसे इस स्थान की प्राचीनता सूचित होती है। महाभारत वन 99,6 में जिस वैदूर्य शिखर का

वर्णन है वह धुवाधार के समीप नर्मदा की संगमर्मर की पहाड़ियों का सामूहिक नाम हो सकता है :—'वैदूर्यशिखरो नाम पुण्यो गिरवरः शिव' (दे० वैदूर्यशिखर)

धुमली (काठियावाड़, गुजरात)

भूतपूर्व नवानगर रियासत की प्राचीन राजधानी। नवानगर से दक्षिण की ओर माणवड से 4 मील दूर इस नगर के भग्नावशेष हैं। इसका एक भाग पर्वत-शिखर पर बसा हुआ था जहां एक भग्न दुर्ग आज भी दिखाई देता है। खंडहरों में नवलखा नामक मंदिर स्थित है। पर्वत-शिखर तक जाने वाले मार्ग में भी कई जीर्ण-शीर्ण मंदिर दिखाई देते हैं।

धूतपाप (जिला सुलतानपुर, उ० प्र०)

वर्तमान धोपाप। यह प्राचीन हिंदूतीर्थ है। यह धूतपापा (गोमती की उपनदी) के तट पर है। यहां कुशभावन या सुलतानपुर के भार-नरेशों का राज्य था। इस स्थान का संबंध श्रीरामचंद्र के रावण-वध का प्रायश्चित करने से जोड़ा जाता है। यहां का किला शेरगढ़ नदी के तट पर बना है।

धूतपापा

पुराणों में वर्णित नदी जो पूर्वी गोमती में मिलती है। धूतपाप नामक तीर्थ इसी नदी तट पर है। (दे० हिस्टॉरिकल ज्याग्रेफी आव एशेंट इंडिया, पृ० 32)

धूपगढ़ (म० प्र०)

पचमढ़ी की पहाड़ियों में स्थित प्राचीन तीर्थ जहाँ वेत्रवती या बेतवा नदी का उद्गम है।

धूपतापा

विष्णुपुराण के अनुसार कुशद्वीप की सात नदियों में से है—'धूपतापा' शिवा चैव पवित्रा सम्मतिस्तया, विद्युद्दमा मही चान्या सर्वपापहरास्त्विमा.'—विष्णु० 2,4,43।

धूमरक्ख (लंका)

महावंश 10,46 में वर्णित एक पर्वत जो महावेलिगंगा के वामतट पर स्थित था।

धूमेश्वर (उ० प्र०)

शिवालिक (हरद्वार-देहरादून की पर्वत श्रेणी) पर्वतमाला में स्थित है। इसकी शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में गणना है।

घृति

विष्णु पुराण 2,4,36 के अनुसार कुशद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा ज्योतिष्मान् के पुत्र घृति के नाम पर प्रसिद्ध है

धेनुक

महाभारत मे भारत की उत्तर-पश्चिमी सीमा के परवर्ती प्रदेश म रहने वाली विदेशी जातियो के नामों मे धेनुकों की भी गणना है—'मारुता धेनुकाश्चैव तगणा परतगणा' महा० भीष्म० 50,51। सभा० 52,3 मे तगणो और परतगणो को शैलोदा नदी (वर्तमान खोतन) के तटवर्ती प्रदेश मे स्थित माना है। इसी सूत्र के आधार पर धेनुको के देश की स्थिति भी मध्यएशिया की इसी नदी के पार्श्व मे माननी चाहिए। धेनुक लोग महाभारत युद्ध मे पाडवों की ओर से लडे थे। धेनुक नामक असुर का उल्लेख श्रीमद्भागवत 10,15 मे है—'फलानि तत्र भूरीणि पतन्ति पतितानि च, स ति क्तिवरुद्धानि धेनुकेन दुरात्मना'। इस असुर को श्रीकृष्ण ने बाल्पन मे मारा था। शायद इसका सबध धेनुक देश से रहा हो। धेनुक नाम से ऐसा प्रतीत होता है कि यह किसी विजातीय शब्द का सस्कृत रूपांतरण है।

धेनुका

विष्णुपुराण के अनुसार शाकद्वीप की एक नदी—'नद्यश्चात्र महापुण्या सर्वपापभयापहा, सुकुमारी कुमारी च नलिनी धेनुका च या' विष्णु 2,4,65, यह धेनुक देश मे बहने वाली कोई नदी हो सकती है।

धोनोर (जिला आदिलाबाद, आ० प्र०)

इस स्थान से नवपाषाणयुगीन पत्थर के हथियार और उपकरण प्राप्त हुए हैं।

धोपाप (दे० धूतपाप)

धोम्यगगा (काँगडा, पजाब)

पाडवों के पुरोहित धौम्य के नाम पर यह नदी प्रसिद्ध है। अनारत नामक प्राचीन ग्राम जिसे अब जगतसुख कहते हैं इस नदी के तट पर स्थित है।

धौलपुर (राजस्थान)

भूतपूर्व जाट रियासत। धौलपुर से निकट राजा मुचुकुद के नाम से प्रसिद्ध गुफा है जो गधमादन पहाडी के अदर बताई जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार मथुरा पर कालयवन के आक्रमण के समय श्रीकृष्ण मथुरा से मुचुकुद की गुहा मे चले आए थे। उनका पीछा करते हुए कालयवन भी इसी गुफा मे प्रविष्ट हुआ और वहां सोते हुए मुचुकुद को श्रीकृष्ण ने उत्तराखड भेज दिया।

यह कथा श्रीमद्भागवत 10,51 मे वर्णित है। कथाप्रसग मे मुचुकुद की गुहा का उल्लेख इस प्रकार है—'एवमुक्त स वै देवानभिवन्द्य महायशा, अशयिष्ट गुहाविष्टो निद्रया देवदत्तया'। धौलपुर से 842 ई० का एक अभिलेख मिला है, जिसमे चडस्वामिन् अथवा सूर्य के मदिर की प्रतिष्ठापना का उल्लेख है। इस अभिलेख की विशेषता इस तथ्य मे है कि इसमें हमें सर्वप्रथम विक्रमसवत् की तिथि का उल्लेख मिलता है जो 898 है। धौलपुर मे भरतपुर के जाट राज्यवश की एक शाखा का राज्य था। भरतपुर के सर्वश्रेष्ठ शासक सूरजमल जाट की मृत्यु क समय (1764 ई०) धौलपुर भरतपुर राज्य ही मे सम्मिलित था। पीछे यहा एक अलग रियासत स्थापित हो गई।

धौलागिरि=धवलगिरि (1)

धौली

(1) [दे० धवलगिरि (2)]। पहाडी की एक चट्टान पर अशोक की चौदह मुख्य धर्मलिपियों मे से 1-10,14 और दो कलिंग-लेख अकित हैं। कलिंग लेख में कलिंग युद्ध तथा तत्पश्चात् अशोक के हृदयपरिवर्तन का मार्मिक वर्णन है। कलिंग युद्ध की स्थली धौली की चट्टान के पास ही स्थित रही होगी। अभिलेख में इस स्थान का नाम तोसलि है। यह स्थान भुवनेश्वर के निकट और प्राचीन शिशुपालगढ के खडहरो मे दो मील दूर दया नदी के तट पर स्थित है। (दे० तोसल या तोसलि) दया नदी का यह नाम सभवत अशोक के हृदय मे कलिंग युद्ध के पश्चात् दया का सचार होने के कारण ही पडा था। धौली की पहाडी का अश्वत्थामा-पर्वत भी कहते हैं।

(2) (जिला गढ़वाल, उ० प्र०) गढवाल की एक नदी जो नीतिघाटी मे बहती हुई विष्णुप्रयाग मे आकर अलकनदा (गगा) में मिलती है।

ध्यानपुर (तहसील बटाला, जिला गुरदासपुर, पजाब)

इस छोटे से ग्राम की प्रसिद्धि का कारण यहा स्थित वैरागी सत बाबालालजी की समाधि है। ये मुगल शाहजादा दारा (शाहजहा का ज्येष्ठ पुत्र) के गुरु थे। दारा उदार हृदय था और हिंदू तथा मुसलमानों के धर्म परम्पराओं म समानता स्थापित करने का इच्छुक था। बाबालाल की समाधि के बीच वाले प्रकोष्ठ मे बैठकर दारा अपना समय इसी समस्या के चिंतन म व्यतीत करता था। इस प्रकोष्ठ की छतो और दीवारों पर दारा ने सुदर चित्र बनवाए थे जो अब धुधले पड गए हैं।

ध्रुव

विष्णुपुराण 2,4 5 के अनुसार प्लक्ष-द्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस

द्वीप के राजा मेधातिथि के पुत्र ध्रुव के नाम पर प्रसिद्ध है।

ध्रुवपुर (कंबोडिया, दक्षिण-पूर्व एशिया)

प्राचीन कंबुज-देश का एक नगर। कंबुज में हिंदू राजाओं का प्रायः तेरहसौ वर्ष तक राज्य रहा था।

नदगिरि=नंदेड़

नंदगांव (ज़िला मथुरा, उ० प्र०)

बरसाने से चार मील दूर कृष्ण के पिता नंदजी का ग्राम है। बरसाना राधा की जन्मभूमि मानी जाती है। नंदगाव बरसाने के निकट ही एक पहाड़ी पर स्थित है। पहाड़ी पर नंदजी का भव्य मंदिर है जो वर्तमान रूप में बहुत पुराना नहीं है। श्रीमद्भागवत के अनुसार (10,11) नंदजी, गोकुल से कंस के अत्याचारों से बचने के लिए वृन्दावन आ गए थे। कहा जाता है कि प्राचीन वृन्दावन, नंदगांव से अधिक दूर नहीं था।

नंदनकानन=नंदनवन

(1) प्राचीन संस्कृत साहित्य में वर्णित सुरेन्द्र(इंद्र)का उद्यान। 'नगरोपवने शचीसखो मरुतां पालयितेव नंदने', 'लीलागारेष्वरमत पुनर्नन्दनाभ्यन्तरेषु'—रघु० 8,32, रघु० 8,95।

(2) महाभारत के अनुसार द्वारका के निकट एक उद्यान, जो वेणुमान् पर्वत के पार्श्व में स्थित था—'भाति चैत्ररथं चैव नंदनं च महावनम् रमणं भावनं चैव वेणुमन्तः समंततः'। महा० सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ।

(3) महावंश 15, 178 में वर्णित अनुराधपुर का एक उद्यान।

नंदप्रयाग (ज़िला गढ़वाल, उ० प्र०)

उत्तराखंड का प्राचीन तीर्थ। जनश्रुति है कि प्राचीन काल में कण्व-ऋषि का आश्रम तथा शकुंतला का जन्म स्थान यहीं था। (किंतु दे० कण्वाश्रम; मडावर)। यहां अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों का संगम है जिससे इसका नाम नंदप्रयाग हुआ है (टि०. गढ़वाल में संगम स्थानों का नाम प्रायः प्रयाग पर है, जैसे देवप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग आदि)

नंदसम (राजस्थान)

प्राचीन जैन तीर्थ जिसका उल्लेख तीर्थमाला चैत्यवंदन में इस प्रकार है। 'वंदे नंदसमे समीधवलके मज्जांद मुंडस्थले'। एक अन्य उल्लेख से सूचित होता है कि यह तीर्थ मेवाड़ में स्थित था और यहां सगडाल नामक मंत्री का बनवाया हुआ जैन देवालय था—'मेवाड़ देस गामे ········ नंदिसमनामे सगडालमंतिकारिय जिन भवने'—(दे० ऐंशेंट जैन हिम्स, पृ० 60)।

नंदा

(1) 'तत प्रयातः कौन्तेयः क्रमेण भरतर्षभ, नंदामपर नंदांच नद्यौ पाप भयापहे' महा० वन० 110, 1। यहाँ पांडवों की तीर्थयात्रा के प्रसंग में नंदा और अपरनंदा नदियों का उल्लेख है जो सदर्भानुसार पूर्वीबिहार की नदियाँ जान पड़ती हैं। नंदा और अपरनंदा की स्थिति कौशिकी या कोसी=(कौश्या) नदी के पूर्व में थी।

(2) (ज़िला अजमेर, राजस्थान) पुष्कर के निकट बहने वाली एक नदी। पुष्कर से 12 मील दूर प्राचीन सरस्वती और नंदा का संगम है।

(3)=नंदाकिनी

(4)=नंदादेवी। हिमालय का एक उच्च पर्वतशृंग जो बदरीनाथ से पूर्व की ओर स्थित है। नंदादेवी से नंदाकिनी नदी निकलती है जो नंदप्रयाग में अलकनंदा (गंगा) में मिल जाती है।

नंदाकिनी

यह नदी नंदादेवी की पहाड़ी से निकल कर नंदप्रयाग (गढ़वाल, उ० प्र०) में आकर अलकनंदा से मिलती है। यह नदी मंदाकिनी की सहचरी है जो केदारनाथ के पहाड़ों से मिलकर अलकनंदा से रुद्रप्रयाग में मिल जाती है।

नंदिगिरि (मैसूर)

बंगलौर से 37 मील दूर है। इसका सम्बन्ध सातवीं शती के गंगवंशीय राजाओं से बताया जाता है। तत्पश्चात् एक सहस्र वर्ष तक इस प्रदेश पर अधिकार प्राप्त करने के लिए अनेक युद्ध होते रहे। 18 वीं शती में मराठों और हैदरअली में कई युद्ध यहीं हुए। अंत में 1791 में अंग्रेज़ों का नंदिगिरि पर अधिकार हो गया। नंदिगिरि में दो शिवमंदिर हैं। भोगनंदीश्वर का मंदिर जो पहाड़ी के नीचे है, ऊपर के मंदिर से वास्तु की दृष्टि से अधिक सुंदर है।

नंदिग्राम (ज़िला फ़ैजाबाद, उ० प्र०)

अयोध्या के निकट छोटा सा ग्राम था जहाँ चित्रकूट से लौटने पर भरत ने अपना तपोवन बनाया था—'रथस्थ तु धर्मात्मा भरतो भ्रातृवत्सलः नंदिग्रामं ययौ तूर्णं शिरस्याधाय पादुके' वाल्मीकि० अयो० 115,12। नंदिग्राम में रहते हुए भरत श्री राम की पादुकाओं की पूजा करते हुए चौदह वर्ष तक अयोध्या का शासन भार उद्वहन करते रहे। इस अवधि में वह वनवासी राम की भांति ही वैराग्यरत रहे और कभी अयोध्या नगरी न गए। रघुवंश 12, 18 में कालिदास ने नंदिग्राम का इस प्रकार उल्लेख किया

है—'स विसृष्टस्ततेयुस्त्वा भ्रात्रा नैवाविशत् पुरीम्, नंदिग्रामगतस्तस्य राज्य न्यासमिवामुनक्'— अर्थात् श्री राम की आज्ञा को मान कर भरत ने उनसे विदा ली किंतु अयोध्यापुरी मे प्रवेश न करते हुए उन्होने नंदिग्राम मे अपना निवास बनाया और वहीं से राज्य को धरोहर के समान समझते हुए उसका संचालन किया। अध्यात्म-रामायण के अनुसार उदारबुद्धि भरत सब पुरवासियों को अयोध्या मे बसा कर स्वयं नंदिग्राम चले गए ('पौरजानपदान्सर्वानयोध्या-मुदारधी स्थापयित्वा यथान्याय नंदिग्राम ययौस्वयम्'—अयो० 9,70-71) तुलसीदास ने रामचरितमानस, अयोध्याकांड मे नंदिग्राम का इस प्रकार उल्लेख किया है—'नंदिग्राम करि पर्णकुटीरा कीन्ह निवास धर्मधुरधीरा'। वनवास-काल की समाप्ति पर अयोध्या लौटते समय राम ने हनुमान् द्वारा अपने लौटने का संदेश भरत के पास नंदिग्राम मे भिजवाया था—'आससाद द्रुमान्फुल्लान् नंदिग्राम समीपगान्, सुराधिपस्योपवने तथा चैत्ररथे द्रुमान्। स्त्रीभि सपुत्रै पौत्रैश्च रममाणे स्वलंकृतै, क्रोशमात्रे त्वयोध्यायाश्चीरकृष्णाजिनाम्बरम्', वाल्मीकि० युद्ध० 125,28-29। इससे यह भी ज्ञात होता है कि नंदिग्राम अयोध्या से एक कोस की दूरी पर स्थित था। इस वर्णन से यह भी सूचित होता है कि भरत के निवास के कारण नंदिग्राम की शोभा बहुत बढ़ गई थी।

नदिनगर

कबोज जनपद का एक नगर जिसका उल्लेख प्राचीन अभिलेखो मे मिलता है (लूडर्स इसक्रिपशस 176,472)। नदिनगर के साथ राजपुर का नामोल्लेख भी मिलता है। राजपुर वर्तमान राजौरी है। नदिनगर सभवत इसी के निकट पश्चिमी कश्मीर मे स्थित होगा।

नंदिपुर

जैन सूत्र प्रज्ञापणा मे उल्लिखित है। इसे शांडिल्य जनपद के अतर्गत बताया गया है। सभवत. यही यह स्थान है जहा 5वी शती ई० मे वाकाटको की राजधानी थी। यह स्थान रामटेक (महाराष्ट्र) के निकट है।

नदी (जिला मेदक, आं०प्र०)

प्राचीन मदिरो के भग्नावशेषो के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

नदोकल

बसीम ताम्रपट्ट-अभिलेख मे नदेड का प्राचीन नाम।

नदोकुड

साबरमती (=साभ्रमती) नदी का उद्गम (दे० पद्मपुराण उत्तरखड, 52)।

नंदीतट

पुराणों में उल्लिखित वर्तमान नदेड का नाम।

नदेड=नंदगिरि=नदीतट (महाराष्ट्र)

पुराणों मे वर्णित नदीतट या नदेड की गणना पवित्र धार्मिक स्थानो मे की जाती है। मेकएलिफ् (दे० 'सिख रिलीजन') के अनुसार इस स्थान का प्राचीन नाम नवनद था क्योंकि इस स्थान पर नौ ऋषियों ने तप किया था। इस नाम का सबध मगध के नवनदों से भी बताया गया है। कुछ विद्वानों का मत है कि 'पेरिप्लस ऑव दि एराईथ्रियन सी' नामक ग्रथ के लेखक ने दक्षिण-भारत के जिस व्यापारिक नगर तगारा का वर्णन किया है वह नदेड के निकट ही स्थित होगा(किंतु दे० तेर)। चौथी शती ई० मे नदेड नगर काफ़ी महत्वपूर्ण था और यहा एक छोटे से राज्य की राजधानी भी थी किंतु अब यहा अति प्राचीन भवनो आदि के अवशेष नहीं मिलते। एक ऐतिहासिक कथा के अनुसार चालुक्य-नरेश राजा आनद ने अपनी राजधानी कल्याणी से नदेड ले आने का विचार किया था और नदेड मे पत्थर के बाध बनवाकर एक तडाग का निर्माण भी करवाया था। उसी ने रत्नगिरि पहाडी पर नदगिरि या नदेड नगरी को बसाया था। चौथी शती ई० मे वारगल के चालुक्य नरेशों की एक शाखा नदेड मे राज्य करती थी। वारगल के ककातीय राजवश के इतिहास 'प्रताप रुद्रभूषण' मे वर्णन है कि ककातीय नरेश नद का नदेड पर राज्य था। नदेदेव के पौत्र माधव-वर्मन के शासन काल मे शिव तथा नदी की पूजा को बहुत प्रोत्साहन मिला और इस समय के अनेक मदिर नदेड की प्राचीन कला और सस्कृति के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। नरसिंह का मदिर तथा बौद्ध और जैन-मदिर हिंदूकाल के सुदर सस्मारक हैं। मुसलमानो के दक्षिणभारत पर आक्रमण के पश्चात् नदेड अलाउद्दीन खिलजी तथा मु० तुगलक के अधिकार में रहा। बहमनीकाल मे नदेड एव बडा व्यापारिक स्थान बन गया था क्योंकि गोदावरी नदी के तट पर स्थित होने के कारण यह उत्तरी और दक्षिणी भारत के बीच नदियो द्वारा होने वाले व्यापार के मार्ग पर पडता था। महमूद गवाँ ने जो बहमनी राज्य का मत्री था, नदेड को महोर के सूबे के अतर्गत शामिल कर लिया। बहमनी-काल मे नदेड मे कई मुसलिम सतो ने अपना आवास बनाया था। मलिक अबर और कुतुब शाही सुलतानो की बनवाई हुई दो मसजिदें भी यहा स्थित हैं। किंतु नदेड की प्रसिद्धि का विशेष कारण सिखो के दसवें गुरु गोविंदसिंह की समाधि है। औरगजेब की मृत्यु के पश्चात् गोविंदसिंह बहादुर-शाह प्रथम के साथ दक्षिण भारत आए थे। यहा उन्होने नदेड के निवासी

माधोदास बैरागी (बंदा बैरागी) की वीरता से संबंधित यशोगान सुने और उससे मिलने वे नंदेड आए। यहीं उन्होंने अपना अस्थायी निवास बनाया था। उनके डेरे का स्थान आज भी संगत साहब गुरद्वारा कहलाता है। गोदावरी के तट पर वह स्थान जहां गुरु की बंदा से भेंट हुई थी बंदाघाट नाम से प्रसिद्ध है। एक शिष्य ने गुरु को एक अमूल्य हीरा भेंट किया था जो उन्होंने गोदावरी के जल में फेंक दिया था। यह स्थान नगीना घाट कहलाता है। 1708 ई० में नंदेड में ही गुरुगोविंदसिंह जी एक क्रूर पठान के हाथों घायल होकर कुछ समय पश्चात् स्वर्गगामी हुए थे। उनकी चिता की भस्म पर एक समाधि बनवाई गई थी जो अब हुजूर साहब का गुरद्वारा नाम से सिक्खों का महत्वपूर्ण तीर्थ है। इस गुरुद्वारे का महाराजा रणजीत सिंह ने 1831 ई० में निर्माण करवाया था। इसके फर्श और स्तंभों पर संगमर्मर का सुंदर काम है। गुरद्वारे के गुंबद, छत और बीच के बरामदे पर सोने के भारी पत्तर लगे हैं। मुख्य गुरद्वारे के अतिरिक्त नंदेड में सात अन्य गुरद्वारे भी हैं—हीराघाट, शिकारघाट, माता-साहिबा, संगत-साहब, मालटेकरी, बंदाघाट और नगीनाघाट। इन सबसे गोविंदसिंह के जीवन की अनमोल स्मृतियां संबंधित हैं। वाशिम से प्राप्त एक ताम्रपट्टलेख में नंदेड का प्राचीन नाम नंदीकल्प दिया हुआ है।

नकुर (ज़िला सहारनपुर, उ० प्र०)

स्थानीय किंवदंती है कि इस स्थान को महाभारत के नकुल के नाम पर बसाया गया था।

नगई (ज़िला गुलबर्गा, महाराष्ट्र)

दिगंबरजैनों का प्राचीन तीर्थ। यह इतिहास-प्रसिद्ध स्थान मलखेड के निकट बसा हुआ है।

नगनदी

'विश्रान्तस्सन् व्रज नगनदीतीरजातानिसिंचनुद्यानानां नवजलकणैर्यूथिका जालकानि'—मेघदूत, पूर्वमेघ 28। इस श्लोक में 'नगनदी' के उल्लेख से जान पड़ता है कि कालिदास ने नगनदी का किसी विशेष नदी के नाम के रूप में उल्लेख न करके इस शब्द को सामान्य रूप से पहाड़ी नदी (नग=पर्वत) के अर्थ में प्रयुक्त किया है। इस नदी का मेघ की यात्रा के क्रम में विदिशा और नीचगिरि (संभवत: सांची) के ठीक पश्चात् उल्लेख हुआ है और नगनदी के पश्चात् अगले छंदों में मेघ को उज्जयिनी का मार्ग बताया गया है। जान पड़ता है कि यह नदी वर्तमान 'बेस' है जिसके तट पर अति प्राचीन स्थान बेसनगर (जो विदिशा का उपनगर था) बसा हुआ है। बेस नदी बेसनगर के निकट

ही बेतवा में मिलती है। संभव है कि बेस नदी के छोटी सी सरिता होने के कारण कालिदास ने उसे नगनदी या पहाड़ी नदी मात्र कहा है। वैसे इस नदी का प्राचीन नाम नगनदी (या इसका कोई पर्याय) भी हो सकता है। दे० बेस; विदिशा (2)

नगर=जलालाबाद (अफगानिस्तान)

(1) चीनी यात्री युवानच्वांग की भारतयात्रा के समय (630-645 ई०) यह स्थान कपिश के अधीन था। इस समय यहां एक स्तूप था जो अशोक ने बनवाया था। इसकी ऊंचाई 200 फुट थी। युवानच्वांग लिखता है कि नगर में बौद्ध विद्वान् दीपकरके स्मृति चिह्न, गौतम बुद्ध की प्रकाशमान मूर्ति और उनकी उष्णीश की अस्थि विद्यमान थी। कुछ विद्वानों ने नगर का नगरहार से अभिज्ञान किया है जहां से पुरातत्व विषयक अनेक अवशेष प्राप्त हुए हैं। 5वीं शती में भारत आने वाले चीनी यात्री फाह्यान ने नगरहार का एक विस्तृत देश के रूप में निर्देश किया है जिसमें वर्तमान अफगानिस्तान, तथा पश्चिमी पाकिस्तान का सीमावर्ती प्रदेश सम्मिलित थे।

(2)=मालवनगर (ठिकाना उनियारा, जिला जयपुर, राजस्थान)

इस स्थान से अनेक प्राचीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। चतुर्भुजी दुर्गा की अनेक मृण्मूर्तियां इनमें विशेष उल्लेखनीय हैं। यह कलाकृतियां आमेर (जयपुर के निकट) के संग्रहालय में सुरक्षित हैं।

(3) (ज़िला बस्ती, उ० प्र०) बस्ती से 9 मील दक्षिण पश्चिम में, नगर नामक प्राचीन स्थान में बौद्धकालीन अवशेष मिले हैं। स्थानीय जनश्रुति में ये खंडहर प्राचीन कपिलवस्तु के हैं किंतु यह उपकल्पना संदेहास्पद है। (दे० कपिलवस्तु)

नगरकर्नूल

महबूबनगर (आं० प्र०) का प्राचीन नाम।

नगरकोट (जिला कांगड़ा, पंजाब)

ज्वालामुखी मंदिर के लिए प्राचीन काल से हिंदू तीर्थ के रूप में विख्यात (—दे० कांगड़ा।)

नगरभुक्ति (बिहार)

गुप्त अभिलेखों में उल्लिखित एक भुक्ति जो दक्षिणी बिहार में स्थित थी।

नगरहार दे० नगर (1)

नगरी (चित्तौड़, राजस्थान)

प्राचीन माध्यमिका नगरी का पूरा नाम तंबवती नगरी था। नगरी का

माध्यमिका से अभिज्ञात नगरी में प्राप्त द्वितीय शती ई० पू० के कुछ सिक्कों पर निर्भर है। इन पर 'मझमिकाय शिवजनपदस्य' लेख उत्कीर्ण है। माध्यमिका के शिवि शायद उशीनरदेश से यहां आकर बस गए होंगे। नगरी के खंडहरों में एक स्तूप और एक गुप्तकालीन तोरण के अवशेष मिले हैं। चित्तौड़ का निर्माण बहुत कुछ नगरी के ध्वंसावशेषों की सामग्री से हुआ था। (दे० मध्यमिका)

नगवा (जिला वाराणसी, उ० प्र०)

वाराणसी के निकट इस ग्राम में 1927 में एक पत्थर की अश्वमूर्ति मिली थी जिस पर गुप्तकालीन ब्राह्मीलिपि में 'चद्र गु' अक्षर पढ़े गए। विद्वानों का मत है कि गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त के पुत्र चंद्रगुप्त द्वितीय ने समुद्रगुप्त की भांति ही इस स्थान पर या काशी में, अश्वमेध-यज्ञ किया होगा जिसका स्मारक यह मूर्ति है—(दे० इंडियन हिस्टॉरिकल क्वार्टरली, 1927, पृ० 725)।

नगुला पहाड़ (जिला नलगोंडा, आं० प्र०)

यहां कई प्राचीन मंदिर स्थित हैं। एक भूरे सिकताश्म का बना है। इसके प्रवेशद्वार पर सुंदर शिल्पकला प्रदर्शित है। मंदिर के सामने वाले काले पत्थर के स्तंभ पर शाक संवत् 1225=1303 ई० का प्रतापरुद्र के नाम के सहित एक अभिलेख है। तीन अन्य अभिलेख भी इस मंदिर में उत्कीर्ण हैं जिनमें से एक शाक संवत् 1150-1228 ई० का है। इसमें ककातीय-नरेश गणपति का उल्लेख है। नगुला पहाड़ के अन्य ऐतिहासिक स्मारक ये हैं—हाथी दरवाजा, जिसके स्तंभों पर सपाट पटान है, नगुलापहाड़-दरवाजा जहां कई प्रकोष्ठ बने हैं और दक्षिण की ओर कमरे की दीवार पर भवानी की मूर्ति अंकित है। यहां कुछ अभिलेख भी उत्कीर्ण हैं। इनके अतिरिक्त बावड़ी नामक स्तंभ दालान, प्राचीन गढ़ और एक मकबरा भी उल्लेखनीय हैं।

नगेन्द्र दे० नागवा (1)

नग्गर (हिमाचल प्रदेश)

कुल्लू की प्राचीन राजधानी। यहां के शिवमंदिर को काफी प्राचीन कहा जाता है। इस मंदिर के लिए यहां की जनता के हृदय में असीम श्रद्धा है। नग्गर के पास एक पहाड़ी पर एक सुंदर एवं कलापूर्ण मंदिर है जिसे मुरलीधर का मंदिर कहते हैं। स्थानीय किंवदंती में कहा जाता है कि बारह वर्ष के वनवास काल में पांडवों ने इस मंदिर का निर्माण किया था। रमणीक पार्वतीय पृष्ठभूमि में स्थित इस मंदिर की वास्तुकला और शिल्पकारी वास्तव में सराहनीय है।

नचनाकुठारा (म० प्र०)

भूतपूर्व आजमगढ़ रियासत में भुमरा से 10 मील दूर स्थित है। जनरल कनिंघम ने यहां के मंदिर को पार्वती का मंदिर बताया है। यह पूर्व गुप्तकालीन जान पड़ता है। भुमरा के प्रसिद्ध मंदिर से इसका बहुत सादृश्य है। मंदिर का गर्भगृह 15½ फुट बाहर और 8 फुट अंदर से है। गर्भगृह के चारों ओर पटा हुआ प्रदक्षिणा पथ 33 फुट बाहर और 26 फुट अंदर से है। मंडप 26 फुट × 12 फुट है। नचनाकुठारा के मंदिर की तक्षणकला भुमरा के शिल्प के समान सूक्ष्म और सुकुमार नहीं है। इसमें गर्भगृह के ऊपर एक कोष्ठ भी है जो भुमरा में नहीं है। भुमरा तथा नचनाकुठारा के मंदिर पूर्वगुप्तकालीन वास्तुकला के प्रतिनिधि हैं।

नचने की तलाई (बुंदेलखंड, म० प्र०)

वाकाटकवंश के महाराज पृथ्वीसेन के दो अभिलेख इस स्थान पर गुप्तकालीन ब्राह्मी लिपि में अंकित पाए गए हैं। पहले में केवल महाराज पृथ्वीसेन का उल्लेख है और दूसरे में उनके सामंत व्याघ्रदेव का भी। अभिलेखों का उद्देश्य व्याघ्रदेव द्वारा किसी मंदिर, कूप या तड़ाग आदि के बनवाए जाने का उल्लेख है जिसमें अभिलेख का पत्थर जड़ा रहा होगा।

नजीबाबाद (जिला बिजनौर, उ० प्र०)

इस नगर को जो मालन (प्राचीन मालिनी) नदी से कुछ दूर पर गढ़वाल की तराई में स्थित है, मुगल सम्राट् अहमदशाह के समकालीन नवाब नजीबुद्दौला ने, 1750 ई० में बसाया था। नजीबुद्दौला एक सफल कूटनीतिज्ञ था और मुग़ल साम्राज्य की तत्कालीन राजनीति में इसका काफी दखल था। इसका मक़बरा नजीबाबाद में स्थित है। कहते हैं कि नजीबुद्दौला ने मराठों को नीचा दिखाने के लिए अहमदशाह अब्दाली को भारत पर आक्रमण करने के लिए निमंत्रण दिया था। 1857 के विद्रोह में नजीबुद्दौला के उत्तराधिकारी नवाब दूदूखां ने अंग्रेजों के विरुद्ध बग़ावत की थी जिसके कारण उसकी रियासत जब्त कर ली गई और उसका एक भाग रामपुर रियासत को दे दिया गया। रामपुर और नजीबाबाद के नवाबी घरानों में विवाह-संबंध था।

नट्टमेडु (कुड्डलोर तालुका, जिला तंजौर)

1955-56 के उत्खनन में पुरातत्व विभाग को इस स्थान से मिट्टी के बर्तनों के ऐसे अवशेष मिले थे जिससे इसके प्राचीन रोम साम्राज्य से व्यापारिक संबंधों पर प्रकाश पड़ता है। इन मृद् भांडों में चक्राकार आधार सहित दो

हत्थों वाले बर्तन (amphora) और भीतर की ओर मुड़े किनारे वाली रका-बियों तथा प्यालियों के टुकड़े उल्लेखनीय हैं।

नड्वल

पाणिनि 4,2,88 में उल्लिखित है। श्री वा० स० अग्रवाल के अनुसार यह मारवाड़ का नाडोल है।

नदिया=नवद्वीप

नन्नूर (जिला वीरभूम, प० बंगाल)

15वीं शती में बंगाल के प्रसिद्ध कवि चंडीदास का जन्म इसी स्थान पर हुआ था। चंडीदास और रामी की प्रेम कहानी का भारत की प्राचीन प्रेम-कथाओं में विशेष स्थान है। चंडीदास ने अपनी कविता यद्यपि 15वीं शती में लिखी थी तो भी वह मानवीय गुणों से संपन्न है और उसका दृष्टिकोण आधु-निक सा जान पड़ता है—'साबार ऊपर मानुष भाई ताहार ऊपर नाई—सबके ऊपर मानव है और उसके ऊपर कुछ नहीं—यह चंडीदास की ही अमर सूक्ति है।

नयार=नवालिका

गढ़वाल की पुराण-प्रसिद्ध नदी

नरक

महाभारत के अनुसार यवनाधिप भगदत्त का मुर तथा नरक नाम के देशों पर राज्य था—'मुर च नरकं चैव शास्ति यो यवनाधिपः, अपर्यन्तबलो राजा प्रतीच्यां वरुणो यथा, भगदत्तो महाराज वृद्धस्तवपितु. सखा'—महा० सभा० 14,14-15। इस उद्धरण से इंगित होता है कि इस देश की स्थिति पश्चिम दिशा में (भारत की उत्तर-पश्चिमी सीमा पर) रही होगी। भगदत्त यवन (शायद ग्रीक) शासक था।

नरमान (जिला हलार, सौराष्ट्र, गुजरात)

इस स्थान से 1954 के उत्खनन में प्रागैतिहासिक अवशेष प्राप्त हुए हैं जिनमें लघुपाषाण तथा पुरापाषाण युगों के उपकरणादि उल्लेखनीय हैं।

नरनारायणस्थान दे० नारायणाश्रम

नरराष्ट्र

'नरराष्ट्रं च निर्जित्य कुंतिभोजमुपाद्रवत्, प्रीतिपूर्वं च तस्यासौ प्रतिजग्राह शासनम्,'—महा० सभा०, 31,6 अर्थात् सहदेव ने अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में नरराष्ट्र को जीतकर कुंतिभोज पर चढ़ाई की। इससे नरराष्ट्र की स्थिति कुंतिभोज (=कोतवार, जिला ग्वालियर, म० प्र०) के निकट प्रमाणित होती है। हमारे मत में ग्वालियर दुर्ग से प्राय. 10 मील उत्तर-पूर्व वन प्रां

के अंतर्गत बसे हुए नरेसर नामक स्थान से नरराष्ट्र का अभिज्ञान किया जा सकता है। नरेसर को नलेश्वर का अपभ्रंश कहा जाता है किंतु इसका संबंध तो नरराष्ट्र से जान पड़ता है। नरेसर और नरराष्ट्र नामों में ध्वनिसाम्य तो है ही, इसके अतिरिक्त नरेसर बहुत प्राचीन स्थान भी है क्योंकि यहां से अनेक पूर्व मध्यकालीन मंदिरों तथा मूर्तियों के ध्वंसावशेष मिले हैं। यहां के खंडहर विस्तीर्ण भूभाग में फैले हुए हैं और संभव है यहां से उत्खनन में और अधिक प्राचीन अवशेष प्राप्त हों। नरराष्ट्र, नलराष्ट्र का भी रूपांतरण हो सकता है और उस दशा में इसका संबंध राजा नल से जोड़ना संभव होगा क्योंकि राजा-नल की कथा की घटनास्थली नरवर (प्राचीन नलपुर) निकट ही स्थित है। महाभारत की कई प्रतियों में नरराष्ट्र को नवराष्ट्र लिखा है जो अशुद्ध जान पड़ता है।

नरवर

(1) =नलपुर (ज़िला ग्वालियर म० प्र०) परंपरा के अनुसार महाभारत में वर्णित नलोपाख्यान (वनपर्व) के नायक राजानल की राजधानी नलपुर या नरवर में थी। नलपुर नाम का उल्लेख 12 वीं शती तक के संस्कृत अभिलेखों में है। यहां का पहाड़ी किला सर्वप्रथम कछवाहा राजपूतों के अधिकार में था। इसके पश्चात् 15वीं शती में नरपुर मानसिंह तोमर (1486-1516 ई०) के अधिकार में रहा। मानसिंह और मृगनयनी की प्रसिद्ध प्रेम-कथा से नरपुर का भी संबंध बताया जाता है। कहते हैं कि नरपुर के विषय में स्थानीय रूप से प्रसिद्ध कहावत 'नरपुर चढ़े न बेड़नी बूंदी छपे न छींट, गुदनौटा भोजन नहीं एरच पके न ईंट,'—लगभग इसी समय प्रचलित हुई थी। राजस्थान की प्रसिद्ध प्रेम-कथा ढोलामारू का नायक ढोला नरवर-नरेश का ही राजपुत्र बताया गया है। मारू या मरवण पूगलगढ़ की राजकुमारी थी। नरवर परवर्ती काल में मालवा के सुल्तानों के कब्जे में रहा और 18वीं शती में मराठों का आधिपत्य यहां स्थापित हुआ। दौलतराव सिंधिया के समय के भी कुछ स्मारक, हवागोर, एकखंबाछतरी आदि यहां स्थित हैं।

(2) (ज़िला अलीगढ़, उ० प्र०) गंगातट पर स्थित राजघाट से 3 मील दूर है। जनश्रुति है कि महाराज नल की इसी स्थान पर राजधानी थी। इस स्थान के निकटवर्ती प्रदेश को नल क्षेत्र कहते हैं। (दे० नरवर 1)

नरसापुर (ज़िला राजमहेंद्री, आ० प्र०)

गोदावरी की सात धाराओं में से अंतिम वशिष्ठ धारा इस स्थान के निकट

बहती हुई मानी जाती है। इसका प्राचीन नाम अतर्वेदी कहा जाता है। (टि० अन्तर्वेदी शब्द दोआबे का पर्याय है)। (दे० गोदावरी)

नरहट्टग्राम=नरहट्टा (दे० कचनपल्ली)

नरेसर (दे० नरराष्ट्र, नलेसर)

नरेना (राजस्थान)

नाभर के निकट स्थित है। इस स्थान पर 1603 ई० मे उत्तरीभारत के प्रसिद्ध सत तथा हिन्दी के कवि महात्मा दादू का निर्वाण हुआ था। इन्होंने अपने मत का प्रथम बार प्रतिपादन नरेना ही मे किया था। 1833 ई० मे बना इनका एक मदिर भी यहा है।

नरौली (जिला एटा, उ० प्र०)

नोहखेड़ा से 3 मील पर इस ग्राम मे अनेक प्राचीन हिंदू मदिरो के ध्वसावशेष हैं जो उत्तर गुप्तकालीन तथा मध्ययुगीन जान पडते हैं।

नर्थमलाई (जिला पुदुक्कोट्टाई, मद्रास)

वादवर नामक प्राचीन भव्य मदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

नर्मदा

मध्य भारत की प्रसिद्ध नदी जो विध्याचल की मेकल नाम की पर्वत-श्रेणी (अमरकटक पर्वत) से निसृत होकर भृगुकच्छ या भड़ोच नामक नगर के पास खभात की खाडी मे गिरती है। वेदो मे नर्मदा का कोई उल्लेख नही है। रामायण तथा महाभारत और परवर्ती ग्रथो मे इस नदी के विषय मे अनेक उल्लेख हैं। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार नर्मदा की एक नहर किसी सोमवशी राजा ने निकाली थी जिससे उसका नाम सोमोद्भवा भी पड गया था। गुप्तकालीन अमरकोश मे भी नर्मदा को सोमोद्भवा कहा है—'रेवातुनर्मदा सोमोद्भवा मेकलकन्यका'। कालिदास ने भी नर्मदा को सोमप्रभवा कहा है—'तस्येरुपरमृश्य पय पवित्र सोमोद्भवाया सरितो नृसोम.' रघु 5,59। रघुवश 5,42 म नर्मदा का इस प्रकार उल्लेख है—'स नर्मदारोधसि सीकराद्रैर्मरुद्भिरानतितनक्तमाले, निवेशयामास विलधिताध्वा क्लात रजोधूसरकेतु सैन्यम्'। मेघदूत मे रेवा या नर्मदा का सुदर वर्णन है (दे० रेवा)। वाल्मीकि० उत्तर० मे भी नर्मदा का उल्लेख है—'पश्यमानस्ततो विध्य रावणोनर्मदा ययौ, चलोपलजलां पुण्यां पश्चिमोदधिगामिनीम्' वाल्मीकि० उत्तर, 31,19। इसके पश्चात के श्लोको मे नर्मदा का एक युवती नारी के रूप म सुदर वर्णन है—'चक्रवाकैः सकारण्डैः सहसाजकुक्कुटैः, सारसैश्च सदामत्तैः कूजद्भिः सुसमावृताम्। फुल्लद्रुमकृतोत्तसां चक्रवाकयुगस्तनीम्, विस्तीर्णपुलिनश्रोणी हसावलि सुमेख-

धाम्। पुष्परेणवनुलिप्तांगींजलफेनामलांशुकाम् जलावगाहसुस्पर्शां फुल्लोत्पल शुभेक्षणाम् पुष्पकादवरुह्याशु नर्मदां सरि, ा वराम, इष्टामिव वरा नारीमवगाह्य दशानन'—उत्तर० 31,21-22-23-24। महाभारत में नर्मदा को ऋक्षपर्वत से उद्भूत माना गया है—'पुरश्चपश्चाच्च यथा महानदी तमृक्षवन्त गिरिमेत्य नर्मदा'—शान्ति० 52,32। (दे० वन० 82,52)। भीष्म० 9,14 में नर्मदा का गोदावरी के साथ उल्लेख है—'गोदावरीं नर्मदां च बाहुदां च महानदीम्'। श्रीमदभागवत 5,19,18 मे रेवा और नर्मदा दोनों का ही एक स्थान पर उल्लेख है—'तापी रेवा सुरसा नर्मदा चर्मण्वती सिंधुरन्ध शोणश्च नदौ'। जान पड़ता है कि कहीं कहीं साहित्य में इस नदी के पूर्वी या पहाड़ी भाग को रेवा (शाब्दिक अर्थ—उछलने-कूदने वाली) और पश्चिमी या मैदानी भाग को नर्मदा (शाब्दिक अर्थ—नर्म या सुख देनेवाली) कहा गया है। (किंतु महाभारत के उपर्युक्त उद्धरण में उद्गम के निकट ही नदी को नर्मदा नाम से अभिहित किया गया है)। नर्मदा के तटवर्ती प्रदेश को भी कभी कभी नर्मदा नाम से ही निर्दिष्ट किया जाता था। विष्णुपुराण 4 24 के अनुसार इस प्रदेश पर शायद गुप्तकाल से पूर्व आभीर आदि शूद्रजातियों का अधिकार था—'नर्मदा मरुभू-विषयाश्च-आभीर शूद्राद्या भोक्ष्यन्ति'। वैसे नर्मदा का नदी के रूप में विष्णु 1,2,9,2,3,11 आदि में उल्लेख है—'तैश्चोक्त पुरुकुत्साय भुभुवे नर्मदा तटे, सारस्वताय तेनापि मह्य सारस्वतेन च', 'नर्मदा सुरसाद्याश्च नद्यो विंध्याद्रि-निर्गता'। (दे० रेवा, सोमोद्भवा)

नलगोंडा (आं० प्र०)

तेलगू भाषा में नीलगिरि का पर्याय नल्लगोंडा या नलगोंडा है। नल्लगोंडा नगर में औरंगजेब की बनवाई हुई दो मसजिदें हैं। पास ही पहाड़ी पर प्राचीन शिवमंदिर है जिसका ध्वजस्तंभ 44 फुट ऊंचा है।

नलपुर=नरवर

नलमाली

शूर्पारकजातक में वर्णित एक समुद्र—'यथानलो व वेणुव समुद्दोपति दिस्सति' अर्थात जिस प्रकार नल या वेणु दिखाई देता है उसी प्रकार हरितवर्ण का यह समुद्र है। इसमें वैदूर्य उत्पन्न होता था यह समुद्र भृगुकच्छ या भड़ौच से जलयान पर देशांतरों से व्यापार करने के लिए निकले हुए वणिकों को मार्ग में मिला था। अन्य समुद्रों के नाम जो उन्हें मिले थे ये हैं—खुरमाली, अग्नि माली कुशमाली, दधिमाली, वड़वामुख।

नलिनी

(1) विष्णुपुराण के अनुसार शाकद्वीप की एक नदी—'नद्यश्चात्र महापुण्या सर्वपापभयापहाः सुकुमारी कुमारी च नलिनी धेनुका च या'

(2) वाल्मीकि० बाल० 43 में उल्लिखित नदी जो संभवतः ब्रह्मपुत्र है (श्री न० ला० दे)

नलेसर=नरेसर (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

ग्वालियर के दुर्ग से प्राय. दस मील उत्तरपूर्व वनप्रांत के अंतर्गत इस नाम के ग्राम के खंडहर हैं। 11वीं-12वी शतियो के मंदिरों तथा मूर्तियों के ध्वंसावशेष यहां से प्राप्त हुए है जिनमे से अधिकांश शैवमत से संबंध रखते हैं। (दे० नरराष्ट्र)

मल्लगौंडा=मसगोडा

नवकोट (जिला जोधपुर, राजस्थान)

मारवाड का एक अतिप्राचीन स्थान जिसका उल्लेख मुग़लकालीन साहित्य मे है (दे० भूषण-शिवाबावनी, 42—'भूषन भनत गिरि-निकट निवासी लोग बावनीबवंजा नवकोट धुधजोत हैं'।

नवद्वीप (जिला नदिया, बंगाल)

श्री चैतन्य महाप्रभु का जन्म स्थान तथा संस्कृतविद्या और न्यायशास्त्र का प्राचीन केंद्र। पाणिनि, 6,2,89 मे शायद नवद्वीप का नवनगर-नाम से उल्लेख है। आजकल जो नगर नवद्वीप के नाम से प्रसिद्ध है वह चैतन्य महाप्रभु के समय में कुलिया नामक ग्राम था। प्राचीन नवद्वीप कुलिया के सामने गंगा के उस पार पूर्वी तट पर स्थित था। इसे आजकल वामनपुकुर कहा जाता है। कहते हैं प्राचीन काल मे नवद्वीप की परिधि 16 कोस की थी और उसमे अंत द्वीप, सीमंतद्वीप, गोद्रुमद्वीप, मध्यद्वीप, कोलद्वीप, ऋतुद्वीप, जह्नुद्वीप, मोदद्रुमद्वीप और रुद्रद्वीप ये नौ द्वीप सम्मिलित थे। मायापुर नामक नवद्वीप के जिस भाग मे चैतन्य का जन्म हुआ था वह मध्यद्वीप के अंतर्गत था। यहीं चैतन्य के पिता जगन्नाथ मिश्र का निवास-स्थान था। यह स्थान कालांतर मे गंगा के गर्भ मे विलीन हो गया था। नवद्वीप को अब नदिया कहा जाता है।

मवनद दे० नदेव

नवनगर

(1)(=नवनर) गोदावरी नदी पर स्थित इस ग्राम का अभिज्ञान डा० भंडारकर ने प्रतिष्ठानपुर (=पैठान) से किया है। यह प्राचीन व्यापारिक

नगर या तथा शातवाहन-नरेशों के समय में उनके साम्राज्य की राजधानी इसी स्थान पर थी (दे० प्रतिष्ठानपुर)

(2) पाणिनि 6,2,89 में उल्लिखित। यह शायद नवद्वीप है।

नवनगरी=नवनेरी

धोलियाँ का प्राचीन नाम।

नवनर=नवनगर

नवराष्ट्र (दे० नरराष्ट्र)

नवादा (ज़िला देहरादून उ० प्र०)

प्राचीन काल में दून घाटी का मुख्य नगर था। 18वीं शती के प्रारम्भ में देहरादून के बस जाने के पश्चात् नवादा का महत्व घटता चला गया और कालांतर में यह स्थान खंडहर बन गया। कोई सौ वर्ष तक नवादा दूनघाटी का प्रमुख नगर था।

नवालिका=नयार (ज़िला गढ़वाल, उ० प्र०)

ऋषिकेश से देवप्रयाग जाने वाले मार्ग में यह नदी मिलती है। इसका पुराणों में भी उल्लेख है। यह व्यासघाट नामक स्थान पर गंगा से मिल जाती है। संगम पर इंद्रप्रयाग बसा है। पुराणों में कथा है कि वृत्रासुर से पराजित होने पर इंद्र ने इसी स्थान पर आकर शिव की आराधना की थी और वरदान प्राप्त करके उन्होंने इस दैत्य का संहार किया था।

नव्यावकाशिका (ज़िला फ़रीदपुर, प० बंगाल)

फ़रीदपुर से प्राप्त ताम्रपट्टाभिलेखों में इस स्थान का उल्लेख है। ये अभिलेख उत्तर-गुप्तकालीन हैं। इनसे तत्कालीन शासन-व्यवस्था पर अच्छा प्रकाश पड़ता है।

नांदनेर (ज़िला होशंगाबाद, म० प्र०)

नर्मदा के उत्तरीतट पर स्थित है। यहां अनेक प्राचीन मंदिरों के खंडहर हैं।

नादेड दे० नंदेड

नाखोनधोधम्मरत (मलाया)

मलयप्रायद्वीप में लिगोर नामक स्थान का प्राचीन भारतीय नाम। यहां भारत के बौद्धों ने उपनिवेश बसाया था। स्थान का नाम नाखोनधम्मरत नामक स्तूप के कारण पड़ा था। यह स्तूप पचास मंदिरों के बीच में बनाया गया था। यह भारतीय औपनिवेशिकों की वास्तु-कला का परिचायक है।

नाग

विष्णुपुराण 2,2,29 के अनुसार मेरु के उत्तर की ओर स्थित एक पर्वत —'शंखकूटोऽथ ऋषभो हंसो नागस्तथापर, कालजाद्याश्च तथा उत्तरे केसरा चला'।

नागखंड (शिकारपुर तालुक, मैसूर)

14वीं शती के एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि इस प्रदेश की रक्षा सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य द्वारा की जाती थी जिससे सूचित होता है कि मौर्यसम्राट का राज्य इस स्थान तक विस्तृत था (दे० राइस मैसूर एंड कुर्ग इंसक्रिप्शन्स, पृ० 10) राजावलीकथा (इंडियन ऐंटिक्वेरी 1892, पृ० 157) में वर्णित जैन परंपरा के आधार पर भी चंद्रगुप्त मौर्य के राज्य का विस्तार दक्षिण भारत विशेषत मैसूर तक सिद्ध होता है।

नागदा (ज़िला उदयपुर, राजस्थान)

(1) उदयपुर से 13 मील उत्तर की ओर स्थित है। यह प्राचीन नगर(=नागह्रद या नगेंद्र) अधिकतर खंडहरों के रूप में पड़ा हुआ है। चारों ओर अर्वली पहाड़ की चोटियाँ दिखाई देती हैं। प्राचीन काल के अनेक मंदिर जिनका नष्ट-प्राय कलावैभव आज भी दर्शकों को मुग्ध कर लेता है, एक झील के निकट बने हुए हैं। मेवाड़ के संस्थापक बप्पारावल ने नागदा ही में अपनी राजधानी बनाई थी। यहाँ के राजा चंद्रसिंह की कन्या कौंकला से उनका विवाह हुआ था। 1210 ई० में दिल्ली के सुलतान इल्तुतमिश ने नागदा पर आक्रमण करके नगर को नष्टभ्रष्ट कर दिया। इस आक्रमण के पश्चात् नागदा के निवासी नगर को छोड़कर अहार अथवा धूलकोट (अब उदयपुर का एक भाग) नामक स्थान पर जाकर बसने लगे। किंतु फिर भी कई सौ वर्षों तक नागदा में अनेक कलापूर्ण मंदिरों का निर्माण होता रहा। नागदा के प्राचीन मंदिरों की संख्या 2112 कही जाती है जो आस-पास की पहाड़ियों पर दूर दूर तक दिखाई देते थे। वर्तमान मंदिरों में अधिकांश हिंदू शैली में बने हैं। कुछ जैन मंदिर भी हैं। दो उल्लेखनीय जैन मंदिर खुमाणरावल तथा अद्भुतजी नाम के हैं। यह दूसरा मंदिर 1437ई० में ओसवाल सारंग ने बनवाया था। सास बहू के प्रसिद्ध मन्दिर विष्णु के देवालय थे। ये 10वीं 11वीं शती ई० में बने थे। ये दोनों श्वेत पत्थर के चौकोर चबूतरों पर बने हैं जो 140 फुट लंबे हैं। प्रवेशद्वार तोरण के रूप में निर्मित है। सास के मन्दिर का शिखर ईंटों का है और शेष मन्दिर संगमर्मर का बना है। ये विशाल संगमर्मर के पत्थर इतने सुदृढ़ रूप में जुड़े हैं कि सैंकड़ों वर्षों बाद आज भी अडिग हैं। शिखर अब जीर्ण अवस्था में है। सास के मंदिर के स्तंभ,

उत्कीर्ण शिलापट्ट एवं मूर्तियाँ सभी शिल्प के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मंदिर के बाहरी भाग में भी सुंदर मूर्तिकारी प्रदर्शित है। पूर्वी व दक्षिणी भागों में कई प्रकार की चित्रविचित्र जालियाँ बनी हैं जिनसे सूर्य का प्रकाश छन कर अंदर पहुँचता है। सभामंडप विशाल है और अद्भुत शिल्पकारी से संपन्न है। इसकी छत में एक बृहत् कमलपुष्प उकेरा हुआ है जिसकी विकसित पंखड़ियों पर चार नर्तकियाँ नृत्यमुद्रा में प्रदर्शित हैं। नृत्यमुद्रा का अंकन अपूर्व भावगरिमा एवं कलालावण्य के साथ किया गया है। स्तंभों पर भी अनेक कलामयी मूर्तियाँ उकेरी हुई हैं। इनमें से कई पर रास व भजन-मंडलियों के दृश्यों का अंकन है। दूसरों पर नारीसौंदर्य के अप्रतिम मूर्तिचित्र केवल उच्चकला ही के नहीं वरन् तत्कालीन समाज के भी प्रतिदर्श हैं। बहू के मंदिर की कला भी कम विदग्धता-पूर्ण नहीं। इसके सभामंडप की मूर्तियों में मुख्यतः विष्णु शिव, गरुड़ आदि प्रदर्शित हैं। इसकी छत पर भी सुंदर तक्षणकला की अभिव्यंजना है। मंदिर का शिखर अब पूर्ण रूप से टूट चुका है। इन मंदिरों की शिल्पकला आबू के दिलवाड़ा मंदिरों की याद दिलाती है। नागदा या नागह्रद का नामोल्लेख जैनस्तोत्र तीर्थ-माला चैत्यवंदन में इस प्रकार है—'वंदे श्री करणावती शिवपुरे नागद्रह (नागह्रदे) नामके।'

(2) (म० प्र०) यह स्थान उज्जैन से लगभग 30 मील उत्तरपश्चिम में, पश्चिम रेलवे के बम्बई दिल्ली मार्ग पर स्थित है। मालवा के परमारनरेशों के अभिलेखों में नागदा का प्राचीन नाम नागह्रद मिलता है। जूना नागदा नाम के पुराने गाँव में चंबल नदी के तट पर प्रागैतिहासिक संस्कृतियों के अवशेष यहाँ की गई खुदाई में प्राप्त हुए हैं। इन में लघु पाषाण तथा कई कामती पत्थरों का गुरियाँ और मिश्रित मृद्भांड शामिल हैं। श्री अमृत पांड्या के मत में (जिन्होंने यहाँ उत्खनन किया था) माहिष्मती संस्कृति, जिसके अवशेष महेश्वर और प्रकाश में मिले हैं और चंबल घाटी की संस्कृति में काफी समानता है और वे समकालीन जान पड़ती हैं। नागदा से उद्‌खनित सभ्यता को श्री अमृतपांड्या ने मोहेंजदारो और हड़प्पा की सभ्यता से भी प्राचीन सिद्ध करने का प्रयास किया है।

नागद्वीप

(1) पुराणों में वर्णित एक द्वीप। इसका अभिज्ञान कुछ विद्वानों के मत में बंगाल की खाड़ी में स्थित निकोबार द्वीपसमूह के साथ किया जा सकता है। श्री वासुदेव शरण अग्रवाल के अनुसार इस उपकल्पना की पुष्टि बलाहस्स जातक से भी होती है—(दे० जर्नल ऑव दि बिहार एंड उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी,

पटना, 23,1)

(2) महावंश 1,47 तथा 20,24 में वर्णित लंका का उत्तरपश्चिमी भाग। पहले उल्लेख के अनुसार गौतम बुद्ध भारत से नागद्वीप आए थे।

नागधन्वा

'धर्मात्मा नागधन्वान तीर्थमागमदच्युत, यत्र पन्नगराजस्य वासुकेः सन्निवेशनम्'—महा० शल्य० 37,30। इस उद्धरण के प्रसंग के अनुसार नागधन्वा की सरस्वती नदी के तटवर्ती तीर्थों में गणना थी। इसकी यात्रा बलराम ने की थी। यह शसतीर्थ के उत्तर में स्थित था। उपर्युक्त उल्लेख से ज्ञात होता है कि नागधन्वा के निकट नाग लोगों की बस्ती थी। यह तीर्थ दक्षिणी पंजाब या उत्तरी राजस्थान में था।

नागनूर (जिला करीमनगर, आ० प्र०)

नागनूर नाम तेलगू नालगुन्नूरेलु (=चार सौ) का अपभ्रंश कहा जाता है। स्थानीय जनश्रुति है कि इस स्थान पर प्राचीन काल में चार सौ मंदिर थे। नागनूर में एक दुर्ग भी है। शिव और विष्णु के मंदिर भी यहां के सुंदर स्मारक हैं। धुधाती नामक तीन स्तूप या स्तंभ भी यहां स्थित हैं जिन्हें किंवदंती के अनुसार अशोक ने बनवाया था। इससे नागनूर की प्राचीनता प्रमाणित होती है।

नागपट्टन = नेगापटम् (जिला राजमहेन्द्री, आ० प्र०)

कुछ विद्वानों के मत में पांड्य देश की राजधानी उरगपुर या उरग यही स्थान था। उरगपुर का उल्लेख कालिदास ने रघुवंश 6,59 में किया है जिसकी टीका करते हुए मल्लिनाथ ने इसे कान्यकुब्ज नदी के तट पर स्थित नागपुर बताया है (दे० उरगपुर)। चोलराज्यकालीन एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि राजराज चोल के शासनकाल के 21वें वर्ष (1005 ई०) में सुवर्णद्वीप (बर्मा) के शैलेन्द्रनरेश चूड़ावर्मन् ने नागपट्टन में एक बौद्ध विहार बनवाना प्रारंभ किया था। राजराज चोल ने इस विदेशी नरेश को अपने राज्य में अंतर्गत केवल बौद्ध-विहार बनवाने की ही आज्ञा न दी थी वरन् इस विहार के व्यय के लिए एक ग्राम का दान भी दिया था। चूड़ावर्मन् की मृत्यु के पश्चात् उसके पुत्र तथा उत्तराधिकारी श्रीमारविजयोत्तुंगवर्मन् ने इस विहार को पूरा करवाया था। 15वीं शती तक दो बौद्ध मंदिर नेगापटम् में थे। इनमें से एक को 1867 ई० में जेसुइट पादरियों ने नष्टभ्रष्ट कर दिया और उसके स्थान पर गिरजाघर बनवाया था (विसेंट स्मिथ—अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया, पृ० 486)

नागपुर

(1) (महाराष्ट्र) नागनदी पर अवस्थित है। गोंड राजाओं ने इस नगर की नींव डाली थी। बाद में 18वीं शती में यहां भोंसला मराठा का आधिपत्य स्थापित हुआ। 1777 ई० में मराठों और अंग्रेजों का युद्ध नागपुर में हुआ था। लार्ड डलहौज़ी ने नागपुर की रियासत का नागपुर-नरेश के उत्तराधिकारी न होने की दशा में जब्त कर लिया और यहां के राजवंश के कीमती रत्नादिकों का नीलाम कर दिया था। भोंसला-वंश के शासनकाल का यहां एक दुर्ग तथा अन्य भवनादि स्थित हैं।

(2) हस्तिनापुर 'तं चारणसहस्राणां मुनीनामागमंतदा श्रुत्वा नागपुरे नृणां विस्मयःसमपद्यत' महा० आदि 125 11।

(3) मल्लिनाथ ने रघुवंश 6 59 में उल्लिखित 'उरगाख्यपुर' की टीका करते हुए इसे नागपुर कहा है—'उरगाख्यस्य पुरस्य पाण्ड्य देशे कान्यकुब्ज-तीरवर्ति नागपुरस्य—'। इसका अभिज्ञान नेगापटम से किया गया है। (दे० नेगापटम; उरगपुर)

(4) (ज़िला गढ़वाल, उ० प्र०) इस स्थान पर एक पुराना गढ़ी या दुर्ग के अवशेष हैं जो गढ़वाल के प्राचीन नरेशों के समय का है। इस प्रदेश का नाम गढ़वाल इसी प्रकार के अनेक गढ़ों के कारण हुआ था।

नागमती (सौराष्ट्र, गुजरात)

सौराष्ट्र-काठियावाड़ के उत्तरपश्चिमी भाग अथवा हालार की रंगमती नामक नदी की एक शाखा जिसके तट पर जामनगर बसा हुआ है।

नागमाल (लंका)

महावंश 15,153 में वर्णित एक स्थान जो अनुराधपुर से संबंधित था। सिंहल-नरेश धम्मदीप के समय स्थविर कश्यप बुद्ध ने इसी स्थान के उत्तर में अशोकमाल पर जाकर धर्मोपदेश दिया था जिससे सिंहल के चार सहस्र लोग बौद्धधर्म में दीक्षित हुए थे।

नागरा (ज़िला भंडारा, म० प्र०)

प्राचीन पुरातत्वविषयक अवशेष इस स्थान से प्राप्त हुए हैं जो कलचुरि कालीन जान पड़ते हैं। इनमें मुख्य, 12वीं शती तथा उसके पश्चात बने हुए जैन मंदिरों के खंडहर हैं। नागरा गोंदिया से चार मील दूर है।

नागसाह्वय

हस्तिनापुर का पर्याय जिसका प्राचीन साहित्य में अनेक स्थानों पर उल्लेख है उदाहरणार्थ—'बलदेवस्ततो गत्वा नगरं नागसाह्वयम्' विष्णु० 5 35 9

'विजित्य पुरुषव्याघ्रो नागसाह्वयमागमत्' महा० वन० 254,22। दे० हस्तिना-पुर; नागपुर (2)

नागह्रद (दे० नागदा)

नागार्जुनीकोंड (जिला गुंटूर, आं० प्र०)

हैदराबाद से 100 मील दक्षिणपूर्व की ओर अति प्राचीन स्थान। यह बौद्ध महायान के प्रसिद्ध आचार्य नागार्जुन (दूसरी शती ई०) के नाम पर प्रसिद्ध है। प्रथम शती ई० में तथा उसके पूर्व इसका नाम श्रीपर्वत था जिसका वर्णन महाभारत वनपर्व, तीर्थ यात्रा के प्रसंग में है—'श्रीपर्वतमासाद्य नदीतीरमुपस्पृशेत्' वन० 85,11। श्रीमद्भागवत 5,18,16 में भी श्रीशैल या श्रीपर्वत का उल्लेख है—'देवगिरि ऋष्यमूकः श्रीशैलो वेंकटो महेन्द्रो वारिधारो विन्ध्यः'। प्रथम शती ई० में यहां शातवाहन-नरेशों का राज्य था। हाल नामक शातवाहन राजा ने जो प्राकृत के प्रसिद्ध काव्य गाथासप्तशती के रचयिता कहे जाते हैं, नागार्जुन के लिए श्रीपर्वत के शिखर पर एक विहार बनवा दिया था जहां ये रसविद् आचार्य अपने जीवन के अंतकाल में रहे थे। उनके यहां रहने के कारण यह स्थान महायान बौद्धधर्म का केंद्र बन गया था जिससे भारत तथा बृहत्तर भारत में महायान के प्रचार में योगदान मिला। उस समय यहां एक बौद्ध महाविद्यालय स्थापित हो गया था। नागार्जुन का नाम तिब्बती तथा चीनी बौद्ध साहित्य में भी प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि तीसरी या चौथी शती ई० में एक अन्य तांत्रिक विद्वान् नागार्जुन भी यहां रहे थे। शातवाहनों (आंध्रनरेशों) के पश्चात् नागार्जुनीकोंड में इक्ष्वाकुनरेशों ने राज्य किया और वे आंध्रप्रदेश की राजधानी, अमरावती से यहीं ले आए। उस समय नागार्जुनीकोंड को विजयपुर या विजयपुरी कहते थे। इक्ष्वाकु-नरेश हिंदू मतावलंबी होते हुए भी बौद्धधर्म के संरक्षक थे, यहां तक कि कई राजाओं की रानियां बौद्ध थीं और इस मत के प्रचार में क्रियात्मक रूप से भाग लेती थीं। संसार के इतिहास में धार्मिक सहिष्णुता का यह अपूर्व उदाहरण है। नागार्जुनीकोंड (विजयपुर) इक्ष्वाकुओं के शासनकाल में बहुत सुंदर नगर था। कृष्णानदी के तट पर स्थित तथा चतुर्दिक् पर्वत मालाओं से परिवृत यह नगर प्राकृतिक सौंदर्य से समन्वित होने के साथ ही दुर्भेद्य दुर्ग की भांति सुरक्षित भी था। विजयपुर के आस्थान से जो बौद्ध स्तूपों के खंडहर लगभग चालीस वर्ष पूर्व उत्खनित किए गए थे जो इस नगर के प्राचीन गौरव तथा ऐश्वर्य के साक्षी हैं। आठवीं शती में बौद्ध-धर्म को, अन्य कारणों के अतिरिक्त महामनीषी शंकराचार्य के प्राचीन हिंदू धर्म के पुनरुज्जीवन के लिए किए

गए भगीरथप्रयत्न के परिणामस्वरूप बड़ा धक्का लगा और इसकी दक्षिण भारत में अवनति के साथ ही नागार्जुनीकोंड का महत्व भी घटने लगा। नागार्जुनीकोंड को शंकराचार्य ने अपने प्रचार का मुख्य केंद्र बनाया था जिसका परिचायक पुष्पगिरिधकर मठ है। इस स्थान के खंडहर नल्लमलाई की पहाड़ियों के कोठ में स्थित थे। अब यहां एक विशाल बांध बनने के कारण यह सारा क्षेत्र जलमग्न हो गया है। केवल पुरातत्व-विषयक सामग्री पहाड़ी पर बने एक संग्रहालय में सुरक्षित कर दी गई है। यहां के ध्वंसावशेष वनाच्छादित स्थली तथा पहाड़ियों के बीच पड़े हुए थे। उत्खनन द्वारा एक महाचैत्य तथा बारह स्तूपों के अवशेष मिले। इनके अतिरिक्त चार विहार, छः चैत्य और चार मंडपों के अवशेष भी उत्खनन द्वारा प्रकाश में लाए गए। महाचैत्य का उत्खनन लांगहर्स्ट ने किया था। इस स्तूप में बुद्ध का एक दांत (वाम श्वदंत) धातु मंजूषा में सुरक्षित पाया गया था। मंजूषा पर अभिलेख था—'सम्यक् संबुद्धस धातुवर परिगहित महाचैत्य।' "आचार्य नागार्जुन के विहार का पता यहां के खंडहरों में न लग सका है। इसके विषय में युवानच्वांग ने लिखा है कि इस विहार के बनवाने में पहाड़ी के अंदर सुरंग बनानी पड़ी थी। लंबी वीथियों के बीच में बने हुए इस भवन पर पांच मंजिलें बनाई गई थीं और प्रत्येक पर चार शिखाएँ तथा विहार थे। प्रत्येक विहार में बुद्ध की मानवाकार स्वर्णालंकृत प्रतिमाएँ स्थापित थीं।" ये कला की दृष्टि से बेजोड़ थीं। तीसरी शती ई० में इक्ष्वाकुनरेशों की रानियों ने यहां अनेक बौद्धविहारादि बनवाए थे। रानी शांतिश्री ने यहां महाविहार तथा महाचैत्य बनवाए थे। दूसरी रानी बोधिश्री ने सिंहल, कश्मीर, नेपाल और चीन के भिक्षुओं के लिए चैत्य-गृहों का निर्माण करवाया। (अंतिम खुदाई में एक पहाड़ी पर सिंहल विहार के खंडहर मिले भी थे)। इस समय नागार्जुनीकोंड वास्तव में बौद्धधर्म का अंतर्राष्ट्रीय केंद्र बना हुआ था। इस स्थान से इन भवनों के अतिरिक्त छः सौ बड़ी तथा चारसौ छोटी कलाकृतियों के अवशेष भी प्राप्त हुए थे। नागार्जुनीकोंड की वास्तुशैली निकटवर्ती अमरावती की कला से बहुत मिलती जुलती है और दोनों को एक ही नाम अर्थात् 'कृष्णा घाटी की शैली' से अभिहित किया जा सकता है। यहां का मुख्य स्तूप जो 70 फुट ऊंचा और 100 फुट चौड़ा है, ऊंचे चबूतरे पर बना हुआ था जिस पर चढ़ने के लिए सीढ़ियां थीं। यहां की 'आयक वेदियां' तथा उन पर पतले स्तंभों की पंक्तियां और सादे प्रवेश-द्वार या तोरण जिनकी रक्षा करते हुए सिंहों की मूर्तियां प्रदर्शित हैं—ये यहां के स्तूपों की विशेषताएं भारत में अन्यत्र अप्राप्य हैं। स्तूपादिक

क पत्थरो की तक्षणकला या नक्काशी इस कला का बेजोड उदाहरण है। हलके हरे रग का पत्थर जिसका अधिकाश मे यहां प्रयोग किया गया है, जीवन के विविध भावदृश्यो के अकन के लिए विशिष्ट रूप से उपयुक्त था। इन पत्थरो पर उकेरे हुए चित्रो के आधार पर तत्कालीन (दूसरी-तीसरी शती० ई०) बौद्धधर्म तथा कला के अध्ययन म बहुत सहायता मिल सकती है। इनमें अकित अनेक दृश्य सस्कृत बौद्धसाहित्य की कथाओ तथा घटनाओ से लिए गए हैं। इनके अतिरिक्त अनुराधापुर (लका) की भाति ही यहा भी अनेक बौद्ध मुनियो की स्मारको के आधारो क चतुर्दिक प्रतिष्ठापित करने की प्रथा पाई गई है। यहां के शिल्प मे स्तभा की पक्तियां विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं क्योंकि यही विशिष्टता आध्रप्रदेश मे परवर्तीकाल मे बनने वाले मदिरों की कला का भी एक भाग है। नागार्जुनीकोड के अभिलेखो की भाषा अर्धसाहित्यिक प्राकृत है जो इस प्रात के द्रविड भाषा भाषियो की बोली थी। शातवाहनो के समय म इस भाषा (या महाराष्ट्री प्राकृत) का काफी सम्मान था जैसा कि हाल नरेश द्वारा रचित प्रसिद्ध प्राकृत काव्य ग्रथ गाथा-सप्तशती स सूचित होता है। अभिलेखो स तत्कालीन इतिहास तथा सामाजिक अवस्था पर काफी प्रकाश पडता है। 1954 म नागार्जुनीकोड स दो सगमर्मर के मूर्तिपट्ट प्राप्त हुए थे जिन्हें भारत शासन न सिंगापुर के सग्रहालय मे भेजा है। इनमें एक पट्ट के बीच मे बोधिद्रुम अकित है जिसे बौद्ध त्रिरत्न के साथ दिखलाया गया है। दूसरे पट्ट पर सभवत मगध के राजा बिंदुसार की बुद्ध से भेंट करने की यात्रा का अकन किया गया है। इसम राजा को चार घोड़ो के रथ में आसीन दिखाया गया है। रथ के आगे कुछ पैदल सैनिक चल रहे हैं। ये दृश्य बड़े मनोरजक हैं तथा इनका चित्रण बहुत ही स्वाभाविक रीति से किया गया है।

नागार्जुनी गुहा (जिला गया, बिहार)

यह गुफा महायान बौद्ध के प्रसिद्ध आचार्य नागार्जुन के नाम पर प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि वे यहा कुछ समय पर्यन्त रहे थे। इनका समय द्वितीय शती ई० म माना जाता है। इस गुफा म मौखरीवश के नरेश अनतवर्मन् का एक तिथिहीन लेख है जिसका उद्देश्य अनतवर्मन् द्वारा इस गुहामदिर म भूतपति शिव तथा देवी पार्वती की अर्धनारीश्वर मूर्ति की प्रतिष्ठापना का उल्लेख है। अनतवर्मन् ही का एक अन्य अभिलेख भी इस गुहा में है जिसम उनके द्वारा कात्यायनी देवी की एक प्रतिमा क प्रतिष्ठापन तथा उसके लिए एक ग्राम के दान का उल्लेख है। अभिलेख 7वीं शती ई० क हैं।

नागावती

दक्षिणकलिंग की नदी जिसे लांगुलीय भी कहते हैं। यह कलिंगपटम् और चिकाकोल के निकट बहती है—(दे० बी० सी० लॉ—'सम जैन केनानिकल सूत्राज़', पृ० 146)

नागेश=नागेश्वर

नागेश या नागेश्वर द्वारका के निकट दारुकवन में स्थित है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक नागेश में माना जाता है। शिवपुराण में इसे पुण्यस्थान माना गया है—'एतद् य शृणुयान्नित्य नागेशोद्भवमादरात्, सर्वान् कामानियाद्धीमान् महापातकनाशनात्'। शिवपुराण—30,44। यह स्थान गोपी तालाब से 3 मील है। टि० कुछ लोगों के मत में अल्मोड़ा (उ० प्र०) से 17 मील उत्तरपूर्व में स्थित नागेश (=जागेश्वर) ही नागेश ज्योतिर्लिंग है।

नागोदरी (जिला जोधपुर, राजस्थान)

जोधपुर रियासत की प्राचीन राजधानी मंडोर के निकट बहने वाली नदी। मंडोर या माण्डव्याश्रम में प्राप्त एक अभिलेख में शायद इसी नदी का उल्लेख है—'माण्डव्याश्रमे पुण्य नदीनिर्झर शोभते'।

नागौर (जिला जोधपुर, राजस्थान)

इस नगर को, किंवदंती के अनुसार, नागर राजपूतों ने बसाया था। जान पड़ता है कि नागौर का मूल नाम नागपुर रहा होगा। मुग़लकाल में नागौर एक प्रसिद्ध नगर था। अकबर के दरबार के रत्न अबुलफ़ज़ल और फ़ैज़ी के पिता शेख मुबारक नागौर के ही रहने वाले थे और नागौरी कहलाते थे।

नाडोल (राजस्थान)

यह स्थान एक प्राचीन दुर्भेद्य दुर्ग के लिए प्रसिद्ध था। इस दुर्ग का निर्माण चौहान राजपूतों ने मध्यकाल में किया था।

नाडलाई (जिला जोधपुर, राजस्थान)

एक प्राचीन जैन मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। इस मंदिर पर विक्रम संवत् 1686 (=1629 ई०) का एक अभिलेख अंकित है जिससे ज्ञात होता है कि मंदिर का निर्माण मूलतः मौर्य-सम्राट् अशोक के पौत्र सम्प्रति द्वारा करवाया गया था। सम्प्रति को जैन परंपरा में जैन अशोक कहा गया है।

नाशोल दे० **नडवन**

नाथद्वारा (जिला उदयपुर, राजस्थान)

वल्लभ-सम्प्रदाय के वैष्णवों का प्राचीन मुख्य पीठ है। कहा जाता है कि

नाथद्वारा के मंदिर की मूर्ति पहले गोवर्धन (ब्रज) में थी और मुसलमानों के शासन-काल में आक्रमणों के डर से इसे नाथद्वारा ले जाया गया था। नाथद्वारा प्राचीन सिहाड़ ग्राम के स्थान पर बसा है।

नाथनगर (ज़िला भागलपुर, बिहार)

भागलपुर से 3 मील दूर रेल-स्टेशन है। बौद्ध तथा पूर्व बौद्धकालीन नगरी चंपा की स्थिति इसी स्थान पर थी। चंपा अंग जनपद की राजधानी थी। जातक कथाओं में इस नगरी की श्रीसमृद्धि तथा यहां के संपन्न व्यापारियों का अनेक स्थानों पर उल्लेख है।

नाणक

प्राचीन जैन तीर्थ जिसका उल्लेख तीर्थमालाचैत्यवंदन में है—'वंदे श्रीकरणावतौ शिवपुरे नागद्रहे नाणके'। यह वर्तमान नाना नामक स्थान है जो ज़िला जोधपुर राजस्थान में स्थित है।

नादिक

बौद्धग्रंथ महापरिनिब्बान सुत्त, अध्याय, 2 के अनुसार नादिक, वैशाली के एक भाग अथवा उपनगर का नाम था जहां वृज्जि-वंशीय क्षत्रियों का निवास स्थान था। बुद्धचरित, 22, 13 में उल्लेख है कि अंतिम बार पाटलिपुत्र से लौटते समय वैशाली के मार्ग पर जाते हुए बुद्ध इस स्थान पर ठहरे थे। उस समय वहां अनेक लोगों की मृत्यु हुई थी। बुद्ध ने उनके जन्म कर्म के विषय में अनेक बातें अपने शिष्यों को बताई थीं।

नाना=नाणक

नानाघाट (ज़िला पूना, महाराष्ट्र)

नानाघाट में स्थित एक गुफा में शातवाहन शातकर्णी नरेश की रानी नयनिका का एक अभिलेख है जिसमें उसने कई यज्ञों के किए जाने का उल्लेख किया है। इस अभिलेख में द्वितीय शती ई० के लगभग, महाराष्ट्र में, बौद्धमत के उत्कर्षकाल के पश्चात् हिंदू धर्म के पुनरुज्जीवन की प्रथम झलक मिलती है।

नाभक

शिलाभिलेख 13 में मौर्य-सम्राट् अशोक ने नाभक के नाभपंतियों का उल्लेख किया है। संभवतः नाभक, चीनी यात्री फाह्यान द्वारा उल्लिखित ना पेई किया नाम का स्थान है जो उसके समय में कपिलवस्तु (नेपाल की तराई) से 10 मील दक्षिण-पश्चिम की ओर स्थित ककुच्छंद बुद्ध के जन्म स्थान के रूप में प्रख्यात था। (दे० कपिलवस्तु)

नाभिकपुर

डा० बुलर के अनुसार ब्रह्मवैवर्त पुराण में नाभिकपुर नामक स्थान उत्तरकुरु में बताया गया है। कुछ विद्वानों के मत में नामक और नाभिकपुर एक ही हैं किंतु यह अभिज्ञान संदिग्ध है।

नारद

विष्णुपुराण 2, 4, 7 के अनुसार प्लक्षद्वीप का एक मर्यादा पर्वत—'गोमेद श्चैव चन्द्रश्च नारदो दुन्दुभिस्तथा सोमक सुमनश्चैव वैभ्राजश्चैव सप्तम'।

नारदीगंगा

नर्मदा की सहायक नदी। इसका और नर्मदा का संगम, नर्मदा के दक्षिण तट पर स्थित मोतलसिर (म० प्र०) नामक ग्राम के निकट है।

नारायणकोट (ज़िला गढ़वाल, उ० प्र०)

गढ़वाल के प्राचीन राजाओं के बनवाए हुए मंदिरों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

नारायण तीर्थ

महाभारत के वनपर्व में नारायण के 'स्थान' का उल्लेख है जो प्रसंग से गंडकी नदी (बिहार) के तटवर्ती क्षेत्र में अवस्थित जान पड़ता है। यहां शालग्राम विष्णु का तीर्थ माना गया है। आज भी गंडकी में पाए जाने वाले गोल कृष्णवर्ण के पत्थरों को शालग्राम के रूप में पूजा जाता है। यहां एक पुण्य कूप का भी वर्णन है—'ततो गच्छेत राजेंद्र स्थानं नारायणस्य च। सदा सन्निहितो यत्र विष्णुर्वसति भारत। यत्र ब्रह्मादयो देवा ऋषयश्च तपोधना, आदित्या वसवो रुद्रा जनार्दनमुपासते। शालग्राम इति ख्यातो विष्णुरद्भुतकर्मक, अभिगम्य त्रिलोकेश वरद विष्णुमव्ययम्। अश्वमेधमवाप्नोति विष्णुलोक च गच्छति। तत्रोदपानं धर्मज्ञ सर्वपापप्रमोचनम् समुद्रास्तत्र चत्वार कूपे सन्निहिता सदा'। महा० वन० 84,122 123-124-125-126।

नारायणपुर (मैसूर)

चालुक्य-वास्तुशैली में निर्मित चालुक्य-नरेन्द्रों के समय का एक मंदिर यहां का उल्लेखनीय प्राचीन स्मारक है।

नारायणसर (कच्छ, गुजरात)

कोटीश्वर से 2 मील दूर कच्छ का अति प्राचीन तीर्थ है। यहां 16वीं शती में महाप्रभु वल्लभाचार्य आए थे।

नारायणाश्रम

बदरीनाथ के निकट गंगातट पर नर-नारायण का आश्रम। इसका उल्लेख

महाभारत मे है—'तत्रापश्यत धर्मात्मा देवदेवर्षिपूजितम्, नरनारायणस्थानं भागीरथ्योपशोभितम्' वन० 145,41। यह आश्रम यद्यपि अलकनंदा के तट पर है तथापि महाभारत मे इसे भागीरथी के तट पर बताया है। भागीरथी और अलकनंदा यद्यपि गंगा की दो भिन्न शाखाएं हैं किंतु यहां भागीरथी को अलकनंदा से अभिन्न माना है। वास्तव मे ये दोनो देवप्रयाग मे मिल कर गंगा कहलाती हैं।

नारायणी

गंडकी नदी (बिहार) का एक नाम। यह नारायण तीर्थ मे बहती है जिसे महाभारत मे नारायण का स्थान माना गया है। नदी के काले गोल पत्थरो को शालग्राम की मूर्ति के रूप मे पूजा जाता है। (दे० नारायण तीर्थ)

नारी तीर्थ

'तानिसर्वाणि तीर्थानि ततः प्रभृति चैव ह। नारी तीर्थानि नाम्नेह ख्याति यास्यन्ति सर्वदा.' महा० आदि० 216,11। उपर्युक्त श्लोक मे जिन तीर्थों का निर्देश है वे ये हैं—अगस्त्य, सौभद्र, पौलोम, कारधम और भारद्वाज। इनका उल्लेख आदि० 215,3-4 मे है—'अगस्त्यतीर्थं सौभद्रं पौलोमं च सुपावनं कारधमं प्रसन्नं च हयमेधफलं च तत्। भारद्वाजस्य तीर्थं तु पापप्रशमनं महत्, एतानि पंचतीर्थानि ददर्श कुरुसत्तमः'। ये पांचो नारीतीर्थ दक्षिण समुद्रतट पर स्थित थे—'दक्षिणे सागरानूपे पंचतीर्थानि सति वै पुण्यानि रमणीयानि तानि गच्छत माचिरम्' आदि० 216,217। अर्जुन ने इन तीर्थों की यात्रा की थी। वन० 118,4 मे भी द्रविड देश मे नारीतीर्थ का उल्लेख है—'ततो विपाप्मा द्रविडेषु राजन् समुद्रमासाद्य च लोकपुण्यम्, अगस्त्यतीर्थं च महापवित्रं नारीतीर्थान्यथ वीरो ददर्श'। आदि० 215 मे वर्णित कथा के अनुसार इन तीर्थों का नाम पांच शापग्रस्त अप्सराओं से संबंधित था जिन्हें अर्जुन ने शापमुक्त किया था।

नालकग्राम=नालंदा

नालंदा (बिहार)

बख्तियारपुर-राजगीर रेलमार्ग पर नालंदा स्टेशन से 1½ मील दूर, प्राचीन भारत के इस प्रसिद्ध विश्वविद्यालय के ध्वंसावशेष विस्तीर्ण भूभाग को घेरे हुए है। यहां आजकल बड़गांव नामक ग्राम स्थित है जो राजगीर (प्राचीन राजगृह) से 7 मील तथा बख्तियारपुर से 25 मील है। चीनी यात्री युवानच्वांग ने, जो नालंदा मे कई वर्ष रह कर अध्ययन करते रहे थे, नालंदा का सविस्तर हाल लिखा है। उससे तथा यहां के खंडहरों से प्राप्त अभिलेखो तथा अवशेषों से ज्ञात होता है कि गुप्तवंश के राजा कुमारगुप्त प्रथम ने 5वीं शती ई० मे इस

नालंदा
(भारतीय पुरातत्व विभाग के सौजन्य से)

प्राचीन और सभ्य संसार के सर्वश्रेष्ठ तथा जगत्प्रसिद्ध विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। पहले यहा केवल एक बौद्धविहार बना था जो धीरे धीरे एक महान् विद्यालय के रूप में परिवर्तित हो गया। इस विश्वविद्यालय को गुप्त तथा मौखरी नरेशों और कान्यकुब्जाधिप हर्ष से निरंतर अर्थसाहाय्य और संरक्षण प्राप्त होता रहा और इन्होंने यहा अनेक भवनो, विहारों तथा मंदिरों का निर्माण करवाया। नालदा के संरक्षक नरेशों में हर्ष के अतिरिक्त नरसिंहगुप्त, कुमारगुप्त द्वितीय, वैण्यगुप्त, विष्णुगुप्त, सर्ववर्मन् और अवतिवर्मन मौखरी तथा कामरूप-नरेश भास्करवर्मन् मुख्य हैं। इनके अतिरिक्त एक प्रस्तर-लेख मे कन्नौज के यशोवर्मन् और ताम्रपट्टलेखों में धर्मपाल और देवपाल (बगाल के पाल नरेश) नामक राजाओं का भी उल्लेख है। श्रीविजय या जावा-सुमात्रा के शैलेंद्र नरेश बलपुत्रदेव का भी नालदा के संरक्षकों मे नाम मिलता है। युवानच्वाग नालदा मे प्रथम बार 637 ई० मे पहुँचे थे और उन्होंने कई वर्ष यहा अध्ययन किया था। उनकी विद्वत्ता पर मुग्ध होकर नालदा के विद्वानो ने उन्हें मोक्षदेव की उपाधि दी थी। उनके यहा से चले जाने के बाद, नालदा के भिक्षु प्रज्ञादेव ने युवानच्वाग को नालदा के विद्यार्थियों की ओर से भेंट के रूप मे एक जोड़ी वस्त्र भिजवाए थे। युवानच्वाग के पश्चात् भी अगले 30 वर्षों मे नालदा मे प्राय ग्यारह चीनी और कोरियायी यात्री आए थे। चीन से इत्सिग और हुइली और कोरिया से ह्वाइनीह, यहा आने वाले विदेशी यात्रियो मे मुख्य है। 630 ई० मे जब युवानच्वाग यहा आए थे तब यह विश्वविद्यालय अपने चरमोत्कर्ष पर था। इस समय यहा दस सहस्र विद्यार्थी तथा एक सहस्र आचार्य थे। विद्यार्थियो का प्रवेश नालदा विश्वविद्यालय मे काफी कठिनाई से होता था क्योंकि केवल उच्चकोटि के विद्यार्थियों को ही प्रविष्ट किया जाता था। शिक्षा की व्यवस्था महास्थविर के नियंत्रण में थी। शीलभद्र उस समय यहा के प्रधानाचार्य थे। ये प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान् थे। यहा के अन्य ख्यातिप्राप्त आचार्यों मे नागार्जुन, पद्मसंभव (जिन्होंने तिब्बत मे बौद्धधर्म का प्रचार किया), शातिरक्षित और दीपकर, ये सभी बौद्धधर्म के इतिहास मे प्रसिद्ध हैं। नालदा 7वीं शती मे तथा उसके पश्चात् कई सौ वर्षों तक एशिया का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय था। यहा अध्ययन के लिए चीन के अतिरिक्त चपा, कबोज, जावा, सुमात्रा, ब्रह्मदेश, तिब्बत, लका और ईरान आदि देशों के विद्यार्थी आते थे और विद्यालय में प्रवेश पाकर अपने को धन्य मानते थे। नालदा के विद्यार्थियों के द्वारा ही सारी एशिया मे भारतीय सभ्यता एव संस्कृति का विस्तृत प्रचार व प्रसार हुआ था। यहा के विद्यार्थियो और विद्वानो की मांग एशिया के सभी देशो में थी और उनका सर्वत्र आदर

होता था। तिब्बत के राजा के निमंत्रण पर भदंत शांतिरक्षित और पद्मसंभव तिब्बत गए थे और वहां उन्होंने संस्कृत, बौद्ध साहित्य और भारतीय संस्कृति का प्रचार करने में अप्रतिम योग्यता दिखाई थी। नालंदा में बौद्धधर्म के अतिरिक्त हेतुविद्या, शब्द विद्या, चिकित्सा-शास्त्र, अथर्ववेद तथा सांख्य से संबंधित विषय भी पढ़ाए जाते थे। युवानच्वांग ने लिखा है कि नालंदा के एक सहस्र विद्वान् आचार्यों में से सौ ऐसे थे जो सूत्र और शास्त्र जानते थे, पांच सौ, 30 विषयों में पारंगत थे और बीस, 50 विषयों में। केवल शीलभद्र ही ऐसे थे जिनकी सभी विषयों में समान गति थी। नालंदा विश्वविद्यालय के तीन महान् पुस्तकालय थे—रत्नोदधि, रत्नसागर और रत्नरंजक। इनके भवनों की ऊंचाई का वर्णन करते हुए युवानच्वांग ने लिखा है कि इनकी सतमंजिली अटारियों के शिखर बादलों से भी अधिक ऊंचे थे और इन पर प्रातःकाल की हिम जम जाया करती थी। इनके झरोखों में से सूर्य का सतरंगा प्रकाश अन्दर आकर वातावरण को सुंदर एवं दिव्य बनाता था। इन पुस्तकालयों में सहस्रों हस्तलिखित ग्रंथ थे। इनमें से अनेकों की प्रतिलिपियां युवानच्वांग ने की थीं। जैन ग्रंथ सूत्रकृतांग में नालंदा के हस्तियाम नामक सुंदर उद्यान का वर्णन है।

1303 ई० में मुसलमानों के बिहार और बंगाल पर आक्रमण के समय, नालंदा को भी उसके प्रकोप का शिकार बनना पड़ा। यहां के सभी भिक्षुओं को आक्रांताओं ने मौत के घाट उतार दिया। मुसलमानों ने नालंदा के जगत-प्रसिद्ध पुस्तकालय को जला कर भस्मसात् कर दिया और यहां की सतमंजिली, भव्य इमारतों और सुंदर भवनों को नष्ट-भ्रष्ट करके खंडहर बना दिया। इस प्रकार भारतीय विद्या, संस्कृति, और सभ्यता के घर नालंदा को जिसकी सुरक्षा के बारे में संसार की कठोर वास्तविकताओं से दूर रहने वाले यहां के भिक्षु विद्वानों ने शायद कभी नहीं सोचा था, एक ही आक्रमण के झटके ने धूल में मिला दिया।

नालंदा के खंडहरों में विहारों, स्तूपों, मंदिरों तथा मूर्तियों के अवशेष अवशेष पाए गए हैं जो स्थानीय संग्रहालय में सुरक्षित हैं। अनेकों अभिलेख जिनमें ईंटों पर अंकित निदानसूत्र तथा प्रातित्यसमुत्पदसूत्र जैसे बौद्ध ग्रंथ भी हैं, तथा मिट्टी की मुहरें भी, नालंदा में मिले हैं। यहां के महाविहार तथा भिक्षु-संघ की मुद्राएं भी मिली हैं।

नालंदा में मूर्तिकला की एक विशिष्ट शैली प्रचलित थी जिस पर सारनाथ-कला का काफी प्रभाव था। बुद्ध की एक सुंदर धातु-प्रतिमा जो यहां से प्राप्त हुई है सारनाथ की मूर्तियों से आड़ी भौहों, केश विन्यास तथा उष्णीष के अंकन

में बहुत कुछ मिलती-जुलती है किंतु दोनों मे थोड़ा भेद भी है। नालंदा की मूर्ति में उत्तरीय तथा अधोवस्त्र दोनों विशिष्ट प्रकार से पहने हुए हैं और उनमें वस्त्रों के मोड़ दिखाने के लिए रूढिगत धारियां अंकित की गई हैं (दे० हिस्ट्री ऑव फाइन आर्ट इन इंडिया एंड इंडोनीसिया, चित्र 42) नालंदा का नालद ग्राम के रूप में उल्लेख परवर्ती गुप्त-नरेश आदित्यसेन के शाहपुर अभिलेख में है।

नालदुर्ग (जिला उसमानाबाद, महाराष्ट्र)

नालदुर्ग अपने प्राचीन सुदृढ़ किले के लिए विख्यात है। यह बोरी नदी के एक नाले के निकट मनोहारी प्राकृतिक दृश्यों के बीच स्थित है। मीडोज टेलर नामक एक अंग्रेज लेखक ने (19 शती में) इसका वर्णन अपनी पुस्तक--'ए स्टोरी ऑव माई लाइफ' में किया है। 14वीं शती से पहले यह एक स्थानीय राजा के अधिकार मे था जो शायद चालुक्यों का सामंत था। कालक्रम में बहमनी और फिर बीजापुर के सुल्तानों का यहां अधिकार हुआ। 1558 ई० में अली आदिलशाह द्वितीय ने नालदुर्ग को किलाबंदियों से सुदृढ़ करने के अतिरिक्त, यहां स्थित सेना के लिए जल की व्यवस्था करने के लिए बोरी नदी पर एक बांध भी बनवाया। बांध तथा पानी-महल की रचना एक ईरानी वास्तुविशारद मीर इमादीन ने की थी। इस तथ्य का उल्लेख 1613 ई० के एक अभिलेख में है। तत्पश्चात् मुगल सम्राट् औरंगजेब का दक्षिण भारत की रियासतों पर कब्जा होने पर नालदुर्ग भी मुग़ल-सल्तनत में मिला लिया गया।

नासिक (महाराष्ट्र)

पश्चिम रेलवे के नासिक रोड स्टेशन से 5 मील दूर गोदावरी नदी के तट पर यह प्राचीन नगर बसा है। कहा जाता है कि रामायण में वर्णित पंचवटी जहां श्री राम, लक्ष्मण और सीता वनवास काल में बहुत दिनों तक रहे थे, नासिक के निकट ही है। (दे० पंचवटी)। किंवदंती है कि इसी स्थान पर रावण की भगिनी शूर्पनखा को लक्ष्मण ने नासिका-विहीन किया था जिसके कारण इस स्थान को नासिक कहा जाता है। नासिक के पास सीता गुफा नामक एक नीची गुफा है जिसके अंदर दो गुफाएं है। पहली मे नौ सीढ़ियों के पश्चात् राम, लक्ष्मण और सीता की मूर्तियां दिखाई पड़ती हैं और दूसरी पंचरत्नेश्वर महादेव का मंदिर है। नासिक से दो मील गोदावरी के तट पर गौतम ऋषि का आश्रम है। गोदावरी का उद्गम त्र्यम्बकेश्वर की पहाड़ी में है जो नासिक से प्राय: बीस मील दूर है। नासिक में 200 ई० पू० से द्वितीय शती ई० तक की पांडुलेण नामक बौद्ध गुफाओं का एक समूह है। इसके अतिरिक्त जैनों के आठवें तीर्थंकर चंद्र-

प्रभस्वामी और कुतीविहार नामक जैन चैत्य के 14वी शती मे यहा होने का उल्लेख जैन लेखक जिनप्रभु सूरि के ग्रंथो मे मिलता है। 1680 ई० मे लिखित तारीखे-औरगजेब के अनुसार, नासिक के 25 मदिर औरगजेब की धर्मांधता के शिकार हुए थे। इन विनष्ट मदिरों मे नारायण, उमामहेश्वर, राम जी, कपालेश्वर और महालक्ष्मी के मदिर उल्लेखनीय थे। इन मदिरो की सामग्री से यहां भी जामा मसजिद की रचना की गई। मसजिद के स्थान पर पहले महालक्ष्मी का मदिर स्थित था। नीलकठेश्वर महादेव के उस प्राचीन मदिर की चौखट जो असरा फाटक के पास था, अब भी इसी मसजिद मे लगी दिखाई देती है। नासिक के प्राय सभी मदिर मुसलिम शासनकाल के अतिम दिनो के बने हुए हैं और स्वय पेशवाओं तथा उनके सबधियों अथवा राज्याधिकारियो द्वारा बनवाए गए थे। इनमे सबसे अधिक अलकृत और श्री सपन्न मालेगांव का मदिर राजा नारूशकर द्वारा 1747 ई० मे, 18 लाख की लागत से बना था। यह मदिर 83 फुट चौड़ा और 123 फुट लबा है। शिल्प की दृष्टि से नासिक के सभी मदिरों में यह सर्वोत्कृष्ट है। इसका विशाल घटा 1721 ई० मे पुर्तगाल से बनकर आया था। कालाराम नामक दूसरा मदिर 1798 ई० का है जो बारह वर्षों मे 22 लाख रुपए की लागत से बना था। यह 285 फुट लबे और 105 फुट चौड़े चबूतरे पर अवस्थित है। कहा जाता है यह मदिर उस स्थान पर है जहा श्रीराम ने वनवासकाल मे अपनी पर्णकुटी बनाई थी। किंवदती है कि यादव शास्त्री नामक पडित ने इस मदिर का पूर्वी भाग इस प्रकार बनवाया था कि मेष और तुला की सक्रांति के दिन, सूर्योदय के समय, सूर्यरश्मियां सीधी भगवान् राम की मूर्ति के मुख पर पड़ती थी। श्री राम की मूर्ति काले पत्थर की है। सुदर नारायण का मदिर 1756 ई० मे और भद्रकाली का मदिर 1790 ई० मे बने थे। नासिक मे त्र्यबकेश्वर महादेव का ज्योतिर्लिंग भी स्थित है। इसी कारण नासिक का माहात्म्य और भी बढ़ गया है। पौराणिक किंवदती के अनुसार नासिक का नाम कृतयुग मे पद्मनगर, त्रेता मे त्रिकटक, द्वापर मे जनस्थान और कलियुग मे नासिक है— 'कृते तु पद्मनगर त्रेतायां तु त्रिकटकम्, द्वापरे च जनस्थान कलौ नासिकमुच्यते'। नासिक को शिवपूजा का केंद्र होने के कारण दक्षिण काशी भी कहा जाता है। यहां आज भी साठ के लगभग मदिर हैं। 'कलौ गोदावरी गंगा' के अनुसार कलियुग मे गोदावरी गगा के समान ही पवित्र मानी गई है। मराठा साम्राज्य मे महत्व की दृष्टि से पूना के बाद नासिक का ही स्थान माना जाता था। एक किंवदती के अनुसार नासिक का यह नाम पहाड़ियों के नवशिखो या

शिखरों पर इस नगरी की स्थिति होने के कारण हुआ था। ये नौ शिखर हैं—चौगढी, नवी गढी, कोकनीटेक, जोगीवाडा टेक, म्हास टेक, महालक्ष्मी टेक, सुनार टेक, गणपति टेक और चित्रघट टेक। मराठी की प्रचलित कहावत कि 'नासिक नव टेका वर वसाविले' अर्थात् नासिक नौ टेकरियों पर बसा है नासिक के नाम के बारे में इस किंवदती की पुष्टि करती है।

नासिक के निकट एक गुफा मे क्षहरात नरेश नहपान के जामाता उशवदात का एक महत्वपूर्ण उत्कीर्णलेख प्राप्त हुआ है जिससे पश्चिमी भारत के द्वितीय शती ई० के इतिहास पर प्रकाश पडता है। यह अभिलेख शक संवत् 42-120 ई० का है और इसमे बौद्ध भिक्षु सघ को एक गुहा विहार तथा उससे सबधित नारियल के कुज के दान मे दिए जाने का उल्लेख है। नासिक का एक प्राचीन नाम गोवर्धन है जिसका उल्लेख महावस्तु (सेनार्ट' पृ० 363) में है। जैन तीर्थों में भी नासिक की गणना है। जैन स्तोत्र तीर्थमाला चैत्यवदन में इस स्थान को कुतीविहार कहा गया है—'कुती पल्लविहार तारणगढे सोपारकारासणे—दे० ऐंशेंट जैन हिम्स, पृ० 28।

निबग्राम (जिला मथुरा, उ० प्र०)

गोवर्धन से पश्चिम की ओर $1\frac{1}{2}$ मील पर बरसाने की सडक पर स्थित है। कहा जाता है कि मध्यकालीन वैष्णव सत निबार्काचार्य जो आध्रनिवासी थे, इसी ग्राम में रहने के कारण निबार्काचार्य कहलाए। यहा के एक प्राचीन मदिर मे आचार्य की मूर्ति है। (किंतु दे० निबा, निबापुर) सभव है कि इस ग्राम का नाम पहले कुछ और रहा हो, आचार्य के रहने के कारण ही यह निबाग्राम कहलाया।

निबतटक

जैन ग्रंथ तीर्थमाला चैत्यवदन में इसका उल्लेख है—'श्री तेजल्ल विहार निबतटके चद्रे च दर्भावते'

निबा=निबापुर (जिला बिलारी, मद्रास)

प्रसिद्ध दाक्षिणात्य दार्शनिक निबार्काचार्य का जन्म स्थान। डा० भडारकर के अनुसार निबा ग्राम ही प्राचीन निबापुर है। निबार्काचार्य की गणना भक्तिकाल के प्रसिद्ध सतों मे की जाती है। इन के अनुयायी मथुरा के निकट रहते हैं (दे० निबग्राम)

निकलक (जिला उज्जैन, म० प्र०)

उज्जैन से 10 मील दूर इस ग्राम में निष्कलक महादेव का मदिर है जिसमें शकर की पचमुखी मूर्ति स्थित है।

निकाइया

अलक्षेंद्र (सिकंदर) के इतिहास लेखकों के अनुसार पोरस (पुरु) और यवन सम्राट् के बीच होने वाले प्रसिद्ध युद्ध की घटना-स्थली का नाम है। इसकी स्थिति झेलम नदी के किनारे करीं नामक स्थान पर रही होगी (दे० करीं)।

निकूट दे० त्रिकूट

निकोबार दे० नागद्वीप (1)

निग्लीव (नेपाल)

यह स्थान रुमिनीदेई या प्राचीन लुंबिनी से 13 मील उत्तर-पश्चिम की ओर जिला बस्ती, उ० प्र० और नेपाल की सीमा के निकट स्थित है। यहां अशोक का एक शिलास्तंभ प्राप्त हुआ था जिस पर उसने इस स्थान पर अवस्थित कोनगामन (या कनकमुनि बुद्ध जिसका उल्लेख चीनी यात्री फाह्यान ने किया है) नामक स्तूप को परिवर्धित करने तथा राज्यसंवत् 20 में इस स्थान की यात्रा का वर्णन किया है। लुंबिनी ग्राम की यात्रा भी अशोक ने इसी वर्ष में की थी जैसा कि वहां स्थित स्तंभ के लेख से प्रकट होता है।

निचुलपुर दे० त्रिचनापल्ली

निजामाबाद दे० इंदूर

निधिवन=निधुवन (वृन्दावन, जिला मथुरा, उ० प्र०)

वृंदावन का एक प्रसिद्ध स्थान जो श्रीकृष्ण की महारासस्थली माना जाता है। स्वामी हरिदास इसी वन में कुटी बनाकर रहते थे। हरिदास का जन्म 1512 ई० के लगभग हुआ था। इनका समाधि-मंदिर इसी घने कुंज के अन्दर बना है। कहा जाता है कि वृन्दावन के बिहारी जी के प्रसिद्ध मंदिर की मूर्ति हरिदास को निधिवन से ही प्राप्त हुई थी। किंवदंती है कि हरिदास तानसेन के संगीत-गुरु थे और मुग़ल सम्राट् अकबर ने तानसेन के साथ छद्मवेश में इस संत के दर्शन निधिवन में ही किए थे।

निमाड़ दे० अनूप

निमुवां गढ़ (जिला नरसिंहपुर, म० प्र०)

गढ़मंडल नरेश संग्राम सिंह (मृत्यु 1541 ई०) के बावनगढ़ों में निमुवां गढ़ की भी गणना थी। संग्रामसिंह महारानी दुर्गावती के श्वसुर थे।

निर्मल

(1) (महाराष्ट्र) बेसीन के निकट एक गांव है। 1956 ई० में नव वर्ष के प्रथम दिन इस स्थान पर अशोक के नवें प्रस्तर लेख की एक नकल पाई गई थी।

(2) (जिला आदिलाबाद, आंध्र) यह मूलतः वेलमा लोगों के अधिकार में था। 18वीं शती के पश्चार्ध में द्वितीय निजाम के सेनापति मिर्जा इब्राहीम बेग जफरुद्दौला (उपनाम धौंसा) ने इस पर अधिकार कर लिया। यहां का दुर्ग इसी अमीर ने बनवाया था। इसका निर्माता निजाम हैदराबाद की सेवा में नियुक्त एक फ्रांसिसी इंजीनियर था। अमीर की मृत्यु के पश्चात् उसके पुत्रों ने बगावत कर दी और निजाम ने दुर्ग पर अधिकार करके निर्मल को हैदराबाद रियासत में मिला लिया। 17वीं शती की जामा मसजिद और इब्राहीम बाग़ यहां के ऐतिहासिक स्थान हैं।

निर्मला (जिला पीलीभीत, उ० प्र०)

देवल नामक स्थान पर प्राप्त कुटिलाभाषा के एक अभिलेख में निर्मला नदी का उल्लेख है। (दे० देवल)। इस नदी का अभिज्ञान देवल के निकट बहने वाले कटनी नाले से किया गया है।

निर्मांड (जिला कांगड़ा, उ० प्र०)

इस स्थान से महासामंत महाराज समुद्रसेन का ताम्र-पट्ट प्राप्त हुआ था जो संभवत: हर्ष संवत् 6 का है। इसमें समुद्रसेन द्वारा निर्मांड अग्रहार के अथर्ववेदपाठी ब्राह्मणों को सूलिस ग्राम के दिए जाने का उल्लेख है।

निर्मोचन

महाभारत में निर्मोचन नामक नगर का कामरूप देश की राजधानी के रूप में वर्णन है। यहां के राजा भौम नरक को परास्त कर श्रीकृष्ण ने सोलह सहस्र कुमारियों को उसके बंदीगृह से छुटकारा दिलवाया था। मुरदैत्य का वध भी श्रीकृष्ण ने इसी स्थान पर किया था—'निर्मोचने षट्सहस्राणि हत्वा संच्छिद्य पाशान् सहसा क्षुरान्तान् मुरंहत्वा विनिहत्योघरक्षो निर्मोचनं चापि जगाम वीरः' उद्योग 48,83। निर्मोचन नगर शायद प्राग्ज्योतिष (=गोहाटी, असम) का नाम था क्योंकि इसी प्रसंग (उद्योग 48,80) में प्राग्ज्योतिष के दुर्ग का भी वर्णन है— 'प्राग्ज्योतिषं नाम बभूव दुर्गम्'। दे० प्राग्ज्योतिष, कामरूप।

निर्विन्ध्या

मेघदूत (पूर्व मेघ, 30) में वर्णित एक नदी जिसका कालिदास ने बहुत सुंदर वर्णन किया है—'वीचिक्षोभस्तनितविहगश्रेणिकाचीगुणायाः, संसर्पन्त्याः स्खलितसुभगं दर्शितावर्तनाभेः निर्विन्ध्यायाः पथिभवरसाभ्यंतरः सन्निपत्य स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु'। यह नदी मेघ के यात्राक्रम में विदिशा और उज्जयिनी के मार्ग में वर्णित है तथा इसकी स्थिति कालिदास के अनुसार सिंधु नदी और उज्जयिनी के ठीक पूर्व में बताई गई है। संभव है कालिदास ने

वर्तमान पार्वती नदी को ही निर्विन्ध्या कहा हो। पार्वती उज्जैन से पूर्व, विन्ध्य-श्रेणी से निस्सृत होकर चंबल में मिलती है। विदिशा और सिंधु (=कालीसिंध) के बीच कोई और उल्लेखनीय नदी नहीं जान पड़ती। श्रीमद्भागवत 5,19,18 की नदी सूची में भी निर्विन्ध्या का नामोल्लेख है—'कृष्णावेण्या भीमरथी गोदावरी निर्विन्ध्या पयोष्णी तापी रेवा⋯ ⋯' विष्णु पुराण में निर्विन्ध्या को तापी (=ताप्ती) और पयोष्णी के साथ ही ऋक्ष (अमरकंटक) से निर्गत बताया है—'तापीपयोष्णी निर्विन्ध्या प्रमुखा ऋक्षसंभवा' विष्णु 2,3,31। कुछ विद्वानों ने निर्विन्ध्या का अभिज्ञान चंबल की सहायक एक छोटी सी नदी नेवाज से किया है (दे० बी० सी० ला—हिस्टॉरिकल ज्याग्रेफी ऑव ऐंशेंट इंडिया, पृ० 35) वायुपुराण 65,102 में इस नदी को निर्विन्ध्या कहा गया है।

निवाई (राजस्थान)

प्राचीन राजपूत-नरेशों की समाधि-छतरियां इस स्थान पर है जो शिल्प के सुंदर उदाहरण हैं।

निवृत्ति

(1) विष्णु पुराण 2,4,28 के अनुसार शाल्मलद्वीप की नदी—'योनिस्तोया वितृष्णा च चंद्रामुक्ता विमोचनी, निवृत्तिः सप्तमी तासां स्मृतास्ताः पापशांतिदाः।

(2) पुंड्र का पूर्वी भाग। गौड़ का भी एक नाम निवृत्ति था। (दे० न० ला० डे)

निश्चीरा

फल्गु (बिहार) की सहायक नदी लीलाजन जो महाना से मिलकर फल्गु की संयुक्त धारा बनाती है। अग्निपुराण 116, मार्कंडेय पुराण 57 में निश्चीरा का उल्लेख है। यह बौद्धसाहित्य की नीराजना है।

निषद

विष्णुपुराण 2,2,27 के अनुसार मेरु के दक्षिण में स्थित एक पर्वत—'त्रिकूटः शिशिरश्चैव पतंगो रुचकस्तथा निषदाद्या दक्षिणतस्तस्य केसरपर्वताः' दे० निषध (2)। जैन ग्रंथ जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति में णिषध (=निषद) की जंबूद्वीप के छः वर्ष-पर्वतों में गणना की गई है।

निषध

(1) महाभारत में निषध देश का, राजा नल द्वारा प्रशासित प्रदेश के रूप में वर्णन है। नल के पिता वीरसेन को भी निषध का राजा बताया गया है—'निषधेषु महीपालो वीरसेन इति श्रुतः तस्य पुत्रोऽभवन्नाम्ना नलो धर्मार्थ-

कोविद.,' ब्रह्मण्यौवेदविच्छूरो निषधेषु महीपति '—वन० 52,55,53,3। ग्वालियर के निकट नलपुर नामक स्थान को परपरा से राजा नल की राजधानी माना जाता है और निषधदेश को ग्वालियर के पार्श्ववर्ती प्रदेश में ही मानना उचित होगा। विष्णुपुराण 4,24,66 मे शायद निषध देश को नैषध कहा गया है—'नैषध नैमिषक मणिधान्यकवशा भोक्ष्यन्ति'—इससे सूचित होता है कि सभवत. पूर्व गुप्तकाल म नैषध या निषध पर मणिधान्यकों का आधिपत्य था। निषधदेश का निषादों से सबध हो सकता है जो सभवतः किसी अनार्यजाति के लोग थे (दे० निषाद)

(2) महाभारत के वर्णनानुसार हेमकूट पर्वत के उत्तर की ओर सहस्रों योजनों तक निषधपर्वत की श्रेणी पूर्व-पश्चिम समुद्र तक फैली हुई है—'हिमवान् हेमकूटश्च निषधश्च नगोत्तम ' भीष्म० 6,4। श्री चि० वि० वैद्य का अनुमान है कि यह पर्वत वर्तमान अलताई पर्वत-श्रेणी का ही प्राचीन भारतीय नाम है। हेमकूट और निषध पर्वत के बीच के भाग का नाम हरिवर्ष कहा गया है। महाभारत के वर्णन मे निषध पर नागजाति का निवास माना गया है—'सर्पा-नागाश्च निषधे गोकर्णं च तपोवनम्' भीष्म० 6,51 विष्णु पुराण 22,10 में भी शायद इसी पर्वत का उल्लेख है—'हिमवान् हेमकूटश्च निषधश्चास्य दक्षिणे'—इसी को विष्णु 22,27 में निषद भी कहा गया है।

निषाद दे० निषादभूमि

निषादभूमि=निषाद राष्ट्र

'निषादभूमि गोशृग पर्वतप्रवर तथा तरसैवाजायद् श्रीमान् श्रेणिमत च पार्थिवम्' महा० वन० 31, 5 अर्थात् सहदेव ने गोशृग को जीत कर राणा श्रेणिमान् को शीघ्र ही हरा दिया। प्रसगानुसार निषादभूमि का मत्स्य देश के पश्चात् उल्लेख हुआ है जिससे निषादभूमि या निषाद प्रदेश उत्तरी राजस्थान के परिवर्ती प्रदेश को माना जा सकता है। निषाद (जो निषाद भूमि का पर्याय हो सकता है) का महा० 3,130,4 में भी उल्लेख है—'द्वार निषाद-राष्ट्रस्य येषा दोषात् सरस्वती, प्रविष्टा पृथिवी वीर मा निषादा हि मा विदु' (यह निषादराष्ट्र का द्वार है। वीर युधिष्ठिर, इन निषादों के ससर्ग दोष से बचने के लिए सरस्वती नदी यहा पृथ्वी के भीतर प्रविष्ट हो गई है जिससे निषाद उसे न देख सकें)। इस उल्लेख से भी निषाद-राष्ट्र की स्थिति राजस्थान के उत्तरी भाग मे सिद्ध होती है। यहीं महाभारत मे उल्लिखित विनशन तीर्थ स्थित था। शक क्षत्रप रुद्रदामन् के गिरनार-अभिलेख (लगभग 120 ई०) मे उसके राज्य-विस्तार के अतर्गत इस प्रदेश की गणना की गई है—'स्ववीर्या जितानामानुरक्तप्रकृतीनां सुराष्ट्र श्वभ्रभरुकच्छसिधु सौवीर कुकुरापरात-निषादादीनाम् .. '। प्रो० बुलर के मत में निषाद-राष्ट्र की स्थिति दक्षिणी

पंजाब के हिसार तथा भटनेर के इलाके में थी। निषाद नामक विदेशी या अनार्य जाति के यहां बसने के कारण इस भूभाग को निषाद-भूमि या निषाद-राष्ट्र कहा जाता था।

निष्कुट

महाभारत में अर्जुन की दिग्विजययात्रा के प्रसंग में इस देश के जीते जाने का उल्लेख है—'स विनिर्जित्य संग्रामे हिमवंतं सनिष्कुटम्, श्वेतपर्वतमासाद्य न्यविशत् पुरुषर्षभ' महा० सभा० 2,27,29। निष्कुट या निष्कूट हिमालय के उत्तर-पश्चिमी भाग की पहाड़ियों का नाम जान पड़ता है जो धौलागिरि के सन्निकट प्रदेश में स्थित हैं।

नीचगिरि

मेघदूत (पूर्वमेघ 27) में वर्णित एक पहाड़ी—'नीचैराख्यं गिरिमधिवसेस्तत्र विश्रामहेतोस्त्वत् संपर्कात् पुलकितमिवप्रौढ पुष्पैः कदंबैः, यः पण्यस्त्री रतिपरिमलोदगारिभिर्नागराणामुद्दामानि प्रथयति शिलावेश्मभिर्यौवनानि' कालिदास ने नीचगिरि का उल्लेख विदिशा (दे० बेसनगर; भीलसा) के पश्चात् किया है और सर जॉन मार्शल का अनुमान है कि शायद कालिदास ने वर्तमान सांची के स्तूप की पहाड़ी को ही नीचगिरि माना है (दे० ए गाइड टू सांची)। विदिशा के उत्कर्षकाल में सांची की पहाड़ी पर अवश्य ही इस विलासवती नगरी का क्रीडोद्यान रहा होगा। सांची विदिशा से चार-पांच मील दूर है। महावंश (आनंद कौसल्यायन की टीका, पृ० 68) में जिस पहाड़ी को दक्षिणगिरि कहा है वह नीचगिरि ही जान पड़ती है। 'नीच' और दक्षिण शब्द समानार्थक भी हैं। (दे० दक्षिण गिरि)

नीमसार=नैमिषारण्य

नीरा (जिला पूना, महाराष्ट्र)

पूना से लगभग 40 मील दूर बहने वाली नदी। भोर नामक स्थान पर जो इसके तट पर है, कई प्राचीन मन्दिर स्थित हैं। नीरा, भीमा की सहायक नदी है और यह पद्मपुराण, स्वर्ग, आदि० 3 में उल्लिखित है।

नीलगु (महाराष्ट्र)

चालुक्यवंशीय नरेशों के समय में विशिष्ट चालुक्य-वास्तुशैली में बने हुए मंदिरों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

नील

(1) महाभारत के भूगोल के अनुसार (दे० सभा० 28) निषध पर्वत के उत्तर में मेरु पर्वत है। मेरु के उत्तर की ओर तीन श्रेणियां हैं—नील, श्वेत

और श्रृगवान् जो पूर्व-पश्चिम समुद्र तक विस्तृत कही गई हैं। नील, श्वेत और श्रृगवान् (या श्रृगी) पर्वतों के उत्तर की ओर के प्रदेश को क्रमशः नीलवर्ष, श्वेतवर्ष और हैरण्यक या ऐरावत के नाम दिए गए हैं। सभा० 28 मे नील को अर्जुन द्वारा विजित बताया गया है—'नील नाम गिरि गत्वा तत्रस्थानजयत् प्रभु' 'ततो जिष्णुरतिक्रम्य पर्वत नीलमायतम्'। नीलपवत को पार करने के पश्चात् अर्जुन रम्यक, हिरण्यक और उत्तरकुरु पहुचे थे। जैनग्रथ जबूद्वीपप्रज्ञप्ति मे नील की जबूद्वीप के छ वर्षपर्वतों म गणना की गई है। विष्णुपुराण 2 2, 10 मे भी नील का उल्लेख है—'नील श्वेतश्च श्रृगी च उत्तरवर्षपर्वता।' *श्रीमद्भागवत की पर्वतों की सूची में भी नील का नाम* है—'रैवतक ककुभो नीलो गोकामुख इद्रकील'।

(2) महाभारत अनुशासन० 25,13 में तीर्थों के प्रसग में नील की पहाड़ी का तीर्थरूप मे वर्णन है। यह हरद्वार के पास एक गिरिशिखर है जो शिव के नील नामक गण का तपस्या-स्थल माना जाता है। गगा की 'नीलधारा' इसी पर्वत के निकट से बहती है—'गगाद्वारे कुशावर्ते बिल्वके नीलपर्वते तथा कनखले स्नात्वा धूतपाप्मा दिव व्रजेत'—महा० अनुशासन० 25,13।

नीलगिरि (उड़ीसा)

(1) जैन सप्रदाय से सबधित मे गुफाए भुवनेश्वर से चार-पाच मील पर स्थित हैं। इनका निर्माणकाल तीसरी शती ई० पू० माना गया है। गुफाओं के पास घना वन्य प्रदेश है। नीलगिरि, खडगिरि और उदयगिरि नामक गुहा-समूह मे 66 गुफाए हैं जो दो पहाड़ियों पर स्थित हैं।

(2) दे० मलगोंडा

(3) सुदूर दक्षिण की प्रसिद्ध पर्वत श्रेणी। प्राचीन काल में यह श्रेणी मलयपर्वत मे सम्मिलित थी। कुछ विद्वानों का अनुमान है कि महाभारत, वन० 254,15 ('स केरल रणे चैव नील चापि महीपतिम्') में कर्ण की दिग्विजय के प्रसग में केरल तथा तत्पश्चात् नील नरेश के विजित होने का जो उल्लेख है उससे इस राजा का नील-पर्वत के प्रदेश मे होना सूचित होता है।

(4) गोहाटी (असम) के निकट कामाख्या देवी के मदिर की पहाड़ी जिसे नीलगिरि या नीलपर्वत कहते हैं।

(5)=नील (1) तथा (2)

नीलपर्वत

(1)=नील (1) तथा (2)

(2)=नीलगिरि (4)

नीलपल्ली (जिला गोदावरी, आ० प्र०)

यनम के निकट समुद्रतट पर स्थित प्राचीन स्थान है (दे० गजेटियर ऑव गोदावरी डिस्ट्रिक्ट, जिल्द 1, पृ० 213)

नीलांजना

यह नदी गया के निकट बहने वाली नदी फल्गु की सहायक है और फल्गु में, गया से तीन मील दूर मिलती है। नीलांजना बौद्ध साहित्य की प्रसिद्ध नैरंजना है। (दे० नैरंजना)

नीलाचल=नीलगिरि (1) तथा (3)

नीली

प्रसिद्ध चीनी यात्री फाह्यान (चौथी शती ई०) के यात्रावृत्त के अनुसार नीली नामक नगर का निर्माण मौर्य सम्राट् अशोक ने करवाया था। विंसेंट स्मिथ के अनुसार यह नगर वर्तमान पटना (बिहार) के उपनगर कुम्हरार के निकट ही बसा होगा (दे० अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया, पृ० 128)

नूनखार (उ० प्र०)

उत्तरपूर्व रेल्वे के नूनखार स्टेशन से तीन मील दक्षिण-पश्चिम की ओर लगभग तीस ढूह हैं जो हिंदू-नरेशों के समय के जान पड़ते हैं। खंडहरों में एक जैन मंदिर भी है।

नूपुरगंगा (दे० वृषभाद्रि)

नूरपुर (जिला कांगड़ा, हि० प्र०)

राजपूतकालीन एक सुदृढ़ दुर्ग यहां का उल्लेखनीय स्मारक है। चित्रकला की प्रसिद्ध कांगड़ा शैली (जो 18वीं शती में अपने विकास पर थी) का नूरपुर तथा गुलेर में जन्म हुआ था। बसोली के राजा कृपालसिंह की मृत्यु के पश्चात् उनके दरबार के चित्रकार जम्मू, रामनगर, नूरपुर तथा गुलेर में जाकर बस गए थे। यहां आकर उन्होंने बसोली की परंपरा को जीवित रखा और उसके कर्कश स्वरूप को बदल कर उसमें कोमलता की पुट दी जिससे कांगड़ा की शैली का सूत्रपात हुआ।

नेगापटम्=नागपट्टन

नेत्रावती=नेत्रावती

मैसूर और केरल की एक नदी। यह शृंगेरी से 9 मील दूर वराह पर्वत या शृंगगिरि नामक पहाड़ से निकलकर मंगलौर की ओर बहती हुई पश्चिम-समुद्र में गिरती है। दक्षिण का विख्यात तीर्थ धर्मस्थल नेत्रावती या नेत्रावली के तट पर, मंगलौर से 45 मील दूर है।

नेपाल

महाभारत वन० 254,7 मे नेपाल का उल्लेख कर्ण की दिग्विजय के संबंध मे है। 'नेपाल विषये ये च राजानस्तानवाजयत्, अवतीर्य तथा शैलात् पूर्वां दिशमभिद्रुत' अर्थात् नेपाल देश मे जो राजा थे उन्हे जीत कर वह हिमालय-पर्वत से नीचे उतर आया और फिर पूर्व की ओर अग्रसर हुआ। इसके बाद कर्ण की अंग-वंग आदि पर विजय का वर्णन है। इससे ज्ञात होता है कि प्राचीन काल मे भौगोलिक एवं सांस्कृतिक दृष्टियों से नेपाल को भारत का ही एक अंग समझा जाता था। नेपाल नाम भी महाभारत के समय में प्रचलित था। नेपाल में बहुत समय तक अनार्य जातियों का राज्य रहा। मध्ययुग मे राजनैतिक सत्ता मेवाड़ (राजस्थान) के राज्यवंश की एक शाखा के हाथ मे आ गई। राजपूतों की यह शाखा मेवाड़ से, मुसलमानों के आक्रमणों से बचने के लिए नेपाल में आकर बस गई थी। इसी क्षत्रियवंश का राज्य आज तक नेपाल में चला आ रहा है। नेपाल के अनेक स्थान प्राचीन काल से अब तक हिंदू तथा बौद्धों के पुण्यतीर्थ रहे हैं। लुंबिनी, पशुपतिनाथ आदि स्थान भारतवासियों के लिए भी उतने ही पवित्र हैं जितने नेपालियों के लिए। (दे० काठमडू, ललितपाटन, देवपाटन, लुंबिनी, पशुपतिनाथ आदि)

नेमावार (जिला इंदौर, म० प्र०)

11वीं शती मे अरब पर्यटक अलबेरूनी ने इस स्थान को भारत के उत्तर-दक्षिण के व्यापार-मार्ग पर स्थित बताया है। इस ग्राम में सिद्धेश्वर महादेव का प्रसिद्ध मंदिर है जो नर्मदा के उत्तरी तट पर रमणीक दृश्यों के बीच स्थित है। मंदिर का सुंदर शिखर भीलसा जिले में स्थित उदयपुर के नीलकंठेश्वर मंदिर की ही भांति है। यह मंदिर मध्यकालीन वास्तुकला का श्रेष्ठ उदाहरण है।

नैरोना (कच्छ, गुजरात)

भुज से 20 मील उत्तर-पश्चिम मे स्थित है। प्राचीन काल मे यह नगर एक बंदरगाह था जिसके चिह्न अब भी मिलते हैं (दे० ट्रेवल्स इंटू बोखारा 1835, जिल्द 1, अध्याय 17) अरबों के भारत पर आक्रमण के समय तथा उससे पहले यह बंदरगाह अच्छी दशा मे रहा होगा।

नेवाज दे० निर्विध्या (नदी)

नेवास (जिला अहमदनगर, महाराष्ट्र)

प्रवरा नदी के दक्षिणी तट पर स्थित एक छोटा सा कस्बा है। यह प्राचीन श्रीनिवास क्षेत्र है। नेवासा श्रीनिवास का ही अपभ्रंश है। 1954-55 में पूना

विश्वविद्यालय की ओर से किए गए उत्खनन में यहां तीन सहस्र वर्ष प्राचीन सभ्यता के अवशेष प्राप्त हुए हैं। रोम और भारत के व्यापारिक संबंधों के बारे में, उत्खनन द्वारा प्राप्त सामग्री से काफी जानकारी हुई है। संत ज्ञानेश्वर ने गीता पर अपनी प्रसिद्ध टीका ज्ञानेश्वरी का श्रीगणेश नेवासा में ही किया था। उन्होंने जिन शिलाओं पर ज्ञानेश्वरी को अंकित करवाया था वे आज भी यहां हैं।

नैकोरा (म० प्र०)

दतिया से 12 मील पश्चिम की ओर महुअर नदी के तट पर यह ग्राम बसा हुआ है। एक ऊंचे टीले से एक जलधारा निस्सृत होकर नीचे गिरती है जिसे पवित्र समझा जाता है। स्थानीय किंवदंती में नैकोरा को संस्कृत के प्रसिद्ध महाकवि भवभूति का जन्म स्थान माना जाता है किंतु जैसा सर्वविदित है भवभूति पद्मपुर के निवासी थे। (दे० पद्मपुर)

नैनागिरि (बुंदेलखंड, म० प्र०)

इस स्थान पर मध्ययुगीन बुंदेलखंड की संस्कृति के परिचायक तथा तत्कालीन वास्तु तथा शिल्प के स्मारक खंडहरों के रूप में हैं जिनके उत्खनन से बहुत महत्वपूर्ण पुरातत्व-संबंधी सामग्री प्राप्त हो सकती है।

नैनीताल (उ० प्र०)

स्कंदपुराण में नैनीताल का नाम त्रिऋषिसरोवर मिलता है जिसका अत्रि, पुलह और पुलस्त्य ऋषियों से संबंध बताया गया है। इस पौराणिक किंवदंती के अनुसार इन ऋषियों ने यहां सरोवर के तट पर तप किया था। नैनीताल का नाम इसी सरोवर या नैनी झील के तट पर स्थित नैनादेवी के प्राचीन मंदिर के कारण हुआ है। 1841 ई० में दो अंग्रेज शिकारियों ने इस स्थान की खोज की थी। प्रकृति की यह मनोरम स्थली 'गागर' की पहाड़ियों से घिरी है जो पूर्व से पश्चिम की ओर फैली हुई हैं। उत्तर की ओर चीना शिखर (ऊंचाई समुद्रतट से 8568 फुट), पूर्व की ओर आल्मा तथा शेर का दंदा नामक शिखर, पश्चिम में एक लगभग 8000 फुट ऊंची पहाड़ी और दक्षिण में आयारपथ नामक 7800 फुट ऊंचा गिरिशृंग—ये पहाड़ियां नैनीताल की चतुर्दिक्-सीमा की प्रहरी हैं। स्कंदपुराण की उपर्युक्त कथा के अनुसार तीनों देवर्षि घूमते हुए यहां पहुंचे थे किंतु उन्हें इस स्थान पर बसने में, पानी न होने के कारण कठिनाई जान पड़ी। अतः उन्होंने यहां एक बड़ा सरोवर खुदवाया जो शीघ्र ही जलपूर्ण हो गया। इस कथा से यह सूचित होता है कि संभवतः नैनीताल की झील कृत्रिम रूप से बनाई गई थी। इस कथा से

यह भी ज्ञात होता है कि नैनीताल के स्थान का प्राचीन काल से ही भारतीयों को पता था। सरोवर के किनारे ही नैनादेवी का प्राचीन मंदिर था, जो संभवतः इस क्षेत्र के पहाड़ी जाति के लोगों की अधिष्ठात्री देवी थी। उत्तरी भारत के मूल पर्वतवासियों की तरह नैनीताल के मूलनिवासी भी देवी के पुजारी थे। नैनादेवी कल्याणस्वरूपा देवी मानी जाती है। इसके विपरीत यहां के लोक-विश्वास के अनुसार नैनीताल की दूसरी देवी चंडी अथवा पाषाण-देवी का रूप अमांगलिक समझा जाता है। नैनीताल की झील में प्रायः प्रतिवर्ष होने वाली घटनाओं का कारण इसी देवी का प्रकोप माना जाता है।

नैमिष=नैमिषारण्य

नैमिषक=नैमिषारण्य

विष्णुपुराण 4,24,66 में वर्णित है—'नैषधनैमिषक • मणिधान्यकवशा भोक्ष्यन्ति'। इस उल्लेख से सूचित होता है कि संभवतः गुप्तकाल से पूर्व नैमिषारण्य में मणिधान्यकों का आधिपत्य था। (दे० नैमिषारण्य)

नैमिषारण्य (जिला सीतापुर, उ० प्र०)=नीमसार

पुराणों तथा महाभारत में वर्णित नैमिषारण्य वह पुण्यस्थान है जहां 88 सहस्र ऋषीश्वरों को वेदव्यास के शिष्य सूत ने महाभारत तथा पुराणों की कथाएं सुनाई थीं—'लोमहर्षणपुत्र उग्रश्रवा: सौति पौराणिको नैमिषारण्ये शौनकस्य कुलपतेर्द्वादशवार्षिके सत्रे, सुखासीनानभ्यगच्छद् ब्रह्मर्षीन् संशितव्रतान् विनयावनतो भूत्वा कदाचित् सूतनंदन:। तमाश्रममनुप्राप्तं नैमिषारण्यवासिनाम्, चित्रा: श्रोतु कथास्तत्र परिवव्रुस्तपस्विन' महा० आदि० 1,1–2-3। नैमिष नाम की व्युत्पत्ति के विषय में वराहपुराण में यह निर्देश है—'एवंकृत्वा ततो देवो मुनिं गौरमुखं तदा, उवाच निमिषेणेदं निहतं दानवं बलम्। अरण्येऽस्मिंस्ततस्त्वेतन्नैमिषारण्य संज्ञितम्'—अर्थात् ऐसा करके उस समय भगवान् ने गौरमुख मुनि से कहा कि मैंने एक निमिष में ही इस दानवसेना का संहार किया है इसलिए (भविष्य में) इस अरण्य को लोग नैमिषारण्य कहेंगे। वाल्मीकि० उत्तर० 19,15 से ज्ञात होता है कि यह पवित्र स्थली गोमती नदी के तट पर स्थित थी जैसा कि आज भी है—'यज्ञवाटश्च सुमहान्गोमत्यानैमिषेवने'। 'ततोऽभ्यगच्छत् काकुत्स्थ: सह सैन्येन नैमिषम्' (उत्तर 92,2) में श्रीराम का अश्वमेध-यज्ञ के लिए नैमिषारण्य जाने का उल्लेख है। रघुवंश 19,1 में भी नैमिष का वर्णन है—'शिश्रिये श्रुतवतामपश्चिम पश्चिमे वयसिनैमिष वशी'—जिससे अयोध्या के नरेशों का वृद्धावस्था में नैमिषारण्य जाकर वानप्रस्थाश्रम में प्रविष्ट होने की परंपरा का पता चलता है।

नैरंजना (बिहार)

गया के पास बहने वाली फल्गुनदी की सहायक उपनदी जिसे अब नीलाजना कहते हैं। यह गया से दक्षिण मे 3 मील पर महाना अथवा फल्गु में मिलती है। (गया के पूर्व मे नगकूट पहाडी है, इसके दक्षिण मे जाकर फल्गु का नाम महाना हो जाता है)। नैरंजना बौद्ध साहित्य की प्रसिद्ध नदी है। इसी के तट पर भगवान बुद्ध को बुद्धत्व प्राप्ति हुई थी। अश्वघोष-रचित बुद्धचरित में नैरंजना का उल्लेख है—'ततो हितमाश्रम तस्य श्रेयोऽर्थी कृतनिश्चय, भेजे गयस्य राजर्षे-र्नगरी संज्ञमाश्रमम्। अथ नैरंजनातीरे शुचौ शुचिपराक्रम, चकार वासमेकात-विहाराभिरतिर्मुनि' बुद्धचरित० 12,89-90 अर्थात् तब श्रेय पाने की इच्छा से गौतम ने (उद्रक मुनि का) आश्रम छोडकर राजर्षिगय की नगरी से आश्रम का सेवन किया और पवित्र पराक्रमवान् एकातविहार मे आनद प्राप्त करने वाले उस मुनि ने, नैरंजना नदी के पवित्र तीर पर निवास किया। इस उद्धरण से नैरंजना का वर्तमान नीलजना से अभिज्ञान स्पष्ट हो जाता है।

नैषध (दे० निषध)

मोहखेड़ा (जिला एटा, उ० प्र०)

एटा से लगभग 20 मील दक्षिण मे यहां गुप्त एव मध्यकालीन खडहर एक विशाल ढूह के रूप मे पडे हुए हैं। इनमे एक महत्वपूर्ण नारी-मूर्ति मिली है जिसे स्थानीय लोग रुक्मिणी कहते हैं। यह मूर्ति शीर्षविहीन है। अनुश्रुति के अनुसार इस स्थान के समीप महाभारतकालीन कुडलपुर-या कुडिनपुर नामक नगर बसा हुआ था जिसका सबध राजा भीष्मक की कन्या रुक्मिणी की मनोरजक कथा से बताया जाता है। किंतु यह विचार ठीक नहीं जान पडता क्योंकि रुक्मिणी के पिता की राजधानी कुडिनपुर (विदर्भ या बरार) मे थी। मोहखेड से तीन मील दूर नरौली मे प्राचीन हिंदू मदिरो के अनेक अवशेष मिले हैं।

मौनव देहरा दे० नदेड

नौप्रभ्रंशन

हिमालय का एक शृंग जिसे महाभारत मे नौ-बंधन कहा गया है। यह शत-पथ ब्राह्मण मे वर्णित मनोरवसर्पण है जहां मनु ने महाप्रलय के समय अपनी नाव बाध कर शरण पाई थी। महाप्रलय की कथा तथा मानवजाति के आदि-पुरुष का उसमे जीवित रह जाना अनेक प्राचीन जातियो की पुरातन ऐतिहासिक परपरा मे वर्णित है। बाइबिल मे नोहा या हजरत नूह की कथा मनु की कथा का ही एक दूसरा सस्करण मालूम होता है। भौमिकी-विशारदो के मत मे

वर्तमान हिमालय के स्थान पर अति प्राचीन युग मे समुद्र लहराता था। इस तथ्य से भी मनु की कथा की पुष्टि होती है। जान पड़ता है मानवजाति के इतिहास के उप-काल में सचमुच ही महाप्रलय की घटना घटी होगी और उसी की स्मृति ससार की अनेक प्राचीनतम सभ्य जातियों की पुरातन परंपराओं में सुरक्षित चली आ रही है।

नौबंधन दे० नौप्रभ्रशन

न्यकु (सौराष्ट्र, गुजरात)

काठियावाड़ के सोरठ नामक भाग की नदी जो गिरनार पर्वत—प्राचीन रैवतक से निकल कर पश्चिम समुद्र मे गिरती है।

न्यग्रोधवन

युवानच्वांग द्वारा उल्लिखित स्थान जो सभवत बौद्ध-साहित्य का पिप्पलिवाहन है (वाटर्स, जिल्द 2, पृ०-23-24)। दे० पिप्पलिवाहन

न्यासा (प० पाकि०)

अलक्षेंद्र (सिकंदर) के भारत पर आक्रमण के समय (327 ई० पू०) वर्तमान जलालाबाद के निकट यह नगर स्थित था। यहा गणतत्र-शासन पद्धति प्रचलित थी।

पगरी (ज़िला आदिलाबाद, आ० प्र०)

इस स्थान से नव-पाषाण कालीन पाषाण उपकरण प्राप्त हुए हैं।

पगल=पूगलगढ (राजस्थान)

ढोलामारू लोककथा की नायिका मरवण पूगलगढ की राजकुमारी थी। इस नगर को एक प्राचीन राजस्थानी लोक-गीत मे पगल भी कहा गया है—'पगिपगि पागी पथ सिर, ऊपरि अवर छाँह, पावस प्रकटा पदमिणि कह उत पगल जाह'।

पंचकर्पट

'तान् दशार्णान् स जित्वा च प्रतस्थे पाडुनदन', शिवीं स्त्रिगर्तानम्बष्टान् मालवान् पचकर्पटान्' महा० सभा० 32,7। नकुल ने अपनी दिग्विजययात्रा मे पचकर्पट देश को जीता था जो प्रसगानुसार माल्वा (म० प्र०) के सन्निकट स्थित जान पड़ता है। सभा० 32, 8 मे माध्यमिका पर नकुल की विजय का वर्णन है जो चित्तौड के पास थी। पचकर्पट की स्थिति इस प्रकार मेवाड और माल्वा के बीच के प्रदेश मे जान पडती है। माल्वा यहा रावी और चिनाब के सगम पर स्थित प्रदेश भी हो सकता है और इस दशा

में पचकर्पट को दक्षिणी पजाब में स्थित मानना पड़ेगा।

पचगगा

दक्षिण महाराष्ट्र की नदी जो पांच उपनदियों से मिल कर बनी है। यह कृष्णा की सहायक नदी है। पाच उपनदियां ये हैं—कासारी, कुम्भी, तुलसी, भोगवती और सरस्वती। पचगगा और कृष्णा के सगम पर प्राचीन अमरपुर या नृसिंहवाडी (जिला कोल्हापुर) स्थित है।

पचगण

अर्जुन की दिग्विजय-यात्रा के सबध मे महाभारत सभा० 27, 12 में इस देश का उल्लेख किया गया है—'ततस्य पुरुवैरेव धर्मराजस्य शासनात् किरीटी जितवान् राजन् देशान् पचगणास्तत.'। सदर्भ से सूचित होता है कि यह देश, जो गणराज्य जान पडता है वर्तमान हिमाचल प्रदेश मे स्थित होगा क्योंकि इससे पहले तथा इसके बाद मे जिन देशों का उल्लेख इसी सदर्भ मे हैं उनका अभिज्ञान हिमाचल प्रदेश के स्थानो से किया गया है (दे० मोदापुर, वामदेव, सुदामा, देवप्रस्थ)। सभव है किन्हीं पाच गणराज्यो का सामूहिक नाम ही पचगण हो।

पचगौड

बगाल की मध्ययुगीन परपरा मे (12वीं शती ई० तथा तत्पश्चात्) उत्तरी भारत या आर्यावर्त के पांच मुख्य प्रदेशो को पचगौड या पचभारत नाम से अभिहित किया जाता था। ये प्रदेश थे—सारस्वत या पजाब (सरस्वती नदी का तटवर्ती प्रदेश), पचाल या कान्यकुब्ज (कन्नौज), गौड या बगाल, मिथिला या दरभगा (बिहार) और उत्कल या उड़ीसा। इन पांचों प्रदेशो की सस्कृति में बहुत कुछ समानता बताई जाती थी। इनमें परस्पर विचारो के आदान-प्रदान के फलस्वरूप ही बगाल के प्राचीन काव्य को सामूहिक रूप से पांचाली (अर्थात् कान्यकुब्ज देश से सबधित) कहा जाता था और पजाब के शाकसवत् का प्रचार बगाल मे हुआ। यह भी पुरानी अनुश्रुति है कि कान्यकुब्ज (पचाल) से बुलाए हुए विद्वान् ब्राह्मण और कायस्थ गौड गए थे जहां जाकर उन्होंने बगाल की सस्कृति को आर्यदेश की सस्कृति से अनुप्राणित किया और वर्तमान बंगाल के कुलीन ब्राह्मण तथा कायस्थ इन्हीं कान्यकुब्ज ब्राह्मणों की सतान माने जाते हैं (दे० दिनेश चद्र सेन हिस्ट्री ऑव बगाली लिटरेचर)। इसी प्रकार मिथिला के न्यायदर्शन का पठन-पाठन नवद्वीप या नदिया (बगाल) मे पहुच कर फूलाफला और उड़ीसा से तो बगाल का सदा से अभिन्न सबध रहा ही है।

पचद्रविड

द्रविड, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र एव तेलगाना या आंध्र का सामूहिक नाम।

पचनगरी (बगाल)

उत्तरी बगाल में स्थित इस विषय का नाम गुप्त अभिलेखों में है। एपिग्राफ़िका इंडिका 21,81 में पचनगरी के विषयपति का नाम कुलवृद्धि कहा गया है।

पचनद

पजाब का प्राचीन नाम जो यहाँ की झेलम, चिनाब, रावी, सतलज और बियास नदियों के कारण हुआ था। महाभारत में पचनद का नामोल्लेख है—'कृत्स्नं पचनद चैव तथैवामरपर्वतम्, उत्तरज्योतिष चैव तथा दिव्यकट पुरम्,' *सभा० 32,11। इसे नकुल ने अपनी दिग्विजय यात्रा मे जीता था*—'तत पचनद गत्वा नियतो नियताशन.' (महा० वन० 83,16 से पचनद की तीर्थ रूप मे भी मान्यता सिद्ध होती है। पचनद अग्निपुराण, 109 मे भी उल्लिखित है। विष्णुपुराण 38,12 मे श्रीकृष्ण के स्वर्गारोहण के पश्चात् और द्वारका के समुद्र मे बह जाने पर अर्जुन द्वारा द्वारकावासियों को पचनद प्रदेश मे बसाए जाने का उल्लेख है—'पार्थः पचनदे देशे बहुधान्यधनान्विते, चकारवास सर्वस्य जनस्य मुनिसत्तम'। यहा पजाब को धनधान्य समन्वित देश बताया गया है जो इस प्रदेश की आज भी विशेषता है।

पंचपुर (दे० पिंजोर)

पचप्रयाग

गढ़वाल के पाच प्रयाग या नदियों के सगम स्थल—देवप्रयाग, रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, नदप्रयाग और विष्णुप्रयाग। गढवाल मे नदियों के सगम पर बसे स्थानों को गगा-यमुना के सगम पर बसे प्रसिद्ध प्रयाग की अनुकृति पर प्रयाग कहा जाता है।

पचभारत=पचगौड

पचमढ़ी (म० प्र०)

सतपुडा पर्वतमाला में समुद्रतट से 3500 फुट से लेकर 4000 फुट तक की ऊंचाई पर बसा पहाडी स्थान। इसका नाम पाच मढ़ियों या प्राचीन गुफाओं के कारण है जो किंवदती के अनुसार महाभारतकालीन है। कहा जाता है कि अपने एक वर्ष के अज्ञातवास के समय पाडव इन गुफाओं में रहे थे। कुछ विद्वानों का मत है कि ये गुफाए वास्तव में बौद्धभिक्षुओं के रहने के लिए बनवाई गई थीं। आधुनिक काल मे पचमढी की खोज 1862 ई० में कैप्टन फोरसाइथ ने की थी। इन्होंने 'हाइलैंड्स ऑव सेंट्रल इंडिया' नामक ग्रथ भी लिखा था। इन्हें मध्यप्रात के चीफ कमिश्नर सर रिचर्ड टेम्पल ने सतपुडा की पहाडियों के

इस भाग के अन्वेषण के लिए विशेष रूप से भेजा था। पचमढ़ी में अब से लगभग सौ वर्ष पहले गोंड और कोरकू नामक आदिवासियों का निवास था। यहाँ की अनेक चट्टानों पर आदिम निवासियों के लेख पाए गए हैं। उनके चित्र भी शिलाओं पर उत्कीर्ण हैं जिनके विषय मुख्यत: ये हैं—गाय, बैल घोड़ा, हाथी, माला, रथ रणभूमि में दृश्य तथा शिकार। गोंडों के इतिहास के ज्ञाताओं का कथन है कि गोंडों में प्रचलित किंवदंती में उनके जिस मूलस्थान काचीकोपालोहागढ़ का उल्लेख है वह पचमढ़ी का बड़ा महादेव और चौरागढ़ ही है। चौरागढ़ आज भी गोंडों का प्रसिद्ध देवस्थान है। यहां के देवालय में शिव की मूर्ति है जिस पर भक्त लोग त्रिशूल चढ़ाते हैं। बेतवा (वेत्रवती) नदी का उद्गम पचमढ़ी के निकट स्थित धूपगढ़ शिखर से हुआ है, जिसकी ऊंचाई समुद्रतट से 4454 फुट है।

पचमी

अफगानिस्तान की पंजशीरा नदी। इसका उल्लेख महाभारत भीष्मपर्व में है।

पचवटी (जिला नासिक, महाराष्ट्र)

नासिक के निकट प्रसिद्ध स्थान है। यहां श्रीरामचंद्र जी, लक्ष्मण और सीता सहित अपने वनवास-काल में काफी दिन तक रहे थे तथा यहीं रावण ने सीता का हरण किया था। मारीच का वध इसी स्थान के निकट (दे० मृगव्याधेश्वर) हुआ था। गृध्रराज जटायु से श्रीराम की मैत्री यहीं हुई थी। पंचवटी के नामकरण का कारण पंचवटों की उपस्थिति कही जाती है,—'पंचानां वटानां समाहार इति पंचवटी'। पंचवट ये हैं —अश्वत्थ, आमलक, वट, बिल्व और अशोक। वाल्मीकि-रामायण अरण्य० 15 में पंचवटी का मनोहर वर्णन है जिसका एक अंश इस प्रकार है—'अय पंचवटीदेशः सौम्य पुष्पितकाननः, यथा ख्यातमगस्त्येन मुनिना भावितात्मना। इयं गोदावरी रम्या पुष्पितैस्तरुभिर्वृता, हंसकारण्डवाकीर्णा चक्रवाकोपशोभिता। नातिदूरे न चासन्ने मृगयूथनिपीडिता। मयूरनादिता रम्याः प्रांशवो बहुकंदराः, दृश्यन्ते गिरयः सौम्याः फुल्लैस्तरुभिरावृताः। सौवर्णैः राजतैस्ताम्रैर्देशे देशे तथा शुभैः गवाक्षिता इव भान्ति गजाः परमभक्तिभिः' अरण्य० 15,2-12-13-14-15। उपर्युक्त उद्धरणों से ज्ञात होता है कि पंचवटी गोदावरी के तट पर स्थित थी। कालिदास ने रघुवंश में कई स्थानों पर पंचवटी का वर्णन किया है—'आनन्दयत्युन्मुखकृष्णसारा दृष्टा चिरात् पंचवटी मनो मे'—13,34। 'पंचवट्यां ततोरामः शासनात् कुम्भजन्मनः अनपोढस्थितिस्तस्थौ विन्ध्याद्रिप्रकृताविव'—12,31 (इस श्लोक में वाल्मीकि०

अरण्य० 15,12 के समान ही, अगस्त्य ऋषि की आज्ञानुसार श्रीराम का पंचवटी में जाकर रहना कहा गया है) । रघुवंश 13,35 में पंचवटी को गोदावरी के तट पर बताया गया है—'अत्रानुगोदं मृगया निवृत्तस्तरंगवातेन विनीतखेदः. रहस्त्वदुत्संग निषण्णमूर्धा स्मरामि वानीरगृहेषु सुप्त '। भवभूति ने उत्तररामचरित, द्वितीय अंक में पंचवटी का, श्रीराम द्वारा, उनकी पूर्वस्मृति-जनित उद्वेग के कारण करुणाजनक वर्णन करवाया है—'अत्रैव सा पंचवटी यत्र चिरनिवासेन विविधविस्रम्भातिप्रसंगसाक्षिण प्रदेशाः प्रियायाः प्रियसखी च वासंती नाम वन देवता'; 'यस्यां ते दिवसास्तया सह मयानीता यथा स्वेगृहे, यत्सबंध कथाभिरेव सततं दीर्घाभिरास्थीयत । एक सप्रतिनाशित प्रियतमस्तामेव राम कथं, पाप. पंचवटीं विलोकयतु वा गच्छत्व संभाव्य वा' 2,28 । अध्यात्म रामायण अरण्य० 3,48 में पंचवटी को गौतमी (=गोदावरी) के तट पर स्थित बताया है—'अस्ति पंचवटी नाम्ना आश्रमो गौतमीतटे'। यह स्थान अगस्त्य के आश्रम से दो योजन पर बताया गया है—'इतो योजनयुग्मे तु पुण्यकाननमस्ति.'। वाल्मीकि *और कालिदास के समान ही अध्यात्मरामायण में भी पंचवटी को अगस्त्य* ने श्रीराम के रहने के लिए उपयुक्त बताया था (अरण्य० 3,48)। तुलसीदास ने रामचरितमानस के अरण्यकांड में अगस्त्य द्वारा ही श्रीराम को पंचवटी भिजवाया है—'है प्रभु परम मनोहर ठाऊं, पावन पंचवटी तेहि नाऊं। दंडक वन पुनीत प्रभु करहू, उग्रशाप मुनिवर के हरहू। चले राम मुनि आयसु पाई, तुरतहिं पंचवटी नियराई। गृध्रराज सों भेंट भई बहुविधि प्रीति दृढ़ाय, गोदावरी समीप प्रभु रहे पर्णगृह छाय'। पंचवटी जनस्थान या दंडक वन में स्थित थी। पंचवटी *या नासिक से गोदावरी का उद्गम-स्थान त्र्यंबकेश्वर लगभग बीस मील* दूर है।

पंचशैलपुर

प्राचीन जैन साहित्य में राजगृह (बिहार) का एक नाम। नामकरण का कारण राजगृह के चतुर्दिक् पांच पहाड़ियों की उपस्थिति है जिन्हें आज भी पंचपहाड़ी कहा जाता है।

पंचसर (जिला महसाना, गुजरात)

कच्छ की रन के निकट प्राचीन नगर। 10वीं शती मे चावडावंश के नरेश जयशेखर की राजधानी यहां थी। इसके पुत्र वनराज ने पंचसर को छोड़कर पाटन में अपनी राजधानी बनाई थी। हाल ही में पूर्वसोलंकीकालीन एक मंदिर के अवशेष यहां से उत्खनन द्वारा प्रकाश में लाए गए हैं। यह नवीं शती में बना था। (दे० अन्हलवाड़ा)

पंचानन

राजगृह (बिहार) के निकट प्रवाहित होने वाली नदी।

पंचाप्सरस्

पंचाप्सरस् का उल्लेख मद्र (या मद)-कर्णि मुनि के आश्रम के रूप में वाल्मीकि ने किया है—'ततः कर्तुं तपोविघ्नं सर्वदेवैर्नियोजिताः प्रधानाप्सरसः पंचविद्युच्चलितवर्चसः, इदं पंचाप्सरो नाम तडागं सार्वकालिकं निर्मितस्तपसा तेन मुनिना मद्रकर्णिना'। कालिदास ने रघुवंश, 13,38 में पंचाप्सरस् सरोवर के पास शातकर्णि मुनि का आश्रम माना है—'एतन् मुने मानिनिशातकर्णेः पंचाप्सरो नाम विहारिवारि, आभाति पर्यंतवनं विदूरान्मेघांतरालक्ष्य मिवेंदु-बिंबम्'। स्थानीय किंवदंती में मैसूर राज्य में स्थित गंगावती या गंगोली का अभिज्ञान पंचाप्सरस् से किया जाता है। यहाँ पाँच नदियों का संगम है।

पंचाल=पांचाल

उत्तरप्रदेश के बरेली, बदायूं और फर्रुखाबाद जिलों से परिवृत प्रदेश का प्राचीन नाम। कनिंघम के अनुसार वर्तमान रुहेलखंड उत्तरपंचाल और दोआबा दक्षिण पंचाल था। संहितोपनिषद् ब्राह्मण में पंचाल के प्राच्य पंचाल भाग (पूर्वी भाग) का भी उल्लेख है। शतपथ ब्राह्मण 13,5,4,7 में पंचाल की परिचक्रा या परिचक्रा नामक नगरी का उल्लेख है जो वेबर के अनुसार महाभारत की एकचक्रा है। श्री रायचौधरी का मत है कि पंचाल पांच प्राचीन कुलों का सामूहिक नाम था। वे थे थे—'क्रिवि, केशी, सृंजय, तुर्वसस् और सोमक। ब्रह्मपुराण 13,94 तथा मत्स्यपुराण 50,3 में इन्हें मुद्गल सृंजय, बृहदिषु, यवीनर और कृमीलाश्व कहा गया है। पंचालों और कुरुजनपदों में परस्पर लड़ाई-झगड़े चलते रहते थे। महाभारत के आदिपर्व से ज्ञात होता है कि पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य ने अर्जुन की सहायता से पंचालराज द्रुपद को हराकर उसके पास केवल दक्षिण पंचाल (जिसकी राजधानी कांपिल्य थी) रहने दिया और उत्तर पंचाल को हस्तगत कर लिया था—'अतः प्रयतितं राज्ये यज्ञसेन त्वया सह, राजासि दक्षिणे कूले भागीरथ्याहमुत्तरे'—आदि० 165,24 अर्थात् द्रोणाचार्य ने परास्त होने पर बंदी में डाले हुए पंचालराज द्रुपद से कहा—'मैंने राज्य-प्राप्ति के लिए तुम्हारे साथ युद्ध किया है। अब गंगा के उत्तरतटवर्ती प्रदेश का मैं, और दक्षिण तट के तुम राजा होगे'। इस प्रकार महाभारत-काल में पंचाल, गंगा के उत्तरी और दक्षिणी दोनों तटों पर बसा हुआ था। द्रुपद पहले अहिच्छत्र या छत्रवती नगरी में रहते थे—'पार्षतो द्रुपदो नामच्छत्र-वत्यां नरेश्वर'—आदि० 165, 21। इन्हें जीतने के लिए द्रोण ने कौरवों और

पाडवों को पचाल भेजा था—'धार्तराष्ट्रैश्च सहिता पचालान् पाडवा ययुः'। द्रौपदी पचाल-राज द्रुपद की कन्या होने के कारण ही पाचाली कहलाती थी। महाभारत आदिपर्व में वर्णित द्रौपदी का स्वयंवर कापिल्य मे हुआ था। दक्षिण पचाल की सीमा गगा के दक्षिणी तट से लेकर चबल या चर्मण्वती तक थी—'सोऽध्यवसद् दीनमनाः कापिल्य च पुरोत्तमम दक्षिणाश्चापि पचालान् यावच्चर्मण्वता नदी,' आदि० 137,76। विष्णुपुराण 2,3,15 मे कुरु पाचालों को मध्यदेशीय कहा गया है—'तास्विमे कुरुपाचाला मध्यदेशादयोजनाः'। पचाल-निवासियों को भीमसेन ने अपनी पूर्व देश की दिग्विजय-यात्रा में अनेक प्रकार से समझा-बुझा कर वश मे कर लिया था—'सगत्वा नरशार्दूल' पचालाना पुर महत् पचालान् विविधोपायैः सात्वयामास पाडवः' सभा० 29,3-4।

पचासर (गुजरात)

वाघेला के निकट जैनतीर्थ पचसर। इसका नामोल्लेख जैनस्तोत्र तीर्थमाला चैत्यवदन मे इस प्रकार है—'हस्तोडीपुर पाडला दशपुरे चारूप पचासरे'।

[पजकौरा दे० गौरी (2)]

पञली (लका)

महावश 32,15 में वर्णित एक पर्वत जो करिंद या वर्तमान किरिंदुओए नदी के निकट स्थित था।

पजशीर=पचमी (नदी)

पद्लेण (जिला पूना, महाराष्ट्र)

इस स्थान पर सहरात-नरेश नहपान का एक गुफालेख प्राप्त हुआ था जिससे उसका महाराष्ट्र के इस भूभाग पर आधिपत्य प्रमाणित होता है। नहपान के अन्य अभिलेख नासिक, जुन्नार और कार्ली से प्राप्त हुए हैं।

पडौल (बिहार)

उत्तरपूर्व रेलवे की दरभगा—जयनगर शाखा पर स्थित। एक प्राचीन क़िले के ध्वसावशेष यहा स्थित हैं। इसे जनश्रुति में पाडवों के समय का बताया जाता है जैसा कि स्थान के नाम से भी सूचित होता है।

पडरपानि (महाराष्ट्र)

कोकण की पहाड़ियों का एक गिरिमार्ग (दर्रा)। 17वीं शती के मध्य मे शिवाजी की बढती हुई शक्ति को देखकर बीजापुर के सुल्तान आदिलशाह ने हब्शी सरदार सीदी जोहर को उनका पीछा करने के लिए भेजा। उसने जाते ही पन्हाला दुर्ग को घेर लिया। कई मास के घेरे के पश्चात् जब दुर्ग टूटने को हुआ तो शिवाजी चुपचाप वहा से निकलकर रगन होते हुए प्रतापगढ़ जा पहुचे।

सीदी की सेना ने उनका पीछा किया पर पंढरपानि के गिरिमार्ग मे बाजी प्रभुदेशपांडे ने दीवार की तरह खड़े होकर उसे आगे बढ़ने से रोक दिया। जब शिवाजी ने विशालगढ़ के क़िले में सकुशल पहुंचकर तोप दागी तो उस आहत वीर सरदार ने सुख से अपने प्राण त्यागे। देशपांडे का नाम महाराष्ट्र के इतिहास में अमर है।

पंढरपुर (महाराष्ट्र)

शोलापुर से 38 मील पश्चिम की ओर चद्रभागा अथवा भीमा के तट पर महाराष्ट्र का शायद यह सबसे बड़ा तीर्थ है। 11वीं शती मे इस तीर्थ की स्थापना हुई थी। 1159 शकाब्द=1081 ई० के एक शिलालेख में जो यहां से प्राप्त हुआ था—'पडरिगे' क्षेत्र के ग्राम निवासियो द्वारा 'वर्षाशन दिए जाने का उल्लेख है। 1195 शकाब्द=1117 ई० के दूसरे शिलालेख में पंढरपुर के मंदिर के लिए दिए गए गद्यानों (सुवर्ण मुद्राओं) का वर्णन है। इन दानियों मे कर्नाटक, तेलगाना, पैठण, विदर्भ आदि के निवासियो के नाम हैं। वास्तव में पौराणिक कथाओ के अनुसार भक्तराज पुडलीक के स्मारक के रूप मे यह मदिर बना हुआ है। इसके अधिष्ठाता विठोबा के रूप मे श्रीकृष्ण हैं जिन्होंने भक्त पुंडलीक की पितृभक्ति से प्रसन्न होकर उसके द्वारा फेंके हुए एक पत्थर (विठ या ईंट) को ही सहर्ष अपना आसन बना लिया था। कहा जाता है कि विजयनगर-नरेश कृष्णदेव विठोबा की मूर्ति को अपने राज्य में ले गया था किंतु फिर वह एक महाराष्ट्रीय भक्त द्वारा पढरपुर वापस ले आई गई। 1117 ई० के एक अभिलेख से यह भी सिद्ध होता है कि भागवत संप्रदाय के अतर्गत वारकरी पथ के भक्तो ने विट्ठलदेव के पूजनार्थ पर्याप्त धनराशि एकत्र की थी। इस मडल के अध्यक्ष थे रामदेव राय जाधव। (दे० मराठी वाङ्मया च्या इतिहास-प्रथम खड, पृ० 334-351)। पढरपुर की यात्रा आजकल आषाढ़ में तथा कार्तिक शुक्ल एकादशी को होती है।

पंपा

(1) (मद्रास) वाल्टेयर मद्रास रेलमार्ग पर अंतावरम् स्टेशन से 2 मील पर यह छोटी नदी बहती है। नदी को प्राचीनकाल से तीर्थ माना जाता है। नदी के निकट एक ऊंची पहाड़ी पर सत्यनारायण का पुराना मंदिर है।

(2) तुगभद्रा की सहायक नदी, जिसके निकट पपासर अवस्थित है।

(3)=पपासर

पंपापुर (ज़िला मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश)

विन्ध्याचल के निकट आदिवासी भार लोगो से सबधित इस प्राचीन

नगर के खंडहर हैं। इसका भविष्य पुराण में उल्लेख है।

पंपासर=पंपासरोवर (हास्पेट तालुका, मैसूर)

हंपी के निकट बसे हुए ग्राम अनेगुंदी को रामायण-कालीन किष्किंधा माना जाता है। तुंगभद्रा पार करने पर अनेगुंदी जाते समय मुख्य मार्ग से कुछ हटकर बायीं ओर पश्चिम दिशा में, पंपासरोवर स्थित है। पर्वत के नीचे ही इस नाम से कहा जाने वाला यह एक छोटा सा सरोवर है। इसके पास ही एक दूसरा सरोवर, मानसरोवर कहलाता है। पंपासर के निकट पश्चिम में पर्वत के ऊपर कई जीर्णशीर्ण मंदिर दिखाई पड़ते हैं। पर्वत में एक गुफा है जिसे शबरी गुफा कहते हैं। कुछ लोगों का विचार है कि वास्तव में रामायण में वर्णित विशाल पंपासरोवर इसी स्थान पर रहा होगा जहां आजकल हास्पेट का कस्बा है। वाल्मीकि० अरण्य० 74,4 ('तौ पुष्करिण्याः पंपायास्तीरमासाद्य पश्चिमम् अपश्यतां ततस्तत्रशबर्या रम्यमाश्रमम्') से सूचित होता है कि पंपासर के तट पर ही शबरी का आश्रम था। किष्किंधा के निकट सुरेबनम् नामक स्थान पर शबरी का आश्रम बतलाया जाता है। इसी के निकट शबरी के गुरु मतंग ऋषि के नाम पर प्रसिद्ध मतंगवन था—'शबरी दर्शयामास तावुभौतद्वनं महत् पश्य, मेघघनप्रख्यं मृगपक्षिसमाकुलम्, मतंगवनमित्येव विश्रुतं रघुनंदन, इहते भावितात्मानो गुरवो मे महाद्युते' अरण्य० 4,20-21। पंपा के निकट ही मतंगसर नामक झील थी जो मतंग ऋषि के नाम पर ही प्रसिद्ध थी। हंपी में ऋष्यमूक के राम मंदिर के पास स्थित पहाड़ी आज भी मतंगपर्वत के नाम से जानी जाती है। कालीदास ने पंपासर का सुंदर वर्णन किया है—'उपान्तवानीर वनोपगूढान्यालक्ष्यपारिप्लवसारसानि, दूरावतीर्णा पिबतीव खेदादमूनि पंपासलिलानि दृष्टि'। अध्यात्म० किष्किंधा 1,1-2-3 में पंपा के मनोहारी वर्णन में इसे एक कोस विस्तारवाला अगाध सरोवर बताया गया है—'ततः सलक्ष्मणो रामः शनैः पंपासरस्तटम्, आगत्य सरसां श्रेष्ठं दृष्ट्वाविस्मयमाददौ। क्रोशमात्र सुविस्तीर्णमगाधामलशंबरम्, उत्फुल्लाम्बुज कह्लार कुमुदोत्पलमंडितम्। हंसकारंडवाकीर्णं चक्रवाकादिशोभितम् जलकुक्कुटकोयष्टिक्रौंचनादोपनादितम्'। (दे० किष्किंधा)

पक्षीतीर्थ

चिंगलपट से नौ मील पर पहाड़ी के ऊपर स्थित यह दक्षिण भारत का प्रसिद्ध तीर्थ है। मध्यान्ह के समय प्रतिदिन, दो क्षेमकरियां आकर पुजारी के हाथ से भोजन करती हैं। इनके बारे में तरह-तरह की किंवदंतियां प्रसिद्ध हैं। (दे० चिंगलपट, वेदगिरि)

पचराई (बुंदेलखंड)

मध्यकालीन बुंदेलखंड की वास्तुकला के भग्नावशेष इस स्थान में उल्लेखनीय ऐतिहासिक स्मारक हैं।

पचहरन (ज़िला गोंडा, उ० प्र०)

यहां के पुराने टीले से पृथ्वीनाथ का ताम्रपट्ट प्राप्त हुआ था। खंडहर पूर्वमध्ययुगीन जान पड़ते हैं।

पचेलगढ़ (ज़िला जबलपुर, म० प्र०)

इतिहास-प्रसिद्ध गढ़मंडला की रानी दुर्गावती के श्वसुर संग्रामशाह (मृत्यु 1541 ई०) के बावनगढ़ों में से एक यहां स्थित था।

पटच्चर

'सुकुमार वश चक्रे सुमित्र च नराधिपम्, तथैवापरमत्स्यांश्च व्यजयत् स पटच्चरान्' महा० सभा० 31,4 पटच्चरों को सहदेव ने अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में जीता था। संदर्भानुसार, पटच्चरजनपद की स्थिति अपरमत्स्य देश के आसपास जान पड़ती है। श्री न० ला० डे के अनुसार यह इलाहाबाद—बांदा जिलों का प्रदेश है किंतु यह अभिज्ञान संदिग्ध है। अपरमत्स्य देश जयपुर-अलवर (मत्स्य) का पार्श्ववर्ती प्रदेश था। इसके पश्चात् ही अनार्य-जातीय निषादों के देश निषाद-भूमि का उल्लेख है। इससे जान पड़ता है कि पटच्चर देश दक्षिणी पंजाब और उत्तरी राजस्थान के बीच का इलाका रहा होगा। संस्कृत में पटच्चर शब्द चोर के अर्थ में प्रयुक्त है जिससे शायद पटच्चरों की तत्कालीन जातिगत विशेषता का पता चलता है। जान पड़ता है कि निषादों के समान पटच्चर भी किसी अर्धसभ्य विदेशी जाति के लोग थे जो इस इलाके में भारत के बाहर से आकर बस गए थे। संभव है यह नाम (पटच्चर) कालांतर में दरिद्र शब्द की भांति ही ('दरद' देश के लोगों के नाम से बना विशेषण—दे० दरद) जातिगत विशेषता के कारण संस्कृत में सामान्य विशेषण की भांति प्रयुक्त होने लगा।

पटना (दे० पाटलिपुत्र)

पटल

अलक्षेंद्र (सिकंदर) के भारत-आक्रमण के समय (327 ई० पू०) में सिंध में इस नाम का नगर बसा हुआ था जिसका उल्लेख अलक्षेंद्र के अभियान का इतिहास लिखने वाले यूनानी लेखकों ने किया है। विद्वानों का मत है कि यह नगर सिंध नदी के मुहाने पर बहमनाबाद के पास रहा होगा। अलक्षेंद्र ने इसी स्थान से अपनी सेना के एक भाग को समुद्र द्वारा अपने देश वापस भेजने का कार्यक्रम

बनाया था। बहमनाबाद से, जो बहुत प्राचीन स्थान है, प्रागैतिहासिक अवशेष भी प्राप्त हुए हैं।

पटिया

कटक (उड़ीसा) के निकट सारंग-केसरी नामक केशरीवंशीय नरेश द्वारा बसाया गया नगर जहां का दुर्ग सारंगगढ़ कहलाता था। यहां सारंग नाम की झील भी है।

पटियाला (पंजाब)

किंवदंती में पटियाला के नामकरण का कारण यहां रेशम की प्रचुरता का होना कहा जाता है। (पाट=रेशम, आलय=घर) आजकल भी पटियाला रेशम के कुटीर उद्योग का केन्द्र है। किंतु ऐतिहासिकों के मत में पटियाला नाम, इसके आलासिंह नाम के सरदार की पट्टी (जागीर) में स्थित होने के कारण हुआ था। पटियाला, जींद और नाभा—ये तीन स्थान फूलसिंह नामक एक डाकू को अंग्रेजों की सहायता करने के बदले में दिए गए थे। आलासिंह इसी फूलसिंह का पुत्र था। फूलसिंह ने मृत्यु से पहले पटियाला को आलासिंह की जागीर में नियत कर दिया था। आला की पट्टी या पट्टी आला से बिगड़कर ही पटियाला नाम बन गया। यहां के पुराने स्मारकों में गुलाबी बाग प्रसिद्ध है। पहले पटियाला-नरेश यहीं रहते थे। उनकी 360 रानियों के महल भी इसी बाग के अंदर बने थे। यहां एक चिड़ियाघर भी बनाया गया था जिसके जानवरों के शोरगुल से तंग होकर रानियों ने मोतीबाग में एक नया महल बनवाया। मोतीमहल के राजप्रासाद की इमारत बड़ी भव्य तथा सुसज्जित है। पटियाला सिखधर्म का एक केंद्र माना जाता है। गुरुगोविंदसिंह की एक कृपाण, जो उन्होंने सूरत के एक मुसलमान को दी थी, यहां के संग्रहालय में सुरक्षित है। हिंदुओं का काली मन्दिर भी पटियाला का प्रसिद्ध स्थान है। इस मन्दिर को विशालता और साजसज्जा की दृष्टि से इसे कलकत्ते के काली मन्दिर के समकक्ष ही समझा जाता है।

पटियाली (जिला बुलंदशहर, उ०प्र०)

(1) हिंदी और फारसी के प्रसिद्ध कवि अमीर खुसरो का जन्मस्थान है। ये अलाउद्दीन खिलजी (1298-1316) के समकालीन थे।

(2) (जिला फर्रुखाबाद, उ०प्र०) इस स्थान पर मुहम्मद गोरी के बनवाए हुए एक दुर्ग के ध्वंसावशेष हैं।

पट्टदकल (जिला बीजापुर, महाराष्ट्र)

मालप्रभानदी के तट पर बादामी से 12 मील दूर स्थित है। 7वीं शती के अंतिम चरण से मध्यकाल तक निर्मित मन्दिरों के लिए यह स्थान प्रख्यात है। पट्टदकल को चालुक्य वास्तुकला का सर्वश्रेष्ठ केंद्र माना जाता है। 992 ई० के एक अभिलेख में इस नगर को चालुक्यवंशी नरेशों की राजधानी तथा उनके राज्याभिषेक का स्थान कहा गया है। उस समय यह प्रसिद्ध तीर्थ तो था ही, साथ ही यहां अनेक मूर्तिकार, वास्तुविशारद तथा नृत्य-कलाविद् भी निवास करते थे। चालुक्य नरेश वैष्णव थे किंतु उनके मन्दिरों में शिव की प्रतिमाएं भी प्रतिष्ठापित थीं। पट्टदकल की मूर्तिकला धार्मिक तथा लौकिक दोनों प्रकार की है। प्रथम में देवी-देवताओं तथा रामायण महाभारत की अनेक धार्मिक कथाओं का चित्रण है तथा द्वितीय में सामाजिक और घरेलू जीवन, पशुपक्षी, वाद्ययंत्रों तथा पंचतंत्र की कथाओं का अंकन मिलता है। वर्तमान पट्टदकल में सबसे सुन्दर मंदिर विरूपाक्ष का है जिसे विक्रमादित्य द्वितीय चालुक्य की महारानी लोक महादेवी ने 740 ई० में बनवाया था। यह द्रविड शैली में बना है। द्वारमंडपों पर द्वारपालों की प्रतिमाएं हैं। एक द्वारपाल की गदा पर एक सर्प लिपटा हुआ प्रदर्शित है जिसके कारण उसके मुख पर विस्मय तथा घबराहट के भावों की अभिव्यंजना बड़े कौशल के साथ अंकित की गई है। एक स्तंभ के बाहरी भाग पर गजेंद्रमोक्ष की कथा का सुंदर चित्रण है। मुख्य मंडप में भारी स्तंभों की छ पंक्तियां हैं जिनमें से प्रत्येक में पांच स्तंभ हैं। इनमें से कुछ स्तंभों पर शृंगारिक दृश्यों का प्रदर्शन किया गया है। अन्य पर महाकाव्यों के चित्र उत्कीर्ण हैं जिनमें हनुमान् का रावण की सभा में आगमन, खरदूषण युद्ध तथा सीताहरण के दृश्य सराहनीय हैं। पंचतंत्र की आख्यायिकाओं में कीलोत्पाटी वानर की कथा का मनोरंजन और यथार्थ अंकन दिखलाई पड़ता है। यहां का दूसरा मंदिर पापनाथ का है। यह अपने शैली वैचित्र्य के लिए उल्लेखनीय है। मंदिर का मुख्य भाग 8वीं शती की द्रविड शैली में बना हुआ है। किंतु शिखर (तत्कालीन) गुप्तकालीन उत्तर भारतीय शैली का अच्छा उदाहरण है। विरूपाक्ष मंदिर के निकट भी एक अन्य मंदिर है जो उड़ीसा के प्राचीन मंदिरों के अनुरूप है। यहां के मंदिरों के शिखर स्तूपाकार हैं और कई तलों में विभक्त हैं। प्रत्येक तल में वर्गाकार और दीर्घायताकार मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। मंदिर सामान्यतः पत्थरों के बड़े-बड़े पट्टों के, चूने का प्रयोग किए बिना, निर्मित हैं। गर्भगृह के सामने पटा हुआ प्रदक्षिणा-पथ है। पट्टदकल के मंदिरों और उत्तरी व दक्षिणी कनारा जिलों

(मद्रास) के मुडाबिदरी, जरसोपा और भटकल के मंदिरों में काफी समानता है। इनके शिखर उत्तरी भारत के गुप्तकालीन मंदिरों के शिखरों के समरूप हैं जिससे पट्टदकल की वास्तुकला को उत्तर व दक्षिण की शैलियों के बीच की कडी समझा जा सकता है। आश्चर्य है कि उत्तर भारत की पूर्व गुप्तकालीन वास्तुकला, गुप्तकाल के समाप्त होने के बहुत समय पश्चात भी दक्षिण भारत के इस भाग में जीवित रहकर फूलती फलती रही। इस तथ्य से उत्तर और दक्षिण भारत की सामान्य सांस्कृतिक परंपरा का बोध होता है। (दे० कजेन्स—चालुक्यन आर्किटेक्चर ऑव कनारीज डिस्ट्रिक्टस चित्र 35, 45)।

पठानकोट (दे० उदुंबर)

पद्मावली (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

प्राचीन ऐतिहासिक अनुश्रुति के अनुसार मध्यभारत के नागाओं की राजधानी कांतिपुरी और पद्मावली—दोनों नगरियां—तीसरी-चौथी शती ई० में साथ ही साथ संपन्न तथा समृद्ध दशा में थीं। किंतु ऐतिहासिक महत्व की वस्तुएं यहां 900 ई० से 1000 ई० तक की ही पाई गई हैं। पद्मावली के मुख्य स्थान हैं—गढ़ी का प्राचीन मंदिर, जैन तथा वैष्णव मंदिर तथा एक प्रसिद्ध प्राचीन कुआं।

पण (लंका)

महावंश 10,27-28 में उल्लिखित एक स्थान जो कासपर्वत या वर्तमान कहगल के निकट बताया गया है।

पतग

विष्णुपुराण 2,2,27 के अनुसार मेरु के दक्षिण में स्थित एक पर्वत—'त्रिकूटः शिशिरश्चैव पतंगोरुचकस्तथा। निषादाद्यादक्षिणतस्तस्यकेसर पर्वता.'।

पथारी (जिला परभणी, महाराष्ट्र)

(1) प्राचीन दुर्ग के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

(2) (जिला भीलसा, म० प्र०) बेसनगर के निकट और बड़ोह से 2 मील दूर प्राचीन स्थान है। यहां से निम्न पूर्वमध्ययुगीन अवशेष प्राप्त हुए हैं—सप्त मातृकाओं की मूर्तियां, प्रस्तर-स्तंभ, राष्ट्रकूट नरेश पराबल के एक मंत्री द्वारा 460 ई० में बनवाई हुई वराह-मूर्ति और बालकृष्ण की एक अति सुन्दर मूर्ति जो यहां के मंदिर में प्रतिष्ठापित है। अंतिम कलाकृति में नवजात कृष्ण देवकी के पास लेटे हैं और पांच सेवक निकट ही खड़े हैं। मूर्ति बहुत भव्य तथा विशाल है और बेगलर के मत में भारत की सभी प्राचीन मूर्तियों से अधिक सुंदर है।

पद्मपवाया=पद्मावती

पवरौना दे० (पावापुरी)

पद्मक्षेत्र

(1) कोणार्क (उड़ीसा) के क्षेत्र का प्राचीन नाम। पौराणिक कथा के अनुसार श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब को इस स्थान के निकट चंद्रभागा नदी में बहते हुए कमलपत्र पर सूर्य की प्रतिमा मिली थी जो बाद में कोणार्क मंदिर की अधिष्ठात्री मूर्ति के रूप में मान्य हुई। इस कमलपत्र के कारण ही इस तीर्थ को पद्मक्षेत्र कहा गया। इसका दूसरा नाम मैत्रेयवन भी है। (दे० कोणार्क)

(2) राजिम (म० प्र०) का प्राचीन नाम। राजिम राजीव या कमल का रूपांतर है। राजिम में 8वीं या 9वीं शती का राजीवलोचन विष्णु का मंदिर है। (दे० राजिम)

पद्मतीर्थ

वासिम (महाराष्ट्र) के परिवर्ती क्षेत्र का प्राचीन नाम पद्मतीर्थ कहा गया है। किंवदंती है कि वासिम में वत्स ऋषि का आश्रम था।

पद्मनगर

नासिक का एक पौराणिक नाम—'कृते तु पद्मनगरं, त्रेतायां तु त्रिकंटकम्, द्वापरे च जनस्थानं कलौ नासिकमुच्यते'।

पद्मपुर (ज़िला भंडारा, म० प्र०)

आमगांव से एक मील पर एक प्राचीन ग्राम है। प्रो० मिराशी तथा अन्य कई विद्वानों का मत है कि संस्कृत के प्रसिद्ध नाटककार महाकवि भवभूति इसी पद्मपुर के निवासी थे। भवभूति ने महावीरचरित्र नाटक में पद्मपुर का उल्लेख किया है तथा मालतीमाधव नाटक के प्रथम अंक में अपनी जन्मभूमि पद्मपुर नगर में बताते हुए इसकी स्थिति दक्षिणापथ में कही है—'अस्ति दक्षिणापथे पद्मपुरं नाम नगरम्, तदामुष्यायणस्य तत्रभवतो भट्टगोपालस्य पौत्रः पवित्रकीर्तेर्नीलकंठस्य पुत्रः श्रीकंठपदलांछनः पदवाक्यप्रमाणज्ञो भवभूतिर्नाम कविर्निसर्गसौहृदेन भरतेषु वर्तमानः स्वकृतिमेवगुणभूयसीमस्माकं हस्ते समर्पितवान्'।

ग्राम के निकट एक पहाड़ी है जिसे आज भी लोग भवभूति की टोरिया कहते हैं और महाकवि की स्मृति में कुछ अवशेषों की पूजा भी होती है। मालतीमाधव में उन्होंने जिस भ्रष्ट बौद्ध तांत्रिक समाज का वर्णन किया है उसका अस्तित्व आठवीं शती ई० में देश के इस भाग में वास्तविक रूप में ही था—इस दृष्टि से भी भवभूति के निवासस्थान का अभिज्ञान इसी पद्मपुर से करना समीचीन ही जान पड़ता है। पद्मपुर का उल्लेख दुर्ग (म० प्र०) से प्राप्त एक

वाकाटक अभिलेख में है-दे० इंडियन हिस्टारिकल क्वार्टरली, 1935, पृ० 299, एपिग्राफिका इंडिका—22,207। प्राचीन समय में यहां जैन मंदिर भी अनेक होंगे क्योंकि निकटस्थ खेतों से जैन तीर्थंकरों की खंडित मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। कलचुरिकालीन अवशेष भी यहां मिले हैं।

पद्मखंडवन

बुद्धचरित (3,63,64) में वर्णित विहारोद्यान जहां सिद्धार्थ को उसका सारथी राजकुमार के मनोविनोदार्थ ले गया था—'विशेष युक्ततु नरेंद्र-शासनात् सपद्मखंडं वनमेवनिर्ययौ। ततः शिवं कुसुमितबालपादपं, परिभ्रमत् प्रमुदितमत्तकोकिलम्, विमानवत्सकमलचारु दीर्घिकं ददर्श तद्वनमिव नंदनवनम्'। इस उद्यान में कुसुमित बालपादप, प्रमुदित कोकिलाएं तथा कमलों से भरी पूरी झील शोभायमान थीं। यह उद्यान कपिलवस्तु के निकट ही स्थित था।

पद्मसर

'रम्यं पद्मसरः गत्वा कालकूटमतीत्य च'—महा० सभा०, 20,26। इस उल्लेख से सूचित होता है कि यह सरोवर कालकूट के निकट ही स्थित होगा। कालकूट संभवतः पश्चिमी उ० प्र० का कोई स्थान था।

पद्मा (पूर्व बंगाल, पाकि०)

गंगा ब्रह्मपुत्र की संयुक्तधारा का नाम।

पद्मालय=प्रयाग

पद्मावती

(1)=उज्जयिनी

(2) (जिला ग्वालियर, म० प्र०) सिंध तथा पार्वती (पारा) नदियों के संगम पर स्थित, ग्वालियर से प्रायः 40 मील दूर तीसरी चौथी शती ई० में नाग-नरेशों की प्राचीन राजधानी। भवभूति ने मालतीमाधव में इस नगरी के सौंदर्य तथा वैभवविलास का वर्णन किया है। पद्मावती का अभिज्ञान वर्तमान पदमपवाया नामक ग्राम से किया गया है जो नरवर से 25 मील उत्तरपूर्व में है। (दे० पद्मपुर)। गुप्तसम्राट समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति में राजा गणपति नाग का उल्लेख है जिसे समुद्रगुप्त ने हराकर अपने अधीन कर लिया था। विद्वानों के मत में यह पद्मावती ही का राजा था। नाग-राजाओं के अनेक सिक्के यहां से प्राप्त हुए हैं तथा प्रथम शती ई० से 8वीं शती ई० तक के अनेक ऐतिहासिक अवशेष भी मिले हैं। इनमें प्रमुख हैं ईंटों के बने एक विशाल भवन के खंडहर। यह भवन कई खंडों का था। भारत में इस स्थान के अतिरिक्त केवल अहिच्छत्र ही में इस प्रकार के विशालकाय भवनों के अवशेष मिले हैं। जान पड़ता है कि ये भवन नागवास्तुकला के उदाहरण हैं क्योंकि दोनों ही स्थानों पर

नागनरेशों का आधिपत्य था। विष्णुपुराण 4 24,63 में पद्मावती के नागराजाओं का उल्लेख है—'इत्साखाखिलक्षत्रजाति नवनागाः पद्मावत्यां नाम पुर्यामनुगंगा-प्रयाग गयायाश्च मागधा गुप्तांश्च भोक्ष्यन्ति'।

(3) कटक (उड़ीसा) का एक नाम जो पर्याप्त काल तक प्रसिद्ध रहा।

(4) पश्चिम रेलवे के उनाई-वासदा स्टेशन से 2 मील दूर पद्मावती नामक एक प्राचीन नगरी के खंडहर प्राप्त हुए हैं। कहते हैं कि उनाई के पास ही शरभंग-ऋषि का आश्रम था। (दे० उनाई दर)। कुछ लोगों के मत में यह नगरी पुराण-प्रसिद्ध पद्मावती है किंतु यह अभिज्ञान संदिग्ध जान पड़ता है। [दे० पद्मावती (1)]

(5) (दे० पन्ना)

पणियभूमि

जैनग्रंथ कल्पसूत्र के अनु , इस स्थान पर तीर्थंकर महावीर ने अपने जीवन के छः वर्ष बिताए थे। यह स्थान वैशाली के निकट था।

पनागर (जिला जबलपुर, म० प्र०)

इस प्राचीन ग्राम में कलचुरिकाल की शिल्प तथा मूर्तिकला के अत्यंत सुंदर उदाहरण प्राप्त हुए हैं। यहां जैन संप्रदाय का एक मंदिर है तथा खैरमाई नाम से प्रसिद्ध जैन देवी अंबिका की एक फुट से अधिक ऊंची प्रतिमा उसमें स्थित है। देवी के मस्तक पर तत्कालीन जैन परंपरा के अनुसार नेमिनाथ की पद्मासनावस्था मूर्ति आसीन है। पृष्ठ भाग में विशाल आम्रवृक्ष की आकृति अंकित है।

पन्ना (म० प्र०)

बुंदेलखंड की भूतपूर्व रियासत जहां बुंदेलानरेश छत्रसाल ने औरंगजेब की मृत्यु (1707 ई०) के पश्चात् अपने राज्य की राजधानी बनाई थी। मुगल सम्राट् बहादुरशाह ने 1708 ई० में छत्रसाल की सत्ता को मान लिया। कहा जाता है कि इस नगरी का प्राचीन नाम पद्मावती या पद्मावती-पुरी था जो पद्मावती देवी के नाम पर पड़ा था। देवी का मंदिर बस्ती के दूसरी ओर उत्तरपश्चिम में, एक नाले के पार आज भी स्थित है। वर्षाऋतु में यह नाला मंदिर के पास एक झरने का रूप धारण कर लेता है। झरने के ऊपर मंदिर से प्रायः एक फर्लांग की दूरी पर हनुमान जी का मंदिर है। स्थानीय जनश्रुति में पुराने जमाने में पन्ना की बस्ती नाले के उस पार थी जहां राज गोंड और कोल लोगों का राज्य था। 2 मील उत्तर की ओर महाराज छत्रसाल का पुराना महल आज भी खंडहर के रूप में वर्तमान है। पन्ना को 18वीं-19वीं शतियों में पर्णा कहते थे। यह नाम तत्कालीन राज्यपत्रों में उल्लिखित

है। ऐचिसन के प्रसिद्ध सधिपत्रो में तथा राजकीय चिट्ठियों में (1787,1822, 1831,1840,1863 ई०) इस नाम का ही उल्लेख है। निस्संदेह पन्ना पर्णा का ही अपभ्रंश है। पाडव नामक एक अति प्राचीन स्थल पन्ना-छतरपुर मार्ग में स्थित है। कहा जाता है कि पाडवो ने अपने वनवास काल का कुछ समय यहा व्यतीत किया था। यहा एक 30 फुट लबी गुफा के अदर, जो अति प्राचीन जान पडती है, कुछ अर्वाचीन मूर्तिया तथा शिव प्रतिमाए अवस्थित हैं। गुफा की प्रस्तरभित्ति में प्रकोष्ठ के समान एक सरचना दिखाई पडती है। आसपास के जगल में अनेक वन्य पशु-पक्षियों का बसेरा है। कुछ अन्य टूटी फूटी सरचनाए भी पास ही स्थित हैं जो पाडवों के रहने के स्थान बताए जाते हैं। पास ही तालाब है जिसके एक किनारे पर एक सुदृढ़ इमारत है जिसमे दो कमरे हैं जिनकी दीवारें प्राय. चार फुट मोटी हैं। सामने का चबूतरा हाल ही मे बना है। दूसरी ओर एक ऊचे स्थल से गिरता हुआ झरना दिखलाई देता है जो प्रस्तर-खडों में से बहता हुआ नीचे गिरता है और एक कूप मे जाकर समाप्त हो जाता है।

पन्हाला=परनाला (महाराष्ट्र)

परनाले के दुर्ग के पास 1659 ई० में महाराष्ट्र केसरी शिवाजी तथा बीजापुर के सेनापति रनदौला (या रणदूलह) रुस्तमे जमान में एक मुठभेड हुई थी। रुस्तमे जमान बीजापुर की रियासत के दक्षिण पश्चिमी भाग का सूबेदार था। अफ्जलखा की मृत्यु के पश्चात् बीजापुर की ओर से अफजलखा के पुत्र फजलखा को साथ लेकर इसने शिवाजी पर चढाई की। परनाले की लडाई में रुस्तमे जमान बुरी तरह से हारकर कृष्णा नदी की ओर भाग गया। कविवर भूषण ने इस घटना का वर्णन यों किया है—'अफ्जलखा रुस्तमे जमान फत्तेखान कूटे लूटे जूटे ए वजीर विजैपुर के' शिवराजभूषण, 241; 'भेजना है भेजो सो रिसालें शिवराज जू की बाजी करनालें परनालें पर आय कें'—शिवाबावनी 28। मई 1660 ई० मे बीजापुर की ओर से सिद्दी जोहर ने पन्हाला के किले को घेर लिया किंतु शिवाजी वहां से पहले ही निकल चुके थे।

पपन्नापेट (जिला मदेक, आध्र)

ग्राम के चतुर्दिक एक प्राचीन सुदृढ दुर्ग स्थित है जो आज भी अच्छी दशा मे है।

पपौत्त (बुदेलखड, म० प्र०)

मध्ययुगीन बुदेलखड की वास्तुकला के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

पौरा (ज़िला टीकमगढ़, म० प्र०)

प्राय: 75 प्राचीन जैन मंदिर इस रमणीक पहाड़ी स्थान में बने हुए हैं। इनमें प्राचीनतम अब से प्राय: आठ सौ वर्ष पुराना है।

पभोसा, पभोसी (ज़िला इलाहाबाद, उ० प्र०)

भरवारी स्टेशन के निकट है। यहां प्रभास-क्षेत्र नामक एक पहाड़ी पर एक प्राचीन जैन मंदिर है जिसका संबंध जैन तीर्थंकर पद्मप्रभु से बताते हैं। यह नगर शुंगकाल में प्रभास कहलाता था। यहां से प्राप्त एक अभिलेख में शुंगवंशी नरेश बृहस्पति मित्र (दूसरी शती ई० पू०) का उल्लेख है। इसके सिक्के कौशांबी तथा अहिच्छत्र में भी मिले हैं। संभवतः मोरा ग्राम (ज़िला मथुरा) से प्राप्त अभिलेख में भी इसी राजा का उल्लेख है। इसकी पुत्री यशोमती मथुरा के किसी राजा को ब्याही थी। (दे० मथुरा-संग्रहालय-परिचय पृ० 8)। पभोसा कौशांबी से अधिक दूर नहीं है।

पयस्विनी

(1) श्रीमद्भागवत 11,5,39-40 में दक्षिण भारत की नदियों में पयस्विनी का नामोल्लेख है—'ताम्रपर्णी नदी यत्र कृतमाला पयस्विनी, कावेरी च महापुण्या प्रतीची च महानदी'। पयस्विनी नदी संभवतः दक्षिण भारत की पालार है। श्रीमद्भागवत, 5,19,18 में भी इसका उल्लेख है—'कावेरी वेणी पयस्विनी शर्करावर्ता तुंगभद्रा कृष्णा—'।

(2) चित्रकूट (ज़िला बांदा, उ० प्र०) के निकट बहने वाली नदी वर्तमान पिसुनी। चित्रकूट के निकट ही पयस्विनी और मंदाकिनी का संगम राघव-प्रयाग है। तुलसीदास जी ने रामचरितमानस अयोध्याकांड चित्रकूट के वर्णन में लिखा है—'लषण दीख पय उतर करारा, चहु-दिसि फिर्‌यो धनुष जिमि नारा'। इसकी टीका में 'पय' का अर्थ करते हुए कुछ टीकाकारों ने पयस्विनी नदी का निर्देश किया है। वाल्मीकि ने चित्रकूट के वर्णन में मुख्य नदी मंदाकिनी का ही वर्णन किया है। वास्तव में पयस्विनी इसी की उपशाखा है। (दे० चित्रकूट, मंदाकिनी)।

पयोष्णी

(1) तापी या ताप्ती की उपनदी जो विंध्याचल की दक्षिण-पूर्वी पहाड़ियों से निकलकर ताप्ती में मिल जाती है। महाभारत वन० 87,4-5-6-7 में इस नदी का राजा नृग से संबंध बताया गया है, (जैसा चर्मण्वती का संबंध राजा रंतिदेव से है) जिन्होंने इस नदी के तट पर स्थित वाराह तीर्थ में अनेक यज्ञ किए थे—'राजर्षेस्तस्य च सरिन्नृगस्य भरतर्षभ, रम्यतीर्था बहुजला

पयोष्णी द्विजसेविता। अपिचात्र महायोगी मार्कंडेयो महायशाः, अनुवंश्या जगौगाथा नृगस्य धरणीपतेः, नृगस्य यजमानस्य प्रत्यक्षमिति नः श्रुतम्, अमाद्यदिंद्र. सोमेन दक्षिणाभिर्द्विजातयः। पयोष्ण्या यजमानस्य वाराहे तीर्थ उत्तमे, उद्धृत भूतलस्थ वा वायुना समुदीरितम्। पयोष्ण्या हरते तोय पापमामरणान्तिकम्'। महाभारत भीष्म० 9,20 में भी पयोष्णी का उल्लेख है—'दारावर्ती पयोष्णीं च वेणा भीमरथीमपि'। श्रीमद्‌भागवत 5,19,18 मे पयोष्णी का नामोल्लेख इस प्रकार है—'कृष्णा, वेण्या, भीमरथी गोदावरी निर्विध्या पयोष्णी तापी रेवा —' कुछ लोगों के मत मे तापी और पयोष्णी एक ही हैं जैसा कि उनके नामार्थ से भी सूचित होता है किंतु श्रीमद्‌भागवत के उल्लेख मे दोनों नदियों का अलग-अलग नाम दिया हुआ है। इनकी भिन्नता विष्णु० 2,3,11 के उल्लेख से भी सूचित होती है—'तापी पयोष्णी निर्विध्या प्रमुखा ऋक्ष संभवा' —इसमे तापी और पयोष्णी दोनों को ऋक्ष पर्वत से उद्‌भूत माना है। जैसा ऊपर कहा गया है वास्तव मे ये दो नदियां हैं जो निकलती तो एक ही पर्वत से हैं किंतु काफी दूर तक अलग-अलग मार्ग से बहती हुई आगे जाकर मिल जाती हैं।

(2)=पयस्णी

(3)=पयस्विनी (2)

परकर

गुप्तकालीन गणतंत्रराज्य जिसकी स्थिति संभवतः वर्तमान मध्यप्रदेश के उत्तरी और मध्य भाग मे रही होगी। इस भाग के अन्य राज्य थे, खाक (=काक), सनकानिक आदि। इसका उल्लेख समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति मे है।

परकोटा (जिला सागर, म० प्र०)

इस ग्राम को उदानशाह राजपूत ने 1650 ई० के लगभग बसाया था (दे० सागर)।

परखम (जिला मथुरा, उ० प्र०)

मथुरा से 14 मील दूर आगरा-दिल्ली मार्ग पर स्थित ग्राम, जहां से एक यक्ष की विशालकाय मूर्ति प्राप्त हुई थी जो अब मथुरा संग्रहालय मे है। मूर्ति मे यक्ष को 'सुन्दर ढंग से धोती, दुपट्टा तथा कुछ छादे पहने, जैसे कर्णफूल, गुलूबंद, ग्रैवेयक आदि पहनाए गए हैं। मूर्ति की चरण-चौकी पर मौर्यकालीन ब्राह्मी लिपि मे तीन पंक्तियों का एक लेख खुदा है जिससे ज्ञात होता है कि कुणिक के शिष्य गोमित्र ने इस मूर्ति को बनाया

था (दे० पुरातत्व संग्रहालय, मथुरा, परिचय पृ० 3)। परखम से प्राप्त यह मूर्ति मथुरा की प्राचीनतम मूर्ति है। यह मौर्यकालीन है किंतु फिर भी इस पर प्रमार्जन नहीं है जो तत्कालीन स्थापत्य की विशेषता थी (जैसे अशोक प्रस्तर स्तंभों का चमकीला प्रमार्जन)। इस मूर्ति के आधार पर मथुरा मूर्ति कला की परंपरा में शुंगकाल में यक्षों की तथा कुषाणकाल में बोधिसत्वों की मूर्तियों का निर्माण हुआ था।

परतगण

'मारुता धेनुकाश्चैव तगणा परतगणा, बाल्हिकास्तित्तराश्चैवचोला-पाड्याश्च भारत'—महा० भीष्म० 50,51, 'पारदाश्च पुलिंदाश्च तगणा परतगणा.' सभा० 52,3 इन उल्लेखों से तगणों और परतगणों के जनपदों की स्थिति वर्तमान दक्षिणी-पश्चिमी एशिया के भूभाग में सूचित होती है। दूसरे उल्लेख के प्रसंग में इन दोनों जनपदों को शैलोदा (=वर्तमान खोतान नदी) के तटवर्ती प्रदेश में स्थित कहा गया है। यहां के योद्धा पांडवों की ओर से महाभारत युद्ध में लड़े थे। (दे० तगण, मरुत्, धेनुक)। श्री वा० श० अग्रवाल के अनुसार परतगण जनपद कुमू-गागड़ा के पूरब में स्थित भोट के इलाके का एक भाग है (दे० कादंबिनी—अक्तूबर, 62)।

परतियाल (मैसूर)

कृष्णा नदी की घाटी में स्थित इस स्थान से प्राचीन समय में हीरे निकाले जाते थे। 1701 ई० में पिट या रीजेंट नामक हीरा यहां की खानों से निकाला गया था। इसका नाम इंगलैंड के तत्कालीन मंत्री पिट के नाम पर प्रसिद्ध हुआ था। इस हीरे का भार मूलतः 410 कैरेट था जो अब कटते छटते केवल 137 कैरेट रह गया है। आजकल यह हीरा फ्रांस में लूव्र की अपोलो गैलरी में प्रदर्शित है। इसका मूल्य अड़तालीस सहस्र पाउंड कूता गया है।

परथालिस

प्राचीन रोम के इतिहास लेखक प्लिनी (प्रथम शती ई०) के अनुसार परथालिस नामक नगर कलिंग (उड़ीसा) की राजधानी था। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है। (दे० कलिंग)

परनाला=पन्हाला

परभणी (महाराष्ट्र)

इस जिले से पाषाणयुगीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। गोदावरी तथा उसकी सहायक नदियों की घाटियों में कंकड़ तथा चिकनी मिट्टी की स्तरों में परिभूत जीवों की हड्डियां मिली हैं। यह भूभाग अशोक के समय उसके राज्य के

दक्षिणी भाग को जाने वाले मार्ग पर स्थित था। परभणी एक समय देवगिरि के यादव नरेशों के अधिकार में था। नगर में स्थित किला इसी काल का बना हुआ है। यादव नरेशों के समय में भगवान् शिव की पूजा बहुत प्रचलित थी। परभणी जिले में वे घटनास्थलियां हैं जहाँ बहमनी रियासतों में से अहमदनगर तथा बरार में परस्पर लड़ाइयाँ हुई थीं।

परमकांबोज

'लोहान् परम कांबोजानृषिकानुत्तरानपि, सहितास्तान् महाराज व्यजयत् पाकशासनि' महा० सभा० 27,25। अर्जुन ने अपनी उत्तर की दिग्विजय में परमकांबोजदेश पर विजय प्राप्त की थी। प्रसंगानुसार इसकी स्थिति वर्तमान सिक्यांग या चीनी तुर्किस्तान में जान पड़ती है। कंबोज कश्मीर के उत्तर पश्चिमी इलाके में था। परम कंबोज नाम अवश्य ही कंबोज के परे, उत्तर पश्चिम में स्थित देश को ही कहा गया होगा (दे० उत्तरऋषिक, कंबोज)।

परमरासस्थली (दे० पारासोली)

परली (दे० सज्जनगढ़)

परशुराम कुंड (दे० रामह्रद)

महाभारत अनुशासन० में वर्णित एक तीर्थ जो विपाशा या बियास के तट पर स्थित रहा होगा क्योंकि इसका उल्लेख पंजाब की इसी नदी के प्रसंग में है।

परशुरामक्षेत्र (दे० शूर्पारक)

शूर्पारक देश जो अपरांत भूमि में स्थित था, परशुराम के लिए सागर द्वारा उत्सृष्ट किया गया था—महा० शांति० 49,66-67।

परशुरामपुरी (राजस्थान)

पुष्कर और सांभर के बीच में सरस्वती नदी के तट पर स्थित है। कहा जाता है कि 15वीं शती के मध्य में आचार्य परशुराम देव ने इस स्थान से होकर आने जाने वाले यात्रियों को मुसल्मान शासकों के उत्पीड़न से मुक्त किया था और इसी कारण यह स्थान इन्हीं के नाम पर प्रसिद्ध हुआ। शेरशाह सूरी ने जो स्वयं इस स्थान पर आया था, परशुरामपुरी का नाम अपने पुत्र सलेमशाह के नाम पर सलेमाबाद कर दिया था।

परांत

अपरांत का संक्षिप्त रूप है। श्री वि० वि० वैद्य के अनुसार वर्तमान सूरत जिले का परिवर्ती प्रदेश महाभारत काल में परांत कहलाता था। (दे० अपरांत)

परा (पारा)=पार्वती नदी

परास=पलाशिनी (2)

परिचक्रा

शतपथ ब्राह्मण 13,5,4,7 में पंचाल देश की इस नगरी का नामोल्लेख है। वेबर ने इसका अभिज्ञान महाभारत की एकचक्रा (=अहिच्छत्र) से किया है—(दे० वैदिक इंडेक्स 1,494)। परिचक्रा नाम से शायद यह व्यंजित होता है कि इस नगरी का आकार चक्र के समान वर्तुल रहा होगा या संभव है अहिच्छेत्र की 'छत्र' से संबद्ध परम्परा से इसका नामकरण (चक्र—छत्र के समान गोल आकृति) हुआ हो—(दे० एकचक्रा, अहिच्छत्र)। परिचक्रा का रूपान्तर परिवक्रा भी मिलता है।

परिणाह (दे० कुरु)

परिमुद

बंबई के निकट साल्सेट द्वीप; यूनानी लेखकों का पेरीमूला (Perimula)।

परियर (ज़िला उन्नाव, उ० प्र०)

प्राचीन किंवदंती के अनुसार गंगातट पर स्थित इस ग्राम में वाल्मीकि ऋषि का आश्रम था। यहां से ताम्रयुगीन अवशेष भी प्राप्त हुए हैं (दे० वाल्मीकि आश्रम)।

परियार

केरल की नदी जो प्राचीन साहित्य की प्रतीची है। (दे० प्रतीची, चूर्णी)।

परिवक्रा (दे० परिचक्रा) (=अहिच्छत्र)

परीक्षितगढ़ (ज़िला मेरठ, उ० प्र०)

हस्तिनापुर से प्रायः 10 मील दूर स्थित है। कहा जाता है कि महाभारत के युद्ध के पश्चात् कुरुदेश की राजधानी हस्तिनापुर गंगा की बाढ़ में बह गई थी, इसलिए पांडवों के पौत्र और अभिमन्यु के पुत्र परीक्षित ने हस्तिनापुर के निकट परीक्षितगढ़ नामक नया नगर बसाया था। परीक्षतगढ नाम का कस्बा अभी तक विद्यमान है।

परुष्णी

पंजाब की प्रसिद्ध नदी रावी या इरावती का वैदिक नाम। इसका ऋग्वेद, मंडल 10, सूक्त 75 (नदी सूक्त) में उल्लेख है—'इमं मे गंगेयमुने सरस्वति शुतुद्रिस्तोमं सचता परुष्ण्या असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया'। जान पड़ता है कि परुष्णी नाम वैदिक काल में ही प्रचलित था क्योंकि परवर्ती साहित्य में इस नदी का नाम इरावती मिलता है।

अलक्षेंद्र के समय के इतिहास लेखकों ने भी इस नदी को ह्यारोटीज (Hyarotis) लिखा है जो इरावती का ग्रीक उच्चारण है। रावी इरावती का ही अपभ्रंश है। ऋग्वेद के अनुसार परुष्णी नदी के तट पर ही तृत्स गण के राजा सुदास ने दस राजाओं की सम्मिलित सेना को हराया था। सुदास ने, जिसका राज्य परुष्णी के पूर्वी तट पर था, पश्चिम से आक्रमण करने वाले नरेश-संघ की सेना को नदी पार करने से पहले ही परास्त कर पीछे ढकेल दिया था। ऋग्वेद 8,74 ('सत्यमित्वा महेनदि परुष्ण्यवदेदिशम्' आदि) में परुष्णी के निकट अनु के वंशजों का निवास बताया गया है। अनु ययाति का पुत्र था। वैदिक काल के पश्चात् इसी प्रदेश में मद्रक तथा केकय बस गए थे। [दे० इरावती (1)]

परेंडा (जिला उसमानाबाद, महाराष्ट्र)

बहमनी राज्य के प्रसिद्ध बुद्धिमान् मंत्री महमूद गवां का बनवाया हुआ किला इस स्थान का मुख्य ऐतिहासिक स्मारक है। इसमें कई बड़ी-बड़ी तोपें रखी हुई हैं। 1605 ई० में मुगलों का अहमदनगर पर अधिकार होने के पश्चात् निजामशाही सुलतानों ने अपनी राजधानी यहां बनाई। तत्पश्चात् बीजापुर के सुलतान आदिलशाह ने इस पर अधिकार कर लिया। 1630 ई० में शाहजहां ने परेंडा का घेरा डाला और फिर औरंगजेब ने अपनी दक्षिण की सूबेदारी के समय इस पर पूर्ण रूप से अधिकार कर लिया। परेंडा का क़िला तो अच्छी दशा में है किंतु पुराना नगर अब खंडहर हो गया है। खंडहरों का विस्तार देखते हुए जान पड़ता है कि प्राचीन समय में यह नगर काफी लम्बा-चौड़ा रहा होगा। संभवतः परेंदा का ही उल्लेख शिवाजी के राजकवि भूषण ने शिवराजभूषण 214 में परेंडा के रूप में किया है—'बेदर कल्यान दे परेंडा आदि कोट साहि एदिल गवाए है नवाए निज सीस को'। यह किला बीजापुर के सुलतान आदिलशाह से शिवाजी ने छीन लिया था। इसी तथ्य का वर्णन भूषण ने किया है (एदिल=आदिलशाह)।

परेंडा (दे० परेंदा)

परेश्वर (जिला आदिलाबाद, आ० प्र०)

इस स्थान से नवपाषाणयुगीन अवशेष, पत्थर के उपकरणादि—प्राप्त हुए हैं जिससे इस स्थान की प्रागैतिहासिकता सिद्ध होती है।

परौली (जिला कानपुर, उ० प्र०)

भीतरगांव से दो मील उत्तर की ओर स्थित है। यहां भीतरगांव की भांति ही एक गुप्तकालीन शिखरसहित मंदिर के अवशेष हैं। यह संभवतः

भुजाओं वाले आयताकार स्थान को घेरे हुए हैं। इसका मध्यवर्ती गर्भगृह वर्तुल है न कि भीतरगाव के मंदिर की भांति वर्गाकार।

पर्णखड (जिला गढवाल, उ० प्र०)

बदरीनाथ के नीचे का पहाड़ी प्रांतर। कहा जाता है कि पार्वती ने शिव को प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या करते हुए धीरे-धीरे सब प्रकार के भोजन छोड़ दिए, यहा तक कि वृक्षों के पत्ते भी खाना त्याग दिया। इसी कारण वे अपर्णा कहलाई। लोकश्रुति है कि यह भूमि पार्वती की तप स्थली है और उनकी तपस्या का पत्तो या पर्णों से सबध होने के कारण ही पर्णखड कहलाती है। (पार्वती की इस घोर तपस्या का वर्णन कुमार सभव 5,28 मे इस प्रकार है—'स्वय विशीर्णद्रुमपर्णवृत्तिता परा हि काष्ठा तपसस्तया पुन., तदप्यपाकीर्ण-मत. प्रियवदा, वदन्त्यपर्णेति च ता पुराविद.'।) तुलसीदास ने भी रामचरित-मानस बाल० मे अपर्णा का निर्देश इसी प्रकार किया है—'पुनि परिहरऊ सुखानउ परना, उमा नाम तब भयऊ अपरना'।

पर्णशाला

यामुन पर्वत की तलहटी में स्थित विद्वान ब्राह्मणों का एक ग्राम, जिसका उल्लेख महा० अनुशासन० 68, 3-4 मे है—'मध्यदेशे महान् ग्रामो ब्राह्मणाना बभूव ह। गगायमुनयोर्मध्ये यामुनस्य गिरेरध:। पर्णशालेति विख्यातो रमणीयो नराधिप, विद्वासस्तत्र भूयिष्ठा ब्राह्मणाश्चावसस्तथा।'

पर्णा=पन्ना

पर्णाशा

'चर्मण्वती तथा चैव पर्णाशा च महानदी'—महा० सभा० 9-20। पर्णाशा राजस्थान की बनास नदी है।

पर्णोत्स

चीनी यात्री युवानच्वांग के यात्रा-वृत्त मे इस राज्य को कश्मीर के अधीन कहा गया है। पर्णोत्स का अभिज्ञान पुछ (काश्मीर) से किया गया है। सभवत. पुछ पर्णोत्स का ही अपभ्रश है। (दे० स्मिथ—अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया—पृ० 368)

पर्शुस्थान

पर्शु नामक एक युयुत्सु जाति का पाणिनि ने उल्लेख किया है (अष्टाध्यायी 5,3,117) जो भारत के उत्तर-पश्चिम के प्रदेश में, सभवत: काबुल के निकटवर्ती भूभाग में निवास करती थी। पर्शुस्थान इन्हीं के देश का नाम था। यहीं मस्सदा की स्थिति थी। पर्शु या पार्शव का सबध पारस

या ईरान देश से भी हो सकता है। (दे० अलसदा)

पलाशपुर

जैन सूत्र अतकृत दसाग में उल्लिखित एक नगर जहा के राजकुमार अतिमुक्त की कहानी इस सूत्र में वर्णित है। अभिज्ञान सदिग्ध है।

पलाशिनी

(1) (सौराष्ट्र, गुजरात) जूनागढ के निकट बहने वाली नदी जिसे अब पलाशियो कहते हैं। इसके नाम का कारण नदी तट पर पलाश (=ढाक) के जगलो का होना है। पलाशियो के आसपास आज भी पलाश के विस्तृत जगल पाए जाते हैं। गिरनार की चट्टान पर उत्कीर्ण रुद्रदामन् तथा सम्राट् स्कदगुप्त के अभिलेखो मे ज्ञात होता है कि पूर्वकाल मे सुवर्णसिक्ता (=वर्तमान सोनरेख) और पलाशिनी नदियों का पानी रोककर सिचाई के लिए सुदर्शन नाम की एक झील बनवाई गई थी जिसका बाध घोर वर्षा के कारण टूट गया था। 453 ई० मे सौराष्ट्र के शासक चक्रपालित ने जो स्कदगुप्त द्वारा नियुक्त था इस बाध का जीर्णोद्धार करवाया था—'सुवर्णसिकता पलाशिनी प्रभृतीना नदीनामतिमात्रोद्‌वृत्तवेगैं सेतुमयमाणानुरूप प्रतिकारमपि'। (दे० गिरनार)।

(2) छोटा नागपुर की नदी। वह कोयल की सहायक नदी है। इसे अब परास कहते हैं।

पलासी (पश्चिमी बगाल)

पलासी का प्रसिद्ध युद्ध 1757 ई० मे बगाल के नवाब सिराजुद्दौला तथा ईस्ट इडिया कपनी की सेनाओं के बीच हुआ था जिसमे क्लाइव की कूटनीति के कारण अगरेजों की विजय हुई। पलासी के युद्ध के परिणामस्वरूप अगरेजों का प्रभुत्व बगाल में स्थापित हो गया। इस युद्ध से अगरेजो को भारतीय राज्यों के दुर्बल सैनिक सघटन का पता चल गया। कहा जाता है कि पलाश अथवा ढाक के वृक्षों की बहुतायत होने से ही इस ग्राम को पलासी कहा जाता था। यह भागीरथी (गगा) के वाम तट पर बसा है।

पलुर (जिला गजम, उडीसा)

गोपालपुर के निकट यह अति प्राचीन बन्दरगाह था जहां से भारत के व्यापारी मलय प्रायद्वीप तथा जावा द्वीप की यात्रा के लिए जलयानों मे सवार होते थे। निकटवर्ती ताम्रलिप्त (तामुलक) का बन्दरगाह भी पलुर का समकालीन था। इसका समृद्धिकाल ई० सन् के प्रारम्भ से उत्तरगुप्तकाल तक समझना चाहिए। प्राचीन रोम के भौगोलिक टॉलमी ने इसका उल्लेख किया है।

पल्लविहार

पालनपुर (गुजरात) का प्राचीन नाम। इसका उल्लेख जैन ग्रंथ तीर्थमालाचैत्य वदन में इस प्रकार है—'कुतीपल्लविहार तारणगढे सोपारवारासने'।

पल्लावरम् (मद्रास)

मद्रास के निकट इस स्थान पर प्रागैतिहासिक युग के (नवपाषाणकालीन) अनेक समाधिस्थल पाए गए थे जिनमे अनेक शवों के अवशेष विद्यमान थे।

पवनगढ़ (महाराष्ट्र)

(1) पवनगढ़ के दुर्ग पर 17वीं शती के मध्य मे अफजलखां को मारने के पश्चात् महाराष्ट्रकेसरी शिवाजी ने अपना अधिकार कर लिया था। पहले यह दुर्ग बीजापुर के सुलतान के अधीन था।

(2)=पावागढ (दे० चांपानेर)

पद्मावा=पदमपवाया (दे० पद्मावती)

पवित्रा

विष्णुपुराण 2,4,43 में उल्लिखित कुशद्वीप की एक नदी—'धूतपापा शिवा चैव पवित्रा सम्नतिस्तया, विद्युदम्भामही चान्या सर्वपापहरास्त्विमा.'।

पवैया (प० पाकि०)

छठी शती ई० मे हूण नरेश तोरमाण तथा उसके पुत्र मिहिरकुल के राज्य का एक नगर जो चिनाब नदी के तट पर बसा था और हूणों की शक्ति का, शाकल या स्यालकोट के साथ ही, प्रसिद्ध केन्द्र था। (दे० जर्नल ऑव बंगाल एण्ड उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी मार्च 1928, पृ० 33)

पशुपतिनाथ (नेपाल)

काठमांडू से २ मील उत्तर मे बसे हुए इस स्थान पर विष्णुमती नदी के तट पर प्रसिद्ध शिवमंदिर स्थित है। पशुपतिनाथ का मंदिर बहुत प्राचीन है और शायद महाभारत मे इसी को पशुभूमि नाम से अभिहित किया गया है। शिवरात्रि के दिन यहां भारत और नेपाल भर के यात्री पहुंचते हैं। (दे० पशुभूमि)।

पशुभूमि

महाभारत सभा० 30,9 मे भीम की दिग्विजययात्रा के प्रसंग मे इस स्थान पर उनकी विजय का वर्णन है—'अतपानमर्यादश्चैव पशुभूमि च सर्वश:, निवृत्य च महाबाहुर्मंदधार महीधरम्'। कई विद्वानों के मत मे पशुभूमि पशुपतिनाथ (नेपाल) का पर्याय है किंतु श्री वा० श० अग्रवाल का मत है कि यह स्थान गिरिव्रज (मगध) के आसपास की चरागाहभूमि का नाम था।

जैन आगमों के अनुसार दस सहस्र गौओं की चारण-भूमि को व्रज कहते थे और गिरिव्रज का नाम यहां विस्तृत चरागाहों की स्थिति के कारण ही हुआ था।

पहाड़पुर (जिला राजशाही, बंगाल)

श्री का० ना० दीक्षित ने पुरातत्व विभाग की ओर से किए गए उत्खनन में इस स्थान से एक गुप्तकालीन मंदिर के ध्वंसावशेषों को प्राप्त किया था। खंडहरों से गुप्तसंवत् 159=478-479 ई० का एक दानपट्ट भी मिला था। इसमें किसी ब्राह्मणदम्पति द्वारा एक जैन (निर्ग्रन्थ) विहार के लिए भूमिदान का उल्लेख है। पहाड़पुर में राधा और कृष्ण की मूर्तियां भी मिली हैं। गुप्तकाल की ऐसी मूर्तियां कहीं और प्राप्त नहीं हुई हैं।

पहूज

यमुना की सहायक नदी जो बुंदेलखंड के क्षेत्र में बहती है। यह भीष्मपर्व महा० में उल्लिखित पुष्पवती हो सकती है।

पांचजन्य

महाभारत के अनुसार द्वारका के पूर्व की ओर स्थित रैवतक नामक पर्वत के निकट पांचजन्य नामक वन सुशोभित था। इसी के पास सर्वर्तुक वन भी था। इन दोनों वनों को चित्रित वस्त्र की भांति रंग बिरंगा कहा गया है— 'चित्रकंबल वर्णाभपांचजन्यवनं तथा सर्वर्तुक वनंचैव भाति रैवतक प्रति' सभा० 38 (दाक्षिणात्य पाठ)।

पांचाल (दे० पंचाल)

पांडर=पांडव (२)

पांडरेथान (कश्मीर)

श्रीनगर से तीन मील उत्तर में है। कहा जाता है कि अशोक का बसाया हुआ श्रीनगर इसी स्थान पर था। यहां स्थित प्राचीन मंदिर वास्तुशैली की दृष्टि से अनंतनाग के प्रसिद्ध मार्तंड मंदिर की परम्परा में है। (दे० श्रीनगर।)

पांडव

(1) दे० पन्ना

(2) (बिहार) राजगृह की पांच पहाड़ियों में से एक का नाम। महाभारत सभा० 21 में इसे पांडर कहा है जो पांडव का रूपांतरण या पाठांतर हो सकता है। इसके नाम से, इसका संबंध पांडवों से सूचित होता है। महा० सभा० 21 दाक्षिणात्य पाठ में पांडर का उल्लेख इस प्रकार है—'पांडर विपुलेचैव तथा वाराहकेऽपिच, चैत्यके च गिरिश्रेष्ठे मातंगे च शिलोच्चये'।

पालीग्रंथों में पांडर को पोडव लिखा गया है (दे० ए गाइड टु राजगीर पृ० 1)

पांडवगुफा (जिला नासिक, महाराष्ट्र)

नासिक से 5 मील दूर बंबई के मार्ग पर 24 प्राचीन गुफाएं हैं जिनमें अनेक बौद्ध मूर्तियां अवस्थित हैं। स्थानीय जनश्रुति में ये गुफाएं मूलतः पांडवों से संबंधित हैं।

पांडुआ (बंगाल)

गौड से 20 मील दूर बंगाल की प्राचीन राजधानी। 1575 ई० में अकबर के द्वारा नियुक्त बंगाल के सूबेदार ने गौडनगरी के सौंदर्य से आकृष्ट होकर अपनी राजधानी पांडुआ से हटा कर गौड में बनाई थी (दे० गौड़)

पांडुकेश्वर (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

जोशीमठ से बदरीनाथ के मार्ग में 9 मील दूर प्राचीन स्थान है। स्थानीय किंवदंती में इसका संबंध महाभारत के महाराजा पांडु से बताया जाता है। कहते हैं कि यहां योगबदरी के मंदिर की मूर्ति की स्थापना महाराज पांडु ने की थी तथा यही उनका जन्म-स्थान भी है।

पांडुखोली (तहसील रानीखेत, जिला अल्मोड़ा, उ० प्र०)

दूनागिरि पहाड़ से चार मील उत्तर पूर्व पांडुखोली नामक पर्वत है जहां किंवदंती के अनुसार पांडवों ने अपने अज्ञातवास का कुछ समय व्यतीत किया था।

पांडुरंग (अनाम, कंबोडिया)

प्राचीन भारतीय उपनिवेश चंपा का दक्षिणी भाग। पांचवीं शती ई० के प्रारंभ में यहां चंपा के राजा धर्ममहाराज श्रीभद्रवर्मन का आधिपत्य था। वीरपुर या राजपुर में यहां की राजधानी थी।

पांडुराष्ट्र

श्री चि० वि० वैद्य के अनुसार यह महाभारत-काल में वर्तमान महाराष्ट्र का एक भाग था।

पांडुल (लंका)

महावंश 10,20 में उल्लिखित है। इसकी स्थिति उपतिष्य नामक ग्राम के दक्षिण में बताई गई है।

पांडुलेण (जिला नासिक, महाराष्ट्र)

प्रथम शती ई० पू० से द्वितीय शती ई० तक बनी हुई चैत्यविहार गुफाएं नासिक से 5 मील दूर स्थित हैं। ये त्रिरश्मि नामक पर्वत में बनी हैं। इनमें

से कुछ तो चैत्य हैं तथा अन्य विहार के रूप मे निर्मित हैं। यहा के अभिलेखों से ज्ञात होता है कि ये गुफाए आध्रकालीन राजाओ के समय में बनी थीं। इन गुफाओं की मूर्तिकारी से आध्रकालीन सस्कृति पर काफी प्रकाश पडता है। अभिलेखों से आध्रराजा शातकर्णी तथा पुलोमी की धार्मिक श्रद्धा तथा उनके राज्यविस्तार का हाल मिलता है। ये गुफाए बौद्धधर्म के हीनयान सप्रदाय के भिक्षुओ के लिए बनी थीं। इनकी मूर्तिकला मे साची की कला की भाति ही बुद्ध की मूर्तिया नहीं बनाई गई हैं। उनकी उपस्थिति का ज्ञान उनके उष्णीष तथा अन्य प्रतीकों द्वारा कराया गया है।

पांडुवाला (जिला सहारनपुर, उ० प्र०)

हरद्वार से प्राय 10 मील पूर्व और मुडाल से छ मील पर यहा एक प्राचीन नगर के खडहर है। कनिघम ने पुरातत्त्व विभाग की ओर से 1891 ई० की रिपोर्ट में इस स्थान को ब्रह्मपुर राज्य की राजधानी माना है जहा चीनी यात्री युवानच्वाग, 630 ई० के लगभग आया था।

पांड्य

सुदूर दक्षिण का प्राचीन राज्य। कृतमाला और ताम्रपर्णी पाड्य देश की मुख्य नदिया थीं। महाभारत सभा० 31,16 में पाड्य देश के राजा का सहदेव द्वारा परास्त होने का वर्णन है 'पुलिदाश्च रणे जित्वा ययौ दक्षिणत पुर, युयुधे पाड्य-राजेन दिवस नकुलानुज'। टॉलमी (लगभग 150 ई०) ने पाडुदेश को पाडुओयी लिखा है और इसको पजाब से सबद्ध बताया है। समव है सुदूर दक्षिण के पाड्य देश और उत्तर के पाडुदेश में कुछ सबध रहा हो। प्राचीन साहित्य से ज्ञात होता है कि शूरसेन या मथुरा, जो पाडवों के प्रिय सखा श्रीकृष्ण की जन्म भूमि होने के नाते टॉलमी द्वारा उल्लिखित पाडुदेश हो सकता है, से दक्षिण भारत का कुछ सबध अवश्य था जैसा कि मेगस्थनीज के वृत्तात से भी सूचित होता है। जिस प्रकार शूरसेन देश की राजधानी मथुरा थी उसी प्रकार पाड्य देश की राजधानी भी मधुरा या वर्तमान मदुरा (मदुरै) थी। समवत उत्तर के पांडुलोग ही कालातर में दक्षिण भारत में जा कर बस गए होंगे। कात्यायन ने पाड्य शब्द की उत्पत्ति पाडु से ही बताई है। अशोक के 13 शिलाभिलेखों में पाड्य को चोल और सतियापुत्त के साथ मौर्य साम्राज्य के प्रत्यत देशो में माना गया है। कालिदास ने रघुवश 6,60-61 62 63-64 65 में इदुमती-स्वयवर के प्रसग मे पाड्यराज तथा उसके देश का मनोहारी वर्णन किया है जिसका एक अश यह है 'पाड्योऽयमसार्पितलबहारः क्लृप्तागरागोहरिचदनेन, आभाति बालातपरक्तसानु सनिर्झरोद्गार इवाद्रिराज। ताबूलवल्ली परिण-

पूगास्वेलालतालिगितचदनासु, तमालपत्रास्तरणासुरतु प्रसीद शश्वन् मलय-स्थलीषु'। इन पदो मे पाड्य देश के चदन, ताबूल, एला (इलायची) तथा तमाल वृक्षो तथा लताओ का वर्णन है और मलय पर्वत की स्थिति इस देश में बताई गई है। रघु० 6,65 मे पाड्यराज को 'इदीवर श्यामतनु' कहा है जो सुदूर दक्षिण के भारतीयो का स्वाभाविक शरीर-रग है। श्री रायचौधरी के अनुसार प्राचीन पाड्य देश मे वर्तमान मदुरा, रामनाद और तिन्नेवली के जिले और केरल का दक्षिणी भाग सम्मिलित था तथा इसकी राजधानी कोरकई और मदुरा (दक्षिण मथुरा) में थी। (पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव एशेंट इंडिया, पृ० 270)। (दे० कोरकई, मदुरा)

पांवता साहब (जिला देहरादून, उ० प्र०)

देहरादून से 30 मील पश्चिम की ओर है। इस गुरुद्वारे की स्थापना 1684 ई० मे गुरु गोविंद सिंह ने की थी। यह स्थान अपनी प्राकृतिक शोभा के लिए प्रख्यात है।

पांशुराष्ट्र

महाभारत सभा० 52,27 मे इस देश का उल्लेख है—'पाशुराष्ट्राद्वसुदानो राजा षड्विंशति गजान्, अश्वाना च सहस्रे द्वे राजन्काचन मालिनाम्'—अर्थात् युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में उपायन या भेंट के लिए राजा वसुदान ने पाशुदेश से छब्बीस हाथी और दो सहस्र सुवर्णमालाविभूषित घोड़े (भेजे)। श्री मोतीचद के अनुसार पांशुराष्ट्र उड़ीसा मे स्थित था। (दे० मोतीचद, उपायन पर्व स्टडी)

पाखल (पाखल तालुका, जिला वारगल, आं० प्र०)

वारगल से लगभग 32 मील पूर्व मे स्थित यह झील 700 वर्ष प्राचीन कही जाती है। पाखल नदी के आरपार 2000 गज का बाध बनाकर इस कृत्रिम झील का निर्माण किया गया था। बाध दो नीची पहाड़ियो के बीच मे है। कहा जाता है कि जब काकातीय नरेश प्रतापरुद्र ने दिल्लीसम्राट (मु० तुगलक) को कर देना बद कर दिया तो सम्राट् के सेनापति खिताब खां ने इस झील का बाध तोड़ दिया और झील के किनारे छिपे हुए खजाने को उठा कर ले गया। काकातीय नरेश गणपति का एक अभिलेख झील के बाध पर उत्कीर्ण है जिसमे उसे कलिंग, टाक, मालव, कारल, हूण, कोर, अरिमर्द, मगध, नेपाल आदि देशो के नरेशो का अधिपति बताया गया है।

पागन [दे० ताम्रद्वीप (2)]

पाटण=पाटन (दे० अनहिलवाड़ा)

पाटन (1)=अन्हलवाड़ा
(2)=सोमनाथ
(3)=पाटल
(4)=देवपाटन

पाटनगढ़ (ज़िला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर के पश्चिम में स्थित पाटनगढ़ के दुर्ग की गणना गढ़मंडला की वीरांगना रानी दुर्गावती के श्वसुर संग्राम सिंह (मृत्यु 1541 ई०) के बावनगढ़ों में की जाती थी।

पाटनगर

कनिंघम ने पाटनगर का भद्रावती (ज़िला चांदा, म० प्र०) से अभिज्ञान किया है। (दे० भद्रावती)

पाटनचेर (ज़िला मदेक, आ० प्र०)

वारंगल-नरेशों के समय मे यह समृद्धिशाली नगर था। यहां 12वी शती से 15वी शती तक के हिंदू मंदिरो के अवशेष हैं। 13वीं शती में निर्मित जैन मंदिर तथा काले पत्थर की बनी तीर्थंकरो की विशाल प्रतिमाएं भी विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। एक स्तंभ पर उत्कीर्ण कमलपुष्प के चतुर्दिक राशिमंडल के चित्र अंकित हैं। कुछ अन्य प्राचीन भूमिगत मंदिरो के अवशेष भी यहां से प्राप्त हुए हैं।

पाटल (सिंध, पाकि०)

यह स्थान वर्तमान ब्राह्मनाबाद के निकट था। इसका उल्लेख अलक्षेंद्र (सिकंदर) के भारत पर आक्रमण (327 ई० पू०) का वृत्तांत लिखने वाले यूनानी इतिहासकारों ने किया है। उस समय यहां एक शक्तिशाली राजा राज्य करता था। डायोडोरस लिखता है कि पाटल का शासन-प्रबंध ग्रीक राज्य स्पार्टा के समान ही होता था।

पाटलावती

चंबल की सहायक नदी जिसका उल्लेख मालतीमाधव अंक 9 मे है।

पाटलि=पाटलिपुत्र

पाटलिग्राम

महावंश मे उल्लिखित पाटलिपुत्र का नाम।

पाटलिपुत्र=पटना (बिहार)।

गौतम बुद्ध के जीवनकाल में, बिहार मे, गंगा के उत्तर की ओर लिच्छवियों का वृज्जिगणराज्य तथा दक्षिण की ओर मगध का राज्य था। बुद्ध जब अंतिम

बार मगध गए थे तो गगा और शोण नदियों के सगम के पास पाटलि नामक ग्राम बसा हुआ था जो पाटल या टाक के वृक्षों से आच्छादित था। मगधराज अजातशत्रु ने लिच्छवीगणराज्य का अत करने के पश्चात्, एक मिट्टी का दुर्ग पाटलिग्राम के पास बनवाया जिससे मगध की लिच्छवियो के आक्रमणों से रक्षा हो सके। बुद्धचरित 22,3 से सूचित होता है कि यह किला मगधराज के मत्री वर्षकार ने बनवाया था। अजातशत्रु के पुत्र उदायिन् या उदायिभद्र ने इसी स्थान पर पाटलिपुत्र नगर की नीव डाली। पाली ग्रथो के अनुसार भी नगर का निर्माण सुनिधि और वस्सकार (=वर्षकार) नामक मत्रियो ने करवाया था। पाली अनुश्रुति के अनुसार गौतम बुद्ध ने पाटलि के पास कई बार राजगृह और वैशाली के बीच आते-जाते गगा को पार किया था और इस ग्राम की बढ़ती हुई सीमाओं को देखकर भविष्यवाणी की थी कि यह भविष्य मे एक महान् नगर बन जाएगा। अजातशत्रु तथा उसके वशजो के लिए पाटलिपुत्र की स्थिति महत्त्वपूर्ण थी। अब तक मगध की राजधानी राजगृह मे थी किंतु अजातशत्रु द्वारा वैशाली (उत्तर बिहार) तथा काशी की विजय के पश्चात् मगध के राज्य का विस्तार भी काफी बढ़ गया था और इसी कारण अब राजगृह से अधिक केंद्रीय स्थान पर राजधानी बनाना आवश्यक हो गया था। जैनग्रथ विविध तीर्थकल्प मे पाटलिपुत्र के नामकरण के सबध मे एक मनोरजक कथा का उल्लेख है। इसके अनुसार कुणिक अजातशत्रु की मृत्यु के पश्चात् उसके पुत्र उदयी ने अपने पिता की मृत्यु के शोक के कारण अपनी राजधानी को चपा से अन्यत्र ले जाने का विचार किया और शकुन बताने वालों को नई राजधानी बनाने के लिए उपयुक्त स्थान की खोज में भेजा। ये लोग खोजते-खोजते गगातट पर एक स्थान पर पहुचे। वहां उन्होंने पुष्पो से लदा हुआ एक पाटल वृक्ष (ढाक या किंशुक) देखा जिस पर एक नीलकठ बैठा हुआ कीड़े खा रहा था। इस दृश्य को उन्होंने शुभ शकुन माना और वहां पर मगध की नई राजधानी बनाने के लिए राजा को मत्रणा दी। फलस्वरूप जो नया नगर उदयी ने बसाया उसका नाम पाटलिपुत्र या कुसुमपुर रखा गया। उदयी ने यहाँ श्री नेमिका चैत्य बनाया और स्वय जैन धर्म में दीक्षित हो गया। विविधतीर्थ कल्प मे चद्रगुप्त मौर्य, बिंदुसार, अशोक और कुणाल को क्रमश. पाटलिपुत्र मे राज करते बताया गया है। जैन साधु स्थूलभद्र ने पाटलिपुत्र मे ही तपस्या की थी। इस ग्रथ में नवनद और उनके वश को नष्ट करने वाले चाणक्य का भी उल्लेख है। इनके अतिरिक्त मर्मकलाविद् मूलदेव और अचल सार्थवाह श्रेष्ठी का नाम

भी पाटलिपुत्र के संबंध में आया है। वायुपुराण के अनुसार कुसुमपुर या पाटलिपुत्र को उदयी ने अपने राज्याभिषेक के चतुर्थ वर्ष मे बसाया था। यह तथ्य गार्गी संहिता की साक्षी से भी पुष्ट होता है। परिशिष्टपर्वन् (जैकोबी द्वारा संपादित, पृ० 42) के अनुसार भी इस नगर की नींव उदायी (=उदयी) ने डाली थी। पाटलिपुत्र का महत्त्व शोण-गंगा के संगम के कोण में बसा होने के कारण, सुरक्षा और व्यापार—दोनों ही दृष्टियों से, शीघ्रता से बढ़ता गया और नगर का क्षेत्रफल भी लगभग 20 वर्ग मील तक विस्तृत हो गया। श्री वि०वि० वैद्य के अनुसार महाभारत के परवर्ती संस्करण के समय से पूर्व ही पाटलिपुत्र की स्थापना हो गई थी, किंतु इस नगर का नामोल्लेख इस महाकाव्य में नहीं है जब कि निकटवर्ती राजगृह या गिरिव्रज और गया आदि का वर्णन कई स्थानों पर है। पाटलिपुत्र की विशेष ख्याति भारत के ऐतिहासिक काल के विशालतम साम्राज्य—मौर्य साम्राज्य की राजधानी के रूप में हुई। चंद्रगुप्त मौर्य के समय के पाटलिपुत्र की समृद्धि तथा शासन-सुव्यवस्था का वर्णन यूनानी राजदूत मेगेस्थनीज़ ने भलीभांति किया है जिसमें पाटलिपुत्र के स्थानीय शासन के लिए बनी एक समिति की भी चर्चा की गई है। उस समय यह नगर 9 मील लंबा तथा 1½ मील चौड़ा एवं चतुर्भुजाकार था। चंद्रगुप्त के भव्य राजप्रासाद का उल्लेख भी मेगेस्थनीज़ ने किया है जिसकी स्थिति डा० स्पूनर के अनुसार वर्तमान कुम्हरार के निकट रही होगी। यह चौरासी स्तंभों पर आधृत था। इस समय नगर के चतुर्दिक् लकड़ी का परकोटा तथा जल से भरी हुई गहरी खाई भी थी। अशोक ने पाटलिपुत्र में बौद्धधर्म की शिक्षाओं का प्रचार करने के लिए दो प्रस्तर-स्तंभ प्रस्थापित किए थे। इनमें से एक स्तंभ उत्खनन में मिला भी है। अशोक के शासनकाल के 18वें वर्ष में कुक्कुटाराम नामक उद्यान में मोग्गलिपुत्र तिस्स (तिष्य) के सभापतित्व में द्वितीय बौद्ध धर्म संगीति (महासम्मेलन) हुई थी। जैन अनुश्रुति में भी कहा गया है कि पाटलिपुत्र में ही जैन धर्म की प्रथम परिषद् का सत्र संपन्न हुआ था। इसमें जैन धर्म के आगमों को संगृहीत करने का कार्य किया गया था। इस परिषद् के सभापति स्थूलभद्र थे। इनका समय चौथी शती ई० पू० में माना जाता है। मौर्यकाल में पाटलिपुत्र से ही संपूर्ण भारत (गंधारदेश सहित) का शासन संचालित होता था। इसका प्रमाण अशोक के भारत भर में पाए जाने वाले शिलालेख हैं। गिरनार के रुद्रदामन्-अभिलेख से भी ज्ञात होता है कि मौर्यकाल में मगध से सैकड़ों मील दूर सौराष्ट्र-प्रदेश में भी पाटलिपुत्र का शासन चलता था। मौर्यों के पश्चात् शुंगों की राजधानी भी पाटलिपुत्र में ही रही। इस समय

यूनानी मेनेंडर ने साकेत और पाटलिपुत्र तक पहुंचकर देश को आक्रांत कर रखा किंतु शीघ्र ही पुष्यमित्र शुंग ने इसे परास्त करके इन दोनो नगरो मे भली प्रकार शासन स्थापित किया। गुप्तकाल के प्रथम चरण मे भी गुप्त साम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र मे ही स्थित थी। कई अभिलेखो से यह भी जान पडता है कि चद्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य ने, जो भागवत धर्म का महान् पोषक था अपने साम्राज्य की राजधानी अयोध्या मे बनाई थी। चीनी यात्री फाह्यान ने जो इस समय पाटलिपुत्र आया था, इस नगर के ऐश्वर्य का वर्णन करते हुए लिखा है कि यहां के भवन तथा राजप्रासाद इतने भव्य एव विशाल थे कि शिल्प की दृष्टि से उन्हे अतिमानवीय हाथो का बनाया हुआ समझा जाता था। इस समय के (गुप्तकालीन) पाटलिपुत्र की शोभा का वर्णन संस्कृत कवि वररुचि ने इस प्रकार किया है—'सर्वश्वेतभवे प्रहृष्टवदनैनित्योत्सवव्यापृतै, श्रीमद्रत्नविभूषणागरचनै नगगधवस्त्रोज्ज्वलै, क्रीडासौख्यपरायणैर्विरचित-प्रख्यातनामा गुणैर्भूमि पाटलिपुत्रचारतिलका स्वर्गायते साप्रतम्'। परवगुप्त-काल मे पाटलिपुत्र का महत्व गुप्त साम्राज्य की अवनति के साथ साथ कम हो चला। तत्कालीन मुद्राओ के अध्ययन से ज्ञात होता है कि गुप्त साम्राज्य के ताम्र-सिक्को की टकसाल समुद्रगुप्त और चद्रगुप्त द्वितीय के समय मे ही अयोध्या मे स्थापित हो गई थी। छठी शती ई० मे हूणो के आक्रमण के कारण पाटलिपुत्र की समृद्धि को बहुत धक्का पहुचा और उसका रहा सहा गौरव भी जाता रहा। 630-645 ई० मे भारत की यात्रा करने वाले चीनी पर्यटक युवान-च्वांग ने 638 ई० मे पाटलिपुत्र मे सैकडो खडहर देखे थे और गगा के पास दीवार से घिरे हुए इस नगर मे उसने केवल एक सहस्र मनुष्यो की आबादी ही पाई। युवानच्वाग ने लिखा है कि पुरानी बस्ती को छोडकर एक नई बस्ती बसाई गई थी। महाराज हर्ष ने पाटलिपुत्र मे अपनी राजधानी न बना-कर कान्यकुब्ज को यह गौरव प्रदान किया। 811 ई० के लगभग बगाल के पाल-नरेश धर्मपाल द्वितीय ने कुछ समय के लिए पाटलिपुत्र मे अपनी राजधानी बनाई। इसके पश्चात् सैकडो वर्ष तक यह प्राचीन प्रसिद्ध नगर विस्मृति के गर्त मे पडा रहा। 1541 ई० मे शेरशाह ने पाटलिपुत्र को पुन एक बार बसाया क्योकि विहार का निवासी होने के कारण वह इस नगर की स्थिति के महत्व को भलीभांति समझता था। अब यह नगर पटना कहलाने लगा और धीरे-धीरे बिहार का सबसे बडा नगर बन गया। शेरशाह से पहले बिहार प्रांत की राजधानी बिहार नामक स्थान मे थी जो पाल-नरेशो के समय मे उद्दडपुर नाम से प्रसिद्ध था। शेरशाह के पश्चात् मुगल-काल मे पटना ही मे बिहार

प्रांत की राजधानी स्थायी रूप से रही। ब्रिटिश काल में 1892 में पटना को बिहार-उड़ीसा के संयुक्त सूबे की राजधानी बनाया गया।

पटने में बांकीपुर तथा कुम्हरार के स्थान पर उत्खनन द्वारा अनेक प्राचीन अवशेष प्रकाश में लाए गए हैं। चंद्रगुप्त मौर्य के समय के राजप्रासाद तथा नगर के काष्ठनिर्मित परकोटे के चिन्ह भी डा० स्पूनर को 1912 में मिले थे। इनमें से कई संरचनाएं काष्ठ के स्तंभों पर आधृत मालूम होती थीं। वास्तव में *मौर्यकालीन नगर कुम्हरार के स्थान पर ही बसा था। अशोककालीन स्तंभ* के खंडित अवशेष भी खुदाई में प्राप्त हुए थे। बौद्ध ग्रंथों में वर्णित कुक्कुटाराम (जहां अशोक के समय प्रथम बौद्ध संगीति हुई थी) के अतिरिक्त यहां कई अन्य बौद्धकालीन स्थान भी उत्खनन के परिणामस्वरूप प्रकाश में आए हैं। रामसर के निकट पंचपहाड़ी पर कुछ प्राचीन खंडहर हैं जिनमें अशोक के पुत्र महेंद्र के निवास-स्थान का सूचक एक टीला बताया जाता है जिसे बौद्ध आज भी पवित्र मानते हैं। यहां प्राचीन सप्त सरोवरों में से रामसर (रामकटोरा) और श्यामसर (सेवे) और मंगलसर आज भी स्थित हैं। गौतम-गोत्रीय जैनाचार्य स्थूलभद्र (कुछ विद्वानों के मत में ये बौद्ध थे) के स्तूप के अवशेष गुलज़ारबाग स्टेशन के निकट बताए जाते हैं। स्तूप के पास की भूमि कुछ उभरी हुई है जिसे स्थानीय लोग कमलदह कहते हैं। जनश्रुति है कि मैथिलकोकिल विद्यापति को इस तड़ाग के कमल बहुत प्रिय थे। श्री का० प्र० जायसवाल-संस्था द्वारा 1953 की खुदाई में मौर्य प्रासाद के दक्षिण की ओर आरोग्यविहार मिला है, जिसका नाम यहां से प्राप्त मुद्राओं पर है। इन पर धन्वन्तरि शब्द भी अंकित है। ज्ञात पड़ता है कि यहां रोगियों की परिचर्या होती थी। कुम्हरार के हाल के उत्खनन से ज्ञात होता है कि प्राचीन पाटलिपुत्र दो बार नष्ट हुआ था। परिनिब्बान सुत्त में उल्लेख है कि बुद्ध की भविष्यवाणी के अनुसार यह नगर केवल बाढ़, अग्नि या पारस्परिक फूट से ही नष्ट हो सकता था। 1953 की खुदाई से यह प्रमाणित होता है कि मौर्य सम्राटों का प्रासाद अग्निकांड से नष्ट हुआ था। शेरशाह के शासनकाल की बनी हुई शहरपनाह के ध्वंस पटना के पास प्राप्त हुए हैं। चौक थाना के पास मदरसा मसजिद है जो शायद 1626 ई० में बनी थी। इसी के निकट चहल सतून नामक भवन था जिसमें चालीस स्तंभ थे। इसी भवन में फर्रुखसियर और शाहआलम को अस्थायी रूप से मुगल-साम्राज्य की गद्दी पर बिठाया गया था। बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के पिता हयातजंग की समाधि बेगमपुर में है। प्राचीन मस्जिदों में शेरशाह की मसजिद और अंबर मसजिद है। सिक्खों के दसवें गुरु गोविंदसिंह का जन्म पटना में हुआ

था। उसकी स्मृति में एक गुरुद्वारा बना हुआ है।

वायुपुराण मे पाटलिपुत्र को कुसुमपुर कहा गया है। कुसुम पाटल या ढाक का ही पर्याय है। कालिदास ने इस नगरी को पुष्पपुर लिखा है (दे० पुष्पपुर)

पाटलिपुर=पाटलिपुत्र (दे० पुष्पपुर)

पाटशिला

चीनी यात्री युवानच्वांग ने, जिसने भारत का भ्रमण 630-645 ई० मे किया था, सिंध (पाकि०) के इस नाम के नगर का उल्लेख किया है। वह इस स्थान से होकर गुजरा था। वाटर्स तथा कनिंघम के अनुसार पाटशिला नगरी वर्तमान हैदराबाद (सिंध) के स्थान पर बसी होगी। शायद इसी नगर को यूनानी लेखकों ने पाटल कहा है। पाटशिला का रूपांतर पाटशील है।

पाटशील=पाटशिला

पाढम (जिला मैनपुरी, उ० प्र०)

स्थानीय जनश्रुति के अनुसार परीक्षित के पुत्र जनमेजय ने प्रसिद्ध सर्पसत्र इसी स्थान पर किया था। स्थान प्राचीन जान पड़ता है क्योंकि यहां के खंडहरों मे कनिष्क, हुविष्क आदि के सिक्के तथा अतिप्राचीन आहत मुद्राएं मिली हैं।

पाणिप्रस्थ (दे० पानीपत)

पाताल

पुराणो मे वर्णित पाताल का कुछ विद्वान् मध्य अमेरिका या मेक्सिको से करते हैं। (दे० श्री मानकद, पूना ओरिएंटलिस्ट 2,2)।

पानगल (जिला नालगोंडा, आं० प्र०)

(1) नालगोंडा नगर के समीप स्थित इस स्थान पर ककातीयनरेश उदयादित्य के बनवाए तीन प्रसिद्ध ऐतिहासिक मंदिर हैं जिनके नाम ये हैं— पचलसोमेश्वर या पचेश्वर, छायल सोमेश्वर या सीतारामेश्वर और वेंकटेश्वर। पचेश्वर मंदिर वास्तु की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ है। इसमे 66 स्तंभ हैं जिन पर रामायण और महाभारत की कथाएं उत्कीर्ण हैं। छायल सोमेश्वर के मंदिर के शिवलिंग की छाया, लिंग के ठीक पीछे दिखलाई पड़ती है और इसी कारण इसे छायल मंदिर कहते हैं।

(2)=महबूब नगर

पानीगिरि (जिला नालगोडा, आं० प्र०)

जनगांव स्टेशन से 30 मील दूर। यहां 350 फुट ऊंची पहाड़ी पर प्रायः 2000 वर्ष प्राचीन सातवाहन कालीन बौद्ध उपनिवेश के भग्नावशेष स्थित हैं जिनमे स्तूप, चैत्य, विहारादि सम्मिलित हैं। इनकी दीवारें लगभग तीन फुट

मोटी हैं और बड़ी ईंटों की बनी हैं और दीवारों के बाहरी भाग को सुदृढ़ करने के लिए पृष्ठाधार बने हैं। कई सुन्दर मूर्तियां भी यहां के खण्डहरों से मिली हैं जो अपने स्वाभाविक रचनाकौशल के कारण बहुत सुन्दर दिखाई देती हैं। मूर्तियों की मुख मुद्रा पर विशिष्ट भावों का मनोहर अंकन है। एक मूर्ति के कानों में भारी आभूषण हैं जिनके भार से कानों के निचले भाग फैलकर नीचे लटक गए हैं। इसके मस्तक पर जयपत्रों (laurels) का चित्रण है जिसके कारण कुछ विद्वानों के मन में यह मूर्ति यूनानी शैली से प्रभावित जान पड़ती है। एक अन्य महत्त्वपूर्ण कलावशेष पत्थर का खंडित जंगला है। इस पर तीन ओर मनोरंजक विषयों का अंकन है। सामने की ओर सुविकसित कमलपुष्प है जिसकी पंखड़ियां आकर्षक ढंग से अंकित की गई हैं (वृषभ की समानता मोहनजदारो की मुद्रा पर अंकित वृषभ से की जा सकती है) यह वृषभ भय के कारण भागता हुआ दिखलाया गया है। भय का चित्रण उसकी डरी हुई आंखों और उठी हुई पूंछ से बहुत ही वास्तविक जान पड़ता है। भारी भरकम हाथी अपने लंबे-लंबे दाँतों को आगे बढ़ाकर वृषभ का पीछा कर रहा है। बीच में खड़ा पुरुष हाथी को आगे बढ़ने से बहुत ही आत्मविश्वास के साथ रोक रहा है। जंगले के बाईं ओर कमलपुष्प का एक भाग अंकित है और इसके नीचे भावमयी मानवाकृति है। दाहिनी ओर भी यही दृश्य उकेरा गया है किंतु इसमें मनुष्य के स्थान में सिंह दिखलाया गया है। दूसरे शिलापट्ट पर संभवतः कुबेर की मूर्ति है जो किसी धनी का आधुनिक व्यंग चित्र सा लगता है। कुबेर को स्थूलोदर और स्वर्णाभूषणों से अलंकृत प्रदर्शित किया गया है। चेहरे-मोहरे से यह मूर्ति किसी दक्षिण भारतीय की आकृति के अनुरूप गढ़ी हुई प्रतीत होती है। एक अन्य पट्ट पर जो शायद किसी स्तूप या विहार के जंगले का खंड है, तैरने की मुद्रा में एक पुरुष, एक मेष और झपटते हुए दो सिंह प्रदर्शित हैं। एक दूसरे प्रस्तर खंड पर मंद-मंद टहलता हुआ एक सिंह का अंकन उत्कृष्ट शिल्पकला का द्योतक है। पानीगिरि की खोज 1939-3 में हुई थी। यह उत्कृष्ट कला दक्षिण भारत में, अमरावती की मूर्तिशिल्प की परम्परा में है। दक्षिण के शातवाहन-कालीन सांस्कृतिक इतिहास पर पानीगिरि की खोज से नया प्रकाश पड़ा है।

पानीपत (जिला करनाल, हरयाणा)

यह प्राचीन नगर महाभारतकालीन कुरुक्षेत्र के प्रदेश में स्थित है। इसका शुद्ध नाम शायद पाणिप्रस्थ है। यह भारत के राजनैतिक भाग्य का निपटारा

करने वाले तीन प्रसिद्ध युद्धो की स्थली है। स्थानीय किंवदंती मे पानीपत को पाडवो द्वारा कौरवो से मांगे गए पाच ग्रामो मे सम्मिलित माना गया है किंतु इस तथ्य का उल्लेख महाभारत मे नही है। (पांच ग्रामो के लिए दे० अविस्थल)। पानीपत की प्रथम लडाई 1526 ई० मे बाबर और दिल्ली के सुल्तान इब्राहीम लोदी मे हुई थी जिसमे बाबर की विजय हुई और फलस्वरूप भारत में मुगल साम्राज्य स्थापित हुआ। इस युद्ध मे बाबर की विजय का कारण उसका तोपखाना था। भारत मे बारूद का प्रयोग पहली बार इसी युद्ध मे बाबर ने किया था। पानीपत की दूसरी लडाई अकबर और अफगानो मे 1556 ई० मे हुई थी। अकबर का सेनापति बैरामखा और अफगानो का हेमू (हिंदू वैश्य) था। अफगानो की बुरी तरह हार हुई और हेमू का बैरामखा ने वध कर दिया। इस युद्ध से अकबर के राज्य की नीव सुदृढ हो गई और उसे मुगलसाम्राज्य को सुदृढ रूप से स्थापित करके उसका विस्तार करने का अवसर मिला। परिणामस्वरूप भारत मे एक नए युग का प्रारम्भ हुआ। पानीपत का तीसरा युद्ध अफगानिस्तान के बादशाह अहमदशाह अब्दाली की और सदाशिवराव भाऊ की अध्यक्षता मे मराठो की सेनाओ के बीच 1761 ई० मे हुआ था जिसमे मराठो की भयकर हार होने के कारण उनकी बढती हुई शक्ति को भारी धक्का पहुचा। मराठो की शक्ति कम होने से अगरेजो को भारत के दक्षिणी और पूर्वी भाग मे अपने पाव जमाने का अच्छा मौका मिल गया। इस लडाई के पश्चात् मुगल साम्राज्य की पहले ही से घटी हुई शक्ति और भी क्षीण हो गई। इस प्रकार पानीपत के तीनो युद्धो का भारत के इतिहास मे महत्वपूर्ण स्थान है। राजनैतिक शक्ति का केन्द्र दिल्ली मे होने के कारण उस पर अधिकार करने के लिए ही ये लडाइया लडी गई थी क्योकि पानीपत को दिल्ली का प्रवेशद्वार ही समझना चाहिए। वास्तविकता तो यह है कि महाभारत के युद्ध की स्थली कुरुक्षेत्र भी पानीपत के पार्श्व देश मे ही थी। नादिरशाह और मुगल सम्राट् मुहम्मदशाह की सेनाओ मे जो युद्ध हुआ था (1739 ई०) वह भी पानीपत से कुछ ही दूर पर करनाल के निकट हुआ था। महाराज हर्ष के समय का प्रसिद्ध नगर स्थानेश्वर या थानेसर पानीपत के निकट ही स्थित है।

पापापुर

बुद्धचरित 25,50 के अनुसार कुशीनगर मे मृत्यु होने के पूर्व तथागत बुद्ध पापापुर आए थे जहा उन्होने अपने भक्त चुंड के यहा सूकरमाद्दव भोजन स्वीकार किया था। पापापुर पावापुरी का संस्कृत रूपातर है। इसे जैन साहित्य

में अपापा भी कहा गया है।

पावना

प्राचीन पुंड्र। यह बंगाल में गंगा की मुख्य धारा पद्मा के उत्तर की ओर का प्रदेश था। नदी के दक्षिण का भाग बंग कहलाता था।

पार

(1)=बार

(2) [दे० पारदा]

पारकनग

प्राचीन जैन तीर्थ जिसका नामोल्लेख जैनस्तोत्र तीर्थं माला चैत्य वंदन में इस प्रकार है—'जीरापल्लि फलर्द्धि पारकनगे सौरीसद्यक्षेश्वरे'। यह जिला थारपारकर (सिंध, पाकि०) का कोई नगर है। (दे० ऐंशेंट जैन हिम्स—पृ० 54)।

पारद

पारद नामक जाति का निवास स्थान (दे० वायु पुराण, 88, हरिवंश 1,14)। *यह पारदा नदी (वर्तमान पार या परदी), जो जिला सूरत, गुजरात* में बहती है, के तट के निकटवर्ती प्रदेश का नाम था। किंतु श्री न० ला० डे के अनुसार यह पार्थिया या प्राचीन परशिया या ईरान का नाम है। संभव है पारद नाम के ये दो विभिन्न प्रदेश हों।

पारदा

नासिक से प्राप्त एक अभिलेख में पारदा नदी का उल्लेख है (दे० पारद)। वायुपुराण 44 तथा हरिवंशपुराण 1,14 में जिस पारदजाति का उल्लेख है *वह शायद इसी नदी के तटवर्ती प्रदेश की निवासी थी।*

पारदूर (जिला महबूबनगर, आ० प्र०)

इस स्थान पर हिंदूकालीन एक मंदिर है जो दक्षिण भारत की वास्तु शैली में निर्मित है। पारदूर की स्थिति वर्तमान गढ़वाल या प्राचीन समस्थान के अंतर्गत है।

पारयात्र

चीनी यात्री युवानच्वांग ने इस नगर का वर्णन करते हुए इसके राजा को *वैश्य-जातीय बताया है। पारयात्र का अभिज्ञान* वर्तमान बैराट (जिला जयपुर) से किया गया है जिसे महाभारतकालीन विराट (मत्स्य देश की राजधानी) माना जाता है। यह नगर अवश्य ही पारियात्र पर्वत की श्रेणियों के सन्निकट बसा *होने से ही पारियात्र या पारयात्र कहलाता था।*

पारस

ईरान या फारस का प्राचीन भारतीय नाम। पारस निवासियों को संस्कृत

साहित्य मे पारसीक कहा गया है। रघुवंश 4,60 और अनुवर्ती श्लोको मे कालिदास ने पारसीको और रघु के युद्ध और रघु की उन पर विजय का चित्रात्मक वर्णन किया है, 'भल्लापवर्जितैस्तेषां शिरोभिः श्मश्रुलैर्महीम्, तस्तार सरघाव्याप्तैः सक्षौद्रपटलैरिव' आदि। इसमे पारसीको के श्मश्रुल शिरो का वर्णन है जिस पर टीका लिखते हुए चरित्रवर्धन ने कहा है—'पाश्चात्याः श्मश्रूणि स्थापयित्वा केशान्वपन्तीति तद्देशाचारोक्तिः' अर्थात् ये पाश्चात्य लोग शिर के बालो का मुडन करके दाढ़ीमूछ रखते हैं। यह प्राचीन ईरानियो का रिवाज था जिसे हूणों ने भी अपना लिया था। कालिदास को भारत से पारस देश को जाने के लिए स्थल मार्ग तथा जलमार्ग दोना का ही पता था—'पारसीकास्ततो जेतुं प्रतस्थे स्थलवर्त्मना, इन्द्रियाख्यानिवरिपूं तत्वज्ञानेन सयमी'—रघु० 4,60। पारसीक स्त्रियो को कालिदास ने यवनी कहा है—'यवनी मुखपद्माना सेहे मधुमद न स' रघु० 4,61। यवन शब्द प्राचीन भारत मे सभी पाश्चात्य विदेशियो के लिए प्रयुक्त होता था यद्यपि आद्यत यह आयोनिया के (Ionian) ग्रीको की ही सज्ञा थी। कालिदास ने 'सग्रामास्तुमुलस्तस्य पाश्चात्यैरश्वसाधनैं' (रघु० 4,62) मे पारसीकों को पाश्चात्य भी कहा है। इस पद्य को टीका करते हुए टीकाकार, सुमतिविजय ने पारसीको को 'सिंधुतट वासिनो म्लेच्छराजान्' कहा है जो ठीक नही जान पडता क्योकि रघु० 4,60 मे (दे० ऊपर) रघु का, पारसीयो की विजय के लिए स्थलवर्म स जाना लिखा है जिससे निश्चित है कि इनके देश मे जाने के लिए समुद्रमार्ग भी था। पारसीको को कालिदास ने 4,62 (दे० ऊपर) मे अश्वसाधन अथवा अश्वसेना से सपन्न बताया है। मुद्राराक्षस 1,20 मे 'मेधाक्ष पचमोऽस्मिन् पृथुतुरगबलपारसीकाधिराज' लिखकर, विशाखदत्त ने पारसियो के सुदृढ अश्वबल की ओर सकेत किया है। कालिदास ने प्राचीन ईरान के प्रसिद्ध अगूरो के उद्यानों का भी उल्लेख किया है—'विनयन्ते स्म तद्योधा मधुभिर्विजयश्रमम्, आस्तीर्णाजिनरत्नासु द्राक्षावलयभूमिषु' रघु० 4,65। विष्णुपुराण 2,3,17 मे पारसीको का उल्लेख इस प्रकार है—'मद्रारामास्तथाम्बष्ठा, पारसीकादयास्तथा'। ईरान और भारत के सबध अति प्राचीन हैं। ईरान के सम्राट् दारा ने छठी शती ई० पू० मे पश्चिमी पजाब पर आक्रमण करके कुछ समय के लिए वहा से कर वसूल किया था। उसके नक्शे रुस्तम तथा बहिस्ता से प्राप्त अभिलेखो मे पजाब को दारा के साम्राज्य का सबसे घनी प्रदेश बताया गया है। सभव है गुप्तकाल के राष्ट्रीय कवि कालिदास ने इसी प्राचीन कटु ऐतिहासिक स्मृति के निराकरण के लिए रघु को पारसीको पर

विजय का वर्णन किया है। वैसे भी यह ऐतिहासिक तथ्य है कि गुप्तसम्राट् महाराज समुद्रगुप्त को पारस तथा भारत के पश्चिमोत्तर अन्य प्रदेशों से संबद्ध कई राजा और सामंत कर देते थे तथा उन्होंने समुद्रगुप्त से वैवाहिक संबंध भी स्थापित किए थे। 8वीं शती ई० के प्राकृत ग्रंथ गौडवहो (गौडवध) नामक काव्य में कान्यकुब्ज-नरेश यशोवर्मन की पारसीकों पर विजय का उल्लेख है।

पारसनाथ (ज़िला परभणी, महाराष्ट्र)

(1) जितूर के पास इस स्थान पर एक अनोखा प्राचीन जैन मंदिर है जो एक विशाल शैलपुंज में से तराश कर निर्मित किया गया है। मंदिर तक पहुंचने के लिए एक संकीर्ण, अंधेरा मार्ग है। मंदिर शिखर सहित है। मूर्तियां भी शैलकृत हैं। बीच की मूर्ति हरे पत्थर की है और बारह फुट ऊंची है।

(2) (ज़िला हज़ारीबाग, बिहार) मधुबन से 5½ मील दूर पारसनाथ के पर्वतशिखर पर 4479 फुट की ऊंचाई पर चौबीस जैन मंदिर हैं जो चौबीस तीर्थंकरों के स्मारक माने जाते हैं। जैन साहित्य में इस पर्वत को सम्मेतशिखर कहा गया है। यह भी जैन अनुश्रुति है कि इसी शिखर पर 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ ने निर्वाण प्राप्त किया था जिससे इस पहाड़ी का नाम पार्श्वनाथ या पारसनाथ हुआ। यह पहाड़ी जिसकी सर्वोच्च चोटी प्राय. 5000 फुट ऊंची है, हिमालय के दक्षिण में सबसे ऊंचे शिखर के रूप में प्रख्यात है। पहाड़ी के शिखर पर दिगंबरों और नीचे तलहटी में श्वेतांबरों के मंदिर स्थित हैं।

(3) (ज़िला बिजनौर, उ० प्र०) नगीने से लगभग बारह मील उत्तर-पूर्व की ओर पारसनाथ के खंडहर हैं। कई वर्ष पहले यहां उत्खनन किया गया था। उसमें कुछ ऐसे अवशेष मिले जिनसे ज्ञात होता है कि यह स्थान मध्यकाल में जैनधर्म का एक केंद्र था। जान पड़ता है कि बिहार के प्रसिद्ध तीर्थ पारसनाथ के समान ही यहां भी जैनों ने प्रत्येक तीर्थंकर के लिए एक मंदिर का निर्माण किया था। इन मंदिरों के खंडहर विस्तृत क्षेत्र में आज भी दिखाई देते हैं। तीर्थंकरों की अनेक मूर्तियां, मंदिरों के टूटे-फूटे सिरदल तथा सुंदर स्तंभ पर्याप्त संख्या में मिले हैं। यहां से 1067 वि० सं०=1010 ई० की एक अभिलिखित प्रतिमा भी प्राप्त हुई है जो किसी तीर्थंकर की मूर्ति जान पड़ती है।

पारसमुद्र

लंका का एक प्राचीन नाम। कौटिल्य-अर्थशास्त्र (अध्याय 11) में पारसमुद्र को लंका का नाम कहा गया है। वाल्मीकि रामायण 6,3,21 में, 'पारेसमुद्रस्य'

कहकर मक्का की स्थिति का जो वर्णन है वह भी इस नाम से संबंधित हो सकता है। पेरिप्लस मे इसे पालीसिमदु (Palaesimundu) कहा गया है।

पारा

(1)=पार्वती। म० प्र० की नदी जो सिंधु (काली सिंध) मे मिलती है। पारा-सिंधु संगम पर प्राचीन काल की प्रसिद्ध नगरी पद्मावती बसी हुए थी। महाभारत वनपर्व के अंतर्गत पश्चिम दिशा के तीर्थों के वर्णन मे इस नदी का नर्मदा के साथ ही उल्लेख है।

पाराशरहृद (ज़िला करनाल, हरयाणा)

कुरुक्षेत्र के अंतर्गत बहलोलपुर ग्राम के समीप करनाल-कैथल मार्ग मे 6 मील उत्तर मे स्थित है। किंवदंती है कि महाभारतकार व्यास के पिता पराशर ऋषि का आश्रम इसी स्थान पर था। महाभारत के युद्ध में पराजित होकर अंतिम समय दुर्योधन इसी झील मे जाकर छिप गया था जिसे द्वैपायनहृद भी कहते थे।

पारासौली (ज़िला मथुरा, उ० प्र०)

मथुरा के निकट महाकवि सूरदास का निवासस्थान। इनका जन्म रुनकता ग्राम मे हुआ था किंतु कहा जाता है कि ये प्राय पारासौली ही में रहते थे और यहीं इन्होंने अपनी अधिकांश अमृतमयी रचनाएं की थी। श्री वल्लभाचार्य के मत मे पारासौली ही भूम्वृन्दावन है। कहा जाता है कि पारासौली शब्द परमरासस्थली से बिगडकर बना है।

पारियात्र (दे० पारियात्र)

पारिपात्र

(1) पश्चिमोत्तरी विंध्य शैलमालाओं का एक नाम जिनमे संभवत अर्वली की श्रेणिया भी सम्मिलित थीं (दे० पार्जिटर-जर्नल ऑव दि रायल एशियाटिक सोसायटी 1994, पृ० 258)। रघुवंश 18,16 के अनुसार कुश के वंशज राजा अहीनगु के पुत्र पारियात्र ने पारियात्र पर्वत को जीता था। पर्वत का नाम संभवत इसी प्रतापी नरेश के नाम पर हुआ था, 'तस्मिन प्रयाते परलोकयात्रा जेतर्यरीणा तनयं तदीयम्, उच्चै शिरस्त्वाज्जितं पारियात्र लक्ष्मी सिषेवे किल पारियात्रम' अर्थात् अहीनगु के परलोक सिधारने पर शत्रुजेता पारियात्र ने उच्च शिखर वाले पारियात्र को जीतकर राज्यश्री को प्राप्त किया। महाभारत शांति 129,4 मे पारियात्र का उल्लेख है—'पारियात्र गिरिं प्राप्य गौतमस्याश्रमो महान'। यहा इस पर्वत पर गौतम ऋषि के आश्रम की स्थिति बताई गई है। विष्णुपुराण 2,3,3 मे पारियात्र की गणना भारत के कुलपर्वतों मे की गई है—

'महेंद्रो मलय सह्य शुक्तिमानृक्षपर्वत', विध्यश्च पारियात्रश्च सप्तैते कुल-पर्वता'। श्रीमद्भागवत 5,19,16 मे पारियात्र का उल्लेख ऋक्षगिरि के पश्चात है— विंध्य शुक्तिमानृक्षगिरि पारियात्रो द्रोणश्चित्रकूटो गोवर्धनो रैवतक ' दशपुर या मदसोर से प्राप्त 532-553 ई० के कूपशिलाभिलेख मे राज्य-मत्री अभयदत्त को पारियात्र और (पश्चिम) समुद्र के बीच के प्रदेश के राज्य का मत्री बनाया गया है। इस समय मदसौर म यशोवर्मन का राज्य था। श्री चि० वि० वैद्य ने पारियात्र का अभिज्ञान वर्तमान सुलेमान पर्वत से किया है क्योंकि उनके मत मे रामायण मे पारियात्र को सिंधु के पार बताया गया है। सभवत पारियात्र सुलेमान और विंध्य की पश्चिमोत्तरश्रेणी दोनों ही पर्वतमालाओं का नाम था। नदियो पर्वतों तथा नगरादि के द्विनाम भारतीय साहित्य मे अनेक है। (दे० विध्य)

(2) पारियात्र पर्वत का प्रदेश (हर्षचरित उच्छ्वास 6)। युवानच्वाग ने यहा वैश्य राजा का शासन बताया है।

पार्वती

मध्यप्रदेश की एक नदी जिसे पारा भी कहते है। यह विंध्याचल की पश्चिमी श्रेणियों से निकल कर ग्वालियर प्रदेश मे बहती हुए सिंध (या काली सिंध) मे मिल जाती है। पार्वती सिंधु-सगम पर प्राचीन काल की प्रसिद्ध नगरी पद्मावती बसी थी। पार्वती मेघदूत की निर्विध्या हो सकती है। पार्वती का महाभारत भीष्मपर्व मे उल्लेख है। कुछ लोगो के मत म निर्विध्या वर्तमान नेवाज नदी है।

पार्श्वनाथ तीर्थ

जैन ग्रथ विविध तीर्थ कल्प मे सम्मेतशिखर का नाम है।

पालक

गुप्तसम्राट समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति मे इस स्थान के शासक उग्रसेन का समुद्रगुप्त द्वारा हराए जाने का उल्लेख है—'काचेयकविष्णुगोपअवमुक्तक-नीलराजवैगेयकहस्तिवर्मा पालक्क उग्रसेन देवराष्ट्रक कुबेर ' विंसेंट स्मिथ न इस स्थान को जिला नेलोर (मद्रास) के अतर्गत बताया है। पहले कुछ विद्वानों का मत था कि यह स्थान पालघाट का प्राचीन नाम है।

पालनपुर (दे० पल्लविहार)

पाली (जिला बिलासपुर, म० प्र०)

रतनपुर से 15 मील दूर इस स्थान पर भगवान् शकर का प्राचीन देवालय है जिसे छत्तीसगढ़ प्रदेश का सर्वोत्कृष्ट मदिर कहा जाता है।

पालमपेट (मुलुग तालुका, जिला वारंगल, आ० प्र०)

वारंगल से 40 मील दूर यह स्थान रामप्पा झील के किनारे बने हुए मध्ययुगीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। मुख्य मंदिर एक प्राचीन भित्ति से घिरा है जो बड़े-बड़े शिला-खंडों से निर्मित है। इसके उत्तरी और दक्षिणी कोनों पर भी मंदिर हैं। मंदिर का शिखर बड़ी किंतु हलकी ईंटों का बना है। ये ईंटें इतनी हलकी हैं कि पानी पर तैर सकती हैं। शैली की दृष्टि से यह मंदिर वारंगल के सहस्रस्तंभों वाले मंदिर से मिलता-जुलता है किंतु यह उसकी अपेक्षा अधिक अलंकृत है। इसके स्तंभों तथा छतों पर रामायण तथा महाभारत के अनेक आख्यान उत्कीर्ण हैं। देवी-देवों, सैनिकों, नटों, गायकों और नर्तकियों की विभिन्न मुद्राओं के मनोरम चित्र इस मंदिर की मूर्तिकारी के विशेष अंग हैं। प्रवेश-द्वारों के आधारों पर काले पत्थर की बनी यक्षिणियों की मूर्तियां निर्मित हैं। इनकी शरीर-रचना का सौष्ठव वर्णनातीत है। ये मंदिर के द्वारों पर रक्षिकाओं के रूप में स्थित की गई थीं। एक कन्नड़-तेलगू अभिलेख के अनुसार, जो मंदिर के परकोटे की दीवार पर अंकित है, यह मंदिर 1204 ई० में बना था। रामप्पा झील ककातीय राजाओं के समय की है। पालमपेट से प्राप्त एक अभिलेख से यह सूचित होता है कि यह 1213 ई० के लगभग ककातीय नरेश गणपति के शासनकाल में बनी थी। यह सिंचाई के लिए बनवायी गई थी। इसका जल-संग्रह क्षेत्र लगभग 82 वर्गमील है और इसमें से चार नहरें काटी गई थीं। इसके साथ की दूसरी झील लकनावरम् है जो मुलुग से 13 मील दूर है।

पालामऊ (बिहार)

छोटा नागपुर के क्षेत्र में स्थित है। यहां चेरो नामक आदिवासियों का मुख्य गढ़ था जहां उनका दुर्ग रांची-डाल्टन गंज सड़क पर आज भी स्थित है। शाइस्ताखां ने 1641 ई० में पालामऊ पर आक्रमण किया किंतु चेरों ने उसे खदेड़ दिया। 1660 ई० में दाऊद खां ने इस पर कब्जा कर लिया। 1771 ई० में चेरों और अंग्रेजों में संघर्ष हुआ और कैप्टन कामेक (Camac) ने इस पर अधिकार कर लिया।

पालार (दे० पयस्विनी)

पाली

(1) तहसील रानीखेत, जिला अल्मोड़ा, उ० प्र०) इस स्थान पर एक पुराने किले के खंडहर हैं तथा इस पर्वत-प्रदेश की पूजनीया देवी नैथान का एक प्राचीन मंदिर भी है।

(2) (जिला बिलासपुर, म० प्र०) रतनपुर के निकट एक ग्राम जहां मध्य-प्रदेश का एक अतिप्राचीन शिवमंदिर स्थित है। इसका निर्माण बाणवंशीय राजा विक्रमादित्य ने 870-895 ई० में करवाया था। कलचुरि नरेश जाजल्लदेव (1095-1120) ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था। इस तथ्य का 'जाजल्लदेवस्यकीर्तिरियम्' वाक्य द्वारा किया गया है। मंदिर की शिल्पकारी सूक्ष्म तथा सुंदर है और आबू के जैन मंदिरों की कला की याद दिलाती है।

पालीताना (राजस्थान)

पालीताना के निकटस्थ शत्रुंजय नामक पहाड़ी के शिखर पर अनेक मध्य-कालीन जैन मंदिर स्थित हैं जो अपने रचना-सौंदर्य के लिए आबू के दिलवाड़ा मंदिरों की भांति ही भारत भर में विख्यात हैं। (दे० शत्रुंजय)

पावनी

कुरुक्षेत्र की नदी (वर्तमान घग्घर) जो वाल्मीकि रामायण बाल० 43, 12 में उल्लिखित है—'ह्लादिनी पावनी चैव नलिनी च तथैव च, तिस्र: प्राचीं दिशं जग्मुर्गंगा शिवाजला: शुभा:'। यहां इसे गंगा की तीन पूर्वगामी धाराओं में परिगणित किया है।

पावा=पावापुरी

पावागढ़ (दे० चांपानेर)

पावापुरी=पावा=अपापा=पापापुर

जैन-परंपरा के अनुसार अंतिम तीर्थंकर महावीर का निर्वाण स्थान। 13वीं शती ई० में जिनप्रभसूरि ने अपने ग्रंथ विविध तीर्थ कल्प में इसका प्राचीन नाम अपापा बताया है। पावापुरी का अभिज्ञान बिहार शरीफ रैलस्टेशन (बिहार) से 9 मील पर स्थित पावा नामक स्थान से किया गया है। यह स्थान राजगृह से दस मील पर है। महावीर के निर्वाण का सूचक एक स्तूप अभी तक यहां खंडहर के रूप में स्थित है। स्तूप से प्राप्त ईंटें राजगृह के खंडहरों की ईंटों से मिलती-जुलती हैं जिससे दोनों स्थानों की समकालीनता सिद्ध होती है। महावीर की मृत्यु 72 वर्ष की आयु में अपापा के राजा हस्तिपाल के लेखकों के कार्यालय में हुई थी। उस दिन कार्तिक की अमावस्या थी। पालीग्रंथ संगीतिसुत्तंत में पावा के मल्लों के उब्भटक नामक सभागृह का उल्लेख है। स्मिथ के अनुसार पावापुरी ज़िला पटना (बिहार) में स्थित थी। कनिंघम (ऐंशेंट ज्यॉग्रेफी ऑव इंडिया पृ० 49) के मत में (जिसका आधार शायद बुद्धचरित 25,52 में कुशीनगर के ठीक पूर्व की ओर पावापुरी की स्थिति का उल्लेख है) कसिया (प्राचीन कुशीनगर) से 12 मील दूर पडरौना नामक स्थान

ही पावा है जहां गौतम बुद्ध के समय मल्ल-क्षत्रियों की राजधानी थी। जीवन के अंतिम समय में तथागत ने पावापुरी में ठहरकर चुंद का सूकर-माद्दव नाम का भोजन स्वीकार किया था जिसके कारण अतिसार हो जाने से उनकी मृत्यु कुशीनगर पहुंचने पर हो गई थी (दे० बुद्ध चरित 25,50)। कार्लाइल ने पावा का अभिज्ञान कसिया के दक्षिण पूर्व में 10 मील पर स्थित फाजिलपुर नामक ग्राम से किया है। (ऐंशेंट ज्याग्रेफी ऑव इंडिया—पृ० 714)। जैन ग्रंथ कल्पसूत्र के अनुसार महावीर ने पावा में एक वर्षाकाल बिताया था। यहीं उन्होंने अपना प्रथम धर्म-प्रवचन किया था, इसी कारण इस नगरी को जैन संप्रदाय का सारनाथ माना जाता है।

पांड्य

'नगरी संजयन्तीं च पाषंड करहाटकम्, दूतैरेव वशेचक्रे करं चैनान-दापयत्'—महा० सभा० 31,70। पांड्य देश को सहदेव ने अपनी दक्षिणदिशा की दिग्विजय में जीता था। यह स्थान, जैसा कि उपर्युक्त उल्लेख से सूचित होता है, करहाटक या वर्तमान करहाड (पूना से 124 मील दूर) के निकट था।

पिंगल

(1) पुराणों के अनुसार संभल (जिला मुरादाबाद, उ० प्र०) का एक नाम जहां विष्णु का आगामी कल्कि अवतार होगा।

(2) (राजस्थान) ढोलामारु की कथा में वर्णित पूगलगढ या पगल जहां की राजकुमारी मरवणी थी। (दे० पिंगला)

पिंगला

मेवाड में बहने वाली नदी। पिंगला, चमलावती और रमलेनी नदियों के संगम पर प्राचीन तीर्थ पिंडकेश्वर बसा हुआ है जो चित्तौड से 96 मील दूर है। शायद ढोलामारु की कथा में वर्णित पूगलगढ या पगल(=पिंगल) इसी नदी का तटवर्ती प्रदेश था।

पिंजोर=पंचपुर (पंजाब)

पिंजोर का प्राचीन नाम पंचपुर है जो महाभारत के समय में पंचपांडवों के यहां निवास करने के कारण हुआ था। यहां एक पुराना उद्यान है जिसकी बाहरी रूपरेखा का निर्माण मुगल बादशाहों ने करवाया था।

पिंडकेश्वर (दे० पिंगला)

पिंडारक (काठियावाड, गुजरात)

द्वारका से 20 मील दूर प्राचीन तीर्थ है। कहा जाता है कि यहां दुर्वासा ऋषि का आश्रम था। महाभारत वनपर्व में इसका उल्लेख प्रभास के साथ

है 'प्रभास चोदयो तीर्थ त्रिदशाना युधिष्ठिर, तत्र पिंडारक नाम तापसाचरित शिवम्, उज्जयतश्च शिखरा क्षिप्र सिद्धिकरो महान्'—वन 88, 20, 21। किंवदंती है कि पांडव महाभारत युद्ध के पश्चात् इस स्थान पर अपने मृत संबंधियों का श्राद्ध करने के लिए आए थे। विष्णुपुराण के अनुसार इसी स्थान पर यादवों को मुनिजनों ने उनकी धृष्टता पर क्रुद्ध होकर शाप दिया था जिसके फलस्वरूप वे समूल नष्ट हो गए थे—'विश्वामित्रस्तथा कण्वो नारदश्च महामुनि, पिंडारक महातीर्थे दृष्टा यदुकुमारकैं' विष्णु० 5, 31, 6।

पिंडोली (जिला उदयपुर, राजस्थान)

चित्तौड़ के निकट एक छोटा सा ग्राम है। इस स्थान पर 1567 ई० में अकबर और मेवाड़ की सेनाओं में भयानक युद्ध हुआ था। अकबर के पास बंदूकें थीं और राजपूत अब तक केवल धनुष-बाण तथा तलवार का प्रयोग ही जानते थे और इस कारण उनकी भारी क्षति हुई। युद्ध में बिदनोर के सरदार जयमल और कैलवाड़ा के सामंत पत्ता (प्रताप) ने बहुत वीरता दिखाई। पत्ता की आयु केवल सत्तरह वर्ष की थी। एक अन्य सरदार सतीदास भी बहुत बहादुरी से लड़ा। जयमल को अकबर ने रात के समय, जब वह मशाल की रोशनी में चित्तौड़ के क़िले की एक सेंध भरवा रहा था, अपनी बंदूक का निशाना बना दिया। वीर पत्ता भी युद्ध में वीरता के साथ लड़ता हुआ मारा गया। मुग़लों के तोपखाने ने राजपूत-सेना का भयंकर संहार किया और लगभग तीस सहस्र राजपूत युद्ध में काम आए। पुरुषों के मारे जाने पर राजपूत स्त्रियों ने क़िले के भीतर अग्नि-चिता में जलकर अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। इस समय चित्तौड़ में उदयसिंह का राज था किंतु पिंडोली के युद्ध के पूर्व ही वह जयमल को चित्तौड़ की रक्षा का भार सौंप कर राजधानी से बाहर चला गया था।

पिट्ठपुरम्=पिष्टपुरम् (जिला गोदावरी, आ० प्र०)

गुप्तसम्राट समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति में इस स्थान का राजा महेंद्र कहा गया है जिस पर समुद्रगुप्त ने विजय प्राप्त की थी—'कौसलक महेंद्र महाकान्तार व्याघ्रराज कौराल्क मंटराज पैष्टपुरक महेंद्र' स्मिथ तथा फ्लीट के मतानुसार पिष्टपुरम्, वर्तमान पिट्ठपुरम् या पीठपुरम् है। यह कलिंग की प्राचीन राजधानी थी।

पिनुद (दे० पियुन्)

पिनाशिला

सिंध (पाकि०) के निकट एक जनपद जिसका उल्लेख चीनी यात्री युवान-

च्वांग ने किया है। उसने इस स्थान पर तीन सहस्र बौद्ध भिक्षुओं का निवास-स्थान बताया है।

पितुव

संभवत: राजस्थान का कोई अनभिज्ञात नगर जिसका उल्लेख तिब्बत के इतिहासकार तारानाथ ने मारु या मारवाड के किसी राजा हर्ष (छठी शती ई०) के संबंध में किया है। इसने पितुव तथा अन्य कई स्थानों (दे० चितवर) पर बौद्धविहार बनवाए थे जिनमें से प्रत्येक में एक सहस्र से अधिक भिक्षु निवास करते थे। पितुव संभवत: मारवाड में स्थित था।

पितलखोरा (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

शैलकृत गुफामंदिरों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। यह कन्नड-तालुका में कन्नड-आउटरमघाट मार्ग से कटने वाली 7 मील लंबी सड़क के छोर पर स्थित है। गुफाओं तक पहुंचने के लिए 300 गज का घुमावदार मार्ग है। गुफाएं पूर्व बौद्धकालीन हैं। यह तथ्य इनकी वास्तुकला, शिल्पकारी, भित्तिचित्रकारी तथा यहां उत्कीर्ण अभिलेखों से सिद्ध होता है। यहां अंकित पशुओं की आकृतियां तथा कई रेखाचित्र सांची में अंकित इसी प्रकार के मूर्तिचित्रों के सदृश हैं।

पिथुड

कलिंगनरेश खारवेल के अभिलेख के अनुसार खारवेल ने उत्तर भारत की विजय के पश्चात् दक्षिण के देशों पर आक्रमण किया था। पिथुड नामक नगर में उसने गधों के हल चलवाए थे। सिलवन लेवी के मतानुसार पिथुड पिहुड का रूपांतर है। पिहुड पांड्य देश का एक मुख्य व्यापारिक नगर था। टॉलमी ने इसी को पितुंद्र लिखा है। उत्तराध्ययन नामक जैन सूत्रग्रंथ (खंड 21) में भी पिहुड का उल्लेख है। इस प्रसंग में पालित नाम के एक धनी व्यापारी के चंपा से पिहुड जाने का वर्णन है। तीर्थंकर महावीर के समय में (पांचवीं शती ई० पू०) व्यापारी लोग चंपा से पिहुड तक जलयान द्वारा जाते थे। (इंडियन एंटिक्वेरी 1926, पृ० 145)। पिहुड मछलीपटम् (मद्रास) के समीप है।

पिनाकिनी

स्कंदपुराण में वर्णित नदी जिसका अभिज्ञान मद्रास राज्य की पेन्नार नदी से किया गया है।

पिपरा (बिहार)

समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेल-मार्ग के पिपरा नामक स्टेशन के निकट एक प्राचीन किले के खंडहर हैं जिसके भीतर सीताकुंड नामक एक तालाब है तथा

रामायण के पात्रों से संबंधित कई मंदिर हैं। पिपरा से 4 मील पर सागर नामक ग्राम के पास एक ह्रद है जिसे सागरगड़ कहते हैं। यहीं एक सुंदर ताल है जिसे बुद्ध पोखर कहते हैं। इसका संबंध किसी बौद्ध कथा से है।

पिपरावा (जिला बस्ती, उ० प्र०)

पिपरावा या पिपरिया नौगढ़ रेल-स्टेशन से 13 मील उत्तर में नेपाल की सीमा के निकट बौद्धकालीन स्थान है। यहां बर्डपुर रियासत के जमींदार पीपी साहब को 1898 ई० में एक स्तूप के भीतर से बुद्ध की अस्थि-भस्म का एक प्रस्तर-कलश प्राप्त हुआ था जिस पर पांचवीं शती ई० पू० की ब्राह्मीलिपि में एक सुंदर अभिलेख अंकित है जो इस प्रकार है—'इय सलिलनिधने बुधस भगवते सकिय्न सुकितिभतिन सभगिणिकन सपुत दलनम्' अर्थात् भगवान् बुद्ध के भस्मावशेष पर यह स्मारक शाक्यवंशीय सुकिर्ति भाइयों-बहनों, बालकों और स्त्रियों ने स्थापित किया। जिस स्तूप में यह सन्निहित था उसका व्यास 116 फुट और ऊंचाई 21 फुट थी। इसकी ईंटों का परिमाण 16 इंच $\times$ 10 इंच है। यह परिमाण मौर्यकालीन ईंटों का है। बौद्ध किंवदंती है कि इस स्तूप का निर्माण शाक्यों द्वारा किया गया था। उन्होंने बुद्ध का शरीरांत होने पर भस्म का आठवां भाग प्राप्त कर उसे एक प्रस्तर-भांड में रख कर एक स्तूप के अंदर सुरक्षित कर दिया था। कुछ विद्वानों के विचार में ये अवशेष बुद्ध के निर्वाण के प्रायः सौ वर्ष पश्चात् स्तूप में निहित किए गए थे। यह संभव जान पड़ता है कि गौतम बुद्ध के पिता शुद्धोदन की राजधानी कपिलवस्तु पिपरावा के समीप ही स्थित थी। कई विद्वानों का मत है कि बुद्ध के समकालीन मोरियवंशीय क्षत्रियों की राजधानी पिप्पलिवाहन, पिपरावा के स्थान पर बसी हुई थी और पिपरावा पिप्पलि का ही रूपांतर है। स्तूप के कुछ अवशेष तथा भस्मकलश लखनऊ के संग्रहालय में सुरक्षित हैं।

पिपरिया=पिपरावा

पिप्पलगुहा (बिहार)

राजगीर (राजगृह) के निकट वैभार पहाड़ी के पूर्वी ढाल पर स्थित है। इसे जरासंध की गुहा भी कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत में यह भारत की प्राचीनतम इमारत है। कहा जाता है कि महाभारत काल में इसी स्थान पर मगध-राज जरासंध का प्रासाद था। कुछ पाली ग्रंथों के अनुसार प्रथम धर्मसंगीति का सभापति महाकश्यप पिप्पलगुहा में ही रहा करता था। बुद्ध एक बार महाकश्यप से मिलने स्वयं इस स्थान पर आए थे। युवानच्वांग ने भी इस गुहा का उल्लेख किया है तथा इसे असुरों का निवास स्थान माना है। महा-

भारत में मयदानव की कथा से सूचित होता है कि असुरों या दानवों की कोई जाति प्राचीन काल में विशाल वास्तु रचनाएं निर्माण करने में परम कुशल थी। संभवतः पिप्पलिगुहा की निर्मिति भी इन्हीं शिल्पियों ने की होगी। जरासंध की बैठक की दीवार असाधारण रूप से स्थूल समझी जाती है। इस इमारत के पीछे एक लंबा गुफा 1895 ई० तक वर्तमान थी। (दे० लिस्ट आव ऐंशट मान्यूमेंटस इन बंगाल—1895 पृ० 262-263)।

पिप्पलिवन = पिप्पलिवाहन

पिप्पलिवाहन

बुद्ध के समकालीन मोरिय वंशीय क्षत्रियों की राजधानी। संभवतः युवानच्वांग द्वारा उल्लिखित न्यग्रोधवन यही है (दे० वाटर्स 2 पृ० 23 24)। फाह्यान ने यहां के स्तूप की स्थिति कुशीनगर से 12 योजन पश्चिम की ओर बताई है। कुछ विद्वानों का मत है कि जिला बस्ती (उ० प्र०) में स्थित पिपरिया या पिपरावा नामक स्थान ही पिप्पलिवाहन है। यहीं के प्राचीन स्तूप में से एक मृद्भांड प्राप्त हुआ था जिसके ब्राह्मी अभिलेख से ज्ञात होता है कि उसमें बुद्ध के भस्मावशेष निहित थे (दे० पिपरावा)। बौद्ध साहित्य की कथाओं से सूचित होता है कि बुद्ध के परिनिर्वाण के पश्चात उनकी अस्थि भस्म को आठ भागों में बांट दिया गया था। प्रत्येक भाग का लेकर उसको एक महास्तूप में सुरक्षित किया गया था। इस प्रकार के आठ स्तूप बनवाए गए थे। इनमें से अंगार स्तूप पिप्पलिवन में था। पिप्पलिवन को पिप्पलिवाहन भी कहते थे।

पिराना (जिला टोंक राजस्थान)

भूतपूर्व टोंक रियासत में स्थित एक प्राचीन स्थान जहां से पुरातत्व विषयक अनेक अवशेष प्राप्त हुए हैं। यहां की सामग्री का उचित अनुसंधान अभी नहीं हो सका है।

पिल्लालमर्री (सुरियापट तालुका जिला नालगोंडा आ० प्र०)

वारंगल की राजसभा के प्रसिद्ध राजकवि पिल्लालमर्री पीना वीरभद्र कवि का जन्म स्थान। यहां के प्राचीन मंदिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में हैं। ये काकतीय नरेशों के समय के हैं। इनके स्तंभों पर सुंदर नक्काशी है और दीवारों पर मनोरम चित्रकारी। यहां से कई अभिलेख भी प्राप्त हुए हैं जिनमें गणपति नामक राजा का कन्नड़ तेलुगू अभिलेख (1130 शकसंवत = 1203 ई०) और राजा रुद्रदेव का अभिलेख (1117 शकसंवत — 1203 ई०) उल्लेखनीय है। इस स्थान से काकतीय नरेशों के अनेक सिक्के भी मिले हैं।

पिशाच

'द्रौपदयाभिमन्युश्च सात्यकिश्च महारथ, पिशाचादारदाश्चैव पुंड्रा. कुंडी-विषै सह'—महा० भीष्म० 50,50। दरद देश के निवासियों तथा पिशाचो का उपर्युक्त श्लोक मे, जिसमे भारत के पश्चिमोत्तर सीमात पर रहने वाली जातियो का उल्लेख है, साथ-साथ नामोल्लेख होने से यह अनुमेय है कि पिशाचदेश दरद-देश (वर्तमान दर्दिस्तान) के निकट होगा। वास्तव मे इस देश की अनार्य तथा असभ्य जातियो के लिए ही महाभारत के समय मे पिशाच शब्द व्यवहृत था। पिशाच देश के योद्धा महाभारत के युद्ध मे पाडवो की ओर से लड़े थे। इस देश के निवासियों की भाषा पैशाची नाम से प्रसिद्ध है जिसमें प्रतिष्ठान (महाराष्ट्र) निवासी गुणाढ्य की बृहत्कथा लिखी गई थी। पैशाची को भूत-भाषा भी कहा गया है। इस भाषा का क्षेत्र भारत का पश्चिमोत्तर प्रदेश और पश्चिमी कश्मीर था जिसकी पुष्टि महाभारत के उपर्युक्त उल्लेख से भी होती है। कहा जाता है कि गुणाढ्य पिशाच देश (पश्चिमी कश्मीर) मे प्रतिष्ठान से जाकर बसे थे। कुछ लोगो का यह भी कहना है कि आर्यों से पूर्व, कश्मीर देश मे नाग-जाति का निवास था और पैशाची इन्हीं लोगों की जातीय भाषा थी। सभव है पिशाच नामक लोग इसी जाति से सबधित हों और उनके बर्बर आचार-व्यवहार के कारण पिशाच शब्द संस्कृत में (दरिद्र की भाति) एक विशेष अर्थ का द्योतक बन गया हो। (दे० दरद)

पिशुनी=पयस्विनी

पिष्टपुर

गुप्त सम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति मे विजित राजाओं की सूची में पिष्टपुर के राजा महेंद्र का भी नाम है। उल्लेख इस प्रकार है—'कौसल्क महेंद्र महाकातार व्याघ्रराज कौसल्क मटराज पैष्टपुरक महेंद्र'। विंसेंट स्मिथ के अनुसार (फ्लीट का मत भी यही है) पिष्टपुरम्, जिला गोदावरी (आ० प्र०) का पिट्टपुर या पीठपुर नामक स्थान है। यहा कलिंग की प्राचीन राजधानी थी। पिष्टपुर नाम के सबध मे यह तथ्य अवलोकनीय है कि खोह (नागदा, म० प्र०) से प्राप्त होने वाले कुछ गुप्तकालीन अभिलेखों में पिष्टपुरी नामक देवी के मदिर को दिए गए दान का उल्लेख है। यह सभव है कि पिष्टपुर नामक कोई स्थान इस इलाके मे भी स्थित रहा हो जिसके नाम पर पिष्टपुरी नामक स्थानीय देवी का नाम पड़ा होगा।

पिहुड (दे० पिपुड)

पिहोवा (दे० पृथूदक)

पीरपहाड़ (ज़िला मुंगेर, बिहार)

मुंगेर से तीन मील पूर्व की ओर एक पहाड़ी। इस पर एक प्राचीन भवन स्थित है जिसका निर्माण बंगाल के नवाब मीर कासिम के सेनापति गुरगीन ने 18वीं शती में करवाया था। गुरगीन आर्मीनिया का निवासी था।

पीलीभीत (उ० प्र०)

रुहेलाकाल (18वीं शती) की कुछ इमारतें यहां हैं जिनमें रुहेला सरदार हाफ़िज़ मुहम्मद खां की बनवाई एक मसजिद उल्लेखनीय है।

पीवर

विष्णुपुराण 2,4,48 के अनुसार क्रौंच द्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा द्युतिमान् के पुत्र पीवर के नाम से प्रसिद्ध है।

पुंडरीक

'शुक्लतीर्थं समासाद्य तीर्थसेवी नराधिप, पुंडरीकमवाप्नोति कृतशौचो भवेच्च सः.' महा० वन० 83,21। पुंडरीक का, जिसकी मान्यता महाभारत काल में तीर्थ रूप में थी, वर्तमान पूंडरी (पंजाब) से अभिज्ञान किया गया है। कुछ टीकाकारों ने इस श्लोक में पुंडरीक को तीर्थ का नाम न मानकर पुंडरीक यज्ञ माना है।

पुंडरीकवान्

विष्णुपुराण 2,4,51 के अनुसार क्रौंच द्वीप का एक पर्वत—'क्रौंचश्चवा-मनश्चैव तृतीयश्चान्धकारकः चतुर्थो रत्नशैलश्च स्वाहिनी हयसन्निभः, दिवावृत्-पंचमश्चात्र तथान्यः पुंडरीकवान्, दुंदुभिश्च महाशैलो द्विगुणस्ते परस्परम्'।

पुंडरीका

विष्णुपुराण 2,4,55 के अनुसार क्रौंचद्वीप की एक नदी '''गौरी कुमुद्वती चैव संध्या रात्रिर्मनोजवा, क्षांतिश्च पुंडरीका च सप्तैता वर्षनिम्नगा.'।

पुंडरीकिणी

पूर्वविदेह की नगरी जिसका उल्लेख पाली साहित्य में है।

पुंड्र=पौंड्र

बंगाल में गंगा की मुख्य धारा पद्मा के उत्तर में स्थित प्रदेश को प्राचीन काल में पुंड्र देश कहते थे (इंपीरियल गजेटियर ऑव इंडिया, पृ० 316)। नदी से दक्षिण का भूभाग वंग कहलाता था। कुछ विद्वानों का मत है कि वर्तमान पबना ही प्राचीन पुंड्र है। यह नाम वास्तव में इस प्रदेश में प्राचीन काल में बसने

वाली वन्यजाति का अभिधान था। इन्हीं लोगों का मूलस्थान होने से यह प्रदेश पुंड्र कहलाया। महाभारत में पौंड्र वासुदेव के आह्वान में कृष्ण के इस प्रतिद्वंद्वी को पुंड्रदेश का ही निवासी बताया गया है। बिहार के पूर्णिया नामक नगर को भी पुंड्रदेश में स्थित कहा गया है और ऐसा विचार है कि इस नगर का नाम पुंड्र का ही अपभ्रंश है। विष्णुपुराण में पुंड्र प्रदेश पर—संभवतः पूर्व-गुप्तकाल में—देवरक्षित राजा का शासन बताया गया है—'कोशलाध्रपुंड्रताम्रलिप्तसमुद्रतटपुरी च देवरक्षितो रक्षिता'—विष्णु 4,24,64। पुंड्र प्रदेश से संबंधित पुंड्र-नगर का उल्लेख महास्थानगढ़ (ज़िला बोगरा, बंगाल) से प्राप्त मौर्यकालीन अभिलेख में है जिसमें इस नगर को पुडनगल कहा गया है। इसका अभिज्ञान महास्थानगढ़ से ही किया गया है। महास्थान (गढ़) का उल्लेख शायद पाणिनि 6,2,89 में महानगर के नाम से है। गुप्तकाल में पुंड्र, पुंड्रवर्धनभुक्ति नाम से दामोदरपुर-पट्टलेखों में वर्णित है। इस भुक्ति में अनेक विषय सम्मिलित थे (दे० पुंड्रवर्धन)। प्राचीन समय में यह देश ऊनी कपड़ों और पौंडे या गन्ने के लिए प्रसिद्ध था। (संभव है 'पौंडा' नाम इसी देश के नाम पर हुआ हो और अतः यह पुंड्र जाति से संबंधित हो। यह भी द्रष्टव्य है कि 'गुड़' का संबंध भी गौड़ देश से इसी प्रकार जोड़ा जाता है)। महाभारत वन० 51,22 में वंग, अंग और उड्र के साथ ही पौंड्र देश का उल्लेख है—'यत्र सर्वान् महीपालाञ्छस्त्रतेजोभयार्दितान्, सवंगांगान् सपौंड्रोड्रान् सचोलद्राविडांधकान्'।

पुंड्रनगर (दे० पुंड्र)

पुंड्रवर्धन (बंगाल)

गुप्तकालीन अभिलेखों से सूचित होता है (दे० दामोदरपुर ताम्रपट्टलेख) कि गुप्तसाम्राज्य में पुंड्रवर्धन नाम की एक भुक्ति थी जो पुंड्र देश के अंतर्गत थी। इसमें कोटिवर्ष आदि अनेक वर्ष सम्मिलित थे। इन ताम्रपट्टलेखों से सूचित होता है कि लगभग समग्र उत्तरी बंगाल या पुंड्र देश, पुंड्रवर्धन भुक्ति में सम्मिलित था और यह 443 ई० से 543 ई० तक गुप्तसाम्राज्य का अविच्छिन्न अंग था। यहां के शासक उपरिक महाराज की उपाधि धारण करते थे और इन्हें गुप्त नरेश नियुक्त करते थे। कुमारगुप्त प्रथम के समय में उपरिक चिरातदत्त को पुंड्रवर्धन का शासक नियुक्त किया गया था और बुधगुप्त के समय (163 गुप्त संवत् या 483-484 ई०) में यहां का शासक ब्रह्मदत्त था। इस भुक्ति का प्रधान नगर वर्तमान रंगपुर के निकट रहा होगा।

पुण्यपत्तन=पूना

पुण्यस्तंभ=पुनतांबा (महाराष्ट्र)

मध्यरेलवे के धौंड मनमाड मार्ग पर स्थित है। यह प्राचीन नगर गोदावरी के तट पर बसा है। संत ज्ञानेश्वर के शिष्य महायोगी चांगदेव की समाधि गोदावरी के किनारे बनी हुई है।

पुक्कलावोति

पुष्कलावती या पुष्करावती का प्राकृत रूप।

पुटभेदन

मिलिंदप्रश्न (मिलिंदपन्हो) में साकल या स्यालकोट का एक नाम। बौद्धकाल में यह बड़ा व्यापारिक नगर था जहां थोक माल की गठरियों (=पुट) की मुहर तोड़ी जाती थी।

पुनतांबा=पुण्यस्तंभ

पुनाट=पुन्नाड़

पुन्नाड़ (मैसूर)

5वी-6ठी शती के एक अभिलेख में इस प्राचीन राज्य का उल्लेख है। 931 ई० में हरिषेण द्वारा रचित बृहत्कथाकोश में भी इसका नामोल्लेख है। पुन्नाड़ या पुन्नाट की राजधानी कीर्तिपुर या कित्थीपुर में थी। यह नगरी कावेरी की सहायक नदी कपिनी या कब्बिनी के तट पर स्थित थी। कीर्तिपुर का अभिज्ञान मैसूर के निकट स्थित कित्तूर से किया गया है।

पुप्फपुर

पुष्पपुर (पाटलिपुत्र) का पाली या प्राकृत रूप (दे० महावंश 18,8)।

पुब्बतापरंत

पालीसाहित्य में पूर्व पश्चिम के महाजनपद का नाम।

पुरंदरगढ़ (जिला पूना, महाराष्ट्र)

पूना से सात मील दूर सासवड रोड स्टेशन से सासवड नामक ग्राम 11 मील है। यहां से छः मील दूर शिवाजी के समय का प्रसिद्ध किला पुरंदरगढ़ स्थित है। यह दुर्ग पहाड़ी के शिखर पर बना हुआ है। पहाड़ी की तलहटी में पूर नामक ग्राम बसा है जहां नारायणेश्वर शिव का अति प्राचीन देवालय स्थित है।

पुरली (जिला बीड, महाराष्ट्र)

पुरली से प्रागैतिहासिक काल के कुछ अवशेष प्राप्त हुए हैं। शिव के द्वादश स्वयंभू ज्योतिर्लिंगों में से एक यहां स्थित है। मुख्य मंदिर देवी अहल्या-

बाई ने 18वीं शती मे बनवाया था जैसा कि चादी के किवाड पर उत्कीर्ण एक लेख से सूचित होता है। पुरली प्राचीन समय मे विद्या का केन्द्र था।

पुरवा (ज़िला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर से पाच मील दूर इस कस्बे मे, भूमि से तीन सौ फुट ऊची पहाडी पर कई प्राचीन भवनों के खडहर अवस्थित हैं। इनमें पिसनहारी की मढ़िया अति प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि इस मदिर को गोंडवाने की महारानी दुर्गावती की समकालीन किसी चक्की पीसने वाली अज्ञातनामा स्त्री ने बनवाया था। *यह स्थान महाकोशल के दिगबर जैनों द्वारा पवित्र माना जाता है और* यहा प्रतिवर्ष मेला भी लगता है। मदिर तक जाने के लिए एक घुमावदार रास्ता है और पहाडी पर चढने के लिए दो सौ आठ सीढिया बनी हैं। पिसनहारी की मढिया के पार्श्व मे केवल दो शैलखडो पर खडा हुआ मदन-महल मुग़ल-सम्राट् अकबर से लोहा लेने वाली वीरागना दुर्गावती का अमर स्मारक है। पास ही सग्रामसागर नामक विशाल झील है जो दुर्गावती के सचिव सरदार सग्रामसिंह की स्मृति सजोए हुए है। यहीं आमखास नामक स्थान है जिसके बारे में किंवदती है कि किसी समय यहा आम के एक लाख वृक्ष थे। पास ही गोंड नरेशों के समय के खडहर दूर तक फैले हुए हैं। इन्हीं मे महारानी दुर्गावती का हाथीखाना भी है।

पुरिका दे० प्रवरपुर

पुरिमताल

जैन साहित्य में उल्लिखित प्रयाग का एक नाम। जैन ग्रथो से विदित होता है कि 14वीं शती तक जैन परपरा में यह नाम प्रचलित था। कहा जाता है कि ऋषभदेव को कैवल्य ज्ञान यहीं प्राप्त हुआ था। कल्पसूत्र में पुरिमताल का उल्लेख इस प्रकार है 'जेसे हेमताण चउत्थे मासे सत्तमे पक्खे फग्गुण बहुले तस्सण फग्गुण बहुलस्स इक्कारसी पक्खेण पुव्वण्हकाल समयसि पुरिमतालस्स नयरस्स बहिया सगडमुहसि उज्जाणसि नग्गोहवर पायवस्स अहे'। 11वी शती मे रचित श्री जिनेश्वर सूरि के कथा कोश मे भी इसी प्रकार का उल्लेख है —'अण्णया पुरिमताले सपत्तस्स अहे नग्गोहपायपस्सज्झाण तरियाए वट्टमाणस्स भगवओ समुप्पण केवल नाण'—कथा कोश प्रकरण पृ० 52। विविधतीर्थकल्प *में 'पुरिम ताले आदिनाथ' शब्द है। धर्मोपदेशमाला में (पृ० 124) भी* पुरिमताल का उल्लेख है।

पुरी

(1) दे० एरिकेटा

(2) दे० जगन्नाथपुरी

पुरु

'सनत्कुमार. कौरव्य पुण्यकनखल तथा, पर्वतश्च पुरुर्नाम यत्र यातः पुरुरवा.'—महा० वन० 90,22। यहां पुरु नामक पर्वत का कनखल (हरद्वार) के निकट उल्लेख है।

पुरुषपुर

वर्तमान पेशावर (प० पाकि०)। ऐतिहासिक परपरा के अनुसार सम्राट् कनिष्क ने पुरुषपुर को (द्वितीय शती ई० मे) बसाया था और सर्वप्रथम कनिष्क के बृहत् साम्राज्य की राजधानी बनने का सौभाग्य भी इसी नगर को प्राप्त हुआ था। कनिष्क ने बौद्धधर्म की दीक्षा लेने के पश्चात् पुरुषपुर में एक महान् स्तूप का निर्माण करवाया था जिसमे लकडी का प्रचुरता से प्रयोग किया गया था। स्तूप के ऊपर जाने के लिए सीढियां बनी थीं और ऊपर एक सुदर काष्ठमडप था। इसमे तेरह मजिलें थीं और पूरी ऊंचाई लगभग 500 हाथ थी। कहा जाता है कि यह स्तूप कनिष्क के पश्चात् कई बार जला और बना था। इस महास्तूप के पश्चिम की ओर कनिष्क ने एक सुन्दर एव विशाल विहार भी बनवाया था जिसकी तीसरी मजिल पर कनिष्क के गुरु भदत पार्श्व रहते थे। तृतीय बौद्ध-सगीति कनिष्क के शासन काल मे पुरुषपुर मे ही हुई थी (कुछ विद्वानों के मत मे यह सम्मेलन कुडलवन कश्मीर मे हुआ था)। इसके सभापति आचार्य अश्वघोष थे जिन्हें कनिष्क पाटलिपुत्र की विजय के पश्चात् अपने साथ पुरुषपुर ले आए थे। बौद्धधर्म के उद्भट विद्वान और बुद्ध-चरित और सौंदरानद नामक महाकाव्यों के विख्यात रचयिता अश्वघोष पुरुषपुर मे ही रहते थे। पुरुषपुर मे बौद्ध महासभा के पश्चात् बौद्धधर्म के दो विभाग हो गए थे—प्राचीन हीनयान और नवीन महायान। अश्वघोष के अतिरिक्त जिन अन्य बौद्ध विद्वानो का ससर्ग पुरुषपुर से रहा था वे थे वसुबधु तथा उनके सहोदर भ्राता असग और विरचि। वसुबधु, चद्रगुप्त विक्रमादित्य (चतुर्थ शती ई०) की राजसभा मे भी सम्मानित हुए थे। दिङ्नाग इनके शिष्य थे। उनका रचित अभिधर्म-कोश बौद्धसाहित्य का प्रसिद्ध ग्रथ है। इसकी रचना पुरुषपुर मे ही हुई थी। वसुबधु के गुरु आचार्य मनोरथ भी पुरुषपुर ही के रहने वाले थे। चद्रगुप्त विक्रमादित्य इनका भी बहुत आदर करता था।

पुरुषपुर प्राचीन काल मे गांधार-मूर्तिकला का प्रसिद्ध केंद्र था। यह कला भारतीय तथा यूनानी शैली के सम्मिश्रण से उत्पन्न हुई थी। हैवेल के अनुसार

गांधार कला सर्वोच्च कोटि की कला नहीं थी और न इसमें भारतीय परंपरा तथा आदर्शवाद के तत्व ही निहित थे। वे इसे यांत्रिक तथा आत्मा से रहित कला मानते हैं। इस कला का मुख्य सौंदर्य शारीरिक रूपरेखा का कुशल अंकन माना जाता है। गांधार कला मे प्रथमबार बुद्ध की मूर्ति का निर्माण हुआ था। 100 ई० पू० से पहले बुद्ध की मूर्तियां नहीं बनाई जाती थीं और उपयुक्त प्रतीकों द्वारा ही तथागत का अंकन किया जाता था। गांधारकला में प्राय काली मिट्टी जो स्वात के प्रदेश,म मिलती थी, मूर्ति-निर्माण के लिए प्रयोग मे लाई जाती थी। इन मूर्तियों की शरीर रचना तथा गठन सौंदर्यपूर्ण और यथार्थ है। वस्त्रों, विशेषकर उत्तरीय का अंकन उभरी हुई धारियों से किया गया है। परवर्ती काल मे पुरुषपुर या पेशावर भारत पर उत्तर पश्चिम से आक्रमण करने वाले आक्रांताओं के कारण इतिहास प्रसिद्ध रहा। 1001 ई० में महमूद गजनवी और भारतीय नरेश जयपाल मे पेशावर के मैदान मे घोर युद्ध हुआ जिसमे जयपाल को भारी क्षति उठानी पड़ी। जयपाल, इस युद्ध में पराजय-जनित अपमान तथा अनुताप को न सहते हुए जीवित ही अग्नि मे कूदकर स्वर्ग सिधार गया। मुगलों के समय मे पेशावर म मुगलों का सेनापति रहता था और तत्कालीन अफगानी तथा सीमांत-स्थित फिरकों (यूसुफजाई वगैरह) से भारतीय साम्राज्य की रक्षा करता था।

पुरुषोत्तम क्षेत्र

पुराणों के अनुसार इस तीर्थ के क्षेत्र का विस्तार, उड़ीसा में दक्षिणकटक, पुरी तथा वेंकटाचल तक है। (दे० इंडियन हिस्टॉरिकल क्वार्टरली 7, पृ० 245 253)।

पुरुषोत्तमपुरी दे० जगन्नाथपुरी

पुलिंद

महाभारत वन० के अन्तर्गत पुलिंदों के देश का वर्णन पांडवों की गंधमादन पर्वत की यात्रा के प्रसंग में है। जान पड़ता है कि यह देश कैलाश पर्वत या तिब्बत के ऊंचे पहाड़ों की उपत्यकाओं म बसा था। इस प्रसंग में तगणों और किरातों का भी उल्लेख है। पुलिंद देश के बर्फीले पहाड़ों का वर्णन भी इस प्रसंग मे है। अशोक के शिलालेख 13 में पारिंदों का उल्लेख है जो कुछ विद्वानों के मत मे पुलिंदों का ही नाम है। किंतु भंडारकर के मत मे पारिंद वरेंद्र (बंगाल) के निवासी थे। पुराणों में पुलिंदा का विंध्याचल में निवास करने वाली अन्य जातियों के साथ वर्णन है—'पुलिंदा विंध्यपुषिका वैदर्भा दंडकैः सह' मत्स्य० 114, 48। 'पुलिंदा विंध्यमूलीका वैदर्भा दंडकैः सह'-

वायु० 55,126। महाराज हस्तिन् के नवग्राम से प्राप्त 517 ई० के दानपत्र अभिलेख मे पुलिंद-राष्ट्र का उल्लेख है जिसकी स्थिति डभाल (म० प्र० का उत्तरी भाग) मे बताई गई है। अशोक के समय मे पुलिद नगर जो पुलिन्द देश की राजधानी थी, रूपनाथ के निकट स्थित होगा जहां अशोक का एक लघु-अभिलेख प्राप्त हुआ है (दे० राय चौधरी—पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव इडिया–पृ० 258)। उपर्युक्त विवेचन से जान पड़ता है कि पुलिन्द नामक जाति मूलत: उत्तर तिब्बत की रहने वाली थी और कालातर मे भारत मे आकर विन्ध्य की घाटियों मे बस गई थी। यह भी सभव है कि प्राचीन काल मे भारतीयो ने दो भिन्न जातियों को उनके सामान्य गुणो के कारण पुलिन्द नाम से अभिहित किया हो। (दे० पुलिन्दनगर)

पुलिंदनगर

'ततो दक्षिणमागम्य पुलिंदनगर महत्, सुकुमार वशे चक्रे सुमित्र च नराधिपम्', महा० सभा० 29,10। भीमसेन ने अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसग मे पुलिंदनगर पर अधिकार किया था। प्रसग से इस महान नगर की स्थिति विंध्यप्रदेश की उपत्यकाओ मे जान पड़ती है। रायचौधरी के अनुसार यह प्रदेश रूपनाथ के निकट स्थित होगा जहां अशोक का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है। (दे० पुलिंद)

पुवार (केरल)

त्रिवेंद्रम के दक्षिण मे स्थित एक ग्राम जो विद्वानो के मत मे प्राचीन यहूदी साहित्य का ओफीर नामक प्रसिद्ध व्यापारिक स्थान है। इस साहित्य मे सम्राट् सुलेमान (प्राय 1000 ई० पू०) के भेजे हुए व्यापारिक जलयानों का भारत के इस बदरगाह मे आने जाने का वर्णन मिलता है। अति प्राचीन काल मे पुवार के बडे बदरगाह होने के निश्चित चिह्न प्राप्त हुए हैं।

पुष्कर (जिला अजमेर, राजस्थान)

(1) अजमेर से सात मील दूर यह प्राचीन तीर्थ स्थित है। वाल्मीकि रामायण बाल० मे पुष्कर मे विश्वामित्र के तप करने का उल्लेख है—'पश्चिमायां विशालाया पुष्करेषु महात्मन सुख तपश्चरिष्याम सुख तद्धि तपोवनम्, एवमुक्त्वा महातेजा पुष्करेषु महामुनि, तप उग्र दुराधर्ष तेपे मूलफलाशन'—बाल० 61,3 4। उत्तरकांड 53,8 मे राजा नृग के पुष्कर मे दिए गए दान का उल्लेख है—'नृदेवो भूमिदेवेभ्य पुष्करेषु ददौ नृप'। महाभारत मे पुष्कर को महान् तीर्थ माना है—'पितामहसर पुण्य पुष्कर नाम नामत, वैखानसानासिद्धाना मृषीणामाश्रम प्रिय। अप्यत्र सश्रयार्थाय प्रजापतिरथो जगौ, पुष्करेषु कुरुश्रेष्ठ

गार्यांसुकृतिनावर। मनसाप्यभिकामस्य पुष्कराणि मनस्विन विप्रणश्यन्ति पापानि नाकपृष्ठे च मोदते'—वन० 89,16-17 18। वन० 12,12 मे पुष्कर को तपस्थली बताया गया है—'दशवर्षसहस्राणि दशवर्षशतानि च, पुष्करेष्ववसः कृष्ण त्वमपो भक्षयन् पुरा'। उत्सवसंकेत गण का निवास पुष्कर के निकट ही था—दे० सभा० 27,32। विष्णुपुराण 1,22,89 में भी पुष्कर का उल्लेख है—'कार्तिक पुष्करस्नाने द्वादशाब्देन यत् फलम्' जिसमे पुष्कर का तीर्थ रूप म जो वर्तमान महत्त्व माना जाता है उसका पूर्वाभास मिलता है तथा पुष्कर के द्वादश-वर्षीय कुभ का जो आज भी प्रचलित है, प्रारभ भी अति प्राचीन काल (सभवत: गुप्तकाल) म सिद्ध होता है। विष्णु० 6,8,29 मे पुष्कर को प्रयाग और कुरुक्षेत्र के समान माना है—'प्रयागे पुष्करे चैव कुरुक्षेत्रे तथार्णवे, कृतोपवास' प्राप्नोति तदस्य श्रवणान्नर.'। जनश्रुति में कहा जाता है कि पाडवो ने पुष्कर के चतुर्दिक् स्थित पहाड़ियो मे अपने वनवास काल का कुछ समय व्यतीत किया था। इनमे से नागपहाड पर प्राचीन ऋषियों की तपोभूमि मानी जाती है। अगस्त्य और भर्तृहरि की गुफाए भी इन्हीं पहाड़ियो मे आज भी स्थित हैं। चतुर्थ शती ई० पू० की आहत (Punch marked) मुद्राए तथा वाक्ट्रियन और ग्रीक नरेशों के सिक्के जो प्रथम शती ई० पू० से लेकर ई० सन् की पहली दो शतियों तक के हैं, यहा से प्राप्त हुए हैं। पौराणिक कथाओ के अनुसार प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि-रचना के समय इस स्थान पर यज्ञ किया था इसलिए इस स्थान को ब्रह्म पुष्कर भी कहते हैं। (दे० ऊपर उद्धृत महा० वन० 89,16-17)। सभवत भारत भर मे केवल इसी स्थान पर ब्रह्मा का मदिर है। वर्तमान मदिर जो झील के तट पर है अधिक प्राचीन नहीं जान पडता किंतु इस स्थान पर प्राचीन काल मे भी ब्रह्मा का मदिर रहा होगा। ब्रह्मा की पत्नी सावित्री का मदिर निकटवर्ती पहाडी पर है। ब्रह्मा के मदिर के द्वार पर उनके वाहन हस की मूर्ति उत्कीर्ण है। वाराणसी, गया तथा मथुरा की भांति ही पुष्कर भी कुछ समय तक बौद्ध धर्म का केन्द्र रहा किंतु इस धर्म की अवनति के साथ कालातर मे हिंदू धर्म की यहा पुन स्थापना हुई। जनश्रुति है कि 9वी शती ई० मे एक बार राजा नरहरिराव यहा शिकार खेलता हुआ पहुचा। उसने प्यास बुझाने के लिए सरोवर का पानी पिया तो उसका श्वेत कुष्ठ दूर हो गया। उसने झील के जल के चमत्कारी प्रभाव को देखकर यहा पक्के घाट बनवा दिए। पुष्कर मे 925 ई० का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है जो यहां से प्राप्त अभिलेखों मे प्राचीनतम है। मुगल सम्राट् जहांगीर की बनवाई दो छतरियां झील के घाटों पर स्थित हैं। पुष्करताल पर लगभग चालीस पक्के घाट हैं जिनमे से

कुछ के ये नाम हैं—गोघाट, वराहघाट, ब्रह्मघाट, ग्वालियर घाट, चन्द्रघाट, इंद्रघाट, जोधपुर घाट और छोटा घाट आदि। एक प्राचीन दंतकथा के अनुसार जिस समय ब्रह्मा ने यज्ञ प्रारंभ करना चाहा तो अपनी पत्नी सावित्री की अनुपस्थिति में वे ऐसा न कर सके। तब उन्होंने सावित्री पर रुष्ट होकर गायत्री नामक अन्य स्त्री से विवाह करके यज्ञ संपन्न किया। सावित्री जब लौटकर आई तो वह गायत्री को अपने स्थान पर देख कर बहुत क्रुद्ध हुई और ब्रह्मा को छोड़कर पास की पहाड़ियों में चली गई जहां उसके नाम का एक मंदिर आज भी है। स्थानीय किंवदंती में यह भी प्रचलित है कि कालिदास के अभिज्ञान शाकुन्तल की नायिका शकुन्तला के पिता कण्व का आश्रम पुष्कर के पास स्थित एक पहाड़ी पर था किन्तु इस किंवदंती में कुछ भी तथ्य नहीं जान पड़ता। (कण्व के आश्रम के लिए दे० मडावर)। पौराणिक किंवदंती में पुष्कर को सरस्वती नदी का तीर्थ माना गया है। कहते हैं कि अति प्राचीन काल में सरस्वती नदी इसी स्थान के निकट बहती थी और पुष्कर पर्वतोपत्यका में उसका छोड़ा हुआ सरोवर है। यह नदी अब भी कई स्थानों पर बहती हुई दिखलाई पड़ती है और अन्ततः कच्छ की खाड़ी में गिर जाती है। कई स्थानों पर राजस्थान की भूमि में यह विलुप्त भी हो जाती है। संभवतः यही वैदिककालीन सरस्वती थी जो पहले शायद सतलज में गिरती थी और कालांतर में मुड़कर राजस्थान की ओर बहने लगी। सरस्वती को ब्रह्मा की पत्नी माना गया है और इसी कारण पुष्कर का ब्रह्मा से संबंध परंपरागत चला आ रहा है। सरस्वती की एक धारा 'सुप्रभा' आज भी पुष्कर के निकट बहती है। महाभारत में विनशन नामक स्थान पर सरस्वती को विलुप्त होते हुए बताया गया है।

(2) (बर्मा) ब्रह्म देश का एक प्राचीन भारतीय नगर (संभवतः रंगून) जिसका नाम भारत के प्रसिद्ध तीर्थ पुष्कर के नाम पर रखा गया प्रतीत होता है। ब्रह्मदेश में अति प्राचीन काल से मध्ययुग तक भारतीय औपनिवेशिकों ने अनेक नगरों को बसाया था तथा इस देश के अधिकांश भाग में उनके राजवंशों का राज्य रहा था।

पुष्करण

(1) जिला बांकुड़ा, बंगाल में सुसुनिया नामक स्थान से प्राप्त एक अभिलेख में पुष्करण के किसी राजा चंद्रवर्मन् का उल्लेख है। इस पुष्करण का अभिज्ञान रायचौधरी तथा अन्य विद्वानों ने जिला बांकुड़ा में दामोदर नदी पर स्थित पोखरन नामक स्थान से किया है। सुसुनिया बांकुड़ा से उत्तरपूर्व की ओर 25 मील दूर एक पहाड़ी है। गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में जिस

चंद्रवर्मन् का उल्लेख है वह पुष्करण का राजा हो सकता है ('रुद्रदेव मतिल नागदत्तचंद्रवर्मागणपतिनागनागसेन—') ।

(2)=पुष्करारण्य । मारवाड़ का प्रसिद्ध प्राचीन स्थान है । श्रीहरप्रसाद शास्त्री के अनुसार महरौली (दिल्ली) के प्रसिद्ध लौह स्तंभ पर जिस चंद्र नामक राजा की विजयों का उल्लेख है वह पुष्करण का चंद्रवर्मन् है । यह चंद्रवर्मन् 404-405 ई० के मंदसौर अभिलेख में उल्लिखित है । श्री शास्त्री के अनुसार समुद्रगुप्त की *प्रयाग-प्रशस्ति* का चंद्रवर्मन् भी यही है । यह नरवर्मन् का भाई था और ये दोनों मिलकर मालवा तथा परिवर्ती प्रदेश पर राज्य करते थे । पुष्करण या पोखरन कर्नल टाड के समय (19वीं शती का प्रथम भाग) तक मारवाड़ की एक शक्तिशाली रियासत थी । (दे० *एनेल्स ऑव राजस्थान*, पृ० 605) । पोखरन का प्राचीन नाम पुष्करण या पुष्करारण्य था और इसका उल्लेख महाभारत में है—'पुनश्च परिवृत्याथ पुष्करारण्य-वासिन , गणानुत्सवसंकेतान् व्यजयत् पुरुषर्षभ' सभा० 32, 8 9 । इस स्थान पर पुष्करारण्य का उल्लेख माध्यमिका या चित्तौड़ के पश्चात् होने से इसकी स्थिति मारवाड़ में सिद्ध हो जाती है । यहां के उत्सवसंकेत गणों को नकुल ने दिग्विजययात्रा के प्रसंग में हराया था ।

पुष्करद्वीप

पौराणिक भूगोल की कल्पना में यह पृथ्वी के सप्त महाद्वीपों में से एक है— 'जंबू प्लक्षाह्वयौ द्वीपौ शाल्मलश्चापरो द्विज, कुश क्रौंचस्तथा शाक पुष्करश्चैव सप्तम '–विष्णु० 2,2,5 । इसके चतुर्दिक शुद्धोदक सागर की स्थिति बताई गई है ।

पुष्करवती=पुष्कर (2)

रंगून (बर्मा) का प्राचीन भारतीय नाम ।

पुष्करवन=पुष्करारण्य

पुष्करारण्य दे० पुष्करण (2)

पुष्करावती=

(1) पुष्कलावती

(2) (बर्मा) ब्रह्मदेश का एक प्राचीन नगर, वर्तमान रंगून=पुष्कर (2) या पुष्करवती ।

पुष्कल = पुष्कलावती

पुष्कलावत = पुष्कलावती

पुष्कलावती

भारत के सीमांत प्रदेश पर स्थित अति प्राचीन नगरी जिसका अभिज्ञान ज़िला पेशावर (प० पाकिस्तान) के चारसड्डा नामक स्थान (पेशावर से 17 मील उत्तर-पूर्व) से किया गया है। कुमारस्वामी के अनुसार यह नगरी स्वात (प्राचीन सुवास्तु) और काबुल (प्राचीन कुभा) नदियों के संगम पर बसी हुई थी जहां वर्तमान मीर ज़ियारत या बालाहिसार है (इंडियन एंड इंडोनीसियन आर्ट—पृ० 55) वाल्मीकि रामायण में पुष्कलावत या पुष्कलावती का भरत के पुत्र पुष्कल के नाम पर बसाया जाना उल्लिखित है—'तक्षं तक्षशिलायां तु पुष्कलं पुष्कलावते गंधर्वदेशे रुचिरे गांधार-विषये च स:' वाल्मीकि० उत्तर 101,11। रामायणकाल में गंधार-विषय के पश्चिमी भाग की राजधानी पुष्कलावती में थी। सिंधु नदी के पश्चिम में पुष्कलावती और पूर्व में तक्षशिला भरत ने अपने पुत्र पुष्कल और तक्ष के नाम पर बसाई थी। इस काल में यहां गंधर्वों का राज्य था जिनके आक्रमणों से तंग आकर भरत के मामा केकय-नरेश युधाजित् ने उनके विरुद्ध श्रीरामचंद्रजी से सहायता मांगी थी। इसी प्रार्थना के फलस्वरूप उन्होंने भरत को युधाजित् की ओर से गंधर्वों से लड़ने के लिए भेजा था। गंधर्वों को हटाकर भरत ने पुष्कलावती और तक्षशिला—ये दो नगर इस प्रदेश में बसाए थे। कालिदास ने रघुवंश में भी पुष्कल के नाम पर ही पुष्कलावती के बसाए जाने का उल्लेख किया है—'स तक्षपुष्कलौ पुत्रौ राजधान्यौ तदाख्ययोः अभिषिच्याभिषेकार्हौ रामान्तिकमगात् पुन:' रघु० 15,89। प्राकृत या पाली बौद्ध ग्रंथों में पुष्पकलावती को पुक्कलाओति कहा गया है—ग्रीक लेखक एरियन ने इसे प्युकेलाटोइस (Peucelatois) लिखा है। बौद्धकाल में गंधार-मूर्तिकला की अनेक सुंदर कृतियां पुष्कलावती में बनी थीं और यह स्थान ग्रीक-भारतीय सांस्कृतिक आदान प्रदान का केंद्र था। गुप्तकाल में इसी स्थान पर रहते हुए वसुमित्र ने 'अभिधर्म प्रकरण' रचा था। नगर के पूर्व की ओर अशोक का बनवाया हुआ धर्मराजिक स्तूप था। पास ही इन्हीं का निर्मित पत्थर और लकड़ी का बना साठ हाथ ऊंचा दूसरा स्तूप था। बौद्ध किंवदंती के अनुसार यहां से 6 कोस पर वह स्तूप था जहां भगवान् तथागत ने यक्षिणी हारीति का दमन किया था। पश्चिमी नगर द्वार के बाहर महेश्वर शिव (पशुपति) का एक विशाल मंदिर था। प्रसिद्ध चीनी यात्री युवानच्वांग ने पुष्कलावती के बौद्धकालीन गौरव का वर्णन किया है जिसकी पुष्टि यहां के

खंडहरों से प्राप्त अनेक अवशेषों से होती है। पुष्कलावती नगरी के स्थान पर वर्तमान अश्तनगर या हश्तनगर कस्बा बसा हुआ है। अश्तनगर का शुद्ध रूप अस्थिनगर है। यहा के स्तूप मे बुद्ध की अस्थि या भस्म धातुगर्भ के भीतर सुरक्षित थी।

पुष्पकवन

द्वारका के दक्षिण मे स्थित लतावेष्ट नामक पर्वत के सन्निकट एक वन—'लतावेष्ट समतात् तु मेरुप्रभवन महत, भाति तालवन चैव पुष्पक पुडरीकवत्' महा० सभा० 38।

पुष्पगिरि

(1) पौराणिक कथाओ में वर्णित वरुण देव की विहार स्थली—(दे० डाउसन, क्लासिकल डिक्शनरी–'वरुण')।

(2) (मैसूर) हालेबिड से दो मील पर पुष्पगिरि नामक पहाडिया हैं जहा से कृतमाला नदी निकलती है—मार्कंडेय० 57। यहीं मल्लिकार्जुन का मदिर स्थित है।

(3) युवानच्वाग द्वारा उल्लिखित उडीसा का एक विहार।

पुष्पजा

कावेरी की सहायक नदी जो मलय पर्वतमाला से निस्सृत होती है। इसका उल्लेख वायुपुराण 65,105 और कूर्म पुराण 47,25 मे है। इसके पुष्पजाति और पुष्पावती नाम भी मिलते हैं।

पुष्पजाति=पुष्पजा

पुष्पपुर (पाली पुप्फपुर)=पाटलिपुत्र या पटना

समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति मे इस नगर का समुद्रगुप्त की राजधानी के रूप मे उल्लेख है। कालिदास ने रघुवश 6,24 मे पुष्पपुर में मगध-नरेश परतप की राजधानी बताई है—'अनेन चेदिच्छसि गृह्यमाण पाणि वरेण्येन कुरुप्रवेशम, प्रासादवातायन सश्रिताना नेत्रोत्सव पुष्पपुरागनानाम्'। मल्लिनाथ ने इसकी टीका मे 'पुष्पपुरागनानाम् पाटलिपुरागनानाम' लिखा है जिससे पुष्पपुर का पाटलिपुत्र से अभिज्ञान सिद्ध होता है। पाटलिपुर, पुष्पपुर, कुसुमपुर आदि नाम समानार्थक हैं।

पुष्पवटी=पुष्पवती=पुष्पावती

वर्तमान पूठ (ज़िला बुलदशहर, उ० प्र०) का प्राचीन नाम। जनश्रुति के अनुसार महाभारत काल मे महानगर हस्तिनापुर का दक्षिण की ओर विस्तार इस स्थान तक था और यहां हस्तिनापुर के नरेशों का पुष्पोद्यान था। पुष्पवटी

या पुष्पवती गंगा के तट पर स्थित थी। संभव है कि वाचक कुशललाभ रचित प्राकृत ग्रंथ माधवानल-कथा (1620 ई०) में वर्णित पुहुपावती यही पुष्पावती है। कवि ने इसे गंगा के तट पर बताया है—'देस पूरब देस पूरब गगनई कंठि तिहां नगरी पुहुपावती राजकरइ हरिवस मडण तसु घरि प्रोहित तासु सुत माधवानल नाम बमण'। वर्तमान पूठ गढ़मुक्तेश्वर (ज़िला मेरठ) से आठ मील दक्षिण में गंगा के दक्षिण तट पर है।

पुष्पवती

(1)=पुष्पवटी=पुष्पावती

(2)=काशी

(3)=मध्यभारत (बुंदेल खंड) की पहूज नदी।

पुष्पवान्

विष्णुपुराण 2,4,41 में उल्लिखित कुशद्वीप का एक पर्वत—'विद्रुमो हेमशैलश्च द्युतिमान् पुष्पवांस्तथा, कुशेशयो हरिश्चैव सप्तमो मंदराचल'।

पुष्पावती

(1)=काशी

(2)=पुष्पवटी

(3) (म० प्र०) किंवदंती में बिल्हरी (कटनी से नौ मील) का प्राचीन नाम।

(4)=पुष्पभद्रा नदी

पुहुपावती दे० पुष्पवटी

पुहार दे० काकंदी

पूगलगढ़

राजस्थान की प्रसिद्ध लोक कथा, ढोलामारू की नायिका मारू या मरवण पूगलगढ़ की राजकुमारी थी। यह नगर राजस्थान में स्थित था। कथा में इसे पगल भी कहा गया है।

पूडरी=पुंडरीक

पूछ दे० पर्णोंस

पूठ दे० पुष्पवटी

पूना (महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र का सांस्कृतिक केंद्र तथा पेशवाओं की प्रसिद्ध राजधानी। मट नगरी मुला तथा मुठा नदियों के बीच में स्थित है। पूना का सर्वप्रथम ऐतिहासिक उल्लेख 1599 ई० का मिलता है। 1750 ई० में पेशवा ने पहले-पहल

यहा अपनी राजधानी स्थापित की थी। इससे पहले शिवाजी तथा उनके वंशजो की राजधानी सतारा मे थी। 1817 ई० में पेशवा की खिड़की नामक स्थान मे हार हो जाने के पश्चात् पूना पर अंग्रेजो का अधिकार हो गया। पूना में पार्वती देवी का एक अति प्राचीन मंदिर है जो खडगवासला के मार्ग में स्थित है। शिवाजी का प्रसिद्ध दुर्ग सिंहगढ़ पूना से 15 मील दूर है। शिवाजी से संबंधित दूसरा प्रसिद्ध किला पुरंदर यहां से 24 मील है। पूना का प्राचीन नाम पुण्यपत्तन था। मराठी मे पूना को पुणें कहते हैं।

पूर्णत्रयी (केरल)

त्रिपुणित्तुरै का प्राचीन संस्कृत नाम। इस स्थान पर शेषारूढ़ (विष्णु) तथा किरातरूप शिव का प्राचीन देवालय है। इस नगर मे प्राचीन कोचीन नरेशों के राजभवन स्थित हैं। इनकी राजधानी यहा से 6 मील अर्नाकुलम् मे थी।

पूर्णा

महाराष्ट्र की एक छोटी नदी। पूर्णा तथा सरस्वती नदियों के संगम पर प्राचीन तीर्थ वामनी है जहां एक सादा किंतु सुंदर प्राचीन मंदिर है। पूर्णा नदी सतपुड़ा से निकलकर बुरहानपुर के नीचे ताप्ती में मिल जाती है। इसका उल्लेख पद्मपुराण 61 में है।

पूर्णिया (बिहार)

यह ज़िला महानंद और कोसी नदियों से सिंचित है। पूर्व बौद्धकाल मे पूर्णिया का पश्चिमी भाग अंग जनपद मे सम्मिलित था और तत्पश्चात् मगध मे। हर्ष के समय में गौड़ाधिप शशांक का राज्य यहां तक विस्तृत था किंतु 620 ई० के लगभग हर्ष ने शशांक को पराजित किया और यह प्रदेश भी कान्यकुब्ज के शासन के अंतर्गत आ गया। मध्ययुग मे यहा बिहार के अन्य प्रदेशों की भांति ही पाल और सेन नरेशों का राज्य था। मुगलो के जमाने मे पूर्णिया, साम्राज्य के सीमावर्ती इलाके में सम्मिलित था और यहां सैनिक शासन था। पूर्णिया नाम कुछ विद्वानों के मत मे पुंड्र का अपभ्रंश है। (दे० पुंड्र)। स्थानीय जनश्रुति में पूर्णिया 'पुरइन' (कमल) का शुद्ध रूप माना जाता है जो यहा पहले समय में कमल-सरोवरों की स्थिति का सूचक है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि प्राचीन समय में घने जंगल या पूर्ण अरण्य होने के कारण ही इसे पूर्णिया कहा जाता था। (दे० सर जान फाउल्ट—बिहार दि हार्ट ऑव इंडिया, पृ० 121)

पूर्वदेश

बंगाल-आसाम प्रदेश का संयुक्त नाम—'पूर्व—देशादिकाश्चैव कामरूप निवासिन'—विष्णु० 2,3,15

पूर्वराष्ट्र

गुप्तकालीन एक अभिलेख मे मध्यप्रदेश के पूर्वी भाग का नाम है जिसमे वर्तमान रायपुर तथा परिवर्ती प्रदेश सम्मिलित है। यह अभिलेख आरंग नामक स्थान से प्राप्त हुआ था।

पूर्वसागर

प्राचीन भारतीय साहित्य मे पूर्व सागर या तो बगाल की खाडी का नाम है या वर्तमान प्रशांत सागर (पेसिफिक ओशन) का। बगाल की खाडी का समुद्र तीन ओर से भूमि द्वारा परिवृत होने के कारण सामान्यत. (मानसून के समय को छोडकर) शांत और असुब्ध रहता है और प्रशात सागर को तो प्रशात कहते ही हैं। यह तथ्य बडा मनोरजक है कि महाभारत के एक उल्लेख मे पूर्वसागर को शान्ति और अक्षोभ का उपमान माना गया है—'नाभ्यवर्तत प्रहर्षं ताः स पश्यन् सुमहातपा, इन्द्रियाणि वशेकृत्वा पूर्वसागरसन्निभ.'—उद्योग 9,16,17 अर्थात् वे तपस्वी उन अप्सराओं को देखकर भी विकारवान् न हुए वरन् इद्रियो को वश मे करके पूर्वसागर के समान (अविचलित) रहे। कालिदास ने पूर्वसागर का रघु की दिग्विजय के प्रसग मे वर्णन किया है—'स सेना महती कर्षन् पूर्वसागरगामिनीम्, बभौ हरजटाभ्रष्टा गगामिव भगीरथ '—रघु० 4,32। इस उद्धरण मे पूर्वसागर निश्चय रूप से बगाल की खाडी का नाम है क्योंकि गगा की इसी समुद्र की ओर जाती हुई कहा गया है।

पूर्वाराम

बौद्ध साहित्य मे वर्णित श्रावस्ती (=सहेत महेत, जिला गोंडा, उ० प्र०) का एक विहार जिसका निर्माण इस महानगरी के एक धनी सेठ की स्त्री विशाखा ने करवाया था। इसमे अपार धनराशि व्यय हुई थी। इस विहार के खडहर सहेत-महेत मे जेतवन के अवशेषो से एक मील दक्षिण की ओर एक ढूह के रूप मे पडे हुए हैं। (दे० श्रावस्ती)

पृथूदक

महाभारत मे वर्णित तथा सरस्वती नदी के तट पर अवस्थित प्राचीन तीर्थ जिसका अभिज्ञान पेहेवा या पिहोवा (जिला अबाला, हरयाणा) से किया गया है—'पृथूदकमिति ख्यात कार्तिकेयस्य वै नृप, तत्राभिषेक कुर्वीत पितृदेवार्चन रत ', 'पुण्यमाहु. कुरुक्षेत्र कुरुक्षेत्रात् सरस्वती, सरस्वत्याश्च तीर्थानि तीर्थेभ्यश्च पृथूदकम्', 'पृथूदकात् तीर्थतम नान्यत् तीर्थं कुरुद्वह'; 'तत्र स्नात्वा दिव यान्ति येऽपि पापकृतो नरा. पृथूदके नरश्रेष्ठ एवमाहुर्मनीषिण '—महा० वन० 83, 142-145-148-149। शल्यपर्व मे भी सरस्वती के तीर्थो के प्रसग मे पृथूदक

का उल्लेख है—'रघुरुवाच तत्र नदन्त्यां पृथूदकम्, विशालतीनवधम्यत्र वे तत्रोचना, त च तीर्थमुपानिन्यु सरस्वत्यास्तवोधनम्' शल्य० 39,29-30। पृथूदक का संबंध महाराज पृथु से बताया जाता है। यहा आज भी अनेक प्राचीन मदिरों के अवशेष हैं तथा पुरातत्व-विषयक सामग्री भी मिली है। महमूद गजनवी और मुहम्मद गोरी ने थानेसर को लूटने के समय पेहेवा को भी ध्वस्त कर दिया था। महाराजा रणजीतसिंह ने यहा के प्राचीन मदिरों का जीर्णोद्धार करवाया था।

पेकौगुड़ (आ० प्र०)

कोन्डल के निकट स्थित है। कुछ वर्ष हुए यहा एक चट्टान पर उत्कीर्ण अशोक का अभिलेख स० (1) प्राप्त हुआ था।

पेगू (बर्मा)

इस स्थान को प्राचीन भारतीय साहित्य में सुवर्णभूमि कहा गया है। अशोक के शासन काल में मोग्गलिपुत्र ने सोण और उत्तर नामक दो स्थविर इस देश में बौद्धधर्म के प्रचारार्थ भेजे थे।

पेनुकोंडा (मैसूर)

यहा विजयनगर नरेशों (15वीं 16वीं शती) की ग्रीष्मकालीन राजधानी थी। लोगों का परपरागत विश्वास है कि यहां श्रीरामचंद्र ने अपने वनवास-काल का कुछ समय बिताया था जिसके स्मारक कई प्राचीन मदिर हैं। एक शिव मदिर भी है।

पेन गगा

दक्षिण भारत की एक नदी जो सभवत प्राचीन साहित्य की वेणा या प्रवेणी है।

पेरूर (मद्रास)

यह स्थान एक मध्यकालीन सुदर मदिर के लिए उल्लेखनीय है। इस मदिर के प्रवेश द्वारों और छाजनों की शोभा अनोखी जान पड़ती है।

पेशावर दे० पुरुषपुर

पेहेवा=पृथूदक

पैठण=पैठान=प्रतिष्ठान (जिला औरगाबाद,महाराष्ट्र)

गोदावरी तट पर स्थित अति प्राचीन व्यापारिक तथा धार्मिक स्थान है। पैठण महाराष्ट्र के वारकरी सप्रदाय का तीर्थ स्थल और प्रसिद्ध सत एकनाथ की जन्मभूमि है। पैठान को पोतन भी कहते थे। यहा अन्धक जनपद की राजधानी थी। (दे० प्रतिष्ठान)।

पैठान=पैठण

पैठामभुक्ति (जिला रायपुर, म० प्र०)

उत्तर गुप्तकालीन (7वी 8वी शती ई०) एक अभिलेख से जो राजिम मे प्राप्त हुआ था पैठामभुक्ति नामक स्थान का नाम सूचित होता है। यहा के पिपरिपद्रक ग्राम के निवासी किसी ब्राह्मण को कोसल नरेश तीवरदेव ने एक ग्राम का दान दिया था।

पैशुनी

चित्रकूट (जिला बादा, उ० प्र०) के निकट बहने वाली मदाकिनी या पयस्विनी का एक नाम। सभवत यह नाम पयस्विनी का ही अपभ्रश रूप है।

पैसर (जिला बिलासपुर, म० प्र०)

महानदी के तट पर अवस्थित छोटा सा ग्राम है। प्राचीन किवदती है कि दडकारण्य जाते समय श्रीरामचद्र ने सीता और लक्ष्मण के साथ महानदी को इसी स्थान पर पार किया था। पैसर का अर्थ 'नदी को पैदल पार करना' है।

पोखरन=पुष्करण=पुष्करारण्य

पोतन दे० पैठण

अश्मक जनपद की राजधानी। सुत्तनिपात (977) मे पोतन या पैठण में बताई गई है (दे० अश्मक)। महागोविंद सुत्तत के अनुसार यहां का राजा ब्रह्मदत्त था किंतु अस्सक जातक मे पोतन को काशी जनपद मे बताया गया है। महाभारत मे शायद इसी नगर को पौदन्य (दे० रायचौधरी—पोलिटिकल हिस्ट्री आव ऐंशेंट इंडिया, पृ० 121) और चुल्ल कलिंग जातक मे पोतलि कहा गया है।

पोतलि दे० पोतन

पोदनपुर

मैसूर राज्य मे प्राप्त एक शिलालेख के अनुसार गोमटेश्वर, जैनो के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र थे। इनको बाहुबली या भुजबली भी कहते थे। इनमे और इनके ज्येष्ठ भ्राता भरत मे ऋषभदेव के विरक्त होने पर राज्य के लिए युद्ध हुआ। बाहुबली ने विजयी होने पर भी राज्य भरत को सौप दिया और आप तपस्या करने वन मे चले गए। भरत ने पोदनपुर मे, जहा बाहुबली ने राज्य किया था, उनकी पावन स्मृति मे उनकी शरीराकृति के अनुरूप ही 525 धनुषो के प्रमाण की एक प्रस्तर प्रतिमा स्थापित करवाई। कालातर मे मूर्ति के आसपास का प्रदेश वन-कुक्कुटो तथा सर्पो से व्याप्त हो गया जिससे लोग मूर्ति को ही कुक्कुटेश्वर कहने लगे। धीरे धीरे यह मूर्ति लुप्त हो गई और

उसके दर्शन अलभ्य हो गए। गंगवंशीय रायमल्ल के मंत्री चामुंडराय ने इस मूर्ति का वृत्तांत सुनकर इसके दर्शन करने चाहे, किंतु पोदनपुर की यात्रा कठिन समझकर श्रमणबेलगोल में उन्होंने पोदनपुर की मूर्ति के अनुरूप ही गोमटेश्वर की मूर्ति का निर्माण करवाया। यह मूर्ति संसार की विशालतम मूर्तियों में है। (दे० श्रवणबेलगोल)

पोनेरी (आ० प्र०)

अनारी नदी के तट पर बसा हुआ, यह शिव तथा विष्णु दोनों देवों का सम्मिलित तीर्थ है।

पोरबंदर (काठियावाड महाराष्ट्र)

प्राचीन सुदामापुरी। यहां की भूतपूर्व रियासत 14वीं शती में स्थापित हुई थी। इससे पहले सुराष्ट्र के इस प्रदेश की राजधानी घुमली में थी।

पोरशा (जिला दीनाजपुर, बंगाल)

इस स्थान में नवदुर्गा की एक प्रस्तर मूर्ति प्राप्त हुई थी। एक विशाल फलक पर देवी की नव मूर्तियां निर्मित हैं। मध्यवर्ती मूर्ति के अठारह हाथ और शेष आठ में से प्रत्येक के सोलह हाथ हैं। यह विलक्षण मूर्ति राजशाही के संग्रहालय में सुरक्षित है।

पोलाडोंगर (म० प्र०)

यहां 7वीं से 9वीं शती ई० की इमारतों के अनेक अवशेष मिले हैं जिससे इस स्थान की प्राचीनता सिद्ध होती है।

पोलिवापिक (लंका)

महावंश 28, 39में उल्लिखित। यह अनुराधपुर से पचास मील दूर वर्तमान ववुनिकुलम् है।

पोंड़ी (म० प्र०)

मैहर से कटनी जाने वाले मार्ग पर छोटा सा ग्राम है। यहां से प्राचीनकाल की अनेक मूर्तियां मिली हैं। एक मूर्ति पर 1157 ई० का एक अभिलेख अंकित है। यह स्थान मध्ययुगीन जान पड़ता है।

पौंड्र=पुंड्र

महाभारत आदि० 174,37 में पौंड्र देश निवासियों की अनार्य जातियों में गणना की गई है 'पौंड्रान किरातान् यवनान् सिंहलान् बर्बरान् खसान्'।

पौदन्य दे० पोतन

पौनार (महाराष्ट्र)

कुछ विद्वानों के मत में वर्तमान पौनार, प्राचीन प्रवरपुर है जहां वाकाटक

नरेशों की गुप्तकाल में राजधानी थी।

पौलोम

नारीतीर्थों में परिगणित तीर्थ— 'अगस्त्य तीर्थं सौभद्र पौलोम च सुपावनम्, कारंधम प्रसन्न च हयमेघफल च तत्'—महा० आदि० 215,4। यह दक्षिण समुद्र-तट पर स्थित था। (दे० नारीतीर्थ)

प्रकाश (पश्चिम खानदेश, महाराष्ट्र)

ताप्ती घाटी में अवस्थित इस स्थान के निकट लगभग एक तीन सहस्र वर्ष प्राचीन नगर के अवशेष उत्खनन द्वारा प्रकाश में लाए गए हैं। इसकी खोज 1954 में वल्लभ विद्यानगर की पुरातत्व संस्था द्वारा की गई थी। ये खंडहर ताप्ती के उत्तरी तट पर भूमि से काफी ऊंचाई पर अवस्थित हैं। खुदाई की प्रक्रिया में सर्वप्रथम ई० सन् की प्रारम्भिक शतियों में व्यवहृत लाल मृद्भांड प्राप्त हुए। तत्पश्चात् निचले तलों में मौर्य-पूर्व मृद्भांडों तथा प्रस्तरोपकरणों के अवशेष मिले। प्रकाश में प्राप्त चित्रित मृद्भांड नवदा तथा महेश्वर से मिलनेवाले मृद्भांडों (माहिष्मती मृद्भांडों) के समान ही हैं। उपर्युक्त संस्था के संचालक श्री पड्या के मत में ये मृद्भांड, हड़प्पा-पूर्व संस्कृति (अर्थात् सिंध—बिलोचिस्तान की अमरी-झोब नामक संस्कृति) से संबंधित हैं। अमरी-झोब सभ्यता के लोगों को, मोहनजदारो तथा हड़प्पा निवासियों के भारत में आगमन के कारण, सिंध-बिलोचिस्तान से पूर्व की ओर अग्रसर होना पड़ा था।

प्रक्षापुर (गुजरात)

अहमदाबाद से प्रायः बीस मील दूर जैनों का प्राचीन तीर्थ है जिसे अब शेरीसाजी कहते हैं।

प्रणहिता

गोदावरी की सहायक नदी। यह वेनगंगा, वरदा और पेनगंगा की संयुक्त धारा से मिलकर बनी है।

प्रणीति-भूमि

जैनग्रंथ कल्पसूत्र के अनुसार तीर्थंकर महावीरजी ने एक वर्षाकाल इस स्थान पर बिताया था। अभिज्ञान संदिग्ध है।

प्रणिता=प्रणहिता

प्रतापगढ़ (महाराष्ट्र)

महाबलेश्वर से बारह मील पश्चिम की ओर शिवाजी के कृत्यों से

सबधित पहाड़ी स्थान है। उन्होंने बीजापुर रियासत के भेजे हुए सरदार अफजलखा का इसी स्थान पर बघनख द्वारा वध किया था। यहा का दुर्ग समुद्रतल से 3543 फुट ऊची पहाडी पर बना है। इसका निर्माण शिवाजी ने 1656 ई॰ मे करवाया था। शिवाजी की अधिष्ठात्री देवी भवानी का मदिर यहा का प्रसिद्ध स्मारक है। अफजलखा का मकबरा यहीं स्थित है जिसमें उसका कटा हुआ सिर दफनाया गया था।

प्रतापगिरि (महादेवपुर तालुका, जिला करीमनगर, आ॰प्र॰)

वारगल-नरेश राजा प्रतापरुद्र के बनवाये हुए किले के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

प्रतिविंध्य

'स तेन सहितोराजन् सव्यसाची परतप, विजिग्ये शाकल द्वीप प्रतिविंध्य च पार्थिवम्' महा॰ आदि॰ 26,5। प्रतिविंध्य के राजा को अर्जुन ने अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसग मे हराया था। यह स्थान सभवत शाकल (स्यालकोट, प॰ पाकिस्तान) के निकट कोई पहाडी स्थान था। (यह शाकल नरेश का नाम भी हो सकता है)।

प्रतिष्ठान=पैठाण (जिला औरगाबाद, महाराष्ट्र)

औरगाबाद से 35 मील दक्षिण मे, दक्षिण भारत का प्रसिद्ध प्राचीन नगर। यह गोदावरी के उत्तरी तट पर स्थित है और प्राचीन काल ही से तीर्थ के रूप में मान्यताप्राप्त स्थान है। पुराणों के अनुसार प्रतिष्ठान की स्थापना ब्रह्मा ने की थी और गोदावरी-तट पर इस सुन्दर नगर को उन्होंने अपना स्थान बनाया था। प्रतिष्ठान-माहात्म्य मे कथा है कि ब्रह्मा ने इस नगर का नाम पाटन या पट्टन रखा और फिर अन्य नगरों से इसका महत्व ऊपर रखने के लिए इसका नाम बदल कर प्रतिष्ठान कर दिया। महाभारत मे प्रतिष्ठान मे सब तीर्थों के पुण्य को प्रतिष्ठित बताया गया है—'एवमेषा महाभाग प्रतिष्ठाने प्रतिष्ठता, तीर्थयात्रा महापुण्या सर्वपापप्रमोचनी' वन॰ 85, 114। (यह उल्लेख प्रतिष्ठानपुर या झूसी के लिए भी हो सकता है)। प्राचीन बौद्ध (पाली) साहित्य मे पतिट्ठान या प्रतिष्ठान का उत्तर और दक्षिण भारत के बीच जाने वाले व्यापारिक मार्ग के दक्षिणी छोर पर अवस्थित नगर के रूप में वर्णन है। इसे गोदावरी तट पर स्थित तथा दक्षिणापथ का मुख्य व्यापारिक केन्द्र माना गया है। ग्रीक लेखक एरियन ने इसे 'प्लोथान' कहा है तथा मिस्र के रोमन भूगोल-विद् टॉलमी ने जिसने भारत की द्वितीय शती ई॰ में यात्रा की थी इसका नाम बैथन (Baithon) लिखा है और इसे सिरोप्तोलेमियोस (सातवाहन नरेश श्री पुलोमावी द्वितीय 138-170 ई॰) की राजधानी बताया है। पेरिप्लस ऑव

दि एराइथ्रियन सी के अज्ञातनाम लेखक ने इस नगर का नाम पीथान (Poethan) लिखा है। प्रथम शती ई० के रोमन इतिहास लेखक प्लिनी ने प्रतिष्ठान को आध्रदेश के वैभवशाली नगर के रूप में सराहा है। पितलखोरा गुफा के एक अभिलेख तथा प्रतिष्ठान-माहात्म्य में नगर का शुद्ध नाम प्रतिष्ठान सुरक्षित है। अशोक ने अपने शिला अभिलेख 13 में जिन भोज, राष्ट्रिक व पतनिक लोगों का उल्लेख किया है संभव है वे प्रतिष्ठान-निवासी हों। किंतु बुह्लर ने इस मत को नहीं माना है और न ही डा० भडारकर ने। (दे० अशोक पृ० 34)। प्रतिष्ठान का उल्लेख जिनप्रभासूरि के विविध तीर्थकल्प और आवश्यक सूत्र में भी है। विविध तीर्थ-कल्पसूत्र के अनुसार महाराष्ट्र के इस नगर में शातवाहन नरेश का राज्य था। इसने उज्जयिनी के विक्रमादित्य को हराया था। शातवाहन एक ब्राह्मणी विधवा का पुत्र था और उसके पिता नागराज का गोदावरी के निकट निवास-स्थान था। शातवाहन ने दक्षिण देश में ताप्ती का निकटवर्ती प्रदेश जीत लिया था। इस ग्रंथ के अनुसार शातवाहन जैन था और उसने अनेक चैत्य बनवाए और गोदावरी के तट पर महालक्ष्मी की मूर्ति की स्थापना की। गुजरात के कायस्थ कवि सोडल्ल (या सोड्ठल) की सुप्रसिद्ध रचना चपूकाव्य उदयसुन्दरी का नायक मलयवाहन प्रतिष्ठान का राजा था। उसका विवाह नागराज शिखराज तिलक की कन्या उदयसुन्दरी के साथ हुआ था। शातवाहन नरेशों की राजधानी के रूप में प्रतिष्ठान इतिहास में प्रसिद्ध रहा है। जान पड़ता है कि मलयवाहन इसी वंश का राजा था। प्राचीनकाल में आध्र साम्राज्य की राजधानी कृष्णा के मुहाने पर स्थित धन्यकटक या अमरावती में थी किंतु प्रथम शती ई० के अंतिम वर्षों में आध्रों ने उत्तर पश्चिम में एक दूसरी राजधानी बनाने का विचार किया क्योंकि उनके राज्य के इस भाग पर शक, पहलव और यवनों के आक्रमणों का डर लगा हुआ था। इस प्रकार आध्र-साम्राज्य की पश्चिमी राजधानी प्रतिष्ठान या पैठान में बनाई गई और पूर्वी भाग की राजधानी धन्यकटक में ही रही। प्रतिष्ठान में स्थापित होनेवाली आध्र-शाखा के नरेशों ने अपने नाम के आगे आध्रभृत्य विशेषण जोड़ा जो उनकी मुख्य आध्र-शासकों की अधीनता का सूचक था किंतु कालांतर में वे स्वतन्त्र हो गए और शातवाहन कहलाए। पुरातत्वसंबंधी खुदाई में पैठाण या पैठन से आध्र नरेशों के सिक्के मिले हैं जिन पर स्वस्तिक, बोधिद्रुम तथा अन्य चिन्ह अंकित हैं। अन्य अवशेष भी प्राप्त हुए हैं जिनमें मिट्टी की मूर्तियां, माला की गुरियां, हाथीदांत और शख की बनी वस्तुएं तथा मकानों के खंडहर उल्लेखनीय हैं। पैठाण की प्रायः सभी इमारतें खंडहर के रूप में हैं किंतु नगर में अपेक्षा-

कृत नवीन मंदिर भी हैं जिनमे लकडी का अच्छा काम है। 1734 ई० मे गोदावरी पर स्थित नागाघाट निर्मित हुआ था। इसके पास ही दो मंदिर हैं जिनमे से एक गणपति का है। नगर की मसजिद मे एक कूप है जिसके विषय मे यह प्रसिद्ध है कि यह वही कुआ है जिसमे नागराज शेष का ब्राह्मणपुत्र शालिवाहन अपनी बनाई हुई मिट्टी की मूर्तियां डालता रहा था और इन सैनिकों तथा हाथी-घोडो की प्रतिमाओ ने बाद मे जीवित रूप धारण करके शालिवाहन की, आक्रमणकारी उज्जयिनी नरेश विक्रमादित्य से रक्षा की थी। विक्रमादित्य को ज्योतिषियों ने बताया था कि शालिवाहन उसका शत्रु होगा। शालिवाहन ने विक्रमादित्य को हराकर पूरे दक्षिणापथ पर अधिकार कर लिया और कहते हैं कि 78 ई० मे प्रवर्तित शक शालिवाहन नामक प्रसिद्ध संवत् उसी ने चलाया था।

पैशाची प्राकृत के प्रसिद्ध आचार्य गुणाढ्य प्रतिष्ठान-निवासी थे। पीछे वह पिशाच देश मे जा बसे थे। इनका प्रधान ग्रंथ बृहत्कथा अब अप्राप्य है किंतु 12वीं शती तक यह उपलब्ध था। गुणाढ्य प्रतिष्ठान के राजा शालिवाहन (78 ई०) की राजसभा के रत्न थे। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध विद्वान् हेमाद्रि का भी प्रतिष्ठान से निकट संबंध था। ये शुक्ल यजुर्वेदी ब्राह्मण थे और देवगिरि के यादव नरेश महादेव तथा तत्पश्चात् रामचंद्र सेन के प्रधान मंत्री थे। इनके लिखे हुए कई प्रसिद्ध ग्रंथ हैं जिनमे चतुर्वर्ग चिंतामणि तथा आयुर्वेद-रसायन मुख्य हैं। हेमाद्रि को मराठी की मोडी लिपि का आविष्कारक कहा जाता है। 14वीं शती मे महाराष्ट्र के महानुभाव संत संप्रदाय का जन्म प्रतिष्ठान मे हुआ था। डा० भडारकर ने प्रतिष्ठान का अभिज्ञान नवनर या नवनगर नामक स्थान से किया है जो संदेहास्पद है।

(2) प्रतिष्ठानपुर (=झूसी, प्रयाग)

प्रतिष्ठानपुर

प्रयाग के निकट गंगा के दूसरे तट पर स्थित झूसी ही प्राचीन प्रतिष्ठानपुर है। महाभारत मे सब तीर्थों की यात्रा को प्रतिष्ठान (प्रतिष्ठानपुर) मे प्रतिष्ठित माना गया है—'एवमेषा महाभाग प्रतिष्ठाने प्रतिष्ठिता, तीर्थ यात्रा महापुण्या सर्वपापप्रमोचनी' वन० 85,114। (टि० यह निर्देश प्रतिष्ठान या पैठण के लिए भी हो सकता है)। वन० 85,76 मे प्रयाग के साथ ही प्रतिष्ठान का उल्लेख है—'प्रयागं सप्रतिष्ठानं कंबलाश्वतरौ तथा' (दे० झूसी)।

प्रतीची

'ताम्रपर्णी नदी यत्र कृतमाला पयस्विनी कावेरी च महापुण्या प्रतीची च महानदी'—श्रीमद्भागवत 11,5,39-40। कुछ विद्वानों का मत है कि प्रतीची केरल

की प्रसिद्ध परिहार नदी है (दे० परिहार)।

प्रद्युम्ननगर=पाडुआ (ज़िला हुगली प० बंगाल) (दे० मालदह)

प्रभाकर

विष्णुपुराण 2,4,36 के अनुसार कुशद्वीप का एक नाम या वर्ष जो इस द्वीप के राजा ज्योतिष्मान् के पुत्र के नाम पर प्रसिद्ध है।

प्रभास

(1)=प्रभासपाटन, प्रभासपट्टन

सरस्वती-समुद्र संगम पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ—'समुद्रं पश्चिमं गत्वा सरस्वत्यब्धि संगमम्' महा० 35,77। यह तीर्थ काठियावाड़ के समुद्रतट पर स्थित वीरावल बंदरगाह की वर्तमान बस्ती का प्राचीन नाम है। किंवदंती के अनुसार जरा नामक व्याध का बाण लगने से श्रीकृष्ण इसी स्थान पर परम-धाम सिधारे थे। यह विशिष्ट स्थल या देहोत्सर्ग-तीर्थ नगर के पूर्व में हिरण्या, सरस्वती तथा कपिला के संगम पर बताया जाता है। इसे प्राची त्रिवेणी भी कहते हैं। युधिष्ठिर तथा अन्य पांडवों ने अपने वनवास-काल में अन्य तीर्थों के साथ प्रभास की भी यात्रा की थी—'द्विजैः पृथिव्यां प्रथित महद्भिस्तीर्थं प्रभासं समुपाजगाम' महा० वन० 118,15। इस तीर्थ को महोदधि (समुद्र) का तीर्थ कहा गया है—'प्रभासतीर्थं सम्प्राप्य पुण्यं तीर्थं महोदधेः'—वन० 1 9,3। विष्णु-पुराण के अनुसार प्रभास में ही यादव लोग परस्पर लड़भिड़ कर नष्ट हो गए थे—'ततस्ते यादवास्सर्वे रथानारुह्य शीघ्रगान्, प्रभासं प्रययुस्सार्धं कृष्ण-रामादिभिर्द्विज। प्रभासं समनुप्राप्य कुकुरांधक वृष्णयः चक्रुस्तत्र महापानं वासु-देवेन नोदिताः, पिबतां तत्र चैतेषां संघर्षेण परस्परम्, अतिवादेन्धनोजज्ञे कल-हाग्निः क्षयावहः।' विष्णु 5,37-38-39 40। देहोत्सर्ग के आगे यादव-स्थली है जहां यादव लोग परस्पर लड़भिड़ कर नष्ट हो गए थे। प्रभास पाटन का जैन साहित्य में देवकोपाटन नाम भी मिलता है। दे० तीर्थमाला चैत्यवंदन—'वंदे स्वर्णगिरौ तथा सुरगिरौ श्री देवकीपत्तने'।

(2)=पभोसा (ज़िला इलाहाबाद, उ० प्र०)

शुंग काल (द्वितीय शती) के अनेक उत्कीर्ण लेख इस स्थान से प्राप्त हुए हैं। यह प्राचीन नगर कौशांबी के निकट स्थित था—(दे० पभोसा)।

प्रमाणकोटि

महाभारत में उल्लिखित, गंगातटवर्ती एक स्थान—'उदकक्रीडनं नाम कार-यामास भारत, प्रमाणकोट्यां तं देशं स्थलंकिंचिदुपेत्य ह'—आदि० 127,33। यहीं बचपन में पांडव और कौरव जल-विहार के लिए गए थे और कौरवों ने भीमसेन को गंगा में डुबा दिया था जिसके फलस्वरूप वे नाग लोक जा पहुंचे थे। प्रमाण-

कोटि का नाम संभवतः 'प्रमाण' नामक महावट के कारण हुआ था—'निवृत्तेषु तु पौरेषु स्थानाम्याय पाण्डवा आजग्मुर्जाह्नवीतीरे प्रमाणाख्यं महावटम्' वन० 1,41। जान पड़ता है कि प्रमाणकोटि हस्तिनापुर के निकट ही गंगा-तट पर कोई स्थान था जहां हस्तिनापुर के निवासी सुविधापूर्वक जल-विहार के लिए आ सकते थे।

प्रयाग (उ० प्र०)

गंगा-यमुना के संगम पर बसा हुआ प्रसिद्ध प्राचीन तीर्थ। प्राचीन साहित्य में केवल गंगा-यमुना, इन्हीं दो नदियों का संगम प्रयाग में माना गया है। त्रिवेणी या गंगा यमुना-सरस्वती, इन तीन नदियों के संगम की कल्पना मध्ययुगीन है। [दे० सरस्वती (2)]। वाल्मीकि रामायण, महाभारत, प्राचीन पुराणों तथा कालिदास के ग्रंथों में सर्वत्र प्रयाग में गंगा-यमुना ही के संगम का वर्णन है। वाल्मीकि-रामायण में प्रयाग का उल्लेख भारद्वाज के आश्रम के संबंध में है और इस स्थान पर घोर वन की स्थिति बताई गई है—'यत्र भागीरथी गंगा यमुना-मिप्रवर्तते जग्मुस्तं देशमुद्दिश्य विगाह्य सुमहद्वनम्। प्रयागमभितः पश्य सौमित्रे धूममुत्तमम्, अग्नेर्भगवतः केतुं मन्ये संनिहितो मुनिः। धन्यिनौ तौ सुखं गन्त्वा लम्बमाने दिवाकरे, गंगायमुनयोः संधौ प्रापतुर्निलयं मुनेः। अवकाशो विविक्तोऽयं महानद्योः समागमे, पुण्यश्च रमणीयश्च वसत्विह भवान् सुखम्'— वाल्मीकि० अयो० 54,2-5-8-22। इस वर्णन से सूचित होता है कि प्रयाग में रामायण की कथा के समय घोर जंगल तथा मुनियों के आश्रम थे, कोई जनसंकुल बस्ती नहीं थी। महाभारत में गंगा-यमुना के संगम का उल्लेख तीर्थ रूप में अवश्य है किंतु उस समय भी यहां किसी नगर की स्थिति का आभास नहीं मिलता—'पवित्रमृषिभिर्जुष्टं पुण्यं पावनमुत्तमम्, गंगायमुनयोर्वीर संगमं लोक विश्रुतम्' वन० 87,18। 'गंगा यमुनयोर्मध्ये स्नाति यः संगमनरः, दशाश्वमेधा-नाप्नोति कुलं चैव समुद्धरेत्' वन० 84,35। 'प्रयागे देवयजने देवानां पृथिवीपते, ऊषुराप्लुत्य गात्राणि तपश्चास्थाय पुष्कलम्, गंगायमुनयोश्चैव संगमे सत्यसंगराः' वन० 95,4-5। बौद्ध साहित्य में भी प्रयाग का किसी बड़े नगर के रूप में वर्णन नहीं मिलता, वरन् बौद्धकाल में वत्सदेश की राजधानी के रूप में कौशांबी अधिक प्रसिद्ध थी। अशोक ने अपना प्रसिद्ध प्रयाग स्तंभ कौशांबी में ही स्थापित किया था यद्यपि बाद में शायद अकबर के समय में वह प्रयाग ले आया गया था। इसी स्तंभ पर समुद्रगुप्त की प्रसिद्ध प्रयाग-प्रशस्ति अंकित है। कालिदास ने रघुवंश के 13वें सर्ग में गंगा यमुना के संगम का मनोहारी वर्णन किया है (श्लोक 54 से 57 तक) तथा गंगा यमुना के संगम के स्नान को मुक्तिदायक

माना है—'समुद्र-पत्न्योर्जलसन्निपाते पूतात्मनामत्र किलाभिषेकात्, तत्त्वावबोधेन विनापि भूयः तनुस्त्यजा नास्ति शरीरबंधः.' रघु० 13,58। विष्णुपुराण मे, प्रयाग में गुप्तनरेशों का शासन बतलाया गया है—'उत्साद्याखिलक्षत्रजाति नवनागाः पद्मावत्यां नाम पुर्यामनुगंगाप्रयाग गयायाश्च मागधा गुप्ताश्च भोक्ष्यन्ति'। विष्णु० —6,8,29 से सूचित होता है कि इस पुराण के रचनाकाल (स्थूल रूप से गुप्त काल) में प्रयाग की तीर्थ रूप मे बहुत मान्यता थी—'प्रयागे पुष्करे चैव कुरुक्षेत्रे तथाणवे कृतोपवास प्राप्नोति तदस्य श्रवणान्नर'। युवानच्वांग ने कन्नौजाधिप महाराज हर्ष का प्रति पाचवें वर्ष प्रयाग के मेले मे जाकर सर्वस्व दान कर देने का अपूर्व वर्णन किया है। उत्तरकालीन पुराणों मे प्रयाग के जिस अक्षयवट का उल्लेख है उसे बहुत समय तक सगम के निकट अकबर के किले के अदर स्थित बताया जाता था। यह बात अब ग़लत सिद्ध हो चुकी है और असली वट-वृक्ष किले से कुछ दूर पर स्थित बताया जाता है। महाभारत मे अक्षयवट का गया मे होना वर्णित है-(वन० 84,83)। सभव है गौतम बुद्ध के गया स्थित सबोधिवृक्ष के समान ही पौराणिक काल मे अक्षय वट की कल्पना की गई होगी। कहा जाता है कि अकबर के समय मे प्रयाग का नाम इलाहाबाद कर दिया गया था किंतु जान पड़ता है कि प्रयाग को अकबर के पूर्व भी इलावास कहा जाता था। एक पौराणिक कथा के अनुसार प्रतिष्ठानपुर अथवा झूसी (जो प्रयाग के निकट गगा के उस पार है) मे चद्रवशी राजा पुरु की राजधानी थी। इनके पूर्वज पुरुरवा थे जो मनु की पुत्री इला और बुध के पुत्र थे (दे० वाल्मीकि० उत्तर-89)। इला के नाम पर ही प्रयाग को इलावास कहा जाता था। वास्तव मे अकबर ने इसी नाम को थोड़ा बदलकर इलाहाबाद कर दिया था। वत्स या कौशाबी का राजा उदयन जो प्राचीन साहित्य मे प्रसिद्ध है, चद्रवश से ही सबधित था —इससे भी प्रयाग मे चद्रवश के राज्य करने की पौराणिक कथा की पुष्टि होती है और इस तथ्य का भी प्रमाण मिल जाता है कि वास्तव मे प्रयाग का एक प्राचीन नाम इलाबास भी था जिसे अकबर ने कुछ बदल दिया था, और उसका उद्देश्य प्रयाग नाम को हटाकर अल्लाहाबाद या इलाहाबाद नाम प्रचलित करना नहीं था। *अकबर ने सगम पर स्थित किसी पूर्वकालीन किले का जीर्णोद्धार करके उसका* विस्तार करवाया और उसे वर्तमान सुदृढ़ किले का रूप दिया। इस तथ्य की पुष्टि तुलसीदास के इस वर्णन से भी होती है जिसमे प्रयाग मे एक सुदृढ गढ का वर्णन है—'क्षेत्र अगम गढ गाढ सुहावा, सपनेहु नहिं प्रतिपच्छहिं पावा' (रामचरितमानस, अयोध्या काड)। अकबर के समकालीन इतिहासलेखक बदायूनी के वृत्तांत से सूचित होता है इस मुगल सम्राट् ने प्रयाग में—एक बड़े

राजप्रासाद की भी नींव रखी और नगर का नाम इलाहाबाद कर दिया (दे० ऊपर)। अकबर ने प्रयाग की स्थिति की महत्ता को समझते हुए उसे अपने साम्राज्य के 12 सूबों में से एक का मुख्य स्थान भी बनाया। इसमें कड़ा और जौनपुर के प्रदेश भी सम्मिलित कर दिए गए थे। कहा जाता है कि अशोक का कौशाम्बी-स्तंभ इसी समय प्रयाग लाया गया था। अशोक और समुद्रगुप्त के प्रसिद्ध अभिलेखों के अतिरिक्त इस पर जहांगीर और बीरबल के लेख भी अंकित हैं। बीरबल का लेख उनकी प्रयाग-यात्रा का स्मारक है—'संवत् 1632 शाके 1493 मार्गवदी 5 सोमवार गंगादासमुत महाराज बीरबल श्री तीरथ राज प्रयाग की यात्रा सुफल लिखितम्'। खुसरो बाग जहांगीर के समय में बना था। यह बाग चौकोर है और इसका क्षेत्रफल 64 एकड़ है। इसमें अनेक मकबरे हैं। पूर्व की ओर गुंबद वाला मकबरा जहांगीर के विद्रोही पुत्र खुसरो का है। इसे 1662 ई० में जहांगीर ने बगावत करने के फलस्वरूप मृत्यु की सजा दी थी। इलाहाबाद के चौक में अभी कुछ समय तक वे नीम के पेड़ खड़े थे जिन पर अंग्रेजों ने 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम में लड़ने वाले भारतीय वीरों को फांसी दी थी।

प्रलंब

वाल्मीकि-रामायण में इस स्थान का वर्णन अयोध्या के दूतों की केकय देश की यात्रा के प्रसंग में है—'न्यन्तेनापरतालस्य प्रलम्बस्योत्तरं प्रति, निषेवमाणा जग्मुर्नदीं मध्येनमालिनीम्' अयो० 68,12। प्रलंब के संबंध में मालिनी (गंगा की सहायक नदी वर्तमान मालन) का उल्लेख होने से इस देश की स्थिति वर्तमान बिजनौर और गढ़वाल जिलों (उ० प्र०) के अंतर्गत माननी होगी। इसके आगे अयो० 68,13 में दूतों द्वारा हस्तिनापुर (जिला मेरठ) में गंगा को पार करने का उल्लेख है जिससे उपयुक्त अभिज्ञान की पुष्टि होती है।

प्रवरपुर (महाराष्ट्र)

वाकाटक-नरेशों (5वीं शती ई०) की राजधानी। इसे प्रवरसेन ने बसाया था। इसका दूसरा नाम पुरिका भी था। संभवतः वर्तमान पौनार ही प्राचीन प्रवरपुर है।

प्रवरा (गुजरात)

इस नदी के तट पर अनेक प्राचीन स्थान हैं जिनमें श्रीनिवास क्षेत्र या वर्तमान नेवासा प्रमुख है। अन्य स्थान देवलापुर, श्रीवन, तथा टक्कल ग्राम हैं जहां के प्राचीन मंदिर उल्लेखनीय हैं। इस नदी का नाम महाभारत भीष्मपर्व की नदी सूची में है—'करीषिणीमसिक्नीं च कुशचीरां महानदीम् मकरीं प्रवरां मेनां हेमां घृतवतीं तथा' भीष्म० 9,23।

प्रवर्षणगिरि (होस्पेटतालुका, मैसूर)

इसी को प्रस्रवण गिरि भी कहते थे। प्राचीन किष्किंधा के निकट माल्यवान पर्वत स्थित है जिसके एक भाग का नाम प्रवर्षणगिरि है। यह किष्किंधा के विरूपाक्ष मंदिर से 4 मील दूर है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार यहीं एक गुहा में श्रीराम ने वनवास काल में सीताहरण के पश्चात और सुग्रीव का राज्याभिषेक करने पर प्रथम वर्षा ऋतु व्यतीत की थी। 'अभिषिक्ते तु सुग्रीवे प्रविष्टे वानरे गुहाम्, आजगाम सह भ्रात्रा रामः प्रस्रवणं गिरिम्'—किष्किंधा० 27,1। इस पर्वत का वर्णन करते हुए वाल्मीकि लिखते हैं—'शार्दूल मृगसंघुष्टं सिंहैर्भीमरवैर्वृतम्, नानागुल्मलतागूढं बहुपादपसंकुलम्। ऋक्षवानरगोपुच्छैर्मार्जारैश्च निषेवितम्, मेघराशिनिभं शैलं नित्यं शुचिकरं शिवम्। तस्य शैलस्य शिखरे महतीमायतां गुहाम्, प्रत्यगृह्णत वासार्थं रामः सौमित्रिणा सह' किष्किंधा० 27 2-3-4। श्रीराम, लक्ष्मण से इस पर्वत का वर्णन करते हुए कहते हैं—'इयं गिरिगुहा रम्या विशाला युक्तमारुता, श्वेताभिः कृष्णताम्राभिः शिलाभिरुपशोभितम्। नानाधातुसमाकीर्णं नदीदर्दुरसंयुतम्। विविधैर्वृक्षखंडैश्च चारुचित्रलतायुतम्। नानाविहग संघुष्टं मयूरवरनादितम्। मालतीकुंद गुल्मैश्च सिंदुवारैः शिरीषकैः, कदंबार्जुन सर्जैश्च पुष्पितैरुपशोभितम्, इयं च नलिनी रम्या फुल्लपंकजमंडिता, नातिदूरे गुहायानो भविष्यति नृपात्मज' किष्किंधा० 27,6 8-9-10 11। किष्किंधा 47,10 में भी प्रस्रवणगिरि पर राम को निवास करते हुए कहा गया है—'तं प्रस्रवणपृष्ठस्थं समासाद्याभिवाद्य च, आसीनं सहरामेण सुग्रीवमिदमब्रुवन्'। अध्यात्मरामायण में प्रवर्षण-गिरि पर राम के निवास करने का वर्णन सुंदर भाषा में है—'ततो रामो जगामाशु लक्ष्मणेन समन्वितः, प्रवर्षणगिरेरूर्ध्वं शिखरं भूरिविस्तरम्। तत्रैकं गह्वरं दृष्ट्वा स्फाटिकं दीप्तिमच्छुभम्, वर्षवातातपसहं फलमूलसमीपगम्, वासाय रोचयामास तत्र रामः सलक्ष्मणः। दिव्यमूलफलपुष्पसंयुते मौक्तिकोपमजलौघ पल्वले, चित्रवर्णमृगपक्षिशोभिते पर्वते रघुकुलोत्तमोऽवसत्'—किष्किंधा० 4,53 54 55। वाल्मीकि० किष्किंधा 27 में प्रवर्षणगिरि की गुहा के निकट किसी पहाड़ी नदी का भी वर्णन है। पहाड़ी के नाम *प्रवर्षण या प्रस्रवणगिरि* से सूचित होता है कि यहां वर्षाकाल में घनघोर वर्षा होती थी। (टि० वाल्मीकि रामायण में इस पहाड़ी को प्रस्रवण गिरि कहा गया है और उत्तररामचरित में भवभूति ने भी इसे इसी नाम से अभिहित किया है—'अयमविरलानोकहनिवहनिरंतरस्निग्धनीलपरिसराण्यपरिणद्धगोदावरीमुखकंदरः', संततमभिष्यन्दमानमेघदुरित नीलिमा जनस्थान मध्यगोगिरि प्रस्रवणोनाम मेघमालेव यश्चायमारादिव विभाव्यते, गिरि प्रस्रवणः

सोऽत्र यत्र गोदावरी नदी,' उत्तर राम चरित 2,24। तुलसीदास ने इसे प्रवर्षण गिरि कहा है—'तब सुग्रीव भवन फिर आए, राम प्रवर्षण गिरि पर छाये' राम चरित मानस, किष्किंधाकांड।

प्रवाल

बम्बई-भुसावल रेल मार्ग पर पाचोरा जंक्शन से 26 मील दूर महसावद स्टेशन है। यहां से प्रायः 5 मील दूर पद्मालय तीर्थ है जिसे प्राचीन काल में प्रवालक्षेत्र कहा जाता था।

प्रवेणी

'प्रवेण्युत्तरमार्गे तु पुण्ये कण्वाश्रमे तथा तापसानामरण्यानि कीर्तितानि यथा-श्रुति'—महा० वन० 88,11। इस उल्लेख में प्रवेणी नदी के निकट कण्वाश्रम की स्थिति बताई गई है तथा संभवतः इसी नदी के तट के समीप माठर वन ('माठरस्यवनं पुण्यं बहुमूल फल शिवम्'—वन० 88,10) को स्थित बताया है। श्री वा० श० अग्रवाल के मत में प्रवेणी दक्षिण की वेनगंगा है। (दे० वेणी)

प्रशस्ता

'समुद्रगां पुण्यतमां प्रशस्तां जगाम पारिक्षितपांडुपुत्र' महा० वन० 118,2। यह नदी गोदावरी के उत्तर की ओर बहती थी।

प्रस्थल

'प्रस्थला मद्रगांधारा आरट्टनामतः खशाः, वसातिसिंधुसौवीरा इति प्रायोऽतिकुत्सिताः।'—महा० कर्ण० 44,47। इस उद्धरण में परिगणित सभी देश, वर्तमान पंजाब (भारत तथा प० पाकि०) तथा सीमांत प्रदेश (प० पाकि०) तथा अफगानिस्तान के अंतर्गत है। इन्हें महाभारत काल में अनादर की दृष्टि से देखा जाता था जैसा कि कर्ण-शल्य के कर्ण-शल्य संवाद से स्पष्ट है। प्रस्थल की स्थिति मद्रदेश के पश्चिम में रही होगी।

प्रस्रवणगिरि=प्रवर्षणगिरि

प्रह्लादपुर (जिला गाजीपुर, उ० प्र०)

इस स्थान से एक गुप्तकालीन प्रस्तर-स्तंभ प्राप्त हुआ था जो 1853 ई० में बनारस भेज दिया गया और बाद में संस्कृत कालेज के मैदान में स्थापित कर दिया गया। इस पर उत्कीर्ण अभिलेख का संबंध किसी राजा से है जिसका नाम लेख के अंत में खंडित हो गया है। फ्लीट के मतानुसार यह सम्भवतः शिशुपाल है जिसका नाम श्लोक के तीसरे चरण में भी आया है। राजा को 'पार्थिवानीकपाल' कहा गया है। संभव है 'पार्थिव' से तात्पर्य पल्लव या पह्लव से है जैसा कि फ्लीट तथा ओल्डनबर्ग का मत है। लिपि के आधार

पर सेस गुप्तकाल के प्रथम चरण का ज्ञान पड़ता है।

प्राक्कोसल

महाभारत मे सहदेव की दिग्विजय यात्रा के प्रसग मे प्राक्कोसल पर उनकी विजय का उल्लेख है, 'कातारकाश्च समरे तथा प्राक्कोसलान् नृपान् नाटकेयाश्च समरे तथा हेरबकान युधि'-सभा० 31,13। प्राक्कोसल या पूर्व कोसल का अधिक प्रचलित नाम दक्षिण कोसल (वर्तमान महाकोसल) है। इसमे मध्य प्रदेश के रायपुर और बिलासपुर जिले तथा परिवर्ती प्रदेश सम्मिलित थे। कातारक या विध्य का वन्यप्रदेश इसके पड़ोस मे स्थित था।

प्राग्ज्योतिषपुर (असम)

गोहाटी के निकट बसा हुआ प्राचीन नगर जहा असम या कामरूप की राजधानी थी। इसे किरात देश के अतर्गत समझा जाता था। कालिकापुराण के अनुसार ब्रह्मा ने प्राचीन काल मे यहा स्थित होकर नक्षत्रो की सृष्टि की थी इसलिए इद्रपुरी के समान यह नगरी प्राग् (=पूर्व या प्राचीन)=ज्योतिष (=नक्षत्र) कहलाई— 'अत्रैव हि स्थितो ब्रह्मा प्राड्-नक्षत्र ससर्ज ह, तत प्रागज्योतिषाख्येय पुरी शक्रपुरी समा'। महाभारत सभा० 38 मे यहा के राजा नरकासुर तथा उसके श्रीकृष्ण द्वारा वध किए जाने का प्रसग है। इस असुर ने सोलह सहस्र कुमारियो का अपहरण करके उनके रहने के लिए मणिपर्वत पर अत पुर का निर्माण किया था। श्रीकृष्ण ने नरकासुर के वध के उपरांत इन स्त्रियो को मुक्त कर दिया और मणिपर्वत को उठाकर वे द्वारका ले गए—'प्राग्ज्योतिष नाम बभूव दुर्ग पुर घोरमसुराणामसह्यम् महाबलो नरकस्तत्र भौमो जहारादित्यामणिकुडले शुभे' उद्योग० 48,80। प्राग्ज्योतिषपुर के निकट ही निर्मोचन नामक नगर था जहां नरकासुर ने छ सहस्र लोहमय तीक्ष्ण पाश नगर की रक्षा के लिए लगा रखे थे—'निर्मोचने षटसहस्राणि हत्वा सच्छिद्य पाशान् सहसा क्षुरातान्'— उद्योग० 48,83। कामरूप नरेश भगदत्त ने महाभारत के युद्ध में कौरवो की ओर से भाग लिया था। महाभारत मे भगदत्त को प्राग्ज्योतिष-नरेश भी कहा गया है—'तत प्राग्ज्योतिष क्रुद्धस्तोमरान् वै चतुर्दश, प्राहिणोत्तस्य नागस्य प्रमुखे नृपसत्तम—भीष्म० 95,46। प्राग्ज्योतिषपुर के राजा नरकासुर और श्रीकृष्ण के युद्ध का वर्णन विष्णुपुराण 5,29 मे भी है और महाभारत के वर्णन के अनुसार ही इसमे नरकासुर द्वारा नगर की रक्षार्थ तीक्ष्ण धारवाले पाशो के आयोजन का उल्लेख है—'प्राग्ज्योतिषपुरस्यापि समन्तारुछतयोजन, आचिता-मेरवै पाशै क्षुरातैर्भूद्विजोत्तम्—विष्णु० 5,29,16। कालिदास ने रघुवश 4,8 मे प्राग्ज्योतिष के नरेश की रघुद्वारा पराजय का वर्णन इस प्रकार किया

है—'चकम्पेतीर्णलौहित्ये तस्मिन् प्राग्ज्योतिषेश्वर तदगजालानता प्राप्तैः सह कालागरुद्रुमैः, अर्थात दिग्विजय यात्रा के लिए निकले हुए रघु के लौहित्य या ब्रह्मपुत्र को पार करने पर प्राग्ज्योतिषपुर नरेश उसी प्रकार भयभीत होकर कांपने लगा जैसे उस देश के कालागरु के वृक्ष जिनसे रघु के हाथियों की शृंखलाएं बंधी हुई थीं। इस श्लोक में कालिदास ने प्राग्ज्योतिष या असम के वनों मे पाए जाने वाले कालागरु के वृक्षों, वहां के हाथियों तथा असम की मुख्य नदी लौहित्य का एकत्र वर्णन करके इस प्रांत की स्थानीय विशेषताओं का सुंदर चित्रण किया है। कालिदास के अनुसार प्राग्ज्योतिषपुर लौहित्य के पार पूर्वी तट पर बसा हुआ था। वी०वी० आठवले के मत मे प्राग्ज्योतिषपुर आनर्त या काठियावाड में स्थित था। (दे० भारतीय विद्या, बंबई सं० 11) किंतु यह संभव है कि प्राग्ज्योतिषपुर नाम के दो नगर या जनपद रहे हों।

प्राग्वट

वाल्मीकि-रामायण के वर्णन के अनुसार भरत ने केकय देश से अयोध्या आते समय इस स्थान के पास गंगा को पार किया था—'स गंगा प्राग्वटेतीर्त्वा समयात् कुटिकोष्टिकाम्'—यह स्थान पश्चिमी उत्तरप्रदेश मे गंगा के पश्चिमी तट पर, संभवत वर्तमान बालावाली (ज़िला बिजनौर) के सामने गंगा के पार रहा होगा। इसी के पास कुटिकोष्टिका नदी थी। (दे० अंशुधान)

प्राची दे० प्राच्य

प्राची सरस्वती (राजस्थान)

पुष्कर के निकट बहने वाली नदी। पुष्कर से बारह मील दूर प्राचीन सरस्वती और नंदा का संगम है। (दे० पुष्कर)

प्राच्य

पूर्वी भारत का प्राचीन नाम—'गोवास दासमीयाना वसातीनां च भारत, प्राच्याना वाटधानाना भोजाना चाभिमानिनाम'—महा० कर्ण० 73,17। इस उल्लेख का प्राच्य, संभवत मगध या वंग देश का कोई भाग हो सकता है। यहां की सेनाएं महाभारत युद्ध मे कौरवों की ओर थीं। प्राच्य या प्राचीन का प्रासी (Prasii) के रूप मे उल्लेख चंद्रगुप्तमौर्य की राजसभा मे स्थित यूनानी राजदूत मेगस्थनीज ने भी किया है। उसके वर्णन से स्पष्ट है कि प्राची या प्राच्य देश मगध का ही नाम था क्योंकि प्राची की राजधानी मेगस्थनीज ने पाटलिपुत्र में बताई है। जान पड़ता है भारत के पश्चिमी भागों के निवासी मगध या उसके परिवर्ती प्रदेश को पूर्वी देश या प्राची कहते थे।

प्रीतिकूट

कादंबरी और हर्ष चरित के प्रख्यात लेखक महाकवि बाण का जन्मस्थान तथा पैतृक निवास प्रीतिकूट नामक स्थान पर था। हर्षचरित के प्रथमोच्छ्वास में इस स्थान को गंगा और सोण के संगम से दक्षिण की ओर बताया गया है। इस प्रकार प्रीतिकूट को वर्तमान पटना या शाहाबाद जिले में स्थित मानना उपयुक्त होगा।

प्रोचेरा (जिला आदिलाबाद, आं० प्र०)

इस वन्य स्थान के पास एक जलप्रपात है जहां नवपाषाणयुग के अनेक पत्थर के उपकरण प्राप्त हुए हैं जिससे इस स्थान की प्रागैतिहासिकता सिद्ध होती है।

प्लक्षद्वीप

पौराणिक भूगोल की कल्पना के अनुसार पृथ्वी के सप्त महाद्वीपों में प्लक्षद्वीप की भी गणना की गई है—'जंबू प्लक्षाह्वयौ द्वीपौ शाल्मलश्चापरो द्विज, कुशः क्रौंचस्तथा शाक, पुष्करश्चैव सप्तम.' विष्णु० 2,2,5। विष्णुपुराण 2,4 में प्लक्षद्वीप का सविस्तार वर्णन है जिससे सूचित होता है कि विशाल प्लक्ष या पाकड़ के वृक्ष की यहां स्थिति होने से यह द्वीप प्लक्ष कहलाता था। इसका विस्तार दो लक्ष योजन था। इसके सात मर्यादा पर्वत थे—गोमेद, चंद्र, नारद, दुंदुभि सोमक, सुमना और वैभ्राज। यहां की सात मुख्य नदियों के नाम हैं—अनुतप्ता, शिखी, विपाशा, त्रिदिवा, अक्लमा, अमृता और सुकृता। यह द्वीप लवण या क्षार सागर से घिरा हुआ था। इस द्वीप के निवासी सदा नीरोग रहते थे और पांच सहस्र वर्ष की आयु वाले थे। यहां भी जो आर्यक, कुरर, विदिश्य और भावी नामक जातियां थीं वे ही क्रम से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र थीं। प्लक्ष में आर्यकादि वर्णों द्वारा जगत्स्रष्टा हरि का पूजन सोमरूप में किया जाता था। इस द्वीप के सप्त पर्वतों में देवता और गंधर्वों के सहित सदा निष्पाप प्रजा निवास करती थी। (उपर्युक्त उद्धरण विष्णुपुराण के वर्णन का एक अंश है)

प्लक्षप्रस्रवण

'पुण्य तीर्थवरं दृष्ट्वा विस्मयं परमं गत', प्रभाय च सरस्वत्या प्लक्षप्रस्रवण बल'—महा० शल्य० 54,11। महाभारत काल में प्लक्षप्रस्रवण सरस्वती नदी के उद्भव-स्थान का नाम था। यह पर्वतशृंग हिमालय की श्रेणी का एक भाग है। बलराम ने सरस्वती तटवर्ती तीर्थों की यात्रा में प्रभाग (सरस्वती समुद्र संगम) से लेकर सरस्वती के उद्भव प्लक्षप्रस्रवण तक के सभी पुण्य स्थलों को देखा था जिनका विस्तृत वर्णन शल्यपर्व में है। (दे० प्लक्षावतरण)।

प्लक्षावतरण

'सरस्वती महापुण्या ह्लादिनी तीर्थमालिनी, समुद्रगा महावेगा यमुना यत्र पांडव । यत्र पुण्यतर तीर्थं प्लक्षावतरण शुभम्, यत्र सारस्वतैरिष्ट्वा गच्छन्त्य-वभृथैर्द्विजा ' महा० वन० 90,3,4 । एतत प्लक्षावतरण यमुनातीर्थमुत्तमम् एतद् वै नाकपृष्ठस्य द्वारमाहुर्मनीषिण '—महा० वन० 129,13 । इन उल्लेखों से यह सरस्वती नदी के निकट और यमुना पर स्थित कोई तीर्थ जान पडता है जो कुरुक्षेत्र के पास था । कुरुक्षेत्र का वन० 129,11 मे उल्लेख है । महा-भारत के इस प्रसग मे प्लक्षावतरण मे महर्षियों द्वारा किए गए सारस्वत यज्ञों का उल्लेख है । राजा भरत ने धर्मपूर्वक वसुधा का राज्य पाकर यहा बहुत से यज्ञ किए थे और अश्वमेधयज्ञ के उद्देश्य से इस स्थान पर कृष्णमृग के समान श्यामकर्ण अश्व को पृथ्वी पर भ्रमण करने के लिए छोडा था । इसी तीर्थ में महर्षि संवर्त से अभिपालित महाराज मरुत्त ने उत्तम सत्र का अनुष्ठान किया था—'अत्र वै भरतो राजा राजन् क्रतुभिरिष्टवान्, हयमेधेन यज्ञेन मेध्यमश्व-मवासृजत् । असकृत् कृष्ण सारग धर्मेणाप्य च मेदिनीम, अत्रैव पुरुषव्याघ्र मरुत्त सत्रमुत्तमम्, प्राप चैवर्षिमुख्येन सर्वेतनाभिपालित ' वन० 129,15-16-17

फतहपुर

(1) (जिला देहरादून, उ० प्र०) 11 वीं-12 वीं शतियों में व्यापारिक *काफलों के ठहरने का स्थान था । गढवाल के राजा यहा के बनजारों से कर* वसूल करते थे किंतु अपने मुखिया के मरने पर ये लोग इस स्थान को छोडकर शिमला की पहाडियों मे जाकर बस गए थे ।

(2) (जिला होशगाबाद, म० प्र०) गढ़मडला नरेश सग्रामसिंह (मृत्यु 1541 ई०) के बावन गढ़ों में फतहपुर के गढ़ की गिनती थी । सग्रामसिंह राजा *दलपतशाह के पिता और महारानी दुर्गावती के श्वसुर थे ।*

(3) (जिला कागडा, पंजाब) कागडा की पहाडियों के अतर्गत प्राचीन स्थान है । यहा से गुप्तकालीन एक पीतल की मूर्ति प्राप्त हुई थी जिस पर चादी और ताम्र का काम है । यह मूर्ति गुप्तकाल की धातुप्रतिमाओं में महत्व-पूर्ण है (दे० एज आव दि इम्पीरियल गुप्ताज, पृ० *181)*

(4) (उ० प्र०) इस जिले में देंडसाही नामक स्थान (तहसील खसरेरू) से प्राप्त एक अभिलेख मे फतहपुर नगर का सस्थापक फतहमदखाँ बताया गया है । यह अभिलेख *917* हिजरी=*1519* ई० का है)

फतहपुर सीकरी (जिला आगरा, उ० प्र०)

आगरे से 22 मील दक्षिण, मुगलसम्राट अकबर के बसाए हुए भव्य नगर के खडहर आज भी अपने प्राचीन वैभव की झाकी प्रस्तुत करते हैं। अकबर से पूर्व यहां फतहपुर और सीकरी नाम के दो गाव बसे हुए थे जो अब भी हैं। इन्हे अग्रेजी शासक आगरे विलेजेस के नाम से पुकारते थे। सन् 1527 ई० मे चित्तौड नरेश राणा सग्रामसिंह और बाबर मे यहा से लगभग दस मील दूर कनवाहा नामक स्थान पर भारी युद्ध हुआ था जिसकी स्मृति मे बाबर ने इस गाव का नाम फतहपुर कर दिया था। तभी से यह स्थान फतहपुर सीकरी कहलाता है। कहा जाता है कि इस ग्राम के निवासी शेख सलीम चिश्ती के आशीर्वाद से अकबर के घर सलीम (जहांगीर) का जन्म हुआ था। जहांगीर की माता जोधाबाई (आमेरनरेश बिहारीमल की पुत्री) और अकबर, शेख सलीम के कहने से यहा 6 मास तक ठहरे थे जिसके प्रसादस्वरूप उन्हे पुत्र का मुख देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। यह भी किंवदती है कि शेख सलीम चिश्ती के फतहपुर आने से पहले यहा घना वन था जिसमे जगली जानवरो का बसेरा था किंतु इस सत के प्रभाव से वन्यपशु उनके वशवर्ती हो गए थे। शेख सलीम के सम्मानार्थ ही अकबर ने यह नया नगर बसाया था जो 11 वर्ष मे बनकर तैयार हुआ था। 1587 ई० तक अकबर यहा रहा और इस काल मे फतहपुर सीकरी को मुगल-साम्राज्य की राजधानी बने रहने का गौरव प्राप्त हुआ किंतु तत्पश्चात अकबर ने इस नगर को छोडकर अपनी राजधानी आगरे मे बनाई। राजधानी बदलने का मुख्य कारण सभवत यहा जल की कमी थी। दूसरे, शेख सलीम के मरने के बाद अकबर की तबीयत इस स्थान पर न लगी। यह भी कहा जाता है कि शेख ने अकबर को फतहपुर मे किला बनाने की आज्ञा न दी थी किंतु नगर के तीन ओर एक ध्वस्त परकोटे के चिन्ह आज भी दिखाई देते हैं। फतहपुर सीकरी मे अकबर के समय के अनेक भवनो, प्रासादो तथा राजसभा के भव्य अवशेष आज भी वर्तमान हैं। यहा की सर्वोच्च इमारत बुलद दरवाजा है जिसकी ऊचाई भूमि से 280 फुट है। 52 सीढियो के पश्चात् दर्शक दरवाजे के अंदर पहुचता है। दरवाजे मे पुराने जमाने के विशाल किवाड ज्यो के त्यो लगे हुए हैं। शेख सलीम की मानता के लिए अनेक यात्रियो द्वारा किवाडो पर लगवाई हुई घोडे की नालें दिखाई देती हैं। बुलद दरवाजे को, 1602 ई० मे अकबर ने अपनी गुजरात-विजय के स्मारक के रूप मे बनवाया था। इसी दरवाजे से होकर शेख की दरगाह मे प्रवेश करना होता है। बाईं ओर जामा मसजिद है और सामने शेख का मजार। मजार या समाधि के सन्निकट उनके सबधियो

बुलंद दरवाज़ा, फतहपुर सीकरी
(भारतीय पुरातत्त्व-विभाग के सौजन्य से)

की कब्रें हैं। मसजिद और मजार के समीप एक घने वृक्ष की छाया मे एक छोटा सगमर्मर का सरोवर है। मसजिद मे एक स्थान पर एक विचित्र प्रकार का पत्थर लगा है जिसको थपथपाने से नगाड़े की ध्वनि सी होती है। मसजिद पर सुदर नक्काशी है। शेख सलीम की समाधि सगमर्मर की बनी है। इसके चतुर्दिक् पत्थर के बहुत बारीक काम की सुदर जाली लगी है जिसके अनेक आकारप्रकार बड़े मनमोहक दिखाई पड़ते हैं। यह जाली कुछ दूर से देखने पर जालीदार श्वेत रेशमी वस्त्र की भाति दिखाई देती है। समाधि के ऊपर मूल्यवान् सीप, सीग तथा चदन का अद्भुत शिल्प है जो 400 वर्ष प्राचीन होते हुए भी सर्वथा नया सा जान पड़ता है। श्वेत पत्थरो मे खुदी विविध रगोवाली फूलपत्तिया नक्काशी की कला के सर्वोत्कृष्ट उदाहरणो में से हैं। समाधि म एक चदन का और एक सीप का कटहरा है। इन्हें ढाका के सूबेदार और शेख सलीम के पौत्र नवाब इसलाम खा ने बनवाया था। जहागीर ने समाधि की शोभा बढाने के लिए उसे श्वेत सगमर्मर का बनवा दिया था यद्यपि अकबर के समय मे यह लाल पत्थर की थी। जहागीर ने समाधि की दीवार पर चित्रकारी भी करवाई। समाधि के कटहरे का लगभग $1\frac{1}{2}$ गज लबा विकृत हो जाने पर 1905 मे लार्ड कर्जन ने 12 सहस्र रुपए की लागत से इसे पुन- बनवा दिया। समाधि के किवाड आबनूस के बने हैं।

अकबर के राजप्रासाद समाधि के पीछे की ओर ऊचे लबे-चौडे चबूतरो पर बने हैं। इन मे चार-चमन और ख्वाबगाह अकबर के मुख्य राजमहल थे। यहीं उसका शयनकक्ष और विश्राम-गृह थे। चार-चमन के सामने आगन मे अनूपताल है जहा तानसेन दीपक राग गाया करता था। ताल के पूर्व मे अकबर की तुर्की बेगम रुकैया का महल है। यह इस्तबूल की रहने वाली थी। कुछ लोगों के मन मे इस महल में सलीमा बेगम रहती थी। यह बाबर की पोती और बैराम खा की विधवा थी। इस महल की सजावट तुर्की के दो शिल्पियो ने की थी। समुद्र की लहरें नामक कलाकृति बहुत ही सुदर एव वास्तविक जान पडती है। भित्तियों पर पशुपक्षियो के अतिसुदर तथा कलात्मक चित्र हैं जिन्हें पीछे औरगजेब ने नष्टभ्रष्ट कर दिया था। भवन मे जडे हुए कीमती पत्थर भी निकाल लिए गए हैं जिसके लिए अग्रेज पर्यटक जिम्मेदार कहे जाते हैं। रुकैया बेगम के महल के दाहिनी ओर अकबर का दीवाने खास है जहा दो बेगमों के साथ अकबर न्यायासन ग्रहण करता था। बादशाह के नवरत्न-मत्री थोडा हट कर नीचे बैठते थे। यहा सामान्य जनता तथा दर्शकों के लिए चतुर्दिक् बरामदे बने हैं। बीच के बडे मैदान में हुनन नामक खूनी हाथी

के बांधने का एक मोटा पत्थर गडा है। यह हाथी मृत्युदंडप्राप्त अपराधियों को रौंदने के काम मे लाया जाता था। कहते हैं कि यह हाथी जिसे तीन बार, पादाहत करने से छोड़ देता था उसे मुक्त कर दिया जाता था। दीवानेखास की यह विशेषता है कि वह एक पद्माकार प्रस्तर-स्तम के ऊपर टिका हुआ है। इसी पर आसीन होकर अकबर अपने मन्त्रियों के साथ गुप्त मत्रणा करता था। दीवानेखास के निकट ही आंखमिचौनी नामक भवन है जो अकबर का निजी मामलों का दफ्तर था। पांच मंजिला पचमहल या हवामहल जोधाबाई के सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बनवाया गया था। यहीं से अकबर की मुसलमान बेगमें ईद का चांद देखती थी। समीप ही मुग़ल राजकुमारियों का मदरसा है। जोधाबाई का महल प्राचीन घरो के ढंग का बनवाया गया था। इसके बनवाने तथा सजाने मे अकबर ने अपनी रानी की हिंदू भावनाओ का विशेष ध्यान रखा था। भवन के अंदर आंगन मे तुलसी के बिरवे का थांवला है और सामने दालान में एक मंदिर के चिह्न हैं। दीवारो मे मूर्तियो के लिए आले बने हैं। कहीं-कहीं दीवारो पर कृष्णलीला के चित्र हैं जो अब मद्धिम पड़ गए हैं। मंदिर के घंटों के चिन्ह पत्थरों पर अंकित हैं। इस तीन मंजिले घर के ऊपर के कमरो को ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन महल कहा जाता था। ग्रीष्मकालीन महल में पत्थर की बारीक जालियो मे से ठंडी हवा छन छन कर आती थी। इस भवन के निकट ही बीरबल का महल है जो 1582 ई० मे बना था। इसके पीछे अकबर का निजी अस्तबल था जिसमे 150 घोडे तथा अनेक ऊंटों के बांधने के लिए छेददार पत्थर लगे हैं। अस्तबल के समीप ही अबुलफजल और फैजी के निवासगृह अब नष्टभ्रष्ट दशा मे हैं। यहां से पश्चिम की ओर प्रसिद्ध हिरन-मीनार है। किंवदती है कि इस मीनार के अदर चुनी हाथी हिरन की समाधि है। मीनार मे ऊपर से नीचे तक आगे निकले हुए हिरन के सींगो की तरह पत्थर जड़े हैं। मीनार के पास मैदान मे अकबर शिकार खेलता था और बेगमें मीनार पर चढ़ कर तमाशा देखती थीं। जोधाबाई के महल से यहां तक बेगमो के आने के लिए अकबर ने एक आवरण-मार्ग बनवाया था। फतहपुर सीकरी से प्राय 1 मील दूर अकबर के प्रसिद्ध मत्री टोडरमल का निवासस्थान था जो अब भग्न दशा मे है। प्राचीन समय मे नगर की सीमा पर मोती झील नामक एक विस्तीर्ण तडाग था जिसके चिह्न अब नही मिलते। फतहपुरी के भवनो की कला उनकी विशालता मे है, लबे-चौडे सरल रेखाकार नक्शो पर बने भवन, विस्तीर्ण प्रागण तथा ऊंची छतें, कुल मिला कर दर्शक के मन मे विशालता तथा विस्तीर्णता का गहरा प्रभाव डालते हैं। वास्तव मे अकबर की

इस स्थापत्य-कलाकृति में उसकी अपनी विशालहृदयता तथा उदारता के दर्शन होते हैं।

फतेहाबाद (उ० प्र०)

यह नगर फ़िरोजशाह तुगलक (1351–1388) का बसाया हुआ माना जाता है।

फरीदपुर (बंगाल)

गुप्तकाल में इस नगर के परिवर्ती क्षेत्र का नाम वारक-मंडल था। फरीदपुर से गुप्तकालीन नरेश धर्मादित्य तथा गोपचंद्र के तीन दानपट्ट-अभिलेख प्राप्त हुए हैं जिनसे तत्कालीन भूमि-हस्तांतरण तथा सामान्य शासन-व्यवस्था के बारे में सूचना मिलती है।

फर्रुखाबाद (उ० प्र०)

इस नगर को नवाब मुहम्मदशाह बंगश ने मुगल-सम्राट् फर्रुखसियर (1712-1719) के नाम पर बसाया था। इस इलाके (जो प्राचीन काल में दक्षिण पंचाल कहलाता था) की राजधानी पहले कन्नौज थी। इस नगर के बस जाने पर राजधानी यहीं बनाई गई और कालपी के बंगश शासकों ने अपने प्रांत का मुख्य स्थान इसी नगर को बनाया।

फलकपुर

पाणिनि 4,2,101 में उल्लिखित है। यह स्थान शायद वर्तमान फिल्लौर (पंजाब) है।

फलकीवन

कुरुक्षेत्र में ओघवती नदी के तट पर शुक्रतीर्थ के निकट एक प्राचीन वन। इसका महाभारत वन० 83,86 में उल्लेख है—'ततो गच्छेत् राजेन्द्र फलकीवन मुत्तमम्, तत्र देवाः सदा राजन् फलकीवनमाश्रिता.'।

फलन

वर्णुंया बन्नू को युवानच्वांग ने फलन नाम से अभिहित किया है।

फर्लाद्धि=फलौदी

फलौदी मेड़ता रोड स्टेशन (मारवाड़, राजस्थान) के पास ही है। यहां 12वीं सदी से पूर्व का जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ का प्राचीन मंदिर है। इस स्थान का प्राचीन नाम फर्लाद्धि है। इसका नामोल्लेख जैन स्तोत्र तीर्थमाला चैत्यवंदन में इस प्रकार है, 'जीरापल्लि फर्लाद्धि पारक नगे श्रीसज्जरेश्वरे'।

फल्गु (बिहार)

गया के निकट बहने वाली नदी जो पुराणों में प्रसिद्ध है। महाभारत के

गया के वर्णन के प्रसग मे शायद इसी नदी का निर्देश निम्न रूप मे है—'नगोगय-शिरोयत्र पुण्या चैव महानदी, वानीरमालिनी रम्या नदी पुलिनशोभिता'— वन० 95 9 10, 'महानदी च तत्रैव तथागयशिरो नृप —वन० 88,11 । यह सभव है कि यहा 'महानदी' शब्द फल्गु के एक पर्याय या नाम के रूप मे ही प्रयुक्त हुआ है न कि विशेषण के रूप मे । यह तथ्य ध्यान देन योग्य है कि फल्गु का एक स्थानीय नाम आज भी महाना है जो अवश्य ही 'महानदी' का अपभ्रश है । गया से 3 मील दूर महाना अथवा फल्गु मे नीलाजना नाम की छोटी सी नदी मिलती है जो बौद्धसाहित्य की नेरजना है।

फाजिलपुर (जिला गोरखपुर)

कसिया से 10 मील दक्षिण-पूर्व मे स्थित है। कार्लाइल के अनुसार यही प्राचीन पावापुरी है । (दे० पावा)

फिरोजाबाद (जिला आगरा, उ० प्र०)

(1) फीरोजशाह तुगलक का बसाया हुआ नगर । इस तुगलक सुलतान ने जिसका शासनकाल 1351-1388 ई० है, कई नगर बसाए थे — (दे० फतेहाबाद, हिसार)

(2) (जिला गुल्बर्गा, मैसूर) इस नगर को फिरोजशाह बहमनी (1397—1422 ई०) ने बसाया था तथा उसी ने यहा के दुर्ग का निर्माण करवाया था। कहा जाता है कि फिरोजशाह ने सत बदानवाज के कहने पर गुलबर्गा को छोडकर यही राजधानी बसाई थी । यह नगर भीमानदी के तट पर बसाया गया था और इसमे और अकबर के फतहपुर सीकरी म अनेक समानताए दिखलाई पडती हैं । किले की प्राचीर के भीतर विशाल महल, जामामसजिद, तुर्की हम्माम तथा अन्य प्रकार के भवनो के अवशेष हैं । इन्ही महलो मे फिरोजशाह के हरम की विभिन्न देशो से आई हुई, आठ सौ बेगमे रहती थी ।

फिल्लौर दे० फलकपुर

फूनान (कबोडिया)

कबोडिया मे स्थापित सर्वप्रथम हिन्दू उपनिवेश । फूनान चीनी नाम है । इसम वर्तमान कबोडिया तथा कोचीन चीन सम्मिलित थ । चीनी कथाओ के अनुसार यहा के आदिम निवासी जगली और असभ्य थे । ये नग्न रहते थे और गोदनो से शरीर अकित करते थे । सबसे पहले ह्वीनतीन या कौडिन्य नामक हिंदू नरेश ने इस देश मे राज्य स्थापित किया तथा यहा के निवासियो को सभ्य बनाकर उन्हें कपडे पहनना सिखाया । इस राजा का समय पहली शती ई० माना जाता है । फूनान का अस्तित्व सातवी शती ई० के पश्चात् कबोडिया (=कबुज) राज्य के उत्कर्ष के साथ ही समाप्त हो गया।

फेनगिरि

सिंध नदी के मुहाने के निकट स्थित है—बृहत् संहिता 14,5,18 में इसका उल्लेख है।

फ़ैज़ाबाद (उ० प्र०)

लखनऊ को राजधानी बनाने से पूर्व, अवध के नवाबों ने फ़ैज़ाबाद में ही अपने रहने के लिए महल बनवाए थे। नवाब शुजाउद्दौला और परवर्ती नवाबों के समय में यहां अनेक सुंदर प्रासाद, मकबरे और उद्यान बने जिनमें से खुर्द महल, बहूबेगम का मकबरा, गुलाबबाड़ी तथा दिलकुशा आज भी वर्तमान हैं। कहा जाता है कि अयोध्या के अनेक प्राचीन भवनों तथा मंदिरों के मसाले से ही फ़ैज़ाबाद की बहुत सी इमारतें बनी थीं।

फोर्ट सेंट जार्ज (मद्रास)

मद्रास की पुरानी बस्ती का नाम चेन्नापटम् था। इसी ग्राम में 1640 ई० में अंग्रेजी व्यापारी फ्रांसिस डे ने फोर्ट सेंट जार्ज की स्थापना की थी। इसी क़िले के चतुर्दिक् भावी महानगरी मद्रास का कालांतर में विकास हुआ। (दे० चेन्नापटम्)

फ्रेंचराक्स (मैसूर)

मैसूर से मलुकोटे जाने वाली सड़क पर यह स्थान है जहां हैदरअली और टीपू के सहायक फ्रांसीसी लोगों ने अपनी सेना का मुख्य शिविर बनाया था। पास ही नीले जल से भरी हुई मोती तालाब नामक मनोरम झील है जिसका बांध नौ सौ वर्ष प्राचीन है।

बग=वग

बगलोर (मैसूर)

किंवदंती के अनुसार इस नगर की स्थापना तथा इसके नामकरण (शब्दार्थ उबली सेमों का नगर) से यहां के एक प्राचीन राजा से संबंधित एक कथा जुड़ी है किंतु ऐतिहासिक तथ्य यह है कि 1537 ई० में शूरवीर सरदार केंपेगौडा ने इस स्थान पर एक मिट्टी का दुर्ग बनवाया था और नगर के चारों कोनों पर चार मीनारें। इस प्राचीन दुर्ग के अवशेष अभी तक स्थित हैं। हैदरअली ने इस मिट्टी के दुर्ग को पत्थर से पुनर्निर्मित करवाया (1761 ई०) और टीपू ने कई महत्त्वपूर्ण परिवर्तन किए। यह क़िला आज मैसूर राज्य में मुसलमानी शासन काल का अच्छा उदाहरण है। क़िले से 7 मील दूर हैदरअली का लालबाग स्थित है। बगलोर से 37 मील दूर नंदिगिरि नामक ऐतिहासिक स्थान है।

बंगाल

किंवदंती में इस देश के नामकरण का आधार इस प्रकार बताया जाता है कि

प्राचीन काल मे पद्मा नदी के दक्षिण मे स्थित और हुगली, और गगा की दूसरी शाखा मधुमती के बीच के भाग को वग या बगा कहते थे क्योंकि यह भूभाग राजा बलि के पुत्र वग के अधिकार मे था। हुगली के ठीक पश्चिम के प्रदेश को लाहा कहा जाता था। कुछ काल पश्चात् इन्ही दोनों भागों—बगा और लाहा का नाम बगाल हो गया (दे० वग)

बदरपुछ दे० यामुनपर्वत

बबई (महाराष्ट्र)

16वीं शती तक बबई महानगरी छोटे-छोटे सात द्वीपों का समूह मात्र थी। प्राचीन ग्रीक भौगोलिकों ने इसी कारण इस स्थान को हेप्टानीसिया (Heptanesia) या सप्तद्वीप नाम दिया था। दक्षिण भारतीय नरेश भीमदेव ने 15वी शती मे महीकवती (वर्तमान महीम) मे अपनी राजसभा की थी। 1534 ई० मे पुर्तगालियो ने गुजरात के सुलतान से बबई को छीन लिया। इससे पहले बहादुरशाह ने इस स्थान को राजा भीमदेव के उत्तराधिकारी नगरदेव से प्राप्त किया था। बबई में उस समय ढेर, भडारी तथा आदि निवासियो (कोली आदि जिनके नाम पर वर्तमान कोलाबा प्रसिद्ध है) की विरल बस्तियां थी। पुर्तगालियो ने बबई की स्थिति के महत्व को पहचान रखा था और उनके यहां आने पर इसकी व्यापारिक उन्नति प्रारभ हुई। पुर्तगाल के जेसुअट पादरियो ने पहले पहल इस स्थान पर गिर्जाघर बनवाए और इसी देश के व्यापारियो ने बबई के समुद्री व्यापार का सूत्रपात किया। इतिहास से विदित होता है कि बबई के द्वीप को पुर्तगाल सरकार ने कुछ समय के लिए मास्टर डीगो नामक व्यक्ति को ठेके पर दे दिया था और फिर स्थायी रूप से डाक्टर गार्सिया दा हार्ता (Garcia da Harta, को। इस व्यक्ति ने भारतीय पेड पौधो के विषय मे काफी खोज बीन की थी। 1665 ई० में सूरत से अग्रेजो ने बबई पर आक्रमण किया। इसमें उन्हें हालैंड निवासियो ने भी सहायता दी। बबई का पुर्तगाली किला अग्रेजो के हाथ न आ सका। उन्होने नगर मे काफी लूटमार मचाई और अनेक लोगों को बदी बना लिया किंतु बेसीन से कुमक आ जाने पर पुर्तगालियों ने बबई को फिर से जीतकर उस पर पूर्ववत् अधिकार कर लिया। किंतु कुछ ही समय पश्चात् 1616 ई० मे पुर्तगाल के राजा डॉन अलफांसो (Don Alfanso) षष्ठम ने अपनी बहन कैथरीन ब्रेगेंजा के इग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वितीय के साथ विवाह होने के उपलक्ष में, बबई को दहेज मे दे दिया मानो वह उसकी वैयक्तिक सपत्ति रही हो। और फिर चार्ल्स द्वितीय ने इसे दस पाउड वार्षिक किराए पर ईस्ट इडिया कपनी के नाम उठा दिया। कपनी का बबई पर अधिकार होने पर बबई

के पुर्तगालियों ने जिनकी इस अजीब सौदे के बारे में राय न ली गई थी, अंग्रेजों का सशस्त्र विरोध किया किंतु 1665 ई० तक अंग्रेजों ने बंबई पर अपना पूर्ण आधिपत्य स्थापित कर लिया। बंबई के नामकरण के विषय में कई मत हैं। किंवदंती है कि यहां प्राचीन काल में मुंबादेवी का मंदिर था जिसके कारण इस स्थान को मुंबई कहते थे। बंबई, मुंबई का ही पुर्तगाली उच्चारण है। कुछ लोगों का मत है कि बंबई का नाम पुर्तगालियों का ही गढ़ा हुआ है और बॉन (Bon) तथा बेइया (Baia) शब्दों से मिलकर बना है जिसका अर्थ है अच्छी खाड़ी।

बकुलारण्य

यह मदुरांतकम् (जिला चेंगलपट्टु, मद्रास) के क्षेत्र का पौराणिक नाम कहा जाता है। यहां कोदंडराम के प्राचीन मंदिर के प्रांगण में आज भी एक वकुल का वृक्ष वर्तमान है।

बक्सर (बिहार)

किंवदंती है कि रामायण में वर्णित विश्वामित्र का आश्रम जहां यज्ञ के रक्षार्थ वे राम और लक्ष्मण को दशरथ से मांग कर ले गए थे, यहीं स्थित था। जनकपुर जाते समय राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ यहीं होते हुए गए थे। मौर्यकाल की अनेक सुंदर लघु मूर्तियां यहां उत्खनन में प्राप्त हुई थीं जो अब पटना संग्रहालय में सुरक्षित हैं (बिहार, दि हार्ट ऑव इंडिया-पृ० 57) (दे० विश्वामित्र-आश्रम)

बखरा (बिहार)

बसाढ़ (प्राचीन वैशाली) के निकट एक ग्राम जिसके पास अशोक का सिंह-अंकित स्तंभ स्थित है। (दे० वैशाली)

बगरी (जिला टोंक, राजस्थान)

बगरी प्राचीन स्थान है जैसा कि यहां के ध्वंसावशेषों से ज्ञात होता है। इनका अनुसंधान अभी भलीभांति नहीं हुआ है।

बगहा (बिहार)

यहीं सड़क पर स्थित है। इसका प्राचीन नाम चंपकारण्य कहा जाता है।

बघेलखंड

मध्यप्रदेश में स्थित भूतपूर्व रीवां रियासत तथा परिवर्ती क्षेत्र का मध्ययुगीन नाम। 12वीं शती के अंतिम भाग में बाघेल या बघेला राजपूतों ने जो गुजरात के सोलंकी राजपूतों की एक शाखा थे, पँवार राज्य के पूर्व में राज्य स्थापित करके रीवां में अपनी राजधानी बनाई थी। बघेलों का पुरखा बघ्र (व्याघ्रदेव)

गुजरात से आकर इस प्रदेश मे बसा था। रीवा मे बघेलो का ही राज्य था। बघेलखड प्राचीन करूष का एक भाग है।

बछोई (तहसील करवी, जिला बादा, उ० प्र०)

यह ग्राम चित्रकूट के निकट कामतानाथ से 15-16 मील दूर लालपुर पहाड़ी पर स्थित है। किंवदती है कि रामायण-काल म आदिकवि वाल्मीकि का आश्रम इसी स्थान पर था। सभवत गो० तुलसीदास ने रामचरितमानस, अयोध्याकाड मे जिस वाल्मीकि के आश्रम का वर्णन किया है वह इसी स्थान के निकट रहा होगा क्योकि वह चित्रकूट के समीप ही था।

बटियागढ़ (जिला दमोह, म० प्र०)

इस स्थान पर विक्रमसवत् 1385=1328 ई० का एक अभिलेख प्राप्त हुआ था (एपिग्राफिका इडिया–12 42) जिसके बारे मे विशेष बात यह है कि इसम मुसलमानो को शक कहा गया है। (इस प्रकार के कई अन्य उदाहरण भी हैं)। इसमे मुहम्मद तुगलक का उल्लेख है। इसके समय मे सुल्तान की ओर से जुलचीखा नामक सूबेदार चदेरी मे नियुक्त था और सूबेदार का नायब बटियागढ़ मे रहता था। उस समय इस नगर को बटिहाडिम या बडिहारिन कहते थे। इसमे दिल्ली का एक नाम जोगिनीपुर भी दिया हुआ है। दूसरा शिलालेख विक्रम सवत् 1381=1324 ई० का यहा के प्राचीन महल के खडहरो से मिला है जिसमे गियासुद्दीन तुगलक का उल्लेख है जिसके सूबेदार ने इस महल को बनवाया था।

बटिहाडिम=बटियागढ़

बटेश्वर

(1) भूतेश्वर

(2) वटेश्वर

बडली (जिला अजमेर, राजस्थान)

इस स्थान से 1912 ई० म स्वर्गीय डा० गौ० ह० हीराचद्र ओझा को 443 ई० पू० का एक खडित अभिलेख किसी स्तभ के टुकडे पर अकित प्राप्त हुआ था जो पिपरावा के अभिलेख (487 ई० पू०) के साथ ही भारत के अभिलेखो मे प्राचीनतम समझा जाता है। अभिलेख ब्राह्मी लिपि मे है। यह अजमेर के सग्रहालय मे सुरक्षित है।

बडवामुख

सुप्पारकजातक मे वर्णित एक समुद्र—'तस्य उदक कड्ढित्वा कड्ढित्वा सब्बतो भागेन उग्गच्छति। तस्मि सब्बतो भागेन उग्गतोदक सब्बतो भागेन

उन्नतट महा सोब्भोविय पचायति, ऊमिमा उग्गताय एक्ता पपात सदिस होति भय-जननो सद्दो उपजति सोतानि भिन्दन्तो विय हृदय फालन्तो विय'— अर्थात् वहा जल निकल कर सब ओर से ऊपर आ रहा था सब ओर से जल ऊपर उठने के कारण किनारे की ओर बडा गर्त सा दिखाई देता था। लहरें उठ कर एक प्रपात की तरह जान पडती थी। बडा भय उत्पन्न करने वाला शब्द वहा हो रहा था जो हृदय को वेध सा रहा था। यह समुद्र भरुकच्छ से जहाज पर व्यापार के लिए निकले हुए धनार्थी वणिको का अपनी लवी यात्रा के दौरान मे मिला था। (दे० नलमाली, अग्निमाली, दधिमाल, क्षुरमाली) यूपीरक जातक मे वर्णित समुद्रो का वृतात अधिकाश म प्राचीन काल के देश-विदेश मे घूमनवाले नाविको की कल्पनारजित कथाओं पर आधारित है। डा० मोतीचद के मत म यह समुद्र भूमध्यसागर का कोई भाग हो सकता है (दे० सार्थवाह, पृ० 59)

बडक्त दे० वर्मांत

बडगाव

(1) (जिला परभणी, महाराष्ट्र) एक प्राचीन दुर्ग के ध्वसावशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

(2) दे० नालदा

बडनगर (जिला महसाना, गुजरात)

प्राचीन हाटकेश्वर। पुरातत्व विभाग द्वारा किए गए उत्खनन मे इस स्थान से 5वीं शती ई० तथा अनुवर्ती काल के अनेक अवशेष प्राप्त हुए हैं जिनसे गुजरात के प्राचीन इतिहास में इस नगर के महत्व की सूचना मिलती है। बड-नगर, हाटकेश्वर नाम से तीर्थ रूप में भी प्रसिद्ध था।

बडवा (जिला कोटा, राजस्थान)

1935-1936 में इस स्थान से 295 कृत या विक्रम सवत् = 238 ई० के तीन यूप-लेख प्राप्त हुए थे। इनम मौखरीवशीय महासेनापति बल के तीन पुत्र बलवर्धन, सोमदेव और बलसिह का एक यज्ञ के सपादन के सबध मे उल्लेख है। सभवत इन अभिलेखों मे मौखरीवश का सर्वप्रथम उल्लेख मिलता है। इनसे बुद्ध धर्म की अवनति तथा हिंदू धर्म के पुनरुज्जीवन के सधिकाल में यज्ञा-दिकों के पुनरारभ की सूचना भी मिलती है।

बडा (पजाब)

रोपड के निकट स्थित है। यहा 1954-55 में, पुरातत्व-विभाग द्वारा सपा-दित उत्खनन मे उत्तरकालीन हरप्पा सस्कृति के चिह्न मिले हैं।

बड़ाचत्रा दे० वराहक्षेत्र, कोल्मिगणराज्य

बड़िहारिन दे० बटियागढ़

बड़ोदा (गुजरात)

जनश्रुति है कि प्राचीन काल में इस स्थान के निकट अनेक वटवृक्ष थे जिन के कारण नगर को वटोदर (वट वृक्षों के भीतर स्थित) कहा जाता था। बड़ोदा या गुजराती नाम बडोद्रा, वटोदर शब्द का अपभ्रंश हो सकता है। बड़ोदा रियासत की नींव मराठा सरदार दामाजी गायकवाड़ ने 18वीं शती में डाली थी। चंदनावती बड़ोदा का एक प्राचीन नाम है—(दे० बालफ़ूर–साइक्लोपीडिया ऑव इंडिया)

बड़ोह (ज़िला भीलसा, म० प्र०)

बंबई–दिल्ली रेलपथ पर गुलहड़ स्टेशन से 12 मील पूर्व की ओर स्थित है। यहां के विस्तीर्ण खंडहरों से सूचित होता है कि यह स्थान मध्यकाल में समृद्धिशाली नगर रहा होगा। स्थानीय किंवदंती के अनुसार इसका प्राचीन नाम बड या वटनगर था। यहां के मुख्य अवशेष हैं—गाडरमल का मंदिर, 9वीं शती ई०, सोलह खंभी, 8वीं शती ई०, दशावतार मंदिर, सतमढ़ी मंदिर जिसके साथ छः अन्य मंदिरों के अवशेष हैं और जैन मंदिर जिससे छोटे-छोटे 25 मंदिर संबंधित हैं।

बढ़ाकोटरा (तहसील मऊ, ज़िला बांदा, उ० प्र०)

मध्यकालीन हिंदू मंदिर और मूर्तियों के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। मंदिर कर्कोटनाग शिव का है।

बदख़्शां

बदख़्शां अफ़ग़ानिस्तान में हिंदूकुश पर्वत का निकटवर्ती प्रदेश है। (दे० द्वयक्ष)

बदनावर (म० प्र०)

मालवा-भूभाग में स्थित है। परमारकालीन (10वीं-13वीं शती) मंदिरों के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

बदनौर (ज़िला उदयपुर, राजस्थान)

इस नगर को महाराणा लाखा ने बसाया था। उनके समय में मेरवाड़ा के पहाड़ी लुटेरों ने इस प्रदेश में बड़ा ऊधम मचाया था। इनका मुख्य स्थान वैराटगढ़ था। महाराणा ने वैराटगढ़ को ध्वस्त करके उसीके निकट बदनौर नामक नया नगर बसाया। दिल्ली के सुलतान मुहम्मदशाह लोदी ने कुछ समय पश्चात् बदनौर को घेर लिया किंतु महाराणा लाखा की सेना ने वीरतापूर्वक लड़कर लोदी की सेना को पीछे खदेड़ दिया।

बबर दे० ग्वादुर

बदरपाचन

'ततस्तीर्थवर रामो ययौ बदरपाचनम्, तपस्विसिद्धचरित यत्र कन्या धृत-धृता'—*महा० शल्य० 48,1*। महाभारत-काल में बदरपाचन तीर्थ सरस्वती नदी के तटवर्ती तीर्थों में से था। इसकी यात्रा बलराम ने की थी। प्रसग के क्रम से जान पड़ता है कि यह स्थान हरयाणा में रहा होगा। शल्य० 48 मे इस तीर्थ का सबध भारद्वाज ऋषि की कन्या श्रुतवती से बताया गया है।

बदरिकाश्रम=बदरीनाथ

बदरी=बदरी आश्रम=बदरीनाथ (उ० प्र०)

महाभारत-काल में बदरीनाथ की तीर्थ रूप में मान्यता प्रतिष्ठित हो गई थी। पाडवों ने भारत के अन्य तीर्थों की भांति बदरीनाथ की भी यात्रा की थी '*एव सुरमणीयानि वनान्युपवनानिव, आलोकयन्तस्ते जग्मुर्विशाला बदरी प्रति*'—वन० 145,11। इस उल्लेख में बदरीनाथ को विशाला नाम से अभिहित किया गया है जो आज भी पूर्ववत् प्रचलित है ('बद्री विशाल') इस यात्रा में पाडवों ने अनेक प्रकार के पशुपक्षियों तथा अनेक नदियों को देखा था—'मयूरैश्चमरैश्च वानरैरुरुभिस्तथा, वराहैर्गवयैश्चैव महिषैश्च समावृतान्, नदीजालसमाकीर्णान् नानापक्षियुतान् बहून, नानाविधमृगैर्जुष्टान् वानरैश्चोपशोभितान्' वन० 145,15-16। बदरीनाथ में गगा की उपस्थिति भी महाभारत में वर्णित है—'एषा शिवजला-पुण्या याति सौम्य महानदी, बदरीप्रभवा राजन् देवर्षिगणसेविता' वन० 142,4। *यहा गगा को बदरीनाथ से उद्भूत माना है क्योंकि गगोत्री बदरीनाथ से कुछ ही* दूर है। वन० 139,11 मे विशाला को कैलास के निकट माना है—'कैलासः पर्वतो राजन् षड्योजन समुच्छ्रितः यत्र देवा समायान्ति विशाला यत्र भारत'। बदरीनाथ में नरनारायण के स्थान (जो आज भी है) और भागीरथी का वर्णन भी महाभारत मे है—'तत्रापश्यत् धर्मात्मा देवदेवर्षि पूजितम्, नरनारायणस्थान भागीरथ्योपशोभितम्'—*वन० 145,41*। *शाति० 127-3* में बदरीनाथ के निकट वैहायसकुड का उल्लेख है जो सभवत. वैहायसी या आकाश-मार्ग से जाने वाली गगा का ही कुड है—'यत्र सा बदरी रम्या ह्रदो-*वैहायसस्तथा*'। *बदरीनाथ के प्रसग मे गगा* को आकाशगगा कहा भी गया है—'आकाशगगा प्रयता. पाडवास्तेऽभ्यवादयन्' वन० 142,11। बदरीनाथ में महा-भारत के आदिकर्ता महर्षि व्यास का मुख्य आश्रम था इसीलिए उन्हें बादरायण कहा जाता है। बदरीनाथ में व्यासगुफा नामक स्थान को ही व्यास का निवास स्थान माना जाता है और यह भी किवदती है कि महाभारत की रचना उन्होंने

यहीं की थी। परवर्तीकाल में शंकराचार्य बदरिकाश्रम में कुछ समय तक ठहरे थे। बौद्ध जनश्रुति के अनुसार शंकराचार्य से पहले बदरीनाथ में बौद्धों का मंदिर था और इसमें बुद्ध की मूर्ति स्थापित थी।

बदायूं (उ० प्र०)

बदायूं मध्यकालीन नगर है। 11वीं शती के एक अभिलेख में जो बदायूं से प्राप्त हुआ है, इस नगर का तत्कालीन नाम वोदामयूता कहा गया है। इस लेख से ज्ञात होता है कि उस समय बदायूं में पंचालदेश की राजधानी थी। यह जान पड़ता है कि अहिच्छत्रा नगरी जो अति प्राचीनकाल से उत्तरपंचाल की राजधानी चली आई थी, इस समय तक अपना पूर्व गौरव गँवा बैठी थी। एक किंवदंती में यह भी कहा जाता है कि इस नगर को अहीर सरदार राजा बुद्ध ने 10वीं शती में बसाया था। कुछ लोगों का यह मत है कि बदायूं की नींव अजयपाल ने 1175 ई० में डाली थी। राजा लखनपाल को भी नगर के बसाने का श्रेय दिया जाता है। नीलकंठ महादेव का प्रसिद्ध मंदिर जिसे इल्तुतमिश ने तुड़वा दिया था शायद लखनपाल ही का बनवाया हुआ था। ताजुलमासिर के लेखक ने बदायूं पर कुतुबुद्दीन एबक के आक्रमण का वर्णन करते हुए इस नगर को हिंद के प्रमुख नगरों में माना है। बदायूं के स्मारकों में जामामसजिद भारत की मध्ययुगीन इमारतों में शायद सबसे विशाल है। यह नीलकंठ मंदिर के मसाले से बनवाई गई थी और इसका निर्माता इल्तुतमिश था जिसने इसे, गद्दी पर बैठने के बारह वर्ष पश्चात् अर्थात् 1222 ई० में बनवाया था। (टि० महमूद गजनवी के समान ही इल्तुतमिश भी कुख्यात मूर्तिभंजक था। इसने अपने समय के प्रसिद्ध देवालयों जिनमें उज्जैन का महाकाल का मंदिर भी था तुड़वा-कर तत्कालीन भारतीय कला, संस्कृति तथा धर्म को भारी क्षति पहुंचाई थी) जामा मसजिद प्रायः समांतर चतुर्भुज के आकार की है किंतु पूर्व की ओर अधिक चौड़ी है। भीतरी प्रांगण के पूर्वी कोण पर मुख्य मसजिद है जो तीन भागों में विभाजित है। बीच के प्रकोष्ठ पर गुंबद है। बाहर से देखने पर यह मसजिद साधारण सी दीखती है किंतु इसके चारों कोनों की बुर्जियों पर सुंदर नक्काशी और शिल्प प्रदर्शित है। बदायूं में सुलतान अलाउद्दीन खिलजी के परिवार के बनवाए हुए कई मकबरे हैं। अलाउद्दीन ने अपने जीवन के अंतिम वर्ष बदायूं में ही बिताए थे। अकबर के दरबार का इतिहास लेखक अब्दुलकादिर बदायूनी यहां अनेक वर्षों तक रहा था और इसीलिए बदायूंनी कहलाता था। 1571 ई० में बदायूं में भीषण अग्निकांड हुआ था जिसको बदायूंनी ने अपनी आंखों से देखा--। बदायूंनी का मकबरा बदायूं का प्रसिद्ध स्मारक है। इसके अतिरिक्त

इमादुल्मुल्क की दरगाह (पिसनहारी का गुंबद) भी यहां की प्राचीन इमारतों में उल्लेखनीय है।

बद्रीनाथ दे० बदरीनाथ

बधन=बाधन

गढ़वाल (उ० प्र०) का एक भाग जिसका शुद्ध नाम बोधायन कहा जाता है। यहां बौद्धकाल में बौद्ध धर्म का प्रसार था।

बनछटी दे० बुलंदशहर

बनजारावाला (जिला देहरादून, उ० प्र०)

11 वीं०–12 वीं शती ई० में व्यापारिक काफलों के ठहरने का स्थान था। गढ़वाल के राजा यहां के निवासी बनजारों से कर वसूल करते थे किंतु अपने मुखिया के मरने के पश्चात् बनजारे इस स्थान का छोड़कर शिमला की पहाड़ियों में चले गए थे।

बनारस=वाराणसी

महा० अनुशासन० के अनुसार काशी के राजा दिवोदास ने वाराणसी नगरी को बसाया था। जान पड़ता है यह नगरी, काशी की प्राचीन नगरी के स्थान पर या उसके सन्निकट ही बसाई गई होगी। (दिल्ली की विभिन्न बस्तियों के समान)। इससे यह भी सूचित होता है कि काशी का वाराणसी नाम जो इसके वरुणा और असी नदियों के बीच में होने के कारण पड़ा था, बाद का है। (दे० वाराणसी, काशी)

बनास

राजस्थान की एक नदी जिसका प्राचीन नाम पर्णाश या पर्णाशा है—'चर्मण्वती तथा चैव पर्णाशा च महानदी' महा०, सभा० 9,20। श्री न० ला० डे ने बनास का प्राचीन नाम विनाशिनी बताया है।

बन्नू (प० पाकि०)

प्राचीन नाम वर्णु या वार्णव। युवानच्वांग ने इसे फ्लन कहा है। उसके समय में इस क्षेत्र में बौद्ध धर्म का काफी प्रसार था।

बयाना (जिला भरतपुर, राजस्थान)

इस स्थान का प्राचीन नाम बाणपुर कहा जाता है। इसके अतिरिक्त बाराणसी, श्रीप्रस्थ या श्रीपुर नाम भी उपलब्ध हैं। किंवदंती में बाणपुर का संबंध बाणासुर तथा उसकी कन्या ऊषा से बताया जाता है। ऊषा मंदिर ऊषा का ही स्मारक कहा जाता है। 956 ई० के एक अभिलेख में जो ऊषा मंदिर से प्राप्त हुआ था यहां के राजा लक्ष्मणसेन का उल्लेख है। एक अन्य अभिलेख बाबर के समय का (934 हिजरी या 1527 ई०) है जिससे इस दुर्ग में बाबर

का बयाना पर अधिकार सूचित होता है। अवश्य ही बाबर के हाथ मे यह प्रदेश राणा संग्रामसिंह के कनवाहा के युद्ध (1527 ई०) में पराजित होने पर आया होगा। बाबर के सेनापति महमूद अली का महल भीतरवाडी में अब भग्नावस्था मे है। महमूद अली के प्रधान मंत्री अजब सिंह भांवरा थे जो जाति के ब्राह्मण बताए जाते हैं। इनके नाम से बयाना मे भावरा गली प्रसिद्ध है। इस गली में अजब सिंह के बनवाए हुए चौका महल, गिदोरिया कूप तथा अनासागर बावडी आज भी वर्तमान है। बयाना बहुत समय तक जाट रियासत भरतपुर की निजामत (ज़िला) था। हाल ही में 1194 वि० स०=1137 ई० का एक अभिलेख पाल नरेशों के समय का मागरौल नामक ग्राम से प्राप्त हुआ है जो इस प्रकार है—'संवत् 1194 अगहन स्वस्ति श्री ठाकुर साहू राम कील माहड ग्राम भांगसरु-वास हुंइसे श्री देवहूज श्री पाल लिखी मिति 3'। यहां के पाल नरेशों में विजय-पाल प्रसिद्ध हैं। इन्हीं के नाम से स्थापित विजय मंदिर गढ़ आज भी भग्नावस्था मे यहां स्थित है। विजयपाल के पुत्र तिहिनपाल थे जिनके तीन पुत्र पाल भाई नाम से प्रसिद्ध हुए। 1243 वि० स०=1186 ई० का एक अन्य हिंदी अभिलेख भी यहां मिला है।

बरकासा (म० प्र०)

पूर्व मध्यकालीन इमारतों के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

बरगी (ज़िला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर के दक्षिण में स्थित है। यहां की गढी की गणना गढमंडला की रानी वीरांगना दुर्गावती के श्वसुर संग्राम सिंह (या संग्राम शाह) के बावन गढ़ों मे की जाती थी।

बरन

बुलंदशहर (उ० प्र०) का प्राचीन नाम। लगभग 800 ई० में मेवाड से भाग कर आने वाले दोर राजपूतों की एक शाखा ने बरन पर अधिकार कर लिया था। उन्होने 1018 ई० मे आक्रमणकारी महमूद गजनवी का डटकर सामना किया। अपने पडोसी तोमर राजाओं से भी ये मोर्चा लेते रहे किंतु बडगूजरों से जो तोमरों के मित्र थे, उन्हें दबना पडा। 1193 ई० मे कुतुबुद्दीन एबक ने उनकी शक्ति को पूरी तरह से कुचल दिया। फतूहाते फीरोजशाही का प्रख्यात लेखक बरनी बरन का ही रहने वाला था जैसा कि उसके उपनाम से सूचित होता है। मुसलमानों के शासन काल मे बरन उत्तर भारत का महत्वपूर्ण नगर था। (टि० वरण नामक एक नगर का बुद्धचरित 21,25 मे उल्लेख है। संभवत: यह बरन का ही संस्कृत रूप है)। लोक प्रवाद है कि इस नगर की

स्थापना जनमेजय ने की थी (दे० ग्राउज़, 'बुलंदशहर'—कलकत्ता रिव्यू-1883) जैन अभिलेख में इसे उच्च नगर कहा गया है (एपिग्राफिका इंडिका—जिल्द, पृ० 375)। (दे० बुलंदशहर)

बरना=वरणा

बरनावा (ज़िला मेरठ, उ० प्र०)

हिंडोन और कृष्णी नदी के संगम पर—सरधना तहसील में, मेरठ से लगभग 15 मील (जनश्रुति के अनुसार) यह वही ग्राम है जहां पांडवों को भस्म कर देने के लिए दुर्योधन ने लाक्षागृह तैयार करवाया था। यह प्राचीन ग्राम वारणावत या वारणावर्त है जो उन पांच ग्रामों में था जिनकी मांग पांडवों ने दुर्योधन से महाभारत युद्ध के पूर्व की थी। (दे० वारणावत)

बरवानी (म० प्र०)

पूर्वमध्यकालीन ऐतिहासिक अवशेषों के लिए यह उल्लेखनीय है।

बरवाप्यारा (ज़िला जूनागढ़, सौराष्ट्र, गुजरात)

जूनागढ़ के निकट ही इस नाम की कई शैलकृत्त गुफाएं हैं जो जैन भिक्षुओं के निवास तथा पूजा आदि के लिए बनाई गई थीं। इन गुफाओं के अंदर स्वस्तिक कलश, नंदिपद, भद्रासन, मीनयुगल आदि जैनों के धार्मिक चिह्न अंकित हैं।

बरवासागर (ज़िला झांसी, उ० प्र०)

झांसी से 12 मील दक्षिण-पूर्व की ओर झांसी-मानिकपुर रेलपथ पर स्थित है। यहां एक प्राचीन सरोवर के तट पर तथा उसके आसपास चंदेल राजाओं के समय की अनेक सुन्दर इमारतें हैं। ओड़छा के राजा उदित सिंह का बनवाया एक दुर्ग भी सरोवर के निकट है। चंदेलनरेशों द्वारा निर्मित एक बहुत ही कलापूर्ण मन्दिर या जरायका मठ भी यहां का सुन्दर स्मारक है। मंदिर की बाह्य भित्तियों पर अनेक प्रकार की मूर्तिकारी तथा अलंकरण प्रदर्शित हैं। वास्तव में चंदेल राजपूतों के काल का यह मंदिर वास्तुकला की दृष्टि से बहुत ही उच्चकोटि का है। मंदिर के अतिरिक्त घुघुआ मठ तथा कई मंदिरों के अवशेष भी चंदेलकालीन वास्तुकला के परिचायक हैं।

बरसाना (ज़िला मथुरा, उ० प्र०)

कृष्ण की प्रेयसी राधा की जन्मस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। इस स्थान को जो एक बृहत् पहाड़ी की तलहटी में बसा है, प्राचीन समय में बृहत्सानु कहा जाता था (बृहत्+सानु=पर्वत शिखर) इसके अन्य नाम ब्रह्मसानु या वृषभानुपुर (वृषभानु, राधा के पिता का नाम है) भी कहे जाते हैं। बरसाना

प्राचीन समय मे बहुत समृद्ध नगर था। राधा का प्राचीन मदिर मध्यकालीन है जो लाल पत्थर का बना है। यह अब परित्यक्तावस्था मे है। इसकी मूर्ति अब पास ही स्थित विशाल एव परमभव्य सगमरमर के बने मदिर मे प्रतिष्ठापित की हुई है। ये दोनो मदिर ऊची पहाडी के शिखर पर हैं। थोडा आगे चल कर जयपुर-नरेश का बनवाया हुआ दूसरा विशाल मदिर पहाडी के दूसरे शिखर पर बना है। कहा जाता है कि औरगजेब जिसने मथुरा व निकटवर्ती स्थानो के मदिरो को क्रूरतापूर्वक नष्ट कर दिया था, बरसाने तक न पहुच सका था। बरसाने की पुण्यस्थली बडी हरी-भरी तथा रमणीक है। इसकी पहाडियो के पत्थर श्याम तथा गौरवर्ण के हैं जिन्हें यहा के निवासी कृष्ण तथा राधा के अमर प्रेम का प्रतीक मानते हैं। बरसाने से 4 मील पर नदगाव है जहां श्रीकृष्ण के पिता नद जी का घर था। बरसाना-नदगाव मार्ग पर सकेत नामक स्थान है जहां किवदती के अनुसार कृष्ण और राधा का प्रथम मिलन हुआ था। (सकेत का शब्दार्थ है पूर्वनिर्दिष्ट मिलने का स्थान)।

बरहना=भराना (जिला साभर, राजस्थान)

साभर के निकट यह ग्राम दादू पथ के प्रवर्तक प्रसिद्ध सत दादू के मृत्यु-स्थान के रूप मे प्रसिद्ध है। यहा दादू की समाधि तथा मदिर स्थित हैं। इन्होंने 1603 ई० मे शरीर त्याग किया था।

बराबर (जिला गया, बिहार)

प्राचीन नाम खलतिक पर्वत है। गया से पटना जाने वाले रेल पथपर बेला स्टेशन से आठ मील पूर्व यह पहाडी स्थित है। इस पहाडी मे लगभग सात प्राचीन गुफाए विस्तीर्ण प्रकोष्ठो के रूप मे निर्मित हैं। कही तो एक गुफा मे दो कोष्ठ हैं और कही एक ही दीर्घ प्रकोष्ठ। इन गुफाओ मे अशोककालीन वज्रलेप की प्रमार्जा (पालिश) दिखाई पडती है। इन गुफाओ के वर्तमान नाम सुदामा, लोमश ऋषि, रामाश्रम, विश्वझोपडी, गोपी, वेदाथिक आदि हैं। गुफाओ की सख्या सात होने से पहाडी को सतघरवा भी कहते हैं। इनमें से तीन मे अशोक के अभिलेख अकित हैं। इनसे विदित होता है कि मूलत. इनका निर्माण अशोक के समय मे आजीवक (जैन) सप्रदाय के भिक्षुओ के निवास के लिए करवाया गया था। यह सप्रदाय बुद्ध के समकालीन आचार्य मावली गोसाल ने चलाया था। अशोक के अभिलेखो से जो उसके शासनकाल के 12वें 21वें वर्ष के हैं उसकी सब धार्मिक सप्रदायो के साथ निष्पक्ष-नीति का प्रमाण मिलता है। अशोक के अतिरिक्त उसके पौत्र दशरथ (जो जैन था) के अभिलेख भी इन गुफाओ मे अकित हैं। इन गुफाओ को नागार्जुनी गुफाए

भी कहा जाता है। इनमें परवर्तीकाल के कई अन्य अभिलेख भी हैं जिनमे मौखरीवशीय नरेश अनतवर्मन् का एक तिथिहीन अभिलेख उल्लेखनीय है। इसमें अनतवर्मन् के पिता शार्दूलवर्मन् का भी नामोल्लेख है। इसका विषय अनतवर्मन् द्वारा गुहा-मन्दिर मे कृष्ण की एक मूर्ति की प्रतिष्ठा करवाना है।

बरार दे० विदर्भ

बरेली (उ० प्र०)

पुरानी जनश्रुति के अनुसार बरेली को बरेल राजपूतों ने बसाया था। *प्राचीन काल मे बरेली का क्षेत्र पचाल जनपद का एक भाग था। महाभारतकाल* में पचाल की राजधानी अहिच्छत्र थी जो जिला बरेली की तहसील आंवला के निकट स्थित थी। बरेली तथा वर्तमान रुहेलखड का अधिकाश प्रदेश 18वीं शती में रुहेलों के अधीन था। 1772 ई० मे रुहेलों तथा अवध के नवाब के बीच जो युद्ध हुआ उसमें रुहेलों की पराजय हुई और उनकी सत्ता भी नष्ट हो गई। इस युद्ध से पहले रुहेलो का शासक हाफिज रहमत खा था जो बड़ा न्यायप्रिय और दयालु था। रहमत खा का मकबरा बरेली में आज भी रुहेलो के अतीत गौरव का स्मारक है। बरेली को बासबरेली भी कहते हैं क्योंकि पहाड़ों की तराई के निकटवर्ती प्रदेश मे इसकी स्थिति होने के कारण यहां लकडी, बास आदि का कारोबार काफी पुराना है। 'उल्टे बास बरेली' की कहावत भी, इस स्थान मे, बासो का प्रचुर व्यापार होने के कारण बनी है। (दे० बासबरेली)

बर्दवान=वर्धमान

बर्बर

(1) 'वारुणीं दिशामागम्य यवनान् बर्बरास्तथा, नृपान् पश्चिमभूमिस्थान् दापयामास वै करान्'—महा० वन० 254, 18 *अर्थात् कर्ण ने तब पश्चिम* दिशा मे जाकर यवन तथा बर्बर राजाओं को जो पश्चिम देश के निवासी थे, परास्त करके उनसे कर ग्रहण किया। प्राचीन काल मे अफ्रीका के बार्बरी (Barbary) प्रदेश के रहने वाले 'बारबेरियन' कहलाते थे तथा इनकी आदिम रहन-सहन की अवस्था के कारण इन्हें यूरोपीय (ग्रीक) असभ्य समझते थे जिससे बार्बेरियन शब्द ही 'असभ्य' का पर्याय हो गया। महाभारत के उपर्युक्त उद्धरण में बार्बरी या वहा के निवासियों का निर्देश है अथवा भारत के पश्चिमोत्तर भूभाग या वहा बसे हुए सिथियन अथवा अनार्य जातीय लोगों का। महाभारत-युद्ध की कथा मे जिस धनुर्विद् बर्बरीक का वृत्तात है वह सभवत बर्बरदेशीय था।

(2) काठियावाड या सौराष्ट्र (गुजरात) में सोरठ और गुहिलवाड के मध्य मे स्थित प्रदेश जिसे अब बाबरियावाड कहते हैं। सभवत: विदेशी अनार्य जातीय

बर्बरों के इस प्रदेश मे बस जाने से ही इसे बर्बर कहा जाने लगा था। इसी इलाके मे बर्बर शेर या केसरी सिंह पाया जाता है।

बर्बरीक

कराची (पाकिस्तान) के निकट प्राचीन बंदरगाह। यहां गुप्त तथा गुप्तपूर्व काल मे पश्चिम के देशो के साथ सक्रिय व्यापार होता था। स्थान के नाम का संभवत: बर्बर लोग से संबंध है।

बर्हिणद्वीप

पुराणों में वर्णित एक द्वीप जिसका अभिज्ञान श्री ओ० सी० गांगुली ने विशाल द्वीप बोनियो के साथ किया है (दे० जर्नल ऑव दि गुजरात रिसर्च सोसाइटी, बंबई 3,1)

बर्सईखेड़ा (उ० प्र०)

लखनऊ–काठगोदाम रेलपथ पर शाही स्टेशन से तीन मील उत्तर-पूर्व और जहानाबाद से एक मील पश्चिम की ओर इस नाम का ढूह है जो किसी प्राचीन स्थान का खंडहर जान पड़ता है। इसका उत्खनन और अनुसधान अपेक्षित है।

बलगामी (मैसूर)

चालुक्य शैली मे निर्मित केदारेश्वर का मदिर इस स्थान का प्राचीन स्मारक है। यह चालुक्य वास्तुकला के प्राचीनतम मदिरो मे से है।

बलनी दे० बीड

बलभी=बल्लभीपुर

बलाहक

विष्णुपुराण 2,4,26 मे उल्लिखित शाल्मल द्वीप का एक पर्वत—'कुमुद-श्चोन्नतश्चैव तृतीयश्चबलाहक:, द्रोणो यत्र महौषध्य: स चतुर्थो महीधर:'।

बलिया (उ० प्र०)

एक स्थानीय किंवदती के अनुसार यह स्थान वाल्मीकि ऋषि के नाम पर बलिया कहलाता है। इनकी स्मृति मे एक मदिर यहा था जो अब विद्यमान नहीं है। नगर के उत्तर मे धर्मारण्य नामक एक ताल है जिसके निकट अति प्राचीन काल मे बौद्धो का एक संघाराम स्थित था। इसका वर्णन फाह्यान ने विशालशांति नाम से किया है। युवानच्वांग ने भी इस संघाराम का वर्णन करते हुए यहां अविद्धकर्ण साधुओ का निवास बताया है। धर्मारण्य पोखरे के निकट भृगु का आश्रम बताया जाता है। इसकी स्थापना बौद्धधर्म की अवनति के पश्चात् प्राचीन संघाराम के स्थान पर की गई होगी।

बलिहारी

बिलारी (मद्रास) का प्राचीन नाम कहा जाता है।

बल्ख

बल्ख नामक नगर अफगानिस्तान में स्थित है। यहां तोपे-रुस्तम नामक खंडहरों से इस स्थान पर एक अति प्राचीन और विशाल नगर के अस्तित्व का आभास मिलता है। अवशेषों से विदित होता है कि यह नगर विभिन्न देवों के उपासकों तथा अग्निपूजकों द्वारा बसाया गया होगा। यहां ऐतिहासिक गुफाएं तथा उनमें के भीतर अंकित भित्तिचित्रों से भी बल्ख की प्राचीन सम्यता का दिग्दर्शन होता है। वास्तव में मुसलमानों के पूर्व बल्ख में हिंदू-बौद्धसम्यता का पूरा-पूरा प्रभाव था। (दे० वाह्लिक)

बल्लभगढ (जिला गुड़गाव, हरयाणा)

दिल्ली-मथुरा रेलपथ पर स्थित है। 18वीं शती में यह स्थान जाटों की राजनैतिक शक्ति का केंद्र था। कहा जाता है कि 1705 ई० के लगभग गोपालसिंह जाट ने बल्लभगढ के निकट सीही ग्राम में बस कर अपनी शक्ति का संचय किया था। उसके प्रभाव के कारण ही फरीदाबाद के मुगल अधिकारी मुर्तजा खां ने उसे फरीदाबाद परगना का चौधरी नियुक्त किया था। बल्लभगढ का नामकरण उसके पौत्र बलराम के नाम पर हुआ था। बल्लभगढ में जाटों ने एक दुर्ग का निर्माण किया था। भरतपुर नरेश सूरजमल ने बल्लभगढ के जाटों की मुगल सेनाओं के विरुद्ध सहायता की थी। 1757 ई० में अहमदशाह अब्दाली ने बल्लभगढ का घेरा डालकर भरतपुर-नरेश जवाहरसिंह को गढ़ छोड़ कर भाग जाने पर विवश कर दिया। बल्लभगढ से एक मील दूर सीही ग्राम है जिसे महाकवि सूरदास का जन्म-स्थान माना जाता है।

बल्लमगढ़=बल्लभगढ़

बल्लालपुरी

बंगाल के बल्लालसेन और आदिशूर की राजधानी। यह वर्तमान रामपाल या बल्लाल बाड़ी (जिला ढाका, पाकि०) है। कनिंघम के अनुसार गौड पर मुसलमानों का कब्जा हो जाने पर सेन नरेश बल्लालपुरी में आकर रहने लगे थे। (आर्कियोलाजिकल सर्वे रिपोर्ट—जिल्द 3, पृ० 163) बल्लालसेन के किले के अवशेष यहां अभी मौजूद हैं।

बसाढ़ दे० वैशाली

बसौली (हिमाचल प्रदेश)

बसौली भारतीय चित्रकला की एक विशेष शैली के लिए प्रसिद्ध है। बसौली-नरेश राजा कृपाल (1678-1693 ई०) ने चित्रकला के एक नए 'स्कूल' को जन्म दिया था। इसकी विशेषता है अभिव्यक्ति की कर्कशता तथा कठोरता।

विलियम आर्चर (भारतीय विभाग, विक्टोरिया-एलबर्ट संग्रहालय, लंदन) के अनुसार बसौली की चित्रकला के मानवचित्रों में नेत्रों का अभिव्यंजन गहरी रेखाओं और प्रकृति का चित्रण आयताकार अथवा वर्तुल रेखाओं द्वारा किया गया है। इस शैली में प्रेम के विषयों का आलेखन काव्यमय न होकर गर्व-शक्ति-पूर्ण है। (दे० गुलेर)

बहमनाबाद (सिंध, पाकि०)

सिंध नदी के मुहाने के निकट यह अति प्राचीन नगर है। विंसेंट स्मिथ के अनुसार इस नगर का नाम ईरान के शाह बहमन अथवा अहसुर (465-425 ई० पू०) के नाम पर हुआ था। यह गुश्तासिब का पौत्र था (दे० अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया, पृ० 107)। किंतु यह स्थान इससे कहीं अधिक प्राचीन जान पड़ता है क्योंकि यहाँ प्रागैतिहासिक अवशेष भी मिले हैं। संभवतः महाभारत सभा० 51,5 ('गोवासना ब्राह्मणाश्च दासनीयाश्च सर्वश:, प्रीत्यर्थं ते महाराज धर्मराज्ञो महात्मन:') में ब्राह्मण नाम से जिन लोगों का उल्लेख युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में दक्षिणा लेकर आनेवाले जानपदिकों के साथ वर्णन है वे इसी स्थान या ब्राह्मण जनपद से संबंधित होंगे। अलक्षेंद्र (सिकंदर) के आक्रमण के वृत्तांत में ग्रीक लेखकों ने जिस पटल नामक नगर का उल्लेख किया है वह भी बहमनाबाद के निकट ही स्थित होगा। एरियन ने इसे ब्रेह्‌मनोई (Brachmanoi) लिखा है और प्लूटार्क ने भी इसका उल्लेख किया है। पाणिनि ने ब्राह्मण जनपद का 5,2,71 में निर्देश किया है और राजशेखर ने काव्यमीमांसा में इसे ब्राह्मणावह लिखा है। अलक्षेंद्र के इतिहास-लेखकों के अनुसार इसी स्थान से यवन आक्रांता ने अपनी सेना के एक भाग को समुद्र द्वारा अपने देश को वापस भेजना निश्चित किया था। 1957 में पाकिस्तान शासन की ओर से इस स्थान पर खुदाई करवाई गई थी जिससे बहमनाबाद की अति प्राचीन बस्ती के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

बहराइच (उ० प्र०)

स्थानीय जनश्रुति में बहराइच शब्द को ब्रह्माइच का अपभ्रंश माना जाता है। ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार इस स्थान पर जहां आजकल सैईद सालार मसूद की दरगाह है, प्राचीन काल में सूर्य-मंदिर था। कहा जाता है कि इस मंदिर को रुदौली की अंधी कुमारी जोहरा बीबी ने बनवाया था। दरगाह के अहाते को बनवाने वाला दिल्ली का तुगलक सुलतान फीरोजशाह बताया जाता है।

बहादुरगढ़ (महाराष्ट्र)

भीमा नदी के तट पर बसे हुए बहादुरगढ़ का निर्माण बहादुर खां ने

करवाया था जो औरंगजेब का सेनापति था। सल्हेरी के युद्ध के पश्चात् जिसमें मुगल सेनाओं को शिवाजी ने बुरी तरह हराया था, औरंगजेब ने शाहजादा मुअज्जम और महावतखां के स्थान में बहादुर खां को शिवाजी के विरुद्ध भेजा। बहादुर खां को मराठों से लड़ने का साहस ही न होता था अतः उसने भीमा के तट पर पेड गांव में अपनी छावनी बनाकर बहादुरगढ़ के क़िले का निर्माण करवाया था।

बहादुरनगर (ज़िला रायबरेली, उ० प्र०)

यह स्थान एक मध्यकालीन मंदिर के लिए विख्यात है जो उस जमाने की छोटी ईंटों का बना है।

बहादुराबाद (ज़िला सहारनपुर, उ० प्र०)

हरद्वार से 8 मील पश्चिम में स्थित है। यहां 1953 में, उत्खनन द्वारा हरप्पा-सभ्यता के अवशेष प्रकाश में लाए गए हैं। उत्खनन भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा संचालित किया गया था। इन अवशेषों से इस महत्वपूर्ण सभ्यता के विस्तार का बोध होता है। इस सभ्यता के अवशेष अब तक रुपोराजपुर (ज़िला कानपुर) तक मिल चुके हैं।

बहिर्गिरि

महाभारत, सभा० 27,3 के अनुसार दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में अर्जुन ने अंतर्गिरि, बहिर्गिरि और उपगिरि नामक हिमालय के पार्वतीय प्रदेशों को विजित किया था—'अंतर्गिरि च कौंतेयस्तथैव च बहिर्गिरिम् तथैवोपगिरिं चैव विजिग्ये पुरुषर्षभः'—बहिर्गिरि हिमालय का बाहरी भाग (Outer Himalayas) अथवा निचला तराई-क्षेत्र है। (दे० उपगिरि, अन्तर्गिरि)

बहुधान्यक

महाभारत, सभा० 32,4 में वर्णित स्थान जिसका उल्लेख रोहीतक (वर्तमान रोहतक, पंजाब) के साथ है। श्री वा० श० अग्रवाल के अनुसार प्राचीन काल में बहुधान्यक पर यौधेयगण का राज्य था। इनके सिक्के रोहतक के निकट खोकराकोट नामक स्थान पर मिले हैं। कुछ विद्वानों के मत में यह वर्तमान लुधियाना है। संभव है लुधियाना बहुधान्यक का अपभ्रंश हो।

बहुरीबंद (म० प्र०)

जबलपुर से 42 मील उत्तर में एक ग्राम है जिसे कनिंघम ने टॉलमी द्वारा उल्लिखित 'थोलावन' माना है। यहां जैन तीर्थंकर शांतिनाथ की 13 फुट ऊंची, श्यामपाषाण की मूर्ति अवस्थित है जिसे स्थानीय लोग खनुवादेव नाम से जानते हैं। मूर्ति के निम्न भाग में एक अभिलेख उत्कीर्ण है जिससे सूचित होता है कि

यह मूर्ति महासामंताधिपति गोल्हणदेव राठौड के समय में बनी थी और यह शासक कलचुरिराज राय कर्णदेव का सामंत था। लिपि से मूर्ति का समय 12वीं शती जान पड़ता है।

बांगरमऊ (उ० प्र०)

कानपुर-बालामऊ रेलपथ पर स्थित है। यहां प्राचीन काल का एक अद्भुत तान्त्रिक मंदिर है जो कुंडलिनी योग के आधार पर बना हुआ है।

बांदा

प्राचीन नाम मुरैंदो कहा जाता है। भूरागढ का किला राजा गुमान सिंह ने 1746 ई० में बनवाया था। यहां का प्राचीनतम मंदिर भूमीश्वरी देवी का है। बांदा में अनेक हिंदू और जैन मंदिर हैं।

बांधवगढ़

रीवां (म० प्र०) रियासत का पुराना नाम है। वास्तव में बांधवगढ रीवां से दक्षिण की ओर कुछ दूर पर स्थित है। यह स्थान अतिप्राचीन है जैसा कि दूसरी-तीसरी शती ई० के 23 अभिलेखों से ज्ञात होता है जो पुरातत्व विभाग को 1938 में यहां प्राप्त हुए थे। इनकी भाषा प्राकृत और संस्कृत का मिश्रण है। लिपि ब्राह्मी है। अभिलेखों में महाराज वैशिष्टीपुत्त भीमसेन तथा उनके पुत्र और पौत्र का उल्लेख है। इनका विषय मथुरा तथा कौशांबी के वणिक्-गणों द्वारा दिए गए दान का वृत्तांत है। एक अभिलेख में व्यायामशाला बनवाए जाने का भी उल्लेख है जिससे सूचित होता है कि इतने प्राचीन काल में भी जनता के स्वास्थ्य की ओर संघटित रूप से पर्याप्त ध्यान दिया जाता था। बांधवगढ़ रीवां की प्राचीन राजधानी होने के कारण काफ़ी प्रख्यात नगर था और रीवां नरेश अपनी राजसी उपाधियों में अपने को बांधवेश कहलाना उचित समझते थे।

बांसखेड़ा (बिहार)

महाराज हर्षवर्धन (606-647 ई०) का एक ताम्र दानपट्ट-लेख इस स्थान से प्राप्त हुआ था। इसका समय 628 629 ई० है। इसमें महाराजाधिराज हर्ष की वंशावली दी हुई है। बांसखेड़ा अभिलेख की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें स्वयं हर्ष के हस्ताक्षर हैं। यह हस्ताक्षर संभवतः मूल हस्ताक्षर की अनुलिपि है जिसे ताम्रपट्ट पर उतार लिया गया है। अभिलेख के अंत में यह हस्तलेख सुंदर अक्षरों में इस प्रकार है—'स्वहस्तो मम महाराजाधिराज श्री हर्षस्य' (दे० एपिग्राफिका इंडिका, 4, पृ० 208) यह अभिलेख वर्धमानकोटि नामक स्थान से प्रचलित किया गया था।

बास बरेली

बरेली (उ० प्र०) का एक विशेषार्थक नाम जो यहां के तराई के जंगलों में बांस वृक्षों के बहुतायत से होने के कारण हुआ है। यह संभव है कि इस नगर को उ० प्र० के एक अन्य नगर राय बरेली (संक्षिप्त रूप बरेली) से भिन्न करने के लिए ही बांस बरेली कहा जाता है (दे० बरेली)।

बागपत (जिला मेरठ, उ० प्र०)

इस नगर का प्राचीन नाम व्याघ्रप्रस्थ या वृषप्रस्थ कहा जाता है। स्थानीय जनश्रुति में यह ग्राम उन पांच ग्रामों में से था जिनकी मांग, महाभारत युद्ध से पहले समझौता करने के लिए, पांडवों ने दुर्योधन से की थी। अन्य चार ग्राम सोनपत, तिलपत, इंद्रपत और पानीपत कहे जाते हैं। किंतु महाभारत में ये पांच ग्राम दूसरे ही हैं—ये हैं—अविस्थल, वृकस्थल, माकंदी, वारणावत, और पांचवां नाम रहित कोई भी *अन्य ग्राम* (दे० *अविस्थल*)। संभव है वृकस्थल बागपत का महाभारत-कालीन नाम हो। वैसे वृकस्थल (वृक—भेड़िया या बाघ) बागपत या व्याघ्रप्रस्थ का पर्याय हो सकता है।

बागमड़ी (जिला करीमगंज, असम)

करीमगंज से 10 मील पर स्थित है। एक सहस्र वर्ष पुराना शिव मंदिर यहां के जंगलों में पाया गया है। इसकी खोज 1954 में वनों को साफ करने वाले ग्रामीणों ने की। मंदिर के अंदर कुछ मूर्तियां भी मिली हैं। इसकी दीवारों पर जो नक्काशी का काम है उससे सूचित होता है कि यह शिवमंदिर त्रिपुरा-नरेश द्वारा बनवाया गया था। कुछ वर्षों पूर्व इसी स्थान के निकट अलाउद्दीन खिलजी के समय (14वीं शती का प्रारंभ) की एक मसजिद भी मिली थी जिससे ज्ञात होता है कि मध्यकाल में यह स्थान इस प्रदेश में काफी महत्वपूर्ण था।

बागमती

नेपाल तथा उत्तरी बिहार में प्रवाहित होने वाली नदी। *स्वयंभू पुराण* (अध्याय 5) और वाराहपुराण (अध्याय 215) में वागमती या बाहुमती के सात नदियों के साथ संगम को बड़ा तीर्थ माना गया है। नेपाल के प्रधान संरक्षक सिद्धसंत मत्स्येंद्रनाथ का मंदिर बागमती के तट पर है। मिथिला में इस नदी के तट पर बिसपी नामक ग्राम बसा है जो मैथिल कोकिल विद्यापति का जन्म-स्थान माना जाता है।

बागरा

मध्यकाल में, विशेषतः सेन नरेशों के समय में बंगाल का एक प्रांत।

बागापयरी (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

मिर्जापुर से रीवा जाने वाली सडक पर मिर्जापुर से 45 मील दूर एक पहाडी है जिसमे प्रागैतिहासिक गुफाए स्थित हैं (दे० लहोरियादह)।

बागेश्वर (जिला अल्मोडा, उ० प्र०)

गोमती-सरयू सगम पर समुद्रतल से 3000 फुट की ऊंचाई पर स्थित मध्य-कालीन स्थान है। बागनाथ महादेव का मदिर यहां का मुख्य स्मारक है जिसमे शिव-पार्वती की मध्यकालीन कलापूर्ण मूर्तियां हैं। मकर-सक्रांति को यहां मेला लगता है। सरयू के उस पार बेणीमाधव तथा हिरपतेश्वर के प्राचीन मदिर हैं। इस स्थान का नाम बागीश्वर या व्याघ्रेश्वर मदिर के कारण है। बागेश्वर के कस्बे को अल्मोडे के राजा लक्ष्मीचद्र ने 1450 ई० मे बसाया था।

बाघ (म० प्र०)

इदौर से लगभग 100 मील दक्षिण-पश्चिम की ओर, नर्मदा की घाटी मे, घोर जगलो के बीच, पहाडी में काटकर बनाई हुई बाघ नामक नौ गुफाए हैं जो अपनी भित्ति-चित्रकारी के लिए अजता के समान ही विख्यात हैं। गुफाओं के सामने बागनी नामक बरसाती नदी बहती है। बाघ का कस्बा यहां से 5 मील दूर है। संसार की हलचल से दूर ये गुफाए बौद्ध श्रमणो द्वारा विहारों तथा चैत्यो के रूप में—अजता की भांति—बनाई गई थीं। इनकी भित्तियों पर बौद्ध कलाकारो ने स्वांत सुखाय, बुद्ध तथा बोधिसत्वो की जीवनियो से सबधित अनेक उदात्त कथाओ का मनोरम चित्रण किया है। यह चित्रकारी अधिकाश मे गुप्तकालीन है। इस प्रदेश से बौद्धधर्म के 10वीं शती मे नष्ट हो जाने पर इन गुफाओं का महत्व भी विस्मृत हो गया और कालातर मे स्थानीय लोगो ने इनका सबध पच पांडवो से जोड दिया। इन नौ गुफाओ मे से जो कला की दृष्टि से गुप्तकालीन प्रमाणित होती हैं केवल स० 2 से 5 तक की गुफाएं ही खोदकर निकाली जा सकी हैं। शेष अभी तक मिट्टी मे दबे हुए खडहरो का ढेर मात्र जान पडती हैं। स० 2 की गुफा मे एक मध्यवर्ती मडप है जिसके तीन ओर बीस कोष्ठ हैं जो भिक्षुओ के रहने के लिए बने थे। मडप के आगे स्तभो पर टिका हुआ बरामदा है। पीछे की ओर बीच मे एक बडा प्रकोष्ठ है जिसमें एक छोटा स्तूप या चैत्य है। कोष्ठ काफी अधेरे हैं और निवास के लिए अधिक सुखकर नहीं जान पडते किंतु ये बौद्ध साधुओ के जीवन के प्रति दृष्टिकोण के अनुरूप ही बने हैं। अन्य गुफाओ की रचना भी प्रायः इसी प्रकार की है। बाघ की गुफाओ मे मूर्तिकारी के अधिक सुदर उदाहरण नहीं हैं किंतु ये अजता की भांति ही अपनी भित्ति-चित्रकारी के लिए विख्यात हैं किंतु इस चित्रकारी

का अधिकांश भाग कालप्रवाह में नष्ट हो चुका है और दीवारों पर केवल कुछ रंगीन धब्बों के रूप में ही विद्यमान है। फिर भी बचे-खुचे चित्रों से, खंडित रूप में ही सही, हमें प्राचीन चित्रकारी के भव्य सौंदर्य का आभास तो मिल ही जाता है। ये चित्र मूलतः गुफाओं की भित्तियों, छतों और स्तंभों पर अंकित थे। सं० 4 की गुफा, रंगमहल का भीतरी भाग धुंवे से काला हो गया है। कहा जाता है यहां ठहरने वाले मूर्ख साधुओं ने इस गुफा का रसोई के रूप में प्रयोग किया था जिससे इसके सुंदर चित्र धुवाँ लगने से काले पड़ गए हैं। फिर भी बरामदे की चित्रकारी अपेक्षाकृत अच्छी दशा में है। यहां लगभग 45 फुट लंबे और 6 फुट ऊंचे स्थान पर प्राचीन भारतीय जन-जीवन की झांकियां अतीव सुंदर रंगीन चित्रों द्वारा प्रस्तुत की गई हैं। पहला चित्र एक महिला का है जो शोकनिमग्ना जान पड़ती है। इसके पास ही संगीत और नृत्य तथा साथ ही धार्मिक प्रवचन के दृश्य हैं। तीसरे चित्र में छः पुरुष जो शायद बौद्ध अर्हत हैं, बादलों पर तैरते हुए दिखाए गए हैं। उनके नीचे भूमि पर कुछ स्त्रियां संगीत में तल्लीन चित्रित हैं जिनमें से एक बांसुरी बजा रही है। ये अर्हत शायद संसार के प्रपंच से ऊपर उठकर और आनंदावस्था को प्राप्त कर सांसारिक जीवों के रागरंगमय और विलासपूर्ण जीवन को करुणापूर्ण दृष्टि से देखने के भाव में अंकित किए गए हैं। चौथा दृश्य भी संगीत में व्यस्त स्त्री-पुरुषों का है जिसमें अनियंत्रित आमोद-प्रमोद तथा संयत आनंद का विभेद स्पष्ट किया गया है। अंतिम दो दृश्यों में जिनमें लगभग बीस फुट स्थान घिरा हुआ है, दो शोभा-यात्राओं का अंकन किया गया है। इनमें घोड़ों के अभिजात स्वभाव का चित्रण आश्चर्यजनक रीति से वास्तविक तथा कलापूर्ण है और भारतीय चित्रकारी में अपूर्व जान पड़ता है। इन सब कलामय दृश्यों में परस्पर कथात्मक तारतम्य है या नहीं यह कहना संभव नहीं जान पड़ता।

वाघोरा

यह छोटी सी नदी अजंता की हरी-भरी पहाड़ियों की उपत्यका में बहती है। अजंता के भव्य गुहामंदिरों के उच्चपदतल का पाद-प्रक्षालन करती हुई और मनोरम कलकलध्वनि से बहने वाली यह सरिता अजंता के एकांत प्राकृतिक सौंदर्य को द्विगुणित कर देती है।

बाजनामठ (जिला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर से 6 मील दूर संग्रामसागर झील के किनारे स्थित भैरव मंदिर को बाजनामठ भी कहा जाता है। इसका निर्माण गौंड नरेश संग्राम सिंह ने करवाया था। ये भैरव के उपासक थे। बाजनामठ में स्थित भैरव का मंदिर गौंड वास्तुकला

का प्रारम्भिक उदाहरण है। इसका गोलगुंबद भी विशिष्ट गौड़शैली में बना है। नवरात्र के अवसर पर यहां दूर-दूर के तान्त्रिक लोग इकट्ठे होते हैं। सग्राम सागर के बीच में आमखास नामक महल एक द्वीप पर बना है। स्थानीय लोगों का विश्वास है कि यह महल तालाब के अंदर तीन तलों तक गया हुआ है।

बाजितपुर (बिहार)

बेगूसराय के निकट छोटा सा ग्राम है। कहा जाता है कि मैथिल कोकिल विद्यापति की मृत्यु इसी स्थान पर हुई थी। इनका जन्म स्थान बिसपी है।

बाजोलियाँ (मेवाड़, राजस्थान)

प्राचीन जैन मंदिर के लिए उल्लेखनीय है। इस मंदिर के निकट एक चट्टान पर 1216 वि० सं०=1170 ई० में श्रेष्ठी लोलाक ने उन्नतिशिखर पुराण नामक दिगंबर जैन ग्रंथ उत्कीर्ण करवाया था। एक दूसरी चट्टान पर उपर्युक्त जैन मंदिर के विषय में एक विशाल एवं विस्तृत लेख भी अंकित है जिसमें सांभर (शाकंभर) और अजमेर के चौहानों की पूरी वंशावली दी हुई है।

बाड़ी (जिला भूपाल, म० प्र०)

गढ़मंडला के नरेश संग्रामसिंह के प्रसिद्ध बावनगढ़ों में से एक। संग्रामसिंह वीरांगना महारानी दुर्गावती के श्वसुर थे। इनकी मृत्यु 1541 ई० में हुई थी।

बाडोली (राजस्थान)

मध्यकालीन हिंदू मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। इस मंदिर का शिल्प-सौंदर्य उच्च कोटि का माना जाता है।

बाणपुर

(1) दे० बयाना

(2) दे० महाबलीपुरम्

बाणावर (मैसूर)

बंगलौर-पूना रेलमार्ग पर स्थित है। यहां का होयसलकालीन होयसलेश्वर-मंदिर स्थापत्य की दृष्टि से हालेबिड-शैली में बना हुआ है।

बादामी दे० वातापि

बाधन=**बधन**

बांधवां (काठियावाड़, गुजरात)

गुजरात का प्राचीन नगर है। इसे पहले वर्धमानपुर कहते थे। यह अन्हलवाडा से जूनागढ़ जाने वाले मार्ग पर स्थित है। मध्यकाल में यहां जैनधर्म तथा विद्या का केंद्र था। यहां के जैन विद्वानों में ऐतिहासिक ग्रंथ 'प्रबंध चिंतामणि' के रचयिता मेरुतुंग आचार्य प्रसिद्ध हैं। इस ग्रंथ का रचनाकाल 1305-1306 ई० है। इसमें गुजरात के प्राचीन इतिहास का वर्णन है। इस ग्रंथ का अनुवाद

प्रो० सी० एच० टॉनी ने किया है। वर्धमानपुर का नाम तीर्थंकर वर्धमान महावीर के नाम पर प्रसिद्ध हुआ था।

बानकोट (महाराष्ट्र)

पश्चिमी-समुद्रतट पर, बंबई के निकट स्थित है। इसी स्थान को ईस्ट इंडिया कंपनी ने फोर्ट विक्टोरिया का नाम दिया था क्योंकि कंपनी ने अपनी व्यापारिक कोठियों की रक्षा के लिए यहां इस नाम का किला बनवाया था। प्रथम पेशवा से संधि करने के पश्चात् अंग्रेजों को भारत के पश्चिमी तट पर सबसे पहले यही स्थान प्राप्त हुआ था।

बानपुर

(1) (ज़िला टीकमगढ़, म० प्र०) टीकमगढ से 4 मील पर स्थित है। यहां जमडार और जामनेर नदियों का संगम स्थल है। कहा जाता है कि पुराणों में प्रसिद्ध वाणासुर की राजधानी इसी स्थान पर थी। मध्यकालीन बुंदेलखंड की वास्तुकला के उदाहरण कई सुंदर मंदिरों के अवशेषों के रूप में यहां हैं। वाणासुर की कन्या ऊषा का विवाह कृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध से हुआ था जिसकी कथा श्रीमद्भागवत 10,62 में है।

(2) महाबली पुरम्

बाबाप्यारा (ज़िला जूनागढ़, सौराष्ट्र)

गिरनार पर्वत पर पहुंचने के लिए जो मार्ग बागेश्वरी द्वार से जाता है उस पर इस द्वार के पास ही बाबाप्यारा नाम की अशोककालीन गुफाएं स्थित हैं। रुद्रदामन् तथा अशोक के प्रसिद्ध अभिलेखों वाली चट्टान पास ही स्थित है।

बामनी (ज़िला परभणी, महाराष्ट्र)

यहां सरस्वती तथा पूर्णा नदी के संगम पर बसे हुए स्थान पर एक सादा किंतु सुंदर प्राचीन मंदिर है।

बामियान (अफगानिस्तान)

यह स्थान काबुल के निकट है। यहां के उल्लेखनीय स्मारक बौद्धकालीन अवशेष हैं। इनमें गंधार शैली में निर्मित बुद्ध की विशालकाय मूर्तियां प्रख्यात हैं। यह स्थान मध्ययुग से पूर्व बौद्ध विद्वानों तथा मंदिरों के लिए प्रसिद्ध था। पाणिनि की अष्टाध्यायी में इस स्थान का नाम वर्मती है। युवानच्वांग ने भी बामियान के विहारों आदि का वर्णन किया है।

बार-पार (महाराष्ट्र)

जावली के निकट एक ग्राम। इस स्थान पर बीजापुर के सरदार अफ़जल खां ने जो शिवाजी के विरुद्ध अभियान पर आया था, अपना पड़ाव डाला था।

कविवर भूषण ने जो शिवाजी के समकालीन थे, इस स्थान का उल्लेख इस प्रकार किया है—'जावलि बार सिंगारपुरी औ जवारि को राम के नेरि को गाजी' शिवराज भूषण, पृ० 207।

बारा

पेशावर जिले की नदी जो महाभारत भीष्म० की वरा हो सकती है।

बाराणसी

(1)=वाराणसी

(2) दे० बयाना

बाराबंकी (उ० प्र०)

सिद्धौर तथा कुलेश्वर के प्राचीन मंदिरों के लिए बाराबंकी (जिला) उल्लेखनीय है। इस स्थान का प्राचीन नाम जसनौल कहा जाता है। इसे 10वीं शती में जस नामक भर राजपूत सरदार ने बसाया था।

बारामूला (कश्मीर)

प्राचीन नाम वाराह (या वराह) मूल है। जान पड़ता है कि यहां प्राचीन काल में वराहोपासना का केंद्र था।

बारीसाल (बंगाल)

इस स्थान का प्राचीन नाम वारिषेण बताया जाता है। (दे० वारिषेण)

बार्हद्रथपुर

महाभारतकाल में गिरिव्रज (=राजगृह, बिहार) का एक नाम था—'विवेश राजा द्युतिमान् बार्हद्रथपुरं नृप, अभिपित्वा महाबाहुर्जरासंधमहात्मभिः' सभा 24, 44। जरासंध की राजधानी होने के कारण गिरिव्रज को बार्हद्रथपुर अर्थात् बृहद्रथ के पुत्र—जरासंध का नगर कहा जाता था। [दे० गिरिव्रज (2), राजगृह]

बालकोटि दे० कालकोटि

बालखिल्य (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

केदारनाथ के मार्ग में तुंगनाथ पर्वत के नीचे बालखिल्य नाम की छोटी सी नदी बहती है। इसकी पहाड़ी की ऊंचाई समुद्रतल से 4000 फुट है। मंडल चट्टी नदी की तलहटी में बसी है। यहां से $2\frac{1}{2}$ मील दूर अत्रि मुनि की पत्नी सती अनुसूया का मन्दिर है। यहां से चमोली $8\frac{1}{2}$ मील है। इस नदी से पुराणों में प्रख्यात बालखिल्य ऋषियों का सम्बन्ध बताया जाता है।

बालपुर (म० प्र०)

1954 में इस स्थान से जो रायगढ़ के निकट है, एक बौद्धकालीन प्रस्तर-स्तंभ

के अवशेष मिले हैं जिस पर एक पाली-अभिलेख उत्कीर्ण है।

बालब्रह्मेश्वर (जिला रायचूर, मैसूर)

यह तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित प्राचीन तीर्थ है। इसे दक्षिण काशी भी कहते हैं क्योंकि यहां नदी के तट पर अनेक प्राचीन मन्दिर हैं जो प्राचीन काल से पवित्र माने जाते हैं। यहां शातवाहन, चालुक्य, राष्ट्रकूट, कलचुरि, ककातीय और विजयनगर के नरेशों ने क्रमश राज्य किया, तत्पश्चात् बहमनी-सुलतानों और मुगल-बादशाहों का आधिपत्य रहा। इन सबों के समय के अनेक अवशेष तथा स्मारक इस स्थान पर मिले हैं। ब्रह्मेश्वर के दुर्ग की भित्तियों पर चालुक्यों के समय का एक अभिलेख अंकित है जिसमें इनके वैभव और पराक्रम का वर्णन है। इतिहास-प्रसिद्ध चालुक्य नरेश पुलकेशिन् द्वितीय के प्रपौत्र ने मई 714 ई० में ब्रह्मेश्वर के मुख्य मन्दिर को तुंगभद्रा के जलप्रवाह से बचाने के लिए यहां एक प्राकारबंध निर्मित करवाया था। इसका निर्माता ईशानाचार्य स्वामीभट्टपद था। प्राचीन काल में ब्रह्मेश्वर में एक महाविद्यालय भी था जिसके आचार्य त्रिलोचन मुनिनाथ और एकादशकाशीपंडित ने राजसभाओं में सम्मान प्राप्त किया था। इन्हें वीरबलंज समय नामक व्यापारिक संस्थाओं द्वारा भी आदर मिला था। ब्रह्मेश्वर के मन्दिरों के निर्माण में अजंता तथा एलौरा के गुहा मन्दिरों की झलक भी मिलती है। अधिकांश मंदिर चालुक्यकालीन हैं। इस समय के बारह से अधिक अभिलेख यहां मिले हैं। परवर्ती शासकों के समय ब्रह्मेश्वर की ख्याति पूर्ववत् ही रही यद्यपि इस काल में अधिक मंदिर न बन सके। यहां के कुछ उल्लेखनीय मंदिर ये हैं—ब्रह्मेश्वर, जोगूलंबा, दतीगणेश और काल-भैरव। ये मंदिर वाराणसी के विश्वेश्वर, विशालाक्षी, दती गणेश और कालभैरव के मंदिरों के प्रतिरूप माने जाते हैं। काशी के गंगातट के चौंसठ घाटों की तरह ही यहां तुंगभद्रा पर चौंसठ घाट बने हुए थे। यहां से आधा मील के लगभग पापनाश नामक मंदिर समूह स्थित है। ब्रह्मेश्वर-समूह के मंदिर दुर्ग के भीतर हैं। इनमें बाल-ब्रह्मेश्वर का मंदिर प्रमुख है। इनकी रचना उत्तरभारतीय मंदिरों की बनावट से भिन्न है और अजंता एलौरा के गुहा मंदिरों की रचना से मिलती-जुलती है। उदाहरणार्थ, इन मंदिरों के द्वारमंडप अजंता की गुहा सं० (19) के मंडप ही के अनुरूप हैं। मन्दिरों के गर्भगृह वर्गाकार और प्रदक्षिणापथ से परिवृत हैं। गुहामन्दिरों की भांति ही इनकी भित्तियों में प्रकाश के लिए वातायनों में पत्थर की कटी जाली लगी हैं। स्तंभों तथा प्रवेशद्वारों पर सुन्दर तक्षण दिखाई पड़ता है। मन्दिरों के शिखर भी असाधारण जान

पड़ते हैं। इनकी आकृति कुछ इस प्रकार की है कि ये छिन्नशीर्ष स्तूप के ऊपर आधृत गुंबद जैसे जान पड़ते हैं। बालब्रह्मेश्वर के अन्य उल्लेखनीय स्मारकों में विजयनगर के नरेशों का बनवाया दुर्ग है जिसके प्रवेशद्वार विशाल एवं भव्य हैं। इसकी तीन खाइयां तथा तीस बुर्ज हैं। बाल-ब्रह्मेश्वर का नाम मुसल्मानों के शासनकाल में आलमपुर कर दिया गया था जो आज भी प्रचलित है।

बालापुर

(1) दे० सेतब्या।

(2) (ज़िला अकोला, महाराष्ट्र) अकोला से 14 मील दूर यह स्थान मन और म्हैस नदियों के संगम पर स्थित है। 17 वीं शती के जैन साहित्य में इस स्थान का उल्लेख है। नदी तट पर जयपुर-नरेश सवाई जयसिंह की छत्री बनी है। इनका देहांत बुरहानपुर में हुआ था। मुगलों के शासनकाल में बालापुर में कागज बनाने का कारखाना था।

बालासोर (उड़ीसा)

1633 ई० में राल्फ कार्टराइट (Ralph Cart Wright) ने इस बंदरगाह तथा हरिहरपुर में प्रथम बार अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कम्पनी की व्यापारिक कोठियां स्थापित की थी। 1658 ई० में यह कोठी मद्रास के अधीन कर दी गई थी। बालासोर का प्राचीन नाम बालेश्वर था। फारसी में बालासोर का अर्थ समुद्रपर स्थित नगर है।

बाली

इंडोनेशिया का, जावा के सन्निकट स्थित द्वीप जहां वर्तमान काल में भी प्राचीन हिंदू धर्म और संस्कृति जीवित अवस्था में है। सम्भवतः गुप्तकाल —चौथी पांचवीं शती ई० में इस द्वीप में हिंदू उपनिवेश एवं राज्य स्थापित हुआ था। चीन के लियांगवंश (502 556 ई०) के इतिहास में इस द्वीप का सर्वप्रथम ऐतिहासिक उल्लेख मिलता है जहां इसे पोली कहा गया है। इस उल्लेख से विदित होता है कि बाली में इस काल में एक समृद्धिशाली तथा उन्नत हिंदू राज्य स्थापित था। यहां के राजा बौद्धधर्म में भी श्रद्धा रखते थे। इस राज्य की ओर से 518 ई० में चीन को एक राजदूत भेजा गया था। चीनी यात्री इत्सिंग लिखता है कि बाली दक्षिण समुद्र के उन द्वीपों में है जहां मूल सर्वास्तिवाद निकाय का सर्वत्र प्रचार है। मध्य युग में जावा व अन्य द्वीपों में अरबों के आक्रमण हुए और प्राचीन हिंदू राज्यों की सत्ता समाप्त हो गई किंतु बाली तक अरब न पहुंच सके। फलस्वरूप यहां की प्राचीन हिंदू सभ्यता और संस्कृति व धार्मिक परंपरा वर्तमान काल तक प्रायः अक्षुण्ण बनी रही

है। 18वीं शती में बाली पर डचों का राजनैतिक अधिकार हो गया किंतु उनका प्रभाव यहां के केवल राजनैतिक जीवन पर ही पड़ा और बाली निवासियों की सामाजिक और धार्मिक परंपरा में बहुत कम परिवर्तन हुआ। कहा जाता कि इस द्वीप का नाम पुराणों में प्रसिद्ध, पातालदेश के राजा बलि के नाम पर है। बाली देश की प्राचीन भाषा को 'कवि' कहते हैं जो संस्कृत से बहुत अधिक प्रभावित है। बाली में संस्कृत में भी अनेक ग्रंथ लिखे गए। रामायण और महाभारत का बाली के दैनिक जीवन में आज भी अमिट प्रभाव है।

बालुकाराम

महावंश 4, 150; 4, 63 के अनुसार यह विहारवन वैशाली के समीप स्थित था।

बालुकेश्वर (महाराष्ट्र)

महाबलेश्वर की पहाड़ी। इसका उल्लेख स्कंद० सह्याद्रिखंड 2, 1 में है।

बालुगर्त

मझगावम (नागौद, म० प्र०) से प्राप्त 191 गुप्तसंवत्=510 ई० के, परिव्राजक महाराज हस्तिन् के अभिलेख (ताम्रपट्टलेख) में बालुगर्त नामक ग्राम को कुछ ब्राह्मणों के लिए दान में दिए जाने का उल्लेख है। यह ग्राम मझगावम के निकट ही रहा होगा।

बालोश

अवदान-कल्पतरु, 57 में उल्लिखित है। श्री न० ला० डे के मत में यह बिल्लोचिस्तान का संस्कृत नाम है।

बालोद (जिला दुर्ग, म० प्र०)

कहा जाता है कि महाकोसल का प्राचीनतम सतीस्मारक इस स्थान पर है। इस पर अंकित अभिलेख ग्रियर्सन साहब ने पहली बार पढ़ा था। इसका समय उन्होंने दूसरी शती ई० निश्चित किया था। दूसरा लेख 1005 वि० सं०=948 ई० का है जिसको सर्वप्रथम डा० हीरालाल ने पढ़ा था।

बावड़ी (जिला देहरादून, उ० प्र०)

देहरादून के निकट यह रमणीक प्राचीन स्थान है जिसे न्यायदर्शनकार महर्षि गौतम की तपोभूमि माना जाता है। यहां स्फटिक श्वेत जल की बावड़ी होने के कारण ही इस स्थान को बावड़ी कहा जाता है। इसे टकरानी भी कहते हैं।

बावनी (बुंदेलखंड, म० प्र०)

यह अंग्रेजी शासनकाल में रियासत थी। इसका संस्थापक नवाब गाजीउद्दीन

था। यह हैदराबाद के निजाम और दिल्ली के मुगल बादशाह का मत्री था। कहा जाता है जब गाजीउद्दीन अपने पिता से रुष्ट होकर दक्षिण की ओर जा रहा था उस समय पेशवा ने उसे यह जागीर दी थी। किंतु ऐतिहासिक तथ्य यह जान पड़ता है कि जब गाजीउद्दीन ने 1874 ई० में पेशवा से संधि की तो उसने कालपी के पास गाजीउद्दीन को बावन गावो की जागीर दी थी। इसी जागीर ने कालातर मे बावनी रियासत का रूप धारण कर लिया।

बावेरु

बेबीलोनिया का प्राचीन भारतीय नाम।

बासमत (जिला परभणी, महाराष्ट्र)

इस स्थान पर खाने आलम नामक मुसलमान सत की दरगाह है।

बासर (मधोल तालुका, जिला नदेड, महाराष्ट्र)

इस स्थान पर प्राचीन हिंदू काल के कई स्मारक हैं जिनमे प्रमुख सरस्वती देवी का मदिर है।

बाह (जिला आगरा, उ० प्र०)

इसे भदावर नरेश कल्याणसिंह ने 17वी शती के अत मे बसाया था।

बाहड़पुर (काठियावाड, गुजरात)

शत्रुंजय के निकट प्राचीन जैन तीर्थ स्थल इसका उल्लेख जैन स्त्रोत तीर्थमाला चैत्यवदन मे इस प्रकार है—'वदे सत्यपुरे च बाहडपुरे राडद्रहे वायडे'। इसकी स्थापना गुजरात नरेश कुमारपाल के मत्री वाग्भट्ट ने की थी। (दे० मुनि-ज्ञानविजय रचित गुजराती ग्रथ—जैन तीर्थांनो इतिहास)

बाहुदा

महाभारत मे उल्लिखित नदी। 'ततश्च बाहुदा गच्छेद् ब्रह्मचारी समाहित: तत्रोष्य रजनीमेका स्वर्गलोके महीयते—वन० 84,67। 'बाहुदायां महीपाल चक्रु सर्वेभिषेचनम्, प्रयागे देवयजने देवानां पृथिवीपते,' वन० 85,4। महा० शाति० 22 के अनुसार लिखित ऋषि का कटा बाहु इस नदी मे स्नान करने से ठीक हो गया था जिससे इसका नाम बाहुदा हुआ। 'स गत्वा द्विजशार्दूलो हिमवन्त महागिरिम्, अभ्यगच्छन्नदीं पुण्यां बाहुदा धर्मशालिनीम्'। अनुशासन० 19,28 से ज्ञात होता है कि यह नदी हिमालय से निकलती थी। यह शायद उत्तर भारत की रामगगा है। अमरकोश मे बाहुदा को सैतवाहिनी भी कहा गया है।

बाहुमती दे० बागमती

बाह्लिक=बाह्लीक

'केराता दरदा दार्वा शूरा वै यमकाम्तया, औदुवरा दुर्विभागा पारदा

वाह्लिकै' सह' महा० सभा० 52,13। वाह्लिक या वाह्लिक, बल्ख (=ग्रीक, बेक्ट्रिया) का प्राचीन संस्कृत नाम है। यहां के निवासी युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में भेंट लेकर आए थे। महरौली लौहस्तंभ के अभिलेख में चंद्र द्वारा सिंधु नदी के सप्तमुखों के पार वाह्लिकों के जीते जाने का उल्लेख है—'तीर्त्वा सप्त मुखानि येन समरे सिंधोर्जिता-वाह्लिकाः' जिससे गुप्तकाल में वाह्लिकों की स्थिति सिंध नदी के मुहाने के पश्चिम में सिद्ध होती है। जान पड़ता है कि इस काल में बल्ख के निवासियों ने अपनी बस्तियां इस इलाके में बना ली थीं। महाभारत कर्णपर्व में संभवतः वाहीक नाम से वाह्लिक निवासियों का उल्लेख है—दे० वाहीक, वाह्लिक वाह्लीक, वाह्ली।

बाह्ली=बाह्लीक=बाह्लीक (बल्ख)

वाल्मीकि रामा० उत्तर० 83,3 में प्रजापति कर्दम के पुत्र को बाह्ली का राजा कहा है—'श्रूयते हि पुरा सौम्य कर्दमस्य प्रजापतेः, पुत्रो बाह्लीश्वरः श्रीमानिलोनाम सुधार्मिक.'। महाभारत 51,26 में बाह्ली का चीन के साथ उल्लेख है—'प्रमाणरागस्पर्शाढ्यं बाह्लीचीन समुद्भवान्'—

बिंदुसर

(1) महाभारत सभा० 3 में मैनाक पर्वत (कैलास के उत्तर में स्थित) के निकट बिंदुसर सरोवर का उल्लेख है। यहीं असुरराज वृषपर्वा ने एक महायज्ञ किया था। इस प्रसंग के अनुसार बिंदुसर के समीप मयदानव ने एक विचित्र मणिमय भांड तैयार करके रखा था। यहीं वरुण की एक गदा भी थी। इन दोनों वस्तुओं को मयदानव युधिष्ठिर की राजसभा का निर्माण करने के पूर्व बिंदुसर से ले आया था, 'चित्रं मणिमयं भांडं रम्यं बिंदुसरं प्रति, सभायां सत्य-संधस्य यदासीद् वृषपर्वण.। मन. प्रह्लादिनीं चित्रा सर्वरत्नविभूषिताम्, अस्ति बिंदुसरस्युग्रागदा च कुरुनंदन'—सभा० 3,3-5। इसी वर्णन में मयदानव के बिंदुसर तथा मैनाकपर्वत जाते समय कहा गया है कि वह इंद्रप्रस्थ से पूर्वोत्तर दिशा में और कैलास के उत्तर की ओर गया था—'इत्युक्त्वा सोऽसुरः पार्थं प्रागुदीचीं दिशं गतः, अथोत्तरेण कैलासान् मैनाकपर्वतं प्रति' सभा० 3,9। इस निर्देश से यह स्पष्ट है कि बिंदुसर तथा मैनाक कैलास के उत्तर में और इंद्रप्रस्थ की पूर्वोत्तर दिशा में स्थित थे। संभवतः बिंदुसर मानसरोवर या उसके निकट-वर्ती किसी अन्य सरोवर का नाम होगा। वाल्मीकि रामा० बाल० 43,11 में गंगा का शिव द्वारा बिंदुसर की ओर छोड़े जाने का उल्लेख है—'विससर्ज ततो गंगा हरो बिंदुसरप्रति'। इससे भी उपर्युक्त विवेचन की पुष्टि होती है।

(2) दे० सिद्धपुर

बिबिका

भारहुत (बघेलखंड, म० प्र०) से प्राप्त कुछ अभिलेखों में उल्लिखित नदी। यह बुंदेलखंड की कोई नदी जान पड़ती है। कालिदास-रचित मालविकाग्निमित्र नाटक में 'दाक्षिण्य नाम बिंबोष्ठिवैंबिकानां कुलव्रतम्' (अंक 4,14)—इस वाक्य में विदिशा का शासक और पुष्यमित्र शुंग का पुत्र अग्निमित्र स्वयं को बैंबकवंशीय बताता है। संभव है इसके पूर्वजों का बिबिकानदी के तटवर्ती प्रदेश से संबंध रहा हो। (दे० रायचौधरी—पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव ऐंशेंट इंडिया—पृ० 307)

बिंबिसारपुरी

राजगृह का, मगध नरेश बिंबिसार के नाम पर प्रसिद्ध अभिधान (दे० लॉ बुद्धघोष, पृ० 87)

बिचकुंद=मुचकुंद (जिला नदेड, महाराष्ट्र)

किंवदंती के अनुसार यह मुचकुंद ऋषियों का पुण्य स्थान है। प्राचीन हिंदू नरेशों के समय के कई मंदिर यहां के मुख्य स्मारक हैं।

बिजावर (बुंदेलखंड, म० प्र०)

किंवदंती है कि बिजावर ग्राम को विजय सिंह नाम के एक गौंड सामंत ने बसाया था। यह गढ़मंडला-नरेश की सेवा में था। पीछे यह स्थान महाराज छत्रसाल के अधिकार में आ गया और तत्पश्चात् उनके उत्तराधिकारी जगतसिंह को उनके अंश के रूप में मिला। बिजावर, 1947 तक बुंदेलखंड की प्रख्यात रियासत थी।

बिजनौर (उ० प्र०)

गंगा के वामतट पर लीलावाली घाट से तीन मील दूर छोटा सा कस्बा है। कहा जाता है कि इसे विजयसिंह ने बसाया था। दारानगर यहां से 7 मील दूर है और इतनी ही दूर विदुरकुटी। ये दोनों स्थान महाभारतकालीन बताए जाते हैं। स्थानीय जनश्रुति में बिजनौर के निकट गंगातटीय वन में महाभारत-काल में मयदानव का निवास स्थान था। भीम की पत्नी हिडंबा मयदानव की पुत्री थी और भीम ने उससे इसी वन में विवाह किया था। यही घटोत्कच का जन्म हुआ था। नगर के पश्चिमांत में एक स्थान है जिसे हिडंबा और उसके पिता मयदानव के इष्टदेव शिव का प्राचीन देवालय कहा जाता है। मेरठ या मयराष्ट्र बिजनौर के निकट गंगा के उस पार है। बिजनौर के इलाके को वाल्मीकि रामायण में प्रलंब नाम से अभिहित किया गया है। नगर से आठ मील दूर मंडावर है जहां मालिनी नदी के तट पर कालिदास के

अभिज्ञान शाकुंतल नाटक में वर्णित कण्वाश्रम की स्थिति परंपरा से मानी जाती है। (दे० मडावर, दारानगर) (टि० कुछ लोगों का कहना है बिजनौर की स्थापना राजा वेन ने की थी जो पत्ते या बीजन बेच कर अपना निजी खर्च चलाता था और बीजन से ही बिजनौर का नामकरण हुआ)।

बिजिथी (तालुका व जिला करीम नगर, आंध्र)

इस स्थान पर हिंदू नरेशों के समय का प्राचीन मंदिर है जिसके सभामंडप के चार केंद्रीय स्तंभों पर तक्षणशिल्प का सुंदर काम प्रदर्शित है।

बिठूर (जिला कानपुर, उ० प्र०)

कानपुर से 12 मील उत्तर की ओर बहुत प्राचीन स्थान है जिसका मूलनाम ब्रह्मावर्त कहा जाता है। पौराणिक किंवदंती है कि यहां ब्रह्मा ने सृष्टि रचने के हेतु अश्वमेधयज्ञ किया था। बिठूर को बालक ध्रुव के पिता उत्तानपाद की राजधानी भी माना जाता है। ध्रुव के नाम से एक टीला भी यहां विख्यात है। कहा जाता है कि वाल्मीकि का आश्रम जहां सीता निर्वासन-काल में रही थीं, यहीं था। अंतिम पेशवा बाजीराव जिन्हें अंग्रेजों ने मराठों की अंतिम लड़ाई के बाद महाराष्ट्र से निर्वासित कर दिया था, बिठूर आकर रहे थे। इनके दत्तकपुत्र नानासाहब ने 1857 के स्वतंत्रतायुद्ध में प्रमुख भाग लिया। पेशवाओं ने कई सुंदर इमारतें यहां बनवाई थीं किंतु अंग्रेजों ने इन्हें 1857 के पश्चात् अपनी विजय के मद में नष्ट कर दिया। बिठूर में प्रागैतिहासिक काल के ताम्रउपकरण तथा बाणफलक मिले हैं जिससे इस स्थान की प्राचीनता सिद्ध होती है।

बिदनूर (महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र-केसरी शिवाजी के समय में बिदनूर तुंगभद्रा नदी के उद्गम स्थान के पास पश्चिमी घाट पर एक पहाड़ी राज्य था। शिवाप्पा यहां का राजा था। बीजापुर के सुल्तान अलिआदिलशाह ने इस राज्य को विजय कर शिवाप्पा को अपने अधीन कर लिया किंतु एक ही वर्ष पश्चात् शिवाप्पा की मृत्यु होने पर उसका पुत्र गद्दी पर बैठा और 1676 ई० में शिवा जी ने उसे अपना करद बना लिया। शिवाजी के समकालीन कविवर भूषण ने बिदनूर को विधनोल लिखा है—'उत्तर पहार विधनोल खंडहर झारखंडहू प्रचार चारु केली है विरद की' शिवराज भूषण-159।

विधनोल दे० बिदनूर

बिनसर (जिला अल्मोड़ा, उ० प्र०)

(1) अल्मोड़ा से प्राय 14 मील पर प्राचीन स्थान है जहां बिनसर महादेव

का पुराना मंदिर स्थित है।

(2) (जिला गढ़वाल, उ० प्र०) पौड़ी से 42 मील पूर्व स्थित है। प्राचीन नाम विश्वेश्वर कहा जाता है। 7वीं से 12वीं शती तक यहाँ बहुत सुंदर मूर्तियां बनती थीं जिनकी कला का मुख्य तत्व सजीवता तथा भाव-प्रवणता है। अलंकरण तथा बाहरी सजावट को यहाँ की कला में अधिक महत्त्व नहीं दिया जाता था।

बिमाकाली (जिला रामपुर, हिमाचल प्रदेश)

प्राचीन भारत भोट शैली में निर्मित लकड़ी के बने हुए सुंदर मंदिर के लिए यह स्थान ख्याति-प्राप्त है।

बियास=विपाशा

बिलग्राम (जिला हरदोई, उ० प्र०)

यह कस्बा प्राचीन श्रीनगर या भिल्लग्राम नाम के नगर के खंडहरों पर बसा है। इल्तुतमिश के जमाने में इस पर मुसलमानों का कब्जा हो गया। बिलग्राम में विद्वान् मुसलमानों की परंपरा रही है। इनमें से कई ने हिंदी कविता भी लिखी है। पश्चमध्ययुगीन काल में ऐसे ही कवि मीर जलील हुए हैं जिन्होंने एक बरवैछंद में अपना परिचय लिखते हुए कहा है 'बिलग्राम को वासी मीर जलील, तुम्हरि सरन गहि गाहै हे निधिशील'।

बिलपक (म० प्र०)

भूतपूर्व रियासत रतलाम के अंतर्गत है। यहां पूर्व-मध्यकालीन इमारतों के अवशेष हैं।

बिलसड़ (जिला एटा, उ० प्र०)

इस स्थान पर गुप्त-सम्राट् कुमारगुप्त के शासन काल 96 गुप्तसंवत्=415 ई० का एक स्तंभ-लेख प्राप्त हुआ है। इसमें ध्रुवशर्मन् द्वारा, स्वामी महासेन (कार्तिकेय) के मंदिर के विषय में किए गए कुछ पुण्य कार्यों का विवरण है—सीढ़ियों सहित प्रतोली या प्रवेशद्वार का निर्माण, सत्र या दान शाला की स्थापना और अभिलेख वाले स्तंभ का निर्माण। संभवतः चीनी-यात्री युवानच्वांग ने इस स्थान का पिलोशना या बिलासना नाम से उल्लेख किया है। वह यहां 642-643 ई० में आया था।

बिलहरी (म० प्र०)

कटनी से 9 मील दूर है। किंवदंती में बिलहरी को प्राचीन पुष्पावती बताया जाता है और इसका संबंध माधवानल और कामकंदला की प्रेम गाथा से जोड़ा गया है। यह कथा पश्चिम भारत में 17वीं शती तक काफी प्रख्यात थी किंतु, इस कथा की पुष्पावती गंगातट पर बताई गई है जो बिलहरी से अवश्य

ही भिन्न थी। हमारे अभिज्ञान के अनुसार वाचक कुशललाभ रचित माधवानल कथा में वर्णित पुष्पावती जिला बुलंदशहर (उ० प्र०) में गंगातट पर बसी हुई प्राचीन नगरी 'पूठ' है। किंतु बिलहरी का भी नाम पुष्पावती हो सकता है क्योंकि तरणतारण स्वामी के अनुयायी भी बिलहरी को अपने गुरु का जन्मस्थान पुष्पावती मानते हैं। बिलहरी में प्रवेश करते ही एक विशाल जलाशय तथा एक पुरानी गढी दिखाई पड़ती है। यह जलाशय—लक्ष्मणसागर—नोहलादेवी के पुत्र लक्ष्मणराज ने बनवाया था जैसा कि नागपुर-संग्रहालय में संग्रहीत एक अभिलेख से सूचित होता है। गढी सुदृढ बनी है और लोकोक्ति के अनुसार चंदेल नरेशों के समय की है। बिलहरी तथा निकटवर्ती प्रदेश पर, कलचुरियों की शक्ति क्षीण होने पर चंदेलों का राज्य स्थापित हुआ। 1857 के स्वतंत्रता-युद्ध में इस गढी पर सैंकड़ों गोले पड़ने पर भी इसका बाल बाका न हुआ। लक्ष्मणराज का बनवाया हुआ एक मठ भी यहां का उल्लेखनीय स्मारक है किंतु कुछ विद्वानों के मत मे यह मुगलकालीन है। बिलहरी में कलचुरिकालीन सैंकडों सुंदर मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। ये हिंदूधर्म के सभी संप्रदायों से संबंधित हैं। एक विशिष्ट अवशेष बिलहरी से प्राप्त हुआ है, वह है मधुच्छत्र जो एक लंबे वर्ग पट्ट के रूप मे है। यह परिमाण में 94"×94" है। इसके बीच मे कमल की सुंदर आकृति है जिसके चार विस्तृत भाग हैं। इस पर सूक्ष्म तक्षण किया हुआ है। विचार किया जाता है कि यह छत्र शायद पहले किसी मंदिर की छत में आधार रूप से लगा होगा। इसे महाकोसल की महान् प्राचीन शिल्पकृति माना जाता है।

बिलाड़ा (जिला जोधपुर, राजस्थान)

जोधपुर के निकट अति प्राचीन स्थान है जो नवदुर्गावतार भगवती आई माता के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। जिस प्रकार उदयपुर या मेवाड़ के महाराणा अपने आराध्य देव एकलिंग भगवान् के दीवान कहे जाते थे उसी प्रकार मारवाड़ की सीर्वी जाति के नेता आई माता अथवा आई जी के दीवान कहलाते थे। इस दीवान वंश के कई वीर और सत्यव्रती पुरुष मारवाड़ के इतिहास में प्रसिद्ध हैं।

बिलारी (मद्रास)

प्राचीन नाम बल्लारी या बलिहारी कहा जाता है। एक प्राचीन दुर्ग यहां स्थित है।

बिलासपुर दे० बिलासपुर (1); (2)

बिलुनीतीर्थ

रामेश्वरम् (मद्रास) के निकट, उत्तर समुद्र के तट पर स्थित है। यहां

सीताकुंड नामक एक कूप है जिसके विषय मे लोकोक्ति है कि भगवान् राम ने सीता को प्यास लगने पर धनुष की नोक से भूमि को दबाकर यहां जल का स्रोत प्रकट कर दिया था।

बिल्लोली (मधोल तालुका, ज़िला नदेड, महाराष्ट्र)

शाहजहां के शासनकाल में (1645 ई०) बनी हुई सरफराज खां के नाम पर प्रसिद्ध मसजिद के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

बिल्वक

महाभारत अनुशासन० 25,13 में तीर्थों के वर्णन में इस तीर्थ को हरद्वार तथा कनखल के निकट माना है—'गंगाद्वारे कुशावर्ते बिल्वके नीलपर्वते, तथा कनखले स्नात्वा धूतपाप्मा दिव व्रजेत्'। यह स्थान निश्चय ही वर्तमान बिल्वकेश्वर महादेव है जो हरद्वार मे, स्टेशन की सड़क पर ललतारों के पुल से दो फर्लांग दूर है। यहा पहाड मे प्राचीन गुफाएं हैं। बिल्ववृक्षों के कारण इस स्थान को बिल्वक कहते थे।

बिल्वकेश्वर दे० बिल्वक

बिल्वाम्रक (म० प्र०)

नर्मदा और कुब्जा नदियो के सगम पर स्थित प्राचीन तीर्थ। इसे अब रामघाट कहते हैं। किवदंती है कि राजा रतिदेव ने इस स्थान पर महायज्ञ किया था।

बिल्वेश्वर (काठियावाड, गुजरात)

इस स्थान पर पहुंचने के लिए पोरबदर से 17 मील दूर साधुपुर से मार्ग जाता है। यह तीर्थ महाभारतकालीन बताया जाता है तथा किवदंती के अनुसार श्रीकृष्ण ने यहां शिव की आराधना की थी।

बिसपी (ज़िला दरभगा, बिहार)

बागमती नदी के तट पर बसा हुआ प्राचीन ग्राम जो मैथिल कोकिल विद्यापति का जन्म स्थान है। इनका जन्म 14वीं शती के मध्य मे हुआ था।

बिसरख (ज़िला मेरठ, उ० प्र०)

गाजियाबाद से 8 मील पर स्थित है। लोकश्रुति मे इसे रावण के पिता विश्रवा ऋषि का आश्रम माना जाता है। विश्रवा के आराध्य देव शिव का एक मंदिर भी यहां है जिसे शिवाजी द्वारा बनवाया हुआ कहा जाता है। कहते हैं कि दक्षिण से आगरा जाते समय शिवाजी इस स्थान पर भी आए थे।

बिसौली (ज़िला बदायू, उ० प्र०)

इस स्थान से ताम्रयुग के महत्वपूर्ण प्रागैतिहासिक अवशेष प्राप्त हुए हैं।

बिस्वां (जिला सीतापुर, उ० प्र०)

कहा जाता है कि 1350 ई० में विश्वनाथ नाम के संत ने इस नगर को बसाया था और उसी के नाम पर यह प्रसिद्ध भी है। महमूद गजनी के भतीजे सालार ममूद के अनुयायियों के कई मकबरे यहां हैं जिनमें हकरलिया का रौज़ा प्रसिद्ध है। जलालपुर के तालुकेदार मुमताज हुसैन ने शाहजहां के शासनकाल में यहां एक मसजिद बनवाई थी जो अब भी विद्यमान है। यह कक्कर के विशालखंडों से निर्मित की गई थी। मसजिद की मीनारों में हिंदू कला की छाप स्पष्ट दिखाई देती है।

बिहार

(1) (बिहार) इस नगर का प्राचीन नाम उद्दण्डपुर या ओदंतपुरी है। बंगाल के प्रथम पाल नरेश गोपाल ने यहां एक महाविद्यालय स्थापित किया था जिसकी प्रसिद्धि दूर-दूर तक थी। तत्पश्चात् मुसलमानों के शासनकाल में यह नगर बिहार के सूबे का मुख्य नगर बन गया। पाटलिपुत्र का गौरव हूणों के आक्रमण के समय, छठी शती ई० में, नष्ट हो चुका था इसलिए बिहार नगर को ही मुसलमानों ने सूबे के शासन का मुख्य केंद्र बनाया। 1541 ई० में पाटलिपुत्र या पटने की अपेक्षाकृत सुरक्षित स्थिति की महत्ता समझते हुए शेरशाह ने प्रांत की राजधानी पुन: पटने में बनाई। बिहार में गुप्तसम्राट् स्कंदगुप्त के समय का एक अभिलेख प्राप्त हुआ था। इसमें वट नामक ग्राम में स्कंदगुप्त के किसी मंत्री (जिसकी बहिन का विवाह कुमारगुप्त से हुआ था) द्वारा एक यूप की स्थापना का उल्लेख है:

(2) बिहार के प्रांत का नाम। स्थूल रूप से यह प्राचीन मगध है। बौद्ध विहारों की यहां बहुतायत होने के कारण ही इस प्रदेश का नाम विहार हो गया था। यह नाम मध्यकालीन है।

(3) (म० प्र०) पूर्व मध्यकालीन इमारतों के लिए यह कस्बा उल्लेखनीय है।

बिहारोइल (जिला राजशाही, बंगाल)

इस स्थान से बुद्ध की एक मूर्ति प्राप्त हुई थी जिसका निर्माण मूर्तिकला की बनारस शैली के अनुसार हुआ है। श्री दयाराम साहनी का विचार था कि *यह मूर्ति वास्तव में बनारस में ही बनी थी* और वहां से किसी प्रकार बंगाल पहुंची होगी। किंतु श्री राखाल दास बनर्जी का कथन है कि मूर्ति का पत्थर चुनार का बलुआ पत्थर नहीं है जिससे बनारस की मूर्तियां बनती थीं (एज ऑव दि इम्पीरियल गुप्ताज, पृ० 170) किंतु यह तो स्पष्ट ही है कि मूर्ति का निर्माण

बनारस शैली में ही हुआ है। इस तथ्य से बनारस की मूर्तिकला के विस्तृत प्रसार के बारे मे जानकारी मिलती है। गुप्तशासनकाल मे बनी हुई अधिकांश बुद्ध की मूर्तियां बनारस शैली के अंतर्गत मानी जाती हैं।

बीका पहाडी (राजस्थान)

चित्तौड के दुर्ग के बाहर एक पहाडी, जहा 1533 ई० मे गुजरात के सुलतान बहादुरशाह तथा चित्तौड-नरेश विक्रमाजीत की सेनाओं में मुठभेड हुई थी। बहादुरशाह के तोपची लाबरीखां ने पहाडी के नीचे सुरग खोदकर उसमें बारूद भरकर पचास हाथ लबी जमीन उडा दी जिससे वहां स्थित राजपूत मोर्चे के सैनिकों का पूर्ण सहार हो गया। इसी युद्ध मे वीरागना जवाहरबाई बहादुरी से लडती हुई मारी गई थी। चित्तौड के प्रसिद्ध साकों मे यह युद्ध द्वितीय साका माना जाता है जिसमे तेरह हजार राजपूत रमणियों ने अपने सतीत्व की रक्षार्थ चिता मे जलकर अपने प्राणो को होम दिया था।

बीकानेर

इस नगर को जोधपुर-राज्यवंश के एक उत्तराधिकारी राव बीका ने बसाया था।

बीजबहेरा (कश्मीर)

श्रीनगर से 28 मील पर स्थित है। इस स्थान पर एक अति प्राचीन चिनार वृक्ष है। कहते हैं कि यही वृक्ष पहले-पहल ईरान से कश्मीर लाया गया था। चिनार कश्मीर का प्रसिद्ध सुंदर वृक्ष है। बीज बहेरा का चिनार कश्मीर के चिनारो का आदिजनक माना जाता है। इस वृक्ष का तना भूमितल पर 54 फुट है किंतु अब यह वृक्ष अदर से खोखला हो गया है। इस ऐतिहासिक वृक्ष से भारत ईरान के प्राचीन सबधो के बारे मे सूचना मिलती है।

बीजवाड (म० प्र०)

पूर्व मध्यकालीन इमारतो के खडहरो के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

बीजागढ (म०प्र०)

पूर्व मध्यकालीन इमारतो के अवशेषो के लिए यह स्थान ख्याति प्राप्त है।

बीजापुर (मैसूर)

शोलापुर हुबली रेलपथ पर शोलापुर से 68 मील दूर स्थित है। नगर का प्राचीन नाम विजयपुर कहा जाता है। 11वी शती के बौद्ध अवशेष हाल ही की खोज मे यहा प्राप्त हुए हैं जिससे इस स्थान का इतिहास पूर्व-मध्यकाल तक जा पहुचता है। किंतु बीजापुर का जो अब तक ज्ञात इतिहास है वह प्राय 1489 ई०

से 1686 तक के काल के अंदर ही सीमित है। इन दो सौ वर्षों में बीजापुर में आदिलशाही वंश के सुल्तानों का आधिपत्य था। इस वंश का प्रथम सुल्तान युसुफ था जो अल्बूनिया का निवासी था। इसने बहमनी राज्य के नष्टभ्रष्ट होने पर यहां स्वाधीन रियासत स्थापित की। बीजापुर का निर्माण तालीकोट के युद्ध (1556 ई०) के पश्चात विजयनगर के ध्वंसावशेषों की सामग्री से किया गया था। आदिलशाही सुल्तान शिया थे और ईरान की संस्कृति के प्रेमी थे। इसीलिए इनकी इमारतों में विशालता और उदारता की छाप दिखाई पड़ती है। मराठों और शिवाजी की ऐतिहासिक गाथाओं के संबंध में बीजापुर का नाम बराबर सुनाई देता है। बीजापुर के सुल्तान की सेनाओं को कई बार शिवाजी ने परास्त करके अपने छिने हुए किले वापस ले लिए थे। बीजापुर के सरदार अफजलखां को प्रतापगढ़ के किले के पास शिवाजी ने बड़े कौशल से मारकर मराठा इतिहास में अभूतपूर्व ख्याति प्राप्त की थी। 1686 ई० में मुगल सम्राट् औरंगजेब ने बीजापुर की स्वतंत्र राज्यसत्ता का अंत कर दिया और तत्पश्चात् बीजापुर मुगलसाम्राज्य का एक अंग बन गया। बीजापुर में आदिलशाही शासन के समय की अनेक उल्लेखनीय इमारतें हैं जो उसकी तत्कालीन समृद्धि की परिचायक हैं। यहां की सभी इमारतें प्राचीन किले या पुराने नगर के अंदर स्थित हैं। गोलगुंबज मुहम्मद आदिलशाह (1627-1657) का मकबरा है। इसके फर्श का क्षेत्रफल 18337 वर्गफुट है जो रोम के पैंथियन के क्षेत्रफल से भी बड़ा है। गुंबद का भीतरी व्यास 125 फुट है। यह रोम के सेंट पीटर-गिर्जे के गुंबद से कुछ ही छोटा है। इसकी ऊंचाई फर्श से 175 फुट है और इसकी छत में लगभग 130 फुट वर्ग स्थान घिरा हुआ है। इस गुंबद का भार आश्चर्यजनक रीति से विशाल है। दीवारों पर इसके धक्के की शक्ति को कम करने के लिए गुंबद में भारी निलंबित संरचनाएं बनी हैं जिससे गुंबद का भार भीतर की ओर रहे। यह गुंबद शायद संसार की सबसे बड़ी उपजाप वीथि (Whispering gallery) है जिसमें सूक्ष्म शब्द भी एक सिरे से दूसरे तक आसानी से सुना जा सकता है। इब्राहीम द्वितीय (1580-1627) का रोजा मलिक संदल नामक ईरानी वास्तु विशारद का बनाया हुआ है। गोलगुंबज के विपरीत इसकी विशेषता विशालता अथवा भव्यता में नहीं वरन् पत्थर की सूक्ष्म कारीगरी तथा तक्षणशिल्प में है। इसमें खिड़कियों की जालियां अरबी अक्षरों के रूप में काटी गई हैं और गुंबद की छत ऐसी बनाई गई है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इसमें जो पत्थर लगे हैं वे बिना किसी आधार के टिके हैं। कुछ वास्तुविदों का कहना है कि भवन का निर्माणशिल्प सर्वोत्कृष्ट कोटि का है।

जामा मसजिद 1576 ई० मे बननी शुरू हुई थी। 1686 ई० में औरगजेब ने इसमें अभिवृद्धि की किंतु यह अपूर्ण ही रह गई है। इसके फर्श मे 2250 आसन बने हैं। इसकी लबाई 240 फुट और चौडाई 130 फुट है। इसमें लबे बल में पाच और चौडे बल में 9 दालान हैं। मध्य का स्थान विशाल गुबद से ढका है जिसकी भीतरी चौडाई 96 फुट है। प्रागण पूर्व-पश्चिम 187 फुट है। इसमें उत्तरदक्षिण की ओर एक बरामदा है। पूर्व के कोने मे दो मीनारें बनाई जाने-वाली थी किंतु केवल उत्तरी मीनार ही प्रारम हो सकी। गगन महल (1561 ई०) का केंद्रीय चाप भी 61 फुट चौडा है किंतु यह इमारत अब खडहर हो गई है। इसकी लकडी की छत को मराठों ने निकाल लिया था। असर मुबारक महल भी मुख्यत काष्ठनिर्मित है। सम्मुखीन भाग खुला हुआ है। छत दो काष्ठ-स्तभो पर आधारित है। इसके भीतर का लकडी का अलकरण है और चित्रकारी की हुई है। मिहतर महल मे जो एक मसजिद का प्रवेश द्वार है, पत्थर की नक्काशी का सुदर काम प्रदर्शित है। खिडकियो के पत्थरों पर अनोखे बेल बूटे और कगनियो के आधार-पाषाणो पर मनोहर नक्काशी, इस भवन की अन्य विशेषताए हैं। बीजापुर की अन्य इमारतो मे बुखारा मसजिद अदालत महल, याकूत दबाली की मसजिद, खवास खा की दरगाह और मसजिद, छोटा चीनी महल और अर्श-महल उल्लेखनीय हैं। बीजापुर की वास्तुकला आगरा और दिल्ली की मुगलशैली से भिन्न है किंतु मौलिकता और निर्माण-कौशल मे उससे किसी अश में न्यून नहीं। यहा की इमारतो मे हिंदू प्रभाव लगभग नही के बराबर है किंतु इरानी निर्माण-शिल्प की छाप इनकी विशाल तथा विस्तीर्ण सरचनाओ मे स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है।

बीड दे० भीड

बीदर

भूतपूर्व हैदराबाद रियासत का प्रसिद्ध नगर जिसका नाम विदर्भ का अपभ्रश है। महाभारत तथा प्राचीन सस्कृत साहित्य के अन्य ग्रथो मे विदर्भ का अनेक बार वर्णन आया है। विदर्भ मे आधुनिक बरार तथा खानदेश (महाराष्ट्र) सम्मिलित थे किंतु विदर्भ का नाम अब बीदर नामक नगर के नाम में ही अवशिष्ट रह गया है (दे० विदर्भ)। दक्षिण के उत्तरकालीन चालुक्यो (शासन-काल 974-1190 ई०) की राजधानी जिला बीदर मे स्थित कल्याणी नाम की नगरी थी। विक्रमादित्य चालुक्य के राजकवि बिल्हण ने अपने विक्रमाक-देवचरित मे कल्याण की प्रशसा के गीत गाए हैं और उसे ससार की सर्वश्रेष्ठ नगरी बताया है। 12वी शती में चालुक्य राज्य छिन्न-भिन्न हो गया और

उसके पश्चात् बीदर के इलाके में यादवों तथा ककातीय राजाओं का शासन स्थापित हो गया। इस शती के अंतिम भाग में बिज्जल ने जो कलचुरिवंश का एक सैनिक था, अपनी शक्ति बढ़ाकर चालुक्यों की राजधानी कल्याणी में स्वतंत्र राज्य स्थापित किया। 1322 ई० में मुहम्मद तुग़लक ने जो अभी तक जूना के नाम से प्रसिद्ध था बीदर पर आक्रमण करके उसे अपने अधिकार में कर लिया। 1387 ई० में मुहम्मद तुग़लक का दक्षिण का राज्य छिन्न भिन्न हो जाने पर हसन गंगू नामक सरदार ने दौलताबाद और बीदर पर अधिकार करके बहमनी राजवंश की नींव डाली। 1423 ई० में बहमनी राज्य की राजधानी बीदर में बनाई गई जिसका कारण इस की सुरक्षित स्थिति तथा स्वास्थ्यकारी जलवायु थी। बीदर नगर दक्षिण भारत के तीन मुख्य भागों—अर्थात् कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलगाना से समानरूप से निकट था तथा इसकी स्थिति 200 फुट ऊंचे पठार पर होने से प्रतिरक्षा का प्रबंध भी सरलतापूर्वक हो सकता था। इसके अतिरिक्त नगर में स्वच्छ पानी के सोते थे तथा फलों के उद्यान भी। 1492 ई० में बहमनी राज्य के विघटन के पश्चात् बीदर में बरीदशाही वंश के क़ासिम बरीद ने स्वतंत्र सत्ता स्थापित कर ली। यहां का पहला शाह अली बरीद हुआ (1549 ई०)। 1619 ई० में इब्राहीम आदिलशाह ने बीदर को बीजापुर में मिला लिया किंतु 1656 ई० में औरंगजेब ने आदिलशाही सुलतान का ही अंत कर दिया और बीदर को 27 दिन के घेरे के पश्चात् सर कर लिया। बीदर पर मुग़लों का आधिपत्य 18वीं शती के मध्य तक रहा जब इसका विलयन निजाम की नई रियासत हैदराबाद में हो गया।

बरीदशाही वंश का संस्थापक क़ासिम बरीद जार्जिया का तुर्क था। यह सुंदर हस्तलेख लिखता था तथा कुशल संगीतज्ञ था। अली बरीद जो बीदर का तीसरा शासक था अपने चातुर्य के कारण रूब-ए-दकन (दक्षिण की लोमड़ी) कहलाता था। बीदर के इतिहास में अनेक किंवदंतियों तथा पीर, जिनों तथा परियों की कहानियों का मिश्रण है। यहां सुलतानों के मकबरों के अतिरिक्त मुसलमान संतों की अनेक समाधियां भी हैं। बीदर नगर मंजीरा नदी के तट पर स्थित है। यहां के ऐतिहासिक स्मारकों में सबसे अधिक सुंदर अहमदशाह वली का मकबरा है। इसमें दीवारों और छतों पर सुंदर फ़ारसी शैली की नक्क़ाशी की हुई है तथा नीली और सिंदूरी रंग की पार्श्वभूमि पर सूफी दर्शन के अनेक लेख अंकित हैं। इन लेखों पर तत्कालीन हिंदू भक्ति तथा वेदांत की भी छाप है। इसी मकबरे के दक्षिण की ओर की भित्ति पर 'मुहम्मद' और 'अहमद' ये दो नाम हिंदू स्वस्तिक चिन्ह के रूप में लिखे हुए हैं। बीदर के दो

पुराने मकबरे जो अत्याचारी शासक हुमायूं और मुहम्मद शाह तृतीय के स्मारक थे, बिजली गिरने से भूमिसात् हो गए थे। बीदर के क़िले का निर्माण अहमद शाह वली ने 1429-1432 ई० में करवाया था। पहले इसके स्थान पर हिंदू कालीन दुर्ग था। मालवा के सुलतान महमूद खिलजी के आक्रमण के पश्चात् इस किले का जीर्णोद्धार निज़ाम शाह बहमनी ने करवाया था (1461-1463)। किले के दक्षिण में तीन उत्तर पश्चिम में दो और शेष दिशाओं में केवल एक खाई है। दीवारों में सात फाटक हैं। किले के अंदर कई भवन हैं, (1) रंगीन महल—इसमें ईंट, पत्थर और लकड़ी का सुंदर काम दिखाई देता है। गढ़े हुए चिकने पत्थरों में सीपियां जड़ी हुई हैं। वास्तुकर्म बहमनी और बरीदी काल का है। (2) तुर्कीनमहल—किसी बहमनी सुलतान की बेगम के लिए बनवाया गया था। इसमें भी बरीदकला की छाप है, (3) गगन महल, इसे बहमनी सुलतानों ने बनवाया और बरीदी शासकों ने विस्तृत करवाया था, (4) जाली-महल, यह सभागृह था। इसमें पत्थर की सुंदर जाली है, (5) तख्त महल, इसका निर्माता अहमदशाहवली था। यह महल अपने भव्य सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध था, (6) हजार कोठरी, यह तहखानों के रूप में बनी हैं, (7) सोलहखंभा मसजिद, यह सोलह खंभों पर टिकी है। 1656 ई० में दक्षिण के सूबेदार शाहज़ादा औरंगज़ेब ने इसी मसजिद में शाहजहां के नाम से खुतबा पढ़ा था। यह भारत की विशाल मसजिदों में है। एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि इसे कुबली सुल्तानी ने सुल्तान मुहम्मद बहमनी के शासन काल में बनवाया था, (8) वीर संगैया का प्राचीन शिवमंदिर, यह किले के अंदर 'हिंदूकालीन स्मारक है। किंवदंती के अनुसार विजयनगर की लूट में लाई हुई अपार धन राशि इस किले में कहीं छिपा दी गई थी किंतु इसका रहस्य अभी तक प्रकट न हो सका है। बीदर के अन्य स्मारक ये हैं—चौबारा, यह किसी प्राचीन मंदिर का दीपस्तंभ है किंतु इसकी कला मुसलिम-कालीन जान पड़ती है। महमूद गवां का मदरसा, यह बहमनी काल की सबसे अधिक प्रभावशाली इमारत है। और वास्तव में स्थापत्य तथा नक्शे की सुंदरता की दृष्टि से भारत की ऐतिहासिक इमारतों में अद्वितीय है। इस मदरसे का बनाने वाला स्वयं महमूद गवां था जो बहमनी राज्य का परम बुद्धिमान् मंत्री था। यह विद्यानुरागी तथा कलाप्रेमी था। यह मदरसा तत्कालीन समरकंद के उलुग बेग के मदरसे की अनुकृति में बनवाया गया था। इस भवन की मीनारें गोल तथा बहुत भव्य जान पड़ती हैं। प्रवेशद्वार भी बहुत विशाल तथा शानदार थे किंतु अब नष्ट हो गए हैं। महमूद गवां का मकबरा, यह बीदर से 2½ मील दूर नीम के पेड़ों की छाया में स्थित है। प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण यह

मकबरा महमूद गवाँ के प्रभावशाली व्यक्तित्व के अनुरूप न बन सका था पर मध्य युग के इस महापुरुष की स्मृति को सुरक्षित रखने के लिए काफी है। गवा के मदरसे से कुछ दूर एक प्रवेशद्वार है जिसके अंदर एक भवन दिखाई देता है। इसको तख्त-ए-किरमानी कहा जाता है क्योंकि इसका संबंध संत खलीलुल्लाह से बताया जाता है। इसके स्तंभ हिंदू मंदिरों के स्तंभों की शैली में बने हैं। बीदर से प्राय: 2 मील दूर अष्टूर नामक स्थान के निकट बहमनीकालीन आठ मकबरे हैं। इनमें अलाउद्दीनशाह (मृत्यु 1436 ई०) का मकबरा असली हालत में बहुत शानदार रहा होगा। बीदर के बरीदी सुलतानों के मकबरे बीदर से दस फर्लांग की दूरी पर हैं। इनमें अली बरीद (1542-1580) का स्मारक अपने समानुपाती सौंदर्य और सम्मिति के लिए बेजोड़ कहा जाता है। कुछ विद्वानों का विचार है कि बहमनी काल के मकबरों की भारी भरकम शैली इस मकबरे की कला में परिवर्तित रूप में आई है किंतु अन्य लोगों का मत है कि इस स्मारक का भारी गुंबद और संकीर्ण आधार दोषरहित नहीं हैं। मकबरे की दीवारों पर फ़ारसी कवि अतर के शेर खुदे हैं। 1604 ई० में औरंगजेब के शासनकाल में अब्दुलरहमान रहीम की बनाई हुई काली मसजिद काले पत्थर की बनी शानदार इमारत है। फखरुल मुल्क जिलानी का मकबरा एक विशाल, ऊंचे चबूतरे पर बना है। नाई का मकबरा दिल्ली के सुल्तानों के मकबरों की शैली पर बना है। उदगीर मार्ग पर स्थित कुत्ते का मकबरा उसी कुत्ते से संबंधित है जिसका उल्लेख इतिहासलेखक फरिश्ता ने अहमदशाहवली के साथ किया है। उदगीर जाने वाली प्राचीन सड़क पर चार स्तंभ हैं जिन्हें रन खंभ कहा जाता है। दो खंभे एक स्थान पर और दो 591 गज की दूरी पर स्थित हैं। कहा जाता है कि ये स्तंभ बरीदी सुलतानों के मकबरों की पूर्वी और पश्चिमी सीमाएं निर्धारित करते थे।

बीना

मध्यप्रदेश की एक नदी जिसके तट पर एरण या प्राचीन एरकिण बसा हुआ है। बीना नामक क़स्बा भी इसी नदी के तट पर स्थित है।

बीनाझी (बुंदेलखंड, म० प्र०)

मध्यकालीन बुंदेलखंड की वास्तुकला के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

बीसलपुर दे० देवल

बोहट (बुंदेलखंड)

यमुना नदी के पश्चिम में साठ मील दूर इस स्थान पर यौधेय गणराज्य के

सिक्के मिले हैं जो इस स्थान की प्राचीनता के सूचक हैं।

बुंदेलखंड

उत्तर प्रदेश के दक्षिण ओर मध्यप्रदेश के पूर्वोत्तर का पहाड़ी इलाका जिसमें पूर्व स्वातंत्र्य युग में अनेक छोटी बड़ी रियासतें थीं। बुंदेलखंड बुंदेल राजपूतों के नाम पर प्रसिद्ध है जिनके राज्य की स्थापना 14वीं शती में हुई थी। बुंदेलों का पूर्वज पंचम बुंदेला था। बुंदेलखंड का प्राचीनतम नाम जुझौति या यजुर्होती था। श्री गोरेलाल तिवारी का मत है कि बुंदेलखंड नाम विन्ध्येलखंड का अपभ्रंश है। (दे० बुंदेलखंड का संक्षिप्त इतिहास)

बुकेफेला

इस नाम का नगर यवनराज अलक्षेंद्र (सिकन्दर) ने 326 ई० में झेलम नदी के किनारे बसाया था। बुकेफेला अलक्षेंद्र के प्रिय घोड़े का नाम था और भारतीय वीर पुरु या पोरस के साथ युद्ध के पश्चात इस घोड़े का मृत्यु इसी स्थान पर हुई थी। घोड़े की स्मृति में ही इस नगर का नाम बुकेफेला रखा गया था। विंसेंट स्मिथ के अनुसार यह वर्तमान झेलम नाम के नगर (प० पाकि०) के स्थान पर बसा हुआ था और इसके चिह्न नगर के पश्चिम की ओर एक विस्तृत टीले के रूप में आज भी देखे जा सकते हैं (दे० अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया, पृ० 75)

बुद्धगया=बोधिगया

बुरहानपुर (महाराष्ट्र)

ताप्ती नदी के तट पर खानदेश का प्रख्यात नगर है। जो 14वीं शती में खानदेश के एक सुल्तान शेख बुरहानुद्दीन वली के नाम पर बसाया गया था। शाहजहां की प्रिय बेगम मुमताज की मृत्यु इसी स्थान पर हुई थी और उसका शव यहां से आगरे ले जाया गया था। शाहजहां तथा औरंगजेब के समय में बुरहानपुर दकन के सूबे का मुख्य स्थान था। मराठों ने बुरहानपुर को अनेक बार लूटा था और बाद में इस प्रांत से चौथ वसूल करने का हक भी मुगल सम्राट से प्राप्त कर लिया था।

बुर्विबुनेर दे० वृंदारक

बुलंदशहर (उ० प्र०)

कालिन्दी नदी के दक्षिणी तट पर है। अहार के तोमर सरदार परमाल ने इसे बसाया था। पहले यह स्थान बनछटी कहलाता था। कालांतर में नागों के राज्यकाल में इसका नाम अहिवरण भी रहा। पीछे इस नगर को ऊंचनगर कहा जाने लगा क्योंकि यह एक ऊंचे टीले पर बसा हुआ था। मुसलमानों के

शासनकाल मे इसी का पर्याय बुलन्दशहर नाम प्रचलित कर दिया गया। यहां अलगेंद्र के सिक्के मिले थे। 400 से 800 ई० तक बुलन्दशहर के क्षेत्र में कई बौद्ध बस्तियां थीं। 1018 ई० में महमूद गजनवी ने यहां आक्रमण किया था। उस समय यहां का राजा हरदत्त था।

बुलिय, बुल्लिय

बौद्धकालीन गणराज्य जिसकी स्थिति पूर्वी उत्तरप्रदेश या बिहार मे थी। यहां के क्षत्रियों का वर्णन पाली साहित्य में अनेक स्थानों पर है। धम्मपद टीका (हार्वर्ड ओरियंटल सिरीज, 28, पृ० 247) मे अल्लकप्प को ही बुलियों की राजधानी कहा गया है। अल्लकप्प वेठद्वीप या वेतिया (जिला चंपारन) के निकट था। किंतु यह अभिज्ञान निश्चित रूप से ठीक नहीं कहा जा सकता।

बूंदी (राजस्थान)

हाड़ा क्षत्रियों की राजधानी जिसका नाम कोटा के साथ संबद्ध है। यहां चौहानों का बनवाया हुआ तारागढ़ नामक एक प्राचीन दुर्ग स्थित है। चौरासी खंभों की छतरी शिल्प की दृष्टि से उल्लेखनीय है। यह राव राजा अनिरुद्धसिंह की धाई के पुत्र की स्मृति मे बनी थी। शाहजहां के समय मे बूंदी के राजा छत्रसाल हाड़ा थे जो दारा की ओर से औरंगजेब के विरुद्ध धरमत की लड़ाई में वीरतापूर्वक लड़ते-लड़ते मारे गए थे। बूंदी पर मूलतः मीणा लोगों का आधिपत्य था। इसको बसाने वाला बूंदा मीणा कहा जाता है जिसके नाम पर ही इस नगरी का नामकरण हुआ था।

बृहत्सानु दे० बरसाना

बृहत्स्थल

इंद्रप्रस्थ का एक नाम (महाभारत)

बृहद्भट्ट (जिला सहारनपुर, उ० प्र०)

मौर्य-काल मे सुघ्न जनपद का एक ख्यातिप्राप्त नगर था जिसका वर्तमान नाम बेहट है।

बेंगिनाड (आं० प्र०)

संस्कृत के महाकवि पंडित राज जगन्नाथ का जन्म स्थान। ये तेलंग ब्राह्मण थे और मुगल शाहजहां के विशेष कृपापात्र थे। गंगालहरी इनकी प्रसिद्ध रचना है।

बेक्ट्रिया दे० बल्ख, वाह्लिक, बाह्ली

बेगूसराय (बिहार)

यह क़स्बा गंगातट पर स्थित है। इसी पुनीत घाट पर मैथिल कोकिल

विद्यापति मृत्यु के पहले पहुंचना चाहते थे पर मार्ग में ही बाजितपुर नामक स्थान में उनका देहांत हो गया। विद्यापति का नामभठ नामक मंदिर यहां स्थित है।

बेग्राम

प्राचीन कपिशा (अफगानिस्तान) की राजधानी। श्वेत हूणों के आक्रमण के पूर्व दूसरी-तीसरी शती ई० में यह नगर बड़ा समृद्धिशाली था और बौद्ध धर्म का भी यहां काफी प्रचार प्रसार था किंतु हूणों ने इस नगर को विध्वस्त कर डाला और मिहिरकुल का यहां आधिपत्य हो गया। बेग्राम का अभिज्ञान वर्तमान कोहदामन से किया गया है। कपिशा ही इसी नगर में कनिष्क की ग्रीष्मकालीन राजधानी थी।

बेजवाडा, दे० विजयवाड़ा

बेटद्वारका (काठियावाड़, गुजरात)

गोमती द्वारका अथवा मूल द्वारका से बीस मील दूर यह स्थान समुद्र के भीतर एक बेट या द्वीप पर स्थित है। बेट द्वारका को भगवान् श्रीकृष्ण की विहारस्थली माना जाता है। यहां अनेक मंदिर हैं जो वर्तमान रूप में अधिक प्राचीन नहीं है। यह टापू दक्षिण पश्चिम से पूर्वोत्तर तक लगभग सात मील लंबा है किंतु सीधी रेखा में चार मील से अधिक नहीं। पूर्वोत्तर की नोक को हनुमान् अंतरीप कहा जाता है, क्योंकि इस अंतरीप के पास हनुमान जी का मंदिर है। गोपी तालाब जिसकी मिट्टी गोपीचंदन कहलाती है, बेट द्वारका के निकट प्राचीन तीर्थ है।

बेड़ी (बुंदेलखंड)

भूतपूर्व रियासत। इसके संस्थापक अछरजू या अचल्जू पंवार थे। ये 18 वीं शती के अंत में सड़ो (जिला जालौन, उ० प्र०) में आकर रहने लगे थे। इनका विवाह महाराज छत्रसाल के पुत्र राजा जगतराज की कन्या के साथ हुआ था और दहेज में इन्हें बारह लाख की जागीर मिली थी जो बाद में बेड़ी की रियासत बनी।

बेणूर (मैसूर)

हालेबिड से लगभग साठ मील पर यह एक जैन तीर्थ है। यहां 1604 ई० में चामुंडराय के वंशज तिम्मराज ने भगवान् बाहुबली की 37 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित करवाई थी। वेणूर में और भी कई जिनालय हैं। इनमें से एक में एक सहस्र से अधिक मूर्तियां प्रतिष्ठापित हैं।

वेन्गा - वेत्रवती

वेद

जउग की नदी जो सभवत: वाल्मीकि रामायण अयो० 49,8 9 की वेद-श्रुति है।

वेनिया दे० वेटद्वीप

वेनाकटक

गौतमीपुत्र (शातवाहन नरेश, द्वितीय शती ई०) के एक नासिक अभिलेख में इस स्थान का गोवर्धन (नासिक) में स्थित बतलाया गया है।

वेनीसागर (जिला सिंहभूम, बिहार)

9वीं व 10वीं शतियों के प्राचीन हिंदू मदिरो के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। उत्तर-गुप्तकालीन मूर्तिया भी यहा प्राप्त हुई हैं जो पटना के सग्रहालय म सगृहीत हैं। ये मूर्तिया भारी भरकम सी हैं और कला की दृष्टि से नालदा की कलाकृतियो से हीनतर हैं।

वेरीगाजा दे० भृगुकच्छ

वेलखारा (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

अहरौरा के निकट इस स्थान पर एक प्राचीन अभिलिखित स्तभ स्थित है।

वेगाम (महाराष्ट्र)

प्राचीन नाम वेणुग्राम है।

वेलूर (मैसूर)

वेलूर श्रवणबेलगोला स 22 मील दूर है। मध्यकाल मे यहा होयसल-राज्य की राजधानी थी। होयसल वशीय नरेश विष्णुवर्धन का 1117 ई० मे बनवाया हुआ चन्नाकेशव का प्रसिद्ध मदिर वेलूर की ख्याति का कारण है। इस मदिर को, जो स्थापत्य एव मतिकला की दृष्टि से भारत के सर्वोत्तम मदिरो में है, मुसल्मानो ने कई बार लूटा किंतु हिंदू नरेशो ने बार-बार इसका जीर्णोद्धार करवाया। मदिर 178 फुट लबा और 156 फुट चौडा है। परकोटे मे तीन प्रवेशद्वार हैं जिनमे सुदर मूर्तिकारी है। इसम अनेक प्रकार की मूर्तिया जैसे हाथी, पौराणिक जीवजतु, मालाए, स्त्रिया आदि उत्कीर्ण हैं। मदिर का पूर्वी प्रवेशद्वार सर्वश्रेष्ठ है। यहा रामायण तथा महाभारत के अनेक दृश्य अकित हैं। मदिर म चालीस वातायान हैं जिनमे से कुछ के पर्दे जालीदार हैं और कुछ मे ज्यामितिक आकृतिया बनी हैं। अनेक खिड़कियो म पुराणों तथा विष्णुवर्धन की राजसभा के दृश्य हैं। मदिर की सरचना दक्षिण भारत के अनेक मदिरो की भाति तारकाकार है। इसके स्तभो के शीर्षाधार नारी-मूर्तियों के रूप

में निर्मित हैं और अपनी सुंदर रचना, सूक्ष्म तक्षण और अलंकरण में भारत भर में बेजोड़ कहे जाते हैं। ये नारीमूर्तियां मदनकई (=मदनिका) नाम से प्रसिद्ध हैं। गिनती में ये 38 हैं, 34 बाहर और शेष अंदर। ये लगभग 2 फुट ऊंची हैं और इन पर उत्कृष्ट प्रकार की श्वेत पॉलिश है जिसके कारण ये मोम की बनी हुई जान पड़ती हैं। मूर्तियां परिधान रहित हैं, केवल उनका सूक्ष्म अलंकरण ही उनका आच्छादन है। यह विन्यास रचना सौष्ठव तथा नारी के भौतिक तथा आंतरिक सौंदर्य की अभिव्यक्ति के लिए किया गया है। मूर्तियों की भिन्न भिन्न भावभंगिमाओं के अंकन के लिए उन्हें कई प्रकार की क्रियाओं में संलग्न दिखाया गया है। एक स्त्री अपनी हथेली पर अवस्थित शुक को बोलना सिखा रही है। दूसरी धनुष संधान करती हुई प्रदर्शित है। तीसरी बांसुरी बजा रही है, चौथी केश प्रसाधन में व्यस्त है, पांचवीं सद्य स्नाता नायिका अपने बालों को सुखा रही है, छठी अपने पति को तांबूल प्रदान कर रही है और सातवीं नृत्य की विशिष्ट मुद्रा में खड़ी है। इन कृतियों के अतिरिक्त वानर से अपने वस्त्रों को बचाती हुई युवती, वाद्ययंत्र बजाती हुई मदविह्वला नवयौवना तथा पट्टी पर प्रणय संदेश लिखती हुई विरहिणी, ये सभी मूर्तिचित्र बहुत ही स्वाभाविक तथा भावपूर्ण हैं। एक अन्य मनोरंजक दृश्य एक सुंदरी बाला का है जो अपने परिधान में छिपे हुए बिच्छू को हटाने के लिए बड़े संभ्रम में अपने कपड़े झटक रही है। उसकी भयभीत मुद्रा का अंकन मूर्तिकार ने बड़े ही कौशल से किया है। उसकी दाहिनी भौंह बड़े बांके रूप में ऊपर की ओर उठ गई है, और डर से उसके समस्त शरीर में तनाव का बोध होता है। तीव्र श्वास के कारण उदर में बल पड़ गए हैं जिसके परिणामस्वरूप कटि और नितंबों की विषम रेखाएं अधिक प्रवृद्ध रूप में प्रदर्शित की गई हैं। मंदिर के भीतर की शीर्षाधार मूर्तियों में देवी सरस्वती का उत्कृष्ट मूर्ति-चित्र देखते ही बनता है। देवी नृत्यमुद्रा में है जो विद्या की अधिष्ठात्री के लिए सर्वथा नई बात है। इस मूर्ति की विशिष्ट कला की अभिव्यंजना इसकी गुरुत्वाकर्षण-रेखा की अनोखी रचना में है। यदि मूर्ति के शिर पर पानी डाला जाए तो वह नासिका से नीचे होकर वाम पार्श्व से होता हुआ खुली वाम हथेली में आकर गिरता है और वहां से दाहिने पांव के नृत्य मुद्रा में स्थित तलवे (जो गुरुत्वाकर्षण रेखा का आधार है) में होता हुआ बाएं पांव पर गिर जाता है। वास्तव में होयसल वास्तु विशारदों ने इन कलाकृतियों के निर्माण में मूर्तिकारी की कला को चरमावस्था पर पहुंचा कर उन्हें संसार की सर्वश्रेष्ठ शिल्पकृतियों में उच्चस्थान का अधिकारी बना दिया है। 1433 ई० में ईरान के यात्री अब्दुल रज़ाक ने इस मंदिर के

बारे म लिखा था कि वह इसके शिल्प का वर्णन करते हुए डरता था कि कहीं उसके प्रशंसात्मक कथन को लोग अतिशयोक्ति न समझ लें।

बेस

ग्वालियर तथा भूपाल रियासत म बहने वाली नदी। बेसनगर कस्बा इसी नदी क नाम पर प्रसिद्ध है। बेस और बेतवा के सगम पर प्राचीन काल की प्रसिद्ध नगरी विदिशा बसी हुई थी। शायद बेस नदी को महाभारत सभा० 9,18 म विदिशा कहा गया है।—'कालिंदी विदिशा वेणा नर्मदा वेगवाहिनी'। यह कालिदास के मेघदूत, पूर्वमेघ 28 की नगनदी भी हो सकती है।

बेसनगर (जिला भीलसा, म० प्र०)

यह प्राचीन विदिशा और पाली ग्रंथो का वेस्सनगर है। यह कस्बा भीलसा से दो मील पश्चिम की ओर प्राचीन विदिशा के स्थान पर बसा हुआ है। यहा के खडहरो म से अनेक प्राचीन महत्वपूर्ण अवशेष प्राप्त हुए हैं। इनम हिलियोडोरस का स्तंभ जिसे स्थानीय लोग खमबाबा कहते हैं मुख्य है। इस पर अकित अभिलेख (लगभग 130 ई० पू०) से सूचित होता है कि इसे हिलियोडोरस नामक ग्रीक ने भगवान् वासुदेव (कृष्ण) के स्मारक के रूप म बनवाया था। यह यवन, तक्षशिला के भागवत (हिंदू) यवनराज अतियालसिडस (Antialcides) का राजदूत था जिसे विदिशा के महाराज भागभद्र की राजसभा म भेजा गया था। इस स्तंभ-लेख से बौद्धधर्म की अवनति के साथ साथ हिंदू या भागवत धर्म की बढती हुई शक्ति का जिसने स्वसभ्यताभिमानी ग्रीकों को भी अपने प्रभाव म आबद्ध कर लिया था, सुदर परिचय मिलता है।

बेसीन (महाराष्ट्र)

बबई स 40 माल दूर है। एक कन्हेरी के गुहा-अभिलेख म इस स्थान का वदया नाम से अभिहित किया गया है। बेसीन को गुजरात क सुलतान बहादुरशाह ने 1534 ई० म पुर्तगालियो क हाथ बेच दिया था। इसके पश्चात दो सौ वर्ष तक बसीन पुर्तगालियो क पास रहा। इस काल मे बेसीन को पुर्तगालियो ने श्री-समृद्धि म सपन्न करने म कोई कसर न छोडी, यहा तक कि अपने वैभव और ऐश्वर्य क कारण यह स्थान कोर्ट ऑव दि नार्थ (Court of the North) कहलाने लगा। बेसीन म पुर्तगालियो ने एक सुदृढ़ दुर्ग का भी निर्माण करवाया। किंतु कालातर म बेसीन के पुर्तगालियो न परिवर्ती प्रदेश म लूटमार करनी शुरू कर दी और उनके अत्याचार म तग आकर 16 मई 1739 ई० को मराठो ने बेसीन को उनसे छीन लिया। इस युद्ध म चिमनाजी अप्पा न बहुत वीरता दिखाई। अप्पा जी ने भी अपना एक दुर्ग बनवाया जिसके अंदर

वज्रेश्वरी देवी का मंदिर भी स्थित था। 1802 में बेसीन की संधि के फल-स्वरूप, जो बाजीराव पेशवा ने अंग्रेजों के साथ की थी, मराठा सरदारों में विरोध का तूफान उठ खड़ा हुआ और मराठों ने अंग्रेजों के साथ युद्ध करने का निश्चय कर लिया। बेसीन का किला समुद्रतट के निकट है और कई छोटे-छोटे बंदरगाह किले के निकट स्थित हैं। इसमें से माडवी बंदर से समुद्र का दृश्य बहुत भव्य दिखाई देता है। पुर्तगालियों की बनवाई हुई अनेक इमारतें, विशेषतः गिरजाघर, यहां आज भी विद्यमान हैं। बसीन पुर्तगालियों के विरुद्ध भारतीयों के स्वतंत्रता-संग्राम का प्रथम स्मारक है।

बेहट

(1) (ज़िला ग्वालियर, म० प्र०) ग्वालियर से 35 मील दूर इस ग्राम को अकबर की राजसभा के प्रसिद्ध संगीतज्ञ तानसेन (1532-1599 ई०) का जन्मस्थान माना जाता है। यहां एक प्राचीन शिवमंदिर है जिसके विषय में किंवदंती है कि यह तानसेन के गायन के प्रभाव से टेढ़ा हो गया था। यह आज भी वैसा ही है। आईने अकबरी में अकबरी-दरबार के 36 गायकों की जो सूची दी गई है उसमें 15 ग्वालियर के निवासी थे। इन्हीं में तानसेन भी थे। यह संभव है कि तानसेन मूलतः बेहट के ही रहनेवाले रहे हों और पीछे ग्वालियर में जाकर बस गए हों। उनकी समाधि ग्वालियर में अपने संगीत-गुरु सूफीसंत मुहम्मद गौस के मकबरे के पास है।

(2)=बृहद्‌भट्ट

बैजनाथ (ज़िला अल्मोड़ा, उ० प्र०)

यह स्थान गोमती नदी के तट पर है। यहां नंदा देवी का मंदिर और रणचूला के क़िले में काली का मंदिर स्थित हैं।

बेज़वाड़ा दे० विजयवाड़ा

बैतालवारी (ज़िला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

इस स्थान पर कई प्राचीन किलाबंदियां और दुर्ग आदि हैं जिन पर मध्य-कालीन अभिलेख अंकित पाए गए हैं।

बैभार दे० वैभार

बैराट

(1) (ज़िला जयपुर, राजस्थान) कहा जाता है कि महाभारतकाल में मत्स्य-जनपद की राजधानी विराट-नगर या विराटपुर, इसी स्थान के निकट बसी हुई थी। यहां एक चट्टान पर अशोक का शिलालेख सं० 1, उत्कीर्ण है। अशोक का एक दूसरा अभिलेख एक पाषाण-पट्ट पर अंकित है जो अब कलकत्ते के रायल एशियाटिक सोसाइटी के संग्रहालय में सुरक्षित है।

बैराट या विराट जयपुर से 41 मील उत्तर की ओर स्थित है। यह मत्स्य देश के (महाभारत के समय के) राजा विराट के नाम पर प्रसिद्ध है। विराट की कन्या उत्तरा का विवाह अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु से हुआ था। अपने अज्ञातवास का एक वर्ष पांडवों ने यहीं बिताया था और भीम ने विराटराज के सेनापति कीचक का वध इसी स्थान पर किया था। महाभारत से ज्ञात होता है कि मत्स्यदेश की राजधानी वास्तव में उपप्लव्य थी किंतु विराट के नाम पर सामान्यतः इस विराट या विराटनगर कहते होंगे। यह भी संभव है कि उपप्लव्य विराटनगर से भिन्न हो, क्योंकि महाभारत के टीकाकार नीलकंठ ने विराट 72,14 की टीका में उपप्लव्य का 'विराटनगरसमीपस्थनगरान्तरम' लिखा है (दे० उपप्लव्य)। बैराट में आज भी एक गुफा में भीम के रहने का स्थान बताया जाता है (अन्य पांडवों के नाम की गुफाएं भी हैं)। बैराट को सिद्ध पीठ भी माना जाता है। बैराट में अकबर के समय से कुछ पूर्व बना एक सुंदर जैन मंदिर भी है जिसका शुद्धीकरण जैन मुनि हरिविजय सूरी द्वारा किया गया था। यह तथ्य मंदिर में उत्कीर्ण एक अभिलेख में अंकित है। मुनि हरिविजय, अकबर के समकालीन थे और इनके उपदेशों से प्रभावित होकर मुगल सम्राट् ने वर्ष में 160 दिन के लिए पशुवध पर रोक लगा दी थी।

कुछ विद्वानों के मत में युवानच्वांग ने (सातवीं सदी के आरम्भ में) जिस पारयात्र नामक नगर का उल्लेख अपने यात्रावृत्त में किया है वह बैराट ही था। यहां का तत्कालीन राजा वैश्यजाति का था।

(2) (तहसील रानीखेत, जिला अल्मोड़ा) इस स्थान को स्थानीय लोकश्रुति में महाभारत के राजा विराट की राजधानी विराटनगर बताया जाता है। एक पत्थर पर भीमसेन द्वारा अंकित चिह्न भी दिखाए जाते हैं। अधिकांश विद्वानों के मत में महाभारतकालीन मत्स्य देश की राजधानी जिला जयपुर में स्थित बैराट नामक नगर था [दे० बैराट (1)] और मत्स्य जनपद में वर्तमान अलवर-जयपुर का परिवर्ती प्रदेश शामिल था। महाभारत में मत्स्य को शूरसेन (मथुरा) के पड़ोस में बताया गया है जिससे इस अभिज्ञान की पुष्टि होती है। जिला अल्मोड़ा के बैराट के विषय में किंवदंती का आधार केवल नाम-साम्य ही जान पड़ता है।

बोधगया=बोधिगया

बोधान (जिला निजामाबाद, आं० प्र०)

इस स्थान पर प्राचीन काल में एक सुंदर मंदिर था जिसे मुहम्मद तुगलक

के समय मे मसजिद के रूप मे परिवर्तित कर दिया गया था जैसा कि यहा अंकित दो फारसी अभिलेखो मे ज्ञात होता है। इसे अब भी देवल मसजिद कहते हैं। बोधान के राष्ट्रकूट नरेशो के शासनकाल के कन्नड-तेलुगु के कई अभिलेख प्राप्त हुए हैं। इस स्थान का प्राचीन नाम शायद बोधायन था।

बोधायन

(1) दे० बोधान

(2) दे० बाधन

बोधिगया (बिहार)

गौतम बुद्ध ने इसी स्थान पर 'सबोधि' प्राप्त की थी (दे० गया)। इस स्थान से कई महत्वपूर्ण अभिलेख मिले हैं जिनसे यह अभिज्ञान प्रमाणित होता है। 269 गुप्तसवत् = 588-589 ई० के एक अभिलेख मे सभवत: सिहलदेश के बौद्धनरेश महानामन् (जो पाली महावश का कर्ता था) द्वारा बोधिमड (बोधिद्रुम के नीचे बुद्धासन या किसी बिहार का नाम) के निकट एक बुद्ध-गृह के निर्माण किए जाने का उल्लेख है। महावश के सपादक टर्नर का मत है कि अभिलेख का महानामन्, सिहलनरेश नही हो सकता क्योकि राजा महानामन् ने 459-477 ई० के लगभग (अपने भगिनीसुत धातुसेन के शासन काल मे महावश का सकलन किया था और यह तिथि गया के उपर्युक्त अभिलेख से मेल नही खाती। इसी स्थविर महानामन् का एक दूसरा मूर्तिलेख भी बोधिगया से ही प्राप्त हुआ है। इसमे इस मूर्ति के दान मे दिए जाने का उल्लेख है। बौद्ध सघ के नियमो के अनुसार कोई व्यक्ति 30 वर्ष की आयु से पूर्व स्थविर नही बन सकता था।

बोधिमड

महावश 29,41 मे वर्णित बोधिगया के निकट एक विहार। यहा से तीस सहस्र भिक्षुओ को साथ लेकर स्थविर चित्रगुप्त सिहल देश गए थे। बोधिमड का उल्लेख महानामन् स्थविर के बोधिगया अभिलेख मे भी है। (दे० बोधिगया)

बोरपल्ली (जिला करीमनगर, आ० प्र०)

13वी-14वी शती मे बना एक मदिर यहा का ऐतिहासिक स्मारक है। मदिर मे नदी की एक प्रस्तर मूर्ति है तथा कन्नड भाषा के अभिलेख उत्कीर्ण हैं।

बोरविली (महाराष्ट्र)

बबई से 22 मील। रेलस्टेशन के निकट ही कृष्णगिरि उपवन है जहा 101 बौद्ध गुहामदिर स्थित हैं जिनका निर्माण काल प्रथम शती ई० पू० से 5वी शती

ई० तक माना गया है। भारत में, संख्या की दृष्टि से, इनसे अधिक गुहामंदिर एक ही स्थान पर कहीं और नहीं हैं।

बोर्नियो द्वीप (इंडोनेशिया)

संभवतः इस विशाल द्वीप का प्राचीन नाम बर्हिण द्वीप है।

बौध (उड़ीसा)

तांत्रिक बौद्धधर्म के अवशेष यहां के खंडहरों से प्राप्त हुए हैं (दे० महताब—ए हिस्ट्री ऑव उड़ीसा, पृ० 155)। इसके अतिरिक्त शिव एवं विष्णु के मंदिरों के साथ-साथ एक ही स्थान पर होने से मध्यकालीन संस्कृति में इन दोनों संप्रदायों की एकता प्रकट होती है।

ब्रज=व्रज

ब्रह्मकुंड

(1) (मद्रास) रामेश्वरम् की 5 मील की परिक्रमा में यह प्राचीन पुण्यस्थल है। यहां महिषमर्दिनी का मंदिर भी है।

(2)=ब्रह्मसर=मानसरोवर। कालिकापुराण में ब्रह्मपुत्र या लौहित्य का उद्गम ब्रह्मकुंड में माना गया है—'ब्रह्मकुंडात् सुत सोऽयं कामारे लोहिताह्वय, कैलासोपत्यकायातुत्पन्न् ब्रह्मण सुत.' (दे० लौहित्य)। कालिदास ने सरयू का उद्गम ब्रह्मसर (=मानसरोवर) से माना है जो कालिकापुराण का ब्रह्मकुंड ही है। सरयू तथा लौहित्य (ब्रह्मपुत्र) दोनों ही मानसरोवर से निकलती हैं। दे० सरयू।

ब्रह्मगिरि

(1)=वेदगिरि

(2) (महाराष्ट्र) पश्चिमी घाट की गिरिमाला में स्थित त्र्यंबक पर्वत का एक भाग ब्रह्मगिरि कहलाता है। गोदावरी नदी यहीं से उद्भूत होती है। स्रोत के निकट पहुंचने के लिए 750 सीढ़ियां हैं। गोदावरी का जल पहले कुशावर्त कुंड में गिरकर पृथ्वी के भीतर बहता हुआ 6 मील दूर चक्रतीर्थ में प्रकट होता है। ब्रह्मगिरि में एक प्राचीन दुर्ग अवस्थित है।

(3) (जिला चीतलदुर्ग, मैसूर) अशोक का लघुमुख्य शिलालेख सं० I इस स्थान पर एक चट्टान पर उत्कीर्ण है। यह स्थान मास्की के साथ ही अशोक के साम्राज्य की दक्षिणी सीमारेखा पर स्थित था।

(4) कुर्ग के दक्षिण में स्थित पर्वतमाला।

(5) (जिला पुरी, उड़ीसा) चोड़ गंगदेव (12वीं सती ई०) के बनवाए आलारनाथ के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। यह विष्णु, लक्ष्मी, रुक्मिणी और

सरस्वती का मंदिर है।

ब्रह्मदेश

वर्तमान बर्मा (विशेषतः दक्षिणी बर्मा) का प्राचीन भारतीय नाम। बौद्ध साहित्य में इसे सुवर्णभूमि भी कहा गया है। विद्वानों का मत है कि भारतीय सभ्यता ब्रह्मदेश में ईसवी सन् के प्रारंभ होने से बहुत पूर्व ही पहुंच गई थी।

ब्रह्मपुत्र

मानसरोवर से यह नदी सांपो नाम धारण करके निकलती है और ग्वालंदो घाट (बंगाल) के निकट गंगा में मिल जाती है। (दे० लौहित्य)

ब्रह्मपुर दे० मुडाल

ब्रह्ममाला

वाल्मीकि रामायण किष्किंधा० 40, 22 में सुग्रीव द्वारा पूर्व दिशा में वानर सेना के भेजे जाने के प्रसंग में इस देश का उल्लेख है—'मही कालमही चापि शैलकाननशोभिता ब्रह्ममालान्विदेहांश्च मालवान्काशिकोसलान्'। प्रसंगानुसार यह जनपद विदेह तथा मालव-देश के निकट जान पड़ता है। संभव है कि यह ब्रह्मावर्त या बिठूर (उ० प्र०) का ही नाम हो किंतु यह अभिज्ञान अनिश्चित है।

ब्रह्मराइच दे० बहराइच

ब्रह्मराष्ट्र

चीनी यात्री इत्सिंग (672 ई०) ने भारत का तत्कालीन नाम ब्रह्मराष्ट्र बताया है। इससे उस समय पुनरुज्जीवित हिंदू धर्म की बढ़ती हुई महत्ता का प्रमाण मिलता है। बौद्धधर्म सातवीं शती में अस्तोन्मुख हो चला था।

ब्रह्मर्षि देश

मनुस्मृति 2,19 के अनुसार कुरु, पंचाल, शूरसेन तथा मत्स्य देशों का सम्मिलित नाम—'कुरुक्षेत्रं च मत्स्याश्च पंचालाः शूरसेनकाः, एष ब्रह्मर्षि देशो वै ब्रह्मावर्तादनन्तर'।

ब्रह्मवर्धन

पाली साहित्य में काशी का एक नाम। जातकों में प्रायः काशी के राजाओं को ब्रह्मदत्त नाम से अभिहित किया गया है।

ब्रह्मसर

(1) मानसरोवर (तिब्बत) को प्राचीन संस्कृत साहित्य में ब्रह्मसर भी कहा गया है। कालिदास ने रघुवंश, 13,60 में सरयू नदी की उत्पत्ति ब्रह्मसर से बताई है—'ब्राह्मसरः कारणमाप्तवाचो बुद्धेरिवाव्यक्तमुदाहरन्ति'। मल्लिनाथ

न अपनी टीका में 'ब्राह्मसरो मानसाख्यं यस्याः सरय्वाः'—आदि लिखा है जिससे स्पष्ट है कि सरयू का उद्गम मानसरोवर या ब्रह्मसर है। कवि की विचित्र उपमा से यह भी ज्ञात होता है कि कालिदास के समय में ब्रह्मसर तक पहुंचना यद्यपि अधिकांश लोगों के लिए असंभव ही था फिर भी सब लोगों का परम्परागत विश्वास यही था कि सरयू मानसरोवर से उद्भूत होती है। किंतु साथ यह भी दृष्टव्य है कि इस विशिष्ट भौगोलिक तथ्य की खोज, जो उस प्राचीन समय में बहुत ही कठिन रही होगी, कालिदास के समय के बहुत पूर्व ही हो चुकी थी। कालिकापुराण में ब्रह्मपुत्र या लौहित्य का उद्भव भी ब्रह्मकुंड या ब्रह्मसर से ही माना गया है। यह भी भौगोलिक तथ्य है। (दे० सरयू, लौहित्य)

(2) महाभारत अनुशासन० में पुष्कर (जिला अजमेर, राजस्थान) के प्रसिद्ध सरोवर का एक नाम। यह ब्रह्मा के तीर्थ के रूप में प्राचीन काल से ही प्रख्यात है।

(3) कुरुक्षेत्र में स्थित सरोवर। शतपथ ब्राह्मण के कथानक के अनुसार राजा पुरु को खोई हुई अप्सरा उर्वशी इसी स्थान पर कमलों पर क्रीड़ा करती हुई मिली थी।

ब्रह्मसानु दे० बरसाना।

ब्रह्मस्थल

जैनग्रंथ वसुदेव हिंडि (7वीं–8वीं शती ई०) में हस्तिनापुर (जिला मेरठ, उ० प्र०) का एक नाम। इस ग्रंथ में महाभारत की कथा का जैन रूपांतर किया गया है।

ब्रह्महृद (राजस्थान)

सुहाग्न या प्राचीन लोहार्गल पर्वत की तलहटी में यह पुराण-प्रसिद्ध तीर्थ स्थित है। कहा जाता है कि महाभारत-युद्ध के पश्चात् पांडवों ने यहां की यात्रा की थी।

ब्रह्मा

मध्य-रेलवे के पुरली-वैजनाथ-विकाराबाद मार्ग पर स्थित जहीराबाद से 8 मील वेतकी-संगम नामक क्षेत्र के निकट प्रवाहित होने वाली नदी।

ब्रह्मावर्त

(1) वैदिक तथा परवर्ती काल में ब्रह्मावर्त पंजाब का वह भाग था जो सरस्वती और दृषद्वती नदियों के मध्य में स्थित था। (दे० मनुस्मृति 2,17—'सरस्वती दृषद्वत्योर्देव, नद्योर्यदन्तरम् त देवनिर्मितं देश ब्रह्मावर्तं प्रचक्षते')

मेकडानेल्ड के अनुसार दृषद्वती वर्तमान घग्गर या घोगरा है। प्राचीन काल मे यह यमुना और सरस्वती नदियो के बीच मे बहती थी। कालिदास ने मेघदूत मे महाभारत की युद्धस्थली—कुरुक्षेत्र को ब्रह्मावर्त मे माना है—'ब्रह्मावर्तं जनपदमथच्छायया गाहमानः, क्षेत्रंक्षत्र प्रधनपिशुनं कौरवं तद्भजेथाः' पूर्वमेघ, 50। अगले पद्य 51 मे कालिदास ने ब्रह्मावर्त मे सरस्वती नदी का वर्णन किया है। यह ब्रह्मावर्त की पश्चिमी सीमा पर बहती थी। किंतु अब यह प्रायः लुप्त हो गई है।

(2) बिठूर (जिला कानपुर, उ० प्र०) महाभारत मे इस स्थान को पुण्य-तीर्थों की श्रेणी में माना गया है—'ब्रह्मावर्तं ततो गच्छेद् ब्रह्मचारी समाहितः', अश्वमेधमवाप्नोति सोमलोकं च गच्छति'।

ब्रह्मोद (म० प्र०)

पुराणो मे उल्लिखित ब्रह्मोद तीर्थ नर्मदा के तट पर स्थित वर्तमान गोरा-घाट नामक स्थान है।

ब्राह्मण जनपद दे० बहमनाबाद

ब्राह्मणावह

राजशेखर ने काव्यमीमांसा मे ब्राह्मणजनपद का ब्राह्मणावह नाम से उल्लेख किया है।

ब्राह्मणी

उड़ीसा की एक पवित्र मानी जाने वाली नदी जो जिला बालासोर मे बहती है। इसका महाभारत भीष्म० 9,33 मे उल्लेख है—'ब्राह्मणी च महागौरी दुर्गामपि च भारत'।

भगोल (सौराष्ट्र, गुजरात)

इस स्थान से 1954 ई० मे किए जाने वाले उत्खनन से प्रागैतिहासिक काल के अनेक अवशेष प्रकाश मे आए है। यह स्थान हलार क्षेत्र के अंतर्गत है।

भंडग्राम

बौद्धकाल का एक व्यापारिक नगर जिसकी स्थिति श्रावस्ती से राजगृह जाने वाले वणिक्पथ पर थी (दे० युग-युगो मे उत्तर प्रदेश, पृ० 6)

भंवरगढ़ (जिला नरसिंहपुर, म० प्र०)

गढ़मंडला नरेश संग्रामशाह (मृत्यु 1541 ई०) के बावन गढ़ो मे से एक की स्थिति भंवरगढ़ मे थी। संग्रामशाह वीरांगना महारानी दुर्गावती के श्वसुर और दलपतशाह के पिता थे।

मक्खर (सिंध, पाकि०)

यह छोटा सा प्राचीन कस्बा है जो मुसलमानों के शासनकाल में प्रसिद्ध था—शिवाजी के राजकवि भूषण ने इसका उल्लेख किया है—'सक्खरलौं मक्खर लौं मक्खर लौं चले जाते टक्कर लिवैया कोई आर है न पार है'—भूषण ग्रंथावलि० फुटकर 37,, 'मक्खर प्रबल दल मक्खर लौं दौरिकर आय साहिजू को नद बांधी लेत बाकरी'—भूषण ग्रंथावलि, पृ० 101. श्री वा० श० अग्रवाल के मत में पाणिनि ने अष्टाध्यायी 4,3,32 में मक्खर का 'अपकर' नाम से उल्लेख किया है।

मक्तपुर (नेपाल) दे० भटगांव

भगवानगज (बंगाल)

दीनाजपुर तहसील के दक्षिण की ओर स्थित है। युवानच्वांग ने जिस द्रोणस्तूप का उल्लेख किया है वह समवत इसी स्थान पर था। स्तूप के खंडहर अब भी पुनपुन नदी के निकट हैं।

भग्ग

बौद्धकालीन गणराज्य। महाभारत में इसे भर्ग कहा गया है और इसका उल्लेख वत्सजनपद के साथ है। इसे भीमसेन ने अपनी दिग्विजय यात्रा में जीता था—'वत्सभूमि च कौंतेयो विजिग्ये बलवान् बलात् भर्गाणामधिप चैव निषादा-धिपतिं तथा' सभा० 30,10-11. धोनसाख जातक (स० 353) में भग्ग की सुंसुमारगिरि नामक राजधानी का वत्स और भर्ग का साथ-साथ उल्लेख है—'प्रतर्दनस्य पुत्रौ द्वौ वत्सभर्गौ बभूवतु' और प्रतर्दन के पुत्र का नाम भर्ग बताया गया है जिसके नाम पर यह जनपद प्रसिद्ध हुआ होगा। भर्गक्षत्रियों का उल्लेख ऐतरेय ब्राह्मण 3,84,31 तथा अष्टाध्यायी 4,1,111-177 में भी है। उपर्युक्त उल्लेख से भग्ग गणराज्य की स्थिति वत्स (कौशांबी प्रयाग) के पार्श्ववर्ती क्षेत्र में सिद्ध होती है। सुंसुमारगिरि का अभिज्ञान चुनार (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०) की पहाड़ी से किया गया है।

भटगांव (नेपाल)

काठमांडू से 8 मील दूर है। यहां नेपाल के प्राचीन नेवार राजवंश की राजधानी थी। भटगांव के कई मंदिर उल्लेखनीय हैं। भवानी का मंदिर पांच मंजिला है और पांच उभरी संरचनाओं के ऊपर अवस्थित है। निकटवर्ती महादेव का मंदिर दुमंजिला है। पास ही उत्तर की ओर कृष्ण-मंदिर है जिसकी आकृति खजुराहो के मंदिरों के विमानों के अनुरूप है। सिद्धेश्वरी मंदिर

1640-1650 में बना था। इसके अतिरिक्त विनायक गणेश का मंदिर भी प्रसिद्ध है। इसका प्राचीन नाम भक्तपुर था।

भटिंडा (पंजाब)

यह मध्यकालीन नगर है जिसे कुछ तत्कालीन मुसलमान इतिहासकारों ने तबरहिंद कहा है। प्रायः एक सहस्र वर्ष प्राचीन एक दुर्ग यहां का मुख्य ऐतिहासिक स्मारक है। इसकी ऊंचाई 125 फुट है और इस पर 36 बुर्ज बने हैं। प्राचीन काल में सतलज नदी इसी दुर्ग के नीचे बहती थी। दुर्ग के निर्माता भट्टी राजपूत थे जिनके नाम पर यह नगर प्रसिद्ध है। गुलाम वंश की रजिया बेगम (1236-1240 ई०) इस किले में कुछ समय तक कैद रही थी और कहते हैं यहीं उसकी मृत्यु भी हुई थी। किले का एक बुर्ज 14-10-56 को टूटकर गिर पड़ा था।

भट्टग्राम = गढ़वा (जिला इलाहाबाद, उ० प्र०)

प्रयाग से लगभग 25 मील दक्षिण-पश्चिम की ओर और प्रयाग-जबलपुर रेलपथ पर शंकरगढ़ स्टेशन से 6 मील उत्तर-पश्चिम में बसा हुआ छोटा सा ग्राम है। गुप्तकाल में यह स्थान काफी महत्त्वपूर्ण और समृद्ध था जैसा कि यहां से प्राप्त शिलालेखों तथा मूर्तियों के अवशेषों से सूचित होता है। इसका वर्तमान नाम भटगढ़ या बरगढ़ है और सामान्यतः इसे गढ़वा भी कहते हैं। यहां के प्राचीन गढ़ के ध्वंसावशेष अब भी विद्यमान हैं। (दे० गढ़वा)

भट्टिप्रोलु (जिला कृष्णा, आ० प्र०)

एक बौद्धकालीन स्तूप के खंडहरों तथा अन्य अवशेषों के लिए यह स्थान विख्यात है। ई० सन् के पूर्व के कई अभिलेख भी यहां से प्राप्त हुए हैं जो मास्की के अशोक के शिलालेख के अतिरिक्त, दक्षिण के प्राचीनतम अभिलेख माने जाते हैं। एक अभिलेख में 'कुबिरक' नामक आंध्र नरेश का उल्लेख है। इसकी तिथि 200 ई० पू० के लगभग मानी गई है। शायद इसी आंध्र नरेश को सर्वप्रथम ऐतिहासिक आंध्र शासक समझना चाहिए। विद्वानों का विचार है कि भट्टिप्रोलु का बौद्ध स्तूप आंध्र में अमरावती तथा अन्यत्र प्राप्त स्तूपों के अनुरूप ही रहा होगा।

भडौंच दे० भृगुकच्छ

भतकल (उत्तरी कनारा, मैसूर)

एक मध्यकालीन वर्गाकार और शिखररहित जैन मंदिर के लिए यह

स्थान उल्लेखनीय है। मंदिर का प्रदक्षिणापथ पटा हुआ है और शिखरविहीन छत पर ढालू पत्थर लगा है। आश्चर्य है कि गुप्तकालीन मंदिरों की परंपरा, ग्यारह सौ वर्षों के पश्चात् भी सुदूर दक्षिण में इस मंदिर के रूप में जीवित पाई जाती है। मंदिर के गर्भगृह के सामने एक मंडप की विद्यमानता भी भटकल के मंदिर की विशेषता है। यह जैन मंदिर अपने बहिरलंकरण के लिए अधिक दर्शनीय नहीं है किंतु इसके भीतरी भाग में सुंदर अलंकरण प्रचुरता से अंकित हैं। मंदिर पाषाणचित्तियों पर बना है जिससे इसके फर्श के नीचे स्थान-स्थान पर अवकाश है। मंदिर के निकट एक ही पत्थर का बना दीपस्तंभ है जिस पर पाषाणनिर्मित दीपक आरूढ़ है। गर्भगृह की छत सबसे ऊँची है और तत्पश्चात प्रथम और द्वितीय प्रदक्षिणा-पथों की छतें हैं जो क्रम से नीची होती चली गई हैं।

भदरवार

जिला ग्वालियर (म० प्र०) में अटेर और भिंड के परिवर्ती क्षेत्र का मध्यकालीन नाम। यहां राजपूतों की भदौरिया नामक शाखा का राज्य था।

भद्रवटिका=भद्दवतिका

सुरामानजातक में उल्लिखित एक व्यापारिक नगर जिसकी स्थिति कौशांबी (जिला इलाहाबाद, उ०प्र०) के पूर्व में थी। इस नगरी का प्राचीन नाम भद्रावती जान पड़ता है।

भद्दिय

प्राचीन अंग की महत्त्वपूर्ण नगरी जिसका बौद्धजातक कथाओं में उल्लेख है। मिगारमाता विसाखा, जिसकी कथाएं पाली साहित्य में विख्यात हैं का जन्म भद्दिय में ही हुआ था। इसी नगरी को समवतः भद्दवतिं या भद्रिका नाम से भी अभिहित किया गया है। कुछ विद्वानों का मत है कि यह वर्तमान मुंगेर ही का प्राचीन नाम है।

भद्दिलपुर

अंतकृतदशांग-सूत्र नामक जैन ग्रंथ में इस नगर को जितशत्रु नामक राजा की राजधानी बताया गया है। यहां स्थित श्रीवन नामक उद्यान का भी उल्लेख है। यह शायद भद्दिय ही है।

भद्रंकर

प्रो० प्रिज़लुस्की के अनुसार मूल सर्वास्तिवादी विनय में शाकल या सियालकोट (पंजाब, पाकि०) का एक नाम है।

भद्र दे० भद्रा

भद्रकर्णेश्वर

महाभारत में इस तीर्थ का वनपर्व के अंतर्गत तीर्थ-प्रसंग में उल्लेख है, 'भद्रकर्णेश्वरं गत्वा देवमभ्यर्च्य यथाविधि, न दुर्गतिमवाप्नोति नाकपृष्ठे च पूज्यते' वन० 84,39। भद्रकर्णेश्वर का अभिज्ञान जिला गढ़वाल (उ०प्र०) में स्थित कर्णप्रयाग से किया गया है जो प्रसंग से ठीक ही जान पड़ता है क्योंकि वन० 84,37 में रुद्रावर्त (रुद्रप्रयाग) का वर्णन है।

भद्रवती दे० भद्दिय, भद्रवतिका

भद्रवाह

हिमाचलप्रदेश और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर स्थित सुंदर पर्वतीय तीर्थ। भद्रवाह वासुकिकुंड के कारण प्राचीन काल से तीर्थ के रूप में प्रसिद्ध है। वासुकिनाग की झील 2½ मील के घेरे में तीन ऊंचे हिमपर्वतों से घिरी, समुद्रतल से पंद्रह सहस्र फुट की ऊंचाई पर है। यह भद्रवाह से पंद्रह मील दूर है। पहले भद्रवाह में नागों के पचास मंदिर थे जिनमें से केवल दो शेष है। इनमें से एक तो भद्रवाह नगर में है और दूसरा तीन मील दूर गाठा नामक ग्राम में। पौराणिक गाथा के अनुसार विद्याधरवंश के नागनरेश जीमूतवाहन ने एक अन्य नाग-राजा की कन्या से वासुकि झील के स्थान पर ही विवाह किया था। जीमूतवाहन को उसके पिता जीमूतकेतु ने अपने तप के लिए उपयुक्त स्थान की खोज में भेजा था और उसने इसी स्थान को चुना था जो कपिलाश पर्वत (?) पर स्थित था।

भद्रविहार

कान्यकुब्ज (कन्नौज, उ० प्र०) में स्थित एक बौद्धविहार जहां प्रसिद्ध चीनी यात्री युवानच्वांग 635 ई० के लगभग पहुंचा था। उन्होंने यहां तीन मास तक ठहर कर आचार्य वीरसेन से बौद्ध ग्रंथों का अध्ययन किया था। यहां उस समय एक महाविद्यालय था।

भद्रशिला

इस देश का वर्णन चंद्रप्रभजातक में है जिसमें इसे हिमाचल के निकट उत्तरदिशा में स्थित बताया गया है। दिव्यावदान में इसे परम ऐश्वर्यशाली नगरी बताया गया है। बोधिसत्वावदान कल्पलता में इस नगरी को हिमालय के उत्तर में माना है। भद्रशिला का अभिज्ञान तक्षशिला से किया गया है।

भद्रा

(1) विष्णु पुराण 2,2,37 के अनुसार उत्तरकुरु की एक नदी जो उत्तर

के पर्वतों को पारकर उत्तरी समुद्र में गिरती है—'भद्रा तथोत्तरगिरीनुत्तरांश्च तथाकुरून् अतीत्योत्तरमम्भोधि समभ्येति महामुने'। इसी प्रसग (2,2,33) मे सीता (=तरिम), चक्षु (=आमू या आक्सस) अलकनंदा और भद्रा, गगा की ये चार शाखाएं कही गई हैं जो चारों दिशाओं मे प्रवाहित होती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि विष्णुपुराण के रचयिता के मत में ये चारों नदियां एक ही स्थान (मानसरोवर) से उद्भूत होकर क्रमश. पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर की ओर बहती थीं। यह भौगोलिक उपकल्पना अन्वेषणीय अवश्य है और इसमें तथ्य का अश जान पडता है। भद्रा इस प्रसग के अनुसार साइबेरिया मे बहनेवाली कोई नदी हो सकती है। श्री न० ला० दे के अनुसार वह यारकद नामक नदी है।

(2) तुगभद्रा नामक नदी तुगा तथा भद्रा, इन दो नदियों की सयुक्त धारा है। भद्रा भद्रपर्वत से उद्भूत होती है।

भद्राचलम् (जिला वारगल, आ० प्र०)

गोदावरी नदी के उत्तरी तट पर प्राचीन स्थान है। कहा जाता है कि इस स्थान पर भद्र नामक ऋषि ने श्रीरामचद्र जी से वनवासकाल में भेंट की थी। किंवदती में यह भी प्रसिद्ध है कि श्रीराम और लक्ष्मण इस स्थान के निकट अचलगिरि पर सीताहरण के पश्चात् कुछ दिन कुटी बनाकर रहे थे और फिर दक्षिण की ओर जाते समय उन्होंने यहीं गोदावरी नदी को पार किया था। अचलगिरि पर श्रीराम का एक मदिर है जिसे रामदास अथवा गोपन्ना ने बनवाया था। यह गोलकुडा के अतिम सुलतान अबुलहसन तानाशाह (1654-1687) के प्रधान मत्री मदन्ना का भ्रातृज था। कहा जाता है कि गोपन्ना ने सरकारी माल्गुजारी में से 6 लाख रुपया निकाल कर इस मदिर का निर्माण करवाया था जिसके कारण उसे गोल्कुडा के सुलतान ने कारागृह में डाल दिया (इस स्थान को आज भी रामदास का कारागार कहते हैं)। किंतु कथा के अनुसार भगवान् राम ने अपने भक्त पर जरा भी आंच न आने दी और सारा रुपया रहस्यमय रीति से सरकारी खजाने में जमा किया हुआ पाया गया। गोपन्ना को तानाशाह ने स्वय जाकर कारागार से मुक्ति दिलवाई और राम का भक्त उस दिन से रामदास कहलाने लगा। रामनवमी को भद्राचल में आज भी भारी मेला लगता है और राम सीता का विवाह अथवा कल्याणम् धूमधाम से मनाया जाता है। यह मदिर दक्षिण भारत का सबसे अधिक धनी मदिर कहा जाता है।

भद्रावती

(1) दे० भद्दवनिका, भट्टिय

(2) दे० भद्रेश्वर

(3) (जिला चांदा, म० प्र०) वर्धा-काजीपेट रेल-पथ पर भादक या भाडक नामक स्थान का प्राचीन नाम। कनिंघम के अनुसार चौथी-पाचवीं शती में, वाकाटकनरेशों की राजधानी इसी स्थान पर थी। (टि० विंसेंट स्मिथ के अनुसार वाकाटकों की राजधानी वाकाटकपुर में थी जो जिला रीवां (म० प्र०) के निकट स्थित है)। चीनी यात्री युवानच्वांग 639 ई० में भद्रावती पहुंचे थे। उस समय यहां सौ संघाराम थे जिनमें चौदह-सौ भिक्षु निवास करते थे। उस समय भद्रावती का राजा सोमवंशीय था तथा बौद्धधर्म में श्रद्धा रखता था। युवानच्वांग ने भद्रावती को कोसल की राजधानी बताया है और इसको सात मील के घेरे के अंदर स्थित कहा है। भांडक से 1 मील पर बीजासन नामक तीन गुफाएं हैं जो शायद वही गुफाएं हैं जिनका उल्लेख युवानच्वांग ने भी किया है। ये दक्षिणकृत हैं और उनके गर्भगृह में बुद्ध की विशाल मूर्तियां उकेरी हुई हैं। इनमें भिक्षुओं के निवास के लिए भी प्रकोष्ठ बने हुए हैं। एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि इन गुफाओं का निर्माण बौद्ध राजा सूर्यघोष ने करवाया था। इसका पुत्र प्रासाद पर से गिर कर मर गया था। उसी की स्मृति में सूर्यघोष ने इस गुहामंदिर को बनवाया था। तत्पश्चात् उदयन और भवदेव ने सुगत के इस गुहा-मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया (दे० डा० हीरालाल—मध्य प्रदेश का इतिहास, पृ० 13)। यहां आज भी प्रचुर बौद्ध अवशेष विस्तृत खंडहरों के रूप में हैं। भांडक में पार्श्वनाथ का जैन मंदिर भी है जिसके निकट एक सरोवर से अनेक प्राचीन मूर्तियां प्राप्त हुई थीं। बौद्ध तथा जैनधर्म से संबंधित अवशेषों के अतिरिक्त, भांडक में हिंदू मंदिरादि के भी अवशेष प्रचुरता से मिलते हैं। भद्रावतीनगरी को जैमिनी के महाभारत में युवानाश्व की राजधानी बताया गया है। भद्रनाग का मंदिर जिसके अधिष्ठातृ-देव नाग हैं, प्राचीन वास्तु का श्रेष्ठ उदाहरण है। नाग की प्रतिमा अनेक फनों से युक्त है। मंदिर की दीवारों के बाहरी भाग पर शिल्प का सुंदर एवं सूक्ष्म काम प्रदर्शित है। इसी के साथ शेषशायी विष्णु की मूर्ति भी कला का अद्भुत उदाहरण है। विष्णु के निकट लक्ष्मी उनके चरणों के पास स्थित है। विष्णु की नाभि में से सनाल कमल-पुष्प तथा उस पर आसीन ब्रह्मा का अंकन बड़े कौशल से किया गया है। दशावतार का प्रदर्शन करने वाले पाषाण-पट्ट भी मंदिर की शोभा बढ़ाते हैं। बाहर के बरामदे में वराह भगवान् की मूर्ति अवस्थित है। मंदिर के निकट एक गुहा

है जिसका पता हाल ही में लगा है। इसमें भी प्राचीन अवशेष मिले हैं। जैन मंदिर के पास चंडिका का नष्ट-भ्रष्ट मंदिर है। यहां से आधा मील दूर डोलारा जलाशय के निकट एक टीले पर प्राचीन खंडहर बिखरे पड़े हैं। जलाशय के तट पर भी शिव, पार्वती, कार्तिकेय, सूर्य, कृष्ण, सरस्वती आदि की प्राचीन मूर्तियां मिली हैं। *भद्रावती के खंडहरों में उत्खनन का कार्य अभी तक नहीं के बराबर* हुआ है। व्यवस्थित रूप से खुदाई होने पर यहां से अवश्य ही अनेक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्यों को प्रकाश में लाया जा सकेगा।

(4) (सौराष्ट्र, गुजरात) सोरठ में बहने वाली एक नदी जो प्राचीन वेत्रवती (वर्तमान वर्नोई नदी) के दक्षिण में है। भद्रावती का उद्गम गिरनार पर्वत में है। जूनागढ़ इसी नदी के कांठे में बसा है।

भद्राश्व

पौराणिक भूगोल के अनुसार भद्राश्व जंबूद्वीप का एक भाग है। इसके उपास्य देव हयग्रीव हैं। विष्णुपुराण में भद्राश्व को मेरु के पूर्व में माना है—'भद्राश्व पूर्वतो मेरो केतुमालं च पश्चिमे' विष्णु० 2,2,23। विष्णु० 2,2,34 में सीता या तरिम नदी को भद्राश्व की नदी कहा गया है—'पूर्वेण शैलात्सीता तु शैलं यात्यंतरिक्षगा, ततश्च पूर्ववर्षेण भद्राश्वेनैति सार्णवम्'—इस वर्णन से भद्राश्व, सिंक्यिांग (चीन) का प्राचीन पौराणिक नाम जान पड़ता है। महा॰भारत सभा० में अर्जुन की उत्तर दिशा की दिग्विजय-यात्रा में उनका भद्राश्व पहुंचना भी वर्णित है—'स माल्यवंत शैलेंद्रं समतिक्रम्य पांडवः, भद्राश्वं प्रतिवेशाय वर्ष स्वर्गोपमं शुभम्'—सभा० 28 दाक्षिणात्य पाठ। (दे० सीता)

भद्रिका=भद्दिय

जैन कल्पसूत्र में वर्णित है कि तीर्थंकर महावीर ने इस स्थान पर दो वर्षाकाल बिताए थे। (दे० भद्दिय)

भद्रेश्वर (*कच्छ, गुजरात*)

इस नगर का प्राचीन नाम भद्रावती भी था। यहां जैन तीर्थंकर महावीर का अति प्राचीन मंदिर समुद्रतट पर अवस्थित है।

भनकोली (जिला देहरादून, उ० प्र०)

लाखामंडल से आगे इस स्थान पर महासू या महाशिव का तिब्बत शैली में निर्मित सुंदर प्राचीन मंदिर है।

भनपूर (कश्मीर)

मार्तंड मंदिर की शैली में बना एक मंदिर यहां का उल्लेखनीय स्मारक है।

भंधुमा (ज़िला शाहाबाद, बिहार)

इस स्थान पर 7वीं शती ई० के पूर्वार्ध में बना हुआ, मुंडेश्वरी देवी का मंदिर उत्तरी भारत के प्राचीनतम मंदिरों में से है। इस मंदिर के प्रवेशद्वार की पत्थर की चौखट के पट्टों पर देवताओं विशेषकर गंगा-यमुना की मूर्तियां अंकित हैं जो गुप्त-मंदिरों के वास्तु का प्रिय विषय था। इस मंदिर की खोज 1905-6 में डा० ब्लॉक ने की थी। एक दानलेख में जो यहां मिला है, महासामंत उदयसेन के शासनकाल में भागुदलन नामक व्यक्ति के कुछ दानों का वर्णन है। इसमें विनीतेश्वर के मंदिर के निकट एक मठ के बनवाए जाने तथा मंडलेश्वरी (=मुंडेश्वरी) विष्णु के मंदिर के लिए दिए हुए दान का विवरण है। पाल-नरेशों के शासन काल (800-1200 ई०) में इस मंदिर में कई परिवर्तन किए गए थे। मुंडेश्वरी का मंदिर षट्कोण आधार पर बना है। ऐसा नक्शा भारत में अन्य प्राचीन मंदिरों में अन्यत्र नहीं दिखाई देता। भुमरा के मंदिर की भांति ही इसकी कुर्सी के आधार पर गोल चौड़ी उभरी हुई पट्टियां बनी हैं और कीर्तिमुख सिंहों के मुखों में माला धारण किए हुए मूर्तियां निर्मित हैं। प्रवेशद्वार की चौखट पर सूक्ष्म तक्षण के साथ मानव-मूर्तियों का भी अंकन है। गुप्त-कालीन मंदिरों की कला-परंपरा के अनुकूल ही इस मंदिर में भी सुघड चैत्य-वातायनों को धारण करने वाले स्तंभ हैं जिन पर अंकित मूर्तिकारी बड़ी मनोरम जान पड़ती है।

भरतपुर (राजस्थान)

प्रसिद्ध भूतपूर्व जाट-रियासत का मुख्य नगर जिसकी स्थापना चूणामणि जाट ने 1700 ई० के लगभग की थी। इमादउस्-समादत के लेखक के अनुसार चूरामन (=चूड़ामणि) ने जो अपने प्रारंभिक जीवन में लूटमार किया करता था, भरतपुर की नींव एक सुदृढ़ गढ़ी के रूप में डाली थी। यह स्थान आगरे से 48 कोस पर स्थित था। गढ़ी के चारों ओर एक गहरी परिखा थी। धीरे-धीरे चूरामन ने इसको एक मोटी व मजबूत मिट्टी की दीवार से घेर लिया। गढ़ी के अंदर ही यह अपना लूट का माल लाकर जमा कर देता था। आसपास के कुछ गांवों से उसने कुछ कर्मचारियों को यहां लाकर बसाया और गढ़ी की रक्षा का भार उन्हें सौंप दिया। जब उसके सैनिकों की संख्या लगभग चौदह हजार हो गई तो चूरामन एक विश्वस्त सरदार को गढ़ी का अधिकार देकर लूटमार करने के लिए कोटा-बूंदी की ओर चला गया। भरतपुर की शोभा बढ़ाने तथा राजधानी को सुंदर तथा शानदार महलों से अलंकृत करने का कार्य राजा सूरजमल जाट ने किया जो भरतपुर का सर्वश्रेष्ठ शासक था। 1803 ई० में

लार्ड लेक ने भरतपुर के क़िले का घेरा डाला। इस समय भरतपुर तथा परिवर्ती प्रदेश में आगरे तक राजा जवाहरसिंह का राज्य था। क़िले की स्थूल मिट्टी की दीवारों को तोप के गोलों से टूटता न देख कर लेक ने इन की नींव में बारूद भरकर इन्हें उड़ा दिया। इस युद्ध के पश्चात् भरतपुर की रियासत अंग्रेजों के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आ गई।

भरुकच्छ

भरुकच्छ भृगुकच्छ (=भड़ौंच) का रूपांतरण है। महाभारत, सभा० 51,10 में भरुकच्छ निवासियों का युधिष्ठिर की राजसभा में गांधार देश के बहुत से घोड़ों को भेंट में लेकर आने का वर्णन है—'बलिं च कृत्स्नमादाय भरुकच्छनिवासिन., उपनिन्युर्महाराज हयान्गांधारदेशजान्'—इसके आगे (सभा० 51,10) समुद्रनिष्कुटप्रदेश के निवासियों का उल्लेख है। समुद्रनिष्कुट कच्छ का प्राचीन अभिधान था। इस से भरुकच्छ का भड़ौंच से अभिज्ञान पुष्ट हो जाता है। शूर्पारक जातक में भरुकच्छ को भरुराष्ट्र का मुख्य स्थान माना गया है। इस जातक में भरुकच्छ के समुद्र-व्यापारियों की साहसिक यात्राओं का विशद वर्णन है। भरुकच्छ का उल्लेख (एक पाठ के अनुसार) रुद्रदामन् के गिरनार अभिलेख में है—'स्वभ्रभरुकच्छ सिंधु ......' आदि।

भरुराष्ट्र

भृगुकच्छ या भड़ौंच जनपद का नाम। शूर्पारकजातक में भरुरट्ठ (=भरुराष्ट्र) का नामोल्लेख इस प्रकार है—'अतीते भरुरट्ठे भरुराजा नाम रज्ज कारेसि, भरुकच्छ नाम पट्टनगामो अहोसि'—अर्थात् भरुराष्ट्र में भरु राजा राज करता था जिसकी राजधानी भरुकच्छ में थी। इस प्रदेश के समुद्रवणिकों की साहस-यात्राओं का रोमांचकारी वृतांत शूर्पारक-जातक में वर्णित है। (दे० भृगुकच्छ।)

भर्ग दे० भाग

भर्मक

'शर्मकान् भर्मकांश्चैव व्यजयत् सात्वपूर्वकम्, वैदेहकं च राजानं जनकं जगतीपतिम्' महा० सभा० 30,13। शर्मक-भर्मक निवासियों को भीम ने अपनी पूर्वदिशा की दिग्विजय-यात्रा में हराया था। संदर्भ से इनकी स्थिति विदेह या मिथिला (बिहार) तथा गोरखपुर (उ० प्र०) के बीच के प्रदेश में जान पड़ती है। श्री वा० श० अग्रवाल के मतानुसार शर्मक-भर्मक लिच्छवियों की उपजातियां थीं। यदि यह तथ्य हो तो इन स्थानों का संबंध वैशाली से होना चाहिए। भर्मक का पाठांतर महाभारत के नीलकंठी संस्करण में वर्मक है।

भलदरिया (ज़िला मिर्जापुर, उ० प्र०)

वन्य प्रदेश में बहने वाली इस नदी के काठे में कई प्रागैतिहासिक गुफाएं अवस्थित हैं जिनमें आदियुगीन चित्रकारी का अंकन है। एक 'घर' में एक जंगली सुअर के शिकार का सजीव आलेखन है। सुअर के शरीर में तेज तीर जैसे अस्त्र घुसे हुए हैं और उससे रक्त बह रहा है। सुअर की मुद्रा से उनके शरीर की पीड़ा झलक रही है।

भल्लाट

'एवं बहुविधान् देशान् विजिग्ये भरतर्षभ भल्लाटमभितो जिग्ये शुक्तिमतं च पर्वतम्'—महा० सभा०, 30,5। भीमसेन ने पूर्व दिशा की दिग्विजय यात्रा में इस देश को विजित किया था। इसका नाम शुक्तिमान् पर्वत के साथ तथा काशी (सभा० 30,6) से पहले होने से ऐसा जान पड़ता है कि यह काशी और विंध्याचल की उत्तरी शैलमाला के बीच का भाग रहा होगा। संभव है यह ज़िला मिर्जापुर (उ० प्र०) के निकटवर्ती भूभाग का नाम हो। कल्किपुराण में भी इसका उल्लेख है।

भवपुर (कंबोडिया)

प्राचीन भारतीय उपनिवेश कंबुज का एक नगर। कंबुज में हिंदू नरेशों का राज प्रायः तेरह सौ वर्ष तक रहा था।

भवरोगहर

वह वैद्यनाथ धाम है। 'वैद्याभ्यां पूजितं सत्यं लिंगमेतत् पुरा मम। वैद्यनाथमिति ख्यातं सर्व कामप्रदायकम्' शिवपुराण।

भांखरी (ज़िला अलीगढ़, उ० प्र०)

इस ग्राम से विष्णु की एक सुंदर गुप्तकालीन मूर्ति प्राप्त हुई थी जो मथुरा-मूर्तिकला की परंपरा में निर्मित होने के कारण वहीं के संग्रहालय में रखी गई है। इसमें विष्णु के साधारण मुख के अतिरिक्त नृसिंह और वराह की मुखाकृतियां भी प्रदर्शित हैं। गुप्तकाल में इस प्रकार की मूर्तियों का प्रचलन था। मूर्ति के पीछे एक प्रभामंडल था जो अब टूटी हुई दशा में है। इस पर अग्नि, नवग्रह, अश्विनीकुमार तथा सनक, सनातन तथा सनत्कुमार की प्रतिमाएं अंकित हैं। विद्वानों का विचार है कि विष्णु के नृसिंह और वराह रूपों का अंकन, चंद्रगुप्त विक्रमादित्य की शकविजय तथा दुःखमग्ना पृथ्वी के उद्धार का प्रतीक है।

भांडक=भांदक दे० भद्रावती (3)

भांडारेज (राजस्थान)

इस स्थान पर एक बावड़ी है जो राजस्थान की प्राचीन शिल्पकला का

सुंदर उदाहरण है। इसके विषय में स्थानीय कपोलकल्पना है कि इसे प्रेतात्माओं ने अर्ध रात्रि के समय बनवाया था।

भांडासर (जिला बीकानेर, राजस्थान)

इस स्थान पर राणकपुर व त्रैलोक्यदीपक नामक ऋषभदेव के प्रसिद्ध मंदिर के अनुकरण पर बना हुआ जैन मंदिर है किंतु इसमें राणकपुर के मंदिर की भव्यता तथा कला-सौंदर्य के दर्शन नहीं होते।

भागनगर, भागनगरी=भागनेर

हैदराबाद का प्राचीन नाम। शिवाजी के राजकवि भूषण ने भागनगर का नामोल्लेख कई स्थानों पर किया है—'भूषन भनत भागनगरी कुतुबसाही दैकरि गवांयो रामगिरि से गिरीस को'—शिवराज भूषण, 241। 'गढनेर, गढचांदा, भागनेर, बीजापुर नृपन की नारी रोय हाथनि मलत है' शिवराजभूषण, 116. भूषण के अनुसार भागनगर को कुतुबशाह (सुल्तान गोलकुंडा) ने शिवाजी को दे दिया था और शिवाजी ने संधि होने पर मुगलों को। भागनगर को गोलकुंडा के सुल्तान मुहम्मद कुली कुतुबशाह ने 1591 ई० में अपनी प्रेयसी भागमती के नाम पर बसाया था। (दे० हैदराबाद)

भारतपुर

(1) दे० चंपा

(2) (उ० प्र०) कटनी इलाहाबाद रेल शाखा पर तुर्कीपार स्टेशन के निकट है। यहां एक खंडित स्तंभ है जिस पर 10वीं शती की कुटिललिपि में एक अभिलेख अंकित है। इस के ऊपर उस समय के प्रसिद्ध तीर्थ यात्री नगरध्वज-जोगी का नाम उत्कीर्ण है। नाम के आगे 900 का अंक है जिसका संबंध हर्षसंवत् से जान पड़ता है। स्थानीय लोकश्रुति से विदित होता है कि भरौली परिवार के पूर्वज राजा भिमन ने इस स्तंभ को बनवाया था।

भागीरथी

गंगा का एक नाम जिसका संबंध महाराज भगीरथ से है। भगीरथ की तपस्या के फलस्वरूप गंगा के अवतरण की कथा वाल्मीकि बाल० 38 से 44 अध्याय तक है। कथा के अंत में गंगा के भागीरथी नाम का उल्लेख है—'गंगा त्रिपथगा नाम दिव्या भागीरथीति च त्रीन्पथो भावयन्तीति तस्मात् त्रिपथगा स्मृता'—बाल० 44,6। महाभारत में भी भागीरथी गंगा का वर्णन पांडवों की तीर्थयात्रा के प्रसंग में है—'तत्रापश्यन् धर्मात्मा देव देवर्षिपूजितम्, नरनारायण-स्थानं भागीरथ्योपशोभितम्'। यह बदरीनाथ का वर्णन है। भागीरथी गंगा की उस शाखा को कहते हैं जो गढ़वाल (उ० प्र०) में गंगोत्री से निकल कर देव

प्रयाग तक आती हैं और वहां गंगा की मूलधारा अलकनंदा में मिल जाती है।

भाजा (महाराष्ट्र)

बंबई-पूना रेलपथ पर मलवली स्टेशन के निकट यह स्थान बौद्धकालीन गुहामंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। ये संख्या में 18 हैं। इनके बीच में 17 फुट लंबी चौड़ी चैत्यशाला है जो बहुत प्राचीन है। इसके सामने बरामदा और आठ प्रकोष्ठ हैं जो भिक्षुओं के रहने के काम में आते थे। गुहाओं में मूर्तिकला के उदाहरण बहुत थोड़े हैं। इसकी भित्तियों पर पांच मानवाकृतियां उत्कीर्ण हैं जिनके नीचे दानवों की प्रतिमाएं बनी हैं। दूसरी मूर्ति संभवतः गजारूढ़ देवेंद्र की है। यह गुहाविहार सूर्य के उपासकों द्वारा निर्मित जान पड़ता है। इसका निर्माण-काल 200-300 ई० पू० है। भाजा की पहाड़ी पर लोहगढ़ तथा ईशापुरी के प्राचीन दुर्ग हैं।

भामेर (जिला खानदेश, महाराष्ट्र)

धूलिया से 30 मील दूर यहां एक प्राचीन जैन गुहा मंदिर है जो अब नष्ट हो गया है। यह एक छोटी पहाड़ी में से काट कर बनाया गया है। इसमें तीर्थंकरों की कई मूर्तियां उत्कीर्ण हैं।

भारत=भारतवर्ष

पौराणिक भूगोल के अनुसार भारतवर्ष जंबूद्वीप का एक वर्ष या भाग है। इसका नाम दुष्यन्त शकुंतला के पुत्र भरत के नाम पर प्रसिद्ध हुआ है। किंतु विष्णुपुराण के अनुसार भरत को ऋषभदेव का पुत्र बताया गया है जिसे ऋषभदेव ने वन जाते समय अपना राजपाट सौंप दिया था—'ततश्च भारतवर्षमेतल्लोकेषु गीयते, भरताय यतः पित्रा दत्तं प्रतिष्ठता वनम्'—विष्णु 2,1,32। विष्णुपुराण 2,3,1 में भारतवर्ष की निम्न परिभाषा है—'उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणं वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः'। अगले श्लोकों में इस देश का विस्तार नौ सहस्र योजन कहा गया है और इसमें सात कुल पर्वतों की स्थिति बताई गई है। भारतवर्ष के निम्न नौ खंड या भाग हैं—इंद्रद्वीप, कसेरु, ताम्रपर्ण, गभस्तिमान्, नागद्वीप, सौम्य, गंधर्व, वारुण और भारत (विष्णु० 2,3,6 7) विष्णुपुराण के रचयिता ने देश प्रेम की भावना से अभिभूत होकर कितने सुंदर शब्दों में भारत की गौरव गाथा लिखी है।—'अत्र जन्म सहस्राणां सहस्रैरपि सत्तम कदाचिल्लभते जन्तुर्मानुष्यं पुण्यसञ्चयात्', 'गायन्ति देवाः किल गीतकानि धन्यास्तु ते भारतभूमिभागे, स्वर्गापवर्गास्पदमार्गभूते भवन्ति भूयः पुरुषाः सुरत्वात्' विष्णु० 2,3,23 24। अर्थात् हे महापुरुष, सहस्रों

जन्मो के पुण्य सचित होने पर ही जीवों का, सयोग से, इस महान देश में जन्म होता है। देवगण भी निरतर यही गान करते हैं कि स्वर्गापवर्ग के मार्गस्वरूप इस भारत मे जन्म लेकर मनुष्य देवताओं से भी अधिक गौरवशाली और धन्य हो जाते हैं। वास्तव मे बौद्धधर्म के अपकर्ष के पश्चात् और प्राचीन हिंदू धर्म के पुनरुज्जीवन काल (गुप्तकाल) में, भारत के भौगोलिक स्वरूप में दृढ आस्था तथा इसके पर्वतों, नदियों, नगरों वरन् देश के प्रत्येक भूमि-भाग के प्रति प्रगाढ प्रेम एव उनकी तीर्थरूप मे मान्यता—ये पुनीत भावनाए प्रत्येक भारतवासी के हृदय में प्रतिष्ठित हो गई थीं। इन्हीं भावनाओ ने गुप्तकाल मे, जो कालिदास, विष्णुपुराण और महाभारत (नवीन सस्करण) का युग था, एक नई चेतना एव राष्ट्रीय सस्कृति को जन्म दिया जिनका मुख्य आधार राष्ट्र की भौतिक तथा भौगोलिक एकता के प्रति अगाध और अटूट प्रेम था। बौद्ध धर्म की अतर्राष्ट्रीयता ने राष्ट्रीय एकता के सूत्र विच्छिन्न कर दिए थे। उन्हें इस काल मे देश के मनीषियों ने, जिनमें पुराणों तथा धर्मशास्त्रों के रचयिता प्रमुख थे, बडे परिश्रम से फिर से सजोया और इनके सुदृढ बधन मे पूरे भारत को समाज तथा सस्कृति को बाधकर एक महान् राष्ट्र की स्थापना की जिससे सैंकडों वर्षों तक शत्रुओं से देश की रक्षा होती रही।

जैन ग्रंथ जबूद्वीप-प्रज्ञप्ति में भारतवर्ष को जंबूद्वीप के अतर्गत चक्रवर्ती सम्राट् का राज्य बताया गया है और विंध्याचल (वैताढय) पर्वत द्वारा इसको आर्यावर्त और दाक्षिणात्य दो विभागों में विभक्त माना गया है।

भारद्वाज दे० नारीतीर्थ

भारद्वाज-आश्रम

यह रामायण काल में प्रयाग के अन्तर्गत था। आज भी प्रयाग रेल स्टेशन के निकट इसकी स्थिति बताई जाती है। वन जाते समय श्रीरामचद्र, लक्ष्मण और सीता तथा उनसे मिलने के लिए चित्रकूट आते हुए भरत और पुरवासीगण, भारद्वाज के आश्रम में ठहरे थे। वह गगा-यमुना के सगम के पास स्थित था। चित्रकूट भी यहा से पास ही था। (दे० चित्रकूट)

भारद्वाजी

गोदावरी नदी की सप्त शाखाओं मे से एक है।

भारमौर (हिमाचल प्रदेश)

इस स्थान पर प्रायः 1200 वर्ष प्राचीन कई मदिर हैं। ये शिखर सहित हैं तथा प्राचीन वास्तु के अच्छे उदाहरण हैं।

भारहुत (म० प्र०)

भूतपूर्व नागोद रियासत में स्थित है। यह स्थान प्रथम-द्वितीय शती ई० पू० में निर्मित बौद्धस्तूप तथा इसके तोरणों पर अंकित मूर्तिकारी के लिए सांची के समान ही प्रसिद्ध है। स्तूप के पूर्व में स्थित तोरण के स्तंभ पर उत्कीर्ण लेख से ज्ञात होता है कि इसका निर्माण 'वाछीपुत धनभूति' ने करवाया था जो गोतीपुत अगरजु का पुत्र और राजा गागीपुत विसदेव का प्रपौत्र था। इस अभिलेख की लिपि से यह विदित होता है कि यह तोरण शुंग-काल—(प्रथम-द्वितीय शती ई० पू०) में बना था। भारहुत और सांची के तोरणों की मूर्तिकारी तथा कला में बहुत साम्य है क्योंकि ये दोनों लगभग एक काल के हैं और इनका विषय भी प्रायः एक ही है। इनमें से अधिकांश में, बौद्ध जातक कथाओं का सरल, सुंदर और कलात्मक अंकन है। भारहुत का स्तूप पूर्णरूपेण नष्ट हो चुका है। इसके तोरणों के केवल कुछ ही कलापट्ट कलकत्ता के संग्रहालय में सुरक्षित हैं किंतु ये भारहुत की कला के सरल सौंदर्य के परिचय के लिए पर्याप्त हैं।

भारुड

वाल्मीकि रामायण में भारुड वन का उल्लेख भरत की केकय देश से अयोध्या तक की यात्रा के प्रसंग में है, 'सरस्वतीं च गंगां च युग्मेन प्रतिपद्य च, उत्तरान्वीरमत्स्यानां भारुडं प्राविशद्वनम्' अयो० 71,5। सरस्वती और गंगा के बीच में इस वन की स्थिति थी।

भार्गवी

कावेरी नदी के शिवसमुद्रम् नामक द्वीप से प्रायः तीन मील दूर भार्गवी नदी है जिसका नाम भृगुवंशीय परशुराम के नाम पर प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि भार्गवी नदी के तट पर परशुराम की तप स्थली थी।

भालर=भालकेश्वर=भालेश्वर (काठियावाड़, गुजरात)

प्रभासपाटन के निकट ही यह वह स्थान है जहां पीपल वृक्ष के नीचे बैठे हुए भगवान् कृष्ण के चरण में जरा नामक व्याध ने धोखे से बाण मारा था जिसके परिणामस्वरूप वे शरीर त्याग कर परमधाम सिधारे थे। आज भी यहां उसी पीपल का वंशज, मोक्षपीपल नामक वृक्ष स्थित है।

भावन

द्वारका के उत्तर की ओर वेणुमान् पर्वत का एक वन—'भाति चैत्ररथं चैव नंदनं च महावनम्, रमणं भावनं चैव वेणुमन्तं समततः'—महा० सभा०, 38 दाक्षिणात्य पाठ।

भावापार (जिला बस्ती, उ० प्र०)

प्राचीन बौद्ध स्मारकों के खंडहरों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। बस्ती के जिले में या उसके सीमावर्ती नेपाल के संलग्न भूभाग में बुद्ध की जीवनी से संबंधित अनेक महत्त्वपूर्ण स्थान हैं। इन्हीं में इसकी भी गणना है।

भास्कर क्षेत्र=भास्करपुरम् (दे० कटक)

भिसरोर (जिला उदयपुर, राजस्थान)

इस स्थान पर प्राचीन समय में मेवाड राज्य का एक प्राचीन दुर्ग था। हल्दीघाटी के युद्ध के पश्चात जब राणाप्रताप और उनके भाई शक्तसिंह में पुनः मेल हो गया तो राणा ने शक्तसिंह के अपराध क्षमा करके उसे भिसरोर का दुर्ग जीतने को कहा। यह दुर्ग मुगलों के अधिकार में था। शक्तसिंह ने बड़ी वीरता से युद्ध करके इस को विजित कर लिया। प्रतापसिंह ने दुर्ग का शक्तसिंह को सौंप कर उस ही यहा का अधिकारी बना दिया। शक्तसिंह के वंशजों—शक्तावत राजपूतों का यहा बहुत समय तक अधिकार रहा।

भिकियासैण (तहसील रानीखेत, जिला अल्मोडा, उ० प्र०)

रामगंगा और गगास नदियों के संगम पर बसा हुआ तीर्थ। यहां का प्राचीन शिवमंदिर उल्लेखनीय है।

भिन्नमाल=**भिलमाल**=श्रीमाल (जिला जोधपुर, राजस्थान)

आबू पहाड से 50 मील उत्तर-पश्चिम में स्थित है। चीनी यात्री युवानच्वांग ने भिन्नमाल को संभवतः पिलोमोलो नाम से अभिहित किया है और इस नगर को गुर्जरदेश की राजधानी बताया है। भिन्नमाल का एक अन्य नाम श्रीमाल भी प्रचलित है। 12वीं 13वीं शती में रचित प्रभावकचरित नामक ग्रंथ में प्रभाचंद्र ने श्रीमाल को गुर्जर देश का प्रमुख नगर कहा है—'अस्ति गुर्जरदेशोऽन्यमज्जरराजन्यदुर्जर तत्र श्रीमालमित्यस्ति पुर मुखमिव क्षिते।' इस ग्रंथ में यहा के तत्कालीन राजा श्रावर्मल का उल्लेख है। सातवीं शती ई० में गुर्जर-प्रतिहार राजपूतों की शक्ति का विकास दक्षिणी मारवाड में प्रारंभ हुआ था। इन्होंने अपनी राजधानी भिन्नमाल में बनाई। ये राजपूत स्वयं को विशुद्ध क्षत्रिय और श्रीराम के प्रतिहार लक्ष्मण का वंशज मानते थे। भिन्नमाल और कन्नौज के गुर्जर-प्रतिहार राजा बहुत प्रतापी और यशस्वी हुए। भिन्नमाल के राजाओं में वत्सराज (775 800 ई०) पहला प्रतापी राजा था। इसने बंगाल तक अपनी विजय-पताका फहराई और वहा के पालवंशीय राजा धर्मपाल को युद्ध में पराजित किया। मालवा पर भी इसका शासन स्थापित हो गया था। वत्सराज को राष्ट्रकूट नरेश ध्रुव से पराजित होना पड़ा अतः उसका

महाराष्ट्र विजय का स्वप्न साकार न हो सका। वत्सराज के पुत्र नागभट्ट द्वितीय ने धर्मपाल को मुंगेर की लड़ाई मे हराया और उसके द्वारा नियुक्त कन्नौज के शासक चक्रायुध से कन्नौज को छीन लिया। उसके प्रभुत्व का विस्तार काठियावाड़ से बंगाल तक और कन्नौज से आंध्रप्रदेश तक स्थापित था। उसने सिंध के अरबो को भी पश्चिमी भारत मे अग्रसर होने से रोका। किंतु अपने पिता की भांति नागभट्ट को भी राष्ट्रकूट नरेश से हार माननी पड़ी। इस समय राष्ट्रकूट का शासक गोविंद तृतीय था। नागभट्ट के पौत्र मिहिर भोज (836 890 ई०) ने उत्तरभारत मे गुर्जर-प्रतिहारों के समाप्त होते हुए प्रभुत्व को संभाला। इसने अपने विस्तृत राज्य का भली-भांति शासन प्रबंध करने के लिए, अपनी राजधानी भिन्नमाल से हटाकर कन्नौज में स्थापित की। इस प्रकार भिन्नमाल को लगभग 100 वर्षों तक प्रतापी गुर्जर-प्रतिहारो की राजधानी बने रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भिन्नमाल में इनके शासनकाल के अनेक ऐतिहासिक अवशेष स्थित हैं। अनुमान है कि इनका समय 7वीं शती का उत्तरार्ध और 8वीं शती का पूर्वार्ध था। शिशुपालवध की कई प्राचीन हस्तलिपियों मे महाकवि माघ का भिन्नमालव या भिन्नमाल से संबंध इस प्रकार बताया गया है—'इति श्री भिन्नमालववास्तव्यदत्तकसूनोर्महावैयाकरणस्य माघस्य कृतौ शिशुपालवधे महाकाव्ये'—माघ के पितामह सुप्रभदेव श्रीमालनरेश वर्मलात या वर्मल के महामात्य थे। ऐतिहासिक किंवदंतियों से भी यही सूचित होता है कि संस्कृत के महाकवि माघ भिन्नमाल के ही निवासी थे। भिन्नमाल का रूपांतर भिलमाल भी प्रचलित है।

भिलायो

सूरत के निकट एक नगर जिसका उल्लेख छत्रपति शिवाजी के राजकवि भूषण ने किया है—'सहर मिलायो मारि गरद मिलाओ गढ अजहू न आगे पाछे भूप किन नाकरी' (भूषण ग्रंथावलि, फुटकर छंद 30)। जान पड़ता है कि शिवाजी ने सूरत पर आक्रमण के समय भिलायो को भी विध्वस किया था। भूषण ने यहा के गढ़ के शिवाजी द्वारा धूल मे मिलाए जाने का उल्लेख किया है।

भिल्लग्राम=दे० बिल्ग्राम

भीटा (जिला इलाहाबाद, उ०प्र०)

प्रयाग से लगभग बारह मील दक्षिण-पश्चिम की ओर यमुना तट पर कई विस्तृत खंडहर हैं जो एक प्राचीन समृद्धिशाली नगर के अवशेष हैं। इन खंडहरो से प्राप्त अभिलेखो में इस स्थान का प्राचीन नाम सहजाति है। 1909-1910 मे भीटा मे भारतीय पुरातत्व-विभाग की ओर से मार्शल ने

उत्खनन किया था। विभाग के प्रतिवेदन में कहा गया है कि खुदाई में एक सुन्दर, मिट्टी का बना हुआ वर्तुल पट्ट प्राप्त हुआ था जिस पर संभवतः शकुन्तला-दुष्यन्त की आख्यायिका का एक दृश्य अंकित है। इसमें दुष्यन्त और उनका सारथी कण्व के आश्रम में प्रवेश करते हुए प्रदर्शित हैं और एक आश्रमवासी उनसे आश्रम के हरिण को न मारने के लिए प्रार्थना कर रहा है। पास ही एक कुटी भी है जिसके सामने एक कन्या आश्रम के वृक्षों को सींच रही है। यह मृत्खंड शुंगकालीन है (117–72 ई० पू०) और इस पर अंकित चित्र यदि वास्तव में दुष्यन्त-शकुन्तला की कथा (जिस प्रकार वह कालिदास के नाटक में वर्णित है) से संबंधित है, तो महाकवि कालिदास का समय इस तथ्य के आधार पर, गुप्तकाल (5वीं शती ई०) के बजाए पहली या दूसरी शती से भी काफी पूर्व मानना होगा। किंतु पुरातत्व विभाग के प्रतिवेदन में इस दृश्य की समानता कालिदास द्वारा वर्णित दृश्य से आवश्यक नहीं मानी गई है। भीटा से, खुदाई में, मौर्यकालीन विशाल ईंटें, परवर्तीकाल की मूर्तियां, मिट्टी की मुद्राएँ तथा अनेक अभिलेख प्राप्त हुए हैं जिनसे सिद्ध होता है कि मौर्यकाल से लेकर गुप्तकाल तक यह नगर काफी समृद्धिशाली था। यहां से प्राप्त सामग्री लखनऊ के संग्रहालय में है। भीटा के समीप ही मानकुंवर ग्राम से एक सुंदर बुद्ध-प्रतिमा मिली थी जिस पर महाराजाधिराज कुमारगुप्त के समय का एक अभिलेख उत्कीर्ण है (129 गुप्त संवत् = 449)। सहजाति या भीटा, गुप्त और शुंग-काल के पूर्व एक व्यस्त व्यापारिक नगर के रूप में भी प्रख्यात था क्योंकि एक मिट्टी की मुद्रा पर 'सहजातिये निगमस' यह पाली शब्द तीसरी शती ई० पू० की ब्राह्मीलिपि में अंकित पाये गए हैं। इससे प्रमाणित होता है कि इतने प्राचीनकाल में भी यह स्थान व्यापारियों के निगम या व्यापारिक संगठन का केंद्र था। वास्तव में यह नगर मौर्यकाल में भी काफी समुन्नत रहा होगा जैसा कि उस समय के अवशेषों से सूचित होता है।

भीड़ (बीड़) (महाराष्ट्र)

किंवदंती के अनुसार महाभारतकाल में इस नगर का नाम दुर्गावती था। कुछ समय पश्चात् यह नाम बलनी हो गया। तत्पश्चात् विक्रमादित्य की बहिन चंपावती ने यहां विक्रमादित्य का अधिकार हो जाने पर इसका नाम चंपावती रख दिया। बीड का संभवतः सर्वप्रथम उल्लेख विज्जलवीड नाम से गणितज्ञ भास्कराचार्य के ग्रंथों में मिलता है। इनका जन्म विज्जलवीड में हुआ था जो सह्याद्रि में स्थित था। भीड या बीड विज्जलवीड का ही संक्षिप्त अपभ्रंश

जान पड़ता है। भास्कराचार्य 12वीं सदी के प्रारंभ में हुए थे। इनके ग्रंथों—लीलावती तथा सिद्धांतशिरोमणि की तिथि 1120 ई० के आसपास मानी जाती है। बीड का प्राचीन इतिहास अंधकार में है किंतु यह निश्चित है कि यहां कालक्रमानुसार आंध्र, चालुक्य राष्ट्रकूट यादव और फिर देहली के सुल्तानों का आधिपत्य रहा। अकबर के समकालीन इतिहास लेखक फरिश्ता ने लिखा है कि 1326 ई० में मुहम्मद तुगलक बीड होकर गुजरा था। तुगलकों के पश्चात् बीड पर बहमनी वंश के निजामशाही और फिर आदिलशाही सुल्तानों का कब्जा हुआ और 1635 ई० में मुगलों का। मुगलों के पश्चात् यह स्थान मराठों और इनके बाद निजाम के राज्य में सम्मिलित हो गया। भूतपूर्व हैदराबाद रियासत के भारत में विलयन तक यह नगर इसी रियासत में था।

बीड का [illegible] मराठी कवि मुकुदराम की जन्मभूमि है। इनका जन्म अंबाजोगाई नामक स्थान पर हुआ था। महानुभाव-साहित्य की खोज होने से पूर्व ये मराठी के प्राचीनतम कवि माने जाते थे। इनके ग्रंथ विवेकसिंधु, परमामृत आदि हैं। अंबाजोगाई में ही दासोपंत (1550-1615 ई०) का निवास स्थान था। इन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता पर बृहत् टीका लिखी है। कागज के अभाव में इन्होंने अपने ग्रंथ खद्दर के कपड़े पर लिखे थे। इनका एक ग्रंथ परिमाण में 24 हाथ लंबा और 2½ हाथ चौड़ा है। बीड में खंडेश्वरी देवी के दो मंदिर हैं। मंदिर के एक ओर की दीवार गड़े हुए सुडौल पत्थरों की बनी है। दूसरा मंदिर नगर से कुछ दूर है। इसमें मूल मूर्ति के अभाव में खंडोबा की प्रतिमा प्रतिष्ठापित है। इस मंदिर में 45 फुट ऊंचे दो दीपस्तंभ हैं जो वर्गाकार आधार पर स्थित हैं। 1660 ई० में बनी जामा मसजिद भी यहां का ऐतिहासिक स्मारक है।

भीतरगांव (जिला कानपुर, उ० प्र०)

कानपुर से लगभग 20 मील दूर इस स्थान पर ईंटों के बने हुए एक गुप्तकालीन मंदिर के अवशेष हैं। यह मंदिर कनिंघम के अनुसार (आर्कियोलोजिकल सर्वे रिपोर्ट जिल्द 11, पृ० 40-46) सातवीं-आठवीं शती ई० का है किंतु वोगल (Vogel) ने प्रमाणित किया है कि यह इससे कम-से-कम तीन सौ वर्ष अधिक प्राचीन है (आर्कियोलोजिकल सर्वे रिपोर्ट 1908-1909, पृ० 9)। संभवतः यह भारत का प्राचीनतम मंदिर है। यह पक्की ईंटों का बना है। इसका विवरण इस प्रकार है—एक वर्गाकार स्थान पर यह मंदिर बना है। वर्ग के कोने, एक छोड़कर एक, इस प्रकार से बने हैं और मध्य में 15 वर्ग फुट वर्ग का एक गर्भगृह तथा उसके साथ एक 7 फुट वर्ग का मंडप है। दोनों

के बीच एक मार्ग है। गर्भगृह के ऊपर एक वेश्म है जिसका क्षेत्र नीचे के कक्ष से लगभग आधा है। 1850 ई० में ऊपरी भाग को ठन बिजली गिरने से नष्ट हो गई थी। स्थूल दीवारों के बाह्य भाग पर आयताकार घेरों में सुंदर मूर्तिकारी का अंकन है। ये मूर्तियां पकी हुई मिट्टी की बनी हैं। मंदिर में अनेक सुंदर अलंकरणों का प्रदर्शन किया गया है। भित्तियों के ऊपरी भागों पर एकांतरित घेरे तथा अलंकरण-स्तंभ बने हैं। कसिया के निर्वाण मंदिर की कुर्सी के पूर्वी भाग पर भी इसी प्रकार का अलंकरण है जिससे इन दोनों संरचनाओं की समकालीनता सूचित होती है। श्री राखालदास बनर्जी के मत में इस मंदिर के शिखर में महराबों की पंक्तियां बनी हैं जो चैत्यवातायनों से भिन्न हैं। मंदिर की कुर्सी के ऊपर उभरी हुई पट्टियां नहीं हैं जिनसे नचना-कुठारा तथा भुमरा के मंदिरों की वास्तुकला से भीतरगांव की कला भिन्न जान पड़ती है। मंदिर का शिखर वास्तविक शिखर है तथा 40 फुट के करीब ऊंचा है। भीतरगांव का मंदिर, गुप्त वास्तुकला का अनुपम उदाहरण माना जाता है।

भीतरी (जिला गाजीपुर, उ०प्र०)

सैदपुर भीतरी नाम के रेलस्टेशन से पांच मील उत्तर-पूर्व में एक बड़ा ग्राम है जिसमें कई गुप्तकालीन खंडहर हैं। इनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण स्कंदगुप्त के समय का प्रसिद्ध स्तंभ है जिस पर अंकित अभिलेख में गुप्त-सम्राट् स्कंदगुप्त के राज्यकाल के प्रारंभिक वर्षों के संघर्षमय जीवन का वर्णन सुंदर संस्कृत काव्य-शैली में प्रणीत है। स्कंदगुप्त ने अपने भुजबल से हूणों तथा पुष्यमित्रों के आक्रमणों से गुप्त-साम्राज्य की रक्षा किस प्रकार की इसका वर्णन कवि ने इस प्रकार किया है—'पितरि दिविमुपेते विप्लुतां वंशलक्ष्मीं, भुजबलविजितारिर्यः प्रतिष्ठाप्य भूयः, जितमितिपरितोषान् मातरम् सास्रनेत्रां हतरिपुरिव कृष्णो देवकीमभ्युपेत'। इस उद्धरण से स्कंदगुप्त की माता का नाम देवकी जान पड़ता है। स्कंदगुप्त को पुष्यमित्रों से युद्ध करते समय भूमि पर शयन कर तीन रातें बितानी पड़ी थीं—'विचलित कुललक्ष्मीस्तंभनायोद्यतेन क्षितितलशयनीये येन नीता त्रियामा, समुदितबलकोशान् पुष्यमित्रान् च जित्वा क्षितिपचरण पीठे स्थापितो वामपादः'। यह स्तंभ बालु-प्रस्तर का बना है। विष्णु की एक मूर्ति पहले इस स्तंभ के शीर्ष पर स्थापित थी। वह अब नहीं है। अभिलेख जो तिथिरहित है, संभवतः 455 ई० के लगभग उत्कीर्ण किया गया था।

भीमकुण्डा

नर्मदा की सहायक नदी जो तिगरिया से एक मील दूर नर्मदा में मिलती

है। किंवदंती है कि इस स्थान पर मार्कंडेय-ऋषि का आश्रम था।

भीमरथी

'वेणा भीमरथी चैव नद्यौ पापभयापहे, मृगद्विजसमाकीर्णे तापसालयभूषिते'—महा० वन० 88,3 अर्थात् वेणा और भीमरथी नदियाँ समस्त पापभय को नाश करने वाली हैं। इनके तट पर मृगों और द्विजों का निवास है तथा तपस्वियों के आश्रम हैं। भीमरथी, कृष्णा की सहायक नदी भीमा है। उपर्युक्त उद्धरण में पांडवों के पुरोहित धौम्य ने दक्षिण दिशा के तीर्थों के संबंध में इस नदी का उल्लेख किया है। भीष्म० 9,20 में भी भीमरथी का उल्लेख है—'शरावतीं पयोष्णीं च वेणा भीमरथीमपि'। विष्णुपुराण 2,3,12 में भीमरथी को सह्याद्रि से उद्भूत कहा गया है—'गोदावरीभीमरथी कृष्णवेण्यादिकास्तथा सह्यपादोद्भूता नद्यः स्मृता पापभयापहा'। सह्याद्रि पश्चिमी घाट की पर्वत-श्रेणी का नाम है। श्रीमद्भागवत 5,19,18 में भीमरथी का वेण्या और गोदावरी के साथ उल्लेख है—'तुंगभद्रा कृष्णा वेण्या भीमरथी गोदावरी।

भीमशंकर (महाराष्ट्र)

बंबई से पूर्व की ओर 70 मील और पूना से उत्तर की ओर 43 मील पर भीमशंकर का मंदिर स्थित है जिसकी गणना द्वादश ज्योतिर्लिंगों में की जाती है। यह भीमा नदी के तट पर और सह्याद्रि पर्वत पर स्थित है। पुराणों में इस मंदिर की स्थिति डाकिनी ग्राम में मानी है ('डाकिन्यां भीमशंकरम्')। भीमनदी भीमशंकर पर्वत से ही निकलती है। भीमशंकर पर्वत सह्याद्रि का एक शिखर है।

भीमा

(1)=भीमरथी

(2) महाराष्ट्र की चंद्रभागा नदी जिसके तट पर प्रसिद्ध तीर्थ पंढरपुर स्थित है। यह सह्याद्रि से निकल कर कृष्णा नदी में मिल जाती है। संभवतः महाभारत भीष्म० 9,22 में इसी का उल्लेख है—'पूर्वाभिरामां वीरां च भीमामोघवतीं तथा, पाशाशिनीं पापहरां महेंद्रां पाटलावतीम्'। भीमरथी का उल्लेख इसी संदर्भ में, 9,20 में है जिससे इन दोनों की भिन्नता सूचित होती है।

भीमाक्षी (गुजरात)

यह नदी खेडाब्रह्मा के निकट हिरण्याक्षी और कोसंबी नदियों के संगम पर इनसे मिलती है। संगम पर भृगु का आश्रम बताया जाता है।

भीमावन (ज़िला गोरखपुर, उ० प्र०)

कसिया के माथाकुँवर कोट के उत्तर और दक्षिण की ओर विस्तृत मैदान हैं जहां तृणाच्छादित अनेक प्राचीन ढूह हैं। 1904-1905 की खुदाई में पुरातत्त्व विभाग को यहां के खंडहरों से कुछ मुहरें प्राप्त हुई थीं जिनमें मल्लों के उस स्थान का वर्णन है जहां भगवान् बुद्ध की अंतिम क्रिया के लिए चिता तैयार की गई थी।

भीलसा (म० प्र०)

भीलसा का नाम संभवतः भैल्लस्वामिन् के सूर्य-मंदिर के नाम के साथ संबंधित है। 11 वीं शती में अलबेरूनी ने इस स्थान को महाबलिस्तान लिखा था। यह स्थान प्राचीन नगरी विदिशा के निकट था। (दे० विदिशा, बेसनगर)

भुमरा (म० प्र०)

जबलपुर-इटारसी रेल-शाखा पर उंचेरा स्टेशन से छः मील है। 1920 ई० में यहां स्थित एक गुप्तकालीन मंदिर का पता लगा था जिसकी खोज का श्रेय श्री राखालदास बनर्जी को है। मंदिर 35 फुट लंबा और इतना ही चौड़ा है। इसमें शिखर का अभाव है और छत सपाट है। मंदिर के सामने 13 फुट चौड़ी कुर्सी दिखाई पड़ती है जिस पर प्राचीनकाल में मंदिर का सभामंडप स्थित रहा होगा। इसमें आगे सीढ़ियां हैं और दोनों ओर दो अन्य छोटे मंदिरों की कुर्सियां। मंदिर का गर्भगृह 15 फुट लंबा और इतना ही चौड़ा है। यह कैमूर में प्राप्त होने वाले लाल बलुआ पत्थर का बना है जिसमें चूने का प्रयोग नहीं है। छत लंबे सपाट पत्थरों से ढकी है। मंदिर की भित्तियों तथा छत के पत्थरों पर भी सूक्ष्म नक्काशी का काम है। भुमरा से एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ-अभिलेख भी प्राप्त हुआ था। इसका संबंध परिव्राजक महाराज हस्तिन् तथा उच्छकल्प के महाराज सर्वनाथ से है। फ्लीट के मत में यह तिथि-हीन अभिलेख संभवतः 508-509 ई० का है। इस लेख का प्रयोजन अवल्लोद नामक ग्राम में इन दोनों महाराजाओं के राज्यों की सीमा पर स्तंभ बनवाने का उल्लेख है। यह स्तंभ ग्रामिक वासु के पुत्र शिवदास द्वारा स्थापित किया गया था। अवल्लोद भुमरा का ही तत्कालीन नाम जान पड़ता है।

भुरैबी=दे० बारा।

भुवनगिरि=**भोनगिरि (ज़िला नलगोंडा, आ० प्र०)**

इस स्थान पर भयानक चट्टान पर बना हुआ प्राचीन काल का एक दुर्भेद्य दुर्ग स्थित है। यादगिरि पहाड़ी पर नरसिंह स्वामी का प्राचीन मंदिर है और पास ही मन कमाल बहर का मकबरा।

भुवनेश्वर (उड़ीसा)

उड़ीसा की प्राचीन राजधानी। इसको पहले एकाम्रकानन भी कहते थे। भुवनेश्वर को बहुत प्राचीन काल से ही उत्कल की राजधानी बने रहने का सौभाग्य मिला है। केसरीवंशीय राजाओं ने चौथी शती ई० के उत्तरार्ध से 11वीं शती ई० के पूर्वार्ध तक, प्रायः 670 वर्ष या चवालीस पीढ़ियों तक उड़ीसा पर शासन किया और इस सबी अवधि में उनकी राजधानी अधिकतर भुवनेश्वर मे ही रही। एक अनुश्रुति के अनुसार राजा ययातिकेसरी ने 474 ई० में भुवनेश्वर में पहली बार अपनी राजधानी बनाई थी। कहा जाता है कि केसरीनरेशों ने भुवनेश्वर को लगभग सात सहस्र सुन्दर मंदिरों से अलंकृत किया था। अब कुल केवल पांच सौ मंदिरों के ही अवशेष विद्यमान हैं। इनका निर्माण काल 500 ई० से 1100 ई० तक है। मुख्य मंदिर लिंगराज का है जिसे ललाटेंदुकेसरी (617-657ई०) ने बनवाया था। यह जगत्प्रसिद्ध मंदिर उत्तरी भारत के मंदिरो मे रचना-सौंदर्य तथा शोभा और अलंकरण की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस मंदिर का शिखर भारतीय मंदिरों के शिखरों के विकास-क्रम में प्रारंभिक अवस्था का शिखर माना जाता है। यह नीचे तो प्रायः सीधा तथा समकोण है किंतु ऊपर पहुच कर धीरे-धीरे वक्र होता चला गया है और शीर्ष पर प्रायः वर्तुल दिखाई देता है। इसका शीर्ष चालुक्य-मंदिरों के शिखरों पर बने छोटे गुबदों की भांति नहीं है। मंदिर की पार्श्व-भित्तियों पर अत्यधिक सुंदर नक्काशी की हुई है यहाँ तक कि मंदिर के प्रत्येक पाषाण पर कोई न कोई अलंकरण उत्कीर्ण है। जगह-जगह मानवाकृतियों तथा पशु-पक्षियो से सबद्ध सुन्दर मूर्तिकारी भी प्रदर्शित है। सर्वांग-रूप से देखने पर मंदिर चारो ओर से, स्थूल व लंबी पुष्पमालाए या फूलों के मोटे गजरे पहने हुए जान पड़ता है। मंदिर के शिखर की ऊंचाई 180 फुट है। गणेश, कार्तिकेय तथा गौरी के तीन छोटे मंदिर भी मुख्य मंदिर के विमान मे संलग्न हैं। गौरीमंदिर मे पार्वती की काले पत्थर की बनी प्रतिमा है। मंदिर के चतुर्दिक् गज-सिंहो की उकेरी हुई मूर्तियां दिखाई पड़ती हैं। [illegible] मे भुवनेश्वर को फिर से उड़ीसा की राजधानी बनाया गया है।

भृगुभैरव (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

केदारनाथ के निकट एक बर्फानी झील है जिसे मंदाकिनी गंगा का उद्गम होने के कारण प्राचीन समय से ही पुण्यस्थान माना जाता है।

भूतपुरी (मद्रास)

मद्रास से 37 मील और चैंगपुर से 12 मील दक्षिण की ओर स्थित है।

भूतपुरी दक्षिण भारत के प्रसिद्ध दार्शनिक रामानुजाचार्य (15 वीं शती) का जन्मस्थान है। अनत सरोवर के निकट आचार्य के नाम पर एक प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर है। यह मंदिर बहुत विशाल और भव्य है। यहीं केशव भगवान् का मंदिर और विशाल स्तभों वाले कई सभामडप स्थित हैं। भूतपुरी का स्थानीय नाम श्रीपेरम्बुदूर है।

भूतलय

महाभारत में वर्णित एक अपवित्र स्थान—'युगधरे दधिप्राश्य उषित्वा चाच्युतस्थले, तद्वद्भूतलये स्नात्वा सपुत्रा वस्तुमर्हसि' वन० 129,9। धर्मशास्त्र के अनुसार इस दूषित ग्राम में रहने मात्र से प्राजापत्य व्रत करने की आवश्यकता थी—'प्रोष्य भूतलये विप्र: प्राजापत्य व्रत चरेत्'। श्री चि० वि० वैद्य के मत में यह स्थान यमुनानदी के तट पर था क्योंकि वन० 129,13 मे इसी प्रसग के अन्तर्गत प्लक्षावतरण का वर्णन है जिसे 'यमुनातीर्थमुत्तमम्' कहा गया है।

भूतांबिलिका

घुमली (सौराष्ट्र, गुजरात) का प्राचीन नाम। इसे भूमृतपल्ली भी कहते थे। (दे० घुमली)

भूतेश्वर (म० प्र०)

भूतपूर्व ग्वालियर रियासत में पढ़ावली नामक स्थान के निकट एक पहाड़ी क्षेत्र या घाटी जिसमें प्राचीन समय के अगणित छोटे-छोटे शिव या विष्णुमंदिर हैं। इनमें से वर्तमान समय मे केवल भूतेश्वर शिव के मंदिर की ही मान्यता शेष है।

भूपाल (म० प्र०)

कहते हैं कि परमारवंशीय नरेशों में प्रसिद्ध राजाभोज ने 1010 के लगभग इस नगर को बसाया था। भोजपाल इसका प्राचीन नाम था। अब तक भूपाल का एक भाग भोजपुरा के नाम से प्रसिद्ध है जहा का प्राचीन कलापूर्ण शिवालय इस स्थान का सुदर स्मारक है। भूपाल के निकट ही प्राचीनकाल में एक बड़ी झील राजा भोज ने सिंचाई के लिए बनवाई थी। इसके बांध को गुजरात के सुल्तान होशगशाह ने कटवा दिया था। कहा जाता है कि तीन साल तक इस झील का पानी निरंतर बहता रहा और तीन साल में यह स्थान बसने योग्य हुआ था। आजकल भी भूपाल के पास का क्षेत्र बहुत उपजाऊ है। वर्तमान ताल इसी प्राचीन झील का अवशिष्ट अश हो सकता है। किंवदती के अनुसार वास्तव में यह झील बहुत पुरानी है और कई लोग इसे रामायण में वर्णित पपा-सर भी मानते हैं किन्तु यह अभिज्ञान ठीक नहीं जान पड़ता क्योंकि पपासरोवर

किष्किंधा के निकट स्थित था (दे० पंपा, किष्किंधा)। भूपाल के ताल के तट पर प्राचीन गोंड शासिका कमलापति का दो मंजिला भवन है। कहा जाता है यह प्रासाद पहले सात मंजिला था और इसकी कई मंजिलें तालाब के अंदर है। यह जन-प्रवाद यहां प्रचलित है कि कमलापति ने अपने पति की मृत्यु का संकेत पाकर अट्टालिका से नीचे ताल में कूदकर आत्म हत्या कर ली थी। भूपाल में, भूतपूर्व मुसलमानी राजवंश का राज्य 18वीं सती के उत्तरार्ध में स्थापित हुआ था। इस राजवंश के शासनकाल के अनेक राजमहल तथा सुंदर भवन यहां के भव्य स्मारक हैं। इनमें सात मंजिला ताजमहल जो शाहजहां बेगम का निवास-गृह था, अब भी भूपाल के गतवैभव का साक्षी है। सचिवालय से प्रायः दो फर्लांग की दूरी पर भूपाल के भूतपूर्व नवाब हमीदुल्ला खां का महल है जिसे अहमदाबाद कहा जाता है।

भूभृतपल्ली

घुमली (सौराष्ट्र, गुजरात) का प्राचीन नाम। इसे भूताबिल्लिका भी कहते थे।

भूरिसर (हरयाणा)

कुरुक्षेत्र में स्थित ज्योतिसर से 5 मील दूर पश्चिम में पेहेवा (प्राचीन पृथूदक) जाने वाले मार्ग पर स्थित है। कहा जाता है कि कौरवों के वीर सेनानी भूरिश्रवा की मृत्यु इसी स्थान पर हुई थी। महाभारत द्रोण० 143,54 में सात्यकि द्वारा भूरिश्रवा का खड्ग से सिर काट लिए जाने का वर्णन है—'प्रायोपविष्टाय रणे पार्थेन छिन्नबाहवे, सात्यकिः कौरवेयाय खड्गेनापाहरच्छिर'।

भृगुकच्छ=भड़ौच (गुजरात)

खंभात की खाडी के निकट, और नर्मदा के दाहिने तट पर नदी के मुहाने से लगभग 30 मील दूर बसा है। किंवदंती के अनुसार इस स्थान को जिसे भृगुक्षेत्र भी कहा जाता था भृगुऋषि ने बसाया था। सन् 60 से 210 ई० तक रोमन इतिहास लेखकों—प्लिनी आदि ने इस व्यापारिक नगर को बेरीगाजा नाम से अभिहित किया है जो भृगुकच्छ का ही लैटिन रूपांतर है। पौराणिक कथा में यह वर्णित है कि भृगुवंशी परशुराम ने अपने परशु द्वारा इस स्थान से समुद्र को पीछे हटाकर इसे मनुष्यों के बसने योग्य बनाया था। नर्मदा के तट पर भृगु का मंदिर है और नदी-तट पर लगभग 100 फुट से अधिक ऊंची पहाड़ी पर प्राचीन दुर्ग अवस्थित है। भृगुकच्छ को सुप्पारक जातक में भरु-कच्छ कहा गया है और इसकी स्थिति भृगुराष्ट्र में बताई गई है तथा महाभारत में भी इसका भरुकच्छ नाम से उल्लेख है (दे० भरुराष्ट्र, भरुकच्छ)। सुप्पारक जातक में भरुकच्छ के वणिकों की अनजाने समुद्रों में साहस-यात्राओं का अनोखा

और रोमांचकारी वर्णन है जिसमें 'भरुकच्छा यथातान वणिजान धनेच्छि, नावाय विप्पयातठाय सुरमान्नीति वुच्चतीति' ,अर्थात् भरुकच्छ से जहाज पर निकले हुए धनार्थी वणिकों को यह विदित हो कि इस समुद्र का नाम सुरमाली है)। इस वर्णन के प्रसंग में भृगुकच्छ के पोतवणिकों या समुद्र-व्यापारियों का बारबार उल्लेख है। इससे 5वीं-6ठीं शती ई० पू० में भृगुकच्छ के बंदरगाह की एक व्यापारिक नगर के रूप में ख्याति प्रमाणित होती है। उस समय यह नगर समुद्रतट पर ही स्थित था। कालांतर में इसका बंदरगाह नर्मदा की लाई हुई मिट्टी से अटकर बेकार हो गया।

भृगुक्षेत्र (जिला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर से 13 मील दूर स्थित भेड़ाघाट का प्राचीन पौराणिक नाम। यहां नर्मदा का प्रवाह ऊंची-ऊंची पहाड़ियों से घिर कर झील के रूप में परिणत हो गया है। चारों ओर रंगीन और श्वेत चमकदार संगमर्मर की पहाड़ियों का दृश्य बहुत ही अद्भुत और मनोमुग्धकारी है। भेड़ाघाट में भृगुऋषि की तपस्थली मानी जाती है। यहां कई पुराने मंदिर पहाड़ी के ऊपर स्थित हैं। यह स्थान अवश्य ही बहुत प्राचीन है। महाभारत में संभवतः यहां की संगमर्मर की पहाड़ियों का वैदूर्य शिखर या वैदूर्य-पर्वत के नाम से वर्णन किया गया है। 'वैदूर्य शिखरो नाम पुण्यो गिरिवर. शिव'—महा० वन० 89,6; 'स पयोष्ण्यां नरश्रेष्ठ स्नात्वा वै भ्रातृभि सह, वैदूर्यपर्वतंचैव नर्मदां च महानदीम्, देवानामेति कौन्तेय तथा राज्ञां सलोकताम्, वैदूर्यपर्वतं दृष्ट्वा नर्मदामवतीर्य च' वन० 121,16—19। धुवाधार नामक नर्मदा नदी के झरने के निकट द्वितीय शती ई० की एक मूर्ति प्राप्त हुई थी जो अब चौंसठ जोगिनियों के मंदिर में है। कई अन्य गुप्तकालीन मूर्तियां भी यहां से प्राप्त हुई थीं जो इस प्रदेश के तत्कालीन शासक परिव्राजक महाराजाओं तथा उच्छकल्प के नरेशों के समय में निर्मित हुई थीं। चौंसठ जोगनियों के मंदिर में त्रिपुरी के हैहयवंशी राजाओं के समय की भी कई मूर्तियां लक्ष्मणराज की रानी नोहाला द्वारा प्रतिष्ठापित हुई थी। चौंसठ जोगनियों के मंदिर का निर्माण कलचुरि संवत् 907=1155-1156 ई० में अल्हणदेवी ने करवाया था। इस मंदिर को गोलाकृति होने के कारण गोलकीमठ भी कहते हैं।

भृगुतुंग

(1)=भृगुनाथ

(2) वितस्ता या झेलम के निकट संभवतः पश्चिमी कश्मीर में स्थित हिमालय की श्रेणी का एक भाग। इसका वर्णन एक तीर्थ के रूप में महाभारत वन०

130,19 में है—'समायीनां समासस्तु पांडवेय श्रुतस्त्वया त द्रक्ष्यसि महाराज भृगुतुंग महागिरिम्'—इससे अगले श्लोक में वितस्ता का उल्लेख है—'वितस्ता पश्य राजेंद्र सर्वपापप्रमोचनीम्'। यह पर्वत भृगुतुंग (1) से अवश्य ही भिन्न है।

(3) वाल्मीकि रामायण बाल० 61,11 मे उल्लिखित एक पर्वत—'सपुत्र-सहित तात समायें रघुनंदन भृगुतुंगे समासीनमृचीक सददर्श ह।' यह उपर्युक्त (1) या (2) मे से कोई हो सकता है। यहां ऋचीक ऋषि का निवास स्थान बताया गया है।

भृगुपत्तन=भृगुकच्छ (भड़ौंच)

जैन तीर्थ माला चैत्यवदन में उल्लिखित है 'श्री शत्रुंजय रैवताद्रिशिखर-द्वीपे भृगोः पत्तने'।

भृगुराष्ट्र दे० मरुराष्ट्र

भेड़ाघाट दे० भृगुक्षेत्र

भैरोंगढ़ (जिला उज्जैन, म० प्र०)

उज्जैन से एक मील उत्तर की ओर स्थित है। यहां पर द्वितीय तृतीय शती ई० पू० की उज्जयिनी के खंडहर पाए गए हैं। वेश्याटेकरी और कुम्हार-टेकरी नाम के टीलो को खोदने से तत्कालीन उज्जयिनी के अनेक अवशेष मिले हैं। इन टीलो से कई प्राचीन किंवदंतियों का संबंध बताया जाता है।

भैंसा (मधोल तालुका, जिला नदेड, महाराष्ट्र)

11वी से 13वीं शती के बीच के काल में बने हुए एक मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। यह हेमाडपंथी शैली मे निर्मित है। मंदिर के अतिरिक्त तीन दरगाहें और एक तड़ाग यहां के प्राचीन स्मारक हैं।

भोकरदन (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

इस स्थान पर भूगर्भ मे बनी गुफाओं मे कई वैष्णव मंदिर अवस्थित हैं जिनका निर्माणकाल 8वी या 9वी शती ई० है, जैसा कि बरामदे मे अंकित अभिलेख की लिपि से सूचित होता है। गुफाएं केलना नदी के तट पर हैं। भोकरदन मे नवपाषाण-युग के उपकरणादि भी प्राप्त हुए हैं।

भोगनगर

हार्नेल (Hoernle) के अनुसार भोगनगर मे भोजक्षत्रियो की राजधानी थी और यह वैशाली और पावा के निकट स्थित था। यह बौद्धकालीन नगर था। बौद्ध-साहित्य मे इसे मल्लराष्ट्र का एक नगर बताया गया है (दे० बुद्ध-चरित 25, 36—'तब वैशाली से चलकर धीरे-धीरे तथागत भोगनगर को ओर बढ़े और वहां रुककर सर्वज्ञ ने अपने साथियों से कहा—।'

भोगवती

(1)=उज्जयिनी (दे० अवंती)

(2) दे० पचगंगा

(3) =सरस्वती नदी—'मनोरमां भोगवतीमुपेत्य, पूतात्मना चीरजटाधराणाम् तस्मिन् वने धर्मभृतां निवासे ददर्श सिद्धर्षिगणाननेकान्—महा० वन० 24, 20। भोगवती नदी का इस स्थान पर द्वैतवन के संबंध में उल्लेख होने से यह सरस्वती नदी ही जान पड़ती है।

(4) पाताल की एक नगरी—'सतु भोगवतीं गत्वा पुरीं वासुकिपालिताम्, कृत्वा नागान्वशे हृष्टो ययौ मणिमयीं पुरीम्'—वाल्मीकि० उत्तर, 23,5. यह नगरी वासुकि नामक नाग-नरेश—द्वारा पालित थी। इसकी स्थित मणिपुर के पास जान पड़ती है।

भोगवर्धन

पुराणों में वर्णित और गोदावरी तट पर स्थित प्रदेश। इसका ठीक-ठीक अभिज्ञान अनिश्चित है। मार्कण्डेय पुराण, 57, 48-49 में इसका उल्लेख है।

भोगवान्

'ततोदक्षिणमल्लांश्च भोगवंत च पर्वतम्, तरसैवाजयद् भीमो नाति तीव्रेण कर्मणा'—30,12। दक्षिण मल्लदेश के निकट स्थित इस पर्वत को भीम ने अपनी दिग्विजय-यात्रा में विजित किया था। इसकी स्थिति दक्षिण-पूर्वी उत्तर-प्रदेश के पहाड़ी इलाके में जान पड़ती है।

भोज

श्रीभोज या श्रीविजय (सुमात्रा) की राजधानी जिसका उल्लेख चीनी यात्री इत्सिंग (671 ई०) ने किया है।

भोजकट

महाभारत में भोजकट को विदर्भ देश के राजा भीष्मक की राजधानी बताया गया है। इसे तथा इसके पुत्र रुक्मी को सहदेव ने दक्षिण दिशा की दिग्विजय-यात्रा में दूत भेजकर मित्र बना लिया था—'सुराष्ट्रविषयस्थश्च प्रेषयामास रुक्मिणे राज्ञे भोजकटस्थाय महामात्राय धीमते, भीष्मकाय स धर्मात्मा साक्षादिन्द्रसखाय वै, स चास्य प्रतिजग्राह ससुतः शासनं तदा'—सभा० 31, 62-63-64। इससे पहले (सभा० 31, 11) सहदेव द्वारा भोजकट की विजय का वर्णन है—'ततो रत्नमादाय पुरं भोजकटं ययौ, तत्र युद्धमभूद् राजन् दिवसद्वयमच्युत'। श्रीकृष्ण की महारानी रुक्मिणी इन्हीं राजा भीष्मक की पुत्री तथा रुक्मी की बहिन थी। उद्योग 158, 14-16 में वर्णित है कि भोजकट

(भोजराज के नटक का स्थान) उसी जगह बसाया गया था जहां विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को हरने के पश्चात् श्रीकृष्ण ने उसके भाई को सेनाओं को हराया था—'यत्रैव कृष्णेन् रणे निर्जित परवीरहा, तत्र भोजकट नाम कृत नगरमुत्तमम्, सैन्येन् महता तेन प्रभूत गजवाजिना पुरतद् भुविविख्यात नाम्ना भोजकट नृप'। विदर्भ की प्राचीन राजधानी कुंडिनपुर में थी। हरिवंशपुराण (विष्णुपर्व 60, 32) के अनुसार भी भोजकट की स्थिति विदर्भ देश में थी। यह नगर वाकाटक नरेशों का मूल निवासस्थान भी था। वाकाटक-नरेश प्रवरसेन द्वितीय के चम्मक दानपट्टलेख से स्पष्ट है कि भोजकट प्रदेश में विदर्भ का इलिचपुर जिला सम्मिलित था (दे० जर्नल ऑव दि रायल एशियाटिक सोसाइटी, 1914, पृ० 329)। विसेंट स्मिथ के अनुसार भोजकट का अर्थ भोज का किला है (इंडियन ऐंटिक्वेरी, 1923, पृ० 262-263)। भोजकट का अभिज्ञान कुछ लोगों ने धार (म०प्र०) से 24 मील दूर स्थित भोपावर नामक कस्बे से किया है। विदर्भ के शासकों का सामान्य नाम भोज था जैसा कि कालिदास ने रघुवंश के सातवें सर्ग के अंतर्गत इंदुमती के स्वयंवर के प्रसंग से भी स्पष्ट है—'इति स्वसुर्भोजकुलप्रदीप सपाद्यपाणिग्रहण स राजा' रघु० 7,29। अशोक के शिलालेख स० 13 में भी दक्षिण के भोजनरेशों का उल्लेख है। (दे० कुंडिनपुर, भोपावर)

भोजनगर

महाभारत में इस नगर को राजा उशीनर की राजधानी बताया गया है—'शाल्वो विमृशन्नेव स्ववर्यं गत्मानसः जगाम भोजनगर द्रष्टुमौशीनर नृपम्' उद्योग० 118,2। प्रसंग से जान पड़ता है कि भोजनगर में राजा शिवि की भी राजधानी थी। इस प्रकार इस नगर की स्थिति उशीनर प्रदेश (जिला सहारनपुर या हरद्वार का परिवर्ती प्रदेश) में सिद्ध होती है। (दे० उशीनर)

भोजपाल=भूपाल

भोजपुर (जिला सिहोर, म० प्र०)

(1) भूपाल से 15 मील दक्षिण की ओर इस मध्यकालीन नगर के खंडहर हैं। अब यह छोटा सा ग्राम मात्र है। नगर वेत्रवती या बेतवा के तट पर स्थित था। जान पड़ता है कि इस नगर का नाम मालवा के प्रसिद्ध राजा भोज के नाम पर पड़ा होगा। भोजपुर का क्षेत्र पठार है और यह निर्जन और शुष्क दिखाई देता है। भोजपुर का मुख्य ऐतिहासिक स्मारक यहां का भव्य शिव मंदिर है जिसका ऊपरी भाग दूर-दूर तक दिखाई देता है। इसका निर्माण राजा भोज के ही समय में हुआ था और इस प्रकार यह आज से प्राय. एक सहस्र वर्ष प्राचीन है। मंदिर अपनी मूलावस्था में बहुत भव्य तथा विशाल रहा

होगा—यह अनुमान इसकी वर्तमान दशा से भली-भांति किया जा सकता है। इसकी वर्तमान ऊंचाई 50 फुट है किंतु ऊंचाई के अनुपात से उसकी चौड़ाई अधिक है जिससे जान पड़ता है कि प्राचीन समय में इसकी ऊंचाई अब से बहुत अधिक होगी। मंदिर की रचना विशाल प्रस्तरखंडों से की गई जिनमें से कई आज भी मंदिर के आस-पास पड़े हैं। ये पत्थर मसाले से जुड़े थे जो अब पत्थरों के बीच-बीच में से निकल गया है। मंदिर का प्रवेशद्वार भूमि से प्राय 7 फुट ऊंचा है। सीढ़ियां पत्थर की बनी हैं। द्वार के दोनों ओर देवी-देवताओं की मूर्तियां हैं जो संभवतः उत्तर-गुप्तकालीन हैं। एक छोटा मंदिर सीढ़ियों से ऊपर है जो मुख्य मंदिर की दीवार ही में काटा हुआ है। इसमें एक विष्णुमूर्ति प्रतिष्ठापित है। यह विष्णु-मंदिर दो स्तंभों पर आधारित है। स्तंभों की वास्तुकला उच्चकोटि की है। विष्णु की प्रतिमा के विभिन्न अंगों का अनुपात, भाव-भंगिमा, और खड़े होने की मुद्रा—ये सभी शिल्पशास्त्र की दृष्टि से सुंदर एवं मनोरम हैं। मूर्ति पर जिन आभूषणों का अंकन है वे सभी गुप्तकाल में प्रचलित थे। प्रवेशद्वार से नीचे उतरने के लिए अनेक सीढ़ियां हैं जो भूमितल तक बनी हैं। मंदिर अंदर से चतुष्कोण है यद्यपि बाहर से ऐसा नहीं जान पड़ता। इसका फर्श पत्थर का बना है। इसके केंद्रस्थान में एक आधार-स्तंभ की रचना की गई है जिस पर शिवलिंग स्थापित है। इस आधार स्तंभ में तीन चक्र पहनाए गए हैं। नीचे से तीसरे के बीच में शिवलिंग स्थापित है। यह आधार-स्तंभ भूमि से लगभग दो फुट ऊंचा है। काले पत्थर के बने हुए शिवलिंग की ऊंचाई आठ फुट है और परिधि भी काफी चौड़ी है। कहा जाता है इतना विशाल शिवलिंग भारत में अन्यत्र नहीं है। शिवलिंग और उसकी आधार-पिण्डि इस प्रकार जुड़े हैं कि वे एक ही पत्थर में से कटे प्रतीत होते हैं। मंदिर के बाह्य भाग का शिल्प भी सराहनीय है। इसकी चौकोर छत पर जो अब नष्ट हो गई है अद्भुत कारीगरी है। कुछ विद्वानों का विचार है कि देवगढ़ के गुप्तकालीन मंदिर की तुलना में भोजपुर का मंदिर श्रेष्ठ जान पड़ता है यद्यपि इसकी ख्याति देवगढ़ के मंदिर की भांति न हो सकी। छत की नक्काशी के लिए कलाकार के शिल्पियों ने उसे कई वृत्तों में विभाजित किया है और इनमें से प्रत्येक के अंदर कलात्मक अलंकरणों के जाल बिछाए हुए हैं। यह छत चार विशाल प्रस्तर-स्तंभों पर टिकी है जिनकी मोटाई और ऊंचाई अत्यन्त अधिक है। इनकी तुलना भाबी तथा त्रिपुर के स्तंभों से की जा सकती है। इसका निम्न भाग अपेक्षाकृत साधारण है किंतु जैसे-जैसे दृष्टि ऊपर जाती है इसकी कला का सौंदर्य बढ़ता जाता है और सर्वोच्च भाग

पर पहुचते-पहुचते कला की पराकाष्ठा दिखाई पड़ती है। मंदिर की बाह्य-भित्तियां सादी हैं। इसमें प्रदक्षिणा-पथ भी नहीं है। इस शिवमंदिर से थोड़ी ही दूर पर एक छोटा सा जैन मंदिर है जो प्राचीन होते हुए भी ऐसा नहीं दीखता क्योंकि परवर्ती काल में इसका कई बार पुनर्निर्माण हुआ था। यह मंदिर चौकोर है और इसकी छत भी गुप्तकालीन मंदिरों की छतों की भांति सपाट है। मंदिर किसी जैन तीर्थंकर का है। इसकी मूर्ति विवस्त्र है और प्रायः बीस फुट ऊंची है। मूर्ति के दोनों ओर यक्ष-यक्षिणियों की प्रतिमाएं हैं।

(2) (बिहार) एक ग्राम है जहां अंग्रेजी शासनकाल के प्रारंभिक काल में फौजी भर्ती होती थी। भोजपुरी बोली का नाम इसी ग्राम के नाम पर प्रसिद्ध है।

भोनगिरि=भुवन गिरि

भोनरासा (म० प्र०)

पूर्वमध्यकालीन इमारतों के खंडहरों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

भोपावर (म० प्र०)

धार से 24 मील दूर है। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार महाभारतकालीन भोजकट नगर इसी स्थान पर था (दे० भोजकट) किंतु इस किंवदंती में सार नहीं जान पड़ता क्योंकि इस नगर के विषय में जो उल्लेख महाभारत में है उससे भोजकट बरार या विदर्भ में और कुंडिनपुर के निकट होना चाहिए।

भौनरी (जिला बांदा, उ० प्र०)

चित्रकूट से 10 मील उत्तर में है। स्थानीय किंवदंती है कि श्रीरामचंद्र जी अपनी वनयात्रा के समय चित्रकूट जाते समय इस स्थान पर ठहरे थे और यहीं वाल्मीकि का आश्रम था। यहां से लगभग 5 मील दक्षिण चल कर उन्होंने वर्तमान हनुमान धारा नामक स्थान पर विश्राम किया था। यहीं सीता रसोई स्थित है। अगले दिन वे मंदाकिनी के तट पर पहुंच गए थे। वाल्मीकि रामायण के वर्णन के अनुसार वाल्मीकि ने ही रामचंद्र जी को चित्रकूट में रहने का सुझाव दिया था।

भौम

विष्णु० 4,24,65 में उल्लिखित देश—'कलिंगमाहिषमहेंद्रभौमान् गुहा भोक्ष्यन्ति'। प्रसंगानुसार इसकी स्थिति उड़ीसा में जान पड़ती है। विष्णुपुराण ने इस प्रदेश में गुप्त या पूर्वगुप्त काल में जो विष्णुपुराण का निर्माणकाल है, अनार्य गुहों का शासन बतलाया है।

मंगरोल=मगलपुर (1)

मंगलगिरि (जिला गंतूर, मद्रास)

यह प्राचीन तीर्थ है। यहां एक ऊंची पहाड़ी पर कई सौ वर्ष पुराना विष्णु-मंदिर स्थित है। शिखर तक पहुचने के लिए पहाड़ी में छ सौ सीढ़िया बनी हैं।

मगलपुर (सौराष्ट्र, गुजरात)

(1) वर्तमान मगरोल। यहा के खडहरों से अनेक मूर्तिया प्राप्त हुई थीं जो अब राजकोट के सग्रहालय में सुरक्षित हैं। इस नगर का जैनतीर्थ के रूप में उल्लेख 'तीर्थमाला चैत्यवदन' में इस प्रकार है—'सिहद्वीप घनेर मगलपुरे चाज्जाहरे श्रीपुरे'।

(2) (मैसूर) वर्तमान मगलोर। यह प्राचीन तीर्थ है। नगर के पूर्व में मगलादेवी का प्राचीन मदिर है।

(3) स्वात नदी (अफगानिस्तान) के तट पर स्थित मंगलौरा जहा उद्यान देश की राजधानी थी। (दे० उद्यान)

मगलप्रस्थ

'भारतेऽप्यस्मिन् वर्षे सरिच्छैलाः सन्ति बहवोमलयो मगलप्रस्थो मैनाक स्त्रिकूटऋषभकूटक—' श्रीमद्भागवत पुराण 5,19,16। सदर्भ से, और जिस क्रम से पर्वतो के नाम इस उद्धरण में परिगणित हैं उससे, सूचित होता है कि मगलप्रस्थ सभवतः मंगलगिरि (जिला गतूर, मद्रास) है। इस पहाड़ी पर जो विष्णुमदिर है वह बहुत प्राचीन है।

मगलातीर्थ (मद्रास)

रामेश्वरम् के निकट पामुबन की सडक पर यह प्राचीन पौराणिक तीर्थ अवस्थित है। यहा मगलातीर्थ नामक एक सरोवर है जहा पुराणों की कथा के अनुसार गौतम के शाप से छुटकारा पाने के लिए इद्र ने तप किया था। निकट ही राममदिर है जहा इद्र ने भगवान् राम की उपासना की थी।

मगलोर=मगलपुर (2)

मजीरा

गोदावरी की सहायक नदी का नाम। यह प्राचीन अश्मक जनपद में प्रवाहित होती थी। इस जनपद की स्थिति विदर्भ के पार्श्व में थी। वर्तमान नगर बीदर इसी नदी के तट पर बसा है। यह बालाघाट के पहाड़ों से निकलती है और गोदावरी में मिलती है। इसमें पांच उपनदियां दाहिनी ओर से और तीन बाईं ओर से आकर मिलती हैं। इसका नाम वायुपुराण (45,104) में वजुला है।

मंजुपाटन (नेपाल)

मौर्य-सम्राट अशोक की नेपाल यात्रा (लगभग 250 ई० पू०) से पूर्व वर्तमान काठमांडू के निकट बसा हुआ एक नगर जहां नेपाल की तत्कालीन राजधानी थी। अशोक ने इस नगर के स्थान पर रूपपाटन या ललितपाटन नामक एक नगर बसाया था। यह काठमांडू से 2½ मील दक्षिण की ओर है (दे० ललितपाटन, देवपाटन)

मंडकर्णि आश्रम दे० पंचाप्सरस्

मंडवीर

महावंश 15,127-132 में वर्णित लंका का प्राचीन नाम है।

मंडपदुर्ग=मंडनपुर=मांडू

मंडपेश्वर (महाराष्ट्र)

माउंट पोयसर रेल स्टेशन के निकट अति प्राचीन गुहामंदिर। गुफाएं 8वीं शती ई० की जान पड़ती हैं। इनकी मूर्तिकारी का संबंध हिंदू देवी-देवताओं से है। पुर्तगाली पादरियों ने 16वीं शती में यहां गिरजाघर बनवाया था। यहां उस समय पादरी लोग रहते थे।

मंडलेश्वर

प्राचीन माहिष्मती (=महेश्वर, म० प्र०) के निकट एक कस्बा है जो किंवदंती में मंडन मिश्र का निवास-स्थान माना जाता है। मंडन मिश्र और उनकी पत्नी भारती ने जगद्गुरु शंकराचार्य से शास्त्रार्थ किया था। शंकर-दिग्विजय में उन्हें माहिष्मती का निवासी कहा गया है। (दे० माहिष्मती)

मंडावर (जिला बिजनौर, उ० प्र०)

कालिदास के अभिज्ञान शाकुंतल में वर्णित मालिनी (=मालन) नदी के तट पर बसा हुआ प्राचीन स्थान है। स्थानीय किंवदंती में इस कस्बे को बड़े प्राचीन काल से ही कण्व ऋषि का आश्रम माना गया है जो यहां की स्थिति को देखते हुए ठीक जान पड़ता है। पाणिनि ने शायद इसी स्थान को अष्टाध्यायी 4,2,10 में मार्देयपुर कहा है। मंडावर के उत्तर की ओर कुछ दूर पर गंगा है जिसके दूसरे तट पर वर्तमान शुक्रताल (जिला मुजफ्फर नगर, उ० प्र०) या अभिज्ञान-शाकुंतल का शक्रावतार है। हस्तिनापुर जाते समय शकुंतला की उंगली से दुष्यंत की अंगूठी इसी स्थान पर गंगा के स्रोत में गिर गई थी। हस्तिनापुर का मार्ग मंडावर से गंगा पार शुक्रताल हो कर ही जाता है। मंडावर के उत्तर-पश्चिम में नजीबाबाद के पास कजलीवन स्थित है जहां कालिदास के वर्णन के अनुसार दुष्यंत आखेट के

किया गया था (इस विषय में दे॰ लेखक का माडर्न रिव्यू नवंबर 1951 में 'टॉपोग्राफी ऑव अभिज्ञान शाकुन्तल' नामक लेख)। मडावर का प्राचीन नाम कनिंघम के अनुसार मतिपुर है जहां 634 ई॰ के लगभग चीनी यात्री युवानच्वांग आया था। यहां उस समय बौद्धविहार था जहां गुणप्रभ का शिष्य मित्रसेन रहता था। इसकी आयु 90 वर्ष की थी। गुणप्रभ ने सैकड़ों ग्रंथों की रचना की थी। युवानच्वांग के अनुसार मतिपुर जिस देश की राजधानी था उसका क्षेत्रफल 6000 ली या 1000 मील था। यहां उस समय 20 बौद्ध संघाराम और 50 देवमंदिर स्थित थे। युवानच्वांग ने इस नगर को, जिसका राजा उस समय शूद्र जाति का था बहुत समृद्ध दशा में पाया था। उसने इसे माटीपोलो नाम से अभिहित किया है। चीनी यात्री ने जिन स्तूपों का वर्णन किया है उनका अभिज्ञान करने का प्रयत्न भी कनिंघम ने किया है। यहां से उत्खनन में कुषाण तथा गुप्त-नरेशों के सिक्के, मध्यकालीन मूर्तियां तथा अन्य अवशेष मिले हैं। किंवदंती ही है कि यहां का पीरनाली ताल, बौद्ध संत विमल मित्र के मरने पर जो भूचाल आया था उसके कारण बना है। यह घटना प्रायः 700 वर्ष पुरानी कही जाती है। मडावर बिजनौर से प्रायः 10 मील उत्तर-पूर्व की ओर है। उत्तर-रेल का चंदक स्टेशन (मुरादाबाद-सहारनपुर लाइन) मडावर से प्रायः चार मील है।

मंडी (हिमाचल प्रदेश)

किंवदंती के अनुसार माण्डव्य ऋषि के नाम पर प्रसिद्ध है। मंडी में भूतनाथ महादेव का मंदिर है। इनकी पूजा नगर के अधिष्ठातृ देव के रूप में होती है। कहा जाता है कि मंडी की नगरी को बसाने वाले राजा अजबरसेन ने इस मंदिर में प्रतिष्ठापित मूर्ति को प्राप्त किया था। 1520 ई॰ में बना त्रिलोकनाथ का मंदिर कला की दृष्टि से उत्कृष्ट स्मारक है। इसके स्तंभों पर पुष्पों तथा पशु-पक्षियों का मूर्तिमय अंकन बड़े कौशल से किया गया है। मंडी से 2 मील पूर्व रवाल्सर नामक सरोवर है जिसे हिंदू, बौद्ध तथा सिख पवित्र मानते हैं। कहा जाता है कि गुरु नानकदेव इस स्थान पर एक बार आए थे।

मडु

पाणिनि, 4,2,77 में उल्लिखित है। यह शायद अटक (पश्चिम पाकि॰) के निकट स्थित था (मिल्यनवेवी)

मांडू (जिला इंदौर, म॰ प्र॰)

मांडू का प्राचीन नाम मण्डप दुर्ग या माण्डवगढ़ कहा जाता है। मंडप नाम

से इस नगर का उल्लेख जैन-ग्रंथ तीर्थमाला चैत्यवंदन मे किया गया है—'कोडीनारस मंत्रि दाहड़ पुरे श्री मंडपे चार्बुदे'। जनश्रुति है कि यह स्थान रामायण तथा महाभारत के समय का है किंतु इस नगर का नियमित इतिहास मध्यकालीन ही है। कन्नौज के प्रतिहार नरेशों के समय में परमारवंशीय श्रीहरमन मालवा को राज्यपाल नियुक्त किया गया था। उस समय भी मांडवगढ़ काफी शोभा-संपन्न नगर था। प्रतिहारों के पतन के पश्चात् परमार स्वतंत्र हो गए और उनकी वंश परंपरा में मुंज, भोज आदि प्रसिद्ध नरेश हुए। 12वीं, 13वीं शतियों मे शासन की डोर जैन मंत्रियों के हाथ मे थी और मांडवगढ ऐश्वर्य की चरम सीमा तक पहुंचा हुआ था। कहा जाता है कि उस समय यहां की जनसंख्या सात लाख थी और हिंदू मंदिरों के अतिरिक्त 300 जैन मंदिर भी यहां की शोभा बढ़ाते थे। अलाउद्दीन खिलजी के मंडू पर आक्रमण के पश्चात् यहा से हिंदू राज्य-सत्ता ने विदा ली। यह आक्रमण अलाउद्दीन के सेनापति आईन-उलमुल्क ने किया था। इसने यहां कत्लेआम भी करवाया था। 1401 ई० मे मंडू दिल्ली के तुगलकों के आधिपत्य से स्वतंत्र हो गया और मालवा के शासक दिलावर खां गौरी ने मंडू के पठान शासकों की वंश-परंपरा प्रारंभ की। इन सुलतानों ने मंडू मे जो सुंदर भवन तथा प्रासाद बनवाए थे उनके अवशेष मंडू को आज भी आकर्षण का केंद्र बनाए हुए हैं। दिलावरखां का पुत्र होशंगशाह 1405 ई० मे अपनी राजधानी धार से उठाकर मंडू में ले आया। मंडू के किले का निर्माता यही था। इस राज्य-वंश के वैभवविलास की चरम सीमा 15वीं शती के अंत मे ग्यासुद्दीन के शासन-काल मे दिखाई पड़ी। ग्यासुद्दीन ने विलासिता का वह दौर शुरू किया जिसकी चर्चा तत्कालीन भारत मे सर्वत्र थी। कहा जाता है उसके हरम मे 15 सहस्र सुंदरियां थीं। 1531 ई० मे गुजरात के सुलतान बहादुरशाह ने मंडू पर हमला किया और 1534 ई० में हुमायूं ने यहां अपना आधिपत्य स्थापित किया। 1554 ई० में मंडू बाजबहादुर के शासनाधीन हुआ। किंतु 1570 ई० मे अकबर के सेनापति आदमखां और आसफखां ने बाजबहादुर को परास्त कर मंडू पर अधिकार कर लिया। कहा जाता है कि बाजबहादुर के इस युद्ध मे मारे जाने पर उसकी प्रेयसी रूपमती ने विषपान करके अपने जीवन का अंत कर दिया। मंडू की लूट मे आसफखां ने बहुत सी धनराशि अपने अधिकार मे करली जिससे क्रुद्ध होकर अकबर ने आदमखां को आगरे के किले की दीवार से नीचे फिंकवा कर मरवा दिया। यह अकबर का मौसा भाई (धात्री पुत्र) था। बाजबहादुर और रूपमती की प्रेमकथाएं आज भी मालवा के लोकगीतों में गूंजती हैं। बाजबहादुर

संगीत-प्रेमी भी था। कुछ लोगों का मत है कि जहाज़महल और हिंडोला महल उसने ही बनवाए थे। मडू के सौंदर्य ने अकबर तथा जहांगीर दोनो ही को आकृष्ट किया था। यहा के एक शिलालेख से सूचित होता है कि अकबर एक बार मडू आकर नीलकंठ नामक भवन में ठहरा था। जहांगीर की आत्म-कथा तुज़के जहांगीरी में वर्णन है कि जहांगीर को मंडू के प्राकृतिक दृश्यों से बड़ा प्रेम था और वह यहा प्राय महीनों शिविर डाल कर ठहरा करता था। मुगल-साम्राज्य के पतन के पश्चात् पेशवाओं का यहा कुछ दिन अधिकार रहा और तत्पश्चात् यह स्थान इंदौर की मराठा रियासत में शामिल हो गया। मडू के स्मारक, जहाज़ महल के अतिरिक्त, ये हैं—दिलावर खा की मसजिद, नाहर झरोखा, हाथी-पोल दरवाज़ा (मुगल कालीन), होशंगशाह तथा महमूद खिलजी के मकबरे। रेवाकुंड बाज़बहादुर और रूपमती के महलों के पास स्थित है। यहा से रेवा या नर्मदा दिखलाई पड़ती है। कहा जाता है रूपमती प्रतिदिन अपने महल से नर्मदा का पवित्र दर्शन किया करती थी। शिवाजी के राजकवि भूषण ने गौरचवंशीयनरेश अमरसिंह के पुत्र अनिरुद्धसिंह की प्रशसा म कहे गए एक छंद में (भूषण ग्रंथावली फुटकर 45) मडू को इनकी राजधानी बताया है—'सरद के घन की घटान सी घमडती हैं मडू तें उमडती हैं मडती महीतल'—किसी-किसी प्रति मे इस स्थान पर मडू के बजाए मेंडू भी पाठ है। मेंडू को कुछ लोग उत्तरप्रदेश में स्थित मानते हैं क्योंकि गौरच राजपूत अलीगढ के परिवर्ती प्रदेश से सबद्ध थे।

मडोदर=मडौर

मडौर (ज़िला जोधपुर, राजस्थान)

मारवाड की जोधपुर से पहले की राजधानी। मडौर नामक वर्तमान ग्राम का प्राचीन नाम मडोदर या माडव्यपुर है। कहा जाता है कि यहा माडव्यऋषि का आश्रम था। स्थानीय रूप से यह जनश्रुति है कि नगर का नाम रावण की रानी मदोदरी के नाम पर प्रसिद्ध हुआ था और वह स्थान जहा लकापति के साथ मदोदरी का विवाह हुआ था आज भी मडौर में स्थित बताया जाता है। 7वीं शती ई० के उपरात गुर्जर नरेशों ने मडौर म अपनी राजधानी बनाई थी। माडव्यऋषि के आश्रम के समीप स्थित माडव्यदुर्ग की गणना राजस्थान के महत्वशाली दुर्गों में की जाती है। मडौर में प्राप्त एक शिलालेख में इस स्थान को माडव्याश्रम कहा गया है और इसके निकट एक पुण्यशालिनी नदी का उल्लेख है जो सभवत नागोदरी है, 'माडव्यस्याश्रमे पुण्ये नदीनिर्झर शोभते'। दुर्ग के अदर विष्णु तथा जैन मदिरों के खडहर हैं। 12वीं 13वीं शतियों की कई

मूर्तियां यहां से प्राप्त हुई हैं। मंदिर यद्यपि खंडहर की अवस्था में है किंतु उसकी दीवारों पर बेल-बूटे, पशुपक्षी, कीर्तिमुख आदि का तक्षण बड़ी सुंदर रीति से किया गया है। आधुनिक मंडोर ग्राम तथा दुर्ग के मध्यवर्ती भाग में खुदाई में मिट्टी के कुंभ मिले हैं जिनमें से एक पर गुप्तलिपि में विषय (=विषय) शब्द खुदा है। दुर्ग के नीचे पंचकुंडा की ओर नरेशों की छतरियां, चूडा जी का देवल तथा पंचकुंडा दर्शनीय है।

मंडोट दे० महातीर्थ

मंत्रालय (मद्रास)

इस नाम के रेल स्टेशन से 9 मील पर यह सुंदर तीर्थस्थान बसा है। तुंगभद्रा नदी पास ही बहती है। यहां श्री राघवेंद्र स्वामी का प्रख्यात मंदिर है जहां दूर-दूर से यात्री आते हैं। मंदिर के प्रांगण में कई प्राचीन संतों की समाधियां हैं। राघवेंद्र स्वामी के मंदिर का वृन्दावन विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

मंदग

विष्णुपुराण 2,4,48 के अनुसार क्रौंच द्वीप का एक भाग या वर्ष जो द्वीप के राजा द्युतिमान् के पुत्र के नाम पर प्रसिद्ध है।

मंदर

(1) (पर्वत) वाल्मीकि रामायण किष्किंधा 40,25 में सुग्रीव ने सीता के अन्वेषणार्थ पूर्व दिशा में वानर-सेना को भेजते हुए और वहां के स्थानों का वर्णन करते हुए मंदर नामक पर्वत का उल्लेख इस प्रकार किया है 'समुद्रमवगाढाश्च पर्वताग्रपत्तनानि च, मंदरस्य च ये कोटि संश्रिता. केचिदालया.' अर्थात् जो पर्वत या बंदरगाह समुद्रतट पर स्थित हों अथवा जो स्थान मंदर के शिखर पर हों (वहां भी सीता को ढूंढना)। इसी श्लोक के तत्काल पश्चात् द्वीप निवासी किरातों संभवत अंडमान निवासियों का विचित्र वर्णन है। इस स्थिति में मंदर ब्रह्मदेश या बर्मा के पश्चिमी तट की पर्वत श्रेणी के किसी भाग का नाम हो सकता है।

(2)=मंदराचल। 'श्वेत गिरिं प्रवेक्ष्यामो मंदरं चैव पर्वतं, यत्र मणिवरो यक्ष. कुबेरश्चैव यक्षराट्'—महा० 139,5। इस उद्धरण में मंदराचल का पांडवों की उत्तराखंड की यात्रा के संबंध में उल्लेख है जिससे यह पर्वत हिमालय में बदरीनाथ या कैलास के निकट कोई गिरि-शृंग जान पड़ता है। विष्णुपुराण 2,2,16 के अनुसार मंदरपर्वत इलावृत के पूर्व में है—'पूर्वेण मंदरोनाम दक्षिणे गंधमादन'। मंदराचल का पुराणों में क्षीरसागर मंथन की कथा में भी वर्णन

है। इस आख्यायिका के अनुसार सागर मथन के समय देवताओं और दानवों ने मंदराचल को मथानी बनाया था।

मदहौर दे० दमपुर

मंदाकिनी

(1) चित्रकूट (जिला बांदा, उ० प्र०) के निकट बहने वाली नदी। इसे आज भी मंदाकिनी कहते हैं। वाल्मीकि रामायण अयोध्याकांड में इसका कई स्थानों पर उल्लेख है—'अयं गिरिश्चित्रकूटस्तथा मंदाकिनी नदी, एतत् प्रकाशते दूरान्नीलमेघनिभं वनम्'; 'अथ शैलाद्विनिष्क्रम्य मैथिलीं कोसलेश्वर, अदर्शयच्छुभजलां रम्यां मंदाकिनी नदीम्। विचित्र पुलिनां रम्यां हंससारससेविताम् कुसुमैरुपसंपन्नां पश्य मंदाकिनीं नदीम्। नानाविधैस्तीररुहैर्वृतां पुष्पफलद्रुमैः राजन्तीं राजराजस्य नलिनीमिव सर्वतः। क्वचिन् मणिनिकाशोदां क्वचित् पुलिनशालिनीम्, क्वचित्सिद्धजनाकीर्णां पश्य मंदाकिनीं नदीम्। दर्शनं चित्रकूटस्य मंदाकिन्याश्च शोभने अधिकं पुरवासाच्च मन्ये तव च दर्शनात्। सखीवच्च विगाहस्व सीते मंदाकिनींनदीम्, कमलान्यवमज्जन्ती पुष्कराणि च भामिनि' अयो० 93,8;95,1-3-4-9-12-14। श्रीमद्भागवत 5,19,18 में मंदाकिनी का नामोल्लेख इस प्रकार है—'कौशिकी मंदाकिनी यमुना ' । कालिदास ने *रघुवंश 13,48 में मंदाकिनी का विमानारूढ़ राम से (चित्रकूट के निकट)* कितना हृदयग्राही वर्णन करवाया है—'एषा प्रसन्नस्तिमितप्रवाहा सरिद् विदूरान्तरभावतन्वी, मंदाकिनी भाति नगोपकंठे मुक्तावली कंठगतेव भूमेः'। अध्यात्मरामायण अयो० 63 में मंदाकिनी को गंगा कहा गया है—'कचुरग्रे गिरेः पश्चाद् गंगाया उत्तरतटे विविक्त रामसदनं रम्य काननमंडितम्'। तुलसीदासजी ने (रामचरितमानस, अयोध्या कांड) में मंदाकिनी को सुरसरि की धारा कहा है—'सुरसरि धार नाम मंदाकिनी जो सब पातक-पोतक डाकिनि'। उन्होंने मंदाकिनी के संबंध में प्रसिद्ध पौराणिक कथा का भी निर्देश किया है जिसमें इस नदी को अत्रिऋषि की पत्नी अनसूया द्वारा चित्रकूट में लाए जाने का वर्णन है—'नदी पुनीत पुरान बखानी, अत्रिप्रिया निज तपबल आनी'। मंदाकिनी और पयस्विनी नदियों के संगम पर राघवप्रयाग नामक स्थान है। (मंदाकिनी शब्द का अर्थ 'मंद-मंद बहने वाली' है। इसी इस विशिष्ट गुण का वर्णन कालिदास ने उपर्युक्त श्लोक में 'स्तिमित प्रवाहा' कह कर किया है।

(2) ताप्ती से पांच मील दक्षिण में बहने वाली छोटी नदी। कालिदास के मालविकाग्निमित्र नाटक की कई प्राचीन हस्तलिखित प्रतियों के पाठ में मंदाकिनी नामक एक नदी का इस प्रकार उल्लेख है—'मं भर्ता मंदाकिनी तीरे न-

पालदुर्गे स्थापित'। रायचौधरी के अनुसार यह मदाकिनी तास्ती की सहायक नदी है (पोलीटिकल हिस्ट्री आव एंशेंट इंडिया, पृ० 309। अन्य प्रतियों में पाठ 'नर्मदा' है जो अधिक समीचीन जान पड़ता है।

(3) यह नदी गढ़वाल (उ० प्र०) में केदार नाथ के पर्वत-शृंग से निकल कर कालीमठ, चन्द्रापुरी, अगस्त्यमुनि आदि स्थानों से होती हुई रुद्रप्रयाग में आकर गंगा की मुख्य धारा अलकनंदा में मिल जाती है। इसका जल श्याम होने से इसे काली गंगा भी कहते हैं।

मंदारगिरि (जिला भागलपुर, बिहार)

इस स्थान से गुप्तनरेश आदित्यसेन के दो शिलालेख प्राप्त हुए हैं। ये दोनों एक ही लेख की दो प्रतिलिपियां हैं। इनमें आदित्यसेन के नाम के पहले, परमभट्टारक तथा महाराजाधिराज की उपाधियां जोड़ी गई हैं जिससे सूचित होता है कि यह अपसढ़-अभिलेख के बाद लिखा गया है क्योंकि उसमें आदित्यसेन की ये उपाधियां उल्लिखित नहीं हैं। इस अभिलेख से जान पड़ता है कि हर्ष की मृत्यु के पश्चात् राजनैतिक उथल पुथल में, मगध में स्थित गुप्त राजाओं के वंशज शक्तिशाली हो गए और आदित्यसेन स्वतंत्र राजा के रूप में राज करने लगा। इस अभिलेख में आदित्यसेन की रानी कोणदेवी द्वारा एक तड़ाग बनवाए जाने का उल्लेख है।

मंडोवर दे० मंडोर

मऊरानीपुरा (बुंदेलखंड, उ० प्र०)

झांसी मानिकपुर रेल मार्ग पर स्टेशन है। 17वीं शती के अंत में बुंदेला-नरेश सुजान सिंह की माता ने इस ग्राम को बसाया था।

मकरान (सिंध, पाकि०)

अरब सागर के तटवर्ती प्रदेश का एक भाग। बृहत्संहिता में इस प्रदेश के निवासियों को 'मकर' कहा गया है। कॉल्डवेल ने इस नाम को मूलरूप में तामिल भाषा का शब्द माना है। फारसी के प्राचीन महाकाव्य शाहनामा में उल्लेख है कि इस प्रदेश पर ईरान के सम्राट् कैखुसरो ने कब्जा किया था जिसके नाम से खुसरैर नामक स्थान आज भी मकरान में है। 7वीं शती ई० में सिंध-नरेश रायचच का मकरान पर अधिकार था जैसा कि चचनामा नामक ग्रंथ से सूचित होता है। 712 ई० में यहां अरबों का अधिकार हुआ और तत्पश्चात् इतिहास में सिंध प्रांत के साथ ही मकरान के भाग्य का निपटारा होता रहा। ग्रीक लेखकों ने मकरान को गेदरोजिया लिखा है जो ग्वादूर का अपभ्रंश जान पड़ता है। यह स्थान मकरान का प्राचीन बंदरगाह था।

मकुल (पर्वत)

बौद्ध गया से 26 मील दक्षिण कलुहा पहाड़। बुद्ध ने छठा वर्षाकाल यहां बिताया था।

मगडोबा (जिला फरीदपुर, बंगाल)

इस ग्राम में चैतन्य महाप्रभु (15वीं शती) की माता शचीदेवी का पितृगृह था। उनके पिता प० नीलांबर चक्रवर्ती विद्याध्ययन के लिए मगडोबा से नवद्वीप में आकर बस गए थे।

मगद्वीप

भविष्यपुराण 39 में वर्णित जनपद जहां के निवासी मगों के सोलह परिवारों को कृष्ण के पुत्र सांब ने स्वनिर्मित सूर्य-मंदिर में उपासना के लिए शकस्थान से लाकर बसाया था। सांब ने दुर्वासा के शाप के फलस्वरूप कुष्ठ रोग से पीड़ित होकर सूर्य की उपासना की थी। मग निवासियों का वर्णन प्रमाणित करता है कि ये लोग ईरान देश से आए थे। ये लोग पारसियों की भांति कटि-मेखला पहनने, मृत शरीर को छूना पाप समझते, खाते समय मौन रहते और प्रार्थना के समय मुख को कपड़े से ढका रखते थे। वास्तव में प्राचीन ईरानी साम्राज्य के मीडिया नामक नगर की एक जाति को मग या मागी कहते थे (इसी से अंग्रेजी शब्द Magician बना है)। मगों का संबंध शाकलद्वीप या सियालकोट से भी जान पड़ता है जहां ये भारत में आने पर बस गए थे। वाराहमिहिर की बृहत्संहिता 58 में वर्णित सूर्य-प्रतिमाओं के वेश तथा आकृति से विशेषतः कटि-मेखला तथा आजानु बूटों से यह तथ्य पुष्ट होता है कि भारत में सूर्योपासना के केंद्रों में ईरानी लोगों का काफी प्रभाव था। कालांतर में मगों को हिंदू समाज में ब्राह्मणों के रूप में सम्मिलित कर लिया गया। इन्हें आज भी मग, शाकल या शाकल द्वीपी ब्राह्मण कहा जाता है।

मगध

बौद्धकाल तथा परवर्तीकाल में उत्तरी भारत का सबसे अधिक शक्तिशाली जनपद। इसकी स्थिति स्थूल रूप से दक्षिण बिहार के प्रदेश में थी। मगध का सर्वप्रथम उल्लेख अथर्ववेद (5,22,14) में है—'गंधारिभ्यो मूजवद्भ्योऽङ्गेभ्योमगधेभ्यः प्रैष्यन् जनमिव शेवधिं तक्मानं परिदद्मसि'। इसमें सूचित होता है कि प्रायः उत्तर वैदिक काल तक मगध, आर्य सभ्यता के प्रभाव क्षेत्र से बाहर था। विष्णुपुराण (4,24,61) से सूचित होता है कि विश्वस्फटिक नामक राजा ने मगध में प्रथम बार वर्णों की परंपरा प्रचलित करके आर्य सभ्यता का प्रचार किया था। 'मगधायां तु विश्वस्फटिकसंज्ञोऽन्यान्वर्णान् करिष्यति'। वाजसनेय

संहिता (30,5) में मागधों या मगध के चारणों का उल्लेख है। वाल्मीकि रामायण (बाल० 32,8-9) में मगध के गिरिव्रज का नाम वसुमती कहा गया है और सुमागधी नदी को इस नगर के निकट बहती हुई बताया गया है—'एषा वसुमती नाम वसोस्तस्य महात्मन, एते शैलवरा पंच प्रकाशन्ते समतत, सुमागधीनदी रम्या मागधान्विश्रुताऽऽययौ, पंचानां शैलमुख्यानां मध्ये मालेव शोभते'। महाभारत के समय में मगध में जरासंध का राज्य था जिसकी राजधानी गिरिव्रज में थी। जरासंध के वध के लिए श्रीकृष्ण अर्जुन और भीम के साथ मगध देश में स्थित इसी नगर में आए थे—'गोरथ गिरिमासाद्य ददृशुर्मागध पुरम्'—महा० सभा० 20,30। जरासंध के वध के पश्चात् भीम ने जब पूर्व दिशा की दिग्विजय की तो उन्होंने जरासंध के पुत्र सहदेव को, अपने संरक्षण में ले लिया और उससे कर ग्रहण किया 'तत सुह्मान् प्रसुह्मांश्च सपक्षानतिवीर्यवानविजित्य युधिकौंतेयो मागधानभ्यधाद्बली'। 'जारासंधि सान्त्वयित्वा करे च विनिवेश्य ह' सभा० 0,16-17। गौतम बुद्ध के समय में मगध में बिंबिसार और तत्पश्चात् उसके पुत्र अजातशत्रु का राज था। इस समय मगध की कोसल जनपद से बड़ी अनबन थी यद्यपि कोसल-नरेश प्रसेनजित की कन्या का विवाह बिंबिसार से हुआ था। इस विवाह के फलस्वरूप काशी का जनपद मगधराज को दहेज के रूप में मिला था। यह मगध के उत्कर्ष का समय था और परवर्ती शतियों में इस जनपद की शक्ति बराबर बढ़ती रही। चौथी शती ई० पू० में मगध के शासक नव नद थे। इनके बाद चन्द्रगुप्त मौर्य तथा अशोक के राज्यकाल में मगध के प्रभावशाली राज्य की शक्ति अपने उच्चतम गौरव के शिखर पर पहुंची हुई थी और मगध की राजधानी पाटलिपुत्र भारत भर की राजनैतिक सत्ता का केंद्र बिंदु थी। मगध का महत्व इसके पश्चात् भी कई शतियों तक बना रहा और गुप्तकाल के प्रारंभ में काफी समय तक गुप्त साम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र ही में रही। जान पड़ता है कि कालिदास के समय (संभवत' 5वीं शती ई०) में भी मगध की प्रतिष्ठा पूर्ववत् थी क्योंकि रघुवंश 6,21 में इदुमती के स्वयंवर के प्रसंग में मगधनरेश परतप का भारत के सब राजाओं में सर्वप्रथम उल्लेख किया गया है। इसी प्रसंग में मगध-नरेश की राजधानी को कालिदास ने पुष्पपुर में बताया है—'प्रासादवातायन सश्रिताना नेत्रोत्सव पुष्पपुरागनानाम्' 6,24। गुप्त साम्राज्य की अवनति के साथ-साथ ही मगध की प्रतिष्ठा भी कम हो चली और छठी सातवीं शतियों के पश्चात् मगध भारत का एक छोटा सा प्रांत मात्र रह गया। मध्यकाल में यह बिहार नामक प्रांत में विलीन हो गया और मगध का पूर्व गौरव इतिहास

का विषय बन गया। जैन साहित्य में अनेक स्थलों पर मगध तथा उसकी राजधानी राजगृह (प्राकृत रायगिह) का उल्लेख है। (दे० प्रज्ञापण सूत्र)

मगधपुर

गिरिव्रज को महा० सभा० 20,30 में मगधपुर कहा गया है जहाँ जरासंध की राजधानी थी—'गोरथ गिरिमासाद्य ददृशुर्मागधं पुरम्'। (दे० मगध; गिरिव्रज (2))

मगधभुक्ति

गुप्त अभिलेखों में पटना-गया जिलों के परिवर्ती प्रदेश का नाम। इसे पाल नरेशों के राज्य काल में श्रृंगारभुक्ति कहा जाता था। (दे० बिहार थ्रू दि एजज, पृ० 53,54)

मगम (जिला बिल्लारी, मद्रास)

चालुक्य-वास्तु शैली में निर्मित मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

मगह = मगध

मगध का प्राकृत नाम—'मगह गयादिक तीरथ जैसे'—तुलसीदास।

मगहर (जिला बस्ती, उ० प्र०)

उत्तर भारत के प्रसिद्ध संत कबीर का मृत्यु स्थान। इनकी मृत्यु 1500 ई० के लगभग हुई थी। तत्कालीन लोक-विश्वास के अनुसार मगहर में मृत्यु अशुभ समझी जाती थी। इस विश्वास को झुठलाने के लिए ही ये महात्मा मृत्यु से पहले मगहर चले गए थे। उनका कहना था कि जो 'कबिरा काशी मरे तो रामहिं कौन निहोरा'। कहा जाता है कि मगहर में मरने के उपरांत उनकी चादर के नीचे केवल फूल मिले थे जिन्हें हिंदू-मुसलमानों ने आधा-आधा बाँट कर अपने अपने धर्म की रीति के अनुसार कबीर की समाधि बनवाई। आमी नदी के दाहिने तट पर दोनों समाधियां आज भी विद्यमान हैं।

मछेरी दे० अलवर

मझगावा (बघेलखंड, म० प्र०)

भूतपूर्व नागौद रियासत में स्थित है। इस स्थान से परिव्राजक महाराज हस्तिन् का 191 गुप्त संवत् (=510 ई०) का एक ताम्रपट्ट-अभिलेख प्राप्त हुआ था जिसमें महादेवी देव नामक व्यक्ति की प्रार्थना पर महाराज हस्तिन् द्वारा वासुगर्त नाम के ग्राम को कुछ ब्राह्मणों के लिए दान में दिए जाने का उल्लेख है।

मझौली (जिला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर से 34 मील दूर यह स्थान वराह भगवान् के अति प्राचीन मंदिर

के लिए विख्यात है। वराह की प्रतिमा लगभग 9 फुट ऊंची है। मझौली से 12 मील पर रूपनाथ नामक ग्राम है जहां अशोक का एक शिलालेख स्थित है।

मणियागढ़ (जिला दमोह, म० प्र०)

गढ़मंडला नरेश संग्रामसिंह (मृत्यु 1540 ई०) के 52 गढ़ों में से एक। संग्रामसिंह प्रसिद्ध वीरांगना रानी दुर्गावती के श्वसुर थे और इन्होंने गढ़-मंडला राज्य की संस्थापना की थी जिसका अंत मुगल सम्राट् अकबर के समय में हो गया।

मड़ा

(1) (जिला झांसी, उ० प्र०) बुंदेलखंड वास्तु शैली में निर्मित कई मंदिरों के अवशेष यहां स्थित हैं।

(2) (जिला देहरादून, उ० प्र०) कालसी से 25 मील दूर गंगा-तट पर स्थित है। 600 ई० का लाखा-मंदिर यहां का प्राचीन स्मारक है।

मणिक्याला (जिला रावलपिंडी, पाकि०)

यह स्थान कनिष्ककालीन है। यहां के बौद्धस्तूप के भग्नावशेषों में एक चांदी के वर्तुल पट्टक पर कुशान सम्राट् कनिष्क के शासनकाल (लगभग 120 ई०) का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है जिससे इस प्रदेश में उसकी प्रभुता का विस्तार प्रमाणित होता है। यहां के स्तूप की खोज 1830 ई० में जनरल वेंटुरा और कोर्ट ने की थी। इसमें से कनिष्क के सिक्के भी प्राप्त हुए थे। बरजेस का मत है कि मौलिक स्तूप (जो कनिष्क-कालीन है) पर 25 फुट मोटा बाह्यावरण है जो शायद 8वीं शती में बना था।

मणितार

हर्षचरित के लेखक महाकवि बाणभट्ट के अनुसार यह स्थान अजिरावती नदी के तट पर स्थित था। महाराजाधिराज हर्ष (606-647 ई०) ने अपना राज-शिविर इस स्थान पर कुछ दिनों के लिए स्थापित किया था और यहां अनेक करद नरेश और सामंत राज भक्ति प्रदर्शित करने के लिए एकत्र हुए थे। इसी स्थान पर बाण की महाराज हर्ष से सर्वप्रथम भेंट हुई थी। डा० रा० कु० मुकर्जी के मत में यह स्थान अवध, उत्तर प्रदेश में था (दे० अजिरावती)। अजिरावती या अचिरावती का छोटी राप्ती से अभिज्ञान किया गया है। श्रावस्ती इसी नदी के तट पर स्थित थी।

मणिनाग

राजगृह (=राजगीर, बिहार) के खंडहरों में स्थित अति प्राचीन स्थान है इसे अब मणियार मठ कहते हैं। महाभारत में मणिनाग का तीर्थरूप में

उल्लेख है—'मणिनागं ततोगत्वा गोसहस्रफलंलभेत्' वन० 84,106। 'नैत्यिकं भुंक्ते यस्तु मणिनागस्य भारत, दष्टस्याशीविषेणापि न तस्य क्रमते विषम्' —वन० 84,107। निश्चय ही यह स्थान महाभारत-काल में नागों का तीर्थ था। मणियार मठ से, उत्खनन द्वारा गुप्तकालीन कई नागमूर्तियाँ मिली हैं और एक नागमूर्ति पर तो मणिनाग शब्द भी उत्कीर्ण है। यह प्रायः निश्चित है कि महाभारत में जिस मणिनाग का उल्लेख है वह वर्तमान मणियार मठ ही था क्योंकि महाभारत के वन-पर्व के अन्तर्गत तीर्थयात्रा के प्रसंग का अधिकांश, मूल महाभारत के समय के बाद का है और बौद्धकालीन जान पड़ता है जैसा कि मणिनाग के प्रसंग में राजगृह के नामोल्लेख से सूचित होता है—'ततो राजगृहं गच्छेत् तीर्थसेवी नराधिप' वन० 84, 104। राजगृह नाम बुद्ध के समकालीन मगधराज बिंबसार का रखा हुआ था। (दे० राजगृह)

मणिपर्वत

प्राग्ज्योतिषपुर (गोहाटी, असम) में स्थित एक पर्वत जहां महाभारतकाल में नरकासुर ने सोलह सहस्र कुमारियों का अपहरण करके उनके रहने के लिए अन्तःपुर बनवाया था। श्रीकृष्ण ने नरकासुर के वध के पश्चात् मणिपर्वत पर पहुंच कर इन कन्याओं को कारागार से छुटकारा दिला दिया था—'एतत् तु सर्वं क्षिप्रमारोप्य बाधवः दाशार्हपतिना सार्धमुपायान्मणिपर्वतम्' सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ। इस प्रसंग में यह वर्णन भी है कि कृष्ण मणिपर्वत को उखाड़ कर प्राग्ज्योतिषपुर से द्वारका ले गए थे और उन्होंने उसे वहीं स्थापित कर दिया था—'स महेंद्रानुज शौरिश्चकार गरुडोपरि पश्यतां सर्वभूतानामुत्पाट्य मणिपर्वतम्'; 'ततः शौरिः सुपर्णेन एव निवेशनमभ्ययात् चकाराय यथोद्देशमीश्वरो मणिपर्वतम्' सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ।

मणिपुर (असम)

भारत की पूर्वी सीमा पर स्थित अति प्राचीन स्थान। वाल्मीकि० उत्तर० 23,5 में शायद इसी को मणिमयीपुरी कहा गया है। यहां नागों की स्थिति बताई गई है—'मनु भोगवतीं गत्वा पुरीं वासुकिपालिता कृत्वा नागान्वशे हृष्टो ययौ मणिमयीं पुरीम्'। मणिपुर का राज्य महाभारत के समय में भी था। वहां संभवतः इस स्थान को ही मणिमान् कहा गया है। नागकन्या उलूपी जिससे अर्जुन का विवाह हुआ था और उनका पुत्र बभ्रुवाहन नागदेश में रहते थे। किवदन्ती में इसे मणिपुर का प्रदेश माना जाता है। आज भी मणिपुर के आदिनिवासी नागा लोग ही हैं। 1714 ई० से मणिपुर का शासन

इतिहास प्रारंभ होता है। इससे पूर्व यह प्रदेश छोटे-छोटे कबीलों में बटा हुआ था जिन पर नागा सरदारों का प्रभुत्व था। इस वर्ष पामहीह नामक नागा ने हिंदू धर्म स्वीकार कर लिया और पूरे प्रदेश पर अपना अधिकार स्थापित किया। इसने अपना नाम गरीबनिवाज रखा था। यही वर्तमान मणिपुर का सर्व प्रथम राजा माना जाता है। इसने ब्रह्मदेश के कुछ क्षेत्र जीत कर मणिपुर मे मिला लिए। इसके पश्चात् यहां के राजा जयसिंह हुए। इनके समय में मणिपुर पर ब्रह्मदेश का असफल आक्रमण हुआ। 1824 ई० में मणिपुर पर फिर एक बार ब्रह्मदेश के राजा ने आक्रमण किया किंतु अंग्रेजी सेना की सहायता से उसे विफल बना दिया गया। इस समय मणिपुर मे गंभीरसिंह का राज्य था। इनकी मृत्यु 1834 ई० मे हो गई और नरसिंहदेव गद्दी पर बैठे। इन्होने अंग्रेजों के आदेश से ब्रह्मदेश से संधि करली और कूबो की घाटी लौटा दी। 1851 ई० मे चन्द्रकीर्तिसिंह को अंग्रेजो ने मणिपुर का राजा बनाया। इसने 1879 ई० मे अंग्रेजो की नागाओ के विरुद्ध युद्ध मे सहायता की। लार्ड लैन्सडाउन के समय मे अंग्रेजो और मणिपुर के शासक टिकेंद्रजीतसिंह मे शत्रुता के कारण युद्ध हुआ जिसमे मणिपुर की पराजय हुई और तत्पश्चात् यहा पूरी तरह से अंग्रेजी सत्ता स्थापित हो गई जो 1947 ई० तक रही। मणिपुर का क्षेत्रफल 8 सहस्र वर्ग मील है। इस रियासत मे छोटी छोटी एक हजार बस्तियां हैं। उत्तरी भाग मे नरभक्षी नागा और दक्षिण म कूकी लोग रहते हैं। मणिपुर प्राचीनकाल स अपने विशिष्ट लोक-नृत्यो के लिए प्रसिद्ध रहा है।

मणिमती

'इल्वलो नाम दैतेय आसीत् कौरवनदन, मणिमत्या पुरि पुरा वातापिस्तस्य चानुज' महा० वन० 96,4। इस नगरी को गया (बिहार) के निकट बताया गया है तथा यहा अगस्त्याश्रम की स्थिति मानी गई है। उपर्युक्त प्रसग मे इल्वल दैत्य के वध की कथा यहीं घटित हुई कही गई है। संभव है मणिनाग और मणिमती एक ही हो। ऐसी दशा मे मणिमती को राजगृह (राजगीर, बिहार) के सन्निकट माना जा सकता है। (दे० मणिनाग)

मणिमुक्ता (मद्रास)

कुंभकोणम् मे दक्षिण-पूर्व 6 मील पर स्थित तिरुनारैयूर या सुगंधगिरि नामक प्राचीन स्थान के निकट बहने वाली नदी। यह स्थान विष्णु की उपासना का केन्द्र है।

मणियार मठ दे० मणिनाग

मच्छलेट दे० मन्खेड

मतंगवन दे० पंपासर

मतंगसर

वाल्मीकि रामायण के अनुसार यह सरोवर किष्किंधा के प्रसिद्ध पंपासर के निकट स्थित था —'ससामासाद्य वै रामो दूरात्पानीयवाहिनीम्, मतंगसरसं नाम ह्रदं समवगाहत'—अरण्य० 75, 14 अर्थात् दूर से आनेवालों के लिए पीने के योग्य जलवाले पंपासर के पास पहुंच कर रामचन्द्र मतंगसर नामक झील में नहाए।

मणिपुर दे० मझावर

मत्स्य

(1) महाभारत-काल का एक प्रसिद्ध जनपद जिसकी स्थिति अलवर-जयपुर के परिवर्ती प्रदेश में मानी गई है। इस देश में विराट का राज था तथा वहां की राजधानी उपप्लव नामक नगर में थी। विराट-नगर मत्स्य देश का दूसरा प्रमुख नगर था। सहदेव ने अपनी दिग्विजय-यात्रा में मत्स्य देश पर विजय प्राप्त की थी—'मत्स्यराजं च कौरव्यो वशे चक्रे बलाद्बली'—महा० सभा० 31,2। भीम ने भी मत्स्यों को विजित किया था—'ततो मत्स्यान् महातेजा मलदांश्च महाबलान्'—सभा० 30,9। अलवर के एक भाग में शाल्व-देश था जो मत्स्य का पार्श्ववर्ती जनपद था। पांडवों ने मत्स्यदेश में विराट के यहां रह कर अपने अज्ञातवास का एक वर्ष बिताया था (दे० उद्योगपर्व)। मत्स्य निवासियों का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद में है—पुरोळा इत्तुर्वशो यक्षुरासीद्राये मत्स्यासो निशिता अपीव, श्रुष्टिं चक्रुर्भृगवो द्रुह्यवश्च सखा सखायमतरद् विषूचोः ऋग्० 7,18,6। इस उद्धरण में मत्स्यों का वैदिक काल के प्रसिद्ध राजा सुदास के शत्रुओं के साथ उल्लेख है। शतपथ ब्राह्मण 13,5,4,9 में मत्स्य-नरेश ध्वसन्द्वैतवन का उल्लेख है, जिसने सरस्वती के तट पर अश्वमेधयज्ञ किया था। इस उल्लेख से मत्स्य देश में सरस्वती तथा द्वैतवन सरोवर की स्थिति सूचित होती है। गोपथ ब्राह्मण (1-2-9) में मत्स्यों को शाल्वों और कौषीतकी उपनिषद् (14, 1) में कुरु-पंचालों से संबद्ध बताया गया है। महाभारत में इनका त्रिगर्तों और चेदियों के साथ भी उल्लेख है—'सहजश्चेदिमत्स्यानां प्रवीराणां वृषध्वजः' महा० उद्योग० 74-16। मनुसंहिता में मत्स्यवासियों को पांचाल और शूरसेन के निवासियों के साथ ही ब्रह्मर्षि-देश में स्थित माना है—'कुरुक्षेत्रं च मत्स्याश्च पंचालाः शूरसेनकाः एष ब्रह्मर्षि देशो वै ब्रह्मावर्तादनन्तरः'

मनु० 2,19। उड़ीसा की भूतपूर्व मयूरभंज रियासत में प्रचलित जनश्रुति के अनुसार मत्स्यों का खतियापारा (ज़िला मयूरभंज) का प्राचीन नाम था। उपर्युक्त विवरण से मत्स्य की स्थिति पूर्वोत्तर राजस्थान में सिद्ध होती है किंतु इस किंवदंती का आधार शायद यह तथ्य है कि मत्स्यों की एक शाखा मध्यकाल के पूर्व विजिगापटम् (आं० प्र०) के निकट जा कर बस गई थी (दे० दिग्विजय ताम्रपत्र, एपिग्राफिका इंडिया, 5,108)। उड़ीसा के राजा जयत्सेन ने अपनी कन्या प्रभावती का विवाह मत्स्यवंशीय सत्यमार्तंड से किया था जिसका वंशज 1269 ई० में अर्जुन नामक व्यक्ति था। संभव है प्राचीन मत्स्य देश की पांडवों से संबंधित किंवदंतियां उड़ीसा में मत्स्यों की इसी शाखा द्वारा पहुंची हों। (दे० अपरमत्स्य)

(2) मल्लराष्ट्र का एक नाम—'ततो मत्स्यान् महातेजा मलदांश्च महाबलान्, अनघानभयांश्चैव पशुभूमिं च सर्वशः' महा० 2,30,8। प्रसंग की दृष्टि से यह जनपद उत्तरी बिहार या नेपाल के निकट जान पड़ता है और मल्लराष्ट्र से इसका अभिज्ञान ठीक जान पड़ता है।

मथुरा (उ० प्र०)

भगवान् कृष्ण की जन्मस्थली और भारत की परम प्राचीन तथा जगद्विख्यात नगरी। शूरसेन देश की यहां राजधानी थी। मथुरा का उल्लेख वैदिक साहित्य में नहीं है। वाल्मीकि रामायण में मथुरा को मधुपुर या मधुदानव का नगर कहा गया है तथा यहां लवणासुर की राजधानी बताई गई है—'एवं भवतु काकुत्स्थ क्रियतां मम शासनम्, राज्ये त्वामभिषेक्ष्यामि मधोस्तु नगरे शुभे। नगरं यमुनाजुष्टं तथा जनपदाञ्शुभान् यो हि वंश समुत्पाट्य पार्थिवस्य निवेशने' उत्तर० 62,16-18। इस नगरी को इस प्रसंग में मधुदैत्य द्वारा बसाई बताया गया है। लवणासुर जिसको शत्रुघ्न ने युद्ध में हराकर मारा था इसी मधुदानव का पुत्र था, 'तं पुत्रं दुर्विनीतं तु दृष्ट्वा क्रोधसमन्वितः, मधुः स शोकमापेदे न चैनं किंचिदब्रवीत्'—उत्तर० 61,18। इससे मधुपुरी या मथुरा का रामायणकाल में बसाया जाना सूचित होता है। रामायण में इस नगरी की समृद्धि का वर्णन इस प्रकार है—'अर्धचन्द्रप्रतीकाशा यमुनातीरशोभिता, शोभिता गृहमुख्यैश्च चत्वरापणवीथिकैः, चातुर्वर्ण्य समायुक्ता नानावाणिज्यशोभिता' उत्तर० 70, 11। इस नगरी को लवणासुर ने भी सजाया संवारा था—'यच्चतेनपुरा शुभ्रं लवणेन कृतं महत्, तच्छोभयति शत्रुघ्नो नानावर्णोपशोभिताम्। आरामैश्च विहारैश्च शोभमानं समन्ततः शोभितां शोभनीयैश्च तथान्यैर्दैवमानुषैः' उत्तर० 70-12-13। उत्तर० 70,5 ('इयं मधुपुरी रम्या मधुरा देवनिर्मिता') में इस नगरी को मधुरा नाम से अभिहित किया गया है। लवणासुर

के वधोपरांत शत्रुघ्न ने इस नगरी को पुन: बसाया था। उन्होंने मधुवन को कटवा कर उसके स्थान पर नई नगरी बसाई थी (दे० महोली)। महाभारत के समय में मथुरा शूरसेन देश की प्रख्यात नगरी थी। यहीं कृष्ण का जन्म यहां के अधिपति कंस के कारागार में हुआ तथा उन्होंने बचपन ही में अत्याचारी कंस का वध करके देश को उसके अभिशाप से छुटकारा दिलवाया। कंस की मृत्यु के बाद श्रीकृष्ण मथुरा ही में बस गए किंतु जरासंध के आक्रमणों से बचने के लिए उन्होंने मथुरा छोड़कर द्वारकापुरी बसाई ('वयं चैव महाराज, जरासंधभयात् तदा, मथुरा संपरित्यज्य गता द्वारावतीं पुरीम्' महा० सभा० 14,67। श्रीमद्भागवत 10,41,20-21-22-23 में कंस के समय की मथुरा का सुंदर वर्णन है। दशम सर्ग, 58 में मथुरा पर कालयवन के आक्रमण का वृत्तांत है। इसने तीन करोड़ म्लेच्छों को लेकर मथुरा को घेर लिया था। ('रुरोध मथुरामेत्य तिसृभिम्र्लेच्छकोटिभि:)। हरिवंश पुराण 1,54 में भी मथुरा के विलास-वैभव का मनोहर चित्र है, 'सा पुरी परमोदारा साट्टप्राकारतोरणा स्फीता राष्ट्रसमाकीर्णा समृद्धबलवाहना। उद्यानवन संपन्ना सुसीमासुप्रतिष्ठिता, प्रांशुप्राकारवसना परिखाकुल मेखला'। विष्णुपुराण में भी मथुरा का उल्लेख है, 'मथ्रान्तरचारि समायाह्नं सोऽक्रूरो मथुरापुरीम्' 5,19,9। विष्णुपुराण 4,5,101 में शत्रुघ्न द्वारा पुरानी मथुरा के स्थान पर ही नई नगरी के बसाए जाने का उल्लेख है—'शत्रुघ्नेनाप्यमितबलपराक्रमो मधुपुत्रो लवणो नाम राक्षसोऽभिहतो मथुरा च निवेशिता')। इस समय तक मधुरा नाम का रूपांतर मथुरा प्रचलित हो गया था। कालिदास ने रघुवंश 6,48 में इंदुमती के स्वयंवर के प्रसंग में शूरसेनाधिप सुषेण की राजधानी मथुरा में वर्णन की है—'यस्यावरोधस्तनचंदनानां प्रक्षालनाद्वारिविहारकाले, कलिंदकन्या मथुरां गतापि गंगोर्मिसंसक्तजलेव भाति'। इसके साथ ही गोवर्धन का भी उल्लेख है। मल्लिनाथ ने 'मथुरा' की टीका करते हुए लिखा है'—'कालिंदीतीरे मथुरा लवणासुरवधकाले शत्रुघ्नेन निर्मापितेति वक्ष्यति'। बौद्धसाहित्य में मथुरा के विषय में अनेक उल्लेख हैं। 600 ई० पू० में यहां अवंतिपुत्र (अवंतिपुत्तो) नामक राजा का राज्य था जिसके समय में बौद्ध अनुश्रुति (मज्झिमनिकाय) के अनुसार गौतम बुद्ध स्वयं मथुरा आए थे। उस समय यह नगरी बुद्ध के लिए अधिक आकर्षक सिद्ध न हुई क्योंकि संभवत: उस समय यहां प्राचीन वैदिक मत सुदृढ़ रूप से स्थापित था (दे० श्री कृ० द० वाजपेयी—मथुरा परिचय, पृ० 46)। चंद्रगुप्त मौर्य के समय में मथुरा मौर्य-साम्राज्य के अंतर्गत थी। ग्रीक राजदूत मेगेस्थनीज ने शूरसेनाई तथा उनके मथोरा और क्लीसोबोरा नामक नगरों का

उल्लेख किया है तथा इन्हें कृष्णोपासना का केंद्र बताया है। अशोक के समय मे मथुरा मे बौद्धधर्म का काफी प्रचार हुआ। बौद्ध साहित्य तथा युवानच्वांग के यात्रावृत्त मे अशोक के गुरु उपगुप्त का उल्लेख है जो मथुरा का निवासी था। जैन अनुश्रुति मे कहा गया है कि जैन संघ की दूसरी परिषद् मथुरा में स्कंदिलाचार्य की अध्यक्षता मे हुई थी जिसमे 'माथुर वाचना' नाम से जैन आगमो को संहिताबद्ध किया गया था। 5वीं शती ई० के अंत मे अकाल पड़ने के कारण यह 'वाचना' विलुप्त हो गई थी। आगमो का पुनरुद्धार तीसरी परिषद् मे किया गया था जो वल्लभिपुर मे हुई। विविधतीर्थकल्प मे मथुरा को दो जैन साधुओ—धर्मरुचि और धर्मघोष का निवास स्थान बताया गया है। जैन साहित्य मे मथुरा की श्रीसम्पन्नता का भी वर्णन है—मथुरा बारह योजन लंबी और नौ योजन चौड़ी थी। नगरी के चारो ओर परकोटा खिंचा हुआ था और वह हर्म्य-मंदिरो, जिनशालाओं, सरोवरो आदि से सुसम्पन्न थी। जैन साधु वृक्षो से भरे हुए भूधरमणि उद्यान मे निवास करते थे। इस उद्यान के स्वामी कुबेर ने यहां एक जैन स्तूप बनवाया था जिसमें सुपार्श्व की मूर्ति प्रतिष्ठित थी। विविधतीर्थकल्प मे मथुरा में भंडीर यक्ष के मंदिर का उल्लेख है। मथुरा मे ताल, भंडीर कौल, बहुल, बिल्व और लोहजंघ नाम के उद्यान थे। इस ग्रंथ में अर्कस्थल, वीरस्थल, पद्मस्थल, कुशस्थल और महास्थल नामक पांच पवित्र जैनस्थलो का भी उल्लेख है। निम्न 12 वनो के नाम भी इस ग्रंथ मे मिलते हैं—लोहजंघवन, मधुवन, बिल्ववन, तालवन, कुमुदवन, वृन्दावन, भांडीरवन, खदिरवन, कामिकवन, कोलवन, बहुलावन और महावन। पांच प्रसिद्ध मंदिरो मे विश्रान्ति तीर्थ (विश्राम घाट) असिकुंड तीर्थ (असकुंडा घाट) वैकुंठ तीर्थ, कालिंजर तीर्थ और चक्रतीर्थ की गणना की गई है। इस ग्रंथ मे निम्न जैन साधुओ को मथुरा से संबंधित बतलाया गया है—कालवैशिक, सोमदेव, कंबल और संबल। एक बार घोर अकाल पड़ने पर मथुरा के एक जैन नागरिक खड़ी ने अनिवार्य रूप से जैन आगमो के पठन की प्रथा चलाई थी।

शुंगकाल के प्रारंभ से ही मथुरा का महत्त्व बहुत अधिक बढ़ गया था। इस समय शुंग साम्राज्य के पश्चिमी प्रदेश की राजधानी मथुरा ही मे थी। गार्गी-संहिता के एक निर्देश से जान पड़ता है कि १५० ई० पू० के लगभग यवनराज दिमित्रिय (Demetrius) ने कुछ काल के लिए मथुरा पर अधिकार किया था किंतु शीघ्र ही शुंगो ने अपना आधिपत्य यहां स्थापित कर लिया। १०० ई० पू० के आसपास शुंगो की शक्ति क्षीण होने पर इस

कर इसलामाबाद कर दिया। किंतु यह नाम अधिक दिनों तक न चल सका। अहमदशाह अब्दाली के आक्रमण के समय (1761 ई०) में फिर एक बार मथुरा को दुर्दिन देखने पड़े। इस बर्बर आक्रांता ने सात दिनों तक मथुरा निवासियों के खून की होली खेली और इतना रक्तपात किया कि यमुना का पानी एक सप्ताह के लिए लाल रंग का हो गया। मुगल-साम्राज्य की अवनति के पश्चात् मथुरा पर मराठों का प्रभुत्व स्थापित हुआ और इस नगरी ने शतियों के पश्चात् चैन की सांस ली। 1803 ई० में लार्ड लेक ने सिंधिया को हराकर मथुरा-आगरा प्रदेश को अपने अधिकार में कर लिया।

मथुरा में श्रीकृष्ण के जन्मस्थान (कटरा केशवदेव) का भी एक अलग ही और अद्भुत इतिहास है। प्राचीन अनुश्रुति के अनुसार भगवान् का जन्म इसी स्थान पर कंस के कारागार में हुआ था। यह स्थान यमुनातट पर था और सामने ही नदी के दूसरे तट पर गोकुल बसा हुआ था जहां श्रीकृष्ण का बचपन ग्वाल-बालों के बीच बीता। इस स्थान से जो प्राचीनतम अभिलेख मिला है वह शोडास के शासनकाल (80—57 ई० पू०) का है। इसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। इससे सूचित होता है कि संभवतः शोडास के शासनकाल में ही मथुरा का सर्वप्रथम ऐतिहासिक कृष्णमंदिर भगवान् के जन्मस्थान पर बना था। इसके पश्चात् दूसरा बड़ा मंदिर 400 ई० के लगभग बना जिसका निर्माता शायद चंद्रगुप्त विक्रमादित्य था। इस विशाल मंदिर को धर्मांध महमूद गजनी ने 1017 ई० में गिरवा दिया। इसका वर्णन महमूद के मीर मुंशी अलउतबी ने इस प्रकार किया है—महमूद ने एक निहायत उम्दा इमारत देखी जिसे लोग इंसान के बजाए देवों द्वारा निर्मित मानते थे। नगर के बीचों-बीच एक बहुत बड़ा मंदिर था जो सबसे अधिक सुंदर और भव्य था। इसका वर्णन शब्दों अथवा चित्रों से नहीं किया जा सकता। महमूद ने इस मंदिर के बारे में खुद कहा था कि 'यदि कोई मनुष्य इस तरह का भवन बनवाए तो उसे 10 करोड़ दीनार खर्च करने पड़ेंगे और इस काम में 200 वर्षों से कम समय नहीं लगेगा चाहे कितने ही अनुभवी कारीगर काम पर क्यों न लगा दिए जाए'। कटरा केशवदेव से प्राप्त एक संस्कृत शिलालेख से पता लगता है कि 1207 वि० सं०=1150 ई० में, जब महाराज विजयपाल देव मथुरा पर शासन करते थे, जज्ज नामक एक व्यक्ति ने श्रीकृष्ण के जन्म स्थान पर एक नया मंदिर बनवाया। श्री चैतन्य महाप्रभु ने शायद इसी मंदिर को देखा था—'मथुरा आसिया करिला विश्रामतीर्थे स्नान, जन्म स्थान केशव देखि करिला प्रणाम, प्रेमावेश नाचे गाए सघन हुंकार, प्रभु प्रेमावेश देखि लोके चमत्कार' (चैतन्य

चरितावली)। (कहा जाता है कि चैतन्य ने कृष्णलीला से संबद्ध अनेक स्थानों तथा यमुना के प्राचीन घाटों की पहचान की थी)। यह मंदिर भी सिकंदर लोदी के शासनकाल (16वीं शती के प्रारंभ) में नष्ट कर दिया गया। इसके पश्चात् मुगल-सम्राट् जहांगीर के समय में ओड़छा नरेश वीरसिंह देव बुंदेला ने इसी स्थान पर एक अन्य विशाल मंदिर बनवाया। फ्रांसीसी यात्री टैवर्नियर ने जो 1650 ई० के लगभग यहां आया था, इस अद्भुत मंदिर का वर्णन इस प्रकार लिखा है—'यह मंदिर समस्त भारत के अपूर्व भवनों में से है। यह इतना विशाल है कि यद्यपि यह नीची जगह पर बना है तथापि पांच छः कोस की दूरी से दिखाई पड़ता है। मंदिर बहुत ही ऊंचा और भव्य है'। इटली के पर्यटक मनूची के वर्णन से ज्ञात होता है कि इस मंदिर का शिखर इतना ऊंचा था कि 36 मील दूर आगरे में दिखाई पड़ता था। जन्माष्टमी के दिन जब इस पर दीपक जलाए जाते थे तो उनका प्रकाश आगरे से भली-भांति देखा जा सकता था और बादशाह भी उसे देखा करते थे। मनूची ने स्वयं केशवदेव के मंदिर को कई बार देखा था। श्रीकृष्ण के जन्म स्थान के इस अंतिम भव्य और ऐतिहासिक स्मारक को 1668 ई० में संकीर्ण हृदय औरंगज़ेब ने तुड़वा दिया और मंदिर की लंबी चौड़ी कुर्सी के मुख्य भाग पर ईदगाह बनवाई जो आज भी विद्यमान है। उसकी धर्मांध नीति को कार्य रूप में परिणत करने वाला सूबेदार अब्दुल-नबी था जिसको हिंदू मंदिरों के तुड़वाने का कार्य विशेष रूप में सौंपा गया था। इस अभागे की मृत्यु मथुरा में ही विद्रोहियों के हाथों हुई। 1815 ई० में ईस्ट इंडिया कंपनी ने कटरा केशवदेव को बनारस के राजा पटनीमल के हाथ बेच दिया। इन्होंने मथुरा में अनेक इमारतों का निर्माण करवाया जिनमें शिवताल भी है। अब केशवदेव में पुनः कृष्ण-मंदिर बनाने की व्यवस्था की गई है और इस प्रकार इस मंदिर की सैंकड़ों वर्षों की परंपरा को पुनरुज्जीवित किया जा रहा है (दे० मधुवन, मधूपघ्न)

मदसेरा (म० प्र०)

टीकमगढ़ के निकट इस स्थान पर एक मध्यकालीन मंदिर स्थित है जो वास्तुकला की दृष्टि से सराहनीय है।

मदधार

'निवृत्य च महाबाहुर्मदधारं महीधरम्, सोमधेयांश्च निर्जित्य प्रययावुत्तरामुख'—महा० सभा० 30,9-10। इस पर्वत पर भीमसेन ने अपनी पूर्व दिशा की दिग्विजय यात्रा में अधिकार किया था। प्रसंग से यह वत्स (प्रयाग-कौशांबी

का क्षेत्र) के दक्षिण-पूर्व मे विन्ध्याचल पर्वत-श्रेणी का कोई भाग जान पड़ता है। संभवतः इसकी स्थिति चुनार के निकट थी।

मदनपुर

(1) (जिला सागर, म० प्र०) बुंदेलखंड के चंदेल राजा मदनवर्मा ने 12वीं शती मे इस नगर को बसाया था। यहां से बुंदेल नरेशो के कई अभिलेख प्राप्त हुए हैं। 1238 वि० सं० = 1181 ई० के अभिलेख से ज्ञात होता है कि पृथ्वीराज चौहान चंदेल-नरेश परमाल के साथ युद्ध करने के लिए जाते समय इस स्थान पर आये थे। यहा स्थित जैन मंदिर के एक स्तंभ पर परमाल पर पृथ्वीराज की विजय का वृत्तांत उत्कीर्ण है।

(2) (जिला ललितपुर, उ० प्र०) ललितपुर से 38 मील दूर है। 12वीं शती मे बने एक जैन मंदिर पर खुदे अभिलेख (1149 ई०) मे इस स्थान को मदनपुर कहा गया है।

मदना

उडीसा का प्राचीन अनभिज्ञात बंदरगाह जिसका उल्लेख रोम के भौगोलिक टॉलमी ने किया है (महताब, हिस्ट्री ऑव उडीसा, पृ० 24)

मदुरांतक (जिला चेंगलपुर, मद्रास)

इस नगर का प्राचीन नाम मधुरांतक और क्षेत्र का नाम बकुलारण्य है। कोदंडराम के अति प्राचीन मंदिर मे एक बकुल—मौलसिरी—का पेड़ है। इसी के नीचे दक्षिण के प्रसिद्ध दार्शनिक संत रामानुजाचार्य ने महापूर्णस्वामी से दीक्षा ली थी। इसी मंदिर के साथ जानकी सीता का मंदिर है जो यहां के एक तामिल-तेलगू शिलालेख के अनुसार एक अंग्रेज सज्जन लायनल प्लेस द्वारा 1778 ई० मे बनवाया गया था। लेख मे कहा गया है कि यहा के बड़े जलाशय का बांध 1775 ई० से बनवाया जा रहा था किंतु प्रत्येक वर्ष वर्षाकाल मे टूट जाता था। एक वैष्णव की प्रेरणा से प्लेस ने जानकी मंदिर बनवाने की मनौती के साथ बांध को पुनः बनवाया और उस बार की घोर वर्षा में भी वह स्थिर रहा। तभी स्वयं प्लेस ने जानकी-मंदिर की स्थापना की थी।

मदुरा = मदुरै (मद्रास)

प्राचीन संस्कृत ग्रंथो मे इस स्थान को दक्षिण मथुरा (उत्तर मथुरा = मथुरा) कहा गया है। जैन ग्रंथो मे मदुरा को पांड्यदेश की राजधानी बताया गया है। (दे० बी० सा० लॉ—सम जैन कैनोनिकल सूत्राज, पृ० 52)। प्राचीन पांड्य देश की राजधानी होने के कारण ही शायद इस नगरी को दक्षिण मथुरा कहते थे क्योंकि पांड्य नरेशो का संबंध पांडवो की किसी शाखा से बताया जाता है

और पांडवों का, अपने प्रिय मित्र कृष्ण की नगरी मथुरा (=मदुरा) से संबंध सुविदित ही है। यह नगर वैगा नदी के दक्षिणी तट पर बसा है। वैसे तो मदुरा नगरी बहुत प्राचीन है किंतु यहां का प्रसिद्ध मीनाक्षी-मंदिर तथा अन्य स्मारक 16वीं-17वीं शतियों में ही बने थे। इन्हें मदुरा-नरेश तिरुमलाई नायक तथा उसके वंशजों ने बनवाया था। मीनाक्षी का मंदिर 845 फुट लंबा और 725 फुट चौड़ा है। इसका बाह्य परकोटा लगभग 21 फुट ऊंचा है। इसके चारों कोनों पर ग्यारह मंजिल और ग्यारह कलश वाले भव्य गोपुर हैं। इनमें से एक 152 फुट ऊंचा और 105 फुट चौड़ा है। इन विशाल गोपुरों के अतिरिक्त स्थान-स्थान पर पांच छोटे गोपुर भी हैं। मंदिर के दो भाग हैं। दक्षिणी भाग में मीनाक्षी का मंदिर पत्थर का बना है। इसमें भव्य स्थापत्य और सूक्ष्मशिल्प के एकत्र ही दर्शन होते हैं। मदुरा सती के बावन पीठों में से है और सती की आंख का प्रतीक माना जाता है। मीनाक्षी नाम का आधार भी संभवतः यही तथ्य है।

(2) जावा के उत्तर में छोटा सा द्वीप है जो जावा से प्रायः संलग्न है। यहां ई० सन् की प्रारंभिक शतियों में हिंदू उपनिवेश बसाए गए थे। जान पड़ता है कि इसको बसाने वाले दक्षिण भारत की मदुरा नगरी से संबंधित रहे होंगे।

मद्र

प्राचीन काल में इस देश के दो भाग थे—उत्तर मद्र जो ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार हिमवान् पर्वत के उस पार उत्तर कुरु देश के समीप था (जिमर और मैक्डानेल्ड के मत में यह कश्मीर में स्थित था) और दक्षिण मद्र जो पंजाब के मध्यवर्ती प्रदेश में था। इसका मुख्य नगर साकल, शाकल नगर या वर्तमान सियालकोट (पाकि०) था। वाल्मीकि रामायण किष्किंधा 43,11 में मद्र देश का उल्लेख है—'तत्र म्लेच्छान्पुलिन्दांश्चशूरसेनां स्तथैव च। प्रस्थलान्भरतांश्चैव कुरूंश्च सहमद्रकैः'। मद्र का पाणिनि ने (4,1,176,4 2,131) में उल्लेख किया है। पतंजलि के महाभाष्य 1,1,8; 1,3,2 में भी मद्र का नामोल्लेख है। महाभारत कर्ण० में इस देश के निवासियों के अनार्य रीति रिवाजों का अच्छा वर्णन है—'दुरात्मा मद्रको नित्यं नित्यमानृतिकोऽनृजुः', 'यावदन्त्यं हि दौरात्म्यं मद्रकेष्विति नः श्रुतम्', 'नास्ति वैरं न सौहार्दं मद्रकेण समाचरेत्, मद्रके संगतं नास्ति मद्रको हि सदामलः।'—महा० कर्ण० 40, 24-29-30। किंतु पूर्व महाभारत काल में मद्रनिवासियों के शील की ख्याति थी। परमसती सावित्री मद्र देश के राजा अश्वपति की पुत्री थी—'आसीन् मद्रेषु धर्मात्मा राजा परमधार्मिकः, ब्रह्मण्यश्च महात्मा च सत्यसंधो जितेंद्रियः'—

महा, वन० 293, ९। मद्र के शाकल या सागल नगर का उल्लेख कालिंगबोधि और कुसजातक में भी है। स्यालकोट के आस पास का प्रदेश गुरुगोविंदसिंह के समय (17वीं सदी) तक मद्र देश कहलाता था। (दे० शाकल)

मद्रास

सन 1639 ई० मे ईस्ट इंडिया कंपनी के कर्मचारी फ्रांसिस डे ने विजय-नगर के राजा से कुछ भूमि लेकर इस नगरी की स्थापना की थी। उस समय का बना हुआ किला अभी तक विद्यमान है। मद्रास के उपनगर मयलापुर मे कपालीश्वर शिव का प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर है। मायलापुर का शाब्दिक अर्थ मयूरनगर है। पौराणिक जनश्रुति के अनुसार पार्वती ने मयूर का रूप धारण करके शिवजी की इस स्थान पर पूजा की थी। इसी कथा का अंकन इस मंदिर की मूर्तिकारी मे है। मंदिर के पीछे एक पवित्र ताल है। ट्रिप्लीकेन में पार्थसारथी का मंदिर भी उल्लेखनीय है। मद्रास के स्थान पर प्राचीन समय में चेन्नापटम् नामक ग्राम बसा हुआ था।

मधापुर (बंगाल)

पांडुआ से 20 मील। यहाँ मध्यकालीन इमारतों के भग्नावशेष हैं। देश के इस भाग मे वर्षा अधिक होने के कारण यहाँ तथा निकटवर्ती ऐतिहासिक स्थानों की प्राचीन इमारतें नष्ट भ्रष्ट हो गई हैं।

मधुगंगा

केदारनाथ (गढ़वाल, उ० प्र०) के निकट बहने वाली एक नदी। इस क्षेत्र की प्राय सभी नदियां गंगा कहलाती हैं क्योंकि अंतत वे सभी गंगा की मूलधारा मे मिल जाती हैं।

मधुपुरी

वाल्मीकि रामायण में मथुरा का प्राचीन नाम मधुरा या मधुपुरी है। इसके निकट स्थित वन मधुवन कहलाता था। नगर को मधु नामक दैत्य ने बसाया था। उत्तर 62,17 तथा 68,3 से यह सूचित होता है कि मधुपुरी यमुना के पश्चिमी तट पर बसी थी। जब रामचंद्रजी के अनुज शत्रुघ्न, लवणासुर (मधु का पुत्र) को जीतने के लिए अयोध्या से मधुपुरी गए तो उन्हें गंगा और यमुना दोनो नदियों को पार करना पड़ा था। इससे भी मधुपुरी का मथुरा से अभिज्ञान प्रमाणित हो जाता है। संभवत मथुरा से 3½ मील दूर महोली नामक ग्राम प्राचीन मधुपुरी के स्थान पर बसा हुआ है।

मधुमंत

वाल्मीकि रामायण (उत्तर० 92,18) के अनुसार दंडक प्रदेश को

राजधानी। महावस्तु (पृ० 263) में दंडक की राजधानी गोवर्धन (=नासिक) में कही गई है। (दे० रायचौधरी, पोलिटिकल हिस्ट्री आव ऍशेंट इंडिया, पृ० 78)

मधुमत् (म०प्र)

भूतपूर्व ग्वालियर रियासत में बहने वाली नदी महुवार का प्राचीन नाम।

मधुमती (गुजरात)

(1) नर्मदा की सहायक नदी। मधुमती-नर्मदा संगम पर मोटासाजा नामक प्राचीन तीर्थ है जहां संगमेश्वर का मंदिर है।

(2) बंगाल की एक नदी जो गंगा ही की एक सहायक शाखा है। हुगली और मधुमती नदियों के बीच के प्रदेश को प्राचीन काल में वंग या वंगा कहते थे। वर्तमान बंगाल, वंग का ही रूपांतर है।

मधुरांतक=मदुरांतक

मधुरा

(1)=मथुरा

(2)=मदुरा

मधुवती (सौराष्ट्र, गुजरात)

सोरठ प्रांत में बहने वाली एक नदी। जूनागढ़ मधुवती और भद्रावती नदियों से सिंचित क्षेत्र में बसा हुआ है। मधुवती गिरनार (प्राचीन रैवतक) पर्वत से निकल कर पश्चिम समुद्र (अरब सागर) में गिरती है।

मधुवन

(1) वाल्मीकि रामायण, सुंदर 62, 31 के अनुसार वानरराज सुग्रीव का प्रिय वन—'इष्टं मधुवनं ह्येतत् सुग्रीवस्य महात्मनः, पितृ पैतामहं दिव्यं देवैरपि दुरासदम्'। हनुमान् तथा उनके साथियों ने सीता का पता लगने की खुशी में इस वन के वृक्षों पर खूब खेल-कूद मचा कर उन्हें नष्ट-भ्रष्ट कर दिया था। इस बात से सुग्रीव को सूचना मिल गई कि सीता का पता लग गया है। एक किंवदंती के अनुसार मैसूर राज्य में स्थित रामगिरि सुग्रीव का मधुवन है। यह स्थान बंगलौर मैसूर रेलपथ के मद्दूर स्टेशन से 12 मील दूर है।

(2) मधुपुरी या मथुरा के पास एक वन जिसका स्वामी मधुदैत्य था। मधु के पुत्र लवणासुर को शत्रुघ्न ने विजित किया था। इस वन का उल्लेख वाल्मीकि रामायण उत्तर० 67,13 में इस प्रकार है—'तमुवाच सहस्राक्षो लवणो नाम राक्षसः मधुपुत्रो मधुवने न तेऽज्ञां कुरुतेऽनघ'। विष्णुपुराण 1,12,2-3 में भी यमुना तटवर्ती इस वन का वर्णन है—'मधुसंज्ञं महापुण्यं जगाम यमुनातटम्,

पुनश्च मधुसूनेन दैत्यानाधिष्ठित यतः, ततो मधुवन नाम्ना ख्यातमत्र महीतले'। विष्णु० 1,12,4 से सूचित होता है कि शत्रुघ्न ने मधुवन के स्थान पर नई नगरी बसाई थी—'हत्वा च लवण रक्षो मधुपुत्र महाबलम्, शत्रुघ्नो मधुरां नाम पुरीयत्र चकार वै'। हरिवंश० पुराण 1,54-55 के अनुसार इस वन को शत्रुघ्न ने कटवा दिया था—'छित्वा वन तत् सौमित्रि ···'। पौराणिक कथा के अनुसार ध्रुव ने इसी वन मे तपस्या की थी। प्राचीन संस्कृत साहित्य में मधुवन को श्रीकृष्ण की अनेक चपल बाल-लीलाओ की क्रीडास्थली बताया गया है। यह गोकुल या वृदावन के निकट कोई वन था। आजकल मथुरा से 3½ मील दूर महोलीमधुवन नामक एक ग्राम है। पारम्परिक अनुश्रुति मे मधुदैत्य की मथुरा और उसका मधुवन इसी स्थान पर थे। यहां लवणासुर की गुफा नामक एक स्थान है जिसे मधु के पुत्र लवणासुर का निवासस्थान माना जाता है। (दे० मथुरा)

मधुविला=समगा

'एषा मधुविला राजन समगा सप्रकाशते एतत् कर्दमिल नाम भरतस्याभिषेचनम्। अलक्ष्म्या किल सयुक्तो वृत्र हत्वा शचीपति., आप्लुतः सर्व पापेभ्यः समगायां व्यमुच्यत' महा०, वन० 135,1-2। तीर्थयात्रा के इस प्रसग मे इस नदी को विनशन के निकट तथा कनखल (हरद्वार) के उत्तर की ओर बताया गया है (वन० 135-3,135-5)। इसे इस वर्णन मे समगा नाम से भी अभिहित किया गया है। यह गगा की कोई सहायक या शाखानदी जान पडती है। मधुविला के सिंचित प्रदेश को उपर्युक्त उद्धरण मे कर्दमिलक्षेत्र कहा गया है।

मधुस्रवा

(1) वामन पुराण 39,6-8 के अनुसार मधुस्रवा कुरुक्षेत्र की सात नदियो मे से है—'मधुस्रवाऽम्लुनदी कौशिकी पापनाशिनी'। [दे० आपगा (2)]

(2) (बिहार) गया के निकट बहनेवाली फल्गु की सहायक नदी।

मधूपघ्न=मधूपघ्ना

रामायणकाल मे लवणासुर की राजधानी मथुरा या उसके सन्निकट स्थित उपनगर। इसका नाम लवणासुर के पिता मधुदैत्य के नाम पर प्रसिद्ध था। मधुरा, मधुपुरी या मधुवन भी मधु के ही नाम पर प्रसिद्ध थे। कालिदास ने रघुवंश, 15,15 मे मधूपघ्न का उल्लेख इस प्रकार किया है—'स च प्राप मधूपघ्न कुंभीनस्याश्च कुक्षिजः वनात्करमिवादाय सत्वराशिमुपस्थित. अर्थात् मधूपघ्न मे जैसे ही शत्रुघ्न पहुचे, कुभीनसी का पुत्र (लवणासुर) वन से, जीवो की राशि के साथ मानों कर देने के लिए वहां आया। मल्लिनाथ ने इस नगर को अपनी

टीका में 'लवणपुर' लिखा है। रघुवंश 15,28 से विदित होता है कि लवणासुर का वध करने के उपरांत, शत्रुघ्न ने शूरसेन-प्रदेश की पुरानी राजधानी मथुरा के स्थान में नई नगरी बसाई जो यमुना के तट पर थी—'उपकूलं च कालिंद्याः पुरीं पौरुषभूषण., निर्ममेनिर्ममोऽर्थेषु मथुरा मधुराकृतिः।' (दे० विष्णु पुराण-4,5,107—'शत्रुघ्नेनाप्यमितबलपराक्रमो मधुपुत्रो लवणोनाम राक्षसोऽभिहतो मथुरा निवेशिता)। मधुघ्न या लवणपुर, तत्कालीन मथुरा या मथुरा से शायद भिन्न था फिर भी इसकी स्थिति मथुरा के सन्निकट ही थी क्योंकि शत्रुघ्न ने पुरानी नगरी मथुरा के स्थान पर ही नई नगरी बसाई थी। जैन विद्वान हेमचंद्राचार्य के अभिधान चिंतामणि नामक ग्रंथ (पृ० 370) में भी मथुरा को मधूघ्ना कहा गया है। (दे० मथुरा, मधुवन)

मध्यदेश

विष्णुपुराण 2, 3, 15 के अनुसार कुरुपांचाल का प्रदेश मध्यदेश नाम से अभिहित किया जाता था—'तास्विमे कुरुपांचाला मध्यदेशादयोजनाः, पूर्व-देशादिकाश्चैव कामरूपनिवासिनः'—स्थूल रूप से इसमें उत्तरप्रदेश का अधिकांश भाग, पूर्वी पंजाब तथा दिल्ली का परिवर्ती क्षेत्र सम्मिलित था।

मध्यमिका

चित्तौड़ (राजस्थान) से 8 मील उत्तर की ओर स्थित नगरी नामक प्राचीन बस्ती को प्राचीन साहित्य की मध्यमिका माना जाता है। महाभारत, सभा० 32,8 में इस नगरी, जिसमें वाटधान द्विजों का निवास था, के नकुल द्वारा विजित किए जाने का उल्लेख है—'तथा माध्यमिकांश्चैव वाटधानान् द्विजानथ पुनश्च परिवृत्याथ पुष्करारण्यवासिनः'। पतंजलि के महाभाष्य 'अरुणद्यवनः साकेतम्, अरुणद्यवनः मध्यमिकाम्' से सूचित होता है कि पतंजलि के समय में किसी यवन या ग्रीक आक्रमणकारी ने साकेत (अयोध्या का उपनगर) और मध्यमिका का घेरा डाला था। श्री डी० आर० भंडारकर के मत में पतंजलि पुष्यमित्र शुंग के काल में हुए थे (दूसरी शती ई०पू०)। इस यवन आक्रांता को कुछ विद्वानों ने मीनेंडर या बौद्ध साहित्य का मिलिंद (मिलिंदपन्हो ग्रंथ में उल्लिखित) माना है। गार्गी संहिता में भी संभवतः इस आक्रमण का उल्लेख है। नगरी का माध्यमिका से अभिज्ञान इस प्राचीन स्थान से मिले हुए द्वितीय शती ई० पू० के कुछ सिक्कों के साक्ष्य पर निर्भर है। इन पर 'मझमिकाय शिबिजनपदस' लेख उत्कीर्ण है। मध्यमिका के शिवि शायद उशीनर (जिला सहारनपुर, उ०प्र०) के प्राचीन शिविगण की शाखा माने जा सकते हैं जो अपने मूल स्थान से आकर राजस्थान में बस गई

होगी। नगरी के खडहरो मे एक प्राचीन स्तूप और गुप्तकालीन तोरण के चिह्न मिले हैं। चित्तौड़ का निर्माण बहुत कुछ नगरी के खडहरों से प्राप्त सामग्री द्वारा किया गया था। (दे० नगरी, चित्तौड़)

मनथानी (जिला करीमनगर, आं० प्र०)=महादेवपुर

किंवदंती के अनुसार यह गौतम ऋषि की तपोभूमि थी। यहाँ के प्राचीन मदिरों मे शिलेश्वरगुडी का मदिर उल्लेखनीय है। इसका शिखर दक्षिण भारतीय मदिरो के शिखर के अनुरूप है। यहाँ से प्राप्त एक शिलालेख में जो प्राचीन नागरी लिपि मे है वारंगल-नरेश गणपति का उल्लेख है।

मनहाली (प० बगाल)

बगाल के पाल वश के नरेश मदनपाल का एक ताम्रदानपट्ट इस स्थान से प्राप्त हुआ है।

मनाली (हिमाचलप्रदेश)

स्थानीय किंवदती म इस स्थान का नाम मनु से सबधित कहा जाता है। मनुरिखी या मनुऋषि का प्राचीन मदिर गांव के बीच मे है। यह काष्ठ-निर्मित है। महाभारत मे वर्णित हिडबा दानवी का स्थान भी मनाली मे माना जाता है। इसके नाम से प्रसिद्ध मदिर मनाली से कुछ दूर एक विजनवन मे बना हुआ है। यह मदिर भी लकडी का बना है और सात मजिला है। (हिडबा से सबद्ध अन्य किंवदती के लिए दे० बिजनौर)

मनिकर्ण (हिमाचल प्रदेश)

कुल्लू के पास प्राचीन तीर्थ है। यहाँ मडी कुल्लू मार्ग से होकर पहुचा जा सकता है।

मनिकियाला (दे० मणिकियाला)

मनियर (जिला बलिया उ०प्र०)

यह स्थान सरयूतट पर है। कहा जाता है कि मेधस् ऋषि जिनका उल्लेख दुर्गासप्तशती में है, का आश्रम मनियर मे स्थित था। यहाँ का चतुर्मुखी देवी दुर्गा का मदिर शायद इन से सबधित कथा का स्मारक है।

मनियागढ़ (म०प्र०)

यह दुर्ग भूतपूर्व छतरपुर रियासत मे खजुराहो से बारह मील दूर एक पहाड़ी पर स्थित है। इसकी प्राचीर प्राय सात मील लबी है। आल्हा काव्य में इस दुर्ग का अनेक बार उल्लेख है। यह चदेलो के आठ प्रसिद्ध किलो मे से था।

मनोल्लसरंग दे० नौप्रमदन

मनोरमा

विष्णुपुराण 2,4,55 के अनुसार क्रौंच-द्वीप की एक नदी—'गौरी कुमुदवती चैव सध्या रात्रिर्मनोजवा, क्षान्तिश्च पुण्डरीका च सप्तैते वर्षनिम्नगा'

मन्नानूर (ज़िला महबूबनगर, आ० प्र०)

इस स्थान से प्राचीन मंदिरों के अवशेष प्राप्त हुए हैं जो संभवत वारंगल-नरेशों के समय के हैं।

मम्लपुरम् दे० महाबलीपुरम्

मयराष्ट्र दे० मरठ

मयूर

इस नगर का वर्णन चीनी यात्री युवानच्वांग के यात्रावृत्त में है। इसका अभिज्ञान वाटर्स (पृ० 328) ने हरद्वार से किया है। संभव है हरद्वार के प्राचीन नाम मायापुर का ही चीनी यात्री ने मयूरस्थल में उल्लेख किया है। युवानच्वांग के वर्णन के अनुसार इस स्थान की जनसंख्या बड़ी विशाल थी और यहां के पवित्र जल में स्नान करने के लिए दूर दूर से यात्री आते थे। अनेक पुण्यशालाएं जहां निर्धनों को दान दिया जाता था, यहां स्थित थीं। इन्हें धर्मप्राण नरेशों ने स्थापित किया था। गरीबों को निःशुल्क स्वादु भोजन तथा रोगियों को निःशुल्क औषधि भी यहां मिलती थी।

मयूरभंज (ज़िला सिंहभूमि, बिहार)

इस स्थान से 12वीं शती ई० के ताम्रपट्टलेख मिले हैं जिनसे यहां तत्कालीन राज्यवंशों के इतिहास पर प्रकाश पड़ता है।

मयूरध्वजपुरी दे० मोरवी

मयूराक्षी

वैद्यनाथ (बिहार) से छः मील दूर त्रिकूट पर्वत से निकलने वाली नदी।

मयूरी

यह मलाबार तट पर स्थित मही है।

मरकरा

भूतपूर्व कुर्ग की राजधानी। यहां के दुर्ग का निर्माण कुर्ग के प्राचीन राजाओं ने किया था। दुर्ग के भीतर राजप्रासाद आदि भी स्थित हैं। इसके सन्निकट ओंकारेश्वर का विशाल मंदिर है। इसकी वास्तुकला में हिंदू तथा स्थानीय मुसलिम कला के तत्वों का अपूर्व संगम दिखाई देता है। मरकरा का प्राचीन नाम मुद्दीकेरी (स्वच्छ ग्राम) है।

मरकुला (जिला पंगी, हिमाचल प्रदेश)

भारत-भोट वास्तुशैली में निर्मित प्राचीन मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। मंदिर काष्ठ-निर्मित है।

मरफा (जिला बांदा, उ० प्र०)

चंदेल शासनकाल में बने हुए दुर्ग के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

मरिचपत्तन दे० मुचिपत्तन

मरिचवट्टी (लंका)

महावंश 26,8 में उल्लिखित है। यह अनुराधपुर के दक्षिण-पश्चिम में स्थित वर्तमान मिरिसवट्टी है। यहां स्थित विहार को सिंहल नरेश ग्रामणी ने बौद्धसंघ को दान में दे दिया था। विहार का नामकरण इस राजा के, संघ को बिना भोजन दिए मिर्च खा लेने पर हुआ था (दे० महावंश, 26,16)

मरिचीपत्तन=मुचिपत्तन

मरीचक

विष्णुपुराण 2,4,60 के अनुसार शाकद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा भव्य के पुत्र के नाम पर है।

मरीची

ऋग्वेद में वर्णित पर्वत जो श्री हरिराम धमसाना के मत में गढ़वाल में स्थित है। (दे० ऋग्वैदिक भूगोल)

मरु

मारवाड़ (राजस्थान) का प्राचीन नाम जिसका अर्थ मरुस्थल या रेगिस्तान है। मरु का उल्लेख रुद्रदामन् के जूनागढ़ अभिलेख में है—'.........श्वभ्र मरुकच्छ सिंधु सौवीर'—(दे० गिरनार)

मरुत्

'मारुता. धेनुकाश्चैव तगणा. परतगणा', वाह्लिकास्तित्तराश्चैव चोला. पाण्ड्याश्च भारत'—महा० भीष्म० 50,51। इस उद्धरण में भारत के सीमांत पर बसने वाली जातियों के नाम उल्लिखित हैं। प्रसंग से जान पड़ता है कि मरुत्-जनपद, जहां के निवासियों को यहां मारुताः कहा गया है, भारत की उत्तर-पश्चिमी सीमा के परे बसने वाली किसी जाति का निवास स्थान होगा। तगण और परतगण मरुत् के पार्श्ववर्ती प्रदेश जान पड़ते हैं। सभा० 52,3 के उल्लेख में तगण परतगण प्रदेश को शैलोदा नदी (=खोतन) की उपत्यका में स्थित बताया गया है।

मरुद्वृधा

पंजाब की एक नदी जिसका नामोल्लेख ऋग्वेद 10,75,5-6 (नदीसूक्त) में है—'इमं मे गंगे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया'। श्रीमद्भागवत 5,19,18 में भी मरुद्वृधा का वितस्ता (झेलम) तथा, असिक्नी' (चिनाब) के साथ उल्लेख है—'चंद्रभागा मरुद्वृधा वितस्ता असिक्नी। रेगोज़िन' (वैदिक इंडिया, पृ० 451) इसे झेलम चिनाब की संयुक्त धारा का नाम मानते हैं।

मरुभू=मरुभूमि

राजस्थान का मरुप्रदेश या मारवाड़। महाभारत सभा० 32,5 में मरुभूमि के नकुल द्वारा जीते जाने का वर्णन है—'यत्र युद्धं महच्चासीच्छूरैर्मत्तमयूरकैः मरुभूमिं च कात्स्न्येन तथैव बहुधान्यकम्'। विष्णुपुराण, 4 24,68 से सूचित होता है कि गुप्तकाल से कुछ पूर्व मरुभू (=मरुभूमि) पर आभीर आदि जातियों का प्रभुत्व था—'नर्मदा मरुभूविषयांश्च आभीरशूद्राद्या भोक्ष्यन्ति'।

मरोल (महाराष्ट्र)

जोगेश्वरी गुफा के निकट मरोल नाम की 20 गुफाएं हैं जो बौद्धकालीन जान पड़ती हैं। अधिकांश गुहामंदिर नष्ट हो गए हैं। इनकी वास्तु एवं मूर्तिकला जोगेश्वरी गुहा मंदिर की कला के समान ही उच्चकोटि की थी। गुफाएं भूमितल तथा पर्वत शिखर के मध्य में स्थित हैं। पहाड़ी के इस स्थान का पत्थर भुरभुरा तथा सील होने के कारण ये गुफाएं काल के प्रवाह में नष्ट-भ्रष्ट हो गई हैं।

मर्कटह्रद दे० वैशाली

मर्यादा (गुजरात)

पाटन के निकट वर्तमान मजादर। इस प्राचीन जैन तीर्थ का उल्लेख तीर्थमाला चैत्यवंदन में इस प्रकार है—'वंदे नंदपुरे मनोज्ञवलके मर्यादिमुख्यस्थले'।

मर्दकुक्षि (बिहार)

पाली ग्रंथों के अनुसार राजगृह (वर्तमान राजगीर) के पास मर्दकुक्षि वह स्थान था जहां मगधराज बिंबिसार की महारानी क्षेमा ने यह जानकर कि उसके गर्भ में पितृघातक पुत्र (अजातशत्रु) है उसे निष्कासित करने के लिए अपने उदर (कुक्षि) का मर्दन किया था। इस स्थान के उल्लेख से सूचित होता है कि यह (मर्दकुक्षि) गृध्रकूट पर्वत की तलहटी में ही कहीं था क्योंकि पालीग्रंथों में यह कथा भी वर्णित है कि देवदत्त द्वारा एक पत्थर से आहत होने पर गौतम को पहले मर्दकुक्षि में लाया गया था और फिर वे जीवक वैद्य के विहार में

उपचारार्थ ले जाए गए थे । यह विहार गृध्रकूट पर्वत के निकट ही था ।

मलगूर (ज़िला करीमनगर, आ० प्र०)

मलगूर की पहाड़ी पर एक दुर्ग है जिसे एक सहस्र वर्ष प्राचीन कहा जाता है । दुर्ग के सन्निकट संभवत जैनों की प्राचीन समाधियां बनी हैं ।

मलखेड (ज़िला गुलबर्गा, मैसूर)

भीमा नदी की सहायक कगना के दक्षिण तट पर छोटा सा ग्राम है जो किसी समय दक्षिण भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रकूट राजवंश की समृद्धिशाली राजधानी मान्यखेट के रूप मे प्रख्यात था । राष्ट्रकूटो का राज्य यहा 8वी शती से 10वी शती ई० तक रहा था । ग्राम के आसपास दुर्ग तथा भवनो के अतिरिक्त मदिरो तथा मूर्तियो के भी विस्तृत अवशेष मिले हैं जिससे ज्ञात होता है कि राष्ट्रकूट-काल मे इस नगर का कितना विस्तार था । 962 ई० मे परमार नरेश सियक ने नगर को लूटा और नष्ट-भ्रष्ट कर दिया । तत्पश्चात् 14वी शती तक मलखेड अधकार-युग मे पडा रहा । इस शती मे यह नगर बहमनी राज्य का एक अग बन गया । बहमनीकाल के प्रसिद्ध हिंदू दार्शनिक जयतीर्थ की समाधि मलखेड मे आज भी विद्यमान है । जयतीर्थ द्वैतवादी माध्वसप्रदाय के अनुयायी थे । उनके लिखे हुए ग्रथ 'न्याय' और 'सुधा' है । 17वी शती के अत मे औरगजेब ने इस स्थान को मुगल-साम्राज्य मे सम्मिलित कर लिया । प्रसिद्ध राष्ट्रकूट नरेश अमोघवर्ष के शासनकाल मे मलखेड जैन धर्म, साहित्य तथा सस्कृति का महत्वपूर्ण केंद्र था । अमोघवर्ष का गुरु और आदि पुराण तथा पार्श्वाभ्युदय काव्य इत्यादि का रचयिता जिनसेन यही का निवासी था । इनके अतिरिक्त जैन गणितज्ञ महेंद्र, गुणभद्र, पुष्पदत, और कन्नड लेखक पोन्ना भी यही के निवासी थे । अमोघवर्ष स्वय भी वृद्धावस्था मे राजपाट त्याग कर जैन श्रवण बन गया था । इद्रराज चतुर्थ ने भी जैनधर्म के अनुसार सन्यास की दीक्षा ले ली थी । मलखेड मे, इस काल मे, सस्कृत और कन्नड भाषाओ की बहुत उन्नति हुई । जिनसेन के ग्रथो के अतिरिक्त, राष्ट्रकूट नरेशो के समय मे उनके द्वारा या उनके प्रोत्साहन से अमोघवृत्ति (सस्कृत व्याकरण टीका), गणितसार (महावीर-द्वारा रचित), कविराज-मार्ग (कन्नड काव्यशास्त्र पर अमोघवर्ष की रचना) और रत्नमालिका (अमोघवर्ष की कृति) आदि ग्रथो की रचना भी की गई । गुणभद्र ने आदिपुराण का उत्तरभाग उत्तरपुराण राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण द्वितीय के शासनकाल मे लिखा । इसी समय का सबसे प्रसिद्ध लेखक पुष्पदत था जिसके लिखे हुए महापुराण, नयकुमारचरिउ (अपभ्रंश ग्रंथ) आज भी विद्यमान हैं । कृष्ण द्वितीय के शासनकाल मे (939 ई०) इद्रनदी ने ज्वालामालिनी कल्प

और सोमदेव ने 959 ई० मे यशस्तिलक चम्पूकाव्य लिखे। उपयुक्त सभी कृतियों का सबंध मण्यखेट से था जिसके कारण इस नगर को मध्यकाल मे, दक्षिण भारत के सभी विद्या केंद्रों से अधिक ख्याति थी। राष्ट्रकूट-काल मे मल्खेड अपने भव्य प्रासादों, अस्त्र बाजारो, प्रमोदवनो और उद्यानों के लिए प्रसिद्ध था। वर्तमान समय मे मलखेड, सिराम और नगई नामक ग्राम प्राचीन मण्यखेट के स्थान पर बसे हुए हैं। दिगंबर जैन नगई को अब भी तीर्थ मानते हैं। यहां 16 नक्काशीदार स्तभों का एक भव्य मडप है जो किसी प्राचीन मदिर का प्रवेश द्वार था। इस मंदिर का आधार ताराकार है जो चालुक्य वास्तु-कला का लक्षण माना जाता है। इसमें काले पत्थर के दो अभिलिखित पट्ट जड़े हैं। पास ही हनुमान मदिर है जिसका सुदर दीपस्तभ गजेराकार बना है। सिराम मे पचलिंग मदिर है जिसका दीपदानस्तभ एक ही पत्थर में से तराशा हुआ है। यह 11वीं-12 वीं शती की रचना है। इसके अतिरिक्त 11वीं से 13वीं शती के कुछ जैन मदिर तथा मूर्तियां भी यहां हैं।

मलद

(1)=मलय

(2) वाल्मीकि० रामायण, बाल० 24,32 मे उल्लिखित देश—'मलदाश्च करूषाश्च ताटका दुष्टचारिणी, सेयं पथानमावृत्य वसत्यत्यर्धयोजने'। यह ज़िला शाहाबाद (बिहार) मे स्थित बक्सर का प्रदेश है।

मलपर्वा (महाराष्ट्र)

यह नदी ज़िला बीजापुर में बादामी या प्राचीन वातापि से प्राय 5 मील दूर बहती है। यहां इसके तट पर अनेक पुराने मदिर बने हैं।

मलप्रभा

महाराष्ट्र की छोटी सी नदी है जो प्राचीन तीर्थ रेणुकाद्रि से चार मील दूर बहती है। यह स्थान सौंदत्ती कहलाता है और पूना बगलौर रेलपथ पर धारवाड से 25 मील दूर है।

मलय

(1) सप्त कुलपर्वतों मे से एक है। इसका अभिज्ञान पूर्वी घाट के दक्षिणी भाग की श्रेणियों से किया गया है। यह पूर्वी और पश्चिमी घाट की पर्वत-*मालाओं के बीच की शृखला के रूप में स्थित है।* नीलगिरि की पहाड़ियां इसी पर्वत का अंग हैं। सस्कृत साहित्य मे मलयपर्वत पर चदन वृक्षों की प्रचुरता मानी गई है तथा मलयानिल या मलयपर्वत की वायु को चदन से सुगंधित माना गया है। मलय का दर्दुर के साथ उल्लेख वाल्मीकि रामायण अयो० 91,24 मे

है 'मलय दर्दुर चैव तत. स्वेदनुदोनिलः, उपस्पृश्य यवो मुक्त्वा सुप्रियामा सुख शिवः'। कालिदास ने रघु की दिग्विजय यात्रा के प्रसग मे मलयाद्रि की उपत्यकाओं मे मारीच या कालीमिर्च के वनो और यहा विहार करने वाले हारीत या हरित-शुको का मनोहर उल्लेख किया है—'बलैरध्युषितास्तस्य विजिगीषोर्गताध्वनः, मारीचोद्भ्रातहारीताः मलयाद्रेरुपत्यकाः.' रघु० 4,46। भवभूति ने उत्तर रामचरित मे मलयपर्वत को कावेरी नदी से परिवृत बताया है। बालरामायण 3,31 मे मलय पर्वत को एला और चदन के वनो से ढका हुआ कहा है (चदन का पर्याय ही मलय हो गया है)। हर्ष के नागानद और रत्नावली नाटको मे भी मलय पर्वत का उल्लेख है। मलय को कालिदास ने दक्षिण समुद्र (रत्नाकर) तक विस्तृत माना है—'वैदेहि पश्यामलयाद्विभक्त मत्सेतुना फेनिलमम्बुराशिम्' रघु० 13,2। श्रीमद्भागवत 5,19,16 मे पर्वतो की सूची मे मलय को पहला स्थान दिया गया है—'मलयो मगलप्रस्थो मैनाकस्त्रिकूटऋषभः · ·'। हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं मे भी मलयगिरि तथा मलयानिल का वर्णन अनेक स्थानो पर है—दे० 'सरस बसत समय भल पाइल दछिन (मलय) पवन बहुधीरे'—विद्यापति; 'मलयागिरि की भीलनी चदन देत जराय' वृद। मलय के मलयागिरि, मलयाचल, मलयाद्रि इत्यादि पर्याय प्रसिद्ध हैं।

(2) बिहार मे स्थित मलद नामक जनपद जो मत्स्य (2) या मत्स्य देश के निकट था। मलय मलद का ही पाठांतर है—'ततो मत्स्यान् महातेजा मलदाश्च महाबलान्, अनघानभयोश्चैव पशुभूमि च सर्वशः' महा० 2,30,8

(3) महावंश 7,68 मे उल्लिखित लका का मध्यवर्ती पर्वतीय प्रदेश।

मलयस्थली

मलयपर्वत का प्रदेश जो प्राचीनकाल मे पाड्यदेश के अतर्गत था—'तमालपत्रास्तरणासुरतु प्रसीद शश्वन्मलयस्थलीषु'—रघुवश 6,64। (दे० पांड्य)। इसकी स्थिति वर्तमान मैसूर तथा केरल के पहाड़ी भागो मे समझनी चाहिए।

मलयाचल दे० मलय (1)

मलयाद्रि दे० मलय (1)

मलयु

सुमात्रा (इडोनेशिया) मे स्थित एक प्राचीन हिंदू राज्य जो सभवतः ईस्वी सन् की प्रारंभिक शतियों में स्थापित हुआ था। इसका आधुनिक नाम जबी है। 7वी शती ई० मे यह छोटी सी रियासत जावा के श्रीविजय नामक साम्राज्य मे सम्मिलित हो गई थी। चीनी-यात्री इत्सिग मलयु होकर ही भारत पहुचा

था। उसने मलयु को श्रीभोज का एक भाग बताया है। इत्सिंग भारत में 672 ई० में आया था।

मसवई (म० प्र०)

रायपुर के निकट इस स्थान पर पूर्व मध्यकालीन मंदिरों के अवशेष पाए गए हैं।

मलिया (जिला जूनागढ़, गुजरात)

इस स्थान से वलभिनरेश महाराज धरसेन द्वितीय का एक ताम्रदानपट्ट प्राप्त हुआ है जिसकी तिथि 252 गुप्त-संवत्—571-572 ई० है। इसमें उल्लेख है कि धरसेन द्वारा अतरला, डोंभिग्राम और वज्रग्राम का कुछ भाग ब्राह्मणों को पंचयज्ञ संपन्न करने के लिए दिया गया था। इस अभिलेख में कई तत्कालीन अधिकारियों के पदों के नाम हैं—अयुक्तक, विनियुक्तक, द्रंगिक, महत्तर, ध्रुवाधिकरण, दंडपाशिक, राजस्थानीय, कुमारामात्य आदि।

मनिहाबाद (जिला रायचूर, मैसूर)

इस स्थान पर एक हिंदूकालीन दुर्ग अवस्थित है। अब यह खंडहर हो गया है। दुर्ग के अंदर एक द्वार के सामने लाल पत्थर में तराशे हुए दो हाथियों की मूर्तियां रखी हैं। किले में ककातीय-राजाओं का एक अभिलेख कन्नड़-तेलगू मिश्र-भाषा में उत्कीर्ण है।

मल्ल

(1)=मल्लराष्ट्र। मल्लदेश का सर्वप्रथम निश्चित उल्लेख शायद वाल्मीकि रामायण उत्तर० 102 में इस प्रकार है 'चंद्रकेतोश्च मल्लस्य मल्लभूम्यां निवेशिता, चंद्रकांतेति विख्याता दिव्या स्वर्गपुरी यथा'। अर्थात् रामचंद्रजी ने लक्ष्मण-पुत्र चंद्रकेतु के लिए मल्लदेश की भूमि में चंद्रकांता नामक पुरी बसाई जो स्वर्ग के समान दिव्य थी। महाभारत में मल्ल देश के विषय में कई उल्लेख हैं—'मल्लाः सुदेष्णाः प्रह्लादा माहिका शशिकास्तथा' भीष्म० 9,46; "अधिराज्यकुमाद्याश्च मल्लराष्ट्रं च केवलम्'—भीष्म० 9,44; 'ततो गोपालकक्ष च सोत्तरानपि कोसलान्, मल्लानामधिपं चैव पार्थिवं चाजयत् प्रभु.' सभा० 30,3। बौद्ध-ग्रंथ अंगुत्तरनिकाय में मल्लजनपद का उत्तरीभारत के सोलह जनपदों में उल्लेख है। बौद्ध साहित्य में मल्लदेश की दो राजधानियों का वर्णन है—कुशावती (कुशीनगर) और पावा (दे० कुसजातक; महापरिनिब्बान सुत्त)। महापरिनिब्बानसुत्त के वर्णन के अनुसार गौतम बुद्ध के समय में कुशीनारा या कुशीनगर के निकट मल्लों का शालवन हिरण्यवती (गंडक) नदी के तट पर स्थित था। मनुस्मृति में मल्लों को व्रात्यक्षत्रियों में परिगणित किया गया है

क्योंकि ये बौद्ध धर्म के दृढ़ अनुयायी थे। कुसजातक में ओक्काक (=इक्ष्वाकु) नामक मल्लनरेश का उल्लेख है। इक्ष्वाकुवंशीय नरेशों का परंपरागत राज्य अयोध्या या कोसलप्रदेश में था। रायचौधरी का मत है (दे० पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव ऐंशेंट इंडिया, पृ० 107-108) कि मल्लराष्ट्र में बिंबिसार के पूर्व गणराज्य स्थापित हो गया था। इससे पहले यहां के अनेक राजाओं के नाम मिलते हैं। बौद्ध साहित्य में मल्लजनपद के भोगनगर, अनुप्रिय तथा उरुवेलकप्प नामक नगरों के नाम मिलते हैं। बौद्ध तथा जैन साहित्य में मल्लों और लिच्छवियों की प्रतिद्वंद्विता के अनेक उल्लेख हैं—(दे० बुद्धसाल जातक, कल्प-सूत्र आदि)। बुद्ध के कुशीनगर में निर्वाण प्राप्त करने के उपरांत, उनके अस्थि-अवशेषों का एक भाग मल्लों को मिला था जिसके संस्मरणार्थ उन्होंने कुशीनगर में एक स्तूप या चैत्य का निर्माण किया था। इसके खंडहर कसिया में मिले हैं। इस स्थान से प्राप्त एक ताम्रपट्टलेख से यह तथ्य प्रमाणित भी होता है—'(परिनि) र्वाण चैत्यताम्रपट्ट इति'। मगध के राजनैतिक उत्कर्ष के समय मल्ल जनपद इसी साम्राज्य की विस्तरणशील सत्ता के सामने न टिक सका और चौथी शती ई० पू० में चंद्रगुप्त मौर्य के महान् साम्राज्य में विलीन हो गया। जैनग्रंथ भगवती सूत्र में मोलि या मालि नाम से मल्ल-जनपद का उल्लेख है। बौद्ध काल में मल्लराष्ट्र की स्थिति उत्तरप्रदेश के पूर्वी और बिहार के पश्चिमी भाग के अंतर्गत समझनी चाहिए।

(2) दे० मत्स्य (2)

(3) मल्लराष्ट्र की स्थिति श्री चिं० वि० वैद्य ने महाराष्ट्र में मानी है। यह मालवा का रूपांतर हो सकता है।

मल्लक

(1)=मालव। यह कौटिल्य के अर्थशास्त्र में उल्लिखित है।

(2)=मल्ल (1)

मल्लिकार्जुन (जिला कृष्णा, आ० प्र०)

इस स्थान (=श्रीशैल) पर शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक स्थित है। पौराणिक किंवदंती में इस स्थान को दक्षिण में काशी के समान ही पवित्र माना जाता है 'श्री शैल ··दृष्ट्वा पुनर्जन्म न विद्यते'। (दे० श्रीशैल)

मवाना (जिला मेरठ, उ० प्र०)

कहा जाता है कि इस स्थान का प्राचीन नाम मुहाना (मुख्य द्वार) था क्योंकि महाभारत में कौरवों की महानगरी हस्तिनापुर, जो यहां से प्राय: सात मील दूर है—का मुख्य-द्वार इसी स्थान पर था।

मवाली (जिला उदयपुर, राजस्थान)

1537 ई० मे इस स्थान पर मेवाड-नरेश उदयसिंह ने बनवीर का वध किया था। बनवीर ने मेवाड की गद्दी पर अवैध अधिकार कर लिया था।

मसागा (पश्चिमी पाकि०)

सिंध और पंजोरा नदियो के बीच के प्रदेश मे बसा हुआ एक सुरक्षित नगर जिसे विजित करने मे यवन आक्रांता अलक्षेंद्र (सिकन्दर) को अत्यधिक परिश्रम करना पड़ा था (327 ई० पू०)। यहा उस समय अस्सक (अश्वक) गणराज्य की राजधानी थी। अश्वकों ने यवन-राज का सामना करने के लिए बीस सहस्र अश्वारोही सेना (जिसके कारण वे अश्वक कहलाते थे, दे० केम्ब्रिज हिस्ट्री ऑव इंडिया, जिल्द 1), तीस सहस्र पैदल सिपाही और तीस हाथी मोर्चे पर खडे किए। नगर चारों ओर से पर्वत, नदी तथा कृत्रिम खाइयो और परकोटे से घिरा होने के कारण पूर्णरूप से सुरक्षित था। अलक्षेंद्र, नगर की किलाबंदी का निरीक्षण करते समय अश्वकों के तीर से घायल हो गया। इससे घबरा कर उसने नगर के अंदर के सात सहस्र सैनिको को सुरक्षा का वचन देकर उन पर धोखे से आक्रमण कर दिया और इस प्रकार नगर पर अधिकार कर लिया। फिर भी यह अधिकार कुछ ही समय तक रहा और अलक्षेंद्र के भारत से विदा होते ही अन्य प्रदेशो की भाति मसागा भी स्वतन्त्र हो गया। मसागा की स्थिति का ठीक-ठीक अभिज्ञान नही हो सका है किंतु यह निश्चित है कि यह नगर बजौर की घाटी में कही था।

महती=मही (2)

महत्नु

ऋग्वेद 10,75 मे उल्लिखित नदी जिसका अभिज्ञान अफगानिस्तान की अर्गेसन नदी से किया गया है। यह गोमती या गोमल नदी मे मिलती है।

महद्गिरि

पुराणों मे संभवत वर्तमान संभल (जिला मुरादाबाद, उ० प्र०) का नाम। कहा जाता है कि भविष्य का कल्कि अवतार संभल में ही होगा।

महबूबनगर (आ० प्र०)

प्राचीन पानगल। यह नगर चोलवाडी के अंतर्गत है। यहा का प्राचीन किला ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण समझा जाता है। इसी किले के बाहर 147 ई० में फिरोजशाह बहमनी को वारंगल तथा विजयनगर के राजाओं की संयुक्त सेनाओ ने हराया था। 1513 ई० में सुलतान कुली कुतुबशाह ने विजयनगर नरेश को यहीं परास्त किया। यह किला 1½ मील लंबा और एक

मील चौड़ा है। इसकी सात दीवारें हैं। बीच में एक दुर्ग है और सात ही मीनारें हैं। एक तेलगु अभिलेख से सूचित होता है कि 1604 ई० में किले का रक्षपाल खैरात खां था और बादशाह की माता इसी दुर्ग में रहती थी। द्वितीय निजाम, 1786 से 1789 तक इस किले के अंदर एक भवन में रहा था।

महरिया (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

यहाँ सोन नदी की घाटी में स्थित कई गुफाओं में प्रागैतिहासिक चित्रकारी के नमूने प्राप्त हुए हैं। एक चित्र में नृत्य करते हुए पुरुषों और वन्यमृगों को अंकित किया गया है। यह आखेट का चित्र जान पड़ता है।

महरौली

दिल्ली से 13 मील दूर छोटा सा कस्बा है। पृथ्वीराज चौहान (12वीं शती का अंत) के समय की दिल्ली इसी स्थान के निकट थी। पृथ्वीराज की अधिष्ठात्री देवी जोगमाया का मंदिर भी यहां है। इसी मंदिर के कारण दिल्ली का एक मध्यकालीन नाम जोगिनीपुर भी प्रसिद्ध था। गुलाम-वंश के सुल्तानों की दिल्ली भी महरौली के आस-पास बसी हुई थी। कुतुबमीनार के निकट प्रसिद्ध लौहस्तंभ है जिसका गुप्तकालीन अभिलेख महरौली स्तंभ अभिलेख कहलाता है। इसमें चंद्र (शायद चंद्रगुप्त द्वितीय) नामक राजा की विजय-यात्राओं तथा मरणोत्तर कीर्ति का यशोगान है (दे० दिल्ली)। कुछ विद्वानों का कहना है कि महरौली में प्राचीन काल में वेधशाला थी और इसी कारण महरौली या मिहिरपुरी मिहिर या सूर्य के नाम पर प्रसिद्ध थी।

महाकंदर

महावंश, 8,12 के अनुसार कुमारविजय की मृत्यु के पश्चात् सिंहपुर का राजकुमार पांडुवासुदेव भारत से लंका आकर बत्तीस अमात्य पुत्रों के साथ महाकंदर नदी के मुहाने पर उतरा था। यही बाद में लंका का राजा बना। महाकंदर नदी शायद वर्तमान मांकदुरु है।

महाकांतार

प्रयाग-स्तंभ पर उत्कीर्ण समुद्रगुप्त की प्रख्यात प्रशस्ति में इस वन्य प्रदेश का राजा व्याघ्रराज बताया गया है ('महाकांतारकव्याघ्रराज')। स्मिथ के मतानुसार महाकांतार (अर्थात् घोरवन) मध्य-प्रदेश तथा उड़ीसा के जंगली इलाके का नाम था जहां आज भी घने वन पाए जाते है। रायचौधरी के अनुसार मध्यप्रदेश की भूतपूर्व जसो रियासत इस वन्य प्रदेश में सम्मिलित थी। शायद महाकांतार के शासक इसी व्याघ्रराज का नाम, पृथ्वीसेन के नचने की तलाई तथा गंज से प्राप्त गुप्तकालीन अभिलेखों में है।

महाकाम

बोर्नियो (इंडोनेशिया) की एक नदी जिसके तटवर्ती प्रदेश में ई० सन् की प्रारंभिक शतियों में भारतीय सभ्यता का विकास हुआ था।

महाकाल

उज्जयिनी में स्थित भगवान् शिव का अति प्राचीन मंदिर। इसका वर्णन कालिदास ने मेघदूत, (पूर्वमेघ, 36 तथा अनुवर्ती छंद में किया है—'अप्यन्यस्मिन् जलधर महाकालमासाद्य काले, स्थातव्यं ते नयनविषयंयावदस्येति भानुः, कुर्वन् संध्याबलिपटहतां शूलिनः श्लाघनीयाम, मा मद्राणां फलमविकल लप्स्यसे गर्जितानाम्'—आदि। रघुवंश 6,34 में इंदुमती-स्वयंवर के प्रसंग में अवंतिनरेश के परिचय के संबंध में भी महाकाल का वर्णन है—'असौमहाकाल निकेतनस्य वसन्नदूरे किल चंद्रमौलेः तमिस्रपक्षेऽपि सह प्रियाभिर्ज्योत्स्नावतो निर्विशति-प्रदोषान्'। उज्जयिनी को प्राचीनकाल में ज्योतिष-विद्या का घर माना जाता था। इस नगरी में प्राचीन काल में भारतीय कालक्रम की गणना का केंद्र होने के कारण भी महाकाल मंदिर का नाम सार्थक जान पड़ता है (प्राचीन भारत में ज्योतिष विद्या विशारदों ने कालक्रम मापने के लिए उज्जयिनी में शून्य अक्षांश की स्थिति मानी थी जैसा कि वर्तमान काल में ग्रीनिच में है)। जयपुर नरेश जयसिंह द्वितीय ने एक प्रसिद्ध वेधशाला भी यहां बनवाई थी। महाकाल का मंदिर उज्जैन में आज भी है किंतु यह कालिदास द्वारा वर्णित प्राचीन मंदिर से अवश्य भिन्न है। प्राचीन मंदिर को गुलाम वंश के सुलतान इल्तुतमिश ने 13वीं शती में नष्ट कर दिया था। नवीन मंदिर प्राचीन देवालय के स्थान पर ही बनाया गया जान पड़ता है। यह मंदिर भूमि के नीचे गहरे स्थान में बना हुआ है। पास ही शिप्रा नदी बहती है जिसका वर्णन कालिदास ने महाकाल मंदिर के प्रसंग में किया है।

महाकूट (जिला बीजापुर, मैसूर)

यह स्थान चालुक्यकालीन है (6ठी–7वीं शती ई०)। यहां इस काल में निर्मित दो मंदिर उल्लेखनीय हैं जो मुख्य रूप से उत्तरी भारत के पूर्वगुप्तकालीन मंदिरों के अनुरूप हैं। इनके मध्य में गर्भगृह और उसके चतुर्दिक् पटा हुआ प्रदक्षिणापथ है। ये मंदिर बीजापुर जिले के अन्य मंदिरों के समान गुप्तकालीन मंदिरों की परंपरा में हैं जो गुप्तकाल की समाप्ति के 11 शतियों के बाद भी दक्षिण भारत में जीवित रही। सुदूर दक्षिण में कनारा प्रदेश (मैसूर) के मंदिर भी (दे० भटकल; मुडबिदरी; जरसोप्पा) इसी परंपरा के अंतर्गत हैं।

महाकूट मे 602 ई० का एक स्तभलेख मिला है जिसमे चालिक्य या चालुक्य-वंशीय कीर्तिवर्मन् प्रथम की वग, अग, मगधादि देशो पर विजय का वर्णन है। कीर्तिवर्मन् के पिता द्वारा किए गए अश्वमेधयज्ञ का वर्णन भी इस अभिलेख मे है। अभिलेख से चालुक्यनरेश मगलेश के विषय मे सूचना मिलती है।

महाकोशी

कुमारसभव 6,33 मे उल्लिखित कैलास के निकट बहने वाली कोई नदी। शिव ने सप्तर्षियो को पार्वती की मगनी के लिए ओषधिप्रस्थ भेजते हुए उनसे लौट कर महाकोशी के प्रपात के निकट मिलने के लिए कहा था—'तत्प्रयातौषधिप्रस्थ सिद्धये हिमवत्पुर महाकोशीप्रपातेऽस्मिन् सगमः पुनरेव नः'

महाकोसल दे० दक्षिणकोसल

महाखुपापार

गुप्त अभिलेखो मे उल्लिखित स्थान जिसका अभिज्ञान अनिश्चित है (दे० रायचौधरी, पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव ऐशेंट इडिया, पृ० 472)।

महागगा=महावेलिगगा (लका)

लका के प्राचीन बौद्ध इतिहास ग्रथ महावंश (10,57) मे उल्लिखित नदी।

महातीर्थ (लका)

महावंश 7,58 के अनुसार राजकुमार विजय के निमत्रण पर भारत के पाड्य देश से आने वाले लोग लका पहुच कर जलयान से इसी स्थान पर उतरे थे। यह मनार द्वीप के सामने वर्तमान मतोट है।

महादेव

विन्ध्य के दक्षिण तथा सतपुडा के निकट स्थित पर्वत-श्रेणी जो सभवत. प्राचीन शुक्तिमान् पर्वतमाला के अतर्गत थी।

महादेवपुर=मनथानी

महाद्रुम

विष्णुपुराण 2,4,60 के अनुसार शाकद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा भव्य के पुत्र महाद्रुम के नाम से प्रसिद्ध है।

महानद

जिला पूर्णिया (बिहार) की एक नदी। सभव है इसका नाम मगध के राजा महानंद के नाम पर प्रसिद्ध हुआ हो।

महानंदी (मैसूर)

नंदशाल के निकट यह स्थान प्राचीन शिव मदिर के लिए प्रसिद्ध है।

महानगर

पाणिनि 6,2,89 में उल्लिखित है। यह महास्थान, जिला बोगरा, बंगाल का प्राचीन नाम है।

महानदी

(1) महेंद्रपर्वत के निकट से होकर बहने वाली नदी जो उड़ीसा को सिंचित करती हुई कटक के पास बंगाल की खाड़ी में गिरती है। श्रीमद्भागवत 5,19, 18 में शायद इसीका उल्लेख है—'महानदी वेदस्मृतिऋषिकुल्या'। महाभारत भीष्म० 9,14 में भी महानदी का नामोल्लेख है—'नदीं पिबन्ति विपुला गंगां सिंधु सरस्वतीम्, गोदावरीं नर्मदा च बाहुदा च महानदीम्'

(2) गया (बिहार) के निकट बहने वाली फल्गु को ही महाभारत वन० 95 9 म, 'महानदी' नाम से अभिहित किया गया है—'नगो गयशिरा यत्र पुण्या चैव महानदी'। फल्गु को स्थानीय रूप से आज भी 'महाना' कहा जाता है जो अवश्य ही महानदी का अपभ्रंश है। उपर्युक्त उल्लेख में महानदी शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

महाना दे० फल्गु, महानदी (2)

महापद्मसर

वुल्र झील (कश्मीर) का प्राचीन संस्कृत नाम।

महाबलिस्तान

11वीं शती के प्रसिद्ध अरब विद्वान् और पर्यटक अलबेरूनी ने भीलसा या विदिशा का प्राचीन नाम महाबलिस्तान लिखा है।

महाबलीपुरम्-(मद्रास)

मद्रास से लगभग 40 मील दूर समुद्र तट पर स्थित वर्तमान मम्मलपुर। इसका एक अन्य प्राचीन नाम बाणपुर भी है। यह पल्लवनरेशों के समय (7वीं शती ई०) में बने सप्तरथ नामक विशाल मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। ये मंदिर भारत के प्राचीन वास्तुशिल्प के गौरवमय उदाहरण माने जाते हैं। पल्लवों के समय में दक्षिणभारत की संस्कृति उन्नति के सर्वोच्च शिखर पर पहुंची हुई थी। इस काल में बृहत्तर भारत, विशेष कर स्याम, कंबोडिया, मलाया और इंडोनेशिया में दक्षिण भारत से बहुसंख्यक लोग जाकर बसे थे और वहां पहुंच कर उन्होंने नए नए भारतीय उपनिवेशों की स्थापना की थी। महाबलीपुर के निकट एक पहाड़ी पर स्थित दीपस्तंभ समुद्र यात्राओं की सुरक्षा के लिए बनवाया गया था। इसके निकट ही सप्तरथों के परम विशाल मंदिर विदेश-यात्राओं पर जाने वाले यात्रियों को मातृभूमि का अंतिम संदेश देते रहे होंगे।

दीपरतम के शिखर से शिल्पकृतियों के चार समूह दृष्टिगोचर होते हैं। प्रथम समूह एक ही पत्थर में से काटे हुए पांच मंदिरों का है जिन्हें रथ कहते हैं। ये कणाश्म या ग्रेनाइट पत्थर के बने हैं। इनमें से विशालतम धर्मरथ है जो पांच तलों से युक्त है। इसकी दीवारों पर सघन मूर्तिकारी दिखाई पड़ती है। भूमितल की भित्ति पर आठ चित्रफलक प्रदर्शित हैं जिनमें अर्धनारीश्वर की कलापूर्ण मूर्ति का निर्माण बड़ी कुशलता से किया गया है। दूसरे तल पर शिव, विष्णु और कृष्ण की मूर्तियों का चित्रण है। फूलों की डलिया लिए हुए एक सुंदरी का मूर्तिचित्र अत्यंत मनोरम है। दूसरा रथ भीमरथ नामक है जिसकी छत गाड़ी के टप के सदृश जान पड़ती है। तीसरा मंदिर धर्मरथ के समान है। इसमें वामनों और हंसों का सुंदर अंकन है। चौथे में महिषासुरमर्दिनी दुर्गा की मूर्ति है। पांचवां एक ही पत्थर में से कटा हुआ है और हाथी की आकृति के समान जान पड़ता है।

दूसरा समूह दीपरतंभ की पहाड़ी में स्थित कई गुफाओं के रूप में दिखाई पड़ता है। वराह गुफा में वराह अवतार की कथा का और महिषासुर गुफा में महिषासुर तथा अनंतशायी विष्णु की मूर्तियों का अंकन है। वराहगुफा में जो अब नितान्त अंधेरी है बहुत सुंदर मूर्तिकारी प्रदर्शित है। इसी में हाथियों द्वारा स्नापित गजलक्ष्मी का भी अंकन है। साथ ही सस्त्रीक पल्लवनरेशों की उभरी हुई प्रतिमाएं हैं जो वास्तविकता तथा कलापूर्ण भावचित्रण में बेजोड़ कही जाती हैं।

तीसरा समूह सुदीर्घ शिलाओं के मुखपृष्ठ पर उकेरे हुए कृष्णलीला तथा महाभारत के दृश्यों के विविध मूर्तिचित्रों का है जिनमें गोवर्धन-धारण, अर्जुन की तपस्या आदि के दृश्य अतीव सुंदर हैं। इनसे पता चलता है कि स्वदेश से दक्षिणपूर्वएशिया के देशों में जाकर बस जाने वाले भारतीयों में महाभारत तथा पुराणों आदि की कथाओं के प्रति कितनी गहरी आस्था थी। इन लोगों ने नए उपनिवेशों में जाकर भी अपनी सांस्कृतिक परंपरा को बनाए रखा था। जैसा ऊपर कहा गया है महाबलीपुर समुद्रपार जाने वाले यात्रियों के लिए मुख्य बंदरगाह था और मातृभूमि छोड़ते समय ये मूर्ति-चित्र इन्हें अपने देश की पुरातन संस्कृति की याद दिलाते थे।

चौथा समूह समुद्रतट पर तथा सन्निकट समुद्र के अंदर स्थित सप्तरथों का है जिनमें से छः तो समुद्र में समा गए हैं और एक समुद्र-तट पर विशाल मंदिर के रूप में विद्यमान है। ये छः भी पत्थरों के ढेरों के रूप में समुद्र के अंदर दिखाई पड़ते हैं।

महाबलीपुर के रथ जो शैलकृत्त हैं अजंता या इलौरा के गुहा मंदिरों की भांति पहाडी चट्टानों को काट कर तो अवश्य बनाए गए हैं किंतु इनके विपरीत ये रथ, पहाडी के भीतर बने हुए वेश्म नहीं हैं अर्थात् ये शैलकृत्त होते हुए भी सरचनात्मक हैं। इनको बनाते समय शिल्पियो ने चट्टान को भीतर और बाहर से काट कर पहाड से अलग कर दिया है जिससे ये पहाडी के पार्श्व मे स्थित नहीं जान पडते वरन् उससे अलग खडे हुए दिखाई पडते हैं। महाबलीपुर दो वर्ग मील के घेरे में फैला हुआ है। वास्तव मे यह स्थान पल्लवनरेशों की शिल्प-साधना का अमर स्मारक है। महाबलीपुर के नाम के विषय मे किंवदंती है कि वामन् भगवान् ने (जिनके नाम से एक गुहामदिर प्रसिद्ध है) दैत्यराज बलि को पृथ्वी का दान इसी स्थान पर दिया था।

महाबलेश्वर (महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र का रमणीक गिरिनगर। इसकी ऊचाई समुद्रतल से 4500 फुट है। इसकी खोज 1824 ई० मे, जनरल पी० लॉडविक (P. Lodwick) ने की थी। 1829 ई० मे बबई के गवर्नर सर मालकम ने सतारा के राजा से इसे लेकर बदले मे उसे दूसरा स्थान दे दिया। महाबलेश्वर के समीप एक पहाडी से दक्षिणभारत की प्रसिद्ध नदी कृष्णा निकली है। महाबलेश्वर ग्राम में महाबलेश्वर शिव का प्राचीन मदिर है।

महामृत्युंजय (जिला गढवाल, उ० प्र०)

यह पुराण-प्रसिद्ध पर्वत कर्णप्रयाग से 18 मील पूर्व की ओर स्थित है।

महामेघवनाराम (लका)

महावंश 1, 80,15-24-25 मे उल्लिखित यह स्थान जो एक उद्यान के रूप में प्रसिद्ध था, लका की प्राचीन राजधानी अनुराधपुर के पूर्वी द्वार के निकट था। इसे देवानांप्रिय तिष्य (सिंहलनरेश) ने बौद्धसघ को समर्पित कर दिया था। यह 'नगर से न बहुत दूर और न बहुत समीप था और रमणीय छाया और सुदर जल से युक्त था'। यहीं अशोक के पुत्र स्थविर महेंद्र को सिंहलनरेश तिष्य ने ठहराया था।

महावन

(1) (जिला मथुरा, उ० प्र०) मथुरा के समीप, यमुना के दूसरे तट पर स्थित अति प्राचीन स्थान है जिसे बालकृष्ण की क्रीडास्थली माना जाता है। यहा अनेक छोटे छोटे मदिर हैं जो अधिक पुराने नहीं हैं। ब्रज के चौरासी वनो मे महावन मुख्य था। महावन को औरंगजेब के समय मे उसकी धर्मांधनीति का शिकार बनना पडा था। इसके बाद, 1757 ई० मे अफगान अहमदशाह

अब्दाली ने जब मथुरा पर आक्रमण किया तो उसने महावन में सेना का शिविर बनाया। वह यहां ठहर कर गोकुल को नष्ट करना चाहता था किंतु महावन के चारहजार नागा सन्यासियों ने उसकी सेना के 2000 सिपाहियों को मार डाला और स्वयं भी वीरगति को प्राप्त हुए। गोकुल पर होने वाले आक्रमण का इस प्रकार निराकरण हुआ और अब्दाली ने अपनी फौज वापस बुला ली। इसके पश्चात् महावन के शिविर में विशूचिका के प्रकोप से अब्दाली के अनेक सिपाही मर गए। अत: वह शीघ्र दिल्ली लौट गया किंतु जाते-जाते भी इस बर्बर आक्रांता ने मथुरा, वृन्दावन आदि स्थानों पर जो लूट मचाई और लोमहर्षक विध्वंस और रक्तपात किया वह इसके पूर्व कृत्यों के अनुकूल ही था।

(2) महावंश 4,12 में वर्णित एक स्थान जो संभवतः वैशाली के प्रमोदवन का नाम था। इसका अभिज्ञान बसाढ़ (जिला मुजफ्फरपुर, बिहार) से 2 मील उत्तरपश्चिम की ओर स्थित वर्तमान कोलुआ से किया गया है जहां अशोक का एक स्तंभ भी विद्यमान है। बसाढ़ ग्राम प्राचीन वैशाली नगरी के स्थान पर बसा हुआ है।

महावीरजी दे० चांदनगांव

महावीरवर्ष

विष्णुपुराण 2,4,74 में वर्णित पुष्कर द्वीप का एक भाग—'महावीरं तथै-वान्यद्धातकीखण्डसंज्ञितम्'।

महावेलिगंगा दे० महागंगा

महाशोण=महाशोणा=शोण

'गण्डकीञ्च महाशोणां सदानीरां तथैव च एकपर्वतके नद्य क्रमेणैत्या-व्रजन्त ते' महा० सभा० 20,27। (दे० शोण)

महासागर

महावंश 15,152 में उल्लिखित महामेघवनाराम का ही एक नाम है। इस उद्यान को लंका के राजा जयंत ने कश्यप बुद्ध को समर्पित किया था। यहीं बोधिवृक्ष की एक शाखा भी जयंत ने लगाई थी।

महास्थानगढ़ दे० पुड्, पुड्रनगर

महाहिमवद्वर्षिष्ठात्

जैन सूत्र-ग्रंथ जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति में उल्लिखित महाहिमवत का एक शिखर।

महाहिमवत=धवलगिरि

महिष

विष्णुपुराण 2,4 26-27 में उल्लिखित शाल्मल द्वीप का एक पर्वत 'कुमुद-

श्चाग्निनदर्चैव तृतीयश्च बल्लाहक, द्रोणो यत्र महौपध्य स चतुर्थो महीधर। कङ्कस्तु पंचम षष्ठो महिष सप्तमस्तथा, ककुद्मान् पर्वतवर सरिन्नामानि मे श्रृणु'।

महिषासुर दे० मैसूर

महिष्मंडल

नर्मदा के दक्षिणतट पर स्थित प्रदेश (खानदेश इसमे सम्मिलित था)। इसका नाम माहिष्मती नगरी के सबध से महिष्मडल हुआ था। लका के प्राचीन बौद्ध इतिहास महावश 12,3 मे इसका उल्लेख है। अशोक के समय मे होने वाली प्रथम धर्मसगीति के पश्चात् मोग्गलिपुत्र न कई स्थविरों को पडोसी देशो मे बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए भेजा था। उनम से स्थविर महादेव को महिष्मडल भेजा गया था।

महिष्मती = माहिष्मती

मही

(1) वाल्मीकि रामायण किष्किधा 40 22 में मही और कालमही का उल्लेख है। सुग्रीव ने सीता के अन्वेषणार्थ वानरो को पूर्व दिशा की ओर भेजते हुए इन स्थानो का वर्णन किया था—'महीं कालमहीं चापि शैलकाननशोभितां, ब्रह्ममालान्विदेहांश्च मालवान काशिकोसलान्'। मही सभवत गडकी नदी (बिहार) है। इसे माही भी कहते थे।

(2) = माही। यह नदी मालवा के पहाडों (पारियात्र शैलमाला) से निकल कर खभात की खाडी मे प्राचीन स्तभतीर्थ के निकट गिरती है। यह स्थान स्कदपुराण, कुमारिका खड म पवित्र तीर्थ बताया गया है। इसे वायुपुराण 65, 97 म महती और वराहपुराण, 65 मे रोहि कहा गया है।

(3) विष्णु पुराण 2,4,43 मे उल्लिखित कुशद्वीप की एक नदी—'विद्युदभा मही चान्या सर्वपापहरास्त्विमा'।

महीकवती

बबई के उपनगर महीम का प्राचीन नाम। गुर्जर नरेश भीमदव न 15वीं शती म इस स्थान पर अपनी राजसभा की थी।

महीधर

मैहर (भूतपूर्व मैहर रियासत, म० प्र०) का प्राचीन नाम है। 'ततो महीधरं जग्मु धर्मज्ञेनाभिसत्कृतम् राजर्षिणा पुण्यकृता गयेनानुपमद्युते' महा० वन० 85,89। यहां इसकी स्थिति प्रसगानुसार प्रयाग के दक्षिण मे है जो वर्तमान मैहर की स्थिति के अनुरूप ही है।

महोवती

'तब तथागत ने तपस्वी कपिल को महोवती में विनीत बनाया जहां नि ए ८२ मुनि के चरण अंकित थे'—बुद्धचरित 21,24। इस नगरी का अभिज्ञान अनिश्चित है। संभवत. यह मही नदी या माही के तट पर स्थित प्राचीन स्तंभ-तीर्थ (=खंभात) है। बुद्धचरित 21,22 मे शूर्पारक का उल्लेख है जो प्रसंग से महोवती के निकट ही होना चाहिए। अतः यह अभिज्ञान ठीक जान पड़ता है।

महोशूर दे० मैसूर

महुआ

भूतपूर्व रियासत ग्वालियर (म० प्र०) मे तिराही से एक मील दक्षिण की ओर स्थित है। यहां तीन प्राचीन शिवमंदिरो के खंडहर हैं। एक मंदिर पर संभवत. 7वीं शती ई० का अभिलेख उत्कीर्ण है।

महुडी

भूतपूर्व रियासत बडौदा (गुजरात) मे विजापुर के निकट महुडी ग्राम मे कोट्यर्क के मंदिर की खुदाई करने से चार धातु प्रतिमाएं प्राप्त हुई थी। इनका वर्णन रिपोर्ट ऑन दि आक्योंलोजिकल सर्वे, बडौदा स्टेट, 1937 मे प्रकाशित हुआ था। मूर्तियां गुप्तकालीन जान पडती हैं। इनमे से एक मे उष्णीष और ऊर्णा का अलंकरण विद्यमान है। मूर्ति पर यह लेख है— नमः सिद्ध (नम्) वैरिगणस उप (रि) का आर्यसंघश्रावक'। मूर्ति जैन धर्म से संबधित है।

महुवार दे० मधुमत्

महेत्थ=महोत्थ

महेंद्र

(1) भारत के प्राचीन कुलपर्वतो मे इसकी भी गणना है। इसका अभिज्ञान सामान्य रूप से पूर्वी घाट की पर्वतमाला के उत्तरी भाग से किया गया है। महानदी इसी पहाड से निकलती है। इस पर्वत का अभिज्ञान विशेष रूप से मद्रास-कलकत्ता रेलपथ पर मडासा रोड स्टेशन से 20 मील पश्चिमोत्तर मे स्थित महेंद्रगिरि से किया जाता है। यह पर्वत समुद्रतल से 5000 फुट ऊंचा है। यहां पांडवो और कुंती के नाम से प्रसिद्ध एक मंदिर स्थित है। रघुवंश 4,39 मे कालिदास ने रघु की दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग मे भी इसका उल्लेख किया है— 'स प्रताप महेंद्रस्य मूर्ध्नि तीक्ष्ण न्यवेशयत्, अंकुश द्विरदस्येव यन्ता गभीरवेदिन'। रघुवंश 6,54 मे भी कलिंग-नरेश के संबध मे इसका वर्णन है—'असौ महेंद्राद्रिसमानसारः पतिर्महेन्द्रस्य महोदधेश्च यस्य क्षरत् सैन्यगजच्छलेन यात्रासु यातीव

पुरो महेंद्र' । इन दोनों ही उल्लेखों में इस पर्वत के संबंध में हाथियों का वर्णन है । कलिंग के हाथी प्राचीन काल में प्रसिद्ध थे । श्रीमद्भागवत 5,19,16 में भी इस पर्वत का नामोल्लेख है—'श्रीशैलोवेंकटो महेंद्रो वारिधारो विंध्य' । विष्णुपुराण 4,24,65 में इसका उल्लेख कलिंगादि देशों के साथ है—'कलिंग माहिष महेंद्र भौमान् गुहा भोक्ष्यन्ति'

(2) वाल्मीकि रामायण किष्किंधा 67,39 में वर्णित एक पर्वत जिस पर हनुमान् लंका के लिए प्रस्थान करते समय आरूढ़ हुए थे—'आरुरोह नगश्रेष्ठं महेन्द्रमरिमर्दन' । इसको वाल्मीकि ने महागिरि (किष्किंधा० 67,46) कहा है—'शैलशृंगशिलोत्पातस्तदाभूत स महागिरि' । यह महेंद्र पर्वत केरल में समुद्रतट तक फैले हुए प्राचीन मलय पर्वत की शृंखला का ही कोई शिखर जान पड़ता है । अध्यात्मरामायण, किष्किंधा 9,28 में भी इसी प्रसंग में महेंद्र का उल्लेख है—'महेंद्राद्रिशिरोगत्वा बभूवाद्भुतदर्शन'

(3) प्राचीन कंबुज (कंबोडिया,) का बड़ा पहाड़ी नगर जहां 9वीं शती में हिंदू राजा जयवर्मन् द्वितीय की राजधानी कुछ समय पर्यंत रही थी । इसका अभिज्ञान अंगकोरथोम के उत्तर-पश्चिम की ओर स्थित फनोम कुलेन नामक स्थान से किया गया है ।

महेंद्रवाडी (मद्रास)

आरकट और अरकोनम के बीच इस पल्लवकालीन नगर के खंडहर स्थित हैं । *महेन्द्रवर्मन प्रथम (600 625 ई०) ने जो पल्लव वंश का प्रतिभाशाली* शासक, था संभवत इस नगर की संस्थापना की थी । नगर के निकट महेंद्रताल नामक एक झील के चिह्न हैं जिसका निर्माण महेंद्रवर्मन् ने ही करवाया था ।

महेवा

भूतपूर्व छतरपुर रियासत (म० प्र०) में स्थित । बुंदेला-नरेश छत्रसाल के पिता चंपतराय (17 वीं शती का उत्तरार्ध) को यहां की जागीर बंटवारे में अपने पूर्वजों से मिली थी । यह छोटी सी जागीर बुंदेला राजा उदयजीत के पुत्र और पौत्रों में बंटती चली आई थी । जो हिस्सा चंपतराय को मिला उसकी आय केवल 350 रु० वार्षिक थी । कविवर भूषण ने 'छत्रसाल दशक' में छत्रसाल को महेवा-महिपाल कहा है—'जगजीत लेवा तऊ हूँ के दामदेवाभूप, सेवा लागे करन महेवा महिपाल की' । महेवा की जागीर ही बढ़कर छत्रसाल की भावी रियासत के रूप में परिणत हो गई ।

महेश्वर दे० माहिष्मती

महोत्थ

रूपांतर महेत्थ। 'शैरीषकं महोत्थं च वशेचक्रे महाद्युतिः, आक्रोशं चैव राजर्षि तेन युद्धमभून्महत्' महा० 32,6। नकुल ने अपनी दिग्विजय यात्रा के प्रसंग में शैरीषक (=सिरसा, हरयाणा) और महोत्थ पर अधिकार कर लिया था। महोत्थ के राजा का नाम आक्रोश बताया गया है। इस प्रदेश को 32,5 में बहुधान्यक कहा गया है। दक्षिणीपंजाब का यह क्षेत्र जिसमें रोहतक, सिरसा आदि स्थित हैं, आज तक भारत के उपजाऊ क्षेत्रों में गिना जाता है। महोत्थ सिरसा के निकट ही स्थित होगा।

महोत्सव नगर=महोबा

महोदय

(1)=कान्यकुब्ज। 'पंचालाख्योऽस्ति विषयो मध्यदेशे महोदयपुरं तत्र' विष्णुधर्मोत्तर पुराण 1,20,2-3। (दे० कान्यकुब्ज)

(2) वाल्मीकि रामायण, युद्ध० 101,29-30 में उल्लिखित पर्वत जहां से लंका के रणक्षेत्र में घायल हुए लक्ष्मण के उपचार के लिए हनुमान् औषधि लाए थे— 'सौम्य शीघ्रमितो गत्वा पर्वतं हि महोदयम्, पूर्वं तु कथितो योऽसौ वीरजाम्बवता तव, दक्षिणे शिखरे जाता महौषधिमिहानय'।

महोबा (जिला हमीरपुर उ० प्र०)

931 ई० के लगभग चंदेल राजपूतों ने महोबा पर अधिकार करके अपने इतिहास प्रसिद्ध राजवंश की नींव डाली थी। जनश्रुति है कि चंदेलों के आदि-पुरुष चंद्रवर्मा ने यहां महोत्सव किया था जिससे इस स्थान का नाम महोत्सवपुर या उसमें बिगड़ कर महोबा हुआ। 12वीं शती के अंत में महोबा में राजा परमाल का राज्य था। पृथ्वीराज चौहान ने 1182 ई० के प्रसिद्ध युद्ध में जिसमें चंदेलों की ओर से आल्हा-ऊदल लड़े थे महोबा परमाल से छीन लिया था किंतु कुछ समय पश्चात् चंदेलों का पुनः इस पर अधिकार हो गया। 1196 ई० के लगभग कुतुबुद्दीनऐबक ने महोबा और कालपी दोनों पर अधिकार कर लिया और और अपना सूबेदार यहां नियुक्त कर दिया। तैमूर के आक्रमण के समय कालपी और महोबा के सूबेदार स्वतंत्र हो गए। 1434 ई० में जौनपुर के सूबेदार इब्राहीमशाह ने महोबा और कालपी पर अधिकार कर लिया किंतु अगले वर्ष मालवा के सुल्तान हुशंगशाह ने इसे छीन लिया किंतु पुनः यह नगर जौनपुर के सुल्तान के कब्जे में आ गया। 16वीं शती में मुगलों का साम्राज्य दिल्ली में स्थापित हुआ और साथ ही महोबा भी मुगल साम्राज्य का एक अंग न गया। औरंगजेब के समय में बुंदेलखंड के प्रतापी राजा छत्रसाल का महोबा

पर अधिकार हो गया और यह नगर शीघ्र ही उनके राज्य का एक बड़ा नगर बन गया। किंतु अंग्रेजी राज्य स्थापित होने के पश्चात् महोबा एक छोटा महत्वहीन कस्बा बन गया और उसी रूप में आज भी है। चंदेलों के समय के कुछ अवशेष महोबा में मिले हैं तथा आल्हा-ऊदल की दंत कथाओं से संबंधित ताल आदि भी यहां बताए जाते हैं। चंदेलनरेश वास्तुकला के प्रेमी थे। इन्हीं के जमाने में जगत्-प्रसिद्ध खजुराहो के मंदिरों का निर्माण हुआ था। किंतु जान पड़ता है कि युद्धों की अग्नि में महोबा के प्राय: सभी महत्वपूर्ण अवशेष नष्ट हो गए। फिर भी राजपूतों के समय के अवशेष जो यहां से प्राप्त हुए तथा जैन-धर्म से संबंधित कुछ मूर्तियां अवश्य उल्लेखनीय हैं। सिंहनाद अवलोकितेश्वर की एक अभिलिखित मूर्ति भी महोबा से प्राप्त हुई थी जो अब लखनऊ के संग्रहालय में है। यह मध्यकालीन बुंदेलखंड की मूर्तिकला का सुंदर उदाहरण है।

महोली (जिला मथुरा, उ० प्र०)

मथुरा से लगभग साढ़े तीन मील दक्षिण पश्चिम की ओर स्थित यह ग्राम वाल्मीकि रामायण में वर्णित मधुपुरी के स्थान पर बसा हुआ है। मधुपुरी को मधुनामक दैत्य ने बसाया था। उसके पुत्र लवणासुर को शत्रुघ्न ने युद्ध में पराजित कर उसका वध कर दिया था और मधुपुरी के स्थान पर उन्होंने नई मधुरा या मथुरा नगरी बसाई थी। महोली ग्राम को आजकल मधुबन महोली कहते हैं। महोली मधुपुरी का अपभ्रंश है। लगभग 100 वर्ष पूर्व इस ग्राम से गौतम बुद्ध की एक मूर्ति मिली थी। इस कलाकृति में भगवान् को परमकृशावस्था में प्रदर्शित किया गया है। यह उनकी उस समय की अवस्था का अंकन है जब बोधिगया में 6 वर्षों तक कठोर तपस्या करने के उपरांत उनके शरीर का केवल अस्थिपंजर मात्र ही अवशिष्ट रह गया था।

महोदधि

भारत के दक्षिण में स्थित समुद्र जिसे इंडियन ओशन कहा जाता है—'सेतुर्येन महोदधौ विरचितः क्वासौदशास्यांतक.' से स्पष्ट है कि राम ने इसी समुद्र पर पुल बांध कर लंका पर चढ़ाई की थी।

महौनी (बुंदेलखंड)

वीरभद्र अथवा वीर बुंदेला ने जो 1071 ई० में बुंदेलों का राजा हुआ था, बुंदेलखंड का विस्तृत भाग अपने अधिकार में करके महौनी में अपनी राजधानी बनाई थी। यहां बुंदेलों की राजधानी काफी समय तक रही।

माग्धी=सोन नदी

माझा (पंजाब)

रावी और व्यास नदियों के बीच (माधा=मध्य) का प्रदेश। अलक्षेंद्र के आक्रमण के समय (327 ई० पू०) इस दोआबे में कठजाति का गणराज्य स्थापित था।

माटयगढ़=मड़

माडवी

गोआ के निकट बहने वाली नदी जो सह्याद्रि से निस्सृत होकर अरब सागर में गिरती है।

माडव्यपुर दे० मडोर

माडव्य श्रम दे० मडोर

माधाता (जिला इदौर, म० प्र०)

ओंकारेश्वर से प्राय 7 मील और इदौर से 54 मील दूर नर्मदा के बीच में छोटा सा द्वीप है। किंवदती में कहा जाता है कि इस स्थान पर राजा माधाता ने शिव की आराधना की थी। यह द्वीप नर्मदा और उसकी उपधारा कावेरी से घिरा हुआ है। माधाता द्वीप का आकार ओंकार या प्रणव के प्रतीक से मिलता जुलता है। सभवत इसीलिए इसे ओंकारेश्वर भी कहा जाता है। इसके आस-पास अनेक प्राचीन तीर्थस्थल हैं। मांधाता को अमरेश्वर भी कहते हैं। स्कद पुराण, रेवाखड 28,133 में इसका वर्णन है।

माकदी

महाभारत, आदि० 137,73 में इसका इस प्रकार उल्लेख है—'माकदीमथ गगायास्तीरे जनपदायुताम्, सोऽध्यावसद दीनमना काम्पिल्य च पुरोत्तमम्' अर्थात तदनतर राजा द्रुपद द्रोणाचार्य द्वारा आधा राज्य छीन लिए जाने पर, दीनता-पूर्ण हृदय से गगातटवर्ती अनेक जनपदों से युक्त माकदी में तथा नगरों में श्रेष्ठ काम्पिल्य में निवास करने लगे। इस उल्लेख से ज्ञात होता है कि माकदी पचाल राज्य का एक छोटा भाग रहा होगा। इस उल्लेख में वर्णित माकदी, नगर विशेष का नाम नहीं जान पड़ता। यह सभवत किसी बड़े जनपद का नाम था क्योंकि इसे जनपदों से युक्त बताया गया है। यह सभव है कि काम्पिल्य (जिला फरुखाबाद, उ० प्र०) इसी प्रदेश में स्थित था। किंतु महाभारत, उद्योग 31,19 में माकदी नामक ग्राम का भी उल्लेख है जिसे पांडवों ने चार अन्य स्थानों के साथ कौरवों से मांगा था—'अविस्थल वृकस्थल माकदी वारणवतम्, अवसान भवेत्वत्र किंचिदेक च पचमम्'। सभवत माकदी ग्राम या नगर के नाम पर

ही माकंदी जनपद भी प्रसिद्ध था। इस नगर की स्थिति पचालदेश में ही समझनी चाहिए।

माट (ज़िला मथुरा, उ० प्र०)

मथुरा से आठ मील दूर है। इस ग्राम से कुषाणकाल के अनेक महत्वपूर्ण अवशेष प्राप्त हुए हैं। संस्कृत में एक शिलालेख से जो यहा से प्राप्त हुआ था विदित होता है कि महाराजाधिराज देवपुत्र हुविष्क के पितामह ने जो सत्य और धर्म में सदैव स्थिर थे एक देवकुल बनवाया था जो कालातर मे नष्ट भ्रष्ट हो गया था। अत किसी महादडनायक के पुत्र ने जो राजकर्मचारी था इस देवकुल का जीर्णोद्धार करवाया और ब्राह्मणो तथा अतिथियों के लिए प्रतिदिन सदाव्रत का प्रबध किया। माट से कुशान सम्राट् कनिष्क (120 ई०) और विम के डफिसस की कायपरिमाण मूर्तिया प्राप्त हुई थी जो मथुरा सग्रहालय मे सुरक्षित हैं। कनिष्क की मूर्ति लाल पत्थर की है और वर्तमान दशा मे शिरविहीन है। इस मूर्ति से कनिष्क की वेषभूषा का अच्छा ज्ञान होता है। इसमे इसे लबा चोगा और घुटनों तक ऊचे जूते पहने दिखाया गया है। यह वेशभूषा कुषाणो के आद्य-स्थान पश्चिमी चीन या तुर्किस्तान में आज तक प्रचलित है।

माडू (जिला मेरठ, उ० प्र०)

पूठ से 8 मील दूर इस ग्राम में, स्थानीय किंवदती के अनुसार, प्राचीन काल में माडव्य ऋषि का आश्रम था।

माणिकपुर=मनिकियाला

मातग

(1) राजगृह के निकट एक पहाडी (दे० राजगृह)

(2) कामरूप के दक्षिण पूर्व में स्थित देश जो हीरे की खानो के लिए प्रसिद्ध था (युक्तिकल्पतरु)।

माती दे० बुरिया

माधवपुर (काठियावाड, गुजरात)

पोरबदर से 40 मील दूर छोटा सा बदरगाह है। इस स्थान पर मधुमती नदी सागर में गिरती है। स्थानीय किंवदती के अनुसार यहां रुक्मिणी के पिता राजा भीष्मक की राजधानी थी। माधवपुर मे श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के मदिर भी हैं। किंतु जैसा कि महाभारत से स्पष्ट है भीष्मक विदर्भ देश का राजा था और उनकी राजधानी कुडिनपुर में थी।

मानकुवर (तहसील करछना, ज़िला इलाहाबाद, उ० प्र०)

इस स्थान से गुप्त सम्राट् कुमार गुप्त के शासनकाल की एक अभिलिखित

बुद्ध मूर्ति प्राप्त हुई है। इसकी तिथि 129 गु० स०=449 ई० है। अभिलेख में भिक्षु बुद्धमित्र द्वारा इस प्रतिमा की प्रतिष्ठापना का उल्लेख है। इस अभिलेख की विशेष बात यह है कि इसमें गुप्तकाल के अन्य अभिलेखों की भांति कुमारगुप्त को महाराजाधिराज न कह कर केवल महाराज कहा गया है जो सामान्य सामंतों की उपाधि थी। फ्लीट का मत है कि कुमारगुप्त के शासनकाल के अंतिम वर्षों में पुष्यमित्रों तथा हूणों के आक्रमण के कारण गुप्त-साम्राज्य की प्रतिष्ठा कम हो गई थी और इस तथ्य की झलक हमें इस अभिलेख में प्रयुक्त महाराज शब्द से मिलती है। यह बुद्ध की मूर्ति मथुरा शैली में निर्मित है। इसका सिर मुंडित है और यह अभय मुद्रा में स्थित है। मूर्ति की बैठक पर सिंह और धर्मचक्र अंकित हैं। शरीर के अंगों के अनुपात और मुखमुद्रा के आधार पर मूर्ति कुषाणकाल की मूर्तियों से मिलती जुलती कही जा सकती है किंतु उष्णीष की उपस्थिति अवश्य ही इसे गुप्तकालीन प्रमाणित करती है।

मानकेसर (जिला उस्मानाबाद, महाराष्ट्र)

13वीं–14वीं शती के, चालुक्य शैली में बने शिव मंदिरों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। ये कणाश्म (ग्रेनाइट) के बने हैं और इनमें सुंदर मूर्तिकारी प्रदर्शित है।

मानपुर (महाराष्ट्र)

मानपुर में दक्षिणभारत के प्रसिद्ध राष्ट्रकूट वंश की सर्वप्रथम राजधानी थी। कई विद्वानों का मत है कि यह राजधानी लट्ठूर में थी।

मानवा (जिला रायचूर, मैसूर)

यहां रामसिंह वेंकटेश्वर तथा मारुति के मंदिर स्थित हैं। एक प्राचीन किले के खंडहर भी दिखलाई पड़ते हैं। मारुति मंदिर तथा किले के भीतर कन्नड़ अभिलेख पत्थरों पर उत्कीर्ण हैं।

मानस

(1) विष्णुपुराण 2,4,29 के अनुसार शाल्मल द्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा वपुष्मान् के पुत्र मानस के नाम पर प्रसिद्ध है।

(2)=मानसरोवर

(3) वाल्मीकि० 43,28 में उल्लिखित एक पर्वत—'अवृक्षं कामशैलं च मानसं विहगाश्रयम् न गतिस्तत्र भूतानां देवानां न च रक्षसाम्'। इसकी स्थिति हिमालय में कैलाश के उत्तर में, क्रौंचगिरि के निकट कही गई है। इसकी ऊंचाई बहुत अधिक रही होगी क्योंकि पर्वत को 'अवृक्ष' कहा गया है।

मानसरोवर

इसका प्राचीन नाम ब्रह्मसर भी है। मानसरोवर भारत के उत्तर में हिमालय पर्वतश्रेणियों में कैलास पर्वत के निकट (तिब्बत में) स्थित विस्तीर्ण झील है। इस झील से भारत की तथा मध्यएशिया की कई नदियां निकली हैं। गंगा का मूल स्रोत भी इसी झील से निस्सृत है। कई भौगोलिकों के मतानुसार ये नदियां वास्तव में मानसरोवर से नहीं वरन् उसके आसपास की कई झीलों से निकलती हैं जैसे रावणह्रद नामक झील से सतलज निकलती है (दे० डाउसन, क्लासिकल डिक्शनरी—'मानसरोवर')। किंतु यह निश्चित है कि सिंध तथा पंजाब की कई नदियां, झेलम आदि मूलरूप में इसी झील से उद्भूत हैं। सरयू और ब्रह्मपुत्र का उद्गम भी मान सरोवर ही है। वाल्मीकि० किष्किंधा० 43,20-21-22 में कैलास, कुबेरभवन तथा उसके निकट विशाल 'नलिनी' या सरोवर का उल्लेख है जो अवश्य ही मानसरोवर है—'तत् शीघ्रमतिक्रम्य कांतारं रोमहर्षणम् कैलासं पांडुरं प्राप्य हृष्टा यूयं भविष्यथ। तत्र पांडुरमेघाभं जाम्बूनदपरिष्कृतम्, कुबेरभवनं रम्यं निर्मितं विश्वकर्मणा। विशाला नलिनी यत्र प्रभूतकमलोत्पला, हंसकारंडवाकीर्णा अप्सरोगणसेविता'। वाल्मीकि० बाल० 24,8-9-10 में मानसरोवर की उत्पत्ति तथा सरयू का इससे निस्सृत होने का वर्णन है—'कैलासपर्वते राम मनसानिर्मितं परम्, ब्रह्मणा नरशार्दूल तेनेदं मानसं सरः, तस्मात् सुस्राव सरसः सायोध्यामुपगूहते सरः प्रवृत्ता सरयूः पुण्या ब्रह्मसरश्च्युता'। महाभारत वनपर्व में पांडवों की उत्तरदिशा के तीर्थों की यात्रा के प्रसंग में मानस का उल्लेख है—'एतद् द्वारं महाराज मानसस्य प्रकाशते, वर्षमस्य गिरेर्मध्ये रामेण श्रीमता कृतम्'। मेघदूत में कालिदास ने मानस को सुवर्णकमल वाला सरोवर बताया है तथा इसका अलका और कैलास के निकट वर्णन किया है—'हेमाम्भोजप्रसवि सलिलं मानसस्याददानः, कुर्वन् कामं क्षणमुखपटप्रीतिमैरावतस्य धुन्वन् वातैस्सजलपृषतैः कल्पवृक्षांशुकानिच्छायाभिन्नस्फटिक विशदं निर्विशेस्तं नगेंद्रम्'— पूर्वमेघ 64। इसका तिब्बती नाम चोमाफ्रंग है।

मानसेहरा (जिला हजारा, प० पाकि०)

मौर्य-सम्राट् अशोक के चौदह मुख्य शिलालेख इस स्थान पर (खरोष्ट्रीलिपि में) एक चट्टान के ऊपर अंकित हैं।

मानिकगढ़ (जिला आदिलाबाद, आ० प्र०)

1700 फुट ऊंची एक पहाड़ी पर यह सुदृढ़ दुर्ग अवस्थित है। यह चांदा (म० प्र०) के गोंड राजाओं के अधिकार में बहुत समय तक रहा। किंवदंती है कि गोंडों ने 9वीं शती में अपने राज्य की स्थापना की थी। 16वीं शती तक

ने स्वतन्त्र रूप से राज करते रहे। इस काल मे इन्होंने मुगलो की सत्ता नाममात्र को स्वीकार कर ली थी। 1751 ई० मे मराठो के उत्कर्ष के साथ चादा का गोंड-राज्य समाप्त हो गया। मानिकगढ के आसपास गोंड लोग अब भी सहस्रो की सख्या मे हैं। वेसलापुर नामक ग्राम मे इनका भारी वार्षिक मेला लगता है।

मानिकपुर (जिला बांदा, उ० प्र०)

इस स्थान के निकट शिलाओं पर प्रागैतिहासिक काल की चित्रकारी के अवशेष मिले हैं।

माब (जिला गढवाल, उ० प्र०)

गढवाल के मध्यकालीन राजपूत-नरेशो के समय की एक गढी यहा स्थित है। गढ़वाल ऐसी ही अनेक गढियो के कारण गढवाल नाम से प्रसिद्ध हुआ था।

मामाल=मावल

माया

पुराणो की सप्तपुरियो मे से एक—'काशी कांची च मायाख्या त्वयोध्या द्वारवत्यपि, मथुरावतिका चैता सप्तपुर्योऽत्र मोक्षदा'। इसका अभिज्ञान वर्तमान हरद्वार (उ० प्र०) के क्षेत्र से किया गया है। युवानच्वाग ने सभवत मायापुरी का ही मयूर नाम से वर्णन किया है। मायापुरी, कनखल, ज्वालापुर और भीमगोडा नामक पचपुरियो से मिलकर हरद्वार बना है। हरद्वार म मायादेवी का प्राचीन मदिर विष्णुघाट से दक्षिण की ओर स्थित है।

मायापुर

(1)=माया

(2)=नदिया। यह श्री चैतन्यदेव की जन्मभूमि है। इसका वास्तविक नाम नवद्वीप था।

मायावरम् (मद्रास)

मद्रास धनुष्कोटि मार्ग मे स्थित है। इस स्थान का प्राचीन सस्कृत नाम मायूरम् है। इस नाम का सबध एक पौराणिक कथा से बताया जाता है जिसके अनुसार पार्वती ने मयूरी रूप म जन्मधारण कर शिव की आराधना की थी।

मायूरम=मायावरम्

मारकद

समरकद का सस्कृत नाम (न० ला० दे)

मारपुर

जिला हुगली (बगाल) मे स्थित प्रद्युम्ननगर या वर्तमान पाडुआ।

मारवाड़

राजस्थान में भूतपूर्व जोधपुर रियासत का परिवर्ती भाग। इसका प्राचीन नाम मरु या जिसका अर्थ मरुस्थल है। (दे० मरु)

मारुध

'मारुधं च विनिर्जित्य रम्यग्राममयोबलात, नाचीनमर्बुकांश्चैव राजंश्चैव महाबलः' महा० सभा० 31,14। इस देश को सहदेव ने दक्षिण दिशा की दिग्विजययात्रा के समय जीता था। इस प्रदेश की स्थिति प्रसंगानुसार विदर्भ-देश के दक्षिण में जान पड़ती है।

मारूगढ़ (ज़िला मंडला, म० प्र०)

मंडला के निकट है। यहां गढ़मंडला नरेश संग्रामसिंह (मृत्यु 1540 ई०) का एक दुर्ग था जो उनके समय के 52 गढ़ों में परिगणित किया जाता था। संग्रामसिंह के पुत्र दलपतशाह वीरांगना दुर्गावती के पति थे।

मार्कंडेय

'मार्कंडेयस्य राजेंद्र तीर्थमासाद्य दुर्लभम्। गोमतीगंगयोश्चैव संगमे लोक-विश्रुते'—महा० वन० 84,80-81। यह प्राचीन तीर्थ गोमती और गंगा के संगम पर स्थित था; इस प्रकार यह स्थल वाराणसी से पूर्व दक्षिण की ओर, उत्तरप्रदेश और बिहार की सीमा के निकट रहा होगा।

मार्कंडेयाश्रम दे० बिलासपुर

मार्तिकावतक

द्वारका पर आक्रमण करने वाले राजा शाल्व के देश का नाम—'तमश्रौष-महं गत्वा यथावृत्तः स दुर्मतिः, मयि कौरव्य दुष्टात्मा मार्तिकावतको नृपः'; कहा जाता है कि शाल्वपुर वर्तमान अलवर है। इस प्रकार मार्तिकावतक की स्थिति अलवर के समीपवर्ती प्रदेश में मानी जा सकती है। श्री नं० ला० दे के अनुसार यह वर्तमान मेड़ता है।

मार्देयपुर

पाणिनि 4,2,101 में उल्लिखित स्थान जो शायद वर्तमान मंडावर है।

माल

'त्वय्यायत्तंकृषिफलमिति भ्रूविकारानभिज्ञैः प्रीतिस्निग्धैर्जनपदवधूलोचनैः पीयमानः, सद्यःसीरोत्कषणसुरभिक्षेत्रमारुह्य मालं किंचित पश्चाद् व्रज लघु-गतिः किंचिदेवोत्तरेण'—पूर्व मेघदूत 16। कालिदास के अनुसार मालदेश राम-गिरि अथवा वर्तमान रामटेक (ज़िला नागपुर, महाराष्ट्र) से उत्तर-पश्चिम की ओर आम्रकूट (पूर्वमेघ 17-18) और नर्मदा (पूर्वमेघ, 20-21) से पहले

हो यहीं मार्ग मे स्थित था । नर्मदा के पूर्व मे स्थित आम्रकूट वर्तमान पचमढ़ी या महादेव की पहाडियो का कोई भाग जान पडता है । अत मालदेश पचमढी और नागपुर के बीच के प्रदेश का कोई भाग हो सकता है । यह भी संभव है कि कालिदास के समय मालवा या मालदेश, वर्तमान मालवा के पूर्व मे रहा हो क्योंकि वर्तमान मालवा (ग्वालियर, इदौर, उज्जैन, भूपाल का इलाका) को कालिदास ने दशार्ण कहा है । (दे० पूर्वमेघ 25)

मालकूट

सुदूर दक्षिण का प्रदेश जिसमे ताम्रपर्णी और कृतमाला नदियां प्रवाहित होती हैं । चीनी यात्री युवानच्वांग ने इस देश का अपने यात्रावृत्त मे वर्णन किया है । 640 ई० मे दक्षिण भारत की यात्रा के समय वह कांची आया था और यहीं मालकूट के विषय मे उसने सूचना प्राप्त की थी । वह यहां स्वय न जा सका था । ऐसा जान पडता है कि मालकूट मे उस समय पांड्यो का राज था जो कांची के शक्तिशाली पल्लवों के अधीन रहे होगे । मदुरा यहां की राजधानी थी यद्यपि युवानच्वांग ने उसका उल्लेख नहीं किया है । उसके लेख के अनुसार मालकूट मे बौद्धधर्म प्राय लुप्त हो गया था । यहां उस समय हिंदू देवालय और दिगबर जैन मदिर सहस्रो की सख्या मे थे । यहां के व्यापारी दूर-दूर देशो से व्यापार करने मे व्यस्त रहते थे ।

मालकेतु

महाभारत तथा पद्मपुराण मे उल्लिखित एक पर्वत जो अर्वली पहाड़ (राजस्थान) का ही कोई भाग जान पडता है ।

मालखेड दे० मलखेड

मल्गयोन (बुंदेलखंड)

मुगल सम्राट् अकबर के सरदार मुहम्मद खां ने इस स्थान को बसाया था । कुछ दिनो मे यहां गोंडो का अधिकार हो गया । तदुपरांत ओड़छा के दीवान अचलसिंह ने यहां कब्जा कर लिया और 1748 ई० मे गढ़ाकोला के जागीरदार पृथ्वीसिंह ने इसे अपनी रियासत मे मिला लिया । इसके बाद उसके उत्तराधिकारी अर्जुनसिंह ने इसे सिंधिया को दे दिया और सिंधिया ने 1820 मे अंग्रेजों को ।

मालदा (बगाल)

पांडुआ से 5 मील दक्षिण मे स्थित है । इस स्थान पर पांडुआ की भांति ही 'पूर्वी' शासको के बनवाए हुए कई मकबरे, मसजिदें तथा तोरण हैं ।

मालव=मालवा

भारत का प्राचीन गणराज्य मल्लोई जिसकी स्थिति अलक्षेंद्र के आक्रमण

के समय (327 ई० पू०) पंजाब (रावी चिनाब के संगम के निकट) में थी। इन्होंने यवनराज की सेनाओं का बड़ी वीरता से सामना किया था। मालवों का पाणिनि ने भी उल्लेख किया है। कालांतर में मालवनिवासी पंजाब से भारत के अन्य भागों में जाकर फैल गए। इनकी मुख्यशाखा वर्तमान माल्वा (म० प्र०) में जाकर बस गई जो इन्हीं के नाम पर मालव या मालवा कहलाया। इसका प्राचीन नाम दशार्ण था। पंजाब के मालव जनपद का उल्लेख महाभारत सभा० 32,7 में अन्य पार्श्ववर्ती जनपदों के साथ है—'शिबींस्त्रिगर्तानम्बष्ठान् मालवान् पंचकर्पटान्'। विष्णुपुराण 2,3,17 में मध्यप्रदेश के मालव का उल्लेख इस प्रकार है—'कारूषा मालवाश्चैव पारियात्रनिवासिनः'। कालिदास के मालविकाग्निमित्र नाटक की नायिका मालविका इसी मालव देश की निवासिनी थी। कुछ विद्वानों के मत में विक्रम संवत्. (प्रारंभ 57 ई० पू०) पहले मालव-संवत् के नाम से प्रसिद्ध था। चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने अपनी मालव-विजय के पश्चात् इसका नाम विक्रम संवत् कर दिया। उत्तरगुप्तकाल में सप्त मालव-जनपदों का उल्लेख मिलता है। एपिग्राफ़िका इंडिका जिल्द 5, पृ० 229 के अभिलेख में विक्रमादित्य (?) के सामंत दंडनायक अनंतपाल की सप्तमालवों पर विजय का वर्णन है। श्री रायचौधरी के अनुसार ये जनपद इस प्रकार थे—(1) पश्चिमी घाट पर स्थित कनारा प्रदेश जहां के निवासी शिवाजी के समय में मावली कहलाते थे (2) मालवक-आहार जिसका उल्लेख वलभि दानपट्टों में है तथा जिसे युवानच्वांग ने मोलापो कहा है। यहां उसके समय में मैत्रेयकों का राज्य था (3) अवंतिका, यहां छठी शती ई० में कलचुरियों का राज्य था (4) पूर्वमालव या भीलसा का परिवर्ती क्षेत्र (5) प्रयाग, कौशांबी तथा फतहपुर (उ० प्र०) का प्रदेश। तारानाथ (अनुवाद, शीफ्नर पृ० 251) ने इस मालव का उल्लेख किया है। हर्षचरित में राज्यश्री के पति की हत्या करने वाले व्यक्ति को मालवनरेश कहा गया है। शायद यह प्रयाग के समीपस्थ देश का ही नाम था (दे० स्मिथ० पृ० 350)। (6) पूर्वराजस्थान का एक भाग और (7) मनलज के पूर्व में स्थित प्रदेश जो हिमालय तक विस्तृत था। श्रीमद्भागवत में मालवों का संबंध आबू पहाड़ से बतलाया गया है और अवंति को उससे भिन्न कहा गया है—'सौराष्ट्रवन्त्याभीराश्च शूरा अर्बुद मालवा, व्रात्या द्विजा भविष्यन्ति शूद्रप्रायाजनाधिपा'। राजशेखर कृत विद्धशालभंजिका (अंक 4) में भी मालव और अवंतिनरेशों का अलग-अलग उल्लेख है।

मालवनगर दे० नगर (2)

मासा

जिला छपरा (बिहार) का परिवर्ती प्रदेश (महा० सभा० 29)

मालिनी

(1) अभिज्ञानशाकुंतल मे वर्णित नदी जिसके तट पर शकुंतला के पिता कण्व का आश्रम स्थित था—'कार्या सैकतलीनहंसमिथुना स्रोतोवहा मालिनी, पादास्तामभितो निषण्णहरिणा गौरीगुरो. पावनाः, शाखालंबितवल्कलस्य च तरोः निर्मातुमिच्छाम्यधः, शृंगे कृष्णमृगस्य वामनयनं कंडूयमाना मृगीम्' (अंक 5)। महाभारत, आदि० 72,10 मे शकुंतला का मेनका द्वारा मालिनी नदी के तट पर उत्सर्जित किए जाने का उल्लेख है—'प्रस्थे हिमवतो रम्ये मालिनीमभितोनदीम्, जातमुत्सृज्य त गर्भं मेनका मालिनीमनु' महा०, आदि० 72,10। महाभारत और अभिज्ञानशाकुंतल दोनो ही की कथा मे मालिनी को हिमालय के समीप बताया गया है। मालिनी का अभिज्ञान गढवाल और बिजनौर के जिलो मे प्रवाहित होने वाली वर्तमान माल्न नदी से किया गया है (दे० ग्रंथकार का लेख—माडर्न रिव्यू, अक्तूबर 1949)। यह नदी गढवाल के पहाडों से निकल कर बिजनौर से 6 मील उत्तर की ओर गंगा मे रावलीघाट नामक स्थान पर मिलती है। कण्वाश्रम की स्थिति जिला बिजनौर मे स्थित मंडावर नामक स्थान पर मानी गई है जो मालन के निकट बसा है। (दे० मंडावर; शुक्रावतार, रावली घाट)

(2)=चंपा (1)

मालेगांव (कंदहार तालुका, जिला नंदेड, महाराष्ट्र)

इस स्थान पर एक अतिप्राचीन वार्षिक मेला लगता है जिसकी परंपरा ककातीय-नरेश माधववर्मन् द्वारा प्रारंभ की गई थी। माधववर्मन् को पशुओ विशेषकर अश्वों की विविध जातियो का अच्छा ज्ञान था और उनकी नस्लें सुधारने का भी शौक था। इस मेले मे दूर-दूर से घोडे आदि आते थे।

माल्यवती

वाल्मीकि रामायण 2,56,33 के निम्न वर्णन के अनुसार यह नदी चित्रकूट के निकट बहने वाली मंदाकिनी जान पडती है—'सुरम्यमासाद्य तु चित्रकूट नदीं च तां माल्यवती सुतीर्थाम्, ननंद हृष्टो मृगपक्षिजुष्टा जहौ च दुःख पुर-विप्रवासात्'। कालिदास ने चित्रकूट के निकट बहने वाली मंदाकिनी को भूमि के गले मे पडी हुई मौक्तिक माला के समान बताया है। (दे० मंदाकिनी)

माल्यवान्

(1) किष्किन्धा के निकट एक पर्वत जहां श्रीराम और लक्ष्मण ने सीता-हरण के पश्चात् वर्षाकाल व्यतीत किया था—'तथा स बालिन हत्वा सुग्रीवमभिषिच्य च, वसन् माल्यवतः पृष्ठे रामोलक्ष्मणमब्रवीत्' वाल्मीकि० किष्किधा, 27 1.। रघुवंश 13-26 मे इस पर्वत पर श्रीराम के प्रथम वर्षा प्रवास का सुदर वर्णन किया गया है—'एतद् गिरे र्माल्यवत पुरस्तादाविर्भवत्यम्बरलेखि शृगम्, नव पयो यत्र घनैर्मया च त्वद्विप्रयोगाश्रुसम विसृष्टम्'। यह पर्वत किष्किधा (हपी, मैसूर) मे विरूपाक्ष मदिर से 4 मील दूर है। इसके निकट ही प्रस्रवणगिरि है। (दे० किष्किधा, ऋष्यमूक)

(2) हिमालय पर्वत-श्रेणी के उत्तरी भाग मे स्थित एक पर्वत। महाभारत सभा० 28 दाक्षिणात्य पाठ मे इसका इस प्रकार उल्लेख है—'त माल्यवः शैलेद्र समतिक्रम्य पाडवः भद्राश्व प्रविवेशाथ वर्ष स्वर्गोपम शुभम्'। इस पर्वत का वर्णन शैलोदा नदी के पश्चात् है जिसका अभिज्ञान खोतन नदी से किया गया है। अत. माल्यवान् इस नदी के उत्तर मे स्थित शैल-श्रेणी का नाम जान पडता है।

मावल=मामाल (जिला पूना, महाराष्ट्र)

कार्ली का परिवर्ती प्रदेश। कार्ली अभिलेख में शातवाहन नरेश गौतमीपुत्र (द्वितीय शती ई०) के किसी अमात्य का शासन यहा बताया गया है। शिवाजी के समय मे उनके वीर मावली सैनिक इसी स्थान से सबधित थे। इन्हीं में तानाजी मालसुरे भी थे। मावल का वास्तविक नाम मालव था। (दे० मालव)

माशहल्ली (जिला कोलर, मैसूर)

इस स्थान से नवपाषाणयुगीन प्रस्तर-उपकरण प्राप्त हुए थे जो मृद्भाडो के खडो के साथ मिले थे। ये बर्तन कुभकार के चाक से बने हुए हैं जिनके कारण विद्वानो ने इन्हें नवपाषाणयुगीन माना है।

मासंगी=मासकी

मासकी (मैसूर)

अशोक के लघु शिलालेख के यहा मिलने के कारण यह स्थान प्रसिद्ध है। अशोक के समय यह स्थान दक्षिणापथ के अतर्गत तथा अशोक के साम्राज्य की दक्षिणी सीमा पर था। मासकी के अभिलेख की विशेष बात यह है कि उसमें अशोक के अन्य अभिलेखों के विपरीत मौर्य सम्राट् का नाम देवानप्रिय (=देवानांप्रिय) के अतिरिक्त अशोक भी दिया हुआ है जिससे देवानांप्रिय व प्रियदर्शी नामों

(तथा अशोक नाम से रहित) भारत के अन्य सभी अभिलेख सम्राट् अशोक के सिद्ध हो जाते हैं। मासकी के अतिरिक्त हाल ही में गुजर्रा नामक स्थान पर मिले अभिलेख में भी अशोक का नाम दिया हुआ है। अशोक के शिलालेख के अतिरिक्त, मासकी से 200-300 ई० की, स्फटिक निर्मित बुद्ध के शिर की प्रतिमा भी उल्लेखनीय है। अंतिम शातवाहन नरेश सम्राट् गौतमीपुत्र स्वामी श्रीयज्ञ शातकर्णी (लगभग 186 ई०) के समय के, सिक्के भी यहां से प्राप्त हुए हैं। कुछ विद्वानों का मत है कि मौर्यकाल में दक्षिणापथ की राजधानी सुवर्णगिरि जिसका उल्लेख बौद्ध साहित्य में है, मासकी के पास ही थी।

मासी (तहसील रानीखेत, ज़िला अल्मोड़ा, उ० प्र०)

बैराट से 4 मील दूर है। यहां नागेश्वर, रामपादुका तथा इंद्रेश्वर के प्राचीन मंदिर स्थित हैं। यह स्थान रामगंगा के निकट है। यहां सोमनाथ का प्रसिद्ध मेला लगता है।

माहिष=माहिषक

मैसूर का प्राचीन नाम 'कारस्करान् माहिष्कान कुरंडान् केरलांस्तथा, कर्कोटकान् वीरकांश्च दुर्धर्मांश्च विवर्जयेत्' महा० कर्ण०44,43। माहिषक देश को महाभारत काल में विवर्जनीय समझा जाता था। विष्णुपुराण 4,24,65 में माहिष देश का उल्लेख है—'कलिंगमाहिषमहेंद्रभौमान् गुहा भोक्ष्यन्ति'। यह देश माहिष्मती भी हो सकता है। (दे० मैसूर)

माहिष्मती

चेदि जनपद की राजधानी (पाली माहिस्सती) जो नर्मदा के तट पर स्थित थी। इसका अभिज्ञान ज़िला इंदौर (म० प्र०) में स्थित महेश्वर नामक स्थान से किया गया है जो पश्चिम रेल्वे के अजमेर-खंडवा मार्ग पर बड़वाहा स्टेशन से 35 मील दूर है। महाभारत के समय यहां राजा नील का राज्य था जिसे सहदेव ने युद्ध में परास्त किया था—'ततो रत्नान्युपादाय पुरीं माहिष्मतीं ययौ। तत्र नीलेन राज्ञा स चक्रे युद्धं नरर्षभ'—महा० सभा० 32,21। राजा नील महाभारत के युद्ध में कौरवों की ओर से लड़ता हुआ मारा गया था। बौद्ध साहित्य में माहिष्मती को दक्षिण-अवंतिजनपद का मुख्य नगर बताया गया है। बुद्धकाल में यह नगरी समृद्धिशाली थी तथा व्यापारिक केंद्र के रूप में विख्यात थी। तत्पश्चात् उज्जयिनी की प्रतिष्ठा बढ़ने के साथ साथ इस नगरी का गौरव कम होता गया। फिर भी गुप्तकाल में 5वीं शती तक माहिष्मती का बराबर उल्लेख मिलता है। कालिदास ने रघुवंश 6,43 में इंदुमती के स्वयंवर के प्रसंग में नर्मदा-तट पर स्थित माहिष्मती का वर्णन किया है और यहां के राजा का नाम प्रतीप

बनाया है—'अस्याकलहमीभवदीर्घबाहो माहिष्मतीवप्रनितबकाचीम् प्रासाद-जालैर्जलवेणि रम्या रेवा यदि प्रेक्षितुमस्तिकाम.'। इस उल्लेख में माहिष्मती नगरी के परकोटे के नीचे कांची या मेखला की भांति सुशोभित नर्मदा का सुंदर वर्णन है। माहिष्मती नरेश को कालिदास ने अनूपराज भी कहा है (रघु० 6,37) जिससे ज्ञात होता है कि कालिदास के समय में माहिष्मती का प्रदेश नर्मदा के तट के निकट होने के कारण अनूप (जल के निकट स्थित) कहलाता था। पौराणिक कथाओं में माहिष्मती को हैहयवंशीय कार्तवीर्यअर्जुन अथवा सहस्रबाहु की राजधानी बताया गया है। किंवदंती है कि इसने अपनी सहस्र भुजाओं से नर्मदा का प्रवाह रोक दिया था। चीनी यात्री युवानच्वांग, 640 ई० के लगभग इस स्थान पर आया था। उसके लेख के अनुसार उस समय माहिष्मती में एक ब्राह्मण राजा राज्य करता था। अनुश्रुति है कि शंकराचार्य से शास्त्रार्थ करने वाले मंडन मिश्र तथा उनकी पत्नी भारती माहिष्मती के ही निवासी थे। कहा जाता है कि महेश्वर के निकट मंडलेश्वर नामक बस्ती मंडन मिश्र के नाम पर ही विख्यात है। माहिष्मती में मंडन मिश्र के समय संस्कृत विद्या का अभूतपूर्व केंद्र था। महेश्वर में इंदौर की महारानी अहिल्याबाई ने नर्मदा के उत्तरी तट पर अनेक घाट बनवाए थे जो आज भी वर्तमान हैं। यह धर्मप्राण रानी 1767 के पश्चात् इंदौर छोड़कर प्राय: इसी पवित्र स्थल पर रहने लगी थी। नर्मदा के तट पर अहिल्याबाई तथा होलकर-नरेशों की कई छतरियां बनी हैं। ये वास्तुकला की दृष्टि से प्राचीन हिंदू मंदिरों के स्थापत्य की अनुकृति हैं। भूतपूर्व इंदौर रियासत की आद्य राजधानी यहीं थी। एक पौराणिक अनुश्रुति में कहा गया है कि माहिष्मती का बसाने वाला महिष्मान् नामक चन्द्रवंशी नरेश था। सहस्रबाहु इन्हीं के वंश में हुआ था। महेश्वरी नामक नदी जो माहिष्मती अथवा महिष्मान् के नाम पर प्रसिद्ध है, महेश्वर से कुछ ही दूर पर नर्मदा में मिलती है। हरिवंश-पुराण 7,19 की टीका में नीलकंठ ने माहिष्मती की स्थिति विंध्य और ऋक्ष-पर्वतों के बीच में विंध्य के उत्तर में, और ऋक्ष के दक्षिण में बताई है।

माहिस्सती दे० माहिष्मती

माही=मही

माहुर (ज़िला आदिलाबाद, आ० प्र०)

यह यवतमाल के निकट प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थान है। दक्षिण के प्राचीनतम मंदिरों में एक, रेणुकादेवी का मंदिर यहां स्थित है। रेणुका परशुराम की माता और जमदग्नि की पत्नी थी। जमदग्नि की समाधि भी यहां स्थित है। माहुर में दत्तात्रेय संप्रदाय का केंद्र भी है। इसे मध्यकाली:

मत्स्येंद्रनाथ और गोरखनाथ सप्रदाय के नागपथी गोसाइयो और गुरुचरित्र ग्रथ के लेखक ने काफी प्रोत्साहन दिया था। कहा जाता है कि दत्तात्रेय भगवान् का निवास-स्थान यही है। महाराष्ट्र के महानुभाव सप्रदाय का भी जिसका 13वी शती मे काफी प्रचार हो चुका था, माहुर मे केंद्र माना जाता है। देवगिरि के यादव नरेशो के शासनकाल मे तथा उसके पश्चात् महानुभाव सप्रदाय के महाराष्ट्र मतो तथा कवियो से सबध होने के कारण माहुर ने प्रसिद्धि प्राप्त की थी। आज भी महानुभाव सप्रदाय का मठ यहा स्थित है। यह 184 फुट लबा चौड़ा तथा 54 फुट ऊचा है। 14वी शती मे उत्तर भारत के गोसाइयो ने यहा पदार्पण किया और गास्वामी सिद्धनाथ ने यहा पहला गोसाई मठ स्थापित किया। माहुर मे शिखर नामक दत्तात्रेय (जमदग्नि के गुरु) का विशाल मदिर है जिसका प्रबध गोसाई जागीरदारो के हाथ मे है। 1696 ई० के, औरगजेब द्वारा प्रदत्त कुछ पट्टे गोसाइयो के पास आज भी सुरक्षित हैं। माहुर में उपर्युक्त मदिरो के अतिरिक्त एक प्राचीन दुर्ग भी है। इसे सभवत यादव-नरेशो ने बनवाया था किंतु 1420 ई० म यह बहमनी सुलतानो के हाथ में पड गया। बरार की इमादशाही सल्तनत के स्थापित होने पर माहुर इसका मुख्य सैनिक केंद्र बन गया। 1592 ई० में बरार प्रात के साथ ही माहुर मुगलराज्य में विलीन हो गया। स्थानीय किवदती के अनुसार माहुर मे उस महल के खडहर आज भी हैं जहाँ शाहजादा खुर्रम जहांगीर की सेना से बचने के लिए छिप गया था।

माहुली (महाराष्ट्र)

इस स्थान पर शिवाजी के गुरु समर्थ रामदास पर्याप्त समय तक रहे थे। यही दास पचायतन के सदस्यो (जयराम, रगनाथ, आनद, केशव तथा समर्थ) का मुख्य केंद्र था। इन्ही लोगो के प्रयत्न से महाराष्ट्र मे 17वीं शती मे राष्ट्रीय जागृति की लहर आयी थी जिसके कारण शिवाजी को महाराष्ट्र मे स्वतत्र राज्य स्थापित करने मे सफलता मिली थी।

मिगदाय=मृगदाव (दे० सारनाथ)

मितावली (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

पढ़ावली से 2 मील पूर्व मे है। यहां भी पढावली की भांति ही अनेक मदिर हैं जो मध्ययुगीन हैं। इनमे एकोतरसो नामक महादेव का मदिर प्रसिद्ध है।

मित्रवन

(1) = मुल्तान

(2) = कोणार्क

मिथिला (बिहार)

बिहार नेपाल सीमा पर विदेह (तिरहुत) का प्रदेश जो कोसी और गंडकी नदियों के बीच में स्थित है। इस प्रदेश की प्राचीन राजधानी जनकपुर में थी। रामायण काल में यह जनपद बहुत प्रसिद्ध था तथा सीता के पिता जनक का राज्य इसी प्रदेश में था। मिथिला जनकपुर को भी कहते थे—(दे० वाल्मीकि रामायण बाल० 48 49—'ततः परमसत्कारं सुमतेः प्राप्य राघवौ, उष्यतत्र निशामेकां जग्मतुर्मिथिलां ततः। तां दृष्ट्वा मुनयः सर्वे जनकस्य पुरीं शुभाम्, साधु साध्विति शंसन्तो मिथिलां समपूजयन्। मिथिलोपवने तत्र आश्रमं दृश्य राघवः, पुराणं निर्जनं रम्यं प्रपच्छ मुनिपुंगवम्'। अहल्याश्रम मिथिला के सन्निकट स्थित था। वाल्मीकि रामायण, 1,71,3 के अनुसार मिथिला के राजवंश का संस्थापक निमि था। मिथि इसके पुत्र थे और मिथि के पुत्र जनक। इन्हीं के नामराशि वंशज सीता के पिता जनक थे। वायुपुराण (88, 7 8) और विष्णु पुराण (4, 5, 1) में निमि को विदेह का राजा कहा है तथा उसे इक्ष्वाकुवंशी माना है (दे० विदेह)। मिथिला राजा मिथि के नाम पर प्रसिद्ध हुई। विष्णुपुराण 4, 13, 93 में मिथिलावन का उल्लेख है—'सा च बडवाशतयोजन प्रमाणमार्गमनीता पुनरपि वाह्यमाना मिथिलावनोद्देशे प्राणानुत्ससर्ज'। विष्णुपुराण 4 13, 107 में मिथिला को विदेहनगरी कहा गया है। मज्झिम-निकाय 2, 74, 83 और निमिजातक में मिथिला का सर्वप्रथम राजा मखादेव बताया गया है। जातक सं० 539 में मिथिला के महाजनक नामक राजा का उल्लेख है। महाभारत, शांति० 219 दाक्षिणात्य पाठ में मिथिला के जनक की निम्न दार्शनिक उक्तियों का उल्लेख है—'मिथिलायां प्रदीप्तायां न मे दह्यति किंचन'। वास्तव में जनक नाम के राजाओं का वंश मिथिला का सर्वप्रसिद्ध राजवंश था। महाभारत, सभा० 30, 13 में भीमसेन द्वारा विदेहराज जनक की पराजय का वर्णन है। शांति 218, 1 में मिथिलाधिप जनक का उल्लेख है—'जनको जनदेवस्तु मिथिलायां जनाधिपः'। जैन ग्रंथ विविधकल्प सूत्र में इस नगरी का जैन तीर्थ के रूप में वर्णन है। इस ग्रंथ से निम्न सूचना मिलती है इसका एक अन्य नाम जगती भी था। इसके निकट ही कनकपुर नामक नगर स्थित था। मल्लिनाथ और नमिनाथ दोनों ही तीर्थंकरों ने जैन धर्म में यहीं दीक्षा ली थी और यहीं उन्हें कैवल्य ज्ञान की

प्राप्ति हुई थी। यहीं अकंपित का जन्म हुआ था। मिथिला में गंगा और गंडकी का संगम है। महावीर ने यहां निवास किया था तथा अपने परिभ्रमण में यहां आते-जाते थे। जिस स्थान पर राम और सीता का विवाह हुआ था वह मानस्य कुंड कहलाता था। जैन सूत्र प्रज्ञापणा में मिथिला को मिलिलवी कहा है।

(2) (बर्मा) ब्रह्मदेश का प्राचीन भारतीय औपनिवेशिक नगर जिसका नाम प्राचीन बिहार की प्रसिद्ध नगरी तथा जनपद मिथिला के नाम पर था। संभवतः इसको बसाने वाले भारतीयों का संबंध मूल मिथिला से था या उन्होंने अपने मातृदेश भारत के प्रमुख जनपदों के नाम पर विदेशी उपनिवेशों के नाम रखने की प्रचलित प्रथा के अनुसार ही इस स्थान का नामकरण किया होगा।

मिन्नगर=मिन्नमल

लेटिन के पेरिप्लस नामक यात्रावृत (प्रथम शती ई०) में इस भारतीय नगर का नामोल्लेख है। इस मेम्बारस (Membarus) नामक राजा की राजधानी बताया गया है। कुछ विद्वानों के मत में यह नगर मदसोर या दशपुर (म० प्र०) है और मेम्बारस, क्षहरात नरेश नहपान। फ्लीट ने मिन्नगर का अभिज्ञान दोहद से किया है (जर्नल ऑव दि ऐशियाटिक सोसाइटी, 1912 पृ० 708)। किंतु पेरिप्लस में इस नगर की स्थिति का जो विवरण है (बेरीगाज़ा या भृगुकच्छ से 2° पूर्व और 2° उत्तर) उससे पूर्वोक्त अभिज्ञान ही ठीक जान पड़ता है।

मियानी (सिंध, प० पाकि०)

हैदराबाद से 6 मील उत्तर की ओर इस स्थान पर 1845 ई० में कुटिल-नीतिज्ञ जनरल नेपियर ने सिंध के अमीरों पर अकारण ही आक्रमण कर उन्हें परास्त किया और सिंध को अंग्रेजी राज्य में मिला लिया। मियानी के युद्ध के पश्चात् नेपियर ने गवर्नर जनरल को अपनी जीत की सूचना इन इतिहास-प्रसिद्ध शब्दों में भेजी थी=Peccavi I have Sinned (Sind)

मिलिलवी=जैन सूत्र प्रज्ञापणा में उल्लिखित मिथिला का प्राकृत रूपांतर।

मिश्रक=मिसरिख

मिश्रक पर्वत (लंका)

महावंश 13, 18-20। वर्तमान मिहितले की पहाड़ी से इसका अभिज्ञान किया गया है।

मिसरिख (जिला सीतापुर, उ० प्र०)

वर्तमान नीमसार से 6 मील दूर प्राचीन तीर्थ नेमिषारण्य है जिसे पौराणिक किंवदंती में महर्षि दधीचि की बलिदान-स्थली माना जाता है। महाभारत वन 83, 91 मे इसका उल्लेख है—'ततो गच्छेत् राजेंद्र मिश्रक तीर्थमुत्तमम्, तत्र तीर्थानि राजेंद्रमिश्रितानि महात्मना'। इसके नामकरण का कारण (इस श्लोक के अनुसार) यहाँ सभी तीर्थों का एकत्र सम्मिश्रण है। मिसरिख वास्तव में नैमिषारण्य क्षेत्र ही का एक भाग है जहा सूतजी ने शौनकादि ऋषीश्वरों को महाभारत तथा पुराणों की कथा सुनाई थी।

मिहरपुरी दे० महरौली

मीरठ (जिला मेरठ, उ० प्र०)

मेरठ के निकट एक ग्राम जहाँ पूर्वकाल में अशोक का एक प्रस्तर-स्तभ स्थित था। इस स्तभ को दिल्ली का सुलतान फीरोज तुगलक (1351-1837) दिल्ली ले आया था जहा पहाडी (Ridge) पर आज वह भी स्थित है। इस स्तभ पर अशोक के 1-6 स्तभ-अभिलेख उत्कीर्ण हैं।

मीरनपुर कटरा (रुहेलखड, उ० प्र०)

इस स्थान पर, जो शाहजहापुर—बरेली रेलपथ पर स्थित है रुहेलों और अवध के नवाब मे घोर युद्ध हुआ था (1773 ई०)। वारेन हेस्टिंग्ज ने अवध की सहायता की जिसके फलस्वरूप रुहेलों की भारी पराजय हुई। इस युद्ध में भाग लेने के कारण वारेन हेस्टिंग्ज की, जो ईस्ट इंडिया कपनी की ओर से बगाल में गवर्नर-जनरल नियुक्त था, इंगलैंड में बडी निंदा हुई थी। लडाई का मैदान मीरनपुर कटरा स्टेशन के निकट ही स्थित है।

मुंगेर (बिहार)

महाभारत में इसे मोदागिरि कहा गया है—'अथ मोदागिरौ चैव राजान बलवत्तरम् पाडवो बाहुवीर्येण निजघान महामृधे' वन० 30, 21 अर्थात् पूर्व दिशा की दिग्विजय यात्रा में भीम ने पहुचने के उपरात मोदागिरि के अत्यत बलवान् नरेश को भुजाबल से युद्ध में मार गिराया। इसका वर्णन गिरिव्रज (=राजगीर) के पश्चात् है तथा इसके उल्लेख के पहले भीम की कर्ण पर विजय का वर्णन है। किंवदंती के अनुसार मुंगेर की नींव डालनेवाला चद्र नामक राजा था। मुंगेर कई पहाडियों से घिरा हुआ नगर है। कर्णचूर की पहाडी महाभारत के कर्ण से सबधित बताई जाती है। महाभारत के उपर्युक्त प्रसग में भी कर्ण और भीम का युद्ध मुंगेर के उल्लेख से ठीक पूर्व वर्णित है (दे० कर्णगढ़)। नगर के निकट सीता-कुड नामक स्थान है जहाँ कहा जाता है कि

सीता अपने दूसरे बनवासकाल मे अग्नि प्रवेश के लिए उतरी थीं। चंडी स्थान भी प्राचीन स्थल है। एक किंवदंती मे मुंगेर का वास्तविक नाम मुनिगृह भी बताया जाता है। कहते हैं यही पहाड़ी पर मुद्गल मुनि का निवास स्थान होने से ही यह स्थान मुद्गलनगरी कहलाता था। किंतु इसका संबंध महाभारत के मोदागिरि से जोड़ना अधिक समीचीन है। कनिंघम के मत मे 7 वी शती मे युवानच्वांग ने इस स्थान का लाहुगनिनीला (लावणनील) कहा है। 10 वी शती मे पालवंशी देवपाल का यहां राज था जैसा कि उसके ताम्रपट्ट लेख में वर्णित है। मुंगेर मे मुसलमान बादशाहों ने भी काफी समय तक अपना मुख्य प्रशासन-केंद्र बनाया था जिसके फलस्वरूप यहां उस समय के कई अवशेष है। मुगलों के समय का एक किला भी उल्लेखनीय है। यह गंगा के तट पर बना है। इसके उत्तर पश्चिम के कोन मे कष्टतारिणी नामक गंगा का घाट है जहा 10 वी शती का एक अभिलेख है। किले से आधा मील पर 'मान पत्थर' है जो गंगा के अदर एक चट्टान है। कहा जाता है कि इस पर श्रीकृष्ण के पदचिह्न बने हैं। किले के पश्चिम की ओर मुल्ला सईद का मकबरा है। ये अशरफ नाम से पारसी मे कविता लिखते थे और औरंगजेब की पुत्री जेबुन्निसा के काव्य गुरु भी थे। इनका मूल निवास स्थान केस्पियन सागर के पास मजनदारन नामक स्थान था। अकबर के समय मे टोडरमल ने बंगाल के विद्रोहियों को दबाने के लिए अभियान का मुख्य केंद्र मुंगेर मे ही बनाया था। शाहजहां के पुत्र शाहशुजा ने उत्तराधिकार युद्ध के समय इस स्थान मे दो बार शरण ली थी। कुछ विद्वानों का मत है कि मुंगेर का एक नाम हिरण्यपर्वत भी है जो सातवीं शती या उसके निकटवर्ती काल मे प्रचलित था। (दे० विहार दि हार्ट आफ इंडिया पृ० 59)

मुग्धग्राम दे० रम्य ग्राम

मुंजपृष्ठ

'मुंजपृष्ठ जगामाथ पितृदेवर्षिपूजितम् तत्र शृंगे हिमवतो मेरो कनकपर्वते। यत्र मुंजावटे रामो जटाहरणमादिशत। तदा प्रभृति राजेंद्र ऋषिभि संशितव्रतं, मुंजपृष्ठ इति प्रोक्त स देशो रुद्रसेवित' महा० शांति 122,2-3-4 अर्थात वे अगदेश के राजा वसुहोम मुंजपृष्ठ नामक तीर्थ मे आए। वह स्थान स्वर्णमय पर्वत सुमेरु के समीप हिमालय के शिखर पर है, जहा मुंजावट मे परशुराम ने अपनी जटाएं बाधने का आदेश दिया था। तभी से कठोर व्रती ऋषियो ने उस रुद्रसेवित प्रदेश को मुंजपृष्ठ नाम दे दिया। मुंजावट या मुंजपृष्ठ वैदिक मूजवत् का रूपांतरण प्रतीत होता है।

मड्डस्थल (राजस्थान)

आबू पर्वत के नीचे स्थित प्राचीन जैन तीर्थ। तीर्थमाला चैत्यवदन मे इस तीर्थ का उल्लेख इस प्रकार है—'वदनदमये समीधवलके मर्जाद मुडस्थले'।

मुडाल (ज़िला सहारनपुर, उ० प्र०)

हरद्वार से 6 मील पूर्व। इसका वर्णन जनरल कनिंघम ने 1866 ई० में किया था। उस समय यहा एक देवाल्य था जो बीस फुट चौडे चबूतरे पर अवस्थित था। इसके चतुर्दिक् एक परिखा थी। चारों कोनों पर परिखा की समाप्ति शौंगों के रूप में होती थी। दक्षिण में मत्स्यवाहिनी की मूर्ति थी। पश्चिम में सिंह और उत्तर में मेष की मूर्तियां थीं। पूर्व का कोना खडितावस्था में था। देवालय के पास जगल मे अनेक शिलाएं बिखरी हुई थीं जो कभी स्तभों के खड सिरदल आदि रही होंगी। अब इस देवाल्य के स्थान पर वनविभाग का विश्रामगृह है जो उमी के पत्थरों से निर्मित है। इसमे मंदिर की कई मूर्तियां रखी हैं। इस स्थान से चार मील पूर्व की ओर एक प्राचीन नगर के अवशेष हैं जिसका वर्तमान नाम पाडु'ाला है। कनिंघम ने इस स्थान को ब्रह्मपुर राज्य की राजधानी माना है जहा चीनी यात्री युवानच्वांग आया था। (दे० पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट 1891)

मुकुटबंधन चैत्य दे० कुशीनगर

मुक्तवेणी

यह हुगली (प० बगाल) के उत्तर की ओर स्थित है जहा तीन नदियां एक साथ मिलती हैं और फिर अलग हो जाती हैं। सप्तर्षि का मंदिर त्रिवेणी के निकट है।

मुक्ता

विष्णुपुराण 2, 4, 28 में उल्लिखित शाल्मल द्वीप की एक नदी-'योनिस्तोया वितृष्णा च चद्रा मुक्ता विमोचनी, निवृत्ति. सप्तमी तासा स्मृतास्ताः पापशान्तिदा'।

मुक्तागिरि (गिरार, महाराष्ट्र)

एलिचपुर से 12 मील दूर जगल के बीच इस पहाड़ी में अनेक गुफा मंदिर हैं जिनमे प्राचीन जैन मूर्तियां अवस्थित हैं। गुफाओं के निकट 52 जैन मंदिर बने हैं। जैन इस स्थान को पवित्र मानते हैं।

मुक्तिनाथ (नेपाल)

समुद्रतट से 12000 फुट की ऊचाई पर स्थित प्राचीन हिंदू तीर्थ है जिसका महत्व पशुपतिनाथ के समान ही समझा जाता है। तिब्बत के बौद्ध भी इस

स्थान को पवित्र मानते हैं और इसे छूमिकम्पासा कहते हैं। कृष्ण-गंडकी नदी मुक्तिनाथ की हिमाच्छादित पर्वतमाला से निकलती है और मुक्तिनाथ के पास देविका तथा पंचा नामक नदियों से मिल जाती हैं। मुक्तिनाथ काठमंडू से प्रायः 140 मील दूर है। भारत से यहाँ पहुँचने के लिए नौतनवा या बुटवल होकर मार्ग जाता है।

मुखलिंगम् (जिला गंजम, उड़ीसा)

प्राचीन कलिंगनगर। यहाँ उड़ीसा की प्राचीनतम राजधानी थी। 10 वी-11 वी शती ई० मे भी गंगवंशीय नरेशो मे अनंतवर्मन् चोडगंग (1076-1147 ई०) सबसे अधिक प्रसिद्ध था। इसी ने पुरी का प्र...द जगन्नाथ मंदिर बनवाया था। मुखलिंगम् वंशधारा नदी के तट पर स्थित है। (दे० कलिंगनगर)

मुचकुंद = विचकुंद (जिला नदेड़, महाराष्ट्र)

मुचकुंद ऋषियो का पुण्यस्थान।

मुजरिस दे० क्रानौर

मुट्टियमडल (बर्मा)

दक्षिण ब्रह्मा मे स्थित एक प्राचीन भारतीय उपनिवेश जो वर्तमान मर्तबान के निकट था।

मुडबदरी (जिला कनारा, मैसूर)

इस स्थान पर 15 वी-16वीं शती का शिखर सहित वर्गाकार सुंदर मंदिर है जो पूर्वगुप्तकालीन मंदिरो की परंपरा मे है। छत सपाट पत्थरो से पटी है किंतु पत्थरो को ढलवा रखा गया है जो इस प्रदेश मे होने वाली अधिक वर्षा की दृष्टि से आवश्यक था। मुडबदरी तथा कनारा जिले के अन्य प्राचीन मंदिरों में गुप्तकालीन मंदिरों की भाँति ही पटे हुए प्रदक्षिणापथ तथा गर्भगृह के सम्मुख सभामंडप स्थित हैं। यह मंदिर इस बात का प्रमाण है कि गुप्त-कालीन मंदिरो की परंपरा उत्तरी भारत मे तो विदेशी प्रभावों के कारण शीघ्र ही नष्ट हो गई किंतु दक्षिण में, 15 वीं-16 वीं शती तक प्रचलित रही। यह स्थान प्राचीन काल मे जैन विद्यार्थियो का केंद्र था। आज भी प्राचीन जैन ग्रंथो की (जैसे धवलादिसिद्धान्त ग्रंथ) यहाँ प्राचीनतम प्रतियां सुरक्षित हैं। यहाँ 22 जैन मंदिर हैं जिनमे चंद्रप्रभु का मंदिर विशाल एवं प्राचीन है। चंद्रप्रभु की मूर्ति पंचधातु की बनी है और अति भव्य है। इस मंदिर का निर्माण 1429 ई० मे 10 करोड़ रुपये की लागत से हुआ था।

इसी मंदिर के सहस्रकूट जिनालय में धातु की 1008 प्रतिमाएं हैं। मुडंबदरी वेणूर से 12 मील दूर है।

मुद्दीकेडी

कुर्ग की राजधानी मरकरा का प्राचीन नाम अर्थ है स्वच्छग्राम।

मुढेरा (गुजरात)

प्राचीन सूर्य-मंदिर के विशाल खंडहर यहां स्थित हैं जिनसे इस मंदिर की उत्कृष्ट कला का कुछ आभास मिलता है। इस प्राचीन मंदिर को मध्यकाल में मुसलमान आक्रमणकारियों ने ध्वस्त कर दिया था।

मुद्गल (जिला रायचूर, मैसूर)

1250 ई० में देवगिरि के प्रसिद्ध यादव नरेशों का मुख्य नगर। कालक्रम में वारंगल, बहमनीराज्य और बीजापुर रियासत के मुगल साम्राज्य में मिलाए जाने पर मुद्गल भी इसी साम्राज्य में विलीन हो गया। रोमन कैथलिकों का एक उपनिवेश मुद्गल में स्थित है जो गोआ से सेंटजेवियर के भेजे हुए प्रचारक द्वारा ईसाई बना लिए गए थे। यहां का गिर्जा काफी प्राचीन है और उसमें मेडोना का एक प्राचीन चित्र है। दक्षिण भारत की एक प्रख्यात प्रेमगाथा की नायिका पारवल की जन्मभूमि मुद्गल ही कही जाती है। सुंदरी पारवल मुद्गल के एक स्वर्णकार की पुत्री थी।

मुनि

विष्णुपुराण 2,4,48 के अनुसार क्रौंचद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा द्युतिमान् के पुत्र मुनि के नाम पर प्रसिद्ध है।

मुरंड दे० मुरुंड

मुर

'मुर च नरकं चैव शास्ति यो यवनाधिपः, अपर्यन्तबलो राजा प्रतीच्यां वरुणो यथा। भगदत्तो महाराज वृद्धस्तवपितुःसखा'—महा० सभा० 14,14-15. महाभारतकाल में यवनाधिप भगदत्त का मुर तथा नरक प्रदेश पर राज्य था। नरक शायद नरकासुर के नाम से प्रसिद्ध था और इसकी स्थिति कामरूप (असम) में माननी चाहिए। मुरदेश को इसके पार्श्व में स्थित समझना चाहिए। भगदत्त को उपर्युक्त प्रसंग में जरासंध के अधीन कहा गया है। जरासंध मगध का राजा था और उसका प्रभाव अवश्य ही असम के इन देशों तक विस्तृत रहा होगा।

मुरचीपत्तन

'कृत्स्नं कोलगिरिं चैव मुरचीपत्तनं तथा द्वीपं ताम्राह्वयं चैव पर्वतं रामक

तथा' —महा० सभा० 31,69 । इसे सहदेव ने दक्षिण की विजय-यात्रा में विजित किया था । महाभारत की कई प्रतियों में मुरचीपत्तन का पाठांतर सुरभीपत्तन है । मुरचीपत्तन का उल्लेख वाल्मीकि रामायण किष्किंधा० 42,13 में भी है—'वेलातल निविष्टेषु पर्वतेषु वनेषु च मुरचीपत्तनं चैव रम्यं चैव जटापुरम्' । मुरचीपत्तन रोमन लेखकों का मुज़रिस है । (दे० क्रगनोर, तिरुवांचीकुलम)

मुरल

सम्भवत: केरल प्रदेश का प्राचीन नाम है । कलचुरि-राजा कर्णदेव द्वारा विजित देशों में मुरल भी था जैसा कि अल्हणदेवी के भेड़ाघाट अभिलेख से विदित होता है, 'पांड्य. चडिमतां मुमोच मुरलस्तत्याजगर्वग्रहम्', अर्थात् कर्णदेव के पराक्रम के सामने पांड्य देशवासियों ने अपनी प्रखरता तथा मुरलवासियों ने अपना गर्व छोड़ दिया (दे० एपिग्राफिका इंडिया, जिल्द 2 पृ० 11) । संस्कृत के महाकवि राजशेखर ने कन्नौजाधिप महीपाल (9वीं शती ई०) को मुरल तथा कई अन्य प्रदेशों का विजेता कहा है ।

मुरला

(1) भवभूति-रचित उत्तररामचरित में उल्लिखित एक नदी जो नर्मदा जान पड़ती है । भवभूति ने मुरला तथा तमसा को मानवी के रूप में चित्रित किया है । (दे० उत्तररामचरित, तृतीयांक) ।

(2) केरल की नदी (मुरल = केरल) । इसका वर्णन कालिदास ने रघुवंश 4,55 में इस प्रकार किया है—'मुरलामारुतोद्धूतमगमत्कैतकं रजः, तद्योधवार-बाणानामयत्नपटवासताम्' । टीकाकार ने मुरला की टीका में 'केरल देशेषु काचिन्नदी' लिखा है । कुछ विद्वानों के मत में मुरला सम्भवत: काली नदी है जिसके तट पर सदाशिवगढ़ बसा है ।

मुरादाबाद (उ० प्र०)

इस नगर का प्राचीन नाम चौपाला है । पुरानी बस्ती चार भागों में बटी हुई थी—भादुरिया, दीनदारपुर, मानपुर और डिहरी । मुगल सूबेदार रुस्तमखां ने मुगल बादशाह शाहजहां के पुत्र मुरादबख्श के नाम पर चौपाला का नाम मुरादाबाद रखा था । यहां की जामा मसजिद इसी समय (1631) बनी थी ।

मुर्चिपत्तन = मुरचीपत्तन दे० क्रगनोर,

मुर्शिदाबाद (बंगाल)

मध्यकाल में बंगाल की राजधानी कर्णसुवर्ण या रांगामाटी (सेनवंशीय नरेशों का मुख्य नगर) के स्थान पर बसा हुआ नगर । ढाके के नवाब मुर्शिद-कुली खां ने यहां अपनी नई राजधानी बनाई थी और उसी के नाम से यह

नगर प्रसिद्ध हुआ। पलासी के युद्ध (1757 ई०) तक बंगाल के नवाबों की राजधानी मुर्शिदाबाद में रही। उस समय यह नगर समृद्धिशाली तथा बंगाल का व्यापारिक केंद्र था। रेशमी वस्त्र, मिट्टी के बर्तन तथा हाथीदांत का सुंदर काम यहां की प्रसिद्ध व्यापारिक वस्तुएं थीं।

मुलतान (प० पाकि०)

जनश्रुति के अनुसार इस नगर का वास्तविक नाम मूलस्थान था। यह एक प्राचीन सूर्य-मंदिर के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध था। भविष्यपुराण, 39 की एक कथा में वर्णित है कि कृष्ण के पुत्र साम्ब ने दुर्वासा के शाप के परिणामस्वरूप कुष्ठ रोग से पीड़ित होने पर सूर्य की उपासना की थी और मूलस्थान में सूर्यदेव का मंदिर बनवाया था। उसने मगद्वीप से सूर्योपासना में दक्ष सोलह मग परिवारों को बुलाया था। ये मग लोग शायद ईरान-निवासी थे और शाकल द्वीप में बसे हुए थे (दे० मगद्वीप)। इस सूर्य-मंदिर के खंडहर मुल्तान में आज भी स्थित हैं। स्कंदपुराण के प्रभासक्षेत्र-माहात्म्य, अध्याय 278 में इस मंदिर को देविका नदी के तट पर बताया गया है—'ततो गच्छेत् महादेविमूलस्थानमिति श्रुतम्, देविकायास्तटे रम्ये भास्कर वारितस्करम्'। देविका वर्तमान देह नदी है। युवानच्वांग के समय में सिंधु और मुल्तान पड़ोसी देश थे। अलबेरूनी ने सौवीर देश का विस्तार मुलतान तक बताया है। एक प्राचीन किंवदंती में मुलतान को, विष्णु-भक्त प्रह्लाद का जन्म स्थान तथा हिरण्यकशिपु की राजधानी माना जाता है। प्रह्लाद के नाम से एक प्रसिद्ध मंदिर भी यहां स्थित है।

मुषिक

'त्रैराज्य मुषिकजनपदान्कनकाह्वयोभोक्ष्यति' विष्णु० 4,24,67। इस उद्धरणमें मुषिक जनपद के कनक नाम के नरेश का उल्लेख है। मुषिक संभवतः मूषिक का रूपांतरण है। (दे० मूषिक)

मुंगी (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

गोदावरी के वामतट पर स्थित है। इस ग्राम से पुरापाषाणयुगीन अवशेष प्राप्त हुए हैं जिन्हें औरंगाबाद जिले में सबसे प्राचीन मानव बस्ती के चिह्न माना जाता है।

मूजवत्

ऋग्वेद में उल्लिखित हिमालय का एक पर्वत शृंग। इसे सोम का स्थान माना गया है। *अथर्ववेद में गधारियों (गंधार-निवासी जाति) को मूजवतों के पार्श्व में* बताया है। ये मूजवत्, अवश्य ही ऋग्वेद में वर्णित मूजवत् पर्वत के निकटस्थ रहे होंगे। मेक्डॉनेल्ड (दे० ए हिस्ट्री ऑव संस्कृत लिटरेचर, पृ० 144) के

अनुसार यह पर्वत कश्मीर के दक्षिण-पश्चिम में स्थित पर्वतमाला का एक भाग था। संभवतः महाभारत में इसी को मुजवट या मुज पृष्ठ कहा गया है। मेकडॉनेल्ड के मत में ऋग्वेद में हिमालय के केवल इसी शृंग का उल्लेख है।

मूलक

बुद्धपूर्वकाल में मूलक तथा अश्मक जनपद पड़ौसी देश थे। डॉ० भंडारकर (कारमेइकल व्याख्यान 1918, पृ० 53,54) के मतानुसार प्रारंभिक पाली साहित्य में मूलक देश को अश्मक के उत्तर में बताया गया है और उत्तर-पाली साहित्य में मूलक का उल्लेख अश्मक के एक भाग के रूप में ही किया गया है। गौतमी बलश्री के नासिक अभिलेख से ज्ञात होता है कि उसके पुत्र शातवाहन-नरेश गौतमीपुत्र के राज्य में यह देश सम्मिलित था। अश्मक देश से संबंधित होने के कारण मूलक की स्थिति गोदावरी के तट पर स्थित पैठान के पार्श्ववर्ती प्रदेश में मानी जा सकती है। पैठान या प्रतिष्ठान में अश्मक की राजधानी थी।

मूलसेतु (मद्रास)

रामनाथपुर से 12 मील दूर देवीपत्तन को ही मूलसेतु कहा जाता है। किंवदंती है कि इस स्थान से श्रीराम ने लंका जाने के लिए समुद्र पर पुल बांधना प्रारंभ किया था। स्कंदपुराण की कथा है कि इस स्थान पर धर्म-पुष्करिणी नामक झील थी जहां महिषमर्दिनी देवी ने महिषासुर का वध किया था।

मूलस्थान=मुलतान

मूसा

(1) पंजाब की एक नदी जिसके तटवर्ती निवासी मौलेय कहलाते थे।

(2) पूना (महाराष्ट्र) के निकट बहने वाली नदी।

मूषिक

(1) इस जनपद का प्राचीन साहित्य में कई स्थानों पर उल्लेख है। श्री रायचौधरी के मत में (दे० पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव एंशेंट इंडिया पृ० 80) मूषिक-निवासियों को सांख्यायन श्रौतसूत्र में मूचीप या मूवीप कहा गया है। इनका नामोल्लेख मार्कंडेयपुराण 57,46 में भी है। संभवत मूषिक देश हैदराबाद (आंध्र) के निकट बहने वाली मूसी नदी के कांठे में बसे प्रदेश का नाम था।

(2) अलक्षेंद्र (सिकंदर) के भारत पर आक्रमण के समय (327 ई० पू०)

मूषिकों का जनपद जिन्हें ग्रीक लेखकों ने मौसीकानोज लिखा है वर्तमान सिंध (पाकिस्तान) में स्थित था। इसकी राजधानी अलोर या अरोर (=रोरी) में थी। ग्रीक लेखकों ने मूषिकों के विषय में अनेक आश्चर्यजनक बातें लिखी हैं जिनमें निम्न उल्लेखनीय हैं—इनकी आयु 130 वर्ष की होती थी जो इन लेखकों के अनुसार इनके सयमित भोजन के कारण थी। इनके देश में सोने-चांदी की बहुत-सी खानें थीं किंतु ये इन धातुओं का प्रयोग नहीं करते थे। मूषिकों के के यहां दासप्रथा नहीं थी। ये लोग चिकित्सा-शास्त्र के अतिरिक्त किसी अन्य शास्त्र का पढ़ना आवश्यक नहीं समझते थे। मूषिकों के न्यायालयों में केवल महान अपराधों का ही निपटारा होता था। साधारण दोषों के निर्णय के लिए न्यायालयों को अधिकार नहीं दिए गए थे (दे० स्ट्रेबो पृ० 15,34-35)। मूषिकों का वास्तविक नाम शायद मुचुकर्ण था। विष्णुपुराण में इन्हें ही संभवतः मूषिक कहा गया है। दक्षिण के मूषिक उत्तरी मूषिकों की ही एक शाखा थे।

मुसानगर (जिला कानपुर, उ० प्र०)

1954 की खुदाई में इस स्थान से गुप्तकाल से मध्यकाल तक की कलाकृतियों के अनेक सुंदर अवशेष प्राप्त हुए हैं। मराठों के समय में बना हुआ मुक्ता देवी का एक मंदिर भी इस स्थान पर यमुना के तट पर अवस्थित है।

मूसी

हैदराबाद (आं० प्र०) के निकट बहने वाली नदी जिसका नाम शायद मूषिकों के नाम पर है (दे० मूषिक 1,2)। दक्षिण का मूषिक जनपद संभवतः इसी नदी के आसपास स्थित था। नदी के एक ओर गोलकुंडा और दूसरी ओर हैदराबाद है। गोलकुंडा-नरेश कुतुबशाह इसी नदी को पार करके अपनी प्रेयसी भागमती से मिलने के लिए उसके ग्राम में जाया करता था। इसी ग्राम के स्थान पर, भागमती से विवाह करने के पश्चात्, उसने भागनगर की नींव डाली थी जो बाद में हैदराबाद कहलाया। (दे० भागनगर)

मृगदाव=सारनाथ

'शक्ति एवं गौरव से सुशोभित तथा सूर्य के समान तेज से कांतिवान् मुनि बुद्ध मृगदाव में आए जहां कोकिलों की ध्वनि से निनादित तरुवरों के बीच महर्षिगणों के आश्रम थे'—बुद्धचरित। (दे० सारनाथ)

मृगव्याधेश्वर (जिला नासिक, महाराष्ट्र)

यह स्थान अब बांध बन जाने से जलमग्न हो गया है। कहा जाता है कि श्री रामचंद्रजी ने मारीच-मृग का वध इसी स्थान पर किया था। पंचवटी इस स्थान के निकट ही है।

मृगशिखावन

चीनी यात्री इत्सिंग ने इस स्थान पर महाराज श्रीगुप्त द्वारा एक मंदिर बनवाये जाने का उल्लेख किया है। उसके वृत्तांत से जान पड़ता है कि यह मंदिर लगभग 175 ई० में बना होगा। ऐलन (Allen) के मत में यह श्रीगुप्त समुद्रगुप्त का प्रपितामह महाराज गुप्त ही है जिसका गुप्तकालीन अभिलेखों में नामोल्लेख है। किंतु यह मत भ्रामक है क्योंकि महाराज गुप्त की तिथि इत्सिंग के श्रीगुप्त से प्रायः सौ वर्ष पीछे होनी चाहिए। मृगशिखावन का अभिज्ञान अनिश्चित है। संभवतः यह स्थान और मृगदाव या सारनाथ एक ही हैं।

मृत्तिकावती

'वत्सभूमिं विनिर्जित्य केवलां मृत्तिकावतीम् मोहनं पत्तनं चैव त्रिपुरीं कोसलां तथा'—महा० वन० 254,10। यह नगरी कर्ण द्वारा जीती गई थी। इसकी स्थिति प्रयाग के दक्षिण और त्रिपुरी के उत्तर में रही होगी।

मेड्रू दे० मड्रू

मेकल = मेखल

विंध्याचल पर्वतमाला के अंतर्गत अमरकंटक पहाड़ जो नर्मदा का उद्गम स्थान है। मेकल श्रेणी की स्थिति विंध्य और सतपुड़ा पर्वतमाला के बीच में है और यह इन दोनों को मेखला के रूप में बांधे हुए प्रतीत होती है। इस पर्वत का निकटवर्ती प्रदेश भी इसी नाम से प्रसिद्ध था। पौराणिक कथा के अनुसार राजा मेकल ने इस पर्वतीय प्रदेश में घोर तपस्या की थी जिसके कारण यह पर्वत तथा उसका क्षेत्र इन्हीं के नाम से प्रसिद्ध हो गया। इस स्थल को व्यास, भृगु तथा कपिल आदि की तप स्थली भी माना जाता है। संभवतः मेकल का मेखल के रूप में उल्लेख कविवर राजशेखर ने कन्नौजाधिप महीपाल द्वारा विजित प्रदेशों में किया है। मेकल-पर्वत से शोण (=सोन) नदी भी निकली है। नर्मदा का उद्गम मेकल में होने के कारण इस नदी को मेकलसुता या मेकल-कन्या कहते हैं।

मेकलकन्यका, मेकलकन्या, मेकलसुता

नर्मदा का पर्याय (दे० मेकल)। मेकल-पर्वत से निस्सृत होने के कारण ही नर्मदा को मेकल की पुत्री कहा जाता है। 'रेवा तु नर्मदा सोमोद्भवा मेकलकन्यका'-अमर कोश। तुलसीदास ने नर्मदा को मेकलसुता कहा है—'सुरसरि सरसई दिनकरकन्या, मेकलसुता गोदावरी धन्या'—रामचरितमानस, अयोध्याकांड।

मेकोंग (कंबोडिया)

कंबोडिया की एक नदी। *कुछ लोगों के मत में मेकोंग शब्द 'मागगा' से* बना है। इस नदी का यह नाम भारतीय औपनिवेशिकों ने दिया था। मेकोंग कंबोडिया निवासियों के लिए गंगा की ही भांति महत्त्वपूर्ण है।

मेलन दे० मेकल

मेगुटी (जिला बीजापुर, मैसूर)

इस स्थान पर 634 ई० में, चालुक्य वास्तु शैली में निर्मित एक महत्वपूर्ण मंदिर है। इसमें गर्भगृह के चतुर्दिक् पटा हुआ प्रदक्षिणापथ है। इसका शिखर विकास की प्रारंभिक अवस्था का द्योतक है (कज़िंस आर्क्योलोजिकल सर्वे रिपोर्ट 1907-1908) पुरातत्त्व के विद्वानों का मत है कि मेगुटी का मंदिर तथा बीजापुर जिले के अन्य चालुक्यकालीन मंदिर, मुख्यतः उत्तर तथा मध्य भारत के पूर्वगुप्तकालीन मंदिरों की परंपरा में हैं। भेद केवल शिखर की उपस्थिति के कारण है जो प्राचीन परंपरा के विकसित रूप का परिचायक है। (दे० *कज़िंस-चालुक्यन आर्किटेक्चर ऑव दि कनारा डिस्ट्रिक्टस*)

मेघकर=मेहकर (जिला खामगाव, महाराष्ट्र)

खामगाव से 50 मील दूर है। यह प्राचीन तीर्थ गंगा के तट पर है। इस का वर्णन मत्स्यपुराण 22, 40, ब्रह्मपुराण 93, 46 तथा पद्मपुराण उत्तर० 175, 181, 4, 1 आदि में है। यहां के खंडहरों से प्राप्त कई सुंदर मूर्तियां लंदन के संग्रहालय में सुरक्षित हैं।

मेघनाद=मेघवाहन

पूर्व बंगाल (पाकि०) की मेघना नदी जो ब्रह्मपुत्र की दक्षिणी शाखा का नाम है।

मेड़ता (राजस्थान)

जोधपुर से 100 मील दूर है। मेड़ता प्रसिद्ध भक्त-कवियित्री मीराबाई का जन्मस्थान माना जाता है। यहां राजपूत काल का एक किला है। *1562 ई० में इस दुर्ग को अकबर ने जीता था। श्री न० ला० डे के अनुसार इसका प्राचीन* नाम मातिकावत है।

मेदक (आं० प्र०)

यहां 300 फुट ऊंची पहाड़ी पर एक प्राचीन दुर्ग स्थित है। मुबारकमहल नामक भवन इस दुर्ग के भीतर है। इसके प्रवेशद्वार पर एक द्विमुख पक्षी का चित्र उकेरा हुआ है जिसने *अपनी चोंच तथा चंगुल में हाथियों को पकड़ रखा* है। 1641 ई० में बनी हुई अरब खां की मसजिद भी यहां का प्राचीन

स्मारक है।

मैनिराकोट दे० कपिलवस्तु

मेरठ (उ० प्र०)

प्राचीन नाम मयराष्ट्र। किंवदंती के अनुसार इस नगर को महाभारतकाल में मयदानव ने बसाया था। मयदानव उस समय का महान् शिल्पी था तथा इसी ने युधिष्ठिर के राजसूय-यज्ञ में अद्‌भुत सभाभवन का निर्माण किया था। अर्जुन तथा कृष्ण ने खांडववन को जलाते समय यहां रहने वाले मयदानव की रक्षा करके उसे अपना मित्र बना लिया था (दे० आदिपर्व 233, सभा० 1)। संभवतः खांडववन की स्थिति वर्तमान मेरठ के निकटवर्ती क्षेत्र में थी। जान पड़ता है कि वास्तव में खांडववन दिल्ली के इंद्रप्रस्थ नामक स्थान के निकट (पुराने किले के आसपास) रहा होगा क्योंकि पांडवों की राजधानी इंद्रप्रस्थ, इसी वन को जला डालने पर जो स्वच्छ भूभाग प्राप्त हुआ था उसी में बसाई गई थी। किंतु यह भी संभव है कि यह वन वर्तमान दिल्ली से लेकर मेरठ तक के क्षेत्र में विस्तृत था।

11वीं शती ई० में दोर राजपूत हरदत्त ने मेरठ को जीतकर यहां एक किला बनवाया जिसे कुतुबुद्दीन ने 1191 में जीत लिया। यहां एक बौद्ध मंदिर के भी अवशेष मिले थे। शाहपीर की दरगाह को नूरजहां ने बनवाया था। जामा मसजिद, महमूद गजनी के वजीर हसन मेंहदी ने बनवाई थी (1019 ई०)। इसकी मरम्मत हुमायूं ने करवाई थी।

मेरु

पौराणिक भूगोल में शायद उत्तरमेरु (उत्तरी साइबेरिया) के निकट स्थित पर्वत का नाम है। इसी को संभवतः सुमेरु कहा गया है—'भारत प्रथम वर्षं ततः किंपुरुषं स्मृतं हरिवर्षं तथैवान्यन्मेरोर्दक्षिणतो द्विज' विष्णु० 2,2, 12। इसके चारों ओर नौसहस्र योजन तक इलावृत नामक महाद्वीप है—'मेरो चतुर्दिशं तत्तु नवसाहस्रविस्तृतम्, इलावृतं महाभाग चत्वारश्चात्र पर्वताः' विष्णु० 2,2,15। विष्णुपुराण 2,8,22 के अनुसार यहां तो यहां दिन ही या रात्रि ही रहती है—'तस्माद्दिश्युत्तरस्यां वै दिवारात्रि सदैव हि, सर्वेषां द्वीपवर्षाणां मेरुरुत्तरतो यतः'। इसके आगे के श्लोक में 'मेरुप्रभा' (Aurora-Borealis) का वर्णन इस प्रकार है—'प्रभा विवस्वतो रात्रावस्तं गच्छति भास्करे, विशत्यग्निमतो रात्रौवह्निर्दूरात् प्रकाशते' अर्थात् रात्रि के समय सूर्य के अस्त हो जाने पर उसका तेज अग्नि में प्रविष्ट हो जाता है और वह रात्रि में दूर से

ही प्रकाशित होता है। वाल्मीकि रामायण में भी मेरुप्रदेश या उत्तरकुरु में होने वाले प्रकृति के इस विस्मयजनक व्यापार का वर्णन इस प्रकार है— *'तमतिक्रम्य शैलेंद्रमुत्तर पयसा निधि, तत्र सोमगिरिर्नाम मध्येहेममयो महान्। स तु देशो विसूर्योपि तस्य भासा प्रकाशते, सूर्यलक्ष्याभिविज्ञेयस्तपतेव विवस्वता'*—किष्किंधा० 43,53 54 (दे० उत्तरकुरु)। महाभारत के वर्णन के अनुसार निषधपर्वत के उत्तर और मध्य में मेरुपर्वत की स्थिति है। मेरु के उत्तर मे नील, श्वेत और शृंगवान् पर्वत हैं जो पूर्व-पश्चिम समुद्र तक फैले हैं। मेरु को महामेरु नाम से भी अभिहित किया गया है—*'स ददर्श महामेरु शिखराणा प्रभु महत्, त काचनमय दिव्य चतुर्वर्णं दुरासदम्, आयत शतसाहस्र योजनानां तु सुस्थितम्, ज्वलन्तमचल मेरु तेजोराशिमनुत्तमम्'* महा० सभा० 28 दाक्षिणात्य पाठ। मेरु को सुवर्णमय पर्वत शायद मेरुप्रभा की दीप्ति ही के कारण कहा गया है। मेरु के प्रदेश को महाभारत सभा० 28, दाक्षिणात्य पाठ में इलावृत, कहा गया है—*'मेरोरिलावृत वर्षं सर्वत परिमडलम्'*। यह साइबेरिया का उत्तरीभाग हो सकता है। इसी प्रदेश के निकट उत्तरकुरु की स्थिति थी। वास्तव में हमारे प्राचीन संस्कृत साहित्य में मेरु का अद्भुत वर्णन, जो काल्पनिक होते हुए भी भौगोलिक तथ्यों से भरा हुआ है, सिद्ध करता है कि प्राचीन भारतीय, उस समय में भी जब यातायात के साधन नगण्य थे, पृथ्वी के दूरतम प्रदेशों तक जा पहुंचे थे। मत्स्यपुराण में सुमेरु या मेरु पर देवगणों का निवास बताया गया है। कुछ लोगों का मत है कि पामीर पर्वत को ही पुराणों मे सुमेरु या मेरु कहा गया है।

मेरुप्रभ

द्वारका के दक्षिण भाग मे स्थित लतावेष्ट नामक पर्वत के चतुर्दिक् स्थित उपवन का नाम—*'लतावेष्ट समतात् तु मेरुप्रभवन महत् भातितालवन चैव पुष्पक पुण्डरीकवत्'* महा० सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ।

मेलरपत्तन दे० ओमिया

मेलात्तूर (जिला तंजौर, मद्रास)

तंजौर के निकट एक ग्राम जो प्राचीनकाल मे दक्षिण भारत की विशिष्ट नृत्यशैली, भरत नाट्यम् के लिए प्रसिद्ध था। यह ग्राम इस नृत्य का एक केंद्र समझा जाता था। इस नृत्यशैली के अन्य केंद्र शूलमगलम् और उथुकाडु थे।

मेलुकोटे (मैसूर)

मैसूर नगर से 35 मील दूर है। यह प्रसिद्ध स्थान—प्राचीन यादव गिरि—अ न भी अतीत के गौरव को अपने ऐतिहासिक अवशेषों मे सजोए हुए है। इन

नगर की सड़कें जिन पर पत्थर जड़े हैं लगभग नौ सौ वर्ष प्राचीन हैं। दक्षिण के प्रसिद्ध दार्शनिक संत रामानुज को यहीं कल्याणी सरोवर के तट पर नारायण की मूर्ति प्राप्त हुई थी जो यहां के प्रमुख मंदिर में प्रतिष्ठापित है। यहां के प्राचीन स्मारक हैं—गोपालराय का विशाल तोरण जो 500 वर्ष पुराना होता हुआ भी आज भी शिल्प का अद्भुत उदाहरण है, प्राचीन दुर्ग की टूटी फूटी दीवारें, वेदपुष्करणी नामक सरोवर तथा अनेक शिलालेख। रामानुज इस स्थान पर लगभग बारह वर्ष तक रहे थे और यहां निवास करते हुए उन्होंने अपने दार्शनिक विचारों का प्रचार किया था। वे यहां 1089 ई० में राजा विष्णुवर्धन की शरण में आकर रहे थे। मार्च मास में वैरामुडी नामक उत्सव यहां मनाया जाता है। इसमें देवता की मूर्ति को एक सातसौ वर्ष पुराने हीरक-मुकुट से अलंकृत किया जाता है जिसे होयसलनरेश ने भेंट में दिया था। कहते हैं कि मुकुट में अमूल्य रत्न जड़े हुए हैं। (दे० तोन्नूर, यादवगिरि)

मेहकर=मेघकर

मेहनगर (जिला आजमगढ़, उ० प्र०)

दौलत और अभिमन के पुराने मकबरे के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

मैत्रेयवन

कोणार्क (उड़ीसा) के क्षेत्र का प्राचीन पौराणिक नाम। इसे पद्मक्षेत्र भी कहा गया है।

मैनपुरी (उ० प्र०)

यह चौहान राजपूतों के समय की नगरी है। तत्कालीन अवशेष भी यहां मिले हैं। एक प्राचीन जैन मंदिर भी है।

मैनाक

(1) कैलास पर्वत (तिब्बत) के उत्तर में स्थित एक पर्वत—'उत्तरेण कैलासं मैनाकं पर्वतं प्रति यियक्षमाणेषु पुरा दानवेषु मयाकृतम्' महा० सभा० 3,2। इस पर्वत पर दैत्यों द्वारा किए जाने वाले यज्ञ का वर्णन है। युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ के लिए, मयदानव मैनाक पर्वत पर से (बिंदुसर के पास से) एक विचित्र रत्न भांड, देवदत्त नामक शंख तथा एक गदा लेकर आया था, 'इत्युक्त्वा सोऽसुर पार्थं प्रागुदीचीं दिशंगतः, अथोत्तरेण कैलासान्मैनाकं पर्वतं प्रति' सभा० 3,9। इस रत्न-भांड के द्रव्य से ही उसने युधिष्ठिर का अद्भुत सभाभवन निर्मित किया था। मैनाक पर्वत पर असुरों के राजा वृषपर्वा का अधिकार था। महाभारत, वन 139,1 में मैनाक का उशीरबीज, श्वेत तथा कालबीज नामक पर्वतों के साथ उल्लेख है—'उशीरबीजं मैनाकं गिरिंश्वेतं च

भारत, समतीतोऽसि कौंतेय काल्शैल च पार्थिव'। वाल्मीकि रामायण किष्किंधा-कांड में भी इसी मैनाक का वर्णन है जहां इसे क्रौंच पर्वत के पार बताया गया है। इसी प्रसंग में कैलास का उल्लेख है—'तत्तु शीघ्रमतिक्रम्य कांतारं रोमहर्षणम्, कैलासं पांडुरं प्राप्य हृष्टा यूयं भविष्यथ। क्रौंचं तु गिरिमासाद्य बिलं तस्य सुदुर्गमम्, अप्रमत्तैः प्रवेष्टव्यं दुष्प्रवेशं हि तत्स्मृतम्। क्रौंचं कामशैलं च मानसं विहगालयम् न गतिस्तत्र भूतानादेवाना न च रक्षसाम्। स च सर्वविचेतव्यः ससानुप्रस्थभूधरः', क्रौंचगिरिमतिक्रम्य मैनाको नाम पर्वत.' किष्किंधा० 43,20-25-28-29। महाभारत की कथा के अनुसार ही वाल्मीकि रामायण में मैनाक पर मयदानव का भवन बताया गया है—'मयस्यभवनं तत्र दानवस्य स्वयं कृतम्, मैनाकस्तु विचेतव्यः ससानुप्रस्थकंदर.' किष्किंधा 43,30। वाल्मीकि ने इस पर्वत पर अश्वमुखी स्त्रियों का निवास बताया है—'स्त्रीणामश्वमुखीनां तु निकेतस्तत्र तत्र तु'—किष्किंधा० 43,31। संभव है मय से संबंध होने के कारण ही इस पर्वत को मयनाक या मैनाक कहा गया हो (मय+नाक, उच्चलोक)।

(2) वाल्मीकि रामायण सुंदर० (1,90) के अनुसार भारत और लंका के मध्यवर्ती समुद्र में स्थित एक पर्वत। यह समुद्र के अंदर डूबा हुआ था किंतु लंका के लिए समुद्र पार करते हुए हनुमान् के विश्राम करने के लिए समुद्र ने इस पर्वत को जल से ऊपर उठा दिया था—'इति कृत्वा मतिं साध्वीं समुद्रश्छन्नमम्भसि हिरण्यनाभं मैनाकमुवाच गिरिसत्तमम्' (इस वर्णन से जान पड़ता है कि मैनाक उसी पर्वतमाला का भाग है जो भारत के दक्षिणी भू छोर से लेकर समुद्र के अंदर होती हुई लंका तक चली गई है। प्रागैतिहासिककाल में लंका और दक्षिण भारत एक ही स्थल खंड के भाग थे और दक्षिण की मलयपर्वतमाला लंका तक फैली हुई थी। कालांतर में बंगाल की खाड़ी और अरब-सागर ने लंका और भारत के बीच का संकीर्ण स्थल-मार्ग काट दिया और इस पर्वत-श्रेणी का अधिकांश भाग विशेष कर निचला भाग, जलमग्न हो गया। इसी कारण पौराणिक कथा में भी मैनाक को पर्वतों के पक्षच्छेदन करने वाले इंद्र के भय से समुद्र में छिपा हुआ कहा गया है। अध्यात्मरामायण, सुंदर० 1,26 में वाल्मीकि रामायण के अनुरूप ही मैनाक का इसी प्रसंग में वर्णन है—'समुद्रोऽप्याह मैनाकं मणिकांचनपर्वतम्, गच्छत्येष महासत्वो हनूमान् मारुतात्मजः'। श्रीमद्भागवत 5,19,16 में मैनाक का त्रिकूटादि पर्वतों के साथ उल्लेख है—'मैनाकस्त्रिकूटऋषभ कूटक'। तुलसीदास ने (रामचरित मानस, सुंदर कांड) भी हनुमान के लंकाभिगमन-प्रसंग में मैनाक का उल्लेख किया है—'जलनिधि रघुपति दूत विचारी, तैं मैनाक होहि श्रमहारी'।

मैनामती (पूर्व पाकि०)

कोमिल्ला से चार मील दूर है। 1954 ई० के उत्खनन मे इस स्थान पर एक प्राचीन बौद्ध मदिर तथा विहार के भग्नावशेष प्रकाश मे आए थे। पुरातत्वज्ञो के मत मे मैनामती मे सभ्यता के पाच विभिन्न स्तर मिले हैं जो ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

मैसूर (मैसूर)

मैसूर का नाम महिषासुर दैत्य के नाम पर प्रसिद्ध है। किवदती है कि देवी चडी ने महिषासुर का वध इसी स्थान पर किया था। मैसूर के प्रात का महत्व अति प्राचीन काल से चला आ रहा है क्योकि मौर्य सम्राट् अशोक (तीसरी शती ई० पू०) के दो शिलालेख मैसूर राज्य मे प्राप्त हुए हैं (दे० ब्रह्मगिरि; मासकी)। मैसूर नगर इस प्रात की पुरानी राजधानी है। नगर के पास चामुडी की पहाडी पर चामुडेश्वरी देवी का मदिर उसी स्थान पर है जहा देवी ने महिषासुर का वध किया था। 12वी शती मे होयसल-नरेशो के समय मैसूर राज्य मे वास्तुकला उन्नति के शिखर पर पहुच गई थी जिसका उदाहरण बेलूर का प्रसिद्ध मदिर है। मैसूर का प्राचीन नाम महीशूर भी कहा जाता है। महाभारत मे सभवत मैसूर के जनपद का नाम माहिष या माहिषक है। (दे० माहिष)

मैहर=महीधर

मोटामचिलिया (जिला हलार, सोराष्ट्र, गुजरात)

इस स्थान पर उत्खनन से अनेक प्रागैतिहासिक अवशेष प्रकाश में आए हैं। कुछ पुरातत्त्वविदो का मत है कि ये अवशेष अणुपाषाण तथा पुरापाषाण युगों की सभ्यता से सबधित हैं जिसका मूल स्थान बेबिलोनिया मे था।

मोडमेरा (जिला महसाना, गुजरात)

10वीं शती के मदिर के भग्नावशेष यहा उत्खनन द्वारा प्रकाश मे लाए गए हैं। यह मदिर पूर्वसोलकीकालीन है।

मोडेरा (गुजरात)

यह प्रसिद्ध जैन तीर्थ वर्तमान मुढेरा है। इसका उल्लेख तीर्थमाला चैत्यवदन मे इस प्रकार है—'मोढेरे दधिप्रद कर्करपुरे ग्रामादि चैत्यालये'—(दे० मुढेरा)

मोतीतालाब (मैसूर)

मैसूर से मेलूकोटे जानेवाले मार्ग पर दोनो नगरों के बीच यह नीले जल

से भरी झील स्थित है जिसका बांध नौसौ वर्ष प्राचीन माना जाता है। झील के निकट ही फ्रेंच रॉक्स नामक स्थान है जहाँ हैदरअली और टीपू के सहायक फ्रांसीसियों ने अपनी सेना का मुख्य शिविर बनाया था।

मोदागिरि=मुंगेर

मोदाचल=मुंगेर

मोदापुर

'मोदापुर वामदेव सुदामान सुसकुलम्, कुलूतानुत्तरांश्चैव तांश्च राज्ञः समानयत्'—महा० सभा० 27,11। मोदापुर को अर्जुन ने अपनी उत्तर दिशा की दिग्विजय-यात्रा में विजित किया था। इसकी स्थिति कुलूत या कुल्लू की घाटी के अन्तर्गत जान पड़ती है।

मोदी (म० प्र०)

मालवा के क्षेत्र में स्थित है। यहां पूर्व मध्यकालीन इमारतों के खंडहर स्थित हैं।

मोमिनाबाद (महाराष्ट्र)

यहां प्राचीन जैन गुहा-मंदिर हैं जो अब अच्छी अवस्था में नहीं हैं (दे० आर्क्योलोजिकल सर्वे ऑव वेस्टर्न इंडिया जिल्द 3, पृ० 48-52)। इनका समय पूर्व मध्यकाल है।

(2) वृंदावन (उ० प्र०) का औरंगजेब द्वारा दिया गया नाम जो कभी प्रचलित न हो सका।

मोरंग

इस देश का हिंदी के प्राचीन साहित्य तथा लोकगीतों में कई स्थानों पर उल्लेख है। यह नेपाल की तराई के पूर्व में, कूचबिहार के पश्चिम में और पूर्णिया (बिहार) के उत्तर में स्थित प्रदेश का नाम था। भूषण कवि ने शिवाबावनी, 42 में इसका उल्लेख किया है—'मोरंग कुमायूं आदि बांधव पलाऊ सबै कहां लौं गनाऊं जेते भूपति के गोत हैं।' शिवराजभूषण 250 में इसका उल्लेख इस प्रकार है—'मोरंग जाहु कि जाहु कुमायूं सिरीनगरै कि कवित्त बनाए'। भूषण ने इन दोनों स्थानों पर मोरंग का कुमायूं (नैनीताल-अल्मोड़ा का क्षेत्र) के साथ वर्णन किया है।

मोर (बुंदेलखंड)

बुंदेलानरेश छत्रसाल का जन्म इस स्थान पर 1648 ई० में हुआ था। यह कटेरा नामक ग्राम से चार पांच मील दूर है। छत्रसाल के पिता चंपतराय इस समय औरंगजेब के साथ युद्ध कर रहे थे और उन्होंने मोर पहाड़ी के वनों में

शरण ली थी।

मोरध्वज (तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर)

यहां एक प्राचीन दुर्ग के खंडहर हैं जो संभवतः पहले बौद्ध स्तूप था। स्थानीय किंवदंती में इस स्थान को राजा मयूरध्वज की कथा से संबंधित बताया जाता है।

मोरना (जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश)

मुजफ्फरनगर-बिजनौर मार्ग पर स्थित प्राचीन ग्राम है। शुक्करताल (जहां परीक्षित ने शुकदेव से भागवत की कथा सुनी थी) यहां से पास ही है। स्थानीय किंवदंती के अनुसार मोरना वह स्थल है जहां पर परीक्षित को डसने के लिए जाते समय तक्षक नाग की धन्वंतरि से भेंट हुई थी और तक्षक ने धन का लोभ देकर वैद्यराज को परीक्षित का उपचार करने से रोक दिया था। इस स्थान से धन्वंतरि को मोड दिए जाने पर ही इस ग्राम का नाम 'मोरना' पड गया।

मोरवी (काठियावाड, गुजरात)

इस नगर का प्राचीन पौराणिक नाम मयूरध्वजपुरी कहा जाता है। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार मूलराज सोलंकी नामक सौराष्ट्र नरेश ने मोरवी में एक सहस्र वेदपाठी ब्राह्मणों को उत्तर भारत से लाकर बसाया था। मूलराज की मृत्यु 997 ई० में हुई थी। मोरवी नगर मच्छी नदी के तट पर बसा हुआ है। यहां का विशाल मणिमंदिर एक परकोटे के भीतर स्थित है। यह स्थापत्य का सुंदर उदाहरण है।

मोरहनापथरी—(जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

लहोरियादह के निकट मोरहनापथरी नामक पहाडी में प्रागैतिहासिक गुफाएं बनी हैं जो आदिकालीन मानवों के द्वारा की हुई चित्रकारी के लिए प्रसिद्ध हैं। (दे० लहोरियादह)

मोरा (जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश)

इस ग्राम में महाक्षत्रप शोडास (80-57 ई० पू०) के समय का एक शिला-पट्ट लेख प्राप्त हुआ था जो मथुरा के संग्रहालय में है। इससे ज्ञात होता है कि इस ग्राम में तोषा नामक किसी स्त्री ने एक मंदिर बनवाकर पंचवीरों की मूर्तियां स्थापित की थीं। डा० ल्यूडर्स के मत में इस लेख में जिन पंचवीरों का उल्लेख है वे कृष्ण, बलराम आदि यदुवंशीय योद्धा थे। लेख उच्चकोटि की संस्कृत में है और छंद भुजंगप्रयात है। इसी ग्राम से एक स्त्री की मूर्ति भी प्राप्त हुई है जो ल्यूडर्स के मत में तोषा की है। यहीं से तीन महावीरों

की मूर्तियां मिली थीं जो अब मथुरा-सग्रहालय मे सुरक्षित हैं। एक अभिलिखित ईंट भी मोरा से प्राप्त हुई थी (यह मथुरा सग्रहालय मे सुरक्षित है) जिससे ज्ञात होता है कि जिस भवन में यह ईंट लगी थी उसे बृहस्पतिमित्र की पुत्री राजभार्या यशोमती ने बनवाया था। यह बृहस्पतिमित्र वही शुग-वशीय नरेश जान पड़ता है जिसके सिक्के कौशाबी तथा अहिच्छत्र मे प्राप्त हुए थे। यशोमती का विवाह मथुरा के किसी राजा से हुआ होगा।

मोरा से क्षत्रप रजुवल का भी अभिलेख प्राप्त हुआ है। इसमे इसे महाक्षत्रप कहा गया है। इसका समय प्रथम शती ई० है। शकक्षत्रपो के इन अभिलेखों से सिद्ध होता है कि मथुरा पर प्रथम-द्वितीय शती ई० मे शकों का प्रभुत्व था।

मोरिय

बौद्ध साहित्य से ज्ञात होता है कि मोरिय नामक छोटा सा गणराज्य 500 ई० पू० के लगभग स्थित था। चद्रगुप्त मौर्य इसी राज्य से सबध रखता था। इस राज्य का मुख्य स्थान पिप्पलिवाहन था। कुछ विद्वानों ने पिप्पलिवाहन का अभिज्ञान जिला बस्ती मे स्थित पिपरिया या पिपरावा नामक स्थान से किया है।

मोहजदारो (जिला लरकाना, सिंध, पाकिस्तान)

इस स्थान पर 1930 मे एक अति प्राचीन महान् सभ्यता के अवशेष प्रकाश मे लाए गए थे जिसे सिंधु घाटी की सभ्यता का नाम दिया गया है। सर जॉन मार्शल ने इस सभ्यता को ईसा से प्राय 3 4 सहस्र वर्ष प्राचीन माना है। उनके मत मे यह सभ्यता पूर्व वैदिककालीन है। मोहजदारो मे विस्तृत उत्खनन किया जा चुका है। इससे ज्ञात हुआ है कि इस सभ्यता क निर्माता कास्ययुगीन सस्कृति से सबद्ध थे। यहा के अवशेषों मे लोहे के प्रयोग का कोई प्रमाण नहीं मिला है। मोहजदारो के निवासियो के घर लंबे चौड़े तथा कई मजिलों के होते थे जैसा कि उनकी असाधारण रूप से स्थूल भित्तियों से सूचित होता है। सड़कें चौड़ी थीं और नगर में जल प्रवाह या नालियों का बहुत ही सुचारु प्रबंध था। यहा के निवासी लोहे को छोड़कर प्राय सभी धातुओं का उपयोग करते थे और विविध भांति के आभूषण धारण करते थे। इनकी मुद्राएँ अभिलिखित हैं किंतु उनको अभी तक ठीक ठीक पढ़ा नहीं जा सका है। इन पर वृषभ तथा देवी-देवताओ, वृक्षो आदि की प्रतिमाएँ हैं जिससे इन लोगों के धार्मिक विचारों या विश्वासों के बारे म सूचना मिलती है। कहा जाता है कि मातृदेवी, शिव आदि देवताओं (विष्णु तथा उनक रूपो को

छोड़कर) का पूजा इन लोगों में प्रचलित थी। ये पशु, वृक्ष, जल आदि की उपासना करते थे। गेहूं, जौ, चावल इत्यादि धान्यों तथा कपास की खेती का भी इन्हें ज्ञान था। ये घोड़े को छोड़कर (जो आर्यों के साथ भारत आया) प्राय सभी अन्य पशुओं का उपयोग करते थे।

मार्शल ने मोहनजदारों की मुद्राओं तथा यहां से मिलने वाले अनेक अवशेषों को मेसोपोटेमिया की सुमेर-सभ्यता के तिथि-सहित अवशेषों के अनुरूप देखकर उनकी तिथि का निर्धारण किया है और दोनों सभ्यताओं को समकालीन माना है। संभवत इन दोनों में व्यापारिक सबंध भी थे और सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी स्थापित था। मोहनजदारो की सभ्यता को कुछ विद्वानों ने द्रविड सभ्यता माना है और कुछ विद्वानों ने इसे आर्यों की ही एक शाखा द्वारा निर्मित सभ्यता बताया है। यह विषय पर्याप्त विवादास्पद है। पिछले वर्षों में सिंधु घाटी की सभ्यता का विस्तार हरप्पा (जिला मोंटगोमरी, पंजाब, पाकिस्तान) के अतिरिक्त रोपड़ (पंजाब, भारत) रंगपुर (गुजरात), कालीबंगन (बीकानेर) तक पाया गया है और इसके महत्वपूर्ण अंगों पर नया प्रकाश पड़ा है।

मोहन

'वत्सभूमिं विनिर्जित्य केवला मृगिनावतीम्, मोहन पत्तन चैव त्रिपुरी कोसला तथा' महा० वन० 254, 10। मोहन को कर्ण ने अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसग में जीता था। प्रसग से यह नगर त्रिपुरी (जिला जबलपुर, मध्यप्रदेश) के निकट स्थित जान पड़ता है।

मोवहा (जिला हमीरपुर, बुंदेलखंड, उ० प्र०)

बुंदेला नरेश छत्रसाल और औरंगजेब के सेनापति अब्दुल समद की भारी सेना में घनघोर युद्ध इस स्थान के निकट हुआ था। इसमें मुगलसेना की बुरी तरह पराजय हुई। छत्रसाल की ओर से बलदिवान, कुंवरसेन, पचेरा और अगदराय सैन्य-सचालक थे। अगदराय ने वीरता से मुगलों का तोपखाना छीन लिया। छत्रसाल इस युद्ध में घायल तो हुए किंतु उन्होंने अंत में बड़ी बहादुरी से मुगलों के पैर उखाड़ दिए। महाकवि भूषण ने छत्रसाल-दशक में इसे बेतवा का युद्ध कहा है तथा इसका जीवंत चित्र खींचा है। (मौदहा बेतवा के निकट है)—'अत्र गहि छत्रसाल खिज्यो खेत बेतवे के, उतते पठानन हू कीन्हीं झुकि झपटें। हिम्मत बडी के कबडी के खिलवारनलौं देत से हजारन हजार बार चपटें। भूषन भनत काली हुलसी असीसन को सीसन को ईस की जमाति जोर जपटें, समदलौं समद की सेना त्यों बुंदेलन की, सेलें समसेरें भई बाडव की लपटें। (समद=समुद्र और अब्दुलसमद)

मौदाकि

विष्णुपुराण 2, 4, 60 के अनुसार शाकद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा मौदाकि के नाम पर ही प्रसिद्ध है।

मौर्य (बर्मा)

इरावदी (इरावती) नदी के तट पर स्थित म्वीयन (Mweyin) का प्राचीन भारतीय नाम जिसका उल्लेख ब्रह्मदेश के प्राचीन अभिलेखों में मिलता है। टॉलमी (Ptolemy) ने इसी को मारयूरा कहा है और इस प्रकार इस नाम की प्राचीनता कम से-कम द्वितीय शती ई० तक तो पहुँच ही जाती है। मौर्य का नामकरण भारतीय औपनिवेशिकों ने किया था।

मौलाअली (आ० प्र०)

हैदराबाद से 6 मील दूर पहाड़ी पर स्थित एक विस्तीर्ण प्रागैतिहासिक समाधिस्थली है जहाँ लगभग 600 समाधियाँ हैं। इस स्थान पर पुरातत्त्व विभाग ने खुदाई करके मिट्टी के बर्तन, लोहे के औजार और मानव शरीर के पंजरों के अवशेष प्राप्त किये है। पहाड़ी के दक्षिण में गोलकुंडा के सुल्तान इब्राहीम कुतुबशाह चतुर्थ की बनवाई हुई मसजिद है। दुर्ग कुतुबशाही से विदित होता है कि याकूत नामक एक व्यक्ति ने यहाँ एक दरगाह भी बनवाई थी। गोलकुंडा के अंतिम सुल्तान तानाशाह के मंत्री सैयद मुजफ्फर की पुत्री जो लवण-रहित भोजन करने के कारण फीकी बी कहलाती थी, इस दरगाह की सरक्षिका थी। इसकी समाधि दरगाह के उत्तरी प्रांगण में बनी है।

मौलिनी=काशी

यकृत्लोम

महाभारत के अनुसार यह देश शूरसेन (मथुरा) और मत्स्य (अल्वर-जयपुर) के निकट स्थित था। विराटनगर (मत्स्य) जाते समय पांडव, यमुना के दक्षिण तट पर चलते हुए दशार्ण (मालवा) से उत्तर और पंचाल से दक्षिण एवं यकृल्लोम और शूरसेन-प्रदेश के बीच से होते हुए वहाँ पहुँचे थे—'ततस्ते दक्षिणा तीरमन्वगच्छन् पदातय। उत्तरेण दशार्णास्ते पंचालान दक्षिणेन च। अंतरेण यकृल्लोमान् शूरसेनाश्च पांडवा, लुब्धा ब्रुवाणामत्स्यस्य विषय प्राविशन् वनात् 5, 2-3-4। यकृल्लोम मथुरा और जयपुर के बीच के भूभाग में स्थित रहा होगा। इस नाम का शाब्दिक अर्थ (यकृत् लोम) बड़ा विचित्र सा जान पड़ता है। संभवत: यह शब्द किसी संस्कृतेतर भाषा के नाम का संस्कृत रूप है।

यजुर्होती=जुझोती (बुंदेलखंड)

यज्ञपुर=जाजपुर=जाजनगर (उड़ीसा)

वैतरणी नदी के तट पर स्थित है। कहा जाता है इस की स्थापना उड़ीसा के राजा ययातिकेसरी ने छठी शती ई० में की थी। यह प्राचीन पौराणिक स्थान है जहां किंवदंती के अनुसार पृथ्वी यज्ञ-वेदी के रूप में पूजित हुई थी। वैखानस का स्वयंभू नामक आश्रम इसी स्थान पर था। पीछे यज्ञपुर को विष्णु का गदाक्षेत्र भी माना गया। इस स्थान का उल्लेख महाभारत वनपर्व में पांडवों की तीर्थ-यात्रा के प्रसंग में भी है। इसको महाभारत में विरजा-क्षेत्र भी कहा गया है (विरजा=रजोगुणहीन देवी)। विरजा ययाति-केसरी की इष्टदेवी थी। 1421 ई० में मालवा के सुलतान होशंगशाह ने जाजनगर पर आक्रमण किया था। जाजपुर में वैतरणी के तट पर यज्ञवेदी के चिह्न आज भी देखे जा सकते हैं।

यमुना

गंगा की प्रमुख सहायक नदी जो हिमालय-पर्वतमाला में स्थित यमुनोत्री (कुरसोली से 8 मील) से निकल कर प्रयाग (उत्तर प्रदेश) में गंगा में मिल जाती है। यमुना का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद 10.75, 5 (नदी-सूक्त) में है—'इमं मे गंगे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्त-यार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया'—इसके अतिरिक्त ऋग्वेद में अन्य दो स्थानों पर पर भी यमुना का नाम है तथा यह ऐतरेय ब्राह्मण 8, 14, 8 में भी उल्लिखित है। वाल्मीकि-रामायण में यमुना का कई स्थानों पर वर्णन है—'वेगिनीं च कुलिंगाख्यां ह्लादिनीं पर्वतावृताम्, यमुनां प्राप्य संतीर्णो बलमाश्वासयत्तदा' अयो० 11, 6; 'ततः प्लवेनांशुमतीं शीघ्रगामूर्मिमालिनीम्, तीरजैर्बहुभिर्वृक्षैः संतेरुर्यमुनां नदीम्'—अयो० 55, 22;। 'नगरं यमुनाजुष्टं तथा जनपदाञ्शुभान् यो हि वंश समुत्पाद्य पार्थिवस्य निवेशने,' उत्तर० 62, 18 आदि। महाभारत में यमुना-तटवर्ती अनेक तीर्थों का वर्णन है, यथा 'यमुना-प्रभवं गत्वा समुपस्पृश्य यामुनम् अश्वमेधफलं लब्ध्वा स्वर्गलोके महीयते' वन 84, 44। कौरव पांडवों के पितामह भीष्म के पिता शांतनु ने यमुनातटवर्ती ग्राम में रहने वाले धीवर की पुत्री सत्यवती से विवाह किया था। यहां वे शिकार खेलते हुए आ पहुंचे थे, 'स कदाचिद् वनं यातो यमुनामभितो नदीम्' आदि 100 45। कृष्णद्वैपायन व्यास का जन्म सत्यवती के गर्भ से यमुना के द्वीप पर हुआ था—'आजगाम तरी धीमांस्तरिष्यन् यमुनां नदीम्'; 'ततो मामाह स मुनिर्गर्भमुत्सृज्य मामकम् द्वीपेऽस्या एव सरितः कन्यैव भविष्यसि' आदि० 104, 8, 13। इस घटना

का उल्लेख अश्वघोष ने बुद्धचरित 4, 76 में भी किया है—'कालीं चैव पुराकन्या जल प्रभवसभवाम्, जगाम यमुनातीरे जातराग. पराशर:'। कालिदास ने मथुरा के निकट कालिन्दकन्या या यमुना का सुंदर वर्णन किया है—'यस्यावरोधस्तनचदनाना प्रक्षालनाद्वारिविहार काले, कालिन्दकन्या मथुरा गतापि गगोर्मिससक्त जलेवभाति' रघु० 6, 48, तथा प्रयाग में गगा यमुना-सगम का उल्लेख भी बहुत मनोहर है—'पश्यानवद्यागि विभातिगगा, भिन्नप्रवाहा यमुनातरगै: रघु० 13-57 आदि। श्रीमद्भागवत, दशम स्कध मे श्रीकृष्ण के जन्म तथा उन की विविधलीलाओं के सबध में तो यमुना का अनेक बार उल्लेख है जिसमें से सर्वप्रथम यहा उद्धृत किया जाता है—'मघोनि वर्षत्यसकृद् यमानुजा गमीरतोयौघजवोर्मिफेनिला भयानकावर्तशताकुला नदी मार्ग ददौ सिधुरिव श्रिय' पते 10, 3, 50 (यमानुजा=यमुना)। इसी प्रसग के वर्णन में विष्णुपुराण का निम्न उल्लेख कितना सुदर है—'यमुना चातिगभीरानाना वर्तशताकुलाम्, वसुदेवो वहन्विष्णु जानुमात्रवहां ययौ' विष्णु० 5, 3, 18। अध्यात्म रामायण, अयोध्या० 6, 42 मे श्रीराम-लक्ष्मण-सीता के यमुना पार करने का उल्लेख इस प्रकार है—'प्रातरुत्थाय यमुनामुत्तीर्य मुनिदारकै; कृताप्लवेन मुनिना दृष्टमार्गेण राघव'। महाभारत वन०, 324, 25-26 में अश्व नदी का चर्मण्वती मे, चर्मण्वती का यमुना में और यमुना का गगा में मिलने का उल्लेख है। यमुना के रवितनया, सूर्यकन्या, कलिन्दकन्या आदि नाम साहित्य में मिलते हैं। इसे सूर्य की पुत्री तथा यम की बहिन माना गया है। कलिन्दपर्वत से निस्सृत होने से यह कालिंदी या कलिन्दकन्या कहलाती है।

(2) ब्रह्मपुत्र का एक नाम :—(हिस्टॉरिकल ज्योग्रेफी ऑव ऐंशेंट इंडिया पृ० 34)

यमुनाचल (महाराष्ट्र)

शोलापुर से 24 मील दूर एक पहाड़ी जिस पर महाराष्ट्र-केसरी शिवाजी की अधिष्ठात्री देवी तुलजा का प्राचीन मंदिर स्थित है।

यमुनाप्रभव=दे० यमुना

महाभारत 84, 44 में उल्लिखित सभवत' यमुना का उद्गम-स्थान है। इसे यमुनोत्री भी कहा जाता है।

यमुनोत्री

यमुना नदी का उद्गम स्थान जो गढ़वाल के पर्वतों में स्थित है। (दे० यमुनाप्रभव)

ययातिनगर=ययातिनगरी (उड़ीसा)

महानदी के तट पर स्थित है। यह सोनपुर के निकट है। प्राचीनकाल में यह नगरी समृद्धिशाली थी जैसा कि धोई कवि के पवनदूत से ज्ञात होता है—'लीला नेतु पवनपदवीमुत्कलाना रतेश्चेत् गच्छे ख्याता जगति नगरीमाख्यया ताता ययाते'। यह उड़ीसा नरेश ययातिकेसरी के नाम पर प्रसिद्ध थी। डा० फ्लीट के अनुसार कटक ही प्राचीन ययातिनगरी है (एपिग्राफिका इंडिका जिल्द 3, पृ० 223)। कुछ समय पूर्व उपर्युक्त स्थान (महानदी के तट पर, सोनपुर के निकट) से उद्योतकेसरी के तीन प्रस्तर लेख और एक ताम्रपट्ट लेख प्राप्त हुए हैं जिनमें उसकी अनेक पार्श्ववर्ती राजाओं पर विजय प्राप्त करने का वृतांत उत्कीर्ण है।

ययातिपुर (ज़िला कानपुर, उ० प्र०)=जाजमऊ

(1) कानपुर से 3 मील दूर है। राजा ययाति के किले के अवशेष जाजमऊ की प्राचीनता के द्योतक हैं। किंतु श्री न० ला० डे के अनुसार यह किला राजा जीजत का बनवाया हुआ है। यह चंदेलों का पूर्वज था। कानपुर की प्रसिद्धि के पूर्व जाजमऊ इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण नगर था।

(2)=ययातिनगर

यल्लेश्वरम् (ज़िला नलगोंडा, आं० प्र०)

इस स्थान से बौद्ध तथा मध्यकालीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। पुरातत्व विभाग द्वारा उत्खनन किए जाने पर यहां से बहुत कुछ मूल्यवान ऐतिहासिक सामग्री मिलने की संभावना है। यह स्थान शायद पानीगिरि तथा गजुलीबंडा का समकालीन था।

यवद्वीप=जावा द्वीप

गुजरात के राजकुमार विजय ने सर्वप्रथम इस देश में भारतीय उपनिवेश की संस्थापना की थी (603 ई०)। इसका ब्रह्मांडपुराण पूर्व० 51 में उल्लेख है।

यवननगर दे० जूनागढ़

यवनपुर

(1)=जौनपुर

(2) 'अंताखी चैव रोमां च यवनानांपुरं तथा, दूतैरेव वशे चक्रे करं चैनानदापयत्'—महा० सभा० 31,72। सहदेव ने यवनों (ग्रीक लोगों) के यवनपुर नामक नगर को अपनी दिग्विजय यात्रा में विजित करके वहां से कर ग्रहण किया था। इसका अभिज्ञान मिस्र के प्राचीन नगर एलेग्ज़ेंड्रिया से किया गया है (अंताखी=ऐंटिऑकस, रोमा=रोम)। इस श्लोक के

पाठान्तर के लिए दे० अतार्खा

यव्यावती

गोमल नदी की सहायक मसोव का प्राचीन नाम।

यशोधरपुर=कवुपुरी

यष्टिवन (जिला गया, बिहार)

मृगानीर्थ के निकट तपोवन से दो मील वर्तमान जेठियान। गौतम बुद्ध ने यहाँ कई चमत्कार दिखाए थे और बिंबिसार को दीक्षा भी इसी स्थान पर दी गई थी। (दे० ग्रियर्सन—नोट्स ऑन दि डिस्ट्रिक्ट ऑव गया)

यादगिरि (जिला गुलबर्गा मैसूर)

इस स्थान पर वारंगल के यादव-नरेशों का बनवाया एक किला है जिसका जीर्णोद्धार बहमनी सुलतान फ़िरोजशाह ने करवाया था।

यादवगिरि=यादवाद्रि (मैसूर)

मैसूर से 30 मील दूर मेलुकोटे। यहीं तोन्नूर नामक ग्राम बसा हुआ है।

यादवस्थली (काठियावाड़, गुजरात)

प्रभासपट्टन के निकट हिरण्या नदी के तट पर यह वह स्थान माना जाता है जहाँ द्वापर के अंत में श्रीकृष्ण के संबंधी यादव लोग परस्पर झगड़े के कारण लड़भिड़ कर नष्ट हो गए थे।

यादवाद्रि=यादवगिरि

यामुनपर्वत

'वारण वाटधान च यामुनश्चैव पर्वत', एष देश सुविस्तीर्णः प्रभूत धन-धान्यवान्' महा० उद्योग 19,31; 'यमुनाप्रभवं गत्वा समुपस्पृश्य यामुनम् अश्वमेध-फल लब्ध्वा स्वर्गलोके महीयते,' वन०84,44। श्री वा० श० अग्रवाल ने इस पर्वत का अभिज्ञान हिमालय-पर्वतमाला में स्थित बंदरपूंछ नामक पर्वत (जिला गढ़वाल, उ० प्र०) से किया है। बंदरपूंछ का संबंध महाभारत के प्रसिद्ध आख्यान से है जिसमें भीम और हनुमान् की भेंट का वर्णन है। अनुशासन पर्व 68,3-4 में यामुनगिरि को गंगा-यमुना के मध्यभाग में स्थित बताया है तथा इस पहाड़ी की तलहटी के निकट पर्णशाला नामक ग्राम का उल्लेख है,—'मध्यदेशे महान् ग्रामो ब्राह्मणानां बभूव ह। गंगायमुनयोर्मध्ये यामुनस्य-गिरेरध. । पर्णशालेतिविख्यातो रमणीयोनराधिप'।

यारकद (नदी) दे० सीता

यिवु=दे० इदु

युगधर

पाठांतर युवधर। 'युगधरे दधिप्राश्य उषित्वा चाच्युतस्थले। तद्वद् भूतलय

स्नात्वा सपुनावस्तुमर्हसि' महा० वन० 129,9 । पाणिनि की अष्टाध्यायी 4,2,130 में भी इसका नामोल्लेख है । श्री बी० सी० लॉ के अनुसार दक्षिण पंजाब का जींद का प्रदेश ही युगंधर है (किंतु दे० जयती) । युगंधर को उपर्युक्त उद्धरण मे दूषित स्थान बताया गया है । श्री चि. वि. वैद्य इसे यमुना नदी के तट पर मानते हैं ।

यूची देश दे० उत्तर ऋषिक

यूथीडिमिया

प्राचीन रोम के भूगोलशास्त्री टॉलमी ने भारत के यूथीडिमिया या यूथीमिडिया नामक भारतीय नगर का उल्लेख अपने भूगोल के ग्रंथ मे किया है । इस नगर का नाम ग्रीक-नरेश यूथीडिमोस के नाम पर प्रसिद्ध था । इसका समय दूसरी शती ई० पू० माना जाता है । स्ट्रेबो नामक ग्रीक लेखक के अनुसार यूथीडिमोस के पुत्र डिमिट्रयस ने ग्रीक-राज्य की सीमा भारत तक विस्तृत की थी । यूथीडिमिया नगर का अभिज्ञान शाकल या वर्तमान स्यालकोट (पंजाब, पाकि०) से किया गया है । मिलिंदपन्हो के नायक यवनराज मिनेंडर (जो बाद मे बौद्ध हो गया था) की राजधानी भी शाकल में थी । (दे० मैक्रिंडल-ऐंशेंट इंडिया एज डेसक्राइब्ड इन क्लासिकल लिटरेचर-पृ० 200)

येडुपंलू (जिला मेदक, आ० प्र०)

मंजीरा नदी की सात सहायक नदियों के संगम पर अवस्थित यह नगर प्रकृति की सौंदर्य-स्थली होने के साथ-साथ प्राचीन तीर्थ भी है । संगमस्थान पर धार्मिक मेला प्रतिवर्ष लगता है ।

योगेश्वर दे० जोगेश्वर

योनकराष्ट्र

प्राचीन गंधार (युन्नान) के पूर्व और स्याम-देश के पश्चिम मे स्थित एक प्राचीन भारतीय औपनिवेशिक राज्य । इसकी स्थिति उन्मार्गचोल के दक्षिण मे थी । योनकराष्ट्र का उल्लेख स्थानीय पाली इतिहास-ग्रंथों मे है ।

योनि (नदी)

विष्णुपुराण 24,28 के अनुसार शाल्मल-द्वीप की एक नदी 'योनिस्तोया वितृष्णा च चंद्रा मुक्ता विमोचनी, निवृतिः सप्तमी तासां स्मृतास्ताः पापशांतिदाः'

यौधेयदेश

झेलम और सिंधु नदी के बीच का भाग जहां प्राचीन काल मे यौधेय-गण का राज्य था । कनिंघम के अनुसार यौधेय-देश सतलज के दोनों तटों पर विस्तृत

था। (आर्कियोलोजिकल सर्वे रिपोर्ट जिल्द 14) समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति में भी यौधेयों का उल्लेख है।

रगना (महाराष्ट्र)

17वीं शती के मध्य में महाराष्ट्र-केसरी शिवाजी ने रगना में स्थित किले पर अपना अधिकार कर लिया था। इससे पहले यह बीजापुर के सुलतान के अधीन था।

रंगपुर

(1) दे० पुंड्रवर्धन

(2) (सौराष्ट्र, गुजरात) गोहिलवाड प्रांत में सुकभादर नदी के पश्चिम समुद्र में गिरने के स्थान से कुछ ऊपर की ओर स्थित है। यहां 1935 तथा तथा 1947 में उत्खनन द्वारा सिंध घाटी सभ्यता के अवशेष प्रकाश में लाए गए थे। पहली बार की खुदाई के अवशेषों से विद्वानों ने यह समझा था कि ये हरप्पा-सभ्यता के दक्षिणतम प्रसार के चिह्न हैं जिनका समय लगभग 2000 ई० पू० होना चाहिए। 1944 के जनवरी मास में यहां पुरातत्त्व विभाग ने पुन: उत्खनन किया जिससे अनेक अवशेष प्राप्त हुए। इनमें प्रमुख ये हैं—अलंकृत व चिकने मृद्भांड, जिनपर हरिण तथा अन्य पशुओं के चित्र हैं, सोने तथा कीमती पत्थरों की बनी हुई गुरियां तथा धूप में सुखाई हुई ईंटें। यहां से, भूमि की सतह के नीचे नालियों तथा कमरों के चिह्न भी मिले हैं। इसी खुदाई से रंगपुर में अति प्राचीन अणुपाषाण-युगीन सभ्यता के भी खंडहर मिले हैं (प्राय: 2000-1000 ई० पू०)। इस सभ्यता का मूल स्थान बेबिलोनिया बताया जाता है। रंगपुरी के निकटवर्ती अन्य कई स्थानों से सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेष प्रकाश में लाए गए हैं। (दे० नरमान, भगोल, मधुपुर, वेनीवडार तथा मोटामचिरिया)

(3) (जिला महबूबनगर आं० प्र०) प्राचीन वारंगल-नरेशों के समय के मंदिरों के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

रंगमती

सौराष्ट्र (गुजरात) के उत्तर-पश्चिमी प्रांत हालार की एक नदी। इसकी एक शाखा को नागमती भी कहते हैं।

रजनी (जिला भीड महाराष्ट्र)

भीड से 8 मील दूर दक्षिण की ओर स्थित है। अकबर के समकालीन इतिहास-लेखक फरिश्ता ने लिखा है कि 1326 ई० में दिल्ली का सुलतान मुहम्मद तुगलक भीड के पास से होकर गुजरा था जहां उसने अपना एक

स्मारक भी बनवाया था। स्थानीय किंवदंती में इस स्थान को रजनी-ग्राम के निकट कहा जाता है।

रतिपुर

रतिपुर को चंबल की उपशाखा गोमती पर स्थित महाराज रंतिदेव का निवासस्थान माना जाता है। इसका वर्तमान नाम रितिपुर है (न० ला० डे०)

रक्तमृत्तिका (जिला मुर्शिदाबाद, बंगाल)

वर्तमान रांगामाटी। रक्तमृत्तिका इस जिले का अति प्राचीन स्थान है। यहां के निवासी महानाविक बुद्धगुप्त का एक अभिलेख जो चौथी शती ई० का है, मलाया प्रायद्वीप के वेलेजली जिले में प्राप्त हुआ था।

रक्षाभुवन (जिला भीड, महाराष्ट्र)

इस स्थान पर 1763 ई० में रघुनाथराव और माधवराव ने नवाब निज़ाम अली को हराकर, पहले पूना में नवाब ने जो अग्निकांड किया था, उसका बदला चुकाया था। प्रधान मंत्री विट्ठल सुंदर और उसका भतीजा विनायकदास इस युद्ध में मारे गए थे।

रजतपीठपुर

उदीपी का प्राचीन नाम है।

रजामोना (बिहार)

इस स्थान से पाटलिपुत्र की मूर्तिकला शैली के सुंदरतम उदाहरण प्राप्त हुए हैं जिसमें खंडित स्तंभ प्रमुख हैं। इनके निम्न भाग नितांत सादे तथा वर्गाकार हैं। मध्य में दोनों ओर दो बाहर निकले हुए प्रक्षेप हैं। निचले प्रक्षेप के ऊपर एक पट्टक है जो उभरे हुए चौखटे के अन्दर अंकित है। इस पर कैलास पर भगीरथ की शिवपूजा, गंगावतरण, अर्जुन का शिव से वरदान प्राप्त करना आदि दृश्यों का सुंदर अंकन है। प्रक्षेप से तनिक ऊपर अर्धवर्तुलों में कीर्तिमुख तथा सुपर्ण जैसे परंपरागत विषयों को उत्कीर्ण किया गया है (दे० एज ऑव दि इम्पीरियल गुप्ताज, पृ० 192)।

रणथंभोर (जिला जयपुर, राजस्थान)

सवाई माधोसिंह नामक कस्बे से 6 मील दूर घने जंगलों के बीच राजस्थान का यह इतिहासप्रसिद्ध दुर्ग स्थित है। रणथंभोर का दुर्ग सीधी ऊँची खड़ी पहाड़ी पर लगभग 9 मील के घेरे में विस्तृत है। किले के तीन ओर प्राकृतिक खाई बनी है जिसमें जल बहता रहता है। किला सुदृढ़ और दुर्गम परकोटे से घिरा हुआ है। दुर्ग के दक्षिण की ओर 3 कोस पर एक पहाड़ी है जहां मामा-भानजे की कब्रें हैं। संभवतः इस पहाड़ी पर से यवन सैनिकों ने इस किले को जीतने का

प्रयत्न किया होगा और उसी में यह सरदार मारे गए होंगे। रणथंभौर गढ़ के निर्माता का नाम अनिश्चित है। किंतु इतिहास में सर्वप्रथम इस पर चौहानों के अधिकार का उल्लेख मिलता है। संभव है कि राजस्थान के अनेक प्राचीन दुर्गों की भांति इसे भी चौहानों ने ही बनवाया हो। जनश्रुति है कि प्रारंभ में इस दुर्ग के स्थान के निकट पद्मला नामक एक सरोवर था। यह इसी नाम से आज भी किले के अंदर स्थित है। इसके तट पर पद्मऋषि का आश्रम था। इन्हीं की प्रेरणा से जयंत और रणधीर नामक दो राजकुमारों ने जो अचानक ही शिकार खेलते हुए वहाँ पहुँच गए थे इस किले को बनवाया और इसका नाम रणस्तंभर रखा। किले की स्थापना पर यहाँ गणेशजी की प्रतिष्ठा की गई थी जिसका आह्वान राज्य भर में विवाहों के अवसर पर किया जाता है।

किले का प्रारंभिक इतिहास अनिश्चित है। राजपूत-काल के पश्चात् से 1563 ई० तक यहाँ मुसलमानों का अधिकार था। इससे पहले बीच में कुछ समय तक मेवाड़ नरेशों के हाथ में भी यह दुर्ग रहा। इनमें राणा हम्मीर प्रमुख हैं। इनके साथ दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिल्जी का भयानक युद्ध हुआ जिसके फलस्वरूप रणथंभौर की वीर नारियां पातिव्रत धर्म की खातिर चिता में जलकर भस्म हो गईं और राणा हम्मीर युद्ध में वीर गति को प्राप्त हुए (1301 ई०)। इस युद्ध का वृतांत जयचंद्र के हम्मीर महाकाव्य में है। 1563 ई० में बूंदी के एक सरदार सामंत सिंह हाडा ने बेदला और कोठारिया के चौहानों की सहायता से मुसलमानों से यह किला छीन लिया और वह बूंदी नरेश सुर्जनसिंह हाडा के अधिकार में आ गया। 4 वर्ष बाद अकबर ने चितौड़ की चढ़ाई के पश्चात् मानसिंह को साथ लेकर रणथंभौर पर चढ़ाई की। अकबर ने परकोट की दीवारों को ध्वस्त करने में कोई कसर न छोड़ी किंतु पहाड़ियों के प्राकृतिक परकोटों और वीर हाडाओं के दुर्दमनीय शौर्य के आगे उसकी एक न चली। किंतु राजा मानसिंह ने छलपूर्वक राव सुर्जन को अकबर से संधि करने पर विवश किया। सुर्जन ने लोभवश किला अकबर को दे दिया किंतु सामंत सिंह ने फिर भी अकबर के दांत खट्टे करके मरने के पश्चात् ही किला छोड़ा। 1754 ई० तक रणथंभौर पर मुगलों का अधिकार रहा। इस वर्ष इसे मराठों ने घेर लिया किंतु दुर्गाध्यक्ष ने जयपुर के महाराज सवाई माधवसिंह की सहायता से मराठों के आक्रमण को विफल कर दिया और अपने वचनानुसार दुर्गाध्यक्ष ने किले को जयपुर-नरेश को सौंप दिया। तब से आधुनिक समय तक यह किला जयपुर रियासत के अधिकार में रहा।

रत्नपुर=रतनपुर

(1) (जिला बिलासपुर, म० प्र०) बिलासपुर से 10 मील दूर, छत्तीसगढ़ के हैहय नरेशों की प्राचीन राजधानी है। 11 वीं शती ई० के प्रारंभ काल से ही प्राचीन चेदि-राज्य के दो भाग हो गए थे—पश्चिमी चेदि, जिसकी राजधानी त्रिपुरी में थी और पूर्वी चेदि या महाकोसल जिसकी राजधानी रत्नपुर थी। कहा जाता है कि रतनपुर में पौराणिक राजा मयूरध्वज की राजधानी थी। छत्तीसगढ़ के प्राचीन राजाओं का बनवाया एक दुर्ग भी यहां स्थित है। रत्नपुर में अनेक प्राचीन मंदिरों के अवशेष हैं। मंदिरों की संख्या के कारण स्थानीय रूप से इस स्थान को छोटी काशी भी कहा जाता है। यह स्थान दुरहरा नदी के तट पर है।

(2)=रत्नपुरी (जिला फैजाबाद, उ०प्र०)। सोहावल स्टेशन से 1 मील पर स्थित इस ग्राम को जैन तीर्थंकर धर्मनाथ का स्थान माना जाता है। (दे० रत्नवाहपुर)

रत्नगिरि

राजगृह के निकट सप्तपर्वतों में से एक का वर्तमान नाम है। (दे० राजगृह)

रत्नवाहपुर

कौसल देश का एक नगर जो घाघरा (सरयू) के तट पर स्थित था। विविधतीर्थ कल्प (जैन ग्रंथ) में कहा गया है कि इस नगर में इक्ष्वाकुवंशी राजा भानु के पुत्र धर्मनाथ ने जन्म लिया था। धर्मनाथ के सम्मान में रत्नवाहनपुर में एक नाग राजकुमार ने चैत्य बनवाया था और इसी जैन साधु की मूर्ति इस चैत्य में नागों की मूर्तियों के बीच में दिखाई पड़ती थी।

रत्नशैल

विष्णुपुराण 2,4,50 के अनुसार क्रौंचद्वीप का एक पर्वत—'क्रौंचश्चवामनश्चैव तृतीयश्चांधकारक, चतुर्थो रत्नशैलश्च स्वाहिनी हय सन्निभ'

रत्नाकर

(1) भारत लंका के बीच का समुद्र जो प्राचीन काल से ही सुंदर रत्नों विशेषतः मोतियों के लिए प्रसिद्ध है। रघुवंश, 13,1 में कालिदास ने इसी समुद्र के लिए रत्नाकर शब्द का प्रयोग किया है—'रत्नाकर वीक्ष्य मिथ स जायां रामाभिधानो हरिरित्युवाच'। रघु० 13,17 में इस समुद्र के तट पर सीपियों से भिन्न हुए मोतियों (पर्यस्तमुक्तापटल) का वर्णन है।

(2) जिला हुगली (प० बंगाल) की काना नदी जिसके तट पर खानाकुल कृष्णनगर बसा है।

रत्नावती (गुजरात)

पश्चिमी रेलवे के रातेज स्टेशन के निकट ही यह प्राचीन नगरी बसी हुई थी। यहाँ जैनों के कई प्राचीन मंदिर थे जिनके खंडहर आज भी देखे जा सकते हैं। रातेज संभवतः रत्नावती का ही अपभ्रंश है।

रथपादस्थली

तामिल महाकवि कंब के जन्मस्थान तेरलुंदुर का प्राचीन नाम।

रथावर्त

जैनसाहित्य के सर्वप्राचीन आगम ग्रंथ एकादश-अंगादि में उल्लिखित तीर्थ जिसका अब पता नहीं है।

रथिया दे० लौरिया अराराज

रबीतिनस्तूर=इरेनियल

रमठ=रामठ=रमण

'शद्रुग्रहाः कुलात्याश्च हूणाः पारसिकैः सह, तथैव रमठाश्चीनास्तथैव दशमालिका.'—महा० भीष्म 9,16 ; 'द्वारपालं च तरसा वशे चक्रे महाद्युतिः रामठान् हारहूणांश्च प्रतीच्याश्चैव ये नृपाः' महा० सभा० 32,12। द्वितीय उद्धरण में उल्लिखित द्वारपाल का अभिज्ञान खैबर दर्रे से और हारहूण का दक्षिणी-पश्चिमी अफगानिस्तान से किया गया है। इसी आधार पर रमठ या रामठ को गजनी का प्रदेश माना गया है। रमठ का पाठांतर रमण है। संस्कृत कवि राजशेखर ने कन्नौजाधिप महीपाल (9 वीं शती ई०) द्वारा विजित प्रदेशों में रमठ की गणना की है। इनमें मुरल, मेखल, कलिंग, केरल, कुमूत और कतल भी हैं।

रमण

(1)=रमठ

(2) 'भाति चैत्ररथं चैव नंदनं च महावनम्, रमणं भावनं चैव वेणुमंत समंततः.' महा० सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ। इस उद्धरण में रमण नामक वन को द्वारका के उत्तर की ओर स्थित वेणुमान् पर्वत के निकट बताया गया है।

रमणक

'दक्षिणेन तु श्वेतस्य निषधस्योत्तरेण तु वर्षं रमणकं नाम जायन्ते तत्र मानवाः' महा० सभा० 8,2। श्वेत के दक्षिण तथा निषध के उत्तर में एक वर्ष या महाद्वीप।

रमसा (जिला कामरूप,

असम के प्राचीन अहोम-नरेशों ने इस ग्राम मे अम्रातकेश्वर शिव का मंदिर बनवाया था। मत्स्यपुराण के अनुसार मूल अम्रातकेश्वर का मंदिर काशी मे स्थित था और वहा के आठ प्रधान शिवमंदिरो मे से था। इसकी प्रसिद्धि के कारण ही असम के राजाओ ने इसी नाम का मंदिर अपने प्रांत मे बनवाया था। (दे० एज ऑव दि इम्पीरियल गुप्ताज, पृ० 116)

रमौल (बिहार)

कमतौल स्टेशन से लगभग 3 मील दूर छोटा सा ग्राम है। इसके निकट ही वटवृक्षो का एक वन है। कहा जाता है कि मिथिलानरेश जनक की सभा के रत्न महर्षि याज्ञवल्क्य का आश्रम इसी स्थान पर था। याज्ञवल्क्य प्राचीन भारत के महान् विचारक तथा मेधावी विद्वान् थे।

रम्मानगरी=रामानगरी

काशी का एक नाम जो बौद्ध साहित्य मे मिलता है।

रम्यकवर्ष

पौराणिक भूगोल के वर्णन के अनुसार रम्यक, जंबूद्वीप का एक भाग है जिसके उपास्य देव वैवस्वत मनु है। विष्णु 2,2,13 मे इसे जंबूद्वीप का उत्तरी वर्ष कहा गया है—'रम्यक चोत्तर वर्ष तस्यैवानु हिरण्मयम्, उत्तराः कुरवश्चैव यथा वै भारत तथा'। महाभारत सभा० 28 से जान पड़ता है कि अर्जुन ने उत्तर दिशा की दिग्विजय यात्रा के समय यहां प्रवेश किया था—'तथा जिष्णु रतिक्रम्य पर्वत नीलमायतम्, विवेशरम्यक वर्ष सकीर्णं मिथुनैः शुभैः'। यह देश सुंदर नरनारियो से आकीर्ण था। इसे जीत कर अर्जुन ने यहां से कर ग्रहण किया था—'त देशमथजित्वा च करे च विनिवेश्य च'। उपर्युक्त उद्धरणो से रम्यक वर्ष की स्थिति उत्तरकुरु या एशिया के उत्तरी भाग या साइबेरिया के निकट प्रमाणित होती है। इसके उत्तर मे सभवतः हिरण्मय-वर्ष था।

रम्यग्राम

'मारध च विनिजित्य रम्यग्राममथोबलात्' महा० 2,31,14। सहदेव ने अपनी दक्षिणी भारत की विजय-यात्रा मे इस स्थान को विजित किया था। सदर्भ से यह मालवा के क्षेत्र मे जान पड़ता है।

रवालसर (हिमाचल प्रदेश)

प्राचीन नाम रोवलेश्वर। यहां पुराने समय का बौद्ध मंदिर है जिसमे पद्मसभव नामक बौद्धभिक्षु की एक विशाल मूर्ति है। मंदिर मे भित्तिचित्र भी है। पद्मसभव ने तिब्बत जाकर बौद्धधर्म का प्रचार किया था। जान

पड़ता है कि पद्मसंभव इस स्थान पर कुछ समय तक रहे होंगे। इस स्थान का संबंध महर्षि लोमश तथा पांडवों से भी बताया जाता है। गुरु गोविंदसिंहजी यहां कुछ काल पर्यंत रहे थे। भारत से तिब्बत को जाने वाला प्राचीन मार्ग रवाल्सर हो कर ही जाता था। इस स्थान का एक पुराना नाम रेवासर भी है।

रांगामाटी=रक्तमृत्तिका

रॉनेज दे० रत्नावती

राजगड (महाराष्ट्र)

तोरण के दुर्ग से 6 मील दूर मोरबद नामक पर्वतशृंग पर स्थित इस किले की स्थापना 1646 ई० के लगभग छत्रपति शिवाजी द्वारा की गई थी। इस किले को बनवाने के लिए उन्हें तोरण दुर्ग से प्राप्त गड़े हुए खजाने से काफी सहायता मिली थी।

राजगीर=राजगृह

राजगृह

(1)=राजगीर (बिहार)। बुद्ध के समकालीन मगध-नरेश बिंबिसार ने शिशुनाग अथवा हर्यंक-वंश के नरेशों की पुरानी राजधानी गिरिव्रज को छोड़कर नई राजधानी उसके निकट ही बनाई थी (दे० गिरिव्रज) (2)। पहले गिरिव्रज के पुराने नगर से बाहर उसने अपने प्रासाद बनवाए थे जो राजगृह के नाम से प्रसिद्ध हुए। पीछे अनेक धनिक नागरिकों के बस जाने से राजगृह के नाम से एक नवीन नगर ही बस गया। गिरिव्रज में महाभारत के समय में जरासंध की राजधानी भी रह चुकी थी। राजगृह के निकट वन में जरासंध की बैठक नामक एक बारादरी स्थित है जो महाभारतकालीन ही बताई जाती है। महाभारत वन० 84,104 में राजगृह का उल्लेख है जिससे महाभारत का यह प्रसंग बौद्धकालीन मालूम होता है, 'ततो राजगृहं गच्छेत् तीर्थसेवी नराधिप'। इसमें सूचित होता है कि महाभारतकाल में राजगृह तीर्थस्थान के रूप में माना जाता था। आगे के प्रसंग से यह भी सूचित होता है कि मणिनाग तीर्थ राजगृह के अन्तर्गत था। यह संभव है कि उस समय राजगृह नागों का विशेष स्थान था (दे० मनियार मठ मणिनाग)। राजगृह का बौद्ध जातकों में कई बार उल्लेख है। मगल्जातक (सं० 87) में उल्लेख है कि राजगृह मगधदेश में स्थित था। राजगृह के वे स्थान जो बुद्ध के समय में विद्यमान थे और जिनसे उनका संबंध रहा था, एक पाली ग्रंथ में इस प्रकार गिनाए गए हैं—गृध्रकूट, गौतम-न्यग्रोध, चौर प्रपात सप्तपर्णिगुहा, काल-

शिला, शीतवन, सर्पशौंडिक प्राग्भार, तपोदाराम, वेणुवनस्थित कलदक तड़ाग, जीवक का आम्रवन, मर्दकुक्षि तथा मृगवन। इनमें से कई स्थानों के खंडहर आज भी राजगृह मे देखे जा सकते हैं। बुद्धचरित 10,1 मे गौतम का गगा को पार करके राजगृह में जाने का वर्णन है—'स राजवत्स पृथुपीन वक्षास्तौसव्यमन्त्राधिकृतौ विहाय, उत्तीर्य गगा प्रचलत्तरगा श्रीमदगृह राजगृह जगाम'। जैन ग्रथ सूत्र कृताग में राजगृह का सपन्न, धनवान् और सुखी नर-नारियों के नगर के रूप मे वर्णन है। एक अन्य जैन सूत्र अतकृत दशाग में राजगृह के पुष्पोद्यानों का उल्लेख है। साथ ही यक्ष मुदगरपानि के एक मदिर की भी वहीं स्थिति बताई गई है। भास रचित 'स्वप्नवासवदत्ता' नामक नाटक में राजगृह का इस प्रकार उल्लेख है—'ब्रह्मचारी, भो श्रूयताम्। राजगृहतोऽस्मि। श्रुतिविशेषणार्थं वत्सभूमौ लावाणक नाम ग्रामस्तत्रोषितवानस्मि'। युवानच्वाग ने भी राजगृह के उन कई स्थानो का वर्णन किया है जिनसे गौतम बुद्ध का सबध बताया जाता है (दे० सोनभडार, पाडव, मर्दकुक्षि पिप्पलगिरि, सप्तपर्णिगुहा, ऋषिगिरि, पिप्पलिगुहा)। वाल्मीकिरामायण मे गिरिव्रज की पाच पहाड़ियों का तथा सुमागधी नामक नदी का उल्लेख है—'एपा वसुमती नाम वसोस्तस्य महात्मन एतेशैलवरा पच प्रकाशन्ते समतत। सुमागधीनदी रम्या मागधान् विश्रुताऽऽययोपचाना शैलमुख्याना मध्ये मालेव शोभते'। इन पहाड़ियों के नाम महाभारत मे ये हैं—पाडर, विपुल, वाराहक, चैत्यक, और मातग। पाली साहित्य मे इन्हें वेभार, पाडव, वेपुल्ल, गिज्झकूट और इसिगिलि कहा गया है (दे० ए गाइड टू राजगीर, पृ० 1) [दे० महा० सभा० 21, दाक्षिणात्य पाठ—'पाडरे विपुले चैव तथा वाराहकेऽपि च, चैत्यके च गिरिश्रेष्ठे मातगे च शिलोच्चये' (दे० चैत्यक)]। किंतु महाभारत, सभा० 21,2 म इन्हीं पहाडियों को विपुल, वराह, वृषभ, ऋषिगिरि तथा चैत्यक कहा गया है—'वैहारो विपुला शैलो वराहो वृषभस्तथा, तथा ऋषिगिरिस्तात शुभाश्चैत्यक पचमा'। इनके वर्तमान नाम ये हैं—वैभार, विपुल, रत्न, छत्ता और सोनागिरि। जैन कल्पसूत्र के अनुसार महावीर ने राजगृह में 14 वर्षाकाल बिताए थे। दे० गिरिव्रज (2)

(2) =गिरिव्रज। केकय देश मे स्थित गिरिव्रज का भी दूसरा नाम राजगृह था [दे० गिरिव्रज (1)] इसका अभिज्ञान गिरजाक अथवा जलालपुर (पाकि०) से किया गया है। इस राजगृह का नामोल्लेख वाल्मीकि रामायण० अयो० 67,7 म इस प्रकार है—उभयो भरतशत्रुघ्नौकेकयेषु परतपो, पुरे राजगृहे रम्ये मातामहनिवेशने' (टि० यह तथ्य द्रष्टव्य है कि बुद्ध-काल तथा

उसके पीछे राजगृह मगध की राजधानी का भी नाम था। इस राजगृह का भी दूसरा नाम गिरिव्रज ही था)। विद्वानों का अनुमान है कि केकयदेशीय राजगृह में *अलक्षेंद्र से युद्ध करने वाले प्रसिद्ध महाराज पुरु (ग्रीकभाषा में पोरस)* की राजधानी थी।

(3) ब्रह्मदेश (बर्मा) में एक प्राचीन भारतीय औपनिवेशिक नगर जिसका संभवतः मगध के प्राचीन नगर राजगृह के नाम पर बसाया गया था। सुवर्णभूमि (बर्मा) में भारतीय उपनिवेशों पर हिंदू तथा बौद्ध नरेशों ने अति प्राचीन काल से मध्य काल तक राज किया था तथा यहाँ सर्वत्र भारतीय संस्कृति का प्रचार एवं प्रसार था। ब्रह्मदेश में अनेक प्राचीन भारतीय उपनिवेशों का नाम भारत के प्रमुख नगरों के नाम पर रखा गया था यथा वाराणसी, पुष्करावती, वैशाली, कुसुमपुर, मिथिला, अवंती, चंपापुर, कंबोज आदि।

राजगोपालपेट (ज़िला करीमनगर, आ० प्र०)

मुगल सम्राट् औरंगजेब की बनवाई हुई मसजिद यहाँ का उल्लेखनीय स्मारक है।

राजद्रह

उदयपुर (राजस्थान) में स्थित राजसागर झील। इसका जैन तीर्थ के रूप में उल्लेख तीर्थमाला चैत्य वदन में है—'विध्यस्तमन शीट्ठ मीट्ठ नगरे राजद्रहे श्री नगें'। इस झील के निकट राजनगर स्थित था जिसके खंडहरों में 'दयालशाह का किला' नामक स्थान पर तीर्थंकर का मंदिर है।

राजधानी (उ० प्र०)

राजधानी तथा उपधौली नामक ग्रामों में जो कुसम्ही स्टेशन से 11 मील दक्षिण में हैं विशाल प्राचीन खंडहरों के अवशेष हैं। चीनी यात्री युवानच्वांग जो इस स्थान पर 640 ई० में आया था, लिखता है कि यहाँ पर मौर्यों ने बुद्ध की मृत्यु के पश्चात् उनके शरीर की भस्म पर एक स्तूप बनवाया था। शायद इसी स्तूप के खंडहर यहाँ 30 फुट ऊँचे ईंटों के टीले के रूप में पड़े हुए हैं।

राजनगर=अहमदाबाद

राजन्य

महाभारत, सभा० 52,14 में वर्णित एक जनपद जिसके निवासी युधिष्ठिर के *राजसूय यज्ञ में भेंट लेकर उपस्थित हुए थे—'काश्मीराश्च कुमाराश्च,* घोरका हंसकायनाः शिविस्त्रिगर्त यौधेयाराजन्या मद्रकेकयाः'। राजन्य जनपद के सिक्के जिला होशियारपुर (पंजाब) से प्राप्त हुए हैं।

राजपिप्पली (जिला उदयपुर, राजस्थान)

चित्तौड की निकटवर्ती पहाड़ियों में बीच एक घना वन जहाँ मध्यकाल मे गुहिल लोग निवास करते थे। 1567 ई० मे जब अकबर ने चित्तौड पर आक्रमण किया तो मेवाड़-नरेश महाराणा उदयसिंह चित्तौड छोड कर राजपिप्पली के वन मे गुहिलो के साथ रहने लगे थे।

राजपुर

(1)=राजोरी। महाभारत द्रोण० 4-5 मे कर्ण का राजपुर पहुँच कर कांबोजो (दे० कबोज) को जीतने का उल्लेख है—'स्वबाहुबलवीर्येण धार्त-राष्ट्रजयैषिणा, कर्णराजपुर गत्वा काबोजा निर्जितास्त्वया'। युवानच्वांग ने भी इस स्थान का अपने यात्रावृत्त मे उल्लेख किया है। कनिंघम ने राजपुर का अभिज्ञान पश्चिमी कश्मीर में स्थित राजोरी से किया है। (ऐंशेंट ज्योग्रेफी ऑव इंडिया, 192 पृ० 148)

(2) महाभारत मे कलिंगदेश की राजधानी का नाम भी राजपुर है—'श्रीमद्राजपुर नाम नगर तत्र भारत, राजान. शतशस्तत्र कन्यार्थं समुपागमन् शांति, 4,3। यहां के राजा चित्रांगद की कन्या का हरण दुर्योधन ने कर्ण की सहायता से किया था।

(3) (जिला बिजनौर, उ० प्र०) इस स्थान से प्रागैतिहासिक अवशेष-विशेषकर तांबे के अनेक उपकरण प्राप्त हुए हैं।

(4)=वीरपुर (कबोडिया)। प्राचीन भारतीय उपनिवेश चंपापुरी के दक्षिणी प्रांत-पांडुरंग-की राजधानी।

राजमहल दे० उगमहल, और कजगल।

राजमहेंद्री (आ० प्र०)

गोदावरी नदी के वाम तट पर समुद्रतट से 30 मील दूर है। किंवदंती के अनुसार गोदावरी की सात धाराओं मे से अंतिम—वशिष्ठधारा राजमहेंद्री के निकट अतर्वेदी नामक स्थान मे है। इसके निकट नरसापुर ग्राम बसा है। राजमहेंद्री मे ई० सन् से बहुत पहले उडीसा की सर्वप्राचीन राजधानी थी। कहा जाता है इसे उडीसा के प्रथम राजवंश के राजामहेंद्रदेव ने बसाया था जिसके नाम पर यह नगरी राजमहेंद्री कहलाई।

राजमाची (महाराष्ट्र)

यहां का दुर्ग 17 वी शती मे बीजापुर रियासत के अधिकार मे था। महाराष्ट्र-केसरी शिवाजी ने इस दुर्ग को बीजापुर के सुलतान से छीन लिया था। यह किला उत्तर महाल के उन नौ किलो मे था जिनपर शिवाजी

ने अधिकार कर लिया था।

राजविहार

कपिशा (अफ़गानिस्तान का एक इलाका) में स्थित एक विहार जिसे निर्माण कुशनसम्राट् कनिष्क ने चीन के राजकुमार के निवास के लिए करवाया था। चीन के सम्राट् ने राजकुमार को कनिष्क से पराजित होने पर बंधक-रूप में भेजा था। इसका कनिष्क ने बहुत सम्मान किया और उसके निवास के लिए शीतकाल में भारत, शरद् में गंधार तथा ग्रीष्म में कपिशा में स्थान नियत कर दिए थे। इसी राजकुमार के वैयक्तिक व्यय के लिए चीन-भुक्ति नामक प्रदेश की आय प्रदान कर दी गई थी।

राजसदन (महाराष्ट्र)

जलिना स्टेशन से 14 मील दूर राजुर नामक कस्बे का प्राचीन नाम राजसदन कहा जाता है। यह प्राचीन गणपति-क्षेत्र माना जाता है।

राजसीन=रायसेन

राजापुर

(1) (ज़िला बाँदा, उ० प्र०) हिंदी के महाकवि तुलसीदास का जन्म-स्थान। यह कस्बा यमुना तट पर बसा है और चित्रकूट के निकट है। नदी के किनारे पर तुलसीदास जी के नाम से प्रसिद्ध मंदिर है जो अब जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। यहाँ महाकवि के हाथ की लिखी हुई **रामचरितमानस** की प्रति अबतक सुरक्षित है।

(2) अल्मोड़ा (उ०प्र०) का प्राचीन नाम।

राजिम (ज़िला रायपुर, म० प्र०)

यहाँ राजिम या राजीवलोचन भगवान् रामचंद्र का प्राचीन मंदिर है, जो शायद 8 वीं या 9 वीं शती का है। यहाँ से प्राप्त दो अभिलेखों से ज्ञात होता है कि इस मंदिर के निर्माता राजा जगतपाल थे। इनमें से एक अभिलेख राजा वसंतराज से संबंधित है। किंतु लक्ष्मणदेवालय के एक दूसरे अभिलेख से विदित होता है कि इस मंदिर को मगध-नरेश सूर्यवर्मा (8 वीं शती ई०) की पुत्री तथा शिवगुप्त की माता 'वासटा' ने बनवाया था। मंदिर के स्तंभ पर चालुक्य-नरेशों के समय में निर्मित नरवराह की चतुर्भुज मूर्ति उल्लेखनीय है। वराह के वामहस्त पर भू देवी अवस्थित है। शायद यह मध्य-प्रदेश से प्राप्त प्राचीनतम मूर्ति है। राजिम से पांडुवंशीय कोसल-नरेश तीवरदेव का ताम्रदानपट्ट प्राप्त हुआ था जिसमें तीवरदेव द्वारा पेंटामभुक्ति में स्थित पिंपरिपद्रक ग्राम के निवासी किसी ब्राह्मण को दिए गए दान का वर्णन है। यह

दानपट्ट तीवरदेव के 7 वें वर्ष में श्रीपुर (सिरपुर) से प्रचलित किया गया था। फ्लीट के अनुसार तीवरदेव का समय 8 वीं शती ई० के पश्चात् मानना चाहिए। एक स्थानीय दंतकथा के अनुसार इस स्थान का नाम राजिव या राजिम नामक एक तैलिक स्त्री के नाम से हुआ था। मंदिर के भीतर सती-चौरा है जिसका संबंध इस स्त्री से हो सकता है। राजिम में महानदी और पैरी नामक नदियों का संगम है। संगमस्थल पर कुलेश्वर महादेव का मंदिर है जो इतना सुदृढ़ है कि सैकड़ों वर्षों से नदी के निरंतर प्रवाह के थपेड़े सहता हुआ अडिग खड़ा है। राजिम या राजीव का प्राचीन नामांतर पद्मक्षेत्र भी कहा जाता है (राजीव=कमल)। पद्मपुराण, पाताल० 27,58-59 में श्री रामचंद्रजी का इस स्थान (देवपुर) से संबंध बताया गया है।

राजुकोंडा (आं० प्र०)

1335-1336 ई० में बहमनी राज्य की अवनति के पश्चात् प्राचीन आंध्र-प्रदेश नई स्वतंत्र रियासतों में बँट गया था। इनमें से एक रियासत पद्मवेल्मा लोगों ने स्थापित की थी जिसकी राजधानी राजुकोंडा में थी। इसकी नींव रेचरला सिंगमनय ने डाली थी।

राजुलमडगिरि (पट्टीकोंडा तालुका, जिला कुरनूल, आं० प्र०)

1953 1954 में इस स्थान से मौर्य सम्राट् अशोक का एक शिलालेख प्राप्त हुआ था। यह इस ग्राम में स्थित रामलिंगेश्वर के शिवमंदिर की चट्टान पर उत्कीर्ण है। इस अभिलेख में 15 पंक्तियां हैं किंतु वह खंडितावस्था में है। भारतीय पुरातत्व विभाग के अनुसार यह धर्मलिपि येरागुडी की 'अमुख्य' धर्मलिपि की एक प्रतिलिपि जान पड़ती है जो अब से 25 वर्ष पहले ज्ञात हुई थी।

राजूर

(1)=राजसदन

(2) (जिला आदिलाबाद, आं० प्र०) यादवनरेशों के शासनकाल के मंदिरों के लिए उल्लेखनीय है। यादव राज्य की समाप्ति 1320 ई० में अलाउद्दीन खिलजी के दक्षिण भारत पर आक्रमण के समय हुई थी।

राजौरी दे० राजपुर (1); कन्नौज

राठ (जिला हमीरपुर उ० प्र०)

यहां मध्यकाल में चंदेल राजपूतों का राज्य था। राठ के चंदेलनरेश शीलादित्य की पुत्री इतिहास प्रसिद्ध दुर्गावती थी जिसका विवाह गढ़मंडला-नरेश राजा दलपतिशाह से हुआ था। वीरांगना दुर्गावती ने मुगल सम्राट

अकबर की सेनाओं से युद्ध करते हुए वीरगति प्राप्त की थी।

राडद्रह

प्राचीन जैनतीर्थ जिसका उल्लेख तीर्थमाला चैत्यवंदन में है—'वंदे सत्यपुरे च वाहडपुरे, राडद्रहे वायडे'। इसका प्राचीन साहित्य में लाटहृद नाम भी प्राप्त है। यह तीर्थ गुजरात में था किंतु इसका अभिज्ञान संदिग्ध है। 1209 वि० सं० के एक अभिलेख में इस स्थान को गुजरात नरेश कुमारपाल के सामंत राजा अल्हणदेव की जागीर के अन्तर्गत बताया गया है।

राढ़=राढ़ी

प्राचीन और मध्यकाल में, विशेषकर सेनवंशीय नरेशों के शासनकाल में, बंगाल के चार प्रांतों में से एक। ये प्रांत थे—वरेंद्र, बागरा, वंग और राढ़। *कुछ विद्वानों ने जैन ग्रंथ आयरंगसुत्त में उल्लिखित लाढ़ नामक प्रदेश का* अभिज्ञान राढ़ से किया है किन्तु यह सही नहीं जान पड़ता (दे० भंडारकर, अशोक, पृ० 37)। सिंहल देश में सात सौ साथियों के सहित जाकर बस जाने *वाला राजकुमार विजय, राढ देश का ही निवासी माना जाता है।* राढ़, पश्चिमी बंगाल का एक भाग, विशेषतः बर्दवान कमिश्नरी का परिवर्ती प्रदेश था। (दे० लाढ़)

राणपुर=राणकपुर (जिला जोधपुर, राजस्थान)

यह कस्बा मारवाड में, सादडी से 6 मील दूर है और दक्षिण की ओर अरावली पर्वतमाला से घिरा हुआ है। यहां का प्रसिद्ध स्मारक ऋषभदेव का चौमुखा मंदिर (त्रैलोक्य दीपक प्रासाद) है जो शायद 15 वीं शती में बना था। यहां 1496 वि० सं०=1439 ई० का धारणाक का एक अभिलेख मिला है। किंवदंती है कि प्राचीन समय में नदिया के रहने वाले धन्ना तथा रत्ना नामक दो सहोदर भाइयों ने राणपुर के मंदिर का निर्माण करवाया था। यह मंदिर बहुत ऊंचा तथा भव्य है। इसमें 1444 स्तंभ हैं। कहा जाता है कि इसे बनवाने में 96 लाख रुपए खर्च हुए थे। इसका जीर्णोद्धार हाल ही में 10 लाख *रुपए की लागत से हुआ था।*

राणीहाट (जिला टेहरी-गढ़वाल, उ० प्र०)

श्रीनगर से तीन मील दूर अलकनंदा के तट पर स्थित ग्राम है। राजराजेश्वरी के प्राचीन मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। कहा जाता है कि पूर्वकाल में इस मंदिर के चतुर्दिक 360 अन्य मंदिर भी थे। 11वीं और 12वीं शती की अनेक मूर्तियां यहां मिली हैं।

राणोद (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

प्राचीन समय में शैवमत का केन्द्र था। 10 वीं शती ई० के एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि राजा अवन्तिवर्मन् के गुरु पुरंदर द्वारा एक मठ यहां बनवाया गया था तथा उसका विस्तार व्योमशिव ने करवाया था। राणोद को इस अभिलेख में रानीपद्र कहा गया है। इस अभिलेख में उल्लिखित मठ वर्तमान खोखई मठ है।

रात्रि

विष्णुपुराण 2,4,55 के अनुसार क्रौंचद्वीप की एक नदी—'गौरी कुमुद्वती चैव सन्ध्या रात्रिर्मनोजवा, क्षातिश्च पुंडरीका च सप्तैता वर्षनिम्नगा।'

राधा=राधापुरी

पश्चिमी बंगाल की एक प्राचीन नगरी जिसका उल्लेख प्रबोधचंद्रोदय नाटक (अंक 2) में है। इसका संबंध गौडों से बताया गया है। श्री रा० दा० बनर्जी ने इसे अपसड अभिलेख में उल्लिखित उत्तरकालीन गुप्तनरेश महासेन गुप्त के राज्य के अंतर्गत बताया है।

रानीगुफा (उड़ीसा)

भुवनेश्वर से चार-पांच मील की दूरी पर रानीगुफा स्थित है। यह जैन गुहा-मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। इस गुफा या गुफा का निर्माण तीसरी शती ई० पू० में हुआ जान पड़ता है। इस गुफा में जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ के जीवन से संबंधित कई दृश्य मूर्तिकारी के रूप में अंकित हैं। गणेशगुफा और हाथी-गुफा रानीगुफा के गुहासमूह के ही अंतर्गत हैं।

रानीताल दे० बबर

रानीपद्र—दे० राणोद

रापर (कच्छ, गुजरात)

कच्छ में मनफरा से 26 मील दूर है। यह स्थान एक प्राचीन विशाल जैन-मंदिर के लिए उल्लेखनीय है। इस मंदिर में पहले चिंतामणि पार्श्वनाथ की मूर्ति प्रतिष्ठापित थी।

रापरी (तहसील शिकोहाबाद, जिला मैनपुरी, उ० प्र०)

यहां अलाउद्दीन खिलजी के जमाने की मसजिद है जिसे मलिक काफूर ने बनवाया था।

राप्ती

पूर्वी उत्तरप्रदेश की नदी। राप्ती संभवतः दारवत्या या इरावती का अपभ्रंश है। कुछ विद्वानों के मत में यह बौद्ध साहित्य की अचिरावती है।

(दे० वारवत्या, दरावती, अचिरावती) ।

रामक

कृष्ण कोलगिरि चैव सुरभीपत्तन तथा, द्वीप ताम्राह्वम चैव पर्वत रामक तथा' महा० सभा० 31, 68 । यह शायद रामेश्वरम् की पहाड़ी है । यह स्थान लंका में स्थित एडम्स पीक भी हो सकता है । इसे बौद्धों ने सुमनकूट नाम दिया था । (दे० रामपर्वत)

रामकेलि (बंगाल)

15 वीं शती ई० में बंगाल के शासक हुसैन शाह के मंत्रिद्वय रूप और सनातन ने इस नगर को बसाया तथा यहां राममंदिर का निर्माण करवाया था । रामकेलि के निकट इन्होंने कन्हाई नाट्यशाला नामक कृष्णमंदिर भी बनवाया था । रूप और सनातन कालांतर में चैतन्य महाप्रभु के शिष्य बनकर वृन्दावन चले गये थे । चैतन्य भी स्वयं रामकेलि आए थे ।

रामगंगा (उ० प्र०)

मध्यकाल के मुसलमान इतिहासकारों ने इसी नदी को राहिब लिखा है । यह शायद वाल्मीकि रामायण अयोध्याकांड 71, 14 ('वामहत्वा सर्वतीर्थं तीर्त्वाचोत्तरगां नदीम्, अन्यानदीश्च विविधैः पार्वतीयैस्तुरगमैः)' में वर्णित *'उत्तरगा' नदी है । रामगंगा कुमायूं की पहाड़ियों से निकलकर गंगा में* कन्नौज के पास गिरती है ।

रामगढ़ (उ० प्र०)

(1) यह ग्राम उत्तरपूर्व रेलवे के राजवाड़ी स्टेशन से 7 मील दूर है । इसका संबंध महाभारत के राजा विराट से बतलाया जाता है । राजा वैरत (या विराट) का टूटा फूटा एक किला भी यहां स्थित है । किले और गंगा के बीच एक प्राचीन ताल है जिसे भतिन ताल कहते हैं । इसके पश्चिमी तट पर रामशाला मंदिर है जहां कई प्रसिद्ध संतों का निवासस्थान रहा है । यहां प्राचीनकाल के खंडहरों के कई टीले हैं ।

(2) दे० अलीगढ़

(3) दे० रामगिरि (2)

रामगाम=रामग्राम

बौद्ध साहित्य के अनुसार बुद्ध के परिनिर्वाण के पश्चात् उनके शरीर की भस्म के एक भाग के ऊपर एक महास्तूप रामगाम या रामपुर (दे० बुद्धचरित, 28, 66) नामक स्थान पर बनवाया गया था । बुद्धचरित के उल्लेख से ज्ञात होता है कि रामपुर में स्थित आठवां मूल स्तूप उस समय विश्वस्त नागों द्वारा

रक्षित था और इसीलिए राजा अशोक ने उस स्तूप की धातुएं अन्य सात स्तूपों की भांति ग्रहण नहीं कीं। यह कोलिय क्षत्रियों का प्रमुख नगर था। रामग्राम कपिलवस्तु के पूर्व की ओर स्थित था। कुणाल जातक के भूमिका-भाग से सूचित होता है कि रोहिणी या राप्ती नदी कपिलवस्तु और रामगाम जनपदों के बीच की सीमारेखा बनाती थी। इस नदी पर एक ही बांध द्वारा दोनों जनपदों को सिंचाई के लिए जल प्राप्त होता था। रामगाम की ठीक-ठीक स्थिति का सूचक कोई स्थान शायद इस समय नहीं है किंतु यह निश्चित है कि कपिलवस्तु (नेपाल की तराई, जिला बस्ती की उत्तरी सीमा के निकट) के पूर्व की ओर यह स्थान रहा होगा। चीनी यात्री युवानच्वांग जिसने भारत का पर्यटन 630-645 ई० में किया था, अपने यात्रा-क्रम में रामगाम भी आया था [दे० रामपुर (1)]

रामगिरि

(1) कालिदास के मेघदूत में वर्णित यक्ष के निर्वासनकाल का स्थान—'कश्चित्कांताविरहगुरुणा स्वाधिकारप्रमत्तः, शापेनास्तं गमितमहिमा वर्षभोग्येन भर्तुः, यक्षश्चक्रे जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु, स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु' पूर्वमेघ 1। रामगिरि का अभिज्ञान अनेक विद्वानों ने जिला नागपुर (महाराष्ट्र) में स्थित रामटेक से किया है। कालिदास के अनुसार इस स्थान के जल (सरोवर आदि) सीता के स्नान से पवित्र हुए थे तथा यहां की भूमि राम के पद चिह्नों से अंकित थी ('वंद्यैः पुंसा रघुपतिपदैरंकितं मेखलासु')। रामटेक में प्राचीन परंपरागत किंवदंती है कि श्रीराम ने वनवास-काल का कुछ समय इस स्थान पर सीता और लक्ष्मण के साथ व्यतीत किया था। रामगिरि के आगे मेघ की अलका-यात्रा के प्रसंग में पहाड़ और नदियों का जो वर्णन कालिदास ने किया है वह भी भौगोलिक दृष्टि से रामटेक को मेघ का प्रस्थान-बिन्दु मानकर ठीक बैठता है। कुछ विद्वानों के मत में उत्तर-प्रदेश के अंतर्गत चित्रकूट ही को कालिदास ने रामगिरि कहा है किंतु यह अभिज्ञान नितांत संदिग्ध है क्योंकि चित्रकूट से यदि मेघ अलका के लिए जाता तो उसे ठीक उत्तर-पश्चिम की ओर सरल-रेखा में यात्रा करनी थी और इस दशा में उसे मार्ग में मालदेश, आम्रकूट, नर्मदा, विदिशा आदि स्थान न पड़ते क्योंकि ये स्थान चित्रकूट के दक्षिण-पश्चिम में हैं। कुछ अन्य विद्वानों ने भूतपूर्व सरगुजा रियासत (म० प्र०) के रामगढ़ से ही रामगिरि का अभिज्ञान किया है।

(2) (भूतपूर्व सरगुजा रियासत, म० प्र०) लक्ष्मणपुर से 12वें मील पर

रामगिरि नामक पहाड़ी है जिसे रामगढ़ कहते हैं। इसकी गुफाओं में अनेक भित्तिचित्र प्राप्त हुए हैं। एक गुफा में एक ब्राह्मी अभिलेख भी मिला है जिससे इसका निर्माण काल डॉ० ब्लाख के मत से तीसरी शती ई० पू० जान पड़ता है। कहा जाता है इसी स्थान पर उग्रादित्याचार्य ने, अपने वैद्यक ग्रंथ कल्याणकारक की रचना की थी। इसमें शायद, इन्हीं अलकृत चैत्यगुहाओं का उल्लेख है। कुछ लोगों के मत में मेघदूत की रामगिरि यही है।

(3) (महाराष्ट्र) शिवाजी के राजकवि भूषण ने शिवराजभूषण, छद 214 में जयसिंह के साथ सधि होने पर रामगिरि नामक दुर्ग का शिवाजी द्वारा मुगलों को दिए जाने का उल्लेख किया है। उन्हें यह स्थान कुतुबशाह (गोलकुडा के सुलतान) से मिला था। यह उल्लेख भी इसी छद में है—'भूषन भनत भाग-नगरी कुतुब साह दै करि गवायो रामगिरि से गिरीस को, सरजा सिवाजी जयसिंह मिरजा को लीबे सौगुनी बडाई गढ़ दीन्हें हैं दिलीस को'।

(4) (मैसूर) बगलौर मैसूर रेलमार्ग पर मद्दूर स्टेशन से 12 मील पर यह पहाड़ी स्थित है। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार सुग्रीव का मधुवन इसी स्थान पर था। पर्वत के शिखर पर कोदड रामस्वामी का मंदिर है जहा राम-लक्ष्मण-सीता की मूर्तियाँ हैं।

रामग्राम = रामधाम

रामचौरा

टौंस नदी पर अयोध्या के निकट घाट। कहते हैं वन जाते समय राम-लक्ष्मण-सीता ने तमसा नदी को इसी स्थान पर पार किया था। (दे० तमसा)

रामटेक

नागपुर से 20 मील दूर रमणीक और ऊची पहाड़ियों पर स्थित है। कुछ विद्वानों के मत म यह मेघदूत में वर्णित रामगिरि है। यहा विस्तीर्ण पर्वतीय प्रदेश में अनेक छोटे-छोटे सरोवर स्थित हैं जो शायद पूर्वमेघ में उल्लिखित—'जनकतनया स्नान पुण्योदकेषु' में निर्दिष्ट जलाशय हैं। किंवदती है कि वनवास काल में राम-लक्ष्मण सीता इस स्थान पर रहे थे। श्रीरामचद्रजी का एक सुदर मदिर ऊची पहाड़ी पर बना है। मंदिर के निकट विशाल वराह की मूर्ति के आकार में कटा हुआ एक प्रस्तरखड स्थित है। रामटेक को सिंदूरगिरि भी कहते हैं। रामटेक के पूर्व की ओर सुरनदी या सूर्यनदी बहती है। इस स्थान पर एक ऊचा टीला है जिसे गुप्तकालीन बताया जाता है। चद्रगुप्त द्वितीय की पुत्री प्रभावती गुप्त ने रामगिरि की यात्रा की थी—इस तथ्य की जानकारी हमें रिद्धपुर के ताम्रपत्र-लेख से होती है। प्राचीन जनश्रुति के अनुसार श्रीरामचद्रजी

ने शम्बुक का वध इसी स्थान पर किया था।

रामठ=रमठ

रामणा (काठियावाड़, गुजरात)

बेट द्वारका से 56 मील दूर प्राचीन वैष्णव तीर्थ है।

रामणीयक द्वीप

महाभारत, आदि० 26,8 में वर्णित—'तदा भूरमवच्छन्ना जलोर्मिभिरनेकशः, रामणीयकमागच्छन् मात्रासहभुजगमाः'। श्री न० ल० डे के मत में यह वर्तमान आर्मिनिया देश है।

रामतीर्थ

'शुभ तीर्थवर तस्माद् रामतीर्थं जगामह'—महा० शल्य० 49,7। महाभारत-काल में यह सरस्वती नदी के तट पर स्थित एक तीर्थ था जिसकी यात्रा बलराम जी ने सरस्वती के अन्य तीर्थों की यात्रा के साथ की थी। महाभारत की कथा के अनुसार, यह तीर्थ परशुराम के नाम पर प्रसिद्ध था।

रामनगर

(1) (कोंकण, महाराष्ट्र) शिवाजी के समय में यह एक छोटा सा राज्य था। इसे सलहेरि के युद्ध के पश्चात्, 1672 ई० में शिवाजी ने जीत लिया था। इस कार्य में शिवाजी को अपने सेनापति मोरोपंत पिंगले से सहायता मिली थी। महाकवि भूषण ने इस घटना का उल्लेख किया है—'भूषन भनत रामनगर जवारि तेरे बैरपरवाह बहे रुधिर नदीन के'—शिवराजभूषण, 173।

(2) (ज़िला वाराणसी, उ० प्र०) काशी की सुप्रसिद्ध रियासत का मुख्य स्थान जो वाराणसी के सामने गंगा के उस पार स्थित है। यह परवर्तीमध्यकालीन रियासत थी जो अब वाराणसी ज़िले में विलीन हो गई है। बौद्ध साहित्य में काशी का एक नाम रामनगरी मिलता है। संभव है रामनगर का इस नाम से संबंध हो।

रामनाद (मद्रास)

रामनादनरेश, रामेश्वर द्वीप के परंपरागत शासक माने जाते हैं। यह स्थान रामेश्वरम् के मार्ग में है। यहां से 5 मील दूर तिरुपुलानी और 10 मील पर देवीपाटन के प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर हैं।

रामपर्वत

'कृत्स्नं कोलगिरिं चैव सुरभीपत्तनं तथा, द्वीपं ताम्राह्वयं चैव पर्वतं रामकं तथा'—महा० सभा० 31,68। इस स्थान को सहदेव ने दक्षिण की दिग्विजय-यात्रा में विजित किया था। प्रसंग से यह स्थान रामेश्वरम् की पहाड़ी जान

पड़ता है। इसका अभिज्ञान लंका में स्थित बौद्ध तीर्थ सुमनकूट या आदम की चोटी (Adam's Peak) से भी किया जा सकता है। प्राचीन किंवदंती के अनुसार इस पहाड़ी पर जो चरणचिह्न बने हैं वे भगवान् राम के हैं। वे समुद्र पार करने के पश्चात् लंका में इस पहाड़ी के पास पहुंचे थे और उनके पावन चरण-चिह्न इस पहाड़ी की भूमि पर अंकित हो गए थे। बाद में बौद्धों ने इन्हें महात्मा बुद्ध के और ईसाइयों ने आदम के चरणचिह्न मान लिया।

रामपुर

(1) (ज़िला बस्ती, उ० प्र०) मुंडरवा रेल-स्टेशन से 3 मील दक्षिण की ओर स्थित है। भगवान बुद्ध के परिनिर्वाण के पश्चात् उनके अस्थि-अवशेषों के आठ भागों में से एक पर एक स्तूप बनाया गया था जिसे रामभार स्तूप कहा जाता था। संभवत: इसी स्तूप के खंडहर इस स्थान पर मिले हैं। किंवदंती है कि इसी स्तूप से नागाओं ने बुद्ध का दांत चुरा लिया था जो लंका में कांडी के मंदिर में सुरक्षित है। रामपुर को कुछ विद्वान रामग्राम मानते हैं। रामपुर का उल्लेख बुद्धचरित 28,65 में है जहां रामपुर के स्तूप का विश्वस्त नागों द्वारा रक्षित होना कहा गया है। कहा जाता है कि इसी कारण अशोक ने बुद्ध की शरीर धातु अन्य सात स्तूपों की धातु की भांति, इस स्तूप से प्राप्त नहीं की थी।

(2) (भूतपूर्व रियासत, उ० प्र०) रुहेलखंड की प्राय: 200 वर्ष प्राचीन रियासत जो अब उत्तर प्रदेश में विलीन हो गई है। इसके संस्थापक रुहेले थे। रामपुर के क्षेत्र का नाम युवानच्वांग ने गोविषाण लिखा है।

(3) (दक्षिण बर्मा) वर्तमान मोलमीन के निकट स्थित प्राचीन भारतीय उपनिवेश।

रामपुरवा

(1) (ज़िला चंपारन, बिहार) गोनहा स्टेशन से एक मील दक्षिण की ओर यह ग्राम बसा है। यहां अशोक के दो खंडित प्रस्तर-स्तंभ स्थित हैं। इनके शीर्षों पर सिंह और वृष की प्रतिमाएं निर्मित हैं। पहले पर अशोक की धर्म-लिपियां अंकित हैं।

(2) (म० प्र०) उत्तरमध्यकालीन इमारतों के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

रामप्पा दे० पालमपेट

रामभार स्तूप दे० रामपुर (1); रामग्राम

रामवन (ज़िला रीवां, म० प्र०)

सतना रीवां मार्ग पर सतना से 10 वें मील पर स्थित है वाकाटक तथा

गुप्तनरेशों के समय के अनेक अवशेष रामवन मे पाए गए हैं ।

रामह्रद

महाभारत अनुशासन॰ मे उल्लिखित एक तीर्थ जो विपाशा या ब्यास (पंजाब) के तट पर स्थित रहा होगा । इसको परशुराम कुंड भी कहते थे। यह विपाशा का ही कोई कुंड जान पड़ता है—'रामह्रद उपस्पृश्य विपाशायां कृतोदकः, द्वादशाह निराहारः कल्मषाद् प्रमुच्यते' अनुशासन॰ 25,47 । (दे॰ सर्वणावत्)

रामाघार दे॰ कुशीनगर

रामानगरी

बौद्ध साहित्य मे काशी का एक नाम (पाली—रम्मानगरी) । संभवतः यह नाम वर्तमान रामनगर के रूप मे आज भी जीवित है ।

रामावती (बर्मा)

अराकान में स्थित रामी या रांबी नामक स्थान । अराकान के प्राचीन इतिहास से सूचित होता है कि इस नगरी को वाराणसी के एक राजकुमार ने जिसने अराकान या वैशाली मे प्रथम भारतीय राजवंश की नींव डाली थी, अपनी राजधानी बनाया था । जान पड़ता है कि रामावती वर्तमान रंगून के निकट स्थित थी । यह तथ्य उल्लेखनीय है कि वाराणसी का बौद्ध साहित्य में एक नाम रामानगरी भी मिलता है और वाराणसी के एक राजकुमार द्वारा ब्रह्मदेश मे रामावती नाम की नगरी का बसाया जाना अर्थपूर्ण है ।

रामेश्वरम् (मद्रास)

मनार की खाड़ी में स्थित द्वीप जहां भगवान् राम का लोक प्रसिद्ध विशाल मंदिर है । कहा जाता है कि इसी स्थान पर श्रीरामचंद्रजी ने लंका के अभियान के पूर्व शिव की आराधना करके उनकी मूर्ति की स्थापना की थी । वास्तव में यह स्थान उत्तर और दक्षिण भारत की संस्कृतियों का संगम है । पुराणों में रामेश्वरम् का नाम गंधमादन है । मनारद्वीप उत्तर से दक्षिण तक लगभग ग्यारह और पूर्व से पश्चिम तक लगभग सात मील चौड़ा है । बस्ती के पूर्वी समुद्र तट पर लगभग 900 फुट लंबे और 600 फुट चौड़े स्थान पर रामेश्वरम् का मंदिर बना है । इसके चतुर्दिक् परकोटा है जिसकी ऊंचाई 22 फुट है । इसमे तीन ओर एक-एक और पूर्व की ओर दो गोपुर हैं । पश्चिम का गोपुर सात-खना है और लगभग सौ फुट ऊंचा है । अन्य गोपुर अर्धनिर्मित अवस्था में हैं और दीवार से अधिक ऊंचे नहीं हैं । रामेश्वरम् का मुख्य मंदिर 120 फुट ऊंचा है । तीन प्रवेशद्वारों के भीतर शिव के प्रख्यात द्वादश ज्योति-

लिंगों में से एक यहां स्थित है। मूर्ति के ऊपर शेषनाग अपने फनों से छाया करते हुए प्रदर्शित हैं। रामेश्वरम् के मंदिर की भव्यता उसके सहस्रों स्तंभों वाले बरामदे के कारण है। यह 4000 फुट लंबा है। लगभग 690 फुट की अव्यवहित दूरी तक इन स्तंभों की लगातार पंक्तियां देखकर जिस भव्य तथा अनोखे दृश्य का आंखों को भान होता है वह अविस्मरणीय है। भारतीय वास्तु के विद्वान् फर्ग्युसन के मत में रामेश्वरम्-मंदिर की कला में द्रविड़ शैली के सर्वोत्कृष्ट सौंदर्य तथा उसके दोषों दोनों ही का समावेश है। उनका कहना है कि तंजौर का मंदिर यद्यपि रामेश्वरम् मंदिर की अपेक्षा विशालता तथा सूक्ष्म तक्षण की दृष्टि से उत्तमता में उसका दशमांश भी नहीं है किंतु संपूर्ण रूप से देखने पर उससे अधिक प्रभावशाली जान पड़ता है। रामेश्वरम् के निकट लक्ष्मणतीर्थ, रामतीर्थ, रामझरोखा (जहां श्रीराम के चरणचिह्नों की पूजा होती है), सुग्रीव आदि उल्लेखनीय स्थान हैं। रामेश्वरम् से चार मील पर मंगलतीर्थ और इसके निकट विलुनी तीर्थ हैं। रामेश्वरम् से थोड़ी ही दूर पर जटा तीर्थ नामक कुंड है जहां किंवदंती के अनुसार रामचंद्र जी ने लंका युद्ध के पश्चात् अपने केशों का प्रक्षालन किया था। रामेश्वरम् का शायद रामपर्वत के नाम से महाभारत में उल्लेख है। (दे० रामपर्वत, गंधमादन)

रायगढ़ (जिला कोलाबा, महाराष्ट्र)

1662 ई० में शिवाजी तथा बीजापुर के सुल्तान में काफी संघर्ष के पश्चात् संधि हुई थी जिसमें शिवाजी ने अपना जीता हुआ सारा प्रदेश प्राप्त कर लिया था। इस संधि के लिए शिवाजी के पिता शाहजी कई वर्ष पश्चात पुत्र से मिलने आए थे। शिवाजी ने उन्हें अपना समस्त जीता हुआ प्रांत दिखाया था। उस समय शाहजी के सुझाव को मानकर रैरी पहाड़ी के उच्च शृंग पर शिवाजी ने रायगढ़ को बसाने का इरादा किया था। यहां उन्होंने एक किला तथा प्रासाद बनवाया और वे यहीं निवास करने लगे। इस प्रकार शिवाजी के राज्य की राजधानी रायगढ़ में ही स्थापित हुई। रायगढ़ चारों ओर से सह्याद्रि की अनेक पर्वत मालाओं से घिरा हुआ था और उसके उच्च शृंग दूर से दिखाई देते थे। महाकवि भूषण ने रायगढ़ के विषय में लिखा है—'दच्छिन के सब दुग्ग जिति दुग्ग सहार विलास सिव सेवक सिव गढ़ पती कियो रायगढ़ वास, तँहु नृप राजधानी करी, जीति सकल सुरतान, सिव सरजा रचि दान में, कीन्हों सुजस जहान'। शिवराजभूषण में—छंद 15 से छंद 24 तक रायगढ़ के वैभव विलास का विस्तृत वर्णन है। छंद 15

('वारि पताल सो माची मही अमरावती की छवि ऊपर छाजें') से यह भी ज्ञात होता है कि रायगढ के दुर्ग की पानी से भरी हुई एक बहुत गहरी खाई भी थी। शिवाजी का राज्याभिषेक रायगढ मे, 6 जून, 1674 ई० को हुआ था। काशी के प्रसिद्ध विद्वान् गगाभट्ट इस समारोह के आचार्य थे। शिवाजी की समाधि भी रायगढ मे ही है।

रायचूर (मैसूर)

दक्षिण का प्रसिद्ध प्राचीन नगर है। रायचूर का मुख्य ऐतिहासिक स्मारक यहां का दुर्ग है जिसे वारगल नरेश के मन्त्री गोरे गगायरड्डी वारु ने 1294 ई० मे बनवाया था। यह सूचना एक विशाल पाषाण फलक पर उत्कीर्ण अभिलेख से मिलती है। प्रारभ मे रायचूर मे हिंदू तथा जैन राजवशो का राज था। पीछे बहमनी सल्तनत का यहा कब्जा हो गया। 15वी शती के अत मे बहमनी राज्य की अवनति होने पर बीजापुर के सुल्तान ने रायचूर पर अधिकार कर लिया और तत्पश्चात औरगजेब द्वारा बीजापुर रियासत के मुगल साम्राज्य मे मिला लिए जाने पर यह नगर भी इस साम्राज्य का एक अग बन गया। इसी समय रायचूर के किले मे मुगल सेनाओ का शिविर बनाया गया था। किले के पश्चिमी दरवाजे के पास ही एक सुदर भवन के अवशेष हैं। किला दो प्राचीरो से घिरा हुआ है। भीतरी प्राचीर और उसके प्रवेश द्वार इब्राहीम आदिलशाह ने 1549 ई० के लगभग बनवाए थे। प्राचीरो के तीन ओर एक गहरी खाई है और दक्षिण की ओर एक पहाडी। ये दीवारें बारह फुट लबे और तीन फुट मोटे प्रस्तर खडो से बनी हैं। ये पत्थर बिना चूने या मसाले के परस्पर जुडे हुए हैं। रायचूर की जामा-मसजिद 1618 ई० मे बनी थी। एक-मीनार नाम की मसजिद महमूदशाह बहमनी के काल (919 हिजरी) मे बनी थी। यह सूचना एक फारसी अभिलेख से प्राप्त होती है जो इसकी देहली पर खुदा हुआ है। मसजिद मे केवल एक ही मीनार है जिसकी ऊचाई 65 फुट है। यह मसजिद के दक्षिण पूर्वी कोने मे स्थित है। इसमे दो मजिलें है। मीनार ऊपर की ओर पतली है और शीर्ष पर बहमनी शैली के गुबद से ढकी हुई है। इस मसजिद के पास फतीमशाह की मसजिद तथा एक दरवाजा है। अन्य दरवाजो मे नौरगी दरवाजा हिंदूकालीन जान पडता है। इसके एक बुर्ज पर एक नाग-राजा की मूर्ति है जिसके सिर पर पचमुखी सर्प का मुकुट है।

रायपुर (म० प्र०)

छत्तीसगढ (प्राचीन दक्षिण कोसल) के क्षेत्र का मुख्य नगर है। इसकी

स्थापना संभवत 14वीं शती के अंतिम चरण में हुई थी। खलारी के कल्चुरि-नरेश राजा सिंहा ने प्रथम बार यहां अपनी राजधानी बनाई। रायपुर में एक मध्ययुगीन दुर्ग भी है जिसके अंदर कई प्राचीन मंदिर हैं। यहां का सर्वश्रेष्ठ मंदिर दूधाधारी महाराज के नाम से प्रसिद्ध है। इसमें बहुत से भाग श्रीपुर या सिरपुर के कलावशेषों से निर्मित किए गए हैं। इनमें मुख्य पत्थर के स्तंभ हैं जिन पर हिंदू देवी-देवताओं की अनेक मूर्तियां खुदी हुई हैं। मंदिर के शिखर के निचले भाग में रामायण की कथा के कुछ सुंदर दृश्य उत्कीर्ण हैं जो अधिक प्राचीन नहीं हैं। प्रदक्षिणापथ के गवाक्ष में नृसिंहावतार की मूर्ति तथा अन्य मूर्तियां स्थापित हैं। ये सिरपुर से लाई गई थीं। ये उच्चकोटि की मूर्तिकला के उदाहरण हैं। इस मंदिर तथा संलग्न मठ का निर्माण दूधाधारी महाराज द्वारा भोंसले राजाओं के समय में किया गया था। इससे पहले छत्तीसगढ़ में तांत्रिक संप्रदाय का बहुत जोर था। दूधाधारी महाराज ने प्रांत की नवीन सांस्कृतिक चेतना के उद्बोधन में प्रमुख भाग लिया और तांत्रिक संप्रदाय की भ्रष्ट परंपराओं को वैष्णव मत की सुरुचि-संपन्न मान्यताओं द्वारा परिष्कृत करने में महत्वपूर्ण योग दिया था। रायपुर से राजा महाशिवदेवराज का सरभपुर नामक ग्राम से प्रचलित किया गया एक ताम्रदानपट्ट प्राप्त हुआ है जिसके अभिलेख से यह गुप्तकालीन सिद्ध होता है। इसमें सौरेवराज द्वारा पूर्वराष्ट्र में स्थित श्रीसाहित नामक ग्राम को दो ब्राह्मणों को दान में दिए जाने का उल्लेख है।

(2) (जिला सुल्तानपुर, उ० प्र०) अमेठी के पास स्थित इस ग्राम में अनेक बौद्धकालीन अवशेष प्राप्त हुए हैं।

रायलसीमा (आ० प्र०)

यहां स्थित लेपाक्षी का मंदिर वास्तुसौंदर्य तथा भित्तिचित्रों के लिए उल्लेखनीय है।

रायसेन=राजसेन (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

मालव क्षेत्र में स्थित मध्यकालीन नगर। बाबर के समय में यहां का राजा शीलादित्य था जो ग्वालियर के विक्रमादित्य, चित्तौड़ के राणासांगा, चंदेरी के मेदिनीराय तथा अन्य राजपूत नरेशों के साथ कनवा के युद्ध में बाबर से लड़ा था (1527 ई०)। टाड ने अपने 'राजस्थान' में लिखा है कि शीलादित्य राणासांगा से विश्वासघात करके बाबर से मिल गया था। 1543 ई० में रायसेन के दुर्ग पर शेरशाह ने आक्रमण किया। उसने इस किले पर अधिकार तो कर लिया किंतु इसके बाद विश्वासघात करके उसने उन

दुर्गस्थ राजपूतों को मरवा डाला जिनकी रक्षा का वचन उसने पहले दिया था। इस बात से राजपूत शेरशाह के पक्के शत्रु बन गये और कालिंजर के युद्ध में उन्होंने शेरशाह का डटकर सामना किया।

रावणहृद

मानसरोवर (तिब्बत) के निकट पश्चिम की ओर एक झील जिससे सतलज नदी निकलती है।

रावतपुर (जिला हमीरपुर, उ०प्र०)

मध्यकाल के चन्देल-नरेशों के समय के ध्वंसावशेष इस स्थान पर पाये गए हैं।

रावल (जिला मथुरा, उ०प्र०)

यमुना तट के समीप छोटा-सा ग्राम है जिसे श्रीकृष्ण की प्रेयसी राधा की जन्मभूमि माना जाता है किंतु परंपरागत अनुश्रुति में बरसाना को ही यह गौरव प्राप्त है।

रावली (जिला बिजनौर, उ०प्र०)

मालिनी और गंगा का संगम-स्थान जो बिजनौर नगर से 6 मील उत्तर-पश्चिम की ओर स्थित है। मालिनी नदी के तट पर कालिदास के अभिज्ञान-शाकुंतल में वर्णित कण्वाश्रम की स्थिति थी—(दे० मंडावर)। स्थानीय जन-श्रुति में कहा जाता है कि यह आश्रम रावलीघाट के समीप ही स्थित था। (दे० मालिनी)

रावी

पंजाब की प्रसिद्ध नदी—प्राचीन इरावती। (दे० इरावती)

राहतगढ़ (जिला सागर, म०प्र०)

गढमंडला नरेश संग्राम शाह (मृत्यु 1541 ई०) के बावनगढ़ों में से एक। अकबर ने गढ़मंडला की रानी वीरांगना दुर्गावती के निधन के पश्चात् उसके पुत्र वीरनारायण के उत्तराधिकारी चंद्रशाह को गोंडवाना का राजा बनाने के पश्चात् जो किले ले लिये थे उनमें से यह भी था।

राहिब

महमूद गजनी के इतिहासकारों ने रामगंगा नदी को राहिब लिखा है। कन्नौज के राजा त्रिलोचनपाल और महमूद गजनी में परस्पर युद्ध 1019 ई० में रामगंगा के तट पर ही हुआ था। उस समय त्रिलोचनपाल कन्नौज के निकट बारी नामक स्थान पर रहता था।

रिठपुर (म०प्र०)

इस स्थान पर गुप्त-सम्राट् समुद्रगुप्त का एक अभिलेख प्राप्त हुआ था जिसमें समुद्रगुप्त के लिए प्रयुक्त 'तत्पादपरिगृहीत' शब्दों से ज्ञात होता है कि उसके पिता चंद्रगुप्त प्रथम ने समुद्रगुप्त की योग्यता को जानते हुए ही उसे अपने राज्य का उत्तराधिकारी चुना था।

रीवां (म० प्र०)

प्राचीन नाम बांधवगढ़ है। यहां बुंदेला क्षत्रियों का राज्य था।

रुचक

विष्णुपुराण 2, 2, 27 के अनुसार मेरुपर्वत के दक्षिण में स्थित एक पर्वत—'त्रिकूटः शिशिरश्चैव पतंगो रुचकस्तथा निषदाद्यादक्षिणतस्तस्य केसर-पर्वताः'।

रुद्रपुर (जिला गोरखपुर, उ० प्र०)

गौरी बाजार रेलवे स्टेशन से प्रायः 10 मील दक्षिण की ओर इस छोटे-से कस्बे के पास सहनकोट नामक एक जीर्ण-शीर्ण दुर्ग स्थित है। इस स्थान का वर्णन चीनी यात्री युवानच्वांग ने अपने यात्रावृत्त में किया है। इसकी यात्रा के समय 630-645 ई० है। इस स्थान पर एक बड़ा नगर बसा हुआ था। यहां एक धनी ब्राह्मण रहता था जो परम धार्मिक तथा धनवान् था। इसने भिक्षुओं के स्वागत के लिए एक विशाल मंदिर बनवाया था। युवानच्वांग इस स्थान पर कुशीनगर से बनारस जाते समय आया था। किले के पूर्व में दूधनाथ का मंदिर है। कुछ दूर पर एक वृक्ष के नीचे 11 फुट ऊंची विष्णु की मूर्ति स्थापित है। रुद्रपुर के चारों ओर हिंदू नरेशों के समय के अनेक मंदिर हैं।

रुद्रप्रयाग = रुद्रावर्त (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

महाभारत वन० में तीर्थ-वर्णन के प्रसंग में उल्लिखित है—'रुद्रावर्तं ततो गच्छेत् तीर्थसेवी नराधिप, तत्रस्नात्वा नरो राजन् स्वर्गलोके च गच्छति'—वन० 84, 37। रुद्रप्रयाग में मंदाकिनी [(दे० मंदाकिनी 3)] और गंगा की मुख्य धारा अलकनंदा का संगम है। गढ़वाल में नदियों के संगम-स्थानों को बहुधा प्रयाग नाम से अभिहित किया गया है—यथा देवप्रयाग, कर्ण-प्रयाग, आदि।

रुद्रावर्त दे० रुद्रप्रयाग

रुनकुता (जिला मथुरा, उ० प्र०)

मथुरा-आगरा मार्ग पर मथुरा से 10 मील पर स्थित छोटा-सा ग्राम है। इसका प्राचीन नाम रेणुका क्षेत्र कहा जाता है। किंवदंती है कि यहां महर्षि

जमदग्नि का आश्रम स्थित था। एक ऊंचे टीले पर जमदग्नि और उनकी पत्नी रेणुका का मंदिर है। नीचे उनके पुत्र परशुराम के नाम पर प्रसिद्ध दूसरा मंदिर है। (रेणुका के नाम से संबद्ध अन्य स्थान के लिए दे० चद्रवट)। जनश्रुति है कि महाकवि सूरदास का जन्म इसी स्थान पर हुआ था। ये मुगल सम्राट अकबर के समकालीन थे। परासोली नाम के ग्राम में सूरदास का निवास स्थान बताया जाता है। रुनुकता में यमुना पूर्व दिशा की ओर बहते-बहते एकाएक घूमकर कुछ दूर तक पश्चिम की ओर बहती है। (टि० सीही नामक ग्राम को भी सूरदास का जन्मस्थान माना जाता है।)

रुमा

सांभर झील (जिला अजमेर, राजस्थान) के निकटवर्ती क्षेत्र का नाम। रुमा झील से मिलने वाले नमक को सुश्रुत आदि वैद्यक ग्रंथों में रोमक कहा गया है।

रुम्मिनीदेई दे० लुम्बिनीग्राम

रुहेलखंड (उ० प्र०)

अफगानिस्तान के निवासी रुहेलों के नाम से प्रसिद्ध इलाका जिसमें बिजनौर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर आदि जिले शामिल हैं। रुहेलों का राज्य इस क्षेत्र में 18वीं शती में था किंतु 1764 ई० में मीरनपुर कटरा के युद्ध में रुहेले, नवाब अवध और अंग्रेजों की संयुक्त सेनाओं से परास्त हो गए और उनके राज्य की इतिश्री हुई। रुहेलखंड के इलाके को प्राचीन समय में कटेहर कहते थे। कुछ विद्वानों का मत है कि महाभारत सभा० 27, 17 में वर्णित रोह या रोह (=रोहित) नामक प्रदेश ही प्राचीनकाल में रुहेलों का मूल निवास स्थान था और उनका नाम इसी प्रदेश में रहने के कारण रोहेला या रुहेला हुआ था। रोह वर्तमान काफिरिस्तान का ही प्राचीन नाम था। (दे० रोह)

रूपनगर (राजस्थान)

औरंगजेब के समय में रूपनगर की रियासत में विक्रम सोलंकी का राज्य था। इसकी पुत्री चंचलाकुमारी ने मुगल सम्राट् की मानहानि की थी जिसके दंडस्वरूप औरंगजेब ने रूपनगर पर आक्रमण किया। आड़े समय पर उदयपुर के महाराणा राजसिंह ने रूपनगर की सहायता की और मुगल सेना को पराजित होकर पीछे लौटना पड़ा। युद्ध के पश्चात् चंचला और राजसिंह का विवाह हो गया।

रूपनाथ (जिला जबलपुर, म०प्र०)

स्लीमनाबाद से 14 मील पश्चिम की ओर एक छोटा-सा रमणीक स्थान है। रूपनाथ शिव का प्राचीन मंदिर यहां स्थित है। अशोक का लघु शिलालेख सं० 1 यहां एक चट्टान पर उत्कीर्ण है जिसका संस्कृत रूपांतर निम्नलिखित है— 'देवानां प्रियः एवं आह सातिरेकाणि सार्धद्वयानि वर्षाणि अस्मि अहं श्रावकः न तु बाढं प्रक्रान्तः, सातिरेकः तु संवत्सरः यत् अस्मि संघं उपेतः, बाढं तु प्रक्रान्तः। ये अमुष्मिन् कालाय जम्बूद्वीपे अमृषादेवा अभूवन् ते इदानीं मृषा कृताः। प्रक्रमस्य हि इदं फलम्। न तु इदं महत्तया प्राप्तव्यम्। क्षुद्रकेण हि केनापि प्रक्रममाणेन शक्यः विपुलोऽपि स्वर्गः आराधयितुम्, एतस्मै अर्थाय च श्रावणं कृतं क्षुद्रकाः च उदाराः च प्रक्रमन्ताम् इति। अन्ताः अपि च जानन्तु अयं प्रक्रमः किमिति चिरस्थितिकः स्यात्। अयं हि अर्थं वर्धिष्यते बाढं वर्धिष्यते। इमं च अर्थं पर्वतेषु लेखयत परत्र इह च। सति शिलास्तंभे शिलास्तंभे लेखितव्य। सर्वत्रविवासयितव्यमिति। व्युष्टेन श्रावणं कृतं 256 सत्त्वविवासात्।' जान पड़ता है कि अशोक के समय में यह स्थान तीर्थरूप में मान्य था।

रूपनारायण

प्राचीन ताम्रलिप्ति या वर्तमान तामलुक के निकट बहने वाली नदी। प्राचीनकाल में ताम्रलिप्ति बंगाल की खाड़ी पर बसा हुआ एक बंदरगाह था किंतु अब यह स्थान समुद्र-तट से प्रायः 60 मील दूर है। रूपनारायण नदी गंगा में मिलती है। तामलुक दोनों नदियों के संगम के निकट स्थित है।

रूपवाहिक, रूपवाहिन

महाभारत में वर्णित एक जनपद जो चि० वि० वैद्य के मत में वर्तमान महाराष्ट्र का एक भाग था—'कुलत्थोऽवत्यश्चैव तथैवापरकुन्तय, गोमन्ता मन्दका सण्डा विदर्भा रूपवाहिका' भीष्म 9, 43।

रूपालनगर=रूपावटी

रूपावटी=रूपालनगर (गुजरात)

पश्चिम रेलवे के मोर्नपुर रूपाल स्टेशन से रूपावटी—वर्तमान रूपाल-नगर—केवल दो मील दूर है। स्थानीय किंवदंती है कि श्रीराम तथा पांडव अपने वनवासकाल में कुछ दिनों तक यहां रहे थे।

रेढ़ (जिला टोंक, राजस्थान)

नवाई स्टेशन से 15 मील दक्षिण पूर्व में स्थित है। बनास की एक उपनदी इस ग्राम के निकट बहती है। यहां आहत टंक मुद्राओं (Punchmarked Coins)

सहित एक मृद्भाड प्राप्त हुआ था जिसमे माला के दाने, शख, हाथीदांत और कांचे आदि की वस्तुएं भी रखी थीं। सिक्कों से अलक्षेंद्र (सिकंदर) की लौटती हुई सेना के विरुद्ध युद्ध करने वाले एक राजवश के अस्तित्व के बारे मे सूचना मिलती है।

रेणु

रेहद नदी का प्राचीन नाम।

रेणुका

(1) (जिला सिरमूर, हिमाचल प्रदेश) पुराण प्रसिद्ध परशुराम की माता रेणुका से इस स्थान का सबध बताया जाता है।

(2) (जिला आगरा, उ० प्र०) आगरा से 12 मील पश्चिम की ओर परशुराम की माता के नाम से यह स्थान प्रसिद्ध है। रेणुका यमुना-तट पर बसा हुआ बहुत प्राचीन स्थान है जैसा कि यहां के अनेक मदिरो के ध्वसावशेषों से प्रमाणित होता है। (दे० रुनकता)

रेणुकागिरि (राजस्थान)

इसे रैनागिरि भी कहते हैं। यह स्थान अलवर-रिवाड़ी रेलपथ पर खैरथल स्टेशन से पांच मील दूर है। कहा जाता है कि इस स्थान का सबध परशुराम की माता रेणुका से है। यहां बेनामी पथ के प्रवर्तक सीतलदास की समाधि भी है।

रेणुकाद्रि=दे० सौंदत्ती।

रेमुणा (बगाल)

बालासोर से 6 मील सप्तशरा नदी के तट पर स्थित है। कहते हैं कि पुरी जाते समय श्री चैतन्य इस स्थान पर ठहरे थे। यहां लांगुला नरसिंहदेव ने गोपीनाथ का भव्य मदिर बनवाया था।

रेवा

नर्मदा का एक नाम। रेवा का शाब्दिक अर्थ उछलने कूदने वाली (नदी) है जो मूलत इसके पार्वतीय प्रदेश मे बहनेवाले भाग का नाम है। (रेव् धातु का अर्थ उछलना कूदना है)। नर्मदा का अर्थ नर्म अथवा सुख प्रदायिनी है। वास्तव मे नर्मदा नाम इस नदी के उस भाग का निर्देश करता है जो मैदान में प्रवाहित है। नर्मदा के अन्य नाम सोमोद्भवा (सोमपर्वत से निस्सृत) और मेकलकन्या (मेकलपर्वत से निकलने वाली) भी हैं—'रेवा तु नर्मदा सोमोद्भवामेकलकन्यका'—अमरकोश। मेघदूत, (पूर्वमेघ,२०) मे कालिदास ने रेवा का सुदर वर्णन किया है—'स्थित्वा तस्मिन् वनचरवधूभुक्तकुंजे मुहूर्तम्,

तोयोत्सर्गद्रुततरगतिस्तत्परं वर्त्मतीर्णः, रेवां द्रक्ष्यस्युपलविषमे विन्ध्यपादे विशीर्णां, भक्तिच्छेदैरिव विरचितां भूतिमंगे गजस्य'। रामटेक को मेघ का प्रस्थानबिंदु मानते हुए मेघ के यात्रा-क्रम से सूचित होता है कि उपर्युक्त छंद में जिस स्थान पर रेवा का वर्णन है वह वर्तमान होशंगाबाद (म० प्र०) के निकट रहा होगा। अमरकोश के उपर्युक्त उद्धरण से तथा मेघदूत के उल्लेखों से ज्ञात होता है कि नर्मदा और रेवा दोनों ही नाम काफी प्राचीन हैं। श्रीमद्-भागवत 5,19,18 में रेवा और नर्मदा दोनों का नाम एक ही स्थान पर उल्लिखित है। इसका समाधान इस तथ्य से हो जाता है कि कहीं-कहीं प्राचीन संस्कृत साहित्य में रेवा इस नदी के पूर्वी अथवा पर्वतीय भाग को और नर्मदा पश्चिमी अथवा मैदानी भाग को कहा गया है (दे० नर्मदा)। भागवत के उपर्युक्त उद्धरण से भी इस बात की पुष्टि होती है। प्राचीन काल की प्रसिद्ध नगरी माहिष्मती रेवा के तट पर बसी हुई थी जैसा कि रघुवंश 6,43 से स्पष्ट है। (दे० माहिष्मती)

रेवासर दे० रवाल्सर

रेहद (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

यह नदी विन्ध्याचल से निकलकर सोन में गिरती है। इसका प्राचीन नाम रेणु कहा जाता है।

रेहली (जिला सागर, म० प्र०)

गढ़मंडला नरेश संग्रामसिंह (मृत्यु 1540 ई०) के 52 गढ़ों में से एक की स्थिति रेहली में बताई जाती है। संग्रामसिंह के पुत्र दलपतशाह से वीरांगना दुर्गावती का विवाह हुआ था।

रैहिक

इस देश का उल्लेख कविवर दंडी रचित दशकुमारचरित के 8वें उच्छ्वास में है। रैहिक नरेश ने विदर्भराज के विरुद्ध विद्रोह किया था। प्रसंगानुसार जान पड़ता है कि यह देश मैसूर और नासिक या पश्चिम-दक्षिणी महाराष्ट्र के बीच में कोई छोटा जनपद होगा।

रैवागिरि दे० रेणुकागिरि

रैभ्याश्रम

हरद्वार के निकट कुब्जाम्र। रैभ्य ऋषि का आश्रम इसी स्थान पर था।

रैरि (महाराष्ट्र)

17वीं सदी में रैरि का किला बीजापुर रियासत के अधीन था। महाराष्ट्र-केसरी शिवाजी ने बीजापुर से इसे छीनकर यहाँ अपना अधिकार कर लिया

था। यह उत्तर महाल के उन नौ किलों में से था जिन पर शिवाजी ने अपना अधिकार स्थापित किया था।

रैवतक

(1) द्वारका (प्राचीन कुशस्थली) के पूर्व की ओर स्थित पर्वत जिसका उल्लेख महाभारत सभा० अध्याय 38 दाक्षिणात्य पाठ के अंतर्गत (तथा अन्य स्थानों पर भी) है—'भाति रैवतकः शैलो रम्यसानुर्महाजिरः, पूर्वस्यांदिशि रम्यायां द्वारकायां विभूषणम्'। इसके पास पांचजन्य तथा सर्वर्तुक नामक उद्यानवन सुशोभित थे जो रंगबिरंगे फूलों से चित्रित वस्त्र की भांति सुंदर दीखते थे— चित्रकम्बलवर्णाभं पांचजन्यवनं तथा सर्वर्तुकवनं चैव भाति रैवतकं प्रति', 'कुशस्थली पुरीरम्या रैवतेनोपशोभिताम्,' महा० सभा० 14,50। सौराष्ट्र-काठियावाड का गिरनार नामक पर्वत ही महाभारत का रैवतक है। महाभारत और हरिवंशपुराण से विदित होता है कि रैवतक के निकट यादवों की बस्ती थी और यह लोग प्रतिवर्ष संभवतः कार्तिकमास में धूमधाम से रैवतकमह नामक उत्सव मनाते थे जिसमें रैवतकपर्वत की प्रायः 25 मील की परिक्रमा की जाती थी। जैन ग्रंथ अंतकृत दशांग में रैवतक को द्वारवती के उत्तरपूर्व में स्थित माना गया है तथा पर्वत के शिखर पर नंदनवन नामक एक उद्यान की स्थिति बताई गई है। विष्णुपुराण 4।1।64 के अनुसार आनर्त का पुत्र रैवत नामक राजा था जिसने कुशस्थली (द्वारका का पूर्व नाम) में रह कर राज्य किया था, 'आनर्तस्यापि रैवतनामा पुत्रो जज्ञे योसावानर्तविषय बुभुजे पुरी च कुशस्थलीमध्युवास'। इसी रैवत के नाम पर रैवतक-पर्वत प्रसिद्ध हुआ था। रैवत की पुत्री रेवती, कृष्ण के भाई बलराम को ब्याही थी (दे० कुशस्थली)। रैवतक का नामोल्लेख श्रीमद्भागवत में भी है, 'द्रोणश्चित्रकूटो गोवर्धनो रैवतकः ककुभो नीलो गोकामुख इंद्रकील.'। महाकवि माघ ने शिशुपालवध 4,7 में रैवतक का सविस्तार काव्यमय वर्णन किया है। कवि ने रैवतक की क्षण-क्षण में नवीन होने वाली सुंदरता का कितना भावमय वर्णन किया है—'दृष्टोपि शैलः स मुहुर्मुरारेरपूर्ववद् विस्मयमाततान, क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः.' अर्थात् यद्यपि कृष्ण ने रैवतक को कई बार देखा था किंतु इस बार भी पहले कभी न देखे हुए के समान उसने उनका विस्मय बढ़ाया क्योंकि रमणीयता का सच्चा स्वरूप यही है कि वह क्षण-क्षण में नई ही जान पड़ती है।

जैन-ग्रंथ विविध तीर्थ कल्प में रैवतक तीर्थरूप में वर्णित है। यहां 22 वें तीर्थंकर नेमिनाथ ने छत्र-शिला नामक स्थान के पास दीक्षा ली थी। यहीं

अवलोकन नाम के शिखर पर उन्हें कैवल्य-ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इस स्थान पर कृष्ण ने सिद्ध विनायक मंदिर की स्थापना की थी। काल-मेघ, मेघनाद, गिरिविदारण, कपाट, सिंहनाद, खोडिक और रेवया नामक सात क्षेत्रपालों का यहीं जन्म हुआ था।

इस पर्वत में 24 पवित्र गुफाएं हैं जिनका जैन सिद्धों से संबंध रहा है। रैवतक का दूसरा नाम गिरनार भी है। रैवताद्रि का जैनस्तोत्र श्री तीर्थमाला-चैत्यवंदनम में भी उल्लेख है, 'श्री शत्रुंजय रैवताद्रि शिखरे द्वीपे भृगौ पत्तन'।

(2) विष्णुपुराण 2-4 62 के अनुसार शाकद्वीप का एक पर्वत, 'पूर्वस्तत्रो-दयगिरिर्जलाधारस्तथापर तथा रैवतक श्यामस्तथैवास्तगिरिर्द्विज'।

रैवतोद्यान

रैवतक पर्वत के निकट एक उद्यान जो द्वारका के पास स्थित था 'एकदा रैवतोद्याने पपौ पानं हलायुध' विष्णु 5-36,11।

रोग्गनगर

सिंहलद्वीप के प्राचीन इतिहास दीपवंश के अनुसार एक भारतीय नगर जहां के अंतिम राजा महिंद का नाम दीपवंश 3-14 में दी हुई वंशावलि में है।

रोणी

पाणिनि 4 2 78। यह स्थान जिला हिसार का रोड़ी हो सकता है।

रोदा (जिला साबरकंठ, गुजरात)

10वीं शती ई० के एक मंदिर के अवशेष इस स्थान से सन् 1955 के प्रारंभ में प्राप्त हुए थे। यह मंदिर गुजरात के मध्यकालीन मंदिरों के अनुरूप ही जान पड़ता है।

रोधस्वती

श्रीमद्भागवत 5-19-18 में उल्लिखित नदी, 'गोमती सरयू रोधस्वती सप्तवती' सूची में स्थिति के अनुसार यह सरयू की निकटवर्तिनी कोई नदी जान पड़ती है। संभव है यह राप्ती हो।

रोम, रोमक (दे० रोमा)

रोमा

'अंताखीं चैव रोमां च यवनानां पुरं तथा, दूतैरेव वशेचक्रे करं चैनानदापयत्' महा० सभा० 31-72। सहदेव ने रोम, अंतियोकस, तथा यवनपुर (मिस्र में स्थित एलेक्जेंड्रिया) नगरों को अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में जीत कर इन पर कर लगाया था। रोम अवश्य ही रोमा का रूपांतर है। (श्लोक के

पाठांतर के लिए दे० अताखी)। रोम-निवासियों का वर्णन सभा 51-17 में, युधिष्ठिर के राजसूययज्ञ में उपहार लेकर आने वाले विदेशियों के साथ भी किया गया है—'द्वयक्षास्त्र्यक्षाललाटाक्षान् नानादिग्भ्य' समागतान् औष्णीकानन्तवासाश्च रोमकान् पुरुषादकान्'।

रोयलेश्वर=रवालसर=रोरुक।

रोरी

सक्खर (सिंध, पाकि०) से छः मील दूर। बुद्धकाल (6ठी शती ई० पू०) में रोरी का प्रदेश सौवीर या दक्षिण सिंधुदेश के अन्तर्गत था। दिव्यावदान (पृ० 545) में रोरी या रोरुक के राजा रुद्रायण का उल्लेख है। इस नगर का नामांतर अलोर या अरोर है। यहाँ मुहम्मद बिन कासिम के भारत-आक्रमण के समय भूपियों का राज्य था। (दे० अलोर)

रोरुक=रोरी

रोह=सोह

रोहण (लंका)

महावंश 22,6,23,13 में उल्लिखित लंका का दक्षिणी और दक्षिणी पूर्वी भाग। हुवाचकण्णिका इसी का एक भाग था। यहीं चूलनाग पर्वत नामक बौद्ध-विहार स्थित था (महावंश, 34-90)।

रोहणखेड़ (बरार, महाराष्ट्र)

खामगांव से 8 मील पर स्थित है। राष्ट्रकूट नरेशों के समय में यह प्रख्यात नगर था। यहाँ प्राचीन मंदिरों के ध्वंसावशेष अब भी देखे जा सकते हैं। इन मंदिरों में शिव का मंदिर प्रमुख है। इसकी छत सपाट, स्तंभ चतुष्कोण और षट्कोण और गर्भगृह पर्याप्त विस्तीर्ण है। तोरण पर बेलबूटों की नक्काशी बड़ी मनोहर है। मंदिर के निकट एक चट्टान पर एक भग्न अभिलेख है जिसमें केवल 'तदन्वये भूपतिः कूट.' शब्द शेष हैं। इससे प्रकट होता है कि यह मंदिर राष्ट्रकूटों के समय का है। एलौरा का प्रसिद्ध कैलाश-मंदिर जो राष्ट्रकूटों के समय में बना था, रोहणखेड के मंदिर से मिलता जुलता है। इस मंदिर के पाषाणों को सुदृढ़ रूप से जोड़ने के लिए उनके बीच-बीच में तांबे की शलाकाएं जड़ी हुई हैं। बरामदे में शेषशायी विष्णु की मूर्ति अंकित है जो कला की दृष्टि से बहुत सुन्दर है। रोहणखेड के खंडहरों से मध्यकालीन जैन मूर्तियों के भी खंडित अवशेष प्राप्त हुए हैं। अपभ्रंश भाषा के कवि पुष्पदंत इसी स्थान के निवासी कहे जाते हैं। कुछ विद्वानों का मत है कि यही पुष्पदंत, महिम्नस्तोत्र के रचयिता थे।

रोहतक=रोहितक=रोहीतक (हरयाणा)

दक्षिण पंजाब का यह अति प्राचीन नगर है। इसका उल्लेख महा० सभा० 32, 4 5 में इस प्रकार है (प्रसंग नकुल की पश्चिम दिशा की दिग्विजय का है)—"ततो बहुधन रम्य गवाढ्य धनधान्यवत्, कार्तिकेयस्य दयित रोहीतकमुपाद्रवत्, तत्र युद्ध महच्चासीच्छूरैर्मत्तमयूरकै'। इस प्रदेश को यहां बहुत उपजाऊ बताया गया है तथा इसमे मत्तमयूरकों का निवास बताया गया है जिनके इष्टदेव स्वामी कार्तिकेय थे (मयूर, कार्तिकेय का वाहन माना जाता है)। इसी प्रसंग मे इसके पश्चात् ही शैरीषक (वर्तमान सिरसा) का उल्लेख है (दे० शैरीषक)। उद्योग० 19, 30, में भी रोहितक को कुरुदेश के सन्निकट बताया गया है—दुर्योधन के सहायतार्थ जो सेनाएं आई थीं वे रोहतक के पास भी ठहरी थी—'तथा रोहिताकारण्य मरुभूमिश्च केवला, अहिच्छत्र कालकूट गंगाकूल च भारत'। रोहतक के पास उस समय वन प्रदेश रहा होगा जिसे यहां रोहिताकारण्य कहा गया है। कर्ण ने भी रोहितक निवासियों को जीता था 'मद्रान् रोहितकाश्चैव आग्रेयान् मालवानपि,' वन० 254, 20। प्राचीन नगर की स्थिति वर्तमान खोखराकोट के पास कही जाती है।

रोहतासगढ़ (बिहार)

सहसराम के निकट, कैमूर पहाड़ पर और सोन नदी के तट पर यह प्राचीन ग्राम है, जो अपने दुर्ग के लिए प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि यह स्थान महाराज हरिश्चन्द्र के पुत्र रोहिताश्व के नाम पर प्रसिद्ध हुआ था। प्राचीनकाल में इनका एक मंदिर भी यहां स्थित था जिसे औरंगजेब के शासन काल में तुड़वा दिया गया था। रोहतासगढ़ से बंगाल के महासामंत शशांकदेव (7वीं शती ई०; ये महाराज हर्ष के समकालीन थे तथा इन्होंने हर्ष के भाई राज्यवर्धन का युद्ध मे वध किया था) का एक अभिलेख प्राप्त हुआ था। मुसलमानों के समय मे यह नगर बंगाल का दूसरा नाका समझा जाता था (पहला नाका चुनार मे था)। रोहतासगढ़ कुछ काल तक शेरशाह के अधिकार मे रहा था। राजा मानसिंह ने 1597 ई० में किले की मरम्मत करवाई थी। इस समय वे बंगाल-बिहार के सूबेदार थे। मानसिंह का अभिलेख किले के अन्दर पाया गया है। (दे० जर्नल ऑव एशियाटिक सोसायटी ऑव बंगाल 1839, पृ० 354, 693)

रोहि=मही (2)

रोहिणी (उ० प्र०)

पूर्वी उत्तर- प्रदेश में बहने वाली राप्ती की छोटी सहायक नदी। कुणाल-

जातक के अनुसार बुद्धकाल में शाक्यवंशीय तथा कोलिय वंशीय क्षत्रियों के राज्यों के बीच की सीमा रोहिणी नदी ही बनाती थी। दोनों राज्यों के खेतों की सिंचाई रोहिणी नदी के बांध से की जाती थी। एक बार 'ज्येष्ठमूल' मास में पानी की कमी के कारण, दोनों ओर के ग्रामवासियों में परस्पर काफी झगड़ा हुआ था जिसमें कोलियों ने शाक्यों पर यह दोषारोपण किया था कि उनके यहां राज्य परिवार में भाई-बहिनों में परस्पर विवाह संबंध होता है।

रोहित

(1) विष्णुपुराण 2, 4, 29 के अनुसार शाल्मलद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा वपुष्मान् के पुत्र रोहित के नाम पर प्रसिद्ध हुआ था।

(2)=रोह, लोह।

(3)=रोहतासगढ़।

रोहितक दे० रोहतक

रोहिता

जैन ग्रंथ जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति के अनुसार हिमालय की पद्महृद झील से निकलने वाली एक नदी। इसके अतिरिक्त इस झील से निकलने वाली अन्य नदियों में गंगा, सिंधु और हरिकांता की गणना की गई है।

रोहितानकोसुरी

जैन ग्रंथ जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति 4, 80 में उल्लिखित महाहिमवत का एक शिखर।

रोहिननाला (बिहार)

उरैन, जिला मुंगेर से पांच मील उत्तर-पश्चिम में स्थित वर्तमान रेहुआ नाला। यह युवानच्वांग का लो-इन नी-लो है। यहां बौद्धकाल के अनेक अवशेष हैं।

रोहिला (जिला हमीरपुर, उ० प्र०)

महोबा से दो मील दूर, इस नगर की स्थापना चंदेल राजा राहिल ने 10वीं शती ई० में की थी। यहां उसने एक सुन्दर मंदिर भी बनवाया था। मंदिर तो अब खंडहर बन गया है किंतु ग्राम प्राचीन नाम से अब भी विद्यमान है।

रोहीतक दे० रोहतक

रौप्यपीठपुर

उदीपी का प्राचीन नाम।

रोध्या

यमुना के निकट बहने वाली नदी—'एतच्चर्चीकपुत्रस्य धोमैश्चिरतो महीम् प्रसर्पेण महीपाल रोध्यायामभितोजस' महा० वन० 129,7 इस प्रसंग में यमुना का उल्लेख 129,2 में है—'अम्बरीषश्च नाभाग इष्टवान् यमुनामनु'। रोध्या पर स्थित उपर्युक्त स्थान (प्रस्रवण) अशुभ माना गया है तथा वहां एक रात्रि से अधिक ठहरना भी अपवित्र कहा गया है। इसे कुरुक्षेत्र का द्वार बताया गया है— 'अद्यचात्र निवत्स्याम क्षपां भरतसत्तम, द्वारमेतत् तु कौंतेय कुरुक्षेत्रस्य भारत,' वन० 129, 11। इस नदी का अभिज्ञान अनिश्चित है।

लंका

रामायण-काल में रावण की राजधानी, जिसकी स्थिति वर्तमान सिंहल (सीलोन) या लंका द्वीप में मानी जाती है। भारत और लंका के बीच के समुद्र पर पुल बनाकर श्रीरामचंद्र अपनी सेना को लंका ले गए थे। वाल्मीकि-रामायण के अनुसार, भारत के दक्षिणतम भाग में स्थित महेंद्र नामक पर्वत से कूदकर हनुमान् समुद्रपार लंका पहुंचे थे। रामचंद्रजी की सेना ने लंका में पहुंच कर समुद्रतट के निकट सुवेल पर्वत पर पहला शिविर बनाया था। लंका और भारत के बीच के उथले समुद्र में जो जलमग्न पर्वत श्रेणी है उसके एक भाग को वाल्मीकि रामायण में मैनाक कहा गया है। लंका त्रिकूट नामक पर्वत पर स्थित थी। यह नगरी अपने ऐश्वर्य और वैभव की पराकाष्ठा के कारण स्वर्णमयी कही जाती थी। वाल्मीकि ने अरण्य० 55,7-9 और सुंदर० 2,48-50 में लंका का सुंदर वर्णन किया है—'प्रदोषकाले हनुमांस्तूर्णमुत्प्लुत्य वीर्यवान्, प्रविवेश पुरीं रम्यां प्रविभक्तां महापथाम्, प्रासादमालां विततां स्तंभैः काञ्चनसंनिभैः, शातकुंभनिभैर्जालैर्गंधर्वनगरोपमाम्, सप्तभौमाष्टभौमैश्च स ददर्श महापुरीम्, स्थलैः स्फटिकसंकीर्णैः कार्तस्वरविभूषितैः, तैस्ते शुशुभिरे तानि भवनान्यत्र रक्षसाम्।' सुंदरकांड 3 में भी इस रम्यनगरी का मनोहर वर्णन है, जिसका मुख्य भाग इस प्रकार है—'शारदाम्बुधरप्रख्यैर्भवनैरुपशोभिताम्, सागरोपम निर्घोषां सागरानिलसेविताम्। सुपुष्टबलसंगुप्तां यथैव विटपावतीम् चारुतोरणनिर्यूहां पाण्डुरद्वारतोरणाम्। भुजगाचरितां गुप्तां शुभां भोगवतीमिव, तां सविद्युद्घनाकीर्णां ज्योतिर्गणनिषेविताम्। चण्डमारुतनिर्ह्रादां यथा चाप्यमरावतीम्, शातकुंभेन महता प्राकारेणाभिसंवृताम् किंकिणीजालघोषाभिः पताकाभिरलंकृताम्, आसाद्य सहसा हृष्टः प्राकारमभिपेदिवान्। वैदूर्यकृतसोपानैः स्फटिक मुक्ताभिमंणिकुट्टिमभूषितैः तप्तहाटक निर्यूहैः राजतामलपाण्डुरैः, वैदूर्यकृतसोपानैः स्फटिकान्तरपांसुभिः, चारुसंजवनोपेतैः खमिवोत्पतितैः शुभैः, क्रौंचबर्हिणसंघुष्टैर्राजहंसनिषेवितैः,

दुर्याभरणनिर्घोषं. सर्वतः परिनादिताम्। वस्वोकसारप्रतिमा समीक्ष्य नगरी ततः, समिवोत्पतिता लंका जहर्ष हनुमान् कपिः', सुंदर० 3,2-3-4 5-6-7-8-9-10 11-12। हनुमान् ने सीता से अशोकवनिका में भेंट करने के उपरांत, लंका का एक भाग जलाकर भस्म कर दिया था। सुंदर० 54,8-9 और सुंदर० 14 में लंका के अनेक कृत्रिम वनों एवं तड़ागों का वर्णन है। राम ने रावण के वधोपरान्त लंका का राज्य विभीषण को दे दिया था। बौद्धकालीन लंका का इतिहास महावंश तथा दीपवंश नामक पाली ग्रंथों में प्राप्त होता है। अशोक के पुत्र महेंद्र तथा पुत्री संघमित्रा ने सर्वप्रथम लंका में बौद्ध मत का प्रचार किया था। (दे० सिंहल)

लंगूरगढ़ (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

लैंसडाऊन के पश्चिम में कुछ दूर पर स्थित है। यहां गढ़वाल की प्राचीन गढ़ी तथा कई राजप्रासाद स्थित थे जिनके खंडहर यहां आज भी देखे जा सकते हैं। प्राचीनकाल में यहां गढ़वाल का सेना का शिविर भी अवस्थित था। यहां की सेनाओं ने रुहेलों और गोरखों से कई बार वीरतापूर्ण मोर्चा लेकर गढ़वाल की रक्षा की थी।

लपती

'लपती गोमती चैव सध्या त्रिस्रोतसी तथा, एताश्चान्याश्च राजेन्द्र सुतीर्था लोकविश्रुताः' महा० सभा० 9,23। गोमती के निकट कोई नदी जिसका अभिज्ञान अनिश्चित है।

लंजिका (जिला भंडारा, म० प्र०)

यह स्थान कलचुरिनरेशों के समय के भग्नावशेषों के लिए उल्लेखनीय है।

लंपाक (अफगानिस्तान)

लंपाक का वर्तमान लमगान से अभिज्ञान किया गया है। हेमचंद्र के अभिज्ञान चिंतामणि नामक कोश के उल्लेख से प्रकट होता है कि लंपाक में मुरुंड या मुरु लोग बसते थे 'लंपाकास्तु मुरुंडास्यु'। युवानच्वांग ने अपनी भारत-यात्रा के दौरान में इस स्थान को देखा था। उन्होंने इस स्थान को कपीसीन से 100 मील पूर्व बताया है। (कपीसीन=कपिशा।)

लबन

विष्णुपुराण 2,4,36 के अनुसार कुशद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा ज्योतिष्मान् के पुत्र के नाम पर प्रसिद्ध था।

लकनावरम् (मुलुगतालुका, जिला वारंगल, आं० प्र०)

यह वारंगल नरेशों के समय में बनी हुई झील है जो रामप्पा के समान ही एक बृहत् सरोवर है। जैसे रामप्पा राम के नाम पर है वैसे ही यह लक्ष्मण के नाम पर प्रसिद्ध है। झील का जलसंग्रह-क्षेत्र 75 वर्गमील है। इसमें से तीन नहरें काटी गई थी जिनसे तेरह सहस्र एकड भूमि की सिंचाई हो सकती थी। इस झील का निर्माण तीन संकीर्ण घाटियों को बांध द्वारा रोक कर किया गया था।

लकहरपथरी (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

लहोरियादह नामक ग्राम के पास इस नाम की पहाडी के क्रोड में प्रागैतिहासिक गुफाएं अवस्थित हैं, जिनकी भित्तियों पर रंगीन चित्रकारी प्रदर्शित है। ये चित्र कई सहस्र वर्ष पूर्व इस क्षेत्र में बसने वाले आदिमानवों की कलाकृतिया हैं।

लक्कुंडी (मैसूर)

गदग स्टेशन से आठ मील पूर्व की ओर लोकोकंडी या प्राचीन लक्कुंडी की बस्ती है। यहा विश्वनाथ और मल्लिकार्जुन नामक शिवमंदिर स्थापत्य की दृष्टि से उच्चकोटि के माने जाते हैं। ये मंदिर बहुत प्राचीन हैं।

लक्षेट्टीपेट्ट (जिला आदिलाबाद, आं० प्र०)

इस स्थान पर 12वीं और 14 वीं शतियों की हिंदू सैनिक किलाबंदियों के अवशेष उल्लेखनीय हैं।

लक्ष्मणटीला दे० लखनऊ

लक्ष्मणतीर्थ (मद्रास)

रामेश्वरम् के मंदिर से लगभग 1 मील पश्चिम की ओर पावन के मार्ग के दक्षिण पार्श्व में लक्ष्मणकुंड नामक सरोवर है, जो लक्ष्मणतीर्थ कहलाता है। यहा रामेश्वरम् के नाम के अनुरूप ही लक्ष्मणेश्वर शिव का मंदिर है। किंवदंती है कि यहां लक्ष्मण ने रामचन्द्र जी के समान ही समुद्र पर सेतु बांधने से पहले शिव की आराधना की थी।

लक्ष्मणपुर दे० लखनऊ

लक्ष्मणवती दे० (1) लखनऊ (2) लखनौती

लक्ष्या

जिला ढाका (पूर्वी पाक०) की एक सुंदर नदी जो ब्रह्मपुत्र की प्राचीन धारा से निकलनेवाली तीन छोटी-छोटी नदियों से मिलकर बनी है।

लखनऊ (उ० प्र०)

गोमती-नदी के दक्षिणतट पर बसा हुआ रमणीक नगर है। स्थानीय जन-श्रुति के अनुसार इस नगर का प्राचीन नाम लक्ष्मणपुर या लक्ष्मणवती था और इसकी सस्थापना श्रीरामचद्रजी के अनुज लक्ष्मण ने की थी। श्रीराम की राजधानी अयोध्या लखनऊ के निकट ही स्थित है। नगर के पुराने भाग मे एक ऊचा ढूह है जिसे आज भी लक्ष्मणटीला कहा जाता है। हाल ही मे लक्ष्मणटीले की खुदाई मे वैदिककालीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। यही टीला जिस पर अब औरगजेब के समय मे बनी मसजिद है, यहा का प्राचीनतम स्थल है। इस स्थान पर लक्ष्मण जी का प्राचीन मदिर था जिसे इस धर्मांध सम्राट् ने काशी, मथुरा आदि के प्राचीन ऐतिहासिक मदिरो के समान ही तुड़वा डाला था। लखनऊ का प्राचीन इतिहास अप्राप्य है। इसकी विशेष उन्नति का इतिहास मध्ययुग के पश्चात ही प्रारम्भ हुआ जान पड़ता है क्योकि हिंदू काल मे, अयोध्या की विशेष महत्ता के कारण लखनऊ प्राय अज्ञात ही रहा। सर्वप्रथम, मुगल सम्राट् अकबर के समय मे चौक मे स्थित अकबरी दरवाज का निर्माण हुआ था। जहांगीर और शाहजहा के जमाने मे भी इमारतें बनी, किंतु लखनऊ की वास्तविक उन्नति तो नवाबी काल मे ही हुई। मुहम्मदशाह के समय मे दिल्ली का मुगल साम्राज्य छिन्न-भिन्न होने लगा था। 1720 ई० मे अवध के सूबेदार सआदतखा ने लखनऊ मे स्वतन्त्र सल्तनत कायम करली और लखनऊ के शिया सप्रदाय के नवाबो की प्रख्यात परपरा का आरभ किया। उसके पश्चात् लखनऊ मे सफदरजग, शुजाउद्दौला, आसफुद्दौला, सआदतअली, गाजीउद्दीन हैदर, नसीरुद्दीन हैदर, मुहम्मद अली शाह और अत मे लोकप्रिय नवाब वाजिदअलीशाह ने क्रमशः शासन किया। नवाब आसफुद्दौला (1775-1797 ई०) के समय मे राजधानी फैजाबाद से लखनऊ लाई गई (1775 ई०)। आसफुद्दौला ने लखनऊ मे बड़ा इमामबाड़ा, विशाल रूमी दरवाजा और आसफी मसजिद नामक इमारतें बनवाई—इनमे अधिकाश इमारतें अकाल पीड़ितो को मजदूरी देने के लिए बनवाई गई थी। आसफुद्दौला को लखनऊ निवासी 'जिसे न दे मौला, उसे दे आसफुद्दौला' कहकर आज भी याद करते हैं। आसफुद्दौला के जमाने मे ही अन्य कई प्रसिद्ध भवन, बाजार तथा दरवाजे बने थे जिनमे प्रमुख ये है—दौलतखाना, रेजीडेंसी, बिबियापुर कोठी, चौक बाजार आदि। आसफुद्दौला के उत्तराधिकारी सआदत अलीखा (1798-1814 ई०) के शासनकाल मे दिलकुशामहल, बेली गारद दरवाजा और लाल बारादरी का निर्माण हुआ। गाजीउद्दीन हैदर (1814-1827 ई०) ने मोती महल, मुबारक मजिल

सआदतअली और खुर्शीदजादी के मकबरे आदि बनवाए। नसीरुद्दीन हैदर के जमाने म प्रसिद्ध छतर मंजिल और शाहनजफ आदि बने। मुहम्मद अलीशाह (1837 1842 ई०) ने हुसैनाबाद का इमामबाडा, बडी जामामसजिद और हुसैनाबाद की बारादरी बनवायी। वाजिदअलीशाह ने लखनऊ क विशाल एव भव्य कैसरबाग का निर्माण करवाया। यह कलाप्रिय एव विलासी नवाब यहाँ कई कई दिन चलने वाले अपने सगीतनाटकों का जिनम इदरसभा नाटक प्रमुख था—अभिनय करवाया करता था। 1856 ई० म अग्रजो ने वाजिदअलीशाह को गद्दी से उतार कर अवध की रियासत की समाप्ति करदी और उसे ब्रिटिश भारत म सम्मिलित कर लिया। 1857 ई० के भारत के प्रथम स्वतन्त्रता-सग्राम मे लखनऊ की जनता ने रेजीडेंसी तथा अन्य इमारतों पर अधिकार कर लिया था किंतु शीघ्र ही पुन राज्यसत्ता अग्रजो के हाथ म चली गई और स्वतन्त्रता युद्ध के सैनिकों का कठोर दड दिया गया।

लखनादौन (म० प्र०)

सिवनी जबलपुर मार्ग पर 38 वे मील पर स्थित है। इस ग्राम से अनेक प्राचीन मूर्तियाँ तथा अभिलेख मिले हैं। यह स्थान जैनमत से सबधित जान पडता है क्योंकि विक्रमसेन के खडित लेख से ज्ञात पडता है कि उन्होने किसी तीर्थंकर का मदिर यहा बनवाया था।

लखनौती=गौड।

लखराम (गुजरात)

गुजरात के प्रसिद्ध नगर पाटन या अन्हलवाडा की स्थापना 746 ई० म इसी ग्राम के स्थान पर वनराज चावडा द्वारा की गई थी। यह ग्राम सरस्वती नदी के तट पर बसा हुआ था। (दे० अन्हलवाडा)

लखुरबाग (भूतपूर्व जसो रियासत म० प्र०)

जसो से 15 मील पर एक पहाडी क आड म यह प्राचीन ग्राम स्थित है। यहाँ गुप्तकालीन मूर्तियो के अवशेष पर्याप्त सख्या म मिले हैं। निकटस्थ क्षेत्र मे प्राचीन जैन मूर्तियाँ प्राय मिल जाती हैं। इस स्थान पर पहले अवश्य कई मदिर रहे होंगे।

लगमान (अफगानिस्तान) दे० लपाक

लचवरतेण (महाराष्ट्र)

धरसेव या उस उसमानाबाद के पास यह गुहामदिर है जिसका निर्माण काल 500-600 ई० के लगभग माना जाता है। (दे० धरसेव)।

सच्छागिर (जिला इलाहाबाद, उ० प्र०)

हडियाखास स्टेशन से 3 मील पर स्थित है। स्थानीय दतकथाओ मे इस स्थान का सबध महाभारत मे वर्णित लाक्षागृह से बताया जाता है जैसा कि ग्राम के नाम से इगित होता है किंतु इसमे सत्य का जरा भी अश नही है क्योकि महाभारत के प्रसगानुसार लाक्षागृह हस्तिनापुर के निकट ही स्थित था। (दे० वारणावत)

सट्टूर=सट्टपूर (जिला उसमानाबाद, महाराष्ट्र)

दक्षिणभारत के प्रसिद्ध राष्ट्रकूट राजवश का मूल निवास-स्थान है। राजशक्ति प्राप्त होने पर राजा गोविंद तृतीय ने मण्यखेट (=मलखेड) को अपनी राजधानी बनाया था। (दे० मण्यखेट, मलखेड)

सतावेष्ट

द्वारका के दक्षिणी भाग मे स्थित एक पर्वत जो पचवर्ण होने के कारण इन्द्रध्वज सा प्रतीत होता था—'दक्षिणस्या लतावेष्ट: पचवर्णो विराजते, इन्द्रकेतुप्रतीकाश पश्चिमा दिशमाश्रित'—महा० सभा० 38, दाक्षिणात्य पाठ। इस पर्वत के निकट मेरुप्रभ, तालवन और पुष्पक नामक वन थे—'लतावेष्ट समन्तात तु मेरुप्रभवन महत्, भाति तालवन चैव पुष्पक पुडरीकवत्'—महा० सभा० 38।

सदाख= लद्दाख दे० ललाटाक्ष।

सधूरा (जिला झासी, उ० प्र०)

प्राचीन मदिरो के भग्नावशेषो के लिए उल्लेखनीय है।

समेटाघाट (जिला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर के निकट नर्मदा के किनारे बसा हुआ छोटा-सा ग्राम है जिसके प्राचीन ध्वसावशेषो मे पुरातत्व की बहुमूल्य सामग्री बिखरी पड़ी है।

ललाटाक्ष, ललाताक्ष

'द्वयक्षास्त्र्यक्षाल्ललाटाक्षान् (=ललाताक्षान्) नानादिग्भ्य: समागतान, औष्णीरानन्तवासांश्च रोमकान् पुरुषादकान्' महा० सभा० 51,17। इस प्रसग मे युधिष्ठिर के राजसूय-यज्ञ मे विदेशों से भांति भांति के उपहार लेकर आनेवाले विभिन्न लोगों के वर्णन मे ललाटाक्षो (या ललाताक्षों) का उल्लेख भी किया गया है। विद्वानो के मत मे द्वयक्ष बदख्शां,त्र्यक्ष तरखान तथा ललाटाक्ष लदाख या लद्दाख है। ऐसा प्रतीत होता है कि महाभारतकार ने यहा विदेशी नामों को संस्कृत मे रूपांतरित करके लिखा है। वैसे इन शब्दो को टीकाकारों ने सार्थक बनाने का प्रयत्न किया है जैसे ललाटाक्ष को ललाट पर आंखों वाले

मनुष्य कहा गया है। उपर्युक्त श्लोक में संभवतः इन सभी विदेशी लोगों को पगड़ी धारण करने वाला कहा गया है। (दे० द्रयक्ष, त्र्यक्ष)

ललितगिरि (उड़ीसा)

तान्त्रिक बौद्ध धर्म के उत्कर्षकाल के अनेक ध्वंसावशेष इस स्थान से प्राप्त हुए हैं। यह स्थान कटक के निकट है।

ललितपाटन (नेपाल)

मौर्यसम्राट् अशोक ने अपनी नेपालयात्रा के समय (250 ई० पू०) इस नगर को नेपाल की प्राचीन राजधानी मंजुपाटन के स्थान पर बसाया था। यह नगर आज भी कठमंडू से 2½ मील दक्षिण पूर्व की ओर स्थित है। इसको ललितपुर भी कहा जाता है। ललितपाटन में अशोक ने पांच बड़े स्तूप बनवाए थे, एक नगर के मध्य में और अन्य नगर के परकोटे के बाहर चारों कोनों पर। ये स्तूप अब भी विद्यमान हैं। उत्तरीकोण में स्थित स्तूप को स्थानीय बोली में जिपीतोड्ड कहते हैं (दे० सिलवेन लेवी—'ले नेपाल' (फ्रेंच) जिल्द 1, पृ० 263,331) इसी यात्रा के समय अशोक की पुत्री चारुमती ने अपने पति के नाम पर नेपाल में देवपाटन नामक नगर बसाया था।

ललितपुर

(1)=ललितपाटन।

(2)=लाटपौर (कश्मीर)। इस प्राचीन नगर की संस्थापना कश्मीर के प्रतापी नरेश ललितादित्य मुक्तापीड ने 7वीं शती में की थी। ललितादित्य की विजययात्राओं तथा उसके शासनकाल का वर्णन कल्हण ने राजतरंगिणी में किया है।

(3) (उ० प्र०) यहां प्राचीन हिंदूमंदिरों के ध्वंसावशेषों पर एक मसजिद है जो बांसा मसजिद कहलाती है। इस पर फिरोजशाह के समय का एक देवनागरी अभिलेख है। यह स्थान झांसी के निकट है।

लवणपुर

वाल्मीकि रामायण से ज्ञात होता है कि लवणपुर लवणासुर की राजधानी का नाम था, जो वर्तमान मथुरा (उ० प्र०) के निकट स्थित थी। इसे मधुपुरी या मधुरा भी कहते थे। लवणासुर के वधोपरांत शत्रुघ्न ने इसी के स्थान पर नई मथुरा नगरी बसाई थी। लवणपुर को कालिदास ने मधुघ्न कहा है। (दे० मधुपुरी, मधुरा, मधुघ्न)

लवणसागर

पौराणिक भूगोल के अनुसार यह सागर जंबुद्वीप के चतुर्दिक् स्थित है

इन के आगे क्रमानुसार विशालतर सागरों के नाम ये है—इक्षु, सुरा, घृत, दधि, दुग्ध और जल— लवणेक्षु सुरासर्पिदधिदुग्धजलैः समम्, जबूद्वीप. समंतात्मे-त्पा मध्यमस्थित ' विष्णु० 2,26।

लवणोत्स

कश्मीर का एक ग्राम जिसका उल्लेख यशस्करदेव के समय के इतिहास के प्रसंग मे राजतरंगिणी मे है। यहा एक रमणीय उद्यान स्थित था। नाम से इंगित होता है कि इस स्थान पर नमकीन पानी के सोते रहे होंगे। यशस्करदेव का समय संभवत. 9वी 10वी शती ई० है।

लवपुरी

(1) प्राचीन भारतीय उपनिवेश कबुज (कबोडिया) का एक भाग, लोपबुरी, जो 10वी शती ई० मे कबुज राज्य के अधिकार मे आया था। इसका विस्तार दक्षिण मे स्याम की खाडी से, उत्तर मे नमफेग फैट तक था। लवपुरी नाम ही की नगरी इस प्रदेश की राजधानी भी थी। (दे० द्वारवती 2)

(2)=लाहौर

लहरतारा (वाराणसी, उ० प्र०)

वाराणसी से 3 मील दूर एक छोटी सी झील है जहा किंवदती के अनुसार उत्तर भारत के प्रसिद्ध सत कवि कबीर का जन्म हुआ था। कहा जाता है कि वे एक विधवा ब्राह्मणी के पुत्र थे जो नवजात शिशु को लोकलाज से बचने के लिए इस ताल के किनारे डाल गई थी। दैवात् उधर से नीमा तथा नीरू नाम के जुलाहा दंपति जा रहे थे। वे इस बालक को ममतावश घर ले आए और उसे पालपोस कर बडा किया। लहरताल एक शातिपूर्ण एव रमणीय स्थान है और इसके निकट घने वृक्षो का उपवन है। इसके पास ही कबीर का एक पुराना मदिर है। कबीर का जन्म संभवत: 1397 ई० मे हुआ था।

लहोर (जिला अटक, प० पाकि०)

अटक के निकट एक छोटा सा ग्राम है जो संस्कृत के प्रसिद्ध वैयाकरण पाणिनि का जन्मस्थान शलातुर है। लहोर या लाहुर शलातुर का अपभ्रंश जान पडता है।

लहोरियादह (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

मिर्जापुर से रीवा जाने वाली सड़क ग्रेट दक्न रोड पर, मिर्जापुर से प्रायः 45 मील दूर इस छोटे से ग्राम के निकट, सड़क से कुछ दूर पर अनेक प्रागैतिहासिक गुफाए अवस्थित है। सहवड्यापथरी, मोरहनापथरी, वागापथरी तथा लकहरपथरी नामक पहाड़ियों मे इस प्रकार की लगभग सौ गुफाए पाई

गई हैं। इनके अंदर भित्तियों पर लाल, पीले और श्वेत रंगों में चार-पांच सहस्र वर्ष प्राचीन चित्रकारी देखी जा सकती है। ये चित्र प्रागैतिहासिक काल में इस वन्य भूखंड के आदिम निवासियों द्वारा बनाए गए थे। कुछ विद्वानों का मत है कि इस प्रकार के चित्र जादू-टोने से संबंधित हैं। एक जगह सुसज्जित द्वार के भीतर एक विचित्र मनुष्य चित्रित है जिसका मुख पक्षी की चोंच के आकार का है। उसके सामने बैठे हुए दो मनुष्य उसकी पूजा कर रहे हैं। इन चित्रों से सभ्यता के विकास के पूर्व के मानव का आचार विचार ज्ञात होता है। संभव है कि इनके तथा इस प्रकार के अन्य चित्रों के अध्ययन से वर्तमान आदिवासियों के जीवन तथा प्रागैतिहासिक मनुष्यों के रहन सहन में समानता की कुछ बातें मिलें।

लांजा (जिला बिलासपुर, म० प्र०)

गढ़मंडल-नरेश राजा संग्रामसिंह (मृत्यु० 1541 ई०) के 52 गढ़ों में से एक यहां था। संग्रामसिंह के पुत्र दलपतशाह से वीरांगना दुर्गावती का विवाह हुआ था।

लांगल

चीनी यात्री युवानच्वांग ने अपने यात्रावृत्त में इस स्थान का उल्लेख किया है। कनिंघम के अनुसार यह स्थान मकराना (सिंध प० पाकि०) के सन्निकट रहा होगा।

लांगली

'सरयूर्रारिवत्याय लांगली च सरिद्वरा, करतोया तथात्रेयी लौहित्यश्च महानद.' महा० सभा० 9,2? । इस उल्लेख के अनुसार यह सरयू के पूर्व में बहने वाली कोई नदी जान पड़ती है जिसका अभिज्ञान अनिश्चित है।

लांगूलिनी

कलिंग-उड़ीसा की एक छोटी नदी जो ऋषिकुल्या के दक्षिण में बहती हुई बंगाल की खाड़ी में, चिकाकोल के नीचे गिरती है। इसे आजकल लांगुलिया कहते हैं।

लाखामंडल (जिला देहरादून, उ० प्र०)

चकरौता से 22 मील दूर स्थित है। यमुना नदी के निकट ही यह ग्राम बसा है। जनश्रुति है कि लाखों प्राचीन मूर्तियां इस स्थान से निकली थीं जिसके कारण इसे लाखामंडल कहा जाने लगा। यहां अब एक ही प्राचीन मंदिर है जिसमें शिव, दुर्गा, कुबेर, लक्ष्मीनारायण, सूर्य आदि देवों की कलामय मूर्तियां हैं। मंदिरों के बाहर छठी शती ई० की दो बड़ी मूर्तियां अवस्थित हैं।

लाट

दक्षिण गुजरात का प्राचीन नाम जिसका गुप्त अभिलेखों में उल्लेख है। संस्कृत काव्य का लाटानुप्रास नामक अलंकार, लाट के कवियों द्वारा ही प्रचलित किया गया था। मंदसौर अभिलेख (472 ई०) में लाट देश से दशपुर में जाकर बसने वाले पट्टवाय शिल्पियों का उल्लेख है – 'लाटविषयान्नगावृतशैलाज्जगति-प्रथितशिल्पा'। इस अभिलेख में लाट को 'कुसुमभरानततरुवरदेवकुलसभा-विहाररमणीय' देश कहा गया है (दे० दशपुर)। बाण ने प्रभाकरवर्धन को 'लाटपाटवपाटच्चर' (लाट देश के कौशल को चुरा लेने वाला) कहकर उसकी लाट-विजय का निर्देश किया है (हर्षचरित, उच्छ्वास 4)।

लाटपोर (कश्मीर)

प्राचीन ललितपुर। [दे० ललितपुर (2)]

लाटह्रद दे० राडह्रद।

लाढ

'आयरंग सुत' में उल्लिखित जनपद। कुछ विद्वानों ने इसका अभिज्ञान राढ (प० बंगाल) से किया है किंतु राढ नाम 11वीं शती ई० के पूर्व प्रचलित नहीं था (दे० भंडारकर, 'अशोक' पृ० 37)। आयरंगसुत में लाढप्रदेश को मार्गविहीन बताया गया है। इस सूत्र में लाढ के दो भाग सुब्भभूमि (सुह्म) और वज्जभूमि (वर्तमान मिदनापुर जिला, प० बंगाल) का भी उल्लेख है। कुछ विद्वानों का यह भी मत है कि लाढ शायद लाट का ही रूपांतर है।

लाबुग्रामक (लंका)

महावंश 10,72 में उल्लिखित है। इसका अभिज्ञान रितिगल (प्राचीन अरिट्ठ) पर्वत के उत्तर पश्चिम में स्थित वर्तमान लबुनोरुव से किया गया है।

लामपुर

यह लवपुर या लाहौर है। (दे० एपिग्राफिका इंडिका, जिल्द-2 पृ० 38-39)

लावननील (बिहार)

7वीं शती में भारत का भ्रमण करने वाले चीनी पर्यटक युवानच्वांग ने इस स्थान को चीनी भाषा में लोहपानिनीलो लिखा है। कनिंघम के अनुसार यह स्थान वर्तमान मुंगेर हो सकता है।

लावाणक

संस्कृत के प्रसिद्ध नाटककार भास के स्वप्नवासवदत्ता-नाटक में लावाणक नामक स्थान का उल्लेख है ('वत्सभूमौ लावाणकं नाम ग्रामस्तत्रोपितवानस्मि, अंक 1)। इसे वत्स देश के अंतर्गत बताया गया है। वत्सनरेश

उदयन, आरुणि से पराजित होकर अपनी राजधानी कौशांबी को छोड़कर, कुछ दिन तक लावाणक में रहा था। इसका लावणनील नामक नगर से अभिज्ञान करना समव जान पडता है। (दे० लावणनील)

लाहा (प० बगाल)

हुगली के पश्चिम मे बसे हुए भाग का प्राचीन नाम है। (दे० बगाल)

लाहुर

शलातुर का अपभ्रंश। यह ग्राम संस्कृत के वैयाकरण पाणिनि की जन्मभूमि माना जाता है। इसको लहोर भी कहते हैं। यह अटक और ओहिंद (प० पाकि०) के निकट है। (दे० शलातुर, लाहौर)

लाहुल (हिमाचल प्रदेश)

महाभारत के समय यह प्रदेश उत्सवसंकेत अथवा किन्नर देश के अंतर्गत था। आज भी यहा पर प्रचलित विवाह आदि की प्रथाए प्राचीन काल के विचित्र रीति रिवाजों की ही परपरा मे हैं। कुछ विद्वानो के मत में महाभारत सभा० 27,17 मे लाहुल को ही लोहित कहा गया है। लाहुल में 8वीं शती ई० का बना हुआ त्रिलोकनाथ का मदिर स्थित है। इसमे श्वेत सगमर्मर की 3 फुट ऊची मूर्ति प्रतिष्ठित है। मदिर की पुस्तिका के लेख के अनुसार त्रिलोकनाथ अथवा बोधिसत्व की इस मूर्ति का प्रतिष्ठापन पद्मसभव नामक बौद्ध भिक्षु ने आठवी शती ई० मे किया था। पद्मसभव ने तिब्बत के राजा के निमत्रण पर भारत से तिब्बत जाकर बौद्धधर्म का प्रचार किया था। मदिर को हिंदू तथा बौद्ध दोनों ही पवित्र मानते हैं। भारत से तिब्बत को जाने वाला प्राचीन मार्ग लाहुल होकर ही जाता है।

लाहौर (प० पाकि०)

रावी नदी के तट पर स्थित बहुत प्राचीन नगर है। जनश्रुति के अनुसार इस नगर का प्राचीन नाम लवपुर या लवपुरी था और इसे श्रीरामचद्र के पुत्र लव ने बसाया था। कहा जाता है कि लाहौर के पास स्थित कुसूर नामक नगर को लव के बडे भाई कुश ने बसाया था। वैसे वाल्मीकि रामायण से इस लोकश्रुति की पुष्टि स्पष्ट रूप से नहीं होती क्योंकि इस महाकाव्य में श्रीराम द्वारा लव को उत्तर और कुश को दक्षिण कोसल का राज्य दिए जाने का उल्लेख है—'कोसलेषु कुश वीरमुत्तरेषु तथा लवम्' (उत्तर कांड)। दक्षिण-कोसल में कुश ने कुशावती नामक नगरी बसाई थी। लव द्वारा किसी नगरी के बसाए जाने का उल्लेख रामायण मे नहीं है। लाहौर का मुसलमानो के पूर्व का इतिहास प्राय अधकारमय और अज्ञात है। केवल इतना अवश्य पता

है कि 11वीं शती के पहले यहां एक राजपूत वंश की राजधानी थी। 1022 ई० में महमूदगजनी की सेनाओं ने लाहौर पर आक्रमण करके इसे लूटा। संभवतः इसी काल के इतिहासकारों ने लाहौर का पहली बार उल्लेख किया है। गुलामवंश तथा परवर्ती राजवंशों के शासनकाल में भी कभी-कभी लाहौर का नाम सुनाई पड़ जाता है। 1206 ई० में मु० गोरी की मृत्यु के पश्चात् लाहौर पर अधिकार करने के लिए कई सरदारों में संघर्ष हुआ जिसमें अंतत: दिल्ली का कुतुबुद्दीन एबक सफल हुआ। तैमूर ने 14वीं शती में लाहौर के बाजारों को लूटा और 1524 ई० में बाबर ने नगर को लूटकर जला दिया किंतु उसके बाद शीघ्र ही पुराने नगर के स्थान पर नया नगर बस गया। वास्तव में, लाहौर को अकबर के समय से ही महत्व मिलना शुरू हुआ। 1584 ई० के पश्चात् अकबर कई वर्षों तक लाहौर में रहा और जहांगीर ने तो लाहौर को अपनी राजधानी बनाकर अपने शासनकाल का अधिकांश वहीं बिताया। मुगलों के समय में, उत्तर-पश्चिमी सीमांत पर होने वाले युद्धों के सुचारू संचालन के लिए भी लाहौर में शासन का केंद्र बनाना आवश्यक हो गया था। इसके साथ ही जहांगीर को कश्मीर घाटी के आकर्षक सौंदर्य ने भी आगरा छोड़कर लाहौर में रहने को प्रेरित किया क्योंकि यहां से कश्मीर अपेक्षाकृत निकट था। शाहजहां को भी लाहौर का काफी आकर्षण था किंतु औरंगजेब के समय में लाहौर के मुगलकालीन वैभव विलास का क्षय प्रारंभ हो गया। 1738 ई० में नादिरशाह ने लाहौर पर आक्रमण किया किंतु अपार धन राशि लेकर उसने यहां लूट मार मचाने का इरादा छोड़ दिया। 1799 ई० में पंजाब केसरी रणजीत सिंह के समय में लाहौर को फिर एक बार पंजाब की राजधानी बनने का गौरव मिला। 1849 ई० में पंजाब को ब्रिटिश भारत में मिला लिया गया और लाहौर को सूबे का मुख्य शासन केंद्र बनाया गया। लाहौर के प्राचीन स्मारक हैं—किला, जहांगीर का मकबरा, शालीमार बाग और रणजीत सिंह की समाधि। लाहौर का किला तथा इसके अंतर्गत भवनादि मुख्य रूप से अकबर, जहांगीर, शाहजहां और औरंगजेब के बनवाए हुए हैं। हाथीपाव द्वार के अंदर प्रवेश करने पर पहले लव के प्राचीन मंदिर के दर्शन होते हैं। यहीं औरंगजेब का बनवाया हुआ नौलखा भवन है जो संगमर्मर का बना है। इसके आगे मुसम्मन बुर्ज है जहां से महाराजा रणजीतसिंह रावी नदी का दृश्य देखा करते थे। पास ही शाहजहां के समय में बना शीशमहल है। यहां रणजीतसिंह के उत्तराधिकारी ने सर जॉन लारेंस को कोहनूर हीरा भेंट में दिया था। किले के अंदर अन्य उल्लेखनीय इमारतें ये हैं—बड़ी ख्वाबगाह,

दीवानेआम, मोती मसजिद, हजूरी बाग और बारादरी। हजूरी बाग से बादशाही मसजिद को जिसे 1674 ई० में औरगजेब ने बनवाया था, रास्ता जाता है। शाहदरा, जहा जहांगीर का मकबरा अवस्थित है, रावी के दूसरे तट पर लाहौर से 3 मील दूर है। मकबरे के निकट ही नूरजहा के बनवाए हुए दिलकुशा उद्यान के खडहर हैं। मकबरा लाल पत्थर का बना हुआ है जिस पर सफेद सगमर्मर का काम है। इसमे गुबद नहीं है। इसकी मीनारें अठकोण हैं। जहांगीर की समाधि के चारो ओर सगमर्मर की नक्काशीदार जाली के पर्दे हैं। छत पर भी बहुत ही सुंदर शिल्पकारी है। इस मकबरे को जहांगीर की प्रिय बेगम नूरजहा ने बनवाया था। नूरजहा की समाधि जहांगीर के मकबरे के निकट ही स्थित है। इस पर कोई मकबरा नहीं है और बेगम तथा उसकी एक मात्र सतान लाडली बेगम की कब्रें अनलकृत और सादे रूप मे सब ओर से खुले हुए मडप के अदर बनी हैं। ये शाहजहा के जमाने में बनी थीं। शाहजहा का बनवाया हुआ शालीमार बाग कश्मीर के इसी नाम के बाग की अनुकृति है। यह लाहौर से 6 मील दूर है। रणजीतसिंह की तथा उनकी आठ रानियों की समाधिया किले के निकट ही एक छतरी के नीचे बनी हुई हैं। ये रानिया रणजीतसिंह की मृत्यु के पश्चात् सती हो गई थीं।

शत्रुजय के एक अभिलेख में लवपुर या लाहौर को लामपुर कहा गया है।

लिंगसुगुर (जिला रायपुर, मैसूर)

लिगसुगुर के तालुके मे अनेक प्रागैतिहासिक स्थल पाए गए हैं।

लिखुनिया (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

सोन नदी की घाटी मे स्थित इस ग्राम के निकट कई प्रागैतिहासिक गुफाएं हैं जिनमें तत्कालीन चित्रकारी प्रदर्शित है। इसमें घुड़सवारो द्वारा पालतू हाथियों की सहायता से एक जगली हाथी को पकडने का दृश्य है तथा विशाल पक्षियो को जाल में फसाने जैसे कई विषयो का जीवत चित्रों द्वारा अकन किया गया है।

लीलाजन

नीराजना या फल्गु नदी।

लुबिनीग्राम (नेपाल)

जिला बस्ती (उ० प्र०) के ककराहा नामक ग्राम से 14 मील और नेपाल-भारत सीमा से कुछ दूर पर नेपाल के अदर स्थित रुमिनीदेई नामक ग्राम ही लुबिनीग्राम है जो गौतमबुद्ध के जन्म स्थान के रूप मे जगत्प्रसिद्ध है। नौतनवां स्टेशन से यह स्थान दस मील है। बुद्ध की माता मायादेवी कपिलवस्तु से

कोलियगणराज्य का राजधानी देवदह जाते समय लुंबिनीग्राम मे एक सालवृक्ष के नीचे ठहरी थीं (देवदह मे माया का पितृगृह था), उसी समय बुद्ध का जन्म हुआ था। जिस स्थान पर जन्म हुआ था वहा बाद मे मौर्य सम्राट् अशोक ने एक प्रस्तरस्तभ का निर्माण करवाया। स्तभ के पास ही एक सरोवर है जिसमे बौद्धकथाओ के अनुसार नवजात शिशु को देवताओ ने स्नान करवाया था। यह स्थान अनेक शतियो तक वन्यपशुओं से भरे हुए घने जगलों के बीच छिपा पडा रहा। 19वीं शती मे इस स्थान का पता चला और यहा स्थित अशोक स्तभ के निम्न अभिलेख से ही इसका लुबिनी से अभिज्ञान निश्चित हो सका—'देवानं पियेन पियदसिना लाजिना वीसतिवसाभिसितेन अतन आगाच महीयते हिदबुधेजाते सावयमुनीति सिलाविगडभी चाकालापित सिलाथभेच उसपापिते-हिद भगव जातेति लुम्मनिगामे उबलिके बटे अठभागिए च' अर्थात् देवानामप्रिय प्रियदर्शी राजा (अशोक) ने राज्याभिषेक के बीसवें वर्ष यहां आकर बुद्ध की पूजा की। यहा शाक्यमुनि का जन्म हुआ था अत उसने यहां शिलाभित्ति बनवाई और शिला-स्तभ स्थापित किया। क्योंकि भगवान् बुद्ध का लुबिनी ग्राम मे जन्म हुआ था, इसीलिए इस ग्राम को बलि-कर से रहित कर दिया गया और उस पर भूमिकर का केवल अष्टम भाग (षष्ठांश के बजाय) नियत किया गया। इस स्तभ के शीर्ष पर पहले अश्व-मूर्ति प्रतिष्ठित थी जो अब नष्ट हो गई है। स्तभ पर अनेक वर्ष पूर्व बिजली गिरने से नीचे से ऊपर की ओर एक दरार पड गई है। (चीनी पर्यटक युवानच्वांग ने भारत भ्रमण के दौरान (630–645 ई०) लुबिनी की यात्रा की थी। उसने यहां का वर्णन इस प्रकार किया है—'इस उद्यान मे सुदर तड़ाग है जहा शाक्य स्नान करते थे। इससे 400 पग की दूरी पर एक प्राचीन साल का पेड़ है जिसके नीचे भगवान् बुद्ध अवतीर्ण हुए थे। पूर्व की ओर अशोक का स्तूप था। इस स्थान पर दो नागों न कुमार सिद्धार्थ को गर्म और ठडे पानी से स्नान करवाया था। इसके दक्षिण म एक स्तूप है जहां इद्र ने नवजात शिशु को स्नान करवाया था। इसके पास ही स्वर्ग के उन चार राजाओ के चार स्तूप हैं जिन्होंने शिशु की देखभाल की थी। इन स्तूपों क पास एक शिला स्तभ था जिसे अशोक ने बनवाया था। इसके शीर्ष पर अश्व की मूर्ति निर्मित थी'। स्तूपो के अब कोई चिह्न नहीं मिलते। अश्वघोष ने बुद्धचरित 1,6 मे लुबिनी वन मे बुद्ध के जन्म का उल्लेख किया है। (यह मूलश्लोक विलुप्त हो गया है)। बुद्धचरित 1,8 में इस वन का पुन उल्लेख किया गया है—'तस्मिन् वने श्रीमतिराजपत्नी प्रसूतिकाल समवेक्षमाणा, शय्यां वितानोपहितां प्रपदे नारी सहस्रै रभिनन्दमाना।

लुनार (बरार, महाराष्ट्र)

लुनार नामक पहाडी पर एक ग्राम के निकट पर्वतों से घिरी हुई खारी पानी की झील है जिसके भीतर कई स्रोत हैं। झील शान्त ज्वालामुखी पहाड का मुख जान पडती है। स्थानीय किंवदंती है कि यहा लवणासुर के रहने की गुफा थी और विष्णु ने इस असुर को इसी स्थान पर मारा था।

लुहार्‌=लोहार्गल (राजस्थान)

सीकर से 20 मील दूर राजस्थान का प्राचीन तीर्थ है। यह रामानंद सप्रदाय का विशिष्ट स्थान है। यहा सूर्य का एक प्राचीन मदिर स्थित है। पर्वत के नीचे पुराणो मे प्रसिद्ध ब्रह्मसर बताया जाता है। ऐसी प्राचीन अनुश्रुति प्रचलित है कि पाडवो ने महाभारत के युद्ध के पश्चात् यहा की यात्रा की थी।

लैंचा (जिला बूदी, राजस्थान)

1533 ई० मे इस स्थान पर चित्तौड नरेश विक्रमाजीत और गुजरात के सुलतान बहादुरशाह में भारी युद्ध हुआ था। चित्तौड की सहायता के लिए बूदी, शोन गढा, देवर, तथा कई अन्य ठिकानो ने अपनी सेनाए भेजी थीं। युद्ध के मैदान में बहादुरशाह की फौजो के आगे तोपखाना लगा था जिसका सचालन लारी खा नामक गोलदाज कर रहा था। गोलों की बौछार से राजपूत सेना को बडी क्षति हुई। तोपें न होने से राजपूत केवल धनुषबाण और तलवारो से ही लडते रहे। राजपूत सरदारो ने तोपो की मार से बचने के लिए अपनी सेना को पीछे हटाया और सयोग पाकर दाहिने और बाए से गुजरात की सेना पर बाणप्रहार करने का आदेश दिया। इसमे कुछ सफलता भी मिली किंतु गोलों की बौछार के धुए से अधेरा हो जाने के कारण राजपूत-सेना को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ा। अधकार की भीषणता मे अचानक ही बहादुरशाह की सेना ने गोलाबारी रोककर राजपूतों पर तलवार से हमला कर दिया जिससे उनकी सेना का भयकर सहार हुआ क्योंकि उन्हे अधेरे मे कुछ भी नहीं सूझ रहा था। उनका साहस टूट गया और वे युद्धस्थल से तेजी के साथ पीछे हट आए। लैंचा के मैदान से भाग कर राजपूत सेना ने चित्तौड की रक्षा पर ही अपनी सारी शक्ति केन्द्रित कर दी।

लोकपाल (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

जोशीमठ से आगे सातवें मील से लोकपाल के लिए मार्ग जाता है। समुद्रतल से इसकी ऊचाई 14200 फुट है। सिखधर्म की परपरा के अनुसार यह गुरुगोविंदसिंह के पूर्वजन्म की तपःस्थली है। लोकपाल में हेमकुंड नामक

एक सरोवर है। पास ही लक्ष्मण जी का एक मंदिर तथा एक गुरुद्वारा है। लोकपाल के लिए संसार-प्रसिद्ध फूलों की घाटी से हो कर मार्ग गया है।

लोकालोक

पौराणिक भूगोल के अनुसार यह पर्वत सबसे विशाल महाद्वीप पुष्कर के आगे स्थित है।

लोकोकड़ी=लकुड़ी

लोथल (जिला अहमदाबाद, गुजरात)

1954-1955 के उत्खनन मे एक प्राचीन ढूह से हड़प्पा संस्कृति (=सिंधु-घाटी सभ्यता) के अवशेष प्राप्त हुए हैं। इनमे पांच हड़प्पा-मुद्राएं भी हैं। इस उत्खनन से सिद्ध हो गया है कि ई० सन् से तीन-चार सहस्रवर्ष प्राचीन हड़प्पा सभ्यता का विस्तार गुजरात तक तो अवश्य ही था।

लोद्रवा, लोद्रवापुर (जिला जैसलमेर, राजस्थान)

मध्यकालीन मंदिरों के लिए यह स्थान प्रसिद्ध है। 1327 वि० स०=1280 ई० मे बने हुए गणेशमंदिर मे गणेशप्रतिमा एक चरणचौकी पर आसीन है जिस पर इस संवत् का अभिलेख अंकित है। इस अभिलेख मे सच्चिकादेवी (महिषमर्दिनी देवी) की उपासना का भी उल्लेख है। 15वीं शती के जैन मंदिर की स्थापत्य कला भव्यता तथा सूक्ष्म शिल्प दोनो ही दृष्टियों से अनोखी है। मंदिर के प्रवेशद्वार तथा तोरण पर सूक्ष्म शिल्पकारी और अलंकरण तत्कालीन कला के अद्भुत उदाहरण हैं।

लोध्रवन=लोधमूना वन (कुमायू)

वाल्मीकि रामायण-किष्किंधा० 43 मे उल्लिखित है—'लोध्रपद्मकखंडेषु देवदारुवनेषु च, रावण सह वैदेह्या मार्गितव्यस्ततस्तत'।

लोनी (जिला मेरठ, उ० प्र०)

पृथ्वीराज चौहान के समय (12वीं शती ई०) के ध्वंसावशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

लोपबुरी दे० लवपुरी (1)

लोह

महाभारत सभा० 27,27 में इस देश का उल्लेख अर्जुन की उत्तर दिशा के देशों की दिग्विजय के संबंध मे है—'लोहान् परमकांबोजानृषिकानुत्तरानपि, सहितास्तान् महाराज व्यजयत् पाकशासनि'। परमकांबोज संभवत वर्तमान चीनी तुर्किस्तान (सीक्यांग) के कुछ भागों में रहने वाले कबीलों का देश था। इसी के निकट लोह-प्रदेश की स्थिति रही होगी। श्री वा० श० अग्रवाल के

मत मे रोह या रोह (अथवा लोहित, रोहित) दर्दिस्तान के पश्चिम मे स्थित काफिरिस्तान या कोहिस्तान का प्रदेश है जो अफगानिस्तान की उत्तर-पश्चिमी सीमा पर हिंदूकुश पर्वत तक विस्तृत है। रुहेले जो मूलत इसी प्रदेश के निवासी थे, रोह के नाम पर ही रुहेले कहलाए। पाणिनि तथा भुवनकोश में भी इस देश का नामोल्लेख है।

लोहगढ़ (महाराष्ट्र)

जुन्नेर के दक्षिण मे इद्रायण नदी की घाटी के पश्चिम की ओर लोहगढ़ एक सुदृढ दुर्ग था। यह भाजा की पहाडी पर स्थित है। इसे छत्रपति शिवाजी ने बीजापुर के सुलतान से छीन लिया था। यह उत्तर महाल के नौ किलों मे से था जिन पर शिवाजी ने अधिकार कर लिया था। जयसिंह के साथ सधि होने पर यह किला शिवाजी ने औरगजेब को लौटा दिया। पीछे 1670 ई० में सिंहगढ की विजय के बाद शिवाजी के सेनापति मोरोपत ने इसे फिर से जीत लिया।

लोहगांव (महाराष्ट्र)

इस ग्राम का सबध महाराष्ट्र के प्रसिद्ध सतकवि तुकाराम (मृत्यु 1649 ई०) से बताया जाता है। यहां इनका एक प्राचीन स्मारक है। वारकर सम्प्रदाय के भक्त देहू तथा लोहगाव की यात्रा करते हैं।

लोहना (बिहार)

दरभगा-निर्मली रेलमार्ग पर लोहना स्टेशन के निकट प्राचीन ग्राम जिसे कवि गोविंददास का जन्मस्थान माना जाता है। गोविंददास की पदावलिया बगाल मे प्रसिद्ध हैं।

लोहबा (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

इस स्थान पर गढ़वाल के प्राचीन नरेशों के समय का एक गढ़ है जो अब खडहर हो गया है। गढ़वाल मे इस प्रकार के अनेक गढो के खडहर हैं।

लोहा=लोह।

लोहाचल (होस्पेट तालुका, मैसूर)

बेल्लारी से 6 मील पूर्व की ओर यह एक पहाडी है। सभवत. इसका प्राचीन नाम क्रौंच था और वाल्मीकि रामायण मे वर्णित क्रौंचारण्य शायद इसी के निकट स्थित था—'तत पर जनस्थानात् त्रिक्रोश गम्य राघवौ, क्रौंचारण्य विविशतुर्गहन तौ महौजसौ'–अरण्य० 69,5। श्रीराम और लक्ष्मण सीताहरण के पश्चात् पचवटी से चलकर तीन कोस की यात्रा के पश्चात् यहां पहुचे थे। (दे० क्रौंचारण्य)

लोहानीपुर (पटना, बिहार)

यह पटना का उपनगर है। इस स्थान से मौर्यकालीन दिगंबर जैन मूर्तियां प्राप्त हुई हैं जिनका विवरण जैन ऐंटिक्वेरी भाग 5, अंक 3 में है। ये मूर्तियां 14 फरवरी 1937 ई० को मिली थीं। इनमें एक तीर्थंकर महावीर की मूर्ति है। यह चुनार के बलुआपत्थर के एक ही खंड में से कटी हुई है। मूर्ति पर बहुत सुंदर और चमकदार प्रमार्जन है जो मौर्यकालीन कला की विशेषता थी। लगभग दो सहस्र वर्ष प्राचीन होते हुए भी इस मूर्ति के प्रमार्जन में तनिक भी मैलापन नहीं दिखाई देता। कहा जाता है कि पटना संग्रहालय में सुरक्षित इस मूर्ति से अधिक सुंदर प्रमार्जित मूर्ति भारत भर में दूसरी नहीं है।

लोहार्गल

(1) दे० सुहारू।

(2) वराहपुराण 15, में उल्लिखित है। यह स्थान संभवतः कुमायूं में चंपावत के निकट लोहाघाट है। यह वैष्णवतीर्थ है।

लोहित

(1) =लोह (रोह)

(2) =लाहूल (हिमाचल प्रदेश)

तिब्बत भारत सीमा पर स्थित है। इसका उल्लेख महाभारत सभा० 27, 17 में अर्जुन की दिग्विजय यात्रा के संबंध में है—'ततः काश्मीरकान् वीरान्क्षत्रियान् क्षत्रियर्षभ, व्यजयल्लोहितं चैव मंडलैर्दशभिः सह'। (दे० लाहूल)

लोहितगंगा

ब्रह्मपुत्र या लोहित्य नदी जो प्राग्ज्योतिष (=गोहाटी, असम) के निकट बहती है। महाभारत, सभा० 38 में नरकासुरवध प्रसंग में इसका नामोल्लेख है—'मध्ये लोहितगंगायां भगवान् देवकीसुतः औदकायां विरूपाक्षं जघान भरतर्षभ'। (दे० लौहित्य)

लोहित्य

वाल्मीकि रामायण अयो० 71, 15 में उल्लिखित है—'हस्तिपृष्ठकमासाद्य कुटिकामप्यवर्तत तत्तार च नरव्याघ्रो लौहित्ये च कपीवतीम'। इस स्थान के पास भरत ने केकयदेश से अयोध्या आते समय कपीवती नदी को पार किया था। प्रसंग से यह स्थान अयोध्या से अधिक दूर नहीं जान पड़ता।

लोरियानंदनगढ़ (बिहार)

मोतीहारी से 18 मील दक्षिण-पश्चिम की ओर स्थित है। इस ग्राम से एक मील दूर अशोक का शिलास्तंभ है जिस पर मौर्य सम्राट् के छः अभिलेख

अंकित हैं। यह स्तंभ 37 फुट ऊंचा है। इसका शीर्ष नष्ट हो गया है किंतु जान पड़ता है कि स्तंभ पर पहले अवश्य ही किसी पशु (वृष, सिंह, अश्व या गज, जो बुद्ध की जीवन कथा से संबंधित माने जाते हैं) की मूर्ति रही होगी। स्तंभ का अभिलेख दो भागों में उत्कीर्ण किया गया है, पहला उत्तर की ओर 18 पंक्तियों में और दूसरा दक्षिण की ओर 23 पंक्तियों में।

लौरियानंदन गढ़ (जिला चंपारन, बिहार)

बेतिया से 16 मील दूर है। यहां अशोक का एक शिलास्तंभ है, जिसके शीर्ष पर सिंह की मूर्ति प्रतिष्ठित है। इस पर ब्राह्मी में 5 अभिलेख उत्कीर्ण हैं। बुद्ध के समय वृज्जिगण की नगरी अलप्पा या अल्लकप्प इसी स्थान पर थी जिसके विस्तीर्ण खंडहर यहां दिखाई पड़ते हैं। वृज्जियों के आठ गोत्र थे। इनमें से बुलियों की राजधानी इस स्थान पर थी। अशोक ने गौतम बुद्ध की जीवन कथाओं से संबद्ध इस नगरी के निकट शिलास्तंभ स्थापित करके इसका महत्व बढ़ाया था।

लोहित्य

ब्रह्मपुत्र नदी। कालिकापुराण के निम्न श्लोकों में ब्रह्मपुत्र या लोहित्य के साथ संबद्ध पौराणिक कथा का निर्देश है—'जातप्रत्ययः सोऽथ तीर्थमासाद्य तं वरम्, वीथिं परशुना कृत्वा ब्रह्मपुत्रमवाहयत्। ब्रह्मकुंडात्सुतः सोऽथ कासारे लोहिताह्वये, कैलासोपत्यकायां तु न्यपतत् ब्राह्मणः सुतः। तस्य नाम विधिश्चक्रे स्वयं लोहितगंगकम् लोहित्यात्सरसो जातो लौहित्याख्यस्ततोऽभवत्। स कामरूपमखिलं पीठमाप्लाव्य वारिणा गोपयन् तीर्थानि दक्षिणं याति सागरम्'। इस उद्धरण से ज्ञात होता है कि पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार ब्रह्मकुंड या लोहित्यसर (=मानसरोवर) से उत्पन्न होने के कारण ही इस नदी को ब्रह्मपुत्र और लौहित्य नामों से अभिहित किया जाता था। कैलास-पर्वत की उपत्यका से निकल कर कामरूप में बहती हुई यह नदी दक्षिण सागर (बंगाल की खाड़ी) में गिरती है। इसे इस उद्धरण में लोहितगंगा भी कहा गया है। इस नाम का महाभारत में भी उल्लेख है। ब्रह्मकुंड या ब्रह्मसर मानसरोवर का ही अभिधान है। [टि०-भौगोलिक तथ्य के अनुसार ब्रह्मपुत्र तिब्बत के दक्षिण पश्चिमी भाग की कुबी गांगरी नामक हिमनदी से निस्सृत हुई है। प्रायः सात सौ मील तक यह नदी तिब्बत के पठार पर ही बहती है जिसमें 100 मील तक इसका मार्ग हिमालय श्रेणी के समानांतर है। तिब्बती भाषा में इस नदी को त्सिहांग और त्सांगपो (पवित्र करने वाली) कहते हैं। इस प्रदेश में इसकी सहायक नदियां हैं—एकात्सांगपो, नयोंचू (ल्हासा इसी के तट पर है),

ध्यांगच् और ग्यामदा। सदिया के निकट ब्रह्मपुत्र असम मे प्रवेश करती है। जहा यह गगा से मिलती है, वहां इसे यमुना कहते हैं। इसके आगे यह पद्मा नाम से प्रसिद्ध है और समुद्र मे गिरने के स्थान के समीप इसे मेघना कहा जाता है। वर्तमान काल मे ब्रह्मपुत्र के उद्गम तक पहुचने का श्रेय कैप्टन किंगडम वार्डनामक यात्री को दिया जाता है। इन्होंने नदी के उद्गम क्षेत्र की यात्रा 1924 मे की थी।] महाभारत मे भीम की पूर्व दिशा की दिग्विजय के सबंध में सुह्म देश के आगे लौहित्य तक पहुचने का उल्लेख है—'सुह्मानामधिपं चैव ये च सागरवासिन', सर्वान् म्लेच्छगणाश्चैव विजिग्ये भरतर्षभः, एवं बहुविधान देशान् विजित्य पवनात्मजः, वसुतेभ्य उपादाय लौहित्यगमद्बली'—सभा० 30,25,26। कालिदास ने रघुवश 4,81 मे रघु की दिग्विजय के सबध मे प्राग्ज्योतिषपुर (=गोहाटी, असम) के राजा के, रघु के लौहित्य को पार कर लेने पर, भयभीत होने का वर्णन किया है—'चकम्पे तीर्णलौहित्येतस्मिन् प्राग्ज्योतिषेश्वरः तद्गजालानता प्राप्तै. सहकालागुरुद्रुमैः.' इस श्लोक मे लौहित्य नदी के तटवर्ती प्रदेश मे कालागुरु के वृक्षो का वर्णन कालिदास ने किया है जो बहुत समीचीन है। कभी-कभी इस नदी की उत्तरी धारा को जो उत्तर असम मे प्रवाहित है लौहित्य और दक्षिणी धारा को जो पूर्व बगाल (पाकि०) मे बहती है ब्रह्मपुत्र कहा जाता था। ब्रह्मपुत्र का अर्थ ब्रह्मसर से और लौहित्य का अर्थ लोहितसर से निकलनेवाली नदी है। शायद नदी के अरुणाभ जल के कारण भी इसे लौहित्य कहा जाता था। लौहित्य नदी के तटवर्ती प्रदेश को भी लौहित्य नाम से अभिहित किया जाता था। उपर्युक्त महा० सभा० 30,26 मे लौहित्य, नदी के प्रदेश का भी नाम हो सकता है।

वंक्षु

ऑक्सस (Oxus) या आमू नदी (दक्षिण रूस)। 'प्रमाणरागसपन्नान् वक्षुतीरसमुद्भवान्, बल्यर्थं ददतस्तस्मै हिरण्य रजत बहु' महा० सभा० 50,20—इस प्रसग मे युधिष्ठिर के राजसूययज्ञ मे वहा के निवासियो द्वारा भेंट मे लाए गए तेज दौडने वाले रासभो ('रासभान् दूरपातिन': सभा० 50,19) का भी उल्लेख है। रघुवश 4,67 मे 'सिंधुतीर विचेष्टनैः' ('विनीताध्व श्रमास्तस्य सिंधुतीरविचेष्टनैः, दुधुर्वाजिनः स्कन्धांल्लग्नकुकुमकेसरान्') के स्थान मे किसी किसी प्राचीन प्रति मे 'वक्षुतीर विचेष्टनैः, पाठ है। यदि यह शुद्ध है तो कालिदास के समय मे वक्षु नदी के प्रदेश को भारत के सम्राट् अपने साम्राज्य का ही एक अग समझते थे—इस तथ्य को मान्यता प्रदान करनी पड़ेगी। वक्षु का रूपातर साहित्य में वक्षु या चक्षु भी मिलता है (दे० चक्षु)। अरबी में इस

नदी को जिहून कहते हैं।

वंग

वंग या बंग बंगाल का प्राचीन नाम है। महाभारत में वंग नरेश पर भीम की चढ़ाई का उल्लेख है—'उभौ बलभृतौ वीरावुभौतीव्रपराक्रमौ निर्जित्याजौ महाराज वंगराजमुपाद्रवत्'—सभा० 30, 23। वंग-निवासियों के युधिष्ठिर के राजसूय में कलिंग और मगध के लोगों के साथ आगमन का वर्णन सभा० 52,18 में इस प्रकार है—'वंगा कलिंगा मगधास्ताम्रलिप्ताः सपुंड्रका दौवालिकाः सागरकाः पत्रोर्णाः शैशवास्तथा'। कालिदास ने रघु की दिग्विजय यात्रा के दौरान वंग-निवासियों का युद्ध में परास्त होने का वर्णन किया है—'वंगानुत्खाय तरसा नेता नौसाधनोद्यतान्, निचखान जयस्तम्भान्गंगास्रोतोन्तरेषु स'। अर्थात् रघु ने अनेक नौकाओं के साधन से सपन्न वंग-निवासियों को बलात् विस्थापित करके गंगा के स्रोतों के बीच बीच विजय स्तंभ गड़वाए'। महरौली के लौहस्तंभ पर चंद्र नामक नरेश के अभिलेख में उसकी विजय का विस्तार वंगदेश तक बताया गया है— 'यस्योद्वर्तयत प्रतीपमुरसा शत्रून् समेत्यागतान्, वंगेष्वाहववर्तिनो ऽभिलिखिता खड्गेनकीर्तिर्भुजे' (नई खोजों के अनुसार इस अभिलेख का वंग शायद सिंध देश का एक भाग था) प्राचीन काल में वंग सामान्य रूप से पूरे बंगाल का नाम था किंतु कभी कभी यह शब्द केवल पूर्वी बंगाल के लिए ही व्यवहृत होता था। मार्यवचरू में वंग और गौड़ भिन्न प्रदेश माने गए हैं। सुह्म पश्चिमी-दक्षिणी बंगाल, (राजधानी-ताम्रलिप्ति) और समतट बंगाल की खाड़ी के तटवर्ती प्रदेश का नाम था। राढ़ या राढ़ी भी बंगाल का एक भाग (बर्दवान कमिश्नरी) था। पुंड्र गंगा की मुख्य धारा पद्मा (ब्रह्मपुत्र-गंगा की संयुक्त धारा) के उत्तर में स्थित प्रदेश का नाम था। डाउसन (दे० क्लासिकल डिक्शनरी) के अनुसार प्राचीन काल में वंग भागीरथी के उत्तर में स्थित भाग का नाम था जिसमें जैसोर और कृष्णनगर के जिले सम्मिलित थे।

जैन साहित्य में वंग का कई स्थानों पर उल्लेख है। प्रज्ञापणा सूत्र में वंग को अंग के साथ ही आर्यजनों का श्रेष्ठ स्थान बताया गया है।

वंचि=वंजि।

वंजि (केरल)

वंजि में केरल या चेर की प्राचीन राजधानी थी। यह नगरी परियार नदी के तट पर स्थित थी। इसको वंचि और करूर भी कहते थे। वंजि का अभिज्ञान कोचीन से 28 मील पूर्वोत्तर में बसे हुए ग्राम तिरुकरूर से किया गया

है। (दे० कल्हर, तिरवजिरल्म्)

वञ्जुला

मञीरा नदी का एक नाम।

वंश=वश

ऐतरेय ब्राह्मण तथा कौशीतकी उपनिषत् में इस देश का नाम (वश) कुरु-पचाल तथा उशीनर के प्रसग में उल्लिखित है। (तथा दे० शतपथ ब्राह्मण 12;2,2,13)। ओल्डनबर्ग के अनुसार वश या वश वत्स के ही रूपातर हैं। (दे०वत्स)

वशगुल्म

विदर्भ का प्राचीन तीर्थ। इसका उल्लेख महाभारत वन० 85,9 में इस प्रकार है—'शोणस्य नर्मदायाश्च प्रभवे कुरुनदन, वशगुल्म उपस्पृश्य वाजिमेधफल लभेत्'। इस वर्णन से इसकी स्थिति अमरकटक के निकट सिद्ध होती है क्योंकि अमरकटक पर्वत से ही नर्मदा और शोण नदियां उद्भूत होती हैं। प्राचीन काल में विदर्भ का यहा तक विस्तार था तथा वशगुल्म में इस देश की राजधानी थी। इस स्थान का अभिज्ञान वासिम (म० प्र०) से किया गया है।

वशधारा (उडीसा)

उडीसा की प्राचीन राजधानी कलिगनगर इसी नदी के तट पर बसी हुई थी। कलिगनगर की स्थिति वर्तमान मुखलिगम् (जिला गजम) के सन्निकट थी (दे० पार्जिटर द्वारा सपादित मार्कंडेय पुराण, 57,3)।

वक्डी (जिला आदिलाबाद, आ० प्र०)

14वीं व 16वीं शती ई० की दक्षिण भारतीय वास्तुशैली मे निर्मित मदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

वक्कलेरी (मैसूर)

इस ग्राम से चालुक्यवशीय नरेश कीर्तिवर्मन् द्वितीय (757 ई०) के कई ताम्रदानपट्ट प्राप्त हुए हैं। ये ताम्रपट्ट भीमरथी अथवा भीमा नदी के उत्तरी तट पर स्थित भडारगविट्टगे नामक स्थान (वर्तमान मोठेम) से प्रचलित किए गए थे। इनमें सुल्लेपूर ग्राम (हगल, जिला धारवाड के निकट) के दान मे दिये जाने का उलेख है।

वक्षु दे० वक्षु

वजिरा

लका के प्राचीन बौद्ध इतिहास दप दीपवश, 3,14 में दी हुई वशावलि मे

वजिरा का अंतिम राजा साधीन कहा गया है। वजिरा संभवतः वृज्जि या वज्जि का ही रूपांतर है जिसकी स्थिति बिहार में थी। (दे० वृज्जि)

वज़ीरिस्तान दे० वृजिस्थान।

वज्जि=वृजि, वृजिक।

वज्र

बुंदेलखंड का एक प्राचीन नाम (दे० श्री गो० ला० तिवारी-बुंदेलखंड का संक्षिप्त इतिहास, पृ० 1)।

वज्रयोगिनी (विक्रमणीपुर परगना, पूर्व बंगाल, पाकि०)

महान बौद्ध विद्वान व पर्यटक दीपंकर श्रीज्ञान (10वीं शती ई०) का जन्म-स्थान। दीपंकर ने तिब्बत और सुमात्रा में जाकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया था। कुछ समय तक ये विक्रमशिला विश्वविद्यालय के अध्यक्ष भी रहे थे।

वज्रासन

मूलत, बौद्ध गया में अश्वत्थ वृक्ष के नीचे उस स्थान का नाम जहां आसीन होकर गौतम को संबुद्धि प्राप्त हुई थी। कालांतर में बोधगया को ही वज्रासन कहा जाने लगा। इसका नाम, ज्ञान प्राप्त करने के लिए किए गए बुद्ध के वज्र-संकल्प का प्रतीक है।

वज्जि दे० वृजि।

वटाटवी

आटविक प्रदेश (मुख्यत' मध्य प्रदेश का पहाड़ी और वन्य भाग) का एक पार्श्व जिसका उल्लेख एक प्राचीन अभिलेख में है। (दे० एपिग्राफिका इंडिका, 7, पृ० 126)

बटेश्वर=बटेसर (जिला आगरा, उ० प्र०)

आगरे से 44 मील और शिकोहाबाद से 13 मील दूर यह प्राचीन कस्बा यमुनातट पर बसा हुआ है। यह ब्रजमंडल की चौरासी कोस की यात्रा के अंतर्गत है। इसका पुराना नाम शौरिपुर है। किंवदंती के अनुसार यहां श्रीकृष्ण के पितामह राजा शूरसेन की राजधानी थी। (शौरि कृष्ण का भी नाम है)। जरासंध ने जब मथुरा पर आक्रमण किया तो यह स्थान भी नष्ट-भ्रष्ट हो गया था। बटेश्वर महात्म्य के अनुसार महाभारत युद्ध के समय बलभद्र विरक्त होकर इस स्थान पर तीर्थ-यात्रा के लिए आए थे। यह भी लोकश्रुति है कि कंस का मृत शरीर बहते हुए बटेश्वर में आकर कंस किनारा नामक स्थान पर ठहर गया था। बटेश्वर को ब्रजभाषा का मूल उद्‌गम और प्रधान केंद्र माना जाता है (दे० भूषण विमर्श)। जैनों के 22वें तीर्थंकर स्वामी नेमिनाथ का

जन्म स्थल शौरिपुर ही माना जाता है। जैनमुनि गर्भकल्याणक तथा जन्म-कल्याणक का इसी स्थान पर निर्वाण हुआ था, ऐसी जैन परपरा भी यहा प्रचलित है। अकबर के समय मे यहा भदोरिया राजपूत राज्य करते थे। कहा जाता है कि एक बार राजा बदनसिंह जो यहा के तत्कालीन शासक थे, अकबर से मिलने आए और उसे बटेश्वर आने का निमत्रण देते समय भूल से यह कह गए कि आगरे से बटेश्वर पहुचने मे यमुना को नहीं पार करना पडता जो वस्तुस्थिति के विपरीत था। घर लौटने पर उन्हें अपनी भूल मालूम हुई क्योंकि आगरे से बिना यमुना पार किए बटेश्वर नहीं पहुँचा जा सकता था। राजा बदनसिंह बडी चिंता मे पडे और इस भय से कि कहीं सम्राट् के सामने झूठा न बनना पडे, उन्होने यमुना की धारा को पूर्व से पश्चिम की ओर मुडवा कर उसे बटेश्वर के दूसरी ओर कर दिया और इसलिए कि नगर को यमुना की धारा से हानि न पहुचे, एक मील लबे, अत्यत सुदृढ और पक्के घाटो का नदी-तट पर निर्माण करवाया। बटेश्वर के घाट इसी कारण प्रसिद्ध हैं कि उनकी लबी श्रेणी अविच्छिन्नरूप से दूर तक चली गई है। उनमें बनारस की भाति बीच बीच में रिक्त स्थान नहीं दिखलाई पडता। बटेश्वर के घाटो पर स्थित मदिरो की सख्या 101 है। यमुना की धारा को मोड देने के कारण 19 मील का चक्कर पड़ गया है। भदोरिया-वश के पतन के पश्चात् बटेश्वर मे 17वी शती मे मराठों का आधिपत्य स्थापित हुआ। इस काल में सस्कृतविद्या का यहां काफी प्रचलन था जिसके कारण बटेश्वर को छोटी काशी भी कहा जाने लगा। पानीपत के तृतीय युद्ध (1761 ई०) के पश्चात् वीरगति पाने वाले मराठो को नारूशकर नामक सरदार ने इसी स्थान पर श्रद्धांजलि दी थी और उनकी स्मृति मे एक विशाल मदिर भी बनवाया था जो आज भी विद्यमान है। शौरीपुर के सिद्धि क्षेत्र की खुदाई मे अनेक वैष्णव और जैन मदिरो के ध्वसावशेष तथा मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। यहा के वर्तमान शिवमदिर बडे विशाल एव भव्य है। एक मदिर मे स्वर्णाभूषणो से अलकृत पार्वती की 6 फुट ऊची मूर्ति है जिसकी गणना भारत की सुदरतम मूर्तियो मे की जाती है।

बटोदर दे० बडौदा

वणिजग्राम

वैशाली के निकट एक कस्बा जहां तीर्थंकर महावीर ने कई वर्षाकाल बिताए थे।

वत्स

इस जनपद की राजधानी कौशांबी (जिला इलाहाबाद, उ० प्र०) थी।

ओल्डनबर्ग के अनुसार ऐतरेय ब्राह्मण मे जिन वंश लोगो का उल्लेख है वे इसी देश के निवासी थे। कौशांबी मे इस जनपद की राजधानी प्रथम बार पांडवों के वंशज निचक्षु ने बनाई थी। वत्स देश का नामोल्लेख वाल्मीकि रामायण मे भी है—'स लोकपालप्रतिमप्रभावस्तीर्त्वा महात्मा वरदो महानदीम्, ततः समृद्धाञ्छुभसस्यमालिन क्षणेन वत्सान्मुदितानुपागमत्' अयो० 52,101। अर्थात् लोकपालो के समान प्रभाववाले रामचंद्र, वन जाते समय, महानदी गंगा को पार करके, शीघ्र ही धनधान्य से समृद्ध और प्रसन्न वत्स देश मे पहुचे। इस उद्धरण से सिद्ध होता है कि रामायण-काल मे गंगा नदी वत्स और कोसल जनपदो की सीमा पर बहती थी। गौतम बुद्ध के समय वत्सदेश का राजा उदयन था जिसने अवंती-नरेश चंडप्रद्योत की पुत्री वासवदत्ता से विवाह किया था। इस समय कौशांबी की गणना उत्तरी भारत के महान् नगरों मे की जाती थी। अंगुत्तरनिकाय के सोलह जनपदो मे वत्सदेश की भी गिनती की गई है। वत्स देश के लावाणक नामक ग्राम का उल्लेख भास विरचित स्वप्नवासवदत्ता नाटक के प्रथम अंक मे है—'ब्रह्मचारी भोः श्रूयताम्। राजगृहतोऽस्मि। श्रुतिविशेषणार्थं वत्सभूमौ लावाणक नाम ग्रामस्तत्रोषितवानस्मि'। षष्ठ अंक मे राजा उदयन के निम्न कथन से सूचित होता है कि वत्सराज्य पर अपना अधिकार स्थापित करने मे उदयन को महासेन अथवा चंडप्रद्योत से सहायता मिली थी—'ननु यदुचितान् वत्सान् प्राप्तु नृपोऽत्र हि कारणम्'। महाभारत, सभा० 30,10 के अनुसार भीमसेन ने पूर्व दिशा की दिग्विजय के प्रसंग मे वत्सभूमि पर विजय प्राप्त की थी—'सोमधेयाश्च निर्जित्य प्रययावुत्तरामुखः, वत्सभूमिं च कौन्तेयो विजिग्ये बलवान् बलात्'।

वनवास=वनवासी

महावंश 12,4 मे उल्लिखित एक प्रदेश जिसका अभिज्ञान वर्तमान मैसूर राज्य के उत्तरी भाग (उत्तर कनारा) से किया गया है। इस उल्लेख से जान पड़ता है कि अशोक के शासनकाल मे मोग्गलिपुत्त ने रक्षित नामक स्थविर को बौद्धधर्म के प्रचारार्थ यहां भेजा था। महाभारत मे संभवतः इसी प्रदेश के निवासियों को वनवासी कहा गया है—'तिमिंगल च स नृप वशेकृत्वा महामतिः, एकपादाश्च पुरुषान्, केरलान् वनवासिन'.–सभा० 31,69। वायुपुराण 45,125 और हरिवंश 95 मे भी इसका उल्लेख है। वनवासी या वनवास जनपद का उल्लेख शातकर्णी नरेशों (द्वितीय शती ई०) के अभिलेखो मे भी है। यहां इन आंध्र राजाओ के अमात्य का मुख्य स्थान था। इस प्रदेश का वर्णन दशकुमार-चरित के 8वें उच्छ्वास मे भी आया है। बृहत्संहिता (14,12) मे वनवासी

को दक्षिण मे स्थित बताया गया है।

वनायु

'दीर्घेष्वमी नियमिता पटमंडपेषु निद्राविहाय वनजाक्ष वनायुदेश्याः वक्त्रोष्मणा मलिनयन्ति पुरोगतानि, लेह्यानि सैंधवशिला शकलानि वाहा' रघुवंश, 5,73। कालिदास ने इस संदर्भ मे वनायुप्रदेश के घोडों का उल्लेख किया है। कोशकार हलायुध ने 'पारसीका वनायुजा' कहकर वनायु को फारस या ईरान माना है। कुछ विद्वानो के मत मे वनायु अरब देश का प्राचीन भारतीय नाम है (दे० अरब)। वाल्मीकि-रामायण (बाल० 6,22) मे वनायु के श्याम वर्ण के अनेक घोडों से अयोध्या को भरीपूरी बताया गया है—'काम्बोजविषये जातैर्बाह्लीकैश्च हयोत्तमैः वनायुजैर्नदीजैश्चपूर्णा हरिहयोत्तमै'। कालिदास को उपर्युक्त वर्णन की प्रेरणा अवश्य ही वाल्मीकि रामायण के उल्लेख से मिली होगी क्योंकि रघुवंश मे भी, *वनायु के घोडों का वर्णन अयोध्या के प्रसग मे ही है।*

वनिजगाम=वणिजग्राम।

वनोशिला दे० जयतीक्षेत्र।

वप्रकेश्वर

बोर्नियो द्वीप (इंडोनेशिया) के कोटी प्रदेश मे स्थित मुआराकामन। चौथी शती ई० म यहा एक हिंदू राज्य स्थित था। यहा के शासक मूलवर्मन् ने 400 ई० के लगभग वप्रकेश्वर मे बहुसुवर्णक नामक महायज्ञ किया था और बीस सहस्र गौएं ब्राह्मणों को दान मे दी थीं। यह सूचना इस स्थान से प्राप्त चार संस्कृत अभिलेखो से मिलती है।

वरदक (अफगानिस्तान)

यहां एक प्राचीन बौद्ध स्तूप स्थित है जिसमे एक पीतल के घडे पर 6 ई० पू० का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है। चीनी यात्री युवानच्वांग ने (630-645 ई० इनका भारत-भ्रमण काल है) इस स्थान का उल्लेख वर्तमान गजनी से 40 मील पर किया है। युवानच्वाग के अनुसार यहा का राजा तुर्की बौद्ध था। इसे वरदस्थान भी कहा जाता था।

वरदा (म० प्र०)

वर्धा के पास बहने वाली नदी। इसका उल्लेख महाभारत वन 85,35 मे है—'वरदासंगमे स्नात्वा गोसहस्रफल लभेत'।

वरदातट

वरदा नदी का तटवर्ती प्रदेश अथवा विदर्भ जिसका उल्लेख अबुलफज्ल ने आईनेअकबरी मे भी किया है। जान पडता है कि वरदा या वर्धा नदी के कांठे

में स्थित होने के कारण ही विदर्भ या बरार के प्रदेश को मुगलकाल में वरदा कहा जाने लगा था।

वरधन्नापेट (जिला वारंगल, आं० प्र०)

यहां जफरुद्दौला का बनवाया हुआ किला है जो 18वीं शती में बना था।

वरण

बुद्धचरित 21,25 में वर्णित एक नगर जहां वारण नामक यक्ष को बुद्ध ने धर्म की दीक्षा दी थी। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है। (दे० बरन)

वरणा

पाणिनि 4,2,82 में उल्लिखित है। इसको वरण वृक्ष के निकट बताया गया है। यह सिंधु और स्वात नदियों के बीच में स्थित एक स्थान का नाम था। आश्वकायनों का निवास इसी भूमि में था।

वरनगर दे० आनंदपुर।

वरा

महाभारत भीष्म० में उल्लिखित पेशावर के निकट बहनेवाली नदी बारा।

वराह

(1) गिरिव्रज (राजगृह) के समीप एक पहाड़ी—'वैहारो विपुलः शैलो वराहो वृषभस्तथा, तथा ऋषिगिरिस्तात शुभाश्चैत्यकपचमा' एते पंच महाश्रृंगाः पर्वताः शीतद्रुमा रक्षन्तीवाभिसंहत्य संहतांगा गिरिव्रजम्' महा० सभा० 21, 2-3। (दे० राजगृह)

(2) (मैसूर) श्रृंगेरी से 9 मील दूर स्थित श्रृंगगिरि का प्राचीन नाम। इस पर्वत से तुंगा, भद्रा, नेत्रावती और वाराही ये चार नदियां निकलती हैं।

वराहक्षेत्र=बड़ा चत्रा (जिला बस्ती, उ० प्र०)

टिनिच रेल स्टेशन से दो मील पूर्व और कुआनो नदी के दक्षिणी तट पर, रेल के पुल से आधे मील पर एक ग्राम है जो जनश्रुति के अनुसार वराह-अवतार की स्थली है। कुछ लोगों के विचार में पुराणों में वर्णित व्याघ्रपुर इसी स्थान पर बसा था। कहा जाता है यही बौद्ध साहित्य का कोलिया नामक स्थान है जहां सिद्धार्थ की माता मायादेवी के पिता कोलिय वंशीय सुप्रबुद्ध की राजधानी थी। (दे० कोलिय गणराज्य)

वराहपुरी (जिला बनासकांठा, राजस्थान)

यह ढीमा नामक ग्राम के निकट है। प्राचीन काल में यहां वराह भगवा.न्

का मंदिर था जिसे मध्यकाल मे मुसलमानो ने नष्ट कर दिया। अब इस स्थान को धरणीधर कहते हैं। धरणीधर पुराणों के अनुसार वराह (शूकर) का ही पर्याय है।

वराहमूल=बारामूला

वरुणद्वीप=वारुणद्वीप

'इन्द्रद्वीपकशेरु च ताम्रद्वीप गभस्तिमत् गाधर्व वारुण द्वीप सौम्याक्षमिति च प्रभु' महा० सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ। इस उल्लेख के अनुसार वारुण (या वरुण) द्वीप को अन्य द्वीपों के साथ, शक्तिशाली सहस्रबाहु ने जीत लिया था। यह द्वीप संभवत, बोर्नियो (इडोनीसिया) है। ताम्रद्वीप लंका का ही नाम है। बोर्नियो का एक अन्य नाम संभवत बर्हिण भी था। मार्कंडेय पुराण मे वारुण के साथ भारत के व्यापार का उल्लेख है।

वरुणा

(1) वाराणसी के निकट गंगा से मिलने वाली एक छोटी नदी जिसे अब बरना कहते हैं। जनश्रुति है कि वरुणा और असी नदियों के बीच मे बसे होने के कारण वाराणसी का यह नाम हुआ था।

(2) (म० प्र०) नर्मदा की सहायक नदी जो सोहागपुर स्टेशन (इटारसी-इलाहाबाद रेलपथ) से कुछ मील दूर नर्मदा मे मिलती है। संगम पर वारुणेश्वर-मंदिर स्थित है और पास ही सिगलवाडा नामक ग्राम।

वरुणिक दे० देववरनार्क

वरूथ

'तोरण दक्षिणार्धेन जबूप्रस्थ समागतम्, वरूथ च ययौ रम्य ग्राम दशरथात्मज:' —वाल्मीकि० अयो० 71,11। भरत केकय देश से अयोध्या जाते समय जबूप्रस्थ के निकट इस ग्राम से होकर निकले थे। प्रसंग से जबूप्रस्थ तथा वरूथ की स्थिति गंगा के पूर्व की ओर जान पड़ती है। यह दोनो स्थान संभवत वर्तमान रुहेलखड के अतर्गत रहे होंगे। अयोध्या० 71,12 से यह भी ज्ञात होता है कि वरूथ के निकट एक रम्य वन भी स्थित था जहा भरत ने विश्राम किया था —'तत्र रम्ये वने वास कृत्वासौ प्राड्मुखोययौ'।

वरेंद्र

उत्तर बंगाल का प्राचीन व मध्ययुगीन नाम। वरेंद्र सेनवंशीय नरेशों के शासनकाल मे बंगाल के चार प्रांतों (वग, वागरा, राढ़, वरेंद्र) का सपूर्ण भाग प्राय वर्तमान राजशाही डिवीजन मे स्थित था। भंडारकर के अनुसार अशोक के शिलालेख स० 13 मे उल्लिखित पारिद लोग वरेंद्र के ही निवासी थे।

वर्कला (केरल)

त्रिवेंद्रम से 20 मील उत्तर मे स्थित है। यहा समुद्र तट पर एक पहाड़ी के ऊपर जनार्दन विष्णु का एक प्राचीन मंदिर है जिसके विषय मे किंवदंती है कि 16वीं शती मे हालैंड के एक दुर्घटनाग्रस्त जलयान-चालक ने आपत्ति से छुटकारा मिलने पर इस मंदिर को कृतज्ञतास्वरूप अपने जलयान के घंटे का दान दे दिया था। इस मंदिर के पुजारी की प्रार्थना से अवरुद्ध वायु चलने लगी और समुद्र मे फंसे हुए जलयान की यात्रा संभव हो सकी।

वर्णु

वर्तमान बन्नू (प० पाकि०) जिसे चीनीयात्री युवानच्वांग ने फलन लिखा है।

वर्तोई

सौराष्ट्र (गुजरात) के पश्चिमी भाग मे बहने वाली नदी वेत्रवती। घुम्ली से प्राप्त ताम्रपत्रों मे वेत्रवती के नाम का उल्लेख है। वर्तोई वेत्रवती क ही अपभ्रंश है।

वर्धन (जिला उदयपुर, राजस्थान)

प्राचीन काल मे यहां मेरों का दुर्ग था जिसे मेवाड़नरेश महाराणा लाखा ने उनसे छीन लिया था।

वर्धमान

(1) (बंगाल) बर्दवान का प्राचीन नाम। कुछ समय पूर्व तक यह एक प्राचीन रियासत थी। वर्धमानभुक्ति का नाम गुप्त-अभिलेखों मे भी मिला है।

(2) (लंका) महावंश 15,92 मे उल्लिखित एक स्थान जो महामेघवन (अनुराधपुर के निकट) के दक्षिण की ओर स्थित था।

(3) हस्तिनापुर का नगरद्वार

(4) कथासरित्सागर 24 मे उल्लिखित एक नगर जो वाराणसी और प्रयाग के बीच मे स्थित था। इसका उल्लेख मार्कंडेयपुराण और वेतालपंचाशतिका मे भी है।

वर्धमानकोटि (बिहार)

महाराज हर्ष के समय के बासखेड़ा अभिलेख (628–629 ई०) मे इस स्थान का उल्लेख है जो उस समय किसी 'विषय' का मुख्य स्थान रहा होगा। यह अभिलेख इसी स्थान से प्रचलित किया गया था। इसकी स्थिति बासखेड़ा के निकट रही होगी। (दे० बासखेड़ा)

वर्धमानपुर (काठियावाड़, गुजरात)

झालावाड-प्रदेश के अतर्गत वर्तमान वाधवां। जैन हरिवंश की तिथि के बारे मे लिखते हुए जिनसेन ने इस नगर का उल्लेख किया है।

वर्धमानभुक्ति दे० वर्धमान (1)

वर्धा (नदी) दे० वरदा

वर्मक दे० मर्मक

वर्तो

पाणिनि 4,3,94 मे उल्लिखित यह स्थान वर्तमान बामियान (अफगानिस्तान) है। यहां के घोड़ों को वार्मतेय कहा जाता था।

वलभी दे० वल्लभीपुर

वला दे० वल्लभीपुर

वल्लभीपुर (काठियावाड, गुजरात)

प्राचीन काल मे यह राज्य गुजरात के प्रायद्वीपीय भाग मे स्थित था। वर्तमान समय मे इसका नाम वला नामक भूतपूर्व रियासत तथा उसके मुख्य स्थान वलभी के नाम में सुरक्षित रह गया है। 770 ई० के पूर्व यह देश भारत में विख्यात था। यहां की प्रसिद्धि का कारण वल्लभी विश्वविद्यालय था जो तक्षशिला तथा नालंदा की परंपरा मे था। वल्लभीपुर या वलभि से यहा के शासकों के उत्तरगुप्तकालीन अनेक अभिलेख प्राप्त हुए हैं। बुंदेलो के परंपरागत इतिहास से सूचित होता है कि वल्लभीपुर की स्थापना उनके पूर्वपुरुष कनकसेन ने की थी जो श्रीरामचंद्र के पुत्र लव का वंशज था। इसका समय 144 ई० कहा जाता है। जैन अनुश्रुति के अनुसार जैन धर्म की तीसरी परिषद् वल्लभीपुर मे हुई थी जिसके अध्यक्ष देवर्धिगणि नामक आचार्य थे। इस परिषद् द्वारा प्राचीन जैन आगमो का संपादन किया गया था। जो संग्रह संपादित हुआ उसकी अनेक प्रतियां बना कर भारत के बड़े-बड़े नगरों मे सुरक्षित कर दी गयी थीं। यह परिषद् छठी शती ई० मे हुई थी। जैन ग्रंथ विविध तीर्थ कल्प के अनुसार वलभि गुजरात की परम वैभवशालिनी नगरी थी। वलभि नरेश शीलादित्य ने रंकश नामक एक धनी व्यापारी का अपमान किया था जिसने (अफगानिस्तान के) अमीर या 'हम्मीर' को शीलादित्य के विरुद्ध भड़का कर आक्रमण करने के लिए निमंत्रित किया था। इस युद्ध मे शीलादित्य मारा गया था।

वल्लारी

बिलारी मैसूर का प्राचीन नाम जो संभवतः बलिहारी का रूपांतर है।

वल्लिमलाई (उत्तर अर्काट, मद्रास)

गंगनरेश राजमल्ल प्रथम द्वारा निर्मित जैन गुहामंदिरों के कारण यह स्थान

उल्लेखनीय है।

ववनिया (कच्छ, गुजरात)

इस स्थान पर प्राचीनकाल के किसी अज्ञात बंदरगाह के चिह्न मिले हैं। यहां समुद्रतल में 15 फुट की गहराई से एक टूटे-फूटे पुराने जलयान के खंड भी प्राप्त हुए थे। ऐसा विचार है कि यह बंदरगाह भारत पर अरब-आक्रमण के पूर्व अच्छी दशा में रहा होगा—(दे० अलॅक्जेंडर बर्नस, ट्रैवल्स इंटू बुखारा—1835, जिल्द 1, अध्याय 11, पृ० 320-325)

वश दे० वश, वत्स।

वशाति=वसाति।

'वशातयः शाल्वकाः केकयाश्च तथाम्बष्ठा ये त्रिगर्ताश्च मुख्याः' महा० उद्योग 30,23। महाभारत सभा० 51, दाक्षिणात्यपाठ में भी वशाति या वसाति-निवासियों का उल्लेख पांडवों के राजसूययज्ञ में उपायन लेकर उपस्थित होने वाले लोगों के संबंध में है—'शैव्यो वसातिभिः सार्धं त्रिगर्तोमालवैः सह'। वशाति-जनपद का अभिज्ञान हिमाचल प्रदेश में स्थित सीबो से किया गया है। इस तथ्य की पुष्टि उपर्युक्त उद्धरणों में इस प्रदेश के अन्य पार्श्ववर्ती जनपदों के उल्लेख से होती है।

वश्या

बेसीन का प्राचीन नाम जो एक कन्हेरी अभिलेख में उल्लिखित है।

वशिष्ठ-पर्वत

महाभारत, आदि० 214, 2 के अनुसार इस पर्वत पर अर्जुन अपने द्वादश वर्ष के वनवास काल में आए थे—'अगस्त्यवटमासाद्य वशिष्ठस्य च पर्वतम् भृगुतुंगे च कौन्तेयः कृतवाञ्छौचमात्मनः'। यह स्थान हिमालय के पार्श्व में गंगा-द्वार या हरद्वार के ऊपर कहीं स्थित था जैसा कि 214, 1 से सूचित होता है।

वसंतगढ़ (राजस्थान)

आबू के निकट स्थित है। 9वीं शती ई० में जैनों का यह महत्त्वपूर्ण तीर्थ था। यहां के खंडहरों से प्राप्त उस समय की अनेक धातु प्रतिमाएं पीडवाड़े के जैन मंदिर में रख दी गई हैं।

वसाति=वशाति।

वसिष्ठा

गोदावरी की एक शाखा या उपनदी। (दे० गोदावरी)

वसुकुंड

का एक नाम। (दे० वैशाली)

वसुधानगर

पुराणों के अनुसार वरुणदेव का नगर जिसे सुखा भी कहते थे। (दे० डाउसन क्लासिकल डिक्शनरी 'वरुण')

वसुमती दे० गिरिव्रज (2)

वहिंदा=हकरा

मुसलमान इतिहास-लेखकों के बयान से सूचित होता है कि मुसलमानों के भारत पर आक्रमण के समय बीकानेर, बहावलपुर और सिंध के वर्तमान मरुस्थलीय भागों मे उस समय हकरा या वहिंदा नाम की एक विशाल नदी प्रवाहित होती थी जो कालांतर मे शुष्क होकर समाप्त हो गई। इस नदी के कारण यह मरुस्थलीय प्रदेश उस समय इतना सूखा बजर नही था जितना कि अब है। इसका प्राचीन नाम अज्ञात है।

वांगठ (कश्मीर)

वांगठ का प्राचीन मंदिर वास्तुकला की दृष्टि से अनन्तनाग के प्रसिद्ध मार्तंड मंदिर की परंपरा मे है।

वाई (महाराष्ट्र)

कृष्णा नदी के तट पर महाराष्ट्र का प्रसिद्ध प्राचीन तीर्थ है। बगलौर पूना रेल मार्ग पर वाठर स्टेशन से यह 20 मील दूर है। वाई का संबंध महाराष्ट्र के 17वी शती के प्रसिद्ध संत समर्थ रामदास से बताया जाता है। प्राचीन किंवदंती के अनुसार कृष्णा के तट पर वाई के निकटवर्ती प्रदेश मे पहले अनेक ऋषियों की तपस्थली थी। कहा जाता है कि रामडोह नामक स्थान पर वनवास काल मे श्रीरामचंद्र जी ने कृष्णा नदी मे स्नान किया था। पांडव भी यहां अपने वनवास काल मे कुछ समय तक रहे थे। वाई का प्राचीन नाम वैराज क्षेत्र है।

वाकाट=वाकाटपुर (भूतपूर्व ओडछा रियासत, म० प्र०)

काशीप्रसाद जायसवाल तथा फ्लीट के मतानुसार वाकाटक नरेशों का मूलस्थान। ये गुप्त सम्राटों के समकालीन थे और मध्य-प्रदेश के कई स्थानों पर इनका राज्य था।

वाजना (जिला मथुरा, उ० प्र०)

इस ग्राम से गुप्तकाल के अनेक प्रमार्जित प्रस्तर-खंड प्राप्त हुए हैं जो भांति भांति के अलंकरणों से युक्त हैं। इनमे विरल और पूर्ण विकसित कमल-पुष्पों की नालों के द्वारा चोंच मे पकड़े हुए हंसों का अंकन अतीव सुंदर है।

वाटधान

महाभारत, सभा० 32,8 मे वर्णित एक स्थान जो संभवतः माध्यमिका

(दे० चित्तौड़) और पुष्कर (ज़िला अजमेर) के निकट था। इस पर नकुल ने अपनी दिग्विजय यात्रा में अधिकार प्राप्त किया था—'तथा माध्यमिकाश्चैव वाटधानान् द्विजानथ पुनश्च परिवृत्याथ पुष्करारण्यवासिन.'। डा० वा० श० अग्रवाल के मत में यह भटिंडा का इलाका है। (दे० 'कादंबिनी' अक्टूबर, 62)

वाडापल्ली (ज़िला नल्गोंडा, आं० प्र०)

इस स्थान पर मूसी और कृष्णा का संगमस्थल है जहां वारंगल-नरेश प्रतापरुद्र का, 13वीं शती के अंत में बनवाया हुआ प्राचीन किला है। दुर्ग के भीतर नरसिंह स्वामी और अगस्त्येश्वर के प्रसिद्ध मंदिर हैं। संगम से 400 फुट ऊपर पाताल गंगातीर्थ है।

वाणियगाम (वाणिज्यग्राम)

वैशाली का एक उपनगर जहां वृज्जिवंशी क्षत्रियों का निवासस्थान था। यहां विशजनों और कम्मकरों अर्थात् वाणिज्य-व्यवसाय करने वालों की प्रधानता थी।

वातापि (ज़िला बीजापुर)

शोलापुर से 141 मील दूर स्थित वर्तमान बादामी ही प्राचीन वातापि है। यह शोलापुर-गदग रेल मार्ग पर स्थित है। बादामी की बस्ती दो पहाड़ियों के बीच में है। वातापि का नाम पुराणों में उल्लिखित है जहां इसका संबंध वातापि नामक दैत्य से बताया गया है जिसे अगस्त्य ऋषि ने मारा था (दे० ब्रह्मपुराण—'अगस्त्यो दक्षिणामाशामाश्रित्य नभसि स्थित, वरुणस्यात्मजो योगी विंध्यवातापि मर्दन')। छठी सातवीं शती ई० में वातापि नगरी चालुक्य वंश की राजधानी के रूप में प्रसिद्ध थी। पहली बार यहां 550 ई० के लगभग पुलकेशिन् प्रथम ने अपनी राजधानी स्थापित की। उसने वातापि में अश्वमेध यज्ञ संपन्न करके अपने वंश की सुदृढ़ नींव स्थापित की। 608 ई० में पुलकेशिन द्वितीय वातापि के सिंहासन पर आसीन हुआ। यह बहुत प्रतापी राजा था। इसने प्राय 20 वर्षों में गुजरात, राजस्थान, मालवा, कोंकण, वेंगी आदि प्रदेश को विजित किया। 620 ई० के लगभग उसने उत्तर भारत के प्रसिद्ध नरेश महाराज हर्ष को भी हराया जिससे हर्ष की दक्षिण देशों के विजय की आकांक्षा फलीभूत न हो सकी। 630 ई० के आसपास नर्मदा के दक्षिण में वातापि नरेश की सर्वत्र दुंदुभि बज रही थी और उसके समान यशस्वी राजा दक्षिण भारत में दूसरा नहीं था। मुसलमान इतिहास लेखक तबरी के अनुसार 625 626 ई० में ईरान के बादशाह खुसरो द्वितीय ने पुलकेशिन् की राजसभा में अपना एक दूत भेजकर उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित किया था। शायद इसी घटना का

दृश्य अजंता के एक चित्र (गुहा सं० 1) मे अंकित किया गया है। वातापि नगरी इस समय अपनी समृद्धि के मध्याह्न काल में थी। किंतु 642 ई० में पल्लवनरेश नरसिंह वर्मन् ने पुलकेशिन् को युद्ध मे परास्त कर चालुक्य-सत्ता का अंत कर दिया। पुलकेशिन् स्वयं भी इस युद्ध मे आहत हुआ। वातापि को जीतकर नरसिंहवर्मन् ने नगर में खूब लूटमार मचाई। पल्लवों और चालुक्यों की शत्रुता इसके पश्चात् भी चलती रही। 750 ई० में राष्ट्रकूटों ने वातापि तथा परिवर्ती प्रदेश पर अधिकार कर लिया। वातापि पर चालुक्यों का 200 वर्ष तक राज्य रहा था। इस काल मे वातापि ने बहुत उन्नति की। हिंदू, बौद्ध और जैन तीनों ही संप्रदायों ने अनेक मंदिरों तथा कलाकृतियों से इस नगरी को सुशोभित किया। 6ठी शती के अंत मे मंगलेश चालुक्य ने वातापि में एक गुहामंदिर बनवाया था जिसकी वास्तुकला बौद्ध गुहा-मंदिरों जैसी है। वातापि के राष्ट्रकूट-नरेशों में दंतिदुर्ग और कृष्ण प्रथम प्रमुख हैं। कृष्ण के समय में एलौरा का जगत् प्रसिद्ध मंदिर बना था किंतु राष्ट्रकूटों के शासनकाल में वातापि का चालुक्यकालीन गौरव फिर न उभर सका और इसकी ख्याति धीरे धीरे विलुप्त हो गई।

बापवां दे० वर्धमानपुर

बामदेव

'मोदापुर वामदेवं सुदामानं सुसंकुलम्, उलूकानुत्तरांश्चैव तांश्च राज्ञः समानयत्'—महा० सभा० 27, 11। अर्जुन ने अनेक पर्वतीय देशों के साथ वामदेव पर भी अपनी दिग्विजय-यात्रा मे विजय प्राप्त की थी। प्रसंग से यह स्थान कुलू के पहाड़ी प्रदेश के अन्तर्गत जान पड़ता है।

वामन

विष्णुपुराण 2, 4, 50 के अनुसार क्रौंचद्वीप का एक पर्वत—'क्रौंचश्च वामनश्चैव तृतीयश्चान्धकारकः, चतुर्थो रत्नशैलश्च स्वाहिनी हयसन्निभः'।

वामनगंगा (म० प्र०)

यह नर्मदा की सहायक उपनदी है। भेड़ाघाट (जिला जबलपुर) के निकट दोनों का संगम है।

वामनपुकर दे० नवद्वीप

वायड़, वायड़ (गुजरात)

प्राचीन जैन तीर्थ जिसका उल्लेख तीर्थ माला चैत्यवंदन मे है—'वंदे सत्यपुरे च वाहडपुरे राडद्रहे वायडे'।

वारंगल (आ० प्र०)

वारंगल या वारंगल—तेलगू शब्द ओरुकल या ओरुगल्लु का अपभ्रंश है जिसका अर्थ है 'एक शिला'। इससे तात्पर्य उस विशाल अकेली चट्टान से है जिस पर ककातीय नरेशों के समय का बनवाया हुआ दुर्ग प्रवस्थित है। कुछ अभिलेखों से ज्ञात होता है कि संस्कृत में इस स्थान के ये नाम तथा पर्याय भी प्रचलित थे—एकोपल, एकशिला, एकोपलपुरी या एकोपलपुरम्। रघुनाथ भास्कर के कोश में एकशिलानगर, एकशालिगर, एकशिलापाटन—ये नाम भी मिलते हैं। टॉलमी द्वारा उल्लिखित कोरनकुला वारंगल ही जान पड़ता है। 11 वीं शती ई० से 13 वीं शती ई० तक वारंगल की गिनती दक्षिण के प्रमुख नगरों में थी। इस काल में ककातीय वंश के राजाओं की राजधानी यहां रही। इन्होंने वारंगल का दुर्ग, हनमकोंडा में सहस्र स्तंभ वाला मंदिर और पालमपेट का रामप्पा मंदिर बनवाए थे। वारंगल का किला 1199 ई० में बनना प्रारम्भ हुआ था। ककातीय राजा गणपति ने इसकी नींव डाली और 1261 ई० में रुद्रमा देवी ने इसे पूरा करवाया था। किले के बीच में स्थित एक विशाल मंदिर के खंडहर मिले हैं जिसके चारों ओर चार तोरण द्वार थे। सांची के स्तूप के तोरणों के समान ही इन पर भी उत्कृष्ट मूर्तिकारी का प्रदर्शन किया गया था। किले की दो भित्तियां हैं। अन्दर की भित्ति पत्थर की और बाहर की मिट्टी की बनी है। बाहरी दीवार 72 फुट चौड़ी और 56 फुट गहरी खाई से घिरी है। हनमकोंडा से 6 मील दक्षिण की ओर एक तीसरी दीवार के चिह्न भी मिलते हैं। एक इतिहास लेखक के अनुसार परकोटे की परिधि तीस मील की थी जिसका उदाहरण भारत में अन्यत्र नहीं है। किले के अन्दर अगणित मूर्तियां, अलंकृत प्रस्तर-खंड, अभिलेख आदि प्राप्त हुए हैं जो शिताबखां के दरबार भवन में संगृहीत हैं। इसके अतिरिक्त अनेक छोटे बड़े मंदिर भी यहां स्थित हैं। अलंकृत तोरणों के भीतर नरसिंह स्वामी, पद्माक्षी, और गोविंद राजुलुस्वामी के प्राचीन मंदिर हैं। इनमें से अंतिम एक ऊंची पहाड़ी के शिखर पर प्रवस्थित है। यहां से दूर दूर तक का मनोरम दृश्य दिखलाई देता है। 12 वीं 13 वीं शती का एक विशाल मंदिर भी यहां से कुछ दूर पर है जिसके आंगन की दीवार दुहरी तथा असाधारण रूप से स्थूल है। यह विशेषता ककातीय शैली के अनुरूप ही है। इसकी बाहरी दीवार में तीन प्रवेश-द्वार हैं जो वारंगल के किले के मुख्य मंदिर के तोरणों की भांति ही हैं। यहां से दो ककातीय-अभिलेख प्राप्त हुए हैं—पहला सात फुट लंबी वेदी पर और दूसरा तड़ाग के बांध पर अंकित है। वारंगल पर प्रारम्भ में दक्षिण के

प्रसिद्ध आंध्रवंशीय नरेशों का अधिकार था। तत्पश्चात् मध्यकाल में चालुक्यों और ककातीयों का शासन रहा। ककातीय-वंश का सर्वप्रथम प्रतापशाली राजा गणपति था जो 1199 ई० में गद्दी पर बैठा। गणपति का राज्य गोंडवाना से कांची तक और बंगाल की खाड़ी से बीदर और हैदराबाद तक फैला हुआ था। इसी ने पहली बार वारंगल में अपनी राजधानी बनाई और यहां के प्रसिद्ध दुर्ग की नींव डाली। गणपति के पश्चात उसकी पुत्री रुद्रमा देवी ने 1260 से 1296 ई० तक राज्य किया। इसी के शासन काल में इटली का प्रसिद्ध पर्यटक मार्कोपोलो मोटुपल्ली के बंदरगाह पर उतर कर आंध्रप्रदेश में आया था। मार्कोपोलो ने वारंगल का वर्णन करते हुए लिखा है कि यहां संसार का सबसे बारीक सूती कपड़ा (मलमल) तैयार होता है जो मकड़ी के जाले के समान दिखाई देता है। संसार में ऐसा कोई राजा या रानी नहीं है जो इस आश्चर्यजनक कपड़े के वस्त्र पहन कर स्वयं को गौरवान्वित न माने। रुद्रमादेवी ने 36 वर्ष तक बड़ी योग्यता से राज्य किया। उसे रुद्रदेव महाराज कहकर संबोधित किया जाता था। प्रतापरुद्र (शासन-काल 1296-1326 ई०) रुद्रमा का दौहित्र था। इसने पांड्यनरेश को हराकर कांची को जीता। इसने छः बार मुसलमानों के आक्रमणों को विफल किया किंतु 1326 ई० में उलुगखां ने जो पीछे मु० तुगलक नाम से दिल्ली का सुल्तान हुआ, ककातीयवंश के राज्य की समाप्ति कर दी। उसने प्रतापरुद्र को बंदी बनाकर दिल्ली ले जाना चाहा था किंतु मार्ग ही में नर्मदातट पर इस स्वाभिमानी और वीर पुरुष ने अपने प्राण त्याग दिए। ककातीयों के शासनकाल में वारंगल में हिंदू संस्कृति तथा संस्कृत और तेलुगू भाषाओं की अभूतपूर्व उन्नति हुई। शैवधर्म के अन्तर्गत पाशुपत संप्रदाय का यह उत्कर्षकाल था। इस समय वारंगल का दूर-दूर देशों से समृद्ध व्यापार होता था। वारंगल के संस्कृत कवियों में सर्वशास्त्र विशारद वीरभल्लातदेशिक, और नलकीर्तिकौमुदी के रचयिता अगस्त्य के नाम उल्लेखनीय हैं। कहा जाता है कि अलंकारशास्त्र के प्रसिद्ध ग्रंथ प्रतापरुद्रभूषण का लेखक विद्यानाथ यही अगस्त्य था। गणपति का हस्तिसेनापति जयप, नृत्यरत्नावली का रचयिता था। संस्कृत कवि शाकल्यमल्ल भी इसी का समकालीन था। तेलुगू के कवियों में रंगनाथ-रामायणमु का रचयिता गोनबुद्धारेड्डी और बासवपुराणमु और पंडिताराध्यचरितमु का लेखक पल्कुरिकी सोमनाथ मुख्य हैं। इसी समय भास्कर रामायणमु भी लिखी गई। वारंगल-नरेश प्रतापरुद्र स्वयं भी तेलुगू का अच्छा कवि था। इसने नीतिसार नामक ग्रंथ लिखा था। दिल्ली के तुगलक वंश की शक्ति क्षीण होने पर 1335-1336 के पश्चात् तेलंगाना में कपय नायक ने

स्वतन्त्र राज्य स्थापित कर लिया। इसकी राजधानी वारंगल में थी। 1442 ई० में वारंगल पर बहमनी-राज्य का आधिपत्य हो गया और तत्पश्चात गोलकुंडा के कुतुबशाही नरेशों का। इस समय शिताबखां वारंगल का सूबेदार नियुक्त हुआ। उसने शीघ्र ही स्वतंत्र राज्य स्थापित कर लिया किंतु कुछ समय उपरांत वारंगल को गोलकुंडा के साथ ही औरंगजेब के विस्तृत मुगल-साम्राज्य का अंग बनना पड़ा। मुगल-साम्राज्य के अंतिम समय में वारंगल को नई रियासत हैदराबाद में सम्मिलित कर लिया गया।

वारकमंडल (जिला फरीदपुर, बंगाल)

फरीदपुर दानपट्टों की मुद्राओं पर इस प्रदेश का उल्लेख इस प्रकार है—'वारक मंडलाधिकारणस्य' जिससे जान पड़ता है कि उत्तर-गुप्तकाल में वारक-मंडल एक आधुनिक जिले की भांति ही प्रशासन का एकक था। इसकी स्थिति फरीदपुर के आसपास ही रही होगी।

वारण

महाभारत उद्योग० 29, 31 में इस स्थान का उल्लेख इस प्रकार है—'वारणं वाटधानं च यामुनश्चैव पर्वतः, एष देशः सुविस्तीर्णः प्रभूतधनधान्यवान्'। यहां दुर्योधन के सहायतार्थ आने वाली असंख्य सेनाओं के ठहरने के लिए जो स्थान नियत किए गए थे उनका वर्णन है। जान पड़ता है वारण, महाभारत में अन्यत्र उल्लिखित वारणावत ही है। वारणावत' का अभिज्ञान बरनावा (जिला मेरठ, उ० प्र०) से किया गया है। (दे० वारणावत)

वारणावत

महाभारत के अनुसार इस नगर में दुर्योधन ने लाक्षागृह बनवाकर पांडवों को जला डालने की चाल चली थी जो पांडवों की चतुराई के कारण सफल न हो सकी। वारणवत में शिव की पूजा के लिए जुड़े हुए 'समाज' अथवा मेले को देखने के लिए पांडव लोग धृतराष्ट्र की आज्ञा से गये थे—'धृतराष्ट्र-प्रयुक्तास्ते केचित् कुशलमंत्रिण, कथयाचक्रिरे रम्यं नगरं वारणावतम्। अयं समाजः सुमहान् रमणीयतमो भुवि, उपस्थितः पशुपतेर्नगरे वारणावते' महा० आदि० 142, 2-3, 'सर्वा मातृस्तथाऽऽपृच्छ्य कृत्वा चैव प्रदक्षिणम्, सर्वाः प्रकृतयश्चैव प्रययुर्वारणावतम्'—आदि० 144,4। यहाँ पुरोचन ने छद्म रूप से सन, राल, मूंज, बल्वज, बाँस आदि पदार्थों से लाक्षागृह की रचना की थी—'शणसर्जरसव्यक्तमानीय गृहकर्मणि। मुंजबल्वजवंशादि द्रव्यं सर्वं घृतोक्षितम्, शिल्पिभिः सुकृतं ह्याप्तैर्विनीतैर्वेश्मकर्मणि, विश्वस्तं मामयं पापो दग्धुकामः पुरोचनः'—आदि० 145, 15-16. महाभारत, उद्योग० 31-19 के अनुसार

वारणावत उन पाँच ग्रामों में से था जिन्हें युधिष्ठिर ने दुर्योधन से युद्ध को रोकने का प्रस्ताव करते हुए मांगा था—'अविस्थल वृकस्थल माकन्दी वारणावतम्, अवसान भवेत्त्वत्र किंचिदेक च पंचमम्'। वारणावत का अभिज्ञान जिला मेरठ (उ० प्र०) में स्थित बरनावा नामक स्थान से किया गया है। बरनावा हिंडन और कृष्णी नदी के संगम पर, मेरठ नगर से 15 मील दूर है। जान पड़ता है कि महाभारत काल में कौरवों की प्रसिद्ध राजधानी हस्तिनापुर का विस्तार पश्चिम में वारणावत तक था। वारणावत के विषय में एक उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि यहां, जैसा कि महाभारत, आदि 142, 3 से सूचित होता है, उस समय शिवोपासना से संबंधित भारी मेला लगता था जिसे 'समाज' कहा गया है। इस प्रकार के 'समाजों' का उल्लेख अशोक के शिला-अभिलेख सं० 1 में भी है।

वारवत्या

'सरयूर्वारवत्याथ लांगली च सरिद्वरा, करतोया तथात्रेयी लौहित्यश्च महानद.' महा० सभा० 10, 12। प्रसंगानुसार, वारवती वर्तमान राप्ती जान पड़ती है। राप्ती को सामान्यतः इरावती का अपभ्रंश कहा जाता है। संभव है इसका शुद्ध नाम वारवत्या या वारवती ही हो।

वाराणसी

महाभारत में काशी का नाम वाराणसी भी मिलता है—'समेत पार्थिव-क्षत्र वाराणस्यां नदीसुत', कन्यार्थमाह्वयद् वीरो रथनैकेन संयुगे' शान्ति० 27, 9; 'ततो वाराणसी गत्वा अर्चयित्वा वृषभध्वजम्, कपिलाह्रदे नरः स्नात्वा राजसूयमवाप्नुयात्' वन० 84,78। जैन ग्रंथ प्रज्ञापणा सूत्र में भी वाराणसी का उल्लेख है। विविधतीर्थकल्प के अनुसार असी गंगा और वरणा के तट पर स्थित होने के कारण यह नगरी वाराणसी कहलाती थी। वाराणसी के संबंध में महाराज हरिश्चन्द्र की कथा, रूपांतरण के साथ इस जैन ग्रंथ में वर्णित है। वाराणसी के इस ग्रंथ में पांच मुख्य विभाग बताए गए हैं—देव वाराणसी, जहां विश्वनाथ का मंदिर तथा चौबीस जिनपट्ट स्थित हैं; राजधानी वाराणसी; यवनों का निवास स्थान; मदन वाराणसी और विजय वाराणसी। दक्षखात सरोवर के निकट तीर्थंकर पार्श्वनाथ का चैत्य स्थित था और उससे 6 मील पर बोधिसत्व मंदिर। (दे० काशी, बनारस)

(2) ब्रह्मदेश का भारतीय औपनिवेशिक नगर जिसे संभवतः वाराणसी से ब्रह्मदेश (बर्मा) जाने वाले भारतीय व्यापारियों ने बसाया था। ब्रह्मदेश में मध्यकाल से पूर्व अनेक भारतीय उपनिवेश बसाए गए थे।

वाराणसीकटक

कटक (उडीसा) के निकट महानदी और काठजूरी नदियो के बीच मे केसरीवशीय नरेश नृपकेसरी द्वारा बसाया हुआ नगर। विडनासी नामक कस्बे मे इस स्थान का अभिज्ञान किया गया है जहा प्राचीन दुर्ग के खडहर स्थित हैं। नृपकेसरी का शासनकाल *920-951* ई० है (दे० महताब, हिस्ट्री ऑव उडीसा पृ० 66)

वाराहक

राजगृह (बिहार) के निकट एक पहाडी [दे० राजग (1)]

वाराहतीर्थ दे० पयोष्णी।

वाराही (मैसूर)

वाराही नदी वराह पर्वत से निकल कर बगलौर की ओर बहती हुई पश्चिम सागर मे गिरती है। इसके उद्गम को प्रचीन काल से तीर्थ माना जाता रहा है।

वारिधार

श्रीमद्भागवत पुराण 5, 19, 16 मे उल्लिखित एक पर्वत—'श्रीशैलोवेंकटो महेन्द्रो वारिधारो विध्यः'। सदर्भ से यह दक्षिण भारत का कोई पर्वत जान पडता है। सभव है यह किष्किंधा का प्रस्रवण या प्रवर्षणगिरि हो क्योकि वारिधार और प्रस्रवण (=प्रवर्षण) समानार्थक जान पडते हैं।

वारिषेण

महाभारत सभा० 52 मे उल्लिखित है। यहा के निवासी युधिष्ठिर के राजसूय-यज्ञ में उपायन लेकर उपस्थित हुए थे। *वारिषेण वर्तमान बारीसाल* (पूर्व बगाल, पाकि०) है।

वारुणद्वीप=वरुणद्वीप

वार्णव

पाणिनि 4, 2, 77 मे उल्लिखित नगर जो वर्णुनद पर स्थित था। यह वर्तमान बन्नू (प० पाकि०) है। (दे० वर्णु)

वालवी=वलभी

वालीकटपुरम् (जिला त्रिशिरापल्ली, मद्रास)

प्राचीन शिवमदिर के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थान शिवोपासना का केंद्र था।

वालुवाहिनी

स्कदपुराण मे उल्लिखित यमुना की सहायक नदी।

वाल्मीकि आश्रम

रामायण के रचयिता आदि कवि वाल्मीकि का आश्रम चित्रकूट (जिला बाँदा, उ० प्र०) के निकट कामतानाथ से पद्रह सोलह मील दूर लालपुर पहाडी पर स्थित बछोई ग्राम मे बताया जाता है। सभवत गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस, अयोध्याकांड मे इसी स्थान को वाल्मीकि का आश्रम कहा है— देखत वन सर शैल सुहाए, वाल्मीकि आश्रम प्रभु आए, रामदीख मुनिवास सुहावन, सुदर गिरि कानन जलपावन। सरनि सरोज (विटप वन) फूले, गुजत मजुमधुप रस भूले। खगमृग विपुल कोलाहल करहीं, विरहित वैर मुदित मन चरहीं'। किंतु वाल्मीकि रामायण, उत्तर०, 47, 15 के अनुसार वाल्मीकि का आश्रम गगा तट पर स्थित था, 'तदेतज्जाह्नवीतीरे ब्रह्मर्षीणां तपोवनम्'। सीता के विवासन के समय लक्ष्मण और सीता को यहा पहुचने मे गगा को पार करना पडा था—'गगा सतारयामास लक्ष्मणस्ता समाहित' उत्तर० 46,33। वाल्मीकि रामायण बाल० 2,3 से ज्ञात होता है कि वाल्मीकि का आश्रम तमसा नदी के तट पर और गगा के निकट स्थित था—'स मुहूर्तंगते तस्मिन् देवलोक मुनिस्तदा जगाम तमसातीर जाह्नव्यास्त्वविदूरत'। इससे स्पष्ट है कि यह आश्रम तमसा और गगा के सगम पर स्थित था। रघुवश 14, 76 मे भी कालिदास ने इस आश्रम को तमसा तट पर स्थित बताया है—'अशून्यतीरां मुनिसनिवेशैस्तमोपहन्त्री तमसा वगाह्य'। कालिदास (रघु० 14,52) के अनुसार भी यहा पहुचने मे लक्ष्मण और सीता को गगा पार करनी पडी थी, 'रथात्सयन्त्रा-निगृहीतवाहात्ता भ्रातृजाया पुलिनेऽवतार्य गगा निषादाहृतनौ विशेषस्ततार सधामिवसत्यसध'। (दे० ढैल्व, परियर)

वाह्लीक

वाल्मीकि रामायण अयो० 68,18-19 मे विपाशानदी के पूर्व मे वाल्हीकदेश का वर्णन है—'प्रवेश्याजलिपानाख्य ब्राह्मणान्वेदपारगान्, ययुर्मध्येन वाल्हीकान्सुदामान च पर्वतम्, विष्णो पद प्रेक्षमाणा विपाशा चापि शाल्मलीम्'। (दे० बाह्लिक)

वाविहपुर

यह वर्तमान वावीपुर है जो राधनपुर (गुजरात) के समीप है। इसकी जैन ग्रथ तीर्थमालाचैत्यवदन मे तीर्थ के रूप मे वदना की गई है। 'धारापद्रपुरे च वाविहपुरे कासद्रहे चेडरे'।

वाशिम=वासिम।

वासण (गुजरात)

पश्चिम रेल्वे के वासण स्टेशन से तीन मील दूर है। प्रियदर्शी के अनुसार

यहां दो सहस्र वर्ष प्राचीन वैद्यनाथ शिव का मंदिर स्थित है जिसे उत्तर भारत का विशालतम मंदिर माना जाता है।

वासिम (जिला अकोला, बरार, महाराष्ट्र)

अकोला से 22 मील दूर है। कहा जाता है कि इस स्थान पर प्राचीन समय में वत्सऋषि का आश्रम था, जिसके नाम पर ही इस स्थान को वासिम कहा जाता है। नगर के बाहर का स्थान प्राचीन पौराणिक पद्मक्षेत्र माना जाता है। कुछ विद्वानों के मत में महाभारत में वर्णित वशगुल्म वासिम का ही प्रदेश है। (दे० वशगुल्म)

वाह्लिक=वाह्लीक (दे० वाहीक)

वाहीक

महाभारतकाल में यह पंजाब के आरट्ट देश का ही एक नाम था। यहां के निवासियों को कर्णपर्व में भ्रष्ट आचरण के लिए कुख्यात बताया गया है। इस नाम की उत्पत्ति इस प्रकार कही गई है—'बहिश्चनाम हीकश्च विपाशायां पिशाचको तयोरपत्य वाहीका नैषा सृष्टिः प्रजापते' महा० कर्ण० 44,41-42 अर्थात् विपाशानदी में दो पिशाच रहते थे, वहि और हीक। इन्ही दोनों की संतान वाहीक कहलाती है। इस श्लोक में अनार्य अथवा म्लेच्छ जाति के वाहीकों या आरट्ट-वासियों की काल्पनिक उत्पत्ति का वर्णन है। संभव है इन्हें वास्तविक पिशाच जाति से संबद्ध माना जाता हो। पिशाच जाति का प्राचीन ग्रंथों में वर्णन है। पैशाची भाषा में ग्रंथों की रचना भी हुई है (गुणाढ्य ने अपनी कथाओं को इसी भाषा में लिखा था)। यह भी माना जाता है कि आर्यों के आने के पूर्व कश्मीर में पिशाच और नागजातियों का निवास था। जान पड़ता है कि वाहीक, बाह्लिक या बाह्लीक का ही रूपांतर है जो मूलरूप से बल्ख या बेक्ट्रिया (अफगानिस्तान में स्थित) का प्राचीन भारतीय नाम था। यहीं के लोग कालांतर में पंजाब और निकटवर्ती क्षेत्रों में आकर बस गए। ये अपने अनार्य रीति रिवाजों के कारण उस समय अनादर की दृष्टि से देखे जाते थे। वाहीकों का मुख्य नगर शाकल (सियालकोट, पाकि०) था जहां जर्तिक (जाट ?) नाम के वाहीक रहते थे—'शाकल नाम नगरमापगा नाम निम्नगा, जर्तिकानामवाहीकास्तेषा वृत्त सुनिन्दितम्' महा० कर्ण० 44,10। वाहीक का अर्थ बाह्य या विदेशी भी हो सकता है (दे० कानूनगो—हिस्ट्री ऑव दि जाट्स, पृ० 14) किंतु अधिक संभव यही जान पड़ता है यह शब्द, जिसकी काल्पनिक या लोक-प्रचलित व्युत्पत्ति महाभारत के उपर्युक्त उद्धरण में बताई गई है, वस्तुतः बाह्लिक या फारसी बल्ख का ही रूपांतरण है। (दे० बाह्लिक, बल्ख, आरट्ट)

विशावन

पालीग्रंथों में उल्लिखित है। इसका शुद्ध रूप विध्यवन जान पड़ता है। यह विंध्याटवी का प्रदेश है जिसमें मध्यप्रदेश के कुछ पूर्वी जिले सम्मिलित थे। कुछ विद्वानों के मत में पाली ग्रंथों में विशावन, वैद्यनाथ (पूर्वी बिहार) का नाम है।

विंद

'ततस्तैनैव सहितो नर्मदामभितो ययौ, विन्दानुविन्दावावन्त्यौ सैन्येन महताऽवृतौ—महा० सभा० 31,10. । यह अवन्तिजनपद का एक नगर था। (दे० अनुविंद)

विंध्य=विंध्याचल पर्वत

विंध्य शब्द की व्युत्पत्ति विंध् धातु (वेधन करना) से कही जाती है। भूमि को वेध कर यह पर्वतमाला भारत के मध्य में स्थित है— यही मूल कल्पना इस नाम में निहित जान पड़ती है। विंध्य की गणना सप्त कुलपर्वतों में है (दे० कुलपर्वत)। विंध्य का नाम पूर्व वैदिक साहित्य में नहीं है। वाल्मीकि रामायण किष्किंधा० 60,4-6 में विंध्य का उल्लेख सपाती नामक गृध्रराज ने इस प्रकार किया है—'अस्य विंध्यस्य शिखरे पतितोऽस्मि पुरानघ सूर्यतापपरीतांगो निर्दग्धः सूर्यरश्मिभिः, ततस्तु सागराञ्शैलान्नदीः सर्वाः सरांसि च, वनानि च प्रदेशांश्च निरीक्ष्य मतिरागता हृष्टपक्षिगणाकीर्णः कन्दरोदरकूटवान्, दक्षिणस्योदधेस्तीरे विंध्योऽयमिति निश्चितः'। महाभारत, भीष्म० 9,11 में विंध्य को कुलपर्वतों की सूची में परिगणित किया गया है। श्रीमद्भागवत 5,19,16 में भी विंध्य का नामोल्लेख है—'वारिधारो विंध्यः शुक्तिमानृक्षगिरिः पारियात्रो द्रोणश्चित्रकूटो गोवर्धनो रैवतकः'—। कालिदास ने कुश की राजधानी कुशावती को विंध्य के दक्षिण में बताया है। कुशावती को छोड़ कर अयोध्या वापस आते समय कुश ने विंध्य का पार किया था, 'व्यलङ्घयद्विन्ध्यमुपायनानि पश्यन्पुलिन्दैरुपपादितानि,' रघु० 16,32। विष्णुपुराण 3,11 में नर्मदा और सुरसा आदि नदियों को विंध्य पर्वत से उद्भूत बताया गया है—'नर्मदा सुरसाद्याश्च नद्यो विंध्याद्रिनिर्गताः'। पुराणों के प्रसिद्ध अध्येता पाजिटर के अनुसार (दे० जर्नल ऑव दि रायल एशियाटिक सोसायटी 1894, पृ० 258) मार्कंडेय पुराण, 57 में जिन नदियों और पर्वतों के नाम हैं उनके परीक्षण से सूचित होता है कि प्राचीन काल में विंध्य, वर्तमान विंध्याचल के केवल पूर्वी भाग का ही नाम था जिसका विस्तार नर्मदा के उत्तर की ओर भूपाल से लेकर दक्षिण बिहार तक था। इसके पश्चिमी भाग और अर्वली को

पहाड़ियों का सयुक्त नाम पारिपात्र (=पारियात्र) था। पौराणिक कथाओं से सूचित होता है कि विंध्याचल को पार करके अगस्त्य ऋषि सर्वप्रथम दक्षिण दिशा मे गए थे और वहा जाकर उन्होंने आर्य सस्कृति का प्रचार किया था। (दे० ब्रह्मपुराण- 'अगस्त्योदक्षिणमाशामाश्रित्य नभसि स्थित, वरुणस्यात्मजो योगी विध्यवातापिमर्दन')। अगस्त्य शब्द की व्युत्पत्ति भी व्याख्याकारों ने इसी कथा के सबध मे इस प्रकार की है 'अग विंध्यपर्वत स्तयायति अगस्त्य (अर्थात् अग या (विंध्य) पर्वत को निरुद्ध करने वाला)। (दे० अकतेश्वर)

विंध्याचल

(जिला मिर्जापुर, उ० प्र०) विंध्यवासिनी देवी के प्राचीन मदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

विंध्याचलबामचद्र (म० प्र०)

पहाड़ी मे उत्खनित एक जैन गुहा-मदिर यहा का प्राचीन स्मारक है।

विंध्याटवी

बाणभट्ट के हर्षचरित मे वर्णित विंध्याचल में स्थित वनप्रदेश (दे० अटवी)। अपने पति गृहवर्मा के मारे जाने के पश्चात् राज्यश्री का विंध्याटवी मे प्रवेश करने का बाण ने उल्लेख इस प्रकार किया है—'देव देवभूय गते देवे-राज्यवर्धने गुप्तनाम्ना च गृहीते कुशस्थले देवी राज्यश्री परिभ्रश्यबधनाद्विंध्याटवीं सपरिवारा प्रविष्टेति' हर्षचरित, उच्छ्वास 6।

विंध्येलखड

बुंदेलखड का प्राचीन नाम। श्री गोरेलाल तिवारी के अनुसार विंध्याटवी मे स्थित होने के कारण इस प्रदेश का नाम विंध्येलखड पड़ा, बाद में अपभ्रष्ट होकर यह बुदेलखड कहलाया। (दे० बुंदेलखंड का सक्षिप्त इतिहास, पृ० 1)

विक्रमपुर(1) पूर्वबगाल, पाकि०)

मध्यकाल मे बौद्ध धर्म का, एक केंद्र। उस समय यहां के बौद्ध विहारों तथा विद्यालयों की ख्याति दूर दूर तक फैली हुई थी। 11 वीं शती ई० के राजा भोजवर्मदेव का एक महत्वपूर्ण ताम्रपट्ट-लेख मिला है जो विक्रमपुर से प्रचलित किया गया था। उस समय यहाँ भोजवर्मदेव का शिविर था। इस अभिलेख से तत्कालीन शासन व्यवस्था के विषय में पर्याप्त जानकारी प्राप्त होती है। निम्न अधिकारियों का उल्लेख इस अभिलेख में है—राजामात्य, पुरोहित, पीठिकावित्त, महाधर्माध्यक्ष, महासधिविग्रहक, अतरग-वृहदुपरिक, महाक्षिपटलिक, महाप्रतिहार, महाभोगिक, महाव्यूहपति, महापीलुपति (=हस्तिसेनाध्यक्ष), महागणस्थ दौस्साधिक, चौरोद्धरणिक, मौलिक,

दंडपाशिक, दंडनायक, विषयपति, आदि।

(2) (कंबोडिया,) प्राचीन कंबुज का एक भारतीय औपनिवेशिक नगर। कंबुज में हिंदू नरेशों ने प्रायः तेरह सौ वर्ष तक राज्य किया था।

विक्रमशिला (ज़िला भागलपुर, बिहार)

विक्रमशिला में प्राचीन काल में एक प्रख्यात विश्वविद्यालय स्थित था जो प्राय: चार सौ वर्षों तक नालंदा विश्वविद्यालय का समकालीन था। कुछ विद्वानों का मत है कि इस विश्वविद्यालय की स्थिति भागलपुर नगर से 19 मील दूर कोलगाव रेल स्टेशन के समीप थी। कोलगांव से तीन मील पूर्व गंगातट पर बटेश्वरनाथ का टीला नामक स्थान है जहां अनेक प्राचीन खंडहर पड़े हुए हैं। इनसे अनेक मूर्तियां भी प्राप्त हुई हैं जो इस स्थान की प्राचीनता सिद्ध करती हैं। अन्य विद्वानों के विचार में विक्रमशिला ज़िला भागलपुर में पथरघाट नामक स्थान के निकट बसा हुआ था। बंगाल के पालनरेश धर्मपाल ने 8 वीं शती ई० में इस प्रसिद्ध बौद्ध महाविद्यालय की नींव डाली थी। यहां लगभग 160 विहार थे जिनमें अनेक विशाल प्रकोष्ठ बने हुए थे। विद्यालय में सौ शिक्षकों की व्यवस्था थी। नालंदा की भांति विक्रमशिला का महाविद्यालय भी बौद्ध संसार में सर्वत्र सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। इस महाविद्यालय के अनेक सुप्रसिद्ध विद्वानों में दीपंकरश्रीज्ञान प्रमुख थे। ये ओदंतपुरी के विद्यालय के छात्र थे और विक्रमशिला के आचार्य। 11 वीं शती में तिब्बत के राजा के निमंत्रण पर ये वहां गए थे। तिब्बत में बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार में इनका योगदान बहुत महत्वपूर्ण समझा जाता है। 12 वीं शती में यह विश्वविद्यालय एक विराट् शिक्षा-संस्था के रूप में प्रसिद्ध था। इस समय यहां तीन सहस्र विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए समुचित व्यवस्था थी। संस्था का एक प्रधान अध्यक्ष तथा छः विद्वानों की एक समिति मिलकर विद्यालय की परीक्षा, शिक्षा, अनुशासन आदि का प्रबंध करती थी। 1203 ई० में मुसलमानों ने जब बिहार पर आक्रमण किया, तब नालंदा की भांति विक्रमशिला को भी उन्होंने पूर्णरूपेण नष्ट-भ्रष्ट कर दिया और यह महान् विश्वविद्यालय जो उस समय एशिया भर में विख्यात था, खंडहरों के रूप में परिणत हो गया।

विजय (कंबोडिया)

प्राचीन भारतीय उपनिवेश चंपा का मध्यवर्ती भाग। 5 वीं शती ई० में प्रारंभ में यहां चंपा के राजा धर्ममहाराज श्री भद्रवर्मन् का आधिपत्य था। विजय नामक नगर में इस राज्य की राजधानी थी। श्रीविनय नामक प्रसिद्ध

बंदरगाह यहीं स्थित था।

विजयगढ़(1 जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

एक अतिप्राचीन दुर्ग के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। किले के मार्ग मे एक शिला पर प्रागैतिहासिक चित्रकारी अंकित है जिसमे एक योद्धा तथा सिंह की आकृतियाँ बनी हैं। किले की पहाड़ी पर 5 वीं शती ई० से 8 वीं शती ई० तक के बीस से अधिक अभिलेख उत्कीर्ण हैं।

(2) (जिला भरतपुर, राजस्थान) बयाना से 2 मील दक्षिण-पश्चिम की ओर स्थित है। यहा से यौधेय-गण का एक शिलालेख (दूसरी शती ई०) प्राप्त हुआ है जिससे इस काल मे यौधेयो के राज्य का प्रसार इस क्षेत्र में सिद्ध होता है। गिरनार-स्थित रुद्रदामन् (लगभग 120 ई०) के अभिलेख मे उसकी यौधेयो पर प्राप्त विजय का उल्लेख है। बाद मे यौधेयो को गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त से भी परास्त होना पड़ा था जैसा कि हरिषेण लिखित प्रयाग-प्रशस्ति (पंक्ति 22) से ज्ञात होता है। विजयगढ़ के इस अभिलेख से इसके खंडित होने के कारण और अधिक ऐतिहासिक जानकारी न मिल सकी है। विजयगढ़ से वारिककुल के राजा विष्णुवर्धन का एक प्रस्तर-स्तंभ लेख भी मिला है। इसमें सवत् 428 दिया हुआ है जो लिपि के आधार पर अभिलेख की परीक्षा करने से, विक्रम सवत् (=372-373 ई०) जान पड़ता है। यदि यह तिथि-अभिज्ञान ठीक हो तो वारिक-विष्णुवर्धन को समुद्रगुप्त का समकालीन तथा उसका करद सामत मानना पड़ेगा। इस अभिलेख मे विष्णुवर्धन द्वारा पुंडरीक यज्ञों के पश्चात् यूपस्तंभ के निर्माण करवाए जाने का उल्लेख है।

विजयनगर(1) (मैसूर)

दक्षिण भारत का मध्यकालीन प्रसिद्ध नगर जो विजयनगर राज्य का मुख्य नगर था। 15वीं और 16वीं शतियो में यह नगर समृद्धि तथा ऐश्वर्य की पराकाष्ठा को पहुंचा हुआ था। इस काल में ईरान के एक पर्यटक अब्दुल रज्जाक ने विजयनगर के सौंदर्य और वैभव की सराहते हुए लिखा है कि विजयनगर का सा सौंदर्य और कला-वैभव उस समय ससार के किसी नगर में दृष्टिगोचर नहीं होता था। यहा के निवासियों को अब्दुल रज्जाक ने फूलों का प्रेमी बताते हुए लिखा है कि बाजार मे जिधर जाओ फूल ही फूल बिकते हुए नजर आते हैं। विजयनगर के हिंदू राजाओं ने यहा 150 सुंदर मंदिर बनवाए थे। इस प्रसिद्ध राज्य की नीव 1336 ई० मे हरिहर और बुक्का नामक भाइयो ने डाली थी और प्राय. दो सौ वर्ष तक इस राज्य ने कई प्रतापी नरेशो

के शासनाधीन रहते हुए दक्षिण के बहमनी सुलतानो से निरतर सघर्ष जारी रखा, जिसकी समाप्ति 1565 ई० के तालीकोट के युद्ध द्वारा हुई। इस महा-युद्ध मे विजयनगर की बुरी तरह हार हुई, यहां तक कि उसका अस्तित्व ही समाप्त हो गया। फरिश्ता नामक इतिहास लेखक ने लिखा है कि विजयनगर की सेना मे नौ लाख पैदल, पैंतालीस सहस्र अश्वारोही, दो सहस्र गजारोही तथा एक सहस्र बदूकें थी। विजयनगर की लूट प्रायः पांच मास तक जारी रही जैसा कि पुर्तगाली लेखक फरिआएसूजा के लेख से सूचित होता है। इस लूट मे मुसलमानो को अपार सपत्ति तथा धनराशि मिली। प्रसिद्ध लेखक सिवेल 'ए फारगॉटन एपायर' मे लिखता है, 'तालीकोट के युद्ध के पश्चात् विजेता मुसलमानो ने विजयनगर पहुच कर पांच महीने तक लगातार आगजनी, तलवारो, कुल्हाडियो और लोहे की शलाकाओं द्वारा इस सुदर नगर के विनाश का काम जारी रखा। शायद विश्व के इतिहास मे इससे पहले एक शानदार नगर का इतना भयानक विनाश इतनी शीघ्रता से कभी नहीं हुआ था। वास्तव मे, इस विनाशकारी युद्ध के पश्चात् विजयनगर की, जो अपने समय मे ससार का सबसे अनोखा और अभूतपूर्व नगर था, जो दशा हुई वह वर्णनातीत है। विजयनगर की उत्कृष्ट कला के वैभव से भरे-पूरे देवमदिर, सुदर और सुखी नर नारियो के कोलाहल से गूजते भवन, जनाकीर्ण सडकें, हीरे-जवाहरातो की दुकानों से जगमगाते बाजार तथा उत्तुग अट्टालिकाओं की निरतर पक्तिया, ये सभी बर्बर आक्रमणकारियो की प्रतीकारभावना की आग मे जलकर राख का ढेर बन गए।'

विजयनगर के खडहर हपी नामक स्थान के निकट आज भी देखे जा सकते हैं। कुछ प्राचीन मदिरो के अवशेषो से विजयनगर की वास्तुकला का थोडा बहुत परिचय हो सकता है—इस कला की अभिव्यक्ति यहा के मडपो के आधारभूत स्तभों मे बडी सुदरता से हुई है। स्तभो के आधार चौकोन हैं। शीर्षों पर चारों ओर बारीक और घनी नक्काशी दिखाई पडती है जो कलाकार की कोमल कला-भावना और उच्चकल्पना का परिचायक है। इन स्तभो के पत्थरो को इतना कलापूर्ण बनाया गया है तथा इस प्रकार गढ़ा गया है कि उनको थपथपाने से सगीतमय ध्वनि सुनी जा सकती है। कहते है कि विजयनगर रामायण-कालीन किष्किंधा नगरी के स्थान पर ही बसा हुआ था। (दे० हपी)

(2)=विजयपुर (प० बगाल)। कलकत्ता–मालदा मार्ग पर गगा तट पर गोदागिरी के निकट 12वीं शती का ख्याति प्राप्त नगर है जहा गौड के सेन-नरेशों ने लक्ष्मणावती के पूर्व अपनी राजधानी बनाई थी। विजयनगर वरेंद्र (वर्तमान राजशाही डिवीजन) में स्थित था। सेन-नरेशों ने वरेंद्र पर अधिकार करने के

पश्चात् विजयनगर मे अपनी राजधानी स्थापित की थी।

विजयपुर

(1) आंध्र के इक्ष्वाकु-नरेशों की प्रख्यात राजधानी नागार्जुनीकोंड। इसे विजयपुरी भी कहते थे।

(2)=विजयनगर (2)

विजयवाडा=बेंजवाडा (आ० प्र०)

कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। नदी के निकट ही पर्वत पर एक प्राचीन दुर्ग है जो अब जीर्ण-शीर्ण अवस्था मे है। इसमे कई बौद्ध गुफाए पत्थर काट कर निर्मित की गई हैं।

विजिजम (केरल)

त्रिवांकुर (ट्रावनकोर) का प्राचीन बंदरगाह जो त्रिवेंद्रम से लगभग 7 मील दूर है। आजकल इस ग्राम में मछियारो की बस्ती है।

विजिगापट्टम=विशाखापत्तन

विजित=विजितपुर (लंका)

महावंश 7,45 के अनुसार इस नगर की स्थापना राजकुमार विजय के एक सामत ने की थी। जनश्रुति मे इस नगर का अभिज्ञान अनुराधपुर से 24 मील कालवापी (कलवेव) झील के समीप स्थित वर्तमान विजितपुर से किया गया हैं। महावंश, 25, 19 24 मे भी इस नगर का उल्लेख है।

विज्जलवीड

किंवदती के अनुसार प्राचीन भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ भास्कराचार्य का जन्म सह्याद्रि में स्थित विज्जलबीड नामक नगर मे हुआ था जो अब बीड कहलाता है। उनके ग्रथो मे भी इसका उल्लेख है।

विटकपुर

कथासरित्सागर के अनुसार (25, 35, 26 115, 82, 316) यह नगर अंगदेश (दक्षिण-पूर्वी बिहार) में समुद्र-तट पर स्थित था।

विडनासी दे० वाराणसीकटक

वितस्ता

वितस्ता झेलम (कश्मीर तथा पंजाब में बहने वाली नदी) का प्राचीन वैदिक नाम है। ऋग्वेद मे प्रसिद्ध नदीसूक्त (10,75,5) मे इसका उल्लेख है —'इम मे गगे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोम सचता परुष्ण्या असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया'। महाभारत के समय यह नदी पवित्र मानी जाने लगी थी—'वितस्ता पश्य राजेंद्र सर्वपापप्रमोचनीम्, महर्षिभिश्चा-

घ्युषिताशीततोया सुनिर्मलाम्' वन० 130,20। भीष्म० 9,16 में इसका उल्लेख इरावती (=रावी) के साथ है—'नदीं वेत्रवतीं चैव कृष्णवेणां च निम्नगाम्, इरावतीं वितस्तां च पयोष्णीं देविकामपि'। श्रीमद्भागवत 5,19,18 में इसका नाम मरुद्वृधा तथा असिक्नी के साथ है, 'चन्द्रभागा मरुद्वृधा वितस्ताऽसिक्नी'। वितस्ता शब्द की व्युत्पत्ति, मोनियर विलियम्स के संस्कृत–अंग्रेजी कोश में 'तस्' धातु से बताई गई है जिसका अर्थ है–उंडेलना। पानी के अजस्र प्रवाह का नदी रूप में (पर्वत से) नीचे गिरना–यही भाव इस नदी के नाम में निहित है। वितस्ता नाम का संबंध वितस्ति (=हिंदी बीता) से भी जोड़ा जा सकता है जिसका अर्थ 'विस्तार' है। वितस्ता को कश्मीर में स्थानीय रूप से व्यथ और पंजाबी में वेहन्‌ या वेहट कहा जाता है। ये नाम वितस्ता के ही अपभ्रंश रूप हैं। ग्रीक लेखकों ने इसे हायडेसपीज (Hydaspes) कहा है जो वितस्ता का रूपान्तरण है। नदी का झेलम नाम मुसलमानों के समय का है जो इस नदी के तट पर बसे हुए झेलम नामक कस्बे के कारण हुआ है। इसी स्थान पर पश्चिम से पंजाब में आते समय झेलम नदी को पार किया जाता था (दे० झेलम)। राजतरंगिणी में उल्लिखित वितस्तात्र नामक नगर शायद वितस्ता के तट पर ही बसा हुआ था।

वितस्तात्र

कश्मीर के प्रसिद्ध इतिहासलेखक कल्हण के अनुसार (दे० राज तरंगिणी 1,102-106) सम्राट् अशोक ने कश्मीर में शुष्कलेत्र और वितस्तात्र नामक स्थानों पर अगणित स्तूप बनवाए थे। वितस्तात्र में धर्मारण्य विहार के भीतर अशोक ने जो चैत्य बनवाया था उसकी ऊंचाई इतनी थी कि दृष्टि वहां तक पहुंच ही नहीं पाती थी। वितस्तात्र का अभिज्ञान अनिश्चित है किंतु नाम से जान पड़ता है कि यह नगर वितस्ता या झेलम के तट पर स्थित होगा।

वितृष्णा

विष्णुपुराण 2,4,28 में उल्लिखित शाल्मलद्वीप की एक नदी—'योनिस्तोया वितृष्णा च चन्द्रा मुक्ता विमोचिनी ··'

विदर्भ

विंध्याचल के दक्षिण में अवस्थित प्रदेश जिसकी स्थिति वर्तमान बरार के परिवर्ती क्षेत्र में मानी गई है। विदर्भ अतिप्राचीन समय से दक्षिण के जनपदों में प्रसिद्ध रहा है। बृहदारण्यकोपनिषत् में विदर्भी-कौण्डिन्य नामक ऋषि का उल्लेख है जो विदर्भ के निवासी रहे होंगे। पौराणिक अनुश्रुति में कहा गया है कि किसी ऋषि के शाप से इस देश में घास या दर्भ उगनी बंद हो गई थी

जिसके कारण यह विदर्भ कहलाया। महाभारत में विदर्भ देश के राजा भीम का उल्लेख है जिसकी राजधानी कुंडिनपुर में थी। इसकी पुत्री दमयंती निषध-नरेश नल की महारानी थी ('ततो विदर्भान् सम्प्राप्तं सायाह्ने सत्यविक्रमम्, ऋतुपर्णं जना राज्ञे भीमाय प्रत्यवेदयन्'—वन० 73,1)। विदर्भ नरेश भोज की कन्या रुक्मिणी के हरण तथा कृष्ण के साथ उसके विवाह का वर्णन भी श्रीमद्भागवत में है। श्रीकृष्ण, रुक्मिणी की प्रणय-याचना के फलस्वरूप आनर्त देश (द्वारका) से विदर्भ पहुंचे थे—'आनर्तादेकरात्रेण विदर्भानगमद्धयैः' (श्रीमद्भागवत 10, 53,6)। महाभारत में भीष्मक को जो रुक्मिणी का पिता था विदर्भदेश का राजा कहा गया है। भोजकट में उसकी राजधानी थी। हरिवंश-पुराण, विष्णुपर्व 60,32 में भी विदर्भ की राजधानी भोजकट में बताई गई है। कालिदास के समय में विदर्भ का विस्तार नर्मदा के दक्षिण से लेकर (रघुवंश सर्ग 5 के वर्णन के अनुसार अज ने जिसकी राजधानी अयोध्या (उ० प्र०) में थी विदर्भराज भोज की कन्या इंदुमती के स्वयंवर में जाते समय नर्मदा को पार किया था) कृष्णा के उत्तरी तट तक था। रघुवंश 5,41 में अज का इंदुमती-स्वयंवर के लिए विदर्भदेश की राजधानी जाने का उल्लेख है, —'प्रस्थापयामास ससैन्यमेनमृद्धां विदर्भाधिपराजधानीम्'। विदर्भ, उत्तरी और दक्षिणी भागों में विभक्त था। उत्तरी विदर्भ की राजधानी अमरावती और दक्षिण विदर्भ की प्रतिष्ठान में थी। मालविकाग्निमित्र, अंक 5 के निम्न वर्णन से सूचित होता है कि शुंगकाल में विदर्भ विषय नामक एक स्वतंत्र राज्य था—'विदर्भविषयाद् भ्राता वीरसेनेन प्रेषित लेख लेखकैं वाच्यमानं शृणोति'। मालविकाग्निमित्र में विदर्भ राज और विदिशा के शासक अग्निमित्र (पुष्यमित्र शुंग का पुत्र) के परस्पर वैमनस्य और युद्ध का वर्णन है। विष्णु-पुराण 4,4,1 में विदर्भ राजतनया केशिनी का उल्लेख है जो सगर की पत्नी थी, 'काश्यपदुहिता सुमति विदर्भराजतनया केशिनी च द्वे भार्ये सगरस्यास्ताम्'। मुगलसम्राट् अकबर के समकालीन अबुलफजल ने आइनेअकबरी में विदर्भ का नाम बरदातट लिखा है। संभवतः वरदा नदी (=वर्धा) के निकट स्थित होने के कारण ही मुगलकाल में विदर्भ का यह नाम प्रचलित हो गया था। बरार' तथा 'बीदर' नामों की व्युत्पत्ति भी विदर्भ से ही मानी जाती है।

विदिशा (1) (म० प्र०)

प्राचीन भारत की प्रसिद्ध नगरी जिसका अभिज्ञान वर्तमान भीलसा या बेसनगर से किया गया है। यह नगरी वेत्रवती नदी (=बेतवा) के तट पर बसी हुई थी। विदिशा का शायद सर्वप्रथम उल्लेख वाल्मीकि-

रामायण, उत्तर० 108,10 में है जिससे सूचित होता है कि शत्रुघ्न के पुत्र शत्रुघाती को विदिशा और सुबाहु को मथुरा या मधुरा का राजा बनाया गया था—'सुबाहुर्मधुरा लेभे, शत्रुघाती च वैदिशम्'। कालिदास ने भी इस तथ्य का उल्लेख रघुवंश 15,36 में किया है—'शत्रुघातिनि शत्रुघ्नः, सुबाहौ च बहुश्रुते मधुरा विदिशे सून्वो निर्दधे पूर्वजोत्सुकः'। अशोक के समय में विदिशा दक्षिणापथ की मुख्य नगरी थी। अपने पिता के शासनकाल में अशोक दक्षिणापथ का शासक था और विदिशा में ही रहता था। यहीं के एक धनवान् श्रेष्ठी की कन्या देवी से उसने विवाह किया था। बौद्ध साहित्य से सूचित होता है कि अशोक के पुत्र और पुत्री महेंद्र और संघमित्रा, देवी ही की संतान थे (दे० महावंश, 13,7—'फिर धीरे-धीरे महेंद्र (अशोक का पुत्र स्थविर महेंद्र) ने विदिशागिरि नगर में पहुंच कर अपनी माता देवी के दर्शन किए और उन्हें विदिशा-गिरि विहार में उतारा'। (यहां विदिशागिरि से सांची की पहाड़ी निर्दिष्ट जान पड़ती है)। अशोक ने मगध-सम्राट बनने के पश्चात् विदिशा के उपनगर सांची में अपना प्रसिद्ध स्तूप बनवाया था। इसके तोरण शुंगकाल में बने थे। पुष्यमित्र शुंग जिस समय मगध का सम्राट् था (द्वितीय शती ई० पू०) तब विदिशा में उसका पुत्र अग्निमित्र शासक के रूप में रहता था। कालिदास ने मालविकाग्निमित्र नाटक में विदिशा को अग्निमित्र की राजधानी माना है—'स्वस्ति। यज्ञशरणात्सेनापतिः पुष्यमित्रो वैदिशस्थं पुत्रमायुष्मन्तमग्निमित्रं स्नेहात्परिष्वज्येदमनुदर्शयति'—अंक 5। विदिशा उस समय समृद्धशालिनी नगरी थी तथा यहां व्यापारिक सार्थ (काफ़िले) निरंतर आते-जाते रहते थे—'इमां तथागत भ्रातृकां मया सार्धमपवाह्य भवत् सवधापेक्षया पथिकसार्थं विदिशागामिनमनुप्रविष्टं' वही, अंक 5। विदिशा का दशार्ण की राजधानी के रूप में उल्लेख तथा उसके निकट बहनेवाली नदी वेत्रवती का सुंदर वर्णन कालिदास ने मेघदूत (पूर्वमेघ 26) में इस प्रकार किया है—'तेषां दिक्षु प्रथितविदिशालक्षणां राजधानीम् गत्वा सद्यः फलमतिमहत् कामुकत्वस्य लब्ध्वा, तीरोपान्तस्तनितसुभगं पास्यसि स्वादुयुक्तम्, सभ्रूभंग मुखमिव पयो वेत्रवत्याश्चलोर्मि'। इस वर्णन से इस बात का प्रमाण मिलता है कि कालिदास के समय तक (संभवतः 5वीं शती ई० का पूर्व भाग) विदिशा 'प्रथित' अथवा प्रसिद्ध नगरी थी। महाकवि बाणभट्ट (7वीं शती ई०) ने कादंबरी के प्रारंभ में ही अपनी कथा के पात्र राजा शूद्रक की राजधानी विदिशा में वेत्रवती के तट पर बताई है—'वेत्रवत्या सरितापरिगतविदिशाभिधाना नगरी राजधान्यासीत्'। विष्णुपुराण 3,64 में भी वैदिश का नामोल्लेख है—'विदिशाख्यं पुरं गत्वा तदवस्थं ददर्श तम्'। गुप्तयुग

के पश्चात् काफी समय तक विदिशा का इतिहास तिमिराच्छन्न रहा। 11वीं शती में अलबेरुनी ने विदिशा या भीलसा का नाम महावलिस्तान बताया है। मध्ययुग में, विदिशा के बहुत दिनों तक मालवा के सुलतानों के शासनाधीन रहने के प्रमाण मिलते हैं। मुगलकाल में विदिशा (भीलसा) मालवा के सूबे की छोटी सी नगरी मात्र थी। धर्मांध औरंगजेब ने इस प्राचीन नगरी का नाम बदल कर आलमगीरपुर रखा था जो कभी प्रचलित न हुआ। 18वीं शती में विदिशा में मराठों का राज्य स्थापित हो गया और तब से आधुनिक काल तक यह भूतपूर्व ग्वालियर रियासत की एक छोटी किंतु महत्त्वपूर्ण नगरी बनी रही। विदिशा के अनेक प्राचीन स्मारकों में विजयामंडल या बीजमंडल नामक मसजिद भी है जो 11वीं शती के लगभग बने चर्चिका या विजयादेवी के मंदिर को तोड़कर उसी के मसाले से बनवाई गई थी। इसका प्रमाण मसजिद के एक स्तंभ पर उत्कीर्ण संस्कृत लेख से मिलता है। बेसनगर (पाली वेस्सनगर) विदिशा की प्राचीन मुख्य नगरी का ही एक भाग था और भीलसा इस नगरी के मध्ययुगीन संस्करण का नाम है।

(2) विदिशा नामक नदी का उल्लेख महाभारत, सभा० 9,18 में है—'कालिंदी विदिशा वेणा नर्मदा वेगवाहिनी'। निश्चय रूप से यह विदिशा या वर्तमान बेसनगर के पास बहने वाली बेस नदी का ही नाम है।

विदिशागिरि

यह महावंश 13, में उल्लिखित है। विदिशागिरि या तो विदिशा नगरी ही है या उसके पास की सांची की पहाड़ी।

विदुरकुटी दे० दारानगर।

विदेघ=विदेह।

विदेह

(1) उत्तरी बिहार का प्राचीन जनपद जिसकी राजधानी मिथिला में थी। स्थूलरूप से इसकी स्थिति वर्तमान तिरहुत के क्षेत्र में मानी जा सकती है। कोसल और विदेह की सीमा पर सदानीरा नदी बहती थी। ब्राह्मण ग्रंथों में विदेहराज जनक को सम्राट् कहा गया है जिससे उत्तर वैदिक काल में विदेह राज्य का महत्त्व सूचित होता है। शतपथ ब्राह्मण में विदेघ (=विदेह) के राजा माठव का उल्लेख है जो मूलरूप से सरस्वती नदी के तटवर्ती प्रदेश में रहते थे और पीछे विदेह में जाकर बस गए थे। इन्होंने ही पूर्वी भारत में आर्य-सभ्यता का प्रसार किया था। शांखायन-श्रौत सूत्र 16,29,5 में जलजातु-

वर्ण्य नामक विदेह, काशी और कोसल के पुरोहित का उल्लेख है। वाल्मीकि-रामायण में सीता के पिता मिथिलाधिप जनक को वैदेह कहा गया है—'एवमुक्त्वा मुनिश्रेष्ठ वैदेहो मिथिलाधिप.' बाल० 65,39। सीता इसी कारण वैदेही कहलाती थी। महाभारत में विदेह देश पर भीम की विजय का उल्लेख है तथा जनक को यहां का राजा बताया गया है जो निश्चयपूर्वक ही विदेह-नरेशों का कुलनाम था—'शर्मकान् वर्मकांश्चैव व्यजयत् सान्त्वपूर्वकम्, वैदेहक राजान जनक जगतीपतिम्'-सभा० 30,13। भास ने स्वप्नवासवदत्ता अंक 6 में सहस्रानीक के वैदेहीपुत्र नामक पुत्र का उल्लेख किया है जिससे ऐसा जान पड़ता है कि उसकी माता विदेह की राजकुमारी थी। वायुपुराण 88,7-8 में निमि को विदेह-नरेश बताया गया है। विष्णुपुराण 4,13,107 में विदेहनगरी (मिथिला) का उल्लेख है—'वर्षत्रयान्ते च बभ्रूग्रसेन प्रभृतिभिर्यादवैर्न तद्रत्नं कृष्णेनापहृतमिति कृतावगतिभिर्विदेहनगरीं गत्वा बलदेवस्सम्प्रत्याय्यद्वारकामानीत'। बौद्ध काल में सभवतः बिहार के वृज्जि तथा लिच्छवी जनपदों की भांति ही विदेह भी गणराज्य बन गया था। जैन तीर्थंकर महावीर की माता त्रिशला को जैन साहित्य में विदेहदत्ता कहा गया है। इस समय वैशाली की स्थिति विदेह राज्य में मानी जाती थी जैसा कि आचारांगसूत्र (आयरंग सुत्त) 2,15,17 से सूचित होता है, यद्यपि बुद्ध और महावीर के समय में वैशाली लिच्छवी गणराज्य की भी राजधानी थी। तथ्य यह जान पड़ता है कि इस काल में विदेह नाम सभवत स्थूल रूप से उत्तरी बिहार के संपूर्ण क्षेत्र के लिए प्रयुक्त होने लगा था। यह तथ्य दिग्घनिकाय में अजातशत्रु (जो वैशाली के लिच्छवीवंश की राजकुमारी छल्ना का पुत्र था) के वैदेहीपुत्र नाम से उल्लिखित होने में भी सिद्ध होता है। (दे० मिथिला)

(2) (स्याम या थाइलैंड) प्राचीन गधार अथवा युन्नान का एक भाग। मिथिला यहां की राजधानी थी। इस उपनिवेश को बसाने वाले भारतीयों का बिहार-स्थित विदेह से अवश्य ही सबंध रहा होगा।

(3) बुद्धचरित 21,10 के अनुसार अगदेश के निकट एक पर्वत जहां बुद्ध ने पर्चाशिख, असुर और देवों को धर्म-प्रवचन सुनाया था।

विदेहनगरी=मिथिला दे० विदेह, मिथिला

विद्याधरपुरम् (जिला गुंटूर, आं० प्र०)

श्री री (Rhea) ने इस स्थान पर एक प्राचीन बौद्ध चैत्य की खोज की थी। यह पश्चिमी भारत के शैलकृत चैत्यों से विपरीत सरचनात्मक रीति से बना है।

विद्युत्

विष्णुपुराण 2,41,43 मे उल्लिखित कुशद्वीप की एक नदी, 'धूतपापा' शिवा चैव पवित्रा सम्मतिस्तथा, विद्युदम्भा मही चान्या सर्वपापहरास्त्विमा.'

विद्रुम

विष्णुपुराण 2,4,41 मे वर्णित कुशद्वीप का एक वर्षपर्वत—'विद्रुमो हेमशैलश्च द्युतिमान् पुष्पवास्तथा, कुशेशयो हरिश्चैव सप्तमो मदराचल'।

विधनोल दे० बिदनूर

विनत

वाल्मीकि रामायण अयो० 71,16 के अनुसार गोमती नदी के तट पर स्थित एक नगर जहा केकय-देश से अयोध्या आते समय भरत ने इस नदी को पार किया था —'एकसाले स्थाणुमतीं विनते गोमती नदीम्, कलिंगनगरे चापि प्राप्य सालवन तदा'। यह स्थान वर्तमान लखनऊ के निकट रहा होगा।

विनशन

महाभारत के अनुसार विनशन तार्थ—उस स्थान पर बसा था जहा सरस्वती नदी राजस्थान के मरुस्थल मे विनष्ट या विलुप्त हो गई थी—'ततो विनशन राजन् जगामाथ हलायुध', शूद्राभीरान् प्रति द्वेषाद्यत्र नष्टा सरस्वती' शल्य० 37,1। वन० 81,111 में सरस्वती को यहां अतर्हित रूप से बहती बताया गया है—'ततो विनशन गच्छेन्नियतो नियताशन, गच्छत्यन्तर्हिता यत्र मेरुपृष्ठे सरस्वती,'। वन० 130,4 मे विनशन को निषादराष्ट्र का द्वार कहा गया है—'एतद्विनशन नाम सरस्वत्या विशाम्पते, द्वार निषादराष्ट्रस्य येषां दोषात् सरस्वती प्रविष्टा पृथिवी वीर मा निषादा हि मां विदु'। सस्कृत के कवि राजशेखर ने विनशन से लेकर प्रयाग तक के प्रदेश को अन्तर्वेदि कहा है। विनशन बिंदुसर नामक तीर्थ हो सकता है जो सिद्धराज (जिला बडौदा, गुजरात) मे स्थित है।

विनाशिनी दे० बनास।

विनीता

जैन ग्रथ आवश्यक सूत्र के अनुसार अयोध्या का एक नाम।

विपाशा

'शतद्रुच चद्रभागा च यमुना च महानदीम् दृषद्वती विपाशा च विपापां स्थूलवालुकाम्'—महा० भीष्म० 9,15। इस नदी का अभिज्ञान सदिग्ध है किंतु उल्लेख से यह उत्तरभारत (सभवत: पजाब) की कोई नदी जान पडती है।

विपाश=विपाशा

(1) वियास नदी (पजाब) का वैदिक नाम। इसका उल्लेख ऋग्वेद मे

केवल एक बार 3,33,3 मे है—'अच्छासिंधु मातृतमामयास विपाशमुर्वी सुभगा-मगन्मवत्समिवमातरासंरिहाणे समान योनिमनुसचरन्ती'। बृहद्देवता 1,114 मे शुतुद्री या सतलज और विपाश का एक साथ उल्लेख है। वाल्मीकि रामायण अयो० 68,19 मे अयोध्या के दूतों की केकयदेश को यात्रा के प्रसग मे विपाशा (वैदिक नाम विपाश) को पार करने का उल्लेख है, 'विष्णो पद प्रेक्षमाणा विपाशा चापि शाल्मलीम्, नदीर्वापीतटाकानि पल्वलानि सरासि च'। महाभारत, वन० 130,8 मे भी विपाशा के तट पर विष्णुपदतीर्थ का वर्णन है—'एतद् विष्णुपद नाम दृश्यते तीर्थमुत्तमम्, एषा रम्या विपाशा च नदी परमपावनी'। इसके आगे (130,9) विपाशा के नामकरण का कारण पौराणिक कथा के अनुसार इस प्रकार वर्णित है—'अत्र वै पुत्रशोकेन वसिष्ठो भगवानृषि, बद्ध्वात्मान निपतितो विपाश पुनरुत्थित' अर्थात् वसिष्ठ पुत्रशोक से पीडित हो अपने शरीर को पाश से बाधकर इस नदी मे कूद पडे थे किंतु विपाश या पाशमुक्त होकर जल से बाहर निकल आए। महाभारत अनुशासन 3,12,13 मे भी इसी कथा की आवृत्ति की गई है—'तथैवाप्यभयाद बद्ध्वा वसिष्ठ सलिले पुरा, आत्मान मज्जयञ्श्रीमान विपाश पुनरुत्थित। तदाप्रभृति पुण्या हि विपाशाभूत् महानदी, विख्याता कर्मणातेन वसिष्ठस्य महात्मन'। दि मिहरान ऑव सिंध एड इट्स ट्रिब्यूटेरीज के लेखक रेवर्टी का मत है कि बियास का प्राचीन मार्ग 1790 ई० मे बदल कर पूर्व की ओर हट गया था और सतलज का पश्चिम की ओर, और ये दोनो नदिया सयुक्त रूप से बहने लगी थीं। रेवर्टी का विचार है कि प्राचीन काल मे सतलज बियास मे नहीं मिलती थी। किंतु वाल्मीकि रामायण अयो० 71,2 मे वर्णित है कि शतद्रु या सतलज पश्चिमी की ओर बहने वाली नदी थी ('प्रत्यक् स्रोतस्तरगिणी,') (दे० शतद्रु)। अत. रेवर्टी का मत सदिग्ध जान पडता है। बियास को ग्रीक लेखको ने हाइफेसिस (Hyphasis) कहा है।

(2) विष्णुपुराण 2,4,11 के अनुसार प्लक्षद्वीप की एक नदी 'अनुतप्ता शिखी चैव विपाशात्रिदिवा क्लमा अमृता सुकृता चैव सप्तैतास्तत्र निम्नगा'।

विपुल=विपुलगिरि=विपुलाचल

(1) राजगृह (=राजगीर, बिहार) के सातपर्वतों मे परिगणित है (दे० राजगृह)। इसका महाभारत, सभा० 2,1 दाक्षिणात्य पाठ मे उल्लेख है पाडरे विपुले चैव तथा वाराहकेऽपि च चैत्यके च गिरिश्रेष्ठे मातगेच शिलोच्चये'। पाली साहित्य मे इसे वेपुल्ल कहा गया है। विपुलगिरि या विपुलाचल जैन धर्म के अतिम शास्ता भगवान् महावीर के प्रथम प्रवचन की स्थली होने

के कारण भी प्रसिद्ध है। उन्होंने इस स्थान से बारह वर्ष की मौन तपस्या के उपरांत श्रावण कृष्ण की प्रतिपदा को पुण्य वेला मे सूर्योदय के समय अपनी सर्वप्रथम 'देशना' की थी जिसमे उन्होने कहा था—'सब्वे जिवोवा इच्छन्ति, जीवउण मरिज्जउ, तम्हा पाणिवध समणा परिवज्जयंतिण-अर्थात् सभी प्राणी जीना चाहते हैं मरना कोई नहीं चाहता, इसलिए प्राणिवाध घोर पाप है। जो श्रमण हैं वे इसका परित्याग करते हैं। विपुलाचल का महत्त्व जैनधर्म मे वही है जो सारनाथ का बौद्धधर्म मे।

(2) पुराणों के अनुसार इलावृत के चार पर्वतों (विपुल, सुपार्श्व, मदर, गधमादन) में से पश्चिम की ओर का पर्वत-(दे० विष्णु पुराण 2,2,17—'विपुल पश्चिमे पार्श्वे सुपार्श्वश्चोत्तरे स्मृत ।)

विमोचिनी

विष्णुपुराण 2,4 28 मे वर्णित शाल्मलद्वीप की एक नदी—'योनिस्तोया वितृष्णा च चन्द्रा शुक्ला विमोचिनी, निवृति सप्तमी तासां स्मृतास्ता पापशान्तिदा'।

विरजाक्षेत्र दे० मजपुर।

विराटनगर दे० बैराट (1), (2) तथा उपप्लव्य

विराधकुंड (जिला बादा, उ० प्र०)

इटारसी-इलाहाबाद रेलमार्ग पर स्थित टिकरिया स्टेशन से लगभग 2 मील दूर घने वन के बीच यह विस्तीर्ण खाई है जिसे किंवदंती मे वह स्थान कहा जाता है जहां भगवान् राम ने वनयात्रा के समय विराध नामक राक्षस का वध किया था। यह राक्षस चित्रकूट के आगे दडकवन के मार्ग मे एक घने जगल मे रहता था—'निष्कूजमानशकुनिझिल्लिकागणनादितम, लक्ष्मणानुचरो रामोवनमध्य ददर्शह, सीतया सह काकुत्स्थस्तस्मिन् घोरमृगायुते, ददर्श गिरिशृगाभ पुरुषाद महास्वनम्। अधर्मचारिणौ पापौ को युवा मुनिदूषकौ, अह वनमिद दुर्ग विराधो नाम राक्षस चरामि सायुधो नित्यमृषिमासानि भक्षयन्। इय नारी वरारोहा मम भार्या भविष्यति' वाल्मीकि० अरण्य 2,3-4-12-13।
विराधकुंड से चित्रकूट अधिक दूर नहीं है।

विराधवन

विराध राक्षस के रहने का स्थान। यह वन चित्रकूट मे स्थित था। (दे० विराधकुंड)

विरूपा

कटक (उडीसा) के निकट बहने वाली एक नदी। (दे० कटक)

विलासना दे० बिल्सड

विलासपुर (1) (हिमाचल प्रदेश)

जिला बिलासपुर का मुख्य नगर, जिसकी नींव राजा दीपचंद ने 1653 ई० में डाली थी। उन्होंने महाभारतकार महर्षि व्यास की स्मृति में इस नगर को बसाया था और इसका मूल नाम व्यासपुर ही रखा था जो बिगड़ कर बिलासपुर बन गया। किंवदंती है कि वेदव्यास ने इस स्थान के पास एक गुफा में तपस्या की थी। सतलज के वामतट पर एक पहाड़ी के नीचे व्यासगुफा अभी तक स्थित है। मार्कंडेय का आश्रम भी यहां से चार मील दूर है। कहते हैं कि दोनों ऋषि एक सुरंग द्वारा परस्पर मिलने आने-जाते थे। बिलासपुर के पास कई मंदिर हैं रंगनाथ, खनेसर, रघुनाथ मुरली मनोहर और काकरी। जनश्रुति है कि इन्हें पांडवों ने बनवाया था। पहाड़ी की चोटी पर नैनादेवी का मंदिर है जिसे राजा वीरचंद (697-730 ई०) ने बनवाया था। बिलासपुर रोपड़ से 50 मील और शिमला से 37 मील दूर है। यूरोपीय यात्री विग्ने ने 1838 ई० में इस नगर के सौंदर्य तथा वैभव के बारे में अपने संस्मरण लिखे थे। प्राचीन बिलासपुर भाकरा-नंगल बांध के कारण अब जलमग्न हो चुका है।

(2) (म० प्र०) बिलासपुर प्राचीनकाल में मछियारों की छोटी-सी बस्ती मात्र था। किंवदंती के अनुसार इसे एक मछियारे की स्त्री बिलास के नाम पर इसे बिलासपुर कहा जाने लगा था। रायपुर-बिलासपुर के जिले प्राचीन काल में दक्षिण-कोसल में सम्मिलित थे।

विशल्या

महाभारत, सभा०, 9,20 के अनुसार एक नदी जिसका उल्लेख विपुना तथा वैतरणी के साथ किया गया है—'विपुना च विशल्या च तथा वैतरणी नदी'। वैतरणी उड़ीसा की नदी है। विशल्या इसी के समीप बहने वाली कोई नदी जान पड़ती है।

विशाखयूप

बदरीनाथ के पास हिमालय के क्रोड में स्थित वन—'तस्मिन् गिरौ प्रसवणोपपन्नहिमोत्तरीयारणपाडुमानौ, विशाखयूप समुपेत्य चक्रुस्तदानिवास पुरुषप्रवीरा.'—महा० वन० 177-16। वन० 177,15 में यामुनपर्वत या यमुनोत्री का उल्लेख है।

विशाखा दे० विशोक

विशाखापट्टन=विजिगापट्टम् (आं० प्र०)

पौराणिक किंवदंती के अनुसार यह शिव के पुत्र कार्तिकेय का नगर है। विशाख कार्तिकेय का ही एक नाम है-(दे० अमरकोश-1,40—'बाहुलेयस्तारकजिद्विशाखः शिखिवाहन षाण्मातुरः शक्तिधर', कुमार' क्रौंचदारण.'। यह नगर अब एक विशाल समुद्रपत्तन है।

विशाल (लंका)

महावंश 15,126 में वर्णित है। इसको मंडद्वीप या लंका की प्राचीन राजधानी कहा है। यह नगर महामेघवन से पश्चिम की ओर स्थित था।

विशालगढ़ (महाराष्ट्र)

सत्रहवीं शती के मध्य में छत्रपति शिवाजी ने विशालगढ के किले को बीजापुर के सुलतान से छीन कर अपने अधिकार में ले लिया था।

विशाला

(1)=उज्जयिनी। दे० मेघदूत, पूर्वमेघ, 32—'प्राप्यावन्तीमुदयनकथाकोविदग्रामवृद्धान् पूर्वोद्दिष्टामनुसरपुरीं श्रीविशाला विशालाम्'।

(2) वाल्मीकि रामायण, बाल० 45,10 में उल्लिखित एक नगरी जो संभवतः बौद्ध साहित्य में प्रसिद्ध वैशाली (=बसाढ़, ज़िला मुजफ्फरपुर, बिहार) का ही रामायणकालीन नाम है। इस नगरी को राम-लक्ष्मण ने विश्वामित्र के साथ अयोध्या से जनकपुर जाते समय गंगा को पार करने के पश्चात् देखा था—'उत्तर तीरमासाद्य सपूज्यर्षिगण तत, गंगाकूले निविष्टास्ते विशाला ददृशुः पुरीम्'। विशाला नगरी के राजवंश की कथा बाल० 45 में है जिससे ज्ञात होता है कि इस नगरी को बसाने वाला राजा विशाल था जो अलंबुषा नामक अप्सरा से उत्पन्न इक्ष्वाकु का पुत्र था। रामायण की कथा के समय यहां राजा सुमति का राज्य था—'अलम्बुषायामुत्पन्नो विशाल इति विश्रुतः तेन चासीदिह स्थाने विशालेति पुरीकृता ··' तस्य पुत्रो महातेजाः सम्प्रत्येप पुरीमिमाम्, आवसत्परमप्रख्यः सुमतिर्नामदुर्जयः' बाल० 47,17। विशाला पहुंच कर राम-लक्ष्मण ने एक रात्रि के लिए सुमति (विशाल के पुत्र) का आतिथ्य ग्रहण किया था। अगले दिन विशाला से चलकर थोड़ी दूर पर स्थित मिथिला-नगरी या जनकपुर पहुंच कर राजा जनक की राजधानी में प्रवेश किया था—'ततः परमसत्कारं सुमतेः, प्राप्य राघवौ, उष्य तत्र निशामेका जग्मतुर्मिथिला तत.'। विष्णुपुराण 4,1,49 में भी विशाला नगरी को राजा विशाल द्वारा निर्मित बताया गया है और इसे अलम्बुषा अप्सरा का ही पुत्र माना है किंतु इसके पिता को यहां तृणबिंदु कहा गया है—'ततश्चालम्बुषानाम

वराप्सरास्तृणबिंदु भेजे तस्यामप्यस्य विशालो जज्ञे य. पुरीं विशाला निर्ममे'। (दे० वैशाली)

(3)=बदरीनाथ

विशालिका (राजस्थान)

पुष्कर के निकट बहने वाली एक नदी। कहा जाता है कि विशालिका पुष्कर क्षेत्र की मुख्य नदी सरस्वती (जो महाभारतकाल ही मे लुप्त हो गई थी) का अवशिष्ट अश है। (दे० पुष्कर)

विशोक

चीनी यात्री युवानच्वांग (7वीं शती ई०) ने विशोक या विशाखा नामक नगर का वर्णन करते हुए लिखा है कि इस स्थान मे 20 बौद्ध विहार तथा 50 देवमदिर थे। इस नगर की स्थिति विंसेंट स्मिथ ने जिला बाराबकी (उ० प्र०) मे मानी है। युवानच्वांग ने इस नगर को साकेत (अयोध्या) के निकट बताया है। चौथी शती ई० मे भारत आनेवाला चीनी यात्री फाह्यान विशाखा से आठ योजन चलकर श्रावस्ती पहुचा था और इस आधार पर कुछ विद्वान विशोक को अयोध्या या साकेत का ही कोई उपनगर मानते हैं।

विस्फी (जिला दरभगा, बिहार)

मधुबनी के निकट यह ग्राम मैथिलकोकिल विद्यापति के निवासस्थान के रूप में विख्यात है। कहा जाता है कि 1400 ई० के लगभग महाराज शिवसिंह ने यह ग्राम विद्यापति को दान मे दे दिया था।

विश्वा

श्रीमद्भागवत मे उल्लिखित एक नदी—'वितस्ता असिक्नी विश्वेति महानद्य' 5,19,18। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है किंतु प्रसगानुसार यह पजाब की कोई नदी जान पडती है।

विश्वामित्र आश्रम

किंवदती है कि महर्षि विश्वामित्र का आश्रम बक्सर (बिहार) में स्थित था। रामायण की कथा के अनुसार इसी आश्रम मे विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर आए थे यहां उन्होने ताडका, सुबाहु आदि राक्षसों को मारा था। इस स्थान को गगा-सरयू सगम के निकट बताया गया है—'तौ प्रयान्तौ महावीर्यौ दिव्यां त्रिपथगा नदीम्, ददृशाते ततस्तत्र सरय्वाः सगमे शुभे, तत्राश्रम पुण्यमृषीणां भावितात्मनाम्' बाल० 23,5-6-7। सगम के निकट गगा को पार करने के पश्चात् उन्होने वह भयानक वन देखा था जहां ताडका का निवास था। वह वन मलद और कारुष जनपदों के निकट था। विश्वामित्र के आश्रम

को सिद्धाश्रम भी कहा जाता था।

विश्वामित्री

यह नदी चापानेर (गुजरात) के निकट एक पहाड़ी से निकलती है और बड़ौदा के समीप चार अन्य नदियों के संगम स्थान पर उनसे मिल जाती है। (दे० चापानेर)

विषप्रस्थ=वृषप्रस्थ।

विष्णुदेवी (जम्मू, कश्मीर)

जम्मू से उत्तर की ओर 39 मील दूर त्रिकूट पर्वत पर समुद्र तल से 6000 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। विष्णु या वैष्णव देवी का उल्लेख मार्कंडेयपुराण के अंतर्गत दुर्गासप्तशती में है। इस स्थान पर देवी की मूर्तियां एक संकीर्ण और अंधेरी गुफा के अंतिम छोर पर हैं। मूर्तियां गायत्री, सरस्वती और महालक्ष्मी की हैं जो विष्णु देवी के विभिन्न रूप माने जाते हैं।

विष्णुपद

(1) विपाशा (=बियास) के तट (पंजाब में) पर स्थित एक प्राचीन तीर्थ जिसका उल्लेख रामायण तथा महाभारत में है—'विष्णोः पदं प्रेक्षमाणा विपाशां चापि शाल्मलीम्, नदीं वापीतटाकानि पल्वलानि सरांसि च'—वाल्मीकि रामा० अयो० 68,19। महाभारत वन० 130,8 में भी इसी स्थान का वर्णन है—'एतद् विष्णुपदं नाम दृश्यते तीर्थमुत्तमम्, एषा रम्या विपाशा च नदी परमपावनी'।

(2) गया (बिहार) की पहाड़ी। महाभारत, शान्ति० 29,35 में अंग के राजा बृहद्रथ द्वारा विष्णुपद-पर्वत पर यज्ञ करवाए जाने का उल्लेख है—'अयस्य यजमानस्य तदा विष्णुपदे गिरौ'।

(3) महरौली (दिल्ली) के लौह स्तंभ पर उत्कीर्ण संस्कृत अभिलेख में वर्णित स्थान विशेष जहां मूलतः यह स्तंभ प्रतिष्ठित था—'प्रांशुर्विष्णुपदे गिरौ भगवतो विष्णोर्ध्वजः स्थापितः'। कहा जाता है कि यह विष्णुपद, विपाशा नदी के तट पर स्थित विष्णुपद ही है। दिल्ली के चौहान नरेश अनंगपाल ने इस स्तंभ को विष्णुपद से लाकर दिल्ली में स्थापित किया था (दे० जयचंद्र विद्यालंकार, उत्कीर्ण लेखांजलि, पृ० 15) कुछ विद्वानों के मत में इस स्तंभ का मूल स्थान—विष्णुपदगिरि वास्तव में मथुरा के समीप गोवर्धन पर्वत है। ये दोनों ही अभिज्ञान अभी तक प्रमाणित नहीं हो सके हैं। (दे० महरौली, दिल्ली)

विष्णुपुर (बिहार)

यहां स्थित एक तड़ाग से एक काष्ठनिर्मित जिन प्रतिमा प्राप्त हुई थी जो

कलकत्ता विश्वविद्यालय के आशुतोष संग्रहालय में सुरक्षित है। श्री डी० पी० घोष के मत में यह मूर्ति प्राय 2000 वर्ष प्राचीन है और मौर्यकालीन हो सकती है। तडाग में जलमग्न रहने के कारण, मूर्ति के काष्ठ में अनेक सिकुड़नें पड़ गई हैं।

विष्णुमती (नेपाल)

काठमांडू के निकट बहने वाली नदी जिसके तट पर पशुपतिनाथ का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है। काठमांडू विष्णुमती और बागमती के बीच में बसा हुआ है।

विहला

रैवतक (गिरनार) से निकलने वाली नदी।

विहारगांव

कार्ली का एक नाम। यह नाम यहाँ स्थित बौद्ध विहार तथा चैत्य के कारण ही हुआ था। (दे० कार्ली)

विहारबीज (लंका)

महावंश 17,59-60 में उल्लिखित एक ग्राम। यहां के निवासी पांच सौ युवकों ने एक साथ ही प्रव्रज्या ग्रहण की थी।

वीतभय

जैनग्रंथ 'प्रवचन सारद्वार' में सौवीर देश की राजधानी के रूप में वर्णित है। एक अन्य ग्रंथ—सूत्रप्रज्ञापणा में इसे सिंध देश में स्थित बताया गया है।

वीरक

'कारस्करान्माहिषकान् कुरण्डान् केरलांस्तथा, कर्कोटकान् वीरकांश्च दुर्धर्मांश्च विवर्जयेत्'—महा० कर्ण० 44 43। इस उल्लेख में वर्णित जनपदों के निवासियों को महाभारत के समय में दूषित समझा जाता था क्योंकि संभवत: ये लोग अनार्यजातियों से संबंधित थे। प्रसंगानुसार वीरक दक्षिणभारत का कोई जनपद जान पड़ता है।

वीरनगर

'देविकायास्तटे वीरनगरं नाम वै पुरम्, समृद्धिमतिरम्यं च पुलस्त्येन निवेशितम्' विष्णु० 2,15,6। इस उद्धरण से सूचित होता है कि वीरनगर देविका नदी के तट पर स्थित था और इसकी स्थापना पुलस्त्य ऋषि ने की थी। प्राचीन साहित्य में देविका नाम की कई नदियों का उल्लेख है। एक गंडकी की सहायक नदी देविका नेपाल में थी, दूसरी सौवीर में, तीसरी मुल्तान के निकट। वीरनगर की स्थिति इन्हीं नदियों में किसी के तट पर हो सकती है। संभवत: यह नेपाल का वीरनगर है (?)।

वीरपुर (1) (भूतपूर्व रियासत ओड़छा, म० प्र०)

ओड़छा नरेश वीरसिंहदेव ने जो अकबर और जहांगीर के समकालीन थे इस नगर को अपने नाम पर बसाया था। उन्होंने वीरसागर नामक तालाब भी यहां बनवाया था।

(2)=राजपुर (4)

वीरमत्स्य

'सरस्वतीं च गंगा च युग्मेन प्रतिपद्य च, उत्तरान् वीरमत्स्यानां भारुंड प्राविशद्वनम्' वाल्मीकि रामा०, अयो० 71,5। वीरमत्स्य जनपद, भरत को केकय देश से अयोध्या आते समय सरस्वती और गंगानदियों के समीप मिला था। यह गंगा नदी संभवत सरस्वती की कोई सहायक नदी हो सकती है क्योंकि भागीरथी गंगा को भरत ने यमुना पार करने के पश्चात् पार किया था जो भूगोल की दृष्टि से ठीक भी है। भरत ने यमुना को वीरमत्स्य पहुंचने के पश्चात् पार किया था—'यमुनां प्राप्य संतीर्णो बलमाश्वासयत्तदा' (अयो० 71,6)। इस प्रकार वीरमत्स्य की स्थिति यमुना के पश्चिम की ओर पूर्वी पंजाब में माननी चाहिए। संभवतः वीरमत्स्य में वर्तमान जगाधरी का ज़िला या इसका कोई भाग सम्मिलित रहा होगा।

वीरावल (काठियावाड़, गुजरात)

यह छोटा-सा बंदरगाह वही स्थान है जहां इतिहास-प्रसिद्ध सोमनाथ का मंदिर स्थित था। इस को 1024 ई० में महमूद गजनी ने तोड़ा था। प्राचीन मंदिर के खंडहर समुद्रतट पर एक ऊंचे टीले पर स्थित हैं। इस स्थान के निकट युद्ध में आहत गजनी के सैनिकों की सैकड़ों कब्रें दिखाई पड़ती हैं जिससे जान पड़ता है कि गजनी की सेना को काफी क्षति उठानी पड़ी थी और स्थानीय राजपूतों ने बड़ी वीरता से उसका सामना किया था। सोमनाथ का अपेक्षाकृत नया मंदिर जो पुराने के समीप है अहल्याबाई ने बनवाया था। वीरावल के पास ही प्रभास क्षेत्र है जिसे भगवान् कृष्ण का देहोत्सर्ग-स्थल माना जाता है। वीरावल या वेरावल का प्राचीन नाम वेलाकूल कहा जाता है। (वेलाकूल का अर्थ समुद्रतट है)

वुलर

कश्मीर की झील। कहा जाता है कि वुलर शब्द शायद उल्लोल (ऊंची चंचल लहरियों वाली) का अपभ्रंश है। इस झील का प्राचीन नाम महापद्मसर था।

वृंद=वृंदारक

महाभारत सभा० 32,11 के एक पाठ के अनुसार वृंदारक पर नकुल ने अपनी पश्चिमी दिशा की दिग्विजय के प्रसंग में अधिकार किया था। श्री वा० दा० अग्रवाल के मत में वृंदारक या वृंद वर्तमान अटक (प० पाकि०) के निकट बुरिदुबुनेर नामक स्थान है। इसके आगे द्वारपाल या (संभवत) खैबर का उल्लेख है।

वृंदावन (जिला मथुरा, उ० प्र०)

मथुरा से 6 मील, यमुना तट पर स्थित कृष्ण की लीलास्थली। हरिवंश-पुराण, श्रीमद्भागवत, विष्णुपुराण आदि में वृंदावन की महिमा वर्णित है। कालिदास ने इसका उल्लेख रघुवंश में इंदुमती स्वयंवर के प्रसंग में शूरसेनाधिप सुषेण का परिचय देते हुए किया है—'संभाव्य भर्तारममुंयुवानंमृदुप्रवालोत्तरपुष्पशय्ये, वृंदावने चैत्ररथादनूने निर्विश्यतां सुंदरि यौवनश्री' रघु० 6,50. इससे कालिदास के समय में यहां मनोहारी उद्यानों की स्थिति का पता चलता है। श्रीमद्भागवत की कथा के अनुसार गोकुल से कंस के अत्याचार से बचने के लिए नंदजी कुटुंबियों और सजातीयों के साथ वृंदावन चले आये थे—'वनं वृंदावनं नाम पशव्यं नवकाननं गोपगोपीगवां सेव्यं पुण्याद्रितृणवीरुधम्। तत्तत्राद्यैव यास्यामः शकटान्युड्क्तमाचिरम्, गोधनान्यग्रतो यान्तु भवता यदि रोचते। वृंदावनं सम्प्रविश्य सर्वकालसुखावहम्, तत्र चक्रुः व्रजावासं शकटैरर्धचन्द्रवत्। वृंदावनं गोवर्धनं यमुनापुलिनानि च, वीक्ष्यासीदुत्तमाप्रीती राममाधवयोर्नृप' श्रीमद्भागवत, 10,11,28-29-35-36। विष्णुपुराण 5,6,28 में इसी प्रसंग का उल्लेख इस प्रकार है—'वृंदावनं भगवता कृष्णेनाक्लिष्टकर्मणा शुभेन मनसाध्यातं गवां सिद्धिमभीप्सता।' अन्यत्र वृंदावन में कृष्ण की लीलाओं का वर्णन भी है—'यथा एकदा तु विना रामं कृष्णो वृंदावनं ययु' विष्णु० 5,7,1; दे० विष्णु० 5,13,24 आदि। कहते हैं कि वर्तमान वृंदावन असली या प्राचीन वृंदावन नहीं है। श्रीमद्भागवत 10,36 के वर्णन तथा अन्य उल्लेखों से जान पड़ता है कि प्राचीन वृंदावन गोवर्धन के निकट था। गोवर्धन-धारण की प्रसिद्ध कथा की स्थली वृंदावन ही थी। अतः वृंदावन गोवर्धन पर्वत के पास ही स्थित रहा होगा न कि वर्तमान वृंदावन के स्थान पर। महाप्रभु वल्लभाचार्य के मत में मूल वृंदावन पारासौली (=परम रासस्थली) के निकट था। महाकवि सूरदास इसी ग्राम में दीर्घकाल तक रहे थे। कहा जाता है कि प्राचीन वृंदावन मुसलमानों के शासन काल में उनके निरंतर आक्रमणों के कारण नष्ट हो गया था और कृष्णलीला की स्थली का कोई अभिज्ञान शेष नहीं रहा था। 15वीं

शती में महाप्रभु चैतन्यदेव ने अपनी व्रजयात्रा के समय वृदावन तथा कृष्णकथा से संबंधित अन्य स्थानों को अपने अतर्ज्ञान द्वारा पहचाना था। वर्तमान वृदावन में प्राचीनतम मदिर राजा मानसिंह का बनवाया हुआ है। यह मुगल सम्राट् अकबर के शासनकाल में बना था। मूलत यह मदिर सात मजिलों का था। ऊपरले दो खड औरगजेब ने तुड़वा दिए थे। कहा जाता है कि इस मदिर के सर्वोच्च शिखर पर जलने वाले दीप मथुरा से दिखाई पड़ते थे। यहा का विशालतम मदिर रगजी के नाम से प्रसिद्ध है। यह दाक्षिणात्य शैली में बना हुआ है। इसके गोपुर बड़े विशाल एव भव्य हैं। यह मदिर दक्षिण भारत के श्रीरगम् के मदिर की अनुकृति जान पड़ता है। वृदावन के अन्य प्रसिद्ध स्थान हैं—निधिवन (हरिदास का निवास कुज), कालियदह, सेवाकुज आदि।

वृक

पाणिनि द्वारा उल्लिखित गणराज्य जिसकी स्थिति पजाब या उसके निकटवर्ती क्षेत्र में थी। सभव है यह वृकस्थल हो।

वृकप्रस्थ

बागपत (जिला मेरठ उ० प्र०) का प्राचीन नाम। (दे० बागपत, वृकस्थल)। कुछ लोगों का कहना है कि बागपत व्याघ्रप्रस्थ का अपभ्रश है।

वृकस्थल=वृकप्रस्थ

यह स्थान उन पाच ग्रामों में था जिनकी माग पाडवों ने युद्ध के निवारणार्थ, दुर्योधन से की थी—'अविस्थलवृकस्थल माकन्दी वारणावतम्, अवसान भवेत्वत्र किंचिदेक तु पचमम्'—महा० उद्योग० 31,19। वृकस्थल या वृकप्रस्थ का अभिज्ञान किवदती के अनुसार बागपत (जिला मेरठ, उ० प्र०) से किया जाता है। (दे० बागपत)

वृजि=वृजिक (वृज्जि)

उत्तरबिहार का बौद्धकालीन गणराज्य जिसे बौद्ध साहित्य में वृज्जि कहा गया है। वास्तव में यह गणराज्य एक राज्य सघ का अग था जिसके आठ अन्य सदस्य (अट्ठकुल) थे जिनमें विदेह, लिच्छवि तथा ज्ञातृकगण प्रसिद्ध थे। वृजियों का उल्लेख पाणिनि 4,2,131 में है। कौटिल्य अर्थशास्त्र में वृजिकों को लिच्छविकों से भिन्न बताया गया है और वृजियों के सघ का भी उल्लेख किया गया है। युवानच्वांग ने भी वृजिदेश को वैशाली से अलग बताया है (दे० वाटर्स 2 81) किंतु फिर भी वृजियों का वैशाली से निकट सबध था। बुद्ध के जीवनकाल में मगध सम्राट् अजातशत्रु और वृज्जिगणराज्य में बहुत दिनों तक सघर्ष चलता रहा। महावग्ग के अनुसार अजातशत्रु के दो मत्रियों

—सुनिध और वर्षकार (वस्सकार) ने पाटलिग्राम (पाटलिपुत्र) में एक किला वृज्जियों के आक्रमणों को रोकने के लिए बनवाया था। महापरिनिब्बान सुत्तन्त में भी अजातशत्रु और वृज्जियों के विरोध का वर्णन है। वज्जि शायद वृजि का ही रूपांतर है (दे० रायचौधरी, पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव ऐंशेंट इंडिया–पृ० 255)। बुह्लर के मत में वज्जि का नामोल्लेख अशोक के शिलालेख सं० 13 में है। जैन तीर्थंकर महावीर वृज्जिगणराज्य के ही राजकुमार थे।

वृजिस्थान

युवानच्वांग ने इस स्थान का उल्लेख फो-लि शतगना नाम से किया है। यह वर्तमान वजीरस्तान (प० पाकि०) है।

वृद्ध गौतमी

गोदावरी की एक शाखा। गोदावरी की सात शाखा नदियां मानी गई हैं जिन्हें सप्तगोदावरी कहते हैं। (दे० गोदावरी)

वृषप्रस्थ

'कन्यातीर्थे ऽश्वतीर्थे च गवां तीर्थे च भारत, कालकोट्यां वृषप्रस्थे गिरा-वुप्य च पांडवा', बाहुदायां महीपाल चक्रुः सर्वे ऽभिषेचनम्'—महा० वन० 95, 3-4। कान्यकुब्ज, अश्वतीर्थ, कालकोटि आदि के साथ इस पर्वत का तीर्थरूप में उल्लेख होने से यह बुंदेलखंड की कोई पहाड़ी जान पड़ती है। संभवतः यह कालिंजर के निकट स्थित है। वृषप्रस्थ का पाठांतर विषप्रस्थ भी है।

वृषभ

महाभारत, सभा० 21,2 के अनुसार गिरिव्रज (=राजगृह, बिहार) के निकट एक पहाड़ी, 'वैहारो विपुलः, शैलो वराहो वृषभस्तथा, तथा ऋषिगिरि-स्तात शुभाश्चैत्यक पंचमाः।' [(दे० राजगृह (1)]

वृषभाद्रि (जिला मदुरै, मद्रास)

मदुरै या मदुरा से बारह मील उत्तर की ओर प्राचीन तीर्थ है। इसका वर्णन वाराह, वामन ब्रह्मांड तथा अग्निपुराण में है। कहा जाता है कि अपने वनवास-काल में पांडवों ने द्रौपदी के साथ इस पर्वत पर कुछ समय तक निवास किया था। वे जिस गुफा में रहे थे वह आज भी पांडवर्मिया कहलाती है। वृष-भाद्रि पर एक प्राचीन दुर्ग है तथा नूपुरगंगा नामक एक विस्तृत जल स्रोत।

वृषभानपुर दे० बरसाना

वृष्णि

वृष्णि-गणराज्य शूरसेन-प्रदेश में स्थित था। वृष्णियों का तथा अंधकों का प्राचीन साहित्य में साथ-साथ उल्लेख है। श्रीकृष्ण वृष्णि वंश से ही संबंधित

थे । पाणिनि 4,1,114 तथा 6,2,34 में वृष्णियों तथा अंधकों का उल्लेख है । कौटिल्य के अर्थशास्त्र (पृ० 12) मे वृष्णियों के संघ-राज्य का वर्णन है । महाभारत शांति० 81,29 मे अंधक वृष्णियों का कृष्ण के संबंध मे वर्णन है—'यादवा: कुकुरा भोजा सर्वे चान्धकवृष्णय, त्वय्यासक्ता: महाबाहो लोकालोकेश्वराश्च ये ।' इसी प्रसंग मे कृष्ण को संघमुख्य भी कहा गया है जिससे सूचित होता है कि वृष्णि तथा अंधक गणजातियों के राज्य थे—'भेदाद् विनाश: संघाना संघमुख्योऽसि केशव' शांति० 81,25 । वृष्णियों का हर्षचरित (कॉवेल, पृ० 193) में भी उल्लेख है । वृष्णि-संघ का नाम एक सिक्के पर भी अंकित पाया गया है जिसका अभिलेख इस प्रकार है—'वृष्णि राजज्ञागणस्य भुभरस्य ।' यह सिक्का वृष्णि-गणराज्य द्वारा प्रचलित किया गया था और इसकी तिथि प्रथम या द्वितीय शती ई० पू० है (दे० मजुमदार—कार्पोरेट लाइफ इन एँशेंट इंडिया—पृ० 280)

वेंकटाचल = वेंकटरमनाचलम् = शेषाचल

तिरुमला पहाड़ी की सातवीं चोटी का नाम जो समुद्रतल से 2500 फुट ऊंची है । यहां बालाजी का प्राचीन मंदिर है । यह पत्थर की बनी तीन दीवारों से परिवृत है और तीन ही गोपुर इसको सुशोभित करते हैं । बीच मे सशिखर मंदिर है जिसका प्रांगण 410 फुट लंबा और 260 फुट चौड़ा है । कई प्रवेश-द्वारों के भीतर पहुंचकर सात फुट ऊंची बालाजी की पाषाण-मूर्ति दृष्टिगोचर होती है । बालाजी को दक्षिणी लोग वेंकटेश कहते हैं । पहाड़ी पर बालाजी के मंदिर से 3 मील दूर पापनाशिनी गंगा और दो मील पर कपिलधारा स्थित है । श्रीमद्भागवत 5,19,16 मे वेंकटाचल का उल्लेख है—'श्रीशैलो वेंकटो महेंद्रो वारिधारो विंध्य:' ।

वेंगी

समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति मे वर्णित स्थान जहां के शासक हस्तिवर्मन् को गुप्तसम्राट् ने परास्त किया था—'वैंगेयकहस्तिवर्मपालक्कउग्रसेनदैवराष्ट्रककुबेरकौस्थलपुरकधनंजयप्रभृति-सर्वदक्षिणापथ राजग्रहणमोक्षानुग्रहजनित-प्रतापोन्मिश्रमहाभाग्यस्य च' । वेंगी का अभिज्ञान वेंगी और पेड्डवेगी नामक स्थान से किया गया है जो कृष्णा और गोदावरी नदियों के बीच मे स्थित एलोर नामक स्थान से सात मील उत्तर में है । दूसरी शती ई० में वेंगी के शालंकायन नामक नरेशों का पता चला है । टॉलमी ने इन्हें ही सलकेनोई नाम से अभिहित किया है । इससे पहले यहां इक्ष्वाकुओं का राज्य था ।

वेंडाली (लिंगसुगुर तालुका, जिला रायचूर, मैसूर)

इस स्थान से प्रागैतिहासिक अवशेष प्राप्त हुए हैं । प्राचीन समय में लोहा

गलाने की निर्माणियां भी यहां थीं जिनके खंडहर मिले हैं।

वेक्करई (केरल)

मलाबार के समुद्रतट पर स्थित बंदरगाह है जो ई० सन् की प्रारंभिक शतियों में दक्षिण भारत और रोम-साम्राज्य के बीच होने वाले व्यापार का महत्वपूर्ण केंद्र था। तत्कालीन रोमन इतिहास लेखक प्लिनी ने इसे बेकारे (Becare) और टॉलमी ने अपने भूगोल में इसे बकारई या बर्करे (Bakarai, Barkare) नाम से अभिहित किया है। प्लिनी के अनुसार यह बंदरगाह मदुरा देश में स्थित था जहां पाड्य-नरेश का राज्य था। वेक्करई कोट्टायम नगर के निकट स्थित था।

वेगवती

(1)=वेगा

(2) रैवतक या गिरनार पर्वत से निस्सृत नदी।

वेगा

मदुरा (मद्रास) के समीप बहनेवाली नदी। यह पश्चिमी घाट की पर्वत-माला से निस्सृत होकर मदुरा के दक्षिण-पूर्व में रामेश्वरम् के द्वीप के पास समुद्र में मिलती है। नदी स्थान-स्थान पर लुप्त हो जाती है।

वेगी दे० वेंगी।

वेठद्वीप

इस नगर का प्राचीन बौद्धसाहित्य में उल्लेख है। कुछ विद्वानों ने इसका अभिज्ञान बेतिया (जिला चंपारन) से किया है। मजुमदार शास्त्री (दे० ऐंशेंट ज्यॉग्रेफी ऑव इंडिया 1924, पृ० 714) के अनुसार यह बसिया का नाम है। धम्मपदटीका (हार्वर्ड ओरियंटल सिरीज, 28, पृ० 247) में वेठदीपक नामक एक राजा का उल्लेख है जिसका संबंध अल्लकप्प के राजा से साथ बताया है।

वेता=वेता दे० वेदश्रुति

वेणा

'स विजित्य दुराधर्षं भीष्मक माद्रिनंदन कोसलाधिप चैव तथा वेणातटाधिप'—महा० सभा० 31,12; 'वेणा भीमरथी चैव नद्यौ पापभयापहे, मृगद्विज-समाकीर्णे तापसालयभूषिते'—महा० वन० 88,3। इस नदी (जिसका उल्लेख भीमरथी या भीमा के साथ है) का अभिज्ञान पेनगंगा से किया गया है। पेनगंगा भीमा के समान ही सह्याद्रि से निकलकर पूर्वसमुद्र में गिरती है। महाभारत में वेणा-समुद्र संगम को पवित्र स्थली बताया गया है—'वेणायाः संगमे स्नात्वा

वाजिमेधफल लभेत्' वन० 85,34। संभवतः इसे ही श्रीमद्भागवत 5,19,18 में वेण्या कहा गया है—'तुंगभद्राकृष्णावेण्याभीमरथीगोदावरी'। यहां भी इसका भीमरथी के साथ उल्लेख है। यह वेनगंगा या प्रवेणी भी हो सकती है।

वेणी

महाराष्ट्र की एक छोटी नदी। सतारा (महाराष्ट्र) से पांच मील पूर्व कृष्णा और वेणी के संगम पर माहुली नामक पुण्यतीर्थ बसा है। श्रीमद्भागवत 5,19,18 में वेणी का उल्लेख है—'वैहायसीकावेरीवेणीपयस्विनीशर्करावर्ती तुंगभद्राकृष्णावेण्या '।

वेणुकटक

बुद्धचरित 21,8 के अनुसार इस स्थान पर बुद्ध ने नंद की माता को प्रव्रजित किया था। यह स्थान राजगृह के निकट स्थित था। राजगृह बिहार में स्थित राजगीर है।

वेणुका

विष्णुपुराण 2,4 66 के अनुसार शाकद्वीप की एक नदी—'इक्षुश्च वेणुका चैव गभस्तीसप्तमी तथा, अन्याश्च शतशस्तत्र क्षुद्रनद्योमहामुने'।

वेणुमंत

द्वारका के उत्तर की ओर स्थित पर्वत—'उत्तरस्यां दिशि तथा वेणुमन्तो विराजन, इन्द्रकेतुप्रतीकाशः पश्चिमादिशिमाश्रित'—महा० सभा० 38। यह पर्वत गिरनार पर्वत श्रेणी का कोई भाग जान पड़ता है।

वेणुमती

बुद्धचरित 23,62 में वर्णित स्थान जो वैशाली के निकट था। यहां गौतम बुद्ध ने आम्रपाली का आतिथ्य स्वीकार करने के पश्चात वर्षा व्यतीत की थी।

वेणुमान्

विष्णुपुराण 2,4,36 में उल्लिखित कुशद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा ज्योतिष्मान् के पुत्र वेणुमान् के नाम पर प्रसिद्ध है।

वेणुवन=वेणुवनाराम

महावंश 5,115 के अनुसार यह वन या उद्यान राजगृह (=राजगीर, बिहार) में वैभार पर्वत की तलहटी में नदी के दोनों ओर स्थित था। इसे मगध सम्राट् बिंबसार ने गौतम बुद्ध को समर्पित कर दिया था। इसे महावंश 15,16-17 में वेणुवनाराम कहा गया है। संभवतः बांस के वृक्षों की अधिकता के कारण ही इसे वेणुवन कहा जाता था। बुद्धचरित 16,49 के अनुसार 'तब वेणुवन में तथागत का आगमन सुनकर मगधराज अपने मंत्रिगणों के साथ उनसे

मिलने के लिए आया'।

वेण्या दे० वेणा

वेत्रवती

(1) यमुना की सहायक नदी बेतवा। यह नदी पचमढ़ी (म० प्र०) के समीप धूपगढ़ नामक पहाड़ी (पारियात्र शैलमाला) से निकलती है तथा मध्य-प्रदेश में बहती हुई यमुना में दक्षिण की ओर से आकर मिल जाती है। इसका महाभारत भीष्म० 9,16 में उल्लेख है—'नदी वेत्रवती चैव कृष्णवेणा च निम्नगाम इरावती वितस्ता च पयोष्णी देविकामपि'। प्राचीन काल की प्रसिद्ध नगरी विदिशा वेत्रवती के तट पर ही बसी थी। मेघदूत (पूर्वमेघ, 26) में कालिदास ने वेत्रवती का विदिशा के संबंध में मनोहारी वर्णन किया है—'तेषां दिक्षुप्रथितविदिशालक्षणां राजधानीम्, गत्वा सद्यः फलमविकलं कामुकत्व-स्यलब्धवा तीरोपान्तस्तनितसुभगं पास्यसि स्वादुयुक्तम् सभ्रूभंगं मुखमिव पयो वेत्रवत्याश्चलोर्मि'। बाणभट्ट ने कादंबरी के प्रारंभ में राजा शूद्रक की राजधानी विदिशा को वेत्रवती के तट पर स्थित बताया है—'वेत्रवत्यासरितापरिगत विदिशाभिधाननगरी राजधान्यासीत्'। बुंदेलखंड का मध्यकालीन नगर ओड़छा भी इसी नदी (बेतवा) के तट पर स्थित है। हिंदी के महाकवि केशवदास (16वीं शती) ने बेतवा का मनोरम वर्णन किया है—'नदी बेतवै तीर जँह तीरथ तुंगारन्य, नगर ओड़छो बहुबसै धरनी तल मैं धन्य'। 'केशव तुंगारन्य मैं नदी बेतवैतीर, नगर ओड़छे बहुबसैं पंडित मंडित भीर;' 'ओड़छेतीर तरंगिन बेतवै ताहितरै नर केशव को है। अर्जुनबाहुप्रवाहुप्रबोधित रेवाज्यो राजन की रज मोहै, जोतिजगै जमुना सी रूगै जगलाल विलोचन पाप बियो है। सूरसुता शुभसंगम तुंगतरंग तरंगित गंग सी सोहै'। इन पद्यों में केशवदास ने बेतवा को तुंगारण्य में ओड़छे के निकट बहने वाली नदी कहा है तथा सूरसुता अथवा यमुना से उसके संगम का वर्णन किया है। केशव के अनुसार बेतवा का तरना दुर्गम था। इस नदी के तट पर बेत के पौधों की बहुलता के कारण ही इस नदी का नाम वेत्रवती पड़ा होगा। बेतवा भारत की सुंदरतम नदियों में से है।

(2)=बर्तोई

वेयासी दे० वैशाली (2)

वेदगिरि (मद्रास)

मद्रास से 44 मील दूर पक्षीतीर्थ की पहाड़ी का नाम। पौराणिक कथा के अनुसार वेदों की स्थापना इस पहाड़ी पर कुछ समय तक शिव की

आज्ञा से की गई थी। पहाड़ी 500 फुट ऊंची है और इसका क्षेत्रफल प्राय 265 एकड और घेरा दो मील के लगभग है। पहाड़ी के नीचे बने हुए मंदिर की बहुत ख्याति है और कहा जाता है कि अप्पर, सवदर, अरुणगिरि, थाकरर तथा अन्य महात्माओं ने यहां आकर भक्तवत्सलेश्वर तथा त्रिपुरसुंदरी के दर्शन किए थे। गिरिशिखर पर बना हुआ मंदिर भी बहुत प्रसिद्ध है। शिखर के नीचे की ओर जाते हुए एक गुफा मंदिर मिलता है--जो एक ही विशाल प्रस्तर-खंड में से कटा हुआ है। इसी कारण इसे ओहवक्ल मंडप कहते हैं। इसके दो बरामदे हैं जिनमें से प्रत्येक चार भारी स्तंभों पर आधृत है। मंडप के भीतर पल्लवकालीन (7वीं शती ई० की) अनेक कलापूर्ण मूर्तियां हैं। वेदगिरि को ब्रह्मगिरि भी कहते हैं।

वेदवती

वेदवती दक्षिण भारत की नदी है जो भीमा के निकट ही बहती है। विसेंट-स्मिथ के अनुसार (अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया, पृ० 156,) कुंतलदेश (=कर्नाटक) वेदवती और भीमा के बीच में स्थित था। महाभारत भीष्म० 9,17 में वेदवती का उल्लेख है—'वेदस्मृता वेदवती त्रिदिवामिक्षुला कृमिम्'। श्री बी० सी० लॉ के अनुसार यह वरदा है। (दि० हिस्टॉरिकल ज्यॉग्रेफी ऑव ऐंशेंट इंडिया)

वेदश्रुति

वाल्मीकि रामायण के वर्णन के अनुसार श्रीराम-लक्ष्मण-सीता ने अयोध्या से वन जाते समय कोसल देश की सीमा पर बहने वाली इस नदी को पार किया था—'एता वाचोमनुष्याणां ग्रामसंवासवासिनां शृण्वन्नतिययौवीरः कोसलान् कोसलेश्वरः। ततो वेदश्रुतिं नाम शिववारिवहां नदीम् उत्तीर्याभिमुखः प्रायादगस्त्याध्युषितां दिशम्' अयो० 49,8 9। इससे पहले तमसा-तीर पर उन्होंने वनवास की पहली रात्रि व्यतीत की थी (अयो० 46,1)। वेदश्रुति के पश्चात् गोमती (अयो० 49,10) तथा स्यंदिका (अयो० 49,11) को उन्होंने पार किया था। वेदश्रुति इस प्रकार तमसा और गोमती के बीच में स्थित कोई नदी जान पड़ती है। श्री न० ला० डे के अनुसार यह अवध की बेता (वेता) नदी है।

वेदसा (महाराष्ट्र)

बंबई-पूना रेलमार्ग पर वडगाव स्टेशन से 6 मील दूर यह ग्राम स्थित है। पहाड़ी पर कार्ली और भाजा के गुफा-मंदिरों के समान ही बौद्ध गुफा-मंदिर हैं जिनमें एक चैत्य गुफा भी सम्मिलित है।

वेदस्मृता

'वेदस्मृता वेदवती निदिवामिक्षुलां कृमिम्'—महा० भीष्म० 9,17. इस नदी का अभिज्ञान अनिश्चित है किंतु वेदस्मृति नामक किसी नदी को विष्णुपुराण 2,3,10 में परियात्र (प० विंध्य) से निस्सृत बताया गया है—'वेदस्मृतिमुखाद्या: स्त्र पारियात्रोद्भवामुने'। वेदस्मृति का श्रीमदभागवत् 5,19,18 में भी उल्लेख है—'महानदीवेदस्मृतिऋषिकुल्यात्रिसामाकौशिकी'। संभवतः वेदस्मृता वेदस्मृति का ही नामांतर है।

वेदस्मृति दे० वेदस्मृता।

वेदोप

बौद्ध किंवदंती के अनुसार वेदोप उन आठ स्थानों में से था जहां के नरेश भगवान् बुद्ध के परिनिर्वाण के पश्चात् उनके शरीर की भस्म लेने के लिए कुशीनगर आए थे।

वेतगंगा दे० प्रवेणी

वेनाड

त्रिवांकुर (केरल) का प्राचीन नाम। 18वीं शती के मध्यकाल में राजा मार्तंडवर्मा ने वेनाड राज्य की सीमाएं बहुत विस्तृत कर ली थीं। रामीन नामक एक सैनिक ने इस कार्य में उसकी बहुत सहायता की थी। अपनी अभूतपूर्व विजयों के पश्चात् मार्तंडवर्मा ने केरलराज्य को त्रिवेंद्रम के अधिष्ठातृ देव श्रीपद्मनाभ के लिए समर्पित कर दिया था। इसके पश्चात् ही त्रिवांकुर राज्य की राजधानी त्रिवेंद्रम में स्थापित की गई और वेनाड का नया नाम त्रिवांकुर (ट्रावनकोर) प्रचलित हुआ। (दे० त्रिवांकुर, केरल)

वेनीवडार (काठियावाड, गुजरात)

इस स्थान पर उत्खनन द्वारा अनेक प्रागैतिहासिक अवशेष प्राप्त हुए हैं। पुरातत्व के विद्वानों का मत है कि ये अवशेष अणुपाषाण तथा पूर्व-पाषाण युग की उस सभ्यता से संबंधित हैं जिसका मूलस्थान बेबिलोनिया में था।

वेमलवाडा (जिला करीमनगर, आं० प्र०)

इस स्थान पर एक विशाल झील के तट पर एक प्राचीन मंदिर स्थित है जहां यात्रा के लिए प्रतिवर्ष सहस्रों यात्री आते-जाते रहते हैं।

वेरावल दे० वीरावल।

वेरीनाग (कश्मीर)

वेरीनाग का अर्थ विशाल नाग अथवा स्रोत है। झेलम नदी का उद्गम

यही स्रोत कहा जाता है। प्राचीन समय मे स्रोत के निकट शिव और गणेश के मंदिर स्थित थे। मुगल सम्राट् जहांगीर ने इन मंदिरों को न छेड़ते हुए स्रोत के निकट ही एक सुंदर इमारत बनवाई थी। इसकी नींव 1620 ई० मे पड़ी थी किंतु यह 1627 ई० में बनकर तैयार हुई थी। वेरीनाग नूरजहां को बहुत प्रिय था और अपने कश्मीर प्रवास मे वह प्राय यहां ठहरती थी। वेरीनाग का स्रोत 52 फुट गहरा है और इसकी तलहटी के ऊपर दो वेदिकाएं बनी हुई हैं। सन्निकट उद्यान के बाहर एक छोटा-सा प्रासाद बना है।

वेरुल दे० इलोरा

वेललि=वेलिग्राम (जिला मंगलूर, मैसूर)

इस छोटे से ग्राम मे जो उडुपी क्षेत्र के अंतर्गत माना जाता है, माघ शुक्ल सप्तमी 1295 वि० सं०=1238 ई० मे प्रसिद्ध दार्शनिक मध्वाचार्य का जन्म हुआ था। इनके पिता भार्गवगोत्रीय नारायण भट्ट थे तथा इनकी माता का नाम वेदवती था। माध्व का बचपन का नाम वासुदेव था। ये द्वैत सिद्धांत के प्रतिपादक तथा भक्तिमार्ग के परिपोषक थे। इस स्थान को वेल्ले भी कहते हैं। यह उडुपी से सात मील दूर है।

वेलाकूल दे० वीरावल

वेलापुर=वेल्लूर

वेलिग्राम=वेललि

वेल्लूर (मद्रास)

प्राचीन नाम वेलापुर है। यह स्थान एक मध्ययुगीन दुर्ग के लिए प्रख्यात है जो 1274 ई० मे बोम्मी रेड्डी ने बनवाया था। यह व्यक्ति भद्राचल से यहां आकर बस गया था। विजयनगर के नरेशों के समय इस स्थान की बहुत उन्नति हुई। 17वीं शती के मध्य में बीजापुर के सुल्तानों ने यहां आक्रमण करके दुर्ग का घेरा डाला। 1676 ई० मे मराठों ने इस स्थान पर अधिकार कर लिया किन्तु 1707 ई० मे मुगल सेनापति दाऊद ने इसे उनसे छीन लिया। 1760 ई० मे यहां अंग्रेजों का आधिपत्य हो गया। टीपू सुल्तान की मृत्यु के पश्चात् उसके परिवार के सदस्यों को यहीं किले म रखा गया। इन्होंने किले मे स्थित भारतीय सैनिकों को अंग्रेजों के विरुद्ध बगावत करने के लिए उकसाया था। वेल्लूर दुर्ग के अन्दर एक बहुत सुन्दर मंदिर स्थित है जिसे अंग्रेजों की छावनी बनने से बहुत क्षति पहुंची। इसके प्रवेश द्वारों पर शार्दूल—दानवों और अश्वारोहियों की मूर्तियां हैं। मंडपों के स्तंभों की शिल्पकारी अनोखी जान पड़ती है। फर्ग्युसन के मत मे यह मंदिर 13वीं या 14वीं शती

का ज्ञान पड़ता है।

वेल्ले=वेललि

वैकंक

विष्णुपुराण के अनुसार मेरु के पूर्व की ओर स्थित पर्वत—'शीतामश्च कुमुदश्च कुररी माल्यवांस्तथा वैकंकप्रमुखा मेरोः पूर्वतः केसराचलाः'—विष्णु० 2,2,26।

वैजयत=वैजयती

कर्नाटक (मैसूर) में स्थित नगर जिसका उल्लेख द्वितीय शती ई० के नासिक अभिलेख में है। सातवाहन गौतमीपुत्र के गोवर्धन (नासिक) में स्थित अमात्य को यह आदेश-लेख वैजयती के शिविर से प्रेषित किया गया था। वैजयत जो वैजयती का रूपांतर है, रामायणकालीन नगर था। वाल्मीकि रामायण अयो० 9,12 में इसका उल्लेख इस प्रकार है—'दिशामास्थाय कैकयि दक्षिणां दंडकान्प्रति, वैजयन्तमितिख्यातं पुरं यत्र तिमिध्वजः'। रामायण की इस प्रसंग की कथा में वर्णित है कि वैजयत में, जो दंडकारण्य का मुख्य नगर था, तिमिध्वज या शबर का राज्य था। इंद्र ने इससे युद्ध करने के लिए राजा दशरथ की सहायता मांगी। दशरथ इस युद्ध में गए किंतु वे घायल हो गए और कैकेयी जो उनके साथ थी उनकी रक्षा करने के लिए उन्हें संग्राम स्थल से दूर ले गई। प्राणरक्षा के उपलक्ष्य में दशरथ ने कैकयी को दो वरदान देने का वचन दिया जो उसने बाद में मांग लिए।

वैडूर्य

विष्णुपुराण 2,2,28 के अनुसार मेरु के पश्चिम में स्थित एक पर्वत (केसराचल)—'शिखिवासाः सवैडूर्यः कपिलो गंधमादनः, जारुधिप्रमुखास्तद्वत् पश्चिमे केसराचलाः'।

वैतरणी

(1) कुरुक्षेत्र की एक नदी। वामनपुराण 39,6-8 में इसकी कुरुक्षेत्र की सप्तनदियों में गणना की गई है—'सरस्वती नदी पुण्या तथा वैतरणी नदी, आपगा च महापुण्या गंगा-मंदाकिनी नदी। मधुस्रवा अम्लुनदी कौशिकी पापनाशिनी, दृषद्वती महापुण्या तथा हिरण्यवती नदी'।

(2) उड़ीसा की नदी जो सिंहभूम के पहाड़ों से निकल कर बंगाल की खाड़ी में—धामरा नामक स्थान के निकट गिरती है। यह कलिंग की प्रख्यात नदी थी। महाभारत, भीष्म 9,34 में इस प्रदेश की अन्य नदियों के साथ ही इसका भी उल्लेख है—'चित्रोपला चित्ररथां मंजुलां वाहिनीं तथा मंदाकिनीं वैतरणीं

कोपां चापि महानदीम्'। पद्मपुराण, 21 में इसे पवित्र नदी माना है। बौद्ध ग्रंथ संयुत्तनिकाय 1,21 में इसे यम की नदी कहा है—'यमस्स वेतरिणम्'। पौराणिक अनुश्रुति में वैतरणी नामक नदी को परलोक में स्थित माना गया है जिसे पार करने के पश्चात् ही जीव की सद्गति संभव होती है।

वैताढ्य

विंध्याचल पर्वत का एक नाम जिसका उल्लेख जैनग्रंथ जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति में है। इसके द्वारा भारतवर्ष को आर्यावर्त तथा दाक्षिणात्य—इन दो भागों में विभाजित माना गया है। वैताढ्य पर्वत के सिद्धायतन, तमिस्रा गुहा आदि नौ शिखर गिनाए गए हैं (जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति, 1,12)।

वैदूर्यपत्तन (आं० प्र०)

गोदावरी के तट पर स्थित है। इस कस्बे के निकट अरुणाश्रम नामक स्थान को दक्षिण के प्रसिद्ध दार्शनिक संत निंबार्काचार्य का जन्मस्थान माना जाता है। इनका एक मात्र ग्रंथ वेदांत सूत्रों पर भाष्य, 'वेदांत पारिजात सौरभ' ही मिलता है। उन्होंने द्वैताद्वैत सिद्धांत का प्रतिपादन तथा भक्ति मार्ग का संपोषण किया था। श्रीमद्भागवत से इन्हें बहुत अनुराग था।

वैदूर्य पर्वत = वैदूर्य शिखर

(1) महाभारत वनपर्व में धौम्य मुनि द्वारा वर्णित तीर्थों में इस पर्वत का उल्लेख है—'वैदूर्यशिखरो नाम पुण्यो गिरिवर: शिव:, नित्यपुष्पफलास्तत्र पादपा हरितच्छदा:, तस्य शैलस्य शिखरे सर: पुण्य महीपते, फुल्लपद्म महाराज देवगंधर्वसेवितम्' वन० 89,6-7। इस प्रसंग में नर्मदा का वर्णन है जिसके कारण वैदूर्यशिखर का भेड़ाघाट (भृगुतीर्थ) के समीप स्थित संगमर्मर की चट्टानों वाली पर्वतमाला से अभिज्ञान किया जा सकता है। वैदूर्य या बिल्लौर शब्द श्वेत संगमर्मर के लिए प्राचीन साहित्य में प्रयुक्त हुआ है। उपर्युक्त उद्धरण में वैदूर्यशिखर पर जिस सरोवर का वर्णन है वह शायद नर्मदा की वह गहरी झील है जो इन पहाड़ियों के बीच में नदी प्रवाह के रुक जाने से बन गई है। वन० 121,16-19 में भी वैदूर्य पर्वत का, नर्मदा और पयोष्णी के संबंध में वर्णन है—'स पयोष्णया नरश्रेष्ठ स्नात्वा वै भ्रातृभि: सह, वैदूर्यपर्वतं चैव नर्मदां च महानदीम्। देवानामेति कौंतेय य: राजा सलोकताम्, वैदूर्य पर्वतं दृष्ट्वा नर्मदामवतीर्य च'। (दे० भृगुक्षेत्र)

(2) महाहिमवत के आठ शिखरों में से एक, जिसका उल्लेख जैन ग्रंथ जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति में है।

नामक व्यक्ति को धर्म की दीक्षा देने का उल्लेख है। यह नगर श्रावस्ती-मथुरा मार्ग पर स्थित था और मथुरा के निकट ही था। यहां के ब्राह्मणों का बौद्ध साहित्य मे उल्लेख है। गौतम बुद्ध यहां ठहरे थे और उन्होंने इस नगर के निवासियों के समक्ष प्रवचन भी किया था।

वैदूर्य नगर

संस्कृत के प्रसिद्ध नाटककार भास के 'अविमारक' नाटक की पार्श्वस्थली। यहां कुंतिभोज की राजधानी थी। हर्षचरित मे इसे रतिदेव की राजधानी कहा गया है। *यह मालवा का एक छोटा-सा नगर था जिसकी स्थिति चंबल* की सहायक अश्वनदी के तट पर थी। इसे भोज भी कहते थे।

वैद्य

विष्णुपुराण 2,4,36 के अनुसार कुशद्वीप का भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा ज्योतिष्मान् के पुत्र के नाम पर प्रसिद्ध है।

वैरागिनी (ज़िला गढ़वाल, उ० प्र०)

गोपेश्वर के नीचे कुछ ही दूर पर वैरागिनी नामक नदी प्रवाहित होती है जिसे प्राचीन काल से तीर्थ के रूप में मान्यता प्राप्त है।

वैराज दे० वाई

वैराट

जैन-ग्रंथ सूत्र प्रज्ञापणा मे उल्लिखित एक नगर जिसे वत्स राज्य के अंतर्गत बताया गया है।

वैसालदपुर दे० ढूंलव।

वैशगढ़ दे० जिजला।

वैशाली (ज़िला मुजफ़्फ़रपुर, बिहार)

(1) प्राचीन नगरी वैशाली (पाली—वेसाली) के भग्नावशेष वर्तमान बसाढ़ नामक स्थान के निकट जो मुजफ़्फ़रपुर से 20 मील दक्षिण पश्चिम की ओर है, स्थित हैं। पास ही बखरा नामक ग्राम बसा हुआ है। इस नगरी का प्राचीन नाम विशाला था जिसका उल्लेख वाल्मीकि रामायण में है (दे० विशाला)। गौतम बुद्ध के समय में तथा उनसे पूर्व लिच्छवीगणराज्य की यहां राजधानी थी। यहां वृजियो (लिच्छवियों की एक शाखा) का संस्थागार था जो उनका संसद्-सदन था। वृजियों की न्यायप्रियता की बुद्ध ने बहुत सराहना की थी। वैशाली के संस्थागार मे सभी राजनीतिक विषयों की चर्चा होती थी। यहां अपराधियों के लिए दंडव्यवस्था भी की जाती थी। कथित अपराधी का अपराध सिद्ध करने के लिए विनिश्चयमहामात्य, व्यावहारिक, सूत्रधार, अष्ट-

कुलिक, सेनापति, उपराज या उपराणपति और अंत में गणपति क्रमिक रूप से विचार करते थे और अपराध प्रमाणित न होने पर कोई भी अधिकारी दोषी को छोड़ सकता था। दंडविधान संहिता को प्रवेणिपुस्तक कहते थे। वैशाली की प्रशासनपद्धति के बारे में यहां से प्राप्त मुद्राओं से बहुत कुछ जानकारी होती है। वैशाली के बाहर स्थित कूटागारशाला में तथागत कई बार रहे थे और अपने जीवन का अंतिम वर्ष भी उन्होंने अधिकांश में वहीं व्यतीत किया था। इसी स्थान पर अशोक ने एक प्रस्तर-स्तंभ स्थापित किया था। वैशाली के चतुर्दिक् चार प्रसिद्ध चैत्य थे—पूर्व में उदयन, दक्षिण में गौतमक, पश्चिम में सप्ताम्रक, और उत्तर में बहुपुत्रक। अन्य चैत्यों के नाम थे—कोरमट्टक, चापाल चैत्य आदि। बौद्ध किंवदंती के अनुसार तथागत ने चापाल चैत्य ही में अपने प्रिय शिष्य आनंद से कहा था कि तीन मास पश्चात् मेरे जीवन का अंत हो जाएगा। लिच्छवी लोग वीर थे किंतु आपस की फूट के कारण ही वे मगध-राज अजातशत्रु की राज्यलिप्सा का शिकार बने। एकपण्ण जातक (कावेल, सं० 149) के प्रारंभ में वर्णन है कि वैशाली के चारों ओर तीन भित्तियां थीं जिनके बीच की दूरी एक-एक कोस की और नगरी के तीन ही सिंहद्वार थे जिनके ऊपर प्रहरियों के लिए स्थान बने हुए थे। बुद्ध के समय में वैशाली अति समृद्धिशाली नगरी थी। बौद्धसाहित्य में यहां की प्रसिद्ध गणिका आम्रपालिका के विशाल प्रासाद तथा उद्यान का वर्णन है। इसने तथागत से उनके धर्म की दीक्षा ग्रहण कर ली थी। तथागत को वैशाली तथा उसके निवासियों से बहुत प्रेम था। उन्होंने यहां के गणप्रमुखों को देवों से उपमा दी थी। अंतिम समय में वैशाली से कुशीनारा आते समय उन्होंने करुणापूर्ण ढंग से कहा था कि 'आनंद, अब तथागत इस सुंदर नगरी का दर्शन न कर सकेंगे' (दे० बुद्धचरित, 25 34) जैनों के अंतिम तीर्थंकर महावीर भी वैशाली के ही राजकुमार थे। इनके पिता का नाम सिद्धार्थ तथा माता का त्रिशला था। ये लिच्छवी वंश के ही रत्न थे। इनका जन्मस्थान वैशाली का उपनगर कुंड या कुंड ग्राम जिसका अभिज्ञान बसाढ़ के निकट बसुकुंड नामक ग्राम से किया गया है। वैशाली के कई उपनगरों के नाम पाली साहित्य से प्राप्त होते हैं—कुंडनगर, कोल्लाग, नादिक वाणियगाम, हत्थीगाम आदि। महावंश 4,150,4,63 के अनुसार वैशाली के निकट बालुकाराम नामक उद्यान स्थित था। बखरा ग्राम से एक मील दूर कोल्हू नामक स्थान के पास एक महंत के आश्रम में अशोक का सिंह-शीर्ष स्तंभ है जो प्राय: पचास फुट ऊंचा है किंतु भूमि के ऊपर यह केवल अठारह फुट ही है। चीनी यात्री युवानच्वांग ने इसका उल्लेख किया है।

पास ही मर्कटह्रद नामक तड़ाग है । कहा जाता है कि इसे बंदरों के एक समूह ने बुद्ध भगवान् के लिए खोदा था । मर्कटह्रद का उल्लेख बुद्धचरित 23,63 में है । यहां उन्होंने मार या कामदेव को बताया था कि वे तीन मास में निर्वाण प्राप्त कर लेंगे । तड़ाग के निकट कुताग्र नामक स्थान है जहां बुद्ध ने धर्मचक्र-प्रवर्तन के पांचवें वर्ष में निवास किया था । बसाढ़ के खंडहरों में एक विशाल दुर्ग के ध्वंसावशेष भी स्थित हैं । इसको राजा वैशाली का गढ़ कहते हैं । एक स्तूप के अवशेष भी पाए गए हैं ।

(2)=वेथाली (अराकान, बर्मा) । 8वीं शती ई० में धन्यवती के अराकान की प्राचीन हिंदू राजधानी के रूप में परित्यक्त होने पर, वैशाली—वर्तमान वेथाली—को अराकान की राजधानी बनाया गया था । यह कार्य महातैनचंद्र द्वारा संपादित हुआ था । 11वीं शती के प्रारंभिक वर्षों में इस राजवंश के समाप्त होने पर वैशाली से भी राजधानी हटाली गई (1018 ई०) । वैशाली का अभिज्ञान वेथाली नामक ग्राम से किया गया है जहां के खंडहरों से वैशाली के पूर्वगौरव की झलक मिलती है । इन खंडहरों में प्राचीन भवनों तथा कलाकृतियों के अनेक ध्वंसावशेष प्राप्त हुए हैं जिन पर गुप्तकालीन भारत की कला का स्पष्ट प्रभाव दिखाई पड़ता है । वेथाली म्रोहांग से आठ मील उत्तर-पश्चिम की ओर स्थित है ।

वैसाली दे० वैशाली

वैहायसी

(1) श्रीमद्भागवत 5,19,18 में वर्णित नदी—'चन्द्रवसाताम्रपर्णीअवटोदा कृतमालावैहायसीकावेरी—' । संदर्भ से यह दक्षिणभारत की नदी जान पड़ती है ।

(2) दे० बदरीनाथ

वैहार=वैभार

वोक्कण=वाखन (अफगानिस्तान)

बृहत्संहिता नामक ज्योतिष ग्रंथ में (9,21;16,35) में इस देश का गंधार के साथ उल्लेख है । यहां के निवासियों को धूलिक कहा गया है । संभव है इस देश का वक्षु से संबंध हो जैसा कि नाम से प्रतीत होता है ।

वोदामयूता दे० बदायू

व्याघ्रपल्लिक दे० खोह

व्याघ्रवल्लिक दे० वराहक्षेत्र

व्याधपुर

8वीं शती ई० में दक्षिण कंबोडिया या कंबुज में स्थित छोटा सा राज्य

था। इस भारतीय उपनिवेश का उल्लेख कबोडिया के प्राचीन इतिहास मे है।

व्यासक्षेत्र दे० कालपी

व्यासगुफा (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

बदरीनाथ से वसुधारा जानेवाले मार्ग पर पहाड़ मे इस नाम की एक गुफा है। कहा जाता है कि भगवान् व्यास ने इसी गुफा मे महाभारत तथा पुराणो की रचना की थी। पास ही गणेश गुफा है जिसका सबध गणेशजी से जिन्होने व्यासजी के महाभारत के लेखक का कार्य किया था, बताया जाता है। बादरायण व्यास का बदरीनाथ से सबध प्रसिद्ध ही है। (दे० बदरीनाथ)

व्यासघाट (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

देवप्रयाग से 9 मील दूर है। यह स्थान नवालिका-गगा सगम के निकट है और इसे भगवान् व्यास की तप स्थली माना जाता है।

व्यासटीला (जिला जालौन, उ० प्र०)

व्यासटीला कालपी के पास यमुना-तट पर व्यासक्षेत्र के अतर्गत स्थित है। कहा जाता है कि महाभारतकार भगवान् व्यास का यहां आश्रम था। यह स्थान उपेक्षित दशा मे है। (दे० कालपी)

व्यासपुर (दे० बिलासपुर)

व्यासस्थली

महाभारत वन० 83,96-97 में इस पुण्यस्थली का वर्णन दृषद्वती कौशिकी सगम के पश्चात् है—'ततो व्यासस्थली नाम यत्रव्यासेन धीमता पुत्रशोकाभितप्तेन देहत्यागेकृतामति । ततो देवैस्तु राजेन्द्र पुनरुत्थापितस्तदा'। प्रसग से यह स्थान कुरुक्षेत्र (पजाब) के निकट जान पड़ता है।

व्योमस्तभ (आं० प्र०)

काकरवाड़ (प्राचीन काकुभकर) के निकट और कृष्णा नदी के दक्षिण तट पर स्थित एक पर्वत। व्योम-स्तभ का अर्थ आकाश का स्तभ है जो इस पर्वत का सार्थक नाम जान पड़ता है। काकुभकर को प्राचीनकाल मे तीर्थ की मान्यता प्राप्त थी और इसका सबध महाप्रभु वल्लभाचार्य से बताया जाता है।

व्रज

मथुरा (उ० प्र०) तथा उसका परिवर्ती प्रदेश (प्राचीन शूरसेन) जो श्रीकृष्ण की लीलाभूमि होने के कारण प्राचीन साहित्य मे प्रसिद्ध है। व्रज का विस्तार 84 कोस मे कहा जाता है। यहां के 12 वनो और 24 उपवनो की यात्रा की जाती है। व्रज का अर्थ गोचर भूमि है और यमुना के तट पर प्राचीन समय में इस प्रकार की भूमि की प्रचुरता होने से ही इस क्षेत्र को व्रज कहा

जाता था। व्रज का वर्णन विशेषरूप से भारतीय मध्यकालीन भक्ति-साहित्य में प्रचुरता से है। वैसे इसका उल्लेख कृष्ण के संबंध में श्रीमद्भागवत तथा विष्णुपुराणादि प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है—'जयति तेऽधिकं जन्मना व्रजः श्रयत इन्दिराशश्वदत्रहि' श्रीमद्भागवत 10,31,1; 'विना वृषेण का गावः विना कृष्णेन को व्रज.' विष्णु० 5, 7,27; 'तयोर्विहरतोरेवं रामकेशवयोर्व्रजे' विष्णु० 5,10,1; 'तस्याज व्रजभूभाग सहरामेण केशवः' विष्णु 5,18,32; 'प्रीतिः सस्त्री-कुमारस्य व्रजस्य त्वयि केशव' विष्णु० 5,13,6। हिंदी में सूरदास आदि भक्ति-कालीन कवियों ने तो व्रज की महिमा के अनंत गीत गाए हैं। 'ऊधो मोंहि व्रज बिसरत नाही' इस पद में सूर के कृष्ण का व्रज के प्रति बालपन का प्रेम बड़ी ही मार्मिक रीति से व्यक्त किया गया है।

शंकरगढ़ (म० प्र०)

भूतपूर्व नागौर रियासत में उचहरा के निकट स्थित है। शंकरगढ़ में मुख्यत जैन संप्रदाय में संबंधित अनेक ध्वसावशेष प्राप्त हुए हैं। पुरातत्वविद् रा० दा० बनर्जी को यहां से एक गुप्तकालीन मंदिर के अवशेष भी मिले थे। यह मंदिर देवगढ़ के प्रसिद्ध मंदिर से पूर्व का है। इसके प्रवेशद्वार की पत्थर की चौखट पर सुंदर नक्काशी की हुई है जो गुप्तकालीन मंदिरों की विशेषता है। शंकरगढ़ से प्राप्त होने वाले पत्थर का, इस क्षेत्र में निर्मित होनेवाली अनेक मूर्तियों के बनाने में प्रयोग किया जाता था।

शंखकूट

विष्णुपुराण के अनुसार शंखकूट पर्वत मेरु के उत्तर की ओर स्थित है— 'शंखकूटोऽथ ऋषभोहंसो नागस्तथापरः कलंजाद्याश्चतथा उत्तरे केसराचलाः' विष्णु० 2,2,29।

शंखक्षेत्र

जगन्नाथपुरी के क्षेत्र का प्राचीन पौराणिक नाम। कहा जाता है कि इस क्षेत्र की आकृति शंख के समान है। शास्त्रों के अनुसार इसका नाम उड्डियान पीठ है।

शंखतीर्थ

'उत्पातयांस्तत्र महद्भ्यो विप्रेभ्यो विप्रदाय सः नीलवासास्तदागच्छच्छंख तीर्थं महायशाः.' महा० शल्य० 37,19। इस उल्लेख के अनुसार शंखतीर्थ की सरस्वती नदी के तटवर्ती तीर्थों में गणना थी। इसकी यात्रा बलराम ने की थी। शंखतीर्थ गर्गस्रोत के उत्तर में था।

शंखेश्वर

वर्तमान शंखेश्वर-पार्श्वनाथ तीर्थ जो धनपुर (गुजरात) के निकट है। इसका नामोल्लेख जैन स्तोत्र तीर्थमालाचैत्यवंदन में इस प्रकार है—'जीरावल्लिफलर्द्धि पारक नगे शंखेश्वरे'।

शंखोद्धार (जिला झालवाड़, राजस्थान)

चंद्रभागा नदी के तट पर स्थित तीर्थ जिसका उल्लेख स्कंदपुराण में है। स्कंदपुराण की कथा के अनुसार अधक असुर को मारकर भगवान् ने यहां शंखध्वनि की थी, यह यही स्थान है। यहां एक सूर्य मंदिर स्थित है।

शंबल

विष्णुपुराण 4,24, 98 मे शंबलग्राम में भविष्य के कल्कि अवतार होने का उल्लेख है 'शंबलग्रामप्रधानब्राह्मणस्यविष्णुयशसोगृहेऽष्टगुणर्द्धिसमन्वितः कल्किरूपी जगत्यात्रावतीर्य स्वधर्मेषु चाखिलमेव संस्थापयिष्यति'। कुछ लोगों के मत में शंबल ग्राम वर्तमान संभल (जिला मुरादाबाद, उ० प्र०) है।

शंभुपुर

8वीं शती ई० में दक्षिण कंबोडिया (कंबुज) में एक छोटा-सा राज्य जिसका उल्लेख कंबोडिया के प्राचीन इतिहास में है। इस भारतीय उपनिवेश की स्थिति वर्तमान संभोर के निकट थी जो मिकोंग नदी पर है। संभोर, शंभुपुर ही का अपभ्रंश है।

शकरदर्रा दे० शाल

शकस्थान

शकों का मूल निवासस्थान जो ईरान के उत्तर-पश्चिमी भाग तथा परिवर्ती प्रदेश में स्थित था। इसे सीस्तान कहा जाता है। शकस्थान का उल्लेख महामायूरि 95, मथुरा सिंहस्तंभ-लेख और कदंबनरेश मयूरशर्मन् के चंद्रवल्ली प्रस्तर-लेख में है। मथुरा-अभिलेख के शब्द हैं—'सर्वस सकस्तनस पुयेइ' जिसका अर्थ, कनिंघम के अनुसार 'शकस्तान निवासियों के पुण्यार्थ' है। रायचौधरी (पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव ऐंशेंट इंडिया पृ० 526) के मत में शकस्तान ईरान में स्थित था और शकवंशीय चष्टन और रुद्रदामन के पूर्व पुरुष गुजरात-काठियावाड़ में इसी स्थान से आकर बसे थे। शकों का उल्लेख रामायण ('तैरासीत् संवृताभूमिः शकैर्यवनमिश्रितैः' बाल० 54,21; 'काम्बोजयवनांश्चैव शकानांपत्तनानि च' किष्किंधा०, 43,12); महाभारत ('पह्लवान बर्बरांश्चैव किरातान् यवनाञ्छकान्' सभा० 32,17); मनुस्मृति ('पौंड्रकाश्चोड्रद्रविडाः काम्बोजा यवनाः शकाः' 10,44) तथा महाभाष्य (दे० इंडियन एंटिक्वेरी 1875,

पृ० 244) आदि ग्रंथों में है।

शकुनिकाविहार=दे० अश्वबोधतीर्थ

शक्रपुरी=इंद्रप्रस्थ

शक्रावतार

अभिज्ञानशाकुंतल, अंक 5 के उल्लेख अनुसार हस्तिनापुर जाते समय शक्रावतार के अंतर्गत शचीतीर्थ में गंगा के स्रोत में शकुंतला की अंगूठी गिरकर खो गई थी—'नूनं ते शक्रावताराभ्यंतरे शचीतीर्थसलिलं वन्दमानायाः प्रभ्रष्ट-मगुलीयकम्'। यह अंगूठी शक्रावतार के धीवर को एक मछली के उदर से प्राप्त हुई थी—'शृणुत इदानीम् अहं शक्रावतारवासी धीवर'—अंक 6। शची-तीर्थ में गंगा की विद्यमानता का उल्लेख इस प्रकार है—'शचीतीर्थवंदमानायाः सख्यास्ते हस्ताद्‌गंगास्रोतसि परिभ्रष्टम्'—अंक 6। हमारे मत में शक्रावतार का अभिज्ञान जिला मुजफ्फरनगर (उ० प्र०) में गंगातट पर स्थित शुक्कर-ताल नामक स्थान से किया जा सकता है। शुक्करताल, शक्रावतार का ही अपभ्रंश जान पड़ता है। यह स्थान मालन नदी के निकट स्थित मडावर (जिला बिजनौर) के सामने गंगा के दूसरी ओर स्थित है। मडावर में कण्वाश्रम की स्थिति परंपरा से मानी जाती है। मडावर से हस्तिनापुर (जिला मेरठ) जाते समय शुक्करताल, गंगा पार करने के पश्चात् दूसरे तट पर मिलता है और इस प्रकार कालिदास द्वारा वर्णित भौगोलिक परिस्थिति में यह अभिज्ञान ठीक बैठता है। शुक्करताल का संबंध शुकदेव से बताया जाता है और यह स्थान अवश्य ही बहुत प्राचीन है। बहुत संभव है कि शक्रावतार का शक्र ही शुक्कर बन गया है और इस शब्द का शुकदेव से कोई संबंध नहीं है। [दे० माडर्न रिव्यू नवम्बर 1951, में ग्रंथकर्ता का लेख 'टापोग्राफी ऑव अभिज्ञानशाकुंतल')। महाभारत, वन० 84, 29 में उल्लिखित शक्रावर्त भी यही स्थान जान पड़ता है।

शक्रावर्त

महाभारत वन० 84,29 में शक्रावर्त नामक तीर्थ का उल्लेख गंगाद्वार या हरद्वार के पश्चात् है—'सप्तगंगे त्रिगंगे च शक्रावर्ते च तर्पयन् देवान् पितृंश्च विधिवत् पुण्यलोके महीयते'। संभवतः शक्रावर्त कालिदास द्वारा अभिज्ञान शाकुंतल में वर्णित शक्रावतार ही है। वर्तमान शक्रावतार या शुक्करताल (जिला मुजफ्फरनगर, उ० प्र०) हरद्वार से दक्षिण में, गंगा-तट पर स्थित है।

शतद्रु=शतद्रू

सतलज नदी (पंजाब) का प्राचीन नाम। ऋग्वेद के नदीसूक्त में इसे

शुतुद्रि कहा गया है—'इम मे गंगे यमुने सरस्वती शुतुद्रि स्तोम सचता परुष्ण्या असिक्न्यामरुद्वृधे वितस्तयार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया—10,75,5। वैदिक काल मे सरस्वती नदी शुतुद्रि मे ही मिलती थी (दे० मेकडानल्ड—हिस्ट्री ऑव संस्कृत लिटरेचर, पृ० 142)। परवर्ती साहित्य मे इसका प्रचलित नाम शतद्रु या शतद्रू (सौ शाखाओं वाली) है। वाल्मीकि रामायण में केकय से अयोध्या आते समय भरत द्वारा शतद्रु के पार करने का वर्णन है—'ह्लादिनीं दूरपारां च प्रत्यक् स्रोतस्तरंगिणीम् शतद्रूमतरच्छ्रीमान्नदीमिक्ष्वाकुनन्दन' अयो० 71,2 अर्थात् श्रीमान् इक्ष्वाकुनन्दन भरत ने प्रसन्नता प्रदान करने वाली, चौडे पाट वाली, और पश्चिम को ओर बहने वाली नदी शतद्रु पार की। महाभारत भीष्म० 9,15 में पंजाब की अन्य नदियों के साथ ही शतद्रु का भी उल्लेख है—'शतद्रुं-चन्द्रभागां च यमुनां च महानदीम्, दृषद्वतीं विपाशां च विपापां स्थूलवालुकाम्'। श्रीमद्भागवत 5,18,18 में इसका चन्द्रभागा तथा मरुद्वृधा आदि के साथ उल्लेख है - 'सुषोमा शतद्रुश्चन्द्रभागामरुद्वृधा वितस्ता।' विष्णुपुराण 2,3,10 में शतद्रु को हिमवान् पर्वत से निसृत कहा गया है—'शतद्रूचन्द्रभागाद्या हिम-वत्पादनिर्गता.'। वास्तव मे सतलज का स्रोत रावणह्रद नामक झील है जो मानसरोवर के पश्चिम मे है। वर्तमान समय में सतलज बियास (विपाशा) मे मिलती है किंतु 'दि मिहरान ऑव सिंध एंड इट्स ट्रिब्यूटेरीज' के लेखक रेवर्टी का मत है कि 1790 ई० के पहले सतलज, बियास मे नही मिलती थी। इस वर्ष बियास और सतलज दोनो के मार्ग बदल गए और वे सन्निकट आकर मिल गई (दे० विपाशा)। शतद्रु वैदिक शुतुद्रि का रूपांतर है तथा इसका अर्थ शत धाराओ वाली नदी किया जा सकता है जिससे इसकी अनेक उपनदियो का अस्तित्व इंगित होता हैं। ग्रीक लेखको ने सतलज को हेजीड्रस (Hesidrus) कहा है किंतु इनके ग्रंथो मे इस नदी का उल्लेख बहुत कम आया है क्योकि अलक्षेंद्र की सेनाएं बियास नदी से ही वापस चली गई थीं और उन्हें बियास के पूर्व में स्थित देश की जानकारी बहुत थोडी हो सकी थी।

शतमाला दे० इतमाला

शतशृंग

हिमालय के उत्तर मे स्थित पर्वत जहां महाभारत के अनुसार महाराजा पांडु, माद्री और कुंती के साथ जाकर रहने लगे थे। यहीं पांचो पांडवों की देवताओं के आह्वान द्वारा उत्पत्ति हुई थी। शतशृंग तक पहुँचने मे पांडु को चैत्ररथ (कुबेर का वन जो अल्का के निकट था) कालकूट और हिमालय को पार करने के बाद गंधमादन, इंद्रद्युम्न सर तथा हंसकूट के उत्तर मे जाना पड़ा

था—'स चैत्ररथमासाद्य कालकूटमतीत्य च हिमवन्तमतिक्रम्य प्रययौ गंधमादनम् । रक्ष्यमाणो महाभूतै: सिद्धैश्च परमर्षिभिः उवास स महाराज समेषु विषमेषु च । इन्द्रद्युम्नसरः प्राप्य हंसकूटमतीत्यच, शतशृंगे महाराज तापस समतप्यत' महा० आदि० 118,48 49-50 । शतशृंगनिवासियों को पांडु के पांचों पुत्रों से बड़ा प्रेम था —'मुदं परमिका लेभे ननन्द च नराधिप ऋषीणामपि सर्वेषां शतशृंग-निवासिनाम्' आदि० 122 24 । यहीं असंयम के कारण और किसी ऋषि के शाप के फलस्वरूप पांडु की मृत्यु हुई थी और उनका अंतिम संस्कार शतशृंग निवासियों को ही करना पड़ा था—'अर्हतस्तस्य कृत्यानि शतशृंगनिवासिन, तापसा विधिवच्चक्रुश्चारणाऋषिभि सह' (महा० आदि० 124,31 से आगे दाक्षिणात्य पाठ) । प्रसंगानुसार यह पर्वत हिमालय की उत्तरी शृंखला में स्थित जान पड़ता है । यहां से हस्तिनापुर तक के मार्ग को महाभारतकार ने बहुत लंबा बताया है 'प्रपन्ना दीर्घमध्वानं संक्षिप्तं तदमन्यत' आदि० 125,8 ।

शत्रुंजय (काठियावाड़, गुजरात)

पालीताना के निकट पांच पहाड़ियों में सबसे अधिक पवित्र पहाड़ी, जिस पर जैनों के प्रख्यात मंदिर स्थित हैं । जैन ग्रंथ 'विविध तीर्थकल्प' में शत्रुंजय के निम्न नाम दिए हैं—सिद्धिक्षेत्र, तीर्थराज, मरुदेव, भगीरथ, विमलाद्रि, बाहुबली, सहस्रकमल, तालभज, कदंब, शतपत्र, नगाधिराज, अष्टोत्तरशतकूट, सहस्रपत्र, धणिक, लौहित्य, कपर्दिनिवास, सिद्धिशेखर, मुक्तिनिलय, सिद्धिपर्वत, पुंडरीक । शत्रुंजय के 5 शिखर (कूट) बताए गए हैं । ऋषभसेन और 24 जैन तीर्थंकरों में से 23 (नेमिश्वर को छोड़कर) इस पर्वत पर आए थे । महाराजा बाहुबली ने यहां मरुदेव के मंदिर का निर्माण किया था । इस स्थान पर पार्श्व और महावीर के मंदिर स्थित थे । नीचे नेमिदेव का विशाल मंदिर था । युगादिदेव के मंदिर का जीर्णोद्धार मंत्रीश्वर बाणभट्ट ने किया था । श्रेष्ठी जावडि ने पुंडरीक और कपर्दी की मूर्तियां यहां के जैन चैत्य में प्रतिष्ठापित करके पुण्य प्राप्त किया था । अजित चैत्य के निकट अनुपम सरोवर स्थित था । मरुदेवी के निकट महात्मा शांति का चैत्य था जिसके निकट सोने चांदी की खानें थीं । यहां वास्तुपाल नामक मंत्री ने आदि अर्हत ऋषभदेव और पुंडरीक की मूर्तियां स्थापित की थीं ।

इस जैन ग्रंथ में यह भी उल्लेख है कि पांचों पांडवों और उनकी माता कुंती ने यहां आकर परमावस्था को प्राप्त किया था । एक अन्य प्रसिद्ध जैन स्तोत्र 'तीर्थमाला चैत्यवंदन' में शत्रुंजय का अनेक तीर्थों की सूची में सर्वप्रथम उल्लेख किया गया है— श्री शत्रुंजयरैवताद्रिशिखरे द्वीपे भृगोः पत्तने' । शत्रुंजय की

पहाडी पालीताना से 1½ मील दूर और समुद्रतल से 2000 फुट ऊंची है। इसे जैन साहित्य म सिद्धाचल भी कहा गया है। पर्वतशिखर पर 3 मील की कठिन चढाई के पश्चात् कई जैनमंदिर दिखाई पडते हैं जो एक परकोटे के अंदर बने हैं। इनमे आदिनाथ, कुमारपाल, विमलसाह और चतुर्मुख के नाम पर प्रसिद्ध मंदिर प्रमुख हैं। ये मंदिर मध्यकालीन जैन राजस्थानी वास्तुकला के सुंदर उदाहरण हैं। कुछ मंदिर 11वी शती ई० के हैं किंतु अधिकांश 1500 ई० के आसपास बने थे। इन मंदिरो की समानता आबू स्थित दिलवाडा मंदिरो से की जाती है। कहा जाता है कि मूलरूप से ये मंदिर दिलवाडा मंदिरो की ही भांति अलंकृत तथा सूक्ष्म शिल्प और नक्काशी के काम से युक्त थे किंतु मुसलमानो के आक्रमणो से नष्ट-भ्रष्ट हो गए और बाद मे इनका जीर्णोद्धार न हो सका। फिर भी इन मंदिरो की मूर्तिकारी इतनी सघन है कि एक बार तीर्थंकरो की लगभग 6500 मूर्तियो की यहा गणना की गई थी।

शत्रुंजा (सौराष्ट्र, गुजरात)

गोहिलवाड प्रांत मे बहने वाली एक नदी जिसके निकट शत्रुंजय (जैन तीर्थ) स्थित है। इस नदी को आजकल शत्रुंजी कहते हैं।

शबरी आश्रम दे० सुरोवनम्, पंपासर

शरदंडा

वाल्मीकि रामायण, अयो० 68,16 मे उल्लिखित एक नदी जो अयोध्या के दूतों को केकय देश जाते समय मार्ग मे मिली थी—'ते प्रसन्नोदका दिव्या नानाविहग सेविताम्, उपातिजग्मुर्वेगेन शरदंडा जलाकुलाम्।' प्रसंग से यह सतलज के पास बहने वाली कोई नदी जान पडती है। डॉ० मोतीचंद के अनुसार यह वर्तमान सरहिंद नदी है। 'वेद धरातल' नामक ग्रंथ के पृ० 646 मे पर यह मत प्रकट किया गया है कि यह नदी शरावती या रावी है। पराशरतंत्र मे शरदंडदेश का उल्लेख है। इसके दक्षिण-पश्चिम मे भूलिंग देश स्थित था।

शरभंगाश्रम

जिला बांदा (उ० प्र०) मे इलाहाबाद मानिकपुर रेल मार्ग के जैतवारा स्टेशन से लगभग 15 मील दूर वनप्रांत मे स्थित शरभंग के नाम से प्रसिद्ध स्थान को शरभंगाश्रम कहा जाता है दे० ऊनकेश्वर। यहा श्रीराम का एक मंदिर स्थित है। शरभंगाश्रम का उल्लेख वाल्मीकि तथा कालिदास के अतिरिक्त तुलसीदास ने भी किया है, 'पुनि आए जहं मुनि सरभंगा, सुंदर अनुज जानकी संगा'। यह स्थान विराध-वन के निकट ही स्थित था (दे० विराधकुंड)। अध्यात्म० आरण्य० 2,1 म इसका वर्णन इस प्रकार है—'विराधे

स्नगन रामो लक्ष्मणन च सीतया जगाम नारभगम्य वा सवसुखायहम । रामायण की कथा के प्रसग से इसकी अवास्थति को ऊनकेश्वर की अपेक्षा जिला बादा म मानना अधिक समीचीन जान पडता है। (दे० सुतीक्ष्णाश्रम)

शरवती=शरावती=रावी

शरवन दे० श्रावस्ती

शरावती (मैसूर)

शरावती नदी जिला शिमोगा म स्थित अम्बुतीर्थ नामक स्थान म निसृत हुई है। कहा जाता है कि यह सरिता श्रीराम क बाण मारन स प्रगट हुई थी। प्रसिद्ध जाग प्रपात इसी नदी म है। अमरकाश 1 10 34 म शरावती का नामोल्लेख है— शरावती वेत्रवती चान्द्रभागा सरस्वती । महाभारत भीष्म० 9 20 म इसका पयोष्णी (ताप्ती) वेणा (वेन गगा) भीमरथी (भीमा) और कावेरी के साथ वणन है—'शरावती पयोष्णी च वेणा भीमरथीमपि कावेरीं चुलुकां चापि वाणी शतबलामपि । शरावती का झरना जोग प्रपात या जेरसोप्पा शिमोगा से 62 मील दूर है। इस जगत्प्रसिद्ध झरने की ऊचाई 830 फुट है।

शकरा

पाणिनि 4 2 83 म उल्लिखित है जो सभवत वतमान सक्खर है। सक्खर पश्चिमी पाकिस्तान का प्रसिद्ध नगर है जहा सिंध नदी का प्रख्यात बाध है।

शर्करावती

श्रीमद्भागवत 5 19 18 म दी हुई नदियों की सूची मे उल्लिखित है—'च द्रवसाताम्रपर्णीअवटोदाकृतमालावैहायसीकावेरीवेणीपयस्विनीशर्करावर्तातुगभद्रा'। सदभ म यह दक्षिण भारत की नदी (सभवत शरावती) जान पडती है।

/

शर्मक

पाठातर शर्मक। 'शर्मकान्वर्मकांश्चैव व्यजयत् सा त्वनुपूर्वशः वत्सक च राजान जनक जगतीपतिम्' महा० सभा० 30 13। सदभ स शर्मक देश की स्थिति पूर्वी उत्तर प्रदेश और मिथिला या तिरहुत क बीच क भूभाग क अतगत जान पडती है। (दे० वर्मक)

शर्मक=शर्मक

शर्यणावत

ऋग्वेद 1 84 14 तथा पाणिनि 4 2 86 म उल्लिखित है। डा० वा० श० अग्रवाल के अनुसार यह मानसर व निकट शर्मसर है।

शलातुर

प्राचीन उद्भांड या वर्तमान ओहिंद (प० पाकिस्तान) से लगभग छः सात मील दूर उत्तर-पश्चिम की ओर बसा हुआ ग्राम जिसे संस्कृत के वैयाकरण पाणिनि का जन्मस्थान माना जाता है और जिसे अब लाहुर कहते हैं। इनका जन्म 7वीं शती या 8वीं शती ई० पूर्व में हुआ था। इनकी माता का नाम दक्षी था। सिंध नदी ओहिंद के निकट बहती है। प्रसिद्ध चीनी यात्री युवानच्वांग ने 630 ई० के आसपास इस नगर को देखा था। उसने इसे पोलोतूलू लिखा है। युवानच्वांग ने शलातुर के निकट भीमादेवी का मंदिर देखा था जो शिव-मंदिर के निकट था। यहां भस्म रमाने वाले तीर्थिक नामक साधुओं का निवास था।

शल्यकर्षण

वाल्मीकि रामायण अयो० 71,3 में उल्लिखित नगर जो प्रसंगानुसार शतद्रु या सतलज के पूर्वी तट पर स्थित जान पड़ता है—'ऐलधाने नदीं तीर्त्वा प्राप्य चापरपर्वतान्, शिलामाकुर्वन्तीं तीर्त्वाऽऽग्नेयंशल्यकर्षणम्' (दे० ऐलधान)।

शशिमती (सौराष्ट्र, गुजरात)

हालार-प्रदेश में प्रवाहित होने वाली नदी जिसे अब ससोई कहते हैं। ससोई शशिमती का अपभ्रंश है।

शहबाजगढ़ी (जिला पेशावर, प० पाकि०)

मरदान से नौ मील दूर इस स्थान पर मौर्य सम्राट् अशोक के मुख्य शिलालेख जिनकी संख्या 14 है एक चट्टान पर उत्कीर्ण हैं। इनकी लिपि खरोष्ठी है जो ब्राह्मी का उत्तर-पश्चिमी रूप है। इन्हीं अभिलेखों की एक प्रतिलिपि मानसेहरा में पाई गई है जिसकी लिपि भी खरोष्ठी है।

शांकरी

स्कंदपुराण के अनुसार नर्मदा का एक नाम। नर्मदा नदी के तट पर शिव से संबद्ध कई प्राचीन तीर्थ स्थित हैं इसीलिए इसे शंकर की नदी कहा गया है।

शांडिल्य

जैन सूत्र 'प्रज्ञापणा' में इस जनपद का उल्लेख है तथा यहां नंदिपुर नामक नगर की अवस्थिति बताई गई है।

शांतहय

विष्णुपुराण 2,4,5 के अनुसार प्लक्षद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा मेधातिथि के पुत्र शांतहय के नाम पर प्रसिद्ध है।

शांति

श्री न० ला० डे के अनुसार सांची का नाम है।

शाकंभरी=सांभर (राजस्थान)

शाकंभरी देवी के नाम पर प्रसिद्ध स्थान। इसका उल्लेख महाभारत, वन-पर्व के तीर्थयात्रा-प्रसंग में है—'ततो गच्छेत् राजेन्द्र देव्याः स्थान सुदुर्लभम्, शाकम्भरीति विख्याता त्रिषु लोकेषु विश्रुता' वन० 84,13,। इसके पश्चात् शाकंभरी देवी के नाम का कारण इस प्रकार बताया गया है—'दिव्य वर्षसहस्र हि शाकेन किल सुव्रता, आहार सकृतवती मासि मासि नराधिप, ऋषयोऽभ्यागता स्तत्र देव्या भक्त्या तपोधनाः, आतिथ्य च कृत तेषां शाकेन किल भारत ततः शाकम्भरीत्येवनाम तस्या प्रतिष्ठितम्' वन० 84,14-15-16। शाकंभरी या वर्तमान सांभर जिला जयपुर (राजस्थान) में सीकर के निकट है। सांभर-झील जो पास ही स्थित है शाकंभरी देवी के नाम पर ही प्रसिद्ध है। यहां शाकंभरी का प्राचीन मंदिर भी है। 12वीं शती के अंतिम चरण में सांभर के प्रदेश में चौहानों का राज्य था। अर्णोराज्य चौहान यहां के प्रतापी राजा थे। इनकी रानी देवलदेवी गुजरात के राजा कुमारपाल की बहन थीं। एक छोटी-सी बात पर रुष्ट होकर कुमारपाल ने अर्णोराज पर आक्रमण कर दिया जिसके परिणाम-स्वरूप अर्णोराज को कैद कर लिया गया। किंतु उनके मंत्री उदयमहत्ता और देवलदेवी के प्रयत्न से वे छूट गए और अंत में शाकंभरी-नरेश ने अपनी कन्या मीनलकुमारी का विवाह कुमारपाल के साथ कर दिया।

शाकल=शाकल नगर=स्यालकोट (प० पाकि०)

विद्वानों का मत है कि शाकल नाम का संबंध 'शक' से है। यह स्थान संभवतः शकों अथवा शकस्थान के निवासी ईरानियों के निवास के कारण शाकल कहलाता था। ईरानी मगों का संबंध भी शाकल से बताया जाता है (दे० मगद्वीप)। महाभारत में शाकल को मद्र देश में स्थित माना गया है। इस नगर में मद्राधिप शल्य का राज्य था। इन्हें नकुल ने अपनी दिग्विजय यात्रा के प्रसंग में विजित किया था—'स चास्यगतभी राजन् प्रतिजग्राह शासनम्, ततः शाकल-मभ्येत्य मद्राणा पुटभेदनम्, मातुल प्रीतिपूर्वेण शल्य चक्रेवशे बली' सभा० 32, 14-15। मिलिंदपन्हों में यवनराज मिलिंद अथवा मिनेंडर (द्वितीय शती ई० पू०) की राजधानी सागल या शाकल में बताई गई है। अलक्षेंद्र (अलेग्जेंडर) के इतिहासलेखकों ने भी इस स्थान को सागल या सांगल कहा है। यूनानी लेखकों ने सांगल को कठजाति के वीर क्षत्रियों का मुख्य स्थान बताया है और उनके शौर्य की बहुत प्रशंसा की है (दे० सांगल)। चीनी यात्री युवानच्वांग (7वीं शती) ने इस नगर को देखा था। उसने इसे शेकालो लिखा है और हूण-नरेश मिहिर-कुल की यहां राजधानी बताई है। कनिंघम ने सागल का अभिज्ञान जिला

शातकर्णिमाल्स दे० पचाप्सरस्

शातकर्णिक दे० सेतकन्निक

शातवाहन राष्ट्र=सातहनिरट्ठ (प्राकृत)

यह पल्लवनरेश शिवस्कंदवर्मन् के हीरहदगल्ली-अभिलेख मे उल्लिखित है। यही शातवाहन-नरेश सिरि पुलुमावि के एक अभिलेख मे शातवाहनीहार नाम से वर्णित है। डा० सुथकर के अनुसार शातवाहनीहार मे मैसूर राज्य के बिलारी जिले का अधिकांश भाग सम्मिलित था। संभवतः यही प्रदेश दक्षिण के सातवाहन नरेशों (प्रथम शती ई०) का मूलस्थान था।

कुछ वर्ष पूर्व 10वीं शती ई० के एक मंदिर के अवशेष इस स्थान से प्राप्त हुए थे। उत्खनन कलकत्ता विश्वविद्यालय के श्री निर्मल कुमार बोस तथा वल्लभविद्यानगर के श्री अमृतपंड्या ने किया था।

शारदा (उ० प्र०)

यह नदी नंदादेवी-पर्वत से निकल कर, फैजाबाद के नीचे सरयू में मिल जाती है।

शारीपुर (जिला आगरा, उ० प्र०)

बटेसर (वटेश्वर) से 1 मील पर जैनों का तीर्थ है जिसे जैन जनश्रुति में नेमिनाथ का जन्मस्थान कहा जाता है।

शाल

शक-संवत 40=118 ई० का एक खरोष्ठी अभिलेख शकरदर्रा (जिला कैंपबेलपुर पाकि०) से प्राप्त हुआ था जिसमे शाल नामक ग्राम का उल्लेख है। यह शालातुर या सलातुर का संक्षिप्त रूप जान पड़ता है। शलातुर महर्षि पाणिनि का जन्मस्थान माना जाता है। यह अभिलेख लाहौर संग्रहालय में है। इसी की एक प्रतिलिपि रावल नामक ग्राम (जिला मथुरा, उ० प्र०) से प्राप्त हुई थी जिसे कोई यात्री मथुरा से आया था। (दे० मथुरा म्यूजियम गाइड, पृ० 24)

शालातुर=शलातुर

शालिहुंडम् (जिला श्रीकाकुलम, आ० प्र०)

वंशधारा नदी के दक्षिण तट पर कलिंगपटनम् के निकट एक ग्राम। यहां पर प्रथम या द्वितीय शती ई० में निर्मित एक सुंदर बौद्धस्तूप के अवशेष प्राप्त हुए थे। इस स्तूप की खोज राममूर्ति पंतलु महोदय ने 1919 ई० में की थी। इसके पश्चात् लांगहर्स्ट ने 1920-21 मे पुरातत्व विभाग की ओर से यहां नियमित उत्खनन किया। यह स्तूप भूमितल से 400 फुट ऊंचा है। इसके भीतर

अशोक-कालीन ब्राह्मीलिपि का एक अभिलेख मिला था। स्तूप के निकट ही नीची पहाड़ी पर बौद्धकालीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। इनमें मुख्यत. महायान-सप्रदाय से सबद्ध बोधिसत्व की सुंदर मूर्तियां हैं। इनमे मजुश्री व अवलोकितेश्वर की प्रतिमाएं उल्लेखनीय हैं।

शाल्मल द्वीप

पौराणिक भूगोल की सकल्पना के अनुसार पृथ्वी के सप्तद्वीपो मे से एक है—'जंबूप्लक्षाह्वयो द्वीपौ शाल्मलश्चापरो द्विज, कुशः क्रौंचस्तथा शाकः पुष्कर-श्चैव सप्तम ' विष्णु० 2,2,5। शाल्मल द्वीप के सात वर्ष—श्वेत, हरित, जीमूत, रोहित, वैद्युत, मानस और सुप्रभ माने गए हैं। इक्षुरस का समुद्र इसको परिवृत करता है('शाल्मलेन समुद्रोऽसौ द्वीपनेक्षुरसोदकः', विष्णु० 2,4,24)। इसके सात पर्वत हैं—कुमुद, उन्नत, बलाहक, द्रोणाचल, कक, महिष, कुकुद्मान् और सात ही नदियां जिनके नाम हैं—योनि, तोया, वितृष्णा, चद्रा, मुक्ता, विमोचनी और निवृत्ति। इसमे कपिल, अरुण, पीत और कृष्ण वर्ण के लोग रहते हैं—('कपिलाश्चारुणाः पीता. कृष्णाश्चैव पृथक्-पृथक्' विष्णु० 2,4,30)। शाल्मलि के एक महान् वृक्ष के यहा स्थित होने के कारण इस महाद्वीप को शाल्मल कहा जाता है ('शाल्मलिः सुमहान् वृक्षो नाम्ना निर्वृतिकारकः' विष्णु० 2,4,33)। शाल्मल को महाभारत भीष्म० 11,3 मे शाल्मलि कहा गया है' 'शाल्मलि चैव तत्त्वेन क्रौंचद्वीप तथैव च'। श्री नदलाल डे के अनुसार यह असीरिया या चाल्डिया है।

शाल्व

अलवर (राजस्थान) के परिवर्ती प्रदेश का प्राचीन नाम, जिसका महाभारत मे उल्लेख है। शाल्वराज ने, काशिराज की सबसे बडी कन्या अबा का, जो उससे विवाह करने की इच्छुक थी, भीष्म द्वारा हरण किए जाने पर उनके साथ युद्ध किया था, जिसका वर्णन आदि० 102 मे है। शाल्वराज के पास सौभ नामक एक अद्भुत नगराकार विमान था जिसकी सहायता से उसने श्रीकृष्ण की द्वारका पर आक्रमण किया था (महा० वन० 14 से 22 तक)। बुद्धचरित 9,70 मे शाल्वाधिपति द्रुम का उल्लेख है—'तथैव शाल्वाधिपतिर्द्रुमाख्यो वनात्-ससूनुर्नगर विवेश'। महा० वन० 294,7 के अनुसार, सावित्री के श्वसुर द्युमत्सेन शाल्वदेश के राजा थे—'आसीच्छाल्वेषु धर्मात्मा क्षत्रिय पृथिवी-पतिः द्युमत्सेन इतिख्यातः पश्चादन्धो बभूव ह'। अलवर का प्राचीन नाम शाल्वपुर कहा जाता है। सभव है, अलवर, शाल्वपुर का अपभ्रश हो। शाल्व-निवासियों का विष्णुपुराण 2,3,17 मे भी उल्लेख है—'सौवीरा सैधवाहूणाः

शाल्वाः कोशलवासिन.'। महाभारत मे शाल्व को मार्तिकावतक का राजा कहा है। इस देश की स्थिति अलवर के परिवर्ती प्रदेश में मानी जाती है। किंवदंती मे प्राचीन शाकल या वर्तमान स्यालकोट से भी राजा शाल्व का संबंध बताया जाता है।

शाल्वपुर दे० शाल्व

शाष्ठी=सालसट (महाराष्ट्र)

बंबईनगरी के निकट एक टापू। बेसीन के टापू के साथ ही इसका नाम भारत मे अंग्रेजी राज्य के इतिहास मे कई बार आता है। बाजीराव पेशवा ने वेलेजली से सहायक-संधि करते समय बेसीन और सालसट अंग्रेजो को दे दिए थे।

शाहगढ़

(1) (उ० प्र०) लखनऊ-काठगोदाम रेल-मार्ग पर एक स्टेशन है जिसके निकट प्राचीन खंडहर स्थित हैं। इस स्थान के परकोटे का घेरा तीन मील के लगभग है। किंवदंती के अनुसार इस नगर की नींव राजा वेन ने डाली थी। स्थान की प्राचीनता यहा पाई जाने वाली बड़ी-बड़ी ईंटो से सूचित होती है। शाहगढ का नगर कुछ समय पहले तक बसा हुआ था जैसा कि नेपाल के वर्मा-नरेशो के सिक्को से ज्ञात होता है।

(2) (जिला सुलतानपुर, उ० प्र०) इस स्थान से बौद्धकालीन भग्नावशेष प्राप्त हुए हैं।

(3) (जिला सागर, म० प्र०) गढमडल-नरेश राजा संग्रामसिंह (मृत्यु, 1541 ई०) के 52 किलो मे से एक। ये रानी दुर्गावती के श्वसुर थे।

शाहजहांपुर (उ० प्र०)

इस नगर को शाहजहा के राज्यकाल मे बहादुरखा और दिलेर खा ने 1647 ई० मे बसाया था।

शाहजी की ढेरी (पाकि०)

पेशावर के लाहौरी दरवाजे के बाहर स्थित इस प्राचीन टीले के खडहरो से मुख्यतः कनिष्क-कालीन (द्वितीय शती ई०) बौद्ध अवशेष प्राप्त हुए हैं। इनमे कनिष्क के काष्ठनिर्मित बृहत् स्तूप के चिह्न उल्लेखनीय हैं। यहां बहुत समय तक एक बौद्धविद्यालय स्थित था। 10वी शती ई० तक इस स्तूप के विषय मे उल्लेख मिलते हैं। तब तक यह तीन बार जल चुका था। अंतिम बार महमूद गजनवी ने उसका नाम सदा के लिए मिटा दिया। शाहजी की ढेरी से गांधार मूर्तिकला के उदाहरण भी मिले है।

शाहपुर

(1) जिला पटना, बिहार) इस स्थान से (फ्लीट के मतानुसार) हर्षसवत् 66=672-73 ई० का अभिलेख एक प्रस्तर-मूर्ति पर उत्कीर्ण पाया गया है। यह परवर्ती गुप्तनरेश आदित्यसेन के समय का है। इसमे बलाधिकृत सालपक्ष द्वारा नालद ग्राम (नालदा) मे सूर्य की एक मूर्ति की स्थापना का उल्लेख है। जान पड़ता है कि यह मूर्ति मूल रूप से नालदा मे स्थापित की गई थी।

(2) (जिला गुलबर्गा, मैसूर) इस स्थान पर आदिलशाही सुलतानो के मकबरे और वारगल-नरेशो के बनवाए हुए एक किले के खडहर स्थित हैं। फारसी अभिलेखो से ज्ञात होता है कि वर्तमान किला बहमनी तथा आदिलशाही सुलतानों ने बनवाया था। यह सभव है कि इस किले को आरभ में वारगल के हिंदू राजाओ ने बनवाया था और इसका जीर्णोद्धार मुसलमान बादशाहो द्वारा किया गया। पहाडी पर एक प्राचीन मदिर और एक मसजिद है जो अब नष्ट-भ्रष्ट दशा मे है। कुछ प्रागैतिहासिक अवशेष भी यहां से मिले है।

(3)=सागर

शाहाबाद (जिला हरदोई, उ० प्र०)

शाहजहा के समकालीन नवाब दिलेरखा के मकबरे के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। शाहाबाद का रेल स्टेशन आंझी कहलाता है।

शिखावस

पाणिनि की अष्टाध्यायी 4,2,89 मे उल्लिखित है। श्री वा० श० अग्रवाल के अनुसार यह रीवा (मध्य प्रदेश) मे स्थित सिहावल नामक स्थान है।

शिखिवासस्

विष्णुपुराण 2,2,28 के अनुसार मेरु के पश्चिम मे स्थित एक महान पर्वत (केसराचल)—'शिखिवासाः सवैडूर्यं कपिलो गधमादनः, जारुधि प्रमुख स्तद्वत्पश्चिमे केसराचला.'।

शिखी

विष्णुपुराण 2,4,11 मे उल्लिखित प्लक्षद्वीप की एक नदी, 'अनुतप्ता शिखी-चैव विपाशा त्रिदिवा क्लमा, अमृता सुकृता चैव सप्तैतास्तत्र निम्नगा.'।

शिप्रा=सिप्रा

उज्जयिनी के निकट बहने वाली नदी। यह चबल की सहायक नदी है। मेघदूत (पूर्वमेघ 33) मे इस नदी का उज्जयिनी के सबध में उल्लेख है, 'दीर्घी-कुर्वन्पटुमदकलकूजित सारसाना, प्रत्यूषेषु स्फुटित कमलामोदमैत्री कषायः, यत्र स्त्रीणा हरति सुरतग्लानिमगानुकूलः शिप्रावातः प्रियतम इव प्रार्थनाचाटुकारः'

अर्थात् अवंती में शिप्रा पवन सारसों की मदभरी कूक को बढ़ाता है, उषःकाल में खिले कमलों की सुगंध के स्पर्श से सुरभित जान पड़ता है, स्त्रियों की सुरत-ग्लानि को हरने के कारण शरीर को आनंददायक प्रतीत होता है और प्रियतम के समान विनती करने में बड़ा कुशल है। रघुवंश 6,35 में भी कालिदास ने इंदुमती-स्वयंवर के प्रसंग में शिप्रा की वायु का मनोहर वर्णन किया है, 'अनेन यूना सह पार्थिवेन रम्भोरु कच्चिन्मनसो रुचिस्ते, शिप्रातरंगानिलकम्पितासु विहर्तुमुद्यानपरम्परासु'। इंदुमती की सखी सुनंदा अवंतिराज का परिचय कराने के पश्चात् उससे कहती है—'क्या तेरी रुचि इस अवंतिनाथ के साथ (उज्जयिनी के) उन उद्यानों में विहरण करने की है जो शिप्रातरंगों से स्पृष्ट पवन द्वारा कंपित होते रहते हैं' ?

शिबि

पंजाब का एक जनपद –'शिवींस्त्रिगर्तानम्बष्ठान् मालवान् पंचकर्पटान् तथा माध्यमिकांश्चैव वाटधानान् द्विजानथ' महा० सभा० 32,7-8। यहां शिबि का त्रिगर्त (जलंधर दोआब) के साथ वर्णन है। इस जनपद को नकुल ने पश्चिम दिशा की विजय के प्रसंग में जीता था। शिबिपुर (या शिवपुर) नामक नगर का उल्लेख पतंजलि के महाभाष्य, 4,2,2 में है। इसका अभिज्ञान वोगल ने जिला झंग पंजाब-पाकिस्तान में स्थित शोरकोट नामक स्थान के साथ किया है (दे० एपिग्राफिका इंडिका, 1921 पृ० 16)। 'शोर' शिवपुर का अपभ्रंश जान पड़ता है। शिबिपुर का उल्लेख शोरकोट से प्राप्त एक अभिलेख में हुआ है। यह अभिलेख 83 गुप्त संवत्=402-3 ई० का है और एक विशाल तांबे के कड़ाव पर उत्कीर्ण है जो यहां स्थित प्राचीन बौद्धविहार से प्राप्त हुआ था। यह लाहौर के संग्रहालय में सुरक्षित है। शोरकोट के इलाके को आइनेअकबरी में अबुलफजल ने शोर लिखा है। यह लगभग निश्चित ही समझना चाहिए कि शिबि जनपद की अवस्थिति इसी स्थान के परिवर्ती प्रदेश में थी और शिबिपुर इसका मुख्य नगर था। शिबियों (सिबोई) का उल्लेख अलक्षेंद्र के इतिहास-लेखकों ने भी किया है और लिखा है कि इनके पास चालीस सहस्र पैदल सेना थी, और ये लोग वन्य पशुओं की खाल के कपड़े पहनते थे। शिबि-नरेश द्वारा अपने राजकुमार वेस्सतर को देश निकाला दिए जाने की कथा का वेस्सतरजातक में वर्णन है। उम्मदंतिजातक में शिबिदेश के अरिट्ठपुर तथा वेस्सतरजातक में इस जनपद के जेतुत्तर नामक नगर का उल्लेख है। ऋग्वेद 7,18 7 में संभवत: शिबियों का ही शिव नाम से उल्लेख है—'आ पक्थासो भलानसो भनन्तालिनासो विषाणिन शिवास: । आयोऽनयत्सधमा-आर्यस्य गव्या-

तृत्सुम्यो अजगन्नयुधानुन्' । महाभारत में शिबि-देश के राजा उशीनर की कथा है। श्येन से कपोत के प्राण बचाने में तत्पर राजा श्येन से कहता है—'राष्ट्रं शिबीनामृद्धं वै ददानि तव खेचर' वन० 131 21 रायचौधरी (पृ० 205) के अनुसार उशीनरदेश (उत्तर-पश्चिम उ० प्र०) पहले शिबियों का मूल स्थान रहा होगा। बाद में ये लोग पश्चिम की ओर जाकर बस गए होंगे। शिबियों की स्थिति का पता सिंध में मध्यमिका (राजस्थान के निकट) और कावेरी-तट (दशकुमारचरित) पर भी मिलता है।

शिबिपुर दे० शिबि

शिरिनेत=सिरनेत

गढ़वाल अथवा श्रीनगर का निकटवर्ती प्रदेश। शायद सिरनेत या शिरनेत श्रीनगर का ही अपभ्रंश है।

शिरीववस्तु=श्रीवस्तु

शिरोवन (मैसूर)

यह श्रीरंगपट्टन से 40 मील पूर्व में तलकाड नामक स्थान है जहां प्राचीन चेर देश की राजधानी थी। यह स्थान कावेरी के बालू में दबा पड़ा है।

शिला

वाल्मीकि रामायण 2,71,14 में वर्णित एक नदी—'ऐलधाने नदीं तीर्त्वा प्राप्य चापरपर्वतान्, शिलामाकुर्वन्ती तीर्त्वा आग्नेयं शल्यकर्षणम्'। यह सतलज की सहायक नदी जान पड़ती है। (दे० ऐलधान)

शिव

विष्णु 2,4,5 के अनुसार प्लक्षद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा मेधातिथि के पुत्र के नाम पर प्रसिद्ध है।

शिवगंगा (मद्रास)

पूना से बंगलौर जाने वाली रेल-शाखा पर शिवबदा स्टेशन के निकट स्थित है। यहां एक छोटा-सा प्राचीन दुर्ग है जो इस स्थान का उल्लेखनीय स्मारक है। इसका सिंहद्वार चापाकार है। यहां का मंदिर जो ग्रेनाइट (ग्रेनाइट) के चार स्तंभों पर आधृत था, 955 में चक्रवात से गिर गया था। तत्पश्चात् पुरातत्त्व विभाग ने मूल शिखर के समान ही एक नया शिखर बनाकर मंदिर का जीर्णोद्धार किया था। मंदिर के प्रांगण में भगवान् राम के चरण-चिह्न अवस्थित हैं जिन्हें रामपदम कहा जाता है।

शिवनेर (महाराष्ट्र)

1627 ई० में जुन्नार के इस गिरिदुर्ग में जो पहले अहमदनगर राज्य के

अधीन था, महाराष्ट्र-केसरी छत्रपति शिवाजी का जन्म हुआ था। शिवाजी के पितामह मालोजी को अहमदनगर के सुल्तान ने शिवनेर तथा चाकण के दुर्ग जागीर में दिए थे। इस स्थान पर बालक शिवाजी अधिक समय तक न रह सके थे और उनका पालन-पोषण पूना के निकट अपने पिता की जागीर में हुआ था।

शिवपुर

(1) दे० शिवि

(2)=अहिच्छत्र

शिवपुरी

(1)=उज्जयिनी (दे० अवंती)

(2) (ज़िला टोंक, राजस्थान) किसी अनभिज्ञात नगर के खंडहर इस स्थान पर मिले हैं।

शिवराजपुर (ज़िला फतहपुर, उ० प्र०)

इस स्थान से हाल ही में महत्वपूर्ण प्रागैतिहासिक अवशेष मिले हैं जो ताम्र-युगीन कहे जाते हैं। यहां कई प्राचीन मंदिर भी हैं और इस स्थान को तीर्थ-रूप में मान्यता प्राप्त है। यह स्थान चरणदासी संप्रदाय का केंद्र था। सौ वर्ष प्राचीन एक हस्तलिखित ग्रंथ से विदित होता है कि प्रसिद्ध भक्त कवियित्री मीराबाई इस स्थान पर आयी थीं। इस ग्रंथ में शिवराजपुर का माहात्म्य वर्णित है। मीराबाई की स्मृति में गिरधर-गोपाल का मंदिर बना हुआ है।

शिववल्लभपुर

गदमुक्तेश्वर का एक प्राचीन पौराणिक नाम जिसका उल्लेख स्कंद-पुराण में है।

शिवसमुद्रम् (मैसूर)

सोमनाथपुर से 17 मील दूर, कावेरी की दो शाखाओं के मध्य में छोटा-सा द्वीप-नगर है। गगन-चक्की और भराचक्की नामक दो झरने द्वीप के निकट प्रकृति की रम्य छटा उपस्थित करते हैं। शिव और विष्णु के दो विराटकाय और भव्य मंदिर इस स्थान के मुख्य स्मारक हैं।

शिवसागर (असम)

यह स्थान मुक्तिनाथ शिव-मंदिर के लिए उल्लेखनीय है। अहोम-वंशीय राजा शिवसिंह ने यह मंदिर बनवाया था।

शिवसिंहपुर (ज़िला दरभंगा, बिहार)

मैथिलकोकिल विद्यापति के संरक्षक-नरेश शिवसिंह की राजधानी के

रूप मे प्रसिद्ध यह कस्बा दरभगा से 4 मील दक्षिण की ओर स्थित है।

शिवा

विष्णुपुराण 2,4,33 मे उल्लिखित कुशद्वीप की एक नदी 'धूततापा शिवाचैव पवित्रा सम्मतिस्तथा विद्युदम्भा मही चान्या सर्वपापहरास्त्विमा.'।

शिवालय

कहा जाता है कि सिवालिक (हरद्वार-देहरादून, उ० प्र०) की पहाडियो का वास्तविक प्राचीन नाम शिवालय है क्योंकि इन पर्वतो मे शिवोपासना के अनेक तीर्थ स्थित हैं।

शिवालिक=सिवालिक

शिवाली=उडुवि

शिवि=शिवि

शिशिर

(1) विष्णुपुराण, 2,2,27 के अनुसार मेरुपर्वत के दक्षिण मे स्थित एक पर्वत—'त्रिकूटः शिशिरश्चैव पतगो रुचकस्तथा···'

(2) विष्णु० 2,4,5 के अनुसार प्लक्ष-द्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा मेधातिथि के पुत्र शिशिर के नाम पर प्रसिद्ध है।

शिशुपालगढ़ (उडीसा)

कलिंग की प्रसिद्ध प्राचीन राजधानी। भुवनेश्वर के निकट इस प्राचीन नगर के ध्वंसावशेष स्थित हैं। यहां 1949 ई० मे विस्तृत उत्खनन किया गया था। इस नगर का संबंध महाभारत के शिशुपाल से नहीं जान पड़ता क्योंकि इस का अस्तित्वकाल तीसरी शती ई० पू० से चौथी शती ई० तक है। शिशुपालगढ़ से तीन मील दूर धौली नामक स्थान है जो अशोक के शिलालेख (कलिंग-अभिलेख) के लिए प्रख्यात है। इस अभिलेख मे इस स्थान का नाम तोसलि कहा गया है। उस समय इस स्थान के आसपास एक विशाल नगर स्थित होगा जैसा कि खडहरों तथा निकटस्थ ऐतिहासिक स्थलो से सिद्ध होता है। श्री ह० कृ० महताब के मत में केसरीवंशीय नरेश शिशुपालकेसरी के नाम पर ही शिशुपालगढ़ का नामकरण हुआ होगा (हिस्ट्री ऑव उडीसा, पृ० 66)। शिशुपालगढ़ से छः मील दूर खडगिरि और उदयगिरि की पहाड़ियां हैं जहां दो प्रसिद्ध गुफाओं मे ई० सन् के पूर्व के अभिलेख प्राप्त हुए हैं। हाथीगुफा नामक गुफा में कलिंगराज खारवेल का और बैकुंठपुर गुफा मे उसकी रानी का अभिलेख अंकित है। ये गुफाएं तीसरी शती ई० पू० मे आजीवक साधुओं के रहने के लिए अशोक ने बनवाई थीं जैसा कि उसके अभिलेख से जान पड़ता है। खारवेल

के लेख मे इस स्थान का नाम कलिंग नगर दिया हुआ है।

शौदुमिदठनगर=सहेत महेत (श्रावस्ती)

दे० जैनस्तोत्र तीर्थ माला चैत्यवदन—'विध्यस्य मनशौद्रुमीदुनगरे राजद्रहे-श्रीनगे।'

शीतांभ

विष्णुपुराण 2,2,26 मे उल्लिखित मेरु पर्वत के पश्चिम में स्थित एक पर्वत—'शीताभश्च कुमुदश्च कुररीमाल्वास्तथा, वैककप्रमुखा मेरो पूर्वत केसराचला'।

शीलकूट (लका)

महावंश 13,18,20 मे इसे मिश्रक-पर्वत का शिखर कहा गया है। यह वर्तमान मिहिंताल की पहाड़ी का उत्तरी शिखर है।

शीलभद्र विहार (जिला गया, बिहार)

कावाडोल की पहाड़ी। युवानच्वाग ने इसे देखा था।

शुडिक

महाभारत के वर्णन के अनुसार अग, वग, कलि, और मिथिला के निकट स्थित जनपद जिसे महारथी कर्ण ने अपनी दिग्विजय यात्रा में विजित किया था, 'अगान् वगान् कलिगाश्च शुडिकान् मिथिलानथ, मागधान् कर्कखडाश्च निवेश्य विषयेऽऽत्मन'।

शुकुलिदेश

गुप्त अभिलेखों मे उल्लिखित एक 'देश'। गुप्तकाल मे 'देश' साम्राज्य का एक बडा विभाग था जिसके अतर्गत विषय तथा भुक्तिया थी। (दे० राय चौधरी, पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव एशेंट इडिया, पृ० 471) शुकुलिदेश का अभिज्ञान अनिश्चित है। सभव है इसकी स्थिति गुजरात मे भडौंच के निकट रही हो जहा शुक्लतीर्थ है।

शुक्रस्थान दे० शकावतार

शुक्तिमती

(1) महाभारत काल में चेदिदेश (बुदेलखड तथा जबलपुर का भूभाग) की राजधानी। इसे शुक्तिसाह्वय भी कहा गया है (महा० आश्वमेधिक० 83 2)। चेदिदेश का राजा शिशुपाल था जिसका वध श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर के राजसूय-यज्ञ मे किया था। चेतियजातक मे वर्णित सोत्थिवती (नगरी) जिसे चेदि या चेतिराज्य की राजधानी कहा गया है शुक्तिमती का ही पाली रूप है। जान पडता है शुक्तिमती नदी के नाम पर ही नगरी का नाम भी प्रसिद्ध

हो गया था।

(2) शुक्तिमती नामक नदी (=केन) चेदिदेश की इसी नाम की राजधानी के पास बहती थी—'पुरोपवाहिनी तस्य नदी शुक्तिमतीं गिर.' महा० आदि० 63,35। इस नदी को चेदिराज उपरिचर की राजधानी के पास बहती हुई बताया गया है। पार्जिटर के अनुसार शुक्तिमती नदी बांदा (उ० प्र०) के निकट बहने वाली केन नदी है (जर्नल ऑव एशियाटिक सोसाइटी, बंगाल, 1895, पृ० 255)। (दे० शुक्तिमान्)

शुक्तिमान्

प्राचीन भारत के सप्तकुल पर्वतों में इसकी भी गणना है—'महेन्द्रो मलयः सह्यः शुक्तिमानृक्षपर्वतः, विन्ध्यश्च पारियात्रश्च सप्तैते कुलपर्वताः' विष्णु० 2,3, 3। महाभारत में इस पर्वत पर भीमसेन द्वारा विजय प्राप्त करने का वर्णन है—'एवं बहुविधान् देशान् विजित्ये भरतर्षभ', भल्लाटमभितो जिग्ये शुक्तिमन्त च पर्वतम्' सभा० 30,5। श्रीमद्भागवत 5,19,16 में भी इसका उल्लेख है—'विन्ध्यः शुक्तिमानृक्षगिरिः पारियात्रो द्रोणाश्चित्रकूटो गोवर्धनो रैवतक.'—इस पर्वत का सतपुड़ा या महादेव पर्वत-माला से अभिज्ञान किया जा सकता है। विष्णु 2,3,14 में शुक्तिमान् से उड़ीसा की ऋषिकुल्या नामक नदी को उद्भूत माना है—'ऋषिकुल्या कुमार्याद्याः शुक्तिमत्पादसम्भवाः'—इस उल्लेख से विदित होता है कि यह पर्वत विन्ध्याचल के पूर्वी भाग का कोई पर्वत है जिससे निस्सृत होकर ऋषिकुल्या उड़ीसा में बहती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है। शुक्तिमान् पर्वत का शुक्तिमती नाम की नदी और इसी नाम की नगरी से संबंध जान पड़ता है।

शुक्तिसाह्वय

'ततः स पुनरावर्त्य हय. कामचरो बली। आससाद पुरीं रम्या चेदीनां शुक्तिसाह्वयाम्' महा० आश्वमेधिक० 83,2। [दे० शुक्तिमती (1)]

शुक्राचार्य-आश्रम दे० देवयानी ; कोपरगांव

शुक्लतीर्थ (महाराष्ट्र)

भड़ौंच से 10 मील पूर्व नर्मदा के उत्तरी तट पर प्राचीन तीर्थ है। यहां के अधिष्ठातृ-देव शुक्लनारायण हैं। किंवदंती है कि चन्द्रगुप्त-मौर्य और चाणक्य शुक्लतीर्थ की यात्रा पर आए थे। यहां कवि, ओंकारेश्वर और शुक्ल नामक पवित्र कुंड हैं। एक मील दूर मंगलेश्वर के सामने नर्मदा नदी के टापू में कबीर-वृक्ष नामक वटवृक्ष है जिसका संबंध संत कबीर से बताया जाता है।

शुतुद्रि=शतद्रु

सतलज नदी का ऋग्वैदिक नाम। परवर्ती साहित्य में इसे शतद्रु कहा गया है। (दे० शतद्रु)

शुभ्रकूट (लंका)

महावंश 15,131 में वर्णित महाद्वीप या सिंहल देश का एक पर्वत जहां कश्यप बुद्ध बीस सहस्र अर्हतों के साथ आकाश-मार्ग से आकर उतरे थे।

शुष्कक्षेत्र

कश्मीर के प्रसिद्ध इतिहास-लेखक कल्हण के वर्णन से ज्ञात होता है कि मौर्य सम्राट् अशोक ने अपनी कश्मीर यात्रा के समय, शुष्क क्षेत्र और वितस्तात्र नामक स्थानों पर अनेक स्तूपों का निर्माण करवाया था (राजतरंगिणी 1,102-106)। संभव है इसकी स्थिति वर्तमान श्रीनगर के पास रही हो क्योंकि किंवदंती में श्रीनगर का बसाने वाला भी अशोक ही कहा जाता है।

शूकरक्षेत्र=सोरों (जिला बुलंदशहर, उ० प्र०)

इसका पुराना नाम उकला भी है। कहा जाता है कि विष्णु का वराह (=शूकर) अवतार इसी स्थान पर हुआ था। ऐसा जान पड़ता है कि वराह अवतार की कथा की सृष्टि विजातीय हूणों के धार्मिक विश्वासों के आधार पर हिंदू धर्म के साहित्य में की गई। यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि आक्रमणकारी हूणों के अनेक दल जो उत्तर भारत में गुप्तकाल में आए थे, यहां आकर बस गए और विशाल हिंदू समाज में विलीन हो कर एक हो गए। उनके अनेक धार्मिक विश्वासों को हिंदूधर्म में मिला लिया गया और जान पड़ता है कि वराहोपासना इन्हीं विश्वासों का एक अंग थी और कालांतर में हिंदू धर्म ने इसे अंगीकार कर विष्णु के एक अवतार की ही वराह के रूप में कल्पना कर ली। शूकरक्षेत्र मध्यकाल में तथा उसके पश्चात् तीर्थ-रूप से मान्य रहा है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामायण की कथा सर्वप्रथम शूकरक्षेत्र ही में सुनी थी—'मैं पुनि निज गुरु सन सुनी कथा सुशूकरक्षेत्र समुझि नहीं तस बालपन, तब अति रह्यों अचेत' राम० बालकांड, 30। तुलसीदास के गुरु नरहरिदास का आश्रम यहीं था। यहां प्राचीन ढूह है जो गंगा के तट पर ऊंचे स्थान पर प्राचीन खंडहर के रूप में पड़ा हुआ है। इस पर सीता राम जी का वर्गाकार मंदिर है। इसके 16 स्तंभ हैं जिन पर अनेक यात्राओं का वृत्तान्त उत्कीर्ण है। सबसे अधिक प्राचीन लेख जो पढ़ा जा सका है 1226 वि० सं०=1169 ई० का है जिससे मंदिर के निर्माण का समय ज्ञात होता है। इस मंदिर का 1511 ई० के पश्चात् का कोई उल्लेख नहीं प्राप्त होता क्योंकि इति-

हास में सूचित होता है कि इसे सिकंदर लोदी ने नष्ट कर दिया था। नगर के उत्तर-पश्चिम की ओर वराह का मंदिर है जिसमें वराह-लक्ष्मी की मूर्ति की पूजा आज भी होती है। पाली साहित्य में इसे सौरेय्य कहा गया है। (दे० सोरों)

शूरसेन

उत्तरी-भारत का प्रसिद्ध जनपद जिसकी राजधानी मथुरा में थी। इस प्रदेश का नाम संभवतः मधुरापुरी (मथुरा) के शासक, लवणासुर के वधोपरान्त, शत्रुघ्न ने अपने पुत्र शूरसेन के नाम पर रखा था। उन्होंने पुरानी मथुरा के स्थान पर नई नगरी बसाई थी जिसका वर्णन वाल्मीकि रामायण के उत्तरकांड में है (दे० मथुरा)। शूरसेन-जानपदीयों का नाम भी वाल्मीकि रामायण में आया है—'तत्र म्लेच्छान्पुलिन्दांश्च शूरसेनांस्तथैव च, प्रस्थलान् भरतांश्चैव कुरूंश्च सह मद्रकैः' किष्किंधा 43,11। वाल्मीकि रामा० उत्तर० 70 6 में मथुरा को शूरसेना कहा गया है, 'भविष्यति पुरी रम्या शूरसेना न संशय'। महाभारत में शूरसेन जनपद पर सहदेव की विजय का उल्लेख है—'स शूरसेनान् कात्स्न्येंन पूर्वमेवाजयत् प्रभु, मत्स्यराजं च कौरव्यो वशेचक्रे बलाद् बली' सभा० 31,2। कालिदास ने रघुवंश 6,45 में शूरसेनाधिपति सुषेण का वर्णन किया है—'सा शूरसेनाधिपतिं सुषेणमुद्दिश्य लोकान्तरगीतकीर्तिम्, आचारशुद्धोभयवंशदीपं शुद्धान्तरक्ष्या जगदे कुमारी'। इसकी राजधानी मथुरा का उल्लेख कालिदास ने इसके आगे 6 48 में किया है। श्रीमद्भागवत में यदुराज शूरसेन का उल्लेख है जिसका राज्य शूरसेन-प्रदेश में कहा गया है। मथुरा उसकी राजधानी थी—'शूरसेनो यदुपतिर्मथुरामावसन् पुरीम्, माथुराञ्छूरसेनांश्च विषयान् बुभुजे पुरा, राजधानी ततः साभूत सर्वयादवभूभुजाम्, मथुराभगवान् यत्र नित्यं संनिहितो हरिः' 10,1,27-28। विष्णुपुराण में शूरसेन के निवासियों को ही संभवतः शूर कहा गया है और इनका आभीरों के साथ उल्लेख है—'तथापरान्ताः सौराष्ट्राः शूराभीरास्तथार्बुदा' विष्णु० 2,3,16।

शूर्पारक=सोपारा

महाभारत शांति० 49,66 67 के अनुसार शूर्पारक देश को महर्षि परशुराम के लिए सागर ने रिक्त कर दिया था—'ततः शूर्पारकं देशं सागरस्तस्य निर्ममे, सहसा जामदग्न्यस्य सोऽपरान्तमहीतलम्'। शूर्पारक वर्तमान सोपारा (बसीन तालुका, जिला थाना, बंबई) या तटवर्ती प्रदेश है और महाभारत के उपर्युक्त अवतरण से जान पड़ता है कि पहले यह भूभाग सागर के अंतर्गत था। यह अपरांत का ही एक भाग था। शूर्पारक पर सहदेव की विजय का वर्णन भी

महा० सभा० 31,65 म है, 'तत स रत्नमादाय पुन प्रायाद युधाम्पति तत शूर्पारक चैव तालाकटमथापि च'। वन० 188,8 मे पाडवो की शूर्पारक-यात्रा का उल्लेख है। अशोक के 14 मुख्य शिलालेखो म से केवल 8वा यहा एक शिला पर अंकित है जिससे मौर्यकाल मे इस स्थान की महत्ता सूचित होती है। उस समय यह अपरान्त का समुद्रपत्तन(बदरगाह) रहा होगा। शूर्पारक (सुप्पारक)-जातक में भरुकच्छ के व्यापारियो की दूर दूर के विचित्र समुद्रो की यात्रा करने का रोमाचकारी वर्णन है (दे० अग्निमाली नलमाली)। इस जातक से सूचित होता है कि शूर्पारक भृगुकच्छ प्रदेश का बदरगाह था। इस जातक मे भरुकच्छ के राजपुत्र का नाम सुप्पारककुमार कहा गया है। बुद्धचरित 21 72 मे बुद्ध का शूर्पारक जाना वर्णित है।

शूरमगलम (जिला तजोर, मद्रास)

तजौर के निकट एक ग्राम जो दक्षिण भारत की विशिष्ट नृत्यशैली भरत-नाट्यम् के लिए प्राचीन समय म प्रसिद्ध था। यह ग्राम इस नृत्य का एक केंद्र समझा जाता था। इस नृत्य के अन्य केंद्र मेलात्तर तथा उथुकाडु थे।

शृगऋषि (जिला मुगेर, बिहार)

मुंगेर से 20 मील दक्षिण-पश्चिम की ओर एक पहाडी। रामायण मे प्रसिद्ध शृग मुनि के नाम पर यह प्रसिद्ध है। यहा शिवरात्रि को मेला लगता है। 1766 ई० में यहा पर रहने वाले अग्रेजी सैनिको मे गदर हो गया था जो श्वेत गदर (White mutiny) के नाम से मशहूर है। दे० ऋषिकुड

शृगगिरि

दे० शृगेरी (2)

शृगमेरी (मैसूर)

कई विद्वानों के मत मे श्री शकराचार्य का जन्मस्थान यही ग्राम था जो कर्नाटक प्रदेश में तुगभद्रा नदी के तट पर स्थित है किंतु अधिकाश लोगो का मत है कि शकर का जन्म उडुवि नामक स्थान म हुआ था।

शृगवान्

पौराणिक भूगोल के अनुसार मेरु के उत्तर की ओर एक पर्वत श्रेणी जो पूर्व-पश्चिम की ओर समुद्र तक विस्तृत है। शृगवान् को विष्णु० 2,2,10 मे शृगी कहा गया है—'नील श्वेतश्च शृगी च उत्तरे वर्षपर्वता'। महाभारत के अनुसार शृगवान् के तीन शिखर हैं एक मणिमय, दूसरा सुवर्णमय और तीसरा सर्वरत्नमय। वहां स्वयप्रभा देवी नित्य निवास करती हैं। शृगवान् के उत्तर-समुद्र के निकट ऐरावतवर्ष है जहां सूर्य तापरहित है। वहा के मनुष्य कभी

बूढ़े नहीं होते—'श्रृंगाणि च विचित्राणि त्रीण्येव मनुजाधिप, एक मणिमय तत्र तथैक रौक्ममद्भुतम, सर्वरत्नमय चैक भवनैरुपशोभितम । तत्र स्वय प्रभादेवी नित्य वसति शाण्डिली, उत्तरेणतु श्रृंगस्य समुद्रान्ते जनाधिप । वर्षमैरावत नाम तस्माच्छृंगमत परम, न तत्र सूर्यस्तपति न जीर्यन्ते च मानवा ' भीष्म० 8,8-9 10-11 । जैन ग्रथ जबूद्वीप प्रज्ञप्ति मे श्रृंगवान की जबूद्वीप के 6 वर्ष पर्वतों मे गणना की गई है।

श्रृंगवेरपुर

रामायण मे वर्णित वह स्थान है जहा वन जाते समय श्रीराम, लक्ष्मण और सीता एक रात्रि के लिए ठहरे थे। इसका अभिज्ञान सिंगरौर (जिला इलाहाबाद उ० प्र०) मे किया गया है। यह स्थान गगा तीर पर स्थित था तथा यहीं रामचद्रजी की भेंट गुह निषाद से हुई थी—'समुद्रमहिषीं गगा सारसक्रौंचनादिनाम, आससाद महाबाहु श्रृंगवेरपुर प्रति । तत्रराजा गुहो नाम रामस्यात्मसम सखा, निषादजात्यो बलवान स्थपतिश्चेति विश्रुत ' वाल्मीकि० राम० अयो० 50 26-33 । यहीं उन्होंने नौका द्वारा गगा को पार किया था और अपने सारथी सुमत को वापस अयोध्या भेज दिया था। भरत भी जब राम से मिलने चित्रकूट गए थे तो वे श्रृंगवेरपुर आए थे—'ते गत्वा दूरमध्वान रथ यानाश्वकुजरै समासेदुस्ततो गगा श्रृंगवेरपुर प्रति' अयो० 83,19 । अध्यात्मरामायण अयो० 5,60 मे भी श्रीराम का श्रृंगवेरपुर मे गगा के तट पर पहुचना वर्णित है—'गगातीर समागच्छच्छृगवेराविदूरत गगा दृष्ट्वा नमस्कृत्य स्नात्वा सानन्दमानस ' । यहा श्रीराम शीशम के वृक्ष के नीचे बैठे थे—'शिंशपावृक्षमूले स निषसाद रघूत्तम '—अध्यात्म० अयो० 5,61 । भरत का श्रृंगवेरपुर पहुचना, अध्यात्म रामायण मे इस प्रकार वर्णित है—'श्रृंगवेरपुर गत्वा गगाकूले समन्तत उवास महती सेना शत्रुघ्नपरिणोदिता ' अयो० 8,14 । कालिदास ने रघुवश में निषादाधिपति गुह के पुर (श्रृंगवेरपुर) मे श्रीराम के मुकुट उतार कर जटाएँ बनाने तथा यह देखकर सुमत के रो पड़ने मे हृदय का मार्मिक वर्णन किया है—'पुर निषादाधिपतेरिद तद्यस्मिन्मया मौलिमणि विहाय, जटासु बद्धास्वरुदत्सुमन्त्र. कैकयिकामा फलितास्तवेति' रघु० 13 59 । भवभूति ने उत्तररामचरित 1,21 में राम से, अपने जीवनचरित्र सबधी चित्रों के वर्णन के प्रसग मे श्रृंगवेरपुर का वर्णन इस प्रकार करवाया है—इगुदीपादप सोय श्रृंगवेरपुरे पुरा, निषादपतिना यत्र स्निग्धेनासीत्समागम ' । तुलसीदास ने भी रामचरितमानस, अयोध्याकाड में सिंगरौर या श्रृंगवेरपुर का इन्हीं प्रसगों मे उल्लेख किया है—'सीता सचिव सहित दोउ भाई श्रृंगवेरपुर पहुचे जाई,' 'अनुज सहित

शिर जटा बनाए, देखि सुमन्त्र नयन जल छाए, 'केवट कीन्ह बहुत सेवकाई, सो जामिनि सिगरौर गवाई,' 'सई तीर बसि चले बिहाने, शृंगवेरपुर सब नियराने,' 'शृंगवेरपुर भरत दीख जब भे सनेह वश अंग विकल सब'। महाभारत में शृंगवेरपुर का तीर्थरूप में उल्लेख है—'ततो गच्छेत राजेन्द्र शृंगवेरपुरं महत् यत्र तीर्णो महाराज रामो दाशरथि पुरा' महा० वन० 85,65।

वर्तमान सिंगरौर (जान पड़ता है तुलसीदास को शृंगवेर पुर का सिंगरौर होना पता था जैसा 'सो' जामिनि सिंगरौर गवाई' से प्रमाणित होता है) अयोध्या (उ० प्र०) से 80 मील है। यह कस्बा गंगा के उत्तरी तट पर एक छोटी पहाड़ी पर बसा हुआ है। प्रयाग से यह स्थान 22 मील उत्तर पश्चिम की ओर है। उस स्थान को जहां राम लक्ष्मण सीता ने रात्रि व्यतीत की थी रामचौरा कहते हैं। घाट के पास दो सुंदर शीशम के वृक्ष खड़े हैं, लोग कहते हैं ये उसी महाभाग वृक्ष की संतान हैं जिसके नीचे श्रीराम ने सीता और लक्ष्मण के समेत रात्रि व्यतीत की थी (तुलसी ने इसी संबंध में लिखा है—'तब निषाद पति उर अनुमाना, तरु शिंशपा मनोहर जाना, लै रघुनाथहिं ठांव दिखावा, कहेउ राम सब भांति सुहावा', 'जहं शिंशपा पुनीत तरु रघुवर किय विश्राम, अति सनेह सादर भरत कीन्हेंउ दंड प्रनाम'। वाल्मीकि० अयो० 50, 28 में इस वृक्ष को इंगुदी (हिंगोट) कहा गया है—'सुमहानिंगुदीवृक्षो वसामोऽत्रैव सारथे'। भवभूति ने भी (दे० ऊपर) इसे इंगुदी ही कहा है। अध्यात्मरामायण तथा रामचरितमानस में इस वृक्ष को शीशम लिखा है। शृंगवेरपुर में गंगा को पार करके रामचंद्रजी उस स्थान पर उतरे थे जहां लोकश्रुति के अनुसार आजकल कुरई नामक ग्राम स्थित है। कहा जाता है कि इस स्थान पर शृंगी ऋषि का आश्रम था जिनसे राजा दशरथ की कन्या शांता ब्याही थी। शांता के नाम पर प्रसिद्ध एक मंदिर भी यहां स्थित है। यहां एक छोटा-सा राम-मंदिर बना है। शृंगवेरपुर के आगे चलकर श्रीरामचंद्रजी प्रयाग पहुंचे थे।

शृंगी=शृंगवान्

शृंगेरी

(1) (जिला कदूर, मैसूर) बिरूर स्टेशन से 60 मील दूर तुंगनदी के वामतट पर छोटा सा ग्राम है। इसका नाम यहां से 9 मील दूर शृंगगिरि-पर्वत के नाम पर ही शृंगगिरि पड़ा था जिसका अपभ्रंश शृंगेरी है। कहा जाता है यहां शृंगी ऋषि का जन्म हुआ था। एक छोटी पहाड़ी पर शृंगी के पिता विभांडक का आश्रम स्थित बताया जाता है। 8 वीं शती में इस स्थान पर महान् दार्शनिक शंकराचार्य ने अपने चार पीठों में से एक स्थापित किया

था। चार पीठ नासिक, शृंगेरी, पुरी, तथा द्वारका मे स्थित है। (शृंगीऋषि से संबंधित स्थानों के लिए दे० ऋषिकुंड ऋषितीर्थ, शृंगऋषि)

(2) शृंगेरी के निकट स्थित पर्वत। इसे वराह-पर्वत भी कहते हैं। यहां से तुंगा, भद्रा, नेत्रवती, और वाराही नामक चार नदियां निकलती हैं।

शेखावटी (राजस्थान)

जयपुर ज़िले का वह भाग जिसमे सीकर का ठिकाना सम्मिलित है। कहा जाता है कि इस इलाके को सरदार राव शेखाजी ने बसाया था जिनके नाम पर ही यह प्रसिद्ध है।

शेरगढ़

(1) दे० सोहो

(2) (उ० प्र०) शेरशाह के नाम पर बसाया हुआ यह कस्बा लखनऊ-काठगोदाम रेलमार्ग के देवरानियां स्टेशन से 7 मील दूर स्थित है। यहां पहले शेरशाह का बनवाया हुआ एक दुर्ग भी था जो लगभग 1540 में निर्मित हुआ था। अब इस प्राचीन नगर के खंडहर यहा के निकटवर्ती चार ग्रामों मे विस्तृत हैं। (दे० कबर)

शेरोसाजी=प्रज्ञापुर

शेषाचल दे० वेंकटाचल

शैरीषक

महाभारत सभा० 32, 6 मे वर्णित स्थान जिसे नकुल ने अपनी पश्चिम दिशा की दिग्विजय-यात्रा मे जीता था—'शैरीषकं महेत्थं च वशे चक्रे महाद्युतिः, आक्रोशं चैव राजर्षिं तेन युद्धमभून्महत्।' शैरीषक का अभिज्ञान वर्तमान सिरसा से किया जाता है। इससे पहले सभा० 32, 4 में रोहीतक या वर्तमान रोहतक का उल्लेख है। सिरसा, दिल्ली के निकट स्थित है।

शैरीस

वर्तमान सेरसा (ज़िला अहमदाबाद, गुजरात)। जैन स्तोत्र तीर्थमाला-चैत्यवंदन मे इसका नामोल्लेख इस प्रकार है—'जीरापल्लिफलर्द्धिपारकनदे शैरीसशंखेश्वरे।'

शैल

राजगृह की प्राचीन सात पहाड़ियो मे से एक का वर्तमान नाम। महाभारत सभा० 21, दाक्षिणात्य पाठ मे शायद इसे ही शिलोच्चय कहा है। (दे० राजगृह)

शैलोदा

वाल्मीकि-रामायण में इस नदी का उल्लेख उत्तरकुरु के संबंध में है—'त तु देशमतिक्रम्य शैलोदानाम निम्नगा, उभयोस्तीरयोस्तस्याः कीचका नाम वेणव.' किष्किंधा० 43, 37। महाभारत सभा० 28, दाक्षिणात्य पाठ में भी इसका वर्णन है, 'मेरुमंदरयोर्मध्ये शैलोदामभितो नदीम्, ये ते कीचकवेणूना छाया रम्यामुपासते। खशान्झषांश्चनद्योतान् प्रघसान्दीर्घवेणिकान्, पशुपांश्च कुलिंदाश्च तंगणान् परतंगणान्।' यह नदी मेरु और मंदराचल पर्वतों के मध्य में स्थित कही गई है और उसके दोनों तटों पर कीचक नाम के बांसों के वन बताए गए हैं। वाल्मीकि ने भी इसके तट पर कीचक-वृक्षों का वर्णन किया है (दे० ऊपर)। कीचक चीनी भाषा का शब्द कहा जाता है। नदी के तट पर खस, प्रघस, कुलिंद, तंगण, परतंगण आदि लोगों का निवास बताया गया है। ये लोग युधिष्ठिर के राजसूय-यज्ञ में 'पिपीलक सुवर्ण' लाए थे—'तद् वै पिपीलिक नाम उद्धृत यत् पिपीलिकैः जातरूप द्रोणमेयमहार्षुः पुंजशो नृपा.' सभा० 52, 4। पिपीलक-सुवर्ण के बारे में किंवदंती का उल्लेख मेगस्थनीज़ (चंद्रगुप्त मौर्य की सभा के यवनदूत) ने भी किया है। यह किंवदंती प्राचीन व्यापारिक जगत में तिब्बती सुवर्ण के बारे में प्रचलित थी। श्री० वा० दा० अग्रवाल ने शैलोदा नदी का अभिज्ञान वर्तमान खोतन नदी से किया है। इस नदी के तट पर आज भी यशब या अश्ममार की खानें हैं जिसे शायद प्राचीन काल में सुवर्ण कहा जाता था। खोतन नदी पश्चिमी चीन तथा रूस की सीमा के निकट बहती है।

शैवालगिरि=रामटेक

शोण=महाशोणा=हिरण्यवाह

यह वर्तमान सोन नदी है जो पटना के निकट गंगा में मिलती है। यह नदी नर्मदा के उद्गम से चार-पांच मील दूर गोंडवाना पर्वत श्रेणी (शोणभद्र) से निकलती है और प्रायः 600 मील का मार्ग तय करके गंगा में गिर जाती है। महाकवि बाणभट्ट ने हर्षचरित (प्रथम उच्छ्वास) में अपना जन्म-स्थान शोण तथा गंगा के संगम के निकट प्रीतिकूट नाम ग्राम बताया है। अपनी पूर्वजा पौराणिक देवी सरस्वती के मर्त्यलोक में अवतीर्ण होने के स्थान को शोण के निकट वर्णित करते हुए बाण ने शोण को दंडकारण्य और विंध्य से उद्गत नदी माना है और उसका उद्भव चंद्रपर्वत बताया है। इसी चंद्र का पर्याय सोम है और यही नर्मदा का उद्भव है क्योंकि साहित्य में नर्मदा को सोमोद्भवा कहा गया है। यह अमरकटक की एक श्रेणी है। शोण का उल्लेख संभवतः शोणा के रूप में, महा० भीष्म० 9,29 में है—'कौशिकीं निम्नगां शोणां बाहु-

दामय चद्रमाम्'। कालिदास ने रघुवंश में शोण और भागीरथी के संगम का उपमेयरूप में वर्णन किया है जो मगध की राजधानी पाटलिपुत्र के निकट होने के कारण प्रख्यात रहा होगा—'तस्याः स रक्षार्थमनल्पयोधमादिश्य पित्र्यं सचिवं कुमारः, प्रत्यग्रहीत्पार्थिववाहिनीं तां भागीरथीं शोण इवोत्तरंगः.' रघु० 7,36; अर्थात् अज इंदुमती की रक्षार्थ अपने पिता के सचिव को नियुक्त करके उसी प्रकार अपने (प्रतिद्वंद्वी) राजाओं की सेना पर टूट पड़ा जिस प्रकार गंगा पर उत्ताल तरंगों वाला शोण। मेगस्थनीज ने, जो चंद्रगुप्त मौर्य की सभा में रहने वाला यवन दूत था, पाटलिपुत्र या पटने को गंगा तथा इरानोबाओस (Erannobaos) के संगम पर स्थित बताया है। इरानोबाओस हिरण्यवाह (शोण का एक नाम) का ही ग्रीक उच्चारण है। शोण को महाशोण या महाशोणा नाम से भी अभिहित किया जाता था। 'गंडकीञ्च महाशोणां सदानीरां तथैव च' महा० सभा० 20,27। श्रीमद्भागवत में शोण का सिंधु के साथ उल्लेख है—'सिंधुरंधः शोणश्च नदो महानदी'—शोण शब्द का अर्थ गहरा लाल रंग है जो इस नदी के जल का विशेषण हो सकता है।

शोणप्रस्थ दे० सोनपत

शोणभद्र

शोणनदी का उद्गम (दे० शोण)। हर्षचरित उच्छ्वास 1,में बाण ने शोण के उद्गम को चंद्रपर्वत कहा है।

शोणितपुर

(1) प्राचीन किंवदंती के अनुसार महाभारत में ऊषा-अनिरुद्ध उपाख्यान के संबंध में वर्णित ऊषा के पिता बाणासुर की राजधानी। कहा जाता है कि कृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध ने ऊषा का हरण इसी स्थान पर किया था और यहीं उनका बाणासुर से युद्ध हुआ था। महा० सभा० 38 में बाणासुर को शोणितपुर का राजा कहा गया है—'तस्माल्लब्ध्वा वरान् बाणो दुर्लभान् स सुरैरपि, स शोणितपुरे राज्यं चकाराप्रतिमो बली'। इस पुरी का वर्णन इसी अध्याय में (दाक्षिणात्यपाठ) इस प्रकार है—'अथासाद्य महाराज तत्पुरीं ददृशुश्च ते, ताम्रप्राकार संवीतां रूप्यद्वारैश्च शोभिताम्, हेमप्रासाद सम्बाधां मुक्तामणिविचित्रिताम् उद्यानवनसम्पन्नां नृत्तगीतैश्च शोभिताम्। तोरणैः पक्षिभिः कीर्णां पुष्करिण्या च शोभिताम् तां पुरीं स्वर्गसंकाशां हृष्टपुष्ट जनाकुलाम्'। विष्णु पुराण 5,33,11 में भी बाणासुर की राजधानी शोणितपुर म बताई गई है—'तं शोणितपुरं नीत श्रुत्वा विद्याविदग्धया'। शोणितपुर का अभिज्ञान कुछ विद्वानों ने असम की वर्तमान राजधानी गौहाटी से किया है। इसको प्राग्ज्योतिषपुर

भी कहा जाता था। श्रीमद्भागवत 10,62,4 में ऊषा अनिरुद्ध की कथा के प्रसंग में शोणितपुर को बाणासुर की राजधानी बताया गया है 'शोणिताख्ये पुरे रम्ये स राज्यमकरोत् पुरा, तस्य शम्भो प्रसादेन किंकरा इव तेऽमरा'। ऊषा की सखी सोते हुए अनिरुद्ध को द्वारका से योग क्रिया द्वारा उठाकर शोणितपुर ले आई थी 'तम सुप्त सुपर्यंके प्राद्युम्नि योगमास्थिता गृहीत्वा शोणितपुर सख्यै प्रियम्-दर्शयत्' श्रीमद्भागवत 10 62,23।

(2)=सोजत

(3) (महाराष्ट्र) इटारसी से 30 मील दूर सोहागपुर रेल स्टेशन के निकट स्थित है। स्थानीय जनश्रुति में इस स्थान को बाणासुर की राजधानी बताया जाता है (दे० शोणितपुर 1)। नर्मदा नदी ग्राम के निकट बहती है।

शोरकोट (जिला भग मधियाना, पाकि०)

प्राचीन शिबिराष्ट्र की स्थिति शोरकोट के निकट ही कही जाती है। शोरकोट के इलाके को अबुलफजल ने आइनेअकबरी में शोर कहा है। शोर शिबिपुर का अपभ्रंश जान पड़ता है।

शोरापुर (जिला गुलबर्गा, मैसूर)

प्राचीन समय में यहां स्थित दुर्ग बदेर-नरेश सनैकस ने बनवाया था किंतु उसका अब कोई चिह्न नहीं है। वर्तमान किले के एक प्रवेशद्वार पर औरंगजेब का 1116 हिजरी का एक अभिलेख है। नगर में शोरापुर के राजा के महल हैं। उत्तर की ओर एक टीले पर टेलर-मंजिल नामक कर्नल मीडोज टेलर का निवास स्थान है। टेलर ने अपनी प्रख्यात पुस्तक 'कन्फेशंस ऑव ए ठग' और 'माई लाइफ' में 19वीं शती के पूर्वार्ध में भारत की अव्यवस्थापूर्ण दशा का सुंदर चित्रण किया है। कृष्णा नदी के तट पर मनोरम झरनों के निकट छाया भगवती का मंदिर है। यहां दूर-दूर से प्राकृतिक सौंदर्य के पुजारी आते हैं।

शोलापुर (मैसूर)

नगर के दक्षिण में एक झील के बीच में सिद्धेश्वर का मंदिर है। एक मील दूर एक प्राचीन किले के अवशेष हैं।

शोरिपुर दे० सोरीपुर

शौर्यपुर

जैन उत्तराध्ययन सूत्र में वसुदेव को यहां का राजा बताया गया है। रोहिणी और देविकी इसकी रानियां थीं और राम और केशव इनके पुत्र। स्पष्ट ही है कि यह कहानी श्रीकृष्ण की कथा का जैनरूप है। यह नगर शूरसेन या मथुरा ही जान पड़ता है।

श्याम

विष्णुपुराण 2,4 62 मे उल्लिखित शाकद्वीप का एक पर्वत—'पूर्वस्तत्रोदयगिरिर्जलाधारस्तथापर तथा रैवतक श्यामस्तथैवास्तगिरिर्द्विज।'

श्यामप्रयाग (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

उत्तराखंड का सुंदर तीर्थ। यहां दो नदियों का संगम, पहाड़ों से घिरा होने के कारण श्यामवर्ण दिखाई पड़ता है।

श्येनी दे० केन

श्योराजपुर (जिला कानपुर, उ० प्र०)

इस स्थान से हाल ही में उत्तरप्रदेश की सर्वप्राचीन मूर्तिकला के उदाहरण मिले हैं। ये ताम्रनिर्मित मानवाकृतियां हैं जो ताम्रपाषाणयुगीन (लगभग 3000 वर्ष प्राचीन) हैं। ताम्रपाषाणयुग सिंधु-घाटी सभ्यता का समकालीन माना जाता है। नई खोजों से सिद्ध होता है कि सिंधु-घाटी-सभ्यता केवल सिंध-पंजाब तक ही सीमित नहीं थी, किंतु उसका प्रसार समस्त उत्तर भारत, राजस्थान और गुजरात तक था। उत्तर प्रदेश में इसके अवशेष बहादुराबाद (हरद्वार के निकट) में भी मिले हैं।

श्रमणगिरि

(1) (बिहार) राजगृह के निकट पांच पर्वतों में परिगणित ऋषिगिरि का एक नाम। यहां बौद्धकाल में श्रमणों का निवास होने के कारण इस पहाड़ी को श्रमणगिरि कहते थे। स्वर्णगिरि इसी का उच्चारणभेद है।

(2)=सोनागिरि(मध्य प्रदेश)। ग्वालियर-झांसी रेल मार्ग पर सोनागिरि स्टेशन के निकट छोटी पहाड़ी है जहां प्राचीन काल में अनेक जैन मुनियों या श्रमणों का निवास स्थान था। पहाड़ी के शिखर पर 77 तथा इसके नीचे 17 जैन मंदिर आज भी अवस्थित हैं। ये मध्ययुगीन बुंदेलखंड की वास्तुकला के उदाहरण हैं। इस पहाड़ी को सिद्ध-क्षेत्र कहा जाता है।

श्रमणबेलगोला=श्रवणबेलगोला (मैसूर)

चंद्रगिरि तथा इंद्रगिरि नामक पहाड़ियों के मध्य में स्थित यह ऐतिहासिक स्थान प्राचीन काल से जैन धर्म व संस्कृति का महान केंद्र था। यहां का सबसे प्रसिद्ध स्मारक, गोम्मटेश्वर की विराट 57 फुट ऊंची मूर्ति है जो एक ही पत्थर से काट कर इस स्थान पर बनवाई गई है। यह गंग नरेशों (लगभग 1000 ई०) की कीर्ति की अचल पताका है। जैन किंवदंती के अनुसार सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्य वृद्धावस्था में राजपाट त्याग कर दक्षिण भारत चले आए थे और जैन-धर्म में दीक्षित होकर इसी स्थान (चंद्रगिरि) पर रहने लगे थे। उपर्युक्त दोनों

ही पहाड़ियों पर प्राचीन ऐतिहासिक अवशेष बिखरे पड़े हैं। बड़ी पहाड़ी इंद्रगिरि पर ही गोम्मटेश्वर की मूर्ति स्थित है। यह पहाड़ी 470 फुट ऊंची है। पहाड़ी के नीचे कल्याणी नामक झील है जिसे धवलसरोवर भी कहते थे। बेलगोल कन्नड का शब्द है जिसका अर्थ धवलसरोवर है। यहां से प्रायः 500 सीढ़ियों पर चढ़कर पहाड़ी की चोटी पर पहुंचा जा सकता है। गोम्मटेश्वर की मूर्ति मध्ययुगीन मूर्तिकला का अप्रतिम उदाहरण है। फार्युसन के मत में मिस्र देश को छोड़कर संसार में अन्यत्र इस प्रकार की विशाल मूर्ति नहीं बनाई गई। इसका निर्माण 983 ई० में गगनरेश रचमल्ल के प्रधान मंत्री चामुंडराय ने करवाया था। कहा जाता है कि मूर्ति उदारहृदय बाहुबली (ऋषभदेव के पुत्र) की है जिन्होंने अपने बड़े भाई भरत के साथ हुए घोर संघर्ष के पश्चात् जीता हुआ राज्य उन्हीं को लौटा दिया था। इस प्रकार इस मूर्ति में शक्ति तथा साधुत्व और बल तथा औदार्य की उदात्त भावनाओं का अपूर्व समन्वय प्रदर्शित किया गया है। इस मूर्ति का अभिषेक विशेष पर्वों पर होता है। इस विषय का सर्वप्रथम उल्लेख 1398 ई० का मिलता है। इस मूर्ति का सुंदर वर्णन 1180 ई० में बोप्पदेव कवि द्वारा रचित एक कन्नड शिलालेख में है। श्रवण-बेलगोल से प्राप्त दो स्तंभलेखों में पश्चिमी गंग-राजवंश के प्रसिद्ध राजा नोलंबांतक, मारसिंह, (975 ई०) और जैन प्रचारक मल्लीषेण (1129 ई०) के विषय में सूचना प्राप्त होती है। एक अन्य अभिलेख में प्रथम विजयनगर-नरेश बुक्काराय का उल्लेख है, जिसने वैष्णवों तथा जैनों के पारस्परिक विरोधों को मिटाने की चेष्टा की थी और दोनों संप्रदायों को समान अधिकार दिए थे।

श्रावस्ती

बौद्ध काल की परम समृद्धिशाली नगरी और कोसल जनपद की राजधानी श्रावस्ती के खंडहर जिला गोंडा (उ० प्र०) में सहेत-महेत नामक ग्राम के निकट स्थित हैं। यह स्थान बलरामपुर रेल-स्टेशन से 7 मील दक्षिण-पश्चिम में पक्की सड़क पर स्थित है। श्रावस्ती राप्ती नदी के तट पर बसी हुई थी। वाल्मीकि-रामायण उत्तर० 107, 17 में वर्णन है कि रामचंद्रजी ने (दक्षिण-) कोसल का अपने पुत्र कुश को और उत्तर कोसल का लव को राजा बनाया था—'कोसलेषुकुशं वीरमुत्तरेषुतथा लवम्, अभिषिच्य महात्मानावुभौरामः कुशीलवौ'। उत्तर० 108,5 के अनुसार लव की राजधानी श्रावस्ती में थी, 'श्रावस्तीति पुरीरम्या श्राविता च लवस्यह अयोध्यां विजनां कृत्वा राघवोभरतस्तथा' अर्थात् मधुपुरी में शत्रुघ्न को सूचना मिली कि लव के लिए श्रावस्ती नामक नगरी

राम ने बसाई है और अयोध्या को जनहीन करके (उन्होने स्वर्ग जाने का विचार किया है)। इस वर्णन से प्रतीत होता है कि श्रीराम के स्वर्गारोहण के पश्चात् अयोध्या उजड गई थी और कोसल की नई राजधानी श्रावस्ती म बनाई गई थी। बौद्धकाल मे श्रावस्ती के पश्चात अयोध्या का उपनगर साकेत, कोसल का दूसरा प्रमुख स्थान था। कालिदास ने रघुवश मे लव को शरावती नामक नगरी का राजा बनाया जाना लिखा है—'स निवेश्यकुशावत्या रिपुनागांकुशं कुशम् शरावत्यां सतांसूक्तैर्जनिताश्रुलवलवम्, रघु० 15, 97। इस उल्लेख मे शरावती, निश्चय रूप से श्रावस्ती का ही उच्चारण भेद है। श्रावस्ती की स्थापना पुराणो के अनुसार, श्रवस्त नाम के सूर्यवंशी राजा ने की थी (दे० युग-युग मे उत्तर प्रदेश' पृ० 40)। लव ने यहा कोसल की नई राजधानी बनाई और श्रावस्ती धीरे धीरे उत्तर कोसल की वैभवशालिनी नगरी बन गई।

सहेत-महेत के खडहरो से जान पडता है कि इस नगर का आकार अर्ध-चद्राकार था। गौतम बुद्ध के समय यहां कोसल-नरेश प्रसेनजित की राजधानी थी। बुद्ध के जीवन से सबधित अनेक स्थलों के खडहर यहां उत्खनन द्वारा प्रकाश मे लाए गये हैं। इन स्थलों का पाली ग्रंथों के अतिरिक्त चीनी-यात्री फाह्यान और युवानच्वांग ने भी उल्लेख किया है। इनमे प्रसेनजित् के मत्री सुदत्त के तथा क्रूर दस्यु अगुलीमाल (जो बाद मे बुद्ध के प्रवचनो से प्रभावित होकर उनके धर्म मे दीक्षित हो गया था) के नाम से प्रसिद्ध स्तूपो के तथा जेतवन-बिहार के खडहर मुख्य हैं। जेतवन विहार को सुदत्त या अनाथपिंडक ने बुद्ध के जीवनकाल ही मे बनवाया था। सुदत्त ने इस उपवन की भूमि को राजकुमार जेत से, उस पर स्वर्ण मुद्राए बिछाकर, खरीदा था और फिर इस उपवन को बुद्ध को दान कर दिया था। जेत ने इन स्वर्ण मुद्राओ को प्राप्त कर इस धन से श्रावस्ती मे सात तलो का एक प्रासाद बनवाया था जो चदन, छत्र और तोरणों से सुसज्जित था। इसमे चारो ओर फूल ही फूल बिखरे रहते थे और इतना अधिक प्रकाश किया जाता था कि रात भी दिन ही प्रतीत होती थी। फाह्यान लिखता है कि एक दिन एक मूषक एक दीपक की बत्ती को उठा कर इधर-उधर दौडने लगा जिससे इस महल मे आग लग गई और यह सत मंजिला भवन जलकर राख हो गया"। बौद्धों के विश्वास के अनुसार इस दुर्घटना का कारण वास्तव मे जेत की लालची मनोवृत्ति ही थी जिसके वशीभूत होकर उसने बुद्ध के निवास स्थान के लिए भूमि देने मे आनाकानी की थी और उसके लिए इतना अधिक धन मांगा था। जेतवन के खडहरों मे बुद्ध के निवासगृह गधकुटी तथा कोशबकुटी नामक दो विहारो के अवशेष देखे जा सकते हैं। बुद्ध श्रावस्ती

में नौ वर्ष रहे थे और यहां रहते हुए उन्होंने अनेक महत्त्वपूर्ण प्रवचन दिए थे। सहेत महेत के दक्षिण पश्चिम की ओर जेतवन-विहार से आधा मील दूर सोमनाथ नाम का एक ऊंचा ढूह (स्तूप) है। जेतवन से एक मील दक्षिण-पूर्व में एक दूसरा टीला है जिसे ओराझार कहा जाता है। यह वही स्थान है जहां मिगार श्रेष्ठी की पुत्रवधू विशाखा ने अपार धन-राशि व्यय करके पूर्वाराम नामक विहार बनवाया था। बौद्ध और जैन साहित्य में श्रावस्ती को सावत्थी या सावित्थपुर कहा गया है। महापरिनिब्बान सुत्त (दे० सेक्रेड बुक्स आव दी ईस्ट, पृ० 99) में श्रावस्ती और साकेत की गणना भारत के प्रमुख सात नगरों में की गई है। जैन ग्रंथ 'उपासकदशा' में श्रावस्ती की शरवन नामक बस्ती या सन्निवेश का उल्लेख है जहां आजीवक संप्रदाय के मुख्य उपदेष्टा गोसाल मखलिपुत्र का जन्म हुआ था। जैन ग्रंथ विविधतीर्थकल्प में श्रावस्ती का जैनतीर्थ के रूप में वर्णन किया गया है। श्री संभवनाथ की मूर्ति से विभूषित एक चैत्य यहां था जिसके द्वार पर एक रक्ताशोक दिखाई देता था। एक बौद्ध मंदिर भी यहां स्थित था जहां देवताओं के सामने घोड़ों की बलि दी जाती थी। इसी स्थान पर भगवान् संभवस्वामी को कैवल्य ज्ञान प्राप्त हुआ था। श्री महावीर स्वामी ने एक बार वर्षाकाल यहां व्यतीत किया था और अनेक प्रकार की तपस्याएं की थीं। महाराज जितशत्रु का पुत्र भद्र भी यहां आकर साधु हो गया था और तत्पश्चात् उसे परम ज्ञान प्राप्त हुआ था।

जैन साहित्य में श्रावस्ती को चंद्रपुरी और चंद्रिकापुरी भी कहा गया है क्योंकि इसे तीर्थंकर चंद्रप्रभनाथ की जन्मभूमि माना गया है। तीर्थंकर संभवनाथ की भी यही जन्मभूमि है। कल्पसूत्र के एक उल्लेख से सूचित होता है कि अंतिम तीर्थंकर महावीर ने मखलिपुत्र गोसाल से श्रावस्ती में, संबंध विच्छेद होने के बाद, सर्वप्रथम भेंट की थी। महावीर यहां कई बार आए थे।

चीनी यात्री फाह्यान और युवानच्वांग ने श्रावस्ती का विस्तृत वर्णन किया है। फाह्यान के समय (5 वीं शती का पूर्वार्ध) में श्रावस्ती उजाड़ हो चली थी और यहां केवल दो सौ कुटुंब निवास करते थे। फाह्यान लिखता है कि यहां बुद्ध के समय प्रसेनजित् का राज्य था और तथागत से संबंधित स्मारक अनेक स्थलों पर बने हुए थे। उसने सुदत्त के विहार का भी वर्णन किया है और इसके मुख्य द्वार के दोनों ओर दो स्तंभों की स्थिति बताई है जो संभवतः अशोक के बनवाए हुए थे। इनके शीर्ष पर वृषभ तथा चक्र की प्रतिमाएं जटित थीं। फाह्यान को देखकर और उसे चीन से आया जान श्रावस्ती के निवासी विस्मित हुए थे क्योंकि उससे पहले उनके नगर में चीन से कभी कोई नहीं आया था।

फाह्यान ने श्रावस्ती मे 98 विहार देखे थे । युवानच्वांग के समय (7 वीं शती के पूर्वार्ध) मे तो यह नगरी सर्वथा ही खडहरो के रूप मे परिणत हो गई थी और उसने केवल एक ही बौद्ध विहार को वहां स्थित पाया था । वास्तव मे गुप्तकाल मे उत्तर-पूर्व भारत के बौद्ध धर्म के सभी प्राचीन केंद्र अव्यवस्थित तथा उजाड हो गए थे ।

जैन जनश्रुति से तथा महेत महेत के खडहरो के अवशेषो से विदित होता है कि श्रावस्ती मे जैनो का पर्याप्त समय तक प्रभाव रहा था । यहा कई प्राचीन जैन मदिरो के खडहर मिले हैं । श्रावस्तीभुक्ति नामक भुक्ति का नामोल्लेख गुप्त अभिलेखो से प्राप्त होता है । गुप्तकाल मे इसकी स्थिति श्रावस्तीनगरी के परिवर्ती प्रदेश मे जिला गोंडा के आसपास रही होगी ।

श्रीकठ

हर्षचरित मे उल्लिखित जनपद, जहा प्रभाकरवर्धन (हर्ष का पिता) की राजधानी स्थाण्वीश्वर या स्थानेश्वर (=थानेसर) स्थित थी । इसका विस्तार पूर्वी पजाब, पश्चिमी उत्तरप्रदेश तथा दिल्ली राज्य के कुछ भाग मे था । हर्षचरित, तृतीय उच्छ्वास, मे इस जनपद की समृद्धि तथा वैभव का काव्यात्मक वर्णन किया गया है । बाण ने इस देश मे ईख, धान तथा गेहू की खेती का उल्लेख भी किया है, इसके अतिरिक्त तरह तरह के द्राक्षा तथा दाडिम के उद्यान यहां की शोभा बढाते थे । वहां के गावो की धरती केलो के निकुजो से श्यामल दीखती थी । पद-पद पर ऊटो के झुड थे । सहस्रो कृष्ण-मृगो से वह देश चित्र-विचित्र लगता था । (दे० हर्षचरित, हिंदी अनुवाद, सूर्यनारायण चौधरी, पृ० 119) ।

श्रीक्षेत्र

(1) (बर्मा) दक्षिण ब्रह्मदेश मे एक प्राचीन भारतीय औपनिवेशिक राज्य जिसका अभिज्ञान प्रोम के निकट स्थित हमाजा (Hmauza) से किया गया है । इसकी स्थापना प्यूस (Pyus) लोगो ने की थी जो हिंदू धर्म के अनुयायी थे । चीनी यात्री युवानच्वांग के अनुसार श्रीक्षेत्र-राज्य पूर्वी भारत की सीमा के बाहर प्रथम विशाल हिंदू राज्य था । यहा से प्राप्त प्यूस अभिलेखो से विदित होता है कि इस राज्य की समृद्धि का युग तीसरी शती ई० से स तवी शती ई० तक था । नवी शती के पश्चात् श्रीक्षेत्र-राज्य की पूर्ण अवनति हो गई थी ।

(2)=पुरी (उडीसा)

श्रीदेव=सौतेप (थाइलैंड)

स्याम या थाइलैंड का प्राचीन भारतीय औपनिवेशिक नगर । तृतीय-चतुर्थ

शती ई० की अनेक भारतीय कलाकृतियां यहां उत्खनन द्वारा प्रकाश में लाई गई हैं। इनमें यक्षिणी की एक सुंदर मूर्ति भी है जिसमें भारत की गुप्तकालीन कला की पूरी-पूरी झलक दिखाई पड़ती है। श्रीदेव का अभिज्ञान वर्तमान सीतेप से किया गया है। सीतेप, श्रीदेव का ही अपभ्रंश है।

श्रीनग=श्रीशैल (श्रीपर्वत)

जैन तीर्थ के रूप में इसका उल्लेख तीर्थमालाचैत्यवंदन में है—'विंध्य-स्थमन ढोट्ठमीटठ नगरे राजद्रहे श्रीनगे।'

श्रीनगर

(1) (जिला गढ़वाल, उ० प्र०) गढ़वाल की प्राचीन राजधानी। यह नगर गंगा के तट पर स्थित है। 1894 ई० में बिरही नदी की बाढ़ में यह नगर बह गया था। नए वर्तमान श्रीनगर को 1895 ई० में पॉं नामक अंग्रेज ने प्राचीन नगर के निकट ही बसाया था। श्रीनगर के आस पास कई प्राचीन मंदिर हैं।

(2) (कश्मीर) झेलम के तट पर स्थित कश्मीर की राजधानी जिसकी नींव, कल्हणरचित राजतरंगिणी, 1,5,104 (स्टाइन का अनुवाद) के अनुसार मौर्य-सम्राट् अशोक ने डाली थी। उसने कश्मीर की यात्रा 245 ई० पू० में की थी। इस तथ्य को देखते हुए श्रीनगर लगभग 2200 वर्ष प्राचीन नगर ठहरता है। अशोक का बसाया हुआ नगर वर्तमान श्रीनगर से प्रायः 3 मील उत्तर में बसा हुआ था। प्राचीन नगर की स्थिति को आजकल पांढरेथान अथवा प्राचीन स्थान कहा जाता है। महाराज ललितादित्य यहां का प्रख्यात हिंदू राजा था। इसका शासनकाल 700 ई० के लगभग था। इसने श्रीनगर की श्रीवृद्धि की तथा कश्मीर के राज्य का दूर दूर तक विस्तार भी किया। इसने झेलम पर कई पुल बंधवाए तथा नहरें बनवाईं। श्रीनगर में हिंदू नरेशों के समय के अनेक प्राचीन मंदिर थे जिन्हें मुसलमानों के शासनकाल में नष्ट-भ्रष्ट करके उनके स्थान पर दरगाहें तथा मसजिदें इत्यादि बनाली गई थीं। झेलम के तीसरे पुल पर महाराज नरेंद्र द्वितीय का 180 ई० के लगभग बनवाया हुआ नरेंद्र-स्वामी का मंदिर था। यह नरपीर की जियारतगाह के रूप में परिणत कर दिया गया था। चौथे पुल के निकट नदी के दक्षिणी तट पर पांच शिखरों वाला मंदिर महाश्रीमंदिर नाम से विख्यात था, इसे महाराज प्रवरसेन द्वितीय ने अपार धन-राशि व्यय कर निर्मित करवाया था। 1404 ई० में कश्मीर के शासक शाह सिकंदर की बेगम की मृत्यु होने पर उसे इस मंदिर के आंगन में दफना दिया गया और उसी समय से यह विशाल मंदिर मकबरा बन गया। कश्मीर का प्रसिद्ध सुलतान जैनुलआबदीन, जिसे कश्मीर का अकबर कहा जाता

है, इसी मंदिर के प्रांगण में दफनाया गया था। यह स्थान मक्दरा शाही के नाम से प्रसिद्ध हुआ। कहा जाता है कि नदी के छठे पुल के समीप, दक्षिणी तट पर महाराज युधिष्ठिर के मंत्री स्कंदगुप्त द्वारा बनवाया एक अन्य मंदिर था। इसे पीर बाबू की जियारतगाह के रूप में परिणत कर दिया गया। 684-693 ई० में महाराज चंद्रापीड़ द्वारा बनवाया हुआ त्रिभुवन स्वामी का मंदिर भी समीप ही स्थित था। इस पर टागा बाबा नामक एक पीर ने अधिकार करके इसे दरगाह का रूप दे दिया। सुलतान सिकंदर ने 1404 ई० में जामा मसजिद बनाने के लिए महाराज तारापीड़ द्वारा 693-697 में निर्मित एक प्रसिद्ध मंदिर तोड़ डाला और उसकी सारी सामग्री मसजिद में लगा दी। 1623 ई० के लगभग बेगम नूरजहां ने, जब वह जहांगीर के साथ कश्मीर आई, सुलेमान पर्वत के ऊपर बना हुआ शंकराचार्य का मंदिर देखा और इसकी पैड़ियों में लगे हुए बहुमूल्य पत्थर के टुकड़ों को उखड़वाकर उन्हें अपनी बनवाई हुई मसजिद में लगवा दिया। केवल शंकराचार्य का मंदिर ही अब श्रीनगर का प्राचीन हिंदू स्मारक कहा जा सकता है। किंवदंती के अनुसार इस मंदिर की स्थापना दक्षिण के प्रसिद्ध दार्शनिक शंकराचार्य ने 8वीं शती ई० में की थी। जहांगीर तथा शाहजहां के समय के शालामार तथा निशात नामक सुंदर उद्यान, तथा इसी काल की कई मसजिदें श्रीनगर के प्रमुख ऐतिहासिक स्मारक हैं। कहा जाता है निशातबाग नूरजहां के भाई आसफखां का बनवाया हुआ था। शालीमार का निर्माण जहांगीर और उसकी प्रिय बेगम नूरजहां ने किया था। मुगलों ने कश्मीर में 700 बाग लगवाए थे।

(3) दे० बिल्ग्राम

श्रीनिवास दे० नेवासा

श्रीपर्वत दे० नागार्जुनीकोंड

श्रीपाद दे० सुमनकूट

श्रीपुर

(1) दे० बयाना

(2) यह वर्तमान सिरपुर या सीरपुर (जिला रायपुर, म० प्र०) है जो रायपुर से 40 मील दूर महानदी के तट पर स्थित है। ऐतिहासिक जनश्रुति से विदित होता है कि भद्रावती के सोमवंशी पांडव-नरेशों ने भद्रावती को छोड़कर श्रीपुर बसाया था। ये राजा पहले बौद्ध थे किंतु पीछे शैवमत के अनुयायी बन गए। श्रीपुर में गुप्तकाल में तथा परवर्ती काल में बहुतसमय तक दक्षिण कोसल अथवा महाकोसल की राजधानी रही। इस स्थान पर ईंटों के बने गुप्त-

कालीन मंदिरों के अवशेष हैं जो सोमवंश के नरेशों के अभिलेखों (एपिग्राफिया इंडिका, जिल्द 11, पृ० 184-197) से 8वीं शती के सिद्ध होते हैं। ये परौली और भीतरगाव के गुप्तकालीन मंदिरों की परंपरा में हैं। श्री कुमारस्वामी ने भूल से इन मंदिरों को छठी शती का मान लिया था (ए हिस्ट्री ऑव आर्ट इन इंडिया एंड इंडोनीसिया)। 1954 ई० के उत्खनन में भी यहां उत्तर-गुप्तकालीन मंदिर के अवशेष मिले हैं। यहां की उत्तर गुप्तकालीन कला की विशेषता जानने के लिए विशाल लक्ष्मण-मंदिर का वर्णन पर्याप्त होगा—इसका तोरण 6'×6' है जिस पर अनेक प्रकार की सुंदर नक्काशी की गई है। इसके ऊपर शेषशायी विष्णु की सुंदर प्रतिमा अवस्थित है। विष्णु की नाभि से उद्भूत कमल पर ब्रह्मा आसीन हैं और विष्णु के चरणों में लक्ष्मी स्थित हैं। पास ही वाद्य ग्रहण किए हुए गंधर्व प्रदर्शित हैं। तोरण लाल पत्थर का बना है। मंदिर के गर्भ-गृह में लक्ष्मण की मूर्ति है। यह 26"×16" है। इसकी कटि में मेखला, गले में यज्ञोपवीत, कानों में कुंडल और मस्तक पर जटाजूट शोभित हैं। यह मूर्ति एक पांच फनों वाले सर्प पर आसीन है जो शेषनाग का प्रतीक है। मंदिर मुख्यत. ईंटों से निर्मित है किंतु उस पर जो शिल्प प्रदर्शित है उससे यह तथ्य बहुत आश्चर्यजनक जान पड़ता है क्योंकि ऐसी सूक्ष्म नक्काशी तो पत्थर पर भी कठिनाई से की जा सकती है। शिखर तथा स्तंभों पर जो बारीक काम है वह भारतीय शिल्पकला का अद्भुत उदाहरण है। गुप्तकालीन भित्ति-गवाक्ष इस मंदिर की विशेषता हैं। मंदिर की ईंटें 18"×8" हैं। इन पर जो सुकुमार तथा सूक्ष्म नक्काशी है वह भारत भर में बेजोड़ है। ईंटों के मंदिर गुप्तकाल के वास्तु में बहुत सामान्य थे। लक्ष्मण-देवालय के निकट ही राम-मंदिर है किंतु यह अब खंडहर हो गया है। सिरपुर का एक अन्य मंदिर गंधेश्वर महादेव का है जो महानदी के तट पर स्थित है। इसके दो स्तंभों पर अभिलेख उत्कीर्ण हैं। कहा जाता है चिमनाजी भोंसले ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था एवं इसकी व्यवस्था के लिए जागीर नियत कर दी थी। यह मंदिर वास्तव में सिरपुर के अवशेषों की सामग्री से ही बना प्रतीत होता है। सिरपुर से बौद्धकालीन अनेक मूर्तियां भी मिली हैं जिनमें तारा की मूर्ति सर्वांगसुंदर है। श्रीपुर का तीवरदेव के राजिम-ताम्रपट्ट लेख में उल्लेख है (दे० राजिम)। 14वीं शती के प्रारंभ में, यह नगर वारंगल के काकतीय नरेशों के राज्य की सीमा पर स्थित था। 1310 ई० में अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति मलिक काफूर ने वारंगल की ओर कूच करते समय श्रीपुर पर भी धावा किया था जिसका वृत्तांत अमीर खुसरो ने लिखा है। श्रीपुर को उस समय सीरपुर कहा जाता था।

श्रीपेरंबुदूर (मद्रास)

मद्रास से 26 मील दूर श्रीरामानुजाचार्य के जन्मस्थान के रूप में प्रख्यात है। यहां इनका भाष्यकारस्वामी के नाम से प्रसिद्ध मंदिर स्थित है जिसके सामने सौ स्तंभों का मंडप है। यह रामानुज के जन्मस्थल का निर्देशक समझा जाता है। मंदिर की भित्तियों पर आचार्य तथा उनके 95 शिष्यों की मूर्तियां अंकित हैं।

श्रीप्रस्थ दे० बयाना

श्रीभोज=श्रीविजय (सुमात्रा)

7वीं शती ई० में इस देश की राजधानी भोज नामक नगर में थी। इस तथ्य का उल्लेख चीनी यात्री इत्सिंग ने किया है जो सुमात्रा होते हुए भारत (672 ई० में) पहुंचा था।

श्रीमाल दे० भिन्नमाल

श्रीरंगपट्टन (मैसूर)

मैसूर से 9 मील दूर कावेरी नदी के टापू पर स्थित है। पौराणिक किंवदंती है कि पूर्व काल में इस स्थान पर गौतम ऋषि का आश्रम था। श्रीरंगपट्टन का प्रसिद्ध मंदिर अभिलेखों के आधार पर 1200 ई० का सिद्ध होता है। 18वीं शती के उत्तरार्ध में मैसूर में हैदरअली और तत्पश्चात् उसके पुत्र टीपू सुल्तान का राज्य था। टीपू के समय मैसूर की राजधानी इसी स्थान पर थी। उस समय हैदर की मराठों तथा अंग्रेजों से अनबन रहती थी। 1759 ई० में मराठों ने श्रीरंगपट्टन पर आक्रमण किया किंतु हैदरअली ने नगर की सफलतापूर्वक रक्षा की। 1799 में टीपू की मैसूर की चौथी लड़ाई में पराजय हुई, फलस्वरूप मैसूर रियासत पर अंग्रेजों का अधिकार हो गया। टीपू श्रीरंगपट्टन के दुर्ग के बाहर लड़ता हुआ वीरगति को प्राप्त हुआ। श्रीरंगपट्टन की भूमि पर प्रत्येक स्थान पर आज भी इस भयानक तथा निर्णायक युद्ध के चिह्न दिखाई पड़ते हैं। अंग्रेजों की सेना के निवासस्थान की टूटी हुई दीवारें, सैनिक चिकित्सालय के खंडहर, भूमिगत तहखाने तथा अंग्रेज कैदियों का आवास-ये सब पुरानी कहानियों की स्मृति को नवीन बना देते हैं। टीपू की बनवाई हुई जामामसजिद यहां के विशाल भवनों में से है। दुर्ग के बाहर काष्ठनिर्मित 'दरिया दौलत' नामक भवन टीपू ने 1784 में बनवाया था। कावेरी के रमणीक तट पर एक सुंदर उद्यान के बीच में यह ग्रीष्म प्रासाद स्थित है। इसकी दीवारें, स्तंभ, महराब और छतें अनेक प्रकार की नक्काशी से अलंकृत हैं। बीच-बीच में सोने का सुंदर काम भी दिखाई पड़ता है जिससे इसकी शोभा दुगनी हो गई है। बहिर्भित्तियों पर

युद्धस्थली के दृश्य तथा युद्ध-यात्राओं के मनोरंजक चित्र अंकित हैं। द्वीप के पूर्वी किनारे पर टीपू का मकबरा अथवा गुंबज स्थित है। यह भी एक सुंदर उद्यान के भीतर बना है। इसे टीपू ने अपनी माता तथा पिता हैदरअली के लिए बनवाया था किंतु अंग्रेजों ने टीपू की कब्र भी इसी में बनवा दी।

श्रीरंगम् (मद्रास)

त्रिचनापल्ली (त्रिशिरापल्ली) से 8 मील दूर स्थित है। 17वीं शती ई० का एक विशाल, भव्य विष्णु-मंदिर यहां का उल्लेखनीय स्मारक है। मंदिर का शिखर स्वर्णिम है। मंदिर के चतुर्दिक परकोटा खिंचा हुआ है जिसमें लगभग 18 गोपुर बने हैं। दो गोपुर अतिविशाल हैं। परकोटे के भीतर अन्य मंदिर भी हैं। मंदिर के कुल सात घेरे हैं जिनमें से चार के अंदर नगर बसा हुआ है। सबसे बाहर का प्रांगण सबसे अधिक भव्य जान पड़ता है क्योंकि इसमें एक सहस्र स्तंभों की एक शाला है। मंदिर के शेष गिरिराज मंडपम में अद्भुत नक्काशी प्रदर्शित है। यह मंडप अश्वमूर्तियों वाले स्तंभों पर आधृत है। इस मंदिर के गोपुर अलग-अलग देखने पर काफी प्रभावशाली दिखाई देते हैं, किंतु संपूर्ण मंदिर की पृष्ठभूमि में इनका प्रभाव कुछ घट सा जाता है। कहा जाता है कि यह मंदिर भारत का सबसे बड़ा तथा विशाल-मंदिर है। वृंदावन (उ० प्र०) का श्रीरंगजी का मंदिर दक्षिण के इसी मंदिर की अनुकृति जान पड़ता है।

श्रीराज्य

(1) मैसूर का एक भाग जहां गंग वंशीय नरेशों का राज्य था। इसमें श्रवणबेलगोला तथा परिवर्ती प्रदेश भी सम्मिलित थे। सेरी-वणिज जातक का सेरीजनपद यही हो सकता है।

(2) सुमात्राद्वीप (इंडोनेसिया) में स्थित भारतीय उपनिवेश। इसे श्रीविजय या श्रीविषय भी कहते थे।

श्रीवन=दे० मंद्दिलपुर

श्रीवर्धन (जिला पूना, महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र के नायक बालाजी विश्वनाथ के सुपुत्र बाजीराव (दूसरे पेशवा) का जन्मस्थान। इस होनहार बालक का, जिसने महाराष्ट्र की शक्ति की दुंदुभि सारे भारत में बजाई, जन्म 1699 ई० में हुआ था। पिता की मृत्यु के पंद्रह दिन पश्चात् ही इन्हें पेशवा की गद्दी पर साहू ने आसीन कर दिया था। इन्होंने हिंदू जाति के संगठन को सुदृढ़ बनाने का बहुत प्रयास किया। इनके समय में महाराष्ट्र की राज्यसत्ता की धाक उत्तरी हिंदुस्तान में भी छाई हुई थी

यहा तक कि दिल्ली का मुगल सम्राट् भी इनका वशवर्ती बन गया था।

श्रीवर्धनपुर

सिहल मे स्थित बौद्ध तीर्थ काडी

श्रीविजय

सुमात्रा (इडोनेसिया) द्वीप मे बसा हुआ सर्वप्रथम भारतीय उपनिवेश जिसका वर्तमान नाम पेलबग है। इस राज्य की स्थापना चौथी शती ई० में या उससे भी पहले हुई थी (दे० सेरी)। सातवी शती मे श्रीविजय या श्रीभोज वैभव के शिखर पर था। 671 ई० मे चीनी यात्री इत्सिग श्रीभोज (= श्रीविजय) होते हुए भारत आया था। उसने यहा की राजधानी भोज लिखी है। इस समय इसके अधीन एक अन्य हिंदूराज्य मलयु तथा निकटवर्ती द्वीप बाका भी थे। 684 ई० मे श्रीविजय पर बौद्ध राजा श्रीजयनाग या जयनाग का राज्य था। 686 ई० मे इस राजा या उसके उत्तराधिकारी ने जावा के विरुद्ध सैनिक अभियान भेजा था और एक घोषणा प्रचारित की थी जिसकी दो प्रतिलिपियां प्रस्तर-लेखो के रूप मे आज भी सुरक्षित हैं। चीनी यात्री इत्सिंग के लेख के अनुसार श्रीविजय बौद्ध संस्कृति तथा शिक्षा का केंद्र था। श्रीविजय के राजा के पास व्यापारिक जलयानो का एक बेडा था जिससे भारत और श्रीविजय के बीच व्यापार होता था। 7वीं शती ई० मे मलय प्रायद्वीप मे भी श्रीविजय की राज्यसत्ता स्थापित हो गयी थी। श्रीविजय का नामांतर श्रीविषय है।

श्रीविनय (कबोडिया)

यह अनाम या प्राचीन चपापुरी के विजय नामक प्रात म स्थित बंदरगाह था। (दे० विजय)।

श्रीविल्लीपुत्तूर (मद्रास)

यह स्थान एक प्राचीन मदिर के लिए उल्लेखनीय है। इस मदिर मे देवी सरस्वती की मूर्ति को खडा हुआ प्रदर्शित किया गया है जो यहा की विशेषता है।

श्रीविषय = श्रीविजय

श्रीशवस्तु

बलाहास्वजातक मे इस नगर का उल्लेख इस प्रकार है—'अतीते तम्बपण्णि-दीपे सिरीसवत्थु नाम यक्खनगर अहोसि' अर्थात् ताम्रपर्णी द्वीप मे श्रीश या सिरीषवस्तु नाम का यक्षनगर था। ताम्रपर्णी द्वीप लका तथा भारत के सकीर्ण समुद्र मे स्थित जाफना द्वीप का प्राचीन नाम था। इस प्रकार इस नगरी की

स्थिति इस द्वीप पर ही रही होगी। यहा के आदिम निवासियों को ही यक्ष कहा गया प्रतीत होता है। कुछ विद्वानो का मत है कि सिहल-द्वीप या लका का ही नाम ताम्रपर्णी था।

श्रीशैल दे० नागार्जुनीकोंड

श्रीस्थल

वर्तमान सिद्धपुर (गुजरात) का प्राचीन नाम। इसे धर्मारण्य भी कहते हैं। (दे० धर्मारण्य, सिद्धपुर)

श्रीहट्ट

सिलहट (आसाम) का प्राचीन नाम। चैतन्यमहाप्रभु के पूर्वज यहीं के निवासी थे। उनके पितामह भरद्वाजवंशीय उपेंद्रमिश्र और पिता जगन्नाथ मिश्र थे। जगन्नाथ मिश्र श्रीहट्ट छोड़कर नवद्वीप मे जाकर बस गए थे। यहीं चैतन्य का जन्म हुआ था।

श्रुघ्न

यमुना के पश्चिमी तट के निकट स्थित नगर। गुप्तकाल में इस स्थान के बौद्ध भिक्षुओं की विद्वत्ता की ख्याति दूर दूर तक थी। यहां के अभिधर्म और दर्शन के पंडितों के पास पढ़ने के लिए देश के अनेक भागों से विद्यार्थी आते थे। चीनी यात्री युवानच्वांग के वर्णन से प्रतीत होता है कि श्रुघ्न की स्थिति हरियाणा के उत्तर पूर्वी भाग में थी। युवानच्वांग ने इस स्थान को मतिपुर (मडावर, जिला बिजनौर, उ० प्र०) तथा जलधर (पूर्वी पंजाब) के बीच में बताया है। चीनी यात्री यहां के बौद्ध विहार में कई मास तक निरंतर ठहरकर जयगुप्त नामक विद्वान् के पास अध्ययन करता रहा था।

शृंगारभुक्ति दे० मगधभुक्ति

श्रेष्ठपुर

कंबुज (कंबोडिया) की प्राचीन राजधानी। (दे० कंबुज)

श्वभ्र

श्वभ्रमती या साबरमती नदी (गुजरात) का तटवर्ती प्रदेश। रुद्रदामन् के गिरनार अभिलेख मे इस प्रदेश का रुद्रदामन् द्वारा जीते जाने का वर्णन है 'स्ववीर्याजितानमनुरक्तसर्वप्रकृतीनां आनर्तसुराष्ट्रश्वभ्रभरुक सिंधुसौवीर—'

श्वभ्रमती

साबरमती नदी (गुजरात) का प्राचीन नाम। यह नदी मीरपुर के निकट मंदिकुंड से निकलकर कैंबे की खाड़ी में गिरती है। श्वभ्र अथवा साबरमती के तटवर्ती प्रदेश का उल्लेख रुद्रदामन् के गिरनार अभिलेख में है।

श्वेत

(1)=श्वेतवर्ष

(2)=श्वेत गिरि। 'श्वेतगिरि प्रवेश्यामो मदर चैव पर्वतम्, यत्रमणिवरोः यक्ष कुबेरश्चैव यक्षराट्' महा०, वन० 139,5। इसे मदराचल के निकट बताया गया है। यक्षराज कुबेर का निवास कहे जाने से जान पड़ता है कि श्वेतगिरि कैलास पर्वत का ही एक नाम था। कैलास के हिमधवल शिखरों की श्वेतता का वर्णन सस्कृत साहित्य मे प्रसिद्ध ही है (दे० कैलास)। कैलास का उल्लेख महा० वन० 139,11 मे कुछ आगे इसी प्रसग के अतर्गत है।

जैन ग्रथ 'जबू द्वीप प्रज्ञप्ति' मे श्वेतगिरि की जबूद्वीप के 6 वर्षपर्वतों मे गणना की गई है। विष्णुपुराण 2,2,10 मे मेरु के उत्तर मे तीन पर्वत-श्रेणिया बताई गई हैं—नील, श्वेत तथा शृगी, 'नील श्वेतश्च शृगी च उत्तरे वर्षपर्वता' यह श्वेतवर्ष का मुख्य पर्वत है। महाभारत का श्वेतगिरि तथा विष्णुपुराण का श्वेत एक ही जान पडते हैं। श्वेतगिरि का अभिज्ञान कुछ विद्वान् हिमालय में स्थित धवलगिरि या धौलागिरि से भी करते हैं। श्वेतगिरि को महाभारत में श्वेतपर्वत भी कहा गया है। मत्स्य-पुराण मे दैत्य-दानवों को श्वेतपर्वत का निवासी बताया गया है।

(2) (मद्रास) त्रिचनापल्ली से प्राय 13 और श्रीरगम् से 10 मील पर स्थित तिरुवेल्लार का प्राचीन नाम। यह दक्षिण भारत में लक्ष्मी विष्णु का उपासना का केंद्र है।

श्वेतपर्वत

'श्वेतपर्वतमासाद्यव्यविशत् पुरुषर्षभ महाभारत सभा० 27,29, 'स श्वेत-पर्वत वीर समतिक्रम्य वीर्यवान्, देश किंपुरुषावास द्रुमपुत्रेण रक्षितम्' महा० सभा० 28,1। श्वेतपर्वत श्वेतगिरि ही का पर्याय जान पड़ता है। इसका अभिज्ञान धवलगिरि या धौलागिरि नामक हिमालय शृग से किया गया है। श्वेतपर्वत के उत्तर में हिरण्यकवर्ष की स्थिति बताई गई है। हिरण्मय (हिरण्मय) मगोलिया या दक्षिणी साइबेरिया का प्रदेश जान पडता है।

श्वेतपुर (बिहार)

यहा महाराज हर्ष के शासनकाल में वैशाली के प्रदेश के अतर्गत एक प्रख्यात बौद्धविहार स्थित था। चीनी यात्री युवानच्वांग ने यहां से महायान-सप्रदाय का एक ग्रथ प्राप्त किया था।

श्वेतवर्ष=श्वेत

विष्णुपुराण के अनुसार शाल्मलद्वीप का एक वर्ष या भाग जो इस द्वीप के

राजा द्युमान् के पुत्र श्वेत के नाम से प्रसिद्ध है। इसी वर्ष में संभवतः श्वेत-पर्वत या श्वेतगिरि की स्थिति थी। यदि श्वेतगिरि का अभिज्ञान धवलगिरि या धौलागिरि से निश्चित समझा जा सके तो श्वेतवर्ष की स्थिति धौलागिरि के पर्वतीय प्रदेश या तिब्बत में मानी जा सकती है। (दे० श्वेतगिरि, श्वेतपर्वत)

श्वेतारण्य दे० तिरुवेन्काड्

षोडशजनपद

बौद्ध साहित्य (अंगुत्तरनिकाय आदि) में बुद्ध के जीवन-काल में (छठी शती ई० पू०) प्रसिद्ध सोलह जनपदों के नाम मिलते हैं जो ये हैं—अंग मगध, काशी, कोसल, वज्जि, मल्ल, चेदि, वत्स, कुरु, पंचाल, मत्स्य, शूरसेन, अश्मक, अवंति, गंधार और कंबोज।

सकस्स दे० सांकाश्य

सकस्या (ज़िला एटा, उ० प्र०)

बौद्धकालीन प्रसिद्ध नगर जिसका अभिज्ञान सकिसा वसंतपुर नामक ग्राम से किया गया है। यह स्थान फ़र्रुख़ाबाद के निकट है। (दे० सांकाश्य)

सकाश्य=सांकाश्य

सकिस=सांकाश्य

सकिसा=सांकाश्य

सकेत (ज़िला, मथुरा उ० प्र०)

नंदगांव-बरसाना मार्ग पर प्राचीन स्थान है जहां किंवदंती के अनुसार राधा तथा कृष्ण की प्रथम भेंट हुई थी। यह स्थान उन दोनों के मिलने का संकेत-स्थल माना जाता है और आजकल तीर्थरूप में मान्य है।

सख्यावती

विविध तीर्थकल्प नामक जैन ग्रंथ में अहिच्छत्रा (अहिक्षेत्र), (पंचाल देश की महाभारतकालीन राजधानी) का नाम सख्यावती बताया गया है। इसमें वर्णित है कि एक समय जब तीर्थंकर पार्श्वनाथ सख्यावती में ठहरे हुए थे तो कमठदानव ने उनके ऊपर घोर वर्षा की। उस समय नागराज धरणींद्र ने उनके ऊपर अपने फनों को फैलाकर उनकी रक्षा की और इसीलिए इस नगरी का नाम अहिच्छत्रा हो गया। इस ग्रंथ के विवरण से सूचित होता है कि इस नगरी के पास प्राचीनकाल में बहुत से घने वन थे और उनमें नाग जाति का निवास था। यह अनुश्रुति युवानच्वांग के वृत्तांत से भी पुष्ट होती है। (दे० अहिक्षेत्र)

सगल दे० सांगल

सगारेड्डी (ज़िला मेदक, आं० प्र०)

हैदराबाद से 37 मील दूर है। इस नगर के चारों ओर कोस के प्राचीन

राजवंश के नरेश सदाशिवरेड्डी द्वारा बनाई हुई प्राचीर स्थित है। नगर का नाम सदाशिव ने अपने पुत्र सगारेड्डी के नाम पर रखा था। यहां श्री रामस्वामी का मंदिर उल्लेखनीय है। इस तालुके में प्रागैतिहासिक समाधिस्थल, मिट्टी की मूर्तियां, पत्थर तथा लोहे के औजार, रोम के सम्राटों तथा आंध्र-नरेशों के सिक्के, मिट्टी के बर्तन तथा मुद्राएं और हाथीदांत, अस्थि, शीशे तथा कीमती पत्थरों की बनी वस्तुएं प्राप्त हुई हैं। इनके अतिरिक्त एक स्तूप, चैत्य, विहार तथा भट्टियों और निर्माणियों के खंडहर भी काफी संख्या में प्राप्त हुए हैं।

सग्रामपुर

(1) (बिहार) चंपारन के निकट स्थित है। इस ग्राम को किंवदंती के अनुसार वाल्मीकि का आश्रम कहा जाता है।

(2) (जिला उन्नाव, उ० प्र०)

मौरावां से जबैला जाने वाले मार्ग पर एक मील दक्षिण की ओर मौरावां से छः मील दूर है। स्थानीय जनश्रुति है कि रामायण की कथा में वर्णित श्रवणकुमार, दशरथ द्वारा इसी स्थान पर मृत्यु को प्राप्त हुआ था। यहां एक तड़ाग के तट पर श्रवणकुमार की मूर्ति बनी हुई है। कहा जाता है यह वही तड़ाग है जहां श्रवण अपने अंधे माता-पिता के लिए जल लेने के लिए आया था। किंतु वाल्मीकि रामायण में इस घटना की स्थली सरयू के तट पर बताई गई है—'तस्मिन्नतिसुखेकाले धनुष्मानिषुमान्रथी व्यायामकृतसंकल्प सरयू-मन्वगा नदीम्' अयोध्या० 63,20।

(3) (जिला दमोह, म० प्र०)

सिंगौरगढ़ से प्रायः चार मील दूर वह स्थल है जहां गढ़मंडला की वीरांगना रानी दुर्गावती और मुगल सम्राट् अकबर की सेनाओं में घोर युद्ध हुआ था जिसके फलस्वरूप रानी वीरता पूर्वक लड़ती हुई मारी गई थी। अकबर की सेना आसफखां की अध्यक्षता में थी। रानी दुर्गावती का स्मारक उनकी मृत्यु के स्थान पर अभी तक वर्तमान है। यह ग्राम राजा संग्रामसिंह के नाम पर प्रसिद्ध है जो रानी दुर्गावती के श्वसुर थे। इनकी मृत्यु 1540 ई० में हुई थी।

सजन=संजयंती

सजयती

महाभारत, सभा० 31,70 में उल्लिखित दक्षिण भारत की नगरी जिस पर सहदेव ने अपनी दक्षिण दिशा की दिग्विजय यात्रा में विजय प्राप्त की थी

—'नगरी संजयंतीं च पाखंड करहाटकम् दूतैरेव वशे चक्रे कर चैनानदापयत् ।
संजयंती का अभिज्ञान वर्तमान संजन या संजान से किया गया है जो जिला थाना, महाराष्ट्र में स्थित है । कहा जाता है कि इसी स्थान पर खुरासान से भारत आनेवाले पारसियों का सर्वप्रथम उपनिवेश 735 ई० में बसाया गया था (इंडियन एंटिक्विटी, 1912, पृ० 174)

संजान=संजयंती

सधिमान् पर्वत

श्रीनगर (कश्मीर) के निकट शंकराचार्य की पहाड़ी ।

सध्या

(1) महाभारत सभा० 9,23 के अनुसार तीर्थरूप में मान्यता प्राप्त नदी —'लघती गोमती चैव सध्या त्रि स्रोतसी तथा एताश्चान्याश्च राजेन्द्र सुतीर्था लोकविश्रुता '। प्रसंग से यह गोमती (उ० प्र०) के निकट बहने वाली कोई नदी जान पड़ती है ।

(2) विष्णुपुराण में उल्लिखित क्रौंच द्वीप की एक नदी 'गौरी कुमुद्वती चैव सध्या रात्रिर्मनोजवा क्षान्तिश्च पुंडरीका च सप्तैता वर निम्नगा ' ।

सबलपुरि (लंका) दे० जबुकोल

संभल (जिला मुरादाबाद, उ० प्र०)

संभल प्राचीन तीर्थ है । पुराणों में सत्ययुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग में इसके नाम क्रमश. सत्यव्रत, महद्‌गिरि, पिंगल और संभल या शंबल वर्णित हैं । पुराणों के अनुसार कलियुग के अंत में भगवान् कल्कि का जन्म शंबल नामक ग्राम में होगा जिसका अभिज्ञान लोकविश्वास में इसी नगर से किया जाता है । यह टॉलमी द्वारा उल्लिखित सबलक है । (दे० शंबल)

सभोर दे० शंभुपुर

सम्पत्ति

'विष्णुपुराण 2,4,63 में उल्लिखित कुशद्वीप की एक नदी, 'धूपतापा शिवा चैव पवित्रा सम्मतिस्तथा, विद्युदम्भा मही चान्या सर्व पापहरास्त्विमा '

सम्मेतशिखर

जैन साहित्य में पारसनाथ पर्वत का एक नाम (दे० पारसनाथ 2)

सवित्=सोंद

सवेद्य

महाभारत वन० 85,1 में वर्णित तीर्थ—'अथ सध्या समासाद्य संवेद्य तीर्थ-मुत्तमम् उपस्पृश्य नरोविद्या लभते नात्र संशय ' अर्थात् सध्या के समय श्रेष्ठ

तीर्थ सवेद्य मे जाकर स्नान करने से मनुष्य को विद्या का लाभ होता है, इसमे सदेह नही है। इस तीर्थ का अभिज्ञान सदिया (बगाल) से किया गया है। सवेद्य के आगे वन० 85,2-3 मे लौहित्य और करतोया का उल्लेख है।

सई=स्यदिका

अयोध्या के निकट बहने वाली एक नदी जिसका वर्णन रामायण मे है। सई गोमती मे गिरती है। इसका उदगम कुमायू की पहाडियो मे है। (दे० स्यदिका)

सकरार (जिला झासी, उ० प्र०)

राजपूतो के शासनकाल के मदिरादि के अवशेषो के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

सक्खर दे० शर्करा

सगर (महाराष्ट्र)

मध्यरेल के बबई-रायचूर रेलमार्ग पर यादगिरि स्टेशन से 21 मील पर स्थित वर्तमान शाहपुर। इसी के निकट सगराद्रि नामक पर्वत है।

सगराद्रि (महाराष्ट्र)

बबई-रायचूर रेलमार्ग पर यादगिरि स्टेशन के निकट एक पहाडी जो पुराण प्रसिद्ध राजा सगर के नाम पर प्रसिद्ध है। सागर का बनवाया हुआ यहा एक दुर्ग स्थित था। बीजापुर के सुल्तानो ने भी यहाँ किला बनवाया था। सगराद्रि की तलहटी मे सगर नामक प्राचीन नगर स्थित है जिसे अब शाहपुर कहते है।

सचौर=सत्यपुर

सज्जनगढ़ (जिला सतारा, महाराष्ट्र)

इस स्थान पर महाराष्ट्र के प्रसिद्ध सत तथा शिवाजी के गुरु समर्थ रामदास प्राय रहा करते थे। उन्होने यहा एक मठ भी स्थापित किया था। शिवाजी प्राय समर्थ से मिलने सज्जनगढ आया करते थे। उन्हें अपने जीवन मे कई महत्त्वपूर्ण निर्णयो के लिए इसी स्थान पर रामदास से भेंट करने के उपरान्त प्रेरणा मिली थी। सज्जनगढ़ का दुर्ग परलीग्राम के पास पहाडी के ऊपर है। समर्थ के मठ के भीतर श्रीराम का मदिर स्थित है। दुर्ग के दक्षिण कोण मे अगलाई देवी का मदिर है। कहा जाता है देवी की प्रतिमा समर्थ को अगापुर की नदी से प्राप्त हुई थी।

सज्जनालय

स्याम मे स्थित सुखोदय राज्य की एक राजधानी। (दे० सुखोदय)

सतधारा (जिला भोपाल, म० प्र०)

साची के निकट इस स्थान से एक प्राचीन बौद्ध स्तूप के भीतर से सम्राट् अशोक के समकालीन सारिपुत्र उपतिष्य और महामोग्गलायन नामक प्रसिद्ध धर्मप्रचारको के अस्थि अवशेष प्राप्त हुए थे। इन्हीं के अवशेष साची स्तूप से भी मिले थे।

सतपुडा

विंध्याचल के दक्षिण मे स्थित महान् पर्वत-श्रेणी। सतपुडा शब्द सप्तपुत्र का अपभ्रंश कहा जाता है। कुछ विद्वानों का मत है कि सतपुडा पर्वत की सात श्रेणिया हैं जिनके कारण ही इसे सप्तपुत्र का अभिधान दिया गया था। महाभारत मे इस पर्वत को नर्मदा और ताप्ती के बीच मे वर्णित किया गया है।

सतलज दे० शतद्रु

सतियपुत्रदेश

अशोक के शिलालेख 13 मे उल्लिखित सतियपुत्रों का देश, जो अशोक के साम्राज्य के बाहर किंतु उसके प्रत्यत या पडोस मे स्थित था। यह वर्तमान केरल के उत्तर मे था। इसका एक नाम कूपक भी था।

सत्तियारा = सप्तिधारा

सत्यपथ (जिला गढवाल, उ० प्र०)

इस तीर्थ के विषय मे स्कदपुराण, केदारखड में निम्न उक्ति है—'पर सत्यपथ तीर्थं त्रिपुलोकेषु दुर्लभम्, तत्र स्नात्वा महाभागे विष्णुसायुज्य माप्नुयात्'। सत्यपथ बदरीनारायण से 17½ मील उत्तर में स्थित है। इसकी ऊचाई समुद्रतल से 14440 फुट है। यहा एक त्रिकोण झील है जिसे सत्य-सरोवर कहते हैं।

सचौर = सत्यपुर

सत्यपुर (जिला पालनपुर, राजस्थान)

जैन तीर्थंकर महावीर का एक प्राचीन मदिर यहा स्थित है। प्राचीनकाल मे यह जैनो का महत्त्वपूर्ण स्थान था। यह नगर प्राचीन गुजरात मे स्थित था। इसका जैन ग्रथ 'विविधतीर्थ कल्प' मे जैनतीर्थ के रूप मे वर्णन है। इसके अनुसार यहा 24 वें तीर्थंकर महावीर का एक मदिर था जिसे किसी मुसलमान सुल्तान ने गुजरात पर आक्रमण के समय तोडना चाहा था। माल्वा के राजा ने भी सत्यपुर पर आक्रमण किया था किंतु उसकी सेना को ब्रह्मशाति नमक यक्ष ने परास्त कर दिया था और इस प्रकार सत्यपुर की रक्षा हुई थी। जैन स्तोत्र तीर्थमालाचैत्यवदन मे भी इस नगर का उल्लेख है। सत्यपुर वर्तमान

सचोर है जो जिला पालनपुर मे दीस रेलस्टेशन से 80 वें मील पर स्थित है। (प्राकृत ग्रंथों मे इसे सच्चोर कहा गया है, 'वदे सत्यपुरे च बाहडपुरे राडद्रहे वायडे')। महावीरस्वामी के शिष्य द्वारा रचित जगचिंतामणि चैत्यवदन मे भी इसका नामोल्लेख हैं।

सत्यव्रत

(1) दे० समल

(2) कांची का पौराणिक नाम सत्यव्रतक्षेत्र कहा जाता हैं।

सदानीरा

प्राचीन कोसल और विदेह राज्य की सीमा पर बहने वाली नदी। शतपथ-ब्राह्मण से ज्ञात होता है कि वैदिक काल मे बहुत समय तक आर्य जगत की प्राच्यसीमा का निर्देश यह नदी करती रही (शतपथ 9,4)। इसके पूर्व में दलदल का प्रदेश था जहा वैदिककालीन आर्यों की पहुच बहुत काल तक नहीं हुई। तत्पश्चात् माठव विदेह नामक प्रसिद्ध ऐश्वर्यशाली राज्य स्थापित हुआ जिसके राजा रामायणकाल मे विदेह जनक हुए। इस नदी का अभिज्ञान सामान्यत गडकी से किया जाता है जो नेपाल में पहाड़ो से निकलती है और पटना के समीप गगा मे गिरती है किंतु महाभारत सभा० 20,27 मे गडकी और सदानीरा को भिन्न माना गया है—'गडकीच महाशोणा सदानीरा तथैव च एकपर्वतके नद्य क्रमेणैत्यावजन्त ते'। इस उल्लेख में यह नदी राप्ती हो सकती है। पार्जिटर के अनुसार सदानीरा राप्ती का ही प्राचीन नाम है, न कि गडकी का (दे० गडकी)। महा० सभा० 9,4 मे भी सदानीरा का उल्लेख है, 'सदा नीरामधृष्यां च कुशधारा महानदीम्'। अमरकोश 1,10,33 मे करतोया को सदानीरा का पर्याय कहा है।

सनिया दे० सवेद्य

सनकानिक

गुप्तकालीन गणराज्य जिसकी स्थिति समवत. मध्यभारत में थी। सनकानिको का उल्लेख समुद्रगुप्त की प्रयागप्रशस्ति मे है 'मालवार्जुनायनयौधेय-मद्रकआभीरप्रार्जुन सनकानिककाक (खाक) खरपरिक '

सनातन

'मतगवाप्या य स्नायादेकरात्रेणसिद्ध्यति विगाहतिह्यनालम्बमधक वै सनातनम्' महा० अनुशासन० 25,32। इस तीर्थ का उल्लेख नैमिषारण्य के ठीक पूर्व है जिससे इसकी स्थिति नैमिषारण्य (उ० प्र०) के निकट मानी जा सकती है।

सन्निहती

'मासि मासि नरव्याघ्र सन्निहत्या न संशयः तीर्थसन्निहनादेव सन्निहत्येति विश्रुता' महा० वन० 83,195 अर्थात् प्रत्येक मास की अमावस्या को (पृथ्वी के सभी तीर्थ) सन्निहती में आते हैं और तीर्थों के समूह के कारण ही इस स्थान को सन्निहती कहा जाता है। यह कुरुक्षेत्र का तीर्थ है जिसका अभिज्ञान सन्निहती-ताल से किया जाता है जो कुरुक्षेत्र (पंजाब) में स्थित है।

सपादलक्ष

शिवालिक पर्वतश्रेणी (देहरादून-हरद्वार, उ० प्र० की गिरिमाला) के निकट स्थित एक प्रदेश का प्राचीन नाम। सपालदक्ष का अर्थ सवालाख है, सिवालिक या शिवालिक शब्द को इसी का अपभ्रंश माना जा सकता है। डा० भंडारकर के अनुसार दक्षिण के चालुक्य राजपूत मूलतः सपादलक्ष-प्रदेश की राजधानी अहिच्छत्र के निवासी थे। (इंडियन एंटिक्विरी, 11)

सप्तगंगा

शिवपुराण 2,13। गंगा, गोदावरी, कावेरी, ताम्रपर्णी, सिंधु, सरयू और नर्मदा।

सप्तग्राम = सात गांव

सप्तद्वीप

जंबु, प्लक्ष, शाल्मली, कुश, क्रौंच, शाक एवं पुष्कर—ये पौराणिक सप्त-द्वीप हैं।

सप्तपर्णिगुहा

महावंश 3,19 राजगृह के निकट वैभारपर्वत की एक गुहा। यहीं बुद्ध के निर्वाण के पश्चात् प्रथम धर्म-संगीति का अधिवेशन हुआ था जिसमें 500 भिक्षुओं ने भाग लिया था।

सप्तपर्वत दे० कुलपर्वत

सप्तपुरी

पुराणों में वर्णित सात मोक्षदायिका पुरियों में काशी, कांची, माया, अयोध्या, द्वारका, मथुरा और अवंतिका की गणना की गई है—'काशी कांची चमायाख्यात्वयोध्याद्वारवत्यपि, मथुराऽवन्तिका चैता. सप्तपुर्योऽत्र मोक्षदा.'; 'अयोध्या-मथुरामायाकाशीकाचीत्वन्तिका, पुरी द्वारावतीचैव सप्तैते मोक्षदायिका.'।

सप्तवती

श्रीमद्भागवत 5,19,18 में उल्लिखित एक नदी, 'सरयूरोधस्वती सप्तवती सुषोमाशतद्रू'—इसका अभिज्ञान अनिश्चित है। यह सिंधु नदी का नाम हो

सकता है क्योंकि यह नदी सप्तनदियों की संयुक्त धारा बन कर समुद्र में गिरती है। (दे० सप्तसिंधु)

सप्तशरा (बंगाल)

बालासोर से छः मील दूर यह नदी बहती है। यहां इसके तट पर रेमुणा नामक ग्राम है जहां श्री चैतन्यमहाप्रभु पुरी जाते समय आए थे।

सप्तसागर

लवण, क्षीर, सुरा, घृत, इक्षु, दधि एवं स्वादु—ये पौराणिक सप्तसागर हैं।

सप्तसारस्वत

'सप्तसारस्वत तीर्थं ततोगच्छेन्नराधिप, यत्र मंकणकः सिद्धो महर्षिर्लोकविश्रुत' महा० वन० 83,115,116, 'सप्त सारस्वते स्नात्वा अर्चयिष्यन्ति ये तु माम्, न तेषां दुर्लभं किंचिदिहलोके परत्र च' महा० वन० 83 133। यह स्थान सरस्वती नदी के तट पर स्थित था।

सप्तसिंधु दे० सिंधु

सप्तिपारा (ज़िला मयूरभंज, उड़ीसा)

स्थानीय किंवदंती के अनुसार यह महाभारतकाल का मत्स्यदेश है किंतु यह तथ्य नहीं जान पड़ता क्योंकि मत्स्यदेश का अभिज्ञान जयपुर व अलवर (राजस्थान) के कुछ भागों के साथ निश्चित रूप से हो चुका है। इस किंवदंती का आधार निम्न विवेचन से स्पष्ट हो जाता है—दक्षिण ताम्रपत्रों (एपिग्राफिका इंडिका 5,108) से सूचित होता है कि मत्स्य-निवासियों की एक शाखा मध्यकाल में विजिगापटम् प्रदेश (आंध्र) में आकर बस गई थी। उत्कल नरेश जयत्सेन ने अपनी पुत्री प्रभावती का विवाह इसी परिवार के कुमार सत्यमार्तंड से किया और उसे ओड्डवाड़ी (उड़ीसा का एक भाग) का शासक नियुक्त किया। 23 पीढ़ियों के पश्चात् 1269 ई० में इसी के वंशज अर्जुन का यहां राज्य था। इससे अनुमान किया जाता है कि किस प्रकार मत्स्य-देश की प्राचीन अनुश्रुतियां व परंपराएं सैकड़ों मील के व्यवधान को पारकर उड़ीसा जा पहुंची। इसीलिए पांडवों के अज्ञातवास से संबद्ध कथाएं भी सप्तिपारा में आज तक परंपरा से प्रचलित चली आ रही हैं।

सफोदों दे० सर्वदेवी

सबरीमलाई (केरल)

प्राचीन स्थानीय अनुश्रुति के अनुसार इसी स्थान पर वनवास-काल में भगवान् राम ने शबरी से भेंट की थी। शबरी के आश्रम की स्थिति के कारण

ही इस स्थान को सबरीमलाई कहा जाता है। यह किंवदंती अधिक विश्वसनीय नहीं जान पड़ती क्योंकि वाल्मीकि रामायण में शबरी के आश्रम को पंपासर के पास बताया गया है जो किष्किंधा के निकट था। पंपा के पास पर्वत में एक गुहा को शबरीगुफा कहा भी जाता है जो सुरावन नामक स्थान के निकट है। किष्किंधा होस्पेट तालुका, मैसूर में स्थित है। सबरीमलाई में मकर-संक्रांति के दिन केरल के लोकप्रिय देवता अयप्पन की पूजा होती है।

सबलगढ़ (तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, उ० प्र०)

शाहजहां के समकालीन नवाब सबलखां ने इस कस्बे को बसाया था। पुरानी गढ़ी के खंडहर आज भी यहां पाए जाते हैं।

समता दे० मथुविला

समंतपंचक

'प्रजापतेरुत्तरवेदिरुच्यते सनातन राम समन्तपंचकम्, समीजिरे यत्र पुरा दिवौकसो वरेण सत्रेण महावरप्रदाः, पुरा च राजर्षिवरेण धीमता, बहूनि वर्षाण्यमितेन तेजसा, प्रकृष्टमेतत् कुरुणा महात्मना ततः कुरुक्षेत्रमितीह पप्रथे' महा० शल्य० 53 1-2। उपर्युक्त अवतरण से विदित होता है कि महाभारत काल में समंतपंचक कुरुक्षेत्र का ही दूसरा नाम था। यह सरस्वती नदी के तट पर स्थित था तथा इसकी यात्रा बलराम ने सरस्वती के अन्य तीर्थों के साथ की थी। श्रीमद्भागवत 10,82,2 में इसका उल्लेख है—'तस्यात्मा मनुजा राजन् पुरस्तादेव सर्वतः, समन्तपंचक क्षेत्रं ययुः श्रेयोविधित्सया'। यहां श्रीकृष्ण सूर्यग्रहण के अवसर पर आए थे।

समतट

प्राचीन तथा मध्यकाल में पूर्वी बंगाल के समुद्रतटवर्ती प्रदेश का नाम। समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में इस प्रदेश का उल्लेख गुप्त-साम्राज्य के प्रत्यंत देशों में है—'समतट डवाक कामरूपनेपालकर्तृपुरादिप्रत्यन्तनृपतिभिः'। डवाक के साथ समतट भी समुद्रगुप्त के साम्राज्य की पूर्वी सीमा पर स्थित था। चीनी यात्री युवानच्वांग ने अपनी भारत-यात्रा के समय (615 645 ई०) इस स्थान में 30 बौद्ध-विहार और 100 से ऊपर देवमंदिर देखे थे। समतट-प्रदेश की राजधानी मध्यकाल में कर्मांत (वर्तमान कंत) नामक स्थान पर थी जो कोमिल्ला (पूर्व पाकिस्तान) से 12 मील पश्चिम की ओर स्थित है। 10वीं शती में यहां चंद्रवंश के चंद्रवंशी राजाओं का शासन था।

समथर

बुंदेलखंड की भूतपूर्व छोटी रियासत। 1733 ई० में दतिया के राजा

इंद्रजीत के समय में दतिया की गद्दी के लिए झगड़ा हुआ था। उस समय इंद्रजीत को नन्हें शाहगुजर ने बहुत सहायता की थी जिसके उपलक्ष में इसके पुत्र मर्दनसिंह को समथर के किले की किलेदारी और राजधर की पदवी मिली थी। पीछे से इसके पुत्र देवीसिंह को पांच गांवों की जागीर भी दे दी गई थी। इस समय बुंदेलखंड पर मराठों की चढ़ाइयां प्रारंभ हो गई थीं और शीघ्र ही समथर के जागीरदार स्वतंत्र बन बैठे।

समनगढ़ (जिला आदिलाबाद, आंध्र)

यहां मुसलिम सैनिक वास्तुशैली में बना हुआ 17वीं शती का किला स्थित है।

समरकंद (दक्षिण रूस)

प्राचीन साहित्य में उल्लिखित मारकंद है।

समस्थान दे० पारद्रूर

समापा

अशोक के घौली-जोगडा शिलालेख में तोसली के साथ ही समापा का उल्लेख है। जान पड़ता है कि तोसली तो कलिंग की राजधानी थी और समापा कलिंग का एक मुख्य स्थान था। यहां स्थित महामात्रों को कड़ी चेतावनी देकर अशोक ने उन लोगों को मुक्त करने का आदेश दिया था जिन्हें इन प्रशासकों ने अकारण ही कारागार में डाल रखा था (दे० तोसली)। समापा की स्थिति संभवतः जिला पुरी, उड़ीसा में थी।

समुद्रतटपुरी

'कोशलान्ध्र पुंड्रताम्रलिप्तिसमुद्रतटपुरी च देवरक्षितो रक्षिता' विष्णु० 4,24,64। इस उद्धरण में उल्लिखित समुद्रतटपुरी शायद वर्तमान जगन्नाथपुरी ही है। यहां के देवरक्षित नामक राजा का इस स्थान पर उल्लेख है।

समुद्रनिष्कुट

'इन्द्रकृष्टैर्वर्तयन्ति धान्यैर्ये च नदीमुखैः समुद्रनिष्कुटेजाताः पारेसिंधु च मानवाः, ते वैरामाः पारदाश्च आभीराः कितवैः सह, विविधं बलिमादाय रत्नानि विविधानि च' महा० सभा० 51,11 अर्थात् युधिष्ठिर की राजसभा में समुद्रनिष्कुट तथा सिंधु के पार रहने वाले तथा मेघों के और नदी के जल से उत्पन्न धान्यों द्वारा जीविका प्राप्त करने वाले वैराम, पारद, आभीर तथा कितव कर के रूप में अनेक प्रकार की भेंट लेकर उपस्थित हुए। समुद्रनिष्कुट संभवतः कच्छ-काठियावाड़ (सौराष्ट्र) के छोटे-से प्रायद्वीप का नाम है। निष्कुट गृहोद्यान का पर्याय है और सौराष्ट्र प्रायद्वीप की समुद्र के भीतर

स्थिति का परिचायक है।

समोद्भवा

=नर्मदा। (दे० हिस्टारिकल ज्याग्रेफी ऑव एशेंट इंडिया, पृ० 36)। यह सोमोद्भवा का रूपांतर है।

सम्मेतशिखर

सम्मेतशैल या सम्मेतशिखर का नामोल्लेख तीर्थमाला चैत्यवंदन में इस प्रकार है 'वंदेऽष्टापदगुडरेगजपदेसम्मेतशैलाभिधे।' [दे० पारसनाथ (2)]

सरथौली (जिला शाहजहाँपुर, उ० प्र०)

इस स्थान से ताम्रयुगीन अवशेष प्राप्त हुए हैं।

सरभपुर (जिला रायपुर, म० प्र०)

अरंग के निकट एक स्थान जो अरंग दानपट्ट तथा रायपुर दानपट्ट अभिलेखों के आधार पर पूर्व राष्ट्र का मुख्य नगर जान पड़ता है। ये दोनों अभिलेख गुप्तकालीन हैं। (दे० अरंग, रायपुर)

सरभू

बौद्ध साहित्य (मिलिंदपन्हो, चूलवग्ग, विनयपिटक) में सरयू का रूपांतरित नाम।

सरयू

अयोध्या (उ० प्र०) के निकट बहने वाली प्रसिद्ध नदी। रामायणकाल में कोसल जनपद की यह प्रमुख नदी थी, 'कोसलो नाम मुदित स्फीतो जनपदो महान्, निविष्ट सरयूतीरे प्रभूतधनधान्यवान्। अयोध्या नाम नगरी तत्र सीत्लोकविश्रुता मनुना मानवेन्द्रेण या पुरी निर्मिता स्वयम्' वाल्मीकि० 5,19। अयोध्या से कुछ दूर पर सरयू के तट पर घना वन स्थित था जहाँ अयोध्या-नरेश आखेट के लिए जाया करते थे। दशरथ ने इसी वन में आखेट के समय भूल से, श्रवण को, जो सरयू से अपने अंधे माता पिता के लिए जल लेने के लिए आया था वध कर दिया था, 'तस्मिन्नति सुखकाले धनुष्मानिषुमान्रथी व्यायामकृतसंकल्प सरयूमन्वगां नदीम्, निपाने महिषं रात्रौ गजं वाभ्यागतमृगम्, अन्यद् वा श्वापदं किंचिज्जिघांसुरजितेन्द्रिय', 'अपश्यमिषुणा तीरे सरय्वास्तापसं हतम्, अवकीर्णजटाभारं प्रविद्धकलशोदकम्' अयोध्या० 63,20-21 36। सरयू नदी का ऋग्वेद में उल्लेख है और यह कहा गया है कि यदु और तुर्वसु ने इसे पार किया था (ऋग्० 4,30,18, 10 64,9, 5 53,9)। पाणिनि ने अष्टाध्यायी (6 4,174) में सरयू का नामोल्लेख किया है। पद्मपुराण उत्तर खंड 35-38 में इसका माहात्म्य वर्णित है। सरयू अयोध्यावासियों की बड़ी

प्रिय नदी थी। कालिदास के रघुवंश में राम सरयू को जननी के समान ही पूज्य कहते हैं—'सेयं मदीया जननीव तेन मान्येन राज्ञा सरयूवियुक्ता, दूरे वसन्तं शिशिरानिलैर्मां तरंगहस्तैरुपगूहतीव' रघु० 13,63। सरयू के तट पर अनेक यज्ञों के यूपों का वर्णन कालिदास ने रघु० 13,61 में किया है, 'जलानि या तीरनिखातयूपा वहत्ययोध्यामनुराजधानीम्'। महा० अनु० 155 में सरयू को मानसरोवर से निस्सृत माना गया है। अध्यात्मरामायण में भी इसी तथ्य का निर्देश है, 'एषा भागीरथी गंगा दृश्यते लोकपावनी, एषा सा दृश्यते साते सरयूर्यूपमालिनी' युद्धकांड 14,13। सरयू मानसरोवर से निकलती है जिसका नाम ब्रह्मसर भी है। कालिदास के निम्न वर्णन (रघु० 13,60) से यह तथ्य सूचित होता है—'पयोधरैः पुण्यजनांगनानां निर्विष्टहेमाम्बुजरेणु यस्याः ब्राह्मंसरः कारणमाप्तवाचो बुद्धेरिवाव्यक्तमुदाहरन्ति'। इस उद्धरण से यह भी जान पड़ता है कि कालिदास के समय में परंपरागत रूप में इस तथ्य की जानकारी यद्यपि थी, तो भी सरयू के उद्गम को शायद ही किसी ने देखा था। इस भौगोलिक तथ्य का ज्ञान तुलसीदास को भी था क्योंकि उन्होंने सरयू को मानस-नंदिनी कहा है (रामचरितमानस, बालकांड)। सरयू मानसरोवर से पहले कोडियाली नाम धारण करके बहती है; फिर इसका नाम सरयू और अंत में घाघरा या घर्घरा हो जाता है। सरयू छपरा (बिहार) के निकट गंगा में मिल जाती है। गंगा-सरयू संगम पर चेरान नामक प्राचीन स्थान है(इसके कुछ आगे पटना के ऊपर शोण, गंगा से मिलती है)। कालिदास ने सरयू-जाह्नवी संगम को तीर्थ बताया है। यहां दशरथ के पिता अज ने वृद्धावस्था में प्राण त्याग किए थे, 'तीर्थे तोयव्यतिकरभवे जह्नुकन्यासरय्वो र्देहत्यागादमरगणनालेख्यमासाद्य सद्यः' रघु०8 95। यह तीर्थ चेरान के निकट रहा होगा। महाभारत भीष्म 9,19 में सरयू का नामोल्लेख इस प्रकार है—'रहस्यां शतकुंभां च सरयू च तथैव च, चर्मण्वतीं वेत्रवतीं हस्तिसोमां दिशं तथा'। श्रीमद्भागवत 5,19,18 में नदियों की सूची में भी सरयू परिगणित है—'यमुना सरस्वती दृषद्वती गोमती सरयू'। मिलिंदपन्ह नामक बौद्धग्रंथ में सरयू को सरभू कहा गया है जो पाठांतर मात्र है।

सरवती=शरवती दे० शरावती

सरवन

बुद्ध के समकालीन गोशाल मक्खलिपुत्त का श्रावस्ती के निकट जन्म स्थान।

सरवार (उ० प्र०)

गोरखपुर और बस्ती जिलों के प्रदेश का प्राचीन नाम जो सरयूपार का

अपभ्रंश है। सरवरिया ब्राह्मण यहीं के रहने वाले माने जाते हैं। यह प्रदेश सरयू के उत्तर की ओर स्थित है।

सरस्वती

(1) प्राचीन भारत की प्रसिद्ध नदी। वैदिक काल में सरस्वती की बड़ी महिमा थी और इसे परम पवित्र नदी माना जाता था। ऋग्वेद के नदी सूक्त में सरस्वती का उल्लेख है, 'इमं मे गंगे यमुने सरस्वती शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया' 10,75 5। सरस्वती ऋग्वेद में केवल 'नदी देवता' के रूप में वर्णित है (इसकी वंदना तीन सम्पूर्ण तथा अनेक प्रकीर्ण मंत्रों में की गई है), किंतु ब्राह्मण ग्रंथों में इसे वाणी की देवी या वाच के रूप में देखा गया और उत्तर वैदिक काल में सरस्वती को मुख्यत, वाणी के अतिरिक्त बुद्धि या विद्या की अधिष्ठात्री देवी भी माना गया है और ब्रह्मा की पत्नी के रूप में इसकी वंदना के गीत गाये गए हैं। ऋग्वेद में सरस्वती को एक विशाल नदी के रूप में वर्णित किया गया है और इसीलिए रॉथ आदि मनीषियों का विचार था कि ऋग्वेद में सरस्वती वस्तुत मूलरूप में सिंधु का ही अभिधान है। किंतु मैकडॉनेल्ड के अनुसार सरस्वती ऋग्वेद में कई स्थानों पर सतलज और यमुना के बीच की छोटी नदी ही के रूप में वर्णित है। सरस्वती और दृषद्वती परवर्ती काल में ब्रह्मावर्त की पूर्वी सीमा की नदियाँ कही गई हैं। यह छोटी सी नदी अब राजस्थान के मरुस्थल में पहुंचकर शुष्क हो जाती है, किंतु पंजाब की नदियों के प्राचीन मार्ग के अध्ययन से कुछ भूगोलविदों का विचार है कि सरस्वती पूर्वकाल में सतलज की सहायक नदी अवश्य रही होगी और इस प्रकार वैदिक काल में यह समुद्रगामिनी नदी थी। यह भी संभव है कि कालांतर में यह नदी दक्षिण की ओर प्रवाहित होने लगी और राजस्थान होती हुई कच्छ की खाड़ी में गिरने लगी। राजस्थान तथा गुजरात की यह नदी आज भी कई स्थानों पर दिखाई पड़ती है। सिद्धपुर इसके तट पर है। संभव है कि कुरुक्षेत्र का सन्निहत ताल और राजस्थान का प्रसिद्ध ताल पुष्कर इसी नदी के छोड़े हुए सरोवर हैं। यह नदी कई स्थानों पर लुप्त हो गई है। हॉपकिंस का मत है कि ऋग्वेद का अधिकांश भाग सरस्वती के तटवर्ती प्रदेश में (अंबाला के दक्षिण का भूभाग) रचित हुआ था। शायद यही कारण है कि सरस्वती नदी वैदिक काल में इतनी पवित्र समझी जाती थी और परवर्ती काल में तो इसको विद्या, बुद्धि तथा वाणी की देवी के रूप में माना गया। मैकडॉनेल्ड का मत है कि यजुर्वेद तथा उसके ब्राह्मणग्रंथ सरस्वती और यमुना के बीच के प्रदेश में जिसे कुरुक्षेत्र भी कहते थे रचे गये थे। सामवेद के

पचविंश ब्राह्मण (प्रौढ या तांड्य ब्राह्मण) मे सरस्वती और दृषद्वती नदियो के तट पर किए गए यज्ञो का सविस्तार वर्णन है जिससे ब्राह्मणकाल में सरस्वती के प्रदेश की पुण्यभूमि के रूप मे मान्यता सिद्ध होती है। शतपथ ब्राह्मण मे विदेघ (=विदेह) के राजा माठव का मूल स्थान सरस्वती नदी के तट पर बताया गया है और कालातर मे वैदिक सभ्यता का पूर्व की ओर प्रसार होने के साथ ही माठव के विदेह (बिहार) मे जाकर बसने का वर्णन है। इस कथा से भी सरस्वती का तटवर्ती प्रदेश वैदिक काल की सभ्यता का मूल केंद्र प्रमाणित होता है। वाल्मीकि रामायण मे भरत के केकय देश से अयोध्या आने के प्रसग मे सरस्वती और गगा को पार करने का वर्णन है—'सरस्वतीं च गगा च युग्मेन प्रतिपद्य च, उत्तरान् वीरमत्स्याना भारुण्ड प्राविशद्वनम्' अयो० 71,5 । सरस्वती नदी के तटवर्ती सभी तीर्थों का वर्णन महाभारत मे शल्यपर्व के 35 वें से 54 वें अध्याय तक सविस्तार दिया गया है। इन स्थानो की यात्रा बलराम ने की थी। जिस स्थान पर मरुभूमि मे सरस्वती लुप्त हो गई थी उसे विनशन कहते थे—'ततो विनशन राजन् जगामाथ हलायुधः शूद्राभीरान् प्रतिद्वेषाद् यत्र नष्टा सरस्वती' महा० शल्य० 37,1 इस उल्लेख मे सरस्वती के लुप्त होने के स्थान के पास आभीरो का उल्लेख है। यूनानी लेखको ने अलक्षेंद्र के समय इनका राज्य सबखर रोरी (सिंध, पाकि०) मे लिखा है। इस स्थान पर प्राचीन ऐतिहासिक स्मृति के आधार पर सरस्वती को अतर्हित भाव से बहती माना जाता था, 'ततो विनशन गच्छेन्नियतो नियताशनः गच्छत्यन्तर्हिता यत्र मेरुपृष्ठे सरस्वती (दे० विनशन)। महाभारतकाल मे तत्कालीन विचारो के आधार पर यह किंवदती प्रसिद्ध थी कि प्राचीन पवित्र नदी (सरस्वती) विनशन पहुचकर निषाद नामक विजातियो के स्पर्श-दोष से बचने के लिए पृथ्वी मे प्रवेश कर गई थी—'एतद् विनशन नाम सरस्वत्या विशाम्पते द्वार निषादराष्ट्रस्य येषा दोषात् सरस्वती। प्रविष्टा पृथिवीं वीर मा निषादा हि मां विदु' । सिद्धपुर (गुजरात) सरस्वती नदी के तट पर बसा हुआ है। पास ही बिंदुसर नामक सरोवर है जो महाभारत का विनशन हो सकता है। यह सरस्वती मुख्य सरस्वती ही की धारा जान पडती है। यह कच्छ मे गिरती है किंतु मार्ग मे कई स्थानो पर लुप्त हो जाती है। 'सरस्वती' का अर्थ है सरोवरों वाली नदी जो इसके छोडे हुए सरोवरो से सिद्ध होता है। महाभारत मे अनेक स्थानो पर सरस्वती का उल्लेख है। श्रीमद्भागवत मे (5,19,18) यमुना तथा दृषद्वती के साथ सरस्वती का उल्लेख है—'मदाकिनीयमुनासरस्वतीदृषद्वती गोमतीसरयू' । मेघदूत (पूर्वमेघ 51) मे कालिदास ने सरस्वती का ब्रह्मावर्त के अंतर्गत वर्णन किया है 'कृत्वा तासामभिगममपां सौम्य सारस्वतीनामन्तःशुद्धस्त्वमपि भविता वर्णमात्रेण

कृष्ण'। सरस्वती का नाम कालांतर में इतना प्रसिद्ध हुआ कि भारत की अनेक नदियों को इसी के नाम पर सरस्वती कहा जाने लगा (दे० नीचे)। पारसियों के धर्मग्रंथ जेंदावस्ता में सरस्वती का नाम हरहवती मिलता है।

(2) प्रयाग के निकट गंगा-यमुना संगम में मिलने वाली एक नदी जिसका रंग लाल माना जाता था। इस नदी का कोई उल्लेख मध्यकाल के पूर्व नहीं मिलता और त्रिवेणी की कल्पना काफी बाद की जान पड़ती है। जिस प्रकार पंजाब की प्रसिद्ध सरस्वती मरुभूमि में लुप्त हो गई थी उसी प्रकार प्रयाग की 'रस्वती के विषय में भी कल्पना कर ली गई कि वह भी प्रयाग में अंतर्हित भाव से बहती है (दे० प्रयाग)। गंगा-यमुना के संगम के संबंध में केवल इन्हीं दो नदियों के संगम का वृत्तांत रामायण, महाभारत, कालिदास तथा प्राचीन पुराणों में मिलता है। परवर्ती पुराणों तथा हिंदी आदि भाषाओं के साहित्य में त्रिवेणी का उल्लेख है ('भरत वचन सुनि मांझ त्रिवेनी, भई मृदुबानि सुमंगल देनी'—तुलसीदास) कुछ लोगों का मत है कि गंगा-यमुना की संयुक्तधारा का ही नाम सरस्वती है। अन्य लोगों का विचार है कि पहले प्रयाग में संगम-स्थल पर एक छोटी-सी नदी आकर मिलती थी जो अब लुप्त हो गई है। 19 वीं सदी में, इटली के निवासी मनूची ने प्रयाग के किले की चट्टान से नीले पानी की सरस्वती नदी को निकलते देखा था। यह नदी गंगा यमुना के संगम में ही मिल जाती थी। (दे० मनूची, जिल्द 3, पृ० 75.)

(3) (सौराष्ट्र) प्रभास पाटन के पूर्व की ओर बहने वाली छोटी नदी जो कपिला में मिलती है। कपिला हिरण्या की सहायक नदी है जो दोनों का जल लेती हुई प्राची सरस्वती में मिलकर समुद्र में गिरती है।

(4) (महाराष्ट्र) कृष्णा की सहायक पंचगंगा की एक शाखा। कृष्णा-पंचगंगा संगम पर अमरपुर नामक प्राचीन तीर्थ है।

(5) (जिला गढ़वाल, उ० प्र०) एक छोटी पहाड़ी नदी जो बदरीनारायण में वसुधारा जाते समय मिलती है। सरस्वती और अलकनंदा (गंगा) के संगम पर केशवप्रयाग स्थित है।

(6) (बिहार) राजगीर, (राजगृह) के समीप बहने वाली नदी जो प्राचीन काल में तपोदा कहलाती थी। इस सरिता में उष्ण जल के स्रोत थे। इसी कारण यह तपोदा नाम से प्रसिद्ध थी। तपोद तीर्थ का, जो इस नदी के तट पर था, महाभारत वनपर्व में उल्लेख है। गौतमबुद्ध के समय तपोदाराम नामक उद्यान इसी नदी के तट पर स्थित था। मगध सम्राट् बिंदुसार प्रायः इस नदी में स्नान करते थे। (दे० तपोदा)

(7) केरल की एक नदी जिसके तट पर हुनावर स्थित है।

(8)=प्राची सरस्वती

(9) (जिला परभणी, महाराष्ट्र) एक छोटी नदी जो पूर्णा की सहायक है। सरस्वती-पूर्णा संगम पर एक प्राचीन सुंदर मंदिर स्थित है।

सरस्वतीपत्तन (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

शिवपुरी के निकट वनप्रांतर में स्थित है। सुरवाया ग्राम के निकट यहाँ में पूर्वकाल में किसी धार्मिक सम्प्रदाय के साधुओं का निवास स्थान था। यहाँ के अंतर्गत अनेक मध्यकालीन मंदिर हैं जिनमें शिखर का अभाव उल्लेखनीय है। इनकी छतों में कहीं-कहीं अपूर्व मूर्तिकारी दिखाई पड़ती है। सुरवाया ग्राम ही प्राचीन सरस्वतीपत्तन कहा जाता है।

सरहिंद (पूर्व पंजाब)

पूर्व मध्यकालीन नगर है। दिल्ली पर अधिकार करने के लिए सरहिंद को विदेशी आक्रामक महत्त्वपूर्ण नाका समझते थे। शाहबुद्दीन गौरी ने इस नगर को 1192 ई० में जीता था किंतु तत्पश्चात् पृथ्वीराज चौहान ने इसे उसकी सेनाओं से छीन लिया। औरंगजेब के शासनकाल में सरहिंद के सूबेदारों ने सिक्खों के दसवें गुरु गोविंदसिंह के दो पुत्रों को मुसलमान न बनने के कारण जीवित ही दीवार में चुनवा दिया था। फलस्वरूप 1761 में सिक्खों ने नगर को मुसलमानों से छीन कर नष्ट कर दिया। उपर्युक्त घटना के पश्चात् सरहिंद सिक्खों के लिए महत्त्वपूर्ण स्थान बन गया और प्रत्येक सिक्ख यहाँ की ईंटों को घर ले जाना धार्मिक कृत्य समझने लगा। सरहिंद का परिवर्ती क्षेत्र वैदिक काल में सरस्वती नदी के तटवर्ती प्रदेश के अंतर्गत था। यह आर्य सभ्यता की मुख्य पुण्यभूमि मानी जाती थी। (दे० सैरंध्र, सैरींध्र)

सरहिंद (नदी) दे० शारदंडा

सरहुत (जिला, बांदा, उ० प्र०)

पाषाणयुगीन शिला-चित्रकारी के उदाहरण इस स्थान के निकटवर्ती वन-प्रदेश से प्राप्त हुए हैं।

सरालक

पाणिनि की अष्टाध्यायी 4,3,93 में उल्लिखित है। यह स्थान संभवतः जिला लुधियाना (पंजाब) में स्थित सहराल है।

सरिसाबा (जिला दरभंगा, बिहार)

लोहना के निकट एक ग्राम जिसे वाचस्पति मिश्र, शंकर मिश्र, भूतनाथ मिश्र प्रभृति दार्शनिक विद्वानों का जन्मस्थान कहा जाता है।

सरीला (बुंदेलखण्ड)

अंग्रेजी शासन काल के अंत तक एक छोटी सी रियासत थी। महाराज छत्रसाल के पौत्र पहाड़सिंह को विरासत में जैतपुर का राज्य मिला था। पहाड़सिंह के पुत्र गजसिंह ने जैतपुर की रियासत में से सरीला अपने भाई अमानसिंह को जागीर में दिया था। कालांतर में यहां स्वतन्त्र रियासत स्थापित हो गई।

सर्पदेवी=दे० सर्वदेवी

सर्राघाट दे० सौगंधिक वन

सर्वतीर्थ

वाल्मीकि-रामायण अयोध्या० 71,14 में वर्णित एक स्थान जहां केकय से अयोध्या आते समय भरत कुछ समय के लिए ठहरे थे—'वास कृत्वा सर्वतीर्थे तीर्त्वा चोत्तरगां नदीम अन्यानदीश्च विविधैः पार्वतीयैस्तुरंगमैः'। इससे सूचित होता है कि सर्वतीर्थ किसी उत्तर की ओर बहने वाली नदी के तट पर बसा हुआ था। यह उज्जिहाना नगरी के पूर्व में स्थित था।

सर्वदेवी

महाभारत, वन० 83,14,15 में वर्णित तीर्थ (पाठांतर सर्पदेवी)। 'सर्वदेवी समासाद्य नागाना तीर्थमुत्तमम्। अग्निष्टोममवाप्नोति नागलोकं च विन्दति। ततोगच्छेत् धर्मज्ञ द्वारपालं तरन्तुकम्'। श्री वासुदेवशरण अग्रवाल के मत में यह वर्तमान सफीदों (पश्चिमी पाकिस्तान) है। द्वारपाल शब्द संभवतः खैबर या दर्रे के लिए प्रयुक्त हुआ है। द्वारपाल का उल्लेख सभा० 32,12 में भी पश्चिमोत्तर में स्थित प्रदेशों के साथ है। सफीदों सर्वदेवी का ही फारसी रूपांतरण प्रतीत होता है।

सर्वर्तुक

रैवतक पर्वत के निकट स्थित वनोद्यान—'चित्रकम्बलवर्णाभं पाञ्चजन्यवनं तथा, सर्वर्तुकवनं चैव भाति रैवतकं प्रति' महा० सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ। यह वन द्वारका के समीप था।

सल्हेरि

सल्हेरि का किला सूरत के निकट स्थित था। शिवाजी के प्रधान सेनापति मोरोपंत ने इसे 1671 ई० में जीत लिया था। 1672 में दिल्ली के सेनापति दिलेरखां ने इसे घेर लिया और मराठा तथा मुगल-सेनाओं में भयंकर युद्ध हुआ। मुगलसेना को बुरी तरह से हार हुई और वह तितर-बितर हो गई। मुगलों के मुख्य सेनानायकों में से 22 मारे गए और अनेक बंदी हुए। महाकवि भूषण ने शिवराज भूषण में कई स्थानों पर इस युद्ध का उल्लेख किया है—

'साहितनें सरजा खुमान सल्हेरिपास किन्हो कुरखेत खीझि मीर अचलनसों' छद, 96। इसी युद्ध मे मुगलों की ओर से लडने वाला अमरसिंह चंदावत भी मारा गया था जिसका उल्लेख उपर्युक्त छद में इस प्रकार है, 'अमर के नाम के बहाने गो अमनपुर, चदावत लरि सिवराज के बलन सों'।

सलातुर=शलातुर

सलिलराज

सिंधु नदी के समुद्र मे गिरने का स्थान (दे० महा० वन० 42; पद्मपुराण स्वर्ग 11)।

सलीमगढ़

दिल्ली में यमुना के पुल के निकट स्थित है। इस किले की स्थापना 1546 ई० मे शेरशाह के पुत्र सलीमशाह ने हुमायू के आक्रमणों को रोकने के लिए की थी। शाहजहा ने दिल्ली का प्रसिद्ध लालकिला, सलीमगढ के किले के दक्षिण मे बनवाया था।

सलेमाबाद दे० परशुरामपुरी

सवाईमाधोसिंह (राजस्थान)

सवाईमाधोसिंह नाम के स्टेशन के निकट ही यह पुराना नगर बसा हुआ है। इसे जयपुर नरेश सवाई माधोसिंह ने बसाया था। ऐसा प्रतीत होता है कि रणथमोर का प्रसिद्ध गढ हाथ आने पर ही इसके निकट यह नगर महाराज ने बसाया था। प्राचीन नगर यद्यपि अब जीर्णशीर्ण दशा मे है किंतु बसाया यह काफी विस्तार से गया था। रणथभोर का इतिहास-प्रसिद्ध दुर्ग यहा से प्राय छ मील दूर है। सवाई माधोपुर मे तीन जैन मदिर और एक चैत्यालय है।

ससोई=शशिमती

सहजाति (जिला इलाहाबाद, उ० प्र०)

इस बौद्धकालीन नगर का अभिज्ञान वर्तमान भीटा नामक कस्बे के साथ किया गया है। बौद्धकाल के अनेक अवशेष इस स्थान से प्राप्त हुए हैं। एक मुद्रा पर 'सहजातिये निगमस' शब्द अंकित है जिससे इस स्थान का प्राचीन काल में व्यापारिक महत्व सिद्ध होता है। (दे० रिपोर्ट, पुरातत्व विभाग 1911-12, पृ० 38) निगम व्यापारिक सघ को कहते थे। राइस डेवीज के अनुसार सहजाति गगा नदी के तट पर व्यापारिक नगर था। (बुद्धिस्ट इंडिया, पृ० 103) अगुत्तरनिकाय नामक पाली ग्रंथ मे इस नगर को चेदि (पाली चेति) जनपद का नगर बताया गया है—'आयस्मा महाचुडो चेतिसु विहरति सहजातियम्'। महावग्ग 4,23 में भी सहजाति का उल्लेख है।

सहनकोट दे० रुद्रपुर

सहवइया पथरी दे० लहोरियादह

सहराल दे० सरालक

सहलाटवी

आटविक (अटवी) प्रदेश का एक भाग जिसका उल्लेख लूडर्स की लिस्ट के अभिलेख स० 1995 मे है।

सहसराम (तहसील और जिला शाहाबाद, बिहार)

सहसराम मे दिल्ली के सुलतान शेरशाह सूरी (1540-1545 ई०) तथा उसके पिता के मकबरे स्थित हैं। शेरशाह का जन्मस्थान सहसराम ही है। उसका मकबरा एक विस्तीर्ण तडाग के भदर बना है। यह भवन अठकोण है। इसमें एक बाहरी बरामदा है। गुबद भीतरी दीवारो पर आधृत है। मकबरे के चारों ओर एक वर्गाकार चबूतरा है जिसके कोनो पर छोटे छोटे मडप बने हुए हैं। गुबद के शीर्ष के चतुर्दिक् अठकोणस्तभाकार रचनाएं हैं जिससे मकबरे की बहीरेखा की सुदरता द्विगुणित हो जाती है। सहसराम के पूर्व की ओर चदनपीर की पहाडी भी एक गुफा मे अशोक का लघु शिलालेख स० 1 उत्कीर्ण है।

सहसवां (जिला बदायू)

प्राचीन नाम सहस्रबाहुनगर कहा जाता है।

सहस्रधारा (जिला माडला, म० प्र०)

नर्मदा नदी के प्रपात के कारण उल्लेखनीय है। कहा जाता है इसी स्थान पर सहस्रबाहु ने नर्मदा के प्रवाह को अपनी हजार बाहुओ से रोक लिया था।

सहस्रबाहुनगर=सहसवां

सहस्रावर्त (जिला जबलपुर, म० प्र०)

नर्मदा के तट पर प्राचीन तीर्थ है। इसका वर्तमान नाम सुनाधार घाट है। सहस्रावर्त का शाब्दिक अर्थ सहस्र भवरों वाला स्थान है जो नदी की गभीरता को प्रकट करता है।

सहेठ-महेठ दे० श्रावस्ती

सह्य=सह्याद्रि

पश्चिमी घाट की पर्वत-श्रृखला। सह्य की गिनती पुराणों में उल्लिखित सप्तकुलपर्वतों मे की गई है—'महेन्द्रो मलय सह्य शुक्तिमानृक्षपर्वत विन्ध्यश्च पारियात्रश्चसप्तैते कुलपर्वता' विष्णु० 2,3,3। विष्णु० 2,3,12 में गोदावरी, भीमरथी, कृष्णवेणा (कृष्णा) आदि नदियों को सह्याद्रि से निसृत माना है—

'गोदावरी भीमरथी कृष्णवेण्यादिकास्तथा सह्यपादोद्भूताः नद्यः स्मृताः पापभयापहा.'। सप्तकुलपर्वतों का परिचायक उपर्युक्त श्लोक महाभारत (भीष्म० 9,11) मे भी ठीक इसी प्रकार दिया हुआ है। श्रीमद्भागवत 5,19,16 मे सह्य की गणना अन्य भारतीय पर्वतों के साथ की गई है—'मलयो मंगलप्रस्थो-मैनाकस्त्रिकूटऋषभः कूटकः कोल्लकः सह्यो देवगिरिऋर्ष्यमूक.'। रघुवंश 4, 52,53 मे सह्याद्रि का उल्लेख रघु की दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग मे है—'असह्य विक्रम.सह्यदूरान्मुक्तमुदन्वता नितम्बमिव मेदिन्या स्रस्तांशुकमलंघयत्,तस्यानीकै विसर्पद्भिरपरान्तजयोद्यतैः रामास्त्रोत्सारितोऽप्यासीत्सह्यलग्न। इवार्णव.' इस उद्धरण मे सह्याद्रि का अपरान्त की विजय के संबंध मे वर्णन किया गया है। श्री वि० वि० वैद्य के अनुसार सह्याद्रि का विस्तार त्र्यंबकेश्वर (नासिक के समीप पर्वत) से मलाबार तक माना गया है। इसके दक्षिण मे मलय गिरिमाल स्थित है। वाल्मीकि युद्ध० 4,94 मे सह्य तथा मलय का उल्लेख है, 'ते सह्य समतिक्रम्य मलयच महागिरिम्, आसेदुरानुपूर्व्येण समुद्र भीमनि-स्वनम्'।

सांक

ग्वालियर (म० प्र०) के निकट बहने वाली एक नदी जो ग्वालियर के प्रसिद्ध तोमर नरेश मानसिंह (15 वी शती) की रानी मृगनयनी के जन्मस्थान राई नामक ग्राम के पास बहती थी। ग्वालियर के प्रदेश की लोक-कथाओ मे मृगनयनी के संबंध मे सांक का भी उल्लेख मिलता है। उसे यह नदी बहुत प्रिय थी।

सांकाश्य

(1) प्राचीन भारत मे पंचाल जनपद का प्रसिद्ध नगर जो वर्तमान संकिसा-बसनपुर (ज़िला एटा, उ० प्र०) है। यह फर्रुखाबाद के निकट स्थित है। सांकाश्य का सर्वप्रथम उल्लेख संभवत. वाल्मीकि आदि० 71,16-19 मे है जहां सांकाश्य-नरेश सुधन्वा का जनक की राजधानी मिथिला पर आक्रमण करने का उल्लेख है। सुधन्वा सीता से विवाह करने का इच्छुक था। जनक के साथ युद्ध *मे सुधन्वा मारा गया तथा सांकाश्य के राज्य का शासक जनक ने अपने भाई* कुशध्वज को बना दिया। उर्मिला इन्ही कुशध्वज की पुत्री थी, 'कस्यचित्त्वथ कालस्य साकाश्यादागत पुरात, सुधन्वा वीर्यवान् राजा मिथिलामवरोधकः। निहत्य तं मुनिश्रेष्ठ सुधन्वान नराधिपम्, सांकाश्ये भ्रातर शूरमभ्यषिञ्च कुशध्वजम्'। महाभारत काल मे सांकाश्य की स्थिति पूर्व पंचालदेश में थी और यह नगर पंचाल की राजधानी कांपिल्य से अधिक दूर नहीं था। गौतम

बुद्ध के जीवन काल मे साकाश्य ख्यातिप्राप्त नगर था। पाली कथाओं के अनुसार यही बुद्ध त्रयस्त्रिंश स्वर्ग से अवतरित होकर आए थे। इस स्वर्ग मे वे अपनी माता तथा तैंतीस देवताओं को अभिधम्म की शिक्षा देने गए थे। पाली-दतकथाओं के अनुसार बुद्ध तीन सीढियो द्वारा स्वर्ग से उतरे थे और उनके साथ ब्रह्मा और शक्र भी थे। इस घटना से सबद्ध होने के कारण बौद्ध, साकाश्य को पवित्र तीर्थ मानते थे और इसी कारण यहां अनेक स्तूप एव विहार आदि का निर्माण हुआ था। यह उनके जीवन की चार आश्चर्यजनक घटनाओ में से एक मानी जाती है। साकाश्य ही में बुद्ध ने अपने प्रमुख शिष्य आनद के कहने से स्त्रियों की प्रव्रज्या पर लगाई हुई रोक को तोडा था और भिक्षुणी उत्पलवर्णा को दीक्षा देकर स्त्रियो के लिए भी बौद्ध सघ का द्वार खोल दिया था। पालि-ग्रंथ अभिधानप्पदीपिका मे सकस्स (साकाश्य) की उत्तरी भारत के बीस प्रमुख नगरो मे गणना की गई है। पाणिनि ने 4,2,80 मे साकाश्य की स्थिति इक्षुमती नदी पर कही है जो सकिसा के पास बहने वाली ईखन है। 5 वीं शती में चीनी यात्री फाह्यान ने सकिसा के जनपद के सख्यातीत बौद्ध विहारो का उल्लेख किया है। वह लिखता है कि यहां इतने अधिक विहार थे कि कोई मनुष्य एक-दो दिन ठहर कर तो उनकी गिनती भी नहीं कर सकता था। सकिसा के सघाराम मे उस समय छ या सात सौ भिक्षुओं का निवास था। युवानच्वाग ने 7वी शती मे, साकाश्य मे स्थित एक 70 फुट ऊचे स्तभ का उल्लेख किया है जिसे राजा अशोक ने बनवाया था। इसका रग बैंजनी था। यह इतना चमकदार था कि जल मे भीगा सा जान पडता था। स्तभ के शीर्ष पर सिंह की विशाल प्रतिमा जटित थी जिसका मुख राजाओं द्वारा बनाई हुई सीढियों की ओर था। इस स्तभ पर चित्र विचित्र रचनायें बनी थीं जो बौद्धो के विश्वास के अनुसार केवल साधु पुरुषों को ही दिखलाई देती थीं। चीनी-यात्री ने इस स्तभ का जो वर्णन किया है वह वास्तव मे अद्भुत है। यह स्तभ साकाश्य की खुदाई में अभी तक नहीं मिला है। बिपहरी देवी के मंदिर के पास जो स्तभ शीर्ष रखा है वह सम्भवत एक विशाल हाथी की प्रतिमा है न कि सिंह की और इस प्रकार इसका अशोकस्तभ का शीर्ष होना सदिग्ध है। युवानच्वाग ने सांकाश्य का नाम कपित्थ भी लिखा है। सकिसा के उत्तर की ओर एक स्थान कारेवर तथा नागताल नाम से प्रसिद्ध है। प्राचीन किंवदती के अनुसार कारेवर एक विशाल सर्प का नाम था। लोग उसकी पूजा करते थे और इस प्रकार उसकी कृपा से आसपास का क्षेत्र सुरक्षित रहता था। ताल के चिह्न आज भी हैं। इसकी परिक्रमा बौद्ध यात्री करते हैं। जैन मतावलबी

सांकाश्य को तेरहवें तीर्थंकर विमलनाथ की ज्ञान-प्राप्ति का स्थान मानते हैं। संकिसा ग्राम आजकल एक ऊंचे टीले पर स्थित है। इसके आस-पास अनेक टीले हैं जिन्हें कोटपाकर, कोटमुन्डा, कोटद्वारा, ताराटोला, गौसरवाल आदि नामों से अभिहित किया जाता है। इसका उत्खनन होने पर इस स्थान से अनेक बहुमूल्य प्राचीन अवशेषों के प्राप्त होने की आशा है। प्राचीन सांकाश्य पर्याप्त बड़ा नगर रहा होगा क्योंकि इसकी नगर-भित्ति के अवशेष जो आज भी वर्तमान हैं, प्रायः 4 मील के घेरे में हैं।

(2) (बर्मा) ब्रह्मदेश का प्राचीन भारतीय नगर। इस देश में अति प्राचीन समय से लेकर मध्यकाल तक अनेक भारतीय उपनिवेशों को बसाया गया जहां हिंदू एवं बौद्ध नरेशों का राज्य था। संकाश्य या सांकाश्य नामक नगर, संभवतः भारत के इसी नाम से प्रसिद्ध प्राचीन नगर के नाम पर बसाया गया था।

साख (जिला फतहपुर, उ० प्र०)

यह ग्राम बौद्धकालीन जान पड़ता है। यहां पांच प्राचीन मठ हैं जिनमें से एक बोधायन के मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। संभव है यह साख वही स्थान है जिसका उल्लेख चीनी यात्री फाह्यान ने अपने यात्रा-वृत्त में किया है।

सांगल

यह नगर अलक्षेंद्र को अपने भारत पर आक्रमण के समय (327 ई० पू०) रावी नदी को पार करने पर, 3 दिन की यात्रा के पश्चात् मिला था। नगर एक परकोटे के अंदर स्थित था। इसी स्थान पर कठ आदि कई गणतंत्र-राज्यों ने मिलकर अलक्षेंद्र का डटकर सामना किया था। इस स्थान का अभिज्ञान अभी तक ठीक प्रकार से नहीं किया जा सका है। कनिंघम ने इस आधार पर कि शाकल और सांगल एक ही हैं, संगलटिब्बा से इसका अभिज्ञान किया था किंतु 'रिपोर्ट ऑन-संगलटिब्बा' (न्यूजप्रेस लाहौर, 1906) में सी० जो० रोजर्स ने इस अभिज्ञान को गलत साबित किया था। स्मिथ के अनुसार यह स्थान गुरुदासपुर जिले में रहा होगा। इस नगर को अलक्षेंद्र की सेना ने पूर्णरूपेण विध्वंस कर दिया था इसलिए उसके अवशेष मिलने की कोई संभावना नहीं है (दे० शाकल)। कैंब्रिज हिस्ट्री ऑव इंडिया, जिल्द 1, पृ० 371 में सांगल की स्थिति अमृतसर से पूर्व वर्तमान जंडियाल के पास मानी गई है। श्री वा० श० अग्रवाल के मत में पाणिनि ने 4-2-75 में इसी का सकल नाम से उल्लेख किया है।

सांची स्तूप का पूर्वी तोरण-द्वार
(भारतीय पुरातत्त्व-विभाग के सौजन्य से)

सांची (म० प्र०)

यह प्रसिद्ध स्थान, जहा अशोक द्वारा निर्मित एक महान् स्तूप, शुंगो के शासनकाल मे निर्मित इस स्तूप के भव्य तोरणद्वार तथा उन पर की गई जगत्-प्रसिद्ध मूर्तिकारी भारत के प्राचीन वास्तु तथा मूर्तिकला के सर्वोत्तम उदाहरणों मे हैं, बौद्धकाल की प्रसिद्ध ऐश्वर्यशालिनी नगरी विदिशा (भीलसा) के निकट स्थित है। जान पड़ता है कि बौद्धकाल मे सांची, महानगरी विदिशा की उपनगरी तथा विहार स्थली थी। सर जॉन मार्शल के मत मे (दे० ए गाइड टु सांची) कालिदास ने नीचगिरि नाम से जिस स्थान का वर्णन मेघदूत मे विदिशा के निकट किया है, वह सांची की पहाडी ही है।

कहा जाता है कि अशोक ने अपनी प्रिय पत्नी देवी के कहने पर ही सांची में यह सुदर स्तूप बनवाया था। देवी, विदिशा के एक श्रेष्ठी की पुत्री थी और अशोक ने उस समय उससे विवाह किया था जब वह अपने पिता के राज्यकाल में विदिशा का कुमारामात्य था।

यह स्तूप एक ऊची पहाडी पर निर्मित है। इसके चारो ओर सुदर परिक्रमा-पथ है। बालु-प्रस्तर के बने चार तोरण स्तूप के चतुर्दिक् स्थित हैं जिन के लबे लबे पट्टको पर बुद्ध के जीवन से सबधित, विशेषत जातकों में वर्णित कथाओ का मूर्तिकारी के रूप मे अद्भुत अकन किया गया है। इस मूर्तिकारी मे प्राचीन भारतीय जीवन के सभी रूपो का दिग्दर्शन किया गया है। मनुष्यों के अतिरिक्त पशु-पक्षी तथा पेड-पौधो के जीवत चित्र इस कला की मुख्य विशेषता हैं। सरल तथा सामान्य सौंदर्य की उद्भावना ही सांची की मूर्तिकला की प्रेरणात्मक शक्ति है। इस मूर्तिकारी मे गौतम बुद्ध की मूर्ति नहीं पाई जाती क्योंकि उस समय तक (शुग काल,द्वितीय शती ई० पू०) बुद्ध को देवता के रूप में मूर्ति बनाकर नही पूजा जाता था। कनिष्क के काल म महायान धर्म के उदय होने के साथ ही बौद्ध धम मे गौतम बुद्ध की मूर्ति का प्रवेश हुआ। सांची म बुद्ध की उपस्थिति का आभास उनके कुछ विशिष्ट प्रतीको द्वारा किया गया है, जैसे उनके गृहपरित्याग का चित्रण अश्वारोही से रहित, केवल दौडते हुए घोडे क द्वारा, जिस पर एक छत्र स्थापित है, किया गया है। इसी प्रकार बुद्ध को सबोधि का आभास पीपल के वृक्ष क नीचे खाली वज्रासन द्वारा दिया गया है। पशु-पक्षियो क चित्रण मे सांची का एक मूर्तिचित्र अतीव मनोहर है। इसमे जानवरो के एक चिकित्सालय या चित्रण है जहा एक तोते की विकृत आँख का एक वानर मनोरजक ढग से परीक्षण कर रहा है। तपस्वी बुद्ध को एक वानर द्वारा दिए गए पायस का चित्रण भी अद्भुत रूप से किया गया है।

एक कटोरे मे खीर लिए हुए एक वानर का अश्वत्थ वृक्ष के नीचे वज्रासन के निकट धीरे-धीरे आने तथा खाली कटोरा लेकर लौट जाने का अकन है जिसमे वास्तविकता का भाव दिखाने के लिए उसी वानर की लगातार कई प्रतिमाए चित्रित हैं। साची की मूर्तिकला दक्षिण भारत की अमरावती की मूर्तिकला की भांति ही पूर्व बौद्ध कालीन भारत के सामान्य तथा सरल जीवन की मनोहर झांकी प्रस्तुत करती है। सांची के इस स्तूप मे से उत्खनन द्वारा सारिपुत्र तथा मोग्गलायन नामक भिक्षुओ के अस्थिअवशेष प्राप्त हुए थे जो अब स्थानीय सग्रहालय मे सुरक्षित है। साची में अशोक के समय का एक दूसरा छोटा स्तूप भी है; इसमे तोरण-द्वार नहीं है। अशोक का एक प्रस्तर-स्तभ जिस पर मौर्य सम्राट का शिलालेख उत्कीर्ण है यहां के महत्वपूर्ण स्मारको मे से है। यह स्तभ भग्नावस्था मे प्राप्त हुआ था।

सांची से मिलने वाले कई अभिलेखो मे इस स्थान को काकनादबोट नाम से अभिहित किया गया है। इनमे से प्रमुख 131 गुप्त सवत् (=450-51) ई० का है जो कुमारगुप्त प्रथम के शासनकाल से सबधित है। इसमे बौद्ध उपासक सनसिद्ध की पत्नी उपासिका हरिस्वामिनी द्वारा काकनादबोट मे स्थित आर्यसघ के नाम कुछ धन के दान मे दिए जाने का उल्लेख है। एक अन्य लेख एक स्तभ पर उत्कीर्ण है जिसका सबध गोसुरसिंहबल के पुत्र विहारस्वामिन् से है। यह भी गुप्तकालीन है।

सांभर दे० शाकंभरी

साकित (जिला एटा, उ० प्र०)

यह स्थान सकतदेव चौहान का बसाया हुआ है। 1285 ई० मे महा बलबन ने मसजिद बनवाई थी।

साकेत

अयोध्या (उ० प्र०) के निकट, पूर्व-बौद्धकाल मे बसा हुआ नगर जो अयोध्या का एक उपनगर था। वाल्मीकि रामायण से ज्ञात होता है कि श्रीराम के स्वर्गारोहण के पश्चात् अयोध्या उजाड़ हो गई थी। जान पड़ता है कि कालांतर मे, इस नगरी के, गुप्तकाल मे फिर से बसने के पूर्व ही साकेत नामक उपनगर स्थापित हो गया था। वाल्मीकि रामायण तथा महाभारत के प्राचीन भाग मे साकेत का नाम नहीं है। बौद्ध साहित्य मे अधिकतर, अयोध्या के उल्लेख के बजाय सर्वत्र साकेत का ही उल्लेख मिलता है, यद्यपि दोनो नगरियो का साथ-साथ वर्णन भी है (दे० राइस डेवीज—बुद्धिस्ट इंडिया, पृ० 39)। गुप्तकाल मे साकेत तथा अयोध्या दोनों ही का नाम मिलता है। इस समय तक

अयोध्या पुनः बस गई थी और चंद्रगुप्त द्वितीय ने यहां अपनी राजधानी भी बनाई थी। कुछ लोगों के मत में बौद्धकाल में साकेत तथा अयोध्या दोनों पर्यायवाची नाम थे किंतु यह सत्य नहीं जान पड़ता। अयोध्या की प्राचीन बस्ती इस समय भी रही होगी किंतु उजाड़ होने के कारण उसका पूर्वगौरव विलुप्त हो गया था। वेबर के अनुसार साकेत नाम के कई नगर थे (इंडियन एंटिक्वेरी, 2, 208)। कनिंघम ने साकेत का अभिज्ञान फाह्यान के शाचे (Shache) और युवानच्वांग की विशाखा नगरी से किया है किंतु अब यह अभिज्ञान अशुद्ध प्रमाणित हो चुका है। सब बातों का निष्कर्ष यह जान पड़ता है कि अयोध्या की रामायणकालीन बस्ती के उजड़ जाने के पश्चात् बौद्धकाल के प्रारंभ में (6ठी-5वीं शती ई० पू०) साकेत नामक अयोध्या का एक उपनगर बस गया था जो गुप्तकाल तक प्रसिद्ध रहा और हिंदू धर्म के उत्कर्षकाल में अयोध्या की बस्ती फिर से बस जाने के पश्चात् धीरे-धीरे उसी का अंग बन कर अपना पृथक् अस्तित्व खो बैठा। ऐतिहासिक दृष्टि से साकेत का सर्वप्रथम उल्लेख शायद बौद्ध जातककथाओं में मिलता है। नंदियमिग जातक में साकेत को कोसल-राज की राजधानी बताया गया है। महावग्ग 7,11 में साकेत को श्रावस्ती से 6 कोस दूर बताया गया है। पतंजलि ने द्वितीय शती ई० पू० में साकेत में ग्रीक (यवन) आक्रमणकारियों का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा साकेत के आक्रांत होने का वर्णन किया है, 'अरुनद् यवनः साकेतम् अरुनद् यवनो मध्यमिकाम्'। अधिकांश विद्वानों के मत में पतंजलि ने यहां मेनेंडर (बौद्ध साहित्य का मिलिंद) के भारत-आक्रमण का उल्लेख किया है। कालिदास ने रघुवंश 5,31 में रघु की राजधानी को साकेत कहा है—'जनस्य साकेतनिवासिनस्तौ द्वावप्यभूतामभिनन्द्य सत्वौ, गुरुप्रदेयाधिकनिःस्पृहोऽर्थी नृपोऽर्थिकामादधिकप्रदश्च'। रघु० 13,62 में राम की राजधानी के निवासियों को साकेत नाम से अभिहित किया गया है 'यां सैकतोत्सगसुखोचितानाम्'। रघु० 13,79 में साकेत के उपवन का उल्लेख है जिसमें लंका से लौटने के पश्चात् श्रीराम को ठहराया गया था—'साकेतोपवनमुदारमध्युवास'। रघु० 14,13 में साकेत की पुरनारियों का वर्णन है—'प्रासादवातायनदृश्यवधैः साकेतनार्योऽञ्जलिभिः प्रणेमुः'। उपर्युक्त उद्धरणों से जान पड़ता है कि कालिदास ने अयोध्या और साकेत को एक ही नगरी माना है। यह स्थिति गुप्तकाल अथवा कालिदास के समय में वास्तविक रूप में रही होगी क्योंकि इस समय तक अयोध्या की नई बस्ती फिर से बस चुकी थी और बौद्धकाल का साकेत इसी में सम्मिलित हो गया था। कालिदास ने अयोध्या का तो अनेक स्थानों पर उल्लेख किया ही है (दे० अयोध्या)।

आनुषंगिक रूप से, इस तथ्य से, कालिदास का समय गुप्तकाल ही सिद्ध होता है।

सागर

(1) (जिला गुलबर्गा, मैसूर) बहमनी और आदिलशाही शासनकाल में सागर की राजनैतिक तथा धार्मिक दृष्टि से दक्षिण के महत्त्वपूर्ण नगरों में गिनती थी जैसा कि यहां की विशिष्ट दुर्गरचनाओं, प्रवेशद्वारों, दरगाहों तथा विशाल जामा मसजिद के अवशेष से ज्ञात होता है।

(2) (म० प्र०) दक्षिण बुंदेलखंड के एक भाग पर मुगलकाल में कुछ समय तक निहालसिंह राजपूत के वंशजों का राज्य रहा था। इसी वंश के नरेश उदानशाह ने 1650 ई० में सागर नगर बसाया था। कहा जाता है कि सागर के पास का परकोटा नामक ग्राम भी इसी ने बसाया था। गढपहरा नामक नगर छत्रसाल के आक्रमण के पश्चात् उजाड़ हो गया था और वहां के निवासी सागर आकर बस गए थे।

सागरकुक्षि

'ततः सागरकुक्षिस्थान् म्लेच्छान् परमदारुणान् पह्लवान् बर्बरांश्चैव किरातान् यवनाञ्छकान्। ततो रत्नान्युपादाय वशे कृत्वा च पार्थिवान् न्यवर्तत कुरुश्रेष्ठो नकुलश्चित्रमार्गवित्।' महा० सभा० 32,16-17। नकुल ने अपनी दिग्विजय यात्रा में सागरकुक्षि में स्थित म्लेच्छ तथा बर्बरों को परास्त किया था। यह स्थान सिंधु नदी के मुहाने के निकट का प्रदेश हो सकता है (श्री वा० श० अग्रवाल)। इसका अभिज्ञान इस मुहाने के निकट छोटे छोटे टापुओं से किया जा सकता है, जो कराची (पाकिस्तान) के निकट समुद्र में स्थित हैं। (दे० सागरद्वीप)

सागरद्वीप

'ततः शूर्पारकं चैव तालाकटमथापि च, वशेचक्रे महातेजा दंडकांश्च महाबलः, सागरद्वीपवासांश्च नृपतीन् म्लेच्छयोनिजान्, निषादान् पुरुषादांश्च कर्णप्रावरणानपि' महा० 31,66। सागरद्वीप-निवासियों और निषाद आदि विजातियों पर अपनी दिग्विजय यात्रा में सहदेव ने विजय प्राप्त की थी। रायचौधरी के मत में यह सिंध का दक्षिणी समुद्रतट या कच्छ हो सकता है। शायद इसी का उल्लेख यूनानी लेखकों (स्ट्रैबो) ने साइगर्डिस (Siegerdis) के नाम से किया है जो सागरद्वीप का ग्रीक रूपांतरण जान पड़ता है।

सागलनगर दे० शाकल

साचोर=सत्यपुर

साणा (सौराष्ट्र, बंबई)

साणा प्राचीन बर्बर जनपद या वर्तमान बाबारियावाड के अंतर्गत स्थित है। यहां एक पहाड़ी में कटी हुई 62 गुफाएं हैं जो संभवतः जैन भिक्षुओं के निवास के लिए निर्मित की गई थीं।

सातगांव (ज़िला हुगली, पश्चिम बंगाल)

प्रारंभिक ई० शतियों में रोम के साथ व्यापार के लिए यह बंदरगाह प्रसिद्ध था। रोमन इसे गंगा की राजधानी (Ganges regia) कहते थे।

सातहनिरट्ठ=शातवाहन राष्ट्र

सादापुरवेदक

ज़िला मेदक (आंध्र) का मध्यकालीन नाम। गोलकुंडा-नरेशों के शासनकाल में बदल कर यह नाम गुल्शनाबाद कर दिया गया था। हैदराबाद के शासकों के समय इसका नाम पुनः एक बार बदल गया और तेलगू शब्द मेथुकु (चावल का प्याला) के आधार पर इसे मेदक कहा जाने लगा। यह तालुका चावल की उपज के लिए प्रसिद्ध है।

सानीउड्यार (ज़िला अलमोड़ा, उ० प्र०)

स्थानीय जनश्रुति के अनुसार यह स्थान शांडिल्य ऋषि का तप स्थल है और उन्हीं के नाम पर इस स्थान का नामकरण हुआ था।

साबरमती

प्राचीन नाम श्वभ्रमती और गिरिकर्णिका। (दे० श्वभ्र)

साबितगढ़ दे० अलीगढ़

सामूगढ़ (ज़िला आगरा, उ० प्र०)

1658 में शाहजहां की मृत्यु के पश्चात् उसके पुत्रों में राजसिंहासन के लिए घोर संघर्ष हुआ। औरंगजेब और मुराद की संयुक्त सेनाओं ने आगरे पर चढ़ाई की और शाहजहां के ज्येष्ठ पुत्र दारा को सामूगढ़ के मैदान में होने वाले भारी युद्ध में हराया। दारा की सेना की भयानक पराजय हुई जिसके कारण यह अभागा राजकुमार दर दर का फ़क़ीर बन गया और अंत में औरंगजेब द्वारा पकड़ा और मारा गया।

सारंगगढ़ दे० पटिया

सारंगनाथ दे० सारनाथ

सारंगपुर (म० प्र०)

उत्तरमध्यकालीन भवनों के अवशेष के लिए यह स्थान प्रसिद्ध है।

सारनाथ (जिला वाराणसी, उ० प्र०)

वाराणसी से 4 मील उत्तर की ओर बसा हुआ इतिहास-प्रसिद्ध स्थान है जो गौतम बुद्ध के प्रथम धर्मप्रवचन (धर्मचक्रप्रवर्तन) के लिए जगद्विख्यात है। बौद्धकाल में इसे ऋषिपतन (पाली—इसीपत्तन) भी कहते थे क्योंकि ज्ञान-विज्ञान के केंद्र काशी के निकट होने के कारण यहां भी ऋषि मुनि निवास करते थे। ऋषिपट्टन के निकट ही मृगदाव नामक मृगों के रहने का वन था जिसका संबंध बोधिसत्व की एक कथा से भी जोड़ा जाता है। बोधिसत्व ने अपने किसी पूर्वजन्म में, जब वे मृगदाव में मृगों के राजा थे, अपने प्राणों की बलि देकर एक गर्भवती हरिणी की जान बचाई थी। इसी कारण इस वन को सार—या सारंग (मृग)—नाथ कहने लगे। रायबहादुर दयाराम साहनी के अनुसार शिव को भी पौराणिक साहित्य में सारंगनाथ कहा गया है और महादेव शिव की नगरी काशी की समीपता के कारण यह स्थान शिवोपासना की भी स्थली बन गया। इस तथ्य की पुष्टि सारनाथ में, सारनाथ नामक शिवमंदिर की वर्तमानता से होती है। एक स्थानीय किंवदंती के अनुसार बौद्धधर्म के प्रचार के पूर्व सारनाथ शिवोपासना का केंद्र था। किंतु जैसे गया आदि और भी कई स्थानों के इतिहास से प्रमाणित होता है बात इसकी उल्टी भी हो सकती है, अर्थात् बौद्धधर्म के पतन के पश्चात् ही शिव की उपासना यहां प्रचलित हुई हो। जान पड़ता है कि जैसे कई प्राचीन विशाल नगरों के उपनगर या नगरोद्यान थे (जैसे प्राचीन विदिशा का सांची, अयोध्या का साकेत आदि) उसी प्रकार सारनाथ में मूलतः ऋषियों या तपस्वियों के आश्रम स्थित थे जो उन्होंने काशी के कोलाहल से बचने के लिए, किंतु फिर भी महान् नगरी के सान्निध्य में, रहने के लिए बनाए थे।

गौतमबुद्ध गया में संबुद्धि प्राप्त करने के अनंतर यहां आए थे और उन्होंने कौंडिन्य आदि अपने पूर्व साथियों को प्रथम बार प्रवचन सुनाकर अपने नये मत में दीक्षित किया था। इसी प्रथम प्रवचन को उन्होंने धर्मचक्रप्रवर्तन कहा जो कालांतर में, भारतीय मूर्तिकला के क्षेत्र में सारनाथ का प्रतीक माना गया। बुद्ध ही के जीवनकाल में काशी के श्रेष्ठी नंदी ने ऋषिपत्तन में एक बौद्ध विहार बनवाया था (दे० पियवग्ग, वग्ग. 16, बुद्धघोष-रचित टीका)। तीसरी शती ई० पू० में अशोक ने सारनाथ की यात्रा की और यहां कई स्तूप और एक सुंदर प्रस्तरस्तंभ स्थापित किया जिस पर मौर्य सम्राट् की एक धर्मलिपि अंकित है। इसी स्तंभ का सिंहशीर्ष तथा धर्मचक्र भारतीय गणराज्य का राजचिह्न बनाया गया है। चौथी शती ई० में चीनी यात्री फाह्यान इस स्थान पर आया

था। उसने सारनाथ में चार बड़े स्तूप और पांच विहार देखे थे। 6ठी शती ई० में हूणों ने इस स्थान पर आक्रमण करके यहां के प्राचीन स्मारकों को घोर क्षति पहुंचाई। इनका सेनानायक मिहिरकुल था। 7वीं० शती ई० के पूर्वार्ध में, प्रसिद्ध चीनी यात्री युवानच्वांग ने वाराणसी और सारनाथ की यात्रा की थी। उस समय यहां 30 बौद्ध विहार थे जिनमें 1500 थेरवादी भिक्षु निवास करते थे। युवानच्वांग ने सारनाथ में 100 हिंदू देवालय भी देखे थे जो बौद्ध धर्म के धीरे-धीरे पतनोन्मुख होने तथा प्राचीन धर्म के पुनरोत्कर्ष के परिचायक थे। 11वीं शती में महमूद गजनवी ने सारनाथ पर आक्रमण किया और यहां के स्मारकों को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया। तत्पश्चात् 1194 ई० में मुहम्मद गोरी के सेनापति कुतुबुद्दीन ने तो यहां की बचीखुची प्रायः सभी इमारतों तथा कलाकृतियों को लगभग समाप्त ही कर दिया। केवल दो विशाल स्तूप ही छः शतियों तक अपने स्थान पर खड़े रहे। 1794 ई० में काशी-नरेश चेतसिंह के दीवान जगतसिंह ने जगतगंज नामक वाराणसी के मुहल्ले को बनवाने के लिए एक स्तूप की सामग्री काम में ले ली। यह स्तूप ईंटों का बना था। इसका व्यास 110 फुट था। कुछ विद्वानों का कथन है कि यह अशोक द्वारा निर्मित धर्मराजिक नामक स्तूप था। जगतसिंह ने इस स्तूप का जो उत्खनन करवाया था उसमें इस विशाल स्तूप के अंदर से बलुवा पत्थर और संगमरमर के दो वर्तन मिले थे जिनमें बुद्ध के अस्थि-अवशेष पाए गए थे। इन्हें गंगा में प्रवाहित कर दिया गया।

पुरातत्त्व विभाग द्वारा यहां जो उत्खनन किया गया उसमें 12वीं शती ई० में यहां होने वाले विनाश के अध्ययन से ज्ञात होता है कि यहां के निवासी मुसलमानों के आक्रमण के समय एकाएक ही भाग निकले थे क्योंकि विहारों की कई कोठरियों में मिट्टी के बर्तनों में पकी दाल और चावल के अवशेष मिले थे। 1854 ई० में भारत सरकार ने सारनाथ को एक नील के व्यवसायी फार्युसन से खरीद लिया। लंका के अनागरिक धर्मपाल के प्रयत्नों से यहां मूलगंधकुटीविहार नामक बौद्ध मंदिर बना था। सारनाथ के अवशिष्ट प्राचीन स्मारकों में निम्न स्तूप उल्लेखनीय हैं—चौखंडी स्तूप इस पर मुगल सम्राट् अकबर द्वारा अंकित 1588 ई० का एक फारसी अभिलेख खुदा है जिसमें हुमायुं के इस स्थान पर आकर विश्राम करने का उल्लेख है। (चौखंडी स्तूप के निर्माता का ठीक-ठीक पता नहीं है। कनिंघम ने इस स्तूप का उत्खनन द्वारा अनुसंधान किया भी था किंतु कोई अवशेष न मिले); धमेख अथवा धर्ममुख स्तूप—पुरातत्त्व विद्वानों के मतानुसार यह स्तूप गुप्तकालीन है और भावी बुद्ध मैत्रेय के सम्मानार्थ बनवाया गया था। किंवदंती है कि यह वही स्थल है जहां मैत्रेय

को गौतम बुद्ध ने उसके भावी बुद्ध बनने के विषय मे भविष्यवाणी की थी (आर्कियालोजिकल रिपोर्ट 1904-5)। खुदाई मे इसी स्तूप के पास अनेक खरल आदि मिले थे जिससे संभावना होती है कि किसी समय यहां औषधालय रहा होगा। इस स्तूप में से अनेक सुंदर पत्थर निकले थे।

सारनाथ के क्षेत्र की खुदाई से गुप्तकालीन अनेक कलाकृतियां तथा बुद्ध-प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं जो वर्तमान संग्रहालय मे सुरक्षित हैं। गुप्तकाल में सारनाथ की मूर्तिकला की एक अलग ही शैली प्रचलित थी, जो बुद्ध की मूर्तियों के आत्मिक सौंदर्य तथा शारीरिक सौष्ठव की सम्मिश्रित भावयोजना के लिए भारतीय मूर्तिकला के इतिहास मे प्रसिद्ध है। सारनाथ मे एक प्राचीन शिव-मंदिर तथा एक जैन मंदिर भी स्थित हैं। जैन मंदिर 1824 ई० मे बना था; इसमे श्रियांशदेव की प्रतिमा है। जैन किंवदंती है कि ये तीर्थंकर सारनाथ से लगभग दो मील दूर स्थित सिंहपुर नामक ग्राम मे तीर्थंकर भाव को प्राप्त हुए थे। सारनाथ से कई महत्त्वपूर्ण अभिलेख भी मिले हैं जिनमे प्रमुख काशीराज प्रकटादित्य का शिलालेख है। इसमे बालादित्य नरेश का उल्लेख है जो फ्लीट के मत मे वही बालादित्य है जो मिहिरकुल हूण के साथ वीरतापूर्वक लडा था। यह अभिलेख शायद 7वीं शती के पूर्व का है। दूसरे अभिलेख में हरिगुप्त नामक एक साधु द्वारा मूर्तिदान का उल्लेख है। यह अभिलेख 8वीं शती ई० का जान पड़ता है।

सारस्वत

सरस्वती का तटवर्ती प्रदेश (दे० पचगौड)

सालनू (जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश)

मंडी जिले का सर्व प्राचीन अभिलेख इस स्थान पर एक शिला पर उत्कीर्ण है। यह चौथी या पांचवीं शती ई० का जान पड़ता है।

सालसद=दे० साष्ठी, परिमुद

सावित्री

महाबलेश्वर की पहाड़ियों (सह्याद्रि) से निकलने वाली एक नदी जिसकी प्राचीन समय से तीर्थ रूप में मान्यता है।

सासनी (जिला अलीगढ़)

अलीगढ़ से 14 मील दूर है। यहां एक पुराना मिट्टी का किला है।

सिंगपुरम=सिंहपुरम्

सिंगरौर दे० शृंगवेरपुर

सिंगारपुरी (महाराष्ट्र)

नीरा नदी के दक्षिण में सतारा से प्राय 45 मील पूर्व मे स्थित है। महाराष्ट्र-केसरी शिवाजी के समय यहा का राजा सूर्यराव था जो शिवाजी के साथ सदा कूटनीति की चालें चला करता था। सिंगारपुरी को 1664 ई० म शिवाजी ने अपने अधिकार में कर लिया। कविवर भूषण ने इस स्थान का उल्लेख शिवराज भूषण, छद 207 मे इस प्रकार किया है—'जावलिबार सिंगारपुरी औ जवारिको राम के नैरि को गाजी, भूपन भौंसिला भूपति ते सब दूर किए करि कीरति ताजी'।

सिंगौरगढ़ (जिला दमोह, म० प्र०)

गढ़मडला की रानी वीरांगना दुर्गावती के श्वसुर राजा सग्रामशाह (मृत्यु 1540) के 52 गढ़ो मे सिंगौरगढ़ की भी गणना थी। सग्रामशाह के पुत्र और दुर्गावती के पति दलपतशाह ने मदनमहल (जबलपुर के निकट) को छोडकर सिंगौरगढ़ मे अपनी राजधानी बनाई थी। उन्होंने यहा के किले को बढ़ाकर उसे सुदृढ़ बनाया था। यह किला परिहार राजपूतों के समय मे निर्मित हुआ था। गोंड राजाओ के समय के अवशेष भी यहां से प्राप्त हुए हैं।

सिंघाना (म० प्र०)

पूर्वमध्यकालीन इमारतो के अवशेष यहां से प्राप्त हुए हैं।

सिंदिमान

अलक्षेंद्र के भारत पर आक्रमण के समय (327 ई० पू०) सिंध नदी के निकट बसा एक नगर जिसका अभिज्ञान कुछ विद्वानो ने वर्तमान सिहवान से किया है, किंतु यह अभिज्ञान सदिग्ध है (दे० स्मिथ, अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया, पृ० 106)। यहां के राजा का नाम ग्रीक लेखकों ने सांबोस (Sambos) बताया है। यह अलक्षेंद्र के आक्रमण के समय नगर छोडकर चला गया था।

सिंधी (म० प्र०)

केलझर से 7 मील पर स्थित है। प्राचीन दिगवर जैन मदिर में पद्मावती देवी की 3 फुट ऊची मूर्ति है जिसके मस्तक पर तीर्थंकर पार्श्वनाथ की मूर्ति आसीन है। मूर्ति पर सर्वत्र उच्चकोटि के शिल्प का प्रदर्शन है। इसके साथ ही मूर्ति के शरीर पर विविध आभूषणो का विन्यास विशेषरूप से शोभनीय जान पडता है।

सिंदूरगिरि

रामटेक (जिला नागपुर, महाराष्ट्र) की पहाड़ियो का एक नाम। इन पहाडियो में लाल रग का पत्थर मिलता है जिसका सिंदूर का सा वर्ण है।

किंवदंती है कि नृसिंह अवतार में हिरण्यकशिपु के रक्त से यह स्थान लाल रंग का हो गया था।

सिध=सिंधु

सिंधु

(1) सिंध नदी हिमालय की पश्चिमी श्रेणियों से निकल कर कराची के निकट समुद्र में गिरती है। इस नदी की महिमा ऋग्वेद में अनेक स्थानों पर वर्णित है —'त्वंसिंधो कुभया गोमती क्रुमुमेहत्न्वा सरथं याभिरीयसे' 10,75,6। ऋग्० 10,75,4 में सिंधु में अन्य नदियों के मिलने की समानता बछड़े से मिलने के लिए आतुर गायों से की गई है—'अभित्वा सिंधो शिशु-मिन्नमातरो वाश्रा अर्षन्ति पयसेव धेनव'। सिंधु के नाद को आकाश तक पहुंचता हुआ कहा गया है। जिस प्रकार मेघों से पृथ्वी पर घोर निनाद के साथ वर्षा होती है उसी प्रकार सिंधु दहाड़ते हुए वृषभ की तरह अपने चमकदार जल को उछालती हुई आगे बढ़ती चली जाती है—'दिवि स्वनो यततेभूम्यो पर्यनन्त शुष्ममुदियर्तिभानुना। अभ्रादिव प्रस्तनयन्ति वृष्टयः सिंधुर्यदेति वृषभो न रोरुवत्' ऋग्० 10,75,3।

सिंधु शब्द से प्राचीन पारसी का हिंदू शब्द बना है क्योंकि यह नदी भारत की पश्चिमी सीमा पर बहती थी और इस सीमा के उस पार से आने वाली जातियों के लिए सिंधु नदी को पार करने का अर्थ भारत में प्रवेश करना था। यूनानियों ने इसी आधार पर सिंध को इंडस और भारत को इंडिया नाम दिया था। अवेस्ता में हिंदू शब्द भारतवर्ष के लिए ही प्रयुक्त हुआ है (दे० मैकडानेल्ड—ए हिस्ट्री ऑव संस्कृत लिटरेचर, पृ० 141)। ऋग्वेद में सप्तसिंधवः का उल्लेख है जिसे अवेस्ता में हप्तहिंदू कहा गया है। यह सिंधु तथा उसकी पंजाब की छः अन्य सहायक नदियों (वितस्ता, असिक्नी, परुष्णी, विपाशा, शुतुद्रि, तथा सरस्वती) का संयुक्त नाम है। सप्तसिंधु नाम रोमन सम्राट् आगस्टस के समकालीन रोमनों को भी ज्ञात था जैसा कि महाकवि वर्जिल के Aeneid, 9,30 के उल्लेख से स्पष्ट है—Ceu septum surgens, sedatis omnibus altus per tacitum—Ganges'

सिंधु की पश्चिम की ओर की सहायक नदियों—कुभा सुवास्तु, क्रुमु और गोमती का उल्लेख भी ऋग्वेद में है। सिंधु नदी की महानता के कारण उत्तर-वैदिक काल में समुद्र का नाम भी सिंधु ही पड़ गया था। आज भी सिंधु नदी के प्रदेश के निवासी इस नदी को 'सिंध का समुद्र' कहते हैं (मैकडानेल्ड, पृ०

143) वाल्मीकि रामायण बाल० 43,13 मे सिधु को महा नदी की सज्ञा दी गई है, 'सुचक्षुश्चैव सीता च, सिधुश्चैव महानदी, तिस्रश्चैता दिश जग्मु प्रतीची सु दिश शुभा.'। इस प्रसग मे सिधु की सुचक्षु (=वक्षु) तथा सीता (=तरिम) के साथ गगा की पश्चिमी धारा माना गया है। महाभारत, भीष्म 9,14 मे सिधु का, गगा और सरस्वती के साथ उल्लेख है, 'नदीं पिबन्ति विपुला गगा सिधु सरस्वतीम् गोदावरी नर्मदा च बाहुदां च महानदीम्'। सिधु नदी के तटवर्ती ग्रामणीयो को नकुल ने अपनी पश्चिमी दिशा की दिग्विजय यात्रा मे जीता था, 'गणानुत्सवसकेतान् व्यजयत पुरुषर्षभ. सिंधुकूलाश्रिता ये च ग्रामणीया महाबला' सभा० 32,9। ग्रामणीय या ग्रामणेय लोग वर्तमान यूसुफजाइयों आदि कबीलो के पूर्वपुरुष थे। उत्सेधजीवी ग्रामीणीयो (उत्सेध-जीवी=लुटेरा) को पूगग्रामणीय भी कहा जाता था। ये कबीले अपने सरदारों के नाम से ही अभिहित किए जाते थे, जैसा कि पाणिनि के उल्लेख से स्पष्ट है 'स एषां ग्रामणी'। श्रीमद्भागवत 5,19,18 मे शायद सिधु को सप्तवती कहा गया है, क्योकि सिधु सात नदियो की सयुक्त धारा के रूप मे समुद्र मे गिरती है।

महारौली स्थित लौहस्तभ पर चद्र के अभिलेख मे सिधु के सप्तमुखो का उल्लेख है (दे० सप्तसिधु)। रघुवश 4 67 म कालिदास ने रघु की दिग्विजय के प्रसग मे सिधु तीर पर सेना क घोडो के विश्राम करते समय भूमि पर लोटने के कारण उनके कधो से सलग्न केसरखडो के विकीर्ण हो जाने का मनोहर वर्णन किया है, 'विनीताध्वश्रमास्तस्य सिधुतीरविचेष्टनै दुधुवुर्वाजिन स्कधांल्लग्नकुकुमकेसरान्'। इस वर्णन से यह सूचित होता है कि कालिदास के समय मे केसर सिधु नदी की घाटी मे उत्पन्न होता था। महाभारत मे वर्णित सागरद्वीप शायद सिध नदी का दक्षिणी समुद्र तट है। जैनग्रथ जबूद्वीपप्रज्ञप्ति मे सिधु नदी को चुल्लहिमवान् के एक विशाल सरोवर के पश्चिम की ओर से निसृत माना है और गगा को पूर्व की ओर से।

(2) सिध नदी के सिंचित प्रदेश—वर्तमान सिध (पाकि०) का प्रात। रघुवश 15,87 मे सिध नामक देश का रामचद्रजी द्वारा भरत को दिए जाने का उल्लेख है, 'युधाजितश्च सदेशात्स देश सिधुनामकम् ददौ दत्तप्रभावाय भरताय भृतप्रज'। इस प्रसग मे यह भी वर्णित है कि युधाजित् (भरत का मामा, केकय नरेश) से सदेश मिलने पर उन्होने यह कार्य सम्पन्न किया था। सभव है कि सिधु देश उस समय केकय देश के अधीन रहा हो। सिधु पर अधिकार करने के लिए भरत ने गधर्वों को हराया था—'भरतस्तत्र गधर्वा-

न्युधि निर्जित्य केवलम्, आतोद्यग्राहयामास समत्याजयदायुधम्' रघु० 15,88 अर्थात भरत ने युद्ध मे (सिंधु देश के) गधर्वों को हराकर उन्हें शस्त्र त्याग कर वीणा ग्रहण करने पर विवश किया । वाल्मीकि रामायण उत्तर० 100-101 मे भी यही प्रसग सविस्तर वर्णित है, 'सिंधोरुभयत पार्श्वदेश परमशोभन त च रक्षन्ति गधर्वा सायुधा युद्धकोविदा' उत्तर 100,11) । इससे सूचित होता है कि सिंधु नदी के दोनो ओर के प्रदेश को ही सिंधु देश कहा जाता था । इसमे गधार या गधर्वों का प्रदेश भी सम्मिलित रहा होगा । यह तथ्य इस प्रकार भी सिद्ध होता है कि भरत ने इस देश को जीतकर अपने पुत्रों को तक्षशिला और पुष्कलावती (गधार देश में स्थित नगर) का शासक नियुक्त किया था । तक्षशिला सिंधु नदी के पूर्व मे और पुष्कलावती पश्चिम मे स्थित थी । ये दोनों नगर इन दोनो भागो की राजधानी रहे होगे । सिंध के निवासियों को विष्णु 2,3,17 मे सैंधवा कहा गया है—'सौवीरा सैंधवाहूणा माल्वा कोसलवासिन' । सिंधु देश मे उत्पन्न लवण (सैंधव) का उल्लेख कालिदास ने रघु० 5,73 मे इस प्रकार किया है—'वक्त्रोष्मणा मलिनयन्ति पुरोगतानि, लेह्यानि सैंधवशिलाशकलानि वाहा' अर्थात् सामने रखे हुए सैंधव लवण के लेह्य शिलाखडो को घोडे अपने मुख की भाप से धुधला कर रहे हैं । सौवीर सिंधु देश का ही एक भाग था । महरौली (दिल्ली) मे स्थित चद्र के लौहस्तभ के अभिलेख में चद्र द्वारा सिंधु नदी के सप्तमुखों को जीते जाने का उल्लेख है—'तीर्त्वा सप्तमुखानि येन समरे सिंधोर्जिता वाह्लिका' तथा इस प्रदेश में वाह्लिकों की स्थिति बताई गई है (दे० दिल्ली) । यूनान के लेखकों ने अलक्षेंद्र के भारत-आक्रमण के सबध मे सिंधु-देश के नगरो का उल्लेख किया है । साइगरडिस (Sigerdis) नामक स्थान शायद सागर-द्वीप है जो सिंधु देश का समुद्रतट या सिंधु नदी का मुहाना जान पडता है । अलक्षेंद्र की सेनाएं सिंधु नदी तथा इसके तटवर्ती प्रदेश मे होकर ही वापस लौटी थी । हर्षचरित, चतुर्थ उच्छ्वास मे बाण ने प्रभाकरवर्धन को 'सिंधुराजज्वर' कहा है जिससे सिंधु देश पर उसके आतक का बोध होता है । अरबो के सिंध पर आक्रमण के समय वहा दाहिर नामक ब्राह्मण-नरेश का राज्य था । यह आक्रमणकारियों से बहुत ही वीरता के साथ लडता हुआ मारा गया था । इसकी वीरांगना पुत्रियों ने बाद मे, अरब सेनापति मुहम्मद बिनकासिम से अपने पिता की मृत्यु का बदला लिया और स्वय आत्महत्या करली । सिंध पर मुसलमानो का अधिकार 1845 ई० तक रहा जब यहा के अमीरो को जनरल नपियर ने मियानी के युद्ध म हराकर इस प्रात को ब्रिटिश राज्य में मिला लिया ।

3. =सिंध नदी। यह नदी विन्ध्य श्रेणी से (सिरौंज (म० प्र०) के उत्तर से) निकलकर, इटावा और जालौन (उ० प्र०) के बीच यमुना में मिल जाती है। श्रीमद्भागवत में इसका नर्मदा, चर्मण्वती और शोण आदि के साथ उल्लेख है—'नर्मदा चर्मण्वती सिंधुरन्ध शोणश्च नदी महानदी'। मेघदूत (पूर्वमेघ, 31) में कालिदास ने सिंधु का इस प्रकार वर्णन किया है—'वेणीभूतप्रतनुसलिला सावनीतस्य सिंधुः पांडुच्छायातटरुहतरुभ्रंशिभि जीर्णपर्णै, सौभाग्य न सुभग विरहावस्थया व्यजयन्ती, कार्श्यंयेन त्यजति विधिना स त्वयैवोपपाद्य'। मेघ के यात्रा-क्रम के अनुसार यह यमुना की सहायक प्रसिद्ध सिंधु हो सकती है, किंतु मेघ को, विदिशा से उज्जयिनी के मार्ग में, इस सिंध के मिलने की संभावना अधिक नहीं जान पड़ती क्योंकि वर्तमान भीलसा (प्राचीन विदिशा) से उज्जैन तक आने वाली सीधी रेखा से यह नदी पर्याप्त उत्तर में छूट जाती है। यह अधिक संभव जान पड़ता है कि कालिदास ने इस स्थान पर सिंधु से कालीसिंध नामक नदी का निर्देश किया है। यह नदी भी विंध्याचल की पहाड़ियों से निकल कर उज्जैन से थोड़ी दूर पश्चिम की ओर बहती हुई कोटा के उत्तर में चंबल में मिल जाती है। सिंधु नदी के वर्णन के पश्चात् ही 32 वें पद में कालिदास ने अवंती या उज्जैन का उल्लेख किया है जो इस नदी के कालीसिंध के साथ अभिज्ञान से ही ठीक जंचता है। यमुना की सहायक सिंध तो उज्जैन से काफी दूर—150 मील के लगभग उत्तर-पश्चिम की ओर विदिशा-उज्जैन के सीधे मार्ग से बाहर छूट जाती है। काली सिंध ही उज्जैन से ठीक पूर्व की ओर इसी मार्ग पर पड़ती है।

4 =काली सिंध। (दे० सिंधु 3)

सिंसपावन

सेतव्या के निकट एक नगर जिसका उल्लेख दीर्घनिकाय (2,316) में है। बौद्ध स्थविर कुमारकस्सप यहां रहते थे।

सिंहगढ़ (जिला पूना, महाराष्ट्र)

यह प्रसिद्ध किला महाराष्ट्र के प्रख्यात दुर्गों में से था। यह पूना से लगभग 17 मील दूर नैऋत्य-कोण में स्थित है और समुद्रतट से प्रायः 4300 फुट ऊंची पहाड़ी पर बसा हुआ है। इसका पहला नाम कोंढाणा था जो संभवतः इसी नाम के निकटवर्ती ग्राम के कारण हुआ था। दंतकथाओं के अनुसार यहां पर प्राचीन काल में कौंडिन्य अथवा शृंगी ऋषि का आश्रम था। इतिहासज्ञों का विचार है कि महाराष्ट्र के यादव या शिलाहार नरेशों में से किसी ने कोंढाणा के किले को बनवाया होगा। मुहम्मद तुगलक के समय में यह नागनायक नामक राजा

के अधिकार मे था। इसने तुगलक का आठ मास तक सामना किया था। इसके पश्चात् अहमदनगर के संस्थापक मलिक अहमद का यहां कब्जा रहा और तत्पश्चात् बीजापुर के सुलतान का। छत्रपति शिवाजी ने इस किले को बीजापुर से छीन लिया था। शायस्ताखां को परास्त करने की योजनाएं शिवाजी ने इस किले मे रहते हुए ही बनाई थीं और 1664 ई० मे सूरत की लूट के पश्चात् वे यही आकर रहने भी लगे थे। अपने पिता शाहजी की मृत्यु के पश्चात् उनका अंतिम संस्कार भी उन्होंने यहीं किया था। 1665 ई० मे राजा जयसिंह की मध्यस्थता द्वारा शिवाजी ने औरंगजेब से संधि करके यह किला मुगल सम्राट् को (कुछ अन्य किलो के साथ) दे दिया पर औरंगजेब की धूर्तता के कारण यह संधि अधिक न चल सकी और शिवाजी ने अपने सभी किलो को वापस ले लेने की योजना बनाई। उनकी माता जीजाबाई ने भी कोंडाणा के किले को ले लेने के लिए शिवाजी को बहुत प्रोत्साहित किया। 1670 ई० मे शिवाजी के बाल-मित्र मावला सरदार तानाजी मालुसरे अंधेरी रात मे 300 मावालियो को लेकर किले पर चढ़ गये और उन्होने इसे मुग़लों से छीन लिया किंतु इस युद्ध मे वे किले के संरक्षक उदयभानु राठौड़ के साथ लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। मराठा सैनिको ने अलाव जलाकर शिवाजी को विजय की सूचना दी। शिवाजी न यहा पहुच कर इसी अवसर पर ये प्रसिद्ध शब्द कहे थे कि 'गढआला सिंह गेला' अर्थात् गढ तो मिला किंतु सिंह (तानाजी) चला गया। उसी दिन से कोंडाणा का नाम सिंहगढ हो गया। सिंहगढ़ की विजय का वर्णन कविवर भूषण ने इस प्रकार किया है—'साहितनै सिवसाहि निसा मे निसक लियो गढ़ सिंह सोहानो, राठिवरो को सहार भयो, लरिके सरदार गिर्यो उदैभानो, भूषन यो घमसान भो भूतल घेरत लोथिन मानों मसानौ, ऊचे सुछज्ज छटा उचटी प्रगटी परभा परभात की मानों'। इस छद मे शिवाजी को सूचना देने के लिए ऊचे स्थानो पर बनी फूस की झोपड़ियों मे आग लगा कर प्रकाश करने का भी वर्णन है।

सिंहद्वीप

तीर्थमाला चैत्यवदन नामक जैन स्तोत्र-ग्रंथ मे सिंहलद्वीप को ही संभवतः सिंहद्वीप कहा गया है। बौद्धो की तीर्थस्थली होने के अतिरिक्त यह प्राचीन जैन तीर्थ भी था। इसकी पुष्टि विविधतीर्थकल्प नामक प्राचीन जैन ग्रंथ से होती है। किंतु उपर्युक्त स्तोत्र मे झेलम (पाकिस्तान) के निकट सिंहपुर नामक प्राचीन जैनतीर्थ का भी उल्लेख हो सकता है। यह उल्लेख इस प्रकार है—'सिंहद्वीप धनेर मगलपुरे चाऽग्राहरे श्रीपुरे'।

सिंह्पालीय दे० सुहानिया

सिंहपुर

(1) सारनाथ के निकट एक छोटा-सा ग्राम है। जैन किवदंती में कहा जाता है कि तीर्थंकर श्रियांसदेव को इसी स्थान पर तीर्थंकर भाव प्राप्त हुआ था। इनके नाम से प्रसिद्ध मंदिर सारनाथ में स्थित है।

(2) महावंश 6,35 के अनुसार कुमार सिंहबाहु ने लाटदेश के इस नगर को बसाया था। इसका अभिज्ञान सौराष्ट्र (बंबई) में वला (प्राचीन वलभि) के निकट वर्तमान सिहोर से किया गया है।

(3) (पश्चिम पाकि०) इस नाम के नगर का वर्णन युवानच्वांग के यात्रा-वृत्त में है। उसने इस स्थान को तक्षशिला से प्रायः 85 मील पर कश्मीर के मार्ग में देखा था। वह लिखता है कि सिंहपुर और तक्षशिला के बीच में डाकुओं का बहुत भय था। शायद यह नगर नमक की पहाड़ियों (Salt Ranges) के प्रदेश में स्थित था और वहां का मुख्य स्थान था। इसी सिंहपुर का उल्लेख महाभारत सभा० 27,20 में है—'तत सिंहपुर रम्यंचित्रायुधसुरक्षितम्, प्राधमद् बलमास्थाय पाकशासनिराहवे'। इस नगर को अभिसारी तथा उरगा को जीतने के पश्चात अर्जुन ने अपनी दिग्विजययात्रा के प्रसंग में जीता था। यहां सिंहपुर के राजा का नाम चित्रायुध दिया हुआ है। अभिसारी तक्षशिला के निकट स्थान था तथा उरगा वर्तमान हजारा (पश्चिम पाकि०) है। यह जैन तीर्थ भी था।

(4) दे० सीहपुर

सिंहभूम (बिहार)

यह जिला छोटा नागपुर के अंतर्गत स्थित है। मयूरभंज के निकट बामनघटी में रोम सम्राट् कोंस्टेन्टाइन के स्वर्ण के सिक्के मिले थे जिससे यह सूचित होता है कि प्राचीन काल में ताम्रलिप्ति के बंदरगाह से एक व्यापारिक मार्ग यहां होकर, उत्तर की ओर जाता था। बेनुसागर नामक स्थान पर 9 10वीं शती ई० के मंदिरों के अवशेष हैं। सिंहभूम जिले में तांबे के सिक्के बनाने के कारखाने थे।

सिंहल

(1) लंका का बौद्धकालीन नाम। सिंहल के प्राचीन बौद्ध (पाली) इतिहास-ग्रंथ महावंश में उल्लिखित किंवदंती के अनुसार लंका के प्रथम भारतीय नरेश की उत्पत्ति सिंह से होने के कारण इस देश को सिंहल कहा जाता था। सिंहल के बौद्धकालीन इतिहास का सविस्तार वर्णन महावंश में है। इस ग्रंथ में वर्णित है कि मौर्य सम्राट अशोक के पुत्र महेंद्र और संघमित्रा ने सिंहद्वीप पहुंचकर

वहां प्रथम बार बौद्ध मत का प्रचार किया था। गुप्तकाल मे समुद्रगुप्त की सत्ता का प्रभाव सिंहल तक माना जाता था और हरिषेण-रचित प्रयाग प्रशस्ति में सैंहलकों का गुप्त-सम्राट् के लिए भेंट आदि लेकर उपस्थित होना वर्णित है—'दैवपुत्र शाहीशाहानुशाहीशकमुरण्डैः सैंहलक आदिभिः'। बोधगया मे प्राप्त एक अभिलेख से यह भी सूचित होता है कि समुद्रगुप्त के शासनकाल मे सिंहल-नरेश मेघवर्ण ने इस पुण्यस्थान पर एक विहार बनवाया था। मध्यकाल की अनेक लोककथाओ मे सिंहल का उल्लेख है। जायसी रचित पद्मावत में सिंहल की राजकुमारी पद्मावती की प्रसिद्ध कहानी वर्णित है। लोककथाओ में सिंहल देश को धनधान्यपूर्ण रत्नप्रसविनी भूमि माना गया है जहां की सुंदरी राजकुमारियो से विवाह करने के लिए भारत के अनेक नरेश इच्छुक रहते थे। सिलोन सिंहल का ही अग्रेजी रूपांतर है। लका के अतिरिक्त सिंहल के पारसमुद्र, ताम्रद्वीप, ताम्रपर्णी तथा धर्मद्वीप आदि नाम भी बौद्ध साहित्य में प्राप्त होते हैं।

(2) कलिंग का एक नगर जिसका वर्णन महावस्तु मे है। (दे० कलिंग)

सिंहाचलम् (मद्रास)

वाल्टेयर स्टेशन से प्राय. तीन मील की दूरी पर पहाड के ऊपर नृसिंहस्वामी का प्राचीन मंदिर है। पर्वत पर 988 सीढ़ियां हैं। मंदिर से 100 गज की दूरी पर गगाधारा नामक तीर्थ है। किंवदती के अनुसार यह स्थान नृसिंहावतार की स्थली है।

सिंहेश्वर (बिहार)

दौरामधेपुरा नामक स्टेशन से 3 मील दूर स्थित है। कहा जाता है कि यहां प्राचीन समय मे शृगी मुनि का आश्रम था। मुंगेर यहां से 20 मील दूर है।

सिंहेश्वरी दे० अहल्याश्रम

सिउनी (म० प्र०)

मध्यकालीन जैन मदिरो के अवशेषो के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। वाकाटक महाराज प्रवरसेन द्वितीय का ताम्रदानपट्ट यहां से प्राप्त हुआ था जो उनके शासन के 18 वें वर्ष मे जारी किया गया था। इसमे ब्रह्मपूरक नामक ग्राम को दान मे दिए जाने का उल्लेख है। इसमे अन्य कई ग्रामो का वर्णन भी है जिनमे से कोल्लहपुर भी है।

सिकंदरा (उ० प्र०)

आगरे से छः मील दूर अकबर का समाधि-स्थान। स्थान का नाम सिकदर

लोदी के नाम पर प्रसिद्ध है। अकबर का मकबरा गुंबद रहित है। कहते हैं मुगल सम्राट ने स्वयं ही इसका नक्शा बनवाया था। इसके वास्तु में हिंदू एवं बौद्ध कला शैलियों का सम्मिश्रण है। औरंगजेब के समय में मथुरा आगरा क्षेत्र के जाटों ने जब विद्रोह किया तो उन्होंने अकबर के मकबरे में स्थित उसकी कब्र को खोद डाला और हड्डियां निकाल कर उन्हें जला दिया।

सिगौली (बिहार)

मोतीहारी के पश्चिम में स्थित है। इस स्थान पर 1816 ई० में नेपाल-युद्ध के पश्चात नेपालियों और अंग्रेजों में संधि हुई थी जिससे उत्तरी भारत का बड़ा पहाड़ी इलाका अंग्रेजों को मिल गया।

सितन्नवासल (मद्रास)

मूलनाम संभवत सिद्धण्णवास अर्थात 'सिद्धों का डेरा' है। यह स्थान पुदुक्कोटा से 9 मील दूर है। यहां पथरीली पहाड़ियों में शैलकृत जैन गुहा-मंदिर स्थित है। तीसरी शती ई० पू० का एक ब्राह्मी अभिलेख भी यहाँ उपलब्ध हुआ है। इसमें इन गुफाओं का जैन मुनियों के निवास के लिए निर्मित किया जाना उल्लिखित है। गुफाओं में अजंता की शैली के पल्लवकालीन (7वीं शती ई०) भित्तिचित्र भी प्राप्त हुए हैं।

सिद्धटेक (जिला पूना, महाराष्ट्र)

भीमा (=भीमरथी) के तट पर स्थित अष्टविनायकों में से एक है। यह महाराष्ट्र के वीर सेनानी हरिपंत फड़के का जन्मस्थान भी है। कहा जाता है ये कभी किसी युद्ध में नहीं हारे। निजाम की सेनाएं कई बार यहां आकर परास्त हुई। ग्राम के चतुर्दिक एक परकोटा है जिस पर सदा नगाड़ा बजता रहता था। कहा जाता है कि बादामी का किला जीतने के पहले हरिपंत फड़के ने सिद्धटेक के गणपति की मनौती की थी कि यदि जीत जाऊंगा तो किले को तोड़कर उसकी सामग्री से सिद्धटेक का परकोटा बनाऊंगा। यह चहारदीवारी उनके वचन की पूर्ति के प्रमाणस्वरूप आज भी स्थित है।

सिद्धण्णवास दे० सितन्नवासल

सिद्धपुर

(1) (जिला [illegible] गुजरात) इस नगर को [illegible] पाटन (गुजरात) के प्रसिद्ध राजा सिद्धराज ने [illegible] ई० [illegible] नहीं के तट पर बसा हुआ [illegible] [illegible] कर [illegible] में गिरती [illegible] पर [illegible] है। [illegible] कौरवों के [illegible]

नदी मे स्नान किया था। इस स्थान का प्राचीन नाम श्रीस्थल अथवा धर्मारण्य कहा जाता है (दे० धर्मारण्य)। पाटण-नरेश सिद्धराज ने इसके प्राचीन नाम को परिवर्तन करके सिद्धपुर कर दिया था। इस नगर में गुर्जरेश्वर मूलराज सोलंकी और उसके पुत्र सिद्धराज जयसिंह द्वारा निर्मित विशाल शिवमंदिर था जिसे रुद्रमहालय कहते थे। यह सरस्वती तट पर स्थित था। इसे अलाउद्दीन खिलजी ने गुजरात पर आक्रमण के समय तोड दिया था और अब केवल इसके खण्डहर दिखाई पडते हैं। मूल मंदिर के स्थान पर मसजिद बनवाई गई थी। हिंदू काल के कई अन्य मंदिर भी यहा स्थित हैं। सिद्धराज से 1 मील के लगभग बिंदुसर नामक सरोवर है जहा किंवदंती के अनुसार स्नान करने से कपिल की माता देवहूति का शरीर सुंदर हो गया था। यह महाभारत मे वर्णित विनशन नामक तीर्थ हो सकता है। हाल ही मे पूर्व सोलंकीकालीन (10वीं शती ई०) मंदिर के अवशेष यहा से उत्खनन द्वारा प्राप्त हुए हैं। इसका श्रेय निर्मल कुमार बोस तथा अमृतपाड्या को है। सिद्धराज को मातृ श्राद्ध का तीर्थ माना जाता है।

(2) (मैसूर) इस स्थान पर अशोक का लघु शिलालेख एक चट्टान पर उत्कीर्ण है। कुछ विद्वानो का मत है कि इस अभिलेख मे वर्णित इसिला नामक नगरी जो इस प्रदेश की मौर्यकालीन राजधानी थी, सिद्धपुर नगर के स्थान पर ही रही होगी।

सिद्धाचल

जैन-साहित्य में शत्रुंजय का नाम है।

सिद्धायतन

(1) जैन सूत्र-ग्रंथ जंबुद्वीप प्रज्ञप्ति में वर्णित महाहिमवत का एक शिखर (2) वैताढ्य पर्वत (विंध्याचल) का एक शिखर (3) चुल्लहिमवत का एक शिखर।

सिप्रा=शिप्रा

सिमरावद (बिहार)

घोडा सहन रेल स्टेशन से 5 मील पर नेपाल में स्थित है। यह स्थान राजा शिवसिंह की राजधानी थी। इन्ही शिवसिंह और इनकी रानी लखिमाबाई का मैथिलकोकिल विद्यापति ने अपने काव्य में वर्णन किया है।

सि... ...कल

सिरसागढ़ (बुंदेलखंड, म० प्र०)

पहूज नदी के तट पर स्थित है। यह स्थान 12वीं शती ई० में चंदेल राज्यसत्ता का केंद्र था। पृथ्वीराज चौहान ने परिमर्दिदेव(परमाल) पर आक्रमण करते समय प्रथम युद्ध यहीं किया था। सिरसागढ़ की लड़ाई का वर्णन आल्हाकाव्य का महत्वपूर्ण अंश है।

सिराम दे० मलखेड़

सिरालादेगांव (मघोल तालुका, जिला नदेड़, महाराष्ट्र)

इस स्थान से हिंदूकाल के भवनों के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

सिरोंज (जिला भोपाल, म० प्र०)

भोपाल के पास पुराना कस्बा है। यह मुगलकाल में काफी प्रसिद्ध था। सिरोंज के लिए मध्य रेल के गंजबसोदा स्टेशन से मार्ग जाता है। 1738 ई० में मराठों ने इस स्थान पर निजाम को हराया था। कविवर भूषण ने सिरोंज का कई बार उल्लेख किया है और लिखा है कि शिवाजी के डर से भाग कर मुसलमान सरदार सिरोंज में आकर शरण लेते थे—'भूषण सिरोंज लौं परावने परत फेर दिल्ली पर परत परिंदन की छार है', 'सहर सिरोंज लौं परावने परत हैं'।

सिलहट=श्रीहट्ट

सिवालिक

देहरादून हरद्वार की पहाड़ियों का नाम जो सामान्यतः शिवालिक या शिवालय का अपभ्रंश माना जाता है। किंतु इसका एक नाम सपादलक्ष भी ज्ञात होता है। सपादलक्ष का हिंदी अर्थ सवालाख है जो सिवालिक या सवालक से मिलता जुलता है।

सिहंघान दे० सिंदिमान

सिहावल दे० शिखावल

सिहावा (जिला रायपुर, म० प्र०)

महानदी के उद्गम स्थान धमतरी से 44 मील दूर है। किंवदंती है कि इस स्थान पर पूर्वकाल में भृंगी आदि सप्तऋषियों की तपोभूमि थी जिनके नाम से प्रसिद्ध कई गुफाएं पहाड़ों के उच्चशिखरों पर अवस्थित हैं। यहां के खंडहरों से छः मंदिरों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। पांच मंदिरों का निर्माण चंद्रवंशी राजा कर्ण ने 1114 शक संवत् = 1192 ई० में लगभग करवाया था जैसा कि यहां से प्राप्त निम्न अभिलेख से स्पष्ट है, 'तीर्थदेवहृदे तेन कृत प्रासादपंचकम्, स्वीय तत्र द्वय जात यत्र शंकरकेशवी। पितृभ्यां प्रददौ चान्यत कारयित्वा

द्यनृपः सदन देवदेवस्य मनोहारि त्रिशूलिनः । रणकेसरिणे प्रादान्नृपायैक सुरालय, तद्वशक्षीणता शाखामातृस्नेहेन कर्णराट् चतुर्दशोत्तरेसेयमेकादशशते शाके मद्धंता सर्वतो नित्य नृसिंहकविताकृति' (एपिग्राफिका इंडिका, भाग 9, पृ० 182)। इस अभिलेख से सूचित होता है कि इस स्थान का नाम देवहृद था और इसे तीर्थ रूप मे मान्यता प्राप्त थी। महाभारत अनुशासन 25,44 मे भी एक देवहृद का करवीरपुर के साथ उल्लेख है।

सीता

वर्तमान तरिम नदी जो पश्चिमी चीन के सिंकियांग प्रांत मे बहती है। इसकी एक शाखा यारकद नगर के निकट है (दे० एर्शेट खोतान-स्टाइन पृ० 27-35-42)। यह शाखा तिब्बत के उत्तरी पर्वतो मे से निकलती है। सभवतः इसका उद्गम गगा के उद्गम मानसरोवर के निकट ही है और इसीलिए हमारे प्राचीन साहित्य मे इस नदी को गगा की ही एक पश्चिमी शाखा माना गया है। शायद सीता का सर्वप्रथम उल्लेख वाल्मीकि रामायण बाल० 43,13 में है—'सुचक्षुश्चैव सीता च सिंधुश्चैव महानदी। तिस्र प्राचीं दिश जग्मुः गगाः शिवाजलाः शुभा.' अर्थात् सुचक्षु, सीता और सिंधु पुण्यजला गगा की तीन पश्चिमगामिनी शाखाए हैं। महाभारत भीष्म० 6,48 मे भी सीता को गगा की धारा माना है—'वस्वोकसारा नलिनी पावनी च सरस्वती, जबूनदी च सीता च गगा सिंधुश्च सप्तमी'। विष्णुपुराण के अनुसार सीता भद्राश्ववर्ष की एक नदी है जो गगा ही की एक शाखा है—'विष्णुपादविनिष्क्राता प्लावयित्वेन्दुमडलम्, समन्ताद् ब्रह्मणः पुर्यांगगा पतति वै दिव । सा तत्र पतिता दिक्षु चतुर्द्धा प्रतिपद्यते, सीता चालकनन्दा च चक्षुर्भद्रा च वै क्रमात्'। 'पूर्वेण शैलात्सीता तु शैल यात्यन्तरिक्षगा, ततश्च पूर्ववर्षेण भद्राश्वेनैति सार्णवम्'—इस उद्धरण के अनुसार सीता, पूर्व की ओर से एक पर्वत से दूसरे पर प्रवाहित होती हुई भद्राश्व को पारकर समुद्र मे मिल जाती है।

सीतादोहर दे० टडवा

सीतानगर (जिला दमोह, म० प्र०)

दमोह से 17 मी[illegible] पर सुनार नदी के तट पर स्थित है। सुनार वैक [illegible]र कोपर नदियो का सगमस्थल निकट ही है। यह प्राचीन तीर्थ है। कहा जाता है यहा वाल्मीकि का आश्रम था [illegible] सीता अपने दूसरे [illegible] सगम पर [illegible] का प्राचीन मदिर [illegible]

सीतापुरी दे० [illegible]

सीतामढ़ी (जिला मुजफ्फरपुर, बिहार)

प्राचीन जनश्रुति में सीतामढ़ी को जनकनंदिनी सीता का जन्मस्थान माना जाता है। यह ग्राम लखनदेई नदी के तट पर अवस्थित है। सीतामढ़ी से एक मील पर पुनउड़ा नाम के गांव के पास एक पक्का सरोवर तथा मंदिर स्थित है। कहते हैं कि सीता का जन्म इसी स्थान पर हुआ था।

सीतेप=श्रीदेव

सीबी दे० वशाति

सीरपुर=सिरपुर [दे० श्रीपुर (2)]

सीस्तान दे० शकस्थान

सीहपुर

चेतियजातक के अनुसार चेदिराज उपचर के पुत्र ने चेदिजनपद में इस नगर को बसाया था। इसका शुद्ध नाम सिंहपुर हो सकता है।

सीही

16 वीं शती में गोसाईं गोकुलनाथ द्वारा लिखित ग्रंथ 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' के अनुसार इस स्थान को महाकवि सूरदास का जन्मस्थान माना गया है और इसे दिल्ली के निकट बताया गया है। 1647 ई० में इस ग्रंथ के संपादक कंठमणि शास्त्री ने लिखा था कि सीही गाव का सीहोरा और शेरगढ़ नाम से प्राचीन ग्रंथों में उल्लेख मिलता है। वर्तमान सीही दिल्ली से 10-12 मील दूर (दिल्ली-मथुरा रेल मार्ग पर जिला गुड़गांव (पंजाब) के बल्लभगढ़ कस्बे से एक मील) स्थित है। किंवदंती है कि प्राचीन काल में इस स्थान पर जनमेजय ने नागयज्ञ किया था। प्राचीन बस्ती अब एक बृहत् टीले के रूप में है जिसे ग्रामवासी खेरा कहते हैं। यहां की मिट्टी में जले हुए लोहे के अनुरूप कोई वस्तु पाई जाती है जिसे ग्रामीण कीटी कहते हैं और उनका विश्वास है कि यह जले हुए सर्पों के अस्थिसंचय जैसी कोई वस्तु है। वास्तविकता यह है कि टीले के नीचे पुरानी इमारतों के चिह्न मिलते हैं और स्थान काफी प्राचीन जान पड़ता है। नगर में पहले लोहा फूंकने का कारखाना स्थित था क्योंकि लोहे की भट्ठियों के अवशेष भी यहां मिले हैं। लोहे के अवशेषों के आधार पर ही उपयुक्त किंवदंती गढ़ी गई प्रतीत होती है। [illegible]

[illegible]

सुवरगढ़

उडीसा का एक जिला जहा नवपाषाण युगीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। इनमें नवपाषाण-उपकरण तथा चकमक-पत्थर के बने औजार उल्लेखनीय हैं। यहा उषाकुटी नामक चार गुफाएं हैं जिनमे भित्ति-चित्र तथा अभिलेख उत्कीर्ण हैं।

सुबरसी (म० प्र०)

पूर्व-मध्यकालीन इमारतो के अवशेषो के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

सुदरिकाहृद

'देविकायामुपस्पृश्य तथा सुदरिकाहृदे, अश्विन्या रूपवर्चस्कं प्रेत्य वै लभते-नर.' महा० अनुशासन 25,21। यह देविका (पजाब की नदी देह) के निकट कोई तीर्थ जान पडता है। सभव है यह सुदरिका नदी का कोई कुड हो।

सुसुमारगिरि

बुद्धपूर्व काल मे तथा बुद्ध के समय, पूर्वी उत्तरप्रदेश में शायद जिला मिर्जापुर मे स्थित चुनार के निकट यह स्थान भग्गगणराज्य की राजधानी के रूप मे विख्यात था। पीछे वत्सजनपद के राजाओ ने भग्गो को हरा कर उनका राज्य वत्स मे सम्मिलित कर लिया था। धोनसाख जातक (कॉवेल स० 353) मे सुसुमारगिरि को वत्स के अधीन बताया गया है। सभव है चुनार की पहाडी का नाम ही सुसुमारगिरि हो क्योकि इसकी आकृति शिशुमार (पाली सुसुमार) या मगर से मिलती-जुलती है। इस पहाडी का आकार 'चरण' के समान भी माना गया है जिसके आधार पर इसे चरणाद्रि (चुनार का शुद्धरूप) नाम से अभिहित किया गया था।

सुईविहार (जिला बहावलपुर, सिंध, पश्चिमी-पाकिस्तान)

बहावलपुर से 16 मील दक्षिण-पश्चिम की ओर स्थित है। कनिष्ककालीन एक बौद्धविहार के अवशेष यहां प्राप्त हुए हैं। इस स्थान से सम्राट् कनिष्क (78 ई० या 120 ई० के लगभग) का एक अभिलेख प्राप्त हुआ था जिससे उसके राज्य का विस्तार इस प्रदेश तक सूचित होता है। यहा एक ऊचे, सकीर्ण स्तूप से एक अन्य अभिलेख 46 ई० पू० का भी मिला है जो ताम्रपट्ट पर उत्कीर्ण है। यह ताम्रपट्ट 2½ फुट लबा-चौडा है।

सुकक्ष

द्वारका के निकट एक पर्वत जिसका उल्लेख महाभारत सभापर्व, 38 मे है—'सुकक्षो राजत शैलश्चित्रपुष्पमहावनम्'। इसके चारो ओर चित्रपुष्प,

शतपत्र, करवीर, तथा कुसभि नामक वन स्थित थे।

सुकुमार

(1) महाभारत सभा 29,10 मे उल्लिखित एक पर्वत जिसे भीम ने पूर्व दिशा की दिग्विजय के प्रसग मे जीता था, 'ततो दक्षिणमागम्य पुलिन्दनगरं महत्, सुकुमार वशेचक्रे सुमित्र च नराधिपम्'। जान पडता है कि यहां पुलिंदनगर को ही सुकुमार नाम से अभिहित किया गया है। इसके पूर्व ही अश्वमेधनगर की विजय का उल्लेख है जो सभवत चबल' की उपनदी अश्व के तट पर कान्यकुब्ज या कन्नौज के निकट बसा हुआ था। सुकुमार या पुलिंदनगर इसके दक्षिण की ओर रहा होगा। यहां के राजा सुमित्र का इसी प्रसग मे नामोल्लेख है। महाभारत काल मे पुलिंद नामक जाति विंध्याचल की तराई में बेतवा के दोनों तटों के समीप निवास करती थी। सुमित्र शायद पुलिंदजातीय था। सहदेव ने अपनी दक्षिण दिशा की दिग्विजय मे भी सुकुमार पर अधिकार किया था—'सुकुमार वशे चक्रे सुमित्र च नराधिपम्, तथैवापरमत्स्यांश्च व्यजयत् स पटच्चरान्' सभा० 31,4। अपरमत्स्य का प्रदेश मथुरा और राजस्थान के बीच का भाग था। सुकुमार का इसी के पश्चात् उल्लेख है।

(2) विष्णु० 2,4,60 के अनुसार शाकद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा भव्य के पुत्र सुकुमार के नाम पर ही सुकुमार कहलाता है।

सुकुमारी

(1) 'नद्यश्चात्र महापुण्या', सर्वपापभयापहा, सुकुमारी कुमारी च नलिनी धेनुका च या, इक्षुश्चवेणुका चैव गभस्ती सप्तमी तथा अन्याश्च शतस्तत्रक्षुद्रनद्यो महामुने' विष्णु० 2,4,65 65। इस उद्धरण से विदित होता है कि सुकुमारी शाकद्वीप की सप्त महानदियों मे से है। [दे० सुकुमार, (2)]

2—कुमारी नदी (मत्स्यपुराण 113)

सुकृता

विष्णुपुराण 2, 4, 11 के अनुसार प्लक्षद्वीप की एक नदी, 'अनुतप्ता शिखी चैव विपाशा त्रिदिवा क्लमा, अमृता सुकृता चैव सप्तैतास्तत्र निम्नगा:'।

सुकुट्ट

यह स्थान महाभारत मे उल्लिखित है। वा० श० अग्रवाल के अनुसार यह वर्तमान सुकेत (हिमाचल प्रदेश) है। (दे० कादम्बिनी, अक्तूबर 1962)

सुकेत (हिमाचल प्रदेश)

सुकेत शुकदेव की पुण्यभूमि कही जाती है। शुकदेव-वाटिका नामक एक उद्यान शुकदेव के नाम पर यहा स्थित भी है जहा से, किंवदंती के अनुसार,

एक सुरंग हरद्वार जाती है। सुकेत नाम को सुकदेव का ही अपभ्रंश रूप कहा जाता है। (दे० सुकट्ट)

सुख

विष्णुपुराण 2,45 के अनुसार प्लक्षद्वीप का एक 'वर्ष' जो इस द्वीप के राजा मेधातिथि के पुत्र सुख के नाम पर प्रसिद्ध है।

सुखा

वरुण की नगरी। इसे वसुधा नगर भी कहते हैं।

सुखोदय (थाईलैंड)

उत्तरी स्याम (थाईलैंड) में 13वीं शती में स्थापित हिंदू राज्य। इसका संस्थापक इंद्रादित्य नामक एक थाई हिंदू सरदार था। इसने कंबुज नरेश के विरुद्ध विद्रोह करके एक स्वतंत्र राज्य स्थापित किया था जिसकी राजधानी सुखोदय (सुखोथाई) नामक नगर में थी। इसने सुखोदय राज्य की सीमाओं का दूर दूर तक विस्तार किया। इसके पुत्र रामकामहेंग के राज्यकाल में सुखोदय की और भी अधिक उन्नति हुई। यह बौद्ध था। इस राज्य की दूसरी राजधानी सज्जनालय नामक नगर में थी। रामकामहेंग के एक अभिलेख में तत्कालीन सुखोदय के संबंध में काफी सूचना मिलती है। आरंभ में सुखोदय राज्य का एक नाम स्याम या श्याम (चीनी भाषा में 'सीएन') भी था जो कालांतर में पूरे देश का ही नाम हो गया।

सुचींद्रम् (केरल)

त्रिवेंद्रम से कन्याकुमारी जाने वाले मार्ग पर स्थित है। यहां स्थित प्राचीन मंदिर दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। सुचींद्रम् से कई महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक अभिलेख भी मिले हैं। मंदिर की प्रस्तर मूर्तिकारी विशेष रूप से सराहनीय है।

सुतीक्ष्णाश्रम (ज़िला बांदा, उ० प्र०)

इलाहाबाद-मानिकपुर रेल मार्ग पर जैतवारा स्टेशन से प्रायः 20 मील और शरभंगाश्रम से सीधे जाने पर 10 मील पर स्थित है। वाल्मीकिरामायण में चित्रकूट से आगे जाने पर अनेक मुनियों के आश्रमों से होते हुए राम-लक्ष्मण-सीता के ऋषि सुतीक्ष्ण के आश्रम में पहुंचने का उल्लेख है। यहां वे वनवास काल के 10वें वर्ष के व्यतीत होने पर पहुंचे थे—'रमतश्चानुकूल्येन ययु' संवत्सरा दश, परिसृत्यच धर्मज्ञो राघवः सह सीतया। सुतीक्ष्णस्याश्रमपद पुनरेव जगाम ह, स तमाश्रममागम्य मुनिभिः परिपूजितः। तत्रापि न्यवसद्राम-किंचित्कालमरिंदम, अथाश्रमस्थो विनयात्कदाचित्त महामुनिम्' अरण्य० 11, 27-28-29। यहां से वे सुतीक्ष्ण के गुरु अगस्त्य के आश्रम में पहुंचे थे। रघुवंश, 13,41 में पुष्पकविमानारूढ़ राम सुतीक्ष्ण का वर्णन इस प्रकार करते हैं, 'हविर्भुजा मेधवतां चतुर्णां मध्ये ललाटतपसप्तसप्तिः असौ तपस्यत्यपरस्तपस्वी नाम्ना सुतीक्ष्णः चरितेन दान्तः'। सुतीक्ष्णाश्रम के आगे शरभंगाश्रम का तथा फिर चित्रकूट का वर्णन रघु० 13 में होने से सुतीक्ष्णाश्रम की स्थिति उपर्युक्त अभिज्ञान के अनुसार ठीक समझी जा सकती है, क्योंकि चित्रकूट इस स्थान से अधिक दूर नहीं होना चाहिए। चित्रकूट भी ज़िला बांदा में ही है। अध्यात्मरामायण, अरण्य० 2,55 में सुतीक्ष्ण के आश्रम का इस प्रकार वर्णन है—'सुतीक्ष्णस्याश्रम प्रागात्प्रख्यातमृषिसंकुलम्, सर्वर्तुगुण सम्पन्न सर्वकालसुखावहम्'। तुलसीदास ने रामचरितमानस, अरण्यकांड दोहा 9 के आगे सुतीक्ष्ण-राम मिलन का मधुर वर्णन किया है। (दे० शरभंगाश्रम)

सुदर्शन

(1)=काशी

(2) महाभारत भीष्मपर्व 5,6 के अनुसार एक भूखंड जिसका प्रतिबिंब चंद्रमा में दिखाई देता है—'एवं सुदर्शनद्वीपो दृश्यते चंद्रमंडले' भीष्म० 5,16।

(3) वाल्मीकि रामायण, किष्किंधा० 43,16 में उल्लिखित हिमालय की उत्तरी श्रेणियों का कोई शिखर 'तमतिक्रम्य शैलेंद्र, हेमगर्भं महागिरिम्, ततः सुदर्शनं नाम पर्वतं गन्तुमर्हथ'।

(4) =सुदर्शन सरोवर (दे० गिरनार)

सुवस्तु दे० काशी

सुदामा

(1) वाल्मीकि रामायण, अयो० 68,18 में इस पर्वत का उल्लेख है। इसके पास से होते हुए अयोध्या के दूत केकय देश गये थे—'अवेक्ष्याञ्जलिपानाश्च ब्राह्मणान् वेदपारगान्, ययुर्मध्येन बाह्लीकान् सुदामानं च पर्वतम्'। इस पर्वत का उल्लेख महाभारत सभा० 27,17 में भी है। इसे अर्जुन ने उत्तर दिशा की दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में विजित किया था—'मोदापुरं वामदेवं सुदामानं सुसंकुलम्, उलूकानुत्तरांश्चैव तांश्च राज्ञः समानयत'। प्रसंगानुसार यह पर्वत कुलू की पहाड़ियों का कोई भाग जान पड़ता है। यहीं सुसकुल जनपद की भी स्थिति थी। (दे० मोदापुर, वामदेव, उलूक)

(2) सुदामा नाम की नदी केकय-देश की राजधानी राजगृह या गिरिव्रज के पास बहती थी। भरत ने अयोध्या आते समय इसे पार किया था, 'स प्राङ्मुखो राजगृहादभिनिर्याय वीर्यवान्, ततः सुदामां द्युतिमान् संतीर्यावेक्ष्य तां नदीम्,' वाल्मीकि रामा०, अयो० 71, 1.

सुदामापुरी

पोरबंदर (काठियावाड, बंबई) का प्राचीन नाम सुदामापुरी कहा जाता है। श्रीमद्भागवत में वर्णित सुदामा और कृष्ण की कथा के अनुसार निर्धन ब्राह्मण सुदामा जो द्वारकापति कृष्ण का बालमित्र था उनके पास बड़े संकोच से अपनी दरिद्रता के निवारण के लिए गया था जिसके फलस्वरूप कृष्ण ने सुदामा की पुरी को उसके अनजाने में ही द्वारका के समान समृद्धशालिनी बना दिया था—'इति तच्चिन्तयन्तः प्राप्तो निजगृहान्तिकम्, सूर्यानलेन्दु संकाशैर्विमानैः सर्वतोवृतम्, विचित्रोपवनोद्यानैः कूजद्द्विजकुलाकुलैः, प्रोत्फुल्ल कुमुदाम्भोजकह्लारोत्पलवारिभिः, जुष्टम् स्वलङ्कृतैः पुम्भिः स्त्रीभिश्च हरिणाक्षिभिः किमिदं कस्य वास्थानं कथं तदिदमित्यभूत्' श्रीमद्भागवत 10,81,21-22-23। पोरबंदर की स्थिति द्वारका के निकट होने के कारण इसको सुदामापुरी मानना संगत जान पड़ता है।

सुधर्म्मवती (बर्मा)

थाटन का प्राचीन भारतीय नाम। ब्रह्मदेश की प्राचीन ऐतिहासिक कथाओं के अनुसार सुधर्म्मवती 59 भारतीय नरेशों की राजधानी रही थी। थाटन सुधर्म्मवती का ही अपभ्रंश कहा जाता है।

सुनकोसी

उत्तर-पूर्व भारत की नदी। इसमें ताम्रा और अरुणा नदियां मिलती हैं। इसी स्थान पर कोकामुख तीर्थ था।

सुनाचारघाट दे० सहस्रावर्त

सुपर्णा

गोदावरी की एक दक्षिणी शाखा।

सुपार्श्व

विष्णुपुराण 2,2,17 के अनुसार इलावृत के चार पर्वतों में से है जो इस भूखंड के पश्चिम में स्थित है—'विपुलः पश्चिमे पार्श्वे सुपार्श्वश्चोत्तरे स्मृत'।

सुप्रभ

विष्णुपुराण 2,4,29 के अनुसार शाल्मलद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस महाद्वीप के राजा वपुष्मान् के पुत्र सुप्रभ के नाम पर प्रसिद्ध है।

सुप्रभा

पुष्कर (जिला अजमेर, राजस्थान) के निकट बहने वाली एक नदी जो पुष्कर की प्रसिद्ध नदी सरस्वती ही की एक धारा मानी जाती है।

सुप्रात

मेसोपोटेमिया की फरात (Euphrates) नदी का संस्कृत नाम।

सुबाहुपुर

'अतीत्य दुर्गं हिमवत्प्रदेशं पुरं सुबाहोर्ददृशुर्नृवीरा' महा० वन० 177, 12। हिमालय पर्वत में बदरीनारायण के निकट नगर जिसकी स्थिति वर्तमान टिहरी-गढ़वाल के क्षेत्र में थी। यहां अपनी हिमालय यात्रा में पांडव कुछ समय ठहरे थे।

सुभूमिक

, महाभारत के अनुसार सुभूमिक तीर्थ सरस्वती नदी के तट पर स्थित था। यह विनशन से उत्तर में था—'सुभूमिकं ततोऽगच्छत् सरस्वत्यास्तटेवरे तत्राप्सरस शुभा नित्यकालमतन्द्रिता' महा० श० 37,3। इस तीर्थ की, बलराम ने सरस्वती के अन्य तीर्थों के साथ यात्रा की थी। इसकी स्थिति राजस्थान के उत्तरी या पंजाब के दक्षिणी भाग में मानी जा सकती है।

सुमनकूट

सिंहल के प्राचीन इतिहास-ग्रंथ महावंश 1,33 में उल्लिखित है। यह लंका में स्थित श्रीपाद या आदम की चोटी (Adam's Peak) का नाम है। महावंश के वर्णन के अनुसार गौतमबुद्ध जंबूद्वीप से सिंहल आते समय इस चोटी

पर उतरे थे। यह कथा काल्पनिक है। यहां दो चरण चिह्न अवस्थित हैं जिन्हें बौद्ध बुद्ध के पावों के निशान मानते हैं और ईसाई आदम के। प्राचीन समय-मे इन्हें भगवान् राम के चरण चिह्न माना जाता था। यह पर्वत वाल्मीकि रामायण का सुवेल हो सकता है। महाभारत, सभा० 31,68 मे इसे शायद रामक या रामपर्वत कहा गया है।

सुमनस्

विष्णुपुराण 2,4,7 मे उल्लिखित प्लक्षद्वीप का एक पर्वत, 'गोमेदश्चैव चन्द्रश्च नारदो दुंदुभिस्तथा, सोमकःसुमनाश्चैव वैभ्राजश्चैव सप्तमः'।

सुमागधी

वाल्मीकि रामायण बाल०32,9 मे वर्णित एक नदी जिसे मगध देश में स्थित गिरिव्रज या राजगृह के निकट और पांच पहाड़ो के बीच मे बहती हुई कहा गया है—'सुमागधी नदी रम्या मागधान्विश्रुतायथौ, पचाऽऽनां शैलमुख्यानाम् मध्ये मालेव शोभते'। इस नदी का अभिज्ञान वैभार-पहाड़ी के नीचे जरासंघ की रणभूमि के निकट से बहने वाले नाले '(रणभूमि का नाला)' से किया गया है। (गाइड टु राजगीर, पृ० 17) [दे० गिरिव्रज (2) राजगृह]।

सुमात्रा दे० श्रीविजय; सौम्याक्ष

सुमेरपुर (जिला हमीरपुर, उ० प्र०)

यहां रेलस्टेशन के निकट चंदेल राजपूतो के समय (12वीं शती ई०) के भग्नावशेष स्थित हैं। 12वीं शती मे यहां परिमर्ददेव (परमाल) का राज्य था जिसे पृथ्वीराज चौहान ने हराया था।

सुमेरु दे० मेरु

सुरगिरि

=देवगिरि (दौलताबाद)। इसका प्राचीन जैन-तीर्थ के रूप मे उल्लेख (तीर्थ माला चैत्यवदन मे) इस प्रकार है—'वंदे स्वर्णगिरौ तथा सुरगिरौ श्रीदेवकी-पत्तने'।

सुरनदी

(1) रामटेक (जिला नागपुर, महाराष्ट्र) के पूर्व मे बहने वाली नदी जिसे सूर्यनदी भी कहा जाता है।

(2) =गंगा

सुरभीपत्तन

महाभारत, सभा० 31,68 में वर्णित है। इसको सहदेव ने अपनी दक्षिण की दिग्विजय यात्रा मे जीता था—'कृत्स्नं कोलगिरिं चैव सुरभीपत्तनं तथा द्वीपं

ताम्राह्वय चैव पर्वत रामक तथा'। प्रसग से यह स्थान कोलाचल के निकट कोई बंदरगाह (पत्तन) जान पड़ता है। महाभारत के कुछ संस्करणों मे इसका पाठांतर मुरचीपत्तन है जो वर्तमान क्रगनोर (केरल) का बंदरगाह है (दे० मुरचीपत्तन, क्रगनोर, तिरुवांचीकुलम्)

सुरवल=सुरौल

सुरवाया दे० सरस्वतीपत्तन

सुरसरि

(1)=गगा। 'सुरसरि सरसई दिनकर कन्या,' 'सुरसरिधार नाम मदाकिनि' तुलसीदास। पुराणो में गगा को देवनदी माना गया है।

(2) गुजरात की छोटीसी नदी जो ऋषितीर्थ के निकट साबरमती में मिल जाती है।

सुरसा

श्रीमद्भागवत 5,19,18 मे नदियो की सूची मे उल्लिखित है जहां इसका नामोल्लेख रेवा (नर्मदा का पूर्वी पहाड़ी भाग) और नर्मदा (नर्मदा का पश्चिमी मैदानी भाग) के बीच मे है। विष्णुपुराण 2,3,11 के अनुसार यह नदी नर्मदा नदी के समान विंध्याचल से निकलती है, 'नर्मदा सुरसाद्याश्च नद्यो विंध्याद्रि निर्गता'। यह नर्मदा के निकट प्रवाहित होने वाली कोई नदी है। सुरसा का अर्थ सुदर रस या जलवाली नदी है।

सुराष्ट्र

काठियावाड़ (गुजरात, बम्बई) तथा निकटवर्ती प्रदेश का प्राचीन नाम। इसे सौराष्ट्र भी कहते थे। महाभारत, सभा० 31,62 मे सहदेव द्वारा सुराष्ट्राधिप पर विजय पाने का उल्लेख है। 'वशे चक्रे महाबाहु सुराष्ट्राधिपतिं तदा, सुराष्ट्रविषयस्थश्च प्रेषयामास रुक्मिणे'। रुद्रदामन् के गिरिनार अभिलेख (150 ई० के लगभग) मे सुराष्ट्र को क्षत्रप रुद्रदामन् द्वारा विजित प्रदेश बतलाया है 'स्ववीर्यार्जितानामनुरक्तसर्वप्रकृतीनां आनर्त सुराष्ट्रश्वभ्रभरुकच्छ सिंधुसौवीरकुकुरापरान्तनिषादादीनाम्'। (दे० सौराष्ट्र)

सुरासागर

पौराणिक भूगोल की कल्पना के अनुसार पृथ्वी के सप्तसागरों में से है, 'एते द्वीपा समुद्रैस्तु सप्तसप्तभिरावृता लवणेक्षु सुरासर्पिर्दधिदुग्धजलै समम्'—विष्णु० 2,2,6।

सुरोर (म० प्र०)

मध्य रेलवे के जुकेही रेल स्टेशन से 14 मील दूर एक ग्राम है जहां गुप्तयुगीन

महमूद के समय का एक शिला अभिलेख, जिसकी तिथि जेठ सुदी 11,1385 वि० सं० = 1328 ई० है, पाया गया है। यह स्थान सतीचौरा है।

सुरोवनम्

किष्किंधा के निकट शबरी के आश्रम के रूप मे यह स्थान प्रसिद्ध है। यहां श्रीराम-लक्ष्मण के मंदिर मे शबरी की मूर्ति भी स्थित है (दे० किष्किंधा; सबरीमलाई)। शबरी का आश्रम पंपासरोवर के निकट था (शबरी के आश्रम का वाल्मीकि-रामायण मे जो उल्लेख है उसके लिए दे० पंपासर)। अध्यात्म-रामायण मे शबरी और राम के मिलन की कथा अरण्यकांड, दशम सर्ग में सविस्तर दी हुई है जिसका कुछ अंश इस प्रकार है—'त्यक्त्वा तद्विपिन घोरं सिंहव्याघ्रादि। दूषितम् सर्वराश्रमपद शबर्या रघुनन्दन। शबरी राममालोक्य लक्ष्मणेन समन्वितम् आयान्तमाराद्धर्षेण प्रत्युत्थायाचिरेण सा। संपूज्य विधिवद्राम स सौमित्र सपर्यया, संगृहीतानि दिव्यानि रामार्थं शबरीमुदा। फलान्यमृतकल्पानि ददौ रामायभक्तित, पादौ संपूज्य कुसुमै सुगंधै, सानुलेपनैः' अरण्य० 10,4-5 8-9। तुलसीदास रामचरितमानस, अरण्यकांड मे लिखते हैं—'ताहि देई गति राम उदारा, सबरी के आश्रम पगुधारा। सबरी देख राम गृह आए, मुनि के बचन समुझि जिय भाए। सरसिज लोचन बाहु विशाला, जटा-मुकुट सिर उर बन माला। कंद मूल फल सुरस अति, दिए राम कहु आनि, प्रेम सहित प्रभु खाए बारबार बखानि'।

सुरौल—सुरवल दे० औरादेई

सुलतानगंज (जिला भागलपुर, बिहार)

गंगातट पर यह संभवत बौद्धकालीन स्थान है। कई विहारों तथा एक स्तूप के अवशेष यहां से प्राप्त हुए हैं। बुद्ध की एक विशाल ताम्र प्रतिमा यहां के अवशेषों में उल्लेखनीय है। इस मूर्ति की कला-शैली नालंदा से प्राप्त धातु-मूर्तियों से मिलती-जुलती है। यह मूर्ति अब बर्मिंघम (इंगलैंड) के संग्रहालय मे सुरक्षित है। रा० दा० बनर्जी ने इस मूर्ति को मूर्तिकला की पाटलिपुत्र शैली में निर्मित माना है।

सुलतानपुर दे० कुशभवनपुर

सुवर्णगिरि

अशोक के लघुशिला लेख सं० 1 मे वर्णित नगरी जो मौर्यकाल मे दक्षिणापथ की राजधानी थी। इस प्रांत का शासक कुमारामात्य सुवर्णगिरि मे ही रहता था। कुछ विद्वानों ने सुवर्णगिरि का मासकी से अभिज्ञान किया है जहां अशोक का उपर्युक्त शिलालेख उत्कीर्ण है। हुल्ट्ज के मत मे अशोक के

समय की सुवर्णगिरि मासकी के दक्षिण मे स्थित सोनगिरि नामक स्थान भी हो सकता है। खानदेश के प्रदेश मे कोंकण और खानदेश के उत्तरवर्ती मौर्यों के अभिलेख प्राप्त भी हुए हैं (दे० राय चौधरी, पोलिटिकल हिस्ट्री ऑव इंडिया, पृ० 257)। जान पड़ता है कि सुवर्णगिरि, मैसूर के उस भाग (दे० कोलर) मे स्थित थी जो सोने की खानों के लिए प्राचीन काल से ही प्रसिद्ध रहा है और इस दृष्टि से मासकी से ही इस नगरी का अभिज्ञान अधिक समीचीन जान पड़ता है।

सुवर्णगोत्र

युवानच्वांग ने इस स्थान पर स्त्री राज्य का वर्णन किया है। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है। (दे० मुकर्जी, हर्ष, पृ० 41)

सुवर्णग्राम

(1)=सोनार गांव

(2) यचार (युन्नान) के पूर्व और स्याम (थाईलैंड) के पश्चिम में स्थित प्राचीन भारतीय उपनिवेश जिसका उल्लेख स्याम के प्राचीन पाली इतिहास-ग्रंथो मे है। इसके उत्तर में खेमराष्ट्र स्थित था।

सुवर्णद्वीप=सुवर्णभूमि

दूरपूर्व के देशो तथा द्वीपो का प्राचीन सामूहिक नाम। इनमें ब्रह्मदेश (बर्मा), मलय प्रायद्वीप के देश तथा इंडोनेशिया के द्वीप--जावा, सुमात्रा बोर्निया बाली आदि सम्मिलित थे। प्राचीन काल में, चौथी-पांचवी शती ई० पूर्व मे तथा निकटवर्ती काल मे इस भूभाग की समृद्धि की भारत के व्यापारियों मे बड़ी चर्चा थी जैसा कि अनेक जातक-कथाओं से सूचित होता है (दे० मजूमदार-हिंदू कोलोनीज इन दी फार ईस्ट, पृ० 8)। सुवर्णभूमि और भारत क बीच सक्रिय व्यापार का वर्णन बौद्ध साहित्य में है। चीनी यात्री फाह्यान के वर्णन से भी ज्ञात होता है कि गुप्तकाल के प्रारंभिक वर्षों मे भारत से सिंहल तथा वहां से जावा आदि देशों के लिए नियमित रूप से व्यापारिक जलयान चलते थे। कथासरित्सागर में सुवर्णद्वीप और भारत के परस्पर व्यापार का उल्लेख मिलता है। इस ग्रंथ मे सानुदास की साहसपूर्ण कथा बहुत रोचक है। इस कथा से यह भी सूचित होता है कि सुवर्णद्वीप की नदियों के रेत में से सोने के कण निकाले जाते थे। बौद्ध साहित्य मे केवल दक्षिणी ब्रह्मदेश, थाटन और पीगू को प्राय सुवर्ण-भूमि के नाम से अभिहित किया गया है। सिंहल के बौद्ध इतिहास-ग्रंथों तथा बुद्धघोष के ग्रंथों से सूचित होता है कि सम्राट अशोक के सोण और उत्तर

नामक दो बौद्ध प्रचारको ने (जिन्हें मोग्गलिपुत्त ने नियुक्त किया था) सुवर्ण-भूमि के निवासियो को बौद्ध धर्म मे दीक्षित किया था (दे० महावश 12,6)। इसी प्रदेश से सर्वप्रथम बौद्ध बनने वाले दो व्यापारी तपुस्स और भल्लुक भारत जाकर बुद्ध के आठ केश लाए थे जिन्हें उन्होंने रगून के निकट श्वेदेगुन पेगोडा मे सरक्षित किया था।

सुवर्णप्रस्थ

सभवतः सोनीपत का प्राचीन नाम।

सुवर्णभूमि दे० सुवर्णद्वीप

सुवर्णमाली (लका)

यह स्थान महावश 27,4 मे उल्लिखित है। इसका वर्तमान नाम स्वन-वेलि कहा जाता है।

सुवर्णमुखी

(1) (मद्रास) तिरुपदी स्टेशन से 1 मील दक्षिण मे है। नदी के किनारे प्राचीन मदिर स्थित है जिसके गोपुर की भित्तियों पर सुदर तथा सूक्ष्म शिल्प प्रदर्शित है।

(2) (आं० प्र०) काल हस्ती के निकट बहने वाली नदी। नदीतट की पहाड़ी कैलासगिरि कहलाती है।

सुवर्णरेखा

(1) (जिला मयूरभज, उड़ीसा) मयूरभज के उत्तरी भाग मे बहने वाली एक नदी जिसके निकट बगाल के सेन राजाओ की प्रथम राजधानी काशीपुरी बसी हुई थी। (दे० काशीपुरी)

(2) जूनागढ़ (गुजरात) के निकट प्रवाहित होने वाली नदी; वर्तमान सोनरेखा। सुवर्णरेखा (दे० सुवर्णसिकता) और पलाशिनी (वर्तमान पला-शियो) का उल्लेख गिरनार की चट्टान पर अकित सम्राट् स्कदगुप्त के प्रसिद्ध अभिलेख मे है। इस वर्णन के अनुसार इन दोनो नदियो का पानी रोककर सिचाई के लिए झील बनाई गई थी। 453 ई० मे उसका बांध घोर वर्षा के कारण टूट गया और तब स्कदगुप्त के अधीन सौराष्ट्र के शासक चक्रपालित ने इसका जीर्णोद्धार करवाया था।

सुवर्णसिकता

सौराष्ट्र की नदी जिसका वर्णन पलाशिनी के साथ रुद्रदामन् के गिरनार-अभिलेख मे है—'सुवर्णसिकतापलाशिनी प्रभृतीनां नदीनामतिमात्रोद्वृत्तवेगै.'। इसका अभिज्ञान सुवर्णरेखा या वर्तमान सोनरेखा से किया गया है जो जूनागढ़

के निकट बहती है। (पलाशिनी वर्तमान पलाशियों है)। सुवर्णरेखा का उल्लेख गिरनार-स्थित स्कंदगुप्त के अभिलेख में भी है। महलोक-काव्य में भी सुवर्ण-सिकता को सुवर्णरेखा कहा गया है (नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भाग 3, पृ० 336)

सुवस्तु=सुवास्तु दे० स्वात

सुवेल

लंका में समुद्रतट पर स्थित एक पर्वत जहां सेना सहित समुद्र पार करने के उपरांत श्रीराम कुछ समय के लिए शिविर बना कर ठहरे थे—'ततस्तम क्षोभ्यबल लंकाधिपतये चरा. सुवेले राघव शैले निविष्ट प्रत्यवेदयन्' वाल्मीकि० रामा० युद्ध० 31, 1 अर्थात् तब रावण को उसके दूतों ने विशाल सेना से सपन्न राम के सुवेल पर्वत पर आगमन की सूचना दी। अध्यात्मरामायण 4, 8 के अनुसार '*तेनैवजग्मु कपयो योजनाना शतद्रुतम्, असख्याता' सुवेलाद्रि रुरुधु. प्लवगोत्तमा*' अर्थात् उसी पुल पर से वानरसेना सौ योजन समुद्रपार चली गई और फिर असख्य वानर वीरों ने सुवेल पर्वत को घेर लिया। तुलसीदास ने भी (रामचरितमानस, लका, दोहा 10 के आगे) सुवेल का इसी प्रसग में इस प्रकार वर्णन किया है—'यहाँ सुवेल शैल रघुवीरा, उतरे सेन सहित अति भीरा'। सुवेल बौद्ध साहित्य में वर्णित सुमनकूट और वर्तमान एडम्स पीक नामक पर्वत हो सकता है। इस पर्वत पर दो चरण चिह्न बने हैं जो प्राचीन काल में भगवान् राम के पैरों के निशान समझे जाते थे। महाभारत वनपर्व में इसी पर्वत को शायद रामक पर्वत या रामपर्वत कहा गया है।

सुषोमा

श्रीमद्भागवत 5,18,18 में उल्लिखित नदी—'*सुषोमा शतद्रूश्चन्द्रभागामरुद्वृधा वितस्ता*'। प्रसगानुसार यह इरावती (रावी) या बियास (विपाशा) हो सकती है।

सुसकुल

'मोदापुर वामदेव सुदामान सुसकुलम्, उलूकानुत्तरांश्चैवताश्च राज्ञ समानयत्' महा० 27,11। यह कुरु की पहाड़ियों का कोई भाग जान पड़ता है। (*दे० सुदामा*)

सुसारी (म० प्र०)

यहां पूर्वमध्यकालीन भवनों के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

सुसुनिया दे० पुष्करण (1)

सुहागपुर (बुंदेलखंड, म० प्र०)

मध्यकालीन विशाल मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

सुहानिया (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

भूतपूर्व रियासत ग्वालियर का एक प्राचीन नगर जिसका नाम ग्वालियर के दुर्ग में स्थित सासबहू मंदिर के एक अभिलेख के अनुसार सिहपानीय है। तोमर राजपूतों का बनवाया हुआ 11वीं शती का एक विशाल शिवमंदिर यहां अभी तक स्थित है।

सुह्म

बंगाल के दक्षिणी समुद्रतट के प्रदेश का प्राचीन नाम (पाठांतर सुह्य)। पौराणिक कथाओं के अनुसार राजा बलि के चतुर्थ पुत्र सुह्म के नाम पर यह जनपद प्रसिद्ध हुआ था। दंडी के दशकुमारचरित में ताम्रलिप्ति को सुह्म प्रदेश के अंतर्गत बतलाया गया है जिससे इस देश की स्थिति का ज्ञान होता है। ताम्रलिप्ति नगरी जिला मिदनापुर (बंगाल) में समुद्रतट के निकट स्थित थी। इसका अभिज्ञान वर्तमान तामलुक से किया गया है किंतु महाभारत सभा० 30,24-25 में ताम्रलिप्ति और सुह्म का अलग-अलग उल्लेख है—'समुद्रसेन निर्जित्य चन्द्रसेन च पार्थिवम् ताम्रलिप्त च राजान कर्वटाधिपतिं तथा। सुह्मानामधिपं चैव ये च सागरवासिनः सर्वान्म्लेच्छगणांश्चैव विजिग्ये भरतर्षभः।' फिर भी इस उल्लेख से सुह्म का बंगाल-सागर के निकट स्थित होना सिद्ध होता है। कालिदास ने भी रघुवंश में सुह्म का वंग के पश्चिम में उल्लेख किया है—'अनम्राणां समुद्धर्तुस्तस्मात्सिंधुरयादिव, आत्मासरक्षितः सुह्मैर्वृत्तिमाश्रित्य वैतसीम्'—रघु० 4,35। इसके आगे 4,36 में वंग का उल्लेख है। टीकाकार वल्लभ ने 'सुह्मैः' पद की 'ब्रह्मदेशीयैःराजिभिः' टीका की है जो ठीक नहीं जान पड़ती। बुद्धचरित 21,13 में बुद्ध द्वारा सुह्म निवासियों के बीच अंगुलिमाल ब्राह्मण को विनीत किए जाने का उल्लेख है। यहां वे पाटलिपुत्र से चलकर अंगदेश होते हुए आए थे। धोयी कवि के पवनदूत (5,36) में भागीरथी को सुह्म में प्रवाहित माना है।

(2) महाभारत सभा० 27,21 में अर्जुन की उत्तर दिशा की दिग्विजय यात्रा के प्रसंग में सुह्म का उल्लेख इस प्रकार है—'ततः सुह्मांश्चचोलांश्च किरीटी पांडवर्षभः, सहितः सर्वसैन्येन् प्रामथत् कुरुनन्दन.'। चोल का अभिज्ञान चोलिस्तान से किया गया है जो वंक्षु या ऑक्सस नदी के दक्षिण में स्थित है। चोलिस्तान से संबंधित होने के कारण सुह्म इसी के पार्श्ववर्ती प्रदेश में स्थित रहा होगा। बंगाल के समुद्रतट का भी एक नाम सुह्म साहित्य में मिलता है

(दे० सुह्म) जो भारत की उत्तरी-पश्चिमी सीमा के परे स्थित इसी नाम के जनपद से अवश्य ही भिन्न है। महा० सभा० 27,21 में 'सुह्म' पाठ की शुद्धता अनिश्चित है।

सूकरक्षेत्र=शूकरक्षेत्र

सुक्तिमति=शुक्तिमती (दे० कृ० द० वाजपेयी—'मथुरा परिचय,' पृ० 15)

सूरजकुंड

दिल्ली से प्राय 15 मील दक्षिण को ओर पूर्वमध्यकालीन एक नगर के खंडहर इस स्थान पर हैं। इस नगर की स्थापना 1000 ई० के लगभग तोमर-नरेश अनंगपाल ने की थी। सूरजकुंड इस क्षेत्र का सर्व प्राचीन स्मारक है। महाराज पृथ्वीराज चौहान की राजधानी 12वीं शती में इसी स्थान पर बसे हुए नगर में थी। पृथ्वीराज की इष्टदेवी जोगमाया का मंदिर जो सूरजकुंड से कुछ दूर स्थित है मूलरूप में पृथ्वीराज के समय का ही बताया जाता है।

सूरत (गुजरात)

पौराणिक किंवदंती में सूरत का प्राचीन नाम सूर्यपुर है। एक प्राचीन कथा के अनुसार ताप्ती या तापी नदी जो सूरत के निकट हो गिरती है, सूर्य-कन्या मानी गई है। सूर्यपुर जो बाद में सूरत कहलाया सूर्य-कन्या ताप्ती के संबंध के कारण ही इस नाम से अभिहित किया गया था। किंतु कई विद्वानों के मत में सूरत सुराष्ट्र या सोरठ का अपभ्रंश रूप है क्योंकि प्राचीन समय में सूरत, सौराष्ट्र का मुख्य बंदरगाह तथा नगर था। एक किंवदंती के अनुसार 15वीं शती के अंत में गोपी नामक एक हिंदू वणिक ने इस नगर की नींव ताप्ती के मुहाने पर डाली थी। यह भी कहा जाता है कि कुस्तुनतुनिया के सम्राट् के हरम से भाग कर यहां आई हुई सूरत नाम की एक महिला के नाम पर ही नगर का नाम सूरत पड़ा था। इस संबंध में यह भी जनश्रुति प्रचलित है कि गोपी ने किसी ज्योतिषी के कहने से इस व्यापारिक बस्ती का नाम सूर्यपुर रखा था जो बाद में गुजरात के किसी मुसलमान सूबेदार ने बदलकर सूरत कर दिया(सूरत कुरान के अध्याय को कहते हैं)। 1540 ई० में बने हुए एक किले के खंडहर यहां आज भी देखे जा सकते हैं। इसकी दीवारें आठ फुट चौड़ी हैं। अंग्रेजी ईस्टइंडिया कंपनी ने प्रथम बार 1608 ई० में यहां पदार्पण किया था किंतु पहली स्थायी व्यापारिक कोठी 1612 में बनी। इसकी स्थापना टॉमस एल्डवर्थ ने की थी। इस कार्य के लिए उसे मुगल-सम्राट् जहांगीर से फर्मान प्राप्त करना पड़ा था जो पुर्तगालियों पर बेस्ट नामक अंग्रेज द्वारा विजय करने के उपरांत सरलता से मिल गया था। मुगल-सम्राट् पुर्तगालियों से सदा रुष्ट

रहते थे। 16वीं शती तक तो यहां उस समय के सभ्य संसार के प्रायः सभी देशों के निवासी देखे जा सकते थे। अरब, यहूदी, पारसी, फ्रेंच, अंग्रेज, तुर्क और आर्मीनी व्यापारियों की भीड उस समय सूरत में क्रय विक्रय करती हुई देखी जा सकती थी। औरंगजेब के समय में एक मुगल सूबेदार सूरत में रहता था। इस समय महाराष्ट्र में शिवाजी का प्रभाव बढ़ रहा था और उन्होंने तीन बार सूरत की कोठी को लूट कर अनंत धन-राशि प्राप्त की जिसकी सहायता से उन्हें अपने महान् कार्य को सम्पन्न करने में सफलता मिली। भूषण ने 'दिल्ली दलन दबाय करि शिव सरजा निरशंक, लूट लियो सूरत शहर बंककरि अति डंक' (शिवराजभूषण) लिखकर सूरत की लूट का निर्देश किया है। 1669 ई॰तक सूरत का व्यापारिक महत्त्व अक्षुण्ण रहा। इस वर्ष यहां के अंग्रेजी अधिकारी जिरेल्ड आंजियर (Gerald Aungier) ने सूरत को छोड कर बंबई में अपना व्यापारिक केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा जो शीघ्र ही कार्यान्वित हुआ। सूरत का किला (दे॰ ऊपर) एक तुर्की सरदार खुदावंद खां ने बनवाया था। सूरत में अंग्रेजों और मुगलों के सीदी अरब सूबेदारों के झंडे साथ साथ फहराते थे। सूरत के बंदर से ही पहली बार जहांगीर के समय में तंबाकू भारत में लाया गया था जिसके कारण खाने वाले तंबाकू का नाम सुर्ती प्रचलित हुआ। सुर्ती शब्द उत्तरप्रदेश में अब भी चलता है।

सूरसेन=शूरसेन

सूर्पनाथ (जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

इस स्थान के विषय में किंवदंती है कि यहां रावण की भगिनी शूर्पनखा का निवास स्थान था। इसकी भेंट राम लक्ष्मण और सीता से नासिक के निकट पंचवटी में हुई थी।

सूर्यनदी दे॰ सुरनदी (1)

सूर्यपुर दे॰ सूरत

सुलेमान

सिंध नदी के पश्चिम में स्थित पर्वत-श्रेणी। (दे॰ पारियात्र)

सेंग

कन्नौज (उ॰ प्र॰) से 18 मील दूर यह स्थान शृंगी ऋषि के आश्रम के रूप में प्रसिद्ध है। शृंगी-ऋषि ने राजा दशरथ का पुत्रेष्टि यज्ञ संपन्न किया था। सेंग शृंगी-ऋषि का ही अपभ्रंश कहा जाता है।

सेंधव (म० प्र०)

14वीं शती के पश्चात् की इमारतों के ध्वंसावशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

सेहुड़ा (बुंदेलखंड)

दतिया से 36 मील दूर काली सिंध के तट पर स्थित प्राचीन स्थान है। यहां मुगलकाल में बुंदेलों का राज्य था। छत्रसाल पर जब कालपी के सूबेदार शाह बंगश ने आक्रमण किया तो सेहुड़ा के जागीरदार पृथ्वीसिंह ने उसकी सहायता की थी। दुर्गासप्तशती का हिंदी में अनुवाद करने वाले विद्वान् कवि अनन्य का यही निवास स्थान था। ये छत्रसाल के समकालीन थे।

सेक

'सेकानपरसेकाश्च व्यजयत सुमहाबल' महा० सभा० 319। सहदेव ने दक्षिण दिशा की विजययात्रा में इस देश पर और इसके पार्श्ववर्ती अपरसेक पर विजय प्राप्त की थी। प्रसंगानुसार इसकी स्थिति चंबल और नर्मदा के मध्यवर्ती प्रदेश में माननी उचित होगी।

सेतकन्निक = शातकर्णिक

बौद्धविनयपिटक में इस नगर का नामोल्लेख है (सेक्रेड बुक्स ऑव दि ईस्ट 17,38)। इसकी स्थिति मज्झिम या मध्यदेश की दक्षिणी सीमा पर बताई गई है। नगर का नाम शातकर्णि नरेशों के नाम पर प्रसिद्ध जान पड़ता है। अभिज्ञान अनिश्चित है।

सेतव्य = सेतव्या

बौद्धकाल का एक व्यापारिक नगर जो श्रावस्ती से राजगृह (मगध) जाने वाले वणिक्पथ पर स्थित था (दे० कृ० द० बाजपेयी—युग-युग में उत्तरप्रदेश, पृ० 6)। इस नगर का सेतव्या के रूप में उल्लेख बौद्ध ग्रंथ पायासि सुत्तन्त में है जिससे इसकी प्राचीनता का प्रमाण मिलता है। यह नगर उत्तर प्रदेश के पूर्वी या बिहार के पश्चिमी भाग में स्थित था। डा० मोतीचंद (दे० सार्थवाह) का विचार है कि यह स्थान शायद जिला गोंडा (उ० प्र०) में स्थित बालापुर के खंडहरों के स्थान पर बसा हुआ था। जैन ग्रंथ राजप्रश्नीय सूत्र में भी इस नगरी का उल्लेख है।

सेयविया

जैन लेखकों के वर्णन के अनुसार यह नगर केकय देश (पंजाब) में स्थित था। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है (दे० इंडियन एंटिक्वेरी, 1891 पृ० 375)। सेयविया शाब्दिक रूप से सेतव्या का अर्धमागधी अपभ्रंश जान पड़ता है

किंतु दोनो नगरो की स्थितियो का विभेद इन दोनो के एक समझने मे कठिनाई उपस्थित करता है ।

सेरी

सेरीवनिज जातक मे इस जनपद का उल्लेख है । कुछ विद्वानो का मत है कि सेरी श्रीराज्य का अपभ्रंश है जो मैसूर के गग राज्य का बोधक है । रायचौधरी के मत मे सेरी श्रीविजय या श्रीविषय (सुमात्रा) का भी पर्याय हो सकता है ।

सैरींध्र दे० सरहिंद

सैरौन (बुंदेलखंड)

मध्यकालीन बुंदेलखंड की वास्तुकला के अवशेषो के अवशेष इस स्थान से प्राप्त हुए हैं ।

सैतवाहिनी

'करतोया सदानीरा बाहुदा सैतवाहिनी'–अमरकोश 1,10,33। इस उल्लेख मे समवत' सैतवाहिनी को बाहुदा नदी का ही पर्याय बताया गया है । (दे० बाहुदा)

सैदपुरभीतरी=भीतरी

सैनी (जिला मेरठ, उ० प्र०)

इस ग्राम का पूरा नाम मुजफ्फरनगर-सैनी है जो मेरठ से 6 मील दूर स्थित है । इस ग्राम के बीच मे ऊंचे स्थान पर एक स्तभ है जिसे डा० फ्यूरर ने प्राचीन हस्तिनापुर के महान् द्वार का अवशेष बताया है । (दे० हस्तिनापुर)

सैरंध्र दे० सरहिंद

सोंजत (जिला जोधपुर, राजस्थान)

रेलस्टेशन बिलाडा से 16 मील दूर स्थित है । स्थानीय किंवदंती है कि बाणासुर की पुत्री ऊषा का विवाह इसी स्थान पर हुआ था जो बाणासुर की राजधानी शोणितपुर के नाम से विख्यात था । इस प्रकार की किंवदंती अन्य स्थानो के विषय मे भी प्रचलित है। (दे० शोणितपुर)

सोधवाड़ (राजस्थान)

डग, गगधार और पचपहाड तहसीलों के सम्मिलित इलाके का प्राचीन राजस्थानी नाम ।

सोंधी दे० दशपुर

सोत्थिवती दे० शुक्तिमती

सोदनी (जिला ग्वालियर, म० प्र०)

इस स्थान पर एक गुप्तकालीन मंदिर के खंडहर पाए गए हैं। एक शिव-मूर्ति तथा द्वारपालों की कई प्रतिमाएं जो गुप्तकाल की मूर्तिकला के सुंदर उदाहरण हैं, ध्वंसावशेषों से प्राप्त हुई हैं। द्वारपालों की प्रतिमाओं को देखकर एरण में स्थित मंदिर के अवशेषों से प्राप्त विशाल विष्णु की मूर्ति का ध्यान आ जाता है (दे० आर्कियोलाजिकल सर्वे रिपोर्ट 1925-26 चित्र 3)

सोनगिरि दे० सुवर्णगिरि

सोनपत=सोनीपत (पंजाब)

प्राचीन नाम संभवतः शोणप्रस्थ या सुवर्णप्रस्थ है। यहां से कन्नौजाधिप हर्षवर्धन (606-647 ई०) की एक ताम्रमुद्रा प्राप्त हुई है जो किसी ताम्रदानपट्ट से सन्नद्ध रही होगी। दानपट्ट अप्राप्य है। इस मुद्रा पर हर्ष की वंशावली का उल्लेख इस प्रकार है—महाराज राज्यवर्धन (पत्नी—महादेवी), महाराज आदित्यवर्धन (पत्नी—महासेन गुप्ता), परम भट्टारक महाराजाधिराज प्रभाकरवर्धन (पत्नी—यशोमती), राज्यवर्धन, हर्षवर्धन। प्रभाकरवर्धन को आदित्य अथवा सूर्य का उपासक तथा वर्णाश्रमधर्म का संरक्षक कहा गया है।

सोनपुर

(1) (बिहार) यह स्थान गंगा-शोण के संगम पर बसा हुआ है। संगम के एक ओर पाटलिपुत्र (पटना) तथा दूसरी ओर सोनपुर अवस्थित है। इसका पौराणिक नाम हरिहरक्षेत्र है। कहा जाता है कि हरिहरमंदिर की स्थापना विश्वामित्र के साथ जनकपुर जाते समय रामचंद्रजी ने की थी। गंडकी नदी का भी गंगा के साथ संगम सोनपुर के निकट ही होता है। सेल नदी भी पास ही बहती है जिसके तट पर सुवर्णमेरु महादेव का मंदिर है। इसके कारण ही संभवतः सोनपुर का यह नाम हुआ था। कहते हैं एक धनी व्यापारी ने सुवर्णमेरु का मंदिर बनवाया था। हरिहरक्षेत्र को पौराणिक कथा में वर्णित गजग्राह-युद्ध की स्थली माना गया है किंतु श्रीमद्भागवत 8, 2, 1 में इस कथा की घटना स्थली त्रिकूट नामक पर्वत पर मानी गई है, 'आसीद् गिरिवरो राजंस्त्रिकूट इति विश्रुत', क्षीरोदेनावृतः श्रीमान् योजनायुतमुच्छ्रितः।' बिहार में त्रिकूट नामक पर्वत वैद्यनाथ के निकट है किंतु वह सोनपुर से काफी दूर है।

(2) महानदी (उड़ीसा) पर बसा हुआ नगर। इसके निकट ही प्राचीन ययाति-नगरी स्थित थी।

सोनभंडार (बिहार)

राजगृह के निकट वैभार पहाड़ी के दक्षिणी क्रोड में उत्कीर्ण दो गुहाएं

तीसरी चौथी शती ई० में एक जैन साधु द्वारा बनवाई गई थी जैसा कि एक अभिलेख से ज्ञात होता है, 'निर्वाण लाभाय तपस्वी योग्येशुभे गुहे'' र्हत प्रतिमा प्रतिष्ठे आचार्यरत्न मुनिवैरदेव विमुक्तय कारयद दीर्घतेजा ' (?) । यह अभिलेख, लिपि के आधार पर, तीसरी या चौथी शती ई० का जान पड़ता है। कुछ विद्वानो का मत है कि वैभार पर्वत की सप्तपर्णि-गुहा सोनभंडार का ही दूसरा नाम है (दे० कनिंघम—आर्कियोलाजिकल सर्वे रिपोर्ट जिल्द 3, पृ० 140)। सप्तपर्णि गुहा मे प्रथम धर्म-संगीति का अधिवेशन बुद्ध की मृत्यु के पश्चात् हुआ था जिसमे 500 भिक्षुओ ने भाग लिया था। किंतु उपर्युक्त अभिलेख से यह उपकल्पना गलत प्रमाणित हो गई है। (दे० गाइड टु राजगीर, पृ० 17) (दे० वैभार)

सोनरेखा=सुवर्णरेखा (2)

सोनगढ़ (जिला आदिलाबाद, आं० प्र०)

यहां 18वीं शती का बना हुआ एक किला है जो मुसलिम सैनिक वास्तु-शैली के अनुसार बना है। इस स्थान पर प्रागैतिहासिक श्मशानो तथा नव-पाषाण युगीन हथियारो तथा उपकरणो के अवशेष भी प्राप्त हुए हैं।

सोनागिरि

(1) (म० प्र०) मध्यकालीन बुंदेलखंड की वास्तुशैली में बने कई स्मारकों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। इस पहाड़ी को सिद्धक्षेत्र माना जाता है। इसे श्रमणगिरि भी कहते हैं। [दे० श्रमणगिरि (2)]

(2) दे० राजगृह

सोनारगांव

(बंगाल, पूर्वपाकिस्तान) 1200 ई० मे गौड़ाधिप लक्ष्मणसेन ने जिनकी राजधानी लखनौती मे थी, मुहम्मद बख्तियार खिलजी द्वारा धोखे से परास्त किए जाने पर, लखनौती को छोड़कर सोनारगाव (सुवर्णग्राम) में अपनी राजधानी बनाई थी। यह नगर ढाके के निकट स्थित था। सेन-वंशी की राजधानी यहा 13वीं शती ई० तक रही थी।

सोनारी (जिला भूपाल, म० प्र०)

साची के निकट स्थित है। यहा अशोक के समय के स्तूप हैं। इनमें से एक मे से स्फटिक मजूषा प्राप्त हुई थी जिसके अदर एक छोटे-से पत्थर पर एक ब्राह्मी लेख उत्कीर्ण पाया गया था। इससे सूचित होता है कि इस मजूषा मे हिमवत् प्रदेशीय गोतीपुत्र दुदुभिसार (दुदुभिसार) के अस्थि अवशेष सुरक्षित थे। अन्य दो मजूषाओं में से जो स्तूप से प्राप्त हुई थीं, कोटीपुत्र

करसपगोत्त तथा कोंडनीपुत्त मज्झिम के अस्थि-अवशेष प्राप्त हुए थे। ये सब स्थविर मोग्गलिपुत्त तिस्स द्वारा बौद्धधर्म के प्रचारार्थ हिमालयप्रदेश में भेजे गए थे। दुंदुभिसार का नाम बौद्ध साहित्य में अन्यत्र भी मिलता है। (इस प्रसंग के लिए दे० दीपवंश 8, 10)

सोनीपत=सोनपत

सोनीपेट (ज़िला करीमनगर, आ० प्र०)

मुगल सम्राट् औरंगजेब द्वारा 17वीं शती के अंत में बनवाई हुई एक विशाल मसजिद के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

सोपारा दे० शूर्पारक

सोम दे० सोमोद्भवा

सोमक

विष्णुपुराण 2,4,7 में वर्णित प्लक्षद्वीप के सात मर्यादा-पर्वतों में से एक—'गोमेदश्चैव चन्द्रश्च नारदो दुंदुभिस्तथा, सोमकः सुमनाश्चैव वैभ्राजश्चैव सप्तमः।'

सोमकुंबका दे० कुंडधानी।

सोमगिरि

उत्तरकुरु या मेरु प्रदेश का स्वर्णिम प्रभा से मंडित एक पर्वत जिसका उल्लेख वाल्मीकि-रामायण के किष्किंधाकांड में है (दे० उत्तरकुरु, मेरु)। इस उल्लेख से ऐसा जान पड़ता है कि इस पर्वत को मेरुप्रभा (Aurora Borealis) नामक प्रकृति के अद्भुत दृश्य से संबंधित माना जाता था। यह दृश्य उत्तर मेरुप्रदेश में आज भी सामान्य रूप से देखा जाता है।

सोमतीर्थ

कालिदास रचित अभिज्ञान शाकुंतल प्रथम अंक में इस तीर्थ का उल्लेख है। जिस समय दुष्यंत शकुंतला से मिले थे कण्व-ऋषि सोमतीर्थ की यात्रा के लिए गए थे—'इदानीमेव दुहितरं शकुन्तलाम् अतिथिसत्काराय नियुज्य दैवमस्याः प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः'। संभवतः प्रभासपाटन (काठियावाड़, गुजरात) के निकट सोमनाथ के प्राचीन तीर्थ को ही कालिदास ने सोमतीर्थ कहा है। किंतु यह गढ़वाल की पहाड़ियों में स्थित सोमप्रयाग नामक तीर्थ भी हो सकता है (दे० सोमनदी), जो कण्वाश्रम (=मंडावर, जिला बिजनौर, उ० प्र०) के निकट ही है। पौराणिक किंवदंती के अनुसार कुरुक्षेत्र में भी एक तीर्थ इस नाम का था जहां कार्तिकेय ने तारकासुर को मारा था (महा० शल्य० 44, 52)।

सोमनदी (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

केदारनाथ के नीचे की पहाड़ियों पर बहने वाली छोटी नदी। सोमनदी और वासुकीगंगा के संगम पर सोमप्रयाग तीर्थ स्थित है। (दे० सोमतीर्थ)

सोमधेय

महाभारत में वर्णित जनपद जिसे भीमसेन ने पूर्व दिशा की दिग्विजय यात्रा में विजित किया था, 'सोमधेयांश्च निर्जित्य प्रययावुत्तरामुख, वत्सभूमिं च कौन्तेयो विजिग्ये बलवान् बलात्' महा० सभा० 30,10। यह वत्स जनपद (कौशांबी, जिला प्रयाग, उ० प्र० का परिवर्ती प्रदेश) के सन्निकट, दक्षिण की ओर स्थित था।

सोमनाथ=सोमनाथपाटन=पाटण (काठियावाड़, गुजरात)

पश्चिमी समुद्रतट पर स्थित शिवोपासना का प्राचीन केंद्र। यह प्रभासक्षेत्र के भीतर स्थित है जो भगवान् कृष्ण के देहोत्सर्ग का स्थान (भाल्क तीर्थ) है। यहां से दो मील के लगभग सरस्वती, हिरण्या और कपिला नाम की तीन नदियों का संगम या त्रिवेणी है। वीरावल बंदरगाह सन्निकट स्थित है। सोमनाथ का मंदिर भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध रहा है। अनेक बार इसे मुसलमान आक्रमणकारियों तथा शासकों ने नष्ट-भ्रष्ट किया किंतु बार बार इसका पुनरुत्थान होता रहा। सोमनाथ का आदि मंदिर कितना प्राचीन है यह ठीक ठीक कहना कठिन है किंतु, महाभारतकालीन प्रभासक्षेत्र से संबद्ध होने के कारण इसकी प्राचीनता सर्वमान्य है। कुछ विद्वानों का मत है कि अभिज्ञान शाकुंतल में उल्लिखित सोमतीर्थ, सोमनाथ का ही निर्देश करता है। किंतु सोमनाथ के विषय में सर्वप्राचीन ऐतिहासिक उल्लेख अन्हलवाड़ा पाटन के शासक मूलराज (842-997 ई०) के एक अभिलेख में है जिसमें कहा गया है कि इसने ग्रहारिपु को हराकर सोमनाथ की यात्रा की थी। 1025 ई० में गजनी के सुलतान महमूद ने इस मंदिर पर आक्रमण किया। उसने मंदिर के विषय में अनेक किंवदंतियां सुनी थीं। महमूद अत्यधिक धर्मांध तथा धनलोलुप व्यक्ति था और इस मंदिर पर आक्रमण करने में उसकी यही दोनों मनोवृत्तियां सक्रिय थीं। मंदिर के बाहर गुर्जर देश के राजाओं से उसे काफी कठिन मोर्चा लेना पड़ा और उसके अनगिनत सिपाही काम आए। (स्थानीय किंवदंती के अनुसार इन सैनिकों की कब्रें अब भी वहां हजारों की संख्या में बनी हुई हैं)। परन्तु अंत में मंदिर के अंदर प्रवेश करने में महमूद सफल हुआ। उसने मूर्ति को तोड़-फोड़ डाला और मंदिर को जलाकर राख कर दिया। महमूद शीघ्र ही यहां से लौट गया क्योंकि उसे ज्ञात हुआ कि राजपूत राजा परमदेव, उसके

लौटने के मार्ग को घेरने के लिए बढ़ा चला आ रहा था। महमूद गजनी के द्वारा विनष्ट किए जाने के पश्चात् सोमनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण संभवतः गुर्जर नरेश भोजदेव ने करवाया था जैसा कि इनकी उदयपुर-प्रशस्ति से सूचित होता है। मेरुतुंगाचार्य रचित प्रबंध-चितामणि में भीमदेव के पुत्र कर्णराज की पत्नी मयणल्लदेवी की सोमनाथ की यात्रा का उल्लेख है। 1100 ई० में इसके पुत्र सिद्धराज ने भी यहां की यात्रा की थी। भद्रकाली मंदिर के अभिलेख (1169 ई०) से भी ज्ञात होता है कि जयसिंह के उत्तराधिकारी नरेश कुमारपाल ने सोमनाथ में एक मेरुप्रासाद बनवाया था। इस लेख में उस पौराणिक कथा का भी जिक्र है जिसमें कहा गया है कि यहां सोमराज ने सोने, कृष्ण ने चांदी और भीम ने पत्थरों का मंदिर बनवाया था। देवपाटन की श्रीधर प्रशस्ति (1216 ई०) से यह भी विदित होता है कि भीमदेव द्वितीय ने यहां मेघध्वनि नामक एक सोमेश्वर मंडप का निर्माण करवाया था। सारंगदेव की, 1292 ई० में लिखित प्रशस्ति में उसके द्वारा सोमेश्वर-मंडप के उत्तर में पांच मंदिर और गंड त्रिपुरांतक द्वारा दो स्तंभों पर आधृत एक तोरण बनवाए जाने का उल्लेख है। 1297 ई० में अलाउद्दीन खिलजी के सरदार अलफखां ने सोमनाथ पर आक्रमण किया और इस प्रसिद्ध मंदिर को जो अब तक पर्याप्त विशाल बन गया था, नष्ट-भ्रष्ट कर दिया। तत्पश्चात् पुन महिपालदेव (1308-1325 ई०) ने इसका जीर्णोद्धार करवाया। इसके पुत्र खगार (1325-1351 ई०) ने मंदिर में शिव की प्रतिमा की प्रतिष्ठापना की। इससे पूर्व, मंदिर पर 1318 ई० में एक छोटा आक्रमण और हुआ था जिसका उल्लेख कजिंस ने 'सोमनाथ एंड अदर मेडिईवल टेम्पल्स इन काठियावाड़' नामक ग्रंथ मे (पृ० 25) किया है। किंतु इससे कहीं अधिक भयानक आक्रमण 1394 ई० मे गुजरात के सूबेदार मुजफ्फरखां ने किया और मंदिर को प्राय भूमिसात् कर दिया। किंतु जान पड़ता है कि शीघ्र ही अस्थायी रूप मे मंदिर फिर से बन गया था क्योंकि 1413 ई० मे मुजफ्फर के पौत्र अहमदशाह द्वारा सोमनाथ मंदिर का पुन ध्वस किए जाने का वर्णन मिलता है। 1459 ई० मे गुजरात के शासक महमूद बेगड़ा ने धर्मांधता के आवेश में मंदिर को अपवित्र किया जिसका उल्लेख दीवान रणछोड़जी अमर की तारीखे-सोरठ मे है। यह मंदिर इस प्रकार निरंतर बनता-बिगड़ता रहा। 1699 ई० मे मुगल सम्राट् औरंगजेब ने भारत के अन्य प्रसिद्ध मंदिरों के साथ ही इस मंदिर को विनष्ट करने के लिए भी फरमान निकाला किंतु मीराते अहमदी नामक फारसी ग्रंथ से ज्ञात होता है कि 1706 ई० तक स्थानीय हिंदू लोग इस मंदिर मे बादशाह की आज्ञा

की अवहेलना करके बराबर पूजा करते रहे। इस वर्ष मंदिर के स्थान पर मसजिद बनाने का हुक्म धर्मांध औरंगजेब ने जारी किया किंतु मीराते अहमदी मे जो 1760 ई० के आसपास लिखी गई थी, मंदिर के मसजिद के रूप मे प्रयोग किए जाने का कोई हवाला नही है। 1707 ई० मे औरंगजेब के मरने के पीछे धीरे-धीरे मुसलमानो का प्रभुत्व इस प्रदेश से सदा के लिए समाप्त हो गया और 1783 ई० मे अहल्याबाई होलकर ने सोमनाथ में, जहा इस समय मराठों का प्रभाव था मुख्य मंदिर के निकट ही एक नया मंदिर बनवाया। 1812 ई० मे बड़ौदा के गायकवाड ने जूनागढ के नवाब से सोमनाथ के मंदिर का अधिकार अपने हाथ मे ले लिया। लेफ्टीनेंट पोस्टेंस के लेखो से ज्ञात होता है कि 1838 ई० मे मंदिर की छत को, वीरावल के बंदरगाह के रक्षार्थ तोपें रखने के काम मे लाया गया था। 1922 ई० मे मंदिर के मंडप की छत नष्ट हो चुकी थी। 1947 ई० में भारत के स्वतन्त्र होने के साथ ही, सोमनाथ के अविनाशी मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य फिर से प्रारंभ किया गया।

सोमनाथ मंदिर की समृद्धि तथा कला-वैभव महमूद गजनी के आक्रमण के समय अपनी पराकाष्ठा का पहुचे हुए थे। तत्कालीन मुसलमान लेखको के अनुसार मंदिर का गर्भगृह, जहा मूर्ति स्थापित थी, जडाऊ फानूसो से सजा था और द्वार पर कीमती पर्दे लगे हुए थे (कमीलुत्तवारीख, जिल्द 9, पृ० 241)। गर्भगृह के सामने 200 मन की स्वर्ण श्रृखला छत से लटकी हुई थी जिसमे *सोने की घंटियाँ लगी थीं जो पूजा के समय निरन्तर बजती रहती थीं।* गर्भगृह के पास ही एक प्रकोष्ठ मे अनेक रत्नो का भंडार भरा हुआ था। मंदिर के व्यय के लिए दस सहस्रग्रामो की जागीर लगी हुई थी। मंदिर के एक सहस्र पुजारी थे। चंद्रग्रहण के समय मंदिर मे विशेष रूप से पूजा होती थी क्योंकि मंदिर के अधिष्ठातृ-देव शिव की, चद्रमा के स्वामी (सोमनाथ) के रूप मे इस स्थान पर पूजा की जाती थी। (यहा शिव के द्वादश ज्योतिर्लिगों मे से एक स्थित है)। मंदिर मे तीन सौ गायक तथा देवदासिया भी रहती थीं तथा तीन सौ ही नापित जो यात्रियों के मुडन के लिए नियुक्त थे। कहा जाता है कि प्रतिदिन कश्मीर से ताजे कमल के फूल और हरद्वार से ताजा गगा-जल लाने के लिए सैकड़ों व्यक्ति मंदिर की सेवा मे नियुक्त थे। कुछ मुसलमान इतिहास-लेखको ने लिखा है (ये महमूद के समकालीन नही थे) कि मंदिर की मूर्ति मानवरूप थी तथा उसके अदर हीरे-जवाहरात भरे थे जिन्हें महमूद ने मूर्ति तोड कर निकाल लिया। किंतु यह तथ्य सर्वथा अप्रामाणिक है। मूर्ति ठोस शिवलिंग के रूप में थी जैसा कि सभी प्राचीन

शिवमंदिरों की परंपरा थी। मूर्ति को नष्ट करते समय, अपार धनराशि के बदले उसे अछूता छोड देने की प्रार्थना पुजारियों द्वारा किए जाने पर धर्मांध महमूद ने उत्तर दिया था कि वह मूर्ति-विक्रेता न होकर मूर्तिभंजक कहलवाना अधिक पसंद करेगा। मंदिर के भीतर मूर्ति के अधर में लटके होने की बात भी मुसलमान लेखकों ने कही है। संभव है कि शिवलिंग के ऊपर छत से लटकनेवाली जलहरी के वर्णन के कारण ही बाद के मुसलमान इतिहास लेखकों को यह भ्रम उत्पन्न हुआ हो। महमूद के साथ आए समकालीन इतिहास लेखकों ने ऐसा कोई निश्चित उल्लेख नहीं किया है किंतु यह भी संभव है कि मूर्ति, छत तथा भूमि पर लगे विशाल एवं शक्तिशाली चुबकों द्वारा अधर में स्थित की गई हो। यदि यह तथ्य हो तो इसे तत्कालीन हिंदू विज्ञान का अपूर्व कौशल मानना पड़ेगा। वैसे मंदिर के विषय में अनेक कपोल-कल्पनाएं बाद के लेखकों ने की हैं जिनमें शेखदीन द्वारा रचित कविता मुख्य है (दे० वाटसन का लेख—इंडियन एंटिक्वेरी, जिल्द 8,1879, पृ० 160)

सोमनाथपुर (मैसूर राज्य)

मैसूर से 13 मील पूर्व कावेरी के तट पर स्थित है। श्रीरंगपट्टन यहां से 15 मील दूर है। भगवान् केशव का सुंदर मंदिर इस छोटे-से ग्राम का सर्वांग सुंदर स्मारक है। इसे 1268 ई० में मैसूर के होयसलवंशीय नरेश नरसिंह तृतीय के एक सेनापति सोमदेव ने बनवाया था। इस तथ्य का उल्लेख मंदिर के प्रवेश-द्वार पर अंकित है। सोमदेव ने मंदिर के चतुर्दिक् एक ग्राम भी बसाया था और अनेक घरों को बनवाकर उन्हें ब्राह्मणों को दान में दे दिया था। अभिलेख के अनुसार यहां के घरों में विद्या की इतनी अधिक चर्चा थी कि ग्राम के तोते भी शास्त्रार्थ करनेमें चतुर थे। यह मंदिर होयसल वास्तुकला का पूर्ण विकसित उदाहरण है और इस प्रदेश के हेलविड तथा बेलूर के मंदिरों की भांति ही कला की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। मंदिर एक विशाल चौक के अंदर स्थित है। चतुर्दिक् बने हुए बरामदे में 64 कोष्ठ थे किंतु अब इनका कोई चिह्न नहीं है। मंदिर का आधार ताराकार है। इसमें तीन गर्भगृह अवस्थित हैं। बहिर्भित्तियों पर चारों ओर रामायण, महाभारत तथा पुराणों की अनेक कथाएं मूर्तिकारी के रूप में उत्कीर्ण हैं। इस मूर्तिकारी का शिल्प, कलाकौशल और रचना-विन्यास तत्कालीन दक्षिण के मंदिरों की शैली के अनुसार ही अद्भुत रूप से सुंदर है। मंदिर में स्तंभों के शीर्षों के रूप में जो संरचनाएं या ब्रैकेट हैं वे लावण्यमयी नारियों की मानवाकार प्रतिमाओं से बनी हैं जो आज भी दर्शक के हृदय पर मूर्तिकला के उदात्त सौंदर्य की अमिट छाप डालती हैं। इन्हें देखकर अंग्रेजी कवि कीट्स

की प्रसिद्ध पंक्ति, A thing of beauty is a joy for ever याद आती है। मंदिर के तीनों शिखरों का बाह्य भाग प्रायः 30 फुट तक घनी मूर्तिकारी से भरा पूरा है। मंदिर के मध्यवर्ती गर्भगृह की भीतरी छत गढ़े हुए पत्थरों के नक्काशीदार टुकड़ों को जोड़कर बनाई गई हैं। केशवमंदिर की मूर्तिकारी के विषय में विल ड्यूरेंट Will Durant लिखता है—'the gigantic masses of stone are here carved with the delicacy of lace'—अर्थात् विशालकाय भारी भरकम पत्थरों पर यहां सूक्ष्म और बारीक नक्काशी इसी प्रकार की गई है मानों सुंदर बेल-बूटे काढ़े गए हों।

सोमनाथ स्तूप दे० श्रावस्ती

सोमपुरी (बंगाल)

पहाड़पुर के निकट स्थित इस नगरी की ख्याति का कारण एक मध्यकालीन बौद्ध विहार है। विहार के साथ ही साथ यह शिक्षा का केंद्र भी था जहां दूर-दूर से बौद्ध विद्यार्थी अध्ययनार्थ आते थे।

सोमप्रयाग (जिला गढ़वाल, उ० प्र०)

केदारनाथ से बदरीनाथ जाने वाले मार्ग पर प्राचीन तीर्थ जो सोमनदी तथा वासुकीगंगा के संगम पर स्थित है। (दे० सोमतीर्थ)

सोमरथ (जिला मिर्जापुर, उ० प्र०)

प्राचीन मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

सोमेश्वर

(1) (जिला अल्मोड़ा, उ० प्र०) अल्मोड़ा से प्रायः 19 मील पर स्थित सुंदर स्थान है। यहां सोमेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर है।

(2) (बिहार) हरिनगर स्टेशन से यहां तक (ऊंचाई समुद्रतल से 2884 फुट) सड़क गई है। पहाड़ी पर प्राचीन किले के खंडहर हैं।

सोमोद्भवा

नर्मदा नदी का पर्याय [दे० अमरकोश—'रेवातुनर्मदा सोमोद्भवा मेकलकन्यका']। रघुवंश 5,59 में कालिदास ने नर्मदा के इस नाम का उल्लेख किया है—'तथेत्युपस्पृश्य पयः पवित्रं सोमोद्भवायाः सरितो नृसोमः, उदङ्मुखः सोऽस्त्रविदस्त्रमंत्रं जग्राहतस्मान्निगृहीत शापात्'। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार नर्मदा की लहर किसी सोमवंशीय राजा ने निर्मित की थी। इसी से नदी को सोमोद्भवा कहा जाने लगा था। हर्षचरित के प्रथमोच्छ्वास में बाण ने शोण को विंध्यगिरि के चंद्र नामक पर्वत से निःसृत माना है। शोण और नर्मदा दोनों अमरकंटक से निकलती हैं और चंद्र इसी पर्वत का नाम जान

पड़ता है। यह तथ्य नर्मदा के सोमोद्भवा नाम से सिद्ध होता है। (सोम=चंद्र)

सोरठ

सौराष्ट्र (काठियावाड़, गुजरात) का पश्चिमी भाग। यह नाम सौराष्ट्र का ही अपभ्रंश है। हिंदी का प्रसिद्ध छंद सोरठा इसी देश से ही संबद्ध माना जाता है। सोरठ नाम का एक प्रसिद्ध राग भी है।

सोरेय्य

सोरों का प्राचीन नाम।

सोरों

यह कासगंज (जिला एटा, उ० प्र०) से 9 मील दूर प्राचीन सूकरक्षेत्र है। पहले सोरों के निकट गंगा बहती थी, अब दूर हट गई है। पुरानी धारा के तट पर अनेक प्राचीन मंदिर स्थित हैं। तुलसीदास ने रामायण की कथा अपने गुरु नरहरिदास से प्रथम बार यहीं सुनी थी। उनके भ्राता नंददास जी द्वारा स्थापित वराहदेव का मंदिर सोरों का प्राचीन स्मारक है। गंगा के तट पर एक प्राचीन स्तूप के खंडहर भी मिले हैं जिनमें सीताराम के नाम से प्रसिद्ध मंदिर स्थित है। कहा जाता है इसे राजा वेन ने बनवाया था। प्राचीन मंदिर काफी विशाल था जैसा कि उसकी प्राचीन भित्तियों की गहरी नींव से प्रतीत होता है। अनेक प्राचीन अभिलेख भी मंदिर पर उत्कीर्ण हैं जिनमें सर्वप्राचीन अभिलेख 1226 वि० सं०—1169 ई० का है। कहा जाता है कि इस मंदिर को 1511 ई० के लगभग सिकन्दर लोदी ने नष्ट कर दिया था। सोरों के प्राचीन नाम सोरेय्य का उल्लेख पाली साहित्य में है।

सोलह जनपद दे० षोडश जनपद

सोहगौर

(उ० प्र०) गोरखपुर से 14 मील दूर इस ग्राम से 1874 ई० में एक ताम्रपट्ट प्राप्त हुआ था जिस पर महत्त्वपूर्ण अभिलेख अंकित था। इसमें श्रावस्ती के कुछ राज्याधिकारियों के सरकारी अन्नभंडार के रक्षकों के प्रति आदेश सन्निहित है। इसमें कहा गया है कि इस प्रदेश में अकाल पड़ने के कारण सरकारी भंडार से अकालपीड़ितों को बराबर अन्न बांटा जाए। अन्न के सम-भक्त (Rationing) किए जाने के विषय में दिव्यावदान (प्रथम शती ई०) के 10वें अध्याय में उल्लेख है। इस संबंध में अवदानशतक (प्रथम शती ई०) में काशी नरेश ब्रह्मदत्त द्वारा अकालपीड़ितों को समान मात्रा में अन्न बांटने का वर्णन है। स्वयं राजा ने एक भूखे निर्धन के साथ अपने द्विगुण भाग का बंटवारा कर लिया था। कौटिल्य के अर्थशास्त्र से भी समभक्त के विषय में सूचना

मिलती है।

सौंदत्ती (महाराष्ट्र)

धारवाड़ से 25 मील दूर प्राचीन तीर्थ है। यहां रेणुकाद्रि पर्वत पर दत्तात्रेय का स्थान कहा जाता है। पर्वत परशुराम की माता के नाम पर प्रसिद्ध है। रेणुकाद्रि से 5 मील दूर मलप्रभा नामक नदी बहती है।

सौंदे

बंबई रायचूर रेल मार्ग पर ऊकर स्टेशन से 7 मील दूर यह ग्राम स्थित है जो कालभैरव के प्राचीन मंदिर के लिए विख्यात है। यह प्राचीन सवित नामक तीर्थ है।

सौगंधिक वन

(1) यह प्राचीन तीर्थ वर्तमान सरोघाट है जो नर्मदा के तट पर स्थित है।

(2) महाभारत, वनपर्व के तीर्थ-यात्रा प्रसंग में इस स्थान का वर्णन निम्नलिखित है—'सौगंधिकवनं राजस्ततोगच्छेत् मानवः, तद्वनं प्रविशन्नेव सर्वपापैः प्रमुच्यते। ततश्चापिसरिच्छ्रेष्ठा नदीनामुत्तमानदी, प्लक्षाद्देवी स्नुता राजन् महापुण्या सरस्वती, तत्राभिषेकं कुर्वीत वल्मीकान्निस्सृते जले' वन० 84, 4, 67। इस वर्णन से ऐसा प्रतीत होता है कि यह स्थान सरस्वती नदी के उद्गम के निकट स्थित था। सौगंधिकवन से छः शम्यानिपात पर (प्रायः आधा मील दूर) ईशानाध्युषित नामक तीर्थ था।

सौपर्णिका (मैसूर)

कुल्लूर के निकट बहने वाली नदी। कुल्लूर में मूकांबिका देवी का सिद्ध-पीठ है जिसकी स्थापना आदि शंकराचार्य ने 8वीं शती ई० में की थी।

सौभद्र

दक्षिण समुद्रतट के पंचनारी तीर्थों में से एक है। (दे० नारीतीर्थ)

सौभ=सौभनगर

महाभारत में कृष्ण के शत्रु शाल्व के नगर को सौभ कहा गया है। शाल्व ने शिशुपाल के वध के उपरांत उसका बदला लेने के लिए द्वारका पर आक्रमण किया था। सौभ को श्रीकृष्ण ने घोर युद्ध के पश्चात् नष्ट कर दिया था—'शाल्वस्य नगरं सौभं गतोऽहं भरतर्षभ, निहन्तुं कौरवश्रेष्ठ तत्र मे शृणु कारणम्' वन० 14,2। शाल्व को सौभराट भी कहा गया है—'मया विनिहते वीर्ये काक्षमाणः स सौभराट्' वन० 14,11 किंतु महाभारत के वर्णन से यह भी जान पड़ता है कि सौभ वास्तव में एक विशालकाय विमान था जो नगर की भांति ही जान पड़ता था। इसी में स्थित रहकर उसने द्वारकापुरी पर आकाश

से ही आक्रमण किया था, 'अरुन्धत्ता सुदुष्टात्मा सर्वत पाडुनदन, शाल्वो वैहायस चापि तत् पुर व्यूह्य विष्ठित' अर्थात् उस दुष्टात्मा शाल्व ने द्वारका को चारों तरफ से घेर लिया। वह स्वय उस आकाशचारी नगर (सौभविमान) पर व्यूह रचना करके स्थित था। सौभ को सुदर्शनचक्र से कृष्ण ने नष्ट कर दिया था, 'तत् समासाद्य नगर सौभ व्यपगतत्विषम्, मध्येन पाटयामास क्रकचो दार्विवोच्छ्रितम्'। कुछ विद्वानो के मत मे सौभनगर मे मार्तिकावतक देश की राजधानी थी किंतु उपर्युक्त विवरण से ज्ञात होता है कि यह नगर वास्तव में एक विशाल गगनविहारी विमान था जिसकी विशेषता यह थी कि यह आकाश मे एक स्थान पर ठहरा रह सकता था और कामगामी (इच्छाचारी) था 'सौभ कामगम वीर मोहयन्मम चक्षुषी' वन० 22,9, 'एवमादि महाराज विलप्य दिवमास्थित कामगेन स सौभेन क्षिप्त्वा मा कुरुनन्दन' वन० 14,15। (दे० शाल्व, शाल्वपुर)

सौम्याक्षद्वीप

महाभारत, सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ के अनुसार एक द्वीप जिसे शक्तिशाली सहस्रबाहु ने जीता था, 'इन्द्रद्वीप कशेरु च ताम्रद्वीप गभस्तिमत, गाधर्व वारुण द्वीप सौम्याक्षमिति च प्रभु'। इसमे सभवत ताम्रद्वीप लका और वरुण बोर्नियो है। सौम्याक्ष इडोनेशिया का कोई द्वीप (सुमात्रा) हो सकता है। इद्र-द्वीप सभवत सुमात्रा का वह भाग था जिसकी राजधानी इद्रपुरी थी।

सौरथ (बिहार)

मधुबनी से सात आठ मील पश्चिम की ओर एक प्रसिद्ध ग्राम है, जहा वार्षिक मेल मे मैथिल ब्राह्मण अपने बालकों का विवाह ठहराने के लिए एकत्र होते हैं। सौरथ बौद्धकालीन स्थान प्रतीत होता है। दो विशालकाय दूहों के खडहर ग्राम के चतुर्दिक एक मील तक विस्तृत हैं। ये सभवत बौद्ध स्तूप थे।

सौराष्ट्र=सुराष्ट्र

वर्तमान काठियावाड प्रदेश जो समुद्र के भीतर आम्राकार भूमि पर स्थित है। महाभारत के समय द्वारकापुरी इसी देश मे स्थित थी। सुराष्ट्र या सौराष्ट्र को सहदेव ने अपनी दिग्विजय यात्रा के प्रसग मे विजित किया था (दे० सुराष्ट्र)। विष्णु पुराण म अपरात क साथ सौराष्ट्र का उल्लेख है—'तथापरान्ता सौराष्ट्राः शूराभीरास्तथार्बुदा' विष्णु० 2 3 16। विष्णु० 4 24 68 म सौराष्ट्र म शूद्रों का राज्य बताया गया है, 'सौराष्ट्र विषयाश्च शूद्राद्याभोक्ष्यन्ति'। इतिहास-प्रसिद्ध सोमनाथ का मदिर सौराष्ट्र ही की विभूति था। रैवतक या गिरनार पर्वतमाला का ही एक भाग था। अशोक, रुद्रदामन् तथा गुप्तसम्राट् स्कदगुप्त

के समय के महत्वपूर्ण अभिलेख जूनागढ के निकट एक चट्टान पर अंकित हैं, जिनसे प्राचीन काल में इस प्रदेश के महत्व पर प्रकाश पड़ता है। रुद्रदामन् के अभिलेख में सुराष्ट्र पर शकक्षत्रपों का प्रभुत्व बताया गया है (दे० सुराष्ट्र तथा गिरनार)। जान पड़ता है अलक्षेंद्र के पंजाब पर आक्रमण के समय वहां निवास करने वाली जाति कठ जिसने यवन सम्राट के दांत खट्टे कर दिए थे कालांतर में पंजाब छोड़कर दक्षिण की ओर आ गई और सौराष्ट्र में बस गई जिससे इस देश का एक नाम काठियावाड भी हो गया। इतिहास के अधिकांश काल में सौराष्ट्र पर गुजरात नरेशों का अधिकार रहा और गुजरात के इतिहास के साथ ही इसका भाग्य बंधा रहा। सौराष्ट्र के कई भागों के नाम हमें इतिहास में मिलते हैं। हालार (उत्तर-पश्चिमी भाग) मारू (पश्चिमी भाग), गोहिलवाड (दक्षिण-पूर्वी भाग) आदि। मोरठ और गोहिलवाड के बीच का प्रदेश बर्बरिया-वाड या बर्बर देश कहलाता था। इसी भाग में बब्बर शेर या सिंह पाया जाता है। सौराष्ट्र के बारे में एक प्राचीन कहावत प्रसिद्ध है—'सौराष्ट्रे पंचरत्नानि नदीनारीतुरंगमा. चतुर्थ. सोमनाथश्च पंचमम् हरिदर्शनम्', इस श्लोक में सौराष्ट्र की मनोहर नदियों—जैसे चद्रभागा, भद्रावती, प्राची-सरस्वती, शशिमती, वेत्रवती, पलाशिनी और सुवर्णसिकता, घोघा आदि प्रदेशों की लोक कथाओं में वर्णित सुदर नारियों, सुदर अरबी जाति के तेज घोड़ों और सोमनाथ और कृष्ण की पुण्यनगरी द्वारका के मंदिरों को सौराष्ट्र के रत्न बताया गया है।

सौरीपुर (जिला आगरा, उ० प्र०)

बटेश्वर या बटेसर का प्राचीन नाम है जो शौरिपुर का अपभ्रंश है। शौरि यादवों का नाम था। इस स्थान पर यदुवंश में जैनों के 22 वें तीर्थंकर नेमिनाथ का जन्म हुआ था। जैन साहित्य में मथुरा को भी सौरीपुर कहा गया है (दे० उत्तराध्ययन)। किंतु ढाल सागर नामक एक जैन ग्रंथ में ही दोनों को भिन्न बताया गया है।

सौवर्णकुड

प्राचीन काल में इस नगर में बना हुआ ऊनी कपड़ा बहुत प्रसिद्ध था। इसका अभिज्ञान अनिश्चित है।

सौवीर

गुजरात, दक्षिणी सिंध (पाकि०) तथा दक्षिणी पंजाब के प्रदेश का प्राचीन नाम। महाभारत-काल में दक्षिण-सिंधु देश को सौवीर कहा जाता था। सिंधुराज जयद्रथ को सौवीर का राजा भी कहा गया है। सभापर्व, 51 में सिंधुदेश के घोड़ों तथा सौवीर के हाथियों का युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में उपायन

के रूप में दिए जाने का साथ साथ ही उल्लेख है—'सैंधवाना सहस्राणि हयाना पंचविंशतिम् अददात् सैंधवो राजा हेममाल्यैरलंकृतान्। सौवीरा हस्ति भिर्युक्तान् रथांश्च त्रिशतावरान्, जातरूपपरिष्कारान् मणिरत्नविभूषितान्।' विष्णुपुराण में भी सौवीर और सिंधु निवासियों का साथ ही वर्णन है—'सौवीराः सैंधवा हूणाः शाल्वाः कोशलवासिनः'। रोरुकनगर (वर्तमान रोरी, सिंधु, पाकि०) सौवीर में ही स्थित था (दे० दिव्यावदान पृ० 545)। यहां के राजा रुद्रायण का दिव्यावदान में उल्लेख है। मिलिंदपन्हो (सेक्रेड बुक्स आव दि ईस्ट 36, पृ० 269) से सूचित होता है कि सौवीर में सिंध के समुद्रतट का प्रदेश भी सम्मिलित था (सिंधु देश, सिंधु नदी के पश्चिम की अन्तर्भूमि का नाम था)। सौवीर में समुद्रतट के पश्चिम की ओर मुल्तान तक का प्रदेश भी शामिल था जैसा कि अलबेरूनी के लेख (1,302) से सिद्ध होता है। अलबेरूनी ने सौवीर का मुलतान और जहूरावार प्रदेश का नाम बताया है। उसकी सूचना का स्रोत वाराहमिहिर संहिता जान पड़ती है। जैन ग्रंथ प्रवचन सारद्धार में इस देश की राजधानी का नाम वीतभय दिया हुआ है। एक अन्य जैन सूत्र व्याख्याप्रज्ञप्ति में यह नाम वीतहव्य है जो राजा केशी के समय में बिल्कुल उजाड़ हो गया था। शकक्षत्रप रुद्रदामन के गिरनार अभिलेख में उसके द्वारा सौवीर को विजित किए जाने का उल्लेख है—'आनर्तसुराष्ट्रश्वभ्रमरुकच्छ सिंधुसौवीरकुकुरापरान्त निषादादीनां समग्राणां' (दे० गिरनार)। अग्निपुराण में देविका नदी (जो मुलतान या मूलस्थान के निकट बहती थी) का संबंध सौवीर से बताया गया है—'सौवीरराजस्यपुरा मैत्रेयोभूत पुरोहित, तेन चायतन विष्णो कारित देविकातटे'—अग्नि० अध्याय 200। इससे अलबेरूनी द्वारा वर्णित तथ्य प्रमाणित होता है। ग्रीक लेखकों ने सौवीर को सोफार या आभीर लिखा है। पाणिनि के अनुसार सौवीर के गोत्रों में उत्पन्न व्यक्तियों के नामों में 'आयनि' प्रत्यय लगता था जैसे मिमत में उत्पन्न मैमतायनि फाण्टाहृति में उत्पन्न फाण्टाहृतायनि। सिंधी लोगों के नामों में अभी तक 'आनी' लगता है जैसे कृपलानी, वास्वाना आदि।

स्कंदगुप्तवट

विहार (ज़िला पटना, बिहार) के निकट एक ग्राम [illegible] से प्राप्त स्कंदगुप्त के समय के अभिलेख में है (दे० विहार)

स्तंभतीर्थ=खंभात

जैन स्तोत्र तीर्थमालाचैत्य वंदन में इस तीर्थ का नामोल्लेख है—'[illegible] स्तंभन नीटटपीटटनगर [illegible] श्रीराम।'

स्तनकुट दे० गौरीशिखर

स्त्रीराज्य

महाभारत,शांति० 4,7 मे स्त्रीराज्य के अधिपति भृगाल का उल्लेख है—'भृगालश्च महाराज स्त्रीराज्याधिपतिस्तथ'। यह कलिंगराज चित्रांगद की पुत्री के स्वयंवर में गया था। स्त्रीराज्य का उल्लेख कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी है। स्त्रीराज्य की स्थिति का ठीक-ठीक पता नहीं है। चीनी यात्री युवानच्वांग ने सुवर्णगोत्र नामक स्थान पर स्त्रियों के शासन का वर्णन अपने यात्रावृत्त में किया है। विक्रमांकदेवचरित, 18,57 तथा गरुड़पुराण 55 में इसे सुवर्णगोत्र कहा गया है। जैमिनीभारत, 22 में स्त्रीराज्य की शासिका प्रमीला और अर्जुन के युद्ध का उल्लेख है। श्री न० ला० डे० के अनुसार स्त्रीराज्य में गढ़वाल-कुमायूं का एक भाग सम्मिलित था।

स्थाणुमती

(1) वाल्मीकि रामायण अयो० 71,16 के अनुसार गोमती (उ० प्र०) के पश्चिम की ओर बहने वाली नदी जिसे भरत ने केकय देश से अयोध्या आते समय एकसाल नामक स्थान के निकट पार किया था, 'एकसाले स्थाणुमतीं विनते गोमतीनदीम्, कलिंगनगरे चापि प्राप्य साल्वनं तदा'।

(2) बुद्धचरित 21,9 के अनुसार बुद्ध ने कूटदंत ब्राह्मण को इस स्थान पर प्रव्रजित किया था। यह ग्राम राजगृह के निकट था।

स्थाण्वीश्वर दे० स्थानेश्वर

स्थानेश्वर

जिला करनाल, हरियाणा में स्थित वर्तमान थानेसर प्राचीन स्थानेश्वर या स्थाण्वीश्वर है। कहा जाता है कि इस स्थान के परिवर्ती प्रदेश में अनेक बार निर्णायक युद्धों द्वारा भारत के भाग्य का निपटारा हुआ है। महाभारत के युद्ध की स्थली कुरुक्षेत्र इसी के निकट है। पृथ्वीराज चौहान और मुहम्मद गौरी की सेनाओं में दो बार युद्ध इसी स्थान के पास तरायन के रणस्थल में हुए जिनके फलस्वरूप मुसल्मान सल्तनत की नींव भारत में जमी। पानीपत का मैदान भी जहां भारतीय इतिहास के तीन प्रसिद्ध युद्ध हुए थे, इसी इलाके के अंतर्गत है। बाणभट्ट ने हर्षचरित में कन्नौजाधिप महाराजाधिराज हर्ष (606 636 ई०) के पिता प्रभाकरवर्धन की राजधानी स्थानेश्वर (स्थाण्वीश्वर) ही में बतायी है। बाण ने इसे श्रीकंठ जनपद का प्रमुख स्थान माना है। उसके काव्यमय वर्णन के अनुसार इस देश (श्रीकंठ) में स्थाण्वीश्वर नामक एक छोटासा देश है, 'यह देश जगती के नवयौवन के समान, उद्यानपंक्तियों के

मनोहर पुष्पों के पराग से रमणीय जान पड़ता है। स्वर्ग की तरह इस के प्रातःभाग मरुतों के द्वारा उद्वीजित चमरीमाय के बालव्यजनों के समान धवल दिखाई देते हैं। कृतयुग के निविर की तरह इसकी दसों दिशाएं यज्ञ की प्रज्वलित सहस्रों अग्नियों से प्रदीप्त दिखाई देती हैं। उत्तरकुरुदेश के प्रतिद्वंद्वी के समान वह कलकल ध्वनि करती विशाल नदियों (या सेनाओं) से भरा पूरा है', इत्यादि (दे० हर्षचरित, हिंदी अनुवाद सूर्यनारायण चौधरी, पृ० 122)। बाणभट्ट ने यहां की जिस समृद्धि का वर्णन किया है उसकी पुष्टि चीनी यात्री युवानच्वांग के यात्रावृत्त से भी होती है। हर्ष ने अपने राज्य का पूर्व की ओर विस्तार होने के कारण अपनी राजधानी स्थाण्वीश्वर से हटाकर कन्नौज में बनाई थी। इस स्थान पर सिद्धशिव-मंदिर को हर्ष ने अपने चक्रवर्ती सम्राट् बनने के उपलक्ष में बनवाया था। महमूद गजनी ने 1014 में स्थानेश्वर पर आक्रमण किया और इस प्रसिद्ध शिवमंदिर की शिलाओं से एक मसजिद बनवाई जो थानेसर के पश्चिम में आज भी विद्यमान है। अलबेरूनी ने शायद थानेसर को ही कुरुदेश नाम से अभिहित किया है। मुहम्मद गौरी और सिकंदर लोदी ने भी इस स्थान पर हमले किए थे। 1567 ई० में सूर्यग्रहण के अवसर पर अकबर ने यहां (कुरुक्षेत्र) की यात्रा की थी। मुल्तान दिल्ली के राजपथ पर स्थित होने के कारण आक्रमणकारियों के प्रभाव से यह स्थान मुश्किल से बच पाता था। तैमूरलंग ने भी इस धनी नगर को लूट कर नष्टभ्रष्ट कर दिया था। थानेसर का एक रोचक स्थान शेखचिल्ली का रोजा है। कहते हैं इसे शाहजहां ने बनवाया था। शेखचिल्ली की हास्यकथाएं भारत भर में प्रसिद्ध हैं।

स्थाण्वीश्वर (स्थाणु ईश्वर) शिव का नाम है। जान पड़ता है कि इस नगर में प्राचीन काल से ही शिव की उपासना का केंद्र था जैसा कि बाणभट्ट के वर्णन से सिद्ध भी होता है। (हर्षचरित, तृतीय उच्छ्वास)

स्थिरपुर (राजस्थान)

पालनपुर-कंडला (गांधीधाम) रेलमार्ग पर देवराज स्टेशन के निकट प्राचीन जैन तीर्थ। यहां पूर्वकाल में विशाल जिनालय था जो मुसलमानों के आक्रमणों के फलस्वरूप नष्ट हो गया। आजकल भी यहां के खंडहरों से अनेक जैन मूर्तियां प्राप्त होती हैं। स्थिरपुर का वर्तमान नाम थराद है जो प्राचीन नाम का ही अपभ्रंश जान पड़ता है।

स्थूलकोष्ठक

बुद्धचरित 21,26 में वर्णित अनभिज्ञात नगर—'तब स्थूलकोष्ठ नगर में तथागत बुद्ध ने राष्ट्रपाल नामक व्यक्ति को धर्म की दीक्षा दी, जिसका धन

राजा की संपत्ति के बराबर था'।

स्यंदिका

पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहने वाली सई नदी का प्राचीन नाम। यह गोमती की सहायक नदी है। इसका उद्गम अवध के नीचे कुमायूं की पहाड़ियों में है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार श्रीरामचंद्र ने अयोध्या से वन जाते समय इस नदी को गोमती के पश्चात् पार किया था - 'गोमती चाप्यतिक्रम्य राघवः शीघ्रगैर्हयैः मयूरहंसाभिरुतां ततार स्यंदिकां नदीम्' वाल्मीकि अयो० 49,11। इस नदी को पार करने के पश्चात्, गंगातट पर, शृंगवेरपुर से पहले, श्रीराम ने पीछे छूटे हुए अनेक जनपदों वाले और मनु द्वारा इक्ष्वाकु को प्रदत्त, समृद्ध कोसल जनपद की भूमि सीता को दिखाई थी—'स महीं मनुना राज्ञा दत्तामिक्ष्वाकवे पुरा, स्फीतां राष्ट्रवृतां रामो वैदेहीमन्वदर्शयत्'—अयो० 49,12। इस वर्णन से सूचित होता है कि स्यंदिका, कोसलजनपद की सीमा पर बहती थी (किंतु अयोध्या 49,8-9 से यह भी जान पड़ता है कि वेदश्रुति नामक नदी भी कोसल की सीमा के निकट बहती थी)। भरत की चित्रकूट-यात्रा के संबंध में वाल्मीकि ने इस नदी का उल्लेख नहीं किया है। अध्यात्म-रामायण में स्यंदिका का कोई वर्णन राम के वनगमन के संबंध में नहीं है। तुलसीदास ने रामचरितमानस, अयोध्याकांड 188 दोहे के आगे, सई का उल्लेख किया है, 'सई तीर बसि चले बिहाने, शृंगवेरपुर सब नियराने'। तुलसी ने गोमती और गंगा के बीच में सई का वर्णन किया है जो भौगोलिक दृष्टि से ठीक है और वाल्मीकि के उपर्युक्त स्यंदिका विषयक उल्लेख से मिल जाता है। सई लगभग 230 मील लंबी नदी है। यह जौनपुर से लगभग 10 मील दूर गोमती में मिलती है।

स्याम

थाईलैंड का प्राचीन भारतीय नाम। स्याम में भारतीय हिंदू उपनिवेश ई० सन् की प्रारंभिक शतियों में (संभव है इससे पूर्व भी) स्थापित किए गये थे। भारत से संबंधित सर्वप्राचीन अवशेष भारतीय शिल्पियों की बनाई मूर्ति है जो प्रापायोम नामक स्थान पर मिली है। वह द्वितीय शती ई० या उससे कुछ पूर्व की बनाई जाती है। इस देश में हिंदू राज्य का उत्कर्षकाल 13वीं शती तक बना रहा। इस शती में यहां के प्राचीन निवासियों या थाई लोगों ने देश पर अपना प्रभुत्व जमा लिया। स्याम का एक महत्वपूर्ण हिंदू राज्य द्वारावती नामक था जिसकी राजधानी लवपुरी (लोपबुरी) में थी।

स्थानकोट दे० शाकल

स्रुघ्न

चीनी यात्री युवानच्वांग को यह जनपद स्थानेश्वर (थानेसर जिला करनाल, पंजाब) से मतिपुर (मडावर, जिला बिजनौर, पश्चिमी उ० प्र०) आते समय मिला था। वाटर्स के अनुसार इसकी स्थिति यमुना के प्राचीन प्रवाह पथ पर थी। इस प्रकार इस देश को (7वीं शती के पूर्वार्ध में) सहारनपुर (उ० प्र०) के पश्चिम की ओर यमुना के निकटवर्ती क्षेत्र में स्थित माना जा सकता है। श्री न० ला० डे के अनुसार जिला देहरादून की कालसी स्रुघ्न में स्थित थी।

स्लीमनाबाद (जिला जबलपुर, म० प्र०)

जबलपुर कटनी मार्ग पर 39वें मील के निकट स्थित है। इस कस्बे को 1832 ई० में लगभग कर्नल स्लीमैन ने, जिन्होंने तत्कालीन ठगी की प्रथा का अंत करने में महत्त्वपूर्ण कार्य किया था, बसाया था। इसके लिए उन्होंने कोहका नामक ग्राम की भूमि प्राप्त की थी (दे० जबलपुर ज्योति)। यहां एक प्राचीन शिवमंदिर स्थित है।

स्वभोगनगर दे० एरण

स्वभ्र=श्वभ्र

स्वभ्रमती=श्वभ्रमती (साबरमती नदी)

स्वयंप्रभागुहा (मद्रास)

दक्षिण रेल के कलपनल्लूर स्टेशन से ½ मील दूर स्थित एक पहाड़ी में 30 फुट लंबी गुहा है जिसे किंवदंती के अनुसार रामायण में उल्लिखित स्वयंप्रभा की गुहा कहा जाता है। कथा इस प्रकार है—सीतान्वेषण के समय वानरों को एक स्थान पर बहुत प्यास लगी। एक गुहा (=ऋक्षबिल) में से जल-विहंगमों को निकलते देखकर उन्होंने यहां जल का अनुमान किया। गुहा के अंदर प्रवेश करने पर उन्हें स्वयंप्रभा नाम की तपस्विनी के दर्शन हुए, जिसने इन्हें अपनी योगशक्ति से समुद्रतट पर पहुंचा दिया। इस कथा का वर्णन वाल्मीकि रामायण के किष्किंधाकांड सर्ग 50,51,52 में किया गया है—दे० ऋक्षबिल। स्वयंप्रभा ने अपना परिचय वानरों को इस प्रकार दिया था—'शाश्वत कामभोगस्य गृहं चेदं हिरण्मयम्, दुहितामेरु सावर्णेरहं तस्या स्वयं प्रभा' किष्किंधा 51,16 तथा दे० 'तस्या अहं सखी विष्णुतत्परा मोक्षकांक्षिणी नाम्ना स्वयंप्रभा दिव्यगंधर्वतनयापुरा' अध्यात्म०, किष्किंधा, 6 53।

स्वराष्ट्र

संभवत सुराष्ट्र या सौराष्ट्र (काठियावाड) का नाम भेद। इसका ,उल्लेख महाभारत, भीष्म० 9,48 मे इस प्रकार है—'अटवीशिखराश्चैव मेरुभूताश्च मारिष, उपावृत्तानुपावृत्ता स्वराष्ट्रा केकयास्तथा'।

स्वर्गद्वार

मुहम्मद तुगलक (1325 51 ई०) ने कडा के निकट (जिला इलाहाबाद, उ० प्र०) इस नाम का एक नया नगर बसाया था। यहा उसने दोआबे के अकालपीडित लोगो को ले जाकर बसाया और अयोध्या से अन्न मगवाकर उन्हे बाटा था।

स्वर्गपुरी (जिला पुरी, उडीसा)

हाथीगुफा के निकट एक गुफा जहा खारवेल (चौथी शती ई० पू०) की रानी का एक अभिलेख है। इस गुफा को, इसी रानी ने जो हस्तिसिंह की पुत्री थी बनवाया था।

स्वर्गरोहिणी

केदारनाथ (जिला गढवाल, उ० प्र०) के निकट बहने वाली एक नदी। कहा जाता है यह वही नदी है जिसके किनारे किनारे पांडव अपने अंतिम समय मे हिमालय की पहाडियो मे गलने के लिए गए थे।

स्वर्णगिरि

(1)=सुवर्णगिरि

(2) मारवाड (राजस्थान) मे स्थित वर्तमान जलोर। इस जैन तीर्थ का तीर्थमाला चैत्यवदन मे इस प्रकार उल्लेख है—'वदे स्वर्णगिरौ तथा सुरगिरौ श्रीदेवकीपत्तने'।

स्वर्णगोत्र=सुवर्णगोत्र

स्वर्णग्राम=सुवर्णग्राम (दे० सोनारगाव)

स्वर्णद्वीप=सुवर्णद्वीप

स्वर्णप्रस्थ=सुवर्णप्रस्थ

स्वर्णभूमि=सुवर्ण भूमि

स्वर्णमाली=सुवर्णमाली

स्वर्णरेखा=सुवर्णरेखा

स्वर्णसिकता=सुवर्णसिकता

स्वात

(1) सिंधु नदी (सिंध, पाकिस्तान) में पश्चिम की ओर से मिलने वाली उप-

नदी जिसका वैदिक नाम सुवास्तु है। सुवास्तु का अर्थ सुंदर वास्तु या भवनों से अलंकृत तटप्रदेश वाली नदी हो सकता है। सुवास्तु को ग्रीक लेखक एरियन ने सोआस्टस (Soastus) कहा है। स्वात में काबुल (वैदिक कालीन कुभा) नदी मिलती है। संगम पर रामायणकालीन पुष्कलावती नामक नगरी बसी हुई थी।

(2) स्वात या सुवास्तु नदी का तटवर्ती देश जिसे सातवीं शती ई० में चीनी यात्री युवानच्वांग ने उद्यान नाम से अभिहित किया है। स्वात की काली मिट्टी से गंधार कला की अधिकांश मूर्तियां निर्मित हुई थीं। पेशावर संग्रहालय में इनका अच्छा संग्रह है।

हंपी (मैसूर)

प्रसिद्ध मध्यकालीन विजयनगर राज्य के खंडहर हंपी के निकट विशाल खंडहरों के रूप में पड़े हुए हैं। कहते हैं कि पंपपति के कारण ही इस स्थान का नाम हंपी हुआ है। स्थानीय लोग 'प' का उच्चारण 'ह' करते हैं और पंपपति को हंपपति (हंपपथी) कहते हैं। हंपी हंपपति का ही लघुरूप है। इस मंदिर में शिव के नंदी की खड़ी हुई मूर्ति है। हंपी में सबसे ऊंचा मंदिर विट्ठल जी का है। यह विजयनगर के ऐश्वर्य तथा कलावैभव के चरमोत्कर्ष का द्योतक है। मंदिर के कल्याणमंडप की नक्काशी इतनी सूक्ष्म और सघन है कि देखते ही बनता है। मंदिर का भीतरी भाग 55 फुट लंबा है और इसके मध्य में ऊंची वेदिका बनी है। विट्ठल भगवान् का रथ केवल एक ही पत्थर में से कटा हुआ है। मंदिर के निचले भाग में सर्वत्र नक्काशी की हुई है। लांगहर्स्ट के कथनानुसार यद्यपि मंडप की छत कभी पूरी नहीं बनाई जा सकी थी और इसके स्तंभों में से अनेक को मुसलमान आक्रमणकारियों ने नष्ट कर दिया था तो भी यह मंदिर दक्षिणभारत का सर्वोत्कृष्ट मंदिर कहा जा सकता है। फर्ग्युसन ने भी इस मंदिर की की हुई नक्काशी की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। कहा जाता है कि पंढरपुर के विट्ठल भगवान् इस मंदिर की विशालता देखकर यहां आकर फिर पंढरपुर चले गए थे। हजाराराम का मंदिर दुर्ग के अंदर ही स्थित है। इसका निर्माण कृष्णदेवराय के समय में ही प्रारंभ हो गया था। यह मंदिर राजपरिवार की रानियों की पूजा के लिए बनवाया गया था। मंदिर की दीवारों पर रामायण के सभी प्रमुख दृश्य बड़ी सुंदरता से उकेरे हुए हैं। इस मंदिर के स्तंभ घनाकार हैं (दे० विजयनगर)

हंस

विष्णुपुराण के अनुसार मेरु के उत्तर की ओर स्थित एक पर्वत—'शंख

कूटोऽय ऋषभो हमो नागस्तथापर, बाऽकाशप्रच्यनया उत्तरे नसराचला.' 2,2,29।

हूसकायन

महाभारत, सभा० 52,14 में उल्लिखित एक प्रदेश जहां के निवासी युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में भेंट की सामग्री लेकर उपस्थित हुए थे— 'काश्मीराश्च कुमाराश्च घोरका हसकायना, शिबित्रिगर्तयौधेया राजन्या मद्र-केकया'। कुछ विद्वानों ने हसकायन का अभिज्ञान कश्मीर के उत्तर पश्चिम में स्थित हूजा प्रदेश से किया है जो प्रसंग से ठीक जान पड़ता है।

हंसकूट

(1) द्वारका के निकट स्थित पर्वत, 'हसकूटस्य शृङ्गम् गमिष्यञ्छुमसारो महत्' महा० सभा० 38 दाक्षिणात्य पाठ। यह गिरनार पर्वतमाला का ही कोई भाग जान पड़ता है।

(2) हिमालय के उत्तर में स्थित पर्वत। यह, उत्तर कुरु-प्रदेश में स्थित शतशृंग-पर्वत के दक्षिण में स्थित था, 'इन्द्रद्युम्नसर. प्राप्य हंसकूटमतीत्य च शतशृंगे महाराज तापस समतप्यत'। इस पर्वत पर इन्द्रद्युम्न सरोवर स्थित था।

हूसमार्ग

हूणों के भारत में आने का मार्ग—हुजा (काश्मीर) के इलाके के दर्रे।

हंसावती

पीगू (दक्षिण बर्मा) का प्राचीन भारतीय नाम। यहां भारतीय औप-निवेशिकों ने पांचवीं-छठी शती ई० पू० में ही बस्तियां स्थापित करली थीं।

हवरा दे० वांहदा

हजारा दे० उरसा

हटा (जिला दमोह, म० प्र०)

गढमडल-नरेश राजा सग्राम सिंह (मृत्यु 1541 ई०) के 52 गढ़ों में से एक। यहां की गढ़ी काफी प्राचीन थी।

हड्डी दे० अस्थि

हत्थिगाम=हथीगाम=हस्तिग्राम

हत्थिपुर

हस्तिनापुर का एक पाली नाम। लका के बौद्धकालीन इतिहासग्रथ दीपवंश 3,14 के अनुसार यहां का अतिम राजा कवलरसन था।

हनमकोंडा (जिला वारगल, आ० प्र०)

वारंगल का उपनगर। यहां काकातीयनरेशों के समय में बना हुआ मंदिर

दक्षिण भारत के सर्वोत्कृष्ट मंदिरों में परिगणित किया जाता है। इस मंदिर की स्थापना महाराज गणपति ने की। इसका उल्लेख प्रतापचरित्र नामक ग्रंथ में है। चालुक्यकालीन मंदिरों की भांति ही इसका आकार तारापार है और इसमें सूर्य, विष्णु तथा शिव के तीन देवालय हैं। देवालयों में मूर्तियां नहीं हैं किंतु कटे हुए पत्थरों की जालियों में इन देवताओं की मूर्तियां निर्मित हैं। मंदिर के सामने काले पत्थर का बना हुआ नंदी स्थित है। यह मूर्ति एक ही पत्थर में से काटी गई है। मंदिर के एक तेलगू-कन्नड़ अभिलेख से ज्ञात होता है कि इसका निर्माण 1164 ई० में हुआ था। इस अभिलेख में काकतीयनरेश गणपति की वंशावली तथा तत्कालीन घटनाओं का विवरण है।

हप्तहिंदू=सप्तसिंधु दे० सिंधु (1)

हमीरपुर (उ० प्र०)

इस नगर को राजा हमीरदेव ने बसाया था। इनका किला खंडहर के रूप में यहां आज भी है।

हयमुख

साकास्य के निकट इस स्थान पर चीनी यात्री युवानच्वांग ने 1000 बौद्ध भिक्षुओं की उपस्थिति का वर्णन किया है। यह संभवतः हयमुख के निकट अश्वतीर्थ नामक स्थान था। कनिंघम ने इसका अभिज्ञान डौंडियाखेड़ा नामक स्थान से किया है जो प्रयाग से 104 मील उत्तर-पश्चिम में है। बील (Beal) ने इस अभिज्ञान को नहीं माना है (रेकार्ड्स ऑव वेस्टर्न वर्ल्ड्स 1,229)

हरकेल

बंगाल या पूर्वी बंगाल (दे० हेमचंद्र, अभिधान चिंतामणि)

हरगाव (ज़िला सीतापुर, उ० प्र०)

स्थानीय किंवदंतियों के अनुसार इस प्राचीन कस्बे की नींव अयोध्यानरेश महाराज हरिश्चंद्र ने डाली थी। एक टीले के खंडहर भी यहां मिले हैं। इनके ऊपर पहले एक मंदिर था जिसका स्थान अब एक मसजिद ने ले लिया है। मंदिर के पास एक सरोवर है जिसके बारे में कहा जाता है कि इसे पांडवों ने एक रात में बनवाया था। स्थानीय अनुश्रुति में इस स्थान को राजा विराट का नगर माना जाता है। कस्बे के दक्षिण की ओर कीचक की समाधि बताई जाती है। यह किंवदंती निराधार मालूम पड़ती है। (दे० विराटनगर)

हरद्वार=हरिद्वार (उ० प्र०)

शिवालिक पहाड़ियों के चरण में बसा हुआ प्रसिद्ध प्राचीन तीर्थ। यहां पहाड़ियों से निकल कर भागीरथी गंगा पहली बार मैदान में आती है। गंगा के

उत्तरी भाग में बसे हुए बदरीनारायण तथा केदारनाथ नामक विष्णु और शिव के प्रसिद्ध तीर्थों के लिए इसी स्थान से मार्ग जाता है और इसीलिए इसे हरिद्वार अथवा हरद्वार दोनों ही नामों से अभिहित किया जाता है। हरद्वार का प्राचीन पौराणिक नाम माया या मायापुरी है जिसकी सप्त मोक्षदायिनी पुरियों में गणना की जाती थी (दे० माया)। हरद्वार का एक भाग आज भी मायापुरी नाम से प्रसिद्ध है। संभवत: माया का ही चीनी यात्री युवानच्वांग ने मयूर नाम से वर्णन किया है (दे० मयूर)। महाभारत में हरद्वार को गंगाद्वार कहा गया है। इस ग्रंथ में इस स्थान का प्रख्यात तीर्थों के साथ उल्लेख है (दे० गंगाद्वार)। किंतु हरद्वार नाम भी अवश्य ही प्राचीन है क्योंकि हरिवंशपुराण में हरद्वार या हरिद्वार का तीर्थ रूप में वर्णन है—'हरिद्वारे कुशावर्ते नीलके भिल्लपर्वते। स्नात्वा कनखले तीर्थे पुनर्जन्म न विद्यते'। इसी प्रकार मत्स्यपुराण में भी,—'सर्वत्र सुलभा गंगा त्रिषु स्थानेषु दुर्लभा, हरिद्वारे प्रयागे च गंगासागरसंगमे'। किंतु युवानच्वांग के समय तक (7वीं शती ई०) हरद्वार का मायापुरी नाम ही अधिक प्रचलित था। मध्यकाल में इस स्थान की कई प्राचीन बस्तियों को जिनमें मायापुरी, कनखल, ज्वालापुर और भीमगोडा मुख्य हैं, सामूहिक रूप से हरद्वार कहा जाने लगा था। हरद्वार को सदा से ही ऋषियों की तपोभूमि माना जाता रहा है। कहा जाता है कि स्वर्गारोहण के पूर्व लक्ष्मणजी ने लक्ष्मण-झूला स्थान के निकट तपस्या की थी।

हरनवी दे० हिंडोन

हरयाणा=हरियाना

दक्षिणी पंजाब में रोहतक-गुड़गांव का परवर्ती प्रदेश जिसमें मूलत: दिल्ली भी शामिल है। अब इस नाम का एक नया राज्य बन गया है। 1327 के एक अभिलेख में ढिल्लीका या दिल्ली को हरियाना के अंतर्गत बताया गया है—'देशोऽस्ति हरियानाख्य: पृथिव्यां स्वर्गसन्निभ:, ढिल्लिकाख्यापुरी यत्र तोमरैरस्ति निर्मिता'। कुछ विद्वानों के मत में हरयाणा या हरियाना शब्द, 'अहीराना' का अपभ्रंश है। इस प्रदेश में प्राचीन काल से ही अच्छी चरागाह भूमि होने के कारण अहीरों या आभीर जाति के लोगों का निवास रहा है।

हरि

(1) विष्णुपुराण 2,4,41 में उल्लिखित एक पर्वत जो कुशद्वीप में स्थित है—'विद्रुमो हेमशैलश्च द्युतिमान् पुष्पवांस्तथा, कुशेशयो हरिश्चैव सप्तमो मंदराचल:'।

(2)=हरिवर्ष

हरिकांता

जैन ग्रंथ जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति के अनुसार (4,34,35) हिमालय की पद्महृद झील से निकलने वाली एक नदी। हरिकांता के अतिरिक्त इस झील से निकलने वाली अन्य नदियों में गंगा, रोहिता और सिंधु की गणना की गई है।

हरिकांतानदीकूट

जैन ग्रंथ जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति (4,80) में उल्लिखित महाहिमवत का एक शिखर।

हरिकेल=हरकेल

हरिणी

नर्मदा की सहायक नदी। इन दोनों का संगम साकल ग्राम के निकट है जहां किंवदंती के अनुसार आदि शंकराचार्य आए थे।

हरिण्या (ज़िला गोरखपुर, उ० प्र०)

गंडक की सहायक नदी। बौद्धसाहित्य के अनुसार गौतम बुद्ध का दाह-संस्कार इसी नदी के तट पर हुआ था। यह नदी जो अब प्रायः सूखी रहती है, कसिया या प्राचीन कुशीनगर के निकट बहती है। इसे अजीतवती भी कहते थे जो हिरण्यवती का ही प्राकृत रूपांतरण जान पड़ता है।

हरित

विष्णुपुराण 2,4,29 के अनुसार शाल्मलद्वीप का एक वर्ष या भाग जो इस द्वीप के राजा वपुष्मान् के पुत्र हरित के नाम पर प्रसिद्ध है।

हरिदासपुर (ज़िला अलीगढ़, उ० प्र०)

अलीगढ़ के निकट इस ग्राम में, 1512 ई० में, प्रसिद्ध वैष्णव संगीतज्ञ तथा संत हरिदास का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम आशुधीर था। अकबर की राजसभा का प्रख्यात संगीतकार तानसेन तथा तत्कालीन अन्य कई महान् गायक बैजू बावरा, गोपालराय, रामदास आदि, हरिदास के ही शिष्य कहे जाते हैं। हरिदास की समाधिस्थली वृंदावन में स्थित निधिवन है।

हरिद्वार=हरद्वार

हरिपुंजय

उत्तरी स्याम (थाईलैंड) में स्थित प्राचीन भारतीय राज्य जिसका वृत्तांत स्याम की पाली इतिहास कथाओं-चामदेवीवंश तथा जिनकालमालिनी (15वीं-16वीं शती ई०) में मिलता है। इनसे ज्ञात होता है कि हरिपुंजय की स्थापना

661 ई० मे ऋषि वासुदेव ने की थी। दो वर्ष पश्चात् इनका निमत्रण पाकर वामदेवी, जो लवणपुरा की राजकुमारी थी, यहा आई थी। इसके साथ अनेक बौद्ध भिक्षु भी आए थे जिन्होने हरिपुजय मे बौद्ध धर्म का प्रचार किया।

हरिपुर

(1) (जिला देहरादून, उ० प्र०) देहरादून से 35 मील दूर कालसी के सन्निकट स्थित ग्राम। इस स्थान से 1860 ई० मे फॉरेस्ट को अशोक की 14 धर्मलिपियो की सपूर्ण प्रति एक शिला पर उत्कीर्ण प्राप्त हुई थी जो अब कालसी-शिललेख कहलाता है। हरिपुर म यमुना हिमालय के उच्च शृगो से उतरकर नीचे आती है। यमुना पर हरिपुर की स्थिति गगा पर हरद्वार जैसी ही है।

(2) (जिला कांगडा, पजाब) यह छोटा-सा कस्बा, प्राचीन अबिकेश्वर के मदिर तथा राजपूतो के समय मे निर्मित सुदृढ दुर्ग के लिए उल्लेखनीय है।

हरियाना दे० हरयाणा

हरिवर्ष

प्राचीन भूगोल के अनुसार जबूद्वीप का एक भाग या वर्ष। विष्णुपुराण के वर्णन मे जबूद्वीप के अधीश्वर राजा आग्नीध्र के नौ पुत्रों मे हरिवर्ष का भी नाम है। इसके नाम पर ही सभवत हरिवर्ष भूखड का नाम प्रसिद्ध हुआ (विष्णु० 2,1,16)। यहा निषध-पर्वत स्थित था। हरिवर्ष को मेरुपर्वत के दक्षिण की ओर माना गया है। इसके तथा भारत के बीच मे किंपुरुषवर्ष स्थित था—'भारत प्रथम वर्ष ततः किंपुरुषस्मृतम्, हरिवर्ष तथैवान्यन्मेरोर्दक्षिणतो द्विज'—विष्णु० 2,2,12। महाभारत सभा० मे हरिवर्ष को मानसरोवर, गधर्वों के देश और हेमकूट पर्वत (कैलास) के उत्तर मे स्थित माना गया है। अर्जुन ने अपनी दिग्विजय यात्रा के प्रसग मे इस देश को भी विजित किया था। यहां उन्होने बहुत से मनोरम नगर, सुदर वन तथा निर्मल जलवाली नदियां देखी थी। यहां के स्त्री-पुरुष बहुत सुदर थे तथा भूमि रत्नप्रसवा थी। यही अर्जुन ने निषध-पर्वत को भी देखा था—'सरो मानसमासाद्य हाटकानभित प्रभु., गधर्वरक्षित देशमजयत् पांडवस्तत., हेमकूटमासाद्य न्यविशत् फाल्गुनस्तथा, त हेमकूट राजेन्द्र समतिक्रम्य पांडव', हरिवर्ष विवेशाथ, सैन्येन महतावृतः तत्र पार्थो ददर्शाथ बहूनि हि मनोरमान्, नगरांश्च वनांश्चैव नदीश्च विमलोदकाः, तान् सर्वांश्च दृष्ट्वा मुदायुक्तो धनंजयः, वशेचक्रेऽथरत्नानि लेभे च सुबहूनि च, ततो निषधमासाद्य गिरिस्थानजयत् प्रभु'—सभा० 28,5 तथा आगे दाक्षिणात्य पाठ। महाभारत, भीष्म० 6,8 मे हेमकूट के परे हरिवर्ष की स्थिति बताई गई है—'हेमकूटात्

पर चैव हरिवर्षं प्रचक्षते'। हेमकूट को कैलास पर्वत माना गया है— हेमकूटस्तु सुमहान कैलासो नाम पर्वत.' भीष्म 6,41। प्रसग से हरिवर्ष उत्तरी तिब्बत तथा दक्षिणी चीन का समीपवर्ती भूखड जान पडता है। शायद यह वर्तमान सिंक्याग का प्रदेश है जो पहले चीनी तुर्किस्तान कहलाता था। महाभारत मे हरिवर्ष के उत्तर मे इलावृत का उल्लेख है जिसे जबूद्वीप का मध्य भाग बताया गया है

हरिवर्षपर्वत

जैनग्रन्थ जबूद्वीप प्रज्ञप्ति म वर्णित महाहिमवत का एक शिखर (4,80)।

हरिहर

(1) (मैसूर) यह स्थान एक सुदर चालुक्यकालीन मदिर के लिए उल्लेखनीय है जा तत्कालीन वास्तु का अच्छा उदाहरण है। इसकी विशालता तथा भव्यता परम प्रशसनीय है। हरिहर चीतलदुर्ग के निकट बबई मैसूर राज्यो की सीमा पर स्थित है।

(2)=हरिहर क्षेत्र या गगा-शोण सगम का परिवर्ती प्रदेश (बिहार) जहा सोनपुर नगर स्थित है। यह प्राचीन तीर्थ माना जाता है।

हरिहरपुर (बगाल)

1633 म राल्फ कार्टराइट ने इस स्थान तथा बालासोर मे प्रथम बार अग्रेजो की व्यापारिक कोठिया स्थापित की थीं। 1658 मे हरिहरपुर की कोठी ईस्ट इडिया कपनी के आदेश द्वारा मद्रास के अधीन कर दी गई थी।

हरिहरालय

प्राचीन कबुज (कबोडिया) का एक नगर जहा 9 वीं शती ई० मे हिंदू नरेश जयवर्मन् द्वितीय की राजधानी कुछ समय तक रही थी।

हर्नहल्ली (मैसूर)

चालुक्य नरेशो के समय मे चालुक्य वास्तुशैली के अनुसार निर्मित मदिर यहा का उल्लेखनीय स्मारक है। चालुक्य शैली की मुख्य विशेषता मदिर का ताराकृति आधार है।

हर्षगिरि दे० हर्षनाथ

हर्षनगरी=हर्षनाथ

हर्षनाथ (ठिकाना सीकर, जिला जयपुर, राजस्थान)

इस प्राचीन नगर के अवशेष सीकर य निकट स्थित हैं। स्थानीय अनुश्रुति के अनुसार यह नगर पूर्वकाल म 36 मील के घेरे म बसा हुआ था। एक प्राचीन कहावत भी प्रचलित है—'जगमालपुरा हर्षनगरी, जोमें हाट हजार मर्द, गुदडी

धर्म तलाव बड़ी छतरी'। आजकल हर्षनाथ नामक ग्राम हर्षगिरि पहाड़ी की तलहटी मे बसा हुआ है और सीकर से प्राय आठ मील दक्षिण-पूर्व मे है। हर्षगिरि पहाड़ी समुद्रतल से 3000 फुट ऊची है और इस पर लगभग 900 वर्ष से अधिक प्राचीन मदिरो के खडहर स्थित हैं। इन्ही मे से एक पर वाले पत्थर पर उत्कीर्ण लेख प्राप्त हुआ है जो शिवस्तुति से प्रारभ होता है और पौराणिक कथा के रूप मे लिखा गया है। लेख मे हर्षगिरि और मदिर का वर्णन है और कहा गया है कि मदिर के निर्माण का कार्य आषाढ शुक्ल 13, सोमवार 1013 वि० स० (=956 ई०) का प्रारभ होकर विग्रहराज चौहान के समय मे आषाढ कृष्ण 15,1030 वि० स० (=973 ई०) को पूरा हुआ था। यह लेख सस्कृत में है और इसे रामचन्द्र नामक कवि ने निबद्ध किया है। मदिर के भग्नावशेषो में अनेक सुदर कलापूर्ण मूर्तियां तथा स्तभ आदि प्राप्त हुए हैं जिनमें से अधिकाश सीकर के सग्रहालय में सुरक्षित हैं।

हर्षपुर (मेवाड, राजस्थान)

मेवाड मे एक प्राचीन स्थान जिसका उल्लेख इडियन एटिक्वेरी, 1910, पृ० 187 मे है। विसेंट स्मिथ के अनुसार यह नगर मेवाड अथवा मारवाड के किसी हर्ष नामक नरेश के नाम पर प्रसिद्ध हुआ होगा। सभवत. यह वही हर्ष है जिसका उल्लेख तिब्बत के बौद्ध इतिहासकार तारानाथ ने किया है। (दे० अर्ली हिस्ट्री ऑव इडिया, पृ० 361)

हलसी (मैसूर)

छठी शती ई० म हलसी के जैन-मत के अनुयायी कदब-नरेशों ने पल्लवों तथा मैसूर-नरेश गग को परास्त कर दक्षिण महाराष्ट्र मे अपना स्वतत्र राज्य स्थापित किया था।

हलीशहर (बगाल)

कचनपल्ली से दो मील दूर चैतन्य महाप्रभु के गुरु ईश्वरीपुरी का जन्म स्थान। बगाल के प्रसिद्ध कवि मुकुदराम कविकंकण ने इस स्थान का नाम कुमारहट्टा भी लिखा है। चैतन्यदेव यहां तीर्थयात्रा के लिए आए थे। चैतन्य के शिष्य श्रीवास पडित यहीं के निवासी थे। चैतन्यदेव के विषय मे पदावली लिखकर प्रसिद्ध हो जाने वाले कवि वासुदेव घोष का भी हलीशहर या कुमारहट्टा से सबध था। कुमारहट्टा मे वैष्णव सप्रदाय के साथ ही साथ शाक्तमत का भी काफी प्रचार था। काली के प्रसिद्ध भक्त कवि रामप्रसाद सेन भी यहीं के रहने वाले कहे जाते हैं। यहां रामप्रसाद की सिद्धि प्राप्त करने का स्थल, पचवट आज तक सुरक्षित है। रामप्रसाद की काली-विषयक सुदर भावमयी

कविता आज भी बंगाल में बड़े प्रेम से गाई जाती है।

हलोल (गुजरात)

चापानेर का एक उपनगर जो 16वीं शती ई० में समृद्ध अवस्था में था (दे० चापानेर)

हल्दीघाटी (जिला उदयपुर, राजस्थान)

उदयपुर से नाथद्वारा जाने वाली सड़क से कुछ दूर हटकर पहाड़ियों के बीच वह इतिहास-प्रसिद्ध स्थान है जहां 1576 ई० में महाराणा प्रताप और मुगलसम्राट अकबर की सेनाओं के बीच घोर युद्ध हुआ था। इस स्थान को गोगदा भी कहा जाता है। अकबर के समय के राजपूत नरेशों में मेवाड़ के महाराणा प्रताप ही ऐसे थे जिन्हें मुगलसम्राट् की मैत्रीपूर्ण दासता पसन्द न थी। इसी बात पर उनकी आमेरपति मानसिंह से भी अनबन हो गई जिसके फलस्वरूप मानसिंह के भड़काने से अकबर ने स्वयं मानसिंह और सलीम की अध्यक्षता में मेवाड़ पर आक्रमण करने के लिए भारी सेना भेजी। हल्दीघाटी की लड़ाई 20 जून 1576 ई० को हुई थी। इसमें राणाप्रताप ने अप्रतिम वीरता दिखाई थी। उनका परम भक्त सरदार झाला इसी युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुआ। स्वयं प्रताप के दुर्धर्ष भाले से गजासीन सलीम बाल-बाल बच गया। किन्तु प्रताप की छोटी सेना मुगलों की विशाल सेना के सामने अधिक सफल न हो सकी और प्रताप अपने घायल किन्तु बहादुर घोड़े चेतक पर युद्ध-क्षेत्र से बाहर आ गए जहां चेतक ने प्राण छोड़ दिए। इस स्थान पर इस स्वामिभक्त घोड़े की समाधि आज भी देखी जा सकती है। इस युद्ध में प्रताप की 22 सहस्र सेना में से 14 सहस्र काम आई थी। इसमें पांच सौ वीर सैनिक राणाप्रताप के सम्बन्धी थे। मुगल सेना की भी भारी क्षति हुई तथा उसके भी 500 के लगभग सरदार मारे गए थे। सलीम के साथ जो सेना आई थी उसके अलावा एक सेना वक्त पर सहायता के लिए सुरक्षित रखी गई थी और इस सेना द्वारा मुख्य सेना की हानिपूर्ति बराबर होती रही थी। इसी कारण मुगलों के हताहतों की ठीक ठीक संख्या इतिहासकारों ने नहीं लिखी है। इस युद्ध के पश्चात् राणाप्रताप को बड़ी कठिनाई का समय व्यतीत करना पड़ा था किन्तु उन्होंने कभी साहस न छोड़ा और अंत में अपने खोए हुए राज्य का अधिकांश मुगलों से वापस छीन लिया।

हसनगांव (जिला उस्मानाबाद, महाराष्ट्र)

यह स्थान नालदुर्ग से 40 मील उत्तर पश्चिम में है। यहां पहाड़ी में कटी हुई दो विशाल गुफाएं हैं जिनमें हिन्दू मूर्तियां स्थापित थीं। इन गुफाओं का निर्माणकाल 7वीं-8वीं शती हो सकता है।

हसराकोल (जिला गया, बिहार)

इस स्थान से 9वी शती ई० मे बनी, काले पत्थर की तीन सुदर मूर्तिया प्राप्त हुई थीं जो आजकल पटना सग्रहालय मे हैं। इनमे एक बडे आकार की प्रतिमा बुद्ध की है। दूसरी अवलोकितेश्वर और तीसरी मैत्रेय की है। इन सभी मूर्तियों की निर्मिति मे विवरण के प्रदर्शन की ओर विशेष ध्यान दिया गया है।

हसुआ (जिला फतहपुर, उ० प्र०)

इस स्थान पर 17वीं शती के महात्मा चददास की समाधि है। ये हिन्दी के कवि थे। इनका लिखा ग्रथ भक्तविहार हाल मे ही मे प्रकाश मे आया है।

हस्तकवप्र

भावनगर (गुजरात) के निकट हाठव। इसका टॉलमी के अस्टकप्र से अभिज्ञान किया गया है—(दे० बाबे गजेटियर जिल्द 1, भाग 1, पृ० 539)

हस्तिकुडी दे० हस्तोडी

हस्तिग्राम

(1) पाली हत्थि या हत्थीग्राम। बौद्धकाल का एक व्यापारिक नगर जो श्रावस्ती से राजगृह जाने वाले वणिक्पथ पर वैशाली के निकट स्थित था। यहां वृज्जिवशीय क्षत्रियो की राजधानी थी। अगुत्तरनिकाय 4, 212 म उग्रक्षत्रियों का सम्बध हत्थीग्राम से बताया गया है। जान पडता है यह व्यापारिक नगर के रूप मे भी ख्यातिप्राप्त था।

(2)=हस्तिनापुर

हस्तिनापुर=हास्तिनपुर (जिला मेरठ, उ० प्र०)

मेरठ से 22 मील उत्तरपूर्व मे गगा की प्राचीन धारा के किनारे बसा हुआ है। हस्तिनापुर महाभारत के समय मे, कौरवो की वैभवशालिनी राजधानी के रूप मे भारत भर मे प्रसिद्ध था। प्राचीन नगर गगातट पर स्थित था किन्तु अब नदी यहां से कई मील दूर हट गई है। गगा की पुरानी धारा जिसे बूढ़ी गगा कहते हैं, यहा के प्राचीन टीलो के समीप बहती है। पौराणिक किवदती के अनुसार नगर की स्थापना पुरुवशी वृहत्क्षत्र के पुत्र हस्तिन् ने की थी और उसी के नाम से यह नगर हस्तिनापुर कहलाया। हस्तिन् के पश्चात् अजामीढ, दक्ष, सवरण और कुरु क्रमानुसार हस्तिनापुर मे राज्य करते रहे। कुरु के वश मे ही शातनु और उनके पौत्र पांडु तथा धृतराष्ट्र हुए जिनके पुत्र पाडव व कौरव कहलाए। महाभारत के युद्ध के समय हस्तिनापुर बडा विशाल नगर था। महाभारत, आदिपर्व मे इसका वर्णन इस प्रकार है—

'नगर हास्तिनपुर शनैः प्रविविशुस्तदा । पांडवानागताञ्छ्रुत्वा नागरास्तु कुतूहलात्, मण्डयांचक्रिरेतत्र नगर नागसाह्वयम् । मुक्तपुष्पावकीर्णं तज्जलसिक्त तु सर्वश , धूपित दिव्यधूपेन मडनैश्चापि सवृतम । पताकोच्छ्रितमाल्य च पुरमप्रतिमं बभौ, शखभेरीनिनादैश्च नानावादित्रनि स्वनै । कौतूहलेन नगर दीप्यमानमिवाभवत, तत्र ते पुरुषव्याघ्रा दु खशोकविनाशना ' आदि० 20 , 14—दाक्षिणात्य पाठ, 15 । कहा जाता है कि महाभारत के समय हस्तिनापुर राज्य की उत्तरी सीमा शुक्रताल (जिला मुजफ्फरनगर), दक्षिणी सीमा पुष्पवटी (=पूठ, जिला बुलंदशहर) और पश्चिमी सीमा वारणावत (=बरनावा, जिला मेरठ) तक थी । पूर्व की ओर गगा प्रवाहित होती थी । गढमुक्तेश्वर शायद यहा का एक उपनगर था और मेरठ या मयराष्ट्र भी इसकी परिसीमा के भीतर स्थित था (दि मानुमेंटल ऐंटिक्विटीज एण्ड इसक्रिप्शस ऑव एन डब्ल्यू प्राविंसेज, 1891) । मेरठ से 15 मील उत्तर-पूर्व मे स्थित मवाना (मुहाना) नामक ग्राम को हस्तिनापुर का प्रमुख द्वार कहा जाता है (दे० हस्तिनापुर, शिक्षा विभाग, उ० प्र०, पृ० २)। महाभारत आदि० 125, 9 मे हस्तिनापुर के वर्धमान नामक पुरद्वार का उल्लेख है । पाडु की मृत्यु के पश्चात् शतशृग स हस्तिनापुर आते समय कुती अपने पुत्रो सहित इसी द्वार से राजधानी मे प्रविष्ट हुई थी— 'सास्वदीर्घेण कालेन सम्प्राप्ता कुरुजागलम्, वर्धमानपुरद्वारमाससाद यशस्विनी ।' महाभारत के युद्ध के पश्चात् हस्तिनापुर की पूर्व गरिमा समाप्त हो गई । विष्णुपुराण से ज्ञात होता है कि बलराम ने कौरवो पर क्रुद्ध होकर उनके नगर हस्तिनापुर को अपने हल की नोक से खींच कर गगा मे गिराना चाहा था किंतु पीछे उन्हें क्षमा कर दिया किन्तु उसके पश्चात् हस्तिनापुर गगा की ओर कुछ झुका हुआ-सा प्रतीत होने लगा था— 'बलदेवग्लानोगत्वा नगर नागसाह्वयम् बाह्योपवनमध्येऽभून्नविवेशततपुरम्' । विष्णु० 5, 35,8, 'अद्याप्याघूर्णिताकार लक्ष्यते तत्पुर द्विज, एप प्रभावो रामस्य बलशौर्योपलक्षण ' विष्णु० 5, 35, 37 । इससे जान पडता है कि हस्तिनापुर को गगा की धारा से भय कौरवो के समय मे ही उत्पन्न हो गया था । परीक्षित के वशज निचक्षु (या निचक्नु) के समय म तो वास्तव मे ही गंगा ने हस्तिनापुर को बहा दिया और उसे इस नगर को छोडकर वत्स देश की प्रसिद्ध नगरी कौशाबी मे जाकर बसना पडा था—'अधिसीमकृष्णान्निचक्नु' यो गगया पहृते हस्तिनापुरे कौशाम्बया निवत्स्यति' विष्णु० 21, 78 (दे० पार्जिटर—डायनेस्टजी ऑव दि कलि एज, पृ० 5) । पुरातत्वज्ञो की खोजो से भी इस तथ्य की पुष्टि होती है । उत्खनन से ज्ञात होता है कि हस्तिनापुर की सर्वप्राचीन

बस्ती 1000 ई० पू० से पहले की अवश्य थी और यह कई शतियों तक स्थित रही। दूसरी बस्ती 900 ई० पू० के लगभग बसाई गई थी जो 300 ई० पू० के लगभग तक रही। तीसरी बस्ती 200 ई० पू० से लगभग 200 ई० तक विद्यमान थी और अंतिम 11वीं से 14वीं शती तक। इस प्रकार हस्तिनापुर इतिहास में कई बार बना और बिगड़ा। परवर्तीकाल में जैन तीर्थ के रूप में इस नगर की ख्याति बनी रही। प्राचीन संस्कृत साहित्य में इस नगर के हास्तिनपुर (पाणिनि 4, 2, 101), गजपुर, नागपुर नागसाह्वय, हस्तिग्राम, आसन्दीवत् और ब्रह्मस्थल आदि नाम मिलते हैं। कहा जाता है कि हाथियों की बहुतायत के कारण इस प्रदेश का प्रथम नाम गजपुर था, पीछे राजा हस्तिन् के नाम पर यह हस्तिनापुर कहलाया और महाभारत के युद्ध के पश्चात् नागजाति का प्रभुत्व होने से यह नगर नागपुर या नागसाह्वय कहलाया। ये सब पर्यायवाची नाम हैं। आसंदीवत् का बौद्ध साहित्य (दे० अवदान, 2, पृ० 359) में उल्लेख है। संभव है विष्णुपुराण के उपर्युक्त उल्लेख के अनुसार गंगा की ओर झुके हुए होने के कारण ही यह नाम पड़ा हो(आसंदी=कुर्सी)। इस उल्लेख में इसे कुरुरट्ठ (कुरुराष्ट्र) की राजधानी बताया गया है। वसुदेव-हिंडि नामक ग्रंथ में ब्रह्मस्थल नाम भी मिलता है। यह जैन ग्रंथ है। कालिदास ने अभिज्ञान शाकुंतल में दुष्यंत की राजधानी के रूप में हस्तिनापुर का उल्लेख किया है। दुष्यंत से गान्धर्वविवाह होने के पश्चात् शकुंतला ऋषिकुमारों के साथ कण्वाश्रम से दुष्यंत की राजधानी हस्तिनापुर गई थी, 'अनुसूय त्वरस्व, त्वरस्व, एतेखलु हस्तिनपुरगामिनः ऋषयः शब्दाय्यन्ते' अंक 4। हस्तिनापुर के पूर्व की ओर गंगा के पार उस समय विस्तृत घना वन-प्रदेश था जहां दुष्यंत आखेट के लिए गया था और जहां मालिनी के तट पर कण्वाश्रम में उसकी भेंट शकुंतला से हुई थी। यह वन गढ़वाल (उ० प्र०) की तराई के क्षेत्र में स्थित था तथा इसका विस्तार जिला बिजनौर तथा गढ़वाल के इलाके में था। वर्तमान् हस्तिनापुर नामक ग्राम में, जो इसी नाम से आज तक प्रसिद्ध है, प्राचीन नगर के खंडहर, ऊंचे-नीचे टीलों की शृंखलाओं के रूप में दूर-दूर तक फैले हैं। मुख्य टीला विदुर का टीला या उलटाखेड़ा कहलाता है। इसकी खुदाई से अनेक प्राचीन अवशेष प्रकाश में आए हैं।

जन-परम्परा में हस्तिनापुर का काफी महत्त्व रहा है। जैन ग्रंथ विविध-तीर्थकल्प के अनुसार महाराज ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने अपने राज्यश्री कुरु को कुरुक्षेत्र का राज्य दे दिया था। इन्हीं कुरु के पुत्र हस्ति ने हस्तिनापुर को भागीरथी के किनारे बसाया था। हस्तिनापुर में शांति, कुंथु और अरनाथ तीर्थंकरों का जन्म हुआ

था। ये क्रमश: 16वें, 17वें और 18वें तीर्थंकर थे। 5वें, 6ठे और 7वें तीर्थंकरों ने यहां 'केवल ज्ञान' प्राप्त किया। हस्तिनापुरनरेश बाहुबली के पौत्र श्रेयांश के निवासस्थान पर ऋषभदेव ने प्रथम उपवास का पारण किया था। विष्णुकुमार नामक जैन साधु जिन्होंने नमुचि नामक दैत्य को वश में किया था, हस्तिनापुर ही के निवासी थे। इनके अतिरिक्त सनत्कुमार, महापद्म, सुभूम और परशुराम का जन्म भी हस्तिनापुर में हुआ था। यहां चार चैत्यों का भी निर्माण किया गया था।

हस्तिमती

साबरमती (गुजरात) की सहायक नदी (दे० पद्मपुराण उत्तर 55)

हस्तिसोम

महानदी की सहायक नदी हस्दु जिसका पद्मपुराण, स्वर्गखंड में उल्लेख है।

हस्दु = हस्तिसोम

हस्तोडीपुर

जैन स्तोत्र तीर्थमाला चैत्यवंदन में उल्लिखित प्राचीन जैन तीर्थ, 'हस्तोडी-पुरपाडलादशपुरे चारूप पचासरे'। कुछ विद्वानों के मत में यह हस्तिकुंडी नामक तीर्थ है जो बीजापुर से 2 मील दूर है। (दे० ऐंशेंट जैन हिम्स, पृ० 56)

हागल (महाराष्ट्र)

इस स्थान पर चालुक्य नरेशों के समय (7वीं 8वीं शती) का एक विशाल मंदिर स्थित है जिसकी विशेषता इसका तारागृति आधार है। यह चालुक्य-वास्तुकला का सुंदर उदाहरण है।

हांसी (हरयाणा)

यह मध्यकालीन नगर है। पाणिनि ने इस ही शायद असिका कहा है। इसकी स्थापना पृथ्वीराज चौहान के मातामह आनंदपाल ने की थी (12वीं शती ई०)। मुसलमान इतिहास लेखकों ने ग्रंथों में इस नगर का उल्लेख है। इब्नबतूता ने नगर की समृद्धि और अपार जनसंख्या का उल्लेख किया है।

हाजीपुर (बिहार)

गंगा गंडक के संगम के निकट स्थित है। इस नगर को शमशुद्दीन इल्यास या हाजी इलियास ने 14वीं शती के मध्यकाल में बसाया था। पुराने किले में इलियास की बनवाई मसजिद है जो अपनी तीन मीनारों के लिए उल्लेखनीय है। गंडक के पुल निकट हाजी इलियास की कब्र है। यह नगर पटने के समीप ही स्थित है।

हाटक

महाभारत सभा० 28.3 में उल्लिखित स्थान जिसे यक्षों का देश कहा गया है। इस पर उत्तर दिशा की दिग्विजय के प्रसंग में अर्जुन ने विजय प्राप्त की थी—'त जित्वा हाटक नाम देश गुह्यकरक्षितम्, पाकशासनिरव्यग्र. सहसैन्यः समासदत्'। यह स्थान कालिदास के मेघदूत की अलका के निकट ही स्थित होगा। मानसरोवर यहां से समीप ही था—'सरोमानसमासाद्यहाटकानभितः प्रभु, गन्धर्वरक्षित देशमजयत् पाडवस्तत' सभा० 28,5। यह तिब्बत में स्थित वर्तमान मानसरोवर और कैलास का निकटवर्ती प्रदेश था। यहां गुह्यकों (यक्षों) तथा गधर्वों की बस्ती थी। श्री० चो० सी० लॉ के मत में हाटक, वर्तमान अटक (पश्चिम पाकि०) है। न० ला० डे के अनुसार यह हूण देश का नाम है।

हाटकेश्वर (गुजरात)

मेहसाणा से 21 मील दूर प्राचीन तीर्थ है जिसे अब वडनगर कहते हैं। इसका उल्लेख स्कदपुराण 27,76 में है—'आनर्तविषये रम्य सर्वतीर्थमय शुभम्, हाटकेश्वरज क्षेत्र महापातकनाशनम्'। (दे० वडनगर)

हाठक=हरतकवप्र

हाथीगुफा (जिला भुवनेश्वर, उड़ीसा)

भुवनेश्वर से 4-5 मील दूर एक पहाड़ी में यह प्राचीन गुहा (गुफा) स्थित है। इस गुफा में कलिंग-नरेश खारवेल का एक पाली अभिलेख उत्कीर्ण है जिसका ठीक-ठीक निर्वचन अद्यावत् एक समस्या बना हुआ है। फिर भी जो सूचना इस अभिलेख से मिलती है वह स्थूल रूप से यह है कि खारवेल ने (जिसका समय ई० सन् से पूर्व माना जाता है,) बहपतिमित (बृहस्पतिमित्र) को हराया, वह मगध के नद राजा से प्रथम जैन तीर्थंकर की मूर्ति (जो नद पहले कलिंग से ले गया था) वापस लाया और उसने एक प्राचीन नहर का पुनर्निर्माण करवाया। अभिलेख में कहा गया है कि यह नहर नद राजा के बाद 'तिवससत' तक काम में न आई थी ('पचमे च दानि वसे नदराज तिवससत ···')। मुख्य विवाद 'तिवससत' शब्द पर है। रा० दा० बनर्जी के मत में इसका अर्थ 300 है, किंतु अन्य विद्वानों के अनुसार इसे 103 समझना चाहिए। निर्वचन-भेद के कारण राजा खारवेल के समय में 200 वर्षों का अतर पड जाता है। फिर भी पहला मत आजकल अधिक ग्राह्य माना जाता है। हाथीगुफा अभिलेख के अध्ययन में का० प्र० जायसवाल ने महत्त्वपूर्ण योग दिया।

हापुड़ (जिला मेरठ, उ०प्र०)

दोर राजपूत हरदत्त का बसाया हुआ है। यहां औरंगजेब के समय की

एक मसजिद है जिस पर 1081 हिजरी=1703 ई० का अभिलेख खुदा है। कहा जाता है कि गयासुद्दीन तुगलक ने इस शहर में कुछ नागा लोगों को देखकर इसका नाम हयापुर रख दिया था। फ्यूरर (Fuhrer) ने हापुड़ का अर्थ फलाधान किया है किंतु संभवतः 'हापुड़' हरपुर का बिगड़ा हुआ रूप है।

हामटा (जिला कांगड़ा, हिमाचलप्रदेश)

जगतसुख से कुछ दूर स्थित है। इसका प्राचीन नाम हेमगिरि कहा जाता है। अर्जुन गुफा जो पहाड़ी में है, अर्जुन से संबद्ध बताई जाती है। इसमें अर्जुन की मूर्ति देखी जा सकती है। संभव है उत्तर दिशा की दिग्विजययात्रा के प्रसंग में अर्जुन यहां आए हों। कांगड़ा के अनेक देशों को उन्होंने विजित किया था। (दे० मोदापुर, वामदेव, सुदामा, कुलूत, पंचगण, देवप्रस्थ)

हारहूण

(पाठांतर हारहूर) महाभारत सभा० 32,12 के अनुसार इस जनपद को नकुल ने पश्चिम दिशा की दिग्विजय में विजित किया था—'द्वारपालं च तरसा वशे चक्रे महाद्युतिः, रामठान् हारहूणांश्च प्रतीच्याश्चैव ये नृपाः'। इस उल्लेख में द्वारपाल संभवतः खैबर और रमठ गजनी (अफगानिस्तान) है। हारहूण या हारहूर को वा० श० अग्रवाल ने अफगानिस्तान की नदी अरगंदाबीन माना है जो इस देश के दक्षिण पश्चिमी भाग में बहती है। यदि यह अभिज्ञान ठीक है तो इस प्रसंग में हारहूण को इस नदी का तटवर्ती प्रदेश समझा जा सकता है (दे० बृहत्संहिता 14,33)। संभव है इस स्थान का हूणों से संबंध हो।

हाड़ावती

भूतपूर्व कोटा बूंदी (राजस्थान) रियासत का संयुक्त नाम। हाड़ावती का नामकरण हाड़ासिंह के नाम पर हुआ था जिन्होंने इस राज्य की नींव डाली थी। इन्हीं के नाम पर हाड़ावती के शासक हाड़ा कहलाते थे।

हारीत-आश्रम

उदयपुर (राजस्थान) से 6 मील दूर एकलिंग नामक स्थान। कहा जाता है कि यहां हारीत संहिता के प्रणेता महर्षि हारीत का आश्रम था।

हालार

सौराष्ट्र का उत्तर पश्चिमी भाग। (दे० सौराष्ट्र)

हालेबिड (मैसूर)

होयसल वंश की राजधानी द्वारसमुद्र का वर्तमान नाम (दे० द्वारसमुद्र)। हालेबिड के वर्तमान मंदिरों में होयसलेश्वर का प्राचीन मंदिर प्रख्यात है।

संभवत 1140 ई० में यह मंदिर बनना प्रारंभ हुआ था। बेलूर के मंदिर की भांति ही इसकी भित्ति पर चतुर्दिक् सात लंबी पंक्तियों में अदभुत मूर्तिकारी की गई है। इन पंक्तियों के ऊपर देवताओं की अनेक अकेली मूर्तियां भी हैं। मूर्तिकारी में तत्कालीन भारतीय जीवन के अनेक कलापूर्ण चित्र जीवित हो उठे हैं। राजा और प्रजा के सामान्य दैनिक जीवन की सुंदर झांकियां यहां देखी जा सकती हैं। अश्वारोही पुरुष, किसी नवयौवना का दर्पणादि प्रसाधन सामग्री से विभूषित शृंगार-कक्ष, पशुपक्षियों तथा फूल-पौधों से सुशोभित उद्यान इत्यादि के मूर्ति चित्र यहां के कलाकारों की अविस्मरणीय रचनाएं हैं। इनमें मानवीय गुणों से समन्वित जिस उच्चकोटि की मूर्तिकला का सौंदर्य प्रदर्शित है वह शायद बेलूर के अतिरिक्त अन्यत्र दुर्लभ है। होयसलेश्वर का मंदिर ताराकार आधार पर बना है। इसकी लंबाई 160 फुट और चौड़ाई 122 फुट है। कहा जाता है कि होयसलनरेश विष्णुवर्धन ने इसको बनवाना प्रारंभ किया था किंतु 100 वर्ष तक काम होने के पश्चात् 1240 ई० में भी यह पूरा न हो सका था। यह मंदिर शिखर रहित है। विष्णुवर्धन पहले जैन संप्रदाय का अनुयायी था किंतु रामानुजाचार्य के प्रभाव से 1117 ई० में उसने वैष्णवधर्म अंगीकार कर लिया था। हालेबिड का दूसरा मंदिर केदारेश्वर शिव का है जो अब जीर्ण-शीर्ण हो गया है। यह चालुक्य-वास्तुशैली में निर्मित है। इसका आधार भी ताराकार है। प्राचीन समय में इस मंदिर की गणना चालुक्य-वास्तुकला के सर्वोत्कृष्ट उदाहरणों में की जाती थी। हालेबिड जैनों का भी विख्यात तीर्थ है। 1133 ई० में बाप्पा ने यहां अपने पिता गंगराज की स्मृति में 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ का मंदिर बनवाया था। इसमें तीर्थंकर की 14 फुट ऊंची प्रतिमा है। इस मंदिर के 14 स्तंभ कसौटी पत्थर के बने हैं। एक अन्य मंदिर में प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव की मूर्ति है। इसे 1138 ई० में हेग्गडे मल्लिमय्या ने बनवाया था। तृतीय जैन मंदिर 1204 ई० का है जिसमें भगवान् शांतिनाथ की 14 फुट ऊंची मूर्ति प्रतिष्ठित है। कहा जाता है कि किसी समय हालेबिड में 700 जैन मंदिर थे।

हास्तिनपुर दे० हस्तिनापुर

हिंगलाजगढ़ (म० प्र०)

पूर्वमध्यकालीन भवनों के अवशेषों के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

हिंगुल

बिलोचिस्तान के प्रदेश का एक प्राचीन भारतीय नाम। यह प्रदेश हींग के उत्पादन के लिए प्राचीन समय से ही प्रसिद्ध है। युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ

में हिंगुल निवासी भेंट लेकर उपस्थित हुए थे (महा० सभा० 51)। यह स्थान सती के 52 पीठों में से है।

हिंगोली (जिला परभणी, महाराष्ट्र)

लार्ड बैंटिक के शासनकाल में (1833 ई०) ठगी की प्रथा के उन्मादनार्थ जो महाअभियान आरंभ किया गया था उसका आरंभ इसी स्थान से हुआ था। हिंगोली तालुके में कई स्थानों पर नवपाषाणयुगीन प्रस्तर-उपकरण तथा हथियार प्राप्त हुए हैं।

हिंडोन (जिला मेरठ, उ० प्र०)

हिंडोन नदी मेरठ जिले में बहती है। इसका प्राचीन नाम हरनदी कहा जाता है। हाल ही में मेरठ बागपत सड़क पर इस नदी के तट के निकटवर्ती क्षेत्र में अनेक प्राचीन अवशेष मिले हैं।

हिंदु दे० हद्दु, सिंधु (1)

हिड्डा दे० अस्थि

हिमकूट=हिमवान्=हिमालय

हिमवान्=हिमालय

भारत की उत्तरी सीमा पर स्थित संसार की सर्वोच्च पर्वत-शृंखला। वास्तव में वैदिक काल से ही हिमवान् भारतीय संस्कृति का प्रेरणा स्रोत रहा है। ऋग्वेद में हिमवान् शब्द का बहुवचन में (हिमवन्त) प्रयोग किया गया है जिससे हिमालय की बृहत् पर्वत शृंखला का बोध होता है। हिमालय के मूजवत शिखर का भी ऋग्वेद में उल्लेख है। अथर्ववेद में दो अन्य शिखरों का वर्णन है—त्रिककुद् और नावप्रभ्रंशन 19, 39, 8। वाल्मीकि-रामायण में गंगा को हिमवान की ज्येष्ठ दुहिता कहा गया है, 'गंगा हिमवतो ज्येष्ठा दुहिता पुरुषर्षभ' बाल० 41, 18, 'तदा हैमवती ज्येष्ठा सर्वलोक नमस्कृता तदा सातिमहद्रूप कृत्वावेग च दुःसहम' बाल० 43, 4। वाल्मीकि को हिमवान् पर्वत के अंचल में निवास करने वाली विविध जातियों का भी ज्ञान था, 'काम्बोजयवनांश्चैव शकानांपत्तनानि च, अन्वीक्ष्य वरदांश्चैव हिमवन्त विचिन्वथ' किष्किंधा० 43, 12। महाभारत, वनपर्व में पांडवों की हिमालय-यात्रा का बड़ा मनोरम वर्णन है। इसके कैलास, मैनाक तथा गंधमादन नामक शिखरों की कठोर यात्रा पांडवों ने की थी, 'अवेक्षमाण कैलासं मैनाकं चैव पर्वतम्, गंधमादनपादांश्च श्वेतं चापि शिलोच्चयम्। उपर्युपरि शैलस्य बह्वीश्च सरित शिवा, पृष्ठं हिमवतः पुण्यं ययौ सप्तदशेऽहनि' वन० 158, 18। पांडव अंतिम समय में हिमालय पर गलने के लिए चले गए थे तथा उनका जन्म

भी शतशृंग नामक हिमालय के शिखर पर ही हुआ था। हिमालयपर्वत में बसे हुए अनेक तीर्थों का वर्णन महाभारत में है। वास्तव में इस महाकाव्य के अध्ययन से महाभारतकार की हिमालय के प्रति अगाध आस्था का बोध होता है। कालिदास का भी हिमालय से अद्भुत प्रेम था। कुमारसंभव के प्रथम सर्ग में नगाधिराज हिमालय का सुन्दर काव्यमय वर्णन है। इसमें हिमालय को पृथ्वी का मानदंड कहा है—'अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः पूर्वापरौ तोयनिधीवगाह्य, स्थित पृथिव्या इव मानदंडः.' कुमारसंभव 1, 1। इस सर्ग में कालिदास ने हिमालय की अनंतरत्नप्रभवता, अप्सराओं के अलंकरण-प्रसाधन में सहायक रंगीन बादल, पर्वत के ओट में संचरणशील मेघों की छाया, हिमाचलवासी किरातों द्वारा गजमुक्ताओं के सहारे सिंह-मार्ग का अन्वेषण, विद्याधर-सुंदरियों का प्रणयपत्रलेखन, कीचकरंध्रों में वायु का वेणुवादन, देवदारु वृक्षों के क्षीर से सुगंधित शिखर, मणिप्रदीप्त गिरि गुहाएँ, किन्नरियों की मंथरगति, पर्वत-गुहा में छिपा हुआ अंधकार, चंद्रकिरणों के समान धवलपुच्छ वाली चमरियां और मृगान्वेषी किरात—इन सभी दृश्यों और घटनाओं के बड़े ही मनोरम और यथार्थ चित्र खींचे हैं। मेघदूत में कालिदास ने हिमालय को प्रालेयाद्रि ('प्रालेयाद्रेरुपतटमतिक्रम्य तांस्तान् विशेषान् पूर्वमेघ 59) तथा गंगा का 'प्रभव' तथा 'तुषारगौर' पर्वत माना है—'आसीनानां सुरभितशिलं नाभिगंधैर्मृगाणां तस्या एव प्रभवमचलं प्राप्य गौरं तुषारैः.' पूर्वमेघ, 54। विष्णुपुराण में सतलज, चिनाव आदि नदियां हिमालय से संभूत कही गई हैं, 'शतद्रूचन्द्रभागाद्या हिमवत्पादनिर्गता ' विष्णु० 2, 3, 10। अन्य पुराणों में भी हिमालय के विषय में असंख्य उल्लेख हैं। हिमवान् नाम वैदिक है तथा सर्वप्राचीन प्रतीत होता है। हिमालय नाम परवर्ती काल में प्रचलित था। कालिदास ने इसका प्रयोग किया है (दे० ऊपर 'हिमालयो नाम नगाधिराज.')। जैन ग्रंथ जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति में हिमवान् को जंबूद्वीप के छ: वर्षपर्वतों में गणना की गई है और इस पर्वतमाला के महाहिमवत और चुल्लहिमवत नाम के दो भाग बताए गए हैं। महाहिमवत पूर्वसमुद्र (बंगाल की खाड़ी) तक फैला हुआ है और चुल्लहिमवत पश्चिम और दक्षिण की ओर वर्षधर पर्वत के नीचे वाले सागर (अरब सागर) तक विस्तृत है। इस ग्रंथ में गंगा और सिंधु नदियों का उद्गम चुल्लहिमालय में स्थित सरोवरों से माना गया है। महाहिमवत के 8 और चुल्ल के 11 शिखरों का उल्लेख इस जैन ग्रंथ में है।

हिमावल=हिमालय

हिमालय दे० हिमवान्

हिरण्मय

महाभारत के भूगोल के अनुसार जंबूद्वीप का एक विभाग—'दक्षिणन तु नीलस्य निषधस्योत्तरेणतु वर्ष हिरण्मय यत्र हैरण्वती नदी। यत्र चाय महाराज पक्षिराट पन्नगोत्तम, यक्षानुगा महारा ा धनिन प्रियदर्शना। महाबलास्तत्र जना राजन् मुदितमानसा, एकादशसहस्राणि वर्षाणां ते जनाधिप आयु प्रमाण जीवन्ति शतानि दश पंच च, शृंगाणि च विचित्राणि त्रीण्यव मनुजाधिप। एक मणिमय तत्र तथैक रौक्ममद्‌भुतम् सर्वरत्नमय चैक भवनैरुपशोभितम्, तत्र स्वयं प्रभादेवी नित्य वसति शाडिली' महा० भीष्म० 9 5 6 7 8 9-10। विष्णुपुराण 2, 2, 13 मे हिरण्मय को रम्यक के उत्तर और उत्तरकुरु के दक्षिण मे बताया गया है—'रम्यकचोत्तर वर्ष तस्यैवानु हिरण्मयम, उत्तर कुरव श्चैव तथा वै भारत तथा'। इस प्रकार इसकी स्थिति साइबेरिया के दक्षिण भाग या मगोलिया के परिवर्ती प्रदेश मे मानी जा सकती है।

हिरण्यकवर्ष

महाभारत, सभापर्व, 28 दाक्षिणात्यपाठ के अनुसार अपनी उत्तर दिशा की दिग्विजय यात्रा के प्रसग मे अर्जुन हिरण्यकवर्ष पहुंचे थे। यह रम्यकवर्ष के उत्तर में स्थित था जिससे यह भीष्म० 9 मे वर्णित हिरण्मयवर्ष का ही पर्याय जान पडता है—'स श्वेत पर्वत राजन् समतिक्रम्य पाडव, वर्ष हिरण्यक नाम विवेशाय महीपते। स तु देशेषुरम्येषु गन्तु तत्रोपचक्रमे, मध्ये प्रासादवृ देषु नक्षत्राणा शशी यथा। महापथेषु राजेन्द्रमवतोया-नमर्जुनम् प्रासादवरशृगस्था, परया वीर्यशोभया, ददृशुस्ता स्त्रिय सर्वा पार्थमात्मयशस्करम्'।

हिरण्यपर्वत

मुगेर का एक प्राचीन नाम जिसका उल्लेख युवानच्वांग ने किया है।

हिरण्यपुर

महाभारत वन० 173 मे दानवों के हिरण्यपुर नामक नगर का उल्लेख है। यहा कालेय तथा पौलोम नामक दानवो का निवास माना गया है—'हिरण्यपुर-मित्येव ख्यायते नगर महत्, रक्षित कालकेयैश्च पौलोमैश्च महासुरै.' वन० 173, 13। आगे, वन० 173, 26 27 म कहा गया है कि सूर्य के समान प्रकाशित होने वाला दैत्यो का आकाशचारी नगर उनकी इच्छा के अनुसार चलने वाला था और दैत्य लोग वरदान के प्रभाव से उसे सुखपूर्वक आकाश म धारण करते थे—'तत् पुर खचर दिव्य कामग सूर्यप्रभम् दैतेयैर्वरदानेन धार्यते स्म यथासुखम्'। यह दिव्य नगर कभी पृथ्वी पर आता था कभी पाताल म चला जाता, कभी ऊपर उडता, कभी तिरछी दिशाओं मे चलता और कभी

शीघ्र ही जल में डूब जाता था, 'अन्तर्भूमौ निपतति पुनरूर्ध्वं प्रतिष्ठते, पुनस्तिर्यक् प्रयात्याशु पुनरप्सु निमज्जति'। यहां के निवासी दानवों का वध अर्जुन ने किया था। महाभारत के अनुसार यह नगर समुद्र के पार स्थित था। पाताल देश के निवातकवच नामक दैत्यों को हराकर लौटते समय अर्जुन यहां आए थे (वन० 173)। आगे हिरण्यपुर का उल्लेख महाभारत उद्योग: 100, 1-2 3 में इस प्रकार है, 'हिरण्यपुरमित्येतत् ख्यातं पुरवरं महत्, दैत्यानां दानवानां च मायाशतविचारिणाम्, अनल्पेन प्रयत्नेन निर्मितं विश्वकर्मणा, मयेन मनसा सृष्टं पातालतलमाश्रितम्। अत्र मायासहस्राणि विकुर्वाणा महौजस, दानवा निवसन्तिस्म शूरा दत्तवरा पुरा'। इसी प्रसग (उद्योग 100,9-10-11-12-13 14 15) में हिरण्यपुर का सविस्तर वर्णन है—'पश्य वेश्मानि रौक्माणि मातले राजतानि च, कर्मणा विधियुक्तेन युक्तान्युपगतानि च। वैदूर्य मणिचित्राणि प्रवालरुचिराणि च, अर्कस्फटिकशुभ्राणि वज्रसारोज्ज्वलानि च। पार्थिवानीव चाभान्ति पद्मरागमयानि च, शैलानीव च दृश्यन्ते दारवाणीव चाप्युत। सूर्यरूपाणि चाभान्ति दीप्ताग्निसदृशानि च, मणिजालविचित्राणि प्रांशूनि निविडानिच। नैतानि शक्य निर्देष्टुं रूपतोद्रव्यतस्तथा, गुणतश्चैव सिद्धानि प्रमाणगुणवन्ति च। आक्रीडान् पश्यदैत्यानांतथैव शयनान्युत। रत्नवन्ति महार्हाणि भाजनान्यासनानिच। जलदाभास्तथाशैलास्तोयप्रस्रवणानि च कामपुष्पफलाश्चापि पादपान् कामचारिण:'। श्लोक 1-2-3 से सूचित होता है कि यह नगर मयदानव द्वारा निर्मित किया गया था। यह संभव है कि हिरण्यपुर उत्तरी अमेरिका में स्थित वर्तमान मेक्सिको (Mexico) की प्राचीन 'माया' जाति का कोई नगर रहा हो। दो तथ्य यहां इस विषय में विशेष रूप से विचारणीय हैं। हिरण्यपुर को पाताल देश में स्थित बताया गया है जो अमेरिका ही जान पड़ता है क्योंकि पृथ्वी पर अमेरिका भारत के सर्वथा ही नीचे या दूसरी ओर (पश्चिमी गोलार्ध) में है। दूसरी बात यह है कि हिरण्यपुर को मय दानव द्वारा निर्मित बताया गया है और यहां के निवासियों का सहस्रों मायाओं ('मायासहस्राणि') के जानने वाले लोगों के रूप में वर्णन है। यह बात विचारणीय है कि मेक्सिको की प्राचीन जाति जिसका नाम 'माया' था, तथा महाभारत में वर्णित मयदानव के बसाए हुए नगर में रहने वाले तथा अनेक प्रकार की माया जानने वाले लोगों में परस्पर बहुत कुछ साम्य दिखाई देता है। इस प्रसंग में महाभारत में माया शब्द का प्रयोग बहुत ही सारगर्भित जान पड़ता है। महाभारत में जो वर्णन हिरण्यपुर के वैभव-विलास का है वह भी प्राचीन मेक्सिको की माया-सभ्यता के अनुरूप ही है। ऊपर कहा गया है

कि अर्जुन ने इस देश मे जाकर यहा के दानवो को पराजित किया था। भारतीयो का इस देश से सम्बन्ध इस बात से भी प्रकट होता है कि मानव शास्त्र के अनुसार मेक्सिको के प्राचीन निवासियो की जाति, उनकी रूपाकृति, उनके कितने ही धार्मिक रीति-रिवाज (जैसे राम-सीता का उत्सव) तथा उनकी भाषा के अनेक शब्द भारतीय जान पडते हैं। कुछ विद्वानो का तो यह निश्चित मत है कि माया लोग भारत से ही आकर मेक्सिको म बसे थे (दे० श्रीचमन लाल कृत 'हिन्दू अमेरिका')।

हिरण्यवती

(1) =उज्जयिनी

(2) [दे० गडकी, इरावती (2)] बुद्धचरित के वर्णन से यह नदी राप्ती जान पडती है।

(3) वामनपुराण मे वर्णित कुरुक्षेत्र की एक नदी—'सरस्वती नदी पुण्या तथा वैतरणी नदी, आपगा च महापुण्या गगा मदाकिनी नदी, मधुस्रवा अम्बु नदी, कौशिकी पापनाशिनी दृषद्वती महापुण्या तथा हिरण्यवती नदी' 39, 6-7-8।

हिरण्यवाह दे० शोण

हिरण्यबिंदु

इसे, महाभारत वन० 87, 20 मे कालजर (कालिंजर) की पहाडी पर स्थित एक तीर्थ माना गया है—'हिरण्यबिंदु कथितो गिरौ कालजरे महान्'।

हिरण्या

सौराष्ट्र की एक छोटी नदी जो प्रभासपाटन के निकट पूर्व की ओर बहती हुई पश्चिमी समुद्र मे गिरती है। हिरण्या मे कपिला और कपिला मे प्राची सरस्वती नदी मिलती है। हिरण्या नदी के तट पर तीनो नदियो के सगम के निकट देहोत्सर्ग नामक तीर्थ स्थित है जिसके कुछ आगे चलकर यादवस्थली है जहां यादव परस्पर लडभिड कर नष्ट हो गए थे। देहोत्सर्ग भगवान् कृष्ण के स्वर्ग सिधारने का स्थान है। यही उन्हें जरा नामक व्याध ने मृग के धोखे से बाण द्वारा आहत किया था। (दे० प्रभास)

हिरणयाक्षी (गुजरात)

खेडब्रह्मा रेल-स्टेशन के निकट यह नदी बहती है। निकट ही हिरण्याक्षी, कोसबी और मीनाक्षी नदियो का सगम है जहा भृगु का प्राचीन आश्रम स्थित

कहा जाता है।

हिसार (हरयाणा)

इस नगर को फिरोजशाह तुगलक (राज्याभिषेक 1351 ई०) ने बसाया था। कहा जाता है हिसार के पास के वनों में फीरोज आखेट के लिए प्रायः आया करता था और उसने यहां एक दुर्ग (हिसार=दुर्ग) बनवाया था जहां कालांतर में आबादी हो गई। हिसार के पास अग्राहा नामक स्थान है जो प्राचीन अग्रोदक कहा जाता है। यह नगर महाभारत-कालीन माना जाता है। अलक्षेंद्र के आक्रमण के समय (327 ई० पू०) इस स्थान पर आग्रेयगण का राज्य था। वा० श० अग्रवाल का विचार है कि पाणिनि 4, 2, 54 में उल्लिखित 'एषुकारिभक्त' हिसार का ही प्राचीन नाम है। इसे कुरु प्रदेश का एक बड़ा नगर कहा गया है।

हुआ दे० हुसकायन

हुगली (बंगाल)

कलकत्ते के निकट इस स्थान पर 1651 ई० में ईस्ट इंडिया कंपनी के अंग्रेजी व्यापारियों ने एक व्यापारिक कोठी बनाई थी। इस कार्य में जेबराइल बाउटन नामक अंग्रेज सर्जन ने जो बंगाल के तत्कालीन मुगल सूबेदार का पारिवारिक चिकित्सक था, बहुत सहायता दी थी। 1658 में यह कोठी मद्रास के अधीन कर दी गई थी।

हुच्चमल्लीगुड्डी (जिला बीजापुर, मैसूर)

चालुक्यकालीन मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। मंदिर में मध्यस्थ गर्भगृह तथा उसके चतुर्दिक संवृत प्रदक्षिणापथ है। मंदिर शिखरसहित है यद्यपि शिखर अविकसित अवस्था में है। अपनी विशिष्ट शैली के कारण इस मंदिर को उत्तरभारतीय गुप्तकालीन मन्दिरों की परम्परा में माना जाता है। यह मंदिर लगभग 600 ई० का है। (दे० हेनरी कजिन्स आर्कियालोजिकल सर्वे रिपोर्ट, 1907-8)।

हुवाचककण्णिका (लंका)

महावंश, 34, 90 में उल्लिखित रोहणप्रांत का एक भाग। यहां चूल्नागपर्वत विहार स्थित था।

हुविनाहडगट्ट (जिला बिलारी, मैसूर)

एक मध्यकालीन मंदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। मंदिर में

स्तंभों की शिल्प कला तथा उन पर की हुई नक्काशी सराहनीय है।

हुष्कपुर

कनिष्क के उत्तराधिकारी हुविष्क या हुष्क (111-138 ई०) का बसाया हुआ नगर। इसकी स्थिति कश्मीर घाटी में स्थित बारामूला के गिरिद्वार (दर्रे) के ठीक बाहर पश्चिम की ओर थी। उस काल में यह स्थान कश्मीर का पश्चिमी द्वार कहलाता था (दे० स्टाइन —राजतरंगिणी 5, 168-171)। चीनी यात्री युवानच्वांग हुष्कपुर के विहार में 631 ई० के लगभग पहुंचा था। वह यहां कई दिन ठहरा था। विहार से वह नगर में भी गया था जहां उसने पांच सहस्र भिक्षु देखे थे। बारामूला गिरिद्वार के निकट हुष्कपुर के खंडहर और एक छोटा सा उष्कूर नामक ग्राम जो हुष्कपुर का स्मारक है, स्थित हैं। उष्कूर म एक प्राचीन स्तूप के चिह्न देखे जा सकते हैं। उष्कूर, हुष्कपुर का ही अपभ्रंश है।

हेमकूट

महाभारत के अनुसार हरिवर्ष के दक्षिण में स्थित एक पर्वत। इस पर्वत को पार करने के पश्चात् अर्जुन अपनी दिग्विजय-यात्रा के प्रसंग में हरिवर्ष पहुंचे थे— 'सरोमानसमासाद्यहाटकानभित प्रभु गंधर्वरक्षितं देशमजयत् पांडवस्ततः। हेमकूटमासाद्य न्यविशत् फाल्गुनस्तथा, तं हेमकूट राजेन्द्र समतिक्रम्य पांडवः। हरिवर्षं विवेशाथ सैन्येन महता वृतः' सभा० 28-5 तथा दाक्षिणात्य पाठ। इसमें हेमकूट तथा मानसरोवर का सान्निध्य भी सूचित होता है। वास्तव में भीष्म० 6, 41 में तो हेमकूट को कैलास का पर्याय ही कहा गया है, 'हेमकूटस्तु सुमहान् कैलासो नाम पर्वत.', भीष्म० 6, 41। मत्स्यपुराण में हेमकूट पर अप्सराओं का निवास बताया गया है। विष्णुपुराण 2, 2, 10 में मेरुपर्वत के दक्षिण में हिमवान्, हेमकूट और निषध नामक पर्वतों की स्थिति बताई गई है— 'हिमवान् हेमकूटश्च निषधश्चास्य दक्षिणे'। श्री चि० वि० वैद्य के मत में हेमकूट पर्वत वर्तमान कराकोरम है किन्तु श्री एच० वी० त्रिवेदी के अनुसार हेमकूट पर्वतश्रेणी का विस्तार पश्चिम कश्मीर में है (इंडियन हिस्टॉरिकल क्वार्टरली 12, पृ० 534 540)। किन्तु जैसा महाभारत के उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है हेमकूट कैलास या उसके निकट की हिमालय-श्रेणी का ही नाम जान पड़ता है। जैन ग्रंथ जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति में हेमकूट को जंबूद्वीप के छः वर्षपर्वतों में से एक माना गया है।

हेमगर्भ

'तमतिक्रम्य शैलेन्द्र हेमगर्भं महागिरिम् ततः सुदर्शननाम पर्वतं गन्तुमर्हथ'

वाल्मीकि रामा० किष्किंधा 43, 16। प्रसग से यह पर्वत हेमकूट जान पडता है।

हेमगिरि

(1) दे० हामटा

(2) स्वर्णनिर्मित पर्वत अथवा हेमकूट। यह हिमालय का पर्याय भी हो सकता है, 'कितेन हेमगिरिणा रजताद्रिणा वा' सुभाषित०।

हेमपर्वत=हेमशैल

(1) विष्णु० 2, 4, 41 मे उल्लिखित कुशद्वीप का एक पर्वत—'विद्रुमो हेमशैलश्च द्युतिमान् पुष्पवास्तथा, कुशेशयोहरिश्चैव सप्तमो मदराचल'। महाभारत, भीष्म० 12 9-10 मे भी कुशद्वीप के सम्बन्ध मे इस पर्वत का उल्लेख है—'कुशद्वीपेषु राजेन्द्र पर्वतो विद्रुमैश्चित सुधामा नाम दुर्धर्षो द्वितीयो हेमपर्वत'

(2)=हेमकूट

हैदराबाद

(1) (आं० प्र०) दक्षिण की भूतपूर्व रियासत तथा उसका मुख्य नगर। ऐतिहासिक दृष्टि से अधिक प्राचीन न होते हुए भी पिछले दो सौ वर्षों से दक्षिण की राजनीति मे इस नगर का प्रमुख भाग रहा है। ककातीयनरेश गणपति ने वर्तमान गोलकुडा की पहाडी पर एक कच्चा किला बनवाया था। 14वीं शती मे इस प्रदेश मे मुसलमानो का अधिकार होने के पश्चात् बहमनी राज्य स्थापित हुआ। 1482ई० मे बहमनी राज्य के एक सूबेदार सुलतान कुलीकुतुबुलमुल्क ने इस कच्चे किले को पक्का बनवाकर गोलकुडा मे अपनी राजधानी बनवाई। कुतुबशाही वश के पाचवें सुलतान कुलीकुतुबशाह ने, 1591 ई० मे गोलकुडा से अपनी राजधानी हटाकर नई राजधानी मूसी नदी के दक्षिणी तट पर बनाई जहां हैदराबाद स्थित है। राजधानी गोलकुडा से हटाने का कारण था वहा की खराब जलवायु तथा जल की कमी। यह नया हराभरा तथा खुला स्थान सुलतान ने यो ही एक दिन वहां आखेट करते हुए पसद कर लिया था। उसने इस नए नगर का नाम अपनी प्रेमिका भागमती के नाम पर भागनगर रखा। मूसी नदी के पास एक गांव चिचेलम, जहां भागमती रहती थी, नए नगर के भावी विकास का केंद्र बना. सुदरी भागमती को कुतुबशाह ने बाद मे हैदरमहल की उपाधि प्रदान की और तत्पश्चात् भागनगर भी हैदराबाद कहलाने लगा। कुतुबशाह फारसी का अच्छा कवि था तथा स्वभाव से बडा उदार। अपनी प्रेमिका का स्मारक होने के कारण हैदराबाद को उसने बहुत सुदरता से बसाया था। चिचेलम ग्राम के स्थान पर चारमीनार नामक भवन बनवाया

गया जिसके ऊपर एक हिन्दू मन्दिर स्थित था। गिरधारी प्रसाद द्वारा रचित हैदराबाद के इतिहास से सूचित होता है कि चारमीनार के ऊपर एक कलापूर्ण फव्वारा भी था। हैदराबाद के अनेक भवनों में खुदादाद नामक महल कुतुबशाह को बहुत प्रिय था। इसके विषय में उसने अपनी कविता में लिखा है कि यह महल स्वर्ग के समान ही सुन्दर तथा सुखदाई था। यहां उसकी बारह बेगमें तथा प्रेमिकाएं रहती थीं। हैदराबाद का नक्शा त्रिकोण था। इसमें गोलकुंडा की सारी आबादी को लाकर बसाया गया था। नगर शीघ्र ही उन्नति करता चला गया। टेवर्निग्रर नामक फ्रांसीसी यात्री ने, जो यहां, नगर के निर्माण के थोड़े ही समय पश्चात् आया था, लिखा है कि नगर को बहुत ही कलापूर्ण ढंग से बसाया तथा नियोजित किया गया था और इसकी सड़कें भी बहुत चौड़ी थीं। नगर में चार बाजारों का निर्माण किया गया था जिनके प्रवेश-द्वारों पर चार कमान नामक तोरण बनवाए गए थे। इनके दक्षिण की ओर चारमीनार स्थित है। इसका प्रयोजन अभी तक निश्चित नहीं किया जा सका है। 1597 98 में विशाल जामा मसजिद बनकर तैयार हुई। इसी समय के आस-पास मूसी नदी का पुल, राजप्रासाद (जो पुरानी हवेली के पास था), गुलजार हौज, खुदादाद महल (जो दक्न के सूबेदार इब्राहीमखां के समय में जलकर भस्म हो गया) और नदीमहल (जिसका पता अब नहीं मिलता) इत्यादि बने। हैदराबाद शीघ्र ही अपने सौंदर्य और वैभव के कारण जगत्प्रसिद्ध नगर हो गया। फारस के शाह के राजदूत तथा तहमास्पशाह का पुत्र यहां कई वर्षों तक रहते रहे। 1617 ई० में जहांगीर के दो राजदूत मीर-मक्की तथा मुंशी जादवराय यहां नियुक्त थे। हैदराबाद पर मुगल सम्राट् औरंगजेब की बहुत दिनों से कुदृष्टि थी। उसने 1687 ई० में गोलकुंडा पर चढ़ाई करके किले को हस्तगत कर लिया और हैदराबाद का नगर भी उसके हाथ में आ गया। मुगल साम्राज्य की अवनति होने पर मुहम्मदशाह रंगीले के शासनकाल में दक्न का सूबेदार निजामुलमुल्क आसफखां स्वतंत्र हो गया और 1724 ई० में उसने हैदराबाद की स्वतंत्र रियासत कायम कर ली। उन दिनों मराठों की बढ़ती हुई शक्ति के कारण निजाम की दशा अच्छी न थी, किन्तु 18वीं शती के अन्त में अंग्रेजों से 'सहायक सन्धि' करने के उपरान्त निजाम अंग्रेजों के नियंत्रण में आ गया और उसकी रियासत की रक्षा स्वतंत्रता बेच कर हुई। हैदराबाद में कई ऐतिहासिक मंदिर भी स्थित हैं। इनमें राम-सिंह का मंदिर प्रसिद्ध है। इसे तृतीय निजाम सिकन्दरशाह के समय में उसके अश्वसेनापति रामसिंह ने बनवाया था। यह मंदिर बालाजी का है। इसके

लिए निजाम ने जागीर भी निश्चित की थी। इस मन्दिर के द्वार पर अश्व प्रतिमाएं बनी हैं। हैदराबाद की रेजीडेंसी 1803 से 1808 ई० तक बनी थी। इसको कैप्टन एचीलीज त्रिक्पेट्रिक (बाद में हशमतजंग बहादुर के नाम से प्रसिद्ध) ने बनवाया था। क्रिकपेट्रिक ने अपनी मुसलमान बेगम खैरुन्निसा के लिए रेजीडेंसी के अंदर रंगमहल बनवाया था। हुसैन सागर झील जो 1½ मील लम्बी है, 1560 ई० के लगभग इब्राहीम कुली कुतुबशाह द्वारा बनवाई गई थी। पुराने समय में इस झील के तट पर दो सरायें थीं जिनमें परस्पर गूंज द्वारा बातचीत की जा सकती थी। विशाल मक्का-मसजिद को गोलकुंडा के सुलतान मुहम्मद कुतुबशाह ने बनवाना प्रारम्भ किया था और यह औरंगजेब के समय में 1687 ई० में पूरी हुई थी। फ्रांसीसी सरदार रेमंड का मकबरा मुसरनगर की पहाड़ी पर है। निजाम की ओर से यह सरदार खुर्दा (खुर्दला) की लड़ाई में मराठों से लड़ा था। इस मकबरे के पास वेंकटेश्वर का अति प्राचीन मंदिर है। सिकंदराबाद, हैदराबाद के निकट फौजी छावनी है। 1806 ई० में अंग्रेजों की सहायक सेना प्रथम बार आकर यहां रहने लगी थी। सिकन्दराबाद को सिकन्दरजाह तृतीय निजाम ने बसाया था। यहीं 19वीं शती में सर रोनल्ड रॉस ने मलेरिया के मच्छर की खोज की थी। (दे० गोलकुंडा)

(2) (सिंध, पाकि०) कहा जाता है कि वर्तमान हैदराबाद के स्थान पर प्राचीन समय में पाटलिला नामक नगर बसा हुआ था। (दे० पाटलिला)

हैमवतपति

जैन ग्रंथ जंबुद्वीपप्रज्ञप्ति (4, 80) में उल्लिखित महाहिमवतपर्वत का एक शिखर।

हैमवतवर्ष

पौराणिक भूगोल के अनुसार हेमकूट के दक्षिण में स्थित प्रदेश। यह हिमालय पर्वत माला से घिरा हुआ प्रदेश है जिसमें तिब्बत आदि स्थित हैं। यह हिमवान् (हिमालय) के नाम पर ही प्रसिद्ध था।

हैमवती (नदी)

(1)=ऋषिकुल्या

(2) -रावी

(3)=सतलज (शतद्रु)

हैरण्यक वर्ष=हिरण्यक वर्ष

हैरण्वती

हिरण्मय वर्ष की नदी, 'दक्षिणेन तु नीलस्य निषधस्योत्तरेण तु वर्षं हिरण्मय

यत्र हैरण्वती नदी'। यह साइबेरिया या मंगोलिया की कोई नदी हो सकती है। (दे० हिरण्मय)

हैहय

खानदेश और दक्षिणी मालवा का भाग। यह कार्तवीर्यार्जुन का शासित प्रदेश था। माहिष्मती इस प्रदेश की राजधानी थी। (दे० माहिष्मती)

होडल

दिल्ली-मथुरा रेल मार्ग पर दिल्ली से 53 मील दूर है। 1720 ई० मे दिल्ली के मुगल सम्राट् मुहम्मदशाह रंगीले और सैयद अब्दुल्ला की सेनाओ मे इस स्थान के निकट युद्ध हुआ था। इस युद्ध मे भरतपुर का संस्थापक चूड़ामन जाट भी अब्दुल्ला की ओर से लड़ा था। अब्दुल्ला की सेना पूरी तरह नष्ट हो गई थी। अब्दुल्ला तथा उसके भाई हुसैन को परवर्ती मुगलकालीन इतिहास के लेखकों ने नृपकर्ता कहा है क्योंकि इन्होंने दिल्ली के तख्त पर एक के बाद एक कई बादशाओं को मनचाहे ढंग से बिठाकर राज्यशक्ति स्वयं अपने हाथ मे रखी थी। भरतपुर के राजा सूरजमल ने होडलनिवासी चौधरी काशी की पुत्री से विवाह किया था जो आगे चलकर रानी किशोरी या हँसिया रानी कहलाई। रानी किशोरी का भरतपुर-राज्य के इतिहास मे प्रमुख स्थान है। उसने भरतपुर को कई बार आकस्मिक राजनीतिक दुर्घटनाओ से बचाया था।

होनहल्ली (चिंतमुर तालुका, जिला रायचूर, मैसूर)

यहाँ लोहा गलाने के प्राचीन कारखानो के अवशेष प्राप्त हुए हैं, जिससे इस स्थान पर मध्यकाल मे लोहा गलाने तथा ढालने के उद्योग की विद्यमानता सिद्ध होती है।

होमनाबाद (जिला बीदर, मैसूर)

यहां 19वीं शती के पूर्वार्ध मे दाक्षिणात्य संत मानिकप्रभु का निवासस्थान माना जाता है। उन्होंने सब धर्मों की एकता पर बहुत जोर दिया था और उनके शिष्य सभी मतों तथा जातियों मे पाये जाते थे। मानिक प्रभु का मठ होमनाबाद मे आज भी देखा जा सकता है। यहां उनके शिष्य मत की परम्परा को बनाए हुए हैं।

होलकोंडा (जिला गुलबर्गा, मैसूर)

मध्यकाल मे निर्मित सात पांच सुन्दर मकबरे यहाँ स्थित हैं, किन्तु ये भवन किसके स्मारक हैं यह अभी तक अनिश्चित है।

ह्रीपुरी

जैन सूत्रग्रंथ जंबुद्वीप प्रज्ञप्ति में उल्लिखित महाहिमवत का एक शिखर।

ह्लादिनी

वाल्मीकि० रामा० अयो० 71, 2 के अनुसार केकय से अयोध्या आते समय भरत ने इस नदी को पार किया था—'ह्लादिनीं दूरपारां च प्रत्यक्स्रोतस्तरंगिणीम्, शतद्रुमतरच्छ्रीमान् नदीमिक्ष्वाकुनंदन'। यह नदी सतलज के पूर्व में बहती थी।

टि० ऐतिहासिक स्थानावली की रचना में जिन मूल अथवा सदर्भ ग्रन्थों से सहायता ली गई है उनमें से कुछ के नाम यहाँ संगृहीत हैं। अधिकांश स्थलों पर निर्दिष्ट ग्रंथों के नाम पूरे पूरे दिए गए हैं।

सदर्भ-ग्रंथ

Ancient Geography of India—A Cunningham

Geographical Dictionary of Ancient India—N L Dey

Historical Geography of Ancient India—B C Law

Geographical Essays—B C Law

Vedic Index—Macdonald

Imperial Gazetter of India

District Gazetters

Epigraphia Indica

Corpus Inscriptionum Indicarum

South Indian Inscriptions

Inscriptions—Luders

The Historical Inscriptions of Southern India—Madras-University 1932

Annual Reports of Archaeological Survey of India

Reports of Archaeological Survey in different States

Ethnic Settlements of Ancient India—S B Chaudhuri

An Ancient Chinese Dictionary of Indian Geographical names translated and Publishd by International Academy of Indian Culture, Lahore

Here & There in India—Parkhurst

Encyclopaedia Brittanica

Cyclopaedia of India—Balfour

Sanskrit Dictionary—Wilson

Sanskrit English Dictionary—Monier Williams

Sanskrit English Dictionary—Apte
Upayana Parva—Dr. Motichand
भारत के तीर्थ व नगर
तीर्थांक (कल्याण)
तपोभूमि—रामगोपाल मिश्र
वेदधरातल—गिरीशचंद्र अवस्थी

प्रादेशिक

सार्थवाह—डॉ० मोतीचन्द
कालिदास का भारत—भ० श० उपाध्याय
पाणिनिकालीन भारतवर्ष—वा० श० अग्रवाल
भारत म आधुनिक पुरातत्त्व अन्वेषण
विश्वकोश—का० ना० प्र० सभा
मराठी ज्ञानकोश
Mohenjadaro—J Marshall
Guide Books & Monographs on Ajanta, Ellora, Elephanta, Ahichhatra, Rajgir, Vidisha, Hastinapur, Taxila, Sanchi, Khajuraho, Kanouj, Mathura, Sarnath, Nalanda, Delhi, Agra Fatehpur Sikri, etc. etc (Archaeological Departments of Government of India and State governments)
'See India' series—Bhopal, Gwalior, Mysore, etc etc (Government of India)
Descriptive notes on Places on Oudh-Tirhut Railway (issued by former O T Railway)
Buddhist Shrines of India (Government of India)
Somnath, the Shrine Eternal—K M Munshi
Somnath and other Medieval temples in Kathiawad—Cousens
History and Legend in Hydrabad
Highlands of Central India—Forsythe.
A Guide to Mathura Museum
A Guide to the Sarnath Museum
History of Orissa—Mehtab
Lists of Ancient Monuments of Bengal, 1895

Notes on the District of Gaya—Grierson.
Notes on the Sangal Tibba (News Press—Lahore 1906)
Annals and Antiquities of Rajasthan—Todd
राजपूताने का इतिहास—गौरीशंकर हीराचन्द ओझा
दिल्ली की कहानी—डॉ॰ परमात्मा शरण
युगयुगों में उत्तर प्रदेश—कृ॰ द॰ वाजपेयी
संयुक्त प्रान्त की पहाड़ी यात्राएँ
ब्रज की कला—कृ॰ द॰ वाजपेयी
बुंदेलखंड का संक्षिप्त इतिहास—गो॰ ला॰ तिवारी
मध्यप्रदेश का कलात्मक वैभव—भारतीय हिन्दी परिषद्, प्रयाग
मध्यभारत (भूतपूर्व मध्यभारत शासन का प्रकाशन)
त्रिपुरी का इतिहास—व्योहार राजेन्द्र सिंह
जबलपुर-ज्योति
खंडहरों के वैभव—मुनि कांतिसागर
वस्तु-दीपिका

अनुसंधान विषयक तथा अन्यान्य पत्र पत्रिकाएँ

Journal of the Royal Historical Society
Journal of th As atic Society of Bengal
Journal of U P Historical Society
Journal of the Bihar and Orissa Research Society
Annals of the Bhandarkar Research Institute, Poona
Bulletin of *Deccan College Research Society*, Poona.
Indian Antiquary
Indian Culture
Proceedings of the History Congress
Proceedings of Oriental Cong ss
Proceedings of Indian Science Congress (Archaeology Section)
नागरी प्रचारिणी सभा पत्रिका
Modern Review
Calcutta Review
धर्मयुग, कादम्बिनी, सरस्वती आदि

साहित्य

वैदिक एवं सामान्य संस्कृत-साहित्य

ऋग्वेद
अथर्ववेद
ब्राह्मण-ग्रंथ (ऐतरेय, शतपथ, पचविंश, गोपथ आदि)
उपनिषद् (छांदोग्य, कौशीतकी आदि)
वाजसेनीय संहिता
निरुक्त—यास्क
अष्टाध्यायी—पाणिनि
महाभाष्य—पतंजलि
गार्गी-संहिता
बृहत् संहिता—वराहमिहिर
कौटिल्य अर्थशास्त्र
बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र
मनुस्मृति
सिद्धान्त शिरोमणि—(कोलब्रुक की टीका)
वाल्मीकि रामायण, टीका—चंद्रशेखर शास्त्री, काशी, संवत् 1988
महाभारत (गीता प्रेस)
पुराण—(विष्णु, श्रीमद्भागवत, पद्म, स्कंद, अग्नि, ब्रह्माण्ड, वायु, शिव, वराह, मत्स्य, ब्रह्म, भविष्य, मार्कंडेय, हरिवंश आदि)
रघुवंश—कालिदास
अभिज्ञान शाकुंतल—कालिदास
कुमारसंभव – कालिदास
मालविकाग्निमित्र—कालिदास
हर्षचरित—बाण
कादम्बरी—बाण
कर्पूरमंजरी—राजशेखर
पवनदूत—धोयी कवि
पुरुषपरीक्षा
रंभामंजरी नाटक
दशकुमारचरित—दंडी
शिशुपालवध—माघ

स्वप्नवासवदत्ता—भास
कथासरित्सागर—सोमदेव
वररुचि का काव्य
उत्तररामचरित—भवभूति
महावीरचरित—भवभूति
मालतीमाधव—भवभूति
राजतरंगिणी—कल्हण
विक्रमाकदेवचरित—विल्हण
अध्यात्मरामायण

बौद्ध-साहित्य

बुद्धचरित—अश्वघोष
सौंदरानन्द—अश्वघोष
महावंश
दीपवंश
दिव्यावदान
बोधिसत्वावदान कल्पलता
जातककथाएँ (पाली)
मज्झिमनिकाय
अगुंतरनिकाय—(R Morris)
मिलिंदपन्ह—(Trechner)
धम्मपद टीका—(Harvard Oriental Series)
आयरंगसुत्त
अभिधानदीपिका
संगीति सुत्तन्त
निर्वाणकांड
जातकमाला—आर्यशूर

जैन-साहित्य

निर्वाणकांड
प्रज्ञापना सूत्र
परानन्द प्रबोध संग्रह

जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति
विविधतीर्थकल्प
तीर्थमाला चैत्यवदन
सूत्रकृतांग
भगवतीसूत्र
प्रवचनसारद्धार
उत्तराध्ययनसूत्र
कल्पसूत्र
कथाकोशप्रकरण - जिनेश्वर सूरि
धर्मोपदेश माला
वसुदेवहिंडि
अट्ठकथा
एकादशअंगादि
Ancient Jain Hyms—Charlotte Krause (1952)
Some Jain Canonical Sutras—B. C. Law.

प्राकृत-साहित्य

गौडवहो

हिन्दी-साहित्य

रामचरितमानस तुलसीदास
पद्मावत—जायसी
रामचंद्रिका—केशवदास
शिवराजभूषण—भूषण
शिवाबावनी—भूषण
छत्रसालदशक—भूषण
माधवानलकामकंदला
गढ़कुंडार—वृ० ला० वर्मा
मृगनयनी—वृ० ला० वर्मा

बंगाली-साहित्य

श्रीचैतन्यचरितामृत—(हिन्दी अनुवाद—गीता प्रेस)

फारसी-अरबी साहित्य

अलउतबी का महमूद गजनी विषयक विवरण
रेहला इब्नबतूता।
किताबुलहिंद—अलबेरूनी
आइने अकबरी—अबुलफजल
तारीखे फरिश्ता—फरिश्ता
History of India as told by her own Historians—Elliot and Dowson

विविध

Political History of Ancient India—Raichaudhuri
History of Ancient India—R S Tripathi
Early History of India—V Smith
Cambridge History of India
Dynasties of the Kali Age—Pargiter
Chronology of the Purans—Pargiter
Ancient Indian Colonies in the Far East—R C Majumdar
Ancient India as described by Megasthenese & Arrian—Mccrindle
The Periplus of the Erythraean Sea (Schoff)
Geography—Ptolemy
Travels of Fa Hian—Beal
On Yuanchwang's Travels in India—Watters
Asoka—D. R Bhandarkar.
Asoka—R K Mookerji
Hindu Civilization—R K Mookerji
Harsha—R K Mookerji
Harsha—G C Chatterji
The Age of the Imperial Guptas—R D Banerji
Some Ksatriya Tribes—B K Law
Buddhaghosh—B C Law.
Buddhist India—Rhys Davids
Indian Architecture—Fergusson
History of Indian and Indonesian Art—A K Coomaraswami
Chalukyan Architecture of Canarese Districts—Cousens
History of Medieval India—Ishwari Prasad
Akbar the Great Mughal—V. Smith

Jahangir—Beni Prasad
Shahjahan—Banarsi Prasad Saksena.
Aurangzeb—J. N. Sarkar
Fall of the Mughal Empire—J. N. Sarkar.
Later Mughals—Irvine
Story of my Life—Meadows Taylor
Highlands of Central India—Forsythe
The Indian Borderland—Holdisch.
A Forgotten Empire—Sewell
History of Bengali Literature—D. C. Sen.
A History of Sanskrit Literature—Macdonald
Gupta Coins—J. Allen
Travels into Bokhara—Alexander Burns, 1835.
Hindu America—Chaman Lal
Mahabharata—C. V. Vaidya

टिप्पणी—(1) ग्रंथनिर्देश की प्रक्रिया का उदाहरण :—

वाल्मीकि रामायण (वाल्मीकि० कांड, सर्ग, श्लोक)।
महाभारत (महा० पर्व, अध्याय, श्लोक)।
विष्णुपुराण (विष्णु० अंश, अध्याय, श्लोक)।
श्रीमद्भागवत (श्रीमद्भागवत स्कंध, अध्याय, श्लोक)।
रघुवंश (रघु० सर्ग श्लोक)।
इसी प्रकार अन्य।

निर्दिष्ट ग्रंथ के कांड, पर्व, स्कंध आदि को अध्याय आदि से कॉमा (,) द्वारा तथा श्लोकों या छन्दों को परस्पर हाइफन (-) द्वारा पृथक् किया गया है।

(2) ई० = ईसवी।
ई० पू० = ईसवी पूर्व।
वि० सं० = विक्रम संवत्।
आं०प्र० = आंध्र प्रदेश।
उ०प्र० = उत्तर प्रदेश।
म०प्र० = मध्य प्रदेश।
मद्रास राज्य अब तमिलनाडु कहलाता है।

पुनश्च मधुसर्गेन दैत्यानाधिष्ठित यतः, ततो मधुवन नाम्ना ख्यातमत्र महीतले'। विष्णु० 1,12,4 से सूचित होता है कि शत्रुघ्न ने मधुवन के स्थान पर नई नगरी बसाई थी—'हत्वा च लवण रक्षो मधुपुत्र महाबलम्, शत्रुघ्नो मधुरां नाम पुरीमत्र चकार वै'। हरिवंश० पुराण 1,54-55 के अनुसार इस वन को शत्रुघ्न ने कटवा दिया था—'छित्वा वन तत् सौमित्रि ...'। पौराणिक कथा के अनुसार ध्रुव ने इसी वन मे तपस्या की थी। प्राचीन संस्कृत साहित्य में मधुवन को श्रीकृष्ण की अनेक चपल बाल-लीलाओं की क्रीडास्थली बताया गया है। यह गोकुल या वृदावन के निकट कोई वन था। आजकल मथुरा से 3½ मील दूर महोलीमधुवन नामक एक ग्राम है। पारपरिक अनुश्रुति मे मधुदैत्य की मथुरा और उसका मधुवन इसी स्थान पर थे। यहा लवणासुर की गुफा नामक एक स्थान है जिसे मधु के पुत्र लवणासुर का निवासस्थान माना जाता है। (दे० मथुरा)

मधुविला=समगा

'एषा मधुविला राजन समगा सप्रकाशते एतत् कर्दमिल नाम भरतस्याभिषेचनम्। अलक्ष्म्या किल सयुक्तो वृत्र हत्वा शचीपतिः, आप्लुतः सर्व पापेभ्य समगायां व्यमुच्यत' महा०, वन० 135,1-2। तीर्थयात्रा के इस प्रसग मे इस नदी को विनशन के निकट तथा कनखल (हरद्वार) के उत्तर की ओर बताया गया है (वन० 135-3,135-5)। इसे इस वर्णन मे समगा नाम से भी अभिहित किया गया है। यह गगा की कोई सहायक या शाखानदी जान पड़ती है। मधुविला के सिंचित प्रदेश को उपर्युक्त उद्धरण मे कर्दमिलक्षेत्र कहा गया है।

मधुस्रवा

(1) वामन पुराण 39,6-8 के अनुसार मधुस्रवा कुरुक्षेत्र की सात नदियों मे से है—'मधुस्रवाऽम्लुनदी कौशिकी पापनाशिनी'। [दे० आपगा (2)]

(2) (बिहार) गया के निकट बहनेवाली फल्गु की सहायक नदी।

मधूपघ्न=मधूपघ्ना

रामायणकाल मे लवणासुर की राजधानी मथुरा या उसके सन्निकट स्थित उपनगर। इसका नाम लवणासुर के पिता मधुदैत्य के नाम पर प्रसिद्ध था। मधुरा, मधुपुरी या मधुवन भी मधु के ही नाम पर प्रसिद्ध थे। कालिदास ने रघुवंश, 15,15 मे मधूपघ्न का उल्लेख इस प्रकार किया है—'स च प्राप मधूपघ्न कुंभीनस्याश्च कुक्षिजः वनात्करमिवादाय सत्वराशिमुपस्थित. अर्थात् मधूपघ्न मे जैसे ही शत्रुघ्न पहुचे, कुभीनसी का पुत्र (लवणासुर) वन से, जीवो की राशि के साथ मानों कर देने के लिए वहा आया। मल्लिनाथ ने इस नगर को अपनी

टीका में 'लवणपुर' लिखा है। रघुवंश 15,28 से विदित होता है कि लवणासुर का वध करने के उपरांत, शत्रुघ्न ने शूरसेन-प्रदेश की पुरानी राजधानी मधुरा के स्थान में नई नगरी बसाई जो यमुना के तट पर थी—'उपकूलं च कालिंद्याः पुरीं पौरुषभूषण., निर्ममेनिर्ममोऽर्थेषु मथुरां मधुराकृति.' (दे० विष्णु पुराण-4,5,107—'शत्रुघ्नेनाप्यमितबलपराक्रमो मधुपुत्रो लवणोनाम राक्षसोऽभिहतो मथुरा निवेशिता)। मधुघ्न या लवणपुर, तत्कालीन मधुरा या मथुरा से शायद भिन्न था फिर भी इसकी स्थिति मथुरा के सन्निकट ही थी क्योंकि शत्रुघ्न ने पुरानी नगरी मधुरा के स्थान पर ही नई नगरी बसाई थी। जैन विद्वान् हेमचंद्राचार्य के अभिधान चिंतामणि नामक ग्रंथ (पृ० 390) में भी मथुरा को मधूघ्ना कहा गया है। (दे० मथुरा, मधुवन)

मध्यदेश

विष्णुपुराण 2, 3, 15 के अनुसार कुरुपांचाल का प्रदेश मध्यदेश नाम से अभिहित किया जाता था—'तास्विमे कुरुपांचाला मध्यदेशादयोजनाः, पूर्वदेशादिकाश्चैव कामरूपनिवासिनः'—स्थूल रूप से इसमें उत्तरप्रदेश का अधिकांश भाग, पूर्वी पंजाब तथा दिल्ली का परिवर्ती क्षेत्र सम्मिलित था।

मध्यमिका

चित्तौड़ (राजस्थान) से 8 मील उत्तर की ओर स्थित नगरी नामक प्राचीन बस्ती को प्राचीन साहित्य की मध्यमिका माना जाता है। महाभारत, सभा० 32,8 में इस नगरी, जिसमें वाटधान द्विजों का निवास था, के नकुल द्वारा विजित किए जाने का उल्लेख है—'तथा माध्यमिकांश्चैव ,वाटधानान् द्विजानथ पुनश्च परिवृत्याथ पुष्करारण्यवासिन'। पतंजलि के महाभाष्य 'अरुणद्यवनः साकेतम्, अरुणद्यवनः मध्यमिकाम्' से सूचित होता है कि पतंजलि के समय में किसी यवन या ग्रीक आक्रमणकारी ने साकेत (अयोध्या का उपनगर) और मध्यमिका का घेरा डाला था। श्री डी० आर० भंडारकर के मत से पतंजलि पुष्यमित्र शुंग के काल में हुए थे (दूसरी शती ई०पू०)। इस यवन आक्रांता को कुछ विद्वानों ने मीनेंडर या बौद्ध साहित्य का मिलिंद (मिलिंदपन्हो ग्रंथ में उल्लिखित) माना है। गार्गी संहिता में भी संभवतः इस आक्रमण का उल्लेख है। नगरी का माध्यमिका से अभिज्ञान इस प्राचीन स्थान से मिले हुए द्वितीय शती ई० पू० के कुछ सिक्कों के साक्ष्य पर निर्भर है। इन पर 'मझमिकाय शिबिजनपदस्य' लेख उत्कीर्ण है। मध्यमिका के शिवि शायद उशीनर (ज़िला सहारनपुर, उ०प्र०) के प्राचीन शिविदेश की शाखा माने जा सकते हैं जो अपने मूल स्थान से आकर राजस्थान में बस गई

होगी। नगरी के खंडहरों में एक प्राचीन स्तूप और गुप्तकालीन तोरण के चिह्न मिले हैं। चित्तौड़ का निर्माण बहुत कुछ नगरी के खंडहरों से प्राप्त सामग्री द्वारा किया गया था। (दे० नगरी; चित्तौड़)

मनथानी (जिला करीमनगर, आं० प्र०)=महादेवपुर

किंवदंती के अनुसार यह गौतम ऋषि की तपोभूमि थी। यहां के प्राचीन मंदिरों में शिलेश्वरगुडी का मंदिर उल्लेखनीय है। इसका शिखर दक्षिण भारतीय मंदिरों के शिखर के अनुरूप है। यहां से प्राप्त एक शिलालेख में जो प्राचीन नागरी लिपि में है वारंगल-नरेश गणपति का उल्लेख है।

मनहाली (प० बंगाल)

बंगाल के पाल वंश के नरेश मदनपाल का एक ताम्रदानपट्ट इस स्थान से प्राप्त हुआ है।

मनाली (हिमाचलप्रदेश)

स्थानीय किंवदंती में इस स्थान का नाम मनु से संबंधित कहा जाता है। मनुरिखी या मनुऋषि का प्राचीन मंदिर गांव के बीच में है। यह काष्ठ-निर्मित है। महाभारत में वर्णित हिडंबा दानवी का स्थान भी मनाली में माना जाता है। इसके नाम से प्रसिद्ध मंदिर मनाली से कुछ दूर एक विजनवन में बना हुआ है। यह मंदिर भी लकड़ी का बना है और सात मंजिला है। (हिडंबा से संबद्ध अन्य किंवदंती के लिए दे० बिजनौर)

मनिकर्ण (हिमाचल प्रदेश)

कुल्लू के पास प्राचीन तीर्थ है। यहां मंडी कुल्लू मार्ग से होकर पहुंचा जा सकता है।

मनिकियाला (दे० मणिकियाला)

मनियर (जिला बलिया उ०प्र०)

यह स्थान सरयूतट पर है। कहा जाता है कि मेधस् ऋषि जिनका उल्लेख दुर्गासप्तशती में है, का आश्रम मनियर में स्थित था। यहां का चतुर्मुखी देवी दुर्गा का मंदिर शायद इन से संबंधित कथा का स्मारक है।

मनियागढ़ (म०प्र०)

यह दुर्ग भूतपूर्व छतरपुर रियासत में खजुराहो से बारह मील दूर एक पहाड़ी पर स्थित है। इसकी प्राचीर प्राय सात मील लंबी है। आल्हा काव्य में इस दुर्ग का अनेक बार उल्लेख है। यह चंदेलों के आठ प्रसिद्ध किलों में से था।

मनोलसरंग दे० नौरमंगल

मनोरमा

विष्णुपुराण 2,4,55 के अनुसार क्रौंच-द्वीप की एक नदी—'गौरी कुमुद्वती चैव सध्या रात्रिर्मनोजवा, क्षातिश्च पुडरीका च सप्तैते वर्षनिम्नगा'

मन्नानूर (जिला महबूबनगर, आ० प्र०)

इस स्थान से प्राचीन मंदिरों के अवशेष प्राप्त हुए हैं जो सभवत वारगल-नरेशों के समय के हैं।

मम्ललपुरम् दे० महाबलीपुरम्

मयराष्ट्र दे० मेरठ

मयूर

इस नगर का वर्णन चीनी यात्री युवानच्वांग के यात्रावृत्त में है। इसका अभिज्ञान वाटर्स (पृ० 328) ने हरद्वार से किया है। सभव है हरद्वार के प्राचीन नाम मायापुर का ही चीनी यात्री ने मयूररूप मे उल्लेख किया है। युवानच्वांग के वर्णन के अनुसार इस स्थान की जनसख्या बड़ी विशाल थी और यहा के पवित्र जल मे स्नान करने के लिए दूर-दूर से यात्री आते थे। अनेक पुण्यशालाएं जहां निर्धनों को दान दिया जाता था, यहा स्थित थीं। इन्हें धर्मप्राण नरेशों ने स्थापित किया था। गरीबों को निःशुल्क स्वादु भोजन तथा रोगियों को निःशुल्क ओषधि भी यहा मिलती थी।

मयूरभंज (जिला सिंहभूमि, बिहार)

इस स्थान से 12वीं शती ई० के ताम्रपट्टलेख मिले हैं जिनमे यहा तत्कालीन राज्यवशों के इतिहास पर प्रकाश पड़ता है।

मयूरध्वजपुरी दे० मोरवी

मयूराक्षी

वैद्यनाथ (बिहार) से छ मील दूर त्रिकूट पर्वत से निकलने वाली नदी।

मयूरी

यह मलाबार तट पर स्थित नदी है।

मरकरा

भूतपूर्व कुर्ग की राजधानी। यहा के दुर्ग का निर्माण कुर्ग के प्राचीन राजाओं ने किया था। दुर्ग के भीतर राजप्रासाद आदि भी स्थित हैं। इसके सन्निकट ओंकारेश्वर का विशाल मंदिर है। इसकी वास्तुकला मे हिंदू तथा स्थानीय मुसलिम कला के तत्वों का अपूर्व सगम दिखाई देता है। मरकरा का प्राचीन नाम मुड्डीकेड्डी (स्वच्छ ग्राम) है।

मरकुला (जिला पगी, हिमाचल प्रदेश)

भारत-भोट वास्तुशैली में निर्मित प्राचीन मदिर के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है। मदिर काष्ठ-निर्मित है।

मरफा (जिला बादा, उ० प्र०)

चंदेल शासनकाल मे बने हुए दुर्ग के लिए यह स्थान उल्लेखनीय है।

मरिचपत्तन दे० मुचिपत्तन

मरिचवट्टी (लका)

महावश 26,8 मे उल्लिखित है। यह अनुराधपुर के दक्षिण-पश्चिम मे स्थित वर्तमान मिरिसवट्टी है। यहा स्थित विहार को सिंहल नरेश ग्रामणी ने बौद्धसघ को दान मे दे दिया था। विहार का नामकरण इस राजा के, सग को बिना भोजन दिए मिर्च खा लेने पर हुआ था (दे० महावश, 26,16)

मरिचीपत्तन=मुचिपत्तन

मरीचक

विष्णुपुराण 2,4,60 के अनुसार शाकद्वीप का एक भाग या वर्ष जो इस द्वीप के राजा भव्य के पुत्र के नाम पर है।

मरीची

ऋग्वेद मे वर्णित पर्वत जो श्री हरिराम धमसाना के मत मे गढवाल मे स्थित है। (दे० ऋग्वैदिक भूगोल)

मरु

मारवाड (राजस्थान) का प्राचीन नाम जिसका अर्थ मरुस्थल या रेगिस्तान है। मरु का उल्लेख रुद्रदामन् के जूनागढ़ अभिलेख मे है— • ...' श्वभ्र मरुकच्छ सिंधु सौवीर'—(दे० गिरनार)

मरुत्

'मारुता धेनुकाश्चैव तगणा परतगणा, वाह्लिकास्तित्तराश्चैव चोला पांड्याश्च भारत'—महा० भीष्म० 50,51। इस उद्धरण मे भारत के सीमात पर बसने वाली जातियों के नाम उल्लिखित हैं। प्रसग से जान पडता है कि मरुत्-जनपद, जहां के निवासियों को यहा मारुता कहा गया है, भारत की उत्तर-पश्चिमी सीमा के परे बसने वाली किसी जाति का निवास स्थान होगा। तगण और परतगण मरुत् के पार्श्ववर्ती प्रदेश जान पडते हैं। सभा० 52,3 के उल्लेख मे तगण परतगण प्रदेश को शैलोदा नदी (=खोतन) की उपत्यका मे स्थित बताया गया है।

मरुद्वृधा

पंजाब की एक नदी जिसका नामोल्लेख ऋग्वेद 10,75,5 6 (नदीसूक्त) में है—'इमं मे गंगे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया'। श्रीमद्भागवत 5,19,18 में भी मरुद्वृधा का वितस्ता (झेलम) तथा, असिक्नी' (चिनाब) के साथ उल्लेख है—'चंद्रभागा मरुद्वृधा वितस्ता असिक्नी। रेगोजिन' (वैदिक इंडिया, पृ० 451) इसे झेलम चिनाब की संयुक्त धारा का नाम मानते हैं।

मरुभू = मरुभूमि

राजस्थान का मरुप्रदेश या मारवाड़। महाभारत सभा० 32,5 में मरुभूमि के नकुलद्वारा जीते जाने का वर्णन है—'यत्र युद्धं महच्चासीच्छूरैर्मत्तमयूरकैः मरुभूमिं च कात्स्न्येन तथैव बहुधान्यकम्'। विष्णुपुराण, 4,24,68 से सूचित होता है कि गुप्तकाल से कुछ पूर्व मरुभू (= मरुभूमि) पर आभीर आदि जातियों का प्रभुत्व था—'नर्मदा मरुभूविषयांश्च आभीरशूद्राद्या भोक्ष्यन्ति'।

मरोल (महाराष्ट्र)

जोगेश्वरी गुफा के निकट मरोल नाम की 20 गुफाएं हैं जो बौद्धकालीन जान पड़ती हैं। अधिकांश गुहामंदिर नष्ट हो गए हैं। इनकी वास्तु एवं मूर्ति कला जोगेश्वरी गुफा मंदिर की कला के समान ही उच्चकोटि की थी। गुफाएं भूमितल तथा पर्वत शिखर के मध्य में स्थित हैं। पहाड़ी के इस स्थान का पत्थर भुरभुरा तथा क्षीण होने के कारण ये गुफाएं काल के प्रवाह में नष्ट-भ्रष्ट हो गई हैं।

मर्कटह्रद दे० वैशाली

मर्जोद (गुजरात)

पाटन के निकट वर्तमान मजादर। इस प्राचीन जैन तीर्थ का उल्लेख तीर्थ-माला चैत्यवंदन में इस प्रकार है—'वंदे तदसमे ममीधवलके मर्जोदमुख्यस्थले'।

मर्दकुक्षि (बिहार)

पाली ग्रंथों के अनुसार राजगृह (वर्तमान राजगीर) के पास मर्दकुक्षि वह स्थान था जहां मगधराज बिंबिसार की महारानी छलना ने यह जानकर कि उसके गर्भ में पितृघातक पुत्र (अजातशत्रु) है उसे निष्कासित करने के लिए अपने उदर (कुक्षि) का मर्दन किया था। इस स्थान के उल्लेख से सूचित होता है कि यह (मर्दकुक्षि) गृध्रकूट पर्वत की तलहटी में ही स्थित था क्योंकि पालीग्रंथों में यह कथा भी वर्णित है कि देवदत्त द्वारा एक पत्थर से आहत होने पर गौतम को पहले मर्दकुक्षि में लाया गया था और फिर वे जीवक वैद्य के विहार में

है 'मलय दर्दुर चैव तत स्वेदनुदोनिल, उपस्पृश्य ववौ मुक्त्वा सुप्रियाश्मा सुख शिव.'। कालिदास ने रघु की दिग्विजय यात्रा के प्रसग मे मलयाद्रि की उपत्यकाओं मे मारीच या कालीमिर्च के वनो और यहां विहार करने वाले हारीत या हरितशुकों का मनोहर उल्लेख किया है—'ससंरघुपितास्तस्य विजिगीषोर्गतःस्वनः, मारीचोद्भ्रांतहारीता मलयाद्रेरुपत्यका' रघु० 4,46। भवभूति ने उत्तर रामचरित मे मलयपर्वत को कावेरी नदी से परिवृत बताया है। बालरामायण 3,31 मे मलय पर्वत को एला और चदन के वनो से ढका हुआ कहा है (चदन का पर्याय ही मलय हो गया है)। हर्ष के नागानद और रत्नावली नाटकों मे भी मलय पर्वत का उल्लेख है। मलय को कालिदास ने दक्षिण समुद्र (रत्नाकर) तक विस्तृत माना है—'वैदेहि पश्यामलयाद्विभक्त मत्सेतुना फेनिलमम्बुराशिम्' रघु० 13,2। श्रीमद्भागवत 5,19,16 मे पर्वतो की सूची मे मलय को पहला स्थान दिया गया है—'मलयो मगलप्रस्थो मैनाकस्त्रिकूटऋषभः '। हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं मे भी मलयगिरि तथा मलयानिल का वर्णन अनेक स्थानो पर है—दे० 'सरस वसन समय भल पाइल दछिन (मलय) पवन बहुधीरे'—विद्यापति; 'मलयागिरि की भीलनी चदन देत जराय' वृद। मलय के मलयागिरि, मलयाचल, मलयाद्रि इत्यादि पर्याय प्रसिद्ध हैं।

(2) बिहार मे स्थित मलद नामक जनपद जो मत्स्य (2) या मल्ल देश के निकट था। मलय मलद का ही पाठांतर है—'ततो मत्स्यान् महातेजा मल्दाश्च महाबलान्, अनघानभयांश्चैव पशुभूमि च सर्वश' महा० 2,30,8

(3) महावश 7,68 मे उल्लिखित लका का मध्यवर्ती पर्वतीय प्रदेश।

मलयस्थली

मलयपर्वत का प्रदेश जो प्राचीनकाल मे पांड्यदेश के अतर्गत था—'तमालपत्रास्तरणासुरतु प्रसीद शश्वन्मलयस्थलीषु'—रघुवश 6,64। (दे० पांड्य)। इसकी स्थिति वर्तमान मैसूर तथा केरल के पहाड़ी भागों मे समझनी चाहिए।

मलयाचल दे० मलय (1)

मलयाद्रि दे० मलय (1)

मलयु

सुमात्रा (इडोनेशिया) मे स्थित एक प्राचीन हिंदू राज्य जो सभवत ईसवी सन् की प्रारभिक शतियों में स्थापित हुआ था। इसका आधुनिक नाम जबी है। 7वी शती ई० मे यह छोटी सी रियासत जावा के श्रीविजय नामक साम्राज्य में सम्मिलित हो गई थी। चीनी यात्री इत्सिंग मलयु होकर ही भारत पहुचा

था। उसने मलयु को श्रीभोज का एक भाग बताया है। इत्सिंग भारत में 672 ई० में आया था।

मलवई (म० प्र०)

रामपुर के निकट इस स्थान पर पूर्व मध्यकालीन मंदिरों के अवशेष पाए गए हैं।

मलिया (जिला जूनागढ़, गुजरात)

इस स्थान से वलभिनरेश महाराज धरसेन द्वितीय का एक ताम्रदानपट्ट प्राप्त हुआ है जिसकी तिथि 252 गुप्त-संवत्—571-572 ई० है। इसमें उल्लेख है कि धरसेन द्वारा अतरता, डोमिग्राम और वज्रग्राम का कुछ भाग ब्राह्मणों को पचयज्ञ संपन्न करने के लिए दिया गया था। इस अभिलेख में कई तत्कालीन अधिकारियों के पदों के नाम हैं—अयुक्तक, विनियुक्तक, द्रगिक, महत्तर, ध्रुवाधिकरण, दडपाशिक, राजस्थानीय, कुमारामात्य आदि।

मलिहाबाद (जिला रायचूर, मैसूर)

इस स्थान पर एक हिंदूकालीन दुर्ग अवस्थित है। अब यह खंडहर हो गया है। दुर्ग के अंदर एक द्वार के सामने लाल पत्थर में तराशे हुए दो हाथियों की मूर्तियां रखी हैं। किले में यादवीय-राजाओं का एक अभिलेख कन्नड़—तेलुगु मिश्र-भाषा में उत्कीर्ण है।

मल्ल

(1)=मल्लराष्ट्र। मल्लदेश का सर्वप्रथम निश्चित उल्लेख शायद वाल्मीकि रामायण उत्तर० 102 में इस प्रकार है *'चंद्रकेतोश्च मल्लस्य मल्लभूम्यां निवेशिता, चंद्रकांतेति विख्याता दिव्या स्वर्गपुरी यथा'*। अर्थात् रामचंद्रजी ने लक्ष्मण-पुत्र चंद्रकेतु के लिए मल्लदेश की भूमि में चंद्रकांता नामक पुरी बसाई जो स्वर्ग के समान दिव्य थी। महाभारत में मल्ल देश के विषय में कई उल्लेख हैं—'मल्ला: सुदेष्णा: प्रह्लादा माहिका: शशिकास्तथा' भीष्म० 9,46, "अधिराज्यकुशाद्यश्च मल्लराष्ट्रं च केवलम्'—भीष्म० 9,44; 'ततो गोपालकक्ष च सोत्तरानपि कोसलान्, मल्लानामधिपं चैव पार्थिवं चाजयत् प्रभु' सभा० 30,3। बौद्ध-ग्रंथ अंगुत्तरनिकाय में मल्लजनपद का उत्तरीभारत के सोलह जनपदों में उल्लेख है। बौद्ध साहित्य में मल्लदेश की दो राजधानियों का वर्णन है—*कुशावती (कुशीनगर) और पावा (दे० कुशनगर, महापरिनिब्बान सुत्त)*। महापरिनिब्बानसुत्त के वर्णन के अनुसार गौतम बुद्ध के समय में कुशीनारा या कुशीनगर के निकट मल्लों का शालवन हिरण्यवती (गंडक) नदी के तट पर स्थित था। मनुस्मृति में मल्लों को व्रात्यक्षत्रियों में परिगणित किया गया है